इस तरह हस्त लिखित और मुद्रित प्राकृत ग्रन्थ प्राय अशुद्ध होने के कारण आवश्यकतानुसार एकाधिक हस्त-लिखित पुस्तको का अन्य ग्रथो में उद्धृत उन्ही पाठो का और भिन्न भिन्न सस्करणो का सावधानी से निरीक्षण करके उनमें से शुद्ध प्राकृत शब्दो का तथा एक ही शब्द के भिन्न भिन्न परन्तु शुद्ध रूपो का ही यहां ग्रहण किया गया है और अशुद्ध शब्द या रूप छोड दिए गए हैं। और जिस ग्रन्थ की एक ही हस्त-लिखित प्रति अथवा एक मुद्रित सस्करण पाया गया है उसमें रही हुई अशुद्धियो का भी सशोधन यथामति किया गया है और सशोधित शब्दो को ही इस कोष में स्थान दिया गया है। साधारण स्थलो को छोड कर खास खास स्थानो में ऐसी अशुद्धियो का उल्लेख भी उन पाठो को उद्धृत करके किया गया है, जिससे विद्वान् पाठक को मेरी की हुई शुद्धि की योग्यता या अयोग्यता पर विचार करने की सुविधा हो। इस प्रकार जैसे मूल प्राकृत शब्दो की अशुद्धियों के सशोधन मे पूरी सावधानी रक्खी गई है वैसे ही आधुनिक विद्वानो की की हुई छाया (संस्कृत प्रतिशब्द) और अर्थ की भूलो को सुधारने की भी पूरी कोशिश की गई है। साराश यह कि इस कोष को सर्वाङ्ग-शुद्ध बनाने मे सपूर्ण ध्यान दिया गया है। मुझे यह जानकर संताप हुआ है कि मेरे इस प्रयत्न की कदर भी प्रोफेसर ल्योमेन जैसे प्राकृत के सुप्रसिद्ध जर्मन विद्वान् तक ने की है।[2]

---

१. देखो अमगर, अखंडणाणरज्ज, अगोरसव्वय, अचिंतगुणसमुदय, अज्झत्तबिंदु, अज्झत्तमयपरिक्खा, अज्झत्थबिंदु, अज्झत्थमयपरिक्खा, अमर(?)त्थआगसाहणजुत्त, अणेगंतजयपडागा प्रभृति शब्दो के रेफरेंस।

२. देखो अन्यत्र उद्धृत किए हुए इस ग्रथ-विषयक अभिप्रायो में रॉयल एसियाटिक सोसाईटी के जर्नल में प्रकाशित प्रो. ल्युमेन का अभिप्राय।

दूसरी मुख्य कठिनाई अर्थ व्यय के बारे मे थी। मेरी आर्थिक अवस्था ऐसी नहीं थी कि इस महान् ग्रथ की तय्यारी के लिए पुस्तकादि आवश्यक साधनों के और सहायक मनुष्यो के वेतन खर्च के अतिरिक्त प्रकाशन का भार भी वहन कर सकूँ। और मुफ्त में किसी से आर्थिक सहायता लेना मैं पसन्द नही करता था। इससे इस कठिनाई को दूर करने के लिए अग्रिम ग्राहक बनाने की योजना की गई, जिसमें उन अग्रिम ग्राहको को हर पचीस रुपये में इस सपूर्ण ग्रन्थ की एक कॉपी देने की व्यवस्था थी। इससे मेरी उक्त कठिनाई सम्पूर्ण तो नही, किन्तु बहुत कुछ कम हो गई। इस योजना को इतने दूर तक सफल बनाने का अधिक श्रेय कलकत्ता के जैन श्वेताम्बर श्रीसघ के अग्रगण्य नेता श्रीमान् सेठ नरोत्तमभाई जेठाभाई को है, जिन्होने शुरू से ही इसकी सरक्षकता का भार अपने पर लेते हुए मुझे हर तरह से इस कार्य मे सहायता की है जिसके लिए मैं उनका चिर-कृतज्ञ हूँ। इसी तरह अहमदाबाद निवासी श्रद्धेय श्रीयुत् केशवलालभाई प्रेमचन्द मोदी बी. ए., एल्एल् बी. का भी मैं बहुत ही उपकृत हूँ कि जिन्होने कई मुद्रित पुस्तको में दी हुई प्राकृत शब्द सूचियो पर से एकत्रित किया हुआ एक बडा शब्द सग्रह मुझे दिया था, इतना ही नही, बल्कि समय समय पर प्राकृत की अनेक हस्त-लिखित तथा मुद्रित पुस्तको का जोगाड कर दिया था और उक्त योजना मे ग्राहक-सख्या बढा देने का हार्दिक प्रयत्न किया था। प्रात स्मरणीय, पूज्यपाद, गुरुवर्य मुनिराज श्रीअमीविजयजी महाराज, पूज्य जैनाचार्य श्री विजयमोहन सूरिजी, ज. यु. भट्टारक श्रीजिनचारित्रसूरिजी तथा स्वतन्त्र-सम्पादक विद्वद्वर्य श्रीयुत् अम्बिकाप्रसादजी वाजपेयी का भी मैं हृदय स उपकार मानता हूँ कि जिनकी प्रेरणा म अग्रिम ग्राहका की वृद्धि द्वारा मुझे इस कार्य में सहायता मिली है। उन महानुभावो को, जिनके शुभ नाम इसी ग्रन्थ में अन्यत्र दी हुई अग्रिम ग्राहक सूची में प्रकाशित किए गए हैं[1], अनेकानेक धन्यवाद हैं कि जिन्होन यथाशक्ति अल्पाधिक सख्या में इस पुस्तक की कॉपियाँ खरीद कर मेरा यह कार्य सरल कर दिया है। यहाँ पर मेरे मित्र श्रीयुत् सेठ गिरधरलाल त्रिभमलाल और श्रीमान् बाबू डालचदजी सिधी के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। इन दोना महाशयो ने अपनी अपनी शक्ति के अनुसार यथेष्ट सख्या में इस कोष की कापियाँ खरीदने के अतिरिक्त मुझे इस कार्य के लिये समय समय पर बिना सूद ऋण देने की भी कृपा की थी। यह कहने में कोई अत्युक्ति नहीं है कि यदि उक्त सब महानुभावों की यह सहायता मुझे प्राप्त न हुई होती तो इस कोष का प्रकाशन मेरे लिए मुश्किल ही नही असभव था।

यहाँ इस बात का भी उल्लेख करना उचित जान पडता है कि आज से करीब दस वर्ष पहले मेरे सहाध्यापक श्रद्धेय प्रोफेसर मुरलीधर बनर्जी एम् ए महाशय ने और मैंने मिलकर एक प्रस्ताव विशिष्ट पद्धति का प्राकृत इंग्लिश कोष तैयार करने के लिए कलकत्ता-विश्वविद्यालय में उपस्थित किया था, परन्तु उस समय वह अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था। इसके कई वर्ष बाद जब मेरे इस प्राकृत हिन्दी कोष का प्रथम भाग प्रकाशित हुआ तब उसे देखकर कलकत्ता विश्वविद्यालय के कर्णधार स्वर्गीय ऑनरेबल जस्टिस आशुतोष मुकर्जी इतने संतुष्ट हुए कि उन्होंने तुरत ही विश्वविद्यालय की तरफ से हम दोनो के तत्त्वावधान मे इसी तरह के प्रमाण-युक्त एक प्राकृत इङ्गिलश कोश तैय्यार और प्रकाशित करने का न केवल प्रस्ताव ही पास करवाया, बल्कि उसको कार्य रूप में परिणत करने के लिए उपयुक्त व्यवस्था भी करायी है। इसके लिए उनको जितने धन्यवाद दिये जायँ, कम हैं। यहाँ पर मैं कलकत्ता विश्वविद्यालय की भी प्रशंसा किए बिना नही रह सकता कि जिसके द्वारा मुझे इस कार्य में समय, पुस्तक आदि की अनेक सुविधाएँ मिली हैं जिससे यह कार्य अपेक्षा-कृत शीघ्रता से पूर्ण हो सका है। इस कोष के उपोद्घात से सम्बन्ध रखनवाले अनेक ऐतिहासिक जटिल प्रश्नो को सुलझाने में श्रद्धेय प्रोफेसर मुरलीधर बनर्जी एम्. ए. ने अपने कीमती समय का बिना संकोच भोग देकर मुझे जो सहायता की है उसके लिए मैं उनका अन्त-करण से आभार मानता हूँ।

इस कोष के मुद्रण-कार्य के आरम्भ से लेकर प्राय शेष होने तक, समय समय पर जैसे जैसे जो अतिरिक्त हस्त लिखित और मुद्रित पुस्तकें या सस्करण मुझे प्राप्त होते जाते थे वैसे वैसे उनका भी यथेष्ट उपयोग इस कोष में किया जाता था। यही कारण है कि तब तक के अमुद्रित भाग के शब्द उनके रेफरेंसो के साथ साथ प्रस्तुत कोष में ही यथास्थान शामिल कर दिए जाते थे और मुद्रित अश के शब्दो का एक अलग सग्रह तय्यार किया जाता था जो परिशिष्ट[2] के रूप मे इसी ग्रथ में अन्यत्र प्रकाशित किया जाता है। ऐसा करते हुए तृतीय भाग के छपने तक जिन अतिरिक्त पुस्तको का उपयोग किया गया था उनकी एक अलग सूची भी तृतीय भाग में दी गई थी। उसके बाद के अतिरिक्त पुस्तको की अलग सूची इसमें न देकर प्रथम की दोनो (द्वितीय और तृतीय भाग में प्रकाशित) सूचियो की जो एक साधारण सूची यहाँ दी जाती है उसीमें उन पुस्तको का भी वर्णानुक्रम से यथास्थान समावेश किया गया है जिससे पाठको को अलग अलग रेफरेंस-सूचियाँ देखने की तकलीफ न हो।

उक्त परिशिष्ट में केवल उन्ही शब्दो को स्थान दिया गया है जो पूर्व-सग्रह में न आने के कारण एकदम नये हैं या आने पर भी लिंग या अर्थ में पूर्वागत शब्द की अपेक्षा विशेषता रखते हैं। केवल रेफरेंस की विशेषता को लेकर किसी शब्द को परिशिष्ट में पुनरावृत्ति नहीं की गई है।

---

१. 'अग्रिम ग्राहक सूची' का अश द्वितीय संस्करण में नहीं छापा गया है—सपादक।

२. 'परिशिष्ट' का संपूर्ण अश इस द्वितीय संस्करण में यथास्थान समावेश कर दिया गया है—संपादक।

यद्यपि मेरी मातृभाषा हिन्दी नही है तथापि वही एकमात्र भारतवर्ष की सर्वाधिक व्यापक और इसलिए राष्ट्र-भाषा के योग्य होने के कारण यहाँ अर्थ के लिए विशेष उपयुक्त समझी गई है।

अन्त में, आर्ष से लेकर अपभ्रंश तक की प्राकृत भाषाओ के विविध-विषयक जैन एवं जैनेतर प्राचीन ग्रंथो के (जिनकी कुल संख्या ढाई सौ से भी ज्यादा है) अतिविशाल शब्द-राशि से, संस्कृत प्रतिशब्दो से, हिन्दी अर्थों से, सभी आवश्यक अवतरणो से और सपूर्ण प्रमाणो से परिपूर्ण इस बृहत् प्राकृत-कोष में, यथेष्ट सावधानता रखने पर भी, जो कुछ मनुष्य-स्वभाव-सुलभ त्रुटियां या भूलें हुई हो उनको सुधारने के लिए विद्वानो से नम्र प्रार्थना करता हुआ यह आशा रखता हूँ कि वे ऐसी भूलों के विषय मे मुझे सतर्क करेंगे ताकि द्वितीयावृत्ति में तद्नुसार सशोधन का कार्य सरल हो पडे। जो विद्वान् मेरे भ्रम प्रमादो की प्रामाणिक पद्धति से सूचना देंगे, मै उनका चिर-कृतज्ञ रहूँगा।

यदि मेरी इस कृति से, प्राकृत-साहित्य के अभ्यास मे थोडी भी सहायता पहुँचेगी तो मैं अपने इस दीर्घ-काल-व्यापी परिश्रम को सफल समझूँगा।

कलकत्ता
ता० २९-१-२८

हरगोविन्द दास टि. सेठ

प्रथम संस्करण का उपोद्घात

जो भाषा अतिप्राचीन काल मे इस देश के आर्य लोगों की कथ्य भाषा—बोलचाल की भाषा—थी, जिस भाषा मे भगवान् महावीर और बुद्धदेव ने अपने पवित्र सिद्धान्तों का उपदेश दिया था, जिस भाषा को जैन और बौद्ध विद्वानों ने विविध विषयक विपुल साहित्य की रचना कर अपनाई है, जिस भाषा मे श्रेष्ठ काव्य निर्माण द्वारा प्रवरसेन, हाल आदि महाकवियों ने अपनी अनुपम प्रतिभा का परिचय दिया है, जिस भाषा के मौलिक साहित्य के आधार पर संस्कृत के अनेक उत्तम ग्रन्थों की रचना हुई है संस्कृत के नाटक ग्रन्थों मे संस्कृत भिन्न जिस भाषा का प्रयोग दृष्टिगोचर होता है, जिस भाषा से भारतवर्ष की वर्तमान समस्त आर्य भाषाओं की उत्पत्ति हुई है और जो भाषाएँ भारत के अनेक प्रदेशों मे आजकल भी बोली जाती है, इन सब भाषाओं का साधारण नाम है प्राकृत, क्योंकि ये सब भाषाएँ एकमात्र प्राकृत के ही विभिन्न रूपान्तर हैं जो समय और स्थान की भिन्नता के कारण उत्पन्न हुई हैं। इसीसे इन भाषाओं के व्यक्ति-वाचक नामों के आगे 'प्राकृत' शब्द का प्रयोग आजतक किया जाता है, जैसे प्राथमिक प्राकृत, आर्ष या अर्धमागधी प्राकृत, पाली प्राकृत, पैशाची प्राकृत, शौरसेनी प्राकृत, महाराष्ट्री प्राकृत, अपभ्रंश प्राकृत, हिन्दी प्राकृत, बंगला प्राकृत आदि।

प्राकृत किसे कहते हैं ?

भारतवर्ष की अर्वाचीन और प्राचीन भाषाएँ और उनका परस्पर सम्बन्ध

भाषातत्त्व के अनुसार भारतवर्ष की आधुनिक कथ्य भाषाएँ इन पाँच भागों मे विभक्त की जा सकती है —(१) आर्य (Aryan), (२) द्राविड (Dravidian), (३) मुण्डा (Munda) (४) मन् ख्मेर (Mon khmer) और (५) तिब्बत-चीना (Tibeto Chinese)

भारत की वर्तमान भाषाओं मे मराठी बँगला, ओडिया, बिहारी, हिन्दी, राजस्थानी, गुजराती, पंजाबी, सिन्धी और काश्मीरी भाषा आर्य भाषा से उत्पन्न हुई हैं। पारसी तथा अंग्रेजी, जर्मनी आदि अनेक आधुनिक युरोपीय भाषाओं की उत्पत्ति भी इसी आर्य भाषा से है। भाषा-गत सादृश्य को देखकर भाषा तत्त्व ज्ञाताओं का यह अनुमान है कि इस समय विच्छिन्न और बहु दूरवर्ती भारतीय आर्य भाषा भाषी समस्त जातियाँ और उक्त युरोपीय भाषा भाषी सकल जातियाँ एक ही आर्य-वंश से उत्पन्न हुई हैं।

तेलगु, तामिल और मलयालम प्रभृति भाषाएँ द्राविड भाषा के अन्तर्गत हैं कोल तथा साँथाली भाषा मुण्डा भाषा के अन्तर्भूत हैं खासी भाषा मन्ख्मेर भाषा का और भोटानी तथा नागा भाषा तिब्बत चीना भाषा का निदर्शन है। इन समस्त भाषाओं की उत्पत्ति किसी आर्य भाषा से सम्बन्ध नहीं रखती, अतएव ये सभी अनार्य भाषाएँ हैं। यद्यपि ये अनार्य भाषाएँ भारत के ही दक्षिण, उत्तर और पूर्व भाग मे बोली जाती हैं तथापि अंग्रेजी आदि सुदूरवर्ती भाषाओं के साथ हिन्दी आदि आर्य भाषाओं का जो वंश गत ऐक्य उपलब्ध होता है, इन अनार्य भाषाओं के साथ वह सम्बन्ध नहीं देखा जाता है।

ये सब कथ्य भाषाएँ आजकल जिस रूप मे प्रचलित हैं, पूर्वकाल में उसी रूप मे न थीं, क्योंकि कोई भी कथ्य भाषा कभी एक रूप मे नहीं रहती। अन्य वस्तुओं की तरह इसका रूप भी सर्वदा बदलता ही रहता है—देश, काल और व्यक्तिगत उच्चारण के भेद से भाषा का परिवर्तन अनिवार्य होता है। यद्यपि यह परिवर्तन जो लोग भाषा का व्यवहार करते हैं उनके द्वारा ही होता है तथापि उस समय वह लक्ष्य मे नहीं आता। पूर्वकाल की भाषा के संरक्षित आदर्श के साथ तुलना करने पर बाद मे ही वह जाना जाता है। प्राचीन काल की जिन भारतीय भाषाओं के आदर्श संरक्षित हैं—जिन भाषाओं ने साहित्य मे स्थान पाया है, उनके नाम ये हैं—वैदिक संस्कृत, लौकिक संस्कृत, पाली, अशोक लिपि तथा उसके बाद की लिपि की भाषा और प्राकृत भाषा-समूह। इनमे प्रथम की दो भाषाएँ कभी जन साधारण की कथ्य भाषा न थीं, केवल लेख्य—साहित्यिक भाषा—ही थीं। अवशिष्ट भाषाएँ कथ्य और लेख्य उभय रूप मे प्रचलित थीं। इस

समय ये समस्त भाषाएँ कथ्य रूप से व्यवहृत नहीं होतीं, इसी कारण ये मृत भाषा (dead languages) कहलाती हैं। उक्त वैदिक आदि सब भाषाएँ आर्य भाषा के अन्तर्गत हैं और इन्हीं प्राचीन आर्य भाषाओं में से कईएक क्रमश रूपान्तरित होकर आधुनिक समस्त आर्य भाषाएँ उत्पन्न हुई हैं।

ये प्राचीन आर्य भाषाएँ कौन युग में किस रूप में परिवर्तित होकर क्रमश आधुनिक कथ्य भाषाओं में परिणत हुईं, इसका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जाता है।

प्राचीन भारतीय आर्य भाषाओं का परिणति क्रम

सर जॉर्ज ग्रियर्सन ने अपनी लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया (Linguistic survey of India) नामक पुस्तक में भारतवर्षीय समस्त आर्य भाषाओं के परिणाम का जो क्रम दिखाया है उसके अनुसार वैदिक भाषा उक्त साहित्य भाषाओं में सर्व प्राचीन है। इसका समय अनेक विद्वानों के मत में खिस्ताब्द-पूर्व दो हजार वर्ष (2000 B. C) और प्रो मेक्समूलर के मत में खिस्ताब्द पूर्व बारह सौ वर्ष (1200 B C.) है। यह वेद भाषा क्रमश. परिमार्जित होती हुई ब्राह्मण, उपनिषद् और यास्क के निरुक्त की भाषा में और बाद में पाणिनि प्रभृति के व्याकरण द्वारा नियन्त्रित होकर लौकिक संस्कृत में परिणत हुई है। पाणिनि आदि के पद प्रभृति के नियम रूप संस्कारों को प्राप्त करने के कारण यह संस्कृत कहलाई। मुख्य रूप से 'संस्कृत' शब्द का प्रयोग इसी भाषा के अर्थ में किया जाता है। यह संस्कृत भाषा वैदिक भाषा से उत्पन्न होने से उसके साथ घनिष्ठ सम्बन्ध रखने से वेद-भाषा के अर्थ में भी 'संस्कृत' शब्द बाद के समय से प्रयुक्त होने लग गया है। पाणिनि के बाद संस्कृत भाषा का कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह परिवर्तन होने में—वेद भाषा को लौकिक संस्कृत के रूप में परिणत होने में—प्राय डेढ़ हजार वर्ष लगे हैं। पाणिनि का समय गोल्डस्टुकर के मत में खिस्ताब्द पूर्व सप्तम शताब्दी और बोथलिंक के मत में खिस्ताब्द पूर्व चतुर्थ शताब्दी है।

वेद भाषा और लौकिक संस्कृत

यहाँ पर इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि डॉ हॉर्नलि और सर ग्रियर्सन के मन्तव्य के अनुसार आर्य लोगों के दो दल भिन्न भिन्न समय में भारतवर्ष में आये थे[1]। पहले आर्यों के एक दल ने यहाँ आकर मध्यदेश में अपने उपनिवेश की स्थापना की थी। इसके कई सौ वर्षों के बाद आर्यों के दूसरे दल ने भारत में प्रवेश कर प्रथम दल के आर्यों को मध्यदेश की चारों ओर भगा कर उनके स्थान को अपने अधिकार में किया और मध्यदेश को ही अपना वास-स्थान कायम किया। उक्त विद्वानों को यह मन्तव्य इसलिए करना पड़ा है कि मध्यदेश के चारों पार्श्वों में स्थित पंजाब, सिन्ध, गुजरात, राजपूताना, महाराष्ट्र, अयोध्या, बिहार, बंगाल और उड़ीसा प्रदेशों की आधुनिक आर्य कथ्य भाषाओं में परस्पर जो निकटता देखी जाती है तथा मध्यदेश की आधुनिक हिन्दी भाषा [पाश्चात्य हिन्दी] के साथ उन सब प्रान्तों की भाषाओं में जो भेद पाया जाता है उस निकटता और भेद का अन्य कोई कारण दिखाना असम्भव है। मध्यदेशवासी इस दूसरे दल के आर्यों का उस समय का जो साहित्य और जो सभ्यता थी उन्हीं के प्रमाण नाम हैं वेद और वैदिक सभ्यता।

वेद और वैदिक सभ्यता

---

१. आर्य लोगों के आदिम वास स्थान के विषय में आधुनिक विद्वानों में गहरा मत भेद है। कोई स्कान्डीनेविया को, कोई जर्मनी को, कोई पोलण्ड को कोई हंगरी को कोई दक्षिण रशिया को, कोई मध्य एशिया को आर्यों की आदिम निवास भूमि मानते हैं तो कोई-कोई पंजाब और काश्मीर को ही इनका प्रथम वसति-स्थान बतलाते हैं। किन्तु अधिकांश विद्वान् भाषा-तत्त्व के द्वारा इस सिद्धान्त पर उपनीत हुए हैं कि युरोपीय और पूर्वदेशीय आर्यों में प्रथम विच्छेद हुआ। पीछे पूर्वदेश के आर्य लोग मेसोपोटामिया और ईरान में एक साथ रहे और एक ही देव देवी की उपासना करते थे। उसके बाद ये भी विच्छिन्न होकर एक दल पारस में गया और अन्य दल ने अफगानिस्तान के बीच होकर भारतवर्ष में प्रवेश और निवास किया। परन्तु जैन और हिन्दू शास्त्रों के अनुसार भारतवर्ष ही चिरकाल से आर्यों का आदिम निवास-स्थान है। कोई-कोई आधुनिक विद्वान् ने पुरातत्त्व की नूतन खोज के आधार पर भारतवर्ष से ही कुछ आर्य लोगों का ईरान आदि देशों में गमन और विस्तार-लाभ सिद्ध किया है, जिससे उक्त शास्त्रीय प्राचीन मत का समर्थन होता है।

उक्त वेद-भाषा प्राचीन होने पर भी वह वैदिक युग में जन-साधारण की कथ्य भाषा न थी, ऋषि-लोगों की साहित्य-भाषा थी। उस समय जन-साधारण में वैदिक भाषा के अनुरूप अनेक प्रादेशिक भाषाएँ (dialects) कथ्य रूप से प्रचलित थीं। इन प्रादेशिक भाषाओं में से एक ने परिमार्जित होकर वैदिक साहित्य में स्थान पाया है। ऊपर वैदिक युग से पूर्व काल में आए हुए प्रथम दल के जिन आर्यों के मध्यदेश के चारों तरफ के प्रदेशों में उपनिवेशों का उल्लेख किया गया है उन्होंने वैदिक युग अथवा उसके पूर्व काल में अपने-अपने प्रदेशों की कथ्य भाषाओं में, दूसरे दल के आर्यों की वेद रचना की तरह, किसी साहित्य की रचना नहीं की थी। इससे उन प्रादेशिक आर्य भाषाओं का तात्कालिक साहित्य में कोई निदर्शन न रहने से उनके प्राचीन रूपों का संपूर्ण लोप हो गया है। वैदिक काल की और इसके पूर्व की उन समस्त कथ्य भाषाओं को सर ग्रियर्सन ने प्राथमिक प्राकृत (Primary Prākrits) नाम दिया है। यही प्राकृत भाषा-समूह का प्रथम स्तर (First stage) है। इसका समय ख्रिस्त-पूर्व २००० से ख्रिस्त-पूर्व ६०० तक का निर्दिष्ट किया गया है। प्रथम स्तर की ये समस्त प्राकृत भाषाएँ स्वर और व्यञ्जन आदि के उच्चारण में तथा विभक्तियों के प्रयोग में वैदिक भाषा के अनुरूप थीं। इससे ये भाषाएँ विभक्ति-बहुल (*synthetic*) कही जाती हैं।

प्राकृत भाषाओं का प्रथम स्तर (ख्रिस्त-पूर्व २००० से ख्रिस्त-पूर्व ६००)

वैदिक युग में जो प्रादेशिक प्राकृत भाषाएँ कथ्य रूप से प्रचलित थीं, उनमें परवर्ति-काल में अनेक परिवर्तन हुए जिनमें ऋ, ॠ आदि स्वरों का, शब्दों के अन्तिम व्यञ्जनों का, संयुक्त व्यञ्जनों का तथा विभक्ति और वचन-समूह का लोप या रूपान्तर मुख्य हैं। इन परिवर्तनों से वे कथ्य भाषाएँ प्रचुर परिमाण में रूपान्तरित हुईं। इस तरह द्वितीय स्तर (second stage) की प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति हुई। द्वितीय स्तर की ये भाषाएँ जैन और बौद्ध धर्म के प्रचार के समय से अर्थात् ख्रिस्त-पूर्व षष्ठ शताब्दी से लेकर ख्रिस्तीय नवम या दशम शताब्दी पर्यन्त प्रचलित रहीं। भगवान् महावीर और बुद्धदेव के समय ये समस्त प्रादेशिक प्राकृत भाषाएँ, अपने द्वितीय स्तर के आकार में, भिन्न भिन्न प्रदेशों में कथ्य भाषा के तौर पर व्यवहृत होती थीं। उन्होंने अपने सिद्धान्तों का उपदेश इन्हीं कथ्य प्राकृत भाषाओं में से एक में दिया था। इतना ही नहीं, बल्कि बुद्धदेव ने अपना उपदेश संस्कृत भाषा में न लिखकर कथ्य प्राकृत भाषा में लिखने के लिए अपने शिष्यों को आदेश दिया था। इस तरह प्राकृत भाषाओं का क्रमश साहित्य की भाषाओं में परिणत होने का सूत्रपात हुआ, जिसके फलस्वरूप पश्चिम मगध और सूरसेन देश के मध्यवर्ती प्रदेश में प्रचलित कथ्य भाषा से जैनों के धर्म पुस्तकों की अर्ध-मागधी और पूर्व मगध में प्रचलित लोक भाषा से बौद्ध धर्म-ग्रन्थों की पाली भाषा उत्पन्न हुई। पाली भाषा के उत्पत्ति-स्थान के सम्बन्ध में पाश्चात्य विद्वानों का जो मतभेद है उसका विचार हम आगे जा कर करेंगे। ख्रिस्ताब्द से २५० वर्ष पहले सम्राट् अशोक ने बुद्धदेव के उपदेशों को भिन्न-भिन्न प्रदेशों में वहाँ-वहाँ की विभिन्न प्रादेशिक प्राकृत भाषाओं में खुदवाए। इन अशोक शिलालेखों में द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं के असंदिग्ध सर्व-प्राचीन निदर्शन संरक्षित हैं। द्वितीय स्तर के मध्य भाग में—प्राय. ख्रिस्तीय पंचम शताब्दी के पूर्व में भिन्न भिन्न प्रदेशों की अपभ्रंश भाषाओं की उत्पत्ति हुई। इस स्तर की भाषाओं में चतुर्थी विभक्ति का, सब विभक्तियों के द्विवचनों का और आख्यात की अधिकांश विभक्तियों का लोप होने पर भी विभक्तियों का प्रयोग अधिक मात्रा में विद्यमान था। इससे इस स्तर की भाषाएँ भी विभक्ति-बहुल कही जाती हैं।

प्राकृत भाषाओं का द्वितीय स्तर (ख्रिस्त-पूर्व ६०० से ख्रिस्ताब्द ९००)

सर ग्रियर्सन ने यह सिद्धान्त किया है कि आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं की उत्पत्ति द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं से, खासकर उसके शेष भाग में प्रचलित विविध अपभ्रंश भाषाओं से हुई है और आधुनिक भाषाओं को 'तृतीय स्तर की प्राकृत (Tertiary Prākrits)' कह कर निर्देश किया है। इन भाषाओं की उत्पत्ति का समय ख्रिस्तीय दशम शताब्दी है। इनका साधारण लक्षण यह है कि इनमें अधिकांश विभक्तियों का लोप हुआ है, एवं भाषाओं की प्रकृति विभक्ति-बहुल न होकर विभक्तियों के बोधक स्वतन्त्र शब्दों का व्यवहार हुआ है। इससे ये विश्लेषणशील भाषाएँ (Analytical Languages) कही जाती हैं।

प्राकृत भाषाओं का तृतीय स्तर या आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं की उत्पत्ति (ख्रिस्ताब्द ९००)

जिस प्रादेशिक अपभ्रंश से जिस आधुनिक भारतीय आर्य भाषा की उत्पत्ति हुई है उसका विवरण आगे 'अपभ्रंश' शीर्षक में दिया जायगा।

द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं का इतिहास

प्रस्तुत कोष में द्वितीय स्तर की साहित्यिक प्राकृत भाषाओं के शब्दों को ही स्थान दिया गया है। इससे इन भाषाओं की उत्पत्ति और परिणति के सम्बन्ध में यहाँ पर कुछ विस्तार से विवेचन करना आवश्यक है।

साधारणत लोगों की यही धारणा है कि संस्कृत भाषा से ही द्वितीय स्तर की समस्त प्राकृत भाषाएँ और आधुनिक भारतीय भाषाएँ उत्पन्न हुई हैं। कई प्राकृत-वैयाकरणों ने भी अपने प्राकृत-व्याकरणों में इसी मत का समर्थन किया है। परन्तु यह मत कहाँ तक सत्य है, इसका विचार करने के पहले इन भाषाओं के भेदों को जानने की जरूरत है।

प्राकृत का संस्कृत-सापेक्ष विभाग

प्राकृत वैयाकरणों ने प्राकृत भाषाओं के शब्द, संस्कृत शब्दों के सादृश्य और पार्थक्य के अनुसार इन तीन भागों में विभक्त किए हैं:—(१) तत्सम, (२) तद्भव और (३) देश्य या देशी।

(१) जो शब्द संस्कृत और प्राकृत में बिलकुल एक रूप हैं उनको 'तत्सम' या 'संस्कृतसम' कहते हैं, जैसे—अञ्जलि, आगम, इच्छा, ईहा, उत्तम, उडा, एरंड, ओङ्कार, किङ्कर, खञ्ज, गण, घण्टा, चित्त, छल, जल, झङ्कार, टङ्कार, डिम्भ, ढक्का, तिमिर, दल, धवल, नीर, परिमल, फल, बहु, भार, मरण, रस, लव, वारि, सुन्दर, हरि, गच्छन्ति, हरन्ति प्रभृति।

(२) जो शब्द संस्कृत से वर्ण-लोप, वर्णागम अथवा वर्ण-परिवर्तन के द्वारा उत्पन्न हुए हैं वे 'तद्भव' अथवा 'संस्कृतभव' कहलाते हैं, जैसे—अग्र = अग्ग, आर्य = आरिअ, इष्टु = इट्ठु, ईर्ष्या = ईसा, उद्गम = उग्गम, कृष्ण = कसण, खर्जूर = खज्जूर, गज = गअ, धर्म = धम्म, चक्र = चक्क, क्षोभ = छोह, यक्ष = जक्ख, ध्यान = झाण, दंश = डंस, नाथ = णाह, त्रिदश = तिअस, दृष्ट = दिट्ठ, धार्मिक = धम्मिअ, पश्चात् = पच्छा, स्पर्श = फंस, बदर = बोर, भार्या = भारिआ, मेघ = मेह, अरण्य = रण्ण, लेश = लेस, शेष = सेस, हृदय = हिअअ, भवति = हवइ, पिबति = पिअइ, पृच्छति = पुच्छइ, अकार्षीत् = अकासी, भविष्यति = होहिइ इत्यादि।

(३) जिन शब्दों का संस्कृत के साथ कुछ भी सादृश्य नहीं है—कोई भी सम्बन्ध नहीं है, उनको 'देश्य' या 'देशी' बोला जाता है; यथा—अगय (दैत्य), आकासिय (पर्याप्त), इराव (हस्ती), ईस (कीलक), उअचित्त (अपगत), ऊसअ (उपधान), एलविल (धनाढ्य, वृषभ), ओडल (धम्मिल्ल), कदोट्ट (कुमुद), खुहिअ (सुरत), गयसाउल (विरक्त), घढ (स्तूप), चउक्कर (कार्तिकेय), छंकुई (कपिकच्छू), जच्च (पुरुष), झडप्प (शीघ्र), टक्का (जङ्घा), डाल (शाखा), ढढर (पिशाच, ईर्ष्या), णित्तिरडिअ (त्रुटित), तोमरी (लता), थमिअ (विस्मृत), दाणि (शुल्क), धयण (गृह), निम्खुत (निश्चित), पणिआ (करोटिका), फुंटा (केश-बन्ध), बिट्ट (पुत्र), भुंड (सूकर), मट्ठा (बलात्कार), रत्ति (आज्ञा), लंच (कुक्कुट), विच्चड्ड (समूह), सयराह (शीघ्र), हुत्त (अभिमुख), उअ (पश्य), खुप्पइ (निमज्जति), छिवइ (स्पृशति), देक्खइ, निअच्छइ (पश्यति), चुक्कइ (भ्रश्यति), चोप्पडइ (त्रसति), अहिपच्चुअइ (गृह्णाति) प्रभृति।

प्राकृत भाषाओं का भौगोलिक विभाग

उपर्युक्त विभाग प्राकृत के साथ संस्कृत के सादृश्य और पार्थक्य के ऊपर निर्भर करता है। इसके सिवा संस्कृत और प्राकृत के प्राचीन ग्रन्थकारों ने प्राकृत भाषाओं का और एक विभाग किया है जो प्राकृत भाषाओं के उत्पत्ति स्थानों से संबन्ध रखता है। यह भौगोलिक विभाग (Geographical Classification) कहा जा सकता है। भरत-प्रणीत कहे जाते नाट्य शास्त्र में, [1]सात भाषाओं को जो मागधी, अवन्तिजा, प्राच्या, शूरसेनी, अर्धमागधी, वाह्लीका और दाक्षिणात्या ये नाम हैं, चण्ड के प्राकृत-व्याकरण में जो [2]पैशाचिकी और [3]मागधिका ये नाम मिलते हैं, दण्डी ने काव्यादर्श में जो [4]महाराष्ट्राश्रया, शौरसेनी, गौडी और लाटी ये नाम दिए हैं, आचार्य हेमचन्द्र आदि ने मागधी, शौरसेनी, पैशाची और चूलिकापैशाचिक कह कर जिन नामों का निर्देश

---

१. "मागध्यवन्तिजा प्राच्या शूरसेन्यर्धमागधी।
वाह्लीका दाक्षिणात्या च सप्त भाषाः प्रकीर्तिता॥" (नाट्यशास्त्र १७, ४८)।

२. 'पैशाचिक्या रणयोर्लनौ' (प्राकृतलक्षण ३, ३८)।

३. "मागधिकाया रसयोर्लशौ' (प्राकृतलक्षण ३, ३९)।

४. 'महाराष्ट्राश्रया भाषा प्रकृष्टं प्राकृतं विदुः।
सागरः सूक्तिरत्नानां सेतुबन्धादि यन्मयम्॥
शौरसेनी च गौडी च लाटी चान्या च तादृशी।
याति प्राकृतमित्येवं व्यवहारेषु सन्निधिम्॥" (काव्यादर्श १, ३४ ३५)।

किया है और मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में प्राकृतचन्द्रिका के कतिपय श्लोकों को उद्धृत कर महाराष्ट्री, आवन्ती, शौरसेनी, अर्धमागधी, वाह्लीकी, मागधी, प्राच्या और दाक्षिणात्या इन आठ भाषाओं के, छह विभाषाओं में द्राविड और ओड्र इन दो विभाषाओं के, ग्यारह पिशाच भाषाओं में काञ्चीदेशीय, पाण्डय, पाञ्चाल, गौड, मागध, व्राचड, दाक्षिणात्य, शौरसेन, कैकय और द्राविड इन दस पिशाच भाषाओं के और सताईस अपभ्रंशों में व्राचड, लाट, वैदर्भ, वार्वर, आवन्त्य पाञ्चाल, टाक, मालव, कैकय, गौड, उड्र, हैव, पाण्ड्य, कौन्तल, सिंहल कालिङ्ग, प्राच्य, कार्णाट, काञ्च, द्राविड, गौर्जर, आभीर और मध्यदेशीय इन तेईस अपभ्रंशों के जिन नामों का उल्लेख किया है वे उस भिन्न भिन्न देश से ही सबन्ध रखते हैं जहाँ जहाँ वह वह भाषा उत्पन्न हुई है। षडभाषाचन्द्रिका के कर्ता ने 'शूरसेन देश में उत्पन्न भाषा शौरसेनी कही जाती है, मगध देश में उत्पन्न भाषा को मागधी कहते हैं और पिशाच देशों की भाषा पैशाची और चूलिकापैशाची है' यह लिखते हुए यहा बात अधिक स्पष्ट रूप में कही है।

प्राकृत वैयाकरणों के मत से तत्सम आदि शब्दों की प्रकृति

पूर्व में प्राकृत भाषाओं के शब्दों के जो तीन प्रकार दिखाए हैं उनमें प्रथम प्रकार के तत्सम शब्द संस्कृत से ही सब देशों के प्राकृतों में लिये गए हैं, दूसरे प्रकार के तद्भव शब्द संस्कृत से उत्पन्न होने पर भी काल क्रम से भिन्न भिन्न देश में भिन्न भिन्न रूप को प्राप्त हुए हैं और तीसरे प्रकार के देश्य शब्द वैदिक अथवा लौकिक संस्कृत से उत्पन्न नहीं हुए हैं, किन्तु भिन्न भिन्न देश में प्रचलित भाषाओं से गृहीत हुए हैं। प्राकृत वैयाकरणों का यही मत है।

देश्य शब्द

मूल

पहले प्राकृत भाषाओं का जो भौगोलिक विभाग बताया गया है, ये तृतीय प्रकार के देशीशब्द उसी भौगोलिक विभाग से उत्पन्न हुए हैं। वैदिक और लौकिक संस्कृत भाषा पंजाब और मध्यदेश में प्रचलित वैदिक काल की प्राकृत भाषा से उत्पन्न हुई है। पंजाब और मध्यदेश के बाहर के अन्य प्रदेशों में उस समय आर्य लोगों की जो प्रादेशिक प्राकृत भाषाएँ प्रचलित थीं उन्हीं से ये देशीशब्द गृहीत हुए हैं। यही कारण है कि वैदिक और संस्कृत साहित्य में देशीशब्दों के अनुरूप कोई शब्द (प्रतिशब्द) नहीं पाया जाता है।

प्राचीन काल में भिन्न भिन्न प्रादेशिक प्राकृत भाषाएँ प्रचलित थीं, इस बात का प्रमाण व्यास के महाभारत, भरत के नाट्यशास्त्र और वात्स्यायन के कामसूत्र आदि प्राचीन संस्कृत ग्रन्थों में और जैनों के ज्ञाताधर्मकथा, विपाकश्रुत, औपपातिकसूत्र तथा राजप्रश्नीय आदि प्राचीन प्राकृत ग्रन्थों में भी मिलता है[3]। इन ग्रन्थों में 'नानाभाषा', 'देशभाषा' या 'देशीभाषा' शब्द का प्रयोग प्रादेशिक प्राकृत के अर्थ में ही किया गया है। चंड ने अपने प्राकृत व्याकरण में जहाँ देशीप्रसिद्ध[4] प्राकृत

---

१ ये श्लोक 'पैशाची' और 'अपभ्रंश' के प्रकरण में दिए गए हैं।

२ 'शूरसेनोद्भवा भाषा शौरसेनीति गीयते।
मगधोत्पन्नभाषा तु मागधी सम्प्रचक्षते।
पिशाचदेशनियत पैशाचीद्वितयं भवेत्॥" (षड्भाषाचन्द्रिका, पृष्ठ २)।

३ 'नानाचर्मभिराच्छन्ना नानाभाषाश्च भारत। कुशला देशभाषासु जल्पन्तोऽन्योन्यमीश्वरा" (महाभारत शल्यपर्व ४६ १०३)।
'अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि देशभाषाविकल्पनम्।"
"अथवा च्छन्दत कार्या देशभाषा प्रयोक्तृभि" (नाट्यशास्त्र १७ २४, ४६)।
"नात्यन्त संस्कृतेनैव नात्यन्त देशभाषया। कथा गोष्ठीषु कथयल्लोके बहुमतो भवेत्" (कामसूत्र १, ४ ५०)।
'तते ण से मेहे कुमारे अट्ठारसविहिप्पगारदेसीभासाविसारए होत्था', तत्थ ण चंपाए नयरीए देवदत्ता नाम गणिया परिवसइ अड्ढा अट्ठारसदेसीभासाविसारया" (ज्ञाताधर्मकथासूत्र, पत्र ३८ ६२)।
'तत्थ ण वाणियगामे कामज्झया णामं गणिया होत्था . अट्ठारसदेसीभासाविसारया' (विपाकश्रुत, पत्र २१-२२)।
'तए ण दढपइण्णे दारए अट्ठारसदेसीभासाविसारए' (औपपातिक सूत्र पेरा १०६)।
"तए ण से दढपतिण्णे दारए . अट्ठारसविहदेसिप्पगारभासाविसारए' (राजप्रश्नीयसूत्र पत्र १४८)।

४ 'सिद्धं प्रसिद्धं प्राकृत त्रेधा त्रिप्रकार भवति—संस्कृतयोनि ,संस्कृतसमं .. देशीप्रसिद्धं तच्चेद हर्षित = हरिभिन्न"(प्राकृतलक्षण पृष्ठ १-२)।

का उल्लेख किया है वहाँ भी देशी शब्द का अर्थ देशीभाषा ही है। ये सब देशी या प्रादेशिक भाषाएँ भिन्न-भिन्न प्रदेशों के निवासी आर्य लोगों की ही कथ्य भाषाएँ थीं। इन भाषाओं का पंजाब और मध्यदेश की कथ्य भाषा के साथ अनेक अंशों में जैसे सादृश्य था वैसे किसी किसी अंश में भेद भी था। जिस जिस अंश में इन भाषाओं का पंजाब और मध्यदेश की प्राकृत भाषा के साथ भेद था उसमें से जिन भिन्न-भिन्न नामों ने और धातुओं ने प्राकृतसाहित्य में स्थान पाया है वे ही हैं प्राकृत के देशी या देश्य शब्द।

प्राकृत वैयाकरणों ने इन समस्त देश्य शब्दों में अनेक नाम और धातुओं को संस्कृत नामों के और धातुओं के स्थान में आदेश-द्वारा सिद्ध करके तद्भव-विभाग में अन्तर्गत किए हैं[1]। यही कारण है कि आचार्य हेमचन्द्र ने अपनी देशीनाममाला में केवल देशी नामों का ही संग्रह किया है और देशी धातुओं का अपने प्राकृत-व्याकरण में संस्कृत धातुओं के आदेश-रूप में उल्लेख किया है; यद्यपि आचार्य हेमचन्द्र के पूर्ववर्ती कई वैयाकरणों ने इनकी गणना देशी धातुओं में ही की है[2]। ये सब नाम और धातु संस्कृत के नाम और धातुओं के आदेश-रूप में निष्पन्न करने पर भी तद्भव नहीं कहे जा सकते, क्योंकि संस्कृत के साथ इनका कुछ भी सादृश्य नहीं है।

कोई कोई पाश्चात्य भाषातत्त्वज्ञ का यह मत है कि उक्त देशी शब्द और धातु भिन्न-भिन्न देशों की द्राविड़, मुण्डा आदि अनार्य भाषाओं से लिए गए हैं। यहाँ पर यह कहा जा सकता है कि यदि आधुनिक अनार्य भाषाओं में इन देशी-शब्दों और देशी-धातुओं का प्रयोग उपलब्ध हो तो यह अनुमान करना असंगत नहीं है। किन्तु जबतक यह प्रमाणित न हो कि 'ये देशी शब्द और धातु वर्तमान अनार्य भाषाओं में प्रचलित हैं', तबतक 'ये देशी शब्द और धातु-प्रादेशिक आर्य भाषाओं से ही गृहीत हुए हैं' यह कहना ही अधिक संगत प्रतीत होता है। इन अनार्य भाषाओं में दो-एक देश्य शब्द और धातु प्रचलित होने पर भी 'वे अनार्य भाषाओं से ही प्राकृत भाषाओं में लिए गए हैं' यह अनुमान न कर 'प्राकृत भाषाओं से ही वे देश्य शब्द और धातु अनार्य भाषाओं में गए हैं' यह अनुमान किया जा सकता है। हाँ, जहाँ ऐसा अनुमान करना असंभव हो वहाँ हम यह स्वीकार करने के लिए बाध्य होंगे कि 'ये देश्य शब्द और धातु अनार्य भाषाओं से ही प्राकृत में लिए गए हैं; क्योंकि आर्य और अनार्य ये उभय जातियाँ जब एक स्थान में मिश्रित हो गई हैं तब कोई कोई अनार्य शब्द और धातु का आर्य भाषाओं में प्रवेश करना असंभव नहीं है।

डॉ. काल्डवेल (Caldwell) प्रभृति के मत मे वैदिक और लौकिक संस्कृत में भी अनेक शब्द द्राविडीय भाषाओं से गृहीत हुए हैं। यह बात भी संदिग्ध ही है, क्योंकि द्राविडीय भाषा के जिस साहित्य में ये सब शब्द पाये जाते हैं वह वैदिक संस्कृत के साहित्य से प्राचीन नहीं है। इससे 'वैदिक साहित्य में ये सब शब्द द्राविडीय भाषा से गृहीत हुए हैं' इस अनुमान की अपेक्षा 'आर्य लोगों की भाषा से ही अनार्यों की भाषा में ये सब शब्द लिए गए हैं' यह अनुमान ही विशेष ठीक मालूम पड़ता है।

समय

जिन प्रादेशिक देशी-भाषाओं से ये सब देशी शब्द प्राकृत-साहित्य में गृहीत हुए हैं वे पूर्वोक्त प्रथम स्तर की प्राकृत भाषाओं के अन्तर्गत और उनकी समसामयिक हैं। ख्रिस्त-पूर्व षष्ठ शताब्दी के पहले ये सब देशीभाषाएँ प्रचलित थीं, इससे ये देश्य शब्द अर्वाचीन नहीं, किन्तु उतने ही प्राचीन हैं जितने कि वैदिक शब्द।

द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति—वैदिक या लौकिक संस्कृत से नहीं, किन्तु प्रथम स्तर की प्राकृतों से

प्राकृत के वैयाकरण गण प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति में प्रकृति शब्द का अर्थ संस्कृत करते हुए प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति लौकिक संस्कृत से मानते हैं। संस्कृत के कई अलंकार शास्त्रों के टीकाकारों ने भी तद्भव और तत्सम शब्दों में स्थित

---

१. देखो हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण के द्वितीय पाद के १२७, १२९, १३४, १३६, १३८, १४१, १७४ वगैरह सूत्र और चतुर्थ पाद के २, ३, ४, ५, १०, ११, १२ प्रभृति सूत्र।

२. 'एते चान्यैर्देशीषु पठिता अपि अस्माभिर्धात्वादेशीकृता.' (हे० प्रा० ४, २), अर्थात् अन्य विद्वानों ने वज्जर, पज्जर, उप्पाल प्रभृति धातुओं का पाठ देशी में किया है, तो भी हमने संस्कृत धातु के आदेश-रूप से ही ये यहीं बताए हैं।

'तत्' शब्द का सम्बन्ध संस्कृत से लगाकर इस मत का अनुसरण किया है[1]। कतिपय प्राकृत-व्याकरणों में प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति इस तरह की गई है :—

'प्रकृतिः संस्कृतं, तत्र भवं तत आगतं वा प्राकृतम्' (हेमचन्द्र प्रा० व्या०)।

'प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवं प्राकृतमुच्यते' (प्राकृतसर्वस्व)।

'प्रकृतिः संस्कृत तत्र भवत्वात् प्राकृतं स्मृतम्' (प्राकृतचन्द्रिका)।

'प्रकृतेः संस्कृतायास्तु विकृतिः प्राकृती मता' (षड्भाषाचन्द्रिका)।

'प्राकृतस्य तु सर्वमेव संस्कृतं योनिः' (प्राकृतमंजीवनी)।

इन व्युत्पत्तियों का तात्पर्य यह है कि प्राकृत शब्द 'प्रकृति' शब्द से बना है, 'प्रकृति' का अर्थ है संस्कृत भाषा, संस्कृत भाषा से जो उत्पन्न हुई है वह है प्राकृत भाषा।

प्राकृत वैयाकरणों की प्राकृत शब्द की यह व्याख्या अप्रामाणिक और अव्यापक ही नहीं है, भाषा तत्त्व से असंगत भी है। अप्रामाणिक इसलिए कही जा सकती है कि प्रकृति शब्द का मुख्य अर्थ संस्कृत भाषा कभी नहीं होता—संस्कृत के किसी कोष में प्राकृत शब्द का यह अर्थ उपलब्ध नहीं है[2] और गौण या लाक्षणिक अर्थ तबतक नहीं लिया जाता जबतक मुख्य अर्थ में बाध न हो। यहाँ प्रकृति शब्द के मुख्य अर्थ स्वभाव अथवा [3]जन साधारण लेने में किसी तरह का बाध भी नहीं है। इससे उक्त व्युत्पत्ति के स्थान में 'प्रकृत्या स्वभावेन सिद्धं प्राकृतम्' अथवा 'प्रकृतीनां साधारणजनानामिदं प्राकृतम्' यही व्युत्पत्ति संगत और प्रामाणिक हो सकती है। अव्यापक कहने का कारण यह है कि प्राकृत के पूर्वोक्त तीन प्रकारों में तत्सम और तद्भव शब्दों की ही प्रकृति उन्होंने संस्कृत मानी है, तीसरे प्रकार के देश्य शब्दों की नहीं, अथच देश्य को भी प्राकृत कहा है। इससे देश्य प्राकृत में यह व्युत्पत्ति लागू नहीं होती। प्राकृत की संस्कृत से उत्पत्ति भाषा-तत्त्व के सिद्धान्त से भी संगति नहीं रखती, क्योंकि वैदिक संस्कृत[4] और लौकिक संस्कृत ये दोनों ही साहित्य की मार्जित भाषाएँ हैं। इन दोनों भाषाओं का व्यवहार शिक्षा की अपेक्षा रखता है। अशिक्षित, अज्ञ और बालक लोग किसी काल में साहित्य की भाषा का न तो स्वयं व्यवहार कर सकते हैं और न समझ ही पाते हैं। इसलिए समस्त देशों में सर्वदा ही अशिक्षित लोगों के व्यवहार के लिए एक कथ्य भाषा चालू रहती है जो साहित्य की भाषा से स्वतन्त्र—अलग होती है। शिक्षित लोगों को भी अशिक्षित लोगों के साथ बातचीत के प्रसंग में इस कथ्य भाषा का ही व्यवहार करना पड़ता है। वैदिक समय में भी ऐसी कथ्य भाषा प्रचलित थी। और जिस समय लौकिक संस्कृत भाषा प्रचलित हुई उस समय भी साधारण लोगों की स्वतन्त्र कथ्य भाषा विद्यमान थी, यह नाटक आदि में संस्कृत भाषा के साथ प्राकृत-भाषी पात्रों के उल्लेख से प्रमाणित होता है।

पाणिनि ने संस्कृत भाषा को जो लौकिक भाषा कही है और पतञ्जलि ने इसको जो शिष्ट-भाषा का नाम दिया है, उसका मतलब यह नहीं है कि उस समय प्राकृत भाषा थी ही नहीं, परन्तु उसका अर्थ यह है कि उस समय के शिक्षित लोगों के आपस के वार्तालाप में, वर्तमान काल के पण्डित लोगों में संस्कृत की तरह और भिन्नदेशीय लोगों के साथ के व्यवहार Lingua Franca की माफिक संस्कृत भाषा व्यवहृत होती थी। किन्तु बालक, स्त्रियाँ और अशिक्षित लोग अपनी मातृ-भाषा में बातचीत करते थे जो संस्कृत-भिन्न साधारण कथ्य भाषा थी। साधारण कथ्य भाषा किसी देश में किसी काल में साहित्य की भाषा से गृहीत नहीं होती, बल्कि साहित्य-भाषा ही जन-साधारण की कथ्य भाषा से उत्पन्न होती है। इसलिए 'संस्कृत से प्राकृत भाषा की उत्पत्ति हुई है' इसकी अपेक्षा 'क्या तो वैदिक संस्कृत और क्या लौकिक संस्कृत दोनों ही उस समय की प्राकृत भाषाओं से उत्पन्न हुई हैं' यही सिद्धान्त विशेष युक्ति संगत है। आजकल के भाषा तत्त्वज्ञों में इसी सिद्धान्त का अधिक आदर देखा जाता है। यह सिद्धान्त पाश्चात्य विद्वानों का कोई नूतन आविष्कार नहीं है, भारतवर्ष के

---

१. 'प्रकृते संस्कृतादागतं प्राकृतम्' (वाग्भटालंकारटीका २, २), 'संस्कृतरूपायाः प्रकृतेरुत्पन्नत्वात् प्राकृतम्' (काव्यादर्श की प्रेमचन्द्र-तर्कवागीश कृत टीका १, ३३)।

२. 'प्रकृतिर्योनिशिल्पिनोः। पौरामात्यादिलिंगेषु गुणसाम्यस्वभावयोः। प्रत्यात् पूर्विकायां च' (अनेकार्थसंग्रह ८७६-७)।

३. 'स्वाम्यमात्यः सुहृत्कोशो राष्ट्रदुर्गबलानि च।
राज्याङ्गानि प्रकृतयः पौराणां श्रेणयोऽपि च॥ (अभिधानचिन्तामणि ३, ३७८)।
'यत् कात्यः—अमात्याद्याश्च पौराश्च सद्भिः प्रकृतयः स्मृताः।' (अ० चि० ३, ३७८ की टीका)।

४. कोई कोई आधुनिक विद्वान् प्राकृत भाषा की उत्पत्ति वैदिक संस्कृत से मानते हैं, देखो 'पाली-प्रकाश' का प्रवेशक पृष्ठ ३४-३६।

ही प्राचीन भाषातत्त्वज्ञों में भी यह मत प्रचलित था यह निम्नोद्धृत कतिपय प्राचीन ग्रन्थों के अवतरणों से स्पष्ट प्रतीत होता है। रुद्रट कृत काव्यालङ्कार के एक [1]श्लोक की व्याख्या में ख्रिस्त की ग्यारहवीं शताब्दी के जैन-विद्वान् नमिसाधु ने लिखा है कि:—

"प्राकृतेति। सकलजगज्जन्तूनां व्याकरणादिभिरनाहितसंस्कारः सहजो वचन-व्यापारः प्रकृतिः, तत्र भवं सैव वा प्राकृतम्। 'आरिसवयणे सिद्धं देवाणं अद्धमागहा वाणी' इत्यादिवचनाद् वा प्राक् पूर्वं कृतं प्राक्कृतं बाल-महिलादि-सुबोधं सकलभाषानिबन्धनभूतं वचनमुच्यते। मेघनिर्मुक्तजलमिवैकस्वरूपं तदेव च देशविशेषात् संस्कारकरणाच्च समासादितविशेषं सत् संस्कृतादुत्तरविभेदानाप्नोति। अत एव शास्त्रकृता प्राकृतमादौ निर्दिष्टं तदनु संस्कृतादीनि। पाणिन्यादिव्याकरणोदितशब्दलक्षणेन संस्क्रियमाणत्वात् संस्कृतमुच्यते।"

इस व्याख्या का तात्पर्य यह है कि—'प्रकृति शब्द का अर्थ है लोगों का व्याकरण आदि के संस्कारों से रहित स्वाभाविक वचन-व्यापार, उससे उत्पन्न अथवा वही है प्राकृत। अथवा 'प्राक् कृत' पर से प्राकृत शब्द बना है, 'प्राक् कृत' का अर्थ है 'पहले किया गया'। बारह अंग-ग्रन्थों में ग्यारह अंग ग्रन्थ पहले किए गए हैं और इन ग्यारह अङ्ग-ग्रन्थों की भाषा आर्ष वचन में—सूत्र में अर्धमागधी कही गई है[2] जो बालक, महिला आदि को सुबोध—सहज गम्य है[3] और जो सकल भाषाओं का मूल है। यह अर्धमागधी भाषा ही प्राकृत है। यही प्राकृत, मेघ-मुक्त जल की तरह, पहले एक रूपवाला होने पर भी, देश-भेद से और संस्कार करने से भिन्नता को प्राप्त करता हुआ संस्कृत आदि अवान्तर विभेदों में परिणत हुआ है अर्थात् अर्धमागधी प्राकृत से संस्कृत और अन्यान्य प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति हुई है। इसी कारण से मूल ग्रन्थकार (रुद्रट) ने प्राकृत का पहले और संस्कृत आदि बाद में निर्देश किया है। पाणिन्यादि व्याकरणों में बताए हुए नियमों के अनुसार संस्कार पाने के कारण संस्कृत कहलाती है।'

'अकृत्रिमस्वादुपदैर्जगत जनं जिनेन्द्र सास्वादिव पासि भाषितैः।" (द्वात्रिंशद्द्वात्रिंशिका १, १८)।

"[4]अकृत्रिमस्वादुपदा जैनी वाचमुपास्महे।" (हेमचन्द्रकाव्यानुशासन, पृष्ठ १)।

उक्त पद्यों में क्रमशः महाकवि सिद्धसेन दिवाकर और आचार्य हेमचन्द्र जैसे समर्थ विद्वानों का जिनदेव की वाणी को 'अकृत्रिम' और संस्कृत भाषा को 'कृत्रिम' कहने का भी रहस्य यही है कि प्राकृत जन साधारण की मातृभाषा होने के कारण अकृत्रिम— स्वाभाविक है और संस्कृत भाषा व्याकरण के संस्कार-रूप बनावटीपन से पूर्ण होने के हेतु कृत्रिम है।

---

१. "प्राकृतसंस्कृतमागधपिशाचभाषाश्च शौरसेनी च।
षष्ठोऽत्र भूरिभेदो देशविशेषादपभ्रंशः॥" (काव्यालंकार २, १२)।

२. बारहवां अङ्ग-ग्रन्थ, जिसका नाम दृष्टिवाद है और जिसमें चौदह पूर्व (प्रकरण) थे, संस्कृत भाषा में था। यह बहुत काल से लुप्त हो गया है। यद्यपि इसके विषयों का संक्षिप्त वर्णन समवायाङ्गसूत्र में है।
"चतुर्दशापि पूर्वाणि संस्कृतानि पुराऽभवन्॥११४॥
प्रज्ञातिशयसाध्यानि तान्युच्छिन्नानि कालतः। अधुनैकादशाङ्ग्यस्ति सुधर्मस्वामिभाषिता॥११५॥
बालस्त्रीमूढमूर्खादिजनानुग्रहणाय सः। प्राकृतां तामिहाकार्षीत्" (प्रभावकचरित्र, पृ० ९८-९९)।

३. "सुत्तण दिट्ठिवायं कालियउक्कालियंगसिद्धं तं। थीबालवायणत्थं पायममुइयं जिणवरेहिं॥"
(आचारदिनकर में उद्धृत प्राचीन गाथा)।
"बालस्त्रीमन्दमूर्खाणां नृणां चारित्रकाङ्क्षिणाम्। अनुग्रहार्थं तत्त्वज्ञैः सिद्धान्तः प्राकृतः कृतः॥"
(दशवैकालिक टीका पत्र १-० में हरिभद्रसूरि द्वारा और काव्यानुशासन की टीका पृ० १ में आचार्य हेमचन्द्र द्वारा उद्धृत किया हुआ प्राचीन श्लोक)।

४. "अकृत्रिमाणि—असंस्कृतानि, अत एव स्वादूनि मन्दधियामपि पेशलानि पदानि यस्यामिति विग्रहः" (काव्यानुशासनटीका)। आचार्य हेमचन्द्र की 'अकृत्रिम' शब्द की इस स्पष्ट व्याख्या से प्रतीत होता है कि उनका अपने प्राकृत-व्याकरण में प्राकृत को प्रकृति संस्कृत कहना सिद्धान्त-निरूपण के लक्ष्य से नहीं, परन्तु अपने प्राकृत-व्याकरण की रचना शैली के उपलक्ष में है, क्योंकि सभी उपलब्ध प्राकृत-व्याकरणों की तरह हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण में भी संस्कृत पर से ही प्राकृत-शिक्षा की पद्धति अख्तियार की गई है और इस पद्धति में प्रकृति—मूल के स्थान में संस्कृत को रखना अनिवार्य हो जाता है। अथवा यह भी असम्भव नहीं है कि व्याकरण-रचना के समय उनका यही सिद्धान्त रहा हो जो बाद में बदल गया हो और इस परिवर्तित सिद्धान्त का काव्यानुशासन में प्रतिपादन किया हो। काव्यानुशासन की रचना व्याकरण के बाद उन्होंने की है यह काव्यानुशासन की "शब्दानुशासनेऽस्माभिः साध्यो वाचो विवेचिताः" (पृष्ठ २) इस उक्ति से ही सिद्ध है।

केवल जैन विद्वानों मे ही यह मत प्रचलित न था, ख्रिस्त की आठवीं शताब्दी के जैनेतर महाकवि वाक्पतिराज ने भी अपने 'गउडवहो' नामक महाकाव्य में इसी मत को इन स्पष्ट शब्दों मे व्यक्त किया है —

"सयलाओ इम वाया विसंति एत्तो य णेंति वायाओ।
एंति समुद्दं चिय णेंति सायराओ चिय जलाइं ॥९३॥"

अर्थात् इसी प्राकृत भाषा में सब भाषाएँ प्रवेश करती हैं और इस प्राकृत भाषा से ही सब भाषाएँ निर्गत हुई हैं जल (आ कर) समुद्र में ही प्रवेश करता है और समुद्र से ही (वाष्प रूप से) बाहर होता है। वाक्पति के इस पद्य का मर्म यही है कि प्राकृत भाषा की उत्पत्ति अन्य किसी भाषा से नहीं हुई है, बल्कि संस्कृत आदि सब भाषाएँ प्राकृत से ही उत्पन्न हुई हैं।

ख्रिस्त की नवम शताब्दी के जैनेतर कवि राजशेखर ने भी अपने 'बालरामायण' मे नीचे का श्लोक लिखकर यही मत प्रकट किया है —

'यद् योनि किल संस्कृतस्य सुदृशां जिह्वासु य मोदते, यत्र श्रोत्रपथावतारिणि कटुर्भापाभराणां रस ।
गद्य चूर्णपदं पदं रतिपतेस्तत् प्राकृत यद्वचस्तल्लालाल्ललिताङ्गि पश्य सुदती दृष्टेर्निमेषव्रतम् ॥' (४८, ४९)।

जैन और जैनेतर विद्वानों के उक्त वचनों से यह स्पष्ट है कि प्राचीन काल के भारतीय भाषातत्त्वज्ञों में भी यह मत प्रबल रूप से प्रचलित था कि प्राकृत की उत्पत्ति संस्कृत भाषा से नहीं है।

प्राकृत भाषा लौकिक संस्कृत से उत्पन्न नहीं हुई है इसका और भी एक प्रमाण है। वह यह कि प्राकृत के अनेक शब्द और प्रत्ययों का लौकिक संस्कृत की अपेक्षा वैदिक भाषा के साथ अधिक मेल देखने मे आता है। प्राकृत भाषा साक्षाद्रूप से लौकिक संस्कृत से उत्पन्न होने पर यह कभी संभव नहीं हो सकता। वैदिक साहित्य मे भी प्राकृत के अनुरूप अनेक शब्द और प्रत्ययों के प्रयोग विद्यमान हैं। इससे यह अनुमान करना किसी तरह असंगत नहीं है कि वैदिक संस्कृत और प्राकृत ये दोनों ही एक प्राचीन प्राकृत भाषा से उत्पन्न हुई हैं और यही इस सादृश्य का कारण है। वैदिक भाषा और प्राकृत के सादृश्य के कतिपय उदाहरण हम नीचे उद्धृत करते हैं, ताकि उक्त कथन की सत्यता मे कोई संदेह नहीं हो सकता।

वैदिक भाषा और प्राकृत मे सादृश्य

१ प्राकृत मे अनेक जगह संस्कृत ऋकार के स्थान मे उकार होता है, जैसे—वृन्द = वुन्द, ऋतु = उउ, पृथिवी = पुहवी, वैदिक साहित्य मे भी ऐसे प्रयोग पाये जाते हैं, जैसे—कृत = कुठ (ऋग्वेद १, ४६, ४)।

२ प्राकृत मे संयुक्त वर्णवाले कई स्थानों में एक व्यञ्जन का लोप होकर पूर्व के ह्रस्व स्वर का दीर्घ होता है, जैसे—दुर्लभ = दूलह, विश्राम = वीसाम, स्पर्श = फास, वैदिक भाषा मे भी वैसा होता है, यथा—दुर्लभ = दूळभ (ऋग्वेद ४, ६, ८), दुर्णाश = दूणाश (शुक्लयजु प्रातिशाख्य ३, ४३)।

३ संस्कृत व्यञ्जनान्त शब्दों के अन्त्य व्यञ्जन का प्राकृत मे सर्वत्र लोप होता है, जैसे—तावत् = ताव, यशस् = जस, वैदिक साहित्य मे भी इस नियम का अभाव नहीं है, यथा—पश्चात् = पश्चा (अथर्वसंहिता १०, ४, ११), उच्चात् = उच्चा (तैत्तिरीयसंहिता २, ३, १४), नीचात् = नीचा (तैत्तिरीयसंहिता १, २, १४)।

४ प्राकृत मे संयुक्त र और य का लोप होता है, जैसे—प्रगल्भ = पगब्भ, श्यामा = सामा, वैदिक साहित्य मे भी यह पाया जाता है, यथा—अप्रगल्भ = अपगल्भ (तैत्तिरीयसंहिता ४, ५ ६१), त्र्यच = त्रिच (शतपथब्राह्मण १, ३, ३, ३३)।

५ प्राकृत मे संयुक्त वर्ण का पूर्व स्वर ह्रस्व होता है, यथा—पात्र = पत्र, रात्रि = रत्ति, साध्य = सज्झ इत्यादि वैदिक भाषा में भी ऐसे प्रयोग हैं, जैसे—रोदसीप्रा = रोदसिप्रा (ऋग्वेद १०, ८८, १०), अमात्र = अमत्र (ऋग्वेद ३, ३६, ४)।

६ प्राकृत मे संस्कृत द का अनेक जगह ड होता है, जैसे—दण्ड = डण्ड, दंश = डंस, दोला = डोला, वैदिक साहित्य मे भी ऐसे प्रयोग दुर्लभ नहीं हैं, जैसे—दुर्दभ = दूडभ (वाजसनेयसंहिता ३, ३६), पुरोदाश = पुरोडाश (शुक्लयजु प्रातिशाख्य ३, ४४)।

---

१. सकला इद वाचो विशन्तीतश्च निर्यन्ति वाच । आयन्ति समुद्रमेव निर्यन्ति सागरादेव जलानि ॥९३॥

७. प्राकृत में ब का ह होता है, यथा—बहिर = बहिर, बाह = बाह वेद-भाषा में भी ऐसा पाया जाता है, जैसे—प्रतिसधाय = प्रतिसहाय (गोपथब्राह्मण २, ४)।

८ प्राकृत में अनेक शब्दों में संयुक्त व्यञ्जनों के बीच में स्वर का आगम होता है, जैसे—क्लिष्ट = किलिट्ठ, स्व = सुव, तन्वी = तणुवी, वैदिक साहित्य में भी ऐसे प्रयोग विरल नहीं है, यथा—सहस्य = सहस्रय, स्वर्ग = सुवर्गः (तैत्तिरीयसंहिता ४, २, ३), तन्व = तनुव, स्व = सुव (तैत्तिरीयआरण्यक ७ २२, १, ६, २, ७)।

९ प्राकृत में अकारान्त पुल्लिङ्ग शब्द के प्रथमा के एकवचन में ओ होता है, जैसे—देवो, जिणो, सो इत्यादि; वैदिक भाषा में भी प्रथमा के एकवचन में कहीं-कहीं ओ देखा जाता है यथा—संवत्सरो अजायत (ऋग्वेदसंहिता १०, १९०, २), सो चित् (ऋग्वेदसंहिता १, १६१, १०-११)।

१०. तृतीया विभक्ति के बहुवचन में प्राकृत में देव आदि अकारान्त शब्दों के रूप देवेहि गंभीरेहि, जेट्ठेहि आदि होते हैं, वैदिक साहित्य में भी इसीके अनुरूप देवेभि, गम्भीरेभि, ज्येष्ठेभि आदि रूप मिलते हैं।

११ प्राकृत की तरह वैदिक भाषा में भी चतुर्थी के स्थान में षष्ठी विभक्ति होता है[1]।

१२. प्राकृत में पञ्चमी के एकवचन में देवा, वच्छा, जिणा आदि रूप होते हैं, वैदिक साहित्य में भी इसी तरह के उच्चा, नीचा पश्चा प्रभृति उपलब्ध होते हैं।

१३ प्राकृत में द्विवचन के स्थान में बहुवचन ही होता है वैदिक भाषा में भी इस तरह के अनेकों प्रयोग मौजूद हैं यथा—'इन्द्रावरुणौ' के स्थान में 'इन्द्रावरुणा', 'मित्रावरुणौ' की जगह मित्रावरुणा, 'यौ सुरथौ रथतमौ दिविस्पृशावश्विनौ' के बदले 'या सुरथा रथीतमा दिविस्पृशा अश्विना' 'नरौ हे' के स्थल में 'नरा हे' आदि।

इस तरह अनेक युक्ति और प्रमाणों से यह साबित होता है कि प्राकृत की उत्पत्ति वैदिक अथवा लौकिक संस्कृत से नहीं, किन्तु वैदिक संस्कृत की उत्पत्ति जिस प्रथम स्तर की प्रादेशिक प्राकृत भाषा से पूर्व में कही गई है उसीसे हुई है। इससे यहाँ पर इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि संस्कृत के अनेक आलंकारिकों ने और प्राकृत के प्राय समस्त वैयाकरणों ने 'तत्' शब्द से संस्कृत को लेकर 'तद्भव' शब्द का जो व्यवहार 'संस्कृतभव' अर्थ में किया है वह किसी तरह संगत नहीं हो सकता। इसलिए यहाँ 'तत्' शब्द से संस्कृत के स्थान में वैदिक काल के प्राकृत का ग्रहण कर 'तद्भव' शब्द का प्रयोग 'वैदिक काल के प्राकृत से जो शब्द संस्कृत में लिया गया है उससे उत्पन्न इसी अर्थ में करना चाहिए। संस्कृत शब्द और प्राकृत तद्भव शब्द इन दोनों का साधारण मूल वैदिक काल का प्राकृत अर्थात् पूर्वोक्त प्राथमिक प्राकृत या प्रथम स्तर का प्राकृत है। इससे जहाँ पर 'तद्भव' शब्द का सैद्धान्तिक अर्थ 'संस्कृतभव' नहीं, किन्तु 'वैदिक काल के प्राकृत से उत्पन्न' यही समझना चाहिए।

द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं का उत्पत्ति-क्रम और उनके प्रधान भेद

जब उपर्युक्त कथन के अनुसार वैदिक तथा लौकिक संस्कृत और समस्त प्राकृत भाषाओं का मूल एक ही है और वैदिक तथा लौकिक संस्कृत द्वितीय स्तर की सभी प्राकृत भाषाओं से प्राचीन है तब यह कहने की कोई आवश्यकता नहीं है कि द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं के उत्पत्ति क्रम का निर्णय एकमात्र उसी सादृश्य के तारतम्य पर निर्भर करता है जो उभय संस्कृत और प्राकृत तद्भव शब्दों में पाया जाता है। जिस प्राकृत भाषा के तद्भव शब्दों का वैदिक और लौकिक संस्कृत के साथ जितना अधिक सादृश्य होगा वह उतनी ही प्राचीन और जिसके तद्भव शब्दों का उभय संस्कृत के साथ जितना अधिक भेद होगा वह उतनी ही अर्वाचीन मानी जा सकती है, क्योंकि अधिक भेद के उत्पन्न होने में समय भी अधिक लगता है यह निर्विवाद है।

द्वितीय स्तर की जिन प्राकृत भाषाओं ने साहित्य में अथवा शिलालेखों में स्थान पाया है उनके शब्दों की वैदिक और लौकिक संस्कृत के साथ, उपर्युक्त पद्धति से तुलना करने पर, जो भेद पार्थक्य) देखने में आते हैं उनके अनुसार द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं के निम्नोक्त प्रधान भेद (प्रकार) होते हैं, जो क्रम से इन तीन मुख्य काल विभागों में बाँटे जा सकते हैं—(१) प्रथम युग—ख्रिस्त पूर्व चार सौ से लेकर ख्रिस्त के बाद एक सौ वर्ष तक (400 B. C. to 100 A. D.), (२) मध्ययुग ख्रिस्त के बाद एक सौ से पाँच सौ वर्ष तक (100 A. C. to 500 A. D), (३) शेष युग—ख्रिस्तीय पाँच सौ से एक हजार वर्ष तक (500 A. D. to 1000 A D.)।

---

१ "चतुर्थ्यर्थे बहुलं छन्दसि" (पाणिनि-व्याकरण २, ३, ६२)।

प्रथम युग (ख्रिस्त-पूर्व ४०० से ख्रिस्त के बाद १००)

(क) हीनयान बौद्धों के त्रिपिटक, महावंश और जातक-प्रभृति ग्रन्थों की पाली भाषा।
(ख) पैशाची और चूलिकापैशाची।
(ग) जैन अंग-ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा।
(घ) अंग-ग्रन्थ-भिन्न प्राचीन सूत्रों की और पउम-चरिअ आदि प्राचीन ग्रन्थों की जैन महाराष्ट्री भाषा।
(ङ) अशोक-शिलालेखों की एवं परवर्ति-काल के प्राचीन शिलालेखों की भाषा।
(च) अश्वघोष के नाटकों की भाषा।

मध्ययुग (ख्रिस्तीय १०० से ५००)

(क) त्रिवेन्द्रम् से प्रकाशित भास-रचित कहे जाते नाटकों की और बाद के कालिदास-प्रभृति के नाटकों की शौरसेनी, मागधी और महाराष्ट्री भाषाएँ।
(ख) सेतुबन्ध, गाथासप्तशती आदि काव्यों की महाराष्ट्री भाषा।
(ग) प्राकृत व्याकरणों में जिनके लक्षण और उदाहरण पाये जाते हैं वे महाराष्ट्री, शौरसेनी, मागधी, पैशाची, चूलिकापैशाची भाषाएँ।
(घ) दिगम्बर जैन ग्रन्थों की शौरसेनी और परवर्ति-काल के श्वेताम्बर ग्रन्थों की जैन महाराष्ट्री भाषा।
(ङ) चंड के व्याकरण में निर्दिष्ट और विक्रमोर्वशी में प्रयुक्त अपभ्रंश भाषा।

शेष युग (ख्रिस्तीय ५०० से १००० वर्ष)

भिन्न-भिन्न प्रदेशों की परवर्ती काल की अपभ्रंश भाषाएँ।

अब इन तीन युगों में विभक्त प्रत्येक भाषा का लक्षण और विशेष विवरण, उक्त क्रम के अनुसार (१) पालि, (२) पैशाची, (३) चूलिकापैशाची, (४) अर्धमागधी, (५) जैन महाराष्ट्री, (६) अशोकलिपि, (७) शौरसेनी, (८) मागधी, (९) महाराष्ट्री, (१०) अपभ्रंश इन शीर्षकों में क्रमशः दिया जाता है।

---

(१) पालि

हीनयान बौद्धों के धर्म-ग्रन्थों की भाषा को पालि कहते हैं। कई विद्वानों का अनुमान है कि पालि शब्द 'पङ्क्ति' पर से बना है[1]। 'पङ्क्ति' शब्द का अर्थ है 'श्रेणी'[2]। प्राचीन बौद्ध लेखक अपने ग्रन्थ में धर्म-शास्त्र की वचन-पङ्क्ति को उद्धृत करते समय इसी पालि शब्द का प्रयोग करते थे, इससे बाद के समय में बौद्ध धर्म-शास्त्रों की भाषा का ही नाम पालि हुआ। अन्य विद्वानों का मत है कि पालि शब्द 'पङ्क्ति' पर से नहीं, परन्तु 'पल्लि' पर से हुआ है। पल्लि' शब्द असल में संस्कृत नहीं परन्तु प्राकृत है, यद्यपि अन्य अनेक प्राकृत शब्दों की तरह यह भी पीछे से संस्कृत में लिया गया है। पल्लि शब्द जैनों के प्राचीन अंग-ग्रन्थों में भी पाया जाता है[3]। 'पल्लि' शब्द का अर्थ है ग्राम या गाँव। 'पालि' का अर्थ गाँवों में बोली जाती भाषा—ग्राम्य भाषा होता है। 'पङ्क्ति' पर से 'पालि' होने की कल्पना जितनी क्लेश-साध्य है 'पल्लि' पर से 'पालि' होना उतना ही सहज-बोध्य है। इससे हमें पिछला मत ही अधिक संगत मालूम होता है। 'पालि' केवल ग्रामों की ही भाषा थी, इससे उसका यह नाम हुआ है यह बात नहीं है। बल्कि प्रदेश-विशेष के ग्रामों की तरह शहरों के भी जन-साधारण की यह भाषा थी, परन्तु संस्कृत के अनन्य-भक्त

निर्देश और व्युत्पत्ति

---

१ "पङ्क्ति = पंक्ति = पंति = पएंटि = पंटि = पलि = पल्लि = पालि, अथवा पङ्क्ति = पत्ति = पट्टि = पल्लि = पालि" (पालिप्रकाश, प्रवेशक, पृष्ठ ९)।

२ "सेतुस्सिं तन्तिपन्तीसु नालियं पालि कथ्यते" (अभिधानप्रदीपिका ९९६)।

३ देखो, विपाकश्रुत (पत्र ३८, ३९)।

ब्राह्मणों की ही ओर से इस भाषा की तरफ अपनी स्वाभाविक घृणा[1] को व्यक्त करने के लिए इसका यह नाम दिया जाना और अधिक प्रसिद्ध हो जाने के कारण पीछे से बौद्ध विद्वानों का भी मागधी की जगह इस शब्द का प्रयोग करना आश्चर्य-जनक नहीं जान पड़ता।

उक्त प्राकृत भाषा समूह में पालि भाषा के साथ वैदिक संस्कृत का अधिक सादृश्य देखा जाता है। इसी कारण से द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं में पालि भाषा सर्वापेक्षा प्राचीन मालूम पड़ती है।

पालि भाषा के उत्पत्ति-स्थान के बारे में विद्वानों का मत भेद है। बौद्ध लोग इसी भाषा को मागधी कहते हैं और उनके मत से इस भाषा का उत्पत्ति-स्थान मगध देश है। परन्तु इस भाषा का मागधी प्राकृत के साथ कोई सादृश्य नहीं है। डॉ. कोनो (Dr. Konow) और सर ग्रियर्सन ने इस भाषा का पैशाची भाषा के साथ सादृश्य देखकर पैशाची भाषा जिस देश में प्रचलित थी उसी देश को इसका उत्पत्ति-स्थान बताया है, यद्यपि पैशाची भाषा के उत्पत्ति स्थान के विषय में इन दोनों विद्वानों का मतैक्य नहीं है। डॉ. कोनो के मत में पैशाची भाषा का उत्पत्ति-स्थान विन्ध्याचल का दक्षिण प्रदेश है और सर ग्रियर्सन का मत यह है कि 'इसका उत्पत्ति-स्थान भारतवर्ष का उत्तर पश्चिम प्रान्त है; वहाँ उत्पन्न होने के बाद संभव है कि कोंकण-प्रदेश-पर्यन्त इसका विस्तार हुआ हो और वहाँ इससे पाली भाषा की उत्पत्ति हुई हो।' परन्तु पालि भाषा अशोक के गुजरात-प्रदेश-स्थित गिरनार के शिलालेख के अनुरूप होने के कारण यह मगध में नहीं, किन्तु 'भारतवर्ष के पश्चिम प्रान्त में उत्पन्न हुई है और वहाँ से सिंहल देश में ले जाई गई है' यही मत विशेष समत प्रतीत होता है, क्योंकि निम्नोक्त उदाहरणों से पालिभाषा का गिरनार-शिलालेख के साथ सादृश्य और पूर्व-प्रान्त स्थित धौलि (खंडगिरि) शिलालेख के साथ पार्थक्य देखा जाता है—

उत्पत्ति-स्थान

संस्कृत	पाली	गिरनारशिला०	धौलिशिला०
राज्ञः	राजिनो, रञ्ञो	राणो	लजिने
कृतम्	कत	कतं	कडे

इस विषय में डॉ. सुनीतिकुमार चटर्जी का कहना है कि "बुद्धदेव[2] के समस्त उपदेश मागधी भाषासे बाद के समय में मध्यदेश (Doab) की शौरसेनी प्राकृत में अनुवादित हुए थे और वे ही ख्रिस्त पूर्व प्रायः दो सौ वर्ष से पालि-भाषा के नाम से प्रसिद्ध हुए हैं।" किन्तु सच तो यह है कि पालि भाषा का शौरसेनी और मागधी की अपेक्षा पैशाची के साथ ही अधिक सादृश्य है जो निम्नोक्त उदाहरणों से स्पष्ट जाना जाता है।

संस्कृत	पालि	पैशाची	शौरसेनी	मागधी
*क[3] (लोक)	क (लोक)	क (लोक)	० (लोम)	० (लोम)
*ग (नग)	ग (नग)	ग (नग)	० (णम)	० (णम)
*च (शची)	च (सची)	च (सची)	० (सई)	० (शई)
*ज (रजत)	ज (रजत)	ज (रजत)	० (रअद)	० (लअद)
*त (कृत)	त (कत)	त (कत)	द (कद)	ड (कड)
र (कर)	र (कर)	र (कर)	र (कर)	ल (कल)

---

१. "लोकायत कुतर्कं च प्राकृत म्लेच्छभाषितम्।
न श्रोतव्य द्विजेनैतदधो नयति तद् द्विजम्" (गरुडपुराण, पूर्वखण्ड ९८, १७)।

२. The Origin and Development of the Bengalee Language, VoL. I, page 57.

३. इन उदाहरणों में प्रथम वह अक्षर दिया गया है जिसका उस उस भाषा के नीचे दिए गए अक्षरों में परिवर्तन होता है और अक्षर के बाद ब्राकेट में उसी अक्षरवाला शब्द स्पष्टता के लिए दिया गया है।

* स्वर वर्णों के मध्यवर्ती असंयुक्त वर्ण।

संस्कृत	पालि	पैशाची	शौरसेनी	मागधी
श (वश)	स (वस)	स (वस)	स (वस)	श (वश)
ष (मेष)	स (मेस)	स (मेस)	स (मेस)	श (मेश)
स (सारस)	स (सारस)	स (सारस)	स (सारस)	श (शालश)
न (वचन)	न (वचन)	न (वचन)	ण (वअण)	ण (वअण)
ट्ट (पट्ट)	ट्ट (पट्ट)	ट्ट (पट्ट)	ट्ट (पट्ट)	स्ट (पस्ट)
र्थ (अर्थ)	त्थ (अत्थ)	त्थ (अत्थ)	त्थ (अत्थ)	स्त (अस्त)
स्[1] (वृक्षः)	ओ (रुक्खो)	ओ (रुक्खो)	ओ (रुक्खो)	ए (लुक्खे)

उत्पत्ति-समय

पालि भाषा की उत्पत्ति का समय ख्रिस्त के पूर्व षष्ठ शताब्दी कहा जाता है, किन्तु वह काल बुद्धदेव की समसामयिक कथ्य मागधी भाषा का हो सकता है। पालि कथ्य भाषा नहीं, परन्तु बौद्ध धर्म-साहित्य की भाषा है। संभवतः यह भाषा ख्रिस्त के पूर्व चतुर्थ या पञ्चम शताब्दी में पश्चिम भारत में उत्पन्न हुई थी।

इस पालि-भाषा से आधुनिक सिंहली भाषा की उत्पत्ति हुई है।

प्राकृत शब्द से साधारणतः पालि-भिन्न अन्य भाषाएँ ही समझी जाती हैं। इससे, और पालि भाषा के अनेक स्वतन्त्र कोष होने से, प्रस्तुत कोष में पालि भाषा के शब्दों को स्थान नहीं दिया गया है। इसलिए पालि भाषा की विशेष आलोचना करने की यहाँ आवश्यकता नहीं है।

(२) पैशाची

निदर्शन

गुणाढ्य ने [2]बृहत्कथा पैशाची भाषा में लिखी थी, जो लुप्त हो गई है। इस समय पैशाची भाषा के उदाहरण प्राकृतप्रकाश, आचार्य हेमचन्द्र का प्राकृतव्याकरण, षड्भाषाचन्द्रिका, प्राकृत-सर्वस्व और संक्षिप्तसार आदि प्राकृत-व्याकरणों में आचार्य हेमचन्द्र के कुमारपाल-चरित तथा [3]काव्यानुशासन में, मोहराज-पराजय नामक नाटक में और दो-एक षड्भाषास्तोत्रों में मिलते हैं।

भरत के नाट्यशास्त्र में पैशाची नाम का उल्लेख देखने में नहीं आता है, परन्तु इसके परवर्ती [4]रुद्रट, [5]केशवमिश्र आदि संस्कृत के आलंकारिकों ने इसका उल्लेख किया है। वाग्भट ने इस भाषा को [6]'भूतभाषित' के नाम से अभिहित की है।

विनियोग

[7]वाग्भट तथा [8]केशवमिश्र ने क्रम से भूत और पिशाच-प्रभृति पात्रों के लिए और [9]षड्भाषा-चन्द्रिकाकार ने राक्षस, पिशाच और नीच पात्रों के लिए इसका विनियोग बतलाया है।

---

१. पुंलिंग में प्रथमा के एक वचन का प्रत्यय।

२. आचार्य उद्द्योतन की कुवलय माला में, दण्डी के काव्यादर्श में, बाण के हर्षचरित में, धनञ्जय के दशरूपक में, सुबन्धु की वासवदत्ता में और अन्यान्य प्राकृत-संस्कृत ग्रंथों में इसका उल्लेख पाया जाता है। क्षेमेन्द्रकृत बृहत्कथामञ्जरी और सोमदेवभट्ट-प्रणीत कथासरित्सागर इसी बृहत्कथा का संस्कृत अनुवाद है। इस बृहत्कथा के ही भिन्न-भिन्न अंशों के आधार पर बाण, श्रीहर्ष, भवभूति आदि संस्कृत के महाकवियों की कादम्बरी, रत्नावली, मालतीमाधव-प्रभृति अनेक संस्कृत ग्रंथों की रचना की गई है।

३. पृष्ठ २२९; २३३।

४. काव्यालंकार २, १२।

५. 'संस्कृतं प्राकृतं चैव पैशाची मागधी तथा' (अलङ्कार शेखर, पृष्ठ ५)।

६. 'संस्कृतं प्राकृत तस्यापभ्रंशो भूतभाषितम्' (वाग्भटालङ्कार २, १)।

७. यद् भूतैरुच्यते किञ्चित् तद्भौतिकमिति स्मृतम्' (वाग्भटालङ्कार २, ३)।

८. 'पैशाची तु पिशाचाद्याः प्राहु.' (अलङ्कारशेखर, पृष्ठ ५)।

९. रक्ष.पिशाचनीचेषु पैशाचीद्वितयं भवेत् ॥३५॥' (षड्भाषा-चन्द्रिका, पृष्ठ ३)।

षड्भाषाचन्द्रिकाकार पिशाच-देशों की भाषा को ही पैशाची कहते हैं और पिशाच-देशों के निर्देश के लिए नीचे के श्लोकों को उद्धृत करते हैं :—

उत्पत्ति-स्थान

'[1]पाण्ड्यकेकयवाह्लीकसह्यनेपालकुन्तलाः ।
सुधेष्णभोजगान्धारहैवकन्नोजनास्तथा ।
एते पिशाचदेशाः स्युः'

मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में प्राकृतचन्द्रिका के

'काञ्चीदेशीयपाण्ड्यं च पाञ्चाल गौड-मागधम् ।
प्राचडं दाक्षिणात्यं च शौरसेनं च कैकयम् ॥
शाबरं द्राविडं चैव एकादश पिशाचजाः ।

इस वचन को उद्धृत कर ग्यारह प्रकार की पैशाची का उल्लेख किया है; परन्तु बाद में इस मत का खण्डन करके सिद्धान्त रूप से इन तीन प्रकार की पैशाची का ग्रहण किया है; यथा—'कैकयं शौरसेनं च पाञ्चालमिति च त्रिधा पैशाच्यः' ।

लक्ष्मीधर और मार्कण्डेय ने जिन प्राचीन वचनों का उल्लेख किया है उनमें पाण्ड्य, काञ्ची और कैकय आदि प्रदेश एक दूसरे से अतिदूरवर्ती प्रान्तों मे अवस्थित हैं । इतने दूरवर्ती प्रदेश एकदेशीय भाषा के उत्पत्ति-स्थान कैसे हो सकते हैं ? यदि पैशाची भाषा किसी प्रदेश की भाषा न हो कर भिन्न भिन्न प्रदेशों मे रहनेवाली किसी जाति-विशेष की भाषा हो तो इसका संभव इस तरह हो भी सकता है कि पूर्वकाल मे किसी एक देश-विशेष मे रहनेवाली पिशाच-प्राय मनुष्य-जाति बाद में भिन्न-भिन्न देशों में फैलती हुई वहाँ अपनी भाषा को ले गई हो । मार्कण्डेय-निर्दिष्ट तीन प्रकार की पैशाची परस्पर संनिहित प्रदेशों की भाषा है, इससे खूब ही संभव है कि यह पहले कैकय देश में उत्पन्न हुई हो और बाद में उसी के समीपस्थ शूरसेन और पञ्जाब तक फैल गई हो । मार्कण्डेय ने शौरसेन-पैशाची और पाञ्चाल-पैशाची की प्रकृति जो कैकय-पैशाची कही है इसका मतलब भी यही हो सकता है । सर ग्रियर्सन के मत मे पिशाच-भाषा-भाषी लोगों का आदिम वास-स्थान उत्तर-पश्चिम पञ्जाब अथवा अफगानिस्थान का प्रान्त प्रदेश है और बाद में वहाँ से ही संभवतः इसका अन्य देशों में विस्तार हुआ है । किन्तु डॉ. हॉर्नलि का इस विषय मे और ही मत है । उनका कहना यह है कि अनार्य जाति के लोग आर्य-जाति की भाषा का जिस विकृत रूप मे उच्चारण करते थे वही पैशाची भाषा है, अर्थात् इनके मत से पैशाची भाषा न तो किसी देश-विशेष की भाषा है और न वह वास्तव मे भिन्न भाषा ही है । हमे सर ग्रियर्सन का मत ही प्रामाणिक प्रतीत होता है जो मार्कण्डेय के मत के साथ अनेकांश मे मिलता-जुलता है ।

वररुचि ने शौरसेनी प्राकृत को ही पैशाची भाषा का मूल कहा है[2] । मार्कण्डेय ने पैशाची भाषा को कैकय, शौरसेन और पाञ्चाल इन तीन भेदों में विभक्त कर संस्कृत और शौरसेनी उभय को कैकय-पैशाची का और कैकय पैशाची को शौरसेन-पैशाची का मूल बतलाया है । पाञ्चाल पैशाची के मूल का उन्होंने निर्देश ही नहीं किया है, किन्तु उन्होंने इसके जो केरी (केलि) और मदिलं (मन्दिरम्) ये दो उदाहरण दिये हैं इससे मालूम होता है कि इस पाञ्चाल-पैशाची का कैकय-पैशाची से रकार और लकार के व्यत्यय के अतिरिक्त अन्य कोई भेद नहीं है, सुतरां शौरसेन-पैशाची की तरह पाञ्चाल-पैशाची की प्रकृति भी इनके मत से कैकय पैशाची ही हो सकती है ।

प्रकृति

यहाँ पर यह कहना आवश्यक है कि मार्कण्डेय ने शौरसेन पैशाची के जो [3]लक्षण दिए हैं उन पर से शौरसेन-पैशाची का

---

१. वर्तमान मदुरा और कन्याकुमारी के आसपास के प्रदेश का नाम पाण्ड्य, पञ्चनद प्रदेश का नाम केकय, अफगानिस्थान के वर्तमान बाल्खनगरवाले प्रदेश का नाम वाह्लीक, दक्षिण भारत के पश्चिम उपकूल का नाम सह्य, नर्मदा के उत्पत्ति-स्थान के निकटवर्ती देश का नाम कुन्तल, वर्तमान काबूल और पेशावरवाले प्रदेश का नाम गान्धार, हिमालय के निम्न-वर्ती पार्वत्य प्रदेश-विशेष का नाम हैव और दक्षिण महाराष्ट्र के पार्वत्य अञ्चल का नाम कन्नोजन है ।

२. "प्रकृति. शौरसेनी" (प्राकृतप्रकाश १०, २) ।

३. "सस्य श.", "रस्य लो भवेत्", "चवर्गस्योपरिष्टाद् य", "कृतादिषु कडादयः", "क्षस्य च्छ", "स्थाविकृते. ष्टस्य श्त.", "तत्ययो श उर्ध्वं स्यात्", "अत. सोरो (?रे) त्" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १२६) ।

शौरसेनी भाषा के साथ कोई भी सम्बन्ध प्रतीत नहीं होता, क्योंकि कैकय पैशाची के साथ शौरसेन पैशाची के जो भेद उन्होंने बतलाए हैं वे मागधी भाषा के ही अनुरूप हैं, न कि शौरसेनी के। इससे इसको शौरसेन पैशाची न कह कर मागध-पैशाची कहना ही संगत जान पड़ता है।

प्राकृत वैयाकरणों के मत से पैशाची भाषा का मूल शौरसेनी अथवा संस्कृत भाषा है, किन्तु हम पहले यह भलीभाँति दिखा चुके हैं कि कोई भी प्रादेशिक कथ्य भाषा, संस्कृत अथवा अन्य प्रादेशिक भाषा से उत्पन्न नहीं है, परन्तु वह उसी कथ्य अथवा प्राकृत भाषा से उत्पन्न हुई है जो वैदिक युग में उस प्रदेश में प्रचलित थी। इस लिए पैशाची भाषा का भी मूल संस्कृत या शौरसेनी नहीं, किन्तु वह प्राकृत भाषा ही है जो वैदिक युग में भारतवर्ष के उत्तर पश्चिम प्रान्त की या अफगानिस्थान के पूर्व प्रान्त-वर्ती प्रदेश की कथ्य भाषा थी।

समय।

प्रथम युग की पैशाची भाषा का कोई निदर्शन साहित्य में नहीं मिलता है। गुणाढ्य की बृहत्कथा संभवतः इसी प्रथम युग की पैशाची भाषा में रची गई थी, किन्तु वह आजकल उपलब्ध नहीं है। इस समय हम व्याकरण, नाटक और काव्य में पैशाची भाषा के जो निदर्शन पाते हैं वह मध्ययुग की पैशाची भाषा का है। मध्ययुग की यह पैशाची भाषा ख्रिस्त की द्वितीय शताब्दी से पाँचवीं शताब्दी पर्यन्त प्रचलित थी।

लक्षण

पैशाची भाषा का शौरसेनी भाषा के साथ जिस जिस अंश में भेद है वह सामान्य रूप से नीचे दिया जाता है। इसके सिवा अन्य सभी अंशों में वह शौरसेनी के ही समान है। इससे इसके बाकी के लक्षण शौरसेनी के प्रकरण से जाने जा सकते हैं।

वर्ण भेद

१ ज्ञ न्य और ण्य के स्थान में ञ्ञ होता है, यथा—प्रज्ञा = पञ्ञा, ज्ञान = ञ्ञान, कन्यका = कञ्ञका, अभिमन्यु = अभिमञ्ञु, पुण्य = पुञ्ञ।

२. ण और न के स्थान में न होता है, जैसे—गुण = गुन कनक = कनक।

३ त और द की जगह त होता है, जैसे—भगवती = भगवती, शत = सत, मदन = मतन, देव=तेव।

४ लकार ळ में बदलता है यथा—सील=सीळ कुल = कुळ।

५ दु की जगह दु और तु होता है, जैसे—कुटुम्बक, कुटुम्बक, कुतुम्बक।

६. महाराष्ट्री के लक्षण में असंयुक्त-व्यञ्जन परिवर्तन के १ से १३, १५ और १६ अंकवाले जो नियम बतलाए गए हैं वे शौरसेनी भाषा में लागू होते हैं, किन्तु पैशाची में नहीं, यथा—लोक = लोक, शाखा = साखा, भट = भट, मठ = मठ गरुड = गरुड, प्रतिभास = पतिभास, कनक = कनक, शपथ = सपथ, रेफ = रेफ, शबल = सबळ, यशस् = यस करणीय = करणीय, अंगार = इंगार, दाह = दाह।

७. यादृश आदि शब्दों का द परिणत होता है ति में, यथा—यादृश = यातिस, सदृश = सतिस।

नाम विभक्ति

१ अकारान्त शब्द की पञ्चमी का एकवचन आतो और आतु होता है, जैसे—जिनातो, जिनातु।

आख्यात

१ शौरसेनी के दि और दे प्रत्ययों की जगह ति और ते होता है, यथा—गच्छति गच्छते, रमति, रमते।

२ भविष्य काल में स्सि के बदले स्स्य होता है, जैसे—भविष्यति = हुवेय्य।

३ भाव और कर्म में ईअ तथा इज्ज के स्थान में इय्य होता है, यथा—पठ्यते = पठिय्यते, हसिय्यते।

कृदन्त

१ त्वा प्रत्यय के स्थान में कहीं तून और कहीं त्थून और दून होते हैं, यथा पठित्वा = पठितून, गत्वा = गन्तून, नष्ट्वा = नत्थून, नद्धून, तप्त्वा = तत्थून, तद्धून।

(३) चूलिकापैशाची

चूलिकापैशाची भाषा के लक्षण आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत व्याकरण मे और पडित लक्ष्मीधर ने अपनी षड्भाषाचन्द्रिका मे दिए है। आचार्य हेमचन्द्र के कुमारपालचरित और काव्यानुशासन मे इस भाषा के निदर्शन पाये जाते है। इनके अतिरिक्त हम्मीरमदमर्दन नामक नाटक मे और दो एक छोटे-छोटे षड्भाषास्तोत्रो मे भी इसके कुछ नमूने देखने मे आते हैं।

निदर्शन

प्राकृतलक्षण, प्राकृतप्रकाश, सक्षिप्तसार और प्राकृतसर्वस्व वगैरह प्राकृत व्याकरणों मे और सस्कृत के अलकार ग्रन्थों मे चूलिकापैशाची का कोई उल्लेख नहीं है अथ च आचार्य हेमचन्द्र ने और पं लक्ष्मीधर ने चूलिकापैशाची के जो लक्षण दिए है वे चड, वररुचि, क्रमदीश्वर और मार्कण्डेय प्रभृति वैयाकरणों ने पैशाची भाषा के लक्षणों मे ही अन्तर्गत किए है। इससे यह स्पष्ट जाना जाता है कि उक्त वैयाकरण-गण चूलिकापैशाची को पैशाची भाषा के अन्तर्भूत ही मानते थे, स्वतन्त्र भाषा के रूप मे नहीं। आचार्य हेमचन्द्र भी अपने अभिधानचिन्तामणि नामक सस्कृत कोष ग्रन्थ के 'भाषा षट् सस्कृतादिका (काण्ड २ १९९) इस वचन की 'संस्कृत प्राकृत मागधी-शौरसेनी-पैशाच्यपभ्र शलक्षणा' यह व्याख्या करते हुए चूलिकापैशाची का अलग उल्लेख नहीं करते। इससे मालूम पडता है कि वे भी चूलिकापैशाची को पैशाची का ही एक भेद मानते है। हमारा भी यही मत है। इससे यहाँ पर इस विषय मे पैशाची भाषा के अनन्तरोक्त विवरण से कुछ अधिक लिखने की आवश्यकता नहीं रहती। सिर्फ आचार्य हेमचन्द्र ने और उन्हीं का पूरा अनुसरण कर पं० लक्ष्मीधर ने इस भाषा के जो लक्षण दिए है वे नीचे उद्धृत किए जाते है। इनके सिवा सभी अशों मे इस भाषा का पैशाची से कोई पार्थक्य नहीं है।

पैशाची में इसका अन्तर्भाव

लक्षण

१. वर्ग के तृतीय और चतुर्थ अक्षरों के स्थान मे क्रमश प्रथम और द्वितीय होता है[1], यथा—नगर = नकर, व्याघ्र = वग्घ, राजा = राचा, निर्भर = निच्छर, तडाग = तटाक, ढक्का = ठक्का, मदन = मतन, मधुर = मथुर, बालक = पालक, भगवती = फकवती।

२ र के स्थान मे वैकल्पिक ल होता है, यथा—रुद्र = लुद्द, रुद्द।

(४) अर्धमागधी

भगवान् महावीर अपना धर्मोपदेश अर्धमागधी भाषा मे देते थे[2]। इसी उपदेश के अनुसार उनके समसामयिक गणधर श्री सुधर्मस्वामी ने अर्धमागधी भाषा मे ही आचाराङ्ग प्रभृति सूत्र-ग्रन्थों की रचना की थी[3]। ये ग्रन्थ उस समय लिखे नही गए थे, परन्तु शिष्य परम्परा से कण्ठ पाठ द्वारा सरक्षित होते थे। दिगम्बर जैनों के मत से ये समस्त ग्रन्थ विलुप्त हो गए है, परन्तु श्वेताम्बर जैन दिगम्बरों के इस मन्तव्य से सहमत नहीं है। श्वेताम्बरों के मत के अनुसार ये सूत्र ग्रन्थ महावीर निर्वाण के बाद ९८० अर्थात् खिस्ताब्द ४५४ मे वल्भी (वर्तमान वळा, काठियावाड) में श्रीदेवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण ने वर्तमान आकार मे लिपिबद्ध किए। उस समय लिखे जाने पर भी इन ग्रन्थों का भाषा प्राचीन है। इसका एक कारण यह है कि जैसे ब्राह्मणों ने कण्ठ पाठ द्वारा बहु शताब्दी-पर्यन्त वेदों की रक्षा की थी वैसे ही जैन मुनियों ने भी अपनी शिष्य परम्परा से मुख पाठ द्वारा करीब एक हजार वर्ष तक अपने इन पवित्र ग्रन्थों को याद रखा था। दूसरा यह है कि जैन धर्म मे सूत्र पाठों के शुद्ध उच्चारण के लिए खूब जोर दिया गया है, यहाँ तक कि मात्रा या अक्षर के भी अशुद्ध या विपरीत उच्चारण करने मे दोष माना गया है। तिस पर भी सूत्र ग्रन्थों की भाषा का सूक्ष्म निरीक्षण करने से इस बात को स्वीकार करना ही पडेगा कि भगवान् महावीर के समय की अर्ध-

प्राचीन जैन सूत्रो की भाषा अर्धमागधी

---

१ अन्य वैयाकरणो के मत से यह नियम शब्द के आदि के अक्षरो मे लागू नहीं होता है (हे० प्रा० ४ ३२७)।

२ 'भगव च ण अद्धमाहीए भासाए धम्ममाइक्खइ (समवायाङ्ग सूत्र पत्र ६०)।
'तए ण समणे भगव महावीरे कूणिअस्स रण्णो भिभिसारपुत्तस्स अद्धमागहाए भासाए भासाइ। सा वि य ण अद्धमागहा भासा तेसिं सव्वेसिं आरियमणारियाण अप्पणो सभासाए परिणामेण परिणमइ" (औपपातिक सूत्र)।

३ 'अत्थं भासइ अरिहा, सुत्त गथति गणहरा निउण (आवश्यकनिर्युक्ति)।

मागधी भाषा के इन ग्रन्थों में, अज्ञातभाव से ही क्यों न हो, भाषा-विषयक परिवर्तन अवश्य हुआ है। यह परिवर्तन होना असंभव भी नहीं है, क्योंकि ये सूत्र-ग्रन्थ वेदों की तरह शब्द-प्रधान नहीं, किन्तु अर्थ-प्रधान हैं। इतना ही नहीं, बल्कि ये ग्रन्थ जन-साधारण के बोध के लिये ही उस समय की कथ्य भाषा में रचे गये थे[1] और कथ्य भाषा में समय गुजरने के साथ-साथ अवश्य होनेवाले परिवर्तन का प्रभाव, कण्ठ-पाठ के रूप में स्थित इन सूत्रों की भाषा पर पड़ना, अन्ततः उस-उस समय के लोगों को समझाने के उद्देश्य से भी, आश्चर्यकर नहीं है। इसके सिवा, भाषा-परिवर्तन का यह भी एक मुख्य कारण माना जा सकता है कि भगवान् महावीर के निर्वाण से करीब दो सौ वर्ष के बाद (ख्रिस्त-पूर्व ३१०) चन्द्रगुप्त के राजत्व-काल में मगध देश में बारह वर्षों का सुदीर्घ अकाल पड़ने पर साधु लोगों को निर्वाह के लिए समुद्र-तीर-वर्ती प्रदेश (दक्षिण देश) में जाना पड़ा था[2]। उस समय वे सूत्र-ग्रन्थों का परिशीलन न कर सकने के कारण उन्हें भूल से गए थे। इससे अकाल के बाद पाटलिपुत्र में संघ ने एकत्रित होकर जिस-जिस साधु को जिस-जिस अङ्ग ग्रन्थ का जो-जो अंश जिस-जिस आकार में याद रह गया था, उस उस से उस-उस अङ्ग ग्रन्थ के उस उस अंश को उस-उस रूप में प्राप्त कर ग्यारह अङ्ग-ग्रन्थों का संकलन किया[3]। इस घटना से जैसे अङ्गग्रन्थों की भाषा के परिवर्तन का कारण समझ में आ सकता है, वैसे इन ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा में, मगध के पार्श्ववर्ती प्रदेशों की भाषाओं की तुलना में दूरवर्ती महाराष्ट्रप्रदेश की भाषा का जो अधिक साम्य देखा जाता है उसके कारण का भी पता चलता है। जब ऐतिहासिक प्रमाणों से यह बात सिद्ध है कि दक्षिण प्रदेश में प्राचीन काल में जैन धर्म का अच्छी तरह प्रचार और प्रभाव हुआ था तब यह अनुमान करना अयुक्त नहीं है कि उक्त दीर्घकालिक अकाल के समय साधु लोग समुद्र-तीर-वर्ती इस दक्षिण देश में ही गए थे और वहाँ उन्होंने उपदेश-द्वारा जैन धर्म का प्रचार किया था। यह कहने की कोई आवश्यकता नहीं है कि उक्त साधुओं को दक्षिण प्रदेश में उस समय जो भाषा प्रचलित थी उसका अच्छी तरह ज्ञान हो गया था, क्योंकि उसके बिना उपदेश-द्वारा धर्म-प्रचार का कार्य वे कर ही नहीं सकते थे। इससे यह असंभव नहीं है कि उन साधुओं की इस नव-परिचित भाषा का प्रभाव, उनके कण्ठ-स्थित सूत्रों की भाषा पर भी पड़ा था। इसी प्रभाव को लेकर उनमें से कईएक साधु-लोग पाटलिपुत्र के उक्त संमेलन में उपस्थित हुए थे, जिससे अङ्गों के पुनः संकलन में उस प्रभाव ने न्यूनाधिक अंश में स्थान पाया था।

उक्त घटना से करीब आठ सौ वर्षों के बाद वलभी (सौराष्ट्र) और मथुरा में जैन ग्रन्थों को लिपि बद्ध करने के लिए मुनि-संमेलन किए गए थे, क्योंकि इन सूत्र ग्रन्थों का और उस समय तक अन्य जो जैन ग्रन्थ रचे गए थे उनका भी क्रमशः विस्मरण हो चला था और यदि वही दशा कुछ अधिक समय तक चालू रहती तो समग्र जैन शास्त्रों के लोप हो जाने का डर था जो वास्तव में सत्य था। संभवतः इस समय तक जैन साधुओं का भारतवर्ष के अनेक प्रदेशों में विस्तार हो चुका था और इन समस्त प्रदेशों से अल्पाधिक संख्या में आकर साधु लोगों ने इन संमेलनों में योग-दान किया था। भिन्न-भिन्न प्रदेशों से आगत इन मुनियों से जो ग्रन्थ अथवा ग्रन्थ के अंश जिस रूप में प्राप्त हुआ उसी रूप में वह लिपि-बद्ध किया गया। उक्त मुनियों के भिन्न-भिन्न प्रदेशों में चिर-काल तक विचरने के कारण उन प्रदेशों की भिन्न-भिन्न भाषाओं का,

---

१. "सुतूण दिट्ठिवायं कालियउक्कालियंगसिद्धंतं।
थीबालवायणत्थं पाययमुइयं जिणवरेहिं ॥"
(आचारदिनकर में श्रीवर्धमानसूरि द्वारा उद्धृत की हुई प्राचीन गाथा)।
"बालस्त्रीमन्दमूर्खाणां नृणां चारित्रकाङ्क्षिणाम्।
अनुग्रहार्थं तत्त्वज्ञैः सिद्धान्तः प्राकृतः कृतः ॥"
(हरिभद्रसूरि की दशवैकालिक टीका में और हेमचन्द्र के काव्यानुशासन में उद्धृत प्राचीन श्लोक)।

२. देखो Annual Report of Asiatic Society, Bengal, 1898 में डॉ. हार्नलि का लेख।

३. "इतश्च तस्मिन् दुष्काले कराले कालरात्रिवत्। निर्वाहार्थं साधुसङ्घस्तीरं नीरनिधेर्ययौ ॥५५॥
अगुण्यमानं तु तदा साधूनां विस्मृतं श्रुतम्। अनभ्यसनतो नश्यत्यधीतं धीमतामपि ॥५६॥
संघोऽथ पाटलीपुत्रे दुष्कालान्तेऽखिलोऽमिलत्। यदङ्गाध्ययनोद्देशाद्यासीद् यस्य तदाददे ॥५७॥
ततश्चैकादशाङ्गानि श्रीसंघोऽमेलयत् तदा। दृष्टिवादनिमित्तं च तस्थौ किञ्चिद् विचिन्तयन् ॥५८॥
नेपालदेशमार्गस्थं भद्रबाहुं च पूर्विणम्। ज्ञात्वा संघः समाह्वातुं ततः प्रैषीन्मुनिद्वयम् ॥५९॥
(स्थविरावलीचरितं, सर्ग ९)।

उच्चारणों का और विभिन्न प्राकृत भाषाओं के व्याकरणों का कुछ न कुछ अलक्षित प्रभाव उनके कण्ठ-स्थित धर्म-ग्रन्थों की भाषा पर भी पड़ना अनिवार्य था। यही कारण है कि अंग ग्रन्थों मे, एक ही अङ्ग ग्रन्थ के भिन्न भिन्न अंशों मे और कहीं कहीं तो एक ही अंग ग्रन्थ के एक ही वाक्य मे परस्पर भाषा भेद नजर आता है। संभवत भिन्न-भिन्न प्रदेशों की भाषाओं के प्रभाव से युक्त इसी भाषा-भेद को लक्ष्य मे लेकर ख्रिस्त की सप्तम शताब्दी के ग्रन्थकार श्रीजिनदासगणि ने अपनी निशीथ-चूर्णि मे अर्धमागधी भाषा का "अट्ठारसदेसीभासानिययं वा अद्धमागह" यह वैकल्पिक लक्षण किया है। भाषा परिवर्तन के उक्त अनेक प्रबल कारण उपस्थित होने पर भी अंग ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा मे, पाटलिपुत्र के संमेलन के बाद से, आमूल वा अधिक परिवर्तन न होकर उसके बदले जो सूक्ष्म या अल्प ही भाषा-भेद हुआ है और सैकड़ों की तादाद मे उसके प्राचीन रूप अपने असल आकार मे जो संरक्षित रह सके है उसका श्रेय सूत्रों के अशुद्ध उच्चारण आदि के लिए प्रदर्शित पाप-बन्ध के उस धार्मिक नियम को है जो संभवत पाटलीपुत्र के संमेलन के बाद निर्मित या दृढ किया गया था।

यहाँ पर प्रसंग-वश इस बात का उल्लेख करना उचित प्रतीत होता है कि [1]समवायांग सूत्र मे निर्दिष्ट अंग ग्रन्थ-सम्बन्धी विषय और परिमाण का वर्तमान अङ्ग-ग्रन्थों मे कहीं कहीं जो थोड़ा-बहुत क्रमश विसंवाद और ह्रास पाया जाता है और अङ्ग-ग्रन्थो मे ही बाद के [2]उपाङ्ग ग्रन्थों का और बाद की [3]घटनाओं का जो उल्लेख दृष्टिगोचर होता है उसका समाधान भी हमको उक्त सम्मेलनों की घटनाओं से अच्छी तरह मिल जाता है।

अर्धमागधी और आर्ष एक हैं

[4]समवायाङ्ग सूत्र, व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र, औपपातिक सूत्र और प्रज्ञापना सूत्र मे तथा अन्यान्य प्राचीन जैन ग्रन्थों मे जिस भाषा को अर्धमागधी नाम दिया गया है, [5]स्थानाङ्गसूत्र और अनुयोगद्वारसूत्र मे जिस भाषा को 'ऋषिभाषिता' कहा गया है और सम्भवतः इसी 'ऋषिभाषिता' पर से [6]आचार्य हेमचन्द्र आदि ने जिस भाषा की 'आर्ष (ऋषियों की भाषा)' संज्ञा रखी है वह वस्तुत. एक ही भाषा है अर्थात् अर्धमागधी, ऋषिभाषिता और आर्ष ये तीनों एक ही भाषा के भिन्न-भिन्न नाम है, जिनमें पहला उसके उत्पत्ति-स्थान से और बाकी के दो उस भाषा को सर्व-प्रथम साहित्य मे स्थान देनेवालों से सम्बन्ध रखते है। जैन सूत्रों की भाषा यही अर्ध-मागधी, ऋषिभाषिता या आर्ष है। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण मे आर्ष प्राकृत के जो लक्षण और उदाहरण

---

१. समवायाङ्ग सूत्र, पत्र १०६ से १२५।

२. 'जहा पन्नवणाए पढमए आहारुद्देसए' (व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र १, १—पत्र १९)।

३. देखो, स्थानाङ्ग सूत्र, पत्र ४१० में वर्णित निह्नव-स्वरूप।

४. देखो, पृष्ठ १९ में दिया हुआ समवायाङ्गसूत्र और औपपातिकसूत्र का पाठ।
'देवा ण भंते! कयराए भासाए भासंति? कयरा वा भासा भासिज्जमाणी विसिस्सति? गोयमा! देवा णं अद्धमागहाए भासाए भासंति, सावि य ण अद्धमागहा भासा भासिज्जमाणी विसिस्सति।" (व्याख्याप्रज्ञप्तिसूत्र ५, ४—पत्र २२१)।
"से किं त भासारिया? भासारिया जे णं अद्धमागहाए भासाए भासंति' (प्रज्ञापनासूत्र १—पत्र ६२)।
मगहद्धविसयभासाणिबद्ध अद्धमागह, अट्ठारसदेसीभासाणियय वा अद्धमागह" (निशीथचूर्णि)।
'आरिसवयणे सिद्ध देवाण अद्धमागहा वाणी' (काव्यालंकार की नमिसाधुकृतटीका २, १२)।
"सर्वार्धमागधीं सर्वभाषासु परिणामिनीम्।
सर्वेषां सर्वतो वाचं सार्वज्ञीं प्रणिदध्महे॥" (वाग्भटकाव्यानुशासन, पृष्ठ २)।

५. "तक्का पागता चेव दुहा भणितीओ आहिया।
सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था इसिभासिता॥" (स्थानाङ्गसूत्र ७—पत्र ३९४)।
'सक्का पायया चेव भणिईओ होंति दोण्णि वा।
सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था इसिभासिआ॥" (अनुयोगद्वारसूत्र, पत्र १३१)।

६. देखो, हेमचन्द्र प्राकृतव्याकरण का सूत्र १, ३।
"आर्षोक्तमार्षतुल्यं च द्विविधं प्राकृतं विदुः" (प्रेमचन्द्रतर्कवागीश द्वारा काव्यादर्शटीका १, ३३ में अद्धृत किया हुआ पद्यांश)।

बताए हैं उनसे तथ, 'अत एत् सौ पुंसि मागध्याम्'[1] (हे० प्रा० ४, २८७) इस सूत्र की व्याख्या में जो "[2]यदपि "[3]पोराणमद्धमागह-भासानियय हवइ सुत्त[4]" इत्यादिना आर्षस्य अर्धमागधभाषानियतत्वमाम्नायि वृद्धैस्तदपि प्रायोऽस्यैव विधानात्, न वक्ष्यमाणलक्षणस्य" यह कहकर उसी के अनन्तर जो दशवैकालिक सूत्र से उद्धृत "कयरे आगच्छइ, से तारिसे जिइंदिए" यह उदाहरण दिया है उससे उक्त बात निर्विवाद सिद्ध होती है।

डॉ जेकोबी ने प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा को प्राचीन महाराष्ट्री कहकर 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया है।[5] डॉ. पिशल ने अपने सुप्रसिद्ध प्राकृत-व्याकरण में डॉ जेकोबी की इस बात का सप्रमाण खंडन किया है और यह सिद्ध किया है कि आर्ष और अर्धमागधी इन दोनों में परस्पर भेद नहीं है, एवं प्राचीन जैन सूत्रों की—गद्य और पद्य दोनों की भाषा परम्परागत मत के अनुसार अर्धमागधी है[6]। परवर्ती काल के जैन प्राकृत ग्रन्थों की भाषा अल्पांश में अर्धमागधी की और अधिकांश में महाराष्ट्री की विशेषताओं से युक्त होने के कारण 'जैन महाराष्ट्री' कही जा सकती है, परन्तु प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा को, जो शौरसेनी आदि भाषाओं की अपेक्षा महाराष्ट्री से अधिक साम्य रखती हुई भी, अपनी उन अनेक खासियतों से परिपूर्ण है जो महाराष्ट्र आदि किसी प्राकृत में दृष्टिगोचर नहीं होती है, यह (जैन महाराष्ट्री) नाम नहीं दिया जा सकता।

पंडित बेचरदास अपने गुजराती प्राकृत व्याकरण की प्रास्तावना में जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा को [7]प्राकृत (महाराष्ट्री) सिद्ध करने की विफल चेष्टा करते हुए डॉ. जेकोबी से भी दो कदम आगे बढ़ गए हैं, क्योंकि डॉ जेकोबी जब इस भाषा को प्राचीन महाराष्ट्री—साहित्य-निबद्ध महाराष्ट्री से पुरातन महाराष्ट्री बताते हैं तब पंडित बेचरदास, प्राकृत भाषाओं के इतिहास जानने की तनिक भी परवाह न रखकर, अर्वाचीन महाष्ट्री से इस प्राचीन अर्धमागधी को अभिन्न सिद्ध करने जा रहे हैं! पंडित बेचरदास ने अपने सिद्धान्त के समर्थन में जो दलीलें पेश की हैं वे अधिकांश में भ्रान्त संस्कारों से उत्पन्न होने के कारण कुछ महत्त्व न रखती हुई भी कुतूहल-जनक अवश्य हैं। उन दलीलों का सारांश यह है—(१) अर्धमागधी में महाराष्ट्री से मात्र दो चार रूपों की ही विशेषता, (२) आचार्य हेमचन्द्र का इस भाषा के लिए स्वतन्त्र व्याकरण या शौरसेनी आदि की तरह अलग-अलग सूत्र न बनाकर प्राकृत (महाराष्ट्री) या आर्ष प्राकृत में ही इसको अन्तर्गत करना, (३) इसमें मागधी भाषा की कतिपय विशेषताओं का अभाव, (४) निशीथचूर्णिकार के अर्धमागधी के दोनों में एक भी लक्षण की इसमें असंगति; (५) प्राचीन जैन ग्रन्थों में इस भाषा का 'प्राकृत' शब्द से निर्देश, (६) नाट्य-शास्त्र में और प्राकृत-व्याकरणों में निर्दिष्ट अर्धमागधी के साथ प्रस्तुत अर्धमागधी की असमानता।

अर्धमागधी महाराष्ट्री से भिन्न है

---

१. मागधी भाषा में अकारान्त पुल्लिंग शब्द के प्रथमा के एकवचन में 'ए' होता है।

२. इसका अर्थ यह है कि प्राचीन आचार्यों ने 'पुराना सूत्र अर्धमागधी भाषा में नियत है" इत्यादि वचन-द्वारा आर्ष भाषा को जो अर्धमागधी भाषा कही है वह प्रायः मागधी भाषा के इसी एक एकारवाले विधान को लेकर, न कि आगे कहे जानेवाले मागधी भाषा के अन्य लक्षण के विधान को लेकर।

३. इसी वचन के आधार पर डॉ. हॉर्नेलि का चण्ड-कृत प्राकृतलक्षण के इन्ट्रोडक्शन (पृष्ठ १८-१९) में यह लिखना कि हेमचन्द्र के मत में 'पोराण' आर्ष प्राकृत का एक नाम है, भ्रम-पूर्ण है क्योंकि यहाँ पर 'पोराण' यह सूत्र का ही विशेषण है, भाषा का नहीं।

४. आवश्यकसूत्र के पारिष्ठापनिकाप्रकरण (दे० ला० पु० फं० पत्र ६२८) में यह संपूर्ण गाथा इस तरह है :—

"पुव्वावरसंजुत्तं वेरग्गकरं सतंतमविरुद्धं। पोराणमद्धमागहभासानिययं हवइ सुत्तं॥"

५. Kalpa Sutra, Sacred Books of the East, VoL. XII.

६. Grammatik der Prākrit-Sprachen, 16-17.

७. जैसे आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में महाराष्ट्री भाषा के अर्थ में प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है वैसे पंडित बेचरदास ने भी अपने प्राकृत-व्याकरण में, जो केवल हेमाचार्य के ही प्राकृत व्याकरण के आधार पर रचा गया है, सर्वत्र साहित्यिक महाराष्ट्री के अर्थ में ही प्राकृत शब्द का व्यवहार किया है।

प्रथम दलील के उत्तर मे हमें यहाँ अधिक कहने की कोई आवश्यकता नहीं, इसी प्रकरण के अन्त मे महाराष्ट्री से अर्धमागधी की विशेषताओं की जो संक्षिप्त सूची दी गई है वही पर्याप्त है। इसके अतिरिक्त डॉ. बनारसीदास की 'अर्धमागधी रीडर', मुनि श्रीरत्नचन्द्रजी की 'जैन सिद्धान्त कौमुदी' और डॉ. पिशल का 'प्राकृत व्याकरण' मौजूद है; जिनमें क्रमश अधिकाधिक सख्या मे अर्धमागधी की विशेषताओं का संग्रह है। आचार्य हेमचन्द्र के ही प्राकृत-व्याकरण के 'आर्षम्' सूत्र से, इसकी स्पष्ट और सर्व-भेद ग्राही व्यापक व्याख्या से और जगह जगह किए हुए आर्ष के सोदाहरण उल्लेखों से दूसरी दलील की निर्मूलता सिद्ध होती है। यदि आचार्य हेमचन्द्र द्वारा ही निर्दिष्ट की हुई दो-एक विशेषताओं के कारण चूलिकापैशाची अलग भाषा मानी जा सकती है, अथवा आठ दस विशेषताओं को लेकर शौरसेनी, मागधी और पैशाची भाषाओं को भिन्न भिन्न भाषा स्वीकार करने मे आपत्ति नहीं की जा सकती, तो कोई वजह नही है कि उसी वैयाकरण के द्वारा प्रकारान्तर से अथच स्पष्ट रूप से बताई हुई वैसी ही अनेक विशेषताओं के कारण आर्ष या अर्धमागधी भी भिन्न भाषा न कही जाय। तीसरी दलील की जड यह भ्रान्त सस्कार है कि 'वही भाषा अर्धमागधी कही जाने योग्य हो सकती है जिसमे मागधी भाषा का आधा अश हो'। इसी भ्रान्त सस्कार के कारण चौथी दलील मे उद्धृत निशीथचूर्णि के अर्धमागधी के प्रथम लक्षण का सत्य और सीधा अर्थ भी उक्त पडितजी की समझ मे नहीं आया है। इस भ्रान्त सस्कार का निराकरण और निशीथचूर्णिकार द्वारा बताए हुए अर्धमागधी के प्रथम लक्षण का और उसके वास्तविक अर्थ का निर्देश इसी प्रकरण मे आगे चलकर आर्धमागधी के मूल की आलोचना के समय किया जायगा, जिससे इन दोनों दलीलों के उत्तरों का यहाँ दुहराने की आवश्यकता नहीं है। पाँचवीं दलील भी प्राचीन आचार्यों के द्वारा जैन सूत्र ग्रन्थों की भाषा के अर्थ मे प्रयुक्त किए हुए 'प्राकृत' शब्द को 'महाराष्ट्री' के अर्थ मे घसीटने से ही हुई है। मालूम पड़ता है, पडितजी ने जैसे अपने व्याकरण मे 'प्राकृत' शब्द को केवल महाराष्ट्री के लिए रिजर्व कर रखा है वैसे सभी प्राचीन आचार्यों के 'प्राकृत' शब्द का भी वे एकमात्र महाराष्ट्री के ही अर्थ मे मुकर्रर किया हुआ समझ बैठे हैं[4]। परन्तु यह समझ गलत है। प्राकृत शब्द का मुख्य अर्थ है प्रादेशिक कथ्य भाषा—लोक भाषा। प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति भी वास्तव मे इसी अर्थ से सगति रखती है यह हम पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर चुके हैं। ख्रिस्त की षष्ठ शताब्दी के आचार्य दण्डी ने अपने काव्यादर्श मे—

'शौरसेनी च गौडी च लाटी चान्या च तादृशी। याति प्राकृतमित्येव व्यवहारेषु संनिधिम्॥' (१, ३५)।

इन खुले शब्दों मे यही बात कही है। इससे भी यह स्पष्ट है कि प्राकृत शब्द मुख्यत प्रादेशिक लोक भाषा का ही वाचक है और इससे साधारणत सभी प्रादेशिक कथ्य भाषाओं के अर्थ मे इसका प्रयोग होता आया है। दण्डी के समय तक के सभी प्राचीन ग्रथों मे इसी अर्थ मे प्राकृत शब्द का व्यवहार देखा जाता है। खुद दण्डी ने भी महाराष्ट्री भाषा मे प्राकृत शब्द के प्रयोग को 'प्रकृष्ट' शब्द से विशेषित करते हुए इसी बात का समर्थन किया है[3]। दण्डी के महाराष्ट्री को 'प्रकृष्ट प्राकृत' कहने के बाद ही से विशेष प्रसिद्धि होने के कारण, महाराष्ट्री के अर्थ मे 'प्रकृष्ट' शब्द को छोड कर केवल प्राकृत शब्द का भी प्रयोग हेमचन्द्र आदि, किन्तु दण्डी के पीछे के ही विद्वानों ने, कहीं कहीं किया है। पंडितजी ने वररुचि के समय से लेकर पीछले आचार्यों का महाराष्ट्री के ही अर्थ मे प्राकृत शब्द का व्यवहार करने की जो बात उक्त टिप्पणी मे ही लिखी है उससे प्रतीत होता है कि उन्होंने न तो वररुचि का ही व्याकरण देखा है और न उनके पीछे के आचार्यों के ही ग्रन्थों का निरीक्षण करने की कोशिश की है, क्योंकि वररुचि ने तो 'शेष महाराष्ट्रीवत्' (प्राकृतप्रकाश १२, ३२) कहते हुए इस अर्थ में महाराष्ट्री शब्द का ही प्रयोग किया है, न कि प्राकृत शब्द का। आचार्य हेमचन्द्र ने भी कुमारपालचरित मे 'पाइआहि भासाहिं' (१, १) मे बहुवचन का निर्देश कर और देशीनाममाला (१, ४) मे 'विशेष' शब्दलगाकर 'प्राकृत' का प्रयोग साधारण

---

१. 'आर्षं प्राकृत बहुल भवति। तदपि यथास्थान दर्शयिष्याम। आर्षे हि सर्वे विधयो विकल्प्यन्ते' (हे० प्रा० १, ३)।

२. देखो, हेमचन्द्र प्राकृत व्याकरण के १, ४६ १, ५७ १, ७९ १, ११८, १, ११९ १, १५१ १, १७७, १, २२८, १, २५४ २, १७ २, २१, २, ८६, २, १०१, २, १०४, २, १४६, २, १७४, ३, १६२, और ४, २८७ सूत्रों की व्याख्या।

३. 'ऊपरना बधा उल्लेखोमा वपरायेलो 'प्राकृत' शब्द प्राकृत भाषानो सूचक छे अनुयोगद्वारमा 'प्राकृत' शब्द प्राकृत भाषाना अर्थमा वपरायेलो छे. (पृ० १३१ स०)। वैयाकरण वररुचिना समयथी तो ए शब्द ज अर्थमा वपरातो आव्यो छे, अने ए पछीना आचार्योए पण ए शब्दने ए ज अर्थमा वापरेलो छे, माटे कोईए अहीं ए शब्दने मरडवो नहीं।' (प्राकृत-व्याकरण, प्रवेश, पृष्ठ २६ टिप्पणी)।

४. 'महाराष्ट्राश्रया भाषा प्रकृष्टं प्राकृतं विदु' (काव्यादर्श १, ३४)।

लोक भाषा के ही अर्थ मे ही किया है। आचार्य दण्डी और हेमचन्द्र ही नहीं, बल्कि ख्रिस्त की नवमीं शताब्दी के कवि राजशेखर[1], ग्यारहवीं शताब्दी के नमिसाधु[2], उन्नीसवीं शताब्दी के प्रेमचन्द्रतर्कवागीश प्रभृति[3] प्रभूत जैन और जैनेतर विद्वानों ने इसी अर्थ मे प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है। इस तरह जब यह अभ्रान्त सत्य है कि प्राचीन काल से लेकर आजतक प्राकृत शब्द प्रादेशिक कथ्य भाषा के अर्थ मे व्यवहृत होता आया है और इसका मुख्य और प्राचीन अर्थ साधारणत: सभी और विशेषत कोई भी प्रादेशिक भाषा है, तब प्राचीन आचार्यों द्वारा भगवान् महावीर की उपदेश-भाषा के और उनके समसामयिक शिष्य सुधर्मस्वामि-प्रणीत जैन सूत्रों की भाषा के ही अभिप्राय मे प्रयुक्त किए हुए 'प्राकृत' शब्द का 'अर्थ मगध प्रदेश (जहां भगवान् महावीर और सुधर्मस्वामी का उपदेश और विचरण होना प्रसिद्ध है) की लोक-भाषा (अर्धमागधी)' इस सुसगत अर्थ को छोड कर मगध से सुदूरवर्ती प्रदेश 'महराष्ट्र (जहां न तो भगवान् महावीर का और न सुधर्मस्वामी का ही उपदेश या विहार होना जाना गया है) की भाषा (महाराष्ट्री)' यह असगत अर्थ लगाना, अपनी हीन विवेचना शक्ति का परिचय देना है। इसी सिलसिले मे पडितजी ने अनुयोगद्वार सूत्र की एक अपूर्ण गाथा उद्धृत की है। यदि उक्त पडितजी अनुयोगद्वार की गाथा के पूर्वार्ध का यहाँ पर उल्लेख करने के पहले इस गाथा के मूल स्थान को ढूंढ पाते और वे प्राकृत शब्द से जिस भाषा (महाराष्ट्री) का ग्रहण करते हैं इसके और प्राचीन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा के इतिहास को न जानते हुए भी सिर्फ उत्तरार्ध सहित इस गाथा पर ही प्रकरण सगति के साथ जरा गौर से विचार करने का कष्ट उठाते, तो हमारा यह विश्वास है कि वे कम से कम इस गाथा का यहाँ हवाला देने का साहस और अनुयोगद्वार के कर्त्ता पर अधमागधी के विस्मरण का व्यङ्ग-बाण छोडने की धृष्टता कदापि नहीं कर पाते। क्योंकि इस गाथा का मूल स्थान है तृतीय अग-ग्रन्थ जिसका नाम स्थानाङ्ग-सूत्र है। इसी स्थानाङ्ग-सूत्र के सम्पूर्ण स्वर प्रकरण को अनुयोगद्वार सूत्र मे उद्धृत किया गया है जिसमे वह गाथा भी शामिल है। वह सम्पूर्ण गाथा इस तरह है —

'सक्कता पागता चेव दुहा भणिईओ आहिया। सरमडलम्मि गिज्जते पसत्था इसिभासिता॥"

इसका शब्दार्थ है—"संस्कृत और प्राकृत ये दो प्रकार की भाषाएँ कही गई हैं, गाये जाते स्वर-समूह (षड्ज प्रभृति) में ऋषिभाषिता—आर्ष भाषा प्रशस्त है।" यहाँ पर प्रकरण है सामान्यत गीत की भाषा का। वर्तमान समय की तरह उस समय भी सभी भाषाओं में गीत होते थे। इससे यहाँ पर इन सभी भाषाओं का निर्देश करना ही सूत्रकार को अभिप्रेत है जो उन्होंने सस्कृत—व्याकरण सस्कार युक्त भाषा और प्राकृत—व्याकरण-सस्कार-रहित—लोक-भाषा इन दो मुख्य विभागों मे किया है। इस तरह इस गाथा मे पहले गीत की भाषाओं का सामन्य रूप से निर्देश कर बाद मे इन भाषाओं मे जो प्रशस्त है वह 'ऋषिभाषिता' इस विशेष रूप से बताई गई है। यदि यहाँ पर प्राकृत शब्द का प्रादेशिक लोक भाषा' यह सामान्य अर्थ न लेकर पडितजी के कथनानुसार महाराष्ट्री' यह विशेष अर्थ लिया जाय तो गीत की सभी भाषाओं का निर्देश, जो सूत्रकार को करना आवश्यक है, कैसे हो सकता है? क्या उस समय अन्य लोक-भाषाओं मे गीत होते ही न थे? गीत का ठेका क्या सस्कृत और महाराष्ट्री इन दो भाषाओं को ही मिला हुआ था? यह कभी सभावित नहीं है। इसी गाथा के उत्तरार्ध के "पसत्था इसिभासिता" इस वचन से अर्धमागधी की सूचना ही नहीं, बल्कि उसका श्रेष्ठपन भी सूत्रकार ने स्पष्ट रूप मे बताया है। इससे पडितजी के उस कथन मे कुछ भी सत्याश नजर नहीं आता है, जो उनसे सूत्रकार के अर्धमागधी की अलग सूचना न करने के बारे मे किया गया है।

जैसे बौद्धसूत्रों की मागधी (पालि) से नाट्य-शास्त्र या प्राकृत व्याकरणों मे निर्दिष्ट मागधी भिन्न है वैसे जैन सूत्रों की अर्धमागधी से नाट्य शास्त्र की या प्राकृत व्याकरणों की अर्धमागधी भी अलग है। इससे बौद्धसूत्रों की मागधी नाट्य-शास्त्र या प्राकृत व्याकरणों की मागधी से मेल न रखने के कारण जैसे महाराष्ट्री न कही जाकर मागधी कही जाती है वैसे जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा भी नाट्य शास्त्र या प्राकृत व्याकरणों की अर्धमागधी से समान न होने की वजह से ही महाराष्ट्री न कही जाकर अर्धमागधी ही कही जा सकती है।

---

१. 'परसो सक्कअ बंधो पाउअ बधोवि होइ सुउमारो' (कर्पूरमञ्जरी, अङ्क १)।

२. 'सूरसेन्यपि प्राकृतभाषैव, तथा प्राकृतमेवापभ्र श' (काव्यालङ्कार टिप्पण २, १२)।

३. 'सर्वासामेव प्राकृतभाषाणा'—(काव्यादर्श-टीका १, ३३), 'वाहशोरयनेन देशनामोपलक्षिता सर्वा एव भाषा प्राकृतसंज्ञयोच्यन्त इति सूचितम्' (काव्यादर्श-टीका १, ३५)।

भरत-रचित कहे जाते नाट्य शास्त्र में जिन सात भाषाओं का उल्लेख है उनमें एक अर्धमागधी भी है।[1] इसी नाट्यशास्त्र मे नाटकों के नौकर, राजपुत्र और श्रेष्ठी इन पात्रों के लिए इस भाषा का प्रयोग निर्दिष्ट किया गया है। इससे नाटकों मे इन पात्रों की जो भाषा है वह अर्धमागधी कही जाती है। परन्तु नाटकों की अर्धमागधी और जैन सूत्रों की अर्धमागधी में परस्पर समानता की अपेक्षा इतना अधिक भेद है कि यह एक दूसरे से अभिन्न कभी नहीं कही जा सकती। मार्कण्डेय ने अपने प्राकृत-व्याकरण मे मागधी भाषा के लक्षण बताकर उसी प्रकरण के शेष मे अर्धमागधी भाषा का यह लक्षण कहा है—"[3]शौरसेन्या अदूरत्वादियमेवार्धमागधी" अर्थात् शौरसेनी भाषा के निकट-वर्ती होने के कारण मागधी ही अर्धमागधी है। इस लक्षण के अनन्तर उन्होंने उक्त नाट्य-शास्त्र के उस वचन को उद्धृत किया है, जिसमें अर्धमागधी के प्रयोगार्ह पात्रों का निर्देश है और इसके बाद उदाहरण के तौर पर वेणीसंहार की राक्षसी की एक उक्ति का उल्लेख कर अर्धमागधी का प्रकरण खतम किया है। इससे यह स्पष्ट मालूम होता है कि भरत का अर्धमागधी विषयक उक्त वचन और मार्कण्डेय का अर्धमागधी-विषयक उक्त लक्षण नाटकीय अर्धमागधी के लिए ही रचित है; जैन सूत्रों की अर्धमागधी के साथ इसका कोई संबन्ध नहीं है। क्रमदीश्वर ने अपने प्राकृत-व्याकरण मे अर्धमागधी का जो लक्षण किया है वह यह है—"[4]महाराष्ट्रीमिश्राऽर्धमागधी" अर्थात् महाराष्ट्री से मिश्रित मागधी भाषा ही अर्धमागधी है। जान पड़ता है, क्रमदीश्वर का यह लक्षण भी नाटकीय अर्धमागधी के लिए ही प्रयोज्य है, क्योंकि उक्त नाट्यशास्त्र में जिन पात्रों के लिए अर्धमागधी के प्रयोग का नियम बताया गया है, अनेक नाटकों मे उन पात्रों की भाषा भिन्न-भिन्न है[5]। संभवतः इसी भिन्नता के कारण ही क्रमदीश्वर ने और मार्कण्डेय ने अर्धमागधी के भिन्न भिन्न लक्षण किए हैं।

नाटकीय अर्धमागधी जैन-सूत्रों की अर्धमागधी से भिन्न है

जैसे हम पहले कह चुके हैं, जैन सूत्रों की अर्धमागधी में इतर भाषाओं की अपेक्षा महाराष्ट्री के लक्षण अधिक देखने में आते हैं। किन्तु यह याद रखना चाहिए कि ये लक्षण साहित्यिक महाराष्ट्री से जैन अर्धमागधी मे नहीं आये हैं। इसका कारण यह है कि जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा साहित्यिक महाराष्ट्री भाषा से अधिक प्राचीन है और इससे यही (अर्धमागधी) महाराष्ट्री का मूल कही जा सकती है।[6] डॉ. हॉर्नलि ने जैन अर्धमागधी को ही आर्ष प्राकृत कहकर इसीको परवर्ती काल मे उत्पन्न नाटकीय अर्धमागधी, महाराष्ट्री और शौरसेनी भाषाओं का मूल माना है। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण मे महाराष्ट्री नाम न दे कर प्राकृत के सामान्य नाम से एक भाषा के लक्षण दिए हैं और उनके उदाहरण साधारण तौर से अर्वाचीन महाराष्ट्री-साहित्य से उद्धृत किये हैं; परन्तु जहाँ अर्धमागधी के प्राचीन जैन ग्रन्थों से उदाहरण लिए हैं वहाँ इसको आर्ष प्राकृत का विशेष नाम दिया है। इससे प्रतीत होता है कि आचार्य हेमचन्द्र ने भी एक ही भाषा के प्राचीन रूप को आर्ष प्राकृत और अर्वाचीन रूप को महाराष्ट्री मानते हुए आर्ष प्राकृत को महाराष्ट्री का मूल स्वीकार किया है।

महाराष्ट्री से अर्धमागधी प्राचीन है

नाटकीय अर्धमागधी मे मागधी भाषा के लक्षण अधिकांश में पाये जाते हैं इससे 'मागधी से ही अर्धमागधी भाषा की उत्पत्ति हुई है और जैन सूत्रों की भाषा मे मागधी के लक्षण अधिक न मिलने से वह अर्धमागधी कहलाने योग्य नहीं' यह जो भ्रान्त संस्कार कई लोगों के मन मे जमा हुआ है, उसका मूल है अर्धमागधी शब्द को मागधी भाषा के अर्धांश

---

१. "मागध्यवन्तिजा प्राच्या सूरसेन्यर्धमागधी। वाह्लीका दाक्षिणात्या च सप्त भाषा प्रकीर्तिता." (१७, ४८)।

२. "चेटानां राजपुत्राणां श्रेष्ठिनां चार्धमागधी" (भरतीय नाट्यशास्त्र, निर्णयसागरीय संस्करण, १७, ५०)। मार्कण्डेय ने अपने व्याकरण में इस विषय में भरत का नाम देकर जो वचन उद्धृत किया है वह इस तरह है—"राक्षसी-श्रेष्ठिचेटानुरूप्यादिरर्धमागधी' इति भरत" यह पाठान्तर ज्ञात होता है।

३. प्राकृतसर्वस्व (पृष्ठ १०३)।

४. संक्षिप्तसार (पृष्ठ ३८)।

५. देखो, भास-रचित कहे जाते 'चारुदत्त' और 'स्वप्नवासदत्त' मे क्रमशः चेट तथा चेटी की भाषा और शूद्रक के 'मृच्छकटिक' में चेट और श्रेष्ठी चन्दनदास की भाषा।

६. "It thus seems to me very clear, that the Prākrit of Chanda is the ARSHA or ancient (Porana) form of the Ardhamāgadhi, Mahārāshtri and Saurasenī." (Introduction to Prākrita Lakshana of Chanda, Page XIX).

मे ग्रहण करना, अर्थात 'अर्धं मागध्या' यह व्युत्पत्ति कर 'जिसका अर्धांश मागधी भाषा वह अर्धमागधी' ऐसा करना। वस्तुत अर्धमागधी शब्द की न वह व्युत्पत्ति ही सत्य है और न वह अर्थ ही। अर्धमागधी शब्द की वास्तविक व्युत्पत्ति है अर्धमगधस्येयम् और इसके अनुसार इसका अर्थ है 'मगध देश के अर्धांश की जो भाषा वह अर्धमागधी'। यही बात ख्रिस्त की सातवीं शताब्दी के ग्रन्थकार श्रीजिनदासगणि महत्तर ने निशीथचूर्णि नामक ग्रन्थ मे "पोराणमद्धमागहमासानियय हवइ सुत्त" इस उल्लेख के 'अर्धमागध' शब्द की व्याख्या के प्रसङ्ग मे इन स्पष्ट शब्दों मे कही है —'मगहद्धविसयभासानिबद्ध अद्धमागह' अर्थात् मगध देश के अर्ध प्रदेश की भाषा मे निबद्ध होने के कारण प्राचीन सूत्र 'अर्धमागध' कहा जाता है।

अर्धमागधी शब्द की सगत-व्युत्पत्ति

परन्तु, अर्धमागधी का मूल उत्पत्ति स्थान पश्चिम मगध अथवा मगध और शूरसेन का मध्यवर्ती प्रदेश (अयोध्या) होने पर भी जैन अर्धमागधी मे मागधी और शौरसेनी भाषा के विशेष लक्षण देखने मे नहीं आते। महाराष्ट्री के साथ ही इसका अधिक सादृश्य नजर आता है। यहाँ पर प्रश्न होता है कि इस सादृश्य का कारण क्या है? सर ग्रियर्सन ने अपने प्राकृत भाषाओं के भौगोलिक विवरण मे यह स्थिर किया है कि जैन अर्धमागधी मध्यदेश (शूरसेन) और मगध के मध्यवर्ती देश (अयोध्या) की भाषा थी एव आधुनिक पूर्वीय हिन्दी उससे उत्पन्न हुई है। किन्तु हम देखते है कि अर्धमागधी के लक्षणों के साथ मागधी, शौरसेनी और आधुनिक पूर्वीय हिन्दी का कोई सम्बन्ध नहीं है, परन्तु महाराष्ट्री प्राकृत और आधुनिक मराठी भाषा के साथ उसका सादृश्य अधिक है। इसका कारण क्या? किसीने अभीतक यह ठीक-ठीक नहीं बताया है। यह सम्भव है, जैसा हम पाटलिपुत्र के सम्मेलन के प्रसग मे ऊपर कह आये है, चन्द्रगुप्त के राजत्वकाल मे (ख्रिस्त पूर्व ३१०) बारह वर्षों के अकाल के समय जैन मुनि सघ पाटलीपुत्र से दक्षिण की ओर गया था। उस समय वहाँ के प्राकृत के प्रभाव से अग ग्रन्थों की भाषा का कुछ कुछ परिवर्तन हुआ था। यहा महाराष्ट्री प्राकृत का आर्ष प्राकृत के साथ सादृश्य का कारण हो सकता है।

जैन अर्धमागधी का उत्पत्ति स्थान और उसका महाराष्ट्री के साथ सादृश्य का कारण

सर आर जि भाण्डारकर जैन अर्धमागधी का उत्पत्ति समय ख्रिस्तीय द्वितीय शताब्दी मानते हैं। उनके मत मे कोई भी साहित्यिक प्राकृत भाषा ख्रिस्त की प्रथम या द्वितीय शताब्दी से पहले की नहीं है। शायद इसी मत का अनुसरण कर डॉ सुनीतिकुमार चटर्जी ने अपनी Origin and Development of Bengalee Language नामक पुस्तक मे (Introduction, page 18) समस्त नाटकीय प्राकृत भाषाओं का और जैन अर्धमागधी का उत्पत्ति काल ख्रिस्तीय तृतीय शताब्दी स्थिर किया है। परन्तु त्रिवेन्द्रम् से प्रकाशित भास रचित कहे जाते नाटकों का निर्माण-समय अन्तत ख्रिस्त की दूसरी शताब्दी के बाद का न होने से और अश्वघोष-कृत बौद्ध धर्म विषयक नाटकों के जो कतिपय अश डॉ ल्युडर्स ने प्रकाशित किए हैं उनका समय ख्रिस्त की प्रथम शताब्दी निश्चित होने से यह प्रमाणित होता है कि उस समय भी नाटकीय प्राकृत भाषाएँ प्रचलित थीं। और डॉ ल्युडर्स ने यह स्वीकार किया है कि अश्वघोष के नाटकों मे जैन अर्धमागधी भाषा के निदर्शन हैं। इससे जैन अर्धमागधी की प्राचीनता का यह भी एक विश्वस्त प्रमाण है। इसके अतिरिक्त, डॉ जेकोबी जैन सूत्रों की भाषा और मथुरा के शिलालेखों (ख्रिस्तीय सन् ८३ से १७६) की भाषा से यह अनुमान करते हैं कि जैन अग ग्रन्थों की अर्धमागधी का काल ख्रिस्त पूर्व चतुर्थ शताब्दी का शेष भाग अथवा ख्रिस्त पूर्व तृतीय शताब्दी का प्रथम भाग है। हम डॉ जेकोबी के इस अनुमान को ठीक समझते हैं जो पाटलिपुत्र के उस सम्मेलन से सगति रखता है जिसका उल्लेख हम पूर्व कर चुके हैं।

उत्पत्ति-समय

संस्कृत के साथ महाराष्ट्री के जो प्रधान-प्रधान भेद हैं, उनका संक्षिप्त सूची महाराष्ट्री के प्रकरण मे दी जायगी। यहाँ पर महाराष्ट्री से अर्धमागधी की जो मुख्य मुख्य विशेषताएँ हैं उनकी संक्षिप्त सूची दी जाती है। उससे अर्धमागधी के लक्षणों के साथ महाराष्ट्री के लक्षणों की तुलना करने पर यह अच्छी तरह ज्ञात हो सकता है कि महाराष्ट्री की अपेक्षा अर्धमागधी का वैदिक और लौकिक संस्कृत से अधिक निकटता है जो अर्धमागधी की प्राचीनता का एक श्रेष्ठ प्रमाण कहा जा सकता है।

लक्षण

वर्ण-भेद

१ दो स्वरों के मध्यवर्ती असयुक्त क के स्थान में प्राय सर्वत्र ग और अनेक स्थलों में त और य होता है, जैसे—
ग—प्रकल्प = पगप्प आकर = आगर आकाश = आगास प्रकार = पगार श्रावक = सावग विवर्जक = विवज्जग निषेवक = णिसेवग, लोक = लोग आकृति = आगइ।

त—आराधक = आराहत (ठाणगसूत्र—पत्र ३१७), सामायिक = सामातित (ठा० ३२२), विशुद्धिक = विशुद्धित (ठा० ३२२), अधिक = अहित (ठा० ३९३), शकुनिक = साउणित (ठा ३९३), नैषधिक = णेसज्जित (ठा० ३९७), वीरासनिक = वीरासणित (ठा० ३९७), वर्धकि = वड्ढति (ठा० ३९८), नैरयिक = नेरतित (ठा० ३९९), सीमंतक = सीमतत (ठा० ४५८), नरकात् = नरतातो (ठा० ४५८), माडम्बिक = माडबित (ठा० ४५९), कौटुम्बिक = कौडुबित (ठा० ४५९), सचक्षुष्केण = सचक्खुतेणं (विपाकश्रुत—पत्र ५), कूणिक = कूणित (विपा० ५ टि), अन्तिकात् = अतितातो (विपा० ७), राहसिकेन = रहस्सितेण (विपा ४, १८) इत्यादि।

य—कायिक = काइय, लोक = लोय वगैरह।

२. दो स्वरों के बीच का असयुक्त ग प्राय कायम रहता है। कहीं-कहीं इसका त और य होता है; जैसे—आगम = आगम, आगमन = आगमण, आनुगामिक = आणुगामिय, आगमिष्यत् = आगमिस्स, जागर = जागर अगारिन् = अगारि, भगवन् = भगव अतिग = अतित (ठा० ३९७), सागर = सायर।

३. दो स्वरों के बीच के असयुक्त च और ज के स्थान मे त और य उभय ही होता है। च के उदाहरण, जैसे—नाराच = णाराय (ठा० ३५७), वचस् = वति (ठा० ३९८, ४५०), प्रवचन = पावतण (ठा० ४५१), कदाचित् = कयाती (विपा० १७, ३०), वाचना = वायणा, उपचार = उवयार, लोच = लोय, आचार्य = आयरिय। ज के कुछ निदर्शन ये हैं—भोजिन् = भोति (सूत्र० २, ६, १०) वज्र = वतिर (ठा० ३५७), पूजा = पूता (ठा० ३५८), राजेश्वर = रातीसर (ठा० ४५९), आत्मज = अत्तते (विपा० ४ टि), प्रजात = पयाय, कामध्वजा = कामज्झया, आत्मज = अत्तय।

४ दो स्वरों का मध्यवर्ती त प्राय कायम रहता है कहीं-कहीं इसका य होता है, यथा—वन्दते = वदति, नमस्यति = नमसति, पर्युपास्ते = पज्जुवासति (सूत्र २, ७, विपा—पत्र ६), जितेन्द्रिय = जितिंदिय (सूत्र २, ६, ५), सतत = सतत (सूत्र १, १, ४, १२), भवति = भवति (ठा०—पत्र ३१७), अतरित = अतरित (ठा० ३४६), धैवत = धेवत (ठा० ३९३), जाति = जाति, आकृति = आगिति, विहरति = विहरति (विपा—४), पुरत = पुरतो, करोति = करेति (विपा० ६), तत = तते (विपा० ६, ७, ८), सदिसतु = सदिसतु, संलपति = सलवति (विपा० ७, ८), प्रभृति = पभिति (विपा० १५, १६), करतल = करयल।

५. स्वरों के बीच मे स्थित द का द और त ही अधिकांश मे देखा जाता है, कहीं-कहीं य भी होता है, जैसे—

द—प्रदिश = पदिसो (आचा), भेद = भेद, अनादिकं = अणादियं (सूत्र २, ७), वदत् = वदमाण, नदति = णदति, जनपद = जणवद, वेदिष्यति = वेदिहिती (ठा०—पत्र क्रमश ३२१, ३९३, ४५८, ४५९) इत्यादि।

त—यदा = जता, पाद = पात, निषाद = निसात, नदी = नती, मृषावाद = मुसावात, वादिक = वातित, अन्यदा = अन्नता, कदाचित् = कताती (ठा०—पत्र क्रमश ३१७, ३४६, ३९३, ३९७, ४५०, ४५१, ४५८, ४५९), यदि = जति, चिरादिक = चिरातीत (विपा० पत्र ४) इत्यादि।

य—प्रतिच्छादन = पडिच्छायण, चतुष्पद = चउप्पय वगैरह।

६ दो स्वरों के मध्य में स्थित प के स्थान मे प्राय सर्वत्र व ही होता है, यथा—पापक = पावग, सलपति = सलवति, सोपचार = सोवयार, अतिपात = अतिवात, उपनीत = उवणीय, अभ्युपपन्न = अब्भोववण्ण, उपगूढ = उवगूढ, आधिपत्य = आहेवच्च, तपक = तवय, व्यपरोपित = ववरोवित इत्यादि।

७. स्वरो के मध्यवर्ती य प्राए कायम रहता है, अनेक स्थानों में इसका त देखा जाता है, जैसे—

य—वायव = वायव, प्रिय = पिय, निरय = निरय, इन्द्रिय = इन्दिय, गायति = गायइ प्रभृति।

त—स्यात् = सिता, सामायिक = सामातित, कायिक = कातित, पालयिष्यन्ति = पालतिस्सति, पर्याय = परितात, नायक = णातग, गायति = गातति, स्थायिन् = ठाति, शायिन् = साति, नैरयिक = नेरतित (ठा० पत्र क्रमश ३१७, ३२२, ३२३, ३५७, ३५८, ३९३, ३९४, ३९७, ३९८, ३९९), इन्द्रिय = इन्दित (ठा० ३२२, ३५५) इत्यादि।

८. दो स्वरों के बीच के व के स्थान मे व, त, और य होता है; यथा—

य—वायव = वायव, गौरव = गारव, भवति = भवति, अनुविचिन्त्य = अणुवीति (सूत्र १, १, ३, १३) इत्यादि।

त—परिवार = परिताल, कवि = कति (ठा० पत्र क्रमश ३५८, ३९३) इत्यादि।

य—परिवर्तन = परियट्टण, परिवर्तना = परियट्टणा (ठा० ३४९) वगैरह।

९. महाराष्ट्री मे स्वर-मध्य-वर्ती असंयुक्त क, ग, च, ज, त, द, प, य, व इन व्यञ्जनों का प्रायः सर्वत्र लोप होता है और प्राकृतप्रकाश आदि प्राकृत-व्याकरणों के अनुसार इन लुप्त व्यञ्जनों के स्थान में अन्य कोई वर्ण नहीं होता। सेतुबन्ध, गाथासप्तशती और कर्पूरमञ्जरी आदि नाटकों की महाराष्ट्री भाषा मे भी यह लक्षण ठीक-ठीक देखने मे

आता है। आचार्य हेमचन्द्र के प्राकृत व्याकरण के अनुसार उक्त लुप्त व्यञ्जनों के दोनों तरफ अवर्ण (अ या आ) होने पर लुप्त व्यञ्जन के स्थान में 'य्' होता है। 'गउडवहो' में यह 'य्' अधिक मात्रा में (उक्त व्यञ्जनों के पूर्व में अवर्ण-भिन्न स्वर रहने पर भी) पाया जाता है। परन्तु जैन अर्धमागधी में, जैसा हम ऊपर देख चुके हैं, प्रायः उक्त व्यञ्जनों के स्थान में अन्य अन्य व्यञ्जन होते हैं और कहीं कहीं तो वहाँ व्यञ्जन कायम रहता है। हाँ, कहीं कहीं उक्त व्यञ्जनों के स्थान में अन्य व्यञ्जन होने या वहीं व्यञ्जन रहने के बदले महाराष्ट्री की तरह लोप भी देखा जाता है, किन्तु यह लोप वहाँ पर ही देखने में आता है जहाँ उक्त व्यञ्जनों के बाद अ या आ से भिन्न कोई स्वर होता है, जैसे—लोकः = लोओ, रोचित = रोइत, भोजिन् = भोइ, आतुर = आउर, आदेशि = आएसि, कायिक = काइय आवेश = आएस वगैरह।

१०. शब्द के आदि में, मध्य में और संयोग में सर्वत्र ण की तरह न भी होता है; जैसे—नदी = नई, ज्ञातपुत्र = नायपुत्त, आरनाल = आरनाल, अनल = अनल, अनिल = अनिल, प्रज्ञा = पन्ना, अन्योन्य = अन्नमन्न, विज्ञ = विन्नु, सर्वज्ञ = सव्वन्नु इत्यादि।

११. एव के पूर्व के अम के स्थान में आम् होता है, यथा—यामेव = जामेव, तामेव = तामेव, क्षिप्रमेव = खिप्पामेव, एवमेव = एवामेव, पूर्वमेव = पुव्वामेव इत्यादि।

१२. दीर्घ स्वर के बाद के इति वा के स्थान में ति वा और इ वा होता है, जैसे—इन्द्रमह इति वा = इदमहे ति वा, इदमहे इ वा इत्यादि।

१३. यथा और यावत् शब्द के य का लोप और ज दोनों ही देखे जाते हैं, जैसे—यथाख्यात = अहक्खाय, यथाजात = अहाजात, यथानामक = जहाणामए, यावत्कथा = आवकहा, यावज्जीव = जावज्जीव।

वर्णागम

१. गद्य में भी अनेक स्थलों में समास के उत्तर शब्द के पहले म आगम होता है, यथा—निरयगामी, उड्ढगारव, दीहगारव, रहस्सगारव, गोणमाइ सामाइयमाइयाइं, अजहण्णमणुक्कोस, अदुक्खमसुहा आदि। महाराष्ट्री के पद्य में पादपूर्त्ति के लिए ही कहीं कहीं म आगम देखा जाता है, गद्य में नहीं।

शब्द-भेद

१. अर्धमागधी में ऐसे प्रचुर शब्द हैं जिनका प्रयोग महाराष्ट्री में प्रायः उपलब्ध नहीं होता, यथा—अज्झत्थिय, अज्झोववण्ण, अणुवीति आघवणा, आघवत्तग, आणापाणू आवीकम्म, कण्हुइ केमहालय, दुरूढ, पचत्थिमिल्ल, पाउकुव्वं पुरत्थिमिल्ल, पोरेवच्च, महतिमहालिया, वक्क, विउस इत्यादि।

२. ऐसे शब्दों की संख्या भी बहुत बड़ी है जिनके रूप अर्धमागधी और महाराष्ट्री में भिन्न भिन्न प्रकार के होते हैं। उनके कुछ उदाहरण नीचे दिए जाते हैं —

अर्धमागधी	महाराष्ट्री	अर्धमागधी	महाराष्ट्री
अभियागम	अब्भागम	तच्च (तथ्य)	तच्छ
आउण्ण	आउच्चण	तेगिच्छा	चिइच्छा
आहरण	उआहरण	दुवालसग	बारसग
उप्पि	उवरि, अवरि	दोच्च	दुइअ
किया	किरिआ	नितिय	णिच्च
कीस, केस	केरिस	निएय	णिअअ
केवचिर	किअचिर	पडुप्पन्न	पच्चुप्पण्ण
गेहि	गिद्धि	पच्छेकम्म	पच्छाकम्म
चियत्त	चइअ	पाय (पात्र)	पत्त
छच्च	छक्क	पुढो (पृथक्)	पुहं, पिहं
जाया	जत्ता	पुरेकम्म	पुराकम्म
णिगण, णिगिण (नग्न)	णग्ग	पुव्वि	पुव्वं
णिगिणिण (नाग्न्य)	णग्गत्तण	माय (मात्र)	मत्त, मेत्त
तच्च (तृतीय)	तइअ	माहण	बम्हण

अर्धमागधी	महाराष्ट्री	अर्धमागधी	महाराष्ट्री
मिलक्खु, मेच्छ	मिलिच्छ	सीमाण, सुसाण	मसाण
वग्गू	वाआ	सुमिण	सिमिण
वाहणा (उपानह्)	उवाणआ	सुहुम सुहुम	सण्ह
सहेज्ज	सहाअ	सोहि	सुद्धि

और दुवालस, बारस, तेरस अउणवीसइ वत्तीस, पणतीस इगयाल तेयालीस, पणयाल, अढयाल एगट्ठि बावट्ठि तेवट्ठि छावट्ठि, अढसट्ठि, अउणत्तरि बावत्तरि पण्णत्तरि सत्तहत्तरि, तेयासी छलसीइ वाणउइ प्रभृति सख्या शब्दों के रूप अर्धमागधी मे मिलते हैं, महाराष्ट्री मे वैसे नहीं।

नाम विभक्ति

१ अर्धमागधी मे पुलिग अकारान्त शब्द के प्रथमा के एकवचन में प्राय सर्वत्र ए और क्वचित् ओ होता है, किन्तु महाराष्ट्री मे ओ ही होता है।

२. सप्तमी का एक वचन स्सि होता है जब महाराष्ट्री मे म्मि।

३ चतुर्थी के एक वचन मे आए या आते होता है, जैसे—देवाए, सवणयाए, गमणाए, अट्ठाए, अहिताते, अनुभाते, अखमाते (ठा० पत्र ३५८) इत्यादि महाराष्ट्री में यह नहीं है।

४ अनेक शब्दों के तृतीया के एकवचन में सा होता है, यथा—मणसा, वयसा, कायसा, जोगसा, बलसा, चक्खुसा, महाराष्ट्री मे इनके स्थान मे क्रमश मणेण, वएण, काएण जोगेण, बलेण, चक्खुणा।

५. कम्म और धम्म शब्द के तृतीया के एक वचन मे पालि की तरह कम्मुणा और धम्मुणा होता है, जब कि महाराष्ट्री मे कम्मेण और धम्मेण।

६ अर्धमागधी में तत् शब्द के पञ्चमी के बहुवचन मे तेभो रूप भी देखा जाता है।

७. युष्मत् शब्द की षष्ठी का एकवचन सस्कृत की तरह तव और अस्मत् की षष्ठी का बहुवचन अस्माकं अर्धमागधी मे पाया जाता है जो महाराष्ट्री मे नहीं है।

आख्यात विभक्ति

१ अर्धमागधी मे भूतकाल के बहुवचन मे इसु प्रत्यय है, जैसे—पुच्छिसु गच्छिसु, आभासिसु इत्यादि। महाराष्ट्री मे यह प्रयोग लुप्त हो गया है।

धातु-रूप

१ अर्धमागधी में आइक्खइ, कुव्वइ भुवि होक्खती बूया अब्बवी होत्था, हुत्था, पहारेत्था, आघ, दुरूहइ विगिंचए, तिवायए, अकासी, तिउट्टई तिउट्टिज्जा, पडिसधयाति सारयती धेच्छिइ समुच्छिहिति आहंसु प्रभृति प्रभूत प्रयोगों में धातु की प्रकृति, प्रत्यय अथवा ये दोनों जिस प्रकार में पाये जाते हैं महाराष्ट्री में वे भिन्न भिन्न प्रकार के देखे जाते हैं।

धातु-प्रत्यय

१. अर्धमागधी में त्वा प्रत्यय के रूप अनेक तरह के होते हैं —
   (क) ट्टु, जैसे—कट्टु साहट्टु, अवहट्टु इत्यादि।
   (ख) इत्ता, एत्ता, इत्ताणं और एत्ताण यथा—चइत्ता, विउट्टित्ता, पासित्ता, करेत्ता, पासित्ताण, करेत्ताण इत्यादि।
   (ग) इत्तु, यथा—दुरूहित्तु, जाणित्तु, वधित्तु प्रभृति।
   (घ) चा जैसे—किच्चा, णच्चा सोच्चा, भोच्चा, चेच्चा वगैरह।
   (ङ) इया, यथा—परिजाणिया, दुरूहिया आदि।
   (च) इनके अतिरिक्त विउक्कम्म, निसम्म समिच्च संखाए, अणुनीति, लद्धु, लद्धूण, दिस्सा इत्यादि प्रयोगों में 'त्वा' के रूप भिन्न भिन्न तरह के पाये जाते हैं।

२. तुम् प्रत्यय के स्थान में इत्तए या इत्तते प्राय देखने में आता है, जैसे—करित्तए, गच्छित्तए, संभुजित्तए, उवसामित्तते (विपा० १३), विहरित्तए आदि।

३. ऋकारान्त धातु के त प्रत्यय के स्थान में ड होता है, जैसे—कड, मड, अभिहड, वावड, संवुड, वियड, वित्थड प्रभृति।

तद्धित

१. तर प्रत्यय का तराय रूप होता है; यथा—अणिट्ठतराए, अप्पतराए, बहुतराए, कंततराए इत्यादि।

२. आउसो, आउसंतो, गोमी, वुसिम, भगवंतो, पुरत्थिम, पच्चत्थिम, ओयसी, दोसिणो, पोरेवच आदि प्रयोगों में मतुप् और अन्य तद्धित प्रत्ययों के जैसे रूप जैन अर्धमागधी में देखे जाते हैं, महाराष्ट्री में वे भिन्न तरह के होते हैं।

महाराष्ट्री से जैन अर्धमागधी में इनके अतिरिक्त और भी अनेक सूक्ष्म भेद हैं, जिनका उल्लेख विस्तार-भय से यहाँ नहीं किया गया है।

---

(५) जैन महाराष्ट्री

नाम-निर्देश और साहित्य

जैन सूत्र-ग्रन्थों के सिवा श्वेताम्बर जैनों के रचे हुए अन्य ग्रन्थों की प्राकृत भाषा को 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया गया है। इस भाषा में तीर्थंकर और प्राचीन मुनियों के चरित्र, कथाएँ, दर्शन, तर्क, ज्योतिष, भूगोल, स्तुति आदि विषयों का विशाल साहित्य विद्यमान है।

प्राकृत के प्राचीन वैयाकरणों ने 'जैन महाराष्ट्री' यह नाम देकर किसी भिन्न भाषा का उल्लेख नहीं किया है। किन्तु आधुनिक पाश्चात्य विद्वानों ने व्याकरण, काव्य और नाटक-ग्रन्थों में महाराष्ट्री का जो रूप देखा जाता है उससे श्वेताम्बर जैनों के ग्रन्थों की भाषा में कुछ कुछ पार्थक्य देख कर इसका 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया है। इस भाषा में प्राकृत-व्याकरणों में बताये हुए महाराष्ट्री भाषा के लक्षण विशेष रूप से मौजूद होने पर भी जैन अर्धमागधी का बहुत-कुछ प्रभाव देखा जाता है।

समय

जैन महाराष्ट्री के कतिपय ग्रन्थ प्राचीन हैं। यह द्वितीय स्तर के प्रथम युग के प्राकृतों में स्थान पा सकती है। पयन्ना ग्रन्थ, निर्युक्तियाँ, पउमचरिअ, उपदेशमाला प्रभृति ग्रन्थ प्रथम युग की जैन महाराष्ट्री के उदाहरण हैं। बृहत्कल्प-भाष्य, व्यवहारसूत्र-भाष्य, विशेषावश्यक भाष्य, निशीथचूर्णि, धर्मसंग्रहणी, समराइच्चकहा प्रभृति ग्रन्थ मध्य युग और शेष-युग में रचित होने पर भी इनकी भाषा प्रथम युग की जैन महाराष्ट्री के समान है। दशम शताब्दी के बाद रचे गये प्रवचन-सारोद्धार, उपदेशपदटीका, सुपासनाहचरिअ, उपदेशरहस्य प्रभृति ग्रन्थों की भाषा भी प्रायः प्रथम युग की जैन महाराष्ट्री के ही अनुरूप है। इससे यहाँ पर यह कहना होगा कि जैन महाराष्ट्री के ये ग्रन्थ आधुनिक काल में रचित होने पर भी उसकी भाषा, संस्कृत की तरह, अतिप्राचीन काल में ही उत्पन्न हुई थी और यह भी अनुमान किया जा सकता है कि जैन महाराष्ट्री क्रमशः परिवर्तित होकर मध्य-युग की व्यञ्जन-लोप-बहुल महाराष्ट्री में रूपान्तरित हुई है।

लक्षण

अर्धमागधी के जो लक्षण पहले बताये गए हैं उनमें से अनेक इस भाषा में भी पाये जाते हैं। ऐसे लक्षणों में कुछ ये हैं :—

१. क के स्थान में अनेक स्थलों में ग।
२. लुप्त व्यञ्जनों के स्थान में य्।
३. शब्द के आदि और मध्य में भी ण की तरह न।
४. यथा और यावत् के स्थान में क्रमशः जहा और जाव की तरह अहा और आव भी।
५. समास में उत्तर पद के पूर्व में 'म्' का आगम।
६. पाय, माय, तेगिच्छग, पडुप्पएण, साहि, सुहुम, सुमिण आदि शब्दों का भी, पत्त, मेत्त, चेइज्जय आदि की तरह प्रयोग।
७. तृतीया के एकवचन में कहीं कहीं सा प्रत्यय।
८. आइक्खइ, कुव्वइ प्रभृति धातु-रूप।
९. सोच्चा, किच्चा, वंदित्तु आदि त्वा प्रत्यय के रूप।
१०. कड, वावड, संवुड, प्रभृति त-प्रत्ययान्त रूप।

---

(६) अशोक-लिपि

सम्राट् अशोक ने भारतवर्ष के भिन्न-भिन्न स्थानों में अपने धर्म के उपदेशों को शिलाओं में खुदवाये थे। ये सब शिलालेख उस समय में प्रचलित भिन्न-भिन्न प्रादेशिक भाषाओं में रचित हैं। भाषा-साम्य की दृष्टि से ये सब शिलालेख[४४] प्रधानतः इन तीन भागों में विभक्त किये जा सकते हैं:—

(१) पंजाब के शिलालेख। इनकी भाषा संस्कृत के अनुरूप है। इनमें र का लोप नहीं देखा जाता।

(२) पूर्व भारत के शिलालेख। इनकी भाषा का मागधी के साथ सादृश्य देखने में आता है। इनमें र के स्थान में सर्वत्र ल है।

(३) पश्चिम भारत के शिलालेख। ये उज्जयिनी की उस भाषा में है जिसका पालि के साथ अधिक साम्य है।

इन तीनों प्रकार के शिलालेखों के कुछ उदाहरण नीचे दिए जाते हैं जिन पर से इनका भेद अच्छी तरह समझ में आ सकता है।

संस्कृत	कपर्दगिरि (पंजाब)	धौलि (उड़ीसा)	गिरनार (गुजरात)
देवानाप्रियस्य	देवानप्रियस	देवानंपियस	देवानंपियस
राज्ञः	रणो	लजिने	रानो, रनो
वृक्षाः	—	लुखनि	वच्छा
शुश्रूषा	सुश्रुषा	सुसूसा	सुसुसा
नास्ति	नस्ति, नास्ति	नाथि, नथि, नथा	नास्ति

इन शिलालेखों का समय ख्रिस्त-पूर्व २५० वर्ष का है।

इन शिलालेखों की भाषा की उत्पत्ति भगवान् महावीर की एवं सम्भवतः बुद्धदेव की उपदेश-भाषा से ही हुई है।[२]

---

(७) सौरसेनी

संस्कृत-नाटकों में प्राकृत गद्यांश सामान्य रूप से सौरसेनी भाषा में लिखा गया है। अश्वघोष के नाटकों में एक तरह की सौरसेनी के उदाहरण पाये जाते हैं, जो पालि और अशोकलिपि की भाषा के अनुरूप और पिछले काल के नाटकों में प्रयुक्त सौरसेनी की अपेक्षा प्राचीन है। भास के, कालिदास के और इनके बाद के अधिक नाटकों में सौरसेनी के निदर्शन देखे जाते हैं।

निदर्शन

वररुचि, हेमचन्द्र, क्रमदीश्वर, लक्ष्मीधर और मार्कण्डेय आदि के प्राकृत-व्याकरणों में सौरसेनी भाषा के लक्षण और उदाहरण पाये जाते हैं।

दण्डी, रुद्रट और वाग्भट आदि संस्कृत के अलंकारिकों ने भी इस भाषा का उल्लेख किया है।

भरत के नाट्यशास्त्र में सौरसेनी भाषा का उल्लेख है, उन्होंने नाटक में नायिका और सखियों के लिए इस भाषा का प्रयोग बताया है।[३]

विनियोग

भरत ने विदूषक की भाषा प्राच्या कही है[४], परन्तु मार्कण्डेय के व्याकरण में प्राच्या भाषा के जो लक्षण दिये गये हैं उनसे और नाटकों में प्रयुक्त विदूषक की भाषा पर से यह मालूम होता है कि सौरसेनी से इस भाषा (प्राच्या) का कुछ विशेष भेद नहीं है। इससे हमने भी प्रस्तुत कोष में उसका अलग उल्लेख न करके सौरसेनी में ही अन्तर्भाव किया है।

प्राच्या भाषा सौरसेनी के अन्तर्गत

दिगम्बर जैनों के प्रवचनसार, द्रव्यसंग्रह प्रभृति ग्रन्थ भी एक तरह की सौरसेनी भाषा में ही रचित हैं। यह भाषा श्वेताम्बरों की अर्धमागधी और प्राकृत-व्याकरणों में निर्दिष्ट सौरसेनी के मिश्रण से बनी हुई है। इस भाषा को 'जैन सौरसेनी' नाम दिया गया है। जैन सौरसेनी मध्ययुग की जैन महाराष्ट्री की अपेक्षा जैन अर्द्धमागधी से अधिक निकटता रखती है और मध्ययुग की जैन महाराष्ट्री से प्राचीन है।

जैन सौरसेनी

---

१. हाल ही में डॉ० त्रिभुवनदास लहेरचंद ने अपने एक गुजराती लेख में अनेक प्रमाण और युक्तियों से यह सिद्ध किया है कि अशोक के शिलालेखों के नाम से प्रसिद्ध शिलालेख सम्राट् अशोक के नहीं, परन्तु जैन सम्राट् संप्रति के खुदवाये हुए हैं।

२. See Dr. A. B. Keith's Sanskrt Drama, Page 87.

३. "नायिकानां सखीनां च सौरसेनाविरोधिनी" (नाट्यशास्त्र १७, ५१)।

४. "प्राच्या विदूषकादीनां" (नाट्यशास्त्र १७, ५१)।

सौरसेनी भाषा की उत्पत्ति[1] सूरसेन देश अर्थात् मथुरा प्रदेश से हुई है।

वररुचि ने अपने व्याकरण में संस्कृत को ही सौरसेनी भाषा की प्रकृति अर्थात् मूल कहा है[2]। किन्तु यह हम पहले ही प्रमाणित कर चुके हैं कि किसी प्राकृत भाषा की उत्पत्ति संस्कृत से नहीं हुई है। सुतरां, सौरसेनी प्राकृत का मूल भी

प्रकृति

वैदिक या लौकिक संस्कृत नहीं है। सौरसेनी और संस्कृत ये दोनों ही वैदिक युग में प्रचलित सूरसेन अथवा मध्यदेश की कथ्य प्राकृत भाषा से ही उत्पन्न हुई हैं। संस्कृत भाषा पाणिनि-प्रभृति के व्याकरण द्वारा नियन्त्रित होने के कारण परिवर्तन-हीन मृत-भाषा में परिणत हुई। वैदिक काल की सौरसेनी ने प्राकृत-व्याकरण द्वारा नियन्त्रित न होने के कारण क्रमशः परिवर्तित होते हुए पिछले समय की सौरसेनी भाषा का आकार धारण किया। पिछले समय की यह सौरसेनी भी बाद में प्राकृत व्याकरणों के द्वारा जकड़े जाने के कारण संस्कृत की तरह परिवर्तन-शून्य होकर मृत-भाषा में परिणत हुई है।

अश्वघोष के नाटकों में जिस सौरसेनी भाषा के उदाहरण मिलते हैं वह अशोकलिपि की सम-सामयिक कही जा

समय

सकती है। भास के नाटकों की सौरसेनी का और जैन सौरसेनी का समय सम्भवतः ख्रिस्त की प्रथम या द्वितीय शताब्दी मालूम होता है।

महाराष्ट्री भाषा के साथ सौरसेनी भाषा का जिस-जिस अंश में भेद है वह नीचे दिया जाता है। इसके सिवा

लक्षण

महाराष्ट्री भाषा के जो लक्षण उसके प्रकरण में दिये जायेंगे उनमें महाराष्ट्री के साथ सौरसेनी का कोई भेद नहीं है। इन भेदों पर यह ज्ञात होता है कि अनेक स्थलों में महाराष्ट्री की अपेक्षा सौरसेनी का संस्कृत के साथ पार्थक्य कम और सादृश्य अधिक है।

वर्ण-भेद

१. स्वर वर्णों के मध्यवर्ती असंयुक्त त और द के स्थान में द होता है; यथा—रजत = रअद, गदा = गदा।
२. स्वरों के बीच असंयुक्त थ का ह और ध दोनों होते हैं; जैसे—नाथ = णाव, णाह।
३. र्य के स्थान में य्य और ज्ज होता है, यथा—आर्य = अय्य, अज्ज, सूर्य = सुय्य, सुज्ज।

नाम विभक्ति

१. पञ्चमी के एकवचन में दो और दु ये दो ही प्रत्यय होते हैं और इनके योग में पूर्व के अकार का दीर्घ होता है; यथा—जिनात् = जिणादो, जिणादु।

आख्यात

१. ति और ते प्रत्ययों के स्थान में दि और दे होता है; जैसे—हसदि, हसदे, रमदि, रमदे।
२. भविष्यत्काल के प्रत्यय के पूर्व में स्सि लगता है; यथा—हसिस्सिदि, करिस्सिदि।

सन्धि

१. अन्त्य मकार के बाद इ और ए होने पर ण् का वैकल्पिक आगम होता है; यथा—युक्तम् इदम् = जुत्तं णिमं, जुत्तमिमं, एवम् एतत् = एवं णेदं, एवमेदं।

कृदन्त

१. त्वा प्रत्यय के स्थान में इअ, दूण और त्ता होते हैं; यथा—पठित्वा = पढिअ, पढिदूण, पढित्ता।

---

१. पन्नवणासूत्र के "मोत्तियमदया (?मई य) चेदी वीयभयं सिंधुसोवीरा। महुरा य सूरसेणा पावा भंगी य मासपुरिवट्टा" (पत्र ६१)। इस पाठ पर "चेदिषु शुक्तिकावती, वीतभयं सिन्धुषु सौवीरेषु मथुरा, सूरसेनेषु पावा, भङ्गे(? ङ्गि)षु मासपुरिवट्टा" इस तरह व्याख्या करते हुए आचार्य मलयगिरि ने सूरसेन देश की राजधानी पावा बतलाकर आजकल के बिहार प्रदेश को ही सूरसेन कहा है। नेमिचन्द्रसूरि ने अपने प्रवचनसारोद्धारनामक ग्रंथ में पन्नवणासूत्र के उक्त पाठ को अविकल रूप में उद्धृत किया है। इसकी टीका में श्रीसिद्धसेनसूरि ने आचार्य मलयगिरि की उक्त व्याख्या को 'अतिव्यवहृत' कहकर, उक्त मूल पाठ की व्याख्या इस तरह की है.—'शुक्तीमती नगरी चेदयो देशः, वीतभयं नगरं सिन्धुसौवीरा जनपदः, मथुरा नगरी सूरसेनाख्यो देशः, पापा नगरी भङ्गयो देशः, मासपुरी नगरी वर्तो देशः.' (दे० ला० संस्करण, पत्र ४४६)।

२. प्राकृतप्रकाश (१२, २)।

(८) मागधी

मागधी प्राकृत के सर्व-प्राचीन निदर्शन अशोक-साम्राज्य के उत्तर और पूर्व भागों के खालसी, मिरट, लौरिया (Lauriya), सहसराम, बराबर (Barabar), रामगढ, धौलि और जौगढ़ (Jaugadha) प्रभृति स्थानों के अशोक-शिलालेखों में पाये जाते हैं। इसके बाद नाटकीय प्राकृतों में मागधी भाषा के उदाहरण देखे जाते हैं। नाटकीय मागधी के सर्व प्राचीन नमूने अश्वघोष के नाटकों के खण्डित अंशों में मिलते हैं। भास के नाटकों में, कालिदास के नाटकों में और मृच्छकटिक आदि नाटकों में मागधी भाषा के उदाहरण विद्यमान हैं।

निदर्शन

वररुचि के प्राकृतप्रकाश, चण्ड के प्राकृतलक्षण, हेमचन्द्र के सिद्धहेमचन्द्र (अष्टम अध्याय), क्रमदीश्वर के संक्षिप्त-सार, लक्ष्मीधर की षड्भाषाचन्द्रिका और मार्कण्डेय के प्राकृतसर्वस्व आदि प्राय समस्त प्राकृत-व्याकरणों में मागधी भाषा के लक्षण और उदाहरण दिए गए हैं।

भरत के नाट्यशास्त्र में मागधी भाषा का उल्लेख है और उन्होंने नाटक में राजा के अन्त पुर में रहनेवाले, सुरंग खोदनेवाले, कलवार, अश्वपालक वगैरह पात्रों के लिए और विपत्ति में नायक के लिए भी इस भाषा का प्रयोग करने को कहा है[1]। परन्तु मार्कण्डेय द्वारा अपने प्राकृतसर्वस्व में उद्धृत किये हुए कोहल के "राक्षसभिक्षुक्षपणकचेटाद्या मागधी प्राहु" इस वचन से मालूम होता है कि भरत के कहे हुए उक्त पात्रों के अतिरिक्त भिक्षु, क्षपणक आदि अन्य लोग भी इस भाषा का व्यवहार करते थे। रुद्रट, वाग्भट, हेमचन्द्र आदि आलंकारिकों ने भी अपने-अपने अलंकार ग्रन्थों में इस भाषा का उल्लेख किया है।

विनियोग

मगध देश ही मागधी भाषा का उत्पत्ति-स्थान है। मगध देश की सीमा के बाहर भी अशोक के शिलालेखों में जो इसके निदर्शन पाये जाते हैं उसका कारण यह है कि मागधी भाषा उस समय राज-भाषा होने के कारण मगध के बाहर भी इसका प्रचार हुआ था। सम्भवत. राज भाषा होने के कारण ही नाटकों में सर्वत्र ही राजा के अन्त पुर के लोगों के लिए इस भाषा का व्यवहार करने का नियम हुआ था। प्राचीन भिक्षु और क्षपणक भी मगध के ही निवासी होने से, सम्भव है, नाटकों में इनकी भाषा भी मागधी ही निर्दिष्ट की गई है।

उत्पत्ति-स्थान

वररुचि ने अपने प्राकृत व्याकरण में मागधी की प्रकृति—मूल होने का सम्मान सौरसेनी को दिया है[2]। इसीका अनुसरण कर मार्कण्डेय ने भी सौरसेनी से ही मागधी की सिद्धि कही है[3]। किन्तु मागधी और सौरसेनी आदि प्रादेशिक भाषाओं का भेद अशोक के शिलालेखों में भी देखा जाता है। इससे यह सिद्ध है कि ये सब प्रादेशिक भेद प्राचीन और समसामयिक हैं, एक प्रदेश की भाषा से दूसरे प्रदेश में उत्पन्न नहीं हुए हैं। जैसे सौरसेनी मध्यदेश में प्रचलित वैदिक युग की कथ्य भाषा से उत्पन्न हुई है वैसे मागधी ने भी उस कथ्य भाषा से जन्म-ग्रहण किया है, जो वैदिककाल में मगध देश में प्रचलित थी।

प्रकृति

अशोक-शिलालेखों की और अश्वघोष के नाटकों की मागधी भाषा प्रथम युग की मागधी भाषा के निदर्शन हैं। भास के और परवर्ती काल के अन्य नाटकों की और प्राकृत-व्याकरणों की मागधी मध्य-युग की मागधी भाषा के उदाहरण हैं।

समय

शाकारी, चाण्डाली और शाबरी ये तीन भाषाएँ मागधी के ही प्रकार-भेद—रूपान्तर हैं। भरत ने शाकारी भाषा का व्यवहार शबर, शक आदि और उसी प्रकृति के अन्य लोगों के लिए कहा है[4], किन्तु मार्कण्डेय ने राजा के साले की भाषा शाकारी बतलाई है[5]। भरत पुक्कस आदि जातियों की व्यवहार भाषा को चाण्डाली और अंगारकार, व्याध,-

---

१. "मागधी तु नरेन्द्राणामन्त पुरनिवासिनाम्" (नाट्यशास्त्र १७, ५०)।
"सुरङ्गाखनकादीना शुण्डकाराश्वरक्षिणाम् । व्यसने नायकाना स्यादात्मरक्षासु मागधी ॥" (नाट्यशास्त्र १७, ५६)।

२. "प्रकृति सौरसेनी" (प्राकृतप्रकाश ११, २)।

३. "मागधी शौरसेनीत" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १०१)।

४. "शबराणा शकादीना तत्स्वभावश्च यो गण । शकारभाषा योक्तव्या" (नाट्यशास्त्र १७, ५३)।

५. "शकारस्येय शाकारी, शकारश्च
'राज्ञोऽन्तःपुरभ्राता श्यालस्तद्वैश्वर्यसपन्न ।
मदमूर्खताभिमानी शकार इति दुष्कुलीन स्यात्' इत्युक्ते" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १०५)।

शाकारी आदि भाषाएँ मागधी के अन्तर्गत हैं

कठहार और यन्त्र-जीवी लोगों की भाषा को शाबरी कहते हैं[1]। इन तीनों भाषाओं के जो लक्षण और उदाहरण मार्कण्डेय के प्राकृत-व्याकरण में और नाटकों के उक्त पात्रों की भाषा में पाये जाते हैं उनमें और इतर प्राकृत-व्याकरणों की मागधी भाषा के लक्षण और उदाहरणों में तथा नाटकों के मागधी-भाषा-भाषी पात्रों की भाषा में इतना कम भेद और इतना अधिक साम्य है कि उक्त तीन भाषाओं को मागधी से अलग नहीं कही जा सकतीं। यही कारण है कि हमने प्रस्तुत कोष में इन भाषाओं का मागधी में ही समावेश किया है।

ढक्की या टाक्की भाषा

मृच्छकटिक के पात्र माथुर और दो द्यूतकारों की भाषा को 'ढक्की' नाम दिया गया है। यह भी मागधी भाषा का ही एक रूपान्तर प्रतीत होता है। मार्कण्डेय ने 'ढक्की' को ही 'टाक्की' नाम से निर्देश किया है, यह उनके वहाँ पर उद्धृत किये हुए एक श्लोक से ज्ञात होता है[2]। मार्कण्डेय ने पदान्त में उ, तृतीया के एकवचन में ए, पञ्चमी के बहुवचन में हुम् आदि जो इस भाषा के लक्षण दिए हैं उनपर से इसमें अपभ्रंश का ही विशेष साम्य नजर आता है। इस लिए मार्कण्डेय ने वहाँ पर जो यह कहा है कि 'हरिश्चन्द्र इस भाषा को अपभ्रंश मानता है[3]' वह मत हमें भी संगत मालूम पड़ता है।

लक्षण

मागधी भाषा का सौरसेनी के साथ जो प्रधान भेद है वह नीचे दिया जाता है। इसके सिवा अन्य अंशों में मागधी भाषा साधारणतः सौरसेनी के ही अनुरूप है।

वर्ण-भेद

१. र के स्थान में सर्वत्र ल होता है[4]; यथा—नर = णल; कर = कल।
२. श, ष और स के स्थान में तालव्य श होता है; यथा शोभन = शोहण, पुरुष = पुलिश, सारस = शालश।
३. संयुक्त ष और स के स्थान में दन्त्य सकार होता है, यथा—शुष्क = शुस्क, कष्ट = कस्ट, स्खलति = स्खलदि, बृहस्पति = बुहस्पदि।
४. ष्ट और ष्ठ के स्थान में स्ट होता है; यथा—पष्ट = पस्ट, सुष्ठु = शुस्टु।
५. स्थ और र्थ की जगह स्त होता है, जैसे—उपस्थित = उवस्तिद, सार्थ = शस्त।
६. ज, द्य और य के बदले य होता है; यथा—जानाति = याणदि, दुर्जन = दुय्यण, मद्य = मय्य, भद्य = भय्य, याति = यादि, यम = यम।
७. न्य, ण्य, ज्ञ और ज्ञ के स्थान में ञ्ञ होता है, यथा—अन्य = अञ्ञ, पुण्य = पुञ्ञ, प्रज्ञा = पञ्ञा; अञ्जलि = अञ्ञलि।
८. अनादि छ के स्थान में श्च होता है; यथा—गच्छ = गश्च, पिच्छिल = पिश्चिल।
९. क्ष की जगह स्क होता है[5]; जैसे—राक्षस = लस्कश, यक्ष = यस्क।

नाम-विभक्ति

१. अकारान्त पुंलिंग-शब्द के प्रथमा के एकवचन में ए होता है; यथा—जिनः = जिणे, पुरुषः = पुलिशे।
२. अकारान्त शब्द के षष्ठी का एकवचन स्स और आह होता है; यथा—जिनस्य = जिणस्स, जिणाह।
३. अकारान्त शब्द के षष्ठी के बहुवचन में आण और आहं ये दोनों होते हैं; जैसे—जिनानाम् = जिणाण, जिणाहं।
४. अस्मत् शब्द के एकवचन और बहुवचन का रूप हगे होता है।

---

१. "चाण्डाली पुक्कसादिषु। अंगारकरव्याधानां काष्ठयन्त्रोपजीविनाम्। योज्या शबरभाषा तु" (नाट्यशास्त्र १७, ५३-४)।

२. "प्रयुज्यते नाटकादौ द्यूतादिव्यवहारिभिः।
वणिग्भिर्हीनदेशैश्च तदाहुष्टकभाषितम्" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ ११०)।

३. "हरिश्चन्द्रस्त्विमां भाषामपभ्रंश इतीच्छति" (प्राकृतम० पृष्ठ ११०)।

४. मार्कण्डेय यह नियम वैकल्पिक मानते हैं "रस्य लो वा भवेत्" (प्राकृतस० पृष्ठ १०१)।

५. हेमचन्द्र-प्राकृत व्याकरण के अनुसार 'क्ष' की जगह जिह्वामूलीय 'ᳵक' होता है, देखो हे० प्रा० ४, २९६।

(९) महाराष्ट्री

प्राकृत काव्य और गीति की भाषा महाराष्ट्री कही जाती है। सेतुबन्ध, गाथासप्तशती, गउडवहो, कुमारपालचरित प्रभृति ग्रन्थों मे इस भाषा के निदर्शन पाये जाते हैं। गाथा (गीति साहित्य) मे महाराष्ट्री प्राकृत ने इतनी प्रसिद्धि प्राप्त की थी कि बाद के नाटकों मे गद्य मे सौरसेनी बोलनेवाले पात्रों के लिए सगीत या पद्य मे महाराष्ट्री भाषा का व्यवहार करने का रिवाज सा बन गया था। यही कारण है कि कालिदास से लेकर उसके बाद के सभी नाटकों मे पद्य मे प्राय महाराष्ट्री भाषा का ही व्यवहार देखा जाता है।

निदर्शन

चड ने अपने प्राकृतलक्षण मे 'महाराष्ट्री' इस नाम का उल्लेख और इसके विशेष लक्षण न देकर भी आर्ष प्राकृत अथवा अर्धमागधी के और जैन महाराष्ट्री के लक्षणों के साथ साधारण भाव से इसके लक्षण दिए हैं। वररुचि ने अपने प्राकृत व्याकरण मे इस भाषा के '[1]महाराष्ट्री' नाम का उल्लेख किया है और इसके विशेष लक्षण और उदाहरण दिए हैं। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने व्याकरण मे 'महाराष्ट्री' नाम का निर्देश न कर 'प्राकृत' इस साधारण नाम से महाराष्ट्री के ही लक्षण और उदाहरण बताए हैं। क्रमदीश्वर का संक्षिप्तसार त्रिविक्रम की प्राकृतव्याकरणसूत्रवृत्ति, लक्ष्मीधर की षड्भाषाचन्द्रिका और मार्कण्डेय का प्राकृतसर्वस्व प्रभृति प्राकृत व्याकरणों मे इस भाषा के लक्षण और उदाहरण पाये जाते हैं। चड भिन्न सभी प्राकृत वैयाकरणों ने महाराष्ट्री का मुख्य रूप से विवरण दिया है और सौरसेनी, मागधी प्रभृति भाषाओं के महाराष्ट्री के साथ जो भेद हैं वे ही बतलाए हैं।

संस्कृत के अलंकार शास्त्रों मे भी भिन्न भिन्न प्राकृत भाषाओं का उल्लेख मिलता है। भरत के नाट्य शास्त्र मे 'दाक्षिणात्या' भाषा का निर्देश है, किन्तु इसके विशेष लक्षण नहीं दिए गए हैं। सभवत यह महाराष्ट्री भाषा ही हो सकती है, क्योंकि भरत ने महाराष्ट्री का अलग उल्लेख नहीं किया है। परन्तु मार्कण्डेय के प्राकृतसर्वस्व मे उद्धृत प्राकृतचन्द्रिका के [2]वचन मे और प्राकृतसर्वस्व के खुद मार्कण्डेय के [3]वचन मे महाराष्ट्री और दाक्षिणात्या का भिन्न भिन्न भाषा के रूप मे उल्लेख किया गया है। दण्डी के काव्यादर्श के

'महाराष्ट्राश्रया भाषा प्रकृष्ट प्राकृत विदु ।
सागर सूक्तिरत्नाना सेतुबन्धादि यन्मयम् ॥" (१, ३४)।

इस श्लोक मे महाराष्ट्री भाषा का और उसकी उत्कृष्टता का स्पष्ट उल्लेख है। दण्डी के समय मे महाराष्ट्री प्राकृत का इतना उत्कर्ष हुआ था कि इसके परवर्ती अनेक ग्रन्थकारो ने केवल इस महाराष्ट्री के ही अर्थ मे उस प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है जो सामान्यत सर्व प्रादेशिक भाषाओं का वाचक है। रुद्रट का काव्यालकार, वाग्भटालकार, पाइअलच्छी-नाममाला हेमचन्द्र का प्राकृत व्याकरण प्रभृति ग्रन्थों मे महाराष्ट्री के ही अर्थ मे प्राकृत शब्द व्यवहृत हुआ है। अलकार-शास्त्र भिन्न पाइअलच्छीनाममाला और देशीनाममाला इन कोष ग्रन्थों मे भी महाराष्ट्री के उदाहरण हैं।

डॉ हॉर्नलि के मत मे महाराष्ट्री भाषा महाराष्ट्र देश मे उत्पन्न नहीं हुई है। वे मानते हैं कि महाराष्ट्री का अर्थ 'विशाल राष्ट्र की भाषा' है और राजपूताना तथा मध्यदेश प्रभृति इसी विशाल राष्ट्र के अन्तर्गत हैं, इसीसे 'महाराष्ट्री' मुख्य प्राकृत कही गई है। किन्तु दण्डी ने इस भाषा को महाराष्ट्र देश की ही भाषा कही है। सर ग्रियर्सन के मत मे महाराष्ट्री प्राकृत से ही आधुनिक मराठी भाषा उत्पन्न हुई है। इससे महाराष्ट्री प्राकृत का उत्पत्ति-स्थान महाराष्ट्र देश ही है यह बात नि सन्देह कही जा सकती है।

उत्पत्ति स्थान

आचार्य हेमचन्द्र ने अपने व्याकरण मे महाराष्ट्र को ही 'प्राकृत' नाम दिया है और इसकी प्रकृति संस्कृत कही है। इसी तरह चण्ड, लक्ष्मीधर, मार्कण्डेय आदि वैयाकरणों ने साधारण रूप से सभी प्राकृत भाषाओं का मूल (प्रकृति) संस्कृत बताया है। किन्तु हम यह पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर आए हैं कि कोई भी प्राकृत भाषा संस्कृत से उत्पन्न नहीं हुई है, बल्कि वैदिक काल मे भिन्न भिन्न प्रदेशों मे प्रचलित आर्यों की कथ्य भाषाओं

प्रकृति

---

१ "शेषं महाराष्ट्रीवत्" (प्राकृतप्रकाश १२, ३२)।

२. "महाराष्ट्री तथावन्ती सौरसेन्यर्धमागधी । वाहीकी मागधी प्राच्यास्तथा दाक्षिणात्यया ॥" (प्रा० स० पृष्ठ २)।

३ देखो प्राकृतसर्वस्व पृष्ठ २ और १०४।

से ही सभी प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति हुई है, सुतरां महाराष्ट्री भाषा की उत्पत्ति प्राचीन काल के महाराष्ट्र-निवासी आर्यों की कथ्य भाषा से हुई है।

समय

कौन समय आर्यों ने महाराष्ट्र मे सर्व-प्रथम निवास किया था, इस बात का निर्णय करना कठिन है, परन्तु अशोक के पहले प्राकृत भाषा महाराष्ट्र देश में प्रचलित थी, इस विषय मे किसीका मत भेद नहीं है। उस समय महाराष्ट्र देश मे प्रचलित प्राकृत से क्रमशः काव्यीय और नाटकीय महाराष्ट्री भाषा उत्पन्न हुई है। प्राकृतप्रकाश का कर्ता वररुचि यदि वृत्तिकार कात्यायन से अभिन्न व्यक्ति हो तो यह स्वीकार करना होगा कि महाराष्ट्री ने अन्तत ख्रिस्त-पूर्व दो सौ वर्ष के पहले ही साहित्य में स्थान पाया था। लेकिन महाराष्ट्री भाषा के तद्भव शब्दों में व्यञ्जन वर्णों के लोप की बहुलता देखने से यह विश्वास नहीं होता कि यह भाषा उतनी प्राचीन है। वररुचि का व्याकरण संभवतः ख्रिस्त के बाद ही रचा गया है। जैन अर्धमागधी और जैन महाराष्ट्री में महाराष्ट्री प्राकृत के प्रभाव का हमने पहले उल्लेख किया है। महाराष्ट्री भाषा में रचित जो सब साहित्य इस समय पाया जाता है उसमे ख्रिस्त के बाद की महाराष्ट्री के ही निदर्शन देखे जाते हैं। प्राचीन महाराष्ट्री का कोई साहित्य उपलब्ध नहीं है। प्राचीन महाराष्ट्री में बाद की महाराष्ट्री की तरह व्यञ्जन-वर्ण-लोप की अधिकता नहीं थी, इस बात के कुछ निदर्शन चण्ड के व्याकरण मे मिलते हैं। जैन अर्धमागधी और जैन महाराष्ट्री में प्राचीन महाराष्ट्री भाषा का सादृश्य रक्षित है।

आवन्ती और वाह्लीकी महाराष्ट्री के अन्तर्गत है

भरत ने नाट्यशास्त्र में आवन्ती और वाह्लीकी भाषा का उल्लेख कर नाटकों में धूर्त पात्रों के लिए आवन्ती का और द्यूतकारों के लिए वाह्लीकी का प्रयोग कहा है। मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व मे 'आवन्ती स्यान्महाराष्ट्रीशौरसेन्योस्तु संकरात्' और आवन्त्यामेव वाह्लीकी किन्तु रस्यात्र ला भवेत्' यह कह कर इनका संक्षिप्त लक्षण-निर्देश किया है। मार्कण्डेय ने आवन्ती भाषा के जो त्वा के स्थान मे तूण और भविष्यत् काल के प्रत्यय के स्थान में ज और जा प्रभृति लक्षण बतलाए हैं वे महाराष्ट्री के साथ साधारण हैं। उनके दिए हुए किराद, वेदस, पेच्छदि प्रभृति उदाहरणों में जो तकार के स्थान में दकार है वहाँ शौरसेनी के साथ इसका (आवन्ती का) सादृश्य है परन्तु वह भी सर्वत्र नहीं है, जैसे उनके दिए हुए होइ, सुव्वइ, लिजइ, भएणए आदि उदाहरणों मे। इसी तरह वाह्लीकी में जो र का ल होता है वही एकमात्र मागधी का सादृश्य है। इसके सिवा सभी अंशों मे यह भी आवन्ती की तरह महाराष्ट्री के ही सादृश है। सुतरां, ये दोनों भाषाएँ महाराष्ट्री के ही अन्तर्गत कही जा सकती हैं। इससे हमने भी इनका इस कोष में अलग निर्देश नहीं किया है।

लक्षण

संस्कृत भाषा के साथ महाराष्ट्री भाषा के वे भेद नीचे दिए जाते हैं जो महाराष्ट्री और संस्कृत के साथ अन्य प्राकृत भाषाओं के सादृश्य और पार्थक्य की तुलना के लिए भी अधिक उपयुक्त हैं।

स्वर

१. अनेक जगह भिन्न स्वरों के स्थान में भिन्न-भिन्न स्वर होते हैं; जैसे—समृद्धि = सामिद्धि, ईषत् = ईसि, हर = हीर, ध्वनि = झुणि, शय्या = सेज्जा, पद्म = पोम्म; यथा = जह सदा = सइ, स्थान = थाण, सास्ना = सुएहा, आसार = ऊसार, ग्राह्य = गेज्झ, आली = ओली, इति = इअ, पथिन् = पह, जिह्वा = जीहा, द्विवचन = दुवअण, पिण्ड = पिंड, द्विधाकृत = दोहाइअ, हरीतकी = हरडई, कश्मीर = कम्हार, पानीय = पाणिअ, जीर्ण = जुण्ण, हीन = हूण, पीयूष = पेऊस, मुकुल = मउल, भ्रुकुटि = भिउडि, द्रुत = द्धीअ, मुसल = मूसल, तुण्ड = तोंड, सूक्ष्म = सण्ह, उद्व्यूढ = उव्वीढ, वातूल = वाउल, नूपुर = णेउर, तूणीर = तोणीर; वेदना = विअणा, स्तेन = थूण; मनोहर = मणहर, गो = गउ, ग्राम, सोच्छ्वास = सूसास।

२. महाराष्ट्री में ऋ, ॠ, ऌ, ॡ ये स्वर सर्वथा लुप्त हो गये हैं।

३. ऋ के स्थान में भिन्न-भिन्न स्वर एवं रि होता है; यथा—तृण = तण, मृदुक = माउक्क, कृपा = किवा, मातृ = माइ, माउ, वृत्तान्त = वुत्तंत, मृषा = मुसा, मूसा, मोसा, वृन्त = विंट, वेंट, वोंट, ऋतु = उउ, रिउ, ऋद्धि = रिद्धि, ऋक्ष = रिच्छ, सदृश = सरिस, दृप्त = दरिअ।

४. ऌ के स्थान में इलि होता है; जैसे—क्लृप्त = किलित्त, क्लृन्न = किलिण्ण।

५. ऐ का प्रयोग भी प्रायः महाराष्ट्री में नहीं है। उसके स्थान मे सामान्यतः ए और विशेषतः अइ होता है, यथा—शैल = सेल, ऐरावण = एरावण, वैद्य = वेज्ज, वैधव्य = वेहव्व, सैन्य = सेण्ण, सइण्ण; कैलाश = केलास, कइलास, दैव = देव्व, दइव; ऐश्वर्य = अइसरिअ, दैन्य = दइण्ण।

६. औ का व्यवहार भी प्राय महाराष्ट्री में नहीं है। उसके स्थान में सामान्यत ओ और विशेष स्थलों में उ या अउ होता है; यथा—कौमुदी = कोमुई, यौवन = जोव्वण, दौवारिक = दुवारिअ, पौलोमी = पुलोमी, कौरव = कउरव, गौड = गउड, सौध = सउह।

असंयुक्त व्यञ्जन

१. स्वरों के मध्यवर्ती क, ग, च, ज, त, द, य, व इन व्यञ्जनों का प्रायः लोप होता है; जैसे क्रमश —लोक – लोअ, नग = णअ, शची = सई, रजत = रअअ, यती - जई, गदा = गआ वियोग = विओअ लावण्य = लाअण्ण।

२ स्वरों के बीच के ख, घ, थ, ध और भ के स्थान मे ह होता है; यथा क्रमश —शाखा = साहा, श्लाघते = लाहइ, नाथ = णाह, साधु = साहु, सभा = सहा।

३. स्वरों के बीच के ट का ड होता है; यथा—भट = भड घट = घड।

४. स्वरों के बीच के ठ का ढ होता है; जैसे—मठ = मढ पठति = पढइ।

५. स्वरों के बीच के ड का ल प्राय होता है; यथा—गरुड = गरुल, तडाग = तलाअ।

६. स्वरों के बीच के त का अनेक स्थल में द होता है, यथा—प्रतिभासस = पडिहास, प्रभृति = पहुडि, व्यापृत = वावड, पताका = पडाआ।

७. न के स्थान मे सर्वत्र ण होता है; यथा—कनक = कणअ वचन = वअण, नर = णर, नदी = णई, अन्य = अण्ण, दैन्य = दइण्ण[2]।

८. दो स्वरों के मध्यवर्ती प का कहीं-कहीं व और कहीं कहीं लोप होता है; यथा—शपथ = सवह, शाप = साव, उपसर्ग = उवसग्ग, रिपु = रिउ, कपि = कइ।

९. स्वरों के बीच के फ के स्थान में कहीं-कहीं भ, कहीं-कहीं ह और कहीं-कहीं ये दोनों होते हैं; यथा—रेफ = रेभ, शिफा = सिभा, मुक्ताफल = मुत्ताहल, सफल = सअल, सहल, शेफालिका = सेआलिआ, सेहालिआ।

१०. स्वरों के मध्यवर्ती ब का व होता है, जैसे—अलाबू = अलावू, सबल = सवल।

११. आदि के य का ज होता है; यथा यम = जम, यशस् = जस, याति = जाइ।

१२. कृदन्त के अनीय और य प्रत्यय के य का ज होता है, जैसे—करणीय = करणिज्ज, पेय = पेज्ज।

१३. अनेक जगह र का ल होता है; यथा—हरिद्रा = हलिद्दा, दरिद्र = दलिद्द, युधिष्ठिर = जहुट्ठिल, अंगार = इंगाल।

१४. श और ष का सर्वत्र स होता है; यथा—शब्द = सद्द, विश्राम = वीसाम, पुरुष = पुरिस, सस्य = सास, शेष = सेस।

१५. अनेक जगह ह का घ होता है, यथा—दाह = दाघ, सिंह = सिघ, संहार = संघार।

१६. कहीं-कहीं श, ष और स का छ होता है; जैसे—शाव = छाव, षष्ठ = छट्ठ, सुधा = छुहा।

१७ अनेक शब्दों में स्वर सहित व्यञ्जन का लोप होता है; यथा—राजकुल = राउल, आगत = आअ, कालायस = कालास, हृदय = हिअ, पादपतन = पावडण, यावत् = जा, त्रयोदश = तेरह, स्थविर = थेर, बदर = बोर, कदल = केल, कर्णिकार = कण्णेर, चतुर्दश = चोद्दह, मयूख = मोह।

संयुक्त व्यञ्जन

१. क्ष के स्थान में प्राय ख और कहीं-कहीं छ और झ होता है; जैसे—क्षय = खय, लक्षण = लक्खण, अक्षि = अच्छि, क्षीण = छीण, झीण।

२. त्व, थ्व, द्व और ध्व के स्थान मे कहीं कहीं क्रमशः च, छ, ज और झ होता है, यथा—ज्ञात्वा = णच्चा, पृथ्वी = पिच्छी, विद्वान् = विज्जं, बुद्ध्वा = बुज्झा।

३ ह्रस्व स्वर के परवर्ती थ्य, थ, त्स और प्स के स्थान में छ होता है, जैसे—पथ्य = पच्छ, पश्चात् = पच्छा, उत्साह = उच्छाह, अप्सरा = अच्छरा।

---

१. संस्कृत के 'अयि' शब्द का महाराष्ट्री में 'ऐ' होता है। इसके सिवा किसी किसी के मत में 'ऐ' तथा 'औ' का भी प्रयोग होता है, जैसे—कैतव = कैअव, कौरव = कौरव (हे० प्रा० १, १)।

२. वररुचि के प्राकृत-व्याकरण के 'नो णः सर्वत्र' (२, ४२) सूत्र के अनुसार सर्वत्र 'न' का 'ण' होता है। सेतुबन्ध और गाथा-सप्तशती में इसी तरह सार्वत्रिक 'ण' पाया जाता है। हेमचन्द्र आदि कई प्राकृत वैयाकरणों के मत से शब्द के आदि के 'न' का विकल्प से 'ण' होता है, यथा—नदी = णई, नई, नर = णर, नर। गउडवहो में णकार का वैकल्पिक प्रयोग देखा जाता है।

४. द्य, ध्य और र्य का ज्ज होता है, यथा—मद्य = मज्ज, ध्यान = जज्ज कार्य = कज्ज।
५. ध्य और ह्य का झ होता है, यथा—ध्यान = झाण साध्य = सज्झ गुह्य = गुज्झ सह्य = सज्झ।
६. र्त का प्राय ट होता है, जैसे—नर्तकी = णट्टई वैवर्त = कवट्ट।
७. ष्ट के स्थान मे ठ होता है, यथा—मुष्टि = मुट्ठि पृष्ट = पट्ठ काष्ठ = कट्ठ, इष्ट = इट्ठ।
८. म्न का ण होता है, यथा—निम्न = णिण्ण, प्रद्युम्न = पज्जुण्ण।
९. ज्ञ का ण और ज होता है, जैसे—ज्ञान = णाण, जाण प्रज्ञा = पण्णा, पज्जा।
१० स्त का थ होता है, जैसे—हस्त = हत्थ स्तोत्र थोत्त स्तोक = थोव।
११ ड्म और क्म का प होता है, यथा—कुड्मल = कुपल, रुक्मिणी = रुप्पिणी।
१२. ष्प और स्प का फ होता है, यथा—पुष्प = पुप्फ स्पन्दन = फदण।
१३ ह्म का भ होता है, यथा—जिह्वा = जिब्भा, विह्वल = विब्भल।
१४ न्म और म्म का म होता है, जैसे—जन्मन् = जम्म मन्मथ = मम्मह, युग्म = जुज्म, तिग्म = तिम्म।
१५ श्म, ष्म, स्म और ह्म का म्ह होता है यथा—काश्मीर = कम्हार ग्रीष्म = गिम्ह विस्मय = विम्हअ, ब्राह्मण = बम्हण।
१६ श्न ष्ण स्न, ह्न ह्ण और क्ष्ण के स्थान में ण्ह होता है, यथा—प्रश्न = पण्ह उष्ण = उण्ह स्नान = ण्हाण, वह्नि = वण्हि, पूर्वाह्ण = पुव्वण्ह तीक्ष्ण = तिण्ह।
१७ ह्ल का ल्ह होता है यथा—प्रह्लाद = पल्हाअ कह्लार = कल्हार।
१८ संयोग में पूर्ववर्ती क, ग ट ड, त द, प, श ष और स का लोप होता है जैसे—भुक्त = भुत्त, मुग्ध = मुद्ध, षट्पद = छप्पअ, खड्ग = खग्ग, उत्पल = उप्पल, मुद्गर = मुग्गर, सुप्त = सुत्त, निश्चल = णिच्चल, निष्ठुर = णिट्ठुर स्खलित = खलिअ।
१९ संयोग मे परवर्ती म, न और य का लोप होता है, यथा—स्मर = सर लग्न = लग्ग व्याघ = वाह।
२० संयोग मे पूर्ववर्ती और परवर्ती सभी ल व और र का लोप होता है यथा—उल्का = उक्का, विक्लव = विक्कव शब्द = सद्द, पक्व = पक्क, अर्क = अक्क चक्र = चक्क।
२१ संयुक्त अक्षरों के स्थान मे जो जो आदेश ऊपर कहा है उसका और संयुक्त व्यञ्जन के लोप होने पर जो जो व्यञ्जन बाकी रहता है उसका, यदि वह शब्द के आदि मे न हो तो, द्वित्व होता है, जैसे—आत्मा = अप्पा मद्य = मज्ज, भुक्त = भुत्त, उल्का = उक्का। परन्तु वह आदेश अथवा शेष व्यञ्जन यदि वर्ग का द्वितीय अथवा चतुर्थ अक्षर हो तो द्वित्व न होकर उसके पूर्व मे आदेश अथवा शेष व्यञ्जन के अनन्तर पूर्व व्यञ्जन का आगम होता है, यथा—लक्ष्मण = लक्खण, पश्चात् = पच्छा, इष्ट = इट्ठ मुग्ध = मुद्ध।

विश्लेषण

१ हूं शं, षं के मध्य मे और संयोग मे परवर्ती ल के पूर्व मे स्वर का आगम होकर संयुक्त व्यञ्जनों का विश्लेषण किया जाता है, यथा—अर्हत् = अरह अरिह, अरुह आदर्श = आयरिस, हर्ष = हरिस क्लिष्ट = किलिट्ठ।

व्यत्यय

१ अनेक शब्दों मे व्यञ्जन के स्थान का व्यत्यय होता है, यथा—करेणु = कणेर आलान = आणाल महाराष्ट्र = मरहट्ठ, हरिताल = हलिआर, लघुक = हलुअ, ललाट = णडाल, गुह्य = गुय्ह, सह्य = सय्ह।

सन्धि

१ समास मे कहीं कहीं ह्रस्व स्वर के स्थान मे दीर्घ और दीर्घ के स्थान मे ह्रस्व होता है, यथा—अन्तर्वेदि = अन्तावइ, पतिगृह = पइहर, मधुनाकर = जंउणअड, नदीस्रोत = णइसोत।
२ स्वर पर रहने पर पूर्व स्वर का लोप होता है जैसे—त्रिदशेश = तिअसीस।
३. संयुक्त व्यञ्जन का पूर्व स्वर ह्रस्व होता है जैसे—आस्य = अस्स, मुनीन्द्र = मुणिंद, चूर्ण = चुण्ण, नरेन्द्र = णरिंद, म्लेच्छ = मिलिच्छ, नीलोत्पल = णीलुप्पल।

सन्धि-निषेध

१ उद्भूत (व्यञ्जन का लोप होने पर अवशिष्ट रहे हुए) स्वर का पूर्व स्वर के साथ प्राय सन्धि नहीं होती है, यथा—निशाकर = णिसाअर रजनीकर = रअणीअर।

२. एक पद मे स्वरो की सन्धि नहीं होती है; जैसे—पाद = पाअ, गति = गइ, नगर = णअर।
३ इ, ई, और ऊ की, असमान स्वर पर रहने पर, सन्धि नहीं होती है; यथा—वग्गेवि अवयासो, दणुइंदो।
४. ए और ओ की परवर्ती स्वर के साथ सन्धि नहीं होता है, यथा—कले आवंधो, आलक्खिमो एएहि।
५ आख्यात के स्वर की सन्धि नहीं होती है, जैसे—होइ इह।

नाम-विभक्ति

१ अकारान्त पुलिंग शब्द के एकवचन मे ओ होता है; जैसे—जिन = जिणो, वृक्ष = वच्छो।
२ पञ्चमी के एकवचन मे तो ओ, उ, हि और लोप होता है और तो भिन्न अन्य प्रत्ययों के प्रसंग मे अकार का आकार होता है; जैसे—जिनात् = जिणात्तो, जिणाओ जिणाउ जिणाहि जिणा।
३. पञ्चमी के बहुवचन का प्रत्यय तो ओ उ और हि होता है, एवं तो से अन्य प्रत्यय मे पूर्व के अ का आ होता है हि के प्रसंग मे ए भी होता है यथा – जिणत्तो, जिणाओ जिणाउ, जिणाहि, जिणेहि।
४ पञ्चमी के एकवचन के प्रत्यय के स्थान मे हितो और बहुवचन के प्रत्यय के स्थान मे हितो और सुंतो इन स्वतन्त्र शब्दों का भी प्रयोग होता है, यथा—जिनात् = जिणा हिंतो जिनेभ्य = जिणा हिन्तो, जिणे हिंतो, जिणा सुंतो, जिणे सुंतो।
५ षष्ठी के एकवचन का प्रत्यय स्स होता है यथा—जिणस्स, मुणिस्स, तरुस्स।
६. अस्मत् शब्द के प्रथमा के एकवचन के रूप म्मि, अम्मि अम्हि, ह अह और अहयं होता है।
७. अस्मत् शब्द के प्रथमा के बहुवचन के रूप अम्ह, अम्ह अम्हो, मो, वयं और भे होता है।
८. अस्मत् शब्द के षष्ठी का बहुवचन णे, णो, मज्झ, अम्ह, अम्ह अम्हे, अम्हो, अम्हाण, ममाण महाण और मज्झाण होता है।
९ युष्मत् शब्द के षष्ठी का एकवचन तइ, तु ते, तुम्ह तुह, तुहं, तुव, तुम, तुमो, तुमाइ, दि, दे, इ, ए, तुब्भ, तुम्ह, तुज्झ उब्भ उम्ह, उज्झ और उव्ह होता है।

लिङ्ग व्यत्यय

१. संस्कृत मे जो शब्द केवल पुंलिंग है, उनमे से कईएक महाराष्ट्री मे स्त्रीलिंग और नपुंसक लिंग भी है, यथा—प्रश्न = पण्हो पण्हा, गुण = गुणो गुणाइं देवा = देवो, देवाणि।
२. अनेक जगह स्त्रीलिंग के स्थान मे पुंलिंग होता है, यथा—शरत् = सरओ, प्रावृट् = पाउसो, विद्युता = विज्जुणा।
३ संस्कृत के अनेक क्लीबलिंग शब्दों का प्रयोग महाराष्ट्री में पुंलिंग और स्त्रीलिंग मे भी होता है; यथा—यश = जसो, जन्म = जम्मो, अक्षि = अच्छी, पृष्ठम् = पिट्ठी, चौर्यम् = चोरिआ।

आख्यात

१ ति और ते प्रत्ययों के त का लोप होता है, जैसे—हसति = हसइ, हसए, रमते = रमइ, रमए।
२ परस्मैपद और आत्मनेपद का विभाग नहीं है, महाराष्ट्री मे सभी धातु उभयपदी की तरह है।
३ भूतकाल के ह्यस्तन, अद्यतन और परोक्ष विभाग न होकर एक ही तरह के रूप होते हैं और भूतकाल मे आख्यात की जगह त प्रत्ययान्त कृदन्त का ही प्रयोग अधिक होता है।
४. भविष्यत् काल के भी संस्कृत की तरह श्वस्तन और भविष्यत् ऐसे दो विभाग नहीं है।
५ भविष्यत्काल के प्रत्ययों के पहले हि होता है यथा—हसिष्यति = हसिहिइ, करिष्यति, = करिहिइ।
६. वर्तमान काल के, भविष्यत्काल के और विधि लिंग और आज्ञार्थक प्रत्ययो के स्थान मे ज्ज और ज्जा होता है, यथा—हसति, हसिष्यति, हसेत्, हसतु = हसेज्ज, हसेज्जा।
७ भाव और कर्म मे ईअ और इज्ज प्रत्यय होते हैं, यथा—हस्यते = हसीअइ, हसिज्जइ।

कृदन्त

१. शीलाद्यर्थक तृ प्रत्यय के स्थान मे इर होता है, यथा—गन्तृ = गमिर, नमनशील = णमिर।
२. त्वा-प्रत्यय के स्थान मे तुम, अ, तूण, तुआण और त्ता होता है, जैसे—पठित्वा = पठिउ, पढिअ, पढिऊण, पढिउआण, पढित्ता।

तद्धित

१. त्व प्रत्यय के स्थान मे त्त और त्तण होता है, यथा—देवत्व = देवत्त, देवत्तण।

(१०) अपभ्रंश

महर्षि पतञ्जलि ने अपने महाभाष्य मे लिखा है कि "भूयासोऽपशब्दा अल्पीयास शब्दा । एकैकस्य हि शब्दस्य बहवोऽपभ्र शा, तद्यथा—गौरित्यस्य शब्दस्य गावी, गोणी गोता, गोपोतलिका इत्येवमादयोऽपभ्र शा" अर्थात् अपशब्द बहुत और शब्द (शुद्ध) थोडे हैं, क्योंकि एक एक शब्द के बहुत अपभ्रश हैं जैसे 'गौ' इस शब्द के गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिका इत्यादि अपभ्रश हैं।

'अपभ्र श' शब्द का सामान्य और विशेष अर्थ

यहाँ पर 'अपभ्रंश' शब्द अपशब्द के अर्थ मे ही व्यवहृत है और अपशब्द का अर्थ भी 'सस्कृत-व्याकरण से असिद्ध शब्द' है, यह स्पष्ट है। उक्त उदाहरणों मे 'गावी' और 'गोणी' ये दो शब्दों का प्रयोग प्राचीन[1] जैन सूत्र ग्रन्थों मे पाया जाता है और [2]चड तथा [3]आचार्य हेमचन्द्र आदि प्राकृत वैयाकरणों ने भी ये दो शब्द अपने अपने प्राकृत-व्याकरणों मे लक्षण द्वारा सिद्ध किये हैं। दण्डी ने अपने काव्यादर्श मे पहले प्राकृत और अपभ्र श का अलग अलग निर्देश करते हुए काव्य मे व्यवहृत आभीर प्रभृति की भाषा को अपभ्र श कही है और बाद मे यह लिखा है कि 'शास्त्र मे सस्कृत भिन्न सभी भाषाएँ अपभ्र श कही गई हैं'[4]। यहाँ पर दण्डी ने शास्त्र शब्द का प्रयोग महाभाष्य प्रभृति व्याकरण के अर्थ म ही किया है। पतञ्जलि प्रभृति सस्कृत वैयाकरणों के मत मे सस्कृत भिन्न सभी प्राकृत भाषाएँ अपभ्र श के अन्तर्गत हैं, यह ऊपर के उनके लेख से स्पष्ट है। परन्तु प्राकृत-वैयाकरणों के मत मे अपभ्र श भाषा प्राकृत का ही एक अवान्तर भेद है। काव्यालङ्कार की टीका मे नमिसाधु ने लिखा है कि 'प्राकृतमेवापभ्र श" (२ १२) अर्थात् अभ्र श भी शौरसेनी, मागधी आदि की तरह एक प्रकार का प्राकृत ही है। उक्त क्रमिक उल्लेखों से यह स्पष्ट है कि पतञ्जलि के समय मे जिस अपभ्र श शब्द का 'सस्कृत व्याकरण असिद्ध (कोई भी प्राकृत)' इस सामान्य अर्थ मे प्रयोग होता था उसने आगे जाकर क्रमश 'प्राकृत का एक भेद' इस विशेष अर्थ को धारण किया है। हमने भी यहाँ पर अपभ्र श शब्द का इस विशेष अर्थ मे ही व्यवहार किया है।

निदर्शन

अपभ्र श भाषा के निदर्शन विक्रमोर्वशी धर्माभ्युदय आदि नाटक-ग्रन्थों मे, हरिवशपुराण, पउमचरिम (स्वयभूदेवकृत) भविसयत्तकहा, संजममजरी, महापुराण, यशोधरचरित नागकुमारचरित, कथाकोश, पार्श्वपुराण सुदर्शनचरित्र, करकडुचरित, जयतिहुअणस्तोत्र, विलासवईकहा सणकुमारचरिम, सुपासनाहचरिम, कुमारपालचरित, कुमारपाल-प्रतिबोध, उपदेशतरगिणी प्रभृति काव्यग्रन्थों मे, प्राकृतलक्षण, सिद्धहेमचन्द्रव्याकरण (अष्टम अध्याय), सक्षिप्तसार, षड्भाषाचन्द्रिका, प्राकृतसर्वस्व वगैरह व्याकरणों मे और प्राकृतपिङ्गल नामक छन्द ग्रन्थ मे पाये जाते हैं।

प्रकृति और समय

डॉ. हॉर्नलि के मत मे जिस तरह आर्य लोगों की कथ्य भाषाएँ अनार्य लोगों के मुख से उच्चारित होने के कारण जिस विकृत रूप को धारण कर पायी थीं वह पैशाची भाषा है और वह कोई भी प्रादेशिक भाषा नहीं है, उस तरह आर्यों की कथ्य भाषाएँ भारत के आदिम निवासी अनार्य लोगों की भिन्न-भिन्न भाषाओं के प्रभाव से जिन रूपान्तरों को प्राप्त हुई थीं वे ही भिन्न-भिन्न अपभ्र श भाषाएँ हैं और ये महाराष्ट्री की अपेक्षा अधिक प्राचीन हैं। डॉ हॉर्नलि के इस मत का सर ग्रियर्सन प्रभृति आधुनिक भाषातत्त्वज्ञ स्वीकार नहीं करते हैं। सर ग्रियर्सन के मत मे भिन्न भिन्न प्राकृत भाषाएँ साहित्य और व्याकरण में नियन्त्रित होकर जन-साधारण मे अप्रचलित होने के कारण जिन नूतन कथ्य भाषाओं की उत्पत्ति हुई था वे ही अपभ्र श हैं। ये अपभ्र श भाषाएँ खिस्तीय पञ्चम शताब्दी के बहुत काल पूर्व से ही कथ्य भाषाओं के रूप मे व्यवहृत होती थीं, क्योंकि चण्ड के प्राकृत व्याकरण मे और कालिदास की विक्रमोर्वशी मे इसके निदर्शन पाये जाने के कारण यह निश्चित है कि खिस्तीय पञ्चम शताब्दी के पहले से ही ये साहित्य मे स्थान पाने लगी थीं। ये अपभ्र श भाषाएँ प्राय दशम शताब्दी पर्यन्त साहित्य की भाषाएँ थीं। इसके बाद फिर जन-साधारण मे अप्रचलित होने से जिन नूतन कथ्य भाषाओं की उत्पत्ति हुई वे ही हिन्दी, बगला, गुजराती वगैरह आधुनिक

---

१ 'खीरीणियाओ गावीओ" 'गोणं वियालं' (आचा २, ४, ५)।
'णगरगावीओ" (विपा १ २ पत्र २६)।
'गोणीण सगेल्ल" (व्यवहारसूत्र उ० ४)।

२. 'गोर्वावी' (प्राकृतलक्षण २, १६)। ३. 'गोणादय" (हे० प्रा० २, १७४)।

४. 'आभीरादिगिर काव्येष्वपभ्र श इति स्मृता ।
शास्त्रे तु संस्कृतादन्यदपभ्र शतयोदितम्" (१, ३६)।

आर्य कथ्य भाषाएँ हैं। इनका उत्पत्ति-समय ख्रिस्त की नवमीं या दसवीं शताब्दी है। सुतरां, अपभ्रंश भाषाएँ ख्रिस्त की पञ्चम शताब्दी के पूर्व से लेकर नवमीं या दशमीं शताब्दी पर्यन्त साहित्य की भाषाओं के रूप में प्रचलित थीं। इन अपभ्रंश भाषाओं की प्रकृति वे विभिन्न प्राकृत-भाषाएँ हैं, जो भारत के विभिन्न प्रदेशों में इन अपभ्रंशों की उत्पत्ति के पूर्वकाल में प्रचलित थीं।

भेद

अपभ्रंश के बहुत भेद हैं, प्राकृतचन्द्रिका में इसके ये सताईस भेद बताये गए हैं।

'ब्राचडो लाटवैदर्भावुपनागरनागरौ। बार्बरावन्त्यपाञ्चालटाक्कमालववैकया ॥
गौडोढ्रैवपाश्चात्यपाण्ड्यकौन्तलसैंहला। कालिंगप्राच्यकार्णाटकाञ्च्यद्राविडगौर्जरा ॥
आभीरो मध्यदेशीय सूक्ष्मभेदव्यस्थिता। सप्तविंशत्यपभ्रंशा वैतालादिप्रभेदत[1] ॥

मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में प्राकृतचन्द्रिका से सताईस अपभ्रंशों के जो लक्षण और उदाहरण उद्धृत किए हैं[2]। वे इतने अपर्याप्त और अस्पष्ट हैं कि खुद मार्कंडेय ने भी इनको सूक्ष्म कह कर नगण्य बताये हैं और इनका पृथग् पृथग् लक्षण निर्देश न कर उक्त समस्त अपभ्रंशों का नागर, ब्राचड और उपनागर इन तीन प्रधान भेदों में ही अन्तर्भाव माना है[3]। परन्तु यह बात मानने योग्य नहीं है, क्योंकि जब यह सिद्ध है कि जिन भाषाओं का उत्पत्ति स्थान भिन्न भिन्न प्रदेश है और जिनकी प्रकृति भी भिन्न भिन्न प्रदेश की भिन्न भिन्न प्राकृत भाषाएँ हैं तब वे अपभ्रंश भाषाएँ भी भिन्न भिन्न ही हो सकती हैं और उन सब का समावेश एक दूसरे में नहीं किया जा सकता। वास्तव में बात यह है कि वे सभी अपभ्रंश भिन्न भिन्न होने पर भी साहित्य में निबद्ध न होने के कारण उन सब के निदर्शन ही उपलब्ध नहीं हो सकते थे। इसीसे प्राकृतचन्द्रिकाकार न उनके स्पष्ट लक्षण ही कर पाये हैं और न तो उदाहरण ही अधिक दे सके हैं। यही कारण है कि मार्कण्डेय ने भी इन भेदों को सूक्ष्म कहकर टाल दिये हैं। जिन अपभ्रंश भाषाओं के साहित्य निबद्ध होने से निदर्शन पाये जाते हैं उनके लक्षण और उदाहरण आचार्य हेमचन्द्र ने केवल अपभ्रंश के सामान्य नाम से और मार्कण्डेय ने अपभ्रंश के तीन विशेष नामों से दिये हैं। आचार्य हेमचन्द्र ने 'अपभ्रंश' इस सामान्य नाम से और मार्कण्डेय ने 'नागरापभ्रंश' इस विशेष नाम से जो लक्षण और उदाहरण दिये हैं वे राजस्थानी-अपभ्रंश या राजपूताना तथा गुजरात प्रदेश के अपभ्रंश से ही सबन्ध रखते हैं। ब्राचडापभ्रंश के नाम से सिन्धप्रदेश के अपभ्रंश के लक्षण और उदाहरण मार्कण्डेय ने अपने व्याकरण में दिये हैं और उपनागर अपभ्रंश का कोई लक्षण न देकर केवल नागर और ब्राचड के मिश्रण को 'उपनागर अपभ्रंश' कहा है। इसके सिवा सौरसेनी-अपभ्रंश के निदर्शन मध्यदेश के अपभ्रंश में पाये जाते हैं। अन्य अन्य प्रदेशों के अथवा महाराष्ट्री, अर्धमागधी, मागधी और पैशाची भाषाओं के जो अपभ्रंश थे उनका कोई साहित्य उपलब्ध न होने से कोई निदर्शन भी नहीं पाये जाते हैं।

उत्पत्ति स्थान

भिन्न भिन्न अपभ्रंश भाषा का उत्पत्ति स्थान भी भारतवर्ष का भिन्न भिन्न प्रदेश है। रुद्रट ने और वाग्भट ने अपने अपने अलङ्कार ग्रन्थ में यह बात संक्षेप में अथच स्पष्ट रूप में इस तरह कही है —

"षष्ठोऽत्र भूरिभेदो देशविशेषादपभ्रंश" (काव्यालङ्कार २, १२)।

'अपभ्रंशस्तु यच्छुद्धं तत्तद्देशेषु भाषितम्" (वाग्भटालङ्कार २, ३)।

आधुनिक आर्य कथ्य भाषाओं की प्रकृति

ख्रिस्त की पञ्चम शताब्दी के पूर्व से लेकर दशम शताब्दी पर्यन्त भारत के भिन्न भिन्न प्रदेश में कथ्य भाषाओं के रूप में प्रचलित जिस जिस अपभ्रंश भाषा से भिन्न-भिन्न प्रदेश की जो जो आधुनिक आर्य कथ्य भाषा (Modern Vernacular) उत्पन्न हुई है उसका विवरण यों है —

---

१. बंगीयसाहित्यपरिषत् पत्रिका १३१७।

२. "टाक्क टक्कभाषानागरोपनागरादिभ्योऽवधारणीयम्। तद्बहुला मालवी। वाडीबहुला पाञ्चाली। उल्लप्राया वैदर्भी। सबोधनाढ्या लाटी। ईकारोकारबहुला औढ्री। सवोप्सा वैकेयी। समासाढ्या गौडी। डकारबहुला कौन्तली। एकारिणी च पाण्ड्या। युक्ताढ्या सैंहली। हियुक्ता कालिंगी। प्राच्या तद्देशीयभाषाढ्या। ज(भ)ट्टादिबहुलाऽऽभीरी वर्णविपर्ययात् कार्णाटी। मध्यदेशीया तद्देशीयाढ्या। संस्कृताढ्या च गौर्जरी। चकारात् पूर्वोक्तटक्कभाषाग्रहणम्। रत(ल)हभा व्यत्ययेन पाश्चात्या। रेफ व्यत्येन द्राविडी। ढकारबहुला वैतालिकी। एओबहुला काञ्ची। शेषा देशभाषाविभेदात्।"

३ 'नागरो ब्राचडश्चोपनागरश्चेति ते त्रय। अपभ्रंशा परे सूक्ष्मभेदत्वान्न पृथङ् मता" (प्रा० स० पृष्ठ ३)। "अन्येषामपभ्रंशानामेष्वेवान्तर्भावः" (प्रा० स० पृष्ठ १२२)।

महाराष्ट्री-अपभ्रंश से मराठी और कोंकणी भाषा।
मागधी-अपभ्रंश की पूर्व शाखा से बंगला, उड़िया और आसामी भाषा।
मागधी-अपभ्रंश की बिहारी शाखा से मैथिली, मगही और भोजपुरिया।
अर्धमागधी अपभ्रंश से पूर्वीय हिन्दी भाषाएँ अर्थात् अवधी, बघेली और छत्तीसगढ़ी।
सौरसेनी-अपभ्रंश से बुन्देली, कन्नौजी, ब्रजभाषा, बाँगरू, हिन्दी या उर्दू ये पाश्चात्य हिन्दी भाषा।
नागर-अपभ्रंश से राजस्थानी, मालवी, मेवाड़ी, जयपुरी, मारवाड़ी तथा गुजराती भाषा।
पालि से सिंहली और मालदीवन।
टाक्की अथवा ढाक्की से लहण्डी या पश्चिमीय पंजाबी।
टाक्की-अपभ्रंश (सौरसेनी के प्रभाव-युक्त) से पूर्वीय पंजाबी।
ब्राचड-अपभ्रंश से सिन्धी भाषा।
पैशाची-अपभ्रंश से काश्मीरी भाषा।

लक्षण — नागर-अपभ्रंश के प्रधान लक्षण ये हैं :—

वर्ण-परिवर्तन

१. भिन्न-भिन्न स्वरों के स्थान में भिन्न-भिन्न स्वर होते हैं; यथा—कृत्य = कच्च, काच, वचन = वेण, वीण, बाहु = बाह, बाहा, बाहु; पृष्ठ = पट्ठि, पिट्ठि, पुट्ठि, तृण = तण, तिण, तुण; सुकृत = सुकिद, सुकृद; लेखा = लिह, लीह, लेह।
२. स्वरों के मध्यवर्ती असंयुक्त क, ख, त, थ, प और फ के स्थान में प्रायः क्रमशः ग, घ, द, ध, व और भ होता है; यथा—विच्छेदकर = विच्छोहगर; सुख = सुघ, कथित = कधिद, शपथ = शवध, सफल = सभल।
३. अनादि और असंयुक्त म के स्थान में वैकल्पिक सानुनासिक व होता है; यथा—कमल = कवँल, कमल, भ्रमर = भवँर, भमर।
४. संयोग में परवर्ती र का विकल्प से लोप होता है; यथा—प्रिय = पिय, प्रिय, चन्द्र = चन्द, चन्द्र।
५. कहीं-कहीं संयोग के परवर्ती य का विकल्प से र होता है; जैसे—व्यास = व्यास, वास, व्याकरण = व्यागरण, वागरण।
६. महाराष्ट्री में जहाँ म्ह होता है वहाँ अपभ्रंश में म्भ और म्ह दोनों होते हैं; यथा— ग्रीष्म = गिम्म, गिम्ह; श्लेष्म = सिम्म, सिम्ह।

नाम-विभक्ति

१. विभक्ति के प्रसंग में ह्रस्व स्वर का दीर्घ और दीर्घ का ह्रस्व प्रायः होता है; यथा—श्यामलः = सामलः, खड्गाः = खग्ग, दृष्टि = दिट्ठि; पुत्री = पुत्ति।
२. साधारणतः सातों विभक्ति के जो प्रत्यय हैं वे नीचे दिये जाते हैं। लिंग-भेद में और शब्द-भेद में अनेक विशेष प्रत्यय भी हैं, जो विस्तार-भय से यहाँ नहीं दिये गए हैं।

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	उ, हो	०
द्वितीया	,,	०
तृतीया	एं	हिं
चतुर्थी	सु, हो, स्सु	हं, ०
पञ्चमी	हे, हु	हुं
षष्ठी	सु, हो, स्सु	हं, ०
सप्तमी	इ, हि	हि

आख्यात-विभक्ति

		एकवचन	बहुवचन
१.	१ पु०	उं	हुं
	२ पु०	हि	ह
	३ पु०	इ, ए	हि

२ मध्यम पुरुष के एकवचन मे आज्ञार्थ मे इ उ और ए होते हैं, यथा—कुरु = करि, करु, करे।

३. भविष्यत्काल मे प्रत्यय के पूर्व मे स आगम होता है, यथा—भविष्यति = होसइ।

कृदन्त

१. तव्य-प्रत्यय के स्थान मे इएव्वउं, एव्वउ और एवा होता है, यथा—कर्तव्य = करिएव्वउं, करेव्वउ, करेवा।

२. त्वा के स्थान में इ, इउ इवि, अवि, एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु, होते हैं, यथा—कृत्वा = करि, करिउ, करिवि, करवि, करेप्पि, करेप्पिणु, करेवि, करेविणु।

३. तुम् प्रत्यय की जगह एव, अण, अणहं, अणहिं एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु होते हैं, यथा—कर्तुम् = करेव, करण करणहं करणहिं, करेप्पि, करेप्पिणु, करेवि, करेविणु।

४. शीलाद्यर्थक तृ-प्रत्यय के स्थान मे अणअ होता है, जैसे—कर्तृ = करणअ, मारयितृ = मारणअ।

तद्धित

१. त्व और ता के स्थान मे प्पण होता है, यथा—देवत्व = देवप्पण, महत्त्व = बहुप्पण।

हम पहले यह कह आये हैं कि वैदिक और लौकिक संस्कृत के शब्दों के साथ तुलना करने पर जिस प्राकृत भाषा मे वर्ण लोप प्रभृति परिवर्तन जितना अधिक प्रतीत हो, वह उतनी ही परवर्ती काल मे उत्पन्न मानी जानी चाहिए। इस नियम के अनुसार, हम देखते हैं कि महाराष्ट्री प्राकृत मे व्यञ्जनों का लोप सर्वापेक्षा अधिक है, इससे वह अन्यान्य प्राकृत-भाषाओं के पीछे उत्पन्न हुई है, ऐसा अनुमान किया जाता है। परन्तु अपभ्रंश में उक्त नियम का व्यत्य देखने में आता है, क्योंकि भिन्न भिन्न प्रदेशों की अपभ्रंश भाषाएँ यद्यपि महाराष्ट्रीके बाद ही उत्पन्न हुई हैं तथापि महाराष्ट्री मे जो व्यञ्जन-वर्ण-लोप देखा जाता है, अपभ्रंश मे उसकी अपेक्षा अधिक नहीं, बल्कि कम ही वर्ण लोप पाया जाता है और ऋ स्वर तथा संयुक्त रकार भी विद्यमान है। इस पर से यह अनुमान करना असंगत नहीं है कि वर्ण लोप की गति ने महाराष्ट्री प्राकृत मे अपनी चरम सीमा को पहुँच कर उसको (महाराष्ट्री को) अस्थि-हीन मॉस पिण्ड की तरह स्वर-बहुल आकार मे परिणत कर दिया। अपभ्रंश मे उसीकी प्रतिक्रिया शुरू हुई, और प्राचीन स्वर एवं व्यञ्जनों को फिर स्थान देकर भाषा को भिन्न आदर्श में गठित करने की चेष्टा हुई। उस चेष्टा का ही यह फल है कि पिछले समय में संस्कृत-भाषा का प्रभाव फिर प्रतिष्ठित होकर आधुनिक आर्य्य भाषाएँ उत्पन्न हुई हैं।

अपभ्रंश शो का भिन्न आदर्श मे गठन

प्राकृत पर संस्कृत का प्रभाव

जैन और बौद्धों ने संस्कृत भाषा का परित्याग कर उस समय की कथ्य भाषा मे धर्मोपदेश को लिपिबद्ध करने की प्रथा प्रचलित की थी। इससे जो दो नया साहित्य भाषाओं का जन्म हुआ था, वे जैन सूत्रों की अर्धमागधी और बौद्ध-धर्म-ग्रन्थ की पालि भाषा है। परन्तु ये दो साहित्य-भाषाएँ और अन्यान्य समस्त प्राकृत भाषाएँ संस्कृत के प्रभाव को उल्लंघन नहीं कर सकी हैं। इस बात का एक प्रमाण तो यह है कि इन समस्त प्राकृत भाषाओं में संस्कृत-भाषा के अनेक शब्द अविकल रूप मे गृहीत हुए हैं। ये शब्द तत्सम कहे जाते हैं। यद्यपि इन तत्सम शब्दों ने प्रथम स्तर की प्राकृत-भाषाओं से ही संस्कृत में स्थान और रक्षण पाया था, तो भी यह स्वीकार करना ही होगा कि ये सब शब्द परवर्ती काल की प्राकृत-भाषाओं मे जो अपरिवर्तित रूप मे व्यवहृत होते थे वह संस्कृत साहित्य का ही प्रभाव था।

इसके अतिरिक्त, संस्कृत के ही प्रभाव से बौद्धों मे एक मिश्र भाषा उत्पन्न हुई थी। महायान-बौद्धों के महावैपुल्य सूत्र नामक कतिपय सूत्र ग्रन्थ हैं। ललितविस्तर, सद्धर्म पुण्डरीक, चन्द्रप्रदीपसूत्र प्रभृति इसके अन्तर्गत हैं। इन ग्रंथों की भाषा मे अधिकांश शब्द तो संस्कृत के हैं ही, अनेक प्राकृत शब्दों के आगे भी संस्कृत की विभक्ति लगा-कर उनको भी संस्कृत के अनुरूप किये गए हैं। पाश्चात्य विद्वानों ने इस भाषा को 'गाथा' नाम दिया है। परन्तु यहाँ पर यह कहना आवश्यक है कि इसका यह 'गाथा' नाम असंगत है, क्योंकि यह संस्कृत मिश्रित प्राकृत का प्रयोग उक्त ग्रंथों के केवल पद्यांशों मे ही नहीं, बल्कि गद्यांश मे भी देखा जाता है। इससे इन ग्रंथों की भाषा को 'गाथा' न कहकर 'प्राकृत मिश्र-संस्कृत' या 'संस्कृत मिश्र प्राकृत' अथवा संक्षेप मे मिश्र भाषा ही कहना उचित है।

गाथा भाषा

डॉ. बर्नेफ और डॉ राजेन्द्र लाल मित्र का मत है कि, 'संस्कृत भाषा, क्रमश परिवर्तित होती हुई प्रथम गाथा भाषा के रूप मे और बाद के पालि भाषा के आकार मे परिणत हुई है। इस तरह गाथा भाषा संस्कृत और पालि की मध्यवर्ती

होने के कारण इन दोनों के (संस्कृत और पालि के) लक्षणों से आक्रान्त है।' यह सिद्धान्त सर्वथा भ्रान्त है, क्योंकि हम यह पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर चुके हैं कि संस्कृत भाषा क्रमशः परिवर्तित होकर पालि भाषा में परिणत नहीं हुई है, किन्तु पालि-भाषा वैदिक-युग की एक प्रादेशिक भाषा से ही उत्पन्न हुई है। और, गाथा-भाषा पालि-भाषा के पहले प्रचलित न थी, क्योंकि गाथा भाषा के समस्त ग्रन्थों का रचना काल ख्रिस्त-पूर्व दो सौ वर्षों से लेकर ख्रिस्त की तृतीय शताब्दी पर्यन्त का है, इससे गाथा-भाषा बहुत तो पालि भाषा की समकालीन हो सकती है, न कि पालि भाषा की पूर्वावस्था। यह भाषा संस्कृत के प्रभाव को कायम रखकर विभिन्न प्राकृत भाषाओं के मिश्रण से बनी है, इसमें सन्देह नहीं है। यही कारण है कि इसके शब्दों को प्रस्तुत कोष में स्थान नहीं दिया गया है।

गाथा-भाषा का थोड़ा नमूना ललितविस्तर से यहाँ उद्धृत किया जाता है :—

"अध्रुवं त्रिभवं शरदभ्रनिभ, नटरङ्गसमा जगि जन्मि च्युति।
गिरिनद्यसम लघुशीघ्रजवं, व्रजतायु जगे यथ विद्यु नभे ॥ १ ॥'
"उदकचन्द्रसमा इमि कामगुणा, प्रतिबिम्ब इवा गिरिघोष यथा।
प्रतिभाससमा नटरङ्गसमास्तथ स्वप्नसमा विदितार्यजनैः ॥ १ ॥" (पृष्ठ २०४, २०६)।

बुद्धदेव और उसके सारथी की आपस में बातचीत :—

"एषो हि देव पुरुषो जरयाभिभूत., क्षीणेन्द्रिय. सुदु खितो बलवीर्यहीन.।
बन्धुजनेन परिभूत अनाथभूत., कार्यासमर्थ अपविद्ध वनेव दारु ॥
कुलधर्म एष अयमस्य हि त्वं भणाहि, अथवापि सर्वजगतोऽस्य इयं ह्यवस्था।
शीघ्रं भणाहि वचनं यथभूतमेतत्, श्रुत्वा तथार्थमिह योनि संचिन्तयिष्ये ॥
नैतस्य देव कुलधर्म न राष्ट्रधर्म, सर्वं जगस्य जर यौवन धर्षयाति।
तुभ्यपि मातृपितृबान्धवज्ञातिसंघो, जरया अमुक्त नहि अन्यगतिर्जनस्य ॥
धिक् सारथे अबुधबालजनस्य बुद्धिर्यद् यौवनेन मदमत्त जरा न पश्ये।
आवर्तयस्विह रथ पुनरह प्रवेक्ष्ये, किं मह्य क्रीडरतिभिर्जरया श्रितस्य ॥"

संस्कृत पर प्राकृत का प्रभाव

पहले जो यह कहा जा चुका है कि वैदिक काल के मध्यदेश-प्रचलित प्राकृत से ही वैदिक संस्कृत उत्पन्न हुआ है और वह साहित्य और व्याकरण के द्वारा क्रमशः मार्जित और नियन्त्रित होकर अन्त में लौकिक संस्कृत में परिणत हुआ है; एवं प्राकृत के अन्तर्गत समस्त तत्सम शब्द संस्कृत से नहीं, परन्तु प्रथम स्तर के प्राकृत से ही संस्कृत में और द्वितीय स्तर के प्राकृत में आये हैं; प्राकृत के अन्तर्गत तद्भव शब्द भी संस्कृत से प्राकृत में गृहीत न होकर प्रथम स्तर के प्राकृत से ही क्रमशः परिवर्तित होकर परवर्ती काल के प्राकृत में स्थान पाये हैं और संस्कृत व्याकरण-द्वारा नियन्त्रित होने से वे शब्द संस्कृत में अपरिवर्तित रूप में ही रह गये हैं, इसी तरह प्राकृत के अधिकांश देशी-शब्द भी वैदिक काल के मध्यदेश-भिन्न अन्यान्य प्रदेशों के आर्य-उपनिवेशों की प्राकृत-भाषाओं से ही बाद की प्राकृत-भाषाओं में आये हैं; इससे उन्होंने (देशी शब्दों ने) मध्यदेश के प्राकृत से उत्पन्न वैदिक और लौकिक संस्कृत में कोई स्थान नहीं पाया है। इस पर से यह सहज ही समझा जा सकता है कि प्राकृत ही संस्कृत भाषा का मूल है।

अब इस जगह हम यह बताना चाहते हैं कि प्राकृत से न केवल वैदिक और लौकिक संस्कृत भाषाएँ उत्पन्न ही हुई हैं, बल्कि संस्कृत ने मृत होकर साहित्य-भाषा में परिणत होने पर भी अपनी अंग पुष्टि के लिए प्राकृत से ही अनेक शब्दों का संग्रह किया है। ऋग्वेद आदि में प्रयुक्त वंक (वक्र), वहू (वधू), मेह (मेघ), पुराण (पुरातन), तितउ (चालनी), उच्छेक (उत्सेक), प्रभृति शब्द और लौकिक संस्कृत में प्रचलित तितउ (चालनी), आवुत्त (भगिनीपति), खुर (क्षुर), गोखुर (गोक्षुर), गुग्गुलु (गुग्गुलु), छुरिका (क्षुरिका), अच्छ (ऋक्ष), कच्छ (कक्ष), पियाल (प्रियाल), गल्ल (गण्ड), चन्दिर (चन्द्र), इन्दिर (इन्द्र), शिथिल (श्लथ), मरन्द (मकरन्द), किसल (किसलय), हाला (सुराविशेष), हेयाक (व्यसन), दाढा (दंष्ट्रा), खिडकिया (लघुद्वार, भाषा में खिड़की), जारुज (जरायुज), पुराण (पुरातन) वगैरह शब्द प्राकृत

से ही अविकल रूप में गृहीत हुए हैं और मारिष (मार्ष), जहिष्यसि (हास्यसि), ब्रूमि (ब्रवीमि), निकृन्तन (निकर्तन), लटभ (सुन्दर), प्रभृति प्राकृत के ही मूल शब्द माजित कर संस्कृत में लिए गए हैं।

प्राकृत-भाषाओं का उत्कर्ष

कोई भी कथ्य भाषा क्यों न हो, वह सर्वदा ही परिवर्तन-शील होती है। साहित्य और व्याकरण उसको नियम के बन्धन में जकड़कर गति-हीन और अपरिवर्तनीय करते हैं। उसका फल यह होता है कि साहित्य की भाषा क्रमशः कथ्य भाषा से भिन्न हो जाती है और जन-साधारण में अप्रचलित मृत-भाषा में परिणत होती है। साहित्य की हरकोई भाषा एक समय की कथ्य भाषा से ही उत्पन्न होती है और वह जब मृत-भाषा में परिणत होती है तब कथ्य भाषा से फिर एक नयी साहित्य की भाषा की सृष्टि होती है। इस तरह एक समय की कथ्य भाषा से ही वैदिक और लौकिक संस्कृत उत्पन्न हुई थी और वह साधारण के पक्ष में दुर्बोध होने पर अर्धमागधी, पालि आदि प्राकृत भाषाओं ने साहित्य में स्थान पाया था। ये सब प्राकृत-भाषाएँ भी समय पाकर जन-साधारण में दुर्बोध हो जाने पर संस्कृत की तरह मृत-भाषा में परिणत हो गईं और भिन्न-भिन्न प्रदेश की अपभ्रंश भाषाएँ साहित्य-भाषाओं के रूप में व्यवहृत होने लगीं। अपभ्रंश-भाषाएँ भी जब दुर्बोध होकर मृत-भाषाओं में परिणत हो चलीं तब हिन्दी, बंगला, गुजराती, मराठी प्रभृति आधुनिक आर्य कथ्य भाषाएँ साहित्य की भाषाओं के रूप में गृहीत हुई हैं। उक्त समस्त कथ्य भाषाएँ उस उस युग की साहित्य की मृत-भाषाओं की तुलना में अवश्य ऐसे कतिपय उत्कर्षों से विशिष्ट होनी चाहिए जिनकी बदौलत ही ये उस-उस समय की मृत-भाषाओं को साहित्य के सिंहासन से च्युत कर उस सिंहासन को अपने अधिकार में कर पायी थीं। अब यहाँ हमें यह जानना जरूरी है कि ये उत्कर्ष कौन थे ?

हरकोई भाषा का सर्व-प्रथम उद्देश्य होता है अर्थ-प्रकाश। इसलिए जिस भाषा के द्वारा जितने स्पष्ट रूप से और जितने अल्प प्रयास से अर्थ-प्रकाश किया जाय वह उतनी ही उत्कृष्ट भाषा मानी जाती है। इन दो कारणों के वश होकर ही भाषा का निरन्तर परिवर्तन साधित होता है और भिन्न भिन्न काल में भिन्न-भिन्न कथ्य-भाषाओं से नयी नयी साहित्य भाषाओं की उत्पत्ति होती है। वैदिक संस्कृत क्रमशः लुप्त होकर लौकिक संस्कृत की उत्पत्ति उक्त दो कारणों से ही हुई थी। वैदिक शब्द-समूह अप्रचलित होने पर उसके अनावश्यक प्रकृति और प्रत्ययों को बाद देकर जो सहज ही समझ में आ सके वैसी प्रकृति और प्रत्ययों का संग्रह कर वैदिक भाषा से लौकिक संस्कृत की उत्पत्ति हुई थी। संस्कृत-भाषा के प्रकृति प्रत्यय काल-क्रम से अप्रचलित होकर जब दुरूह-बोध्य हो उठे तब उस समय की कथ्य भाषाओं से ही स्पष्टार्थक, सुखोच्चारण योग्य, मधुर और कोमल प्रकृति-प्रत्ययों का संग्रह कर संस्कृत के अनावश्यक, दुर्बोध, कष्टोच्चारणीय, कठोर और कर्कश प्रकृति-प्रत्यय सन्धि समासों का वर्जन कर अर्धमागधी, पाली और अन्यान्य प्राकृत-भाषाएँ साहित्य-भाषाओं के रूप में व्यवहृत होने लगीं। यदि इन सब नूतन साहित्य-भाषाओं में संस्कृत की अपेक्षा अर्थ-प्रकाश की अधिक शक्ति, अल्प आयास से और सुख से उच्चारण योग्यता प्रभृति गुण न होते तो ये कभी भी संस्कृत जैसी समृद्ध भाषा को साहित्य के सिंहासन से च्युत करने में समर्थ न होतीं। काल-क्रम से ये सब प्राकृत-साहित्य-भाषाएँ भी जब व्याकरण द्वारा नियन्त्रित होकर अप्रचलित और जन-साधारण में दुर्बोध हो चलीं तब उस समय प्रचलित प्रादेशिक अपभ्रंश भाषाओं ने इनको हटाकर साहित्य भाषाओं का स्थान अपने अधिकार में किया। यहाँ पर यह प्रश्न हो सकता है कि साहित्य की प्राकृत भाषाओं की अपेक्षा इन अपभ्रंश-भाषाओं में वह कौन सा गुण था जिससे ये अपने पहले की प्राकृत साहित्य-भाषाओं को परास्त कर उनके स्थान को अपने अधिकार में कर सकीं ? इसका उत्तर यह है कि कोई भी गुण चरम सीमा में पहुँच जाने पर फिर वह गुण ही नहीं रहने पाता, वह दोष में परिणत हो जाता है। संस्कृत की अपेक्षा प्राकृत-भाषाओं में यह उत्कर्ष था कि इनमें संस्कृत के कर्कश और कष्टोच्चारणीय असयुक्त और संयुक्त व्यञ्जन वर्णों के स्थान में सब कोमल और सुखोच्चारणीय वर्ण व्यवहृत होते थे। किन्तु इस गुण की भी सीमा है, महाराष्ट्री प्राकृत में यह गुण सीमा का अतिक्रम कर गया, यहाँतक कि संस्कृत के अनेक व्यञ्जनों का एकदम ही लोप कर उनके स्थान में स्वर-वर्णों की परम्परा-द्वारा समस्त शब्द गठित होने लगे। इससे इन शब्दों के उच्चारण सुख साध्य होने के बदले अधिकतर कष्टसाध्य हुए, क्योंकि बीच बीच में व्यञ्जन-वर्णों से व्यवहित न होकर केवल स्वर-परम्परा का उच्चारण करना कष्टकर होता है। इस तरह प्राकृत-भाषा महाराष्ट्री-प्राकृत में आकर जब इस चरम अवस्था में उपनीत हुई तबसे ही इसका पतन अनिवार्य हो उठा। इसकी प्रतिक्रिया-

स्वरूप अपभ्रंश भाषाओं में नूतन व्यञ्जन वर्ण बैठा कर सुखोच्चारण योग्यता करने की चेष्टा हुई। इसका फल यह हुआ कि प्रादेशिक अपभ्रंश भाषाएँ साहित्य की भाषाओं के रूप में उन्नीत हुईं। आधुनिक प्रादेशिक आर्य-भाषाएँ भी प्राकृत भाषाओं के उस दोष का पूर्ण संशोधन करने के लिए नूतन संस्कृत शब्दों को ग्रहण कर अपभ्रंशों के स्थान को अपने अधिकार में करके नवीन साहित्य-भाषाओं के रूप में परिणत हुईं। आधुनिक आर्य भाषाओं में पूर्ववर्ती प्राकृतों और अपभ्रंशों की अपेक्षा उत्कर्ष यह है कि इन्होंने शब्दों के सम्बन्ध में प्राकृत और संस्कृत को मिश्रित कर उभय के गुणों का एक सुन्दर सामञ्जस्य किया है। इनके तद्भव और देश्य शब्दों में प्राकृत की कोमलता और मधुरता है और तत्सम शब्दों में संस्कृत की ओजस्विता। आधुनिक आर्य भाषाओं में संस्कृत और प्राकृत दोनों की अपेक्षा उत्कर्ष यह है कि ये संस्कृत और प्राकृतों के अनावश्यक लिंग, वचन और विभक्तियों के भेदों का वर्जन कर, उनके बदले भिन्न भिन्न स्वतन्त्र शब्दों के द्वारा लिंग, वचन और विभक्तियों के भेदों को प्रकाशित कर और संस्कृत तथा प्राकृतों के विभक्ति-बहुल स्वभाव का परित्याग कर विश्लेषण शील भाषा में परिणत हुई हैं। इस तरह इन भाषाओं ने अल्प आयास से वक्ता के अर्थ को अधिकतर स्पष्ट रूप में प्रकाशित करने का मार्ग प्रदर्शन किया है। उक्त गुणों के कारण ही आधुनिक आर्य भाषाओं ने वैदिक संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश इन सब साहित्य भाषाओं के स्थान पर अपना अधिकार जमाया है।

संस्कृत की अपेक्षा प्राकृत भाषाओं में जो उत्कर्ष—गुण ऊपर बताये हैं वे अनेक प्राचीन ग्रन्थकारों ने पहले ही प्रदर्शित किये हैं। उनके ग्रन्थों से, प्राकृत के उत्कर्ष के सम्बन्ध में, कुछ वचन यहाँ पर उद्धृत किए जाते हैं —

[1] 'अमिअं पाउअ कव्वं पढिउं सोउं च जे ण आणंति।
कामस्स तत्त-तंतिं कुणंति, ते कह ण लज्जंति ?॥ (हाल की गाथासप्तशती १, २)।

अर्थात् जो लोग अमृतोपम प्राकृत-काव्य को न तो पढ़ना जानते हैं और न सुनना जानते हैं अथच काम तत्त्व की आलोचना करते हैं उनको शरम क्यों नहीं आती ?

[2] 'उम्मिल्लइ लावण्णं पयइ-च्छायाए संसकय-वयाणं।
संसकयं सक्कारुक्करिसेणं पययस्सवि पहावो॥' (वाक्पतिराज का गउडवहो ६५)।

अण्णोण्ण देखो अण्णुण्ण, 'अण्णोण्णसमणुबद्धं णिच्छयओ भणियविसयं तु' (पंचा ६, स्वप्न ५२)।

अण्णोसरिअ वि [दे] अतिक्रान्त, उल्लंघित (दे १, ३९)।

अण्ह सक [भुज्] १ खाना, भोजन करना। २ पालन करना। ३ ग्रहण करना। अण्हइ (हे ४, ११०, षड्)। अण्हाइ (औप)। अण्हए (कुमा)।

°अण्ह न [अह्न्] दिवस, दिन, 'पुव्वावरण्हकालसमयंसि' (उवा)।

अण्हग } पु [आश्रव] कर्म-बन्ध के कारण
अण्हय } हिंसादि (पण्ह १,१,५, औप)।

°अण्हा स्त्री [तृष्णा] तृषा, प्यास (गा ९३)।

अण्हेअअ वि [दे] भ्रान्त, भूला हुआ (दे १, २१)।

अतक्किय वि [अतर्कित] १ अचिन्तित, आकस्मिक, 'अतक्कियमेव एरिस वसणमह पत्ता' (महा)। २ ठीक-ठीक नहीं देखा हुआ, अपरिलक्षित (वव ८)। ३ क्रिवि 'अतक्किय चेव ° विहरिओ रायहत्थी' (महा)।

अतड न [अतट] छोटा किनारा, 'अतडुव वातो सो चेव मग्गो' (बृह १)।

अतण्हाअ वि [अतृष्णाक] तृष्णा रहित, निःस्पृह (अच्चु ९४)।

अतत्त न [अतत्त्व] असत्य, झूठ, गैरव्याजबी (उप ५०८)।

अतत्थ वि [अत्रस्त] नहीं डरा हुआ निर्भीक (कुमा)।

अतत्थ वि [अतथ्य] असत्य, झूठा (आचा)।

अतर देखो अयर (पव १, कम्म ५, भवि)।

अतव पुन [अतपस्] १ तपश्चर्या का अभाव (उत्त २३)। २ वि तप रहित (बृह ४)।

अतस पु [अस्तस] अ प्रशंसा, निन्दा (कुमा)।

अतसी देखो अयसी (पण्ण १)।

अतह वि [अतथ] असत्य, अवास्तविक, झूठा (सूअ १,१,२ आचा)।

अतह वि [अतथा] उस माफिक नहीं,
'जाओ चिय कायव्वे उच्छाहंति गरुयाण कित्तीओ।
ताओ चिय अतह-णिवेयणेण अलसेंति हिययाइं' (गउड)।

अतार वि [अतार] तरने को अशक्य (णाया १, ६, १४)।

अतारिम वि [अतारिम] ऊपर देखो (सूअ १, ३, २)।

अतिउट्ट अक [अति + त्रुट्] १ खूब टूटना, टूट जाना। २ सब बन्धन से मुक्त होना। अतिउट्टइ (सूअ १, १५, ५)।

अतिउट्ट सक [अति + वृत्] १ उल्लंघन करना। २ व्याप्त होना। °तिउट्टइ (सूअ १, १५, ६ टी)।

अतिउट्ट वि [अतिवृत्त] १ अतिक्रान्त। २ अनुगत, व्याप्त 'जसो गुहाए जलणेतिउट्टे अविजाणओ डज्झइ लुत्तपण्णो' (सूअ १,५, १,१२)।

अतित्थ न [अतीर्थ] १ तीर्थ (चतुर्विध संघ) का अभाव, तीर्थ की अनुत्पत्ति। २ वह काल, जिसमें तीर्थ की प्रवृत्ति न हुई हो या उसका अभाव रहा हो (पण्ण १)। °सिद्ध वि [°सिद्ध] अतीर्थ काल में जो मुक्त हुआ हो वह, 'अतित्थसिद्धा य मरुदेवी' (नव ५६)।

अतिहि देखो अइहि।

अतीगाढ वि [अतिगाढ] १ अति-निविड। २ क्रिवि. अत्यंत, बहुत 'अतीगाढ भीओ जक्खाहिवो' (पउम ८, ११३)।

अतुल वि [अतुल] अनुपम, असाधारण (पण्ह १, १)।

अतुलिय वि [अतुलित] असाधारण, अद्वितीय (भवि)।

अत्त देखो अप्प = आत्मन् (सुर ३, १७४, सम ५७ णंदि)। °लाभ पु [°लाभ] स्वरूप की प्राप्ति, उत्पत्ति (कम्म २, २५)।

अत्त वि [आर्त्त] पीड़ित, दुःखित, हैरान (सुर ३, १४३, कुमा)।

अत्त वि [आत्त] १ गृहीत, लिया हुआ (णाया १, १)। २ स्वीकृत, मंजूर किया हुआ (ठा २, ३)। ३ पु ज्ञानी मुनि (बृह १)।

अत्त वि [आप्त] १ ज्ञानादि-गुण-संपन्न, गुणी। २ राग-द्वेष वर्जित, वीतराग। ३ प्रायश्चित्त-दाता गुरु,
'नाणमाईणि अत्ताणि, जेण अत्तो उ सो भवे।
रागद्दोसपहीणा वा, जे व इट्ठा विसोहिए' (वव १०)। ४ साधु, मुनि (सूअ १, १०)। ५ एकान्त हितकर (भग १४, ९)। ६ प्राप्त, मिला हुआ (वव १०) 'अत्तप्पसण्णनेत्ते' (उत्त १२)।

अत्त वि [आत्र] दुःख का नाश करनेवाला, सुख का उत्पादक (भग १४, ९)।

अत्त अ [अत्र] यहां, इस स्थान में (नाट)। °भव वि [°भवत्] पूज्य, माननीय (अभि ६१, पि २९३)।

अत्तअ देखो अत्थय = अस्त (आह २१)।

अत्तकम्म वि [आत्मकर्मन्] १ जिसने कर्म-

बन्धन हो वह। २ पुं. आधाकर्म दोष (पिंड ६५)।

अत्तट्ठ वि [आत्मार्थ] १ आत्मीय, स्वकीय (धर्म २)। २ पुं. स्वार्थ, 'इह कामनियत्तस्स अत्तट्ठे नावरज्झइ' (उत्त ८)।

अत्तट्ठिय वि [आत्मार्थिक] १ आत्मीय। २ जो अपने लिए किया गया हो, 'उक्खडं भोयण माहणाणं अत्तट्ठियं सिद्धमहेगपक्खं' (उत्त १२)।

अत्तण } देखो अप्प = आत्मन् (मुच्छ
अत्तणअ } २३६)। °केरक वि [आत्मीय] निजी, स्वकीय (नाट, पि ४०१)।

अत्तणअ } (शौ) वि [आत्मीय] स्वकीय,
अत्तणक } अपना, निजका (पि २७७, नाट)।

अत्तणिज्जिय वि [आत्मीय] स्वकीय (ठा ३, १)।

अत्तणीअ (शौ) ऊपर देखो (स्वप्न २७)।

अत्तमाण देखो आवत्त = आ + वृत्।

अत्तय पुं [आत्मज] पुत्र, लड़का। °या स्त्री [°जा] पुत्री, लड़की (विपा १. १)।

अत्तव्व वि [अत्तव्य] खाने लायक, भक्ष्य (नाट)।

अत्ता स्त्री [दे] १ माता, माँ (दे १, ५१; चारु ७०)। २ सासू (दे १, ५१; गा ६६७, हेका ३०)। ३ फूफा। ४ सखी (दे १, ६१)। °अत्ता देखो जत्ता (प्रति ८२)।

अत्ताण देखो अत्त = आत्मन्, (पि ४०१)।

अत्ताण वि [अत्राण] १ शरण-रहित, रक्षक-वर्जित (पण्ह १, १)। २ पु. कन्धे पर लाठी रखकर चलनेवाला मुसाफिर। ३ फटे-टूटे कपड़े पहनकर मुसाफिरी करनेवाला यात्री (बृह १)।

अत्ति पुं [अत्रि] इस नाम का एक ऋषि (गउड)।

अत्ति स्त्री [अर्त्ति] पीड़ा, दुःख (कुमा, सुपा १८५)। °हर वि [°हर] पीड़ा-नाशक, दुःख का नाश करनेवाला (अभि १०३)।

अत्तिहरी स्त्री [दे] दूती, समाचार पहुँचानेवाली स्त्री (षड्)।

अत्तीकर सक [आत्मी + कृ] अपने अधीन करना, वश करना। अत्तीकरेइ, वकृ. अत्तीकरत (निचू ४)।

अत्तीकरण न [आत्मीकरण] अपने वश करना (निचू ४)।

अत्तुक्करिस } पुं [आत्मोत्कर्ष] अभिमान,
अत्तुक्कोस } गर्व, 'तम्हा अत्तुक्करिसो वज्जेयव्वो जइजणेणं' (सूत्र १, १३; सम ७१)।

अत्तुक्कोसिय वि [आत्मोत्कर्षिक] गर्विष्ठ, अभिमानी (औप)।

अत्तेय पुं [आत्रेय] १ अत्रि ऋषि का पुत्र (वि १०, ८३)। २ एक जैन मुनि (विसे २७६९)।

अत्तो अ [अतस्] १ इससे, इस हेतु से (गउड)। २ यहाँ से (प्रामा)।

अत्थ देखो अट्ठ = अर्थ (कुमा; उप ७२८; ८८४ टी, जी १; प्रासू ६५, गउड), 'अरोइअत्थे कहिए विलावो' (गोय ७), 'अत्थसद्दो फलत्थोय' (विसे १०३६, १२४३)। °जोणि स्त्री [°योनि] धनोपार्जन का उपाय, साम, दाम, दण्ड रूप अर्थ-नीति (ठा ३, ३)। °णय पुं [°नय] शब्द को छोड़ अर्थ को ही मुख्य वस्तु माननेवाला पक्ष (अणु)। °सत्थ न [शास्त्र] अर्थ शास्त्र, सपत्ति शास्त्र (णाया १, १)। °वइ पुं [°पति] १ धनी। २ कुबेर (वव ७)। °वाय पु [°वाद] १ गुणवर्णन। २ दोष-निरूपण। ३ गुण वाचक शब्द। ४ दोष-वाचक शब्द (विसे)। °वि वि [°वित्] अर्थ का जानकार (पिंड १ भा)। °सिद्ध वि [°सिद्ध] १ प्रभूत धनवाला (जं ७)। २ पुं. ऐरवत क्षेत्र के एक भावी जिनदेव (तित्थ)। °लिय न [°लीक] धन के लिए असत्य बोलना (पण्ह १, २)। °लोयण न [°लोचन] पदार्थ का सामान्य ज्ञान (आचू १)। °लोयण न [°लोकन] पदार्थ का निरीक्षण,

'अत्थालोयण-तरला, इयरकईण भमति बुद्धीओ।
अत्थच्चेय निरारम्भमेति हिययं कइन्दाणं॥' (गउड)।

अत्थ पुं [अस्त] १ जहाँ सूर्य अस्त होता है वह पर्वत (से १०, १०))। २ मेरु पर्वत (सम ६५)। ३ वि. अविद्यमान (णाया १, १३)। °गिरि पुं [°गिरि] अस्ताचल (सुर ३, २७७, पउम १६, ४५)। °सेल पु [°शैल] अस्ताचल (सुर ३, २२९)। °चल पुं [°चल] अस्त-गिरि (कप्पू)।

अत्थ न [अस्त्र] हथियार, आयुध (पउम ८, ५०; से १४, ६१)।

अत्थ सक [अर्थय्] मागना, याचना करना, प्रार्थना करना, विज्ञप्ति करना। अत्थयए (निचू ४)।

अत्थ अक [स्था] बैठना। अत्थइ (आरा ७१)।

अत्थ } देखो अत्त = अत्र (कप्प, पि २९३,
अत्थं } ३६१)।

अत्थंडिल वि [अस्थण्डिल] साधुओं के रहने के लिए अयोग्य स्थान, क्षुद्र जन्तुओं से व्याप्त स्थान (ओघ १३)।

अत्थंत वकृ [अस्तं यत्] अस्त होता हुआ (वज्जा २२)।

अत्थकिरिआ स्त्री [अर्थक्रिया] वस्तु का व्यापार, पदार्थ से होनेवाली क्रिया (धर्मसं ४६९)।

अत्थक्क न [दे] १ अकाण्ड, अकस्मात्, बेसमय (उप ३३०; से ११, २४, आ ३०; भवि); 'अत्थक्कगज्जिउब्भतहित्थहिअआ पहिअजाआ' (गा ३८६)। २ वि. अखिन्न (वज्जा ६)। ३ क्रिवि. अनवरत, हमेशा (गउड)।

अत्थग्घ वि [दे] १ मध्य-वर्ती, बीच का, 'सभए अत्थग्घे वा ओइण्णेसु घणं पट्ट' (ओघ ३४)। २ अगाध, गभीर। ३ न. लम्बाई, आयाम। ४ स्थान, जगह (दे १, ५४)।

अत्थण न [अर्थन] प्रार्थना, याचना (उप ७२८ टी)।

अत्थणिऊर पुन [अर्थनिपूर] देखो अच्छणिउर (अणु ९९)।

अत्थणिऊरंग पुंन [अर्थनिपूराङ्ग] देखो अच्छणिउरंग (अणु ९९)।

अत्थत्थि वि [अर्थार्थिन्] धन की इच्छावाला (उव १३९)।

अत्थम अक [अस्तम् + इ] अस्त होना, अदृश्य होना। अत्थमइ (पि ५५८)। वकृ. अत्थमंत (पउम ८२, ५९)।

अत्थमण न [अस्तमयन] अस्त होना, अदृश्य होना (ओघ ५०७, से ८, ८५; गा २८४)।

अत्थमाविय वि [अस्तमापित] अस्त करवाया हुआ (सम्मत्त १६१)।

अत्थमिय वि [अस्तमित] १ अस्त हुआ,

डूब गया, अदृश्य हुआ (ओघ ५०७, महा, सुपा १५५)। २ हीन, हानि-प्राप्त (ठा ४,३)।

अत्थयारिआ स्त्री [दे] सखी, वयस्या (दे १ १६)।

अत्थर सक [आ+स्तृ] बिछाना, शय्या करना, पसारना। अत्थरइ (उव)। संकृ. अत्थरिऊण (महा)।

अत्थरण न [आस्तरण] १ बिछौना, शय्या (से १४, ५०)। २ बिछाना, शय्या करना (विसे २३२२)।

अत्थरय वि [आस्तरक] १ आच्छादन करनेवाला (राय)। २ पुं. बिछौने के ऊपर का वस्त्र (भग ११, ११; कप्प)।

अत्थरय वि [अस्तरजस्क] निर्मल, शुद्ध (भग ११, ११)।

अत्थयण देखो अत्थमण (भवि)।

अत्थसिद्ध पुं [अर्थसिद्ध] पक्ष का दशवाँ दिवस, दशमी तिथि (सुज्ज १०, १४)।

अत्था देखो अट्ठा = आत्मा।

अत्था } सक [अस्तायि] अस्त होना,
अत्थाअ } डूब जाना, अदृश्य होना। अत्थाइ, अत्थाए (पउम ७३, ३५)। अत्थाअंति (से ७, २३)। वकृ. अत्थाअंत (से ७, ६६)।

अत्थाअ वि [अस्तमित] अस्त हुआ, डूबा हुआ 'तावच्चिय दिवसयरो अत्थाओ विगयकिरणसपाओ' (पउम १०,६६; से ६,५२)।

अत्थाइया स्त्री [दे] गोष्ठी मण्डप (स ३६)।

अत्थाण न [आस्थान] सभा, सभा-स्थान (सुर १, ८०)।

अत्थाणिय वि [अस्थानिन्] गैर-स्थान में लगा हुआ, 'अत्थाणियनयणहिं' (भवि)।

अत्थाणी स्त्री [आस्थानी] सभा-स्थान (कुमा)।

अत्थाणीअ वि [आस्थानीय] सभा-संबन्धी (कुप्र ७८)।

अत्थाम वि [अस्थामन्] बल-रहित, निर्बल (णाया १,१)।

अत्थार पुं [दे] महत्ता, माहात्म्य (दे १,६, णाय)।

अत्थारिग पुं [दे] नौकर, कर्मचारी (कप्प ६)।

अत्थावत्ति स्त्री [अर्थापत्ति] अनुक्त अर्थ की कल्पना से समझना, एक प्रकार का अनुमान-ज्ञान, जैसे 'देवदत्त पुष्ट है और दिन में नहीं खाता है' इस वाक्य से 'देवदत्त रात में खाता है' ऐसा अनुक्त अर्थ का ज्ञान (उप ६६८)।

अत्थाह वि [अस्ताघ] १ अथाह, थाह-रहित, गंभीर (णाया १, १४)। २ नासिका के ऊपर का भाग भी जिसमें डूब सके इतना गहरा जलाशय (बृह ४)। ३ पुं. अतीत चौबीसी में भारत में समुत्पन्न इस नाम के एक तीर्थंकर-देव (पव ६)।

अत्थाह वि [दे] देखो अत्थग्घ (दे १, ५४; भवि)।

अत्थि वि [अर्थिन्] १ याचक, माँगनेवाला (सुर १०,१००)। २ धनी, धनवाला (पंचा)। ३ मालिक, स्वामी (विसे)। ४ गरज़ू, चाहनेवाला;

'अणाओ धणत्थियाणं, कामत्थीणं च सव्वकामकरो।
सग्गापवग्गमग्गहेऊ जिणदेसिओ धम्मो॥'
(महा)।

अत्थि न [अस्थि] हाड, हड्डी (महा)।

अत्थि अ [अस्ति] १ सत्त्व-सूचक अव्यय है, 'अत्थेगइया मुंडा भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइया' (औप), 'अत्थि णं भंते! विमाणाइं' (जीव ३)। २ प्रदेश, अवयव; 'चत्तारि अत्थिकाया' (ठा ४, ४)। °अवत्तव्व वि [°अवक्तव्य] सप्तभङ्गी का पांचवाँ भङ्ग, स्वकीय द्रव्य आदि की अपेक्षा से विद्यमान और एक ही साथ कहने को अशक्य पदार्थ;

'सब्भावाइट्ठो देसो देसो अ उभयहा पन्न।
तं अत्थिमवत्तव्वं च होइ दविअं विभयणया'
(सम्म ३८)।

°काय पुं [°काय] प्रदेशों का—अवयवों का समूह (सम १०)। °णत्थिवत्तव्व वि [°नास्त्यवक्तव्य] सप्तभङ्गी का सातवाँ भङ्ग, स्वकीय द्रव्यादि की अपेक्षा से विद्यमान, परकीय द्रव्यादि की अपेक्षा से अविद्यमान और एक ही समय में दोनों धर्मों से कहने को अशक्य पदार्थ,

'सब्भावासब्भावे, देसो देसो अ उभयहा जम्हा।
तं अत्थिणत्थिवत्तव्वं च दविअं विभयणया'
(सम्म ४०)।

°त्त न [°त्व] सत्त्व, विद्यमानता, हयाती (सुर २, १४२)। °त्ता स्त्री [°ता] सत्त्व, हयाती (उप पृ ३७४)। °त्तिनय पुं [°इतिनय] द्रव्यार्थिक नय (विसे ३३७)। °नत्थि वि [°नास्ति] सप्तभङ्गी का तीसरा भङ्ग—प्रकार, स्वद्रव्यादि की अपेक्षा से विद्यमान और परकीय द्रव्यादि की अपेक्षा से अविद्यमान वस्तु;

'अह देसो सब्भावे देसोसब्भावपज्जवे नियओ।
तं दवियमत्थिनत्थि अ, आएसविसेसियं जम्हा'
(सम्म ३७)।

°नत्थिप्पवाय न [°नास्तिप्रवाद] बारहवें जैन अङ्ग-ग्रन्थ का एक भाग, चौथा पूर्व (सम २६)।

अत्थिक्क न [आस्तिक्य] आस्तिकता, आत्मा-परलोक आदि पर विश्वास (आ ६; पुप्फ ११०)।

अत्थिय देखो अत्थि = अर्थिन् (महा, औप)।

अत्थिय वि [अर्थिक] धनी, धनवान् (हे २, १५९)।

अत्थिय न [अस्थिक] १ हड्डी, हाड। २ पु. वृक्ष-विशेष। ३ न. बहु बीजवाला फल-विशेष (पण्ण १)।

अत्थिय वि [आस्तिक] आत्मा, परलोक आदि की हयाती पर श्रद्धा रखनेवाला (धर्म २)।

अत्थिर देखो अथिर (पंचा १२)।

अत्थीकर सक [अर्थी+कृ] प्रार्थना करना, याचना करना। अत्थीकरेइ (निचू ४)। वकृ. अत्थीकरंत (निचू ४)।

अत्थीकरण न [अर्थीकरण] प्रार्थना, याचना (निचू ४)।

अत्थु सक [आ+स्तृ] बिछाना, शय्या करना। कर्म. अत्थुव्वइ। वकृ. अत्थुव्वंत (विसे २३२१)।

अत्थुअ वि [आस्तृत] बिछाया हुआ (गउड; विसे २३२१)।

अत्थुग्गह पुं [अर्थावग्रह] इन्द्रिय और मन द्वारा होनेवाला ज्ञान-विशेष, निश्चयात्मक ज्ञान (सम ११, ठा २, १)।

अत्थुग्गहण न [अर्थावग्रहण] ऊपर का विषय (सम ११, ११)।

अत्थुड वि [दे] लघु, छोटा, (दे १, ६)।

अत्थुरण न [दे आस्तरण] बिछौना (स ६७)।

अत्थुरिय वि [दे. आस्तृत] बिछाया हुआ (स २३९; दे १, ११३)।

अत्थुवड न [दे] भल्लातक, भिलावाँ वृक्ष का फल (दे १, २३)।

अत्थेक्क वि [दे] आकस्मिक, अचिन्तित (पि १२, ४७)।

अत्थोग्गह देखो अत्थुग्गह (सम ११)।

अत्थोग्गहण देखो अत्थुग्गहण (भग ११, ११)।

अत्थोडिय वि [दे] आकृष्ट, खींचा हुआ (महा)।

अत्थोभय वि [अस्तोभक] 'उत', 'वे' आदि निरर्थक शब्दों के प्रयोग से अदूषित (सूत्र) (बृह १)।

अत्थोवग्गह देखो अत्थुग्गह (पण्ण १५)।

अथक्क न [दे] १ अकाण्ड, अनवसर, अकस्मात् (षड्)। २ वि. पसरनेवाला, फैलनेवाला (कुमा)।

अथव्वण पुं [अथर्वण] चौथा वेद-शास्त्र (कप्प, णाया १, ५)।

अथिर वि [अस्थिर] १ चंचल, चपल (कुमा)। २ अनित्य, विनश्वर (कुमा)। ३ अदृढ, शिथिल (ओघ)। ४ निर्बल (वव २)। ५ मजबूती से नहीं बैठा हुआ, नहीं जमा हुआ (अभ्यास), 'अथिरस्स पुव्वगहियस्स, वत्तणा जं इह थिरीकरण' (पंचा १२)। °णाम न [°नामन्] नाम-कर्म का एक भेद (सम ६७)।

अद सक [अद्] खाना, भोजन करना। अदइ, अदए (षड्)।

अदंसण देखो अइंसण (पचभा)।

अदंसण पुं [दे] चोर, डाकू (दे १, २९, षड्)।

अदंसिया स्त्री [अदंशिका] एक प्रकार की मीठी चीज (पण्ण १७)।

अदक्खु वि [अदृष्ट] १ नहीं देखा हुआ। २ असर्वज्ञ (सूत्र १, २, ३)।

अदक्खु वि [अदक्ष] अनिपुण, अकुशल (सूत्र १, २, ३)।

अदक्खु वि [अदृश्य] १ नहीं देखनेवाला, अन्धा। २ असर्वज्ञ, 'अदक्खुव! दक्खुमाहियं सद्दहसु अदक्खुदंसणा' (सूत्र १, २, ३)।

अदण न [अदन] भोजन (बृह १)।

अदत्त वि [अदत्त] नहीं दिया हुआ (पण्ण १, ३)। °हार वि [°हार] चोर (आचा)। °हारि वि [°हारिन्] चोर (सूत्र १,५,१)। °दाण न [°दान] चोरी (सम १०)। °दाणवेरमण न [°दानविरमण] चोरी से निवृत्ति, तृतीय व्रत (पण्ह २, ३)।

अदन्न देखो अदण्ण (सिरि ३१०)।

अदब्भ वि [अदर्भ] अनल्प, बहुत (जं ३)।

अदय वि [अदय] निर्दय, निष्ठुर (निचू २)।

अदिइ देखो अइइ (ठा २, ३)।

अदिण्ण देखो अदत्त (ठा १)।

अदित्त वि [अदृप्त] १ दर्प-रहित, नम्र (बृह १)। २ अहिंसक (ओघ ३०२)।

अदिन्न देखो अदत्त (सम १०)।

अदिस्स देखो अहिस्स (सम ६०; सुपा १५३)।

अदिहि स्त्री [अधृति] अधीराई, धीरज का अभाव (पाअ)।

अदीण वि [अदीन] दीनता-रहित। °सत्तु पुं [°शत्रु] हस्तिनापुर का एक राजा (णाया १, ८)।

अदु अ [दे] १ आनन्तर्य-सूचक अव्यय, अब (आचा)। २ इससे (सूत्र १, २, २)।

अदु अ [दे] १ अथवा, या (सूत्र १, ४, २, १५; उत्त ८, १२; दसचू २, १४)। २ अधिकारान्तर का सूचक (सूत्र १, ४, २, ७)।

अदुत्तरं अ [दे] आनन्तर्य-सूचक अव्यय, अब, बाद (णाया १, १)।

अदुय न [अद्रुत] अ-शीघ्र, धीरे धीरे (भग ७,९) °बंधण न [°बन्धन] दीर्घ काल के लिए बन्धन (सूत्र २, २)।

अदुव } अ [दे] या, अथवा, और, 'हिंसेज्ज
अदुवा } पाणभूयाइं, तमे अदुव थावरे' (दस ५, ५, आचा)।

अदोलि } वि [अदोलिन्] स्थिर, निश्चल
अदोलिर } (कुमा)।

अद्द वि [आर्द्र] १ गीला, भीगा हुआ, अकठिन (कुमा)। २ पुं. इस नाम का एक राजा। ३ एक प्रसिद्ध राजकुमार और पीछे से जैन मुनि। ४ वि. आर्द्र राजा के वंशज। ५ नगर-विशेष (सूत्र २, ६)। °कुमार पुं [°कुमार] एक राजकुमार और बाद में जैन मुनि, 'अद्दकुमारो दक्खपहारी अ' (पडि)। °मुत्था स्त्री [°मुस्ता] कन्द-विशेष, नागर मोथा (श्र २०)। °मलग न [°मलक] १ हरा आमला। २ पीलु-वृक्ष की कली (धर्म २)। ३ शण वृक्ष की कली (पव ४)। °रिट्ठ पुं [°रिष्ट] कमल कौआ (आवम)।

अद्द पु [अब्द] १ मेघ, वर्षा, बारिश (हे २, ७६)। २ वर्ष, संवत्सर, संवत् (सुर १३, ७०)।

अद्द पुं [अर्द] आकाश (भग २०, २)।

अद्द पुन [दे] १ परिहास। २ वर्णन (संक्षि ४७)।

अद्द सक [अर्द्] मारना, पीटना (वव १०)।

अद्दइअ न [अद्वैत] १ भेद का अभाव। २ वि. भेद-रहित ब्रह्म वगैरह (नाट)।

अद्दइज्ज वि [आर्द्रीय] १ आर्द्रकुमार-सम्बन्धी। २ इस नाम का 'सूयगडाङ्ग' सूत्र का एक अध्ययन (सूत्र २, ६)।

अद्दंसण न [अदर्शन] १ दर्शन का निषेध, नहीं देखना (सुर ७, २४८)। २ वि. परोक्ष, जिसका दर्शन न हो, 'एक्कपएच्चिय हाहिति मज्झ अद्दंसणा इण्हिं' (सुपा ६१७)। ३ नहीं देखनेवाला, अन्धा। ४ 'थीणद्धी' या अधम निद्रा वाला (गच्छ १, पव १०७)। °भूअ, °हूय वि [°भूत] जो अदृश्य हुआ हो (सुर १०, ५६, महा)।

अद्दण } वि [दे] आकुल, व्याकुल (दे १,
अद्दण्ण } १५, बृह १, निचू १०)।

अद्दन्न देखो अद्दण्ण (सुख १, १४)।

अद्दव वि [आद्रव] गला हुआ (आव ६)।

अद्दव्व न [अद्रव्य] अवस्तु, वस्तु का अभाव, (पंचा ३)।

अद्दह सक [आ + द्रह] उबालना, पानी-तैल वगैरह को खूब गरम करना। अद्दहेइ, अद्दहेमि, संकृ. अद्दहेत्ता (उवा)।

अद्दहिय वि [आहित] रखा हुआ, स्थापित (विपा १, ६)।

अद्दा स्त्री [आर्द्रा] १ नक्षत्र-विशेष (सम २)। २ छन्द-विशेष (पिंग)।

अद्दाअ पुं [दे] १ आदर्श, दर्पण (दे १, १४; पण्ण १५; निचू १३)। °पसिण पुं [°प्रश्न] विद्या-विशेष, जिससे दर्पण में देवता का आगमन होता है (ठा १०)। °विज्जा स्त्री [°विद्या] चिकित्सा का एक प्रकार, जिससे बीमार को दर्पण में प्रतिबिम्बित कराने से वह नीरोग होता है (वव ५)।

अद्दाइअ वि [दे] आदर्श वाला, आदर्श से पवित्र (बृह १)।

अद्दाग [दे] देखो अद्दाअ (सम १२३)।

अद्दि पुं [अद्रि] पहाड़, पर्वत (गउड)।

अद्दिट्ठ वि [अदृष्ट] १ नहीं देखा हुआ (सुर १, १७२)। २ दर्शन का अविषय (सम्म ६६)।

अद्दिय वि [आर्द्रित] आर्द्र किया हुआ भिगाया हुआ (विक २३)।

अद्दिय वि [अर्दित] पीटा हुआ, पीड़ित (वव १०)।

अद्दिस्स वि [अदृश्य] देखने के अयोग्य या अशक्य (सुर ६, १२०; सुपा ८५; था २७)।

अद्दिस्संत } वकृ. [अदृश्यमान] नहीं
अद्दिस्समाण } दिखाता हुआ (सुपा १५४; ४५७)।

अद्दीण वि [अद्रीण] क्षोभ को अप्राप्त, अक्षुब्ध, निर्भीक (पण्ह २, १)।

अद्दीण देखो अदीण (ओप ५३७)।

अद्दुमाअ वि [दे] पूर्ण, भरा हुआ (षड्)।

अद्देस वि [अदृश्य] देखने के अशक्य (म १७०)।

अद्देसीकारिणी स्त्री [अदृश्यीकारिणी] अदृश्य बनानेवाली विद्या (सुपा ४५४)।

अद्देस्सीकरण वि [अदृश्यीकरण] १ अदृश्य करना। २ अदृश्य करनेवाली विद्या, 'विपुण विज्जाणिज्जा अद्देस्सीकरणसंगमो वाणि' (सुपा ४५५)।

अद्दोहि वि [अद्रोहिन्] द्रोह-रहित, द्वेष-वर्जित (धर्म ३)।

अद्ध पुंन [अर्ध] १ आधा (कुमा)। २ खण्ड, अंश (पि ४०२)। °करिस पुं [°कर्ष] परिमाण-विशेष, पल का अठवाँ भाग (अणु)। °कुडव, °कुलव पुं [°कुडव, °कुलव] एक प्रकार का धान्य का परिमाण (राय)। °क्खेत्त न [°क्षेत्र] एक अहोरात्र में चन्द्र के साथ योग प्राप्त करनेवाला नक्षत्र (चंद १०)। °खल्ला स्त्री [°खल्वा] एक प्रकार का जूता (बृह ३)। °घडय पुं [°घटक] आधा परिमाणवाला घड़ा, छोटा घड़ा (उवा)। °चंद पुं [°चन्द्र] १ आधा चन्द्र (गा ५७१)। २ गल-हस्त, गला पकड़ कर बाहर करना (उप ७२८ टी)। ३ न. एक हथियार (उप पृ ३६५)। ४ अर्ध चन्द्र के आकारवाले सोपान (णाया १, १)। ५ एक तरह का बाण, 'एसो तुह तिक्खेणं सीसं छिंदामि अद्धचंदेण' (सुर ८, ३७)। °चक्कवाल न [°चक्रवाल] गति-विशेष (ठा ७)। °चक्कि पुं [°चक्रिन्] चक्रवर्ती राजा से अर्ध विभूति वाला राजा, वासुदेव (कम्म १, १२)। °च्छट्ठ, °छट्ठ वि [°षष्ठ] साढ़े पाँच (पि ४५०; सम १००)। °ट्ठम वि [°ष्टम] साढ़े सात (ठा ६)। °णाराय न [°नाराच] चौथा संहनन, शरीर के हाड़ों की रचना-विशेष (जीव १)। °णारीसर पुं [°नारीश्वर] शिव, महादेव (कप्पू)। °तइय वि [°तृतीय] ढ़ाई (पउम ४८, ३५)। °तेरस वि [°त्रयोदश] साढ़े बारह (भग)। °तेवन्न वि [°त्रिपञ्चाश] साढ़े बावन (सम १५४)। °द्ध वि [°र्ध] चौथा भाग, पौआ (बृह ३)। °नवम वि [°नवम] साढ़े आठ (पि ४५०)। °नाराय देखो °णाराय (कम्म १, ३८)। °पंचम वि [°पञ्चम] साढ़े चार (सम १०२)। °पलिअंक वि [°पर्यङ्क] आसन-विशेष (ठा ५, १)। °पहर पुं [°प्रहर] ज्योतिष शास्त्र प्रसिद्ध एक कुयोग (गण १८)। °बब्बर पुं [°बर्बर] देश-विशेष (पउम २७, ५)। °मागहा, °ही स्त्री [°मागधी] प्राचीन जैन साहित्य की प्राकृत भाषा, जिसमें मागधी भाषा के भी कोई २ नियम का अनुसरण किया गया है, 'पोराणमद्धमागहभासानिययं हवइ सुत्तं' (हे ४, २८७; कि १६; सम ६०; पउम २, ३४)। °मास पुं [°मास] पक्ष पनरह दिन (दे १०)। °मासिय वि [°मासिक] पाक्षिक, पक्ष-सम्बन्धी (महा)। °यंद देखो °चंद (उप ७२८ टी)। °रज्जिय वि [°राज्यिक] राज्य का आधा हिस्सेदार, अर्ध राज्य का मालिक (विपा १, ६)। °रत्त पुं [°रात्र] मध्य रात्रि का समय, निशीथ (गा २३१)। °वेयाली स्त्री [°वेतालीय] विद्या-विशेष (सूअ २, २)। °संकासिया स्त्री [°सांकाश्यिका] एक राज-कन्या का नाम (आव ४)। °सम न [°सम] एक वृत्त, छन्द-विशेष (ठा ७)। °हार पुं [°हार] १ नवसरा हार (राय; औप)। २ इस नाम का एक द्वीप। ३ समुद्र-विशेष (जीव ३)। °हारभद्द [°हारभद्र] अर्धहार-द्वीप का अधिष्ठाता देव (जीव ३)। °हारमहाभद्द पुं [हारमहाभद्र] पूर्वोक्त ही अर्थ (जीव ३)। °हारमहावर पुं [°हारमहावर] अर्धहार समुद्र का एक अधिष्ठायक देव (जीव ३)। °हारवर पुं [°हारवर] १ द्वीप-विशेष। २ समुद्र-विशेष। ३ उनका अधिष्ठायक देव (जीव ३)। °हारवरभद्द पुं [°हारवरभद्र] अर्धहारवर द्वीप का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३)। °हारवरमहावर पुं [°हारवरमहावर] अर्धहारवर समुद्र का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३)। °हारोभास पुं [°हारावभास] १ द्वीप-विशेष। २ समुद्र-विशेष (जीव ३)। °हारोभासभद्द पुं [°हारावभासभद्र] अर्धहारावभास नामक द्वीप का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३)। °हारोभासमहाभद्द पुं [°हारावभासमहाभद्र] पूर्वोक्त ही अर्थ (जीव ३)। °हारोभासमहावर पुं [°हारावभासमहावर] अर्धहारावभास नामक समुद्र का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३)। °हारोभासवर पु [°हारावभासवर] देखो पूर्वोक्त अर्थ (जीव ३)। °ड्ढय पुं [°ढ्ढक] एक प्रकार का परिमाण, आढ़क का आधा भाग (ठा ३, १)।

अद्ध पुं [अध्वन्] मार्ग, रास्ता (महा; आचा)।

अद्धंत पुं [दे] १ पर्यन्त, अन्त भाग (दे १, १८; से ६, ३२, पाअ); 'अरिअंतमिअहरुंडो' (विक १०१)। २ पु.ब. कतिपय, कतिपय (गा १३, ३२)।

अद्धक्खण न [दे] १ प्रतीक्षा करना, राह देखना (दे १, ३४)। २ प्रतीक्षा करना (दे १, ३४)।

अद्धक्खिअ न [दे] १ संज्ञा करना, इशारा करना, संकेत करना (दे १, ३४)।

अद्धक्खिअ वि [अर्धाक्षिक] विकृत आंख वाला (महानि ३)।

अद्धजंघा } स्त्री [दे अर्धजङ्घा] एक प्रकार
अद्धजघी } का जूता, मोचक नामक जूता, जिसे गुजराती मे 'मोजडी' कहते हैं (दे १, ३३ २, ५ ६, १३९)।

अद्धद्धा स्त्री [दे अद्धाद्धा] दिन अथवा रात्रि का एक भाग (सत्त ९ टी)।

अद्धपेडा स्त्री [अर्धपेटा] सन्दूक के अर्ध भाग के आकारवाली गृह पंक्ति मे भिक्षाटन (उत्त ३०, १९)।

अद्धर पु [अध्वर] यज्ञ, याग (पाअ)।

अद्धर वि [दे] प्रच्छन्न, गुप्त, 'तम्हा एयस्स चिट्ठियमद्धरट्ठिओ चेव पिच्छामि, तओ राया तप्पिट्ठिलग्गो' (सम्मत्त १६१)।

अद्धविआर न [दे] १ मण्डन, भूषा, 'मा कुण अद्धविआर' (दे १, ४३)। २ मडल, छोटा मडल (दे १, ४३)।

अद्धा स्त्री [दे. अद्धा] १ काल, समय, वक्त, (ठा २,१, नव ४२)। २ संकेत (भग ११, ११)। ३ लब्धि, शक्ति विशेष (विसे)। ४ अ तत्त्वत वस्तुत। ५ साक्षात्, प्रत्यक्ष (पिंग)। ६ दिवस। ७ रात्रि (सत्त ९ टी)। °काल पु [°काल] सूर्य आदि की क्रिया (परिभ्रमण) से व्यक्त होनेवाला समय, 'सूरकिरियाविसिट्ठो गोदोहाइकिरियासु निरवेक्खो। अद्धाकालो भण्णई' (विसे)। °छेय पु [°छेद] समय का एक छोटा परिमाण, दो आवलिका परिमित काल (पंच)। °पच्चक्खाण न [°प्रत्याख्यान] अमुक समय के लिए कोई व्रत या नियम करना (आचू ६)। °मीसय न [°मिश्रक] एक प्रकार की सत्य-मृषा भाषा (ठा १०)। मीसिया स्त्री [°मिश्रिता] देखो पूर्वोक्त अर्थ (पण्ण ११)। °समय पु [°समय] सर्व-सूक्ष्म काल (पण्ण ४)।

अद्धाण पु [अध्वन्] मार्ग, रास्ता (णाया १, १४, सुर ३,२२७)। °सीसय न [°शीर्षक] मार्ग का अन्त, अटवी आदि का अन्त भाग (वव ४, बृह ३)।

अद्धाण पु [अध्वन्] मार्ग, रास्ता, 'हवइ सलाभं नरस्स अद्धाणं' (सुख ८, १३)। °सीसय न [°शीर्षक] जहाँ पर संपूर्ण सार्थ के लोग आगे जाने के लिए एकत्र हों वह मार्ग-स्थान (वव ४)।

अद्धाणिय वि [आध्विक] पथिक, मुसाफिर (बृह ४)।

अद्धासिय वि [अध्यासित] १ अधिष्ठित, आश्रित (सुर ७, २१४; उप २६४ टी)। २ आरूढ (स ६३०)।

अद्धि देखो इड्ढि,
'घएणा बहिरधरमा, ते चिअ जीअंति माणुसे लोए।
ण सुणंति खलवअणं, खलाण अद्धिं न पेक्खंति' (गा ७०४)।

अद्धिइ स्त्री [अधृति] धीरज का अभाव, अधीरज (पउम ११८, ३६)।

अद्धुइअ वि [अर्धोदित] थोडा कहा हुआ (पि १५८)।

अद्धुग्घाड वि [अर्धोद्घाट] आधा खुला, 'अद्धोग्घाडा थणया' (पउम ३८, १०७)।

अद्धुट्ठ वि [अर्धचतुर्थ] साढे तीन (सम १०१, विसे ६९३)।

अद्धुत्त वि [अर्धोक्त] थोडा कहा हुआ (वव १०)।

अद्धुव वि [अध्रुव] १ चंचल, अस्थिर, विनश्वर (स २३९, पंचा १६, पउम २९, ३०)। २ अनियत (आचा)।

अद्धेअद्ध वि [अर्धार्ध] १ द्विधा भूत, दो टुकडेवाला, खण्डित। २ क्रिवि आधा आधा जैसे हो,
'अद्धेअद्धप्फुडिआ, अद्धेअद्धकडउक्खअमिलावेढा।
पवअभुआहअविसढा, अद्धेअद्धसिहरा पडंति महिहरा॥' (से ६, ६६)।

अद्धोरु } देखो अड्ढोरुग (दे ३, ४५, ओघ
अद्धोरुग } ६७६)।

अद्धोवमिय वि [अद्धौपम्य, अद्धौपमिक] काल का वह परिमाण जो उपमा से समझाया जा सके, पल्योपम आदि उपमा काल (ठा २, ४, ८)।

अध अ [अधस्] नीचे (आचा, पि १९०)।

अध (शौ) अ [अथ] अब, बाद (कप्पू)।

अधइं (शौ) [अथकिम्] १ हाँ। २ और क्या। ३ जरूर, अवश्य (कप्पू)।

अधं अ [अधस्] नीचे (पि ३४०)।

अधट्ठ वि [अधृष्ट] अ-ढीठ (कुमा)।

अधण वि [अधन] निर्धन, गरीब,
'रमइ विहवी विसेसे, थिइमेत्तं थोयवित्थरो महइ।
मग्गइ सरीरमधणो, रोई जीए चिय कयत्थो॥' (गउड, सण)

अधणि वि [अधनिन्] धन रहित, निर्धन (श्रा १४)।

अधण्ण वि [अधन्य] अकृतार्थ, निन्द्य (पण्ह १,१)।

अधम देखो अहम (उत ९)।

अधमण्ण } वि [अधमर्ण] कर्जदार, देनदार
अधमन्न } (धमवि १४६, १३५)।

अधम्म पु [अधर्म] १ पाप कार्य, निषिद्ध कर्म, अनीति 'अधम्मेण चेव वित्तिं कप्पेमाणे विहरइ' (णाया १, १८)। २ एक स्वतन्त्र और लोक-व्यापी अजीव वस्तु, जो जीव वगैरह को स्थिति करने मे सहायता पहुँचाती है (सम २, नव ५)। ३ वि. धर्म रहित, पापी (विपा १, १)। °केउ पु [°केतु] पापिष्ठ (णाया १, १८)। °क्खाइ वि [°ख्याति] प्रसिद्ध पापी (विपा १, १)। °क्खाइ वि [°ख्यायिन्] पाप का उपदेश देनेवाला (भग ३, ७)। °त्थिकाय पु [°स्तिकाय] अधम्म का दूसरा अर्थ देखो (अणु)। °बुद्धि वि [°बुद्धि] पापी, पापिष्ठ (उप ७२८ टी)।

अधम्मिट्ठ वि [अधर्मिष्ठ] १ धर्म को नही करनेवाला (भग १२, २)। २ महा-पापी, पापिष्ठ (णाया १, १८)।

अधम्मिट्ठ वि [अधर्मेष्ट] अधर्म प्रिय, पाप-प्रिय (भग १२, २)।

अधम्मिट्ठ वि [अधर्माष्ट] पापियो का प्यारा (भग १२, २)।

अधम्मिय देखो अहम्मिय (ठा ४, १)।

अधर देखो अहर (उवा, सुपा १३८)।

अधवा (शौ) देखो अहवा (कप्पू)।

अधा स्त्री [अधस्] अधो दिशा, नीचली दिशा (ठा ६)।

अधि देखो अहि = अधि।

अधिइ देखो अद्धिइ (सुपा ३५६)।

अधिकरण देखो अहिगरण (पण्ह १, २)।

अधिग वि [अधिक] विशेष, ज्यादा (बृह १)।

अधिगम देखो अहिगम (धर्म २, विसे २२)।

अधिगरण देखो अहिगरण (निचू १)।

अधिगरणिया देखो अहिगरणिया (पण्ण २१)।

अधिगार देखो अहिगार (सूअनि ५८)।

अधिण्ण } (अप) वि [अधीन] आयत्त,
अधिन्न } परवश (पि ९१ हे ४, ४२७)।

अधिमासग पु [अधिमासक] अधिक मास (निचू २०)।

अधिरोविअ वि [अधिरोपित] आरोपित, 'मूलाधिरोविओ सो' (धर्मवि १३७)।

अधीगार देखो अहिगार (सूअनि १८०)।

अधीय देखो अहीय (उत्त २० २२)।

अधीस वि [अधीश] नायक, अधिपति (कुम्मा २३)।

अधुव देखो अद्धुव (णाया १, १, पउम ९५, ४९)।

अधो देखो अहो = अधस् (पि ३४५)।

अनंदि स्त्री [अनन्दि] अमङ्गल अकुशल तं माणउ अनंदि' (अजि ३७)।

अनन्न देखो अणण्ण (कुमा)।

अनय देखो अणय (सुपा ३७१)।

अनल देखो अणल (हे १, २२८ कुमा)।

अनागय देखो अणागय (भग)।

अनागार देखो अणागार (भग)।

अनाय देखो अणाय (सुपा ४७०, पि ३८०)।

अनारंभ (णूवे) वि [अनारम्भ] पाप रहित (कुमा)।

अनारंभ (णूवे) वि [अनारम्भ] अहिंसक, दयालु (कुमा)।

अनिगिण देखो अणगिण (सम १७)।

अनिदाया } देखो अणिद्दा (पण्ण ३४)।
अनिद्दाया }

अनिमिसी स्त्री [अनिमिषी] विद्युत्-विशेष (तिलो ४६४ टी)।

अनियमिय वि [अनियमित] १ अव्यवस्थित। २ अनियंत्रित इन्द्रियों का निग्रह करनेवाला, 'गमो य नरय अनियमियप्पा' (पउम ११४, २९)।

अनियट्टि देखो अणियट्टि (सम २६ कम्म २, सत्त ७१ टी)।

अनियय देखो अणियय (ओघ २)।

अनिरुद्ध देखो अणिरुद्ध (अत १४)।

अनिल देखो अणिल (हे १, २२८, कुमा)।

अनिसट्ठ देखो अणिसट्ठ (ठा ३, ४)।

अनिहारिम } देखो अणीहारिम (भग ठा
अनीहारिम } २, ४)।

अनु (अप) देखो अणुहा (कुमा)।

अनुकूल देखो अणुकूल (सुपा ४७४)।

अनुग्गह देखो अणुग्गह (अभि ४१)।

अनुचिट्ठिय देखो अणुट्ठिय (स १५)।

अनुज्जुय देखो अणुज्जुय (पि ५७)।

अनुहव देखो अणुहव = अनु + भू। वट अनुहवत (रंभा)।

अन्न देखो अण्ण (सुपा ३९०, प्रामू ४३, पण्ह २, १, ठा ३, २, ५ १, श्रा ६)।

अन्नइय देखो अण्णइय (भवि)।

अन्नओ देखो अण्णओ। °हुत्त त्रिवि [°मुख] दूसरी तरफ (सुर ३ १३६)।

अन्नत्तो देखो अण्णत्तो (कुमा)।

अन्नत्थ } देखो अण्णत्थ (आचा स १५०,
अन्नत्थ } कुमा)।

अन्नदो देखो अण्णत्तो (कुमा)।

अन्नमन्न देखो अण्णमण्ण (णाया १, १)।

अन्नन्न देखो अण्णण्ण (महा कुमा)।

अन्नय पु [अन्वय] एक की सत्ता में ही दूसरे की विद्यमानता जैसे अग्नि की हयाती में ही धूम की सत्ता नियमित सम्बन्ध (उप ४१३, स ६५१)।

अन्नयर देखो अण्णयर (सुपा ३७०)।

अन्नया देखो अण्णया (महा)।

अन्नय देखो अण्णय (सुपा ८५ ५२६)।

अन्नह देखो अण्णह (सुर १ १५९ कुमा)।

अन्नहा देखो अण्णहा (पउम १००, २८, महा सुर १ १४३ प्रामू ७)।

अन्नहि देखो अण्णहि (कुमा)।

अन्ना स्त्री [दे] माता, जननी (दस ७, १६, १९)।

अन्नाइट्ठ वि [अन्यादिष्ट] अन्यत्र, दुसरे को आज्ञा करता। धर्म तस्सु अन्नाइट्ठे सन्ते

मंतो छएह मासाण पित्तजरपरिगयसरीरे दाहवक्कंतीए छउमत्थे चेव काल करेस्ससि' (भग १५)।

अन्नाण देखो अण्णाण = अज्ञान (कुमा सुर १, १५, महा, उवर ९५, कम्म ४, ६, ११)।

अन्नाणि देखो अण्णाणि (उव सुपा ५८८)।

अन्नाणिय देखो अण्णाणिय (पउम ४, २७)।

अन्नाय देखो पहला और दूसरा अण्णाय (सुर ६, २, सुपा २५६ सुर २, ९, २०२, सम्म ६६ सुपा २३३, सुर २, १९५, सुपा, ३०८) 'नाएण ज न सिद्धं को खलु सहलो तयत्थमन्नाओ ?' (उप ७१८ टी)।

अन्नारिस देखो अण्णारिस (हे १, १४२, महा)।

अन्नाहुत्त वि [दे] पराङ्मुख (सुपा २,१७)।

अन्नि वि [अन्यदीय] परकीय, 'अन्नं वा अन्नि वा' (सूअ २ २ ९)।

अन्निज्जमाण देखो अण्णिज्जमाण (णाया १, १६)।

अन्निय देखो अण्णिय।

अन्नियपुत्त पु [अन्निकापुत्र] एक विख्यात जैन मुनि (उप)।

अन्निया देखो अण्णिया (संमा ५६)।

अन्नुत्ति स्त्री [अन्योक्ति] साहित्य प्रसिद्ध एक अलङ्कार (मृच्छ ३७, सम्मत्त १४५)।

अन्नुन्न } देखो अण्णुण्ण (हे १, १५९,
अन्नुन्न } कुमा)।

अन्नून वि [अन्यून] अहीन (धर्मवि १२६)।

अन्नेम देखो अण्णेम। वट अन्नेसमाण (उप ६ टी)।

अन्नेसण देखो अण्णेसण (सुर १०, २२८, गउ)।

अन्नेसणा देखो अण्णेसणा (ठा ३, ४)।

अन्नेसय वि [अन्वेषक] अन्वेषक, खोज करनेवाला (स ५३५)।

अन्नेसि } देखो अण्णेसि (पि ५१६,
अन्नेसिय } कुमा)।

अन्नोन्न देखो अण्णोण्ण (कुमा, महा)।

अप अ. व [अप्] पानी, जल (सुपा

१०)। °काय पुं. [°काय] पानी के जीव (इं १३)।

अपइट्ठाण देखो अप्पइट्ठाण (आचा, ठा ४, ३)।

अपइट्ठिअ पुं [अप्रतिष्ठित] १ नरक-स्थान विशेष (देवेन्द्र २६)। देखो अप्पइट्ठिअ।

अपइट्ठिय देखो अप्पइट्ठिय (ठा ४, १)।

अपएस वि [अप्रदेश] १ निरंश, अवयव-रहित (भग २०, ५)। २ पुं. खराब स्थान (पंचा ७)।

अपंग पुं [अपाङ्ग] १ नेत्र का प्रान्त भाग। २ तिलक। ३ वि. हीन अंग वाला (नाट)।

अपंडिअ वि [दे] अन्यत्र, विद्यमान (षड्)।

अपंडिअ [अपण्डित] १ सद्बुद्धि-रहित (बृह १)। २ मूर्ख (अनु ५)।

अपकरिस पुं [अपकर्ष] ह्रास (धर्मसं ८३७)।

अपगंड वि [अपगण्ड] १ निर्दोष। २ न. फेन, पानी का झाग (सूम १, ३)।

अपचय पुं [अपचय] अपकर्ष, हीनता (उत्त १)।

अपच्च देखो अवच्च; 'अपच्चाणिव्विसेसाणि सत्ताणि' (वि ३६७)।

अपच्चय पुं [अप्रत्यय] अविश्वास (पण्ह १, २)।

अपच्चल वि [अप्रत्यल] १ अशक्त। २ अयोग्य (नव ११)।

अपच्छ वि [अपथ्य] १ अहितकर (उत्त ८२, ७२)। २ न. नहीं पचनेवाला भोजन, 'देवेण अपच्चदेवएण रोएज्ज वड्ढेइ' (सुपा ४३८)।

अपच्छिम वि [अपश्चिम] अन्तिम (ठाणं पाम; ठा २६४ टी)।

अपज्जत्त } वि [अपर्याप्त] १ अशक्त,
अपज्जत्तग } असमर्थ (गउड)। २ पर्याप्ति (आहारादि ग्रहण करने की शक्ति) से रहित (ठा २, १; भग ४)। °नाम न [°नामन्] नाम-कर्म का एक भेद (सम ६७)।

अपज्जवसिय वि [अपर्यवसित] १ नाश-रहित (सम ६१)। २ अन्त-रहित (ठा १)।

अपडिन्धिर वि [दे] मन्द-बुद्धि, मूर्ख (दे १, ४१)।

अपडिण्ण } वि [अप्रतिज्ञ] १ प्रतिज्ञा-
अपडिन्न } रहित, निश्चय-रहित (आचा)। २ राग-द्वेष आदि बन्धनों से वर्जित (सूम १, ३, ३)। ३ फल की इच्छा न रखकर अनुष्ठान करनेवाला, निष्काम; 'गन्धेसु वा चंदणमाहु सेट्ठं, एवं मुणीणं अपडिन्नमाहु' (सूम १,६)।

अपडिपोग्गल वि [अप्रतिपुद्गल] दरिद्र, निर्धन (निचू ५)।

अपडिबद्ध वि [अप्रतिबद्ध] १ प्रतिबन्ध-रहित, बेरोक; 'अपडिबद्धो अणलो व्व' (पण्ह २, ५)। २ आसक्ति-रहित (पव १०४)।

अपडिवाइ देखो अप्पडिवाइ (ठा ६; ओघ ५३२; रांदि)।

अपडिसंलीण वि [अप्रतिसंलीन] असंयत, इन्द्रिय आदि जिसके काबू में न हों (ठा ४, २)।

अपडिहट्टु अ [अप्रतिहृत्य] न दे कर (कस; बृह ३)।

अपडिहय देखो अप्पडिहय (राजा १, १६)।

अपडीकार वि [अप्रतीकार] इलाज-रहित, उपाय-रहित (पण्ह १, १)।

अपडुप्पन्न } वि [अप्रत्युत्पन्न] १ अवर्त-
अपडुप्पन्न } मान, अविद्यमान (वि १६२)। २ प्रतिपत्ति में अकुशल (वव ६)।

अपणट्ठ वि [अप्रनष्ट] नाश को अप्राप्त (सुर ४, २४०)।

अपत्त देखो अप्पत्त (बृह १; ठा ५, २; सूम १, १४)।

अपत्तियंत वकृ. [अप्रतियन्] विश्वास नहीं करता हुआ (भग ६७८; वि ४८७)।

अपत्तिय देखो अप्पत्तिय (भग १६, ३; पंचा ७)।

अपत्थ देखो अपच्छ (उत्त ७; पंचा ७)।

अपभासिय देखो अवभासिय = अवभासित (वव १)।

अपमत्त देखो अप्पमत्त (आचा)।

अपमाण न [अप्रमाण] १ झूठा, असत्य (भग १२)। २ वि. ज्यादा, अधिक (उत्त २४)।

अपमाय वि [अप्रमाद] १ प्रमाद-रहित। २ पुं. प्रमाद का अभाव, सावधानी (पण्ह २, १)।

अपय वि [अपद] १ पाँव रहित, वृक्ष, द्रव्य, भूमि वगैरह पैर रहित वस्तु (राजा १, ८)। २ पुं. मुकाम, 'अपयन्त पयं नत्थि' (आचा)। ३ सूत्र का एक दोष (बृह १; विसे)।

अपय स्त्री [अप्रज] सन्तानरहित (बृह १)।

अपर देखो अवर (निचू २०)। २ वैशेषिक दर्शन में प्रसिद्ध अवान्तर सामान्य (विसे २४६१)।

अपरच्छ वि [अपराक्ष] असमक्ष, परोक्ष (पण्ह १, ३)।

अपरद्ध देखो अवरज्झ (कम्म)।

अपरंतिया स्त्री [अपरान्तिका] छन्द-विशेष (अनि ३४)।

अपराइय वि [अपराजित] १ अपरिभूत (पण्ह १, ४)। २ पुं. सातवें बलदेव के पूर्व-जन्म का नाम (सम १५३)। ३ भरतक्षेत्र का छठवाँ प्रतिवासुदेव (सम १५४)। ४ उत्तर-दिशि के देवों की एक जाति (सम५६)। ५ भावान् ऋषभदेव का एक पुत्र (सत्र)। ६ एक महाग्रह (ठा २,३)। ७ न. अनुत्तर देव-लोक का एक विमान—देवावास (सम ५६)। ८ रुचक पर्वत का एक शिखर (ठा ८)। ९ जम्बूद्वीप की जगती का उत्तर द्वार (ठा ४,२)।

अपराइया स्त्री [अपराजिता] १ विदेह-वर्ष की एक नगरी (ठा २, ३)। २ आठवें बलदेव की माता (सम १५२)। ३ मंगलक ग्रह की एक पटरानी का नाम (ठा ४, १)। ४ एक दिशा-कुमारी देवी (ठा ८)। ५ ओषधि-विशेष (जी ७)। ६ अष्टापद पर्वत पर स्थित एक पुष्करिणी (जी २)।

अपराजिय देखो अपराइय (कप्प; सम ५६; १०२; ठा २, ३)।

अपराजिया देखो अपराइया (ठा २, ३)।

अपराजिया स्त्री [अपराजिता] १ भगवान् मल्लिनाथ की दीक्षा-शिबिका (विचार १२१)। २ पक्ष की दशवीं रात (सुज्ज १०, १४)।

अपरिग्गह वि [अपरिग्रह] १ धन-धान्य आदि परिग्रह से रहित (पण्ह २, ३)। २

ममता रहित, निर्मम, 'अपरिग्गहा अणारंभा भिक्खू ताए परिव्वए' (सूय १, १, ४)।

अपरिग्गहा स्त्री [अपरिग्रहा] वेश्या (वव २)।

अपरिग्गहिआ स्त्री [अपरिगृहीता] १ वेश्या, कन्या वगैरह अविवाहिता स्त्री (पडि)। २ पति-हीना स्त्री, विधवा (धर्म २)। ३ घर दासी। ४ पनहारी। ५ देव पूजिका, देवता को भेंट की हुई कन्या (आवू ५)।

अपरिच्छण्ण } वि [अपरिच्छन्न] १ नहीं
अपरिच्छन्न } ढका हुआ, अनावृत (वव ३)। २ परिवार रहित (वव १)।

अपरिणय वि [अपरिणत] १ रूपान्तर को अप्राप्त (ठा २, १)। २ जैन साधु की भिक्षा का एक दोष। (आचा)।

अपरित्त वि [अपरीत] अपरिमित, अनन्त (पण्ण १८)।

अपरिसेस वि [अपरिशेष] सब, सकल, नि शेष (पण्ह १, २, पउम ३, १४०)।

अपरिहारिय वि [अपरिहारिक] १ दोषों का परिहार नहीं करनेवाला। (आचा)। २ पुं जैनेतर दर्शन का अनुयायी गृहस्थ (निचू २)।

अपवग्ग पुं [अपवर्ग] मोक्ष, मुक्ति (सुर ८, १०६ सत ११)।

अपविद्ध वि [अपविद्ध] १ प्रेरित (सि ७, ११)। २ न गुरु-वन्दन का एक दोष, गुरु को वन्दना करके तुरत ही भाग जाना (पुप्फ २३)।

अपह वि [अप्रभ] निस्तेज (दे १, १६४)।

अपहत्थ देखो अवहत्थ (मृच्छ)।

अपहारि वि [अपहारिन्] अपहरण करनेवाला (स २१७)।

अपहिय वि [अपहृत] छीना हुआ (पउम ७६, ५)।

अपहु वि [अप्रभु] १ असमर्थ। २ नाथ रहित, अनाथ (पउम १०१, ३५)।

अपाइय वि [अपायित] पान-रहित, अपान रहित 'जो कवाइ निरुद्धिए अपाइयए होएए' (दस)।

अपाउड वि [अपावृत] नहीं ढका हुआ, वस्त्र-रहित, नग्न (आ ५, १)।

अपादाण न [अपादान] कारक-विशेष, जिसमें पञ्चमी विभक्ति लगती है (विसे २११७)।

अपाण न [अपान] १ पान का अभाव। (उव ८४५)। २ पानी जैसा ठंडा पेय वस्तु-विशेष। (भग १५)। ३ पुन अपान वायु। ४ गुदा (सुपा ६२०)। ५ वि जल रहित, निर्जल (उववास) 'छट्ठेण भत्तेण अपाणएण' (ज २)।

अपायावगम पुं [अपायापगम] जिनदेव का एक अतिशय (संबोध २)।

अपार वि [अपार] पार रहित, अनन्त (सुपा ४५०)।

अपारमग्ग पु [दे] विश्राम विश्रांति (दे १, ४३)।

अपाव वि [अपाप] १ पाप रहित (सूय १ १, ३)। २ न पुण्य (उव)।

अपावा स्त्री [अपापा] नगरी विशेष जहाँ भगवान् महावीर का निर्वाण हुआ था यह आजकल 'पावापुरी' नाम से प्रसिद्ध है और बिहार में आठ मील पर है (राज)।

अपिट्ठ वि [दे] पुनरुक्त किसी कहा हुआ (पड्)।

अपिय वि [अप्रिय] अनिष्ट (जीव १)।

अपिह अ [अपृथक्] अ-भिन्न (कुमा)।

अपुणबंधग } वि [अपुनर्बन्धक] फिर से
अपुणबंधय } उदय कर्मबन्ध नहीं करने वाला, तीव्र भाव से पाप का नहीं करने वाला (पंचा ३ उव २५३ ६५१)।

अपुणब्भव पुं [अपुनर्भव] १ फिर से नहीं होना। २ वि जिसका फिर जन्म न हो वह, मुक्ति-प्राप्त (पण्ह २ ४)।

अपुणब्भाव वि [अपुनर्भाव] फिर से नहीं होनेवाला (पंच १)।

अपुणब्भव देखो अपुणब्भव (कुमा)।

अपुणरागम पुं [अपुनरागम] १ मुक्त आत्मा। २ मुक्ति स्थान (दसचू १)।

अपुणरावत्तग } पुं [अपुनरावर्तक] १
अपुणरावत्तय } फिर नहीं घूमने वाला, मुक्त आत्मा। २ मोक्ष, मुक्ति (वि ३४१ वीर भव १ १)।

अपुणरावत्ति पुं [अपुनरावर्तिन्] मुक्त आत्मा (वि ३४३)।

अपुणरावित्ति पु [अपुनरावृत्ति] मोक्ष, मुक्ति (पडि)।

अपुणरुत्त वि [अपुनरुक्त] फिर से अकथित, पुनरुक्ति-दोष से रहित, 'अपुणरुत्तेहिं महावित्तेहिं संथुणइ (राय)।

अपुणागम देखो अपुणरागम (वि ३४३)।

अपुणागमण न [अपुनरागमन] १ फिर से नहीं आना। २ फिर से अनुत्पत्ति, 'अपुणागमणाय व तं तिमिरं उम्मूलियं रविणा' (गउड)।

अपुण्ण न [अपुण्य] १ पाप। २ वि पुण्य रहित कम-नसीब हत भाग्य (विपा १, ७)।

अपुण्ण वि [अपूर्ण] अधूरा, अपरिपूर्ण (विपा १, ७)।

अपुण्ण वि [द] आक्रान्त (पड्)।

अपुत्त } वि [अपुत्र, °क] १ पुत्र रहित
अपुत्तिय } (सुपा ४१२, ३१४)। २ स्वजन-रहित, निर्मम नि स्पृह (आचा)।

अपुन्न देखो अपुण्ण (णाया १, १३)।

अपुम न [अपुम्] नपुंसक (ओघ २२३)।

अपुल्ल देखो अप्पुल्ल (षड)।

अपुव्व वि [अपूर्व] १ नूतन नवीन। २ अद्भुत, आश्चर्यकारक। ३ असाधारण, अद्वितीय (ह ४, २७०, उव ६ टी)। °करण न [°करण] १ आत्मा का एक अपूर्व शुभ परिणाम (आचा)। २ आठवाँ गुण-स्थानक (पव २२४, कम्म २, ६)।

अपूय } पुं [अपूप] एक भक्ष्य पदार्थ, पूआ
अपूव } पूआ (औप पण्ण ३६, दे १, १३४ ६, ८१)।

अपेक्खय सक [अप+ईक्ष्] आशा करना, राह देखना। हेक अपेक्खिउं (सी) (नाट)।

अपेच्छ वि [अप्रेक्ष्य] १ देखने के अयोग्य। २ देखने के अयोग्य (उव)।

अपेय वि [अपेय] पीने के अयोग्य, मद्य आदि (कुमा)।

अपेय वि [अपेत] गया हुआ नष्ट 'अपेयपत्थं' (हर १)।

अपेहय वि [अपेक्षक] आशा करने वाला (पव ४)।

अपोरिसिय } वि [अपौरुषिक] पुरुष से
अपोरिसीय } ज्यादा परिमाण वाला, अगाध (णाया १, ५; १४)।

अपोरिसीय वि [अपौरुषेय] पुरुष से नहीं बनाया हुआ, नित्य (ठा १०)।

अपोह सक [अप + ऊह्] निश्चय करना, निश्चय रूप से जानना। अपोहए (विसे ५६१)।

अपोह पुं [अपोह] १ निश्चय-ज्ञान (विसे ३९६)। २ पृथग्भाव, भिन्नता (ओघ ३)।

अप्प देखो अत्त = आप्त; 'अप्पोलभनिमित्तं पढमस्स णायज्झयणस्स अयमट्ठे पण्णत्तेत्ति बेमि' (णाया १, १)।

अप्प वि [अल्प] १ थोडा, स्तोक (सुपा २८०; स्वप्न ६७)। २ अभाव (जीव ३; भग १४, १)।

अप्प पुं [आत्मन्] १ आत्मा, जीव, चेतन (णाया १, १)। २ निज, स्व, 'अप्पणा अप्पणो कम्मक्खयं करित्तए' (णाया १, ५)। ३ देह, शरीर (उत्त ३)। ४ स्वभाव, स्वरूप (आचा)। °घाइ वि [°घातिन्] आत्म-हत्या करनेवाला (उप ३५७ टी)। °छंद वि [°च्छन्द] स्वैरी, स्वच्छन्दी (उप ८३३ टी)। °ज्ञ वि [°ज्ञ] १ आत्मज्ञ (हे २, ८३)। २ स्वाधीन (निचू १)। °ज्जोइ पुं [°ज्योतिस्] ज्ञानस्वरूप, 'किंजोइयं पुरिसो अप्पज्जोइ त्ति णिद्दिट्ठो' (विसे)। °ण्णु वि [°ज्ञ] आत्म-ज्ञानी (पड्)। °वस वि [वश] स्वतन्त्र, स्वाधीन (पाअ; पउम ३७, २२)। °वह पुं [°वध] आत्म-हत्या, अपघात (सुर २, १९६; ५, २३७)। °वाइ वि [°वादिन्] आत्मा के अतिरिक्त दूसरे पदार्थ को नहीं माननेवाला (णंदि)।

अप्प पुं [दे] पिता, बाप (दे १, ६)।

अप्प सक [अर्पय्] अर्पण करना, भेंट करना। अप्पेइ (हे १, ६३)। अप्पमइ (नाट)। संकृ. अप्पिअ (सुपा २८०)। कृ. अप्पेयव्व (सुपा २६५; ५१९)।

अप्पआस देखो अप्पगास (नाट)।

अप्पआस सक [श्लिष्] आलिङ्गन करना। अप्पआसइ (पड्)।

अप्पइट्ठाण पुंन [अप्रतिष्ठान] १ मोक्ष, मुक्ति (आचा)। २ सातवीं नरक-भूमि का बीचला आवास (सम २; ठा ५, ३)।

अप्पइट्ठिअ वि [अप्रतिष्ठित] १ अप्रतिबद्ध। २ अशरीरी, शरीर-रहित (आचा २, १६, १२)। देखो अपइट्ठिअ।

अप्पउलिय वि [अपक्वौषधि] नहीं पकी हुई फल-फलहरी (स ५०)।

अप्पओजग वि [अप्रयोजक] अ-गमक, अ-निश्चायक (हेतु) (धर्मसं १२२३)।

अप्पंभरि वि [आत्मम्भरि] अकेलपेटू, स्वार्थी (उप ५७०)।

अप्पकंप वि [अप्रकम्प] निश्चल, स्थिर (ठा १०)।

अप्पकेर वि [आत्मीय] स्वकीय, निजी (प्राभा)।

अप्पक्क वि [अपक्व] नहीं पका हुआ, कच्चा (सुपा ४१३)।

अप्पग देखो अप्प (आव ४; आचा)।

अप्पगास पुं [अप्रकाश] प्रकाश का अभाव, अन्धकार (निचू १)।

अप्पगुत्ता स्त्री [दे] कपिकच्छू, कौंच वृक्ष (दे १, २९)।

अप्पजाणुअ वि [आत्मज्ञ] आत्मा का जानकार (प्राकृ १८)।

अप्पजाणुअ वि [अल्पज्ञ] अज्ञ, मूर्ख (प्राकृ १८)।

अप्पज्झ वि [दे] आत्म-वश, स्वाधीन (दे १, १४)।

अप्पडिआर वि [अप्रतिकार] इलाज-रहित, उपाय-रहित (मा ४३)।

अप्पडिकंटय वि [अप्रतिकण्टक] प्रतिपक्ष-शून्य, प्रतिस्पर्धि-रहित (राय)।

अप्पडिकम्म वि [अप्रतिकर्मन्] संस्कार-रहित, परिष्कार-वर्जित; 'सुण्णागारे व अप्पडिकम्मे' (पण्ह २, ५)।

अप्पडिक्कंत वि [अप्रतिक्रान्त] दोष से अनिवृत्त, व्रत-नियम में लगे हुए दूषणों की जिसने शुद्धि न की हो वह (औप)।

अप्पडिकुट्ठ वि [अप्रतिकुष्ट] अनिवारित, नहीं रोका हुआ (ठा २, ४)।

अप्पडिचक्क वि [अप्रतिचक्र] अतुल्य, असमान (णंदि)।

अप्पडिण्ण } देखो अपडिण्ण (आचा)।
अप्पडिन्न }

अप्पडिबंध पु [अप्रतिबन्ध] १ प्रतिबन्ध का अभाव। २ वि. प्रतिबन्ध-रहित (सुपा ६०८)।

अप्पडिबद्ध देखो अपडिबद्ध (उत्त २९; पि २१८)।

अप्पडिबुद्ध वि [अप्रतिबुद्ध] १ अ-जागृत। २ कोमल, सुकुमार (अभि १९१)।

अप्पडिम वि [अप्रतिम] असाधारण, अनुपम (उप ७६८ टी, सुपा ३५)।

अप्पडिरूव वि [अप्रतिरूप] ऊपर देखो (उप ७२८ टी)।

अप्पडिलद्ध वि [अप्रतिलब्ध] अप्राप्त (णाया १, १)।

अप्पडिलेस्स वि [अप्रतिलेश्य] असाधारण मनो-बलवाला (औप)।

अप्पडिलेहण न [अप्रतिलेखन] अपर्यवेक्षण, अनवलोकन, नहीं देखना (आव ६)।

अप्पडिलेहणा स्त्री [अप्रतिलेखना] ऊपर देखो (कप्प)।

अप्पडिलेहिय वि [अप्रतिलेखित] अ-पर्यवेक्षित, अनवलोकित, नहीं देखा हुआ (उवा)।

अप्पडिलोम वि [अप्रतिलोम] अनुकूल (भग २५, ७; अभि २४)।

अप्पडिवइरिय पुं [अप्रतिवृत] प्रदोष काल (बृह १)।

अप्पडिवाइ वि [अप्रतिपातिन्] १ जिसका नाश न हो ऐसा, नित्य (सुर १४, २६)। २ अवधिज्ञान का एक भेद, जो केवल ज्ञान को बिना उत्पन्न किये नहीं जाता (विसे)।

अप्पडिहत्थ वि [अप्रतिहस्त] असमान, अद्वितीय (से १३, १२)।

अप्पडिहय वि [अप्रतिहत] १ किसी से नहीं रुका हुआ (पण्ह २, ५)। २ अखण्डित, अबाधित, 'अप्पडिहयसासणे' (णाया १, १६)। ३ विसंवाद-रहित 'अप्पडिहयवरनाणदंसणधरे' (भग १, १)।

अप्पडीबद्ध देखो अपडिबद्ध, 'निम्ममनिरहंकारा निम्मयसरीरेवि अप्पडीबद्धा' (संथा ६०)।

अप्पड्ढिय वि [अल्पर्द्धिक] थोडी ऋद्धि-वाला, अल्प वैभववाला (सुपा ४३०)।

अप्पण न [अर्पण] १ भेंट, उपहार, दान (था २७)। २ प्रधान रूप से प्रतिपादन (विसे १८४३)।

अप्पण देखो अप्प = आत्मन् (आचा, उत्त १; महा; हे ४, ४२२)।

अप्पण वि [आत्मीय] स्वकीय, निजका, 'नो अप्पणा परायाइ पुरुषो कइयावि होति सुहाणं' (सट्ठि १०५)।

अप्पणय वि [आत्मीय] स्वकीय, निजी (पउम ५०,१६; सुपा २७९; हे २,१५३)।

अप्पणा अ [स्वयम्] स्वयं, आप, निज, खुद (षड्)।

अप्पणिज्ज } वि [आत्मीय] स्वकीय,
अप्पणिज्जिय } स्वीय (ठा १; आवम)।

अप्पणो अ [स्वयम्] आप, खुद, निज, 'विम्भंति अप्पणो चेव कमलसरा' (हे २, २०९)।

अप्पण्ण देखो अक्कम = आ + क्रम्। अप्पण्णइ (प्राकृ ७३)।

अप्पण्णुअ देखो अप्पजाणुअ = आत्मज्ञ, मन्यज्ञ (प्राकृ १८)।

अप्पतक्किय वि [अप्रतर्कित] अविचारित, अनभिमत (स ५३०)।

अप्पत्त पुंन [अपात्र] १ अयोग्य, नालायक, कुपात्र; 'अण्णेहि हु अप्पत्ता परिरिद्धि नेय विसहति' (सुर ३, ४५; गा १५७)। २ वि. आधार-रहित, भाजन-शून्य (सुर १३, ४५)।

अप्पत्त वि [अपत्र] १ पत्ता से रहित (वृक्ष) (सुर ३, ४५)। २ पाख से रहित (पक्षी) (सूय १, १४)।

अप्पत्त वि [अप्राप्त] अनन्य, अनजान (सुर १३,४५; ओघ ९६)। °कारि वि [°कारिन्] वस्तु का बिना स्पर्श किये ही (दूर से) ज्ञान उत्पन्न करनेवाला, 'अप्पत्तकारि णयणं' (विसे)।

अप्पत्ति स्त्री [अप्राप्ति] नहीं पाना (सुर ४, २१३)।

अप्पत्तिय पुंन [अप्रत्यय] अविश्वास (स ६६७; सुपा ५१२)।

अप्पत्तिय न [अप्रीति] १ अप्रीति, प्रेम का अभाव (ठा ४, ३)। २ क्रोध, गुस्सा (सूय १, १, २)। ३ मानसिक पीड़ा (आचा)। ४ अपकार (निचू १)।

अप्पत्तिय वि [अपात्रिक] पात्र-रहित, आधार-वर्जित (भग १६, ३)।

अप्पत्तियण न [अप्रत्ययन] अविश्वास, अश्रद्धा (उप ३१२)।

अप्पत्थ वि [अप्रार्थ्य] १ प्रार्थना करने के अयोग्य। २ नहीं चाहने लायक (सुपा ३३६)।

अप्पत्थण न [अप्रार्थन] १ अयाचा। २ अनिच्छा, अचाह (उत्त ३२)।

अप्पत्थिय वि [अप्रार्थित] १ अयाचित। २ अनभिलषित, अवाञ्छित (जं ३)। °पत्थय, °पत्थिय वि [°प्रार्थक, °र्थिक] मरणार्थी, मौत को चाहनेवाला; 'वीस एं एस अप्पत्थिय-पत्थए दुरंतपंतलक्खणे' (भग ३, २; णाया १, ९, पि ७१)।

अप्पत्थुय वि [अप्रस्तुत] प्रसंग के अनुपयुक्त, विषयान्तर (सुपा १०६)।

अप्पदुट्ठ वि [अप्रद्विष्ट] जिसपर द्वेष न हो वह, प्रीतिकर (ओघ ७४४)।

अप्पदुस्समाण वकृ [अप्रद्विष्यन्] द्वेष नहीं करता हुआ (अंत १२)।

अप्पप्प वि [अप्राप्य] प्राप्त करने के अशक्य (विसे २६८७)।

अप्पभाय न [अप्रभात] १ बड़ी सवेर। २ वि. प्रकाश-रहित, कान्ति-वर्जित 'अत्र पुण अप्पभाए गयणे' (सुर ११, ११०)।

अप्पभु वि [अप्रभु] १ असमर्थ (भग)। २ पुं. मालिक से भिन्न, नौकर वगैरह (धर्म ३)।

अप्पमज्जिय वि [अप्रमार्जित] साफ नहीं किया हुआ (उवा)।

अप्पमत्त वि [अप्रमत्त] प्रमाद-रहित, सावधान, उपयोगवाला (पण्ह २,५; हे १,२३१, प्रति १८५)। °संजय पुंनी [°संयत] १ प्रमाद-रहित मुनि। २ न. सावधान पुरुष-स्थानक (भग ३, ३)।

अप्पमाण देखो अपमाण (इक्क ३; पण्ह २,३); 'मइरमिला विरायकप्पाणं, तवति तिव्वं तवमप्पमाणं। पइंति नाणं तह दिंति दाणं, सव्वंपि तेसिं कयमप्पमाणं' (सत्त २०)।

अप्पमाय पुं [अप्रमाद] प्रमाद का अभाव (निचू १)।

अप्पमेय वि [अप्रमेय] १ जिसका माप न हो सके, अनन्त (पउम ७५, २३)। २ जिसका ज्ञान न हो सके (धर्म १)। ३ प्रमाण से जिसका निश्चय न किया जा सके वह (पण्ह १, ४)।

अप्पय देखो अप्प (उवा; पि ४०१)।

अप्परिचत्त वि [अपरित्यक्त] नहीं छोड़ा हुआ, अपरित्यक्त (सुपा ११०)।

अप्परिवड्ढिय वि [अपरिवर्धित] अनद्य-विद्यमान (था ६)।

अप्पलहुअ वि [अप्रलघुक] महान्, बड़ा (से १, १)।

अप्पलीण वि [अप्रलीन] असंबद्ध, सङ्ग-वर्जित (सूय १, १, ४)।

अप्पलीयमाण वकृ [अप्रलीयमान] आसक्ति नहीं करता हुआ (आचा)।

अप्पवित्त वि [अप्रवृत्त] प्रवृत्ति-रहित (पंचा १४)।

अप्पवित्ति स्त्री [अप्रवृत्ति] प्रवृत्ति का अभाव (धर्म १)।

अप्पसंत वि [अप्रशान्त] अशान्त, कुपित (पंचा २)।

अप्पसंसणिज्ज वि [अप्रशंसनीय] प्रशंसा के अयोग्य (तंदु)।

अप्पसज्झ वि [अप्रसह्य] १ सहने के अशक्य। २ सहन करने के अयोग्य (वव ७)।

अप्पसण्ण वि [अप्रसन्न] उदासीन (भाव)।

अप्पसत्थ वि [अप्रशस्त] अचार, असुन्दर, खराब (ठा ३, ३; भग; था ४)।

अप्पसत्तिय वि [अल्पसत्त्विक] अल्प सत्त्व वाला, 'सुमहत्थाविगमत्था कीरति अप्पसत्तिया पुरिसा' (सूय १, ४, १)।

अप्पसारिय वि [अप्रसारिक] निर्जन, विजन (स्थान) (उत्त १७०)।

अप्पहवंत वकृ [अप्रभवत्] समर्थ नहीं होता हुआ, नहीं पहुँच सकता हुआ (स ३०५)।

अप्पहिय वि [अप्रमित] १ अविस्मृत। २ अप्रसिद्ध (सुपा १२५)।

अप्पाअप्पि स्त्री [दे] उत्कण्ठा, औत्सुक्य (पिंग)।

अप्पाउड वि [अप्रावृत] अनाच्छादित, नग्न (सूअ २, २)।

अप्पाउय वि [अल्पायुष्क] थोडा आयु-वाला (ठा ३, ३; पउम १४, ३०)।

अप्पाउरण वि [अप्रावरण] १ नग्न। २ न. वस्त्र का अभाव। ३ वस्त्र नही पहनने का नियम (पंचा ५, पव ४)।

अप्पाण देखो अप्प = आत्मन् (पण्ह १, २, ठा २, २, प्राप्र, हे ३, ५६)। °रक्खि वि [°रक्षिन्] आत्मा की रक्षा करनेवाला (उत्त ४)।

अप्पाबहु } न [अल्पबहुत्व] न्यूनाधिकता,
अप्पाबहुय } कम-बेशीपन (नव ३२; ठा ४, २)।

अप्पावय वि [अप्रावृत] १ वस्त्र-रहित, नग्न (पण्ह २, १)। २ खुला हुआ, बन्द नही किया हुआ (सूअ १, ५, १)।

अप्पाविय वि [अर्पित] दिया हुआ (सुपा ३३१)।

अप्पाह सक [सं + दिश्] सदेश देना, खबर पहुँचाना। अप्पाहइ (षड्; हे ४, १८०)। अप्पाहेइ (गा ६३२)। संकृ. अप्पाहट्टु, अप्पाहिवि (पि ५७७; भवि)।

अप्पाह सक [आ + भाष्] संभाषण करना। अप्पाहइ (प्राकृ ७०)।

अप्पाह सक [अधि + आपय्] पढाना, सीखाना। कर्म. अप्पाहिज्जइ (से १०, ७४)। वकृ. अप्पाहेंत (से १०,७५)। हेकृ. अप्पाहेउं (पि २८६)।

अप्पाहणी स्त्री [दे] संदेश, समाचार (पिंड ४३०)।

अप्पाहण्ण न [अप्राधान्य] मुख्यता का अभाव, गौणता (पचा १, भास ११)।

अप्पाहिय वि [संदिष्ट] सदेश दिया हुआ (भवि)।

अप्पाहिय वि [अध्यापित] १ पाठित, शिक्षित (से ११, ३८, १४, ६१)। २ न. सीख, उपदेश, 'अप्पाहियसरणं' (उप ५६२ टी)।

अप्पिड्ढि विढय [अल्पर्द्धिक] अल्प संपत्ति वाला (भग, पउम २, ७४)।

अप्पिण सक [अर्पय्] अर्पण करना, भेंट करना, देना, 'अहीरोवि वारगेण अप्पिणइ' (आक)। अप्पिणामि (पि ५५७)। अप्पिणंति (विसे ७ टी)।

अप्पिणग न [अर्पण] दान, भेंट (उप १७४)।

अप्पिणिज्जिय वि [आत्मीय] स्वकीय, निजी (भग)।

अप्पिय वि [अर्पित] १ दिया हुआ, भेंट किया हुआ (विपा १, २, हे १, ६३)। २ विवक्षित, प्रतिपादन करने को इष्ट, 'जह दवियमप्पिय त तहेव अत्थित्ति पज्जवनयस्स' (सम्म ४२)। ३ पु. पर्यायार्थिक नय, 'अप्पियमयं विसेसो सामन्नमणप्पियनयस्स' (विसे)।

अप्पिय वि [अप्रिय] १ अनिष्ट, अप्रीतिकर (भग १, ५, विपा १, १)। २ न. मन का दु ख। ३ चित्त की शका, 'अदु णाईण व सुहीणं वा अप्पियं दट्ठु एगता होति' (सूअ १, ४, १, १४)।

अप्पीइ स्त्री [अप्रीति] अप्रेम, अरुचि (सुपा २६४)।

अप्पीकय वि [आत्मीकृत] आत्मा से संबद्ध (विसे)।

अप्पुट्ठ वि [अस्पृष्ट] नहीं छूआ हुआ, असंयुक्त, 'जं अप्पुट्ठा भावा ओहिनाणस्स हुति पच्चक्खा' (सम्म ८१)।

अप्पुट्ठ वि [अपृष्ट] नही पूछा हुआ (सुपा १११)।

अप्पुण्ण वि [दे. आपूर्ण] पूर्ण (षड्)।

अप्पुल्ल वि [आत्मीय] आत्मा मे उत्पन्न (हे २, १६३, षड्, कुमा)।

अप्पुव्व देखो अपुव्व, 'अप्पुव्वो पडिबधो जीवियमवि चयइ मह कज्जे' (सुपा ३११)।

अप्पेयव्व देखो अप्प = अर्पय्।

अप्पोलि स्त्री [अप्रज्वलिता] कच्ची फल-फुलहरी (आ २१)।

अप्पोल्ल वि [दे] पोल-रहित, नक्कर (बृह ३)।

अप्फडिअ वि [आस्फालित] आस्फालित, आहत (विसे २९८२ टी)।

अप्फाल सक [आ + स्फालय्] १ आस्फोटन करना, हाथ से आघात करना। २ ताडना, पीटना। ३ ताल ठोकना। अप्फालेइ (महा)। कवकृ. अप्फालिज्जंत (राय)। संकृ. अप्फालिऊण (काप्र १८९; महा)।

अप्फालण न [आस्फालन] १ ताल ठोकना। २ ताडन, आघात (गा ५४८; से ५, २२; सुपा ८७)।

अप्फालिय वि [आस्फालित] १ हाथ से ताडित, आहत (पि ३११)। २ वृद्धि प्राप्त, उन्नत (राज)।

अप्फुंद सक [आ + क्रम्] १ आक्रमण करना। २ जाना, 'संभाराओ व्व एह अप्फुदइ मलिअरविअरं कुसुमरओ' (से ६, ५७)।

अप्फुडिय देखो अफुडिय (जं २, दस ६)।

अप्फुण्ण वि [दे. आक्रान्त] आक्रान्त, दबाया हुआ (हे ४, २५८)।

अप्फुण्ण वि [अपूर्ण] अपूर्ण, अधूरा (गउड)।

अप्फुण्ण } वि [दे. आपूर्ण] पूर्ण, भरा
अप्फुन्न } हुआ (दे १, २०, सुर १०, १७०, पाअ), 'महया पुत्तसोएणं अप्फुन्ना समाणी' (निर १, १)।

अप्फुल्लय देखो अप्पुल्ल (गउड)।

अप्फोआ स्त्री [दे] वनस्पति-विशेष (पण्ण १)।

अप्फोड सक [आ + स्फोटय्] १ आस्फालन करना, हाथ से ताल ठोकना। २ ताडन करना। वकृ. अप्फोडंत (णाया १, ८; सुर १३, १८२)।

अप्फोडण न [आस्फोटन] आस्फालन (गउड)।

अप्फोडिय } वि [आस्फोटित] १ आस्फा-
अप्फोलिय } लित, आहत। २ न. आस्फालन, आघात (पण्ह १, ३, कप्प)।

अप्फोया स्त्री [दे] वनस्पति-विशेष (राय ८० टी)।

अप्फोव वि [दे] वृक्षादि से व्याप्त, गहन, निविड (उत्त १८)।

अफल वि [अफल] निष्फल, निरर्थक (द १)।

अफाय पुं [दे] भूमि-स्फोट, वनस्पति-विशेष (पण्ण १)।

अफास वि [अस्पर्श] १ स्पर्श-रहित (भग)। २ खराब स्पर्श वाला (सूम १, ५, १)।

अफासुय वि [अप्रासुक] १ सचित्त, सजीव (भग ५,६)। २ अग्राह्य (भिक्षा) (ठा ३,१)।

अफुड वि [अस्फुट] अस्पष्ट, अव्यक्त (सुर ३, १०६; २१३; गा २६६; उप ७२८ टी)।

अफुडिअ वि [अस्फुटित] अखण्डित, नहीं टूटा हुआ (कुमा)।

अफुस वि [अस्पृश्य] स्पर्श करने के अयोग्य (भग)।

अफुसिय वि [अभ्रान्त] भ्रम-रहित (कुमा)।

अफुरस देखो अफुस (ठा ३, २)।

अबंभ न [अब्रह्म] मैथुन, स्त्री-सङ्ग (पण्ह १,४)। °चारि वि [°चारिन्] ब्रह्मचर्य नहीं पालनेवाला (पि ४०५; ५१५)।

अबद्धिय पुं [अबद्धिक] 'कर्मों का आत्मा से स्पर्श ही होता है, न कि क्षीर-नीर की तरह ऐक्य' ऐसा माननेवाला एक निह्नव—जैनाभास। २ न. उसका मत (ठा ७, विसे)।

अबल वि [अबल] बल रहित, निर्बल (पउम ४८, ११७)।

अबला स्त्री [अबला] स्त्री, महिला, जनाना (पाम)।

अबस पुं [अयश] बड़वानल (से १, १)।

अबहिट्ठ न [दे. अबहित्थ] मैथुन, स्त्री-सङ्ग (सूम १, ६)।

अबहिम्मण वि [अबहिर्मनस्क] धर्मिष्ठ, धर्म-तत्पर (आचा)।

अबहिल्लेस } वि [अबहिर्लेश्य] जिसकी
अबहिल्लेस } चित्त-वृत्ति बाहर न घूमती हो, संयत (भग; पण्ह २, ५)।

अबाधा देखो अबाहा (जीव ३)।

अबाह पुं [अबाह] देश-विशेष (इक)।

अबाहा स्त्री [अबाधा] १ बाध का अभाव (ओघ ५२ भा; भग १४, ८)। २ व्यवधान, अन्तर (सम ११)। ३ बाध-रहित समय (भग)।

अबाहिर अ [अबहिस्] बाहर नहीं, भीतर (कुमा)।

अबाहिरिय वि [अबाह्य] भीतरी, आभ्यन्तर (वव १)।

अबाहिरिय वि [अबाहिरिक] जिसके किले के बाहर वसति न हो ऐसा गाँव या शहर (बृह १)।

अबीय देखो अवीय (कप्प)।

अबुज्झ अ [अबुद्ध्वा] नहीं जान कर, 'केसिंचि तक्काइ अबुज्झ भावं' (सूम १, १३, २०)।

अबुद्ध वि [अबुध] १ अजान, मूर्ख। (दस २)। २ अविवेकी (सूम १, ११)।

अबुद्धिय } वि [अबुद्धिक] बुद्धि-रहित, मूर्ख
अबुद्धीय } (णाया १, १७; सूम १, २,१; पउम ८, ७४)।

अबुह वि [अबुध] १ अजान। (सूम १, २, १; जी १)। २ मूर्ख, बेवकूफ (पण्ह १, १)।

अबोह वि [अबोध] १ बोध-रहित, अजान। २ पुं. ज्ञान का अभाव (धर्म १)।

अबोहि पुंस्त्री [अबोधि] १ ज्ञान का अभाव (सूम २,६)। २ जैन धर्म की अप्राप्ति। ३ बुद्धि-विशेष का अभाव (भग १, ६)। ४ मिथ्या-ज्ञान, 'अबोहिं परियाणामि बोहिं उवसंपज्जामि' (आव ४)। ५ वि. बोधि-रहित (भग)।

अबोहिय न [अबोधिक] ऊपर देखो (दस ६; सूम १, १, २)।

अब्भ° स्त्री. ब. [अप्°] पानी, जल (श्रा २३)।

अब्बंभ देखो अबंभ (सुपा ३१०)।

अब्बंभण्ण } न [अब्रह्मण्य] ब्रह्मण्य का
अब्बम्हण्ण } अभाव (नाट; प्रयो ७६)।

अब्बीय देखो अवीय (चेइय ७३८)।

अब्बुद्धसिरी स्त्री [दे] इच्छा से भी अधिक फल की प्राप्ति (दे १, ४२)।

अब्बुय पुं [अर्बुद] पर्वत-विशेष, जो आज-कल 'आबू' नाम से प्रसिद्ध है (राज)।

अब्बुय न [अर्बुद] जमा हुआ शुक्र और शोणित (तंदु ७)।

अब्भ न [अभ्र] १ आकाश। (राय; पाय)। २ मेघ, बादल (ठा ४, ४; पाय)।

अब्भ सक [आ + भिद्] भेदन करना। अब्भे (आचा १, १, २, ३)।

अब्भंग सक [अभि + अञ्ज्] तैल आदि से मर्दन करना, मालिश करना। अब्भंगइ, अब्भंगेइ (महा)। संकृ. अब्भंगिउं, अब्भंगेत्ता, अब्भंगित्ता (ठा ३, १; पि २३४)। हेकृ. अब्भंगेत्तए (कस)।

अब्भंग पुं [अभ्यङ्ग] तैल-मर्दन, मालिश (निचू ३)।

अब्भंगण न [अभ्यञ्जन] ऊपर देखो (णाया १, १; महा)।

अब्भंगिएल्लय } वि [अभ्यक्त] तैलादि से
अब्भंगिय } मर्दित, मालिश किया हुआ (ओघ ८२, कप्प)।

अब्भंतर न [अभ्यन्तर] १ भीतर, में (गा ६२३)। २ वि. भीतर का, भीतरी (राय; महा)। ३ समीप का, नजदीक का (सम्बन्धी) (ठा ८)। °ठाणिज्ज वि [°स्थानीय] नजदीक के सम्बन्धी, कौटुम्बिक लोग (विपा १, ३)। °तव पुं [°तपस्] विनय, वैयावृत्य, प्रायश्चित्त, स्वाध्याय, ध्यान और कायोत्सर्ग रूप अन्तरंग तप (ठा ६)। °परिसा स्त्री [°परिषद्] मित्र आदि समान जनों की सभा (राय)। °लद्धि स्त्री [°लब्धि] अवधि-ज्ञान का एक भेद (विसे)। °संवुडा स्त्री स्त्री [°शम्बूका] भिक्षा की एक चर्या, गति-विशेष (ठा ६)। °सगडुद्धिया स्त्री [°शकटोद्धिका] कायोत्सर्ग का एक दोष (पव ५)।

अब्भंतर वि [अभ्यन्तर] भीतरी, भीतर का (जं ७; ठा २, १; पण्ण ३६)।

अब्भंसि वि [अभ्रंशिन्] १ भ्रष्ट नहीं होनेवाला (नाट)। २ अनष्ट (कुमा)।

अब्भक्खइज्ज देखो अब्भक्खा

अब्भक्खण न [दे] अकीर्ति, अपयश (दे १, ३१)।

अब्भक्खा सक [अभ्या + ख्या] झूठा दोष लगाना, दोषारोप करना। अब्भक्खाइ (भग ५, ७)। कृ. अब्भक्खइज्ज (आचा)।

अब्भक्खाण न [अभ्याख्यान] झूठा अभियोग, असत्य दोषारोप (पण्ह १,२)।

अब्भट्ठ देखो अब्भत्थिय; 'उ(?प)ब्भट्ठरिआवं' (निह २८१)।

अब्भड अ [दे] पीछे आकर (हे ४, ३६६)।

अब्भणुजाण सक [अभ्यनु + ज्ञा] अनुमति,

देना, सम्मति देना। अब्भणुजाणिस्सदि (शौ) (पि ५३४)।

अब्भणुण्णा [अभ्यनुज्ञा] अनुमति, सम्मति (राज)।

अब्भणुण्णाय वि [अभ्यनुज्ञात] अनुमत, समत (ठा ५, १)।

अब्भणुन्ना देखो अब्भणुण्णा।

अब्भणुन्नाय देखो अब्भणुण्णाय (णाया १, १; कप्प, सुर ३, ८८)।

अब्भण्ण न [अभ्यर्ण] १ निकट, नजदीक। २ वि. समीपस्थ (पउम ९८, ५८)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष (पउम ९८, ५८)।

अब्भत्त वि [अभ्यक्त] १ तैलादि से मर्दित, मालिश किया हुआ। २ सिक्त, सींचा हुआ, 'दिसि दिसि चब्भत्तभूरिकेयारो, पत्तो वासारत्तो' (सुर २, ७८)।

अब्भत्थ वि [अभ्यस्त] पठित, शिक्षित (सुपा ९७)।

अब्भत्थ सक [अभि + अर्थय्] १ सत्कार करना। २ प्रार्थना करना। अब्भत्थम्ह (पि ४७०)। संकृ. अब्भत्थइअ, अब्भत्थिअ (नाट)। कृ. अब्भत्थणीय (अभि ७०)।

अब्भत्थण न [अभ्यर्थन] १ सत्कार। २ प्रार्थना (कप्पू, हे ४, ३८४)।

अब्भत्थणा } स्त्री [अभ्यर्थना] १ आदर,
अब्भत्थणिया } सत्कार (से ४, ४८)। २ प्रार्थना, विज्ञप्ति (पचा ११, सुर १, १९),

'न सहइ अब्भत्थणिय, अमइ
गयाणपि पिट्ठिमसाइ।
उडिया स्त्री [दे] मुद्रा-विशेष (राज)।

उंडी स्त्री [दे] पिण्ड, गोलाकार वस्तु, 'तत्थ णं एगा वरमऊरी दो पुट्ठे परियागते पिट्ठ-डीपडुरे निव्वणे निरुवहए भिन्नमुट्ठिप्पमाणे मऊरीअंडए पसवति' (णाया १, ३)।

उंदर } पुस्त्री [उन्दुर] मूषक, चूहा (गउड,
उंदुर } पण्ह १, १, उवा, दे १, १०२)।

उदु न [दे] मुख, मुँह (अणु २९)। °रुक्क न [दे] मुँह से वृषभ आदि की तरह आवाज करना (अणु २९)।

उदुरअ पुं [दे] लम्बा दिवस (दे २, १०५)।

उंदुरु पुस्त्री [उन्दुरु] मूषक, चूहा (दस २, ७)।

उंब पुं [उम्ब] वृक्ष विशेष, 'निंबबउबउंबर' (उप १०३१ टी)।

उंबर पुं [उदुम्बर] १ वृक्ष-विशेष, गूलर का पेड़ (पण्ण १)। २ न. गूलर का फल (प्राप्र)। ३ देहली, द्वार के नीचे की लकड़ी (दे १, ९०)। °दत्त पु [°दत्त] १ यक्ष-विशेष (विपा १, ७)। २ एक सार्थवाह का पुत्र (विपा १, ७)। °पंचग, °पणग न [°पञ्चक] वड, पीपल, गूलर, प्लक्ष और काकोदुम्बरी इन पांच वृक्षों के फल (सुपा ४६; भग ९, ३३)। °पुप्फ न [°पुष्प] गूलर का फूल (भग ९, ३३)।

उंबर वि [दे] बहुत, प्रचुर (दे १, ९०)।

उंबरउप्फ न [दे] नवीन अभ्युदय, अपूर्व उन्नति (दे १, ११९)।

उंबरय पुं [दे] कुष्ठ रोग का एक भेद (सिरि ११४)।

उंबा स्त्री [दे] बन्धन (दे १, ८६)।

उंबी स्त्री [दे] पका हुआ गेहूँ (दे १, ८६; सुपा ४७३)।

उंबेभरिया स्त्री [दे] वृक्ष-विशेष (पण्ण १)।

उंभ सक [दे] पूर्ति करना, पूरा करना (राज)।

उक्किट्ठ देखो उक्किट्ठ (पिंग)।

उक्कुरुडिया [दे] देखो उक्कुरुडिया (निर १, १)।

उक्क वि [उत्क] १ उत्सुक, उत्कण्ठित (सुर ३, ५३)। एक विद्याधर राजा का नाम (पउम १०, २०)।

उक्क वि [उक्त] कथित (पिंग)।

उक्क न [दे] पाद-पतन, पाव पर गिर कर नमस्कार करना (दे १, ८५)।

उक्कअ वि [दे] प्रसृत, फैला हुआ (षड्)।

उक्कंचण } न [दे] १ झूठी प्रशंसा करना,
उक्कंचणया } खुशामद (णाया १, २)। २ ऊँचा करना, उठाना (सूअ २, २)। ३ झाड़ू निकालना (निचू ५)। ४ घूस, रिशवत (दसा २)। ५ मूर्ख पुरुष को ठगनेवाले धूर्त का, समीपस्थ विचक्षण पुरुष के भय से थोड़ी देर के लिए निश्चेष्ट रहना (औप)। °दीव पु [°दीप] ऊँचा डंडवाला प्रदीप (अन्त)।

उक्कड्ढण न [दे] देखो उक्कंचण (राज)।

उक्कंठ अक [उत् + कण्ठ्] उत्कण्ठा करना, उत्सुक होना। उक्कंठेहि (मै ७३)। वकृ. उक्कंठंत (मै ६३)। हेकृ. उक्कंठिदुं (शौ) (अभि १४७)।

उक्कंठा स्त्री [उत्कण्ठा] उत्सुकता, औत्सुक्य (हे १, २५, ३०)।

उक्कंठिय, उक्कंठिर, उक्कंठुलय वि [उत्कण्ठित] उत्सुक (गा ५४२, सुर ३, ८९, पउम ११, ११८, वज्जा ९०)।

उक्कंड वि [उत्कण्डित] खूब छटा हुआ, विशेष कण्डित (पिंड १७१)।

उक्कंडय सक [उत्कण्टय्] पुलकित करना, 'दियमेवि भूअसंभावणाए उक्कंटयति अगाइ' (गउड)।

उक्कंडय वि [उत्कण्टक] पुलकित, रोमाञ्चित (गउड)।

उक्कंडा स्त्री [दे] घूस रिशवत (दे १, ९२)।

उक्कंडिअ वि [दे] १ आरोपित। २ खण्डित (षड्)।

उक्कंत वि [उत्क्रान्त] ऊँचा गया हुआ (भवि)।

उक्कंति, उक्कंती स्त्री [दे] देखो उक्कंदा (दे १, ८७)।

उक्कंद वि [दे] विप्रलब्ध, ठगा हुआ, वञ्चित (षड्)।

उक्कंदल वि [उत्कन्दल] अंकुरित (गउड)।

उक्कंदि, उक्कंदी स्त्री [दे] कूपनुला (दे १, ८७)।

उक्कंप अक [उत्+कम्प्] कांपना, हिलना।

उक्कंप पु [उत्कम्प] कम्प, चलन (भग, गा ७३५)।

उक्कंपिय वि [उत्कम्पित] १ चञ्चल किया हुआ (राज)। २. न. कम्प, हिलन, 'णीसामुक्कपिअपुलइएहिं जाणंति णच्चिउं धण्णा। अम्हारिसीहिं दिट्ठे, पिअम्मि अप्पावि वीसरिओ' (गा ३६१)।

उक्कंपिय वि [दे] घवलित, सपेंद किया हुआ (कप्प)।

उक्कंबण न [दे. अवकम्बन] काठ पर काठ के हान से घर की छत बांधना, घर का सस्कार विशेष (बृह १)।

उक्कंबिय वि [दे. अवकम्बित] काठ से बांधा हुआ (राज)।

उक्कच्छ वि [उत्कच्छ] स्फुट, स्पष्ट (पिंग)।

उक्कच्छा स्त्री [उत्कच्छा] छन्द-विशेष (पिंग)।

उक्कच्छिआ स्त्री [औपकक्षिकी] जैन साध्वियों को पहनने का वस्त्र-विशेष (ओघ ६७७)।

उक्कज्ज वि [दे] अनवस्थित, चञ्चल (षड्)।

उक्कट्ठि स्त्री [अपकृष्टि] अपकर्ष, हानि (वव १)।

उक्कट्ठि स्त्री [उत्कृष्टि] उत्कर्ष, 'महता उक्कट्ठिसीहणादकलकलरवेणं' (सुज्ज १९—पत्र २७८)। देखो उक्किट्ठि।

उक्कड वि [उत्कट] १ तीव्र, प्रचण्ड, प्रखर (णंदि, महा)। २ विशाल, विस्तीर्ण (कप्प, सुर १, १०९)। ३ प्रबल (उवा; सुर ९, १७२)।

°उक्कड देखो टुक्कड (उप ६४६)।

उक्कडिय वि [दे] तोडा हुआ, छिन्न (पाअ)।

उक्कडिय देखो उक्कुडुय (कस)।

उक्कड्ढ सक [उत्+कर्षय्] उत्कृष्ट करना, बढाना। उक्कड्ढए (कम्म ५, ९८ टी)।

उक्कड्ढग पुं [अपकर्षक] १ चोर की एक जाति—जो घर से धन आदि ले जाते हैं। २ जो चारों को बुलाकर चोरी कराते हैं। ३ चोर की पीठ ठोकने वाले, चोर के सहायक (पण्ह १, ३ टी)।

उक्कड्ढिय वि [उत्कर्षित] १ उत्पाटित, उठाया हुआ। २ एक स्थान से उठा कर अन्यत्र स्थापित (पिंड ३९१)।

उक्कण्ण वि [उत्कर्ण] सुनने के लिए उत्सुक (से ९, १६)।

उक्कत्त सक [उत्+कृत्] काटना, कतरना। वकृ उक्कत्तंत (सुपा २१६)।

उक्कत्त वि [उत्कृत्त] कटा हुआ, छिन्न (विपा १, २)।

उक्कत्तण न [उत्कर्त्तन] काट डालना, छेदन (पुप्फ ३८४)।

उक्कत्तिय देखो उक्कत्त = उत्कृत्त (पउम ५९, २४)।

उक्कत्थण न [उत्कत्थन] उखाडना (पण्ह १, १)।

उक्कप्प पु [उत्कल्प] शास्त्र निषिद्ध आचरण (पंचभा)।

उक्कनाह पुं [दे] उत्तम अश्व की एक जाति (सम्मत्त २१६)।

उक्कम सक [उत्+क्रम्] १ ऊँचा जाना। २ उलटे क्रम से रखना। वकृ. उक्कमंत (आवम)। संकृ. उक्कमिऊणं (विसे ३५३१)।

उक्कम पु [उत्क्रम] उलटा क्रम, विपरीत क्रम (विसे २७१)।

उक्कमण न [उत्क्रमण] ऊर्ध्व गमन। २ बाहर जाना (समु १७२)।

उक्कमित वि [उपक्रान्त] १ प्रारब्ध। २ क्षीण, 'अब्भागमितम्मि वा दुहे, अहवा उक्कमिते भवंतीए। एगस्स गती य आगती, विदुम ता सरणं ण मन्नइ।' (सूअ १, २, ३, १७)।

उक्कर सक [उत्+कृ] खोदना। कवकृ. उक्करिज्जमाण (आवम)।

उक्कर पुं [उत्कर] १ समूह, संघात, 'सक्क-रक्करसड्ढे' (सुपा ५१८)। २ कर रहित, राज देय शुल्क से रहित (णाया १, १)।

उक्करड देखो उक्कर = उत्कर, 'कस्सावि उत्तरीय गहिऊण कओ अ उक्करडो' (सिरि ७९५)।

उक्करड पुं [दे] १ अशुचि राशि। २ जहाँ मैला इकट्ठा किया जाता है वह स्थान (श्रा २७, सुपा ३५५)।

उक्करिअ वि [दे] १ विस्तीर्ण, आयत। २ आरोपित। ३ खण्डित (षड्)।

उक्करिअ वि [उत्कीर्ण] खोदित, खोदा हुआ, 'टंकुक्करियव्व निच्चलनिहित्तलोयणा' (महा)।

उक्करिअ (शौ) वि [उत्कृत] ऊँचा किया हुआ (स्वप्न ३९)।

उक्करिया स्त्री [उत्करिका] जैसे एरण्ड के बीज से उसका छिलका अलग होता है उस तरह अलग होना, भेद-विशेष (भग ५, ४)।

उक्करिस सक [उत्+कृष्] १ खोदना। २ गर्व करना, बड़ाई करना। वकृ. उक्करिसंत (स १४, ९)।

उक्करिस देखो उक्कस = उत्कर्ष (उव, विसे १७९९)।

उक्करिसण न [उत्कर्षण] १ उत्कर्ष, बड़ाई, महत्व। २ स्थापन, आधान ;
'उम्मिल्लइ लायण्णं
पयपच्छायाए सक्कय वयाणं।
सक्कयसक्कारुक्करिसणेण
पययस्सवि पहावो॥' (गउड)।

उक्करिसिय वि [उत्कृष्ट] खींच निकाला हुआ, उन्मूलित (से १४, ३)।

उक्कल देखो उक्कड (ठा ५, ३)।

उक्कल अक [उत्+कल्] उत्कट रूप से बरतना। उक्कलइ (सुख २, ३७)।

उक्कल वि [उत्कल] १ धर्म-रहित। २ न. चोरी (पण्ह १, ३, टी)। २ पुं. देश-विशेष, जिसको आजकल 'उड़िया' या 'उडीसा' कहते हैं (प्रबो ७८)।

उक्कलंब सक [उत्+लम्बय्] फाँसी लटकाना। उक्कलंबेमि (स ६३)।

उक्कलंबण न [उल्लम्बन] फाँसी लटकाना। (स ३५८)।

उक्कला देखो उक्कलिया (उत ३६, १३८)।

उक्कलिय वि [दे] उबला हुआ; गुजराती में 'उकलेलुं'; 'उसिणोदगं तिदंडुक्कलियं' (विचार २५७)।

उक्कलिया स्त्री [उत्कलिका] १ लूता, मकड़ी एक प्रकार का कीड़ा जो जाल बनाता है, 'उक्कलियंडे' (कप्प)। २ नीचे की तरफ बहनेवाला वायु (जी ७)। ३ छोटा समुदाय, समूह-विशेष (ठा ३, १)। ४ लहरी, तरंग (राज)। ५ ठहर-ठहर कर तरंग की तरह चलनेवाला वायु (आचा)।

उक्कस सक [गम्] जाना, गमन करना। उक्कसइ (हे ४, १६२, कुमा)। प्रयो. उक्कसावेइ। वकृ. उक्कसावंत (निचू १०)।

उक्कस देखो ओकस। वकृ. उक्कसमाण (कम)। हेकृ. उक्कसित्तए (आचा २, ३, १, १५)।

उक्कस देखो उक्कुस (कुमा)।

उक्कस देखो उक्कस्स = उत्कर्ष (सूअ १, १, ४, १२); 'तवस्सी अइउक्कसो' (दस ५, २, ४२)।

उक्कसण न [उत्कर्षण] १ अभिमान करना (सूअ १, १३)। २ ऊँचा जाना। ३ निवर्तन, निवृत्ति। ४ प्रेरणा (राज)।

उक्कसाइ वि [उत्कशायिन्] सत्कारादि के लिए उत्कण्ठित (उत्त ३)।

उक्कसाइ वि [उत्कषायिन्] प्रबल कषाय-वाला (उत १५)।

उक्कस्स अक [अप+कृष्] १ ह्रास प्राप्त होना, हीन होना। २ फिसलना, गिरना, पैर रपटने से गिर जाना। वकृ. उक्कस्समाण (ठा ५)।

उक्कस्स पुं [उत्कर्ष] १ गर्व, अभिमान (सूअ १, १, ४, २)। २ अतिशय, उत्कृष्टता (भवि)।

उक्कस्स वि [उत्कर्षवत्] १ उत्कृष्ट, ज्यादा से ज्यादा, 'उक्कस्सठिईयाणं' (ठा १, १,); 'उक्कस्सा उदीरणया' (कम्मप १६६)। २ अभिमानी, गर्विष्ठ (सूअ १, १)।

उक्का स्त्री [उल्का] १ लूका, आकाश से जो एक प्रकार का अंगार सा गिरता है (ओघ ३१० भा, जी ६)। २ छिन्न-मूल दिग्दाह (आचू)। ३ अग्नि पिण्ड (ठा ८)। ४ आकाश-वह्नि (दस ४)। °मुह पुं [°मुख] १ अन्तर्द्वीप-विशेष। २ उसके निवासी लोक (ठा ४, २)। °वाय पुं [°पात] तारा का गिरना, लूका गिरना। (भग ३, ६)।

उक्का स्त्री [दे] कूप-तुला (दे १, ८७)।

उक्काम सक [उत्+क्रामय्] दूर करना, पीछे हटाना, 'उक्कामयंति जीवं धम्माओ तेण ते कामा' (दसनि २—पत्र ८७)।

उक्कारिया देखो उक्करिया (पण्ण ११; भास ७)।

उक्कालिय वि [उत्कालिक] वह शास्त्र, जिसका अमुक समय में ही पढ़ने का विधान न हो (ठा २, १)।

उक्कास देखो उक्कस्स = उत्कर्ष (भग १२, ५)।

उक्कास वि [दे] उत्कृष्ट, ज्यादा से ज्यादा (षड्)।

उक्कासिअ वि [दे] उत्थित, उठा हुआ (दे १, ११४)।

उक्किट्ठ वि [उत्कृष्ट] १ ज्यादा (पव—गा १५)। २ पुन. इमली आदि के पत्तों का समूह (दस ५, १, ३४)। ३ लगातार दो दिन का उपवास (संबोध ५८)।

उक्किट्ठ वि [उत्कृष्ट] १ उत्कृष्ट, उत्तम (हे १, १२८; द २६)। २ फल का शस्त्र द्वारा किया हुआ टुकड़ा (दस ५, १, ३४)।

उक्किट्ठि स्त्री [उत्कृष्टि] हर्षध्वनि, आनन्द की आवाज (औप; भग २, १)। देखो उक्कट्ठि।

उक्किण्ण वि [उत्कीर्ण] १ खोदित, खोदा हुआ (अभि १८२)। २ नष्ट (आचू २)।

उक्कित्त वि [उत्कृत्त] कटा हुआ (से ५, ५१)।

उक्कित्तण न [उत्कीर्त्तन] १ कथन (पउम ११८, ६३)। २ प्रशंसा, श्लाघा (चउ १)।

उक्कित्तिय वि [उत्कीर्त्तित] कथित, कहा हुआ (सुज्ज २० टी)।

उक्किन्न वि [उत्कीर्ण] १ चर्चित, उपलिप्त; 'चंदणोक्किन्नणायसरीरे' (तंदु २९)। २ खोदा हुआ (दसनि २, १७)।

उक्किर सक [उत्+कृ] खोदना, पत्थर आदि पर अक्षर वगैरह का शस्त्र से लिखना। उक्किरइ (पि ४७७)।

उक्किरणग न [उत्करणक] अक्षत आदि से बढ़ाना, बधावा, वर्धापन, 'पुप्फारुहणगाइं उक्किरणगाइं। पूयं च चेइयाणं तेवि सरज्जेसु कारिंति' (धर्मवि ४९)।

उक्किरिय देखो उक्करिअ = उत्कीर्ण (श्रा १४, सुपा ५१८)।

उक्कीर देखो उक्किर। उक्कीरसि (अणु)। वकृ. उक्कीरमाण (अणु)।

उक्कीरिअ देखो उक्करिअ = उत्कीर्ण (उप पृ ३१५)।

उक्कीलिय न [उत्क्रीडित] उत्तम क्रीडा (पउम ११५, ६)।

उक्कीलिय वि [उत्कीलित] कीलक से नियंत्रित, 'उक्कीलिउव्व परिघभिउव्व सुन्नुव्व मुक्कजीउव्व' (सुपा ४७५)।

उक्कुंचण न [उत्कुञ्चन] ऊँचे चढ़ाना (सूअ २, २, ६२)।

उक्कुड वि [दे] मत्त, उन्मत्त (दे १, ९१)।

उक्कुक्कुर अक [उत्+स्था] उठना, खड़ा होना। उक्कुक्कुरइ (हे ४, १७, षड्)।

उक्कुज्ज अक [उत् + कुब्ज्] ऊँचा होकर नीचा होना। सक उक्कुज्जिय (आचा)।

उक्कुज्जिय न [उत्कूजित] अव्यक्त शब्द (नीचू)।

उक्कुट्ठ न [उत्कुष्ट] वनस्पति का कूटा हुआ चूर्ण (आचा, निचू १, ४)।

उक्कुट्ठ वि [उत्कुष्ट] ऊँचे स्वर से आक्रुष्ट (दे १, ४७)।

उक्कुडुग } वि [उत्कुटुक] आसन विशेष,
उक्कुडुय } निषद्या विशेष (भग ७, ६, ओघ १५९ भा णाया १, १)। स्त्री उक्कुडुई (ठा ५, १)। °सणिय वि [°सनिक] उत्कुटुक आसन से स्थित (ठा ५ १)।

उक्कुद्द अक [उत् + कूर्द्] कूदना, उछलना। उक्कुद्दइ (उत्त २७, ५)।

उक्कुरुआ देखो उक्कुरुडिया (ती ११)।

उक्कुरुड पु देखो उक्कुरुडी (कुप्र ५५)।

उक्कुरुड पु [दे] राशि ढेर (दे १, ११०)।

उक्कुरुडिगा } स्त्री [दे] घूरा, कूड़ा डालने
उक्कुरुडिया } की जगह (उव ५९३ टी, विपा
उक्कुरुडी } १, १ णाया १, २, दे १, ११०)।

उक्कुस सक [गम्] जाना, गमन करना। उक्कुसइ (हे ४, १६२)।

उक्कुस वि [उत्कृष्ट] उत्तम, श्रेष्ठ (कुमा)।

उक्कूइय न [उत्कूजित] अव्यक्त महा-ध्वनि (पण्ह १, १)।

उक्कूल वि [उत्कूल] १ सन्मार्ग से भ्रष्ट करनेवाला। २ किनारे से बाहर का। ३ न चोरी (पण्ह १, ३)।

उक्कूव अक [उत् + कूज्] अव्यक्त आवाज करना, चिल्लाना। वकृ. उक्कूवमाण (विपा १, ८, निर ३, १)।

उक्केर पु [उत्कर] १ समूह, राशि, ढेर (कुमा महा)। २ करण विशेष, कर्मों की स्थित्यादि को बढाना (विसे २५१४)। ३ भिन्न, एरण्ड के बीज की तरह जो अलग किया गया हो वह (राज)।

उक्केर पु [दे] उपहार, भेंट (दे १, ९६)।

उक्केल्लाविय वि [दे] उकेलाया हुआ खुलवाया हुआ, 'राइणा उक्केलियाइ चोल्लयाइं, निरूवियाइं समत्तमो, जाव दिट्ठ कत्थइ सुवण्ण, कत्थइ रुप्पय, कत्थइ मणि-मोत्तियपवालाइ' (महा)।

उक्कोट्टिय वि [दे] अवरोध रहित किया हुआ, घेरा उठाया हुआ (स ६३९)।

उक्कोड न [दे] राज-कुल मे दातव्य द्रव्य, राजा आदि का दिया जाता उपहार (वव १ टी)।

उक्कोडा स्त्री [दे] घूस, रिश्वत (दे १, ९२, पण्ह १, ३ विपा १, १)।

उक्कोडिय वि [दे] घूस लेकर कार्य करनेवाला, घुमखोर (णाया १, १, औप)।

उक्कोडी स्त्री [दे] प्रतिशब्द, प्रतिध्वनि (दे १, ९४)।

उक्कोय वि [उत्कोप] प्रखर, उत्कट (सण)।

उक्कोयण देखो उक्कोवण (भवि)।

उक्कोया स्त्री [उत्कोचा] १ घूस रिश्वत। २ मूर्ख को ठगने मे प्रवृत्त धूर्त पुरुष का समीपस्थ विचक्षण पुरुष के भय से थोडी देर के लिए अपने कार्य को स्थगित करना (राज)।

उक्कोल पु [दे] घाम, धूप, गरमी (दे १, ८७)।

उक्कोवण न [उत्कोपन] उद्दीपन उत्तेजन, 'मयणुक्कोवण' (भवि)।

उक्कोविअ वि [उत्कोपित] अत्यत क्रुद्ध किया हुआ (उप पृ ७८)।

उक्कोस सक [उत् + क्रुश्] १ रोना, चिल्लाना। २ तिरस्कार करना। वकृ उक्कोसत (राज)।

उक्कोस वि [उत्कर्ष] उत्कृष्ट, प्रधान, मुख्य (पचा १, २)।

उक्कोस पु [उत्कर्ष] १ प्रकर्ष, अतिशय 'उक्कोसजहन्नेण अतमुहुत्त चिय जियति' (जी ३८, ओप)। २ गर्व अभिमान (सूअ १ २, २, २९, सम ७१ ठा ४, ४—पत्र २७४)।

उक्कोस वि [उत्कृष्ट] उत्कृष्ट, अधिक से अधिक 'सुरनरइयाण ठिई उक्कोसा सागराणि तित्तीस' (जी ३६) 'कोसतिग च मणुस्सा उक्कोससरीरमाणेण' (जी ३२), 'तओ वियत्तीओ पन्नाहित्तए, त जहा—उक्कोसा, मज्झिमा, जहण्णा' (ठा ३ उव)।

उक्कोस पु [उत्कोश] १ कुरर, पक्षि-विशेष (पण्ह १, १)। २ वि. जोर से चिल्लानेवाला (राज)।

उक्कोसण न [उत्कोशन] १ क्रन्दन। २ निर्भर्त्सन, तिरस्कार,

'उक्कोसणतज्जणताडणाओ
अवमाणहीलणाओ य।
मुणिणो मुणियपरभवा
दढप्पहारिव्व विसहति' (उव)।

उक्कोसा स्त्री [उत्कोशा] कोशानामक एक प्रसिद्ध वेश्या (धर्म वि ९७)।

उक्कोसिअ वि [उत्कोशित] भर्त्सित, तिरस्कृत, दुतकारा हुआ (उप पृ ७८)।

उक्कोसिअ वि [उत्कर्षिन्] देखो उक्कोस = उत्कृष्ट (कप्प भत्त ३७)।

उक्कोसिअ पु [उत्कौशिक] १ गोत्र-विशेष का प्रवर्तक एक ऋषि। २ न गोत्र विशेष, थेरस्स ण अज्जवइरसेणस्स उक्कोसियगोत्तस्स (कप्प)।

उक्कोसिअ वि [दे] पुरस्कृत आगे किया हुआ (षड्)।

उक्कोसिया स्त्री [उत्कृष्टि] उत्कर्ष, आधिक्य (भग)।

उक्कोस्स देखो उक्कोस = उत्कृष्ट (विसे ५८७)।

उक्ख सक [उक्ष्] सींचना (सूअ २, २, ५५)।

उक्ख [उक्ष] १ सबन्ध (राज)। २ जैन साध्वियों के पहनने के वस्त्र विशेष का एक अश (बृह १)।

उक्ख देखो उच्छ = उक्षन् (पाअ)।

उक्खइअ वि [उत्खचित] व्याप्त, भरा हुआ (से १ ३३)।

उक्खड सक [उत् + खण्डय्] तोडना, टुकडा करना। वकृ उक्खडत (नाट)।

उक्खड पु [दे] १ सघात, समूह। २ स्फुट, विषमान्तर प्रदेश (दे १, १२६)।

उक्खडण न [उत्खण्डन] उत्कर्तन, विच्छेदन (विक २८)।

उक्खडिअ वि [उत्खण्डित] खण्डित, छिन्न (से ५, ४३)।

उक्खडिअ वि [दे] आक्रान्त, दबाया हुआ (से १, ११२)।

उक्खंद पुं [अवस्कन्द] १ घेरा डालना। २ छल से शत्रु सैन्य को मारना (पण्ह १, २)।

उक्खंभ पुं [उत्तम्भ] अवलम्ब, सहारा (सथा)।

उक्खंभिय देखो उत्थंभिय (भवि)।

उक्खंभिय न [औत्तम्भिक] अवलम्ब, सहारा (राज)।

उक्खडमडुत्ति अ [दे] पुन पुन, बारंबार, 'उक्खडमडुत्ति वा भुज्जो भुज्जोत्ति वा पुणो पुणोत्ति वा एगट्ठा' (वव १)।

उक्खण सक [उत् + खन्] उखाडना, उच्छेदन करना, काटना। उक्खणाहि (पण्ह १, १)। सकृ उक्खणिऊण (नीचू १)। कर्म. उक्खम्मति (पि ५४०)। कवकृ उक्खम्मत (से ७, २८)। कृ. उक्खम्मिअव्व (से १०, २६)।

उक्खण सक [दे] खाँडना, मुसल वगैरह से व्रीहि आदि का छिलका दूर करना (दे १, ११५)।

उक्खण वि [दे] अवकीर्ण, चूर्णित (षड्)।

उक्खणण न [उत्खनन] उन्मूलन, उत्पाटन (वण्ह १, १)।

उक्खणण न [दे] खाँडना, निस्तुषीकरण (दे १, ११५ टी)।

उक्खणिअ न [दे] खण्डित, निस्तुषीकृत (दे १, ११५)।

उक्खत्त देखो उक्खय (पि ९०, १९३, ५६६)।

उक्खम्म देखो उक्खण = उत् + खन्।

उक्खय वि [उत्खात] १ उखाडा हुआ, उन्मूलित (णाया १ ७, हे १, ६७, षड्, महा)। २ खुला हुआ, उद्घाटित,

'एत्थन्तरम्मि पत्तो, सुदाढविज्जाहरो तहिं भवणे।
उक्खयखग्गा दिट्ठा, दूयारा तेणवि दुवारे'
(सुवा ४००)।

उक्खल } देखो उऊखल (हे २, ९०, सूअ
उक्खलग } १, ४, २, १२)।

उक्खलिय वि [दे उत्खण्डित] उन्मूलित, उत्पाटित (से ६, २६)।

उक्खलिया } स्त्री [दे] थाली, पात्र विशेष
उक्खली } (दे १, ८८), 'उक्खलिया थाली जा साधुणिमित्तं सा आहाकम्मिया' (निचू १)।

उक्खा स्त्री [ऊखा] स्थाली, भाजन-विशेष (आचा २, १, १)।

उक्खाइद (शौ) वि [उत्खातित] उद्धृत (उत्तर ९७)।

उक्खाय देखो उक्खय (हे १, ६७, गा २७३)।

उक्खाल सक [उत् + खन्, खालय्] उखाडना, उन्मूलन करना। संकृ. उक्खलइत्ता (रंभा)।

उक्खिण देखो उक्खण = उत् + खन्। उक्खिणमि (भवि)। संकृ. उक्खिणिवि (अप) (भवि)।

उक्खिण्ण वि [दे] १ अवकीर्ण, ध्वस्त, चूर्णित। २ आछन्न, गुप्त। ३ पार्श्व मे शिथिल, एक तरफ से ढीला (दे १, १३०)।

उक्खित्त } वि [उत्क्षिप्त] १ फेंका हुआ।
उक्खित्तय } २ ऊँचा उडाया हुआ (पाअ)। ३ ऊँचा किया हुआ (णाया १, १)। ४ उन्मूलित, उत्पाटित (राज)। ५ बाहर निकाला हुआ (पण्ह २, १)। ६ उत्थित (पिंग)। ७ न. गेय विशेष (राय, ठा ४, ४)। °चरय वि [°चरक] पाक पात्र से बाहर निकाले हुए भोजन को ही ग्रहण करने का नियमवाला (साधु) (पण्ह २, १)।

उक्खिप्प देखो उक्खिव = उत् + क्षिप्।

उक्खिय वि [उक्षित] सिक्त, सींचा हुआ, 'चदणोक्खियगायसरीरे' (सूअ २, २, ५५, कप्पू)।

उक्खिल्ल सक [दे] उखाडना। प्रयो., हेकृ. 'उक्खिल्लाविउ माढत्तो थूभो' (ती ७)।

उक्खिव सक [उप + क्षिप्] स्थापन करना, 'सुयस्स य भगवओ चेव नाम उक्खिविस्सामो' (स १९२)।

उक्खिव सक [उत् + क्षिप्] १ फेंकना। २ ऊँचा फेंकना। ३ उडाना। ४ बाहर करना। ५ काटना। ६ उठाना। उक्खिविइ (सूत्र ५६)। वकृ. 'पाएवि उक्खिवंती न लज्जति एट्टिया सुणेवत्था' (बृह ३)। संकृ. उक्खिविउ, उक्खिप्प (पि ५७५, आचा २, २, ३)। कवकृ. उक्खिप्पंत, उक्खिप्पमाण (से ६, ३५, पण्ह १, ४), उच्छिप्पत (से २, १३)।

उक्खिवण न [उत्क्षेपण] १ फेंकना, दूर करना। २ वि. दूर करनेवाला (कुमा)।

उक्खिवणा स्त्री [उत्क्षेपणा] बाहर करना, दूर करना (बृह १)।

उक्खिविय देखो उक्खित्त (सुर २, १८०)।

उक्खुंड पुं [दे] १ उल्मुक, अलात, मशाल। २ समूह। ३ वस्त्र का एक अंश, अञ्चल (दे १, १२९)।

उक्खुड सक [तुड्] तोडना, टुकडा करना। उक्खुडइ (हे ४, ११६)।

उक्खुडिअ वि [तुडित] १ खण्डित, छिन्न, भिन्न (कुमा, से ४, २१; सुपा २६२)। २ व्यय किया हुआ, खर्च किया हुआ,

'एत्तियकाला इहिंह, उक्खुडिय
सालिमाइय नाउ।
तुह जोग्गं तो सहसा,
पुणो पुणो कुट्टिय हियय'
(सुपा १५)।

उक्खुत्त वि [दे. उत्कृत्त] काटा हुआ, 'रएणुदुरदंतुक्खुत्तविसवलियं तिलच्छेत्त' (गा ७६९)।

उक्खुब्भ अक [उत् + क्षुभ्] क्षुब्ध होना। उक्खुब्भइ (प्राकृ ७५)।

उक्खुरुहुंचिअ वि [दे] उत्क्षिप्त, फेंका हुआ (दे १, ४)।

उक्खुलंप सक [दे] खुजवाना। संकृ. उक्खुलंपिय (आचा २, १, ६, २)।

उक्खुहिअ वि [उत्क्षुब्ध] क्षुब्ध, क्षोभ प्राप्त (से ७, १६)।

उक्खेव पुं [उत्क्षेप] १ उत्पाटन, उन्मूलन (औप)। २ ऊँचा करना (गउड)। ३ जो उठाया जाय वह, 'उक्खेवे निक्खेवे महल्लभाणम्मि' (पिंड ५७०)।

उक्खेव पुं [उपक्षेप] उपोद्घात, भूमिका (उवा, विपा १, २, ३, ४)।

उक्खेवग वि [उत्क्षेपक] १ ऊँचा फेंकनेवाला। २ पुं. एक जाति का पखा, व्यजन-विशेष (पण्ह २, ५)।

उक्खेवण न [उत्क्षेपण] १ फेंकना (पउम ३७, ५०)। २ उन्मूलन, उत्पाटन (सूअ २, १)।

उक्खेविअ वि [उत्क्षेपित] जलाया हुआ (धूप) (भवि)।

उक्खोडिअ वि [उत्खोटित] १ उत्क्षिप्त, उड़ाया हुआ (पाम)। २ छिन्न, उखाड़ा हुआ (दे १, १०५; १११)।

उग अक [उत् + गम्] उदित होना। उगइ (नाट)।

उग (अप) वि [उद्गत] उदित (पिंग)।

उगाहिअ वि [दे] उत्क्षिप्त, फेंका हुआ (षड्)।

उगुणपन्न स्त्री [एकोनपञ्चाशत्] उनपचास, ४९ (सुज्ज १०, ६ टी)।

उगुणवीसा स्त्री [एकोनविंशति] उनीस, १९ (सुज्ज १०, ६ टी)।

उगुणुत्तर न [एकोनसप्तति] उनहत्तर, ६९, 'उगुणुत्तराइं' (सुज्ज १०, ६ टी)।

उगुनउइ स्त्री [एकोननवति] नवासी, ८९ (कम्म ६, ३०)।

उगुसीइ स्त्री [एकोनाशीति] उनासी, ७९ कम्म ६, ३०)।

उग्ग अक [उद् + गम्] उदित होना। उग्गे (पिंग)। वकृ. उग्गत, 'देव ! पणयजणकल्लाणकदुद्दविसट्टणुग्गतमिह-(?हि)। राणुगारिणो' (धर्मा ५)।

उग्ग सक [उद् + घाटय्] खोलना। उग्गइ (हे ४, ३३)।

उग्ग वि [उग्र] १ तेज, तीव्र, प्रबल (पउम ८३, ४)। २ पु. क्षत्रिय की एक जाति, जिसका भगवान् आदिदेव ने आरक्षक पद पर नियुक्त की थी (ठा ३, १)। °वई स्त्री [°वती] ज्योति-शास्त्र-प्रसिद्ध नन्दा-तिथि की रात (ज ७)। °सिरि पु [°श्रीक] राक्षस वंश का एक राजा, स्वनाम ख्यात एक लंकेश (पउम ५, २६४)। °सेण पु [°सेन] मथुरा नगरी का एक यदुवंशीय राजा (णाया १, १६, अंत)।

उग्गंठ सक [उत् + ग्रन्थ्] खोलना, गाँठ खोलना। संकृ उग्गंठिऊण (हम्मीर १७)।

उग्गंध वि [उद्गन्ध] अत्यन्त सुगन्धित (गउड)।

उग्गच्छ } अक [उद् + गम्] उदय
उग्गम } होना। उग्गच्छदि (शौ) (नाट)। उग्गमइ (वज्जा १६)। उग्गमेज्ज (काल)। वकृ. उग्गमंत, उग्गममाण (सुपा ३८, पण्ण १)।

उग्गम पु [उद्गम] १ उत्पत्ति, उद्भव, 'तत्थुग्गमो पसूई पभवो एमाई होंति एगट्ठा' (राज)। २ उदय, 'सूरुग्गमो' (सुर ३, २५०)। ३ उत्पत्ति से सम्बन्ध रखनेवाला एक भिक्षा दोष (ओघ ९५, ५३० भा, ठा १०)।

उग्गमण न [उद्गमन] उदय (सिरि ४२८ सुज्ज ९)।

उग्गमिय वि [उद्गमित] उपार्जित (निचू २)।

उग्गय वि [उद्गत] उत्पन्न, जात (आव ३)। २ उदित, उदय प्राप्त (सुर ३, २४७)। ३ व्यवस्थित (राज)।

उग्गह सक [रचय्] रचना, बनाना, निर्माण करना। करना। उग्गहइ (हे ४, ९४)।

उग्गह सक [उद् + ग्रह्] ग्रहण करना। उग्गहइ (भग)। संकृ उग्गहित्ता (भग)।

उग्गह पु [अवग्रह] इन्द्रिय द्वारा होनेवाला सामान्य ज्ञान विशेष (विसे)। २ अवधारण, निश्चय (उत्त)। ३ प्राप्ति, लाभ (आचू)। ४ पात्र भाजन (पचा ३)। ५ साध्वियों का एक उपकरण (ओघ ६६६, ६७६)। ६ योनिद्वार (बृह ३)। ७ ग्रहण करने योग्य वस्तु (पण्ह १, ३)। ८ आश्रय, आवास-स्थान, वसति (आचा), 'आहापडिरूव उग्गह ओगिन्हित्ता' (णाया १, १)। ९ वह वस्तु, जिसपर अपना प्रभुत्व हो, अधीन चीज (बृह ३)। १० देव या गुरु से जितनी दूरी पर रहने का शास्त्रीय विधान है उतनी जगह मर्यादित भू-भाग, गुर्वादि की चारों तरफ की शरीर प्रमाण जमीन, अणुजाणह मे मिउग्गह' (पडि)। °णंत, °णंतग न [°नन्त, °क] जैन साध्वियों का एक गुह्याच्छादक वस्त्र, जाँघिया, लँगोट, 'छादतागहणंत' (बृह ३)। °पट्ट °पट्टग पुन [°पट्ट °क] देखो पूर्वोक्त अर्थ 'ना कप्पइ निग्गंथाण उग्गहणंतग वा उग्गहपट्टग वा धारित्तए वा परिहरित्तए वा' (बृह ३)।

उग्गह पु [अवग्रह] परोसने के लिए उठाया हुआ भोजन (सूअ २, २, ७३)।

उग्गहण न [अवग्रहण] इन्द्रिय द्वारा होनेवाला सामान्य ज्ञान, 'अत्थाणं उग्गहणं अवग्गहो' (विसे १७९)।

उग्गहिअ वि [रचित] १ निर्मित, विहित (कुमा)।

उग्गहिअ वि [अवगृहीत] १ सामान्य रूप से ज्ञात। २ परोसने के लिए उठाया हुआ (ठा १)। ३ गृहीत। ४ आनीत। ५ मुख में प्रक्षिप्त, 'तिविहे उग्गहिए पण्णत्ते,—ज च उग्गिण्हइ, ज च साहरइ, ज च आसगम्मि पक्खिवति' (वव २, ८)।

उग्गहिअ वि [दे] निपुण-गृहीत, अच्छी तरह लिया हुआ (दे १, १०४)।

उग्गा सक [उद् + गै] १ ऊँचे स्वर से गान करना। २ वर्णन करना। ३ श्लाघा करना, 'उग्गाइ गाइ हसइ,

असवुड़ो सय करेइ कदप्प।
गिहिकज्जचिंतगो वि य,
ओसन्ने देइ गेण्हइ वा' (उव)।

वकृ उग्गायंत (सुर ८, १८९)। कवकृ. उग्गीयमाण (पउम २, ४१)।

उग्गाढ वि [उद्गाढ] १ अति गाढ, प्रबल (उप ९८६ टी, सुपा ९४)। २ स्वस्थ, तन्दुरस्त (बृह १)।

उग्गामिय वि [उद्गमित] ऊपर उठाया हुआ, ऊँचा किया हुआ (सुख १, १४)।

उग्गायत देखो उग्गा।

उग्गार } पु [उद्गार] १ वचन, उक्ति, 'ते
उग्गाल } पिसुणा जे ए सहति णिग्गुणा परगुणुग्गारे' (गउड)। २ शब्द, आवाज, ध्वनि 'तियसरहपल्लियघणो णहदुदुहिबहलगज्जिउग्गारो', 'अहिताडियकसुग्गारझंझणापडिरवाहोओ' (गउड)। ३ डकार। ४ वमन, ओकाई (नाम, कस) जिणझाणालणडज्झंतमयणधूमुग्गारेण पिव केसकलावेण' (स ३१३, निचू १०)। ५ जल का छोटा प्रवाह, उग्गालो छिछोली' (पाअ)। ६ रोमन्थ, पगुराना 'रोमथा उग्गालो' (पाअ)।

उग्गाल पु [दे. उद्गाल] पान की पिचकारी (पव ३८)।

उग्गाल पुं [उद्गार] विनिर्गम, बाहर निकलना (वव १)।

उग्गाह सक [उद् + ग्रह्] ग्रहण करना, 'भायणवत्थाइं पमज्जइ, पमज्जइत्ता भायणाइं उग्गाहेइ' (उवा)। सकृ. उग्गाहेत्ता जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ' (उवा)।

उग्गाह सक [अव + गाह्] अवगाहन करना, 'उग्गाहेति नाणाविहाओ चिगिच्छा-सत्थियाओ' (स १७)।

उग्गाह सक [उद् + ग्राहय्] १ तगादा करना। २ ऊँचे से चलना। उग्गाहइ (प्राकृ ७२)।

उग्गाह पु. देखो उग्गाहा (पिंग)।

उग्गाहण न [उद्ग्राहण] तगादा, दी हुई चीज की माँग (सुपा ५७८)।

उग्गाहणिआ स्त्री [उद्ग्राहणिका] ऊपर देखो, 'उज्जाणपालयाण पासम्मि गओ तया सोवि। उग्गाहणियाहउ' (सुपा ६३२)।

उग्गाहणी स्त्री [उद्ग्राहणी] ऊपर देखो (द्र ६)।

उग्गाहा स्त्री [उद्गाथा] छन्द विशेष (पिंग)।

उग्गाहिअ वि [दे उद्ग्राहित] १ गृहीत, लिया हुआ। २ उत्क्षिप्त, फेंका हुआ। ३ प्रवर्तित (दे १, १३७)। ४ उत्पालित, ऊँचे से चलाया हुआ (पाअ, स २१३)।

उग्गाहिम वि [अवगाहिम] तली हुई वस्तु। (पण्ह २, ५)।

उग्गिण्ण } वि [उद्गीर्ण] १ उक्त, कथित
उग्गिन्न } (भवि)। २ वान्त, उद्गीर्ण (णाया १, १)। ३ उठाया हुआ, ऊपर किया हुआ,

'उग्गिन्नखग्गमबल अवलोइय
नरवईवि विम्हइओ।
चिंतेइ अहो धट्ठा, मज्झ वहट्ठा
इह पविट्ठा' (सुर १६, १४७),

'निद्दय! नियबिणीवह-
कलकमलिणोव्व रे तुमं जाओ।
उग्गिन्नखग्गपसरतक्तिसा-
मलियसव्वंगो' (सुपा ५३८)।

उग्गिर देखो उग्गिल। उग्गिरेइ (मुद्रा १२१)। वकृ. उग्गिरंत (काल)।

उग्गिरण न [उद्गरण] १ वान्ति, वमन, कय। २ उक्ति, कथन

'माणसिणोवि अवमाणवंचणा
ते परस्स न करंति।
सुहदुक्खुग्गिरणत्थं, साहू
व्वहिव्व गंभीरा' (उव)।

उग्गिल सक [उद् + गृ] १ कहना, बोलना। २ डकार करना। ३ उलटी करना, वमन करना। ४ उठाना। वकृ. 'अग्गिजालुग्गिलंत वयण' (णाया १, ८)। संकृ. उग्गिलित्ता (कस), उग्गिलेत्ता (निचू १०)।

उग्गिलिअ देखो उग्गिण्ण (पाअ)।

उग्गीय वि [उद्गीत] १ उच्च स्वर से गाया हुआ (दे १,१६३)। २ न. संगीत गीत, गान (से १, ६५)।

उग्गीयमाण देखो उग्गा।

उग्गीर देखो उग्गिर। वकृ. 'सग्गं उग्गीरंतो इत्थिवहत्थं, हयासलोयाणं' (सुपा १५८)।

उग्गीरिअ देखो उग्गिण्ण, 'उग्गीरिओ ममोवरि, जमजीहादीहतरलकरवालो' (सुपा१५८)।

उग्गीव वि [उद्ग्रीव] उत्कण्ठित, उत्सुक (कुमा)। °ीकय वि [°ीकृत] उत्कण्ठित किया हुआ (उप १०३१ टी)।

उग्गुलुंछिआ स्त्री [दे] हृदय-रस का उछलना, भावोद्रेक (दे १, ११८)।

उग्गोव सक [उद् + गोपय्] १ खोजना। २ प्रकट करना। ३ विमुग्ध करना। वकृ. 'इत्थी वा पुरिसे वा सुविणते एग महं किण्हमुत्तगं वा जाव सुक्किल्लमुत्तगं वा पासमाणे पासति उग्गोवेमाणे उग्गोवेइ' (भग १६, ६)।

उग्गोवणा स्त्री [उद्गोपना] १ खोज, गवेषणा,

'एसण गवेसणा लग्गणा
य उग्गोवणा य बोद्धव्वा।
एए उ एसणाए नामा
एगट्ठिया होंति' (पिंड ७३)।

२ देखो उग्गम उग्गम उग्गोवण मग्गणा य एगट्ठियाणि एयाणि' (पिंड ८५)।

उग्गोविय वि [उद्गोपित] विमोहित, भ्रान्त, 'उग्गोवियमिति अप्पाण मन्नति' (भग १६, ६)।

उग्घ देखो उघ। उग्घइ (षड्)।

उग्घट्टि } स्त्री [दे] अवतंस, शिरो-भूषण (दे
उग्घट्टी } १, ९०)।

उग्घड सक [उद् + घाटय्] खोलना (प्राप्रा)।

उग्घड अक [उद् + घट्] खुलना। उग्घडइ (सिरि ५०४)। उग्घडंति (धर्म वि ७६)।

उग्घडिअ वि [उद्घाटित] खुला हुआ (धर्म वि ७७)।

उग्घडिअ वि उद्घाटित] खुला हुआ। २ छिन्न, नष्ट किया हुआ (से ११, १३०)।

उग्घर वि [उद्गृह] गृह-त्यागी, जिसने घरबार छोड कर संन्यास लिया हो वह, साधु,

'चदोव्व कालपक्खे परिहाई पए पए पमायपरो।
तह उग्घरविग्घरनिरगणो वि नय इच्छिय लहइ'
(णाया १, १० टी)।

उग्घव देखो अग्घव। उग्घवइ (हे ४, १६९ टि, राज)।

उग्घसिय न [अवघर्षित] घर्षण (राय ६७)।

उग्घाअ पु [दे] १ समूह, संघात (दे १, १२६, स ७७, ४३६, गउड, से ५, ३४)। २ स्फुट, विषमान्नत प्रदेश (दे १,१२६)।

उग्घाअ पु [उद्घात] १ आरम्भ, प्रारम्भ, 'उग्घाओ आरंभो' (पाअ)। २ प्रतिघात ठोकर लगना। ३ लघूकरण, भाग-पात (ठा ३)। ४ उपोद्घात, भूमिका (विसे १३४८)। ५ ह्रास (ठा ५, २)। ६ न. प्रायश्चित्त-विशेष। ७. निशीथ सूत्र का एक अंश, जिसमें उक्त प्रायश्चित्त का वर्णन है, 'उग्घायमणुग्घायं आरोवण तिविहमो निसीह तु' (आव ३)।

उग्घाअ सक [उद् + घातय्] विनाश करना। उग्घाएइ (उत्त २९, ६)।

उग्घाइम वि [उद्घातिम] १ लघु, छोटा। २ न. लघु प्रायश्चित्त (ठा ३)।

उग्घाइय वि [उद्घातित] १ विनाशित (ठा १०)। २ न. लघु प्रायश्चित्त (ठा ५)।

उग्घाइय वि [उद्घातित] लघु प्रायश्चित्त वाला (वव १)।

उग्घाइय न [उद्घातिक] लघु प्रायश्चित्त (कस)।

उग्घाड सक [उद् + घाटय्] १ खोलना। २ प्रकट करना। ३ बाहर करना। उग्घाडइ (हे ४, ३३)। उग्घाडए (महा)। संकृ. उग्घाडिऊण (महा)। कृ. उग्घाडिअव्व (श्रा १६)। कवकृ. उग्घाडिज्जंत (से ५, १२)।

उग्घाड पुं [उद्घाट] प्रकट, प्रकाश, 'किंतु कम्मो बहुएहिं उग्घाडो निययकम्माण' (सिरि ५२८)।

उग्घाड देखो उग्घाड = उद् + घाट्य। हेकृ. 'त जिणहरम्स दार केणवि नो सक्किय उघाडेउं' (सिरि ५२८)।

उग्घाड वि [उद्घाट] १ खुला हुआ, अनाच्छादित (पउम ३९, १०७)। २ थोडा बन्द किया हुआ 'उग्घाडकवाडउग्घाडणाए' (श्राव ४)। ३ व्यक्त प्रकट। ४ परिपूर्ण, अन्यून, 'एत्थतरम्मि उग्घाडपोरिसीसूयगा दलो पत्तो' (सुपा ९७)।

उग्घाडण न [उद्घाटन] १ खोलना (श्राव ४)। २ बाहर करना, बाहर निकालना (उप पृ ३९७)।

उग्घाडणा स्त्री [उद्घाटना] ऊपर देखो (श्राव ४)।

उग्घाडिअ वि [उद्घाटित] १ खुला हुआ। २ प्रकाशित, प्रकाशित (मि २, ३७)।

उग्घायण न [उद्घातन] १ नाश, विनाश (आचा)। २ पूज्य-स्थान, उत्तम जगह। ३ सरोवर मे जाने का मार्ग (आचा २, ३)।

उग्घार पु [उद्घार] सिञ्चन, छिडकाव, 'विणियतरहिरग्घार निवडिओ धरणिवट्टे' (स ५९८)।

उग्घिट्ठ } वि [उद्घृष्ट] सघृष्ट, 'नमिरसुर-
उग्घुट्ठ } किरीडुग्घिट्ठपायारविंद' (लहुअ ४, से ९, ८०)।

उग्घुट्ठ वि [उद्घुष्ट] घोषित, उद्घोषित (सुर १०, १४, सण), 'अमरवहुग्घुट्ठजयजयारव' (महा)।

उग्घुट्ठ वि [दे] उत्प्रोञ्छित, लुप्त, दूरीकृत, विनाशित (दे १, ९९), उरघालिरवेणीमुहथणलग्गुग्घुट्ठमहिरमा जणअसुआ' (से ११, १०२)।

उग्घुस सक [मृज्] साफ करना, मार्जन करना। उग्घुसइ (हे ४, १०५)।

उग्घुस सक [उद् + घुष्] देखो उग्घोस। संकृ. उग्घुसिअ (नाट)।

उग्घुसिअ वि [मृष्ट] मार्जित, साफ किया हुआ (कुमा)।

उग्घोस सक [उद् + घोषय्] घोषणा करना, ढिंढोरा पिटवाना, जाहिर करना। उग्घोसेह (विपा १, १)। वकृ. उग्घोसेमाण (विपा १, १, णाया १, ५)। कवकृ. उग्घोसिज्जमाण (विपा १, २)।

उग्घोस पुं [उद्घोष] नीचे देखो (स्वप्न २१)।

उग्घोसणा स्त्री [उद्घोषणा] डुग्गी पिटवाना, ढिंढोरा पिटवा कर जाहिर करना (विपा १, १)।

उग्घोसिय वि [मार्जित] साफ किया हुआ, 'उग्घोसियमुनिम्मल व आयंसमडलतल' (पण्ह २, ५)।

उग्घोसिय वि [उद्घोषित] जाहिर किया हुआ, घोषित (भवि)।

उघूण वि [दे] पूर्ण भरपूर (षड्)।

उचिय वि [उचित] योग्य, लायक, अनुरूप (कुमा, महा)। °ण्णु वि [°ज्ञ] विवेकी (उप ७६८ टी)।

उच्च न [दे] नाभि-तल (दे १, ८६)।

उच्च } वि [उच्च, °क, उच्चैस्] १ ऊँचा
उच्चअ } (कुमा)। २ उत्तम, उत्कृष्ट (हे २, १९४, सूअ १, १०)। °च्छंद वि [°च्छन्दस्] स्वैर, स्वेच्छाचारी (पण्ह १, २)। °णागरी देखो °नागरी (कप्प)। °त्त न [त्व] १ ऊचाई (सम १२, जी २८)। २ उत्तमता (ठा ४, १)। °त्तभयग, °त्तभयय पु [°त्वभृतक] जिससे समय और वेतन का इकरार कर यथासमय नियत काम लिया जाय वह नौकर (राज ठा ४, १)। °त्तरिया स्त्री [°त्तरिका] लिपि विशेष (सम ३५)। °त्थवणय न [°स्थापनक] लम्बगलाकार वस्तु विशेष, 'धण्णस्स ण अणगारस्स गीवाए अयमेयारूवे तवरूवलावन्ने होत्था, से जहानामए करगगीवा इवा कुडियागीवा इवा उच्चथवणए इवा' (अनु)। °वचिआ स्त्री [°वचिका] ऊँचा-नीचा करना, जैसे-तैसे रखना,

'कह तपि तुइ ण णाअं जह सा
आसंदिआए बहुआणं।
काऊण उच्चवचिअं तुह
दसणलेहला पडिआ'
(गा ६९७)।

°वाय पुं [°वाद] प्रशंसा, श्लाघा (उप ७२८ टी)। देखो उच्चा।

उच्चइअ वि [उच्चयित] एकत्रीकृत, इकट्ठा किया हुआ (काल)।

उच्चंडिय वि [दे] ऊँचा चढाया हुआ (हम्मीर २८)।

उच्चंतय पुं [उच्चन्तक] दन्त-रोग, दाँत मे होनेवाला रोग विशेष (राज)।

उच्चंपिअ वि [दे] १ दीर्घ, लम्बा, आयत (दे १, ११६)। २ आक्रान्त, दबाया हुआ, रौंदा हुआ 'सीस उच्चंपिअ' (तदु)।

उच्चड्डिअ वि [दे] उत्क्षिप्त, ऊँचा फेंका हुआ (दे १, १०६)।

उच्चत्त वि [उत्त्यक्त] पतित, त्यक्त (पाअ)।

उच्चत्तपरत्त न [दे] १ दोनो तरफ का स्थूल भाग। २ अनियमित भ्रमण, अव्यवस्थित विवर्त्तन (दे १, १३९)। ३ दोनों तरफ से ऊँचा नीचा करना (पाअ)।

उच्चत्थ वि [दे] दृढ, मजबूत (दे १, ९७)

उच्चदिअ वि [दे] मुषित, चुराया हुआ (षड्)।

उच्चप्प वि [दे] आरूढ, ऊपर बैठा हुआ (दे १, १००)।

उच्चय सक [उत् + त्यज्] त्याग देना छोड देना। कृ उच्चयणिज्ज (पउम ६९, २८)।

उच्चय पु [उच्चय] १ समूह राशि 'रयणोच्चय विसाल' (सुपा ३४, कप्प)। २ ऊँचा ढेर करना (भग ८, ९)। ३ नीवी, स्त्री के कटी-वस्त्र की नाडी (पाअ)। °बंध पुं [°बन्ध] बन्ध विशेष, ऊपर ऊपर रख कर चीजो को बाँधना (भग ८, ९)।

उच्चय पु [अवचय] इकट्ठा करना, एकत्रीकरण (दे २, ५६)।

उच्चर सक [उत्+चर्] १ पार जाना, उतीर्ण होना। २ कहना, बोलना। ३ अ. समर्थ होना पहुँच सकना। ४ बाहर निकलना। उच्चरए (सूत्त ४६), 'मूलदेवेण य निरूपियाइं पामाइं जाव दिट्ठं निसियासिहत्थेहिं वेढियमताणयं मणूसेहिं। चिंतियं च, णाहमेएसिं उच्चरामि, कायव्वं च मए बहरनिज्जायणं निराउहो संपयं, ता न पोरिसमस्सावसरोत्ति चिंतिय भणियं' (महा)। वकृ.

'भरिउच्चरंतपरिप्पिमसंभरणविसुणो वराईए।
परिवाहो विम्र दुक्खस्स वहइ णयणट्ठिमा बाहो'
(गा ३७७)।

उच्चरण न [उच्चरण] कथन, उच्चारण, 'सिद्धममक्स सोहिं वय-उच्चरणाइ काऊण' (सुपा ३१७)।

उच्चरिय वि [उच्चरित] १ उत्तीर्ण, पार-प्राप्त, 'तीए हत्थिसंभमुच्चरियाए उज्झिऊण भय, जीवियदायगोत्ति मुणिऊण तुम साहिलासं पलोइओ' (महा)। २ उच्चरित, कथित, उक्त (विस १०८३)।

उच्चलण न [उच्चलन] उन्मर्दन, उत्पीडन (पाअ)।

उच्चलिय वि [उच्चलित] चलित, गत (भवि)।

उच्चल्ल वि [दे] १ अध्यासित, आरूढ। २ विदारित, छिन्न (षड्)।

उच्चल्ल सक [उत्+चल्] १ चलना, जाना। २ समीप में आना।

उच्चल्लिय वि [उच्चलित] १ गत, गया हुआ। २ समीप में आया हुआ,

'जिणभवणदुवारट्ठियउच्चल्लिय-
फुल्लमालिओहस्स।
पुप्फाइ गेण्हतो, अतो
विहिणा पविट्ठो ह'
(सुर ३, ७४)।

उच्चा अ [उच्चैस्] १ ऊँचा, 'तो तेण दुट्ठहरिणा उच्चा हरिऊण लोय पच्चक्खं। उवणीओ सो रण्णे' (महा)। २ उत्तम, श्रेष्ठ (ठा २, १)। °गोत्त, °गोय न [°गोत्र] १ उत्तम गोत्र, श्रेष्ठ-वंश। २ कर्म विशेष, जिसके प्रभाव से जीव उत्तम माने-जाते कुल में उत्पन्न होता है (ठा २, ४, आचा)। °वय न [°व्रत] १ महाव्रत (उत्त १)। २ वि. महाव्रतधारी (उत्त १५)।

उच्चाअ वि [दे] १ श्रान्त, थका हुआ (ओघ ५१८)। २ पुं. आलिंगन, परिरम्भ (सुपा ३३२)।

उच्चाइय वि [दे उत्त्याजित] उत्थापित, उठाया हुआ, 'उच्चाइया नंगरा' (स २०६)।

उच्चाग पुं [उच्चाग] हिमाचल पर्वत। °य वि [°ज] हिमाचल में उत्पन्न, 'उच्चागयठाणसट्ठसंठिय' (कप्प)।

उच्चाड वि [दे] निपुण, निशात (दे १, ६७)।

उच्चाड सक [दे] १ रोकना, निवारना। २ अ. अफसोस करना, दिलगीर होना (हे २, १९३ टि)।

उच्चाडण न [उच्चाटन] १ एक स्थान से दूसरे स्थान में उठा ले आना, स्व-स्थान से भ्रष्ट करना। २ मन्त्र विशेष, जिसके प्रभाव से वस्तु अपने स्थान से उठायी जा सकती है, 'उच्चाडणवसणमोहणाइ सव्वपि मह करगय च' (सुपा ५९९)।

उच्चाडणी स्त्री [उच्चाटनी] विद्या विशेष जिसके द्वारा वस्तु अपने स्थान से उठायी जा सकती है (सुर १३, ८१)।

उच्चाडिर वि [दे] १ रोकनेवाला, निवारण करनेवाला। २ अफसोस करनेवाला, दिलगीर, 'किं उल्लावेंतीए, उम्र जूरंतीए किं नु भीआए। उच्चाडिरीए वेल्लेत्ति, तीए भणिअ न विम्हरिमो' (हे २, १९३)।

उच्चार सक [उत्+चारय्] १ बोलना, उच्चारण करना। २ मलोत्सर्ग करना, पाखाना जाना। उच्चारेइ (उवा)। वकृ उच्चारयंत (स १०७)। उच्चारेमाग (कप्प, णाया १, १)। कृ. उच्चारेयव्व (उवा)।

उच्चार पु [उच्चार] १ उच्चारण। २ विष्ठा, मलोत्सर्ग (सम १०, उवा सुपा ६११)।

उच्चार वि [दे] विमल, स्वच्छ (दे १, ६७)।

उच्चारण न [उच्चारण] कथन, 'इसि हस्सपंचक्खरुच्चारणद्धाए' (औप)।

उच्चारिअ वि [दे] गृहीत, उपात्त (दे १, ११४)।

उच्चारिअ वि [उच्चारित] १ कथित, उक्त। २ पाखाना गया हुआ (राज)।

उच्चाल सक [उत्+चालय्] १ ऊँचा फेंकना। २ दूर करना। संकृ. 'उच्चालइय निहाणिसु अद्दा आसणाओ खलईसु' (आचा)।

उच्चालइय वि [उच्चालयित्] दूर करनेवाला त्यागनेवाला, 'जं जाणेज्जा उच्चालइय तं जाणेज्जा दुरालइय' (आचा)।

उच्चालिय वि [उच्चालित] उठाया हुआ, ऊँचा किया हुआ, उत्थापित, 'उच्चालियम्मि पाए इरियासमियस्स सक्कमट्ठाए' (ओघ ७४८, दसनि ४५)।

उच्चाव सक [उच्चय्] ऊँचा करना, उठाना। संकृ उच्चावइत्ता, 'दोवि पाए उच्चावइत्ता सव्वओ समंत समभिनाएज्ज' (पण्ण १७)।

उच्चावय वि [उच्चावच] १ ऊँचा और नीचा (णाया, १, १, पण्ण ३४)। २ उत्तम और अधम (भग १५)। ३ अनुकूल और प्रतिकूल (भग १, ६)। ४ असमञ्जस, अव्यवस्थित (णाया १, १६)। ५ विविध, नानाविध, 'उच्चावयाहिं सेज्जाहिं तवस्सी भिक्खू थामवं' (उत्त ८)। ६ उत्कृष्टतर, विशेष उत्तम, 'तए णं तस्स आणंदस्स समणोवासगस्स उच्चावएहिं सीलव्वयगुणवेरमणपच्चक्खाणपोसहोववासेहिं अप्पाण भावेमाणस्स' (उवा, ओप)।

उच्चाविय वि [उच्चित] ऊँचा किया हुआ (वज्जा १३२)।

उच्चिट्ठ अक [उत्+स्था] खड़ा होना। उच्चिट्ठ (काल)।

उच्चिडिम वि [दे] मर्यादा रहित, निर्लज्ज, 'उच्चिडिम मुक्कमज्जाय' (पाअ)।

उच्चिण सक [उत्+चि] फूल वगैरह को तोड़ कर एकत्रित करना, इकट्ठा करना। उच्चिणइ (हे ४, २४१)। वकृ. उच्चिणंत (भवि)।

उच्चिणण न [उच्चयन] अवचयन, एकत्रीकरण (सुपा ४९९)।

उच्चिणिय वि [उच्चित] इकट्ठा किया हुआ, अवचित (पाअ)।

उच्चिणिर वि [उच्चेतृ] फूल वगैरह को चुननेवाला (कुमा)।

उच्चिय देखो उचिय, 'तस्स सुयोच्चियपत्तत्तणेण संतोसमणुपत्ता' (उप १६९ टी)।

उच्चिवलय न [दे] कलुषित जल, मैला पानी (पाअ)।

उच्चुंच वि [दे] दृप्त, गर्विष्ठ, अभिमानी (दे १, ९९)।

उच्चुग वि [दे] अनवस्थित (षड्)।

उच्चुड अक [उत्+चुड्] अपसरण करना, हटना। वकृ उच्चुडत (गउड ७३३)।

उच्चुप्प सक [चट्] चढना आरूढ होना, ऊपर बैठना। उच्चुप्पइ (हे ४, २५९)।

उच्चुप्पिअ वि [दे. चटित] आरूढ, ऊपर चढा हुआ (दे १, १००)।

उच्चुरण [दे] उच्छिष्ट, जूठा (षड्)।

उच्चुलउलिअ न [दे] कुतूहल से शीघ्र शीघ्र जाना (दे १, १२१)।

उच्चुल्ल वि [दे] १ उद्विग्न, खिन्न। २ अधिरूढ, आरूढ। ३ भीत, डरा हुआ (दे १, १२७)।

उच्चूड पु [उच्चूड] निशान का नीचे लटकता हुआ शृंगारित वस्त्राश (उव ४४६)।

उच्चूर वि [दे] नानाविध, बहुविध (राज)।

उच्चूल पु [अवचूल] १ निशान का नीचे लटकता हुआ शृङ्गारित वस्त्राश (उप ४४६ टी)। २ औंधा-सिर—पैर ऊपर और सिर नीचे कर—खडा किया हुआ (विपा १, ६)।

उच्चे देखो उच्चिण। उच्चेइ (हे ४, २४१)। हेकृ. उच्चेउं (गा १५९)।

उच्चेय वि [उच्चेतस्] चिन्तातुर मनवाला (पाअ)।

उच्चेल्ल न [दे] १ ऊसर भूमि। २ जघनस्थानीय केश (दे १, १३६)।

उच्चेव वि [दे] प्रकट, व्यक्त (दे १, ९७)।

उच्चोड पु [दे] शोषण, 'चरणुच्चोडकारी चडो देहस्स दाहो' (कप्पू, प्राप)।

उच्चोदय पु [उच्चोदय] चक्रवर्ती का एक देवकृत प्रासाद (उत्त १३, १३)।

उच्चोल पुं [दे] १ खद, उद्वेग। २ नीवी, स्त्री के कटी-वस्त्र की नाडी (दे १, १३१)।

उच्छ पुं [उक्षन्] बैल, वृषभ (हे २, १७)।

उच्छ पुं [दे] १ भ्रांत का आवरण (दे १, ८५)। २ वि. न्यून, हीन; 'उच्छत्तं वा न्यूनत्वम्' (पण्ह २, १)।

उच्छअ पुं [उत्सव] क्षण, उत्सव (हे २, २२)।

°उच्छअ वि [पृच्छक] प्रश्न-कर्ता (गा ६०)।

उच्छइअ वि [उच्छादित] आच्छादित, 'पालंवउच्छइयवच्छयलो' (काल)।

उच्छंखल वि [उच्छृङ्खल] १ शृङ्खला रहित, अवरोध-वर्जित, बन्धन-शून्य। २ उद्धत, निरंकुश (गउड)।

उच्छंखलिय वि [उच्छृङ्खलित] अवरोध-रहित किया हुआ, खुला किया हुआ, 'उच्छंखलियवणाण सोहग्गं किंपि पवणाणं' (गउड)।

उच्छंग पुं [उत्सङ्ग] मध्य भाग, 'मउडुच्छंगपरिग्गहमियंकलेएहावभासिणो पसुवइणो' (गउड, से १०,२)। २ क्रोड, गोद, कोरा (पाअ), 'उच्छंगे णिविसेत्ता' (आवम)। ३ पृष्ठ देश (औप)।

उच्छंगिअ वि [उत्सङ्गित] कोरा, कोली या गोद में लिया हुआ (उप ६४८ टी)।

उच्छंगिअ वि [दे] आगे किया हुआ, आगे रखा हुआ (दे १, १०७)।

उच्छंघ देखो उत्थंघ (हे ४, ३६ टी)।

उच्छंट पु [दे] झडप से की हुई चोरी (दे १, १०१, पाअ)।

उच्छट्ट पु [दे] चोर, डाकू (दे १, १०१)।

उच्छडिअ वि [दे] चुराई हुई चीज, चोरी का माल (दे १, ११२)।

°उच्छण न [प्रच्छन] प्रश्न, पूछना (गा ५००)।

उच्छण्ण देखो उच्छन्न (हे १, ११४)।

उच्छत्त न [अपच्छत्र] १ अपने दोष को ढकने का व्यर्थ प्रयत्न, गुजराती में 'ढाकपिछोडो'। २ मृषावाद, झूठ वचन (पण्ह १, २)।

उच्छन्न वि [उत्सन्न] छिन्न, खण्डित, नष्ट (कुमा सुपा ३८४)।

उच्छप्प सक [उत्+सर्पय्] उन्नत करना, प्रभावित करना। उच्छप्पइ (सुपा ३५२)। वकृ. उच्छप्पंत (सुपा २९६)।

उच्छप्पण न [उत्सर्पण] उन्नति, अभ्युदय (सुपा २७१)।

उच्छप्पणा स्त्री [उत्सर्पणा] ऊपर देखो, 'जिणपवयणम्मि उच्छप्पणाउ कारेइ विविहाओ' (सुपा २०६; ६४९)।

उच्छल अक [उत्+शल्] १ उछलना, ऊँचा जाना। २ कूदना। ३ पसरना, फैलना। वकृ. उच्छलंत (कप्प, गउड)।

उच्छलण न [उच्छलन] उछलना (दे १, ११८, ६, ११५)।

उच्छलिअ वि [उच्छलित] उछला हुआ, ऊँचा गया हुआ (गा ११७, ६२४, गउड)। २ प्रसृत, फैला हुआ, 'ता ताण वरगयो। उच्छलियो छलिउं पिव गय गोसीसचंदणवणस्स' (सुपा ३८५)।

उच्छलिर वि [उच्छलितृ] उछलनेवाला (धर्मवि १४, कुप्र ३७३)।

उच्छल्ल देखो उच्छल। उच्छल्लइ (पि ३२७), 'उच्छल्लंति समुद्दा' (हे ४, ३२६)।

उच्छल्ल वि [उच्छल] उछलनेवाला (भवि)।

उच्छल्लणा स्त्री [दे] अपवर्तना, अपप्रेरणा, 'कप्पडप्पहारनिद्दयमारक्खियखरफरुसवयणतज्जणगलच्छल्लुच्छल्लणाहिं विमणा चारगवसहिं पवेसिया' (पण्ह १, ३)।

उच्छलिअ देखो उच्छलिअ (भवि)।

उच्छल्लिअ वि [दे] जिसकी छाल काटी गई हो वह, 'तरुणो उच्छल्लिआ य दतीहिं' (दे १, १११)।

उच्छव देखो उच्छअ (कुमा)। २ उत्सेक (भवि)।

उच्छविअ न [दे] शय्या, बिछौना (दे १, १०३)।

उच्छह सक [उत्+सह्] उद्यम करना। वकृ. उच्छहं (दस ९, ३, ६)।

उच्छह अक [उत्+सह्] उत्साहित होना। वकृ. उच्छहंत (भवि)।

उच्छहय वि [उत्सहित] उत्साह-युक्त (सण)।

उच्छाइअ वि [अवच्छादित] आच्छादित, ढका हुआ (पउम ६१, ४२, सुर ३, ७१)।

उच्छाडिअ (अप) वि [अवच्छादित] ढका हुआ (भवि)।

उच्छाण देखो उच्छ = उक्षन् (प्राप्रा)।

उच्छाय पुं [उच्छ्राय] [illegible] (ठा ७)।

उच्छाय सक [अव + छादय्] आच्छादन करना, ढकना। संकृ. उच्छाइऊण (चेइय ४८५)।

उच्छायण वि [अवच्छादन] आच्छादक, ढकनेवाला (स ३२३)।

उच्छायण वि [उच्छादन] नाशक (स ३२३, ५६३)।

उच्छायणया, उच्छायणा } स्त्री [उच्छादना] १ उच्छेद, विनाश (भग १५)। २ व्यवच्छेद, व्यावृत्ति (राज)।

उच्छार देखो उत्थार = आ + क्रम् (हे ४, १६० टी)।

उच्छाल सक [उत् + शालय्] उछालना, ऊँचा फेंकना। वकृ. उच्छालंत (कुम्मा ४)।

उच्छालण न [उच्छालन] उछालना, उत्क्षेपण (कुम्मा ५)।

उच्छालिअ वि [उच्छालित] फेंका हुआ, उत्क्षिप्त (सुपा ६७)।

उच्छास देखो ऊसास (मै ६८)।

उच्छाह सक [उत् + साहय्] उत्साह दिलाना, उत्तेजित करना। उच्छाहइ (सुपा ३५२)।

उच्छाह पु [उत्साह] १ उत्साह (ठा २,१)। २ दृढ उद्यम स्थिर प्रयत्न (सुज २०)। ३ उत्कंठा उत्सुकता (चंद २०)। ४ पराक्रम, बल। ५ सामर्थ्य, शक्ति (आचू १, हे १, ११४, २ ४८, पउम २०, ११८)।

उच्छाह पु [दे] सूत का डोरा (दे १,९२)।

उच्छाहण न [उत्साहन] उत्तेजन, प्रोत्साहन (उप ५६७ टी)।

उच्छाहिय वि [उत्साहित] प्रोत्साहित उत्तेजित (पिंड)।

उच्छिंद सक [उत् + छिद्] उन्मूलन करना, उखाड़ना। संकृ उच्छिंदिअ (सूत्र ४४)।

उच्छिंदण न [दे] उधार लेना, करजा लेना, सूद पर लेना (पिंड ३१७)।

उच्छिंपग वि [अवच्छिम्पक] चोरों को खान-पान वगैरह की सहायता देनेवाला (पण्ह १, ३)।

उच्छिंपण न [उत्क्षेपण] १ ऊपर फेंकना। २ बाहर निकालना (पण्ह १, १)।

उच्छिट्ठ वि [उच्छिष्ट] जूठा, उच्छिष्ट (सुपा ११७, ३७५, प्रासू १५८)।

उच्छिट्ठ वि [उच्छिष्ट] अशिष्ट, असभ्य (दस ३, १ टी)।

उच्छिण्ण वि [उच्छिन्न] उच्छिन्न, उन्मूलित (ठा ५)।

उच्छित्त वि [दे] १ उत्क्षिप्त, फेंका हुआ। २ विक्षिप्त, पागल (दे १, १२४)।

उच्छित्त वि [उत्क्षिप्त] फेंका हुआ (से ५, ६१, पाअ)।

उच्छित्त देखो उट्ठिय (से २, १३, गउड)।

उच्छित्त वि [उत्सिक्त] सींचा हुआ, सिक्त (दे १, १२३)।

उच्छिन्न देखो उच्छिण्ण (कप्प)।

उच्छिप्पंत देखो उक्खिप्प।

उच्छिय वि [उच्छ्रित] उन्नत, ऊँचा (राज)।

उच्छिरण वि [दे] उच्छिष्ट जूठा (षड्)।

उच्छिल्ल न [दे] १ छिद्र, विवर (दे १, ९५)। २ वि अवजीर्ण (षड्)।

उच्छु देखो इक्खु (पाअ, गा ५४१, पि १७७, ओघ ७७१, दे १,११७)। °जंत न [°यन्त्र] ईख पेरने का यंत्र (दे ६, ५१)।

उच्छु पु [दे] पवन, वायु (दे १, ८५)।

उच्छुअ वि [उत्सुक] उत्कंठित (हे २, २२)।

उच्छुअ न [दे] डरते डरते की हुई चोरी (दे १, ९५)।

उच्छुअरण न [दे] ईख का खेत (दे १, ११७)।

उच्छुआर वि [दे] सछन्न, ढका हुआ (दे १, ११५)।

उच्छुडिअ वि [दे] १ बाण वगैरह से आहत। २ अपहृत, छीना हुआ (दे १, १३५)।

उच्छुण देखो उच्छुअ (सुर ८,९१)। °ीभूय वि [°ीभूत] जो उत्कंठित हुआ हो (सुर २, २१४)।

उच्छुन्छु वि [दे] दृप्त, अभिमानी (दे १, ९९)।

उच्छुण्ण वि [उत्क्षुण्ण] १ खंडित, तोड़ा हुआ, 'उच्छुण्णं मद्दियं च निद्दलियं' (पाअ)। २ आक्रान्त,

'रइणाहि अणुच्छुण्णा,
वीसत्थं मारुएण वि अणालिद्धा।
तिअसेहिंवि परिहरिआ,
पवणमेहि मलिआ सुवेलुच्छुण्णा' (से १०, २)।

उच्छुद्ध वि [दे] १ विक्षिप्त। २ पतित (ओघ २२० भा)।

उच्छुभ सक [अप + क्षिप्] आक्रोश करना, गाली देना। उच्छुभइ (भग १५)।

उच्छुभण न [उत्क्षेपण] ऊँचा फेंकना (पव ७३ टी)।

उच्छुर वि [दे] अविनश्वर, स्थायी (दे १, ९०)।

उच्छुरण न [दे] १ ईख का खेत। २ ईख, ऊख (दे १, ११७)।

उच्छुल्ल पुं [दे] १ अनुवाद। २ खेद, उद्वेग (दे १, १३१)।

उच्छूढ वि [दे] आरूढ, ऊपर बैठा हुआ (षड्)।

उच्छूढ वि [उत्क्षिप्त] १ त्यक्त, उज्झित (णाया १, १ उव)। २ मुषित, चुराया हुआ (राज)। ३ निष्कासित, बाहर निकाला हुआ (औप)।

उच्छूढ वि [उत्क्षुब्ध] ऊपर देखो 'उच्छूढसरीरघरा अन्नो जीवो सरीरमन्न त्ति' (उव पि ६६)।

उच्छूर देखो उल्लूर = तुड (हे ४, ११६ टि)।

उच्छूल देखो उच्चूल (उव)।

उच्छेअ पु [उच्छेद] १ नाश उन्मूलन 'एगतुच्छेअम्मिवि सुहदुक्खविअप्पणमजुत्त' (सम्म १८)। २ व्यवच्छेद, व्यावृत्ति, 'उच्छेओ सुत्तत्थाण ववच्छेउत्ति वुत्तं भवति' (नीचू १)।

उच्छेयण न [उच्छेदन] विनाश, उन्मूलन, 'चिंतेइ एस समओ एयस्सुच्छेयणे मज्झ' (सुपा ३३५)।

उच्छेर अक [उत् + श्रि] १ ऊँचा होना, उन्नत होना। २ अधिक होना, अतिरिक्त होना। वकृ उच्छेरंत (कप्प १९४)।

उच्छेव पु [उत्क्षेप] १ ऊँचा करना, उठाना। २ फेंकना (वव २, ४)।

उच्छेव पु [उत्क्षेप] प्रक्षेप (वव ४)।

उच्छेवण न [उत्क्षेपण] ऊपर देखो (से ६, २४)।

उच्छेवण न [दे] घृत, घी (दे १, ११६)।

उच्छेह पुं [उत्सेध] ऊँचाई (दे १, १३०)।

उच्छोडिय वि [उच्छोटित] छुड़ाया हुआ, मुक्त किया हुआ, 'उच्छोडिय-बंधो सो रन्ना भणिओ य भद्द ! उवविसमु' (सुर १, १०५), 'पासट्ठियपुरिसेहिं तक्खणमुच्छोडिया य से बंधा' (सुर २, ३९)।

उच्छोभ वि [उच्छोभ] १ शोभा-रहित। २ न. पिशुनता, चुगली (राज)।

उच्छोल सक [उत्+मूलय्] उन्मूलन करना, उखाड़ना। वकृ. उच्छोलंत (राज)।

उच्छोल सक [उत्+क्षालय्] प्रक्षालन करना, धोना। वकृ. उच्छोलंत (निचू १७)। प्रयो., वकृ. उच्छोलावंत (निचू १६)।

उच्छोलण न [उत्क्षालन] प्रभूत जल से प्रक्षालन, 'उच्छोलणं च कक्क च त निज्ज परियाणिया' (सूअ १, ९, ओप)।

उच्छोलणा स्त्री [उत्क्षालना] प्रक्षालन (दस ४)।

उच्छोला स्त्री [दे] प्रभूत जल, 'नहदंतकेसरो मे जमेइ उच्छोलधोयणो अजओ' (उव)।

उच्छोलित्तु वि [उत्क्षालयितृ] डुबोनेवाला, निमग्न करनेवाला (सूअ २, २, १८)।

उजु देखो उज्जु (आचा, कप्प)।

उजुअ देखो उज्जुअ (नाट)।

उज्ज देखो ओय = ओजस् (कप्प)।

उज्ज न [ऊर्ज] १ तेज, प्रताप। २ बल (कप्प)।

उज्जअणी } स्त्री [उज्जयनी, °यिनि]
उज्जइणी } नगरी-विशेष, मालव देश की प्राचीन राजधानी, आजकल भी यह 'उज्जैन' नाम से प्रसिद्ध है (चारु ३९, पि ३८६)।

उज्जंगल न [द] बलात्कार, जबरदस्ती। २ वि. दीर्घ, लम्बा (दे १, १३५)।

उज्जगरय पुं [उज्जागरक] १ जागरण, निद्रा का अभाव,

'जत्थ न उज्जगरओ,
जत्थ न ईसा विसूरणं माण।
सब्भावचाटुयं जत्थ,
नत्थि नेहो तहिं नत्थि'
(वज्जा ६८)।

उज्जगिर न [उज्जागर] जागरण, निद्रा का अभाव (दे १, ११७, वज्जा ७४)।

उज्जग्गुज्ज वि [दे] स्वच्छ, निर्मल (दे १ ११३)।

उज्जड वि [दे] उजाड़, वसति-रहित (दे १, ९६),

'उक्किरणरयभरोणयत-
लजज्जरभूविसट्टबिलविसमा
थोउज्जडक्कविडवा इमाओ
ता उन्दरथलीओ' (गउड)।

उज्जणिअ वि [दे] वक्र, टेढ़ा (दे १, १११)।

उज्जम अक [उद्+यम्] उद्यम करना, प्रयत्न करना। उज्जमइ (धम्म १४)। उज्जमह (उव)। वकृ. उज्जमत, उज्जमाण (पण्ह १, ३), 'ण करेइ दुक्खमोक्ख उज्जममाणावि संजमतवेसु' (सूअ १, १३)। कृ. उज्जमिअव्व, उज्जमेयव्व (सुर १४, ८३, सुपा २८७, २२४)। हेकृ. उज्जमिउं (उव)।

उज्जम पुं [उद्यम] उद्योग, प्रयत्न (उव, जी ५०, प्रासू ११५)।

उज्जमण (अप) न [उद्यापन] उद्यापन, व्रत-समाप्ति-कार्य (भवि)।

उज्जमि वि [उद्यमिन्] उद्योगी (कुप्र ४१९)।

उज्जमिय (अप) वि [उद्यापित] समापित (व्रत) (भवि)।

उज्जम्ह अक [उत्+जृम्भ्] जोर से जँभाई लेना। उज्जम्हइ (प्राकृ ६४)।

उज्जय वि [उद्यत] उद्योगी, उद्युक्त, प्रयत्न शील (पाअ, काप्र १६९, गा ४४८)। °मरण न [°मरण] मरण-विशेष (आचा)।

उज्जयंत पुं [उज्जयन्त] गिरनार पर्वत, इय उज्जयतकप्पं, अवियप्प जो करेइ जिणभत्तो' (ती, विवे १८), 'ता उज्जयतसत्तुंजएसु तित्थेसु दोसुवि जिणिंदे' (मुणि १०९७५)।

उज्जर वि [द] १ मध्य-गत, भीतर का। २ पुं. निर्जरण, क्षय (तदु ४१)।

उज्जल अक [उद्+ज्वल्] १ जलना। २ प्रकाशित होना, चमकना। उज्जलंति (विक्र ११४)। वकृ. उज्जलंत (णदि)।

उज्जल वि [उज्ज्वल] १ निर्मल, स्वच्छ (भग ७, ८, कुमा)। २ दीप्त, चमकीला (कप्प, कुमा)।

उज्जल वि [दे] देखो उज्जल्ल (हे २, १७४ टि)।

उज्जलग वि [उज्ज्वलन] चमकीला, देदीप्यमान, 'जालुज्जलणग्घंबरंव कत्थइ पयत अइवेगचचल सिहिं' (कप्प)।

उज्जलिअ पुं [उज्ज्वलित] तीसरी नरक-भूमि का सातवाँ नरकेन्द्रक—नरक-स्थान विशेष (देवेन्द्र ८)।

उज्जलिअ वि [उज्ज्वलित] १ उद्दीप्त, प्रकाशित (पउम ११८, ८८, ओप)। २ ऊँची ज्वालाओं से युक्त (जीव ३)। ३ न. उद्दीपन (राज)।

उज्जल्ल वि [दे] स्वेद-सहित, पसीनावाला, मलिन, 'मुंडा कडुविणट्ठंगा उज्जल्ला असमाहिया' (सूअ १, ३)। २ बलवान, बलिष्ठ (हे २, १७४)।

उज्जल्ल न [औज्ज्वल्य] उज्ज्वलता (गा ९२९)।

उज्जल्ला स्त्री [दे] बलात्कार, जबरदस्ती (दे १, ९७)।

उज्जव अक [उद्+यत्] प्रयत्न करना। वकृ. 'सुट्ठुवि उज्जवमाणं पंचेव करति रित्तय समण' (उव)।

उज्जवण देखो उज्जावण (भवि)।

उज्जह सक [उद्+हा] प्रेरणा करना। संकृ. उज्जहित्ता (उत्त २७, ७)।

उज्जाअर } पु [उज्जागर] जागरण, निद्रा
उज्जागर } का अभाव (गा ४८२, वज्जा ७६)।

उज्जाडिअ वि [दे] उजाड़ किया हुआ (भवि)।

उज्जाण न [उद्यान] उद्यान, बगीचा, उपवन (अणु, कुमा)। °जत्ता स्त्री [°यात्रा] गोष्ठी, गोठ (णाया १, १)। °पालअ, °पाल वि [पालक, °पाल] बगीचा का रक्षक, माली (सुपा २०८, ३०५)।

उज्जाणिअ वि [औद्यानिक] उद्यान-संबंधी, बगीचा का (भग १४, १)।

उज्जाणिअ वि [दे] निम्नीकृत, नीचा किया हुआ (दे १, ११३)।

उज्जाणिआ } स्त्री [औद्यानिका] गोष्ठी,
उज्जाणिगा } गोठ, 'उज्जाणिं जत्थ लोगो उज्जाणिआए वच्चइ' (निचू ८; स १५१)।

उज्जाणी स्त्री [औद्यानी] गोष्ठी, गोठ (सुपा ४८५)।

उज्जायण न [उद्यायन] गोत्र-विशेष (सुज्ज १०, १ टी)।

उज्जाल सक [उत्+ज्वालय्] उज्ज्वल करना, विशेष निर्मल करना। संकृ. उज्जालिय (श्रावक ३७६)।

उज्जाल सक [उद्+ज्वालय्] १ उजाला करना। २ जलाना। संकृ. उज्जालिय, उज्जालित्ता (दस ५, आचा)।

उज्जालण न [उज्ज्वालन] जलाना (दस ५)।

उज्जालण न [उज्ज्वालन] उज्ज्वल करना (सिरि ६८०)।

उज्जालय वि [उज्ज्वालक] आग सुलगानेवाला (सूअ १, ७, ५)।

उज्जालिअ वि [उज्ज्वालित] जलाया हुआ, सुलगाया हुआ (सुर ६, ११७)।

उज्जावण न [उद्यापन] व्रत का समाप्ति-कार्य (प्राकृ)।

उज्जाविय वि [दे] विकासित (सण)।

उज्जिंत देखो उज्जयंत (णाया १, १६);

'उज्जिंतमेलसिहरे, दिक्खा
नाण निसीहिआ जस्स।
तं धम्मचक्कवट्टि,
अरिट्ठनेमिं नमंसामि' (पडि)।

उज्जीरिअ वि [दे] निर्भर्त्सित, अपमानित, तिरस्कृत (दे १, ११२)।

उज्जीवण न [उज्जीवन] १ पुनर्जीवन, जिलाना, 'तस्सपभावो एसो कुमरस्सुज्जीवणे जाओ' (सुपा ५०४)। २ उद्दीपन (सण)।

उज्जीविय वि [उज्जीवित] पुनर्जीवित, जिलाया हुआ (सुपा २७०)।

उज्जु वि [ऋजु] सरल, निष्कपट, सीधा (ओप; आचा)। °कड़ वि [°कृत] १ निष्कपट तपस्वी (आचा, उत्त)। °कड़ वि [°कृत्] माया-रहित आचरणवाला (आचा)। °जड़ °जड्ड वि [°जड़] सरल किन्तु मूर्ख, तात्पर्य को नहीं समझनेवाला (पंचा १६, उत्त २६)। °मइ स्त्री [°मति] १ मन पर्यव ज्ञान का एक भेद, सामान्य मनोज्ञान, सामान्य रीति से दूसरों के मनोभाव को जानना। २ वि. उक्त मनो-ज्ञानवाला (पण्ह २, १; औप)। °वालिया स्त्री [°वालिका] नदी-विशेष, जिसके किनारे भगवान् महावीर को केवल-ज्ञान उत्पन्न हुआ था (कप्प, स ४३२)। °सुत्त पुं [°सूत्र] वर्तमान वस्तु को ही माननेवाला नय-विशेष (ठा ७)। °सुय पुं [°श्रुत] देखो पूर्वोक्त अर्थ, 'पच्चुप्पन्नग्गाही उज्जुसुओ णयविही मुणेअव्वो' (अणु)। °हत्थ पु [°हस्त] दाहिना हाथ (ओप ५११)।

उज्जु पुं [ऋजु] संयम (सूअ १, १३, ७)।

उज्जुअ वि [ऋजुक] ऊपर देखो (आचा, कुमा, गा १५६, ३५२)।

उज्जुआइअ वि [ऋजुकारित] सरल किया हुआ (से १३; २०)।

उज्जुग देखो उज्जुअ (वि ५७)।

उज्जुत्त वि [उद्युक्त] उद्यमी, प्रयत्नशील (सुर ४, १५; पाअ)।

उज्जुरिअ वि [दे] १ क्षीण, नष्ट। २ शुष्क, सूखा (दे १, ११२)।

उज्जूढ वि [उद्व्यूढ] धारण किया हुआ (संबोध ५३)।

उज्जेणग पुं [उज्जयनक] श्रावक-विशेष, एक उपासक का नाम (आचू ४)।

उज्जेणी देखो उज्जइणी (महा, काप्र ३३३)।

उज्जोअ सक [उद्+द्योतय्] प्रकाश करना, उद्योत करना। उज्जोएइ (महा)। वकृ. उज्जोयंत, उज्जोइंत, उज्जोयमाण, उज्जोएमाण (णाया १, १; सुपा ४७; सुर ८, ८७, सुपा २४२, जीव ३)।

उज्जोअ पुं [उद्योग] प्रयत्न, उद्यम (पउम ३, १२६; सूक्त ३६ पुप्फ २८; २९)।

उज्जोअ पुं [उद्द्योत] १ प्रकाश, उजेला। °गर वि [°कर] प्रकाशक, 'लोगस्स उज्जोअगरे, धम्मतित्थयरे जिणे' (पडि, पाअ, हे १, १७७)। २ उद्द्योत का कारण-भूत कर्म-विशेष (सम ६७; कम्म १)। °त्थ न [°स्त्र] शस्त्र विशेष (पउम १२, १२८)।

उज्जोअग वि [उद्द्योतक] प्रकाशक, 'सव्व जगुज्जयोगस्स' (णंदि)।

उज्जोअण न [उद्द्योतन] १ प्रकाशन, अवभासन। २ वि. प्रकाश करनेवाला (उप ७२८ टी)। ३ पुं. सूर्य, रवि। ४ एक प्रसिद्ध जैनाचार्य (गु ७; सार्ध ६२)।

उज्जोअय वि [उद्द्योतक] १ प्रकाशक। २ प्रभावक, उन्नति करनेवाला (उर ८, १२)।

उज्जोइंत देखो उज्जोअ = उद्+द्योतय्।

उज्जोइय वि [उद्द्योतित] प्रकाशित (सम १५३; सुपा २०५)।

उज्जोएमाण देखो उज्जोअ = उद्+द्योतय्।

उज्जोमिआ स्त्री [दे] रश्मि, रस्सी (दे १, ११५)।

उज्जोव देखो उज्जोअ = उद्+द्योतय्। वकृ. उज्जोवंत, उज्जोवयंत, उज्जोवेंत, उज्जोवेमाण (पउम २१, १५, स २०७; ६३१, ठा ८)।

उज्जोवण न [उद्द्योतन] प्रकाशन (स ६३१)।

उज्जोविय देखो उज्जोइय (कप्प, णाया १, १; पण्ह १, ४; पउम ', १६०, स ३९)।

उज्झ सक [उज्झ्] त्याग करना, छोड़ देना। उज्झइ (महा)। कवकृ. उज्झिज्जमाण (उप २११ टी)। संकृ. उज्झिअ, उज्झिउं, उज्झिऊण (अभि ६०; पि ५७६; राज)। हेकृ. उज्झित्तए (णाया १, ८)। कृ. उज्झियव्व (उप ५९७ टी)।

उज्झ पुं [उज्झ, उद्ध्य] उपाध्याय, पाठक (विसे ३१९८)।

उज्झअ } वि [उज्झक] त्याग करनेवाला,
उज्झग } छोड़नेवाला (सूअ १, ३, उप १७९ टी)।

उज्झण न [उज्झन] परित्याग (उप १७९; पृ ४०३; पउम १, ६०; औप)।

उज्झणया } स्त्री [उज्झना] परित्याग (उप
उज्झणा } ५६३, आव ४)।

उज्झणिअ वि [दे] विक्रीत, बेचा हुआ। २ निम्नीकृत, नीचा किया हुआ (षड्)।

उज्झमण न [दे] पलायन, भागना (दे १, १०३)।

उज्झमाण वि [दे] पलायित, भागा हुआ (षड्)।

उज्झर पुं [निर्झर] पर्वत से गिरनेवाला जल-प्रवाह, पहाड़ का झरना (णाया १, १; गउड, गा ६३६)। °वण्णी स्त्री [°पर्णी] उदक-पात, जल-प्रपात (निचू ५)।

उज्झरिअ वि [दे] टेढी नजर से देखा हुआ। २ विक्षिप्त। ३ क्षिप्त, फेंका हुआ। ४ परित्यक्त, उज्झित (दे १, १३३)।

उज्झल वि [दे] प्रबल, बलिष्ठ (षड्)।

उज्झलिअ वि [दे] १ प्रक्षिप्त, फेंका हुआ। २ विक्षिप्त (षड्)।

उज्झस पु [दे] उद्यम, उद्योग, प्रयत्न (दे १, ९५)।

उज्झसिअ वि [दे] उत्कृष्ट उत्तम (षड्)।

°उज्झा देखो अउज्झा (उप पृ ३७४)।

उज्झाय पु [उपाध्याय] विद्या दाता गुरु, शिक्षक, पाठक (महा, सुर १, १८०)।

उज्झासि वि [उद्भासिन्] चमकनेवाला देदीप्यमान, कणुज्झासिहत्था' (रभा)।

उज्झिअव्व न [दे] १ वचनीय लोकापवाद। २ वि निन्दनीय। ३ कथनीय (दे ३, ५५)।

उज्झिअ वि [उज्झित] १ परित्यक्त विमुक्त (कुमा)। २ भिन्न (आव ४)। ३ न परित्याग (अणु)। °य पु [°क] एक सार्थवाह का पुत्र (विपा १ २)।

उज्झिअ वि [दे] १ शुष्क, सूखा हुआ। २ निम्नीकृत नीचा किया हुआ (षड्)।

उज्झिया स्त्री [उज्झिता] एक सार्थवाह-पत्नी (णाया १, ७)।

उट्ट पुस्त्री [उष्ट्र] ऊँट, करभ (विपा १, ६ हे २, ३४ उवा)। स्त्री उट्टी (राज)।

उट्टार पु [अवतार] घाट, तीर्थ जलाशय का तट,

'अह ते तुरउट्टारे बहुमडमयरे सुमत्थकमलवणे।
लीलायति जहिच्छं समरतलाए कुमारगया'
(पउम ९८, ३०)।

उट्टिगा देखो उट्टिया (धर्मसं ७८)।

उट्टिय } वि [औष्ट्रिक] ऊँट सम्बन्धी। ऊँट
उट्टियय } के रोमों का बना हुआ (ठा ५, ३ ओघ ७ ९)। ३ पु. भृत्य, नौकर (कुमा)। ४ घडा, घट (उवा)।

उट्टिया स्त्री [उष्ट्रिका] घडा, घट कुम्भ (विपा १,६, उवा)। °समण पु [°श्रमण] आजीविक-मत का साधु, जो बडे घडे में बैठ कर तपस्या करता है (औप)।

उट्ठ अक [उत् + स्था] उठना, खडा होना। उट्ठइ (हे ४,१७ महा)। उट्ठेइ (पि ३०९)। वकृ. उट्ठत (गा ३८२, सुपा २९९), उट्ठित (सुर ८, ४३, १३, ५३)। सकृ. उट्ठाय, उट्ठित्तु, उट्ठित्ता, उट्ठेत्ता (राज, आचा पि ५८२)। हकृ उट्ठिउ (उप पृ २५८)।

उट्ठ वि [उत्थ] उत्थित, उठा हुआ (आव ७० उवा)। °वइस अप [°ोपवेश] उठ-बैठ (हे ४, ४२३)।

उट्ठ पु [ओष्ठ] ओठ, अधर (सम १२५, सुपा ५२३)।

उट्ठ पु [उष्ट्र] जलचर जंतु विशेष (सूअ १, ७, १५)।

उट्ठण देखो उट्ठाण (धर्मवि १३०)।

उट्ठभ सक [अव + स्तभ्] १ आलम्बन देना, सहारा देना। २ आक्रमण करना कम उट्ठब्भइ (हे ४, ३६५)। संकृ उट्ठभिया एगया काय' (आचा १, ९ ३, ११)।

उट्ठवण न [उत्थापन] उत्थापन ऊँचा करना, उठाना (ओघ २१४, दे १, ८२)।

उट्ठविय वि [उत्थापित] उत्थापित, उठाया हुआ खडा किया हुआ, सा सणिय उट्ठविया भणइ किमागमणकारण सुएहे' (सुर ६ १६०)।

उट्ठा देखो उट्ठ = उत् + स्था (प्रामा)।

उट्ठा स्त्री [उत्था] उत्थान, उठान 'उट्ठाए उट्ठेइ' (णाया १, १, औप)।

उट्ठाइ वि [उत्थायिन्] उठनेवाला (आचा)।

उट्ठाइअ वि [उत्थित] १ जो तैयार हुआ हो, प्रयुक्त (पउम १२, ९६)। २ उत्पन्न, उत्थित (स ३७९)।

उट्ठाइअ देखो उट्ठाविअ (उवा)।

उट्ठाण न [उत्थान] १ उठान, ऊँचा होना (उव) 'मग्गसलिलेहि घडासु अ वोच्छिज्जइ पसरिअ महिरउट्ठाण' (स १३, ३७)। २ उद्भव, उत्पत्ति (णाया १,१४)। ३ आरम्भ, प्रारम्भ (भग १५)। ४ उद्वसन, बाहर निकलना (णदि)। °सुय न [°श्रुत] शास्त्र विशेष (णदि)।

उट्ठाय देखो उट्ठ = उत् + स्था।

कुल पुन [कुल] १ कुल वंश जाति (आमू १७)। २ पतुक वंश (उत्त ३)। ३ परिवार कुटुम्ब (उप ६ ७७)। ४ सजातीय समूह (पण्ण १ ३)। ५ गोत्र (सुपा ८ ठा ४,१)। ६ एक आचार्य की संतति (कप्प)। ७ घर गृह (कप्प सूअ १ ४, १)। ८ सान्निध्य, सामीप्य (आचा)। ९ ज्योतिष-शास्त्र प्रसिद्ध नक्षत्र संज्ञा (सूत्र १ इक) कुला कुल (हे १ ३३)। °उव्व पु [पूर्व] पूर्वज पूर्व पुरुष (गउड)। °कम पु [°क्रम] कुलाचार वंश परम्परा का रिवाज (सट्ठि ७४)। °कर देखो नीचे °गर (ठा १०)। °कोडि स्त्री [°कोटि] जाति विशेष (पव १५१ ठा ९ १०)। °क्कम देखो कम (सट्ठि ६)। °गर पु [°कर] कुल की स्थापना करनेवाला युग के प्रारम्भ में नीति वगैरह की व्यवस्था करनेवाला महापुरुष (सम १२९ धम्म ५)। °गह न [°गृह] पितृ-गृह (सण)। °घर न [°गृह] पितृ-गृह (आचा)। °ज वि [°ज] कुलीन खानदानी कुल में उत्पन्न (द ५)। °जाय वि [°जात] कुलीन खानदानी कुल का (सुपा ५९८ पाअ)। °जुअ वि [°युत] कुलीन (पव ६४)। °णाम न [°नामन्] कुल के अनुसार किया जाता नाम (अणु)। °तंतु पु [°तन्तु] कुल संतान कुल-संतति (वव ६)। °तिलग पुन [°तिलक] कुल में श्रेष्ठ (भा ११ ११)। °त्थ वि [°स्थ] कुलीन खानदानी वंश का (णाया १ ५)। °त्थेर पु [°स्थविर] श्रेष्ठ साधु (पव)। °दिणयर पु [°दिनकर] कुल में श्रेष्ठ (कप्प)। °दीव पु [°दीप] कुल प्रकाशक कुल में श्रेष्ठ (कप्प)। °देव पुं [°देव] गोत्र देवता (कात)। °देवया स्त्री [°देवता] गोत्र देवता (सुपा ५९७)। °देवी स्त्री [°देवी] गोत्र देवी (सुपा ६०२)। °धम्म पु [°धर्म] कुलाचार (ठा १०)। °पव्वय पु [°पर्वत] पर्वत विशेष (सम ६६ सुपा ४३)। °पुत्त पु [°पुत्र] वंश रक्षक पुत्र (उत्त १)। °बालिया स्त्री [°बालिका] कुलीन कन्या (सुर १ ४३ हेका ३०१)। °भूसण न [°भूषण] १ वंश को दिपाने या चमकाने वाला। २ पु एक केवली भगवान् (पउम ३९ १२२)। °मय पु [°मद] कुल का अभिमान (ठा १०)। °मयहारया °महत्तरिया स्त्री [°महत्तरिका] कुल में प्रधान स्त्री कुटुम्ब की मुखिया (सया ७६, आवम)। °य देखो °ज (सुपा ५९८)। °रोग पु [°रोग] कुल व्यापक रोग (ज २)। °वइ पु [°पति] तापसों का मुखिया, प्रधान संन्यासी (सुपा १६० उप ३१)। °वंस पु [°वंश] कुल एवं वंश वंश (भग ११ १०)। °वय पुं [°वश्य] कुल में उत्पन्न, वंश में सजात (भग ९, ३३)। °वडिंसय पु [°वतंसक] कुल भूषण कुल-शेखर (कप्प)। °वधू स्त्री [°वधू] कुलीन स्त्री कुलाङ्गना (आव ५ नि ३८७)। °संपण्ण वि [°संपन्न] कुलीन खानदानी कुल का (आव)। °समय पु [°समय] कुलाचार (सूअ १ १ १)। °सेल पु [°शैल] कुल-पर्वत (सुपा ६०० स ११९)। °सेलया स्त्री [°शैलता] कुल पर्वत से निकला हुआ [illegible] (सुपा ६००)। °हर न [°गृह] पितृगृह, पिता का घर (गा १२१ सुपा ३६४ स ९, ५३)। °ज्जाय वि [°जात] अपने कुल की बड़ाई बतला कर आजीविका प्राप्त करनेवाला (ठा ५ १)। °य न [°य] पत्नी का घर नाइ (पाअ)। °यार पु [°चार] कुलाचार वंश-परम्परा से चला आता रिवाज (वव १)। °रिय पुं [°र्य] पितृ-पक्ष की अपेक्षा से आर्य (ठा ३, १)। °लिय वि [°लिक] गृहस्थों के घर भीख माँगनेवाला (सूअ २, ६)।
कुलंकर पु [कुलङ्कर] इस नाम का एक राजा (पउम ८२ २९)।
कुलंप पु [कुलम्प] इस नाम का एक अनार्य देश। २ उसमें रहनेवाली जाति (सूअ २,२)।
कुलकुल देखो कुरकुर। कुलकुलइ (भवि)।
कुलक्ख पु [कुलक्ष] १ एक म्लेच्छ देश। २ उसमें रहनेवाली जाति (पण्ह १ १ इक)।
कुलाघ पु [कुलाघ] एक अनार्य देश (पव २७४)।
कुलटा स्त्री [कुलटा] व्यभिचारिणी स्त्री पुंश्चली (सपा ३८४)।
कुलत्थ पुस्त्री [कुलत्थ] अन्न विशेष कुलथी (ठा ५ ३ णाया १ ५)। स्त्री °त्था (आ १८)।
कुलफंसग पु [दे] कुल-कलंक कुल का दाग, कुल का अपकीर्ति (दे ५, ४२ भवि)।
कुलय देखो कुडय (तंदु २९ अणु १५१)।
कुलय न [कुलक] तीन या चार से ज्यादा परस्पर संबंध पद्य (समत्त ७६)।
कुलर पुं [कुलर] १ पक्षि विशेष (पण्ह १ १)। २ गृद्ध पक्षी (उत्त १४)। ३ कुरर पक्षी (सूअ १ ११)। ४ मार्जार, बिलाव, जंघा कुक्कुडायस्स णिच्च कुलरभो रुप्प (सम ४)।
कुलल्य पुन [दे] कुल्ला गंडूष (पव ३८)।
कुलव देखो कुडव (जो २)।
कुलवलइ स्त्री [°] चक्षु पूजा (दे २ ९६)।
कुलवल पु [कुलवल] कुलवंत (वि ८२)।
कुलवाय देखो कुलाय (राज)।
कुलाल पुं [कुलाल] कुम्भकार कुम्हार (कप्प सूअ)।

कुलाल पु [कुलाट] १ मार्जार, बिलाड। २ ब्राह्मण, विप्र (सूअ २, ६)।

कुलिंगाल पुं [कुलाङ्गार] कुल मे कलक लगानेवाला, दुराचारी (ठा ४, १—पत्र १८५)।

कुलिअ न [कुलिक] खेत मे घास काटने का छोटा काष्ठ-विशेष (अणु ४८)।

कुलिक } पु [कुलिक] १ ज्योतिष शास्त्र
कुलिय } मे प्रसिद्ध एक कुयोग (गण १८)। २ न. एक प्रकार का हल (पण्ह १, १)।

कुलिय न [कुड्य] १ भीत, भित्ति (सूअ १, २, १)। २ मिट्टी की बनाई हुई भीत (बृह २, कस)।

कुलिया स्त्री [कुलिका] भीत, कुड्य (बृह २)।

कुलिर पुं [कुलिर] मेष वगैरह बारह राशि मे चतुर्थ राशि (पउम १७, १०८)।

कुलिव्वय पु [कुटिव्रत] परिव्राजक का एक भेद, तापस विशेष, घर मे ही रहकर क्रोधादि का विजय करनेवाला (औप)।

कुलिस पुन [कुलिश] वज्र, इन्द्र का मुख्य आयुध (पाअ, उप ३२० टी)। °निणाय पुं [°निनाद] रावण का इस नाम का एक सुभट (पउम ५६, २६)। °मज्झ न [°मध्य] एक प्रकार की तपश्चर्या (पउम २२, २४)।

कुलीकोस पुं [कुटीक्रोश] पक्षि-विशेष (पण्ह १, १—पत्र ८)।

कुलीण वि [कुलीन] उत्तम कुल मे उत्पन्न (प्रामू ७१)।

कुलीर पु [कुलीर] जन्तु-विशेष (पाअ, दे २ ४१)।

कुलुच सक [दह्, ग्लै] १ जलाना। २ म्लान करना। संकृ 'मालइकुसुमाइं कुलुचिऊण मा जाणि णिव्वुओ सिसिरो' (गा (४२६)।

कुलुक्कि य वि [दे] जला हुआ, विरहदवग्गिकुलुक्कियकायहो' (भवि)।

कुलोवकुल पुं [कुलोपकुल] ये चार नक्षत्र—अभिजित्, शतभिषा, आर्द्रा और अनुराधा (सुज्ञ १०, ५)।

कुल्ल पुं [दे] १ ग्रीवा, कण्ठ। २ वि. असमर्थ, अशक्त। ३ छिन्न-पुच्छ, जिसकी पूँछ कट गई हो वह (दे २, ६१)।

कुल्ल पुंन [दे] चूतड, गुजराती मे 'कुलो' (सुख ८, १३)।

कुल्ल अक [कूर्द्] कूदना। वकृ. 'मारुईरक्खसाण बल मुक्कवुक्कारपाइक्ककुल्लंतवग्गतसेणामुह' (पउम ५३, ७६)।

कुल्लउर न [कुल्यपुर] नगर-विशेष (सथा)।

कुल्लड न [दे] १ चुल्ली, चूल्हा (दे २,६३)। २ छोटा पात्र, पुडवा (दे २, ६३, पाअ)।

कुल्लरिअ पुं [दे] कान्दविक, हलवाई, मिठाई बनानेवाला (दे २, ४१)।

कुल्लरिया स्त्री [दे] हलवाई की दूकान (आवम)।

कुल्ला स्त्री [कुल्या] १ जल की नाली, सारिणी (कुमा, हे २, ७६)। २ नदी, कृत्रिम नदी (कप्पू)।

कुल्लाग पु [कुल्याक] सनिवेश-विशेष, मगध देश का एक गाव (कप्प)।

कुल्ली देखो कुल्ला (धर्मवि ११२)।

कुल्लुडिया स्त्री [कुल्लुडिका] घटिका, घडी (सूअ १,४,२)।

कुल्लुरी स्त्री [दे] खाद्य विशेष, गुजराती—'कुलेर' (पव ४)।

कुल्लूरिअ [दे] देखो कुल्लरिअ (महा)।

कुल्ह पुं [दे] शृगाल, सियार (दे २, ३४)।

कुवणय न [दे] लकुट, यष्टि, लडकी, छडी (राज)।

कुवलय न [कुवलय] १ नीलोत्पल, हरा रग का कमल (पाअ)। २ चन्द्र-विकासी कमल (श्रा २७)। ३ कमल, पद्म (गा ५)।

कुवली स्त्री [दे] वृक्ष-विशेष (कुप्र २४६)।

कुविंद पु [कुविन्द] तन्तुवाय, कपडा बुननेवाला (सुपा १८८)। °वल्ली स्त्री [°वल्ली] वल्ली-विशेष (पण्ण १—पत्र ३३)।

कुविय वि [कुपित] क्रुद्ध, जिसको गुस्सा हुआ हो वह (पण्ह १, १, सुर २, ५, हेका ७३, प्रामू ६४)।

कुविय देखो कुप्प = कुप्य (पण्ह १, ५, सुपा ४०६)। °साला स्त्री [°शाला] बिछौना आदि गृहोपकरण रखने की कुटिया, घर का वह भाग जिसमे गृहोपकरण रक्खे जाते हैं (पण्ह १, ४—पत्र ११३)।

कुवेणी स्त्री [कुवेणी] शस्त्र-विशेष, एक प्रकार का हथियार (पण्ह १, ३—पत्र ४४)।

कुवेर देखो कुबेर (महा)।

कुव्व सक [कृ, कुर्व] करना, बनाना। कुव्वइ (भग)। भूका. कुव्वित्था (पि ५१७)। वकृ. कुव्वंत, कुव्वमाण (ओघ १५ भा, णाया १, ६)।

कुस पुन [कुश] तृण-विशेष, दर्भ, डाभ, काश (विपा १, ६, निचू १)। २ पुं दाशरथी राम के एक पुत्र का नाम (पउम १००, २)। °ग्ग [°ग्र] दर्भ का अग्र-भाग जो अत्यन्त तीक्ष्ण होता है (उत्त ७)। °ग्गनयर न [°ग्रनगर] नगर-विशेष, विहार का एक नगर, राजगृह, जो आजकल 'राजगिर' नाम से प्रसिद्ध है (पउम २, ९८)। °ग्गपुर न [°ग्रपुर] देखो पूर्वोक्त अर्थ (सुर १, ८१)। °ट्ट पु [°वर्त्त] आर्य देश विशेष (सत्त ६७ टी)। °ट्ठ पु [°र्य] आर्य देश विशेष, जिसकी राजधानी शौर्यपुर थी (इक)। °त्त न [°क्त, °क्त] आस्तरण-विशेष, एक प्रकार का बिछौना (णाया १, १—पत्र १३)। °त्थलपुर न [°स्थलपुर] नगर विशेष (पउम २१, ७६)। °मट्टिया स्त्री [मृत्तिका] डाभ के साथ कुटी जाती मिट्टी (निचू १८)। °वर पुं [°वर] द्वीप विशेष (अणु—टी)।

कुस वि [कौश] दर्भ का बना हुआ (आचा २, २, ३, १४)।

कुसण न [दे] तीमन, आर्द्र करना (दे २, ३५)।

कुसण न [दे] गोरस (पिंड २८२)।

कुसणिय वि [दे] गोरस से बना हुआ करम्बा आदि खाद्य, 'कुसु (? स) णियंति' (पिंड २८२ टी)।

कुसल वि [कुशल] १ निपुण, चतुर, दक्ष, अभिज्ञ (आचा, णाया १, २)। २ न. सुख, हित (राय)। ३ पुण्य (पंचा ६)।

कुसला स्त्री [कुशला] नगरी-विशेष, विनीता, अयोध्या (आवम)।

कुसार देखो कूमार (स ६८६)।

कुसी स्त्री [कुशी] लोहे का बना हुआ एक हथियार (दे ८, ५)।

कुसीलव पु [कुशीलव] अभिनयकर्ता नट (कप्पू)।

कुसुंभ पुन [कुसुम्भ] १ वृक्ष विशेष, कसुम, बर्रे (ठा ८—पत्र ४०५)। २ न. कुसुम का पुष्प, जिसका रंग बनता है (नं २)। ३ रंग विशेष (श्रा १२)।

कुसुंभिअ वि [कुसुम्भित] कुसुम्भ रंगवाला (श्रा १२)।

कुसुंभिल पु [दे] पिशुन, दुर्जन, चुगलखोर (दे २, ४०)।

कुसुंभी स्त्री [कुसुम्भी] वृक्ष-विशेष, कुसुम का पेड (पाअ)।

कुसुम अक [कुसुमय्] फूल आना। कुसुमति (सबोध ४७)।

कुसुम न [कुसुम] १ पुष्प, फूल (पाअ, प्रामू ३४)। २ पु. इस नाम का भगवान् पद्मप्रभ का शासनाधिष्ठायक यक्ष (सति ७)। °केउ पुं [°केतु] अरुणवर द्वीप का अधिष्ठायक देव (दीव)। °चाय, °चाव पु [°चाप] कामदेव, मकरध्वज (सुपा ५९, ५३०, महा)। °ज्झय पु [°ध्वज] वसन्त ऋतु (कुमा)। °णयर न [°नगर] नगर-विशेष, पाटलिपुत्र, आजकल जो 'पटना' नाम से प्रसिद्ध है (आवम)। °दंत पुं [°दन्त] एक तीर्थङ्कर देव का नाम, इस अवसर्पिणी काल के नववें जिनदेव, श्री सुविधिनाथ (पउम १, ३)। °दाम न [°दामन्] फूलों की माला (उत्ता)। °धणु न [धनुष्] कामदेव (कुमा)। °पुर न [°पुर] देखो ऊपर °णयर (उप ४८६)। बाण पुं [°बाण] कामदेव (सुर ३, १६२, पाअ)। °रअ पु [°रजस्] मकरन्द (पाअ)। °रद पु [°रद] देखो दंत (पउम २०, ५)। °लया स्त्री [°लता] छन्द विशेष (अजि १५)। °संभव पु [°संभव] मधुमास, चैतमास (अणु)। °सर पु [°शर] कामदेव (सुर ३, १०६)। °ऽर पुं [°ऽकर] इस नाम का एक छन्द (पिंग)। °ऽह पु [°ऽयुध] काम, कामदेव (स ५३८)। °ऽइ स्त्री [°ऽवती] इस नाम की एक नगरी (पउम ५, २९)। °ऽसव पुं [°ऽसव] किंजल्क, पराग, पुष्प-रेणु (णाया १, १, औप)।

कुसुमसभव पुं [कुसुमसम्भव] वैशाख मास का लोकोत्तर नाम (सुज्ज १०, १९)।

कुसमाल वि [कुसमवत्] फूलवाला (स ६९७)।

कुसुमाल पु [दे] चोर, स्तेन (दे २, १०)।

कुसुमालिअ वि [दे] शून्य-मनस्क, भ्रान्त-चित्त (दे २, ४२)।

कुसुमिअ वि [कुसुमित] पुष्पित, पुष्प-युक्त, खिला हुआ (णाया १, १, पउम ३३, १४८)।

कुसुमिल्ल वि [कुसुमवत्] ऊपर देखो (सुपा २२३)।

कुसुर [दे] देखो झसुर (हे २, १७४ टि)।

कुसूल पु [कुशूल] कोष्ठ, अन्न रखने के लिए मिट्टी का बना एक प्रकार का बडा पात्र (पाअ)।

कुस्सुमिण पु [कुस्वप्न] दुष्ट स्वप्न (सबोध ४२)।

कुह अक [कुथ] सड जाना दुर्गन्धी होना। कुहइ (भवि, हे ४, ३६५)।

कुह पुं [कुह] वृक्ष, पेड, गाछ 'कुहा महीरुहा वच्छा' (दसनि १)।

कुह देखो कह (गा ५०७ अ)।

कुहंड पु [कूष्माण्ड] व्यन्तर देवों की एक जाति (औप)।

कुहंड न [कूष्माण्ड] १ कुम्हडा, पेठा, कोहँडा (कम्म ५, ८५)।

कुहंडिया स्त्री [कूष्माण्डी] कोहँडा का गाछ (राय)।

कुहक्क } देखो कुहग (धर्मवि १३५, कुप्र ८)।
कुहग }

कुहग पुं [कुहक] कन्द विशेष, 'लाहिणीहू य थीहू य, कुहगा य तहेव य' (उत्त ३६, ९९ का)।

कुहड वि [दे] कुब्ज, कूबडा (दे २, ३६)।

कुहण पु [कुहन] १ वृक्षों का एक प्रकार, वृक्षों की एक जाति से किं त कुहणा? कुहण अणेगविहा पण्णत्ता' (पण्ण १—पत्र ३५)। २ वनस्पति विशेष। ३ भूमि-स्फोट (पण्ण १—पत्र ३० आचा)। ४ देश-विशेष। ५ इसमें रहनेवाली जाति (पण्ह १, १—पत्र १४, इक)।

कुहण वि [क्रोधन] क्रोधी, क्रोध करनेवाला (पण्ह १, ४—पत्र १००)।

कुहणी स्त्री [दे] कूर्पर, हाथ का मध्य-भाग (सुपा ४१२)।

कुहय पुंन [कुहक] १ वायु विशेष, दौडते हुए अश्व के उदर-प्रदेश के समीप उत्पन्न होता एक प्रकार का वायु 'घणगज्जिय-हयकुहए (गच्छ २)। २ इन्द्रजालादि कौतुक, 'अलोलुए अक्कुहए अमाई (दस ९, ३)।

कुहर न [कुहर] १ पर्वत का अन्तराल (णाया १, १—पत्र ६३), 'गेहव वित्तरहिअ णिज्जरकुहर व सलिलसुण्णविअ' (गा ६०७)। २ छिद्र, बिल, विवर (पण्ह १, ४; पामू २)। ३ पु. ब. देश-विशेष (पउम ९८, ६७)।

कुहाड पुं [कुठार] कुल्हाड, फरसा (विपा १, ६, पउम ९९, २४, स २१४)।

कुहाडी स्त्री [कुठारी] कुल्हाडी, कुठार (उप ९६३)।

कुहावणा स्त्री [कुहना] १ आश्चर्य-जनक, दम्भ क्रिया, दम्भ-चर्या। २ लोगों से द्रव्य हासिल करने के लिए किया हुआ कपट भेष (जीत)।

कुहिअ वि [दे] लिप्त, पोता हुआ (दे २, ३५)।

कुहिअ वि [कुथित] १ थोडी दुर्गन्धवाला (णाया १, १२—पत्र १७३)। २ सडा हुआ (उप ५९७ टी)। ३ विनष्ट (णाया १, १)। °पूइय वि [पूतिक] अत्यन्त सडा हुआ (पण्ह २, ५)।

कुहिणी स्त्री [दे] १ कूर्पर, हाथ का मध्य भाग। २ रथ्या, महल्ला (दे २, ६२)।

कुहिल पुस्त्री [कुहुमत्] कोयल पक्षी (पिंग)।

कुहु स्त्री [कुहु] कोकिल पक्षी की आवाज (पिंग)।

कुहुण देखो कुहण = कुहन (उत्त ३६, ९६ का)।

कुहुव्वय पु [कुहुव्रत] कन्द विशेष (उत्त ३६, ९८)।

कुहेड पुं [दे] ओषधी विशेष, गुरेटक, एक प्रकार का हर्रे का गाछ (दे २, ३५)।

कुहेड } पुं [कुहेट, °क] १ चमत्कार
कुहेडअ } उपजानेवाला मन्त्र तन्त्रादि ज्ञान,

'कुहेडविज्जासवदारजीवी न गच्छई सरणं तम्मि काले' (उत्त २०, ४५)। २ आभाणक, वक्रोक्ति विशेष 'तेसु न विम्हयइ सय आहट्टुवुहेडएहिं व' (पव ७३ टी, बृह १)।

कुहेडग पुंन [दे] अजमा (पचा ५, ३०)।

कुहेडगा स्त्री [कुहेटका] कन्द विशेष, पिण्डालु (पव ४)।

कूअ देखो कूव = कूप (चड, हम्मीर ३०)।

कूअण न [कूजन] १ अव्यक्त शब्द। २ वि. ऐसी आवाज करनेवाला (ठा ३, ३)।

कूअणया स्त्री [कूजनता] कूजन अव्यक्त शब्द (ठा ३ ३)।

कूइआ स्त्री [कूपिका] कूई, छोटा कूप (चड)।

कूइय न [कूजित] अव्यक्त आवाज (महा, सुर ३, ४८)।

कूइया स्त्री [कूजिका] क्विंड आदि का अव्यक्त आवाज (पिंड ३५६ टी)।

कूचिआ स्त्री [कूर्चिका] दाढी-मूँछ का बाल (सबोध ३१)।

कूचिया स्त्री [कूचिका] बुद्बुद, बुलबुला, पानी का बुलबुला (विसे १४६७)।

कूज अक [कूज्] अव्यक्त शब्द करना। कूजाहि (चारु २१)। वकृ कूजत (मे २६)।

कूजिअ न [कूजित] अव्यक्त आवाज (कुमा, मै २६)।

कूड सक [कूटय्] १ झूठा ठहराना। २ अन्यथा करना। कूडे (अणु ५० टी)।

कूड पुं [दे कूट] पाश, फाँसी, जाल (दे २, ४३ राय उत्त ५ सूअ १, ५, २)।

कूड पुन [कूट] १ असत्य, छल युक्त, झूठा, 'कूडतुलकूडमाणे' (पडि)। २ भ्रान्ति जनक वस्तु (भग ७, ६)। ३ माया, कपट, छल, दगा, धोखा (सुपा ६२७)। ४ नरक (उत्त ५)। ५ पीडा जनक स्थान, दुःखोत्पादक जगह (सूअ १, ५ २, उत्त ६)। ६ शिखर, टोच (ठा ४, २ रभा)। ७ पर्वत का मध्य भाग (ज २)। ८ पाषाणमय यन्त्र विशेष, मारने का एक प्रकार का यन्त्र (भग १५)। ९ समूह, राशि (निर १, १)। °कारि वि [°कारिन्] धोखेबाज, दगाखोर (सुपा ६२७)। °ग्गाह पु [°ग्राह] धोखे से जीवों को फँसानेवाला (विपा १, २)। स्त्री. °ग्गाहणी (विपा १, २)। °जाल न [°जाल] धोखे का जाल, फाँसी (उत्त १६)। °तुला स्त्री [°तुला] झूठी नाप, बनावटी नाप (उवा १)। °पास न [°पाश] एक प्रकार की मछली पकडने का जाल (विपा १, ८)। °प्पओग पु [°प्रयोग] प्रच्छन्न पाप (आव ४)। °लेह पुं [°लेख] १ जाली लेख, दूसरे के हस्ताक्षर तुल्य अक्षर बना कर धोखेबाजी करना। २ दूसरे के नाम से झूठी चिट्ठी वगैरह लिखना (पडि उवा)। °वाहि पु [°वाहिन्] बैल, बलीवर्द (आव ५)। °सक्ख न [°साक्ष्य] झूठी गवाही (पचा १)। °सक्खि वि [°साक्षिन्] झूठी साक्षी देनेवाला (श्रा १४)। °सक्खिज्ज न [°साक्ष्य] झूठी गवाही (सुपा ३७५)। °सामलि स्त्री [°शाल्मलि] १ वृक्ष विशेष के आकार का एक स्थान, जहाँ गरुड जातीय देवों का निवास है (सम १३, ठा २, ३)। २ नरक स्थित वृक्ष विशेष (उत्त २०)। °गार न [°गार] १ शिखर के आकारवाला घर (ठा ४, २)। २ पर्वत पर बना हुआ घर (आचा २, ३, ३)। ३ पर्वत में खुदा हुआ घर (निचू १२)। ४ हिंसा स्थान (ठा ४, २)। °गारसाला स्त्री [°गारशाला] षड्यन्त्र वाला घर षड्यन्त्र करने के लिए बनाया हुआ घर (विपा १, ३)। °हच्च न [°हत्य] पाषाण मय यन्त्र की तरह मारना, कुचल डालना (भग १५)।

कूड न [कूट] १ पाश जाल, फंस, फदा (सूअ १, ५, २, १८ राय ११४)। २ लगातार २७ दिन का उपवास (सबोध ५८)।

कूडग देखो कूड (आवम)।

कूण अक [कूणय्] सकुचित होना, सकोच पाना (गउड)।

कूणिअ वि [कूणित] सकोच प्राप्त, सकोचित (गउड)।

कूणिअ वि [दे] ईषद् विकसित, थोडा खिला हुआ (दे २, ४४)।

कूणिअ पु [कूणिक] राजा श्रेणिक का पुत्र (औप)।

कूणिय वि [कूणित] मडा हुआ (कुप्र १६०)।

कूय अक [कूज्] अव्यक्त आवाज करना। वकृ. कूयत, कूयमाण (ओघ २१ भा, विपा १, ७)।

कूय पुं [कूप] १ कूप, कुँआ (गउड)। २ घी, तेल वगैरह रखने का पात्र, कुतुप (णाया १, १—पत्र ५८, औप)। °दद्दुर पु [दर्दुर] १ कूप का मेढक। २ वह मनुष्य जो अपना घर छोड बाहर न गया हो, अल्पज्ञ (उप ६४८ टी। देखो कूव।

कूर वि [क्रूर] १ निर्दय, निष्कृप, हिंसक (पण्ह १, ३)। २ भयकर रौद्र (णाया १, ८, सूअ १, ७)। ३ पुं रावण का इस नाम का एक सुभट (पउम ५६, २९)।

कूर पुन [कूर] वनस्पति विशेष (सूअ २, ३, १६)।

कूर न [कूर] भात, ओदन (दे २, ४३)। °गडुअ, °गड्डुअ पुं [गडुक] एक जैन महर्षि (आचा, भाव ८)।

कूर° अ [ईषत्] थोडा, अल्प (हे २, १२९, षड्)।

कूरपिउड न [दे] भोजन विशेष, खाद्य विशेष (आवम)।

कूरि वि [क्रूरिन्] १ निर्दयी, क्रूर चित्तवाला। २ निर्दय परिवारवाला (पण्ह १, ३)।

कूल न [दे] सैन्य का पिछला भाग (दे २, ४३, से १२, ९२)।

कूल न [कूल] तट, किनारा (पाअ, णाया १, १९)। °धमग पु [ध्मायक] एक प्रकार का वानप्रस्थ जो किनारे पर खडा हो आवाज कर भोजन करता है (औप)। वालग, वालय पु [वालक] एक जैन मुनि (आव, काल)।

कूलक्खा स्त्री [कूलङ्कषा] नदी, तीर को तोडनेवाली नदी (वेणी १२०)।

कूव पुन [दे] १ चुराई चीज की खोज में जाना (दे २, ६२, पाअ)। २ चुराई चीज को छुडानेवाला, छीनी हुई चीज को लडाई वगैरह कर वापस लेनेवाला, 'तए ण सा दोवदी देवी पउमणाभ एव वयासी—एवं खलु देवा० जबुद्दीवे दीवे भारहे वासे बारवतीए णयरीए कण्हे णामं वासुदेवे मम पियभाउए परिवसति, त जइ ण से छण्ह

मामाणं मम कूवं नो हव्वमागच्छइ, तए णं अहं देवा० जं तुमं वदसि तम्म आणाओवा-यवयणणिद्देसे चिट्ठिस्सामि' (णाया १, १६—पत्र २१५); 'दोवईए कूवगाहा' (उप ६४८ टी; दे ६, ६२)।

कूव, कूवग, कूवय } पुं [कूप, °क] १ कूप, कुँआ, गर्त्त (प्रासू ४५)। २ स्नेह-पात्र, कुतुप, कुप्पा (वज्जा ७२, उप पृ ४१२)। ३ जहाजका मध्य स्तम्भ, जहाँपर पाल बाँधा जाता है (औप, णाया १,८)। °तुल्ला स्त्री [°तुला] कूपतुला, ढेंकुवा (दे १, ६३; ८७)। °मंडुक्क पुं [°मण्डूक] १ कूप का मेढक। २ अल्पज्ञ मनुष्य, जो अपना घर छोड बाहर न जाता हो (निचू १)।

कूवय पुं [कूपक] देखो कूव = कूप (रयण ३२)। स्वनाम-प्रसिद्ध एक जैन मुनि (अत ३)।

कूवर पुंन [कूबर] १ जहाज का एक अवयव, जहाज का मुख-भाग, 'संचुण्णियकट्ठकूवरा' (णाया १, ९—पत्र १५७)। २ रथ या गाडी वगैरह का एक अवयव, युगन्धर (से १२, ८४)।

कूवल न [दे] जवन-वस्त्र (दे २, ४३)।

कूविय न [कूजित] अव्यक्त शब्द, 'तह कहवि कुणइ सो सुरयकूविय तप्पुरो जेण' (सुपा ५०८)।

कूविय पुं [कूपिक] इस नाम का एक सनिवेश—गाँव (आवम)।

कूविय वि [दे] मोष-व्यावर्त्तक, चुराई हुई चीज की खोज कर उसे लानेवाला (णाया १, १८—पत्र २३६)। २ चोर की खोज करनेवाला (णाया १, १)।

कूविया स्त्री [कूपिका] १ छोटा कूप (उप ७२८ टी)। २ छोटा स्नेह-पात्र, कुप्पी (राज)।

कूवी स्त्री [कूपी] ऊपर देखो, 'एयाओ अमय-कूवीओ' (उप ७२८ टी)।

कूसार पुं [दे] गर्त्ताकार, गर्त्त जैसा स्थान, खड्डा, 'कूसारखलंतपओ' (दे २, ४४, पाअ)।

कूहंड पुं [कूष्माण्ड] व्यन्तर देवों की एक जाति (पण्ह १, ४)।

केअ सक [क्री] कीनना, खरीदना। केइ, केअइ (पइ)।

के° वि [कियत्] कितना? °चिरेण अ [°चिरेण] कितने समय में? (अंत २४)। °चिरं अ [°चिरं] कितने समय तक? (पि १४९)। °चिरेण देखो °चिरेण (पि १४९)। °दूर न [°दूर] कितना दूर? 'केदूरे सा पुरी लंका?' (पउम ४८, ४७)। °महालय वि [°महालय] कितना बड़ा? (णाया १, ८)। °महालिय वि [°महत्] कितना बडा? (पण्ण २१)। °महिड्ढिय वि [°महर्द्धिक] कितनी बडी ऋद्धिवाला (पि १४९)।

केअइ पु [केकय] देश-विशेष, जिसका आधा भाग आर्य और आधा भाग अनार्य है, सिन्धु देश की सीमा पर का देश (इक), 'केयइ-अड्ढं च आरियं भणियं' (पण्ण १; सत्त ६७ टी)।

केअई स्त्री [केतकी] वृक्ष-विशेष, केवड़ा का वृक्ष (कुमा, दे ८, २५)।

केअग, केअय } पुं [केतक] १ वृक्ष-विशेष, केवडा का गाछ, केतकी (गउड)। २ न. केतकी-पुष्प, केवडा का फूल (गउड)। ३ चिन्ह, निशान (ठा १०)।

केअगी स्त्री [केतकी] १ केवडा का गाछ या पौधा। २ केवडा का फूल (राय ३४)।

केअल देखो केवल (अभि २६)।

केअव देखो कइअव = कैतव, 'जं केअवेण पिम्मं' (गा ७४४)।

केआ स्त्री [दे] रज्जु, रस्सी (दे २, ४४; भग १३, ९)।

केआर पुं [केदार] १ क्षेत्र, खेत (सुर २, ७८)। २ आलवाल, क्यारी (पाअ, गा ६९०)।

केआरवाग पुं [दे] वृक्ष-विशेष, पलाश का पेड (दे २, ४५)।

केआरिआ स्त्री [केदारिका] धानवाली जमीन, गोचर भूमि (कप्पू)।

केउ पुं [केतु] १ ध्वज, पताका (सुपा २२९)। २ ग्रह-विशेष (सुज्ञ २०; गउड)। ३ चिह्न, निशान (औप)। ४ सूत-सूत, रुई का सूता (गउड)। °खेत्त न [°क्षेत्र] मेघ-वृष्टि से ही जिसमें अन्न पैदा हो सकता हो ऐसा क्षेत्र-विशेष (आव ६)। °मई स्त्री [°मती] किन्नरेन्द्र और किंपुरुषेन्द्र की अग्र-महिषी का नाम, इन्द्राणी-विशेष (भग १०, ५; णाया २)। °माल न [°माल] वैताढ्य पर्वत पर स्थित इस नाम का एक विद्याधर-नगर (इक)।

केउ पुं [दे] कन्द, कांदा (दे २, ४४)।

केउ पुन [केतु] एक देवविमान (देवेन्द्र १३४)।

केउग, केउय } पुं [केतुक] पाताल-कलश विशेष (सम ७१; ठा ४, २—पत्र २२६)।

केऊर पुंन [केयूर] १ हाथ का आभूषण-विशेष, अङ्गद, बाजूबन्द (पाअ, भग ९, ३३)। २ पुं. दक्षिण समुद्र का पाताल-कलश (पव २७२)।

केऊरपुत्त पुं [दे] गाय तथा भैंस का बच्चा (संक्षि ४७)।

केऊव पुं [केयूप] दक्षिण समुद्र का एक पाताल-कलश (इक)।

केंकाय अक [केङ्काय्] 'कें-कें' आवाज करना। वकृ. 'पेच्छइ तओ जडागिं केंकायंतं महोपडियं' (पउम ४४, ५४)।

केंसुअ देखो किंसुअ (कुमा)।

केकई स्त्री [कैकयी] १ राजा दशरथ की एक रानी, केकय देश के राजा की कन्या (पउम २२, १०८, उप पृ ३७)। २ आठवें वासुदेव की माता (सम १५२)। ३ अपर-विदेह के विभीषण-वासुदेव की माता (आवम)।

केकय पु [कैकय] १ देश-विशेष, यह देश प्राचीन वाह्लीक प्रदेश के दक्षिण की ओर तथा सिंधु देश की सीमा पर स्थित है। २ इस देश का रहनेवाला (पण्ह १, १)। ३ केकय देश का राजा (पउम २२, १०८)।

केकसिया स्त्री [कैकसिका] रावण की माता का नाम (पउम ७, ५४)।

केका स्त्री [केका] मयूर-वाणी। °रव पुं [°रव] मयूर की आवाज, मयूर-शब्द (णाया १, १—पत्र २५)।

केकाइय न [केकायित] मयूर का शब्द (सुपा ७६)।

केकई देखो केकई (पउम ७६, २६)।

केकय देखो कैकय (पव २७०)।

केकसी स्त्री [कैकसी] रावण की माता (पउम १०३, ११४)।

केकाइय देखो केकाइय (णाया १, ३—पत्र ६५)।

केगई देखो केकई (पउम १, ६४, २०, १८४)।

केगाइय देखो केकाइय (राज)।

केज्ज वि [क्रेय] बेचने की चीज (ठा ६)।

केढ } पुं [कैटभ] १ इस नाम का एक
केढव } प्रतिवासुदेव राजा (पउम ५, १५६)। २ दैत्य-विशेष (हे १, २४०, कुमा)। °रिउ पुं [°रिपु] श्रीकृष्ण, नारायण (कुमा)।

केत्त देखो केत्तिअ (हास्य १३६)।

केत्तिअ } वि [कियत्] कितना? (हे २,
केत्तिल } १५७, कुमा, षड्, महा)।

केत्तुल (अप) ऊपर देखो (कुमा, षड्, हे ४, ४०८)।

केत्थु (अप) अ [कुत्र] कहाँ, किस जगह? (हे ४, ४०५)।

केद्दह देखो केत्तिअ (हे २, १५७, प्राप्र)।

केम } (अप) देखो कहं (षड्, हे ४, ४०१;
केम्व } ४१८)।

केय न [केत] १ गृह, घर। २ चिह्न, निशानी (पव ४)।

केयण न [केतन] १ वक्र वस्तु, टेढी चीज। २ चोरी का हाथा (ठा ४,२—पत्र २१८)। ३ सकेत, सकेत स्थान (वव ४)। ४ धनुष की मूठ (उत्त ९)। ५ मछली पकड़ने का जाल (सूअ १, ३, १)। ६ स्थान, जगह (आचा)। ७ 'कडवल्लसठित' (सूत्र० चूर्णि. पत्र ८२ गा० १७६)।

केयय देखो केकय (सुपा १४२)।

केयव्व वि [क्रेतव्य] खरीदने योग्य वस्तु (उत्त ३५, १५)।

केर } वि [दे. सम्बन्धिन्] संबन्धी वस्तु,
केरय } संबन्धी चीज (स्वप्न ५१, हे ४, ३५९, ३७३, प्राप्र भवि)।

केरव न [कैरव] १ कुमुद, सफेद कमल (पाअ, सुपा ४९)। २ कैतव, कपट (हे १, १५२)।

केरिच्छ वि [कीदृक्ष] कैसा, किस तरह का? (हे १, १०५, प्राप्र काल)।

केरिस वि [कीदृश] कैसा, किस तरह का? (प्रामा)।

केरी स्त्री [फकटी] वृक्ष-विशेष, करीर का गाछ, 'निंबंबोरिकेरि—' (उप १०३१ टी)।

केल देखो कयल = कदल (हे १, १६७)।

केलाइय वि [समारचित] साफसुथरा किया हुआ (कुमा)।

केलाय सक [समा + रचय] समारचन करना, साफ कर ठीक करना। केलायइ (हे ४, ९५)।

केलास पुं [कैलास] राहु का कृष्ण पुद्गल-विशेष (सुज्ञ २०)।

केलास पुं [कैलास] १ स्वनाम-प्रसिद्ध पर्वत-विशेष (से ६, ७३, गउड, कुमा)। २ इस नाम का एक नाग राज (इक)। ३ इस नाग-राज का आवास-पर्वत (ठा ४, २)। ५ मिट्टी का एक तरह का पात्र (निर १, ३)। देखो कइलास।

केलि देखो कयलि (कुमा)।

केलि स्त्री [दे] कन्द-विशेष (उत्त ३६, ९८, सुख ३६, ९८)।

केलि } स्त्री [केलि, °ली] १ क्रीडा, खेल,
केली } मजाक (कुमा, पाअ, कप्पू)। २ परिहास, हाँसी, ठट्ठा (पाअ, औप)। ३ काम-क्रीडा (कप्पू, औप)। °आर वि [°कार] क्रीडा करनेवाला, विनोदी (कप्पू)। °काणण न [°कानन] क्रीडोद्यान (कप्पू)। °किल, °गिल वि [°किल] १ विनोदी, क्रीडा-प्रिय (सुपा ३१४)। २ पु. व्यन्तर-जातीय देव-विशेष (सुपा ३२०)। ३ पुन. स्थान-विशेष (पउम ५५, १७)। °भवण न [°भवन] क्रीडा गृह, विलास-घर (कप्पू)। °विमाण न [°विमान] विलास-महल (कप्पू)। °सअण न [°शयन] काम शय्या (कप्पू)। °सेज्जा स्त्री [°शय्या] काम शय्या (कप्पू)।

केली देखो कयली (हे १, १२०)।

केली स्त्री [दे] असती, कुलटा, व्यभिचारिणी स्त्री (दे २, ४४)।

केलीगिल वि [कैलीकिल] केलीकिल स्थान में उत्पन्न (पउम ५५, १७)।

केव° देखो के° (भग पण्ण १७—पत्र ५४५, विसे २८६१)।

केवँ (अप) देखो कह (कुमा)।

केवइय वि [कियत्] कितना? (सम १३४, विसे ६४६ टी)।

केवट्ट पुं [कैवर्त्त] धीवर, मछलीमार, मछुआ (पाअ, स २५८, हे २, ३०)।

केवड (अप) देखो केत्तिअ (हे ४, ४०८, कुमा)।

केवल वि [केवल] १ अकेला, असहाय (ठा २, १, औप)। २ अनुपम, अद्वितीय (भग ९, ३३)। ३ शुद्ध, अन्य वस्तु से अमिश्रित (दस ४)। ४ सपूर्ण, परिपूर्ण (निर १, १)। ५ अनन्त, अन्त-रहित (विसे ८४)। ६ न. ज्ञान विशेष, सर्वश्रेष्ठ ज्ञान, भूत, भावी वगैरह सर्व वस्तुओं का ज्ञान, सर्वज्ञता (विसे ८२७)। °कप्प वि [°कल्प] परिपूर्ण, संपूर्ण (ठा ३, ४)। °णाण न [°ज्ञान] सर्वश्रेष्ठ ज्ञान, सपूर्ण ज्ञान (ठा २, १)। °णाणि, °नाणि वि [°ज्ञानिन्] १ केवल-ज्ञानवाला, सर्वज्ञ (कप्प, औप)। २ पुं. इस नाम के एक अर्हन् देव, अतीत उत्सर्पिणी-काल के प्रथम तीर्थंकर (पव ६)। °ण्णाण, °नाण, °न्नाण देखो °णाण (विसे ८२६, ८२९; ८२३)। °दसण न [°दर्शन] परिपूर्ण सामान्य बोध (कम्म ४, १२)।

केवल अ [केवलम्] केवल, सिर्फ, मात्र (स्वप्न ९२, ९३; महा)।

केवलाअ सक [समा + रभ्] आरम्भ करना, शुरू करना। केवलाअइ (षड्)।

केवलि वि [केवलिन्] केवल ज्ञानवाला, सर्वज्ञ (भग)। °पक्खिय वि [पाक्षिक] १ स्वयंबुद्ध। २ पु. जिनदेव, तीर्थंकर (भग ९, ३१)।

केवलिअ वि [केवलिक] १ केवलज्ञानवाला (भग)। २ परिपूर्ण, सपूर्ण, 'सामाइय केवलियं पसत्थं' (विसे २६८१)।

केवलिअ वि [कैवलिक] १ केवल ज्ञान से सबन्ध रखनेवाला (द १७)। २ केवलि-प्रोक्त (सूअ १,१४)। ३ केवल-ज्ञानि सबन्धी (ठा ४, २)। ४ न. केवल ज्ञान, सपूर्ण ज्ञान (आव ४)।

केवलिअ न [कैवल्य] केवल ज्ञान, केवलिए संपत्ते' (सत्त ६७ टी, विसे ११८०)।

केवली स्त्री [केवली] ज्योतिष विद्या-विशेष (हास्य १२६, १२९)।

केस पुं [केश] केश, बाल (उप ७६८ टी; प्रयौ २६)। °पुर न [°पुर] वैताढ्य पर स्थित एक विद्याधर-नगर (इक)। °लोअ पु [°लोच] केशों का उन्मूलन (भग, पण्ह २, ४)। °वाणिज्ज न [°वाणिज्य] केश-वाले जीवों का व्यापार (भग ८,५)। °हत्थ, °हत्थय पुं [°हस्त, °क] केशपाश, समारचित केश, संयत बाल (कप्प, पाअ)।

केस देखो केरिस। स्त्री. °सी (अणु १३१)।

केस देखो किलेस (उप ७६८ टी, धम्म २२)।

केसर पुं [कपीश्वर] उत्तम कवि, श्रेष्ठ कवि (उप ७२८ टी)।

केसर पुंन [केसर] एक देवविमान (देवेन्द्र १४२)।

केसर पुंन [केसर] १ पुष्प-रेणु, पराग, किंजल्क (से १, ५०, दे ६, १३)। २ सिंह वगैरह के कंधा का बाल, केसरा (से १, ५०, सुपा २१५)। ३ पुं. बकुल वृक्ष (कप्पू; गउड, पाअ)। ४ न. इस नाम का एक उद्यान, काम्पिल्य नगर का एक उपवन (उत्त १७)। ५ फल विशेष (राज)। ६ सुवर्ण, सोना। ७ छन्द-विशेष (हे १, १४६)। ८ पुष्प-विशेष (गउड ११२२)।

केसरा स्त्री [केसरा] १ सिंह वगैरह के स्कन्ध पर के बालों की लटा, 'केसरा य सीहाणं' (प्रासू ५१; गउड; प्रामा)।

केसरि पुं [केसरिन्] १ सिंह, वनराज, कण्ठीरव (उप ७२८ टी; से ८, ९४; पण्ह १, ४)। २ ह्रद-विशेष, नीलवन्त पर्वत पर स्थित एक ह्रद (सम १०४)। ३ नृप-विशेष, भरत-क्षेत्र के चतुर्थ प्रति वासुदेव (सम १५४)। °द्दह पुं [°द्रह] द्रह-विशेष (ठा २, ३)।

केसरिआ स्त्री [केसरिका] गाड़ करने का कपड़े का टुकड़ा (भग, विसे २५५२ टी)।

केसरिल्ल वि [केसरवत्] केसरवाला (गउड)।

केसरी स्त्री [केसरी] देखो केसरिआ, 'तिर्द-डकुंडियद्धतछत्तुपंकुसपवित्तयकेसरीहत्थगए' (णाया १, ५—पत्र १०५)।

केसव पुं [केशव] १ अर्ध चक्रवर्ती राजा (सम)। २ श्रीकृष्ण वासुदेव, नारायण (गउड)।

केसि वि [क्लेशिन्] क्लेश-युक्त, क्लिष्ट (विसे ३१९४)।

केसि पुं [केशि] १ एक जैन मुनि, भगवान् पार्श्वनाथ के शिष्य (राय, भग)। २ असुर-विशेष, अश्व के रूप को धारण करनेवाला एक दैत्य, जिसको श्रीकृष्ण ने मारा था (मुद्रा २६२)।

केसि पुं [केशिन्] देखो केसव (पउम ७५, २०)।

केसिअ वि [केशिक] केशवाला, बाल-युक्त। स्त्री. °आ (सूअ १, ४, २)।

केसी स्त्री [केशी] सातवें वासुदेव की माता (पउम २०, १८४)।

°केसी स्त्री [°केशी] केशवाली स्त्री, 'विइण्ण-केसी' (उवा)।

केसुअ देखो किंसुअ (हे १, २९; ८६)।

केह (अप) वि [कीदृश्] कैसा, किस तरह का? (भवि, पड्; कुमा)।

केहिं (अप) अ. लिए, वास्ते (हे ४, ४२५)।

कैअव न [कैतव] कपट, दम्भ (हे १, १, गा १२४)।

कोअ देखो कोक (दे २, ४५ टी)।

कोअ देखो कोव (गउड)।

कोअंड देखो कोदंड (पाअ)।

कोआस अक [वि+कस्] विकसना, खिलना। कोआसइ (हे ४, १९५)।

कोआसिय वि [विकसित] विकसित, प्रफुल्ल, खिला हुआ (कुमा; जं २)।

कोइल पुं [कोकिल] १ कोयल, पिक (पण्ह १, ४, उत्त २३, स्वप्न ६१)। २ छन्द का एक भेद (पिंग)। °च्छय पुं [°च्छद] वनस्पति विशेष, तक्कलुंडा (पण्ह १७—पत्र ५२७)।

कोइला स्त्री [कोकिला] स्त्री कोयल, स्त्री 'कोइला पंचमं सरं' (अनु; पाअ)।

कोइल्ल स्त्री [दे] कोयला, काठ के अंगार (दे २, ४६)।

कोउआ स्त्री [दे] गोइठा की अग्नि, करीषाग्नि (दे २, ४८, पाअ)।

कोउग } न [कौतुक] १ कुतूहल, अपूर्व वस्तु
कोउय } देखने का अभिलाष (सुर २, २२६)। २ आश्चर्य, विस्मय (वव १)। ३ उत्सव (राय)। ४ उत्सुकता, उत्कण्ठा (पंचव १)। ५ दृष्टि-दोषादि से रक्षा के लिए किया जाता काजल का तिलक, रक्षा-बन्धनादि प्रयोग (राय; औप, विपा १, १; पण्ह १, २; धर्म ३)। ६ सौभाग्य आदि के लिए किया जाता स्नपन, विस्मापन, धूप, होम वगैरह कर्म (वव १, णाया १, १४)।

कोउण्ह वि [कदुष्ण] थोड़ा गरम (धर्मवि ११३)।

कोउहल } देखो कुऊहल (हे १, ११७;
कोउहल्ल } १७१, २, ९९; कुमा, प्राप्र)।

कोउहलि वि [कुतूहलिन्] कुतूहली, कौतुकी, कुतूहल-प्रिय (कुमा)।

कोऊहल } देखो कुऊहल (कुमा; वि ६१)।
कोऊहल्ल }

कोंकण पुं [कोङ्कण] देश-विशेष (स ४१२)।

कोंकणग पुं [कोङ्कणक] १ अनार्य देश-विशेष (इक)। २ वि. उस देश में रहनेवाला (पण्ह १, १, विसे १४१२)।

कोंच पुं [क्रौञ्च] १ इस नाम का एक अनार्य देश (पण्ह १, १)। २ पक्षि विशेष (ठा ७)। ३ द्वीप विशेष (ठा ४५)। ४ इस नाम का एक असुर (कुमा)। ५ वि. क्रौञ्च देश का निवासी (पण्ह १, १)। °रिसु पुं [°रिपु] कार्तिकेय, स्कन्द (कुमा)। °वर पुं [°वर] इस नाम का एक द्वीप (अणु-टी) °वीरग पुन [°वीरक] एक प्रकार का जहाज (बृह १)। देखो कुंच।

कोंचिआ स्त्री [कुञ्चिका] ताली, कुंजी (उत्त १७)।

कोंचिय वि [कुञ्चित] आकुंचित, संकुचित (पण्ह १, ४)।

कोंटलय न [दे] १ अर्थ-चिन्ता-सम्बन्धी सूचना। २ शकुनादि विविध-सम्बन्धी सूचना 'कोंटलयं कोंडलयं' (आव २२१ आ)।

कोंट देखो कुंट (हे १, ११६ वि)।

कोंड देखो कुंड (हे १, १०२)।

कोंड पुं [कौण्ड, गौड] देश-विशेष (इक)।

कोंडल देखो कुंडल (राज)। °मेत्तग पु [°मित्रक] एक व्यन्तर देव का नाम (बृह ३)।

कोंडलग पुं [कुण्डलक] पक्षि विशेष (औप)।

कोंडलिआ स्त्री [दे] १ श्वापद जन्तु विशेष, साही, श्वावित्। २ क्रीडा, कीट (दे २,५०)।

कोंडिअ पु [दे] ग्राम निवासी लोगों में फूट कराकर छल से गाँव का मालिक बन बैठनेवाला (दे २, ४८)।

कोंडिणपुर न [कौण्डिनपुर] नगर विशेष (रुक्मि ५१)।

कोंडिया देखो कुडिया (पण्ह २, ५)।

कोंडिण्ण देखो कोडिन्न (राज)।

कोंढ देखो कुढ (हे १, ११६)।

कोंढुल्लु पुं [दे] उलूक, उल्लू, पक्षि विशेष (दे २, ४९)।

कोंत देखो कुंत (पण्ह १, १ सुर २, २८)।

कोंतल देखो कुंतल = कुन्तल (प्राकृ ६. सक्षि ४)।

कोंती देखो कुंती (णाया १, १६—पत्र २१३)।

कोंभी देखो कुंभी (प्राकृ ६)।

कोक पु [कोक] १ चक्रवाक पक्षी (दे ८, ४३)। २ वृक, भेडिया (इक)।

कोकतिय पुस्त्री [दे] जन्तु विशेष, लोमडी, लोखरिआ (पण्ह १, १)। स्त्री °या (णाया १, १—पत्र ६५)।

कोकणद देखो कोकणय (सबोध ४७)।

कोकणय न [कोकनद] १ रक्त कुमुद। २ लाल कमल (पण्ण १, स्वप्न ७२)।

कोकासिय [दे] देखो कोक्कासिय (पण्ह १, ४—पत्र ७८)।

कोकुइय देखो कुक्कुइअ (ठा ६—पत्र ३७१)।

कोक्क सक [व्या + हृ] बुलाना, आह्वान करना। कोक्कइ (हे १, ७६, षड्)। वकृ कोक्कंत (कुमा)। संकृ कोक्किवि (भवि)। प्रयो. कोक्कावइ (भवि)।

कोक्कास पु [कोक्कास] इस नाम का एक वर्धकि, बढ़ई (आचू १)।

कोक्कासिय [दे] देखो कोआसिअ (दे २, ५०)।

कोक्किय वि [व्याहृत] आहूत, बुलाया हुआ (भवि)।

कोक्कुइय देखो कक्कुइअ (कस, औप)।

कोखुब्भ देखो खोखुब्भ वकृ कोखुब्भमाण (पि ३१९)।

कोच्चप्प न [दे] अलीक हित, झूठी भलाई, दिखावटी हित (दे २, ४६)।

कोच्चिय पुस्त्री [दे] शैक्षक, नया शिष्य (वव ६)।

कोच्छ न [कौत्स] १ गोत्र विशेष। २ पुस्त्री. कौत्स गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३९०)।

कोच्छ वि [कौक्ष] १ कुक्षि सम्बन्धी, उदर से सम्बन्ध रखनेवाला। २ न उदरप्रदेश 'गणियायारकणेरुकात्थ (? च्छ) हत्थी' (णाया १, १—पत्र ६४)।

कोच्छभास पु [दे कुत्सभाष] काक, कौआ, वायस, 'न मणी सयसाहस्सो आवि ज्झइ कोच्छभासस्स' (उव)।

कोच्छेअय देखो कुच्छेअय (हे १, १६१, कुमा, षड्)।

कोज्ज देखो कुज्ज (कप्प)।

कोज्जप्प न [दे] स्त्री रहस्य (दे २, ४६)।

कोज्जय देखो कुज्जय (णाया १, ८—पत्र १२५)।

कोज्जरिअ वि [दे] आपूरित, पूर्ण किया हुआ, भरा हुआ (षड्)।

कोज्झरिअ वि [दे] ऊपर देखो (दे २, ५०)।

कोटर देखो कोट्टर (चेइय १५१)।

कोटिंब पु [दे] गौ (निशीथ ३५६५ गा०)।

कोटुभ पुन [दे] हाथ से आहत जल, 'कोटु भो जलकरफालो' (पाअ)। देखो कोट्टुंभ।

कोटीवरिस न [कोटीवर्ष] लाट देश की प्राचीन राजधानी (विचार ४९)।

कोट्ट देखो कुट्ट = कुट्ट्। कवकृ कोट्टिज्जमाण (आवम)। संकृ कोट्टिय (जीव ३)।

कोट्ट न [दे] १ नगर, शहर (दे २, ४५)। २ कोट, किला, दुर्ग (णाया १, ८—पत्र १३४, उत्त ३०, बृह १, सुपा ११८)। °वाल पुं [°पाल] कोटपाल, नगर रक्षक (सुपा ४१३)।

कोट्टतिया स्त्री [कुट्टयन्तिका] तिल वगैरह को चूरने का उपकरण (णाया १, ७—पत्र ११७)।

कोट्टकिरिया स्त्री [कोट्टक्रिया] देवी-विशेष, दुर्गा आदि रुद्र रूपवाली देवी (अणु २५)।

कोट्टण देखो कुट्टण (उप १७९, पण्ह १, १)।

कोट्टर देखो कोडर (महा, हे ४, ४२२, गा ५६३ अ)।

कोट्टवीर पु [कोट्टवीर] इस नाम का एक मुनि आचार्य शिवभूति का एक शिष्य (विसे २५५२)।

कोट्टा स्त्री [दे] १ गौरी, पार्वती (दे २, ३५—१, १७४)। २ गला, गर्दन (उप ९९१)।

कोट्टाग पु [कोट्टाक] १ वर्धकि, बढ़ई (आचा २, १, २)। २ न. हरे फलों को सुखाने का स्थान विशेष (बृह १)।

कोट्टिंब पु [दे] द्रोणी, नौका, जहाज (दे २, ४७)।

कोट्टिम पुन [कुट्टिम] १ रत्नमय भूमि (णाया १, २)। २ फरस बंध जमीन, बँधी हुई जमीन (ज १)। ३ भूमि-तल (सुर ३, १००)। ४ एक या अनेक तलावाला घर (वव ४)। ५ झोपडी, मढी। ६ रत्न की खान। ७ अनार का पेड (हे १, ११६, प्राप्र)।

कोट्टिम वि [कृत्रिम] बनावटी, बनाया हुआ, अकुदरती (पउम ९६, ३९)।

कोट्टिल, कोट्टिल्ल पु [कौट्टिक] मुग्दर, मुगरी, मुगरा, जोडी (राज, विपा १,६—पत्र ६६, ६९)।

कोट्टी स्त्री [दे] १ दोह, दोहन। २ विषम स्खलना (दे २, ६४)।

कोट्टुभ पुन [दे] हाथ से आहत जल, 'कोट्टु भ करहए तोए' (दे २, ४७)।

कोट्टुम अक [रम्] क्रीडा करना, रमण करना। कोट्टुमइ (हे ४, १६८)।

कोट्टुमाणी स्त्री [कोट्टुमाणी] जैन मुनिगण की एक शाखा (कप्प)।

कोट्ठ देखो कुट्ठ = कुष्ठ (भग १६, ६, णाया १, १७)।

कोट्ठ पुं [कोष्ठ] १ धारणा, अवधारित अर्थ का कालान्तर में स्मरण-योग्य अवस्थान (णंदि १७६)। २ सुगन्धी द्रव्य-विशेष (राय ३४)।

कोट्ठ | देखो कुट्ठ = कोष्ठ (णाया १, १, ठा
कोट्ठग | ३, १, पाअ)। ३ आश्रय विशेष,
कोट्ठय | आवास-विशेष (ओघ २००, वव १)। ४ अपवरक, कोठरी (दस ५, १, उव ४८६)। ५ चैत्य विशेष (णाया २, १)। °गार न [°गार] धान्य भरने का घर (औप कप्प)। २ भाण्डागार, भंडार (णाया १, १)।

कोट्ठार पुन [कोष्ठागार] भाण्डागार, भंडार (पउम २, ३)।

कोट्ठि वि [कुष्ठिन्] कुष्ठ रोगी (आचा)।

कोट्ठिया स्त्री [कोष्ठिका] छोटा कोष्ठ, लघु कुशूल (उवा)।

कोट्ठु पुं [क्रोष्टृ] शृगाल, सियार (पड्)।

कोडड देखो कोदड (स २५६)।

कोडडिय देखो कोदंडिय (कप्प)।

कोडव न [दे] कार्य, काम काज (दे २, २)।

कोडय [दे] देखो कोडिअ (पाअ)।

कोडर न [कोटर] गह्वर, वृक्ष का पोल भाग, विवर (गा ५६२)।

कोडल पु [कोटर] पक्षि-विशेष (राज)।

कोडाकोडि स्त्री [कोटाकोटि] संख्या विशेष, करोड को करोड से गुनने पर जो संख्या लब्ध हो वह (सम १०५, कप्प, उव)।

कोडाल पु [कोडाल] १ गोत्र विशेष का प्रवर्तक पुरुष। २ न. गोत्र विशेष (कप्प)।

कोडि स्त्री [कोटि] १ धनुष का अग्र भाग (राय ११३)। २ भेद, प्रकार (पिंड ३६५)।

कोडि स्त्री [कोटि] १ संख्या विशेष, करोड, १०००००० (णाया १, ८, सुर १, ६७, ४, ६०)। २ अग्र भाग, अणी, नोक (सि १२, २६, पाअ)। ३ अंश, विभाग, भाग, 'नंदिसेणा पएसी लोए वालग्गकोडिमित्तोवि' (पव ३६, ठा ६)। °कोडि देखो कोडाकोडि (सुपा २६६)। °बद्ध वि [°बद्ध] करोड संख्यावाला (वव ३)। °भूम स्त्री [°भूमि] एक जैन तीर्थ (ती ४३)। °सिला स्त्री [°शिला] एक जैन तीर्थ (पउम ४८, ६६)। °सो अ [°शस्] करोडों, अनेक करोड (सुपा ४२०)। देखो कोडी।

कोडिअ न [दे] १ छोटा मिट्टी का पात्र, लघु सराव, सकोरा (दे २,४७)। १ पुं पिशुन, दुर्जन, चुगलखोर (षड्)।

कोडिअ पु [कोटिक] १ एक जैन मुनि (कप्प)। २ एक जैन मुनि-गण (कप्प, ठा ६)।

कोडिअ वि [कोटित] संकोचित (धर्मस ३८८)।

कोडिण्ण | न [कौडिन्य] १ इस नाम का
कोडिन्न | एक नगर (उप ६४८ टी)। २ वाशिष्ठ गोत्र की शाखा रूप एक गोत्र (कप्प)। ३ पुं कौडिन्य गोत्र का प्रवर्तक पुरुष। ४ वि कौडिन्य-गोत्रीय (ठा ७—पत्र ३९०, कप्प)। ५ पु. एक मुनि, जो शिवभूति का शिष्य था (विसे २५५२)। ६ महागिरि-सूरि का शिष्य, एक जैन मुनि (कप्प)। ७ गौतम स्वामी के पास दीक्षा लेनेवाले पांच सौ तापसों का गुरु (उप १४२ टी)।

कोडिन्ना स्त्री [कौण्डिन्या] कौडिन्य गोत्रीय स्त्री (कप्प)।

कोडिल्ल पु [दे] पिशुन दुर्जन, चुगलखोर (दे २, ४०, षड्)।

कोडिल्ल देखो कोट्टिल्ल (राज)।

कोडिल्ल पु [कौटिल्य] इस नाम का एक ऋषि, चाणक्य मुनि (वव १, अणु)।

कोडिल्लय न [कौटिल्यक] चाणक्य प्रणीत नीति-शास्त्र (अणु)।

कोडिसाहिय न [कोटिसहित] प्रत्याख्यान विशेष, पहले दिन उपवास करके दूसरे दिन भी उपवास की ली जाती प्रतिज्ञा (पव ४)।

कोडी देखो कोडि (उव, ठा ३, १, जी ३७)। °करण न [°करण] विभाग, विभजन (पिंड ३०७)। °णार न [°नार] इस नाम का सौराष्ट्र देश का एक नगर (ती ५६)। °मातमा स्त्री [°मातमा] गान्धार ग्राम की एक मूर्च्छना (ठा ७—पत्र ३९३)। °वरिस न [°वर्ष] लाट देश की राजधानी, नगर विशेष (इक पत्र १७४)। °वरिसिया स्त्री [°वर्षिका] जैन मुनि-गण की एक शाखा (कप्प)। °सर पुं [°श्वर] करोड पति, कोटीश (सुपा ३)।

कोडीण न [कौडीन] १ इस नाम का एक गोत्र, जो कौत्स गोत्र की एक शाखा रूप है। २ वि. इस गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३९०)।

कोडुंब न [दे] कार्य, काज (दे २, २)।

कोडुंबि देखो कुडुंबि (ठा ३, १—पत्र १२५)।

कोडुंबिय पु [कौटुम्बिक] १ कुटुम्ब का स्वामी, परिवार का स्वामी, परिवार का मुखिया (भग)। २ ग्राम प्रधान, गाँव का आदमी (पण्ह १, ५—पत्र ९४)। ३ वि. कुटुम्ब में उत्पन्न, कुटुम्ब से सम्बन्ध रखनेवाला, कुटुम्ब-सम्बन्धी (महा जीव ३)।

कोडूसग पु [कोद्रूषक] अन्न-विशेष, कोदो की एक जाति (राज)।

कोड्ड [दे] देखो कुड्ड (दे २, ३३, स ६४१; ६४२, हे ४, ४२२, णाया १, १६—पत्र २२४, उप ८९२, भवि)।

कोड्डुम देखो कोट्टुम (कुमा)।

कोड्डुमिअ न [रत] रति क्रीडा विशेष (कुमा)।

कोड्डिय वि [दे] कुतूहली, कौतुकी, विनोदशील, उत्कण्ठित (उप ७६८ टी)।

कोढ | पुं [कुष्ठि] रोग विशेष, कुष्ठ रोग
कोढ | (पि ६६, णाया १, १३, श्रा २०)।

कोढि वि [कुष्ठिन्] कुष्ठ रोग से ग्रस्त, कुष्ठ-रोगी (आचा)।

कोढिक | वि [कुष्ठिक] कुष्ठ-रोगी, कुष्ठ-
कोढिय | ग्रस्त (पण्ह २ ५ विपा १, ७)।

कोण वि [दे] १ काना, श्याम वर्णवाला (दे २, ४५)। २ पु लकुट, लकड़ी, यष्टि (दे २, ४५ निचू १, पाअ)। ३ वीणा वगैरह बजाने की लकड़ी, वीणा-वादन-दण्ड (जीव ३)।

कोण | पुंन [कोण] कोन, अंत, पर का
कोणग | एक भाग (गउड दे २, ४५, रंभा)।

कोणप पु [कौणप] राक्षस पिशाच (पाअ)।

कोणायल पुं [कौणायल] भगवान् शान्तिनाथ के प्रथम श्रावक का नाम (विचार ३७८)।

कोणालग पुं [कोणालक] जलचर पक्षि विशेष (पण्ह १, १)।

कोणाली स्त्री [दे] गोष्ठी, गोठ (बृह १)।

कोणिअ } पु [कोणिक] राजा श्रेणिक का
कोणिग } पुत्र, नृप विशेष (अंत, णाया १, १; महा, उव)।

कोणु स्त्री [दे] लेखा, लकीर, रेखा (दे २,२६)।

कोणेट्ठिया स्त्री [दे] गुल्जा, गु० 'चणोठी' (अनु० बृ० हारि० पत्र० ७६) देखो, चणोट्ठिया।

कोण्ण पु [दे. कोण] गृह-कोण, घर का एक भाग, कोना (दे २, ४५)।

कोतव न [कौतव] मूषक के रोम से निष्पन्न सूता (राज)।

कोतुहल देखो कुऊहल (काल)।

कोत्तलका स्त्री [दे] दारू परोसने का भाण्ड, पात्र-विशेष (२, १४)।

कोत्तिअ वि [कौतुकिक] कौतूकी, कुतूहली (गा ६७२)।

कोत्तिअ पुं [कोत्रिक] १ भूमि-शयन करनेवाला वानप्रस्थ (औप)। २ न. एक प्रकार का मधु (ठा ६)।

कोत्थ देखो कोच्छ = कौक्ष।

कोत्थर न [दे] १ विज्ञान (दे २, १३)। २ कोटर, गह्वर (सुपा २४७, निचू १५)।

कोत्थल पु [दे] १ कुशूल, कोष्ठ (दे २, ४८)। २ कोथली, थैला (स १६२)। °कारा स्त्री [°कारी] भौंरी, कीट विशेष (बृह १)।

कोत्थुभ } पु [कौस्तुभ] वासुदेव के वक्षः
कोत्थुह } स्थल की मणि (ती १०, प्राप्र,
कोथुभ } महा, गा १५१, पण्ह १, ४)।

कोदंड पुं [कोदण्ड] धनुष, धनु, कार्मुक, चाप (अंत १६)।

कोदंडिम } देखो कु दंडिम (जं ३, कप्प)।
कोदंडिय }

कोदूसग देखो कोडूसग (भग ६, ७)।

कोद्दव देखो कुद्दव (भवि)।

कोद्दविया स्त्री [दे] मातृवाहा, क्षुद्र कीट-विशेष (सुख १८, ३५)।

कोद्दाल देखो कुद्दाल (पण्ह १, १—पत्र २३)।

कोद्दालिया स्त्री [कुद्दालिका] छोटा कुदार, कुदारी (विपा १, ३)।

कोध पुं [कोध] इस नाम का एक राजा, जिसने दाशरथि भरत के साथ जैन दीक्षा ली थी (पउम ८५, ४)।

कोप्प देखो कुप्प = कुप्। कोप्पइ (नाट)।

कोप्प पुं [दे] अपराध, गुनाह (दे २, ४५)।

कोप्प वि [कोप्य] द्वेष्य, अप्रीतिकर, 'अकोप्पजंघजुगला' (पण्ह १, ३)।

कोप्पर पु [कूर्पर] १ हाथ का मध्य भाग (ओघ २६६ भा, कुमा, हे १, १२४)। २ नदी का किनारा, तट, तीर (ओघ ३०)।

कोबेरी स्त्री [कौबेरी] विद्या विशेष (पउम ७, १४२)।

कोभग } पु [कोभक] पक्षि-विशेष (अंत,
कोभगक } औप)।

कोमल वि [कोमल] मृदु सुकुमार (जी १०, पाअ, कप्पू)।

कोमार वि [कौमार] १ कुमार से सबन्ध रखनेवाला, कुमार-सबन्धी (विपा १, ७१)। २ कुमारी सबन्धी (पाअ)। ३ कुमारी में उत्पन्न (दे १, ८१)। स्त्री. °रिया, °री (भग १५)। °भिच्च न [°भृत्य] वैद्यक शास्त्र विशेष, जिसमे बालको के स्तन पान-संबन्धी वर्णन है (विपा १, ७—पत्र ७५)।

कोमारी स्त्री [कौमारी] विद्या-विशेष (पउम ७, १३७)।

कोमुइया स्त्री [कौमुदिका] श्रीकृष्ण वासुदेव की एक भेरी, जो उत्सव की सूचना के समय बजाई जाती थी (विसे १४७६)।

कोमुई स्त्री [दे] पूर्णिमा, कोई भी पूर्णिमा (दे २, ४८)।

कोमुई स्त्री [कौमुदी] १ शरद् ऋतु की पूर्णिमा (दे २, ४८)। २ चन्द्रिका, चाँदनी (औप, धम्म ११ टी)। ३ इस नाम की एक नगरी (पउम ३९, १००)। ४ कार्तिक की पूर्णिमा (राय)। °नाह पुं [°नाथ] चन्द्रमा, चाँद (धम्म ११ टी)। °महूसव पु [°महोत्सव] उत्सव विशेष (पि ३६६)।

कोमुदिया देखो कोमुइया (णाया १, ५—पत्र १००)।

कोमुदी देखो कोमुई = कौमुदी (णाया १, १ २)।

कोयव वि [कौतव] चूहे के रोमो से बना हुआ (वस्त्र) (अणु ३४)।

कोयव वि [कौयव] 'कोयव' देश मे निष्पन्न (आचा २, ५, १, ५)। देखो कोयवग।

कोयवग } पुं [दे] रूई से भरे हुए कपडे
कोयवय } का बना हुआ प्रावरण विशेष, रजाई (णाया १, १७—पत्र २२९)।

कोयवी स्त्री [दे] रूई से भरा हुआ कपडा (बृह ३)।

कोरंग पुं [कोरङ्ग] पक्षि-विशेष (पण्ह १, १—पत्र ८)।

कोरंट } पुं [कोरण्ट, °क] १ वृक्ष विशेष
कोरंटग } (पाअ)। २ न. इस नाम का भृगुकच्छ (भडौच) शहर का एक उपवन (वव १)। ३ कोरण्टक वृक्ष का पुष्प (पण्ह १, ४, ज १)।

कोरअ (शौ) देखो कउरव (प्राकृ ८४)।

कोरय } पुंन [कोरक] फलोत्पादक मुकुल,
कोरव } फल की कली (पाअ), 'चत्तारि कोरवा पन्नत्ता' (ठा ४, १—पत्र १८५)।

कोरव देखो कउरव (सम्मत्त १७६)।

कोरविआ स्त्री [कौरव्या] देखो कोरव्वीया (अणु १३०)।

कोरव्व पुस्त्री [कौरव्य] १ कुरु-वश में उत्पन्न (सम १५२, ठा ६)। २ कौरव्य-गोत्रीय। ३ पु आठवाँ चक्रवर्ती राजा ब्रह्मदत्त (जीव ३)।

कोरव्वीया स्त्री [कौरवीया] इस नाम की षड्ज ग्राम की एक मूर्च्छना (ठा ७)।

कोरिंट } देखो कोरंट (णाया १, १—
कोरिंटय } पत्र १९, कप्प, पउम ४२, ८,
कोरेंट } औप, उवा)।

कोल पुं [दे] ग्रीवा, नोक, गला (दे २, ४५)।

कोल पुं [क्रोड] १ सूअर, वराह (पण्ह १, १—पत्र ७, स १११)। २ उत्सङ्ग, गोद, 'कोलीकय—' (गउड)।

कोल पुं [कोल] १ देश-विशेष (पउम ९८, ६६)। २ घुण, काष्ठ कीट (सम ३९)। ३ शूकर, वराह, सूअर (उप ३२० टी, णाया १, १, कुमा, पाअ)। ४ मूषिक के आकार का एक जन्तु (पण्ह १, १—पत्र ७)। ५ अस्त्र विशेष (धम्म ५)। ६ मनुष्य की एक नीच जाति (आनू ४)। ७ बदरी वृक्ष, बेर का गाछ। ८ न. बदरी-फल, बेर (दस ५, १, भग ६, १०)। °पाग न [°पाक] नगर-

विशेष, जहाँ श्रीऋषभदेव भगवान् का मंदिर है, यह नगर दक्षिण में है (ती ४५)। °पाल पु [°पाल] देव विशेष, धरणेन्द्र का लोकपाल (ठा ३, १—पत्र १०७)। °सुणय, °सुणह पुस्त्री [°शुनक] १ बड़ा शूकर, सूअर की एक जाति, जंगली वराह (आचा २, १, ५)। २ शिकारी कुत्ता (पण्ण ११)। स्त्री. °णिया (पण्ण ११)। °वास पु न [°वास] काष्ठ, लकड़ी (सम ३९)।

कोल वि [कौल] १ शक्ति का उपासक, तान्त्रिक मत का अनुयायी। २ तान्त्रिक मत से संबंध रखनेवाला 'कोलो धम्मो कस्स णी भाइ रम्मो' (कप्पू)। ३ न बदर फल-संबंधी (भग ६, १०)। °चुण्ण न [°चूर्ण] बेर का चूर्ण, बेर का सत्तू (दस ५, १)। °ट्ठिय न [°स्थिक] बेर की गुठिया या गुठली (भग ६, १०)।

कोलंब पु [दे] पिठर, स्थाली (दे २, ४७ पाअ)। २ गृह, घर (दे २ ४७)।

कोलंब पु [कोलम्ब] वृक्ष की शाखा का नामा हुआ अग्र भाग (अनु ५)।

कोलगिणी स्त्री [कोली, कोलगी] कोल-जातीय स्त्री (आचू ४)।

कोलघरिय वि [कौलगृहिक] कुलगृह-संबंधी, पितृगृह-संबंधी, पितृगृह से संबंध रखनेवाला (उवा)।

कोलज्जा स्त्री [दे] धान्य रखने का एक तरह का गर्त (आचा २, १, ७)।

कोलर देखो कोटर (गा ५६३ अ)।

कोलव न [कौलव] ज्योतिष शास्त्र में प्रसिद्ध एक करण (विसे ३३४८)।

कोलाल वि [कौलाल] १ कुम्भकार संबंधी। २ न मिट्टी का पात्र (उवा)।

कोलालिय पु [कौलालिक] मिट्टी का पात्र बेचनेवाला (बृह २)।

कोलाह पु [कोलाभ] सर्प की एक जाति (पण्ण १)।

कोलाहल पु [दे] पक्षी की आवाज, पक्षी का शब्द (दे २, ५०)।

कोलाहल पु [कोलाहल] तुमुल, शब्दाडम्बर, रौला, हल्ला, बहुत दूर जानेवाला अनेक प्रकार का अस्फुट शब्द (दे २, ५०; हेका १०५, उत्त ९)।

कोलाहलिय वि [कोलाहलिक] कोलाहल-वाला, शोरगुलवाला (पउम ११७, १६)।

कोलिअ पु [दे] एक अधम मनुष्य जाति (सुख २, १५)।

कोलिअ पु [दे] कोली, तन्तुवाय, जुलाहा, कपड़ा बुननेवाला (दे २, ६५, णंदि, पव २, उप पृ २१०)। २ जाल का कीड़ा, मकड़ा (दे २,२५, पाअ, आ २०, आव ४, बृह १)।

कोलित्त न [दे] उल्मुक, लूका (दे २, ४९)।

कोलिन्न न [कौलीन्य] कुलीनता, खानदानी (धर्मवि १४६)।

कोलीकय वि [क्रोडीकृत] स्वीकृत, अंगीकृत (गउड)।

कोलीण न [कौलीन] १ किंवदंती, लोक-वार्ता, जन-श्रुति (मा ३७)। २ वि वंश-परंपरागत, कुलक्रम से आगत। ३ उत्तम कुल में उत्पन्न। ४ तान्त्रिक मत का अनुयायी (नाट—महावी १३३)।

कोलीर न [दे] लाल रंग का एक पदार्थ, कुरविन्द 'कोलीररत्तणयणेहिं' (दे २, ४६)।

कोलुण्ण न [कारुण्य] दया, अनुकम्पा, करुणा (निचू ११)। °पडिया, °पडिया स्त्री [°प्रतिज्ञा] अनुकम्पा की प्रतिज्ञा (निचू ११)।

कोलेज्ज पु [दे] नीचे गोल और ऊपर खाई के आकार का धान्य आदि भरने का कोठा (आचा २, १, ७, १)।

कोलेय पु [कौलेयक] श्वान, कुत्ता (सम्मत्त १९०, धर्मवि ५२)।

कोल्ल पु न [दे] कोयला, जली हुई लकड़ी का टुकड़ा (निचू १)।

कोल्लइर न [कोल्लकिर] नगर विशेष (सिरि ४२७)।

कोल्लपाग न [कोल्लपाक] दक्षिण देश का एक नगर, जहाँ श्री ऋषभदेव का मन्दिर है (ती ४५)।

कोल्लर पु [दे] पिठर, स्थाली, थाली, परिया (दे २, ४७)।

कोल्ला देखो कुल्ला (कुमा)।

कोल्लाग देखो कुल्लाग (पंच)।

कोल्लापुर न [कोल्लापुर] दक्षिण देश का एक नगर, महालक्ष्मी का स्थान (ती ३४)।

कोल्लासुर पु [कोल्लासुर] इस नाम का एक दैत्य (ती ३४)।

कोल्लुग [दे] देखो कोल्लुअ (वव १ बृह १)।

कोल्लाहल न [दे] फल विशेष, बिम्बी-फल (दे २, ३९)।

कोल्लुअ पु [दे] १ शृगाल, सियार (दे २, ६५, पाअ पउम ७, १७, १०५, ४२)। २ कोल्हू चरखी, ऊख से रस निकालने का कल (दे २, ६५, महा)।

कोव सक [कोपय्] १ दूषित करना। २ कुपित करना। कोवेइ (सूमनि १२५), कोवइज्ज (कुप्र ९४)।

कोव पु [कोप] क्रोध, गुस्सा (विपा १, ९; प्रासू १७५)।

कोवण वि [कोपन] क्रोधी, क्रोध-युक्त (पाअ; सुपा ३८५, सम ३४७, स्वप्न ८२)।

कोवाय पु [कोपक] अनार्य देश-विशेष (पव २७४)।

कोवासिअ देखो कोआसिय (पाअ)।

कोवि वि [कोपिन्] क्रोधी, क्रोध-युक्त (सुपा २८१, आ २०)।

कोविअ वि [कोविद] निपुण, विद्वान् अभिज्ञ (आचा सुपा १३०, ३९२)।

कोविअ वि [कोपित] १ क्रुद्ध किया हुआ। २ दूषित, दोष-युक्त किया हुआ, 'वइरा सिर दाहा वायणंति नवि कोविय वयणं' (उत्त)।

कोविआ स्त्री [दे] शृगाली, सियारिन (दे २, ४९)।

कोविआर पु [कोविदार] वृक्ष विशेष (सिरि ३३)।

कोविणा स्त्री [कोपिनी] कोप-युक्त स्त्री (आ १२)।

कोसण (मा) वि [कदुष्ण] थोड़ा गरम (प्राकृ १०२)।

कोस पु [दे] १ कुसुम्भ रंग से रंगा हुआ रक्त वस्त्र। २ मुष्टि अवधि, मात्र (दे २, ६५)।

कोस पुं [क्रोश] कोस, मार्ग की लम्बाई का परिमाण दो मील (राज्य की १२)।

कोस पु [कोश, प] १ खजाना, भण्डार (णाया १, १३१ पउम ५ २४)। २ तलवार की म्यान (सूअ १, ६)। ३ कुड्मल, 'कमलकोस०व' (कुमा)। ४ मुकुल, कली (गउड)। ५ गोल, वृत्ताकार 'ता मुह-मेलियकरकोसपिहियपसरतदतकरपसर' (सुपा २७ गउड)। ६ दिव्य-भेद तप्त लोहे का स्पर्श वगैरह शपथ 'एत्थ अम्हे कोसविसएहिं पच्चाएमो' (स ३२४)। ७ अभिधान शास्त्र शब्दार्थ निरूपक ग्रन्थ जैसा प्रस्तुत पुस्तक। ८ पुन पानपात्र, चषक (पाअ)। ८ न नगर विशेष 'कोसं नाम नयरं' (स १३३)। °पाण न [°पान] सौगंध, शपथ (गा ४४८)। °हिव पु [°धिप] खजानची भंडारी (सुपा ७३)। कोसब पु [कोशाम्र] फल-वृक्ष विशेष (पण्ण १—पत्र ३१)। °गडिया स्त्री [°गण्डिका] खड्ग विशेष एक प्रकार की तलवार (राज)।

कोसंबिया स्त्री [कौशाम्बिका] जैनमुनि गण की एक शाखा (कप्प)।

कोसंबी स्त्री [कौशाम्बी] वत्स देश की मुख्य-नगरी (ठा १०, विपा १,५)।

कोसग पु [कोशक] साधुओं का एक चर्म मय उपकरण चमड़े की एक प्रकार की थैली (धर्म ३)।

कोसट्टइरिआ स्त्री [दे] चण्डी, पार्वती, गौरी, शिव-पत्नी (दे २, ३५)।

कोसय न [दे कोशक] लघु शराव, छोटा पान पात्र (दे २, ४७ पाअ)।

कोसल न [कौशल] कुशलता निपुणता, चातुरी (कुमा)।

कोसल न [दे] नीवी नारा इजारबन्द (दे २ ३८)।

कोसल } पुं [कोसल °क] १ देश विशेष
कोसलग } (कुमा महा)। २ एक जैन महर्षि, सुकोसल मुनि (पउम २२, ४४)। ३ कोसल देश का राजा। ४ वि कोशल देश में उत्पन्न (ठा ५ २)। ५ °पुर न [°पुर] अयोध्या नगरी (आव १)।

कोसला स्त्री [कोसला] १ नगरी विशेष, अयोध्या नगरी (पउम २०, २८)। २ अयोध्या प्रान्त, कोसल देश (भग ७, ६)।

कोसलिअ वि [कौशलिक] १ कोसल देश में उत्पन्न, कोसल देश सम्बन्धी (भग २०, ८)। २ अयोध्या में उत्पन्न, अयोध्या सबन्धी (ज २)।

कोसलिअ न [दे कौशलिक] प्राभृत, भेंट, उपहार (दे २, १२, सण सुपा—प्रस्तावना ५)।

कोसलिआ स्त्री [दे कौशलिका] ऊपर देखो (दे २, १२ सुपा—प्रस्तावना ५)।

कोसल्ल न [कौशल्य] निपुणता, चतुराई (कुमा सुपा १६, सुर १०, ८०)।

कोसल्ल न [दे] प्राभृत, भेंट, उपहार 'त पुरजणकोसल्ल नरवइणा अप्पिय कुमारस्स' (महा)।

कोसल्लया स्त्री [कौशल्य] निपुणता, चतुराई तह मज्झनीइकोसल्लया य खीणच्चिय इयाणिं' (सुपा ६०३)।

कोसल्ला स्त्री [कौशल्या] दाशरथि राम की माता (उत्त पृ ३७४)।

कोसल्लिअ न [दे कौशलिक] भेंट, उपहार (दे २, १२, महा सुपा ४१३, ५२७ सण)।

कोसा स्त्री [कोशा] इस नाम की एक प्रसिद्ध वेश्या, जिसके यहा जैन महर्षि श्रीस्थूलभद्र मुनि ने निर्विकार भाव से चातुमास (चौमासा) किया था (विवे ३३)।

कोसिण वि [कोष्ण] थोडा गरम (नाट—वेणी)।

कोसिय न [कौशिक] १ मनुष्य का गोत्र विशेष (अभि ४१, ठा ३६०)। २ बीसवें नक्षत्र का गोत्र (चंद १०)। ३ पु उलूक, घूक, उल्लू (पाअ सार्ध ५६)। ४ सांप विशेष चण्डकोशिक-नामक दृष्टि विष सर्प, जिसको भगवान् श्रीमहावीर ने प्रबोधित किया था (आवम)। ५ वृक्ष विशेष। ६ इन्द्र। ७ नकुल। ८ कोशाध्यक्ष खजानची ९ प्रीति, अनुराग। १० इस नाम का एक राजा। ११ इस नाम का एक असुर। १२ सर्प को पकड़नेवाला, सपेरा, गारुडिक। १३ अग्निसार, मज्जा। १४ शृंगारग्रंथ (दे १, १५६)। १५ इस नाम का एक तापस (भवि)। १६ पुत्री कौशिक गोत्र में उत्पन्न, कौशिक गोत्रीय (ठा ७—पत्र ३९०)। १७ स्त्री कोसिई (मा १६)।

कोसिया स्त्री [कौशिका] १ भारतवर्ष की एक नदी (कस)। २ इस नाम की एक विद्याधर राज-कन्या (पउम ७, ५४)। ३ चमड़े का जूता, कोसियमालाभूसियसिरोहरो विगय-वसणो य' (स २२३)। देखो कोसी।

कोसियार पु [कौशिकार] १ कीट विशेष, रेशम का कीड़ा (पण्ह १, ३)। २ न रेशमी वस्त्र (ठा ५, ३)।

कोसी स्त्री [कोशी] १ शिम्बी, छीमी, फली (पाअ)। २ तलवार की म्यान (सूअ २, १, १६)।

कोसी स्त्री [कोशी] देखो कोसिया (ठा ५, ३—पत्र ३५१)। २ गोलाकार एक वस्तु, 'कंचणकोसीपविट्ठदंताणं' (औप)।

कोसुंभ वि [कौसुम्भ] कुसुंभ-सम्बन्धी (रंग) (सिरि १०५७)।

कोसुम वि [कौसुम] फूल सम्बन्धी फूल का बना हुआ, 'कोसुमा बाणा' (गउड)।

कोसुम्ह देखो कुसुंभ (सक्ति ४)।

कोसेअ } न [कौशेय] १ रेशमी वस्त्र,
कोसेज्ज } रेशमी कपड़ा (दे २, ३३, सम १५३, पण्ह १, ४)। २ तसर का बना हुआ वस्त्र (जीव ३)।

कोह पु [°क्रोध] गुस्सा, कोप (ओघ २ भा ठा ४, १)। °मुंड वि [°मुण्ड] क्रोध रहित (ठा ५, ३)।

कोह पु [कोथ] सड़ना, शीर्णता (भग ३, ६)।

कोह पु [दे कोथ] कोथली थैला (विसे २६८८)।

कोह वि [क्रोधवत्] क्रोध युक्त, कोप-सहित 'कोहाए माणाए मायाए लोभाए ... आसाय णाए' (पडि)।

कोहंगक पु [क्रोधङ्गक] पक्षि विशेष (औप)।

कोहज्झाण न [क्रोधध्यान] क्रोध-युक्त चिन्तन (आउ ११)।

कोहंड न [कूष्माण्ड] १ कुष्माण्डी-फल, कोहडा (पि ७६, ८९, १२७)। २ न

देव-विमान-विशेष (ती ५६)। ३ पुं. व्यन्तर-श्रेणीय देव-जाति-विशेष (पव १६४)।

कोहंडी स्त्री [कूष्माण्डी] कोहँड़े का गाछ (हे १, १२४; दे २, ५० टी)।

कोहण वि [क्रोधन] १ क्रोधी, गुस्साखोर (सम ३७; पउम ३५, ७)। २ पुं. इस नाम का रावण का एक सुभट (पउम ५६, ३२)।

कोहल देखो कुऊहल (हे १, १७१)।

कोहलिअ वि [कुतूहलिन्] कुतूहली, कुतूहल-प्रेमी। स्त्री. °आ (गा ७६८)।

कोहलिआ स्त्री [कूष्माण्डिका] कोहँड़ा का गाछ,

'जह तंबेसि परवइं नियवइं
भरसहंपि मोत्तूणं।
तह मएणे कोहलिए, अज्जं
कल्लंपि फुट्टिहिसि' (गा ७६८)।

कोहली देखो कोहंडी (हे २, ७३, दे २, ५० टी)।

कोहल्ल देखो कोहल (पड्)।

कोहल्ली स्त्री [दे] तापिका, तवा, पचन-पात्र-विशेष (दे २, ४६)।

कोहल्ली देखो कोहंडी (पड्)।

कोहि, कोहिल्ल } वि [क्रोधिन्] क्रोधी, क्रोधी-स्वभाव का गुस्साखोर (कम्म ४, १४०; बृह २)।

कौरव, कौलव } देखो कउरव (हे १, १, चंड)।

°किसिय देखो किसिय = कृपित (उप ७२८ टी)।

°क्कूर देखो कूर = कूर। (वा २६)।

°क्केर देखो °केर (हे २, ९९)।

°क्खंड देखो खंड (गउड)।

°क्खंभ देखो खंभ (से ३, ५९)।

°क्खम देखो खम (प्रासू २७)।

°क्खलण देखो खलण (गउड)।

°क्खिंसा देखो खिंसा (सुपा ५१०)।

°क्खु देखो खु (कप्पू, अभि ३७; चारु १४)।

°क्खुत्त देखो खुत्त (गउड)।

°क्खेड्ड देखो खेड्ड (सुपा ५५२)।

°क्खेव देखो खेव, 'खारक्खेवं व खए' (उप ७२८ टी)।

°क्खोडी देखो खोडी (पण्ह १, ३)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवे कयाराइसद्दसंकलणो
दसमो तरंगो समत्तो ॥

ख

ख पुं [ख] १ व्यंजन-वर्ण विशेष, इसका स्थान कण्ठ है (प्राप्र, प्राप)। २ न. आकाश, गगन, 'गज्जते खे मेहा' (हे १, १८७, कुमा; दे ६, १२१)। ३ इन्द्रिय (विसे ३४४३)। °ग पुं [°ग] १ पक्षी, खग (पाप्र, दे २, ५०)। २ मनुष्य की एक जाति, जो विद्या के बल से आकाश में गमन करती है, विद्याधर-लोक (आरा ५९)। देखो खय = खग। °गइ स्त्री [°गति] १ आकाश-गति। २ कर्म-विशेष, जो आकाश-गति का कारण है (कम्म २, ३, सम ११)। °गामिणी स्त्री [°गामिनी] विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से आकाश में गमन किया जा सकता है (पउम ७, १४५)। °पुप्फ न [°पुष्प] आकाश-कुसुम, असंभावित वस्तु (कुमा)।

खअ, खइर } सक [खन्] संपत्ति युक्त करना। समद, खउरइ (प्राकृ ७३)।

खइ वि [क्षयिन्] १ क्षयवाला, नाशवाला। २ क्षय रोगवाला, क्षय-रोगी (सुपा २३३, ५७६)।

खइअ वि [क्षपित] नाशित, उन्मूलित (औप, भवि)।

खइअ वि [खचित] १ व्याप्त, जटित। २ मण्डित, विभूषित (हे १, १९३; औप, स ११४)।

खइअ वि [खादित] १ खाया हुआ, भुक्त, ग्रस्त (पाप्र, स २५०; उप पृ ४९)। २ आक्रान्त, 'तह य होंति उ कसाया। खइओ जेहिं मणुस्सो कज्जाकज्जाइं न मुणेइ' (स ११४)। ३ न. भोजन, भक्षण; 'खइएण व पीएण व न य एसो खाइओ हवइ अप्पा' (पञ्च ६२, ठा ४, ४—पत्र २७६)।

खइअ वि [क्षयित] क्षय-प्राप्त, क्षीण, 'तिमिकायखइयदेहो' (सुर १६, १९१)।

खइअ पुं [दे] हेवाक, स्वभाव (ठा ४, ४—पत्र २७६)।

खइअ, खइग } पुं [क्षायिक] १ क्षय, विनाश, उन्मूलन; 'से किं तं खइए? खइए अट्ठण्हं कम्मपयडीणं खइएणं' (अणु)। २ वि. क्षय से उत्पन्न, क्षय-संबन्धी, क्षय से संबन्ध रखनेवाला। ३ कर्म-नाश से उत्पन्न, 'कम्मक्खयमहावो खइओ' (विसे ३४९५, कम्म १, १५, ३, १९, ४, २२, सम्य २३, औप)।

खइत्त न [क्षेत्र] खेतों का समूह, अनेक खेत (पि ६१)।

खइया स्त्री [खदिका] खाद्य-विशेष, सेका हुआ ओहि—धान, लावा, 'दहियखायमखइया-निओए' (भवि)।

खइर पुं [खदिर] वृक्ष विशेष, खैर का गाछ (आचा, कुमा)।

खइर वि [खादिर] खदिर-वृक्ष-संबन्धी (हे १, ६७; सुपा १५१)।

खइव [दे] देखो खइअ (ठा ४, ४—पत्र १७६ टी)।

खउड पुं [खपुट] स्वनाम-प्रसिद्ध एक जैनाचार्य (आवम, आचू)।

खउर अक [क्षुभ्] १ क्षुब्ध होना, डर से विह्वल होना। २ सक. कलुषित करना। खउरइ (हे ४, १५५, कुमा), 'खउरेंति धिइग्गहणं' (से ५, ३)।

खउर वि [दे] कलुषित, 'दरदड्ढविवरणविद्दुमरअक्खउरा' (से ५, ४७, स ५७८)।

खउर न [क्षौर] क्षौर कर्म, हजामत (हेका १८६)।

खउर पुन [खपुर] खैर वगैरह का चिकना रस, गोंद (बृह ३, निचू १६)। °कठिणय न [°कठिनक] तापसों का एक प्रकार का पात्र (विसे १४६५)।

खउरिअ वि [क्षुब्ध] कलुषित (पाअ, बृह ३)।

खउरिअ वि [क्षौरित] मुण्डित, लुञ्चित, केशरहित किया हुआ (से १०, ४३)।

खउरिअ वि [खपुरित] खरण्टित, चिपकाया हुआ (निचू ५)।

गिज्झ वि [गृह्य, ग्राह्य] १ ग्रहण क योग्य। २ अपनी तरफ में किया जा ऐसा (ठा ३, २)।

गिट्ठि देखो गिंठि, 'वारेतम्मि वत्ता गिट्ठिव्व अवगम्मि' (उप ७२८ टी. पा गा ६४०)।

गिड्डिया स्त्री [दे] गेंदे, गेंद खेलने की स

गिण देखो गण = गणय्। गिणंति (सट्ठि ६७)।

गिण्ह देखो गह = ग्रह्। गिण्हइ (कप्प)। वकृ. गिण्हत, गिण्हमाण (सुपा ६१६, णाया १, १)। संकृ. गिण्हिउं, गिण्हिऊण, गिण्हित्ता (पि ५७४, ५८५, ५८२)। हेकृ. गिण्हित्तए (कप्प)। कृ. गिण्हियव्व, गिण्हेयव्व (अणु, सुपा ५१३)।

गिण्हण देखो गहण = ग्रहण (सिरि ३४७; पिंड ४५६, तंदु ५०)।

गिण्हणा स्त्री [ग्रहण] उपादान, आदान (उत्त १६, २७)।

गिण्हाविअ वि [ग्राहित] ग्रहण कराया हुआ (धर्मवि ११६)।

गिद्ध पुं [गृध्र] पक्षि-विशेष, गीध (पाअ, णाया १; १६)।

गिद्ध वि [गृद्ध] आसक्त, लम्पट, लोलुप (पण्ह १, २, आचू ३)।

गिद्धपिट्ठ न [गृद्ध स्पृष्ट, गृध्रपृष्ठ] मरण-विशेष, आत्महत्या के अभिप्राय से गीध आदि को अपना शरीर खिला देना (पव १५७)।

गिद्धि स्त्री [गृद्धि] एक देव-विमान (देवेन्द्र १३४)।

गिद्धि स्त्री [गृद्धि] आसक्ति, लम्पटता, गार्ध्य (सूअ १, ६)।

गिन्हणा देखो गिण्हणा (उत्त १६, २७)।

गिम्ह पु. [ग्रीष्म] ऋतु विशेष, गरमी का मौसिम (हे २, ७४, प्राप्र)।

गिम्हा स्त्री. देखो गिम्ह, 'गिम्हासु' (सुख २, ३७)।

गिर सक [गृ] १ बोलना, उच्चारण करना। २ गिलना, निगलना। गिरइ (षड्)।

गिरा स्त्री [गिर्] वाणी, भाषा, वाक् (हे १, १६)।

गिरि पुं [गिरि] १ पहाड, पर्वत (गउड, १, २३)। °अडी स्त्री [°तटी] पर्वतीय नदी (गउड)। °कण्णई, °कण्णी स्त्री [°कर्णी] वल्ली-विशेष, लता विशेष (पण्ण १—पत्र ३३, श्रा २०)। °कूड न [°कूट] १ पर्वत का शिखर। २ पु. रामचन्द्र का महल (पउम ८०, ४)। °जण्ण पुं [°यज्ञ] कोंकण देश में वर्षाकाल में किया जाता एक प्रकार का उत्सव (बृह १)। °णई स्त्री [°नदी] पर्वतीय नदी (पि ३८५)। °णाल पुं [°नार] प्रसिद्ध पर्वत विशेष, जो काठियावाड में आजकल भी 'गिरनार' के नाम से विख्यात है (श्री ३)। °दारिणी स्त्री [°दारिणी] विद्या-विशेष (पउम ७, १३९)। °नई देखो °णई (सुपा ६३५)। °पक्खंदण न [°प्रस्कन्दन] पहाड पर से गिरना (निचू ११)। °यडय न [°कटक] पर्वत का मध्य भाग (गउड)। °पब्भार पु [°प्राग्भार] पर्वत-नितम्ब (सया)। °राय पुं [°राज] मेरु पर्वत (इक)। °वर पुं [°वर] प्रधान पर्वत, उत्तम पहाड (सुपा १७६)। °वरिंद पुं [°वरेन्द्र] मेरु पर्वत (श्रा २७)। सुआ स्त्री [°सुता] पार्वती, गौरी (पिंग)।

गिरि पुं [दे] बीज-कोश (दे ६, १४८)।

गिरिंद पु [गिरीन्द्र] १ श्रेष्ठ पर्वत। २ मेरु पर्वत। ३ हिमाचल (कप्पू)।

गिरिकन्नी देखो गिरि कण्णी (पव ४)।

गिरिडी स्त्री [दे] पशुओं के दांत को बांधने का उपकरण-विशेष, 'दंतगिरिडि पवघइ' (सुपा २३७)।

गिरिनयर न [गिरिनगर] गिरनार पर्वत के नीचे का नगर, जो आजकल 'जूनागढ' के नाम से प्रसिद्ध है (कुप्र १७६)।

गिरिफुल्लिय न [गिरिपुष्पित] नगर-विशेष (पिंड ४६१)।

गिरिस पु [गिरिश] महादेव, शिव (पाअ, दे, ६, १२१)। °वास पुं [°वास] कैलाश पर्वत (से ६, ७५)।

गिरीस पु [गिरीश] १ हिमालय पर्वत। २ महादेव, शिव (पिंग)।

गिल सक [गृ] गिलना, निगलना, भक्षण करना। संकृ. गिलिऊण (नाट)।

गिलण न [गरण] निगरण, भक्षण (हे ४, ४४५)।

गिला } अक [ग्लै] १ ग्लान होना, बीमार
गिलाअ } होना। २ खिन्न होना, थक जाना। ३ उदासीन होना। गिलाइ, गिलायइ, गिलाएमि (भग, कस, आचा)। वकृ. गिलायमाण (ठा ३, ३)।

गिला स्त्री [ग्लानि] १ बीमारी, रोग। २ खेद, थकावट (ठा ८)।

गिलाण देखो गिलाअ, 'गिलाणइ कज्जे' (स ७१७)।

गिलाण वि [ग्लान] १ बीमार, रोगी (सूअ १, ३, ३)। २ अशक्त, असमर्थ, थका हुआ (ठा ३, ४)। ३ उदासीन, हर्ष-रहित (णाया १, १३, हे २, १०६)।

गिलाणि स्त्री [ग्लानि] ग्लानि, खेद, थकावट (ठा ५, १)।

गिलायय वि [ग्लायक] ग्लानि-युक्त, ग्लान (औप)।

गिलासि पुस्त्री [ग्रासिन्] व्याधि विशेष, भस्मक रोग (आचा)। स्त्री °णी (आचा)।

गिलिअ वि [गिलित] निगला हुआ, भक्षित (सुपा ३, २०६, सुपा ६४०)।

गिलिअवंत वि [गिलितवत्] जिसने भक्षण किया हो वह (पि ५६६)।

गिलोइया } स्त्री [दे] गृह-गोधा, छिपकली
गिलोई } (सुपा ६४०, पुप्फ २६७)।

गिल्लि स्त्री [दे] १ हाथी की पीठ पर कसा जाता होदा, हौदा (णाया १, १—पत्र ४३ टी औप)। २ डोली, दो आदमी से उठाई जाती एक प्रकार की शिबिका (सूअ २, २, दमा ६)।

गिव्वाण पुं [गीर्वाण] देव, सुर, त्रिदश (उप ५३० टी)।

गिह न [गृह] घर, मकान (आचा, श्रा २३, स्वप्न ६४)। °त्थ पुस्त्री [स्थ] गृहस्थ, गृही, संसारी (कप्प, द्र ५)। स्त्री. °त्था (पउम ४६, ३३)। °नाह पु [°नाथ] घर का मालिक (श्रा २८)। °लिंगि पुंस्त्री [°लिङ्गिन्] गृहस्थ, गृही, संसारी (दस)। °वइ पुस्त्री [°पति] गृहस्थ, गृही, घर का मालिक (ठा ५, ३, सुपा २३४)। °वास पु [°वास] १ घर में निवास। २ द्वितीयाश्रम, संसारिपन, गिहवास पास चिय मन्नंतो वसइ दुक्खओ तम्मि' (धम्म, सूअ १, ६)। °वट्ट पुं [°वर्त्त] द्वितीय आश्रम, संसारिपन (सूअ १, ४, १)। °सम पुं [°श्रम] घर-वास, द्वितीयाश्रम (स १४८)।

गिहिकोइला स्त्री [गृहकोकिला] गृहगोधा, छिपकली (स ७५८)।

गिहमेहि पु [गृहमेधिन्] गृहस्थ (धर्मवि २६)।

गिहवइ पुं [गृहपति] देश का अधिपति, सूबेदार, 'तह गिहवईवि देस्स नायगो' (पव ८५)।

गिहि पुं [गृहिन्] गृही, संसारी, गृहस्थ (ओघ १७ भा, नव ४३)। °धम्म पुं [°धर्म] गृहस्थ धर्म, श्रावक-धर्म (राज)। °लिंग न [°लिङ्ग] गृहस्थ का वेश (बृह १)।

गिहिणी स्त्री [गृहिणी] गृहिणी, भार्या, स्त्री (सुपा ८३, श्रा १६)।

गिहीअ वि [गृहीत] आत्त, उपात्त, ग्रहण किया हुआ (स ४२८)।

गिहेलुग देखो गिहेलुय (आचा २, ५, १, ८)।

गिहेलुय पु [गृहैलुक] देहली, द्वार के नीचे की लकडी (निचू १३)।

गी स्त्री [गिर्] वाणी, भाषा, वाक्, 'थिरमुज्जल च छायावणं च गीविलसियं जस्स' (गउड)।

गीआ स्त्री [गीता] श्रीमद्भगवद्गीता, ज्ञानमय उपदेश, छन्द-विशेष (पिंग)।

गीइ स्त्री [गीति] १ छन्द-विशेष, आर्या-वृत्त का एक भेद। २ गान, गीत (ठा ७, उप १३० टी)।

गीइया स्त्री [गीतिका] ऊपर देखो (औप, णाया १, १)।

गीय वि [गीत] १ पद्य मय वाक्य, गेय, जो गाया जाय वह (पण्ह २, ५, अणु)। २ कथित, प्रतिपादित (णाया १, १)। ३ प्रसिद्ध, विख्यात (संथा)। ४ न. गान, ताल और बाजे के अनुसार गाना (जं २, उत्त १)। ५ संगीत-कला, गान-कला, संगीत-शास्त्र का परिज्ञान (णाया १,१)। ६ पु. गीतार्थ, उत्सर्ग और अपवाद वगैरह का जानकार जैन साधु, विद्वान् जैन मुनि (उप ७७३)। °जस पुं [°यशस्] इन्द्र-विशेष, गन्धर्व देवो का एक इन्द्र (ठा २, ३, इक)। °त्थ पुं [°र्थ] १ विद्वान् जैन मुनि (उप ८३३ टी, वव ४, सुपा १२७)। २ संगीत रहस्य (मै १४)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष (पउम ५५, ५३)। °रइ स्त्री [°रति] १ संगीत-क्रीडा (औप)। २ पु. गन्धर्व देवो का एक इन्द्र (इक, भग, ३, ८)। ३ गन्धर्व सेना का अधिपति देव-विशेष (ठा ७)। ४ वि. संगीत प्रिय, गान-प्रिय (विपा १, २)।

गीवा स्त्री [ग्रीवा] कण्ठ, गरदन (पाअ)।

गुंछ देखो गुच्छ (हे १, २६)।

गुंछा स्त्री [दे] १ बिन्दु। २ दाढी-मूंछ। ३ अधम, नीच (दे २, १०१)।

गुज अक [हस्] हँसना, हास्य करना। गु जइ (हे ४, १९६)।

गुंज अक [गुञ्ज्] १ गुन-गुन करना, भ्रमर आदि का आवाज करना। २ गर्जना, सिंह वगैरह का आवाज करना, 'गुंजंति सीहा' (महा)। वकृ. गुजत (णाया १, १—पत्र ५ रंभा)।

गुज पुं [गुञ्ज] १ गुञ्जारव करता वायु (पउम १३, ४३)। २ पर्वत-विशेष, 'गुंजवरपव्वयं ते' (पउम ८, ९०, ९४)।

गुंजा स्त्री [गुञ्जा] १ लता विशेष (सुर २, ६)। २ फल विशेष, घुंघची (णाया १, १, गा ३१०)। ३ भम्भा, वाद्य-विशेष (आचा)। ४ परिणाम-विशेष (ठा ४, १)। ५ गुञ्जारव, गुंजन, गुन गुन आवाज, "गुंजाचक्कुहरोवगूढ' (राय)। ६ वायु-विशेष, गुञ्जारव करनेवाला वायु (जीव १, जी ७) °फल, °हल न [°फल] फल विशेष, घुंघची (सुर २, ६, सुपा २६१)।

गुंजालिआ स्त्री [गुञ्जालिका] गंभीर तथा टेढी वापी—बावली या बावडी (आचा २, ३, ३, १)।

गुंजालिया स्त्री [गुञ्जालिका] वक्र-सारिणी, टेढी क्यारी (णाया १, १)। २ गोल पुष्करिणी (निचू १२)। ३ वक्र नदी (पण्ण ११)।

गुंजाविअ वि [हासित] हँसाया हुआ (कुमा ७, ४१)।

गुंजिअ न [गुञ्जित] गुन-गुन आवाज, भ्रमर वगैरह का शब्द (कुमा)।

गुंजिर वि [गुञ्जित्] गुन-गुन आवाज करनेवाला (उप १०३१ टी।

गुंजुल्ल देखो गुंजोल्ल ए जुल्लइ (हे ४, २०२)।

गुंजेल्लिअ वि [दे] पिण्डीकृत, इकट्ठा किया हुआ (दे २, ९२)।

गुंजोल्ल सक [वि+लुल्] बिखेरना। गुंजोल्लइ (प्राकृ ७३)।

गुंजोल्ल अक [उत्+लस्] उल्लास पाना, विकसित होना। गुंजाल्लइ (हे ४, २०२)।

गुंजोल्लिअ वि [उल्लसित] विकसित, विकसित (कुमा)।

गुंठ सक [उद्+धूलय्, गुण्ठ्] धूल वाला करना, धूली के रंग का करना, धूसरित करना। गुंठइ (हे ४, २९)। वकृ. गुंठंत (कुमा)।

गुंठ पुं [दे] अधम अश्व, दुष्ट घोडा (दे २, ९१, स ४५४)। २ वि मायावी, कपटी (वव ३)।

गुंठा स्त्री [दे] माया, दम्भ, छल (वव ३)।

गुंठिअ वि [गुण्ठित] १ धूसरित। २ व्याप्त ३ आच्छादित (दे १, ८५)।

गुंठी स्त्री [दे] नीरंगी, स्त्री का वस्त्र-विशेष (दे २, ९०)।

गुड न [दे] मुस्ता से उत्पन्न होनेवाला तृण-विशेष (दे २, ९१)।

गुंडण न [गुण्डन] धूलि का लेप, धूल का शरीर में लगाना, 'रयरेणुगुंडणाणि य नो सम्मं सहसि' (णाया १, १—पत्र ७१)।

गुंडिअ वि [गुण्डित] १ धूलि-लिप्त, धूलि-युक्त (पाअ)। २ लिप्त, पता हुआ, 'चुएण गु डिअगात' (विपा १, २—पत्र २४)। ३ घिरा हुआ, सउणी जह पमुगु डिया' (सूअ १, २, १)। ४ आच्छादित, प्रावृत (आवा)। ५ प्रेरित (पण्ह १, ३)।

गुथण न [ग्रन्थन] गूंथना, गठना (रयण १८)।

गुद पुं [गुन्द्र] वृक्ष-विशेष (पाअ)।

गुदल न [दे. गुन्दल] १ आनन्द-ध्वनि, खुशी की आवाज, हर्ष की तुमुलध्वनि, 'मत्तवरकामिणीसपक्खगुंदलं' (सुर ३, ११५)। 'करिणीहि कलहेहि य सएमेरं हरिसगु दल काउं' (सुपा १३७)। २ हर्ष-भर, आनन्द-संदोह, खुशी की वृद्धि, 'अमंदआणंदगु दलपुरुव्व', 'आणंदगु दलेणं लवइ लोलावईहि परिकलिओ' (सुपा २२, १३६)। वि. आनन्द-

मग्न, खुशी में लीन, 'तं वह दट्ठुं आणंद-गुंदल' (सुपा १३४)।

गुंदवडय न [दे] एक प्रकार की मिठाई, गुजराती में जिसको 'गुंदवडा' कहते हैं (सुपा ४८५)।

गुंदा } स्त्री [दे] १ बिन्दु २ अधम, नीच
गुंपा } (दे २, १०१)।

गुंध सक [ग्रन्थ्] गठना। गुंधइ (प्राकृ ६३)।

गुंफ सक [गुम्फ्] गूँथना, गठना। गुंफइ (षड्) वकृ गुंफंत (कुमा)।

गुंफ पुं [गुम्फ] १ रचना, गूँथना, ग्रन्थन (उप १०३१ टी, दे १, १५०, ६, १४२)।

गुंफ पुं [दे] गुप्ति, कारागार, जेल (दे २, ९०)।

गुंफण न [दे] गोफन, पत्थर फेंकने का अस्त्र-विशेष, 'गुंफणफेरणमुंकारणेहिं' (सुर २, ८)।

गुंफी स्त्री [दे] शतपदी, क्षुद्र कीट विशेष, गोजर, कनखजूरा (दे २, ९१)।

गुग्गुल पुं [गुग्गुल] सुगन्धित द्रव्य-विशेष, गूगल या गुग्गुल (सुपा १५१)।

गुग्गुली स्त्री [गुग्गुल] गूगल का पेड (जी १०)।

गुग्गुलु देखो गुग्गुल (स ४३६)।

गुच्छ } पुं [गुच्छ] १ गुच्छा, गुच्छक,
गुच्छय } स्तबक (उत्त २, स्वप्न ७२)। २ वृक्षों की एक जाति (पण्ण १)। ३ पत्तों का समूह (ज १)।

गुच्छय देखो गोच्छय (ओघ ६६८)।

गुच्छिय वि [गुच्छित] गुच्छा वाला, गुच्छ-युक्त, 'निच्चं गुच्छिया' (राय)।

गुज्ज देखो गोज्ज (सुपा २८१)।

गुज्जर पु [गूर्जर] १ भारत का एक प्रान्त, गुजरात देश (पिंग)। २ वि. गुजरात का निवासी। स्त्री. °री (नाट)।

गुज्जरत्ता स्त्री [गूर्जरत्रा] गुजरात देश (सार्ध ६८)।

गुज्जलिअ वि [दे] सघटित (षड्)।

गुज्झ पु [गुह्य] एक देव-जाति (दस ७, ५३)।

गुज्झ } वि [गुह्य] १ गोपनीय, छिपाने
गुज्झअ } योग्य (णाया १,१, हे २,१२४)। २ न. गुप्त बात, रहस्य, 'सिमंतिणिहिययगयं गुज्झं पिव तक्खणा फुट्टं' (उप ७२८ टी)। ३ लिंग, पुरुष-चिह्न। ४ योनि, स्त्री-चिह्न (धर्म २)। ५ मैथुन, संभोग (पण्ह १, ४)। °हर वि [°धर] गुप्त बात को प्रकट नहीं करनेवाला (दे २ ४३)। °हर वि [°हर] रहस्य-भेदी, गुप्त बात को प्रसिद्ध करनेवाला (दे २, ९३)।

गुज्झअ } पुं [गुह्यक] देवों की एक जाति
गुज्झग } (ठा ५, ३)।

गुट्ठ न [दे] स्तम्ब, तृण-काण्ड, 'अज्जुण-गुट्ठ व तस्स जागूइ' (उवा)।

गुट्ठ देखो गोट्ठ (पाअ, भत्त १६२)।

गुट्ठी देखो गोट्ठी (सूत्त ५८)।

गुड सक [गुड्] १ हाथी को कवच वगैरह से सजाना। २ लड़ाई के लिए तय्यार करना, सजाना, 'गुडह गइदे पउणीकरेह रहचक्कपाइक्के' (सुपा २८८)। कवकृ 'गुडिअगुडिज्जंतभडं' (से १२, ८७)।

गुड सक [गुड्] नियन्त्रण करना। गुडेइ (संबोध ५४)।

गुड पुं [गुड] १ गुड, ईख का विकार, लाल शक्कर (हे १, २०२, प्राप्र १५१)। २ एक प्रकार का कवच (राज)। °सत्थ न [°सार्थ] नगर-विशेष (आक)।

गुडदालिअ वि [दे] पिण्डीकृत, इकट्ठा किया हुआ (दे २, ९२)।

गुडा स्त्री [गुडा] १ हाथी का कवच। २ अश्व का कवच (विपा १, २)।

गुडिअ वि [गुडित] कवचित, वर्मित, कृत-संनाह (से १२, ७३, ८७, विपा १, २)।

गुडिआ स्त्री [गुटिका] गोली (गा १७७)।

गुडीलद्धिआ स्त्री [दे] चुम्बन (दे २, ९१)।

गुडुर पुन [दे] खीमा या खेमा, तंबू, डेरा, वस्त्र-गृह (सिरि ४८२; ९४४)।

गुण सक [गुणय्] १ गिनना। २ आवृत्ति करना, याद करना। गुणइ (सूक्त ५१, हे ४, ४२२) गुणेइ (उव)। वकृ. गुणमाण (उप पृ ३९९)।

गुण पुं [गुण] उच्चारण (सूअनि २०)। २ रसना, मेखला (आचा २, २, १, ७)।

गुण पुंन [गुण] १ गुण, पर्याय, स्वभाव, धर्म (ठा ५, ३)। २ ज्ञान, सुख वगैरह एक ही साथ रहनेवाला धर्म (सम्म १०७,१०९)। ३ ज्ञान, विनय, दान, शौर्य, सदाचार वगैरह दोष-प्रतिपक्षी पदार्थ (कुमा, उत्त १९, अणु, ठा ४, ३; से १, ४)। ४ लाभ, फायदा, 'विहवेहिं गुणाइं मग्गति' (हे १, ३४, सुपा १०३)। ५ प्रशस्तता, प्रशंसा (णाया १, १)। ६ रज्जु, डोरा, धागा (से १, ४)। ७ व्याकरण प्रसिद्ध ए, ओ और अर् रूप स्वर-विकार (सुपा १०३)। ८ जैन गृहस्थ को पालने का व्रत विशेष, गुण-व्रत (पंचव ३)। ९ रूप, रस, गन्ध वगैरह द्रव्याश्रित धर्म, 'गुण-पज्जवत्तणओ गुणोवि जामो घडाव्व पज्जवो' (ठा १, १; उत्त २८)। १० प्रत्यञ्चा, धनुष का रोदा (कुमा)। ११ कार्य, प्रयोजन (भग २, १०)। १२ अप्रधान, अमुख्य, गौण (हे १, ३४)। १३ अंश, विभाग (अणु)। १४ उपकार, हित (पंचा ५)। °कर वि [°कर] १ लाभ-कारक। २ उपकार-कारक (पंचा ५)। °कार पु [°कार] गुणा करना, अभ्यास राशि (सम ९०)। °चंद पुं [°चन्द्र] १ एक राजकुमार (आवम)। २ एक जैन मुनि और ग्रन्थकार। ३ श्रेष्ठि-विशेष (राज)। °ट्ठाण न [°स्थान] गुणों का स्वरूप-विशेष, मिथ्यादृष्टि वगैरह चउदह गुण स्थानक (कम्म ४, पव ९०)। °ट्ठिअ पुं [°र्थिक] गुण को प्रधान माननेवाला मत, नय-विशेष (सम्म १०७)। °ड्ढ वि [°ढ्य] गुणी, गुणवान् (सुर ३, २०; १३०)। °ण्ण, °ण्णु, °न्न, °न्नु वि [°ज्ञ] गुण का जानकार (गउड, उवर ८९, उप ५३० टी, सुपा १२२)। °पुरिस पुं [°पुरुष] गुणी पुरुष (सूअ १, ४) °मंत वि [°वत्] गुणी, गुण-युक्त (आचा २,१,९)। °रयणसंवच्छर न [°रत्नसंवत्सर] तपश्चर्या-विशेष (भग)। °व, °वंत वि [°वत्] गुणी, गुण-युक्त (श्रा ३९, उप ८७५)। °व्वय न [व्रत] जैन गृहस्थ को पालने योग्य व्रत-विशेष (पडि)। °सिलय न [°शिलक] राजगृह नगर का एक चैत्य (णाया १, १)। °सेढि स्त्री [°श्रेणि] कर्म-पुद्गलों की रचना-

विशेष (पंच)। °सेण पुं [°सेन] इस नाम का एक प्रसिद्ध राजा (स ६)। °हर वि [°धर] १ गुणों को धारण करनेवाला, गुणी। २ तन्तु धारक। स्त्री. °रा (सुपा ३२७)। °यर पुं [°कर] गुणों की खान, अनेक गुण-वाला, गुणी (पउम १५, ६८, प्रामू १३४)।

गुण देखो एगूण; 'गुणसट्ठि अममत्ते सुराउबंधं तु जइ इहागच्छे' (कम्म २, ८; ४, ५४; ५६, श्रा ४४)।

°गुण वि [°गुण] गुना, आवृत्त, 'वीसगुणो तीसगुणो' (कुमा, प्रामू २६)।

गुणण न [गुणन] १ गुणकार (पव २३६)। २ ग्रन्थ-परावर्तन, आवृत्ति, 'गुणणु (? गुण-णणु) प्पेहामु अ असत्तो' (पिंड ६६४)।

गुणणा स्त्री [गुणना] ऊपर देखो (सम्यक्त्वो १५)।

गुणयालीस स्त्रीन [एकोनचत्वारिंशत्] उनचालीस, ३९ (राय ५९)।

गुणवुड्ढि स्त्री [गुणवृद्धि] लगातार आठ दिनों का उपवास (संबोध ५८)।

गुणसेण पुं [गुणसेन] एक जैन आचार्य जो सुप्रसिद्ध हेमाचार्य के प्रगुरु थे (कुप्र १९)।

गुणा स्त्री [दे] मिष्टान्न-विशेष (भवि)।

गुणाविय वि [गुणित] पढ़ाया हुआ, पाठित, 'तत्थ सो अज्जएण सयलाओ धणुव्वेयाइयाओ महत्थविज्जाओ गुणाविओ' (महा)।

गुणि वि [गुणिन्] गुण-युक्त, गुणवाला (उप ५९७ टी, गउड; प्रामू २९)।

गुणिअ वि [गुणित] १ गुना हुआ, जिसका गुणा किया गया हो वह (श्रा ९)। २ चिंतित, याद किया हुआ (से ११, ३१)। ३ पठित अधीत (ओघ ६२)। ४ जिस पाठ की आवृत्ति की गई हो वह, परावर्तित (वव ३)।

गुणिल्ल वि [गुणवत्] गुणी, गुण-युक्त (ति ५९५)।

गुण्ण देखो गोण्ण (अणु १४०)।

गुण्ह (अप) देखो गिण्ह। गुण्हइ (प्राकृ ११९)।

गुत्त न [गोत्र] साधुत्व, साधुपन (सूअ २, ७, १०)।

गुत्त वि [गुप्त] गुप्त, प्रच्छन्न, छिपा हुआ (णाया १,४; सुर ७,२३४)। २ रक्षित (उत्त १५)। ३ स्व-पर की रक्षा करनेवाला, गुप्ति-युक्त, मन वगैरह की निर्दोष प्रवृत्तिवाला (उप ६०४)। ४ एक स्वनाम प्रसिद्ध जैनाचार्य (आव)।

गुत्त देखो गोत्त (पाअ, भग, आवम)।

गुत्तण्हाण न [दे] पितृ-तर्पण (दे २, ९३)।

गुत्ति स्त्री [गुप्ति] १ कैदखाना, जेल (सुर १, ७३, सुपा ९३)। २ कठघरा (सुपा ९३)। ३ मन, वचन और काया की अशुभ प्रवृत्ति को रोकना। ४ मन वगैरह की निर्दोष प्रवृत्ति ठा २, १, सम ८)। °गुत्त वि [°गुप्त] मन वगैरह की निर्दोष प्रवृत्तिवाला, संयत (पण्ह २, ४)। °पाल पुं [°पाल] जेल का रक्षक, कैदखाना का अध्यक्ष (सुपा ४६७)। °सेण पुं [°सेन] ऐरवत क्षेत्र में उत्पन्न एक जिनदेव (सम १५३)।

गुत्ति स्त्री [गुप्ति] गोपन, रक्षण (गु १२)।

गुत्ति स्त्री [दे] १ बन्धन (दे २,१०१; भवि)। २ इच्छा, अभिलाषा। ३ वचन, आवाज। ४ लता, वल्ली। ५ सिर पर पहनी जाती फूल की माला (दे २, १०१)।

गुत्तिंदिय वि [गुप्तेन्द्रिय] इंद्रिय निग्रह करने वाला, संयतेंद्रिय (भग, णाया १, ४)।

गुत्तिय वि [गौप्तिक] रक्षक, रक्षण करने-वाला, 'नगरगुत्तिए सद्दावेइ' (कप्प)।

गुत्तिय वि [गौत्रिक] गोती, समान गोत्र-वाला, गोतिया (कुप्र ३४४)।

गुत्तिवाल देखो गुत्ति-पाल (धर्मवि २६)।

गुत्थ वि [ग्रथित] गुम्फित, गूँथा हुआ (स ३०३; आप, गा ६३; कम्मू)।

गुत्थंड पुं [दे] भास-पक्षी, पक्षि-विशेष (दे २, ९२)।

गुद पुंस्त्री [गुद] गांड, गुदा (दे ६, ४९)।

गुद्दह न [गोद्रह] नगर-विशेष (मोह ८८)।

गुप्प अक [गुप्] व्याकुल होना। गुप्पइ (हे ४, १५०, षड्)। वकृ. गुप्पंत, गुप्पमाण (कुमा ६, १०२; कप्प, औप)।

गुप्प वि [गोप्य] १ छिपाने योग्य। २ न. एकान्त, निर्जन (ठा ४, १)।

गुप्पई स्त्री [गोष्पदी] गौ का पैर डूबे उतना गहरा, 'को उत्तरिउं जाहि, निम्बुहए गुप्पई-नीरे' (धम्म १२ टी)।

गुप्पंत न [दे] १ शयनीय, शय्या। २ वि. गोपित, रक्षित (दे २, १०२)। ३ संमूढ, मुग्ध, घबड़ाया हुआ, व्याकुल (दे २, १०२; से १, २; २, ४)।

गुप्पय देखो गो-पय (सूक्त ११)।

गुप्फ पुं [गुल्फ] फीली, पैर की गाँठ (स ३३; हे २, ९०)।

गुफगुमिअ वि [दे] सुगन्धी, सुगन्ध युक्त (दे २, ९३)।

गुब्भ देखो गुप्फ (षड्)।

गुभ सक [गुफ्] गूँथना, गठना। गुभइ (हे १, २३६)।

गुम सक [भ्रम्] घूमना, पर्यटन करना, भ्रमण करना। गुमइ (हे ४, १६१)।

गुमगुम } अक [गुमगुमाय्] १ 'गुम-
गुमगुमाअ } गुम' आवाज करना। २ मधुर अव्यक्त ध्वनि करना। वकृ. गुमगुमंत, गुमगुमिंत, गुमगुमायंत (औप, णाया १, १; कप्प, पउम ३३, ९)।

गुमगुमाइय वि [गुमगुमायित] जिसने 'गुम-गुम' आवाज किया हो वह (औप)।

गुमिअ वि [भ्रमित] भ्रमित, घुमाया हुआ (कुमा)।

गुमिल वि [दे] १ मूढ, मुग्ध। २ गहन, गहरा। ३ प्रस्खलित। ४ आपूर्ण, भरपूर (दे २, १०२)।

गुमुगुमुगुम देखो गुमगुम। वकृ. गुमुगुमु-गुमंत, गुमुगुमुगुमेंत (पउम २, ४०, ९२, ९)।

गुम्म अक [मुह्] मुग्ध होना, घबड़ाना, व्याकुल होना। गुम्मइ (हे ४, २०७))

गुम्म पु [गुल्म] परिवार, परिकर, 'इत्थी-गुम्मसंपरिवुड' (गूढ २, २, ५५)।

गुम्म पुंन [गुल्म] १ लता, वल्ली, वनस्पति-विशेष (पण्ण १)। २ झाड़ी, वृक्ष-घटा (पाअ)। ३ सेना-विशेष, जिसमें २७ हाथी, २७ रथ, ८१ घोड़ा और १३५ प्यादा हों ऐसी सेना (पउम ५६, ५)। ४ वृन्द, समूह (औप, सूअ २,२)। ५ गच्छ का एक हिस्सा, जैनमुनि-समाज का एक भेद (औप)। ६ स्थान, जगह (ओघ १९३)।

गुम्मइअ वि [दे] १ मूढ, मूर्ख (दे २,१०३, ओघ १३६, पाअ, षड्)। २ अपूरित, पूर्ण नहीं किया हुआ (षड्)। ३ पूरित, पूर्ण किया हुआ (दे २, १०३)। ४ स्खलित। ५ सचलित, मूल से उचलित। ६ विघटित, वियुक्त (दे २, १०३, षड्)।

गुम्मड देखो गुम्म। गुम्मडइ (हे ४, २०७)।

गुम्मडिअ वि [मोहित] मोह युक्त, मुग्ध किया हुआ (कुमा ७, ४७)।

गुम्मागुम्मि अ. जत्थाबन्ध होकर (औप)।

गुम्मिअ वि [मुग्ध] १ मोह प्राप्त, मूढ (कुमा ७, ४७)। २ घूर्णित, मद से घूमता हुआ (बृह १)।

गुम्मिअ पु [गौल्मिक] कोतवाल, नगर-रक्षक (ओघ १९३, ७६६)।

गुम्मिअ वि [दे] मूल से उखाडा हुआ, उन्मूलित (दे २, ९२)।

गुम्मी स्त्री [दे] इच्छा, अभिलाषा (दे २, ९०)।

गुम्मी स्त्री [गुल्मी] शतपदी, यूका, खटमल, जूँ (उत्त ३६, १३९, सुख ३६, १३९)।

गुम्ह सक [गुम्फ्] गूँथना, गठना। गुम्हदु (शौ) (स्वप्न ५३)।

गुह्य देखो गुज्झ (हे २, १२४)।

गुरव देखो गुरु 'जो गुरवे साहीणे धम्मं साहेइ पोढबुद्धिओ' (पउम ६, ११४)।

गुरु } पुं [गुरु] १ शिक्षक, विद्या-दाता,
गुरुअ } पढानेवाला (वव १, अणु)। २ धर्मोपदेशक, धर्माचार्य (विसे ९३०)। ३ माता, पिता वगैरह पूज्य लोग (ठा १०)। ४ बृहस्पति, ग्रह-विशेष (पउम १७, १०८, कुमा)। ५ स्वर विशेष, दो मात्रावाला आ, ई वगैरह स्वर, जिसके पीछे अनुस्वार या संयुक्त व्यञ्जन हो ऐसा भी स्वर-वर्ण (पिंग)। ६ वि. बडा, महान् (उवा, से ३, ३८)। ७ भारी, बोझिल (ठा १, १, कम्म १)। ८ उत्कृष्ट, उत्तम (कम्म ४, ७२, ७९)। °कम्म वि [°कर्मन्] कर्मों का बोझवाला, पापी (सुपा २६५)। °कुल न [°कुल] १ धर्माचार्य का सामीप्य (पचा ११)। २ गुरु-परिवार (उप ६७७)। °गइ स्त्री [°गति] गति-विशेष, भारीपन से ऊँचा-नीचा गमन (ठा ८)। °लाघव न [°लाघव] सारासार, अच्छा और बुरापन (वव ४)। °सज्झिल्लग पुं [°सहाध्यायिक] गुरु के भाई (बृह ४)।

गुरुई देखो गरुई (णाया १, १)।

गुरुणी स्त्री [गुर्वी] १ गुरु-स्थानीय स्त्री (सुर ११, २११)। २ धर्मोपदेशिका, साध्वी (उप ७२८ टी)।

गुरेड न [गुरेट] तृण-विशेष (दे १, ५४)।

गुल देखो गुड = गुड (ठा ३, १, ९, णाया १, ८, गा ५५४, औप)।

गुल न [दे] चुम्बन (दे २, ९१)।

गुलगुंछ सक [उत् + क्षिप्] ऊँचा फेंकना। गुलगुंछइ (हे ४, १४४)। संकृ गुलगुंछिऊण (कुमा)।

गुलगुंछ देखो गुलुगुंछ = उद् + नमय्। गुलगुंछइ (हे ४, ३६)।

गुलगुल अक [गुलगुलाय्] 'गुलगुल' आवाज करना, हाथी का हर्ष से चिघाडना या बोलना। वकृ गुलगुलत, गुलगुलेत (उप १०३१ टी, उवा, पउम ८, १७१, १०२, २०)।

गुलगुलाइअ } न [गुलगुलायित] हाथी की
गुलगुलिय } गर्जना (ज ५, सुपा १३७)।

गुलल सक [चाटी कृ] खुशामद करना। गुललइ (हे ४, ७३)। वकृ गुललत (कुमा)।

गुललावणिया स्त्री [गुडलावणिका] एक तरह की मिठाई गोलपापडी। २ गुडधाना (पव २५९, सुज २० टी)।

गुलहाणिया स्त्री [गुडधानिका] खाद्य विशेष (पव ४)।

गुलिअ वि [दे] मथित, विलोडित (दे २, १०३, षड्)। २ पुं. गेंद, कन्दुक, 'कंदुओ गुलिओ' (पाअ)।

गुलिआ स्त्री [दे] १ बुसिका। २ गेंद, कन्दुक। ३ स्तबक, गुच्छा (दे २, १०३)।

गुलिआ स्त्री [गुलिका] १ गोली, गुटिका (महा, णाया १, १३, सुपा २९२)। २ वर्णक द्रव्य विशेष, सुगन्धित द्रव्य-विशेष (औप, णाया १, १—पत्र २४)।

गुलुइय वि [दे] गुल्मित, गुल्मवाला, लता समूहवाला (औप, भग)।

गुलुछ पु [गुलुञ्छ] गुच्छ, गुच्छा (दे २, ९२)।

गुलुगुछ देखो गुलगुछ = उत् + क्षिप्। गुलुगुंछइ (हे ४, १४४)।

गुलुगुछ सक [उत् + नमय्] ऊँचा करना, उन्नत करना। गुलुगुंछइ (हे ४,३६)।

गुलुगुंछिअ वि [उन्नमित] ऊँचा किया हुआ, उन्नमित (दे २, ९३, कुमा)।

गुलुगुछिअ वि [दे] बाड से अन्तरित (दे २, ९३)।

गुलगुल देखो गुलगुल। गुलुगुलंति (भवि)। वकृ गुलुगुलेंत (पि ५५८)।

गुलुगुलाइय } देखो गुलगुलाइअ (औप,
गुलुगुलिय } पण्ह १, ३, स ३६९)।

गुलुच्छ वि [दे] भ्रमित, घुमाया हुआ, (दे २, ९२)।

गुलुच्छ पुं [गुलुच्छ] गुच्छा, स्तबक (पाअ)।

गुल्लइय वि [गुल्मवत्] लता-समूहवाला, गुल्म-युक्त (णाया १, १—पत्र ५)।

गुव देखो गुप्प = गुप्। गुवंति (भग १५)। °गुवलय देखो कुवलय, 'मुद्दियगुवलयनिहाए' (णंदि)।

गुवालिया [दे] देखो गोआलिआ (जी १७)।

गुविअ वि [गुप्त] व्याकुल, क्षुब्ध (ठा ३, ४—पत्र १६१)।

गुविल वि [गुपिल] १ गहन, गहरा, गाढ, निबिड (सुर ६, ६९, उप पृ ३०, पण्ह १, ३)। २ न. झाडी, जंगल (उप ८३३ टी),

'इक्को करइ कम्म,
इक्को अणुहवइ दुक्कयविभार।
इक्को संसरइ जिओ,
जरमरणचउग्गइगुविल' (पच ४४)।

गुविल वि [दे] चीनी का बना हुआ, मिस्री-वाला (मिष्टान्न) (उर ५, १०)।

गुव्विणी स्त्री [गुर्विणी] गर्भवती स्त्री (सुपा २७७)।

गुह देखो गुभ। गुहइ (हे १, २३६)।

गुह पु [गुह] कार्त्तिकेय, एक शिव पुत्र (पाअ)।

गुहा स्त्री [गुहा] गुफा, कन्दरा (पाअ, ठा २, ३, प्रासू २७१)।

गुहिर वि [दे] गम्भीर, गहरा (पाअ, कप्प)।

गूढ वि [गूढ] गुप्त, प्रच्छन्न, छिपा हुआ (पण्ह १, ४, जी १०)। °दंत पु [°दन्त] १ एक अन्तर्द्वीप, द्वीप विशेष। २ द्वीप विशेष का निवासी (ठा ४, २)। ३ एक जैन मुनि। ४ 'अनुत्तरोपपातिक दशा' सूत्र का एक अध्ययन (अनु २)। ५ भरत क्षेत्र का एक भावी चक्रवर्त्ती राजा (सम १५४)।

गूह सक [गुह्] छिपाना, गुप्त रखना। वकृ गूहंत (स ६१०)।

गूह न [गूथ] गू, विष्ठा (तदु)।

गूहण न [गूहन] छिपाना (सम ७१)।

गूहिय वि [गूहित] छिपाया हुआ (स १८९)।

गृण्ह } (अप) देखो गिण्ह। गृन्हइ (कुमा)।
गृन्ह } सकृ गृण्हेप्पिणु (हे ४, ३९४)।

गेअ वि [गेय] १ गाने योग्य, गाने लायक, गीत (ठा ४, ४—पत्र २८७, वज्जा ४४)। २ न गीत, गान, 'मणहरगेयमुणीए' (सुर ३, ६९, गा ३३४)।

गेंठुअ न [दे] स्तनो के ऊपर की वस्त्र ग्रन्थि (दे २, ९३)।

गेंठुल्ल न [दे] कञ्चुक, चोली (दे २, ९४)।

गेंड न [दे] देखो गेंठुअ (दे २, ९३)।

गेंडुई स्त्री [दे] क्रीडा, खेल, गम्मत, विनोद (दे २,९४)।

गेंदुअ पुं [कन्दुक] गेंद, गेंदा, खेलने की एक वस्तु (हे १, ५७, १८२, सुर १, १२१)।

गेज्ज वि [दे] मथित, विलोडित (दे २,८८)।

गेज्जल न [दे] ग्रीवा का आभरण (दे २, ९४)।

गेज्झ वि [ग्राह्य] ग्रहण-योग्य (हे १,७८)।

गेडण न [दे] १ फेंकना, क्षेपण। २ दे देना 'तत्त बगेडणकए ससंममा आसमाउ लहुं' (उप ६४८ टी)।

गेड्ड न [दे] १ पङ्क, कीच, कांदो। २ यव, अन्न विशेष (दे २, १०४)।

गेड्डी स्त्री [दे] गेडी, गेंद खेलने की लकडी (कुमा)।

गेण्ह देखो गिण्ह। गेण्हइ (हे ४, २०९, उव महा)। भूका. गेण्हीअ (कुमा)। भवि. गेण्हिस्सइ (महा)। वकृ. गेण्हंत, गेण्हमाण (सुर ३,७४; विपा १,१)। संकृ. गेण्हित्ता, गेण्हिऊण, गेण्हिअ (भग, पि ५८६, कुमा)। कृ. गेण्हियव्व (उत्त १)।

गेण्हण न [ग्रहण] आदान, उपादान, लेना (उप ३३६, स ३७५)।

गेण्हणया स्त्री [ग्रहणा] ग्रहण, आदान (उप ५२९)।

गेण्हाविय वि [ग्राहित] ग्रहण कराया हुआ (स ५२९ महा)।

गेण्हिअ न [दे] उर सूत्र, स्तनाच्छादक-वस्त्र (दे २, ९४)।

गेद्ध देखो गिद्ध (औप)।

गेरिअ } पुन [गैरिक] १ गेरु, लाल रङ्ग
गेरुअ } की मिट्टी (स २२३, पि ६०, ११८)। २ मणि-विशेष, रत्न की एक जाति (पण्ण १—पत्र २६)। ३ वि. गेरु रंग का (कप्पू)। ४ पु त्रिदण्डी साधु साख्य मत का अनुयायी परिव्राजक (पव ९४)।

गेलण्ण } न [ग्लान्य] रोग, बीमारी, ग्लानि
गेलन्न } (विसे ५४०, उप ४९६, ओघ ७७, २२१)।

गेविज्ज } न [ग्रैवेयक] १ ग्रीवा का आभू-
गेवेज्ज } षण, गले का गहना (औप, णाया
गेवेज्जय } १, २)। २ ग्रैवेयक देवो का विमान (ठा ९)। ३ पु उत्तम श्रेणी के देवो की एक जाति (कप्प, औप, भग, जी ३३, इक)।

गेवेय देखो गेवेज्ज (आचा २, १३, १)।

गेह पुन [गेह] घर, 'न नई न वणं न उज्जडो गेहो' (वज्जा ९८)।

गेह न [गेह] गृह, घर, मकान (स्वप्न १६, गउड)। °जामाउय पु [°जामातृक] घर-जमाई, सर्वदा ससुर के घर में रहनेवाला जामाता (उप पृ ३६९)। °गार वि [°कार] १ घर के आकारवाला। २ पु. कल्पवृक्ष की एक जाति (सम १७)। °लु वि [°वत्] घरवाला, गृही, संसारी (पद)। °सम पु [°श्रम] गृहस्थाश्रम (पउम ३१, ८३)।

गेहि वि [गृद्ध] लोलुप, अत्यासक्त (ओघ ८७)।

गेहि स्त्री [गृद्धि] आसक्ति, गार्ध्य, लालच (स ११३, पण्ह १, ३)।

गेहि वि [गेहिन्] नीचे देखो (णाया १; १४))।

गेहिअ वि [गेहिक] १ घरवाला, गृही। २ पु भर्त्ता, धनी, पति (उत्त २)।

गेहिअ [गृद्धिक] अत्यासक्त, लोलुप, लालची (पण्ह १, ३)।

गेहिणी स्त्री [गेहिनी] गृहिणी, स्त्री (सुपा ३४१, कुमा, कप्पू)।

गो पु [गो] भूप, राजा 'तइओ गो भूपपसुरस्सिणो त्ति' (वव १)। °माहिसक्क न [°माहिषक] गौ और भैंस का झुंड या समूह निव्वुय गोमाहिसक्क' (स ६८९)।

गो पुं [गो] १ रश्मि, किरण (गउड)। २ स्वर्ग, देव भूमि (सुपा १४२)। ३ बैल, बलीवर्द। ४ पशु जानवर। ५ स्त्री. गैया, 'अपरप्परियतिरियानियमियदिग्गमणओणिलो गोव्व' (विसे १७५८, पउम १०३, ५०, सुपा २७५)। ६ वाणी, वाग् (सूत्र १, १३)। ७ भूमि, 'ज महइ विक्कवणगायराण लोओ पुलिदाण' (गउड, सुपा १४२)। °आल देखो °वाल (पुप्फ २१६)। °इल्ल वि [°मत्] गो युक्त, जिसके पास अनेक गौ हो वह (दे २, ९८)। °उल न [°कुल] १ गौओ का समूह (आव ३)। २ गाय गाबाडा 'सामी गोउलगओ' (आगम)। °उलिय वि [°कुलिक] गो कुलवाला, गो कुल का मालिक, गोवाला (महा)। °किलंजय न [°क्लिञ्जक] पात्र विशेष, जिसमें गौ को खाना दिया जाता है (भग ७, ८)। °कीड पु [°कीट] पशुओ की मक्खी, बर्री (जी १६)। °क्खीर, °खीर न [°क्षीर] गैया का दूध (सम ६०, णाया १, १)। °गह पु [°ग्रह] गाय की चोरी, गौ को छीनना (पण्ह १, ३)। °गहण न [°ग्रहण] गो-ग्रहण (णाया १, १८)। °णिसज्जा स्त्री [°निषद्या] आसन विशेष, गौ की तरह बैठना (ठा १, १)। °तित्थ न [°तीर्थ] १ गौओ का तालाब आदि में उतरने का रास्ता, क्रम से नीची जमीन (जीव ३)। २ लवण समुद्र वगैरह की एक जगह (ठा १०)। °त्थाम वि [°त्रास] १ गौओ को त्रास देनेवाला। २ पुं. एक कुलकर का पुत्र (विया

१, २)। °दास पुं [°दास] १ एक जैन-मुनि, भद्रबाहु स्वामी का प्रथम शिष्य। २ एक जैनमुनिगण (कप्प, ठा ९)। °दोहिया स्त्री [°दोहिका] १ गौ का दोहन। २ आसन विशेष, गौ दुहने के समय जिस तरह बैठा जाता है उस तरह का उपवेशन (ठा ५, १)। °दुह वि [°दुह्] गौ को दोहनेवाला (पड्)। °धूलिआ स्त्री [°धूलिका] लग्न विशेष, गौओं को चरा कर लौटने का समय, सायंकाल, 'वेलव्व गोधूलिया' (रंभा)। °पय °प्पय न [°प्पद] १ गौ का खुर डूबे उतना गहरा, 'लद्धम्मि जम्मि जीवाण जायइ गोपयं व भवजलही' (आप ६६)। २ गोपद-परिमित भूमि (अणु)। ३ गौ का खुर (ठा ४,४)। °भद्द पुं [°भद्र] श्रेष्ठि-विशेष, शालिभद्र के पिता का नाम (ठा १०)। °भूमि स्त्री [°भूमि] गौओं को चरने की जगह (आवम)। °म वि [°मन्] गौवाला (विसे १४९८)। °मड न [°मृत] गौ का शव (णाया १, ११—पत्र १७३)। °मय न [°मय] गोबर, गौ का मल, गो विष्ठा (भग ५, २)। °मुत्तिया स्त्री [°मूत्रिका] १ गौ का मूत्र, गोमूत्र (ओघ ६४ भा)। २ गोमूत्र के आकारवाली गृहपंक्ति (पंचव २)। °मुहिअ न [°मुखित] गौ के मुख की आकारवाली ढाल (णाया १, १८)। °रहग पु [°रथक] तीन वर्ष का बैल (सूअ १, ५, २)। °रोयण स्त्री न [°रोचन] स्वनाम-ख्यात पीत-वर्ण द्रव्य-विशेष, गोमस्तकस्थित शुष्क पित्त (सुर १,१३७)। स्त्री- °णा (पचा ४)। °लेहणिया स्त्री [°लेहनिका] ऊपर भूमि (निचू ३)। °लोम पु [°लोम] १ गौ का राम बाल। २ द्वीन्द्रिय जन्तु विशेष (जीव १)। °वइ पु [°पति] १ इन्द्र। २ सूर्य। ३ राजा (सुपा १४२)। ४ महादेव। ५ बैल (हे १,२३१)। °वइय पुं [°व्रतिक] गौओं की चर्या का अनुकरण करनेवाला एक प्रकार का तपस्वी (णाया १, १५)। °वय देखो °पय (राज)। °वाड पु [°वाट] गौओं का बाड़ा (दे १,१४९)। °व्वइय देखो °वइय (औप)। °साला स्त्री [°शाला] गौओं का बाड़ा (निचू ८)। °हण न [°धन] गौओं का समूह (गा ६०९, सुर १, ४९)।

गोअ देखो गोय = गोपय्। कृ. गोअणिज्ज (नाट—मालती १२१)।

गोअंट पुं [दे] १ गौ का चरण। २ स्थल-शृङ्गाट, स्थल में होनेवाला शृङ्गाट या सिंघाड़ा का पेड़ (दे २, ९८)।

गोअग्गा स्त्री [दे] रथ्या, मुहल्ला (दे २, ९६)।

गोअल्ला स्त्री [दे] दूध बेचनेवाली स्त्री (दे २, ९८)।

गोअर पुं [गोचर] छात्रालय (दस ५, २, २)।

गोअलिणी स्त्री [गोपालिनी] ग्वालिन,
जो गयणभूमिभडोयरम्मि जुन्हादहोय मइणेण।
पुन्निमगोअलिणीए मक्खणपिंडुव्व निम्मविओ।'
(धर्मवि ५५)।

गोआ स्त्री [गोदा] नदी-विशेष, गोदावरी नदी, 'गोमाणइकच्छकुडंगवासिणा दरिअसी-हेण' (गा १७५)।

गोआ स्त्री [दे] गगरी, कलशी, छोटा घड़ा (दे २, ८१)।

गोआअरी स्त्री [गोदावरी] नदी विशेष, गोदावरी (गा ३५५)।

गोआलिआ स्त्री [दे] वर्षा ऋतु में उत्पन्न होनेवाला कीट विशेष (दे २, ९८)।

गोआवरी देखो गोआअरी (हे २, १७४)।

गोउर न [गोपुर] नगर या किले का दरवाजा (सम १३७, सुर १, ५६)।

गोउलिय वि [गोकुलिक] गो-धन पर नियुक्त पुरुष, गोकुल-रक्षक (कुप्र ३१)।

गोंजी, गोंठी स्त्री [दे] मंजरी, बौर (दे २ ९५)।

गोंड देखो कोंड = कीएड (इक)।

गोंड न [दे] कानन वन, जंगल (दे २, ९४)।

गोंडी स्त्री [दे] मंजरी, बौर (दे २, ९५)।

गोंदल देखो गुंदल (भवि)।

गोंदीण न [दे] मयूर पित्त, मोर का पित्त (दे २, ९७)।

गोंफ पुं [गुल्फ] पाद-ग्रन्थि, पैर की गाँठ (पण्ह १, ४)।

गोकण्ण, गोकन्न पुं [गोकर्ण] १ गौ का कान। २ वा पुरवाला चतुष्पद विशेष (पण्ह १, १)। ३ एक अन्तर्द्वीप, द्वीप-विशेष। ४ गोकर्ण-द्वीप का निवासी मनुष्य (ठा ४, २)।

गोकिलिंज देखो गो-कलिंजय (राय १४०)।

गोक्खुरय पुं [गोक्षुरक] एक औषधि का नाम, गोखरू (स २५६)।

गोच्चय पु [दे] भाजन-दण्ड, कोड़ा, चाबुक (दे २, ९७)।

गोच्छ देखो गुच्छ (से ६, ४७, गा ५३२)।

गोच्छअ, गोच्छग पुन [गोच्छक] पात्र वगैरह साफ करने का वस्त्र-खण्ड (कस, पण्ह २, ५)।

गोच्छड न [दे] गोमय, गो-विष्ठा (मृच्छ ३४)।

गोच्छा स्त्री [दे] मञ्जरी, बौर (दे २, ९५)।

गोच्छिय देखो गुच्छिय (औप, णाया १, १)।

गोड्ड देखो गोच्छड (नाट—मृच्छ ४१)।

गोजलोया स्त्री [गोजलौका] क्षुद्र कीट विशेष, द्वीन्द्रिय जन्तु-विशेष (पण्ण १५)।

गोज्ज पुं [दे] १ शारीरिक दोषवाला बैल (सुपा २८१)। २ गानेवाला, गवैया, गायक, वीणावससणाह, गीय नडनट्टछत्तगोज्जेहिं। वेदिणणेण सहरिसं, जयसद्दालायण च कय' (पउम ८५, १९)।

गोट्ठ पुं [गोष्ठ] गोवाड़ा, गौओं के रहने का स्थान (महा, पउम १०३, ४०; गा ४४७)।

गोट्ठामाहिल पुं [गोष्ठामाहिल] कर्म-पुद्गलों को जीव प्रदेश से अबद्ध माननेवाला एक जैनाभास आचार्य (ठा ७)।

गोट्ठि देखो गोट्ठी (आवम)।

गोट्ठिल, गोट्ठिलग, गोट्ठिलय पुं [गौष्ठिक] एक मण्डली के सदस्य, मित्र, समान वयस्क दोस्त (णाया १, १६—पत्र २०५, विपा १, २—पत्र ३७)।

गोट्ठी स्त्री [गोष्ठी] १ मण्डली, समान वय-वालों की सभा (प्रश्न, दसनि १; णाया १, १६)। २ वार्तालाप, परामर्श (कुमा)।

गोड पु [गौड] १ देश विशेष (स २८६)। २ वि. गौड देश का निवासी (पण्ह १, १)।

गोड पुं [दे] गोड, पाद, पैर (नाट—मृच्छ १५८)।

गोडा स्त्री [गोला] नदी विशेष, गोदावरी (गा ५८, १०३)।

गोडी स्त्री [गौडी] गुड की बनी हुई मदिरा, गुड का दारू (बृह २)।

गोड्ड वि [गौड] १ गुड का बना हुआ। २ मधुर, मीठा (भग १८, ६)।

गोड्ड [दे] देखो गोड (मृच्छ १२०)।

गोण पुं [दे] १ साक्षी (दे २, १०४)। २ बैल, वृषभ, बलीवर्द (दे २, १०४, कुमा, हे २, १७४, सुपा ५४७, औप; दस ५, १; आचा २, ३, ३, उप ६०४, विपा १, १)। °इन्न वि [°वत्] गाय वाला, गौओं का मालिक (सुपा ५४७)। °वइ पुंस्त्री [°पति] गौओं का मालिक, गौ वाला (सुपा ५४७)।

गोण (शौ) पुन [गो] बैल, 'गाणो, गाणं' (प्राकृ ८८)।

गोण वि [गौण] १ गुण निष्पन्न, गुण-युक्त, यथार्थ (विपा १, २, औप)। २ अप्रधान, अमुख्य (औप)।

गोणंगणा स्त्री [गवाङ्गना] गैया, गाय (सुपा ४६५)।

गोणत्त } पुंन [दे] वैद्य का औजार रखने
गोणत्तय } का थैला (उत्त ३१७; स ४८४)।

गोणस पुं [गोनस] सर्प की एक जाति, फण-रहित सांप की एक जाति (पण्ह १, १, उप पृ ४०३)।

गोणा स्त्री [दे] गाय, गैया, गऊ (षड्)।

गोणिक्क पुं [दे] गो-समूह, गौओं का समूह (दे २, ९७, पाअ)।

गोणिय वि [दे] गौओं का व्यापारी (वव ९)।

गोणी स्त्री [दे] गाय, गैया (ओघ २३ भा)।

गोण्ण देखो गोण = गौण (कप्प णाया १, १—पत्र ३७)।

गोतिहागी स्त्री [दे गोत्रिहायणी] गोवत्सा, गौ की बछड़ी (तंदु ३२)।

गोत्त पुं [गोत्र] १ पर्वत, पहाड़, (श्रा १४)। २ न. नाम, अभिधान, आख्या (से १५, १०)। ३ कर्म-विशेष, जिसके प्रभाव से प्राणी उच्च या नीच जाति का कहलाता है (ठा २, ४)। ४ पुंन. गोत्र वंश कुल, जाति, 'गत्त मूलगोत्ता पण्णत्ता' (ठा ७)। °क्खलिय न [°स्खलित] नाम-विपर्यास, एक के बदले दूसरे के नाम का उच्चारण (से ११, १७)। °देवया स्त्री [°देवता] कुल-देवी (श्रा १४)। °फुस्सिया स्त्री [°स्पर्शिका] वल्ली-विशेष (पण्ण १)।

गोत्त पुन [गोत्र] १ पूर्वज पुरुष के नाम से प्रसिद्ध अपत्य—संतति (णंदि ४९, सुज्ज १०, १६)। २ वि. वाणी का रक्षक (सूअ १, १३, ९)।

गोत्ति वि [गोत्रिन्] समान गोत्रवाला, कुटुम्बी, स्वजन (सुपा १०९)।

गोत्ति देखो गुत्ति (स २४२)।

गोत्तिअ वि [गोत्रिक] समान गोत्रवाला, स्वजन, भाई-बंद (श्रा २७)।

गोत्थुभ देखो गोथुभ (इक)।

गोत्थूभा देखो गोथूभा (इक)।

गोथुभ } पु [गोस्तूप] १ ग्यारहवें जिन-
गोथूभ } देव का प्रथम-शिष्य (सम १५२, पि २०८)। २ वेलन्धर नागराज का एक आवास पर्वत (सम ९९)। ३ न. मानुषोत्तर पर्वत का एक शिखर (दीव)। ४ कौस्तुभ-रत्न (सम, १५८)।

गोथूभा स्त्री [गोस्तूपा] १ वापी-विशेष, अंजन पर्वत पर की एक वापी (ठा ३, ३)। २ शक्रेन्द्र की एक अग्रमहिषी की राजधानी (ठा ४, २)।

गोदा स्त्री [दे गोदा] नदी-विशेष, गोदावरी (षड्, गा ६५५)।

गोध पुं [गोध] १ म्लेच्छ देश। २ गोध देश का निवासी मनुष्य (राज)।

गोधा स्त्री [गोधा] गोह, हाथ से चलनेवाली एक सांप की जाति (पण्ह १, १; णाया १, ८)।

गोन्न देखो गोण्ण (णाया १, १६—पत्र २००)।

गोपुर देखो गोउर (उत्त ९, अभि १८५)।

गोप्पहेलिया स्त्री [गोप्रहेलिका] गौओं को चरने की जगह (आचा २, १०, २)।

गोफणा स्त्री [दे] गोफन, पत्थर फेंकने का अस्त्र-विशेष (राज)।

गोमइ स्त्री [दे] रथ्या, गुच्छा (दे २, ९६)।

गोमाअ } पु [गोमायु] शृगाल, सियार, लोमड़ी
गोमाउ } (नाट—मृच्छ ३२०, पि १६५, णाया १, ४, स २२९, पाअ)।

गोमाणसिया स्त्री [गोमानसिका] शय्याकार स्थान-विशेष (जीव ३)।

गोमाणसी स्त्री [गोमानसी] ऊपर देखो (जीव ३)।

गोमि } वि [गोमिन्] जिसके पास अनेक
गोमिअ } गौ हों वह, (अणु, निचू २)।

गोमिअ देखो गोम्मिअ (राज)।

गोमिअ [दे] देखो गोमा (अणु २१२)।

गोमिक (मा) [गौरवित] संमानित (प्राकृ १०१)।

गोमी स्त्री [दे] बनखजूरा, श्रोत्रिय जन्तु-विशेष (जी १६)।

गोमुह पुं [गोमुख] १ यक्ष-विशेष, भगवान् ऋषभदेव का शासन यक्ष (सति ७)। २ एक अन्तर्द्वीप, द्वीप विशेष। ३ गोमुख-द्वीप का निवासी मनुष्य (ठा ४, २)। ४ न. उपलेपन (दे २, ९८)।

गोमुही स्त्री [गोमुखी] वाद्य-विशेष, (अणु, राय)।

गोमुही [गोमुखी] वाद्य-विशेष (राय ४६, अणु १२८)।

गोमेअ } पुं [गोमेद] रत्न की एक जाति,
गोमेज्ज } राहुरत्न (कुमा ७०; उत्त २)।

गोमेह पुं [गोमेध] १ यक्ष विशेष, भगवान् नेमिनाथ का शासन-देव (सं ८)। २ यज्ञ-विशेष, जिसमें गौ का वध किया जाता है (पउम ११, ४१)।

गोम्मिअ पुं [गौल्मिक] कोतवाल, नगर-रक्षक (पण्ह १, २)।

गोम्ही देखो गोमी (राज)।

गोय देखो गोत्त (सम ३३, कम्म १)। °वाइ वि [°वादिन्] अपने कुल को उत्तम माननेवाला, वंशाभिमानी (आचा)।

गोय न [दे] उदुम्बर—गूलर वगैरह का फल (आव ६)।

गोय न [गोत्र] मौन, वाक्-संयम (सूअ १, १४, २०)। °वाय पुं [°वाद] गोत्र-सूचक वचन (सूअ १, ९, २७)।

गोयम पुं [गोतम] ऋषि-विशेष (ठा ७)। २ छोटा बैल (औप)। ३ न. गोत्र विशेष (कप्प ठा ७)।

गोयम वि [गौतम] १ गोतम गोत्र में उत्पन्न, गोतम गोत्रीय, 'जे गोयमा ते सतविहा पण्णत्ता' (ठा ७; भग ज १)। २ पुं. भगवान् महावीर का प्रधान-शिष्य (भग १४, ७, उवा)। ३ इस नाम का एक राज-कुमार, राजा अन्धकवृष्णि का एक पुत्र, जो भगवान् नेमिनाथ के पास दीक्षा लेकर शत्रुञ्जय पर्वतपर मुक्त हुआ था (अन्त २)। ४ एक मनुष्य जाति, जो बैल द्वारा भिक्षा माँग कर अपना निर्वाह चलाती है (णाया १, १४)। ५ एक ब्राह्मण (उप ६१७)। ६ द्वीप विशेष (सम ८०, उप ५९७ टी)। °केसिज्ज न [°केशीय] 'उत्तराध्ययन' सूत्र का एक अध्ययन, जिसमें गौतम स्वामी और केशिमुनि का संवाद है (उत्त २३)। °सगुत्त वि [°सगोत्र] गोतम गोत्रीय (भग, आवम)। °सामि पुं [°स्वामिन्] भगवान् महावीर के सर्व प्रधान शिष्य का नाम (विपा १, १—पत्र २)।

गोयमज्जिया } स्त्री [गौतमार्यिका] जैनमुनि-
गोयमेज्जिया } गण की एक शाखा (राज, कप्प)।

गोयर पुं [गोचर] १ गौओं को चरने की जगह, 'णो गोयरे णो वणगाणियाए' (बृह ३)। २ विषय, 'अबुद्धगोयरं णमह··· सयंभु' (गउड)। ३ इन्द्रिय का विषय, प्रत्यक्ष, 'इम राया उज्जाणं तं कासी नयणगोयरं सव्वं' (कुमा)। ४ भिक्षाटन, भिक्षा के लिए भ्रमण (ओघ ६९ भा; दस ५, १)। ५ भिक्षा, माधुकरी (उप २०४)। ६ वि. भूमि में विचरनेवाला, 'विभवणगोयराण पुलिंदाण' (गउड)। °चरिआ स्त्री [°चर्या] भिक्षा के लिए भ्रमण (उप १३७ टी; पउम ४, ३)। °भूमि स्त्री [°भूमि] १ पशुओं को चरने की जगह (दे ३, ४०)। २ भिक्षा-भ्रमण की जगह (ठा ६)। °वत्ति वि [°वर्तिन्] भिक्षा के लिए भ्रमण करनेवाला (गा २०४)।

गोयरी स्त्री [गौचरी] भिक्षा, माधुकरी (सुपा २६६)।

गोर पुं [गौर] १ शुक्ल-वर्ण, सफेद रंग। २ वि. गौर वर्णवाला, शुक्ल (गउड, कुमा)। ३ अवदात, निर्मल (णाया १, ८)। °खर पु [°खर] गर्दभ की एक जाति (पण्ण १)। °गिरि पुं [°गिरि] पर्वत विशेष, हिमाचल (निचू १)। °मिग पुं [°मृग] १ हरिण की एक जाति। २ न. उस हरिण के चमडे का बना हुआ वस्त्र (आचा २, ५, १)।

गोरअ देखो गोरव (गा ८९)।

गोरंग वि [गौराङ्ग] गोरा शरीरवाला, शुक्ल शरीरवाला (कप्पू)।

गोरफिडी स्त्री [दे] गोधा, गोह, जन्तु-विशेष (दे २, ९८)।

गोरडित वि [द] त्रस्त, ध्वस्त (षड्)।

गोरव न [गौरव] १ महत्त्व, गुरुत्व (प्राप्र ३०)। २ आदर, सम्मान, बहुमान (विसे ३४७३, रयण ५३)। ३ गमन, गति (ठा ९)।

गोरविअ वि [गौरवित] सम्मानित, जिसका आदर किया गया हो वह (दे ४, ५)।

गोरव्व वि [गौरव्य] गौरव योग्य (धर्मवि ९४, कुप्र ३७७)।

गोरस पुन [गोरस] गोरस, दूध, दही, मट्ठा या छाछ वगैरह (णाया १, ८, ठा ४, १)।

गोरस पु [गोरस] वाणी का आनन्द (सिरि १४०)।

गोरह पु [दे] हल में जोतने योग्य बैल (आचा २, ४२, ३)।

गोरा स्त्री [दे] लाङ्गल-पद्धति, हल रेखा। २ चक्षु, आँख। ३ ग्रीवा, गर्दन या डोक (दे २, १०४)।

गोरि° देखो गोरी (हे १, ४)।

गोरिअ न [गौरिक] विद्याधर का नगर विशेष (इक)।

गोरी स्त्री [गौरी] १ शुक्ल वर्णा स्त्री (हे ३, २८)। २ पार्वती, शिव-पत्नी (कुमा, सुपा २४०, गा १)। ३ श्रीकृष्ण की एक स्त्री का नाम (अंत १५)। ४ इस नाम की एक विद्या-देवी (संति ६)। °कूड न [°कूट] विद्याधर-नगर-विशेष (इक)।

गोरी स्त्री [गौरी] विद्या-विशेष (सूम २, २, २७)।

गोरूव न [गोरूप] प्रशस्त गाय (धर्मवि ११२)।

गोल पुं [दे] १ साक्षी (दे २, ९५)। २ पुरुष का निन्दा-गर्भ आमन्त्रण (णाया १, ९)। ३ निष्ठुरता, कठोरता (दस ७)।

गोल पुं [गोल] १ वृक्ष-विशेष, 'कदम्बगोल-णिहकंटअतणिअंगे' (अच्चु ५८)। २ गोलाकार, वृत्ताकार, मण्डलाकार वस्तु (ठा ४, ४, अनु ५)। ३ गोलक, कुंडा (सुपा २७०)। ४ गेंद, कन्दुक (सूअ १, ४)।

गोल पुंस्त्री [दे] गोला, जार से उत्पन्न, कुंड (दस ७, १४)। स्त्री °ली (दस ७, १६)।

गोलग } पुं [गोलक] ऊपर देखो (सूअ २,
गोलय } २; उप पृ ३९२ काल)।

गोलव्वायण न [गौलव्यायन] गोत्र-विशेष (सुज १०, १६)।

गोला स्त्री [दे] गौ, गैया (दे २, १०४, पाअ)। २ नदी, कोई भी नदी। ३ सखी, सहेली, सगिनी (दे २, १०४)। गोदावरी नदी (दे २, १०४, गा ५८, १७५, हेका २६७, पि ८५; १६४, पाअ, षड्)।

गोलिय पुं [गौडिक] गुड बनानेवाला (वव ९)।

गोलिया स्त्री [दे] १ गोली, गुटिका (राय, अणु)। गेंद, लडकों के खेलने की एक चीज, 'तीए दासीए घडो गोलियाए भिन्नो' (दसनि २)। ३ बडा कुण्डा, बडी, थाली (ठा ८)। °लिछ, °लिच्छ न [°लिञ्छ, °लिच्छ] १ चुल्ली, चूल्हा। २ अग्नि विशेष (ठा ८—पत्र ४१७)।

गोलियायण न [गोलिकायन] १ गोत्र-विशेष, जो कौशिक गोत्र की एक शाखा है। २ वि. गोलिकायन गोत्रीय (ठा ७)।

गोली स्त्री [दे] मथनी या मथानी, मथनिया, दही मथने की लकडी, रही (दे २, ९५)।

गोल्ल न [दे] बिम्बी-फल, कुन्दरू का फल (णाया १, ८; कुमा)।

गोल्ल पुं [गौल्य] १ देश विशेष (आवम)। २ न. गोत्र विशेष, जो कारपप गोत्र की शाखा है। ३ वि. गौल्य गोत्र में उत्पन्न (ठा ७)।

गोल्ला स्त्री [दे] बिम्बी, वल्ली-विशेष, कुन्दरू की लतर (दे २, ९५, आवम, पाअ)।

गोव सक [गोपय्] १ छिपाना। २ रक्षण करना। गोवए, गोवेइ (सुपा ३४६; महा)।

कवकृ. गोविज्जंत (सुपा ३३७; सुर ११, १६२; प्रामू ६५)।

गोव } पुं [गोप] गौओं का रक्षक, ग्वाला,
गोवअ } गोपाल (उवा ७; दे २, ५८, कप्पू)। °जिरि पुं [°गिरि] पर्वत विशेष; 'गोवगिरिसिहरसंठियचरमजिणायतणदारमवरद्धं (मुणि १०८९७)।

गोवड्ढण देखो गोवद्धण (पि २९१)।

गोवण न [गोपन] १ रक्षण। २ छिपाना (श्रा २८; उप ५९७ टी)।

गोवद्धण पुं [गोवर्धन] १ पर्वत-विशेष (पि २९१)। २ ग्राम विशेष (पउम २०, ११५)।

गोवय वि [गोपक] छिपानेवाला, ढाँकनेवाला (संबोध ३४)।

गोवर पुंन [द] गोवर, गोमय, गो-विष्ठा (दे २, ९६; उप ५९७ टी)।

गोवर पुं [गोवर] १ मगध देश का एक गाँव, गौतम-स्वामी की जन्मभूमि (आक)। २ वणिग्-विशेष (उप ५९७ टी)।

गोवल न [गोवल] १ गोधन, गोकुल, गौओं का समूह, 'रिंति गोवलाइं' (सुपा ४३३)। २ गोत्र-विशेष (सुज्ज १०)।

गोवलायण देखो गोवल्लायण (सुज्ज १०)।

गोवलिय पुं [गोवलिक] ग्वाला, अहीर (सुपा ४३३)।

गोवल्ल पुन [गोवल] गोत्र-विशेष (सुज्ज १०, १६ टी)।

गोवल्लायण वि [गोवलायन] १ गोवल गोत्र में उत्पन्न। २ न. गोत्र विशेष (इक)।

गोवा पुं [गोपा] गौओं का पालन करनेवाला, ग्वाला (प्रामा)।

गोवाय सक [गोपाय्] १ छिपाना। २ रक्षण करना। वकृ. गोवायत (उप ३५७)।

गोवाल पुं [गोपाल] गौ पालनेवाला, ग्वाला, अहीर (दे २, २८)। °गुज्जरी स्त्री [°गुर्जरी] भैरव रागवाली भाषा-विशेष, गुजरात के अहीरों का गीत (कुमा)।

गोवालय पुं [गोपालक] ऊपर देखो (पउम ५, ९६)।

गोवालि पुं [गोपालिन्] ग्वाला, गोप, अहीर (सुपा ४३२; ४३३)।

गोवालिणी स्त्री [गोपालिनी] गोप-स्त्री, अहीरिन, ग्वालि (सुपा ४३२)।

गोवालिय पुं [गोपालिक] गोप, अहीर, ग्वाला (सुपा ४३३)।

गोवालिया स्त्री [गोपालिका] गोप-स्त्री, गोपी, अहीरिन (णाया १, १६)।

गोवाली स्त्री [गोपाली] वल्ली-विशेष (पण्ण १)।

गोविअ वि [दे] अजल्पाक, नहीं बोलनेवाला (दे २, ९७)।

गोविअ वि [गोपित] १ छिपाया हुआ। २ रक्षित (सुर १, ८८; निर १, ३)।

गोविआ स्त्री [गोपिका] गोपांगना, अहीरिन (कुमा; गा ११४)।

गोविंद पुं [गोपेन्द्र] १ स्वनाम-ख्यात एक योग-विषयक ग्रन्थकार। २ एक जैनमुनि (पचव, णंदि)।

गोविंद पुं [गोविन्द] १ विष्णु, कृष्ण। २ एक जैन मुनि (ठा १०)। °णिज्जुत्ति स्त्री [°निर्युक्ति] इस नाम का एक जैन दार्शनिक ग्रन्थ (निचू ११)।

गोविल्ल न [दे] कञ्चुक, चोली (दे २, ९४)।

गोवी स्त्री [दे] बाला; कन्या, कुमारी, लड़की (दे २, ९६)।

गोवी स्त्री [गोपी] गोपांगना, अहीरिन (सुपा ४३५)।

गोव्वर [दे] देखो गोवर (उप ५६३, ५९७ टी)।

गोस पुंन [दे] प्रभात, सुबह, प्रातःकाल (दे २, ९६; सण, गउड; वव ६, पंचव २, पाअ, षड्, पव ४)।

गोसंधिय पुं [गोसंधित] गोपाल, अहीर (राज)।

गोसग्ग पुन [दे गोसर्ग] प्रात काल, प्रभात (दे २, ९६, पाअ)।

गोसण्ण वि [दे] मूर्ख, बेवकूफ (दे २, ९७; षड्)।

गोसाल } पुं. व. [गोशाल] १ देश-विशेष
गोसालग } (पउम ९८, ६५)। २ पुं. भगवान् महावीर का एक शिष्य, जिसने पीछे अपना आजीविक मत चलाया था (भग १५)।

गोसाविआ स्त्री [दे] १ वेश्या, वारांगना (मृच्छ ५५)। २ मूर्ख-जननी (नाट—मृच्छ ७०)।

गोसिय वि [दे] प्रभातिक, प्रात.काल-सबन्धी (सण)।

गोसीस न [गोशीर्ष] चन्दन-विशेष, सुगन्धित काष्ठ-विशेष (पण्ह २, ४, ५, कप्प, सुर ४, १४, सण)।

गोह पुं [दे] १ गाँव का मुखिया (दे २, ८६)। २ भट, सुभट, योद्धा (दे २, ८६; महा)। ३ जार, उपपति (उप पृ २१५)। ४ सिपाही, पुलिस (उप पृ ३३५)। ५ पुरुष, आदमी, मनुष्य (मृच्छ ५७)।

गोह पुं [दे] कोतवाल आदि क्रूर मनुष्य (सुख ३, ९)। २ वि. ग्रामीण, ग्राम्य, गँवार या गँवारू, देहाती (सुख २, १३)।

गोहा देखो गोधा (दे २, ७३; भग ८, ३)।

गोहिया स्त्री [गोधिका] १ गोधा, गोह, जल-जन्तु-विशेष (सुर १०, १८६)। २ साँप की एक जाति (जीव २)। ३ वाद्य-विशेष (अणु)।

गोहुर न [दे] गोमय, गो-विष्ठा (दे २, ९६)।

गोहूम पुं [गोधूम] अन्न-विशेष, गेहूँ (कस)।

गोहेर } पुं [गोधेर] जन्तु-विशेष, साँप
गोहेरय } की तरह का जानवर (पउम ४८, ९२; ९१)।

°ग्गह देखो गह = ग्रह (गउड)।

°ग्गहण देखो गहण = ग्रहण (अभि ५६)।

°ग्गहण देखो गहण = ग्रहण (कुमा)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवे गब्भाराइसद्दसंकलणो
बारहमो तरंगो समत्तो ॥]

घ

घ पुं [घ] कण्ठ स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष (प्राप, प्रामा)।

घअअद न [दे] मुकुर, दर्पण (षड्)।

घइं (अप) अ. पाद-पूरक और अनर्थक अव्यय (हे ४, ४२४, कुमा)।

घओअ } पु [घृतोद] १ समुद्र-विशेष,
घओद } जिसका पानी घी के तुल्य स्वादिष्ट है (इक, ठा ७)। २ मेघ विशेष (तित्थ) ३ वि जिसका पानी घी के समान मधुर हो ऐसा जलाशय। स्त्री. °आ, °दा (जीव ३, राय)।

घंघ पुं [दे] गृह मकान, घर (दे २, १०५)। °साला स्त्री [°शाला] अनाथ मण्डप, भिक्षुओं का आश्रय स्थान (ओघ ६३९, वव ७, आचा)।

घंघल (अप) न [झञ्झट] १ झगडा, कलह (हे ४, ४२२)। २ मोह, घबराहट (कुमा)।

घंघलिअ वि [दे] घबडाया हुआ (सवे ६, धर्मवि १३४)।

घंघोर वि [दे] भ्रमण शील, भटकनेवाला (दे २, १०६)।

घंचिय पुं [द] तेली, तेल निकालनेवाला, गुजराती में घाची' (सुर १६, १९०)।

घंट पुस्त्री [घण्ट] घण्टा, कांस्य निर्मित वाद्य-विशेष (आव ८६ भा)। स्त्री. °टा (हे १, १९५, राय)।

घंटिय पु [घण्टिक] चाण्डाल का कुल-देवता, यक्ष विशेष (बृह १)।

घंटिय पुं [घाण्टिक] घण्टा बजानेवाला (कप्प)।

घंटिया स्त्री [घण्टिका] १ छोटी घण्टी (प्रामा)। २ किंकिणी, घुँघुरू (सुर १,२४८, ज २)। ३ आभरण विशेष (णाया १, ९)।

घंस पुं [घर्ष] घर्षण, घिसन (णाया १, १—पत्र ६३)।

घंसण न [घर्षण] घिसन, रगड (स ४७)।

घंसिय वि [घर्षित] घिसा हुआ, रगडा हुआ (औप)।

घक्कूण देखो चे।

घग्घर न [दे] घँघरा, घघरा, लहँगा, स्त्रियों के पहनने का एक वस्त्र (दे २, १०७)।

घग्घर पुं [घर्घर] १ शब्द विशेष (गा८००)। २ खोखला गला, 'घग्घरगलम्मि' (दे ६,१७)। ३ खोखला आवाज, 'रुयमाणी घग्घरेण-सद्देण' (सुर २, ११२)। ४ न. श्याद्वल, शैवाल या सेवार वगैरह का समूह (गउड)।

घट्ट सक [घट्ट्] १ स्पर्श करना, छूना। २ हिलना, चलना। ३ संघर्ष करना। ४ आहत करना। घट्टइ (सुपा ११६)। वकृ. घट्टत (ठा ७)। कवकृ. घट्टिज्जत (से २, ७)।

घट्ट सक [घट्टय्] हिलाना। संकृ. घट्टियाण (दस ५, १, ३०)।

घट्ट अक [भ्रश्] भ्रष्ट होना। घट्टइ (षड्)।

घट्ट पु [दे] १ कुसुम्भ रंग से रँगा हुआ वस्त्र। २ नदी का घाट। ३ वेणु, वंश, बांस (दे २, १११)।

घट्ट पुं [घट्ट] १ शर्कराप्रभा-नामक नरक भूमि का एक नरकावास (इक)। २ पुंन. जमाव (श्रा २८)। ३ समूह, जत्था 'हयघट्टाइ' (सुपा २५६)। ४ वि. गाढा, निबिड, 'मूल घट्टकरुहओ' (सुपा ११)।

घट्टसुअ न [दे. घट्टांशुक] वस्त्र विशेष, बूटेदार कौसुम्भ वस्त्र (कुमा)।

घट्टण वि [घट्टन] चालाक, हिला देनेवाला (पिंड ६३३)।

घट्टण न [घट्टन] १ छूना, स्पर्श करना। २ चलाना, हिलाना (दस ४)।

घट्टणग पुं [घट्टनक] पात्र वगैरह को चिकना करने के लिए उस पर घिसा जाता एक प्रकार का पत्थर (बृह ३)।

घट्टणया } स्त्री [घट्टना] १ आघात, आह-
घट्टणा } नन (औप, ठा ४,४)। २ चलन, हिलन (ओघ ९)। ३ विचार। ४ पृच्छा (बृह ४)। ५ कदर्थना, पीडा (आचा)। ६ स्पर्श, छूना (पण्ण १६)।

घट्टय देखो घट्ट (महा)।

घट्टिय वि [घट्टित] १ आहत, संघर्ष-युक्त (जं १)। २ प्रेरित, चालित (पण्ह १, ३)। ३ स्पृष्ट, छुआ हुआ (ज १, राय)।

घट्ठ वि [घृष्ट] १ घिसा हुआ (हे २ १७४; औप, सम १३७)।

घड सक [घट्] १ चेष्टा करना। २ करना, बनाना। अक. परिश्रम करना। ४ संगत होना, मिलना। घडइ (हे १, १९५) वकृ घडत, घडमाण (से १, ५; निचू १)। कृ. घडियव्व (णाया १, १—पत्र ६०)।

घड सक [घटय्] १ मिलाना, जोडना, संयुक्त करना। २ बनाना, निर्माण करना। ३ संचालन करना। घडेइ (हे ४, ५०)। भवि. घडिस्सामि (स ३६४)। वकृ. घडत (सुपा २५५)। संकृ. घडिअ (दस ५, १)।

घड पुं [घट] घडा, कुम्भ, कलश (हे १, १९५)। °कार पुं [°कार] कुम्भकार, मिट्टी का बरतन बनानेवाला (उप पृ ४१५)। °चेडिया स्त्री [°चेटिका] पानी भरनेवाली दासी, पनहारिन (सुपा ४९०)। °दास पुं [°दास] पानी भरनेवाला नौकर, पनिहारा (आचा)। °दासी स्त्री [°दासी] पानी भरनेवाली, पनिहारी (सूअ १, १५)।

घड वि [दे] सृष्टीकृत, बनाया हुआ (षड्)।

घडइअ वि [दे] संकुचित (षड्)।

घडग पुं [घटक] छोटा घडा (ज २, अणु)।

घटगार देखो घड-कार (वव १)।

घडचडग पुं [घटचटक] एक हिंसा-प्रधान संप्रदाय (मोह १००)।

घडण क्लीन [घटन] १ घटना, प्रसंग (वि १३)। २ अन्वय, संबंध (चेइय ४६७)।

घडण न [घटन] १ घडना या गढ़ना, कृति, निर्माण (से ७, ७१)। २ यत्न, चेष्टा, परिश्रम (अनु ४, पण्ह २, १)।

घडणा स्त्री [घटना] मिलान, मेल, संयोग (सूअ १, १, १)।

घडय देखो घडग (जं २)।

घडा स्त्री [घटा] समूह, जत्था (गउड)।

घडाघडी स्त्री [दे] गोष्ठी, सभा, मण्डली (पड्)।

घडाव सक [घटय्] १ बनाना। २ बनवाना। ३ संयुक्त करना, मिलाना। घडावइ (हे ४, ३४०)। संकृ. घडावित्ता (आवम)।

घडि वि [घटिन्] घटवाला (अणु १४४)।

घडि° स्त्री [घटी] देखो घडिआ = घटिका (प्रासू ५५)। °मंतय, °मत्तय न [°मात्रक] छोटे घडे के आकार का पात्र-विशेष (राज, कस)। °जंत न [°यन्त्र] रेंट रेंहट, पानी निकालने का कल (पाअ)।

घडिअ वि [घटित] १ कृत, निर्मित (पाअ)। २ ससक्त संबद्ध, श्लिष्ट, मिला हुआ (पाअ, स १६४, औप, महा)।

घडिअघडा स्त्री [दे] गोष्ठी, मण्डली (दे २, १०५)।

घडिआ स्त्री [घटिका] १ छोटा घडा, कलशी (गा ४६०, श्रा २७)। २ घडी, मुहूर्त (सुपा १०८)। ३ समय बतानेवाला यन्त्र, घटी-यन्त्र, घडी (पाअ)। °लय न [°लय] घण्टागृह, घण्टा बजाने का स्थान (सुर ७, १७)।

घडिआ } स्त्री [दे] गोष्ठी, मण्डली (पड्;
घडी } दे २, १०५)।

घडिगा देखो घडिआ (सूअ १, ४, २, १४)।

घडी स्त्री [घटी] देखो घडिआ (स २३८, प्राकृ)।

घडुक्कय पुं [घटोत्कच] भीम का पुत्र (हे ४, २६६)।

घडुब्भव वि [घटोद्भव] १ घट से उत्पन्न। २ पुं. ऋषि-विशेष, अगस्त्य मुनि (प्राकृ)।

घढ न [दे] थूहा, टीला, स्तूप (पाअ)।

घण पुं [घन] १ मेघ, बादल (सुर १३, ४५; प्रासू ७२)। २ हथौडा (दे ६, ११)। ३ गणित-विशेष, तीन अंकों का पूरण करना, जैसे दो का घन आठ होता है (ठा १०—पत्र ४६६, विसे ३५४०)। ४ वाद्य का शब्द-विशेष, कांस्यताल वगैरह (ठा २, ३)। ५ वि. दृढ, ठोस (औप)। ६ अविरल, निबिड, निश्छिद्र, सान्द्र (कुमा, औप)। ७ गाढ, प्रगाढ, 'जाया पीई घणा तेसिं' (उप ५६७ टी)। ८ अतिशय, अधिक, अत्यन्त (राय)। ९ कठिन, तरलता-रहित, स्त्यान (जी ७; ठा ३, ४)। १० न. देवविमान-विशेष (सम ३७)। ११ पिण्ड (सूअ १, १, १)। १२ वाद्य-विशेष (सुज्ज १२)। °उदहि देखो घणोदहि (भग)। °णिचिय वि [°निचित] अत्यन्त निबिड (भग ७, ८; औप)। °तव न [तपस्] तपश्चर्या-विशेष (उत्त ३)। °दंत पुं [°दन्त] १ इस नाम का एक अन्तर्द्वीप। २ उसका निवासी मनुष्य (ठा ४, २)। °माल न [°माल] वैताढ्य पर्वत पर स्थित विद्याधर-नगर-विशेष (इक)। °मुइंग पुं [°मृदङ्ग] मेघ की तरह गम्भीर आवाजवाला वाद्य विशेष (औप)। °रह पुं [°रथ] एक जैन मुनि (पउम २०; १६)। °वाउ पु [°वायु] स्त्यान वायु, जो नरक-पृथ्वी के नीचे है (उत्त ३६)। °वाय पुं [°वात] देखो °वाउ (भग, जी ७)। °वाहण पुं [°वाहन] विद्याधरों के राजा का नाम (पउम ५, ७७)। °विज्जुआ स्त्री [°विद्युता] देवी-विशेष, एक दिक्कुमारी देवी का नाम (इक)। °समय पुं [°समय] वर्षा-काल, वर्षा ऋतु (कुमा पाअ)।

घणगुल पुंन [घनाङ्गुल] परिमाण-विशेष, सूची से गुना हुआ प्रतरांगुल (अणु १५८)।

घणसंमद्द पुं [घनसंमर्द] ज्योतिष-प्रसिद्ध योग विशेष, जिसमें चन्द्र या सूर्य ग्रह अथवा नक्षत्र के बीच में होकर जाता है वह योग (सुज्ज १२—पत्र २३३)।

घणघणाइय न [घनघनायित] रथ की घनघनाहट या गडगडाहट, अव्यक्त शब्द-विशेष (पण्ह १, ३)।

घणवाहि पु [दे] इन्द्र, स्वर्गपति (दे २, १०७)।

घणसार पुं [घनसार] कपूर (पाअ, भवि)। °मंजरी स्त्री [°मञ्जरी] एक स्त्री का नाम (कप्पू)।

घणा स्त्री [घना] धरणेन्द्र की एक अग्र-महिषी, इन्द्राणी-विशेष (णाया २, १—पत्र २५१)।

घणा स्त्री [घृणा] घृणा, जुगुप्सा, गर्हा (प्राप्र)।

घणिय न [घनित] गर्जना, गर्जन (सुज्ज २०)।

घणोदहि पुं [घनोदधि] पत्थर की तरह कठिन जल-समूह (सम ३७)। °वलय न [°वलय] वलयाकार कठिन जल-समूह (पण्ण २)।

घण्ण पुं [दे] १ उर, वक्षस्, छाती। २ वि. रक्त, रंगा हुआ (दे २, १०५)। ३ घात्य, मार डालने योग्य (सूत्र कृ० २—७, पत्र ४१०)।

घत्त सक [क्षिप्] १ फेंकना, डालना। २ प्रेरणा। घत्तइ (हे ४, १४०)। संकृ. 'अंकाओ घत्तिऊण वरवीणं' (पउम ७८, २०; स ३५१)।

घत्त सक [ग्रह्] ग्रहण करना। भवि. घत्तिस्सं (प्रयौ ३३)।

घत्त सक [गवेषय्] खोजना, ढूँढना, अनुसंधान करना। घत्तइ (हे ४, १८९)। संकृ घत्तिअ (कुमा)।

घत्त सक [यत्न्] यत्न करना, उद्योग करना। घत्तह (तंदु ५६)।

घत्त वि [घात्य] १ मार डालने योग्य। २ जो मारा जा सके (पि २८१, सूअ २, ७, ६; ८)।

घत्तण न [क्षेपण] फेंकना (कुमा)।

घत्ता स्त्री [घत्ता] छन्द विशेष (पिंग)।

घत्ताणंद न [घत्तानन्द] छन्द-विशेष (पिंग)।

घत्ति अ [दे] शीघ्र, जल्दी (प्राकृ ८१)।

घत्तिय वि [क्षिप्त] प्रेरित (स २०७)।

घत्तु वि [घातुक] मारनेवाला, घातक, जल्लाद (उत्त १८, ७)।

घत्थ वि [ग्रस्त] गृहीत, पकडा हुआ (पिंड ११६)।

घत्थ वि [ग्रस्त] १ भक्षित, निगला हुआ, कवलित (पउम ७१, ५१, पण्ह १, ५)। २ आक्रान्त, अभिभूत (सुपा ३५२, महा)।

घम्म पु [घर्म] घाम, गरमी, संताप, धूप (दे १, ८७, गा ४१४)। २ पसीना, स्वेद (हे ४, ३२७)।

घम्मा स्त्री [घर्मा] पहली नरक-पृथिवी (ठा ७)।

घम्मोई स्त्री [दे] तृण विशेष (दे २, १०६)।

घम्मोडी स्त्री [दे] १ मध्याह्न काल। २ मशक, मच्छर, क्षुद्र जन्तु-विशेष। ३ ग्रामणी नामक-तृण (दे २, ११२)।

घय न [घृत] घी, घृत (हे १, १२६, सुर १६, ६३)। °आसव पुं [°आस्रव] जिसका वचन घी की तरह मधुर लगे ऐसा लब्धिमान् पुरुष (आवम)। °किट्ट न [°किट्ट] घी का मैल (धर्म २)। °किट्टिया स्त्री [°किट्टिका] घी का मैल (पव ४)। °गोल न [°गोल] घी और गुड की बनी हुई एक प्रकार की मिठाई, मिष्टान्न विशेष (सुपा ६३३)। °घट्ट पुं [°घट्ट] घी का मैल (बृह १)। °पुन्न पु [°पूर्ण] घेवर, मिष्टान्न विशेष (उप १४२ टी)। °पूर पु [° र] घेवर या घीवर मिष्टान्न विशेष (सुपा ११)। °पुस्समित्त पु [°पुष्यमित्र] एक जैन मुनि, आर्यरक्षित सूरि का एक शिष्य (आचू १)। °मंड पु [°मण्ड] ऊपर का घी, घृतसार (जीव ३)। °मिल्लिया स्त्री [°इलिका] घी का कीट, क्षुद्र जन्तु-विशेष (जो १६)। °मेह पु [°मेघ] घी के तुल्य पानी बरसने वाली वर्षा (ज ३)। °वर पु [°वर] द्वीप-विशेष (इक)। °सागर पु [°सागर] समुद्र विशेष (दीव)।

घयण पुं [दे] भाण्ड, भंडा, भडवा (उप पृ २०४, २७५, पचव ४)।

घयपूस पुं [घृतपुष्य] एक जैन महर्षि (कुलक २२)।

घर पुन [गृह] घर, मकान, गृह (हे २, १४४, ठा ५, आसू ७५)। °कुडी स्त्री [°कुटी] १ घर के बाहर की कोठरी। २ चौक के भीतर की कुटिया (ओघ १०५)। ३ स्त्री का शरीर (नदु)। °कोइला, °कोइलिआ स्त्री [°कोकिला] गृहगोधा छिपकली (पिंड, सुपा ६४०)। °गोली स्त्री [°गोली] गृह-गोधा, छिपकली (दे २, १०५)। °गोहिआ स्त्री [°गोधिका] छिपकली, जन्तु-विशेष (दे २, १९)। °जामाउय पुं [°जामातृक] घर-जमाई, ससुर घर में ही हमेशा रहनेवाला जामाता (णाया १, १६)। °त्थ पु [°स्थ] गृही, संसारी, घरबारी (आसू १३१)। °नाम न [°नामन्] असली नाम, वास्तविक नाम (महा)। °पाडय न [°पाटक] ढकी हुई जमीन वाला घर (पाअ)। °यार न [°द्वार] घर का दरवाजा (कप्प १९५)। °सउणि पुं [°शकुनि] पालतू जानवर (वव २)। °समुदाणिय पुं [समुदानिक] आजीविक मत का अनुयायी साधु (औप)। °सामि [°स्वामिन्] घर का मालिक (हे २, १४४)। °सामिणी स्त्री [°स्वामिनी] गृहिणी, स्त्री (पि ९२)। °सूर [°शूर] अलीक शूर, झूठा शूर, घर में ही बहादुरी दिखानेवाला (दे)।

घरगण न [गृहाङ्गण] घर का आंगन, चौक (गा ४४०)।

घरकूडी स्त्री [गृहकूटी] स्त्री-शरीर (तदु ४०)।

घरग देखो घर (जीव ३)।

घरघंट पु [दे] चटक, गौरैया पक्षी (दे २, १०७, पाअ)।

घरघरग पुं [दे] गला का आभूषण-विशेष (जं १)।

घरट्ट पु [घरट्ट] जाता, चक्की, अन्न पीसने का पाषाण यन्त्र (गा ८००, सण)।

घरट्ट पुं [दे] अरघट्ट, अरहट, पानी का चरखा (निचू १)।

घरट्टी स्त्री [घरट्टी] शतघ्नी, तोप (दे ३, १०)।

घरणी देखो घरिणी, 'तं वरघरणिं वरणि व' (७२८ टी, आसू ४५)।

घरयद पु [दे] आदर्श, दर्पण, शीशा (दे २, १०७)।

घरस पुं [दे. गृहवास] गृहाश्रम, गृहस्थाश्रम (बृह ३)।

घरसण देखो घसण (सण)।

घरिंत वि [गृहवत्] घरवाला, गृहस्थ (आवु ३५)।

थुण्ण वि [दे] दृप्त, अभिमानी (दे ५, २७)।

थुत्त न [स्तोत्र] स्तुति, स्तुति-पाठ (भवि)।

थुत्थुक्कारिय वि [थुथुत्कारित] धुतकारा हुआ, तिरस्कृत, अपमानित (भवि)।

थुथूकार पुं [थुथूत्कार] तिरस्कार (प्रयौ ८१)।

थुरुणुल्लणय न [दे] शय्या, बिछौना (दे ५, २८)।

थुल्लम पुं [दे] पट-कुटी, तंबू, वस्त्र-गृह, कपड-कोट, खेमा (दे ५, २८)।

थुल्ल वि [दे] परिवर्तित, बदला हुआ (दे ५, २७)।

थुल्ल वि [स्थूल] मोटा (हे २, ९९, प्रामा)।

थुल्ल वि [स्थूल] मोटा, तगडा। स्त्री. °ल्ली (पिंड ४२६)।

थुव देखो थुण। थुवइ (प्राकृ ६७)।

थुवअ वि [स्तावक] स्तुति करनेवाला (हे १, ७५)।

थुवण न [स्तवन] स्तुति, स्तव (कुप्र ३५१)।

थुव्व } देखो थुण।
थुव्वत }

थू अ निन्दा-सूचक अव्यय, 'थू निल्लज्जो लोओ' (हे २, २००, कुमा)।

थूण पुं [दे] अश्व, घोडा (दे ५, २९)।

थूण देखो तेण = स्तेन (हे २, १४७)।

थूणा स्त्री [स्थूणा] खम्भा, खूँटी (पड्, पण्ण १५)।

थूणाग पु [स्थूणाक] सन्निवेश विशेष, ग्राम-विशेष (आवम)।

थूथू अ [दे] घृणा सूचक अव्यय (चंड)।

थूभ पु [स्तूप] थूहा, टीला, ढूह, स्मृति स्तम्भ (विसे ६९८, सुपा २०९, कुप्र १६५, आचा २, १, २)।

थूभिया } स्त्री [स्तूपिका] १ छोटा स्तूप
थूभियागा } (ओघ ४३९, औप)। २ छोटा शिखर (सम १३७)।

थूरी स्त्री [दे] तन्तुवाय का एक उपकरण (दे ५, २८)।

थूल देखो थुल्ल (पाअ, पउम १४, ११३, उवा)। °भद्द पु [°भद्र] एक सुप्रसिद्ध जैन महर्षि (हे १, २५५, पडि)।

थूलघोण पु [दे] सूकर, वराह (दे ५,२९)।

थूव } देखो थूभ (दे ७, ४०, सुर १,
थूह } ५८)।

थूह पुं [दे] १ प्रासाद का शिखर (दे ५, ३२, पाअ)। २ चातक पक्षी। ३ वल्मीक, दीमक (दे ५, ३२)।

थेअ वि [स्थेय] १ रहने योग्य। २ जो रह सकता हो। ३ पु. फैसला करनेवाला, न्यायाधीश (हे ४, २६७)।

थेग पुं [दे] कन्द विशेष (आ २०, जी ९)।

थेज्ज न [स्थैर्य] स्थिरता (विसे १४)।

थेज्ज देखो थेअ (वव ३)।

थेण पु [स्तेन] चोर, तस्कर (हे १,१४७)।

थेणिल्लिअ वि [दे] १ हृत, छीना हुआ। २ भीत, डरा हुआ (दे ५, ३२)।

थेप्प देखो थिप्प। थेप्पइ (पि २०७, संक्षि ३४)।

थेर वि [स्थविर] १ वृद्ध, बूढ़ा (हे १,१६६। २, ८९, भग ९, ३३)। २ पु. जैन साधु (ओघ १७, कप्प)। °कप्प पु [°कल्प] १ जैन मुनियों का आचार-विशेष, गच्छ में रहनेवाले जैन मुनियों का अनुष्ठान। २ आचार-विशेष का प्रतिपादक ग्रन्थ (ठा ३, ४, ओघ ६७०)। °कप्पिय पु [°कल्पिक] आचार-विशेष का आश्रय करनेवाला, गच्छ मे रहनेवाला जैन मुनि (पव ७०)। °भूमि स्त्री [°भूमि] स्थविर का पद (ठा ३, २)। °वलि वि [°वलि] १ जैन मुनियों का समूह। २ क्रम से जैन मुनि गण के चरित्र का प्रतिपादक ग्रंथ विशेष (णंदि, कप्प)।

थेर पुं [दे. स्थविर] ब्रह्मा, विधाता (दे ५, २९, पाअ)।

थेरासण न [दे. स्थविरासन] पद्म, कमल (दे ५, २९)।

थेरिअ न [स्थैर्य] स्थिरता (कुमा)।

थेरिया } स्त्री [स्थविरा] १ वृद्धा, बुढ़िया
थेरी } (पाअ, ओघ २१ टी)। २ जैन साध्वी (कप्प)।

थेरोसण न [दे. स्थविरासन] अम्बुज, कमल, पद्म (पड्)।

थेव पुं [दे] बिन्दु (दे ५,२९, पाअ, पड्)।

थेव देखो थोव (हे २, १२५, पाअ, सुर १, १८१)। °कालिय वि [°कालिक] अल्प काल तक रहनेवाला (सुपा ३७५)।

थेवरिअ न [दे] जन्म-समय में बजाया जाता वाद्य (दे ५, २९)।

थोअ देखो थोव (हे २, १२५; गा ४९, गउड, संक्षि १)।

थोअ पुं [दे] १ रजक, धोबी। २ मूलक, मूला, कन्द विशेष (दे ५, ३२)।

थोअव्व } देखो थुण।
थोऊण }

थोक देखो थोक्क (प्राकृ ३८)।

थोक्क } देखो थोव (दे २, १२५, जो १)।
थोग }

थोडेरुय देखो घाडेरुय (उप ७२८ टी)।

थोणा देखो थूणा (हे १, १२५)।

थोत्त न [स्तोत्र] स्तुति, स्तव (हे २, ४५, सुपा २६६)।

थोत्तुं देखो थुण।

थोभ } पुं [स्तोभ, °क] 'च', 'वं' आदि
थोभय } निरर्थक अव्यय का प्रयोग, 'उय-वइकारा हत्ति य अकारणा थोमया हुंति' (बृह १; विसे ९९९ टी)।

थोर देखो थुल्ल (हे १, २५५; २, ९९; पउम २, १६; से १०, ४२)।

थोर वि [दे] क्रम से विस्तीर्ण अय च गोल (दे ५, ३०, वज्जा ३६)।

थोल पुं [दे] वस्त्र का एक देश (दे ५, ३०)।

थोव } वि [स्तोक] १ अल्प, थोडा (हे
थोवाग } २, १२५; उव; श्रा २७; ओघ २५९; विसे ३०३०)। २ पुं. समय का एक परिमाण (ठा २, ३; भग)।

थोह न [दे] बल, पराक्रम (दे ५, ३०)।

थोहर पुं स्त्री [दे] वनस्पति-विशेष, थूहर का पेड़, सेहुँड़ (सुपा २०३)। स्त्री. °री (उप १०३१ टी, जी १०; धर्म ३)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि थयाराइसद्दसंकलणो
चउव्वीसइमो तरंगो समत्तो ॥

द

द पुं [दे] दन्त स्थानीय व्यञ्जन-वर्ण विशेष (प्राप, प्राभा)।

दअच्छर पुं [दे] ग्राम-स्वामी, गाँव का अधिपति (दे ५, ३६)।

दअरी स्त्री [दे] सुरा, मदिरा, दारू (दे ५, ३४)।

दइ स्त्री [दृति] मशक, चर्म-निर्मित जल-पात्र (ओघ ३८)।

दइअ वि [दे] रक्षित (दे ५, ३५)।

दइअ पुंस्त्री [दृतिका] मशक, चर्म-निर्मित जल-पात्र, चमड़े का बना हुआ वह थैला जिसमें पानी भरकर लाते हैं, 'दइएण वत्थिणा वा' (पिंड ४२)। स्त्री. °आ (मणु १५२, पिंडभा १४)।

दइअ वि [दयित] १ प्रिय, प्रेम-पात्र 'जामो वरकामिणीदइओ' (सुर १, १८३)। २ अभीष्ट, वाञ्छित, 'अम्हाण मणोदइयं देसणमवि दुल्लहं मन्ने' (सुर ३, २३८)। ३ पुं पति, स्वामी, भर्ता (पाअ; कुमा)। °यम वि [°तम] १ अत्यन्त प्रिय। २ पुं. पति, भर्ता (पउम ७७, ९२)।

दइआ स्त्री [दयिता] स्त्री, प्रिया, पत्नी (कुमा; महा; सुर ४, १२९)।

दइच्च पुं [दैत्य] दानव, असुर (हे १, १५१; कुमा; पाअ)। °गुरु पुं [°गुरु] शुक्र, शुक्राचार्य (पाअ)।

दइन्न न [दैन्य] दीनता, गरीबपन, गरीबी (हे १, १५१)।

दइव पुं न [दैव] दैव, भाग्य, अदृष्ट, प्रारब्ध, पूर्व-कृतकर्म (हे १, १५३; कुमा, महा; पउम २८, ९०); 'महवा कुविओ दइवो पुरिसं किं हणइ लउडेण' (सुर ८, ३४)। °ज्ञ, °ण्णु पुं [°ज्ञ] ज्योतिषी, ज्योतिः-शास्त्र का विद्वान् (हे २, ८३; षड्)। देखो देव = दैव।

दइवय न [दैवत] देव, देवता (पण्ह २, १; हे १, १५१, कुमा)।

दइविग वि [दैविक] देव-संबन्धी, दिव्य, उत्तम (स ५०९)।

दइव्व देखो दइव (हे १, १५३, २, ९९, कुमा; पउम ९३, ४)।

दउत्ति (शौ) अ [द्राग्] शीघ्र, जल्दी (प्राकृ ९५)।

दउदर } न [दकोदर] रोग-विशेष,
दओदर } जलोदर, पानी से पेट का फूलना (णाया १, १३; विपा १, १)।

दओभास पुं [दकावभास] लवण-समुद्र में स्थित वेलंधर-नागराज का एक आवास-पर्वत (इक)।

दंठा देखो दाढा (नाट—मालती ५९)।

दंठि वि [दंष्ट्रिन्] बड़े दाँतवाला, हिंसक जन्तु (नाट—वेणी २४)।

दंड सक [दण्डय्] सजा करना, निग्रह करना। कवृ. दंडिज्जंत (प्रामू ६६)।

दंड पुं [दण्ड] १ जीव-हिंसा, प्राण-नाश (सम १, णाया १, १; ठा १)। २ अपराधी को अपराध के अनुसार शारीरिक या आर्थिक दण्ड, सजा, निग्रह, दमन (ठा ३, ३; प्रामू ९३, हे १, १२७)। ३ लाठी, यष्टि (उप ५३० टी, प्रामू ७४)। ४ दुःख-जनक, परिताप-जनक (आचा)। ५ मन, वचन और शरीर का अशुभ व्यापार (उत्त १९; दं ४६)। ६ छन्द विशेष (पिंग)। ७ एक जैन उपासक का नाम (संपा ६१)। ८ पुं न. परिमाण-विशेष, १९२ अंगुल का एक नाप (इक)। ९ आज्ञा (ठा ५, ३)। १० पुं न. सैन्य, लश्कर, फौज (पण्ह १; ४; ठा ५, ३)। °अल पुं [°कल] छन्द-विशेष (पिंग)। °जुद्ध न [°युद्ध] यष्टि-युद्ध (आचा)। °णायग पुं

[°नायक] १ दण्ड-दाता, अपराधविचार-कर्ता। २ सेनापति, सेनानी, प्रतिनियत सैन्य का नायक (पण्ह १, ४, औप, कप्प; णाया १, १)। °णीइ स्त्री [°नीति] नीति-विशेष, अनुशासन (ठा ९)। °पह पुं [°पथ] मार्ग-विशेष, सीधा मार्ग (सूअ १, १३)। °पासि पुं [°पार्श्विन्, °पाशिन्] १ दण्ड दाता। २ कोतवाल (राज, श्रा २७)। °पुंछणय न [प्रोञ्छनक] दण्डाकार झाड़ू (ज ५)। °भी वि [°भी] दण्ड से डरनेवाला, दण्ड-भीरु (आचा)। °लत्तिय वि [°लात] दण्ड लेनेवाला (वव १)। °वइ पुं [°पति] सेनानी, सेनापति (सुपा ३२३)। °वासिग, °वासिय पुं [दाण्डपाशिक] कोतवाल (कुप्र १५५, स २६५; उप १०३१ टी)। °वीरिय पुं [°वीर्य] राजा भरत के वंश का एक राजा, जिसको आदर्श-गृह में केवलज्ञान उत्पन्न हुआ था (ठा ८)। °रास पुं [°रास] एक प्रकार का नाच (कप्पू)। °इय वि [°यित] दण्ड की तरह लम्बा (कस, औप)। °यइय वि [°यतिक] पैर को दण्ड की तरह लम्बा फैलानेवाला (औप, कस, ठा ५, १)। °रक्खिग पुं [°रक्षिक] दण्डधारी प्रतीहार (निचू ९)। °रण्ण न [°रण्य] दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध जंगल (पउम ४१, १; ७९, ५)। °सणिय वि [°सनिक] दण्ड की तरह पैर फैला कर बैठनेवाला (कस)। देखो दंडग, दंडय।

दड पुं [दण्ड] १ दण्ड-नायक, सेनापति (वव १)। २ उबाल, उफान, 'उसिणोदग तिदडुक्कलियं फासुयजलति जइ कप्प' (पव १३६, पिंड १८, विचार २५७)।

दंडग } पुं [दण्डक] १ कर्ण कुण्डल नगर
दंडय } का एक राजा (पउम १, १९)। २ दण्डाकार वाक्य-पद्धति, ग्रन्थारा-विशेष (राज)। ३ भवनपति आदि चौबीस दण्डक, पद-विशेष (दं १)। ४ न. दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध जंगल (पउम ३१, २५)। °गिरि पुं [°गिरि] पर्वत विशेष (पउम ४२, १४)। देखो दंड (उप ८९१, बृह १, सूअ २, २, पउम ४०, १३)।

दंडण न [दण्डन] दण्ड-करण, शिक्षा (सूअ २, २, ८२; ८३)।

दंडपासिग पुं [दाण्डपाशिक] कोतवाल (मोह १२७)।

दंडलइअ वि [दण्डलातिक] दण्ड लेनेवाला, अपराधी (वव १)।

दडावण न [दण्डन] सजा कराना, निग्रह कराना (श्रा १४)।

दंडाविअ वि [दण्डित] जिसको दण्ड दिलाया गया हो वह (ओघ ५९७ टी)।

दंडि वि [दण्डिन्] १ दण्ड-युक्त। २ पुं. दण्डधारी प्रतीहार, दरबान (कुमा, जं ३)।

दंडि° देखो दडी (कुप्र ४४)।

दंडिअ पुं [दण्डिक] १ सामन्त राजा (पव २६८)। २ राज कुलानुगत पुरुष (पव ९१)। ३ दाण्डपाशिक, कोतवाल (धर्मसं ५९९)।

दंडिअ वि [दण्डित] जिसको सजा दी गई हो वह, कैदी (सुपा ४६२)।

दंडिअ वि [दण्डिक] १ दण्डवाला। २ पुं. राजा, नृप (वव ४)। ३ दण्ड-दाता, अपराध-विचार-कर्ता (वव १)।

दंडिआ स्त्री [दे] लेख पर लगाई जाती राज-मुद्रा, ठप्पा, मोहर (बृह १)।

दंडिक्किअ वि [दे] अपमानित, 'दडिक्किओ समाणो तमवद्दारेण नीणेइ' (उप ६४८ टी)।

दंडिणी स्त्री [दे.दण्डिनी] रानी, राज-पत्नी (पिंड ५००)।

दंडिम वि [दण्डिम] १ दण्ड से निर्वृत्त। २ न. सजा करके वसूल किया हुआ द्रव्य (णाया १, १—पत्र ३७)।

दंडी स्त्री [दे] १ सूत्र-कनक। २ साँधा हुआ वस्त्र युग्म (दे ५, ३३)। ३ साँधा हुआ जीर्ण वस्त्र (णाया १, १६—पत्र १९९, पण्ह १, ३—पत्र ५३)।

दंत वि [ददत्] दान कर्त्ता, दाता (पिंड ५९४)।

दंत पुं [दान्त] दो उपवास, बेला (संबोध ५८)।

दंत वि [दान्त] दो उपवास (संबोध ५८)।

दंत पुं [दे] पर्वत का एक देश (दे ५, ३३)।

दंत वि [दान्त] १ जिसका दमन किया गया हो वह, वश में किया हुआ, 'दतेण चित्तेण चरति धीरा' (आसू १६५)। २ जितेन्द्रिय (णाया १, १४, दस १०)।

दंत पुं [दन्त] दाँत, दशन (कुमा, कप्पू)। °कुडी स्त्री [°कुटी] दंष्ट्रा, दाढ (तंदु)। °च्छअ पुं [°च्छद] ओष्ठ, ओंठ, होठ (पाअ)। °धावण न [°धावन] १ दाँत साफ करना, दतवन करना। २ दाँत साफ करने का काष्ठ, दतवन (पण्ह २,४, निचू ३)। °पक्खालण न [°प्रक्षालन] वही पूर्वोक्त अर्थ (सूअ १, ४,२)। °पाय न [°पात्र] दाँत का बना हुआ पात्र (आचा २,६,१)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष (वव १)। °पहोयण न [°प्रधावन] देखो °धावण (दस ३)। °माल पुं [°माल] वृक्ष-विशेष (ज २)। °वक्क पुं [°वक्र] दन्तपुर नगर का एक राजा (वव १)। °वलहिया स्त्री [°वलभिका] उद्यान विशेष (स ७०)। °वाणिज्ज न [°वाणिज्य] हाथी-दाँत वगैरह दाँत का व्यापार (धर्म २)। °सार पुं [°कार] दाँत का काम करनेवाला शिल्पी (पण्ण १)।

दंतकार पुं [दन्तकार] दाँत बनानेवाला शिल्पी (अणु १४९)।

दंतकुंडी स्त्री [दन्तकुण्डी] दाढ, दंष्ट्रा (तंदु ४१)।

दंतवक्क पुं [दान्तवाक्य] चक्रवर्ती राजा (सूअ १, ६, २२)।

दंतवण न [दे. दन्तपवन] १ दन्त-शुद्धि। २ दतवन, दाँत साफ करने का काष्ठ (दे २, १२, ठा ९—पत्र ४६०, उवा, पव ४)।

दंतवण्ण पुंन [दे. दन्तपवन] दतवन (दस ३, ९)।

दंतसोहण न [दन्तशोधन] दतवन (उत्त १९, २७)।

दंताल पुस्त्री [दे] शस्त्र-विशेष, घास काटने का हथियार (सुपा ५२६)। स्त्री. °ली (कम्म १, ३६)।

दंति पु [दन्तिन्] १ हस्ती, हाथी (पाअ)। २ पर्वत-विशेष (पउम १५, ९)।

दंतिअ पुं [दे] शशक, खरगोश, खरहा (दे ५, ३४)।

दंतिंदिअ वि [दान्तेन्द्रिय] जितेन्द्रिय, इन्द्रिय-निग्रही (ओघ ४९ भा)।

दंतिक न [दे] चावल का आटा (बृह १)।
दंतिकण न [दे] मांस (धर्मसं ९९१)।
दंतिया स्त्री [दन्तिका] एक वृक्ष विशेष, बड़ी सतावर (पण्ण १—पत्र ३२)।
दंती स्त्री [दन्ती] स्वनाम ख्यात वृक्ष (पण्ण १—पत्र ३६)।
दंतुक्खलिय पु [दन्तोलूखलिक] तापस-विशेष, जो दाँतों से ही व्रीहि या धान वगैरह को निस्तुष कर खाते हैं (निर १, ३)।
दंतुर वि [दन्तुर] उन्नत दाँतवाला, जिसके दाँत उभड़-खाबड़ हों। २ ऊँचा-नीचा स्थान; विषम स्थान (दे २, ७७)। ३ आगे आया हुआ, आगे निकल आया हुआ (कप्पू)।
दंतुरिय वि [दन्तुरित] ऊपर देखो, 'विचित्त-पागायपंतिदंतुरियं' (उव १०३; टी, सुपा २०२)।
दंद पु [द्वन्द्व] १ व्याकरण-प्रसिद्ध उभयपद-प्रधान समास (अणु)। २ न. परस्पर-विरुद्ध शीत-उष्ण, सुख-दुःख आदि युग्म। ३ कलह, क्लेश। ४ युद्ध, संग्राम (सुपा १४७, कुमा)।
दंपइ पुं ब. [दम्पति] स्त्री-पुरुष युगल—जोड़ा, पति-पत्नी; 'ते दंपईउ तह तह धम्मम्मि समुज्जमा निच्चं' (सिरि २४८)।
दंभ पु [दम्भ] १ माया, कपट (हे १, १२७)। २ छन्द-विशेष (पिंग)। ३ ठगाई, वञ्चना (पव २)।
दंभग वि [दम्भक] दम्भी, पाखंडी, ठग, धूर्त, 'दंभगो त्ति निम्मच्छिपो' (सुख २, १७)।
दंभोलि पु [दम्भोलि] वज्र (कुप्र २७०)।
दंस सक [दर्शय्] दिखलाना, बतलाना। दंसइ (हे ४, ३२, महा)। वट्ट. दंसंत, दंसिंत, दंसअंत (भग, सुपा ६२, अभि १८४)। कवट्ट. दंसिज्जंत (सुर २, १६६)। संकृ. दंसिअ (नाट)। कृ. दंसियव्व (सुपा ४५४)।
दंस सक [दश्] काटना, दाँत से काटना। दंसइ (नाट—साहित्य ७३)। दंसेदु (आचा)। वट्ट. दंसमाण (आचा)।
दंस पु [दंश] १ डाँस, बड़ा मच्छर (भग, आचा)। २ दन्त-क्षत, सर्प या अन्य किसी विषैले कीड़े से काटा हुआ घाव (हे १, २६० टि)।
दंस पुं [दर्श] सम्यक्त्व, तत्त्व-श्रद्धा (आवम)।
दंसग वि [दर्शक] दिखलानेवाला (स ४८१)।
दंसण पुंन [दर्शन] १ अवलोकन, निरीक्षण (पुप्फ १२४; स्वप्न २६)। २ चक्षु, नेत्र, आँख (से १, १७)। ३ सम्यक्त्व, तत्त्व-श्रद्धा (ठा १; ५. ३)। ४ सामान्य ज्ञान, 'जं सामन्नग्गहणं दंसणमेयं' (सम्म ५५)। ५ मत, धर्म। ६ शास्त्र-विशेष (ठा ७, ८; पंचा १२)। °मोह न [°मोह] तत्त्व-श्रद्धा का प्रतिबन्धक कर्म-विशेष (कम्म १, १४)। °मोहणिज्ज न [°मोहनीय] कर्म-विशेष (ठा २, ४, भग)। °वरण न [°वरण] कर्म-विशेष, सामान्य-ज्ञान का आवरक कर्म (ठा ६)। °वरणिज्ज न [°वरणीय] पूर्वोक्त ही अर्थ (सम १५)। देखो दरिसण।
दंसण न [दंशन] दाँत से काटना (से १, १७)।
दंसणि वि [दर्शनिन्] १ किसी धर्म का अनुयायी (सुपा ४६६)। २ दार्शनिक, दर्शन-शास्त्र का जानकार (कुप्र २६, कुम्मा २१)। ३ तत्त्व-श्रद्धालु (अणु)।
दंसणिआ स्त्री [दर्शनिका] दर्शन, अवलोकन, 'चंदसूरदंसणिया' (औप; णाया १, १)।
दंसणिज्ज } वि [दर्शनीय] देखने योग्य,
दंसणीअ } दर्शन-योग्य (सूप २, ७, अभि ६८, महा)।
दंसाय सक [दर्शय्] दिखलाना। दंसावेइ (प्राप्र ७१)।
दंसावण न [दर्शन] दिखाना (उप २११ टी)।
दंसाविअ वि [दर्शित] दिखलाया हुआ (सुपा ३८६)।
दंसि वि [दर्शिन्] देखनेवाला (आचा, कुप्र ४१; द २१)।
दंसिअ वि [दर्शित] दिखलाया हुआ (पच)।
दंसिअ
दंसित
दंसिज्जंत
दंसियव्व } देखो दंस = दर्शय्।
दक्ख वि [दष्ट] जो दाँत से काटा गया हो वह (पउ)।
दक्खय सक [दृश्] देखना, अवलोकन करना। दक्खामि, दक्खामो (अभि ११६; विक २७)। प्रयो. दक्खावइ (वि ५५४)। कर्म. दीसइ (उव)। कवकृ. दिस्समाण, दीसंत, दीसमाण (भाव ५; गा ७३; नाट—चैत ७१)। संकृ. दक्खु, दट्ठु, दट्ठुआण, दट्ठुं, दट्ठूण, दट्ठूणं, दिस्स, दिस्सं, दिस्सा (कप्प; पड्; कुमा; महा, वि ५८५; सूप १, ३, २, १; वि ३३४)। हेकृ. दट्ठुं (कुमा)। कृ. दट्ठव्व, दिट्ठव्व (महा, उत्तर १०७)।
दक्खव सक [दर्शय्] दिखलाना, 'सोवि हु दक्खइ बहुकोउयमंततंताइं (सुपा २३२)।
दक्ख वि [दक्ष] १ निपुण, चतुर, होशियार (कप्प; सुपा २८६; श्रा २८)। २ पुं. भूतानन्द नामक इन्द्र के पदाति-सैन्य का अधिपति देव (ठा ५, १; इर)। ३ भगवान् मुनिसुव्रत-स्वामी का एक पौत्र (पउम २१, २७)।
दक्खय° देखो दक्खया (पउम ५३, ७६; कुमा)।
दक्खयज्ज पुं [दे] गृध्र, गीध, पक्षि-विशेष (दे ५, ३४)।
दक्खयण न [दर्शन] १ अवलोकन, निरीक्षण। २ वि. देखनेवाला, निरीक्षक (कुमा)।
दक्खव सक [दर्शय्] दिखलाना, बतलाना। दक्खवइ (हे ४, ३२)।
दक्खविअ वि [दर्शित] दिखलाया हुआ (पाअ, कुमा)।
दक्खा स्त्री [द्राक्षा] १ वल्ली-विशेष, दाख या अंगूर का पेड़। २ फल-विशेष, दाख, अंगूर (कप्पू, सुपा २६७, ५३६)।
दक्खायणी स्त्री [दाक्षायणी] गौरी, शिव-पत्नी (पाअ)।
दक्खिण वि [दक्षिण] १ दक्षिण दिशा में स्थित (सुर ३, १८, गउड)। २ निपुण, चतुर (प्राप्र)। ३ दिव्य, अनुकूल। ४ प्रशस्य, श्रेष्ठ, दक्षिणा (कुमा, सौप)। °पच्छिमा स्त्री [°पश्चिमा] दक्षिण और पश्चिम के बीच की दिशा, नैऋत कोण (आवम)। °पुव्वा स्त्री [°पूर्वा] अग्नि-कोण (पंच १)। देखो दाहिण।
दक्खिणत्त वि [दाक्षिणात्य] दक्षिण दिशा में उत्पन्न (राज)।
दक्खिणा स्त्री [दक्षिणा] १ दक्षिण दिशा (जी १)। २ दक्षिण देश (कप्पू)। ३ धर्म-

कर्म का पारितोषिक, दान, भेंट (कप्पू, सूअ २, ५)। °कंखि वि [°काङ्क्षिन्] दक्षिणा का अभिलाषी (पउम ३०, ६३)। °यण न [°यन] १ सूर्य का दक्षिण दिशा में गमन। २ कर्क की संक्रान्ति से धन की संक्रान्ति तक के छ मास का काल (जो १)। °वध, °वह पुं [°पथ] दक्षिण देश (कप्पू, १४२ टी)।

दक्खिणापुव्वा देखो दक्खिण-पुव्वा (पव १०६)।

दक्खिणिल्ल वि [दाक्षिणात्य] दक्षिण दिशा में उत्पन्न या स्थित (सम १००, पउम ६, १५६)।

दक्खिणेय वि [दाक्षिणेय] जिसको दक्षिणा दी जाती हो वह (विसे ३२७१)।

दक्खिण्ण } न [दाक्षिण्य] १ मुलाहजा,
दक्खिन्न } मुरव्वत, 'दक्खिण्णेण वि एतो सुहम सुहावेसि अम्ह हिअआइ' (गा ८५, स्वप्न ६८)। २ उदारता, औदार्य। ३ सरलता, मार्दव (सुर १, ६५, २, ६२, प्रासू ८)। ४ अनुकूलता (दस २)।

दक्खिय वि [दर्शित] दिखलाया हुआ (भवि)।

दक्खु देखो दक्ख = दृश्।

दक्खु देखो दक्ख = दक्ष (सूअ १, २, ३)।

दक्खु वि [पश्य, द्रष्टृ] १ देखनेवाला। २ पु. सर्वज्ञ, जिन-देव (सूअ १, २, ३)।

दक्खु वि [दृष्ट] १ विलोकित। २ पु सर्वज्ञ, जिन-देव (सूअ १, २, ३)।

दग न [दक] १ पानी जल (सं ५१, दं ३४, कप्प)। २ पु ग्रह विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष (ठा २, ३)। ३ लवण-समुद्र मे स्थित एक आवास पर्वत (सम ६८)। °गब्भ पुं [°गर्भ] अभ्र, बादल (ठा ४, ४)। °तुंड पु [°तुण्ड] पक्षि विशेष (पण्ह १, १)। °पंचवन्न पु [°पञ्चवर्ण] ज्योतिष्क देव-विशेष, एक ग्रह का नाम (ठा २, ३)। °पासाय पु [°प्रासाद] स्फटिक रत्न का बना हुआ महल (ज १)। °पिप्पली स्त्री [°पिप्पली] वनस्पति विशेष (पण्ण १)। °भास पु [°भास] वेलंधर नागराज का एक आवास पर्वत (सम ७३)। °मचग पु [°मञ्चक] स्फटिक रत्न का मञ्च (जं १)। °मडव पुं [°मण्डप] १ मण्डप विशेष, जिसमें पानी टपकता हो (पण्ह २, ५)। २ स्फटिक रत्न का बनाया हुआ मण्डप (जं १)। °मट्टिया, °मट्टी स्त्री [°मृत्तिका] १ पानीवाली मिट्टी (बृह ४, पडि)। २ कला विशेष (जं २)। °रक्खस पुं [°राक्षस] जल-मानुष के आकार का जतु-विशेष (सूअ १, ७)। °रय पुंन [रजस्] उदक बिन्दु, जल-कणिका (कप्प)। °वण्ण पुं [°वर्ण] ज्योतिष्क ग्रह विशेष (सुज्ज २०)। °वारग, °वारय पु [°वारक] पानी का छोटा घड़ा (राय, णाया १, २)। °सीम पुं [°सीमन्] वेलंधर नागराज का एक आवास-पर्वत (राज)।

दग न [दक] स्फटिक रत्न (राय ७५)। °सोयरिअ वि [°शौकरिक] सांख्य मत का अनुयायी (पिंड ३१४)।

दग्धा देखो दा।

दच्छ देखो दक्ख = दृश्। भवि. दच्छं दच्छसि, दच्छिहिसि (प्राप्र, उत्त २२, ४४, गा ८१६)।

दच्छ देखो दक्ख = दक्ष, 'रोगसमदच्छ ओसह' (उप ७२८ टी, पण्ह २, ३—पत्र ४५, हे २, १७)।

दच्छ वि [दे] तीक्ष्ण, तेज (दे ५, ३३)।

दज्झत } देखो दह = दह।
दज्झमाण }

दट्ठ वि [दष्ट] जिसको दांत से काटा गया हो वह (षड्, महा)।

दट्ठ वि [दृष्ट] देखा हुआ, विलोकित (राज)।

दट्ठंतिय वि [दार्ष्टान्तिक] जिसपर दृष्टान्त दिया गया हो वह अर्थ (उप पृ १४३)।

दट्ठव्व } देखो दक्ख = दृश्।
दट्ठु }

दट्ठु वि [द्रष्टृ] देखनेवाला, प्रेक्षक, दर्शक (विसे १८९५)।

दट्ठुआण }
दट्ठु }
दट्ठूण } देखो दक्ख = दृश्।
दट्ठूणं }

दडवड पुं [दे] १ घाटी, दर्रा, अवस्कन्द (दे ५, ३५, हे ४, ४२२, भवि)। २ शीघ्र, जल्दी (चंड)।

दडि स्त्री [दे] वाद्य विशेष (भवि)।

दड्ढ वि [दग्ध] जला हुआ (हे १, २१७, भग)।

दडढालि स्त्री [दे] दव-मार्ग (षड्)।

दढ वि [दृढ] १ मजबूत, बलवान्, पोढ (औप, से ८, ६०)। २ निश्चल, स्थिर, निष्कम्प (सूअ १, ४, १, था २८)। ३ समर्थ, क्षम (सूअ १, ३, १)। ४ अति-निबिड, प्रगाढ (राय)। ५ कठोर, कठिन (पंचा ४)। ६ क्रिवि. अतिशय, अत्यन्त (पंचा १, ७)। °केउ पुं [°केतु] ऐरवत क्षेत्र के एक भावी जिन-देव का नाम (पव ७)। °णेमि देखो °नेमि (राज)। °धणु [°धनुष्] १ ऐरवत क्षेत्र के एक भावी कुलकर का नाम (सम १५३)। २ भरत-क्षेत्र के एक भावी कुलकर का नाम (राज)। °धम्म वि [°धर्मन्] १ जो धर्म में निश्चल हो (बृह १)। २ देव विशेष का नाम (आवम)। °धिईय वि [°धृतिक] अतिशय धैर्यवाला (पउम २९, २२)। °नेमि पुं [°नेमि] राजा समुद्रविजय का एक पुत्र, जिसने भगवान् नेमिनाथ के पास दीक्षा ली थी और सिद्धाचल पर्वत पर मुक्ति पाई थी (अंत १४)। °पइण्ण वि [°प्रतिज्ञ] १ स्थिर प्रतिज्ञ, सत्य-प्रतिज्ञ। २ पुं. सूर्याभ देव का आगामी जन्म में होनेवाला नाम (राय)। °प्पहारि वि [°प्रहारिन्] १ मजबूत प्रहार करनेवाला। २ पु जैनमुनि विशेष, जो पहले चारों का नायक था और पीछे से दीक्षा लेकर मुक्त हुआ था (णाया १, १८, महा)। °भूमि स्त्री [°भूमि] एक गाँव का नाम (आवम)। °मूढ वि [°मूढ] नितान्त मूर्ख (दे १, ४)। °रह पुं [°रथ] १ एक कुलकर पुरुष का नाम (सम १५०)। २ भगवान् श्री शितलनाथजी के पिता का नाम (सम १५१)। °रहा स्त्री [°रथा] लोकपाल आदि देवो के अग्र महिषियो की बाह्य परिषद् (ठा ३, १—पत्र १२७)। °उ पुं [°युष्] भगवान् महावीर के समय

में तीर्थंकर नामकर्म उपार्जन करने वाला एक मनुष्य (ठा ९—पत्र ४५५)। २ भरत-क्षेत्र के एक भावी कुलकर पुरुष का नाम (सम १५४)।

दढगालि स्त्री [दे] वस्त्र-विशेष, धोया हुआ सदश वस्त्र (पव ८४; दसनि १, ४६ टी) देखो दाढगालि।

दढिअ वि [दृढित] दृढ़ किया हुआ (कुमा)।

दणु } पुं [दनुज] दैत्य, दानव (हे १, दणुअ } २६७, कुमा, षड्)। °इंद, °एंद पुं [°इन्द्र] १ दानवों का अधिपति (गउड, से १, २)। २ रावण, लंकापति (पउम ६९, १०)। °वइ पुं [°पति] देखो °इंद (पउम १, १, ७२, ६० सुपा ४५)।

दत्त वि [दत्त] १ दिया हुआ, दान किया हुआ, वितीर्ण (हे १, ४६)। २ न्यस्त, स्थापित (जं १)। ३ पुं. स्व नाम-ख्यात एक श्रेष्ठि-पुत्र (उप ५६२; ७६८ टी)। ४ भरत-वर्ष के एक भावी कुलकर पुरुष (सम १५३)। ५ चतुर्थ बलदेव के पूर्व-जन्म का नाम (सम १५३)। ६ भरत-क्षेत्र में उत्पन्न एक अर्ध-चक्रवर्ती राजा, एक वासुदेव (सम ६३)। ७ भरत-क्षेत्र में अतीत उत्सर्पिणी काल में उत्पन्न एक जिन-देव (पव ७)। ८ एक जैनमुनि (आव)। ९ नृप-विशेष (विपा १, ७)। १० एक जैन आचार्य (कुप्र ६)। ११ न. दान, उत्सर्ग (उत्त १)।

दत्त न [दात्र] दाँती, घास काटने का हँसिया (दे १, १४)।

दत्ति स्त्री [दत्ति] एक बार में जितना दान दिया जाय वह, अविच्छिन्न रूप से जितनी भिक्षा दी जाय वह (ठा ५, १, पंचा १८)।

दत्तिय पुंस्त्री [दत्तिका] ऊपर देखो, 'संखो दत्तियम्मि' (पव ९)।

दत्तिय पुं [दात्रिक] वायु पूर्ण चर्म (राज)।

दत्तिया स्त्री [दात्रिका] १ छोटी दाँती, घास काटने का शस्त्र विशेष (राज)। २ देनेवाली स्त्री, दान करनेवाली स्त्री (पाअ २)।

दत्यार पुं [दे] हस्त-ताडक, कर-ताडक (दे ५, ३४)।

ददंत देखो दा।

दद्दर पुं [दे. दर्दर] कुतुप आदि के मुँह पर बाँधा जाता कपडा (पिंड ३४७; ३५६; राय ६८; १००)।

दद्दर वि [दे. दर्दर] १ घना, प्रचुर, अत्यन्त, 'गोसीससरसरत्तचदणदद्दरदिण्णपंचंगुलितला' (सम १३७)। २ पुं. चपेटा, हस्त-तल का आघात (सम १३७, औप, णाया १, ८)। ३ आघात, प्रहार, 'पामदद्दरएणं कंपयंतेव मेइणितल' (णाया १, १)। ४ वचनाटोप (पण्ह १, ३—पत्र ४४)। ५ सोपान-वीथी, सीढी (सम १३७)। ६ वाद्य-विशेष (ज २)।

दद्दरिगा देखो दद्दरिया (राय ४६)।

दद्दरिया स्त्री [दे. दर्दरिका] १ प्रहार, आघात (णाया १, १६)। २ वाद्य-विशेष (राय)।

दद्दु पुं [दद्रु] दाद, क्षुद्र कुष्ठ-रोग (भग ७, ६)।

दद्दुर पुं [दर्दुर] प्रहार, आघात (धर्मवि ८५)।

दद्दुर पुं [दर्दुर] १ भेक, मेढक, बेंग (सुर १०, १८७, प्रासू ४५)। २ चमडे से अवनद्ध मुँहवाला कलश (पण्ह २, ५)। ३ देव-विशेष (णाया १, १३)। ४ राहु, ग्रह-विशेष (सुज्ज १९)। ५ पर्वत विशेष (णाया १, १६)। ६ वाद्य-विशेष (दे ७, ६१, गउड)। ७ न दर्दुर देव का सिंहासन (णाया १, १३)। °वडिंसय न [°वतंसक] देव-विशेष, सौधर्म देवलोक का एक विमान (णाया १, १३)।

दद्दुरी स्त्री [दर्दुरी] स्त्री-मेढक, भेकी (णाया १, १३)।

दद्दुल वि [दद्रुमत्] दाद-रोगवाला (सिरि ११६)।

दधि देखो दहि (सम ७०, सि ३७९)।

दद्ध देखो दड्ढ (सुर २, ११२; सि २२२)।

दप्प पुं [दर्प] १ अहंकार, अभिमान, गर्व (प्रासू ११२)। २ बल, पराक्रम, जोर (से ४, ३)। ३ पुष्टता, ढिठाई (भग १२, ५)। ४ अरुचि से काम का आसेवन (निचू १)।

दप्पण पुं [दर्पण] १ काच, शीशा, आरसी (णाया १, १; प्रासू १११)। २ वि. दर्प-जनक (पण्ह २, ४)।

दप्पणिज्ज वि [दर्पणीय] बल-जनक, पुष्टि-कारक (णाया १, १, पण्ण १७, औप, कप्प)।

दप्पि वि [दर्पिन्] अभिमानी, गर्विष्ठ (कप्पू)।

दप्पिअ वि [दर्पिक] दर्प-जनित (उत्तर १३१)।

दप्पिअ वि [दर्पित] अभिमानी, गर्वित (सुर ७, २००, पण्ह १, ४)।

दप्पिट्ठ वि [दर्पिष्ठ] अत्यन्त अहंकारी (सुपा २२)।

दप्पुल्ल वि [दर्पवत्] अहंकारवाला (हे २, १५९, षड्)।

दब्भ पुं [दर्भ] तृण विशेष, डाभ, काश, कुशा (हे १, २१७)। °पुप्फ पुं [°पुष्प] साँप की एक जाति (पण्ह १, १—पत्र ८)।

दब्भायण } न [दार्भायन, दार्भ्यायन]
दब्भियायण } चित्रा-नक्षत्र का गोत्र (इक, सुज्ज १०)।

दब्भिय न [दार्भिक] गोत्र-विशेष (सुज्ज १०, १६ टी)।

दम सक [दमय्] निग्रह करना, दमन करना, रोकना। दमेइ (स २८९)। कर्म. दम्मइ (उव)। कवकृ. दम्मंत (उव)। संकृ. दमिऊण (कुप्र ३९३)। कृ. दमियव्व, दम्म, दमेयव्व (काल, आचा २, ४, २, उव)।

दम पुं [दम] १ दमन, निग्रह। २ इन्द्रिय-निग्रह, बाह्य वृत्ति का निरोध (पण्ह २, ४; णंदि)। °घोस पुं [°घोष] चेदि देश के एक राजा का नाम (णाया १, १६)। °दंत पुं [°दन्त] १ हस्तिशीर्षक नगर के एक राजा का नाम (उप ६४८ टी)। २ एक जैन मुनि (विसे २७९९)। °धर पुं [°धर] एक जैन मुनि का नाम (पउम २०, १९३)।

दमग देखो दमय (णाया १, १६; गुप्त ३८५, पव ३, निचू १५, कुप्र १; उव)।

दमग वि [दमक] दमन करनेवाला (निचू ९)।

दमग देखो दमणक (राय १४; १२१)।

दमण न [दमन] १ निग्रह, दान्ति। २ वश में करना, काबू में करना, 'संविदिपमज्जणं' (आव ४०)। ३ जलाना, पीड़ा (पण्ह १,

३)। ४ पशुओं को दी जाति शिक्षा (पउम १०३, ७१)।

दमणक } पुन [दमनक] १ दौना, सुगन्धित
दमणग } पत्रवाली वनस्पति-विशेष (पण्ह
दमणय } २, ५, पण्ण १, गउड)। छन्द-विशेष (पिंग)। ३ गन्ध-द्रव्य-विशेष (राज)।

दमदमा अक [दमदमाय्] आडम्बर करना। दमदमाइ, दमदमाअइ (हे ३, १३८)।

दमय वि [दे. द्रमक] दरिद्र, रंक, गरीब (दे ५, ३४, विसे २८४५)।

दमयती स्त्री [दमयन्ती] राजा नल की पत्नी का नाम (पडि, कुप्र ५४, ५६)।

दमि वि [दमिन्] जितेन्द्रिय (उत्त २२)।

दमिअ वि [दमित] निगृहीत, रोका हुआ (गा ८२३, कुप्र ४८)।

दमिल पु [द्रविड] १ एक भारतीय देश। २ पुल्ली. उसके निवासी मनुष्य, द्राविड (कुप्र १७२, इक, औप)। स्त्री. °ली (णाया १, १, इक, औप)।

दमेयव्व } देखो दम = दमय्।
दम्म }

दम्म पुं [द्रम्म] सोने का सिक्का, सोना-मोहर (उप पृ ३८७, हे ४, ४२२)।

दम्मत देखो दम = दमय्।

दय सक [दय्] १ रक्षण करना। २ कृपा करना। ३ चाहना। ४ देना। दयइ (आचा)। वकृ दअत, दअमाण। (से १२, ६४, ३, १२, अभि १२)।

दय न [दे दक] जल, पानी (दे ५, ३३, बृह १)। °सीम पुं [°सीमन्] लवण-समुद्र में स्थित एक आवास पर्वत (सम ६८)।

दय न [दे] शोक, अफसोस दिलगीरी (दे ५, ३३)।

दय देखो दव = दव (से १, ५१, १२, ९५)।

°दय वि [°दय] देनेवाला (कप्प, पडि)।

दया स्त्री [दया] करुणा, अनुकम्पा, कृपा (दस ९, १)। °वर वि [°पर] दयालु (पउम २६, ४०, उप पृ १९१)।

दयाइअ वि [दे] रक्षित (दे ५, ३५)।

दयालु वि [दयालु] दयावाला, करुण (हे १, १७७, १८०, पउम १९, ३१, सुपा ३४०, श्रा १६)।

दयावण } वि [दे] दीन, गरीब, रंक (दे
दयावन्न } ५, ३५, भवि, पउम ३३, ८६)।

दर सक [दृ] आदर करना। दरइ (षड्)।

दर पुन [दर] भय, डर (कुमा)। २ अ. ईषत्, थोडा, अल्प (हे २, २१५)।

दर पुन [दर] १ गुफा, कन्दरा। २ गर्त, गड्ढा, गढा या गढहा, दरार, 'ते य दरा मिढया ते य' (धर्मवि १४०)।

दर न [दे] अर्द्ध, आधा (दे ५, ३३, भवि, हे २, २१५, बृह ३)।

दरदर पु [दे] उल्लास (दे ५, ३७)।

दरमत्ता स्त्री [दे] बलात्कार, जबरदस्ती (दे ५, ३७)।

दरमल सक [मर्दय्] १ चूर्ण करना, विदारना। २ आघात करना। दरमलइ (भवि)। वकृ. दरमलत (भवि)।

दरमलिय वि [मर्दित] आहत, चूर्णित (भवि)।

दरवलिअ वि [दे] उपभुक्त (कुमा)।

दरवल्ल पु [दे] ग्राम स्वामी, गांव का मुखिया (दे ५, ३६)। °णिहेल्लय न [दे] शून्य गृह, खाली घर (दे ५, ३७)। °वल्लह पुं [वल्लभ] १ दयित, प्रिय (दे ५, ३७)। २ कातर, डरपोक (षड्)। °विंदर वि [दे] १ दीर्घ, लम्बा। २ विरल (दे ५, ५२)।

दरस (शौ) देखो दरिस। दरसेदि (प्राकृ ९९)।

दरि न [दरी] कन्दरा, गुफा, 'दरीणि वा' (आचा २, १०, २)।

दरि° देखो दरी। °अर पुं [°चर] किंनर (से ९, ४४)।

दरिअ वि [दृप्त] गर्विष्ठ, अभिमानी (हे १, १४४ पाअ)।

दरिअ वि [दीर्ण] १ डरा हुआ, भीत (कुमा, सुपा ६४५)। २ फाडा हुआ, विदारित (अत ७)।

दरिअ (अप) पुं [दरिद्र] छन्द विशेष (पिंग)।

दरिआ स्त्री [दरिका] कन्दरा, गुफा (नाट—विक्र ८४)।

दरिद्द वि [दरिद्र] १ निर्धन, निःस्व, धन-रहित। २ दीन, गरीब (पाअ; प्रासू २३, कप्पू)।

दरिद्दि } वि [दरिद्रिन्, °क] ऊपर देखो,
दरिद्दिय } 'अम्हे दरिद्दिणो, कहं विवाहमंगलं रन्नो य पूयं करेमो' (महा, सण, पि २५७)।

दरिद्दिय वि [दरिद्रित] दुःस्थित, जो धन-रहित हुआ हो (महा, पि २५७)।

दरिद्दीहूय वि [दरिद्रीभूत] जो निर्धन हुआ हो (ठा ३, १)।

दरिस सक [दर्शय्] दिखलाना, बतलाना। दरिसइ, दरिसेइ (हे ४, २२, कुमा, महा)। वकृ. दरिसंत (सुपा २४)। कृ. दरिसणिज्ज, दरिसणीय (औप, पि १३५, सुर १०, ९)।

दरिसण देखो दंसण = दर्शन (हे २, १०५)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष (इक)। °आवरणी स्त्री [°आवरणी] विद्या विशेष (पउम ५९, ४०)।

दरिसणिज्ज न [दर्शनीय] १ आकृति रूप। २ अवलोकन (तदु ३९)।

दरिसणिज्ज } देखो दरिस। २ न. भेंट, उप-
दरिसणीय } हार, गहिऊण दरिसणीय संपत्तो राइणो मूलं' (सुर १०, ९)।

दरिसाव देखो दरिस। वकृ दरिसावत (उप पृ १८८)।

दरिसाव पु [दर्शन] दर्शन, साक्षात्कार, 'एसो य महप्पा कइवयवरेसु दरिसावं दाऊण पडिनियत्तइ' (महा), पईव इव दाउ खणमेग दरिसाव पुणोवि अदृसणीहोइ' (सुपा ११५)।

दरिसाव पुं [दर्शन] दिखावा (वव १)।

दरिसावण न [दर्शन] १ दर्शन, साक्षात्कार (आव १)। २ वि. दर्शक, दिखलानेवाला (भवि)।

दरिसि वि [दर्शिन्] देखनेवाला (उवा, पि १३५, स ७२७)।

दरिसिअ वि [दर्शित] दिखलाया हुआ (कुमा, उव)।

दरी स्त्री [दरी] गुफा, कन्दरा (णाया १, १, से ९, ४४, उप पृ २६८, स ४१३)।

दरुम्मिल्ल वि [दे] घन, निबिड (दे ५, ३७)।

दल सक [दा] देना, दान करना, अर्पण करना। दलइ (कप्प कस), 'जं तस्स मोल्लं तमहं दलामि' (उप २११ टी)। वकृ. दलमाण, दलेमाण (कप्प, णाया १, १६,—पत्र २०४, ठा ४, २—पत्र २१६) संकृ. दलित्ता (कप्प)।

दल अक [दल्] १ विकसना। २ फटना, खण्डित होना, द्विधा होना, 'अहिसअरकिरणणिउरंबचुंबिअं दलइ कमलवणं' (गा ४९५), 'कुडयं दलइ' (कुमा)। वकृ. दलंत (से १, ५८)।

दल सक [दलय्] चूर्ण करना, टुकडे-टुकडे करना, विदारना। वकृ. 'निम्मूल दलमाणो सयलतरसत्तुसिन्नबल' (सुपा ८५)। कवकृ. दलिज्जंत (से ६, ६२)। संकृ. दलिऊण (कुमा)।

दल न [दल] १ सैन्य लश्कर, फौज (कुमा)। २ पत्र, पत्ता, पखडी या पँखुडी, तूहवल्लहस्स गोसम्मि आसि अहरो मिलाणकमलदलो' (हेका ५१, गा ५; १८०; २५७, ३९६, ५६२, ५९१, सुपा ६३८)। ३ धन, सम्पत्ति। ४ समूह, समुदाय, गरोह (सुपा ६३८)। ५ खण्ड, भाग, अंश (से ६, ६२)।

दलण न [दलन] १ पीसना, चूर्णन (सुपा १४, ६१९)। २ वि. चूर्ण करनेवाला (सुपा २३४, ४६७, कुप्र १३२, ३८३)।

दलमाण देखो दल = दा।

दलमाण देखो दल = दलय्।

दलमल देखो दरमल। वकृ. दलमलत(भवि)।

दलय देखो दल = दा। दलयइ (औप)। भवि. दलइस्सति (औप)। वकृ. दलयमाण (णाया १, १—पत्र ३७, ठा ३, १—पत्र ११७)। संकृ. दलइत्ता (औप)।

दलय सक [दापय्] दिलाना दलयइ (कप्प)।

दलवट्ट देखो दरमल। दलवट्टइ (भवि)।

दलवट्टिय देखो दलमलिय (भवि)।

दलाव सक [दापय्] दिलाना। दलावेइ (पि ५५२)। वकृ. दलावेमाण (ठा ४, २)।

दलिअ वि [दलित] १ विकसित, खिला हुआ (से १२, १)। २ पीसा हुआ (पाअ), 'दलिअनपसालितंदुलधवलमि अक्खाउ रायमु' (गा ६९१)। ३ विदारित, खण्डित (से १, १५६, सुर ४, १५२)।

दलिअ न [दलिक] १ चीज, वस्तु द्रव्य (ओघ ५५), 'जह जोगम्मिवि दलिए सव्वम्मि न वीरए पडिमा' (विसे १६३४)। २ परिणत (बृह० क० भा० उ० ४)।

दलिअ वि [दे] १ निकूणिताक्ष, जिसने टेढी नजर की हो वह। २ न. उँगली (दे ५, ५२)। काष्ठ, लकडी (दे ५, ५२, पाअ)।

दलिज्जंत देखो दल = दलय्।

दलिद्द देखो दरिद्द (हे १, २५४, गा २३०)।

दलिद्दा अक [दरिद्रा] दुर्गत होना, दरिद्र होना। दलिद्दाइ (हे १, २५४)। भूका. दलिद्दाईअ (सक्षि ३२)।

दलिल्ल वि [दलवत्] दल-युक्त, दलवाला (सण)।

दलेमाण देखो दल = दा।

दव सक [द्रु] १ गति करना। २ छोडना। दवए (विसे २८)।

दव पुं [दव] १ जंगल का अग्नि, वन की आग (दे ५, ३३)। २ वन, जंगल। °ग्गि पुं [°ग्नि] जंगल का अग्नि (हे १, १७७, प्राप्र)।

दव पुं [द्रव] १ परिहास (दे ५, ३३)। २ पानी, जल (पचव २)। ३ पनीली वस्तु, रसीली चीज (विसे १७०७)। ४ वेग, 'दवदवचारी' (सम ३७)। ५ संयम, विरति (आचा)। °कर वि [°कर] परिहासकारक (भग ९, ३३)। °कारी, °गारी स्त्री [°कारी] एक प्रकार की दासी, जिसका काम परिहासजनक बातें कर जी बहलाना होता है (भग ११, ११, णाया १, १ टी. पत्र ४३)।

दवण न [दवन] यान, वाहन (सूअनि १०८)।

दवणय देखो दमणय (भवि)।

दवदव } अ [द्रवद्रवम्] शीघ्र, जल्दी;
दवदवस } 'दवदवचरा पमत्तजणा' (संबोध १४; उत्त १७, ८), 'दवदवस्स न गच्छेज्जा' (दस ५, १, १४), 'जह वणदवो वणं दवदवस्स जलिओ खणेण निद्दहइ' (धर्मवि ८६)।

दवदवा स्त्री [द्रवद्रवा] वेगवाली गति, 'नाऊण गयं सुहिय नयरजणो धाविओ दवदवाए' (पउम ८, १७३)।

दवर पु [दे] १ तन्तु, डोरा, धागा (दे ५, ३५, आवम)। २ रज्जु, रस्सी (णाया १, ८)।

दवरिया स्त्री [दे] छोटी रस्सी (विसे)।

दवहुत्त न [दे] ग्रीष्म मुख, ग्रीष्म काल का प्रारम्भ (दे ५, ३६)।

दवाव सक [दापय्] दिलाना। दवावेइ (महा)। वकृ. दवावेमाण (णाया १, १४)। संकृ. दवावेऊण (महा)। हेकृ. दवावेत्तए (कस)।

दवावण न [दापन] दिलाना (निचू २)।

दवाविअ वि [दापित] दिलाया हुआ (सुपा १३०, स १९३, महा, उप पृ ३८५, ७२८ टी)।

दविअ पुन [द्रव्य] १ अन्वयी वस्तु, जीव आदि मौलिक पदार्थ, मूल वस्तु (सम्म ६, विसे २०३१)। २ वस्तु, गुणाधार पदार्थ (ओघ ५, आचा, कप्प)। ३ वि. भव्य, मुक्ति के योग्य (सूअ १, २, १)। ४ भव्य, सुन्दर, शुद्ध (सूअ १, १६)। ५ राग-द्वेष से विरहित, वीतराग (सूअ १, ८)। °णुओग पु [°नुयोग] पदार्थ विचार, वस्तु की मीमांसा (ठा १०)। देखो दव्व।

दविअ वि [द्रविक] संयम वाला, संयम युक्त, संयमी (आचा)।

दविअ वि [द्रवित] द्रव-युक्त, पनीली वस्तु (ओघ)।

दविड देखो दविल (सुपा ५८०)।

दविडी स्त्री [द्राविडी] लिपि विशेष, तामिल भाषा (विसे ४६४ टी)।

दविण न [द्रविण] धन, पैसा, संपत्ति (पाअ, कप्प)।

दविय न [द्रव्य] १ घास का जंगल, वन में घास के लिए सरकार से अवरुद्ध भूमि (आचा २, ३, ३, १)। २ तृण आदि द्रव्य-समुदाय (सूअ २, २, ८)।

दविल पुं [द्रविड] १ देश-विशेष दक्षिण देश विशेष, मद्रास प्रांत। पुंस्त्री. द्रविड देश का निवासी मनुष्य, द्राविड (पण्ह १, १—पत्र १४)।

दव्व देखो दविअ = द्रव्य (सम्म १२, भग, विसे २८, अणु उत्त २८)। ६ धन, पैसा, संपत्ति (पाअ, प्रासू १३१)। ७ भूत या भविष्य पदार्थ का कारण (विसे २८, पंचा ६)। ८ गौण, अप्रधान। ९ बाह्य, अन्तव्य (पंचा ४; ६)। °ट्ठिय पुं [°र्थिक, °स्तिक, °स्तिक] द्रव्य को ही प्रधान माननेवाला

पक्ष, नय-विशेष, 'दव्वट्ठियस्स सव्वं सया अणुप्पन्नमविणट्ठं' (सम्म ११; विसे ४५७)। °लिंग न [°लिङ्ग] बाह्य वेष (पंचा ४)। °लिंगि वि [°लिङ्गिन्] भेषधारी साधु (गु १०)। °लेस्सा स्त्री [°लेश्या] शरीर आदि पौद्गलिक वस्तु का रंग, रूप (भग)। °वेय पुं [°वेद] पुरुष आदि का बाह्य आकार (राज)। °यरिय पुं. [°ाचार्य] अप्रधान आचार्य, आचार्य के गुणों से रहित आचार्य (पंचा ६)।

दव्व न [द्रव्य] योग्यता, 'समयम्मि दव्वसद्दो पाय ज जोग्गयाए रूढो त्ति, णिरूवचरितो' (पचा ६, १०)।

दव्वहलिया स्त्री [द्रव्यहलिका] वनस्पति-विशेष (पण्ण १—पत्र ३५)।

दव्वि° देखो दव्वी (पड्)।

दव्विंदिअ न [द्रव्येन्द्रिय] स्थूल इन्द्रिय (भग)।

दव्वी स्त्री [दर्वी] १ कर्छी, कलछी, चमची, डोई (पाअ)। २ सांप की फन (दे ५, ३७)। °अर °कर पु [°कर] सांप, सर्प (दे ५, ३७, पण्ण १)।

दव्वी स्त्री [दे] वनस्पति-विशेष (पण्ण १—पत्र ३४)।

दस त्रि. ब. [दशन्] दस, नौ और एक (हे १, १६२, ठा ३, १—पत्र ११९, सुपा २६७)। °उर न [°पुर] नगर विशेष (विसे २३०३)। °कंठ पु [°कण्ठ] रावण, एक लंका-पति (से १५, ६१)। °कधर पुं [°कन्धर] राजा रावण (गउड) °कालिय न [°कालिक] एक जैन आगम ग्रंथ (दसनि १)। °ग न [°क] दश का समूह (दं ३८, नव १२)। °गुण वि [°गुण] दस गुना (ठा १०)। °गुणिअ वि [°गुणित] दस-गुना (भग, श्रा १०)। °ग्गीव पु [°ग्रीव] रावण (पउम ७३, ८)। °दसमिया स्त्री [°दशमिका] जैन साधु का एक धार्मिक अनुष्ठान, प्रतिमा विशेष (सम १००)। °दिवसिय वि [°दिवसिक] दस दिन का (णाया १, १—पत्र ३७)। °द्ध पुंन [°र्ध] पांच, ५ (सम ६०, णाया १, १)। °धणु पुं [°धनुष्] ऐरवत क्षेत्र के एक भावी कुलकर पुरुष (सम १५३)। °पएसिय वि [°प्रादेशिक] दस अवयव-वाला (ठा १०)। °पुर देखो °उर (महा)। °पुव्वि वि [°पूर्विन्] दस पूर्व-ग्रन्थों का अभ्यासी (ओघ १)। °बल पु [°बल] भगवान् बुद्ध (पाअ, हे १, २६२)। °म वि [°म] १ दसवाँ (राज)। २ चार दिनों का लगातार उपवास (आचा णाया १, १, सुर ४, ५५)। °मभत्तिय वि [°मभक्तिक] चार दिनों का लगातार उपवास करनेवाला (पण्ह २, ३)। °मासिअ वि [°मासिक] दस मासे का तौलवाला दस मासे का परिमाणवाला (कप्पू)। °मी स्त्री [°मी] १ दसवीं। २ तिथि विशेष (सम २९)। °मुद्दियाणतग न [°मुद्रिकानन्तक] हाथ की उंगलियों की दस अंगूठियां (औप)। °मुह पुं [°मुख] रावण, राक्षस पति (हे १, २६२, प्राप्र, हेका ३३४)। °मुहसुअ पुं [°मुखसुत] रावण का पुत्र, मेघनाद आदि (से १३, ९०)। °य देखो °ग (ठा १०)। °रत्त न [°रात्र] दस रात (विपा १, ३)। °रह पुं [°रथ] १ रामचन्द्रजी के पिता का नाम (सम १५२, पउम २०, १८३)। २ अतीत उत्सर्पिणी-काल में उत्पन्न एक कुलकर पुरुष (ठा ९—पत्र ४४७)। °रहसुय पुं [°रथसुत] राजा दशरथ का पुत्र—राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न (पउम ५९, ८७)। °वअण पु [°वदन] राजा रावण (से १०, ५)। °वल देखो °बल (प्राप्र)। °विह वि [°विध] दस प्रकार का (कुमा)। °वेआलिअ न [°वैकालिक] जैन आगम ग्रन्थ-विशेष (दसनि १, णंदि)। °हा अ [°धा] दस प्रकार से (जी २४)। °ाणण पुं [°ानन] राक्षसेश्वर रावण (से ३, ६३)। °ाहिया स्त्री [°ाहिका] पुत्र-जन्म के उपलक्ष्य में किया जाता दस दिनों का एक उत्सव (कप्प)।

दसग वि [दशक] दस वर्ष की उम्र का (तंदु १७)।

दसण पुं [दशन] १ दांत, दन्त (भग कुमा)। २ न. दंश, काटना (पव ३८)। °च्छय पुं [°च्छद] होठ, अधर, ओठ (सुर १२, २३४)।

दसण्ण पु [दशार्ण] देश-विशेष (उप २११ टी, कुमा)। °कूड न [°कूट] शिखर-विशेष (आवम)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष (ठा १०)। °भद्द पु [°भद्र] दशार्णपुर का एक विख्यात राजा, जो अद्वितीय आडम्बर से भगवान् महावीर को वन्दन करने गया था और जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी (पडि)। °वइ पुं [°पति] दशार्ण देश का राजा (कुमा)।

दसतीण न [दे] धान्य विशेष (पण्ण १—पत्र ३४)।

दसन्न देखो दसण्ण (सत्त ६७ टी)।

दसा स्त्री [दशा] १ स्थिति, अवस्था (गा २२७, २८४, प्रासू ११०)। २ सौ वर्ष के प्राणी की दस-दस वर्ष की अवस्था (दसनि १)। ३ सूत या ऊन का छोटा और पतला धागा (ओघ ७२५)। ४ ब. जैन आगम-ग्रन्थ विशेष (अणु)।

दसार पुं [दशार्ह] १ समुद्रविजय आदि दश यादव (सम १२९, हे २, ८५, अंत २, णाया १, ४—पत्र ९९)। २ वासुदेव, श्रीकृष्ण (णाया १, १६)। ३ बलदेव (आवम)। ४ वासुदेव की संतति (राज)। °णेउ पुं [°नेतृ] श्रीकृष्ण (उव)। °नाह पु [°नाथ] श्रीकृष्ण (पाअ)। °वइ पुं [°पति] श्रीकृष्ण (कुमा)।

दसिया देखो दसा (सुपा ६४१)।

दसु पुं [दे] शोक, दिलगीरी (दे ५, ३४)।

दसुत्तरसय न [दशोत्तरशत] १ एक सौ दस। २ वि. एक सौ दसवां, ११० वां (पउम ११०, ४५)।

दसुय पु [दस्यु] लुटेरा, डाकू, चोर, तस्कर (उत्त १०, १६)।

दसेर पु [दे] सूत कनक (दे ५, ३३)।

दस्स देखो दस = दर्शय्। कृ. दस्सणीअ (स्वप्न ६५)।

दस्सण देखो दसण (मे २१)।

दस्सु पुं [दस्यु] चोर, तस्कर (श्रा २७)।

दह सक [दह्] जलना, भस्म करना। दहइ (महा)। कर्म. दहिज्जइ (हे ४, २५६), दज्झइ (आचा)। कृ. दहंत (श्रा २८)।

कवकृ. दज्झंत, दज्झमाण (नाट—मालती ३०, पि २२२)।

दह पुं [द्रह] ह्रद, बडा जलाशय, झील, सरोवर (भग, उवा, णाया १, ४—पत्र ९६, सुपा १३७)। °फुल्लिया स्त्री [°फुल्लिका] वल्ली विशेष (पण्ण १)। °वई, °वई स्त्री [°वती] नदी विशेष (ठा २, ३—पत्र ८०, जं ४)।

दह देखो दस (हे १, २६२, द १२, पि २६२, पउम ७८, २५, से १३, ९४, प्राप्र, से १४, १६, ३, ११, १०, ४ पउम ८, ४४, प्राप्र)।

दहण न [दहन] १ दाह भस्मीकरण। २ पुं. अग्नि, वह्नि (पण्ह १, १, उप पृ २२, सुपा ४७४, था २८)।

दहणी स्त्री [दहनी] विद्या विशेष (पउम ७ १३८)।

दहबोल्ली स्त्री [दे] स्थाली, थलिया, थरिया (दे ५, ३६)।

दहावण वि [दाहक] जलानेवाला (सण)।

दहि न [दधि] दही, दूध का विकार (ठा ३ १, णाया १, १, प्राप्र)। °घण पु [°घन] दधि पिण्ड, अतिशय जमा हुआ दही (पण्ण १७—पत्र ५२९)। °मुह पु [°मुख] १ द्वीप विशेष (पउम ५१, १)। २ एक नगर (पउम ५१, २)। ३ पर्वत विशेष (राज)। °वण्ण, °वन्न पु [°पर्ण] १ एक राजा, नृप-विशेष (कुप्र ६९)। २ वृक्ष-विशेष (औप, सम १५२, पण्ण १—पत्र ३१)। °वासुया स्त्री [°वासुका] वनस्पति-विशेष (जीव ३)। °वाहण पु [°वाहन] नृप विशेष (महा)। °सर पुं [°सर] खाद्य-द्रव्य विशेष, मलाई, (दे ३, २९, ५, ३६)।

दहि त्रि [दधि] १ दही 'जुन्हादहीय महणेण' (धर्मवि ५५) 'अयतु दही' (सूप्र २,१,१६)। २ तेला, लगातार तीन दिन का उपवास (संबोध ५८)।

दहिउप्फ न [दे] नवनीत, नैनूं मक्खन (दे ५, ३५)।

दहिट्ठ पुं [दे] वृक्ष विशेष, कपित्थ कैथ या कैथ का पेड़ (दे ५, ३५)।

दहिण देखो दाहिण (नाट—वेणी ६७)।

दहित्थर } पु [दे] दधिसर, दही पर की
दहित्थार } मलाई, खाद्य विशेष (दे ५, ३६)।

दहिमुह पु [दे] कपि, वानर (दे ५, ४४)।

दहिय पु [दे] पक्षि विशेष, 'ज लावयतित्ति-रिदहियमोरं मारति अद्दोस वि के वि घोर' (कुप्र ४२७)।

दा सक [दा] देना, उत्सर्ग करना। दाइ देइ (भवि हे २, २०६, आचा, महा, कस)। भवि दाह दाहामि, दाहिमि (हे ३, १७०, आचा)। कर्म दिज्जइ (हे ४ ४३८)। वकृ. दित, देंत, ददत, देयमाण (सुर १, २१२, गा २३, ४६४, हे ४, ३७९, बृह १, णाया १, १४—पत्र १८६)। कवकृ. दिज्जत, दिज्जमाण, दीअमाण (गा १०१, सुर ३, ७९ १०, ५, सम ३९, सुपा ५०२, मा ३३)। सकृ. दच्चा दाउ, दाऊण (विपा १, १, पि ५८७, कुमा, उव)। हेकृ दाउ (उवा)। कृ दायव्व, देय (सुर १, ११०, सुपा २३३, ४४४, ५३२)। हेकृ. देव (अप) (हे ४, ४४१)।

दा° देखो दग। °थालग न [°स्थालक] जल से गीला थाल (भग १५—पत्र ६८०)। कलस पुं [°कलश] पानी का छोटा घडा। °कुंभ [°कुम्भ] जल का घडा। °वरग पु [°वारक] जल का पात्र-विशेष (भग १५—पत्र ६८०)।

दा देखो ता = तावत् (से ३, १०)।

दाअ देखो दाव = दर्शय्। दाएइ (विसे ८४४)। कर्म. दाइज्जइ (विसे ४६०)। कवकृ दाइज्जमाण (कप्प)।

दाअ पु [द] प्रतिभू जामिनदार, जमानत करनेवाला (दे ५, ३८)।

दाअ पु [दाय] दान, उत्सर्ग (णाया १, १ पत्र ३७)।

दाइ वि [दायिन्] दाता, देनेवाला (उप पृ १६२)।

दाइअ वि [दर्शित] दिखलाया हुआ (सिरि १०१२)।

दाइअ पु [दायिक] १ पैतृक संपत्ति का हिस्सेदार (उप पृ ४७, महा)। २ गोत्रिक, समान-गोत्रीय (कप्प)।

दाइज्जमाण देखो दाअ = दर्शय्।

दाइज्जय न [दैयक] पाणिग्रहण के समय वर-वधू को दिया जाता द्रव्य (सिरि ४६९)।

दाउ वि [दातृ] दाता, देनेवाला (महा, सं १, सुपा १९१)।

दाउ देखो दा = दा।

दाओयरिय वि [दाकोदरिक] जलोदर रोग-वाला (विपा १, ७)।

दाक्खव (अप) देखो दक्खव। दाक्खवइ (प्राकृ ११९)।

दाघ देखो दाह (हे १, २६४)।

दाडिम न [दाडिम] फल विशेष, अनार (महा)।

दाडिमी स्त्री [दाडिमी] अनार का पेड (पि २४०)।

दाढगालि देखो दढगालि (दसनि १,४६ टी)।

दाढा स्त्री [दंष्ट्रा] बडा दांत, दन्त विशेष, चौभड, चहू, दाढ (हे २, १३०, गउड)।

दाढि वि [दंष्ट्रिन्] १ दाढ़ावाला। २ पु, हिंसक पशु (वेणी ४६)। सूअर, वराह, 'किं दाढीमयभीओ नियय गुह केसरी रियइ' (पउम ७, १८)।

दाढिआ स्त्री [दे] दाढी, मुख के नीचे का भाग, श्मश्रु ठुड्ढी के नीचे या ठूंठी पर के बाल (दे २, १०१)।

दाढिआलि } स्त्री [दंष्ट्रिकावलि] १ दाढा
दाढिगालि } की पंक्ति। २ वस्त्र विशेष (बृह ३, जीत)।

दाण पुन [दान] १ दान, उत्सर्ग त्याग 'एए हवंति दाणा' (पउम १४, ५४ कप्प, प्रासू ४८ ९७ १७२)। २ हाथी का मद (पाम षड् गउड)। ३ जो दिया जाय वह (गउड)। °विरय पु [°विरत] एक राजा (सुपा १००)। °साला स्त्री [°शाला] सत्रागार (ती ८)।

दाणंतराय न [दानान्तराय] कर्म विशेष, जिसके उदय से दान देने की इच्छा नहीं होती है (राय)।

दाणपारमिया स्त्री [दानपारमिता] दान, उत्सर्ग समर्पण 'देतस्स हिरन्नादी अन्नस्स देहमादियं चेव। अग्गहणिणिवित्ती जा तट्ठा सा दाणपारमिया' (धर्मसं ७३७)।

दाणव पु [दानव] दैत्य, असुर, दनुज (दे १, १७७ अच्चु ४१, प्रासू ८६)।

दाणविंद पु [दानवेन्द्र] असुरों का स्वामी (णाया १, ८, पउम ६२, ३६, प्रासू १०७)।

दाणि स्त्री [दे] शुल्क, चुंगी (सुपा ३९०, ५४८)।

दाणि | अ [इदानीम्] इस समय, अभी
दाणिं | (प्रति ३९, स्वप्न २०, हे १, २९,
दाणीं | ४, २७७ अभि ३७, स्वप्न ३३)।

दाथ वि [द्वा स्थ] १ द्वार पर स्थित। २ पुं प्रतीहार, द्वारपाल, चपरासी (दे ६,७२)।

दादलिआ स्त्री [दे] अंगुली उंगली (दे ५, ३८)।

दापण न [दापन] दिलाना, 'अब्भुट्ठाण अंजलिकरण तहेवासणदापणं' (सत्त २९ टी)।

दाम न [दामन्] १ माला, स्रज् (पण्ह १, ४, कुमा)। २ रज्जु रस्सी (गा १७२, हे १, ३२)। ३ पु. वेलंधर नागराज का एक आवास-पर्वत (राज)। °वंत वि [°वत्] मालावाला (कुमा)।

दामट्ठि पु [दामस्थि] सौधर्म देवलोक के इन्द्र के वृषभ-सैन्य का अधिपति देव (इक)।

दामड्ढि पु [दामर्द्धि] ऊपर देखो (ठा ५, १—पत्र ३०३)।

दामण न [दामन] बन्धन, पशुओं का रस्सी से नियन्त्रण (पव ३८)।

दामण स्त्रीन [दामनी] पशु को बांधने की डोरी—रस्सी, पगहा (धर्मवि १४४)। स्त्री. °णा (सुज १०, ८)।

दामणी स्त्री [दामनी] १ पशुओं को बांधने की रस्सी (भग १६, ६)। २ भगवान् कुन्थुनाथ की मुख्य शिष्या (तित्थ)। ३ स्त्री और पुरुष का रज्जु के आकारवाला एक शुभ लक्षण (पण्ह २, ४ टी—पत्र ८४, पण्ह २, ४—पत्र ६८, ७९, जं २)।

दामणा स्त्री [दे] १ प्रसव, प्रसूति। २ नयन, आंख (दे ५, ५२)।

दामिय वि [दामित] संयमित नियन्त्रित (सण)।

दामिली स्त्री [द्राविडी] द्रविड देश की लिपि में निबद्ध एक मन्त्र विद्या (सूप २, २)।

दामी स्त्री [दामी] लिपि विशेष (सम ३५)।

दामोअर पुं [दामोदर] १ श्रीकृष्ण वासुदेव (ती ४)। २ अतीत उत्सर्पिणी काल में भरत-क्षेत्र में उत्पन्न नववाँ जिनदेव (पव ७)।

दायग वि [दायक] दाता, देनेवाला (उप ७२८ टी महा, सुर २, ४४, सुपा ३७८)।

दायण न [दान] देना, 'दायणे अ निकाए अ अब्भुट्ठाणेत्ति आवरे' (सम २१), 'तवो-विहाण तह दाणदाप (? य) ण' (सत्त २९)।

दायणा स्त्री [दापना] पृष्ट अर्थ की व्याख्या (विसे २९३२)।

दायय देखो दायग 'अजिअसंतिथयया हुंतु मे सिवसुहाण दायया' (अजि ३४)।

दायव्व देखो दा = दा।

दायाद पु [दायाद] पैतृक संपत्ति का भागीदार, पुत्र, सपिंड कुटुम्बी (आचा)।

दायार वि [दायार] याचक, प्रार्थी (कप्प)।

दार सक [दारय्] विदारना, तोड़ना, चूर्ण करना। वकृ. दारंत (कुमा)।

दार पु [दे] कटी-सूत्र, कांची (दे ५, ३८)।

दार पुन [दार] कलत्र, स्त्री, महिला (सम ५०, स १३७, सुर ७, २०१, प्रासू ९५) 'दव्वेण अप्पकालं गहिया वेसावि होइ परदार' (सुपा २८०)।

दार न [द्वार] दरवाजा, निकलने का मार्ग (औप, सुपा ३६७)। °गला स्त्री [°गेला] दरवाजे का आगल (गा ३२२)। °ट्ठ, °त्थ वि [°स्थ] १ द्वार पर स्थित। २ पु. दरवान, प्रतीहार (बृह १, दे २, ५२)। °पाल, °वाल पु [°पाल] दरवान, द्वार-रक्षक (उप ५३० टी, सुर १०, १३९, महा)। °वालय, °वालिय पुं [°पालक, पालिक] दरवान, प्रतीहार (पउम १७, १९, सुपा ४६६)।

दार } पु [दारक] शिशु बालक, बच्चा
दारग } (उप पृ ३०८ सुर १५, ११९, कप्प)। देखो दारय।

दारछत्ता स्त्री [दे] पेटी, संदूक (दे ५, ३८)।

दारय वि [दारक] करनेवाला, विध्वंसक (कुप्र १३०)। २ देखो दारग (कप्प)।

दारिअ वि [दारित] विदारित, फाड़ा हुआ (पाम)।

दारिआ स्त्री [दारिका] लड़की (स्वप्न १५, णाया १, १६, महा)।

दारिआ स्त्री [दे] वेश्या, वारांगना (दे ५, ३८)।

दारिद्द न [दारिद्र्य] १ निर्धनता। २ दीनता (गा ६७१, महा, प्रासू १७३)। ३ आलस्य (प्रामा)।

दारिद्दिय वि [दारिद्रित] दरिद्रता-प्राप्त, दरिद्र (पउम ५५, २५)।

दारु न [दारु] काष्ठ, लकड़ी (सम ३९, कुप्र १०४, स्वप्न ७०)। °गाम पु [°ग्राम] ग्राम विशेष (पउम ३०, ६०)। °दंडय पुन [°दण्डक] काष्ठ दण्ड, साधुओं का एक उपकरण (कस)। °पव्वय पु [°पर्वत] पर्वत विशेष (जीव ३)। °पाय न [°पात्र] काष्ठ का बना हुआ भाजन (ठा ३, ३)। °पुत्तय पु [°पुत्रक] कठपुतली (अच्चु ८२)। °मंड पुं [°मण्ड] भरत-क्षेत्र के एक भावी जिन देव के पूर्व जन्म का नाम (सम १५४)। °संकम पु [°सङ्क्रम] काष्ठ का बना हुआ पुल, सेतु (आचा)।

दारुअ पु [दारुक] १ श्रीकृष्ण वासुदेव का एक पुत्र, जिसने भगवान् नेमिनाथ के पास दीक्षा लेकर उत्तम गति प्राप्त की थी (अंत ३)। २ श्रीकृष्ण का एक सारथि (णाया १, १६)। ३ न काष्ठ, लकड़ी (पउम २६, ९)।

दारुइज्ज वि [दारुकीय] काष्ठ निर्मित, लकड़ी का बना हुआ। °पव्वय पु [पर्वत] काष्ठ का बना हुआ मालूम पड़ता पर्वत (राय ७५)।

दारुण वि [दारुण] १ विषम, भयंकर, भीषण (णाया १, २, पाअ गउड)। २ क्रोध युक्त, रौद्र (वव १)। ३ न कष्ट दुःख (स ३२२)। ४ दुर्भिक्ष अकाल (उप १३९ टी)।

दारुणी स्त्री [दारुणी] विद्यादेवी विशेष (पउम ७ १४०)।

दालण न [दारण] विदारण, खण्डन (पण्ह १, १)।

दालि स्त्री [दे, दालि] १ दाल, दला हुआ चना, अरहर, मूँग आदि अन्न (सुपा ११, सण)। २ राजि, रेखा, लकीर (ओघ ३२३)।

दालिअ न [दे] नेत्र, आंख (दे ५, ३८)।

दालिद्द देखो दारिद्द (हे १, २५४, प्राप्र ७०)।

दालिद्दिय देखो दारिद्दिय (सुर १३, ११६, वज्जा १३८)।

दालिम देखो दाडिम (प्राप्र)।

°दालियव न [दालिकाम्ल] दाल का बना हुआ खाद्य विशेष (पण्ह २, ५)।

दालिया स्त्री [दालिका] देखो दालि (उवा)।

दाली देखो दालि (ओघ ३२३)।

दाव सक [दर्शय्] दिखलाना, बतलाना। दावइ, दावेइ (हे ४, ३२, गा ३१५)। वकृ. दावंत (गा ६२०)।

दाव सक [दापय्] दिलाना, दान करवाना। दावेइ (कम)। वकृ. दावेंत (पउम ११७, २६, सुपा ६१८)। हेकृ. दावेत्तए (कप्प)।

दाव देखो ताव = तावत् (से ३, २६; स्वप्न १२; अभि ३६)।

दाव पुं [दाव] १ वन, जंगल। २ देव, देवता (से ६, ४३)। ३ जंगल का अग्नि (पाअ)। °ग्गि पुं [°ग्नि] जंगल की आग (हे १, ६७)। °णल, °नल पुं [°नल] जंगल की आग (सण, सुपा १६७, पडि)।

दावण न [दामन] छान, पशुओं को पैर में बाँधने की रस्सी (कुप्र ४३६)।

दावण न [दापन] दिलाना (सुपा ४६६)।

दावणया स्त्री [दापना] दिलाना (स ५१, पडि)।

दावद्दव पुं [दावद्रव] वृक्ष-विशेष (णाया १, ११—पत्र १७१)।

दावर पु [द्वापर] १ युग विशेष, तीसरा युग। २ न. द्विक, दो, 'नो तियं नो चेव दावरं' (सूअ १, २, २, २३)। °जुग्म पुं [°युग्म] राशि विशेष (ठा ४, ३—पत्र २३७)।

दावाय सक [दापय्] दिलाना। संकृ. दावावेऊ (महा)।

दाविअ वि [दर्शित] दिखलाया हुआ, प्रदर्शित (पाअ, से १, ५३, ५, ८०)।

दाविअ वि [दापित] दिलाया हुआ (सुपा २४१)।

दाविअ वि [द्रावित] १ भगाया हुआ, दौड़ाया हुआ। २ नरम किया हुआ (पण्ह ८८)।

दावेंत देखो दाव = दापय्।

दास पु [दर्श] दर्शन, अवलोकन (षड्)।

दास पु [दास] १ नौकर, कर्मकर (हे २, २०६, सुपा १२२, प्राप्र १७५; स १८, कप्पू)। २ धीवर, मल्लाह 'केवट्टो धीवरो दासो' (पाअ)। °चेड, °चेटग पुं [°चेट] १ छोटे उम्र का नौकर। २ नौकर का लड़का (महा, णाया १, २)। °सच्च पु [°सत्य] श्रीकृष्ण (अच्चु १७)।

दासरहि पुं [दाशरथि] राजा दशरथ का पुत्र रामचन्द्र (से १, १४)।

दासी स्त्री [दासी] नौकरानी (औप, महा)।

दासीखब्बडिया स्त्री [दासीकर्बटिका] जैन मुनियों की एक शाखा (कप्प)।

दाह पुं [दाह] १ ताप, जलन, गरमी। २ दहन, भस्मीकरण (हे १, २६४, प्राप्र १८)। ३ रोग विशेष (विपा १, १)। °ज्जर पुं [°ज्वर] ज्वर-विशेष (सुपा ३११)। °वक्कंतिय वि [°व्युत्क्रान्तिक] जिसको दाह उत्पन्न हुआ हो वह (णाया १, १—पत्र ६४)।

दाहं देखो दा = दा।

दाहग वि [दाहक] जलानेवाला (उवर ८१)।

दाहण न [दाहन] जलाना, भस्म कराना (पउम १०२, १६१)।

दाहविय वि [दाहित] जलवाया हुआ, आग लगवाया हुआ (हम्मीर २७)।

दाहिण देखो दक्खिण (भग, कम, हे १, ४५, २, ७२, गा ४३३, ८१६)। °दारिय वि [°द्वारिक] दक्षिण दिशा में जिसका द्वार हो वह। २ न. अश्विनी-प्रमुख सात नक्षत्र (ठा ७)। °पच्चत्थिम वि [°पश्चिमीय] दक्षिण और पश्चिम दिशा के बीच का भाग, नैर्ऋत कोण (भग)। °पह पुं [°पथ] १ दक्षिण दशा की ओर का रास्ता। २ दक्षिण दशा 'गच्छामि दाहिणपहं' (पउम ३२, १३)। °पुरत्थिम वि [°पूर्वीय] दक्षिण और पूर्व दिशा के बीच का भाग, अग्नि-कोण (भग)। °वत्त वि [°वर्त] दक्षिण में आवर्तवाला (शंख आदि) (ठा ४, २—पत्र २१६)।

दाहिणा देखो दक्खिणा (ठा ६, सुपा १०)।

दाहिणिल्ल देखो दक्खिणिल्ल (पउम ७, १७, विपा १, ७)।

दाहिणी स्त्री [दक्षिणा] दक्षिण दिशा (कुमा)।

दि वि. ब. [द्वि] दो, दो की संख्यावाला (हे १, ६४, से ६, ५३)।

दि° देखो दिसा (गा ८६६)। °करि पुं [°करिन्] दिग्-हस्ती (कुमा)। °गइंद पुं [°गजेन्द्र] दिग्-हस्ती (गउड)। °गय पुं [°गज] दिग्-हस्ती (स ११३)। °चक्कसार न [°चक्रसार] विद्याधरों का एक नगर (इक)। °म्मोह पुं [°मोह] दिशा-भ्रम (गा ८८६)। देखो दिसा।

दिअ पुंन [दि] दिवस, दिन (दे ५, ३६), 'राइदिआइ' (कप्प)।

दिअ पु [द्विज] १ ब्राह्मण, विप्र (कुमा, पाअ, उप ७६८ टी)। २ दन्त, दाँत। ३ ब्राह्मण आदि तीन वर्ण—ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य। ४ अण्डज, अण्डे से उत्पन्न होनेवाला प्राणी। ५ पक्षी। ६ वृक्ष-विशेष, टिंबरु का पेड़ (हे १, ६४)। °राय पुं [°राज] १ उत्तम द्विज। २ चन्द्रमा (सुपा ४१२, कुप्र १६)।

दिअ पु [द्विक] काक, कौआ (उप ७६८ टी)।

दिअ पु [द्विप] हस्ती, हाथी (हे २, ७६)।

दिअ न [दिव] स्वर्ग, देवलोक (विसे)। °लोअ, °लोग पुं [°लोक] स्वर्ग, देवलोक (पउम २२, ४५, गुर ७, १)।

दिअ वि [दित] दिन, काटा हुआ (धम्मो १)।

दिअ वि [हत] हत, मार डाला हुआ, 'जहेस य दियरएण जेण भाणदियं भुवणं' (कुप्र १६)।

दिअंत पुं [दिगन्त] दिशा का प्रान्त भाग (महा)।

दिअंबर वि [दिगम्बर] १ नग्न, नंगा, वस्त्र-रहित। २ पुं एक जैन संप्रदाय (मृच्छ, उत्तर १२२, कुप्र ४४३)।

दिअग्ग पुं [दे] गुरुजनों का, सोसार (दे ५, ३६)।

दिअपुत्त पुं [दि] काक, कौआ (दे ५, ४१)।

दिअर पुं [देवर] पति का छोटा भाई (ला १२, प्रव पत्र हे १, १४६, सुपा ४८०)।

दिअलिअ वि [दे] मूर्ख, अज्ञानी (दे ५, ३९)।

दिअली स्त्री [दे] स्थूणा, खम्भा, खूँटी (पाअ)।

दिअस पुन [दिवस] दिन, दिवस (गउड, पि २६४)। °कर पुं [°कर] सूर्य, रवि (से १, ५३)। °नाह पुं [°नाथ] सूर्य, सूरज (पउम १४, ८३)। °यर देखो °कर (पाअ)। देखो दिवस।

दिअसिअ न [दे] १ सदा-भोजन (दे ५, ४०)। २ अनुदिन, प्रतिदिन (दे ५, ४०, पाअ)।

दिअह देखो दिअस (प्राप्र, पाअ)।

दिअहुत्त न [दे] पूर्वाह्ण का भोजन, दुपहर का भोजन (दे ५, ४०)।

दिआ अ [दिवा] दिन, दिवस (पाअ, गा ६६, सम १९, पउम २६, २६)। °णिस न [°निश] दिन-रात, सदा (पिंग)। °राअ न [°रात्र] दिन-रात, सर्वदा (सुपा ३१८)। देखो दिवा।

दिआहम पुं [दे] भास पक्षी (दे ५, ३९)।

दिआइ देखो दुआइ (पाअ)।

दिइ स्त्री [दृति] मशक, चमड़े का जल-पात्र (अनु ५, कुप्र १४९)।

दिउण वि [द्विगुण] दूना, दुगुना (पि २९८)।

दिंत देखो दा = दा।

दिक्काण पुं [द्रेष्काण] मेष आदि लग्नों का दसवाँ हिस्सा (राज)।

दिक्ख सक [दीक्ष्] दीक्षा देना, प्रव्रज्या देना, सन्यास देना, शिष्य करना। दिक्खे (उव)। वकृ. दिक्खत (सुपा ५२६)।

दिक्ख देखो देक्ख। दिक्खइ (पि ६६)।

दिक्खा स्त्री [दीक्षा] १ प्रव्रज्या देना, दीक्षण (ओघ ७ भा)। २ प्रव्रज्या, सन्यास (धर्म २)।

दिक्खिअ वि [दीक्षित] जिसको प्रव्रज्या दी गई हो वह, जो साधु बनाया गया हो वह (उव)।

दिगच्छा देखो दिगिंछा (पि ७४)।

दिगंबर देखो दिअंबर (इक, आवम)।

दिगिंछा स्त्री [जिघत्सा] बुभुक्षा, भूख (सम ४०, विसे २५९४, उत्त २, आचू)।

दिगिच्छ सक [जिघत्स्] खाने की चाहना। वकृ. दिगिच्छंत (आचा, पि ५५५)।

दिगु पुं [द्विगु] व्याकरण-प्रसिद्ध एक समास (अणु, पि २९८)।

दिग्गु देखो दिगु (अणु १४७)।

दिग्घ देखो दीह (हे २, ९१, प्राप्र, संक्षि १७, स्वप्न ६८, विसे ३४९७)। °णगूल, °लंगूल वि [°लाङ्गूल] १ लम्बी पूँछवाला २ पुं. वानर (षड्)।

दिग्घिआ स्त्री [दीर्घिका] वापी, सीढ़ीवाला कूप-विशेष (स्वप्न ५९, विक्र १३६)।

दिच्छा स्त्री [दित्सा] देने की इच्छा (कुप्र २६६)।

दिज देखो दिअ = द्विज (कुमा)।

दिज्ज वि [देय] १ देने योग्य। २ जो दिया जा सके। ३ पुंन. कर-विशेष (विपा १, १)।

दिज्जंत, दिज्जमाण } देखो दा = दा।

दिट्ठ वि [दिष्ट] कथित, प्रतिपादित, कहा हुआ (उप ७६८ टी)।

दिट्ठ वि [दृष्ट] १ देखा हुआ, विलोकित (ठा ४, ४, स्वप्न २८, प्रासू १११)। २ अभिमत (अणु)। ३ ज्ञात, प्रमाण से जाना हुआ (उप ८८२, बृह १)। ४ न. दर्शन, विलोकन (ठा २, १)। °पाढि वि [°पाठिन्] चरक-सुश्रुतादि का जानकार (ओघ ७४)। °लाभिय पुं [°लाभिक] दृष्ट वस्तु को ही ग्रहण करनेवाला जैन साधु (पण्ह २, १)।

दिट्ठ न [दृष्ट] प्रत्यक्ष या अनुमान प्रमाण से जानने योग्य वस्तु (धर्म स ५१८, ५१९)। °साहम्मव न [साधर्म्यवत्] अनुमान का एक भेद (अणु २१२)।

दिट्ठंत पुं [दृष्टान्त] उदाहरण, निदर्शन (ठा ४, ४, महा)।

दिट्ठंतिअ वि [द्रार्ष्टान्तिक] १ जिस पर उदाहरण दिया गया हो वह (विसे १००५ टी)। २ न. अभिनय विशेष (ठा ४, ४—पत्र २८५)।

दिट्ठव्व देखो दक्ख = दृश्।

दिट्ठि स्त्री [दृष्टि] १ नेत्र, आँख, नजर (ठा ३, १, प्रासू १९, कुमा)। २ दर्शन, मत (पण्ण १९, ठा ४, १)। ३ दर्शन, अवलोकन, निरीक्षण (अणु)। ४ बुद्धि, मति (सम २५, उत्त २)। ५ विवेक, विचार (सूअ २,२)। °कीव पुं [°क्लीव] नपुंसक-विशेष (निचू ४)। °जुद्ध न [°युद्ध] युद्ध विशेष, आँख की स्थिरता की लड़ाई (पउम ४, ४४)। °बंध पुं [°बन्ध] नजर बाँधना (उप ७२८ टी)। °म, °मंत वि [°मत्] प्रशस्त दृष्टिवाला, सम्यग्-दर्शी (सूअ १, ४, १, आचा)। °राय पुं [°राग] १ दर्शन-राग, अपने धर्म पर अनुराग (धर्म २)। २ चाक्षुष स्नेह (अभि ७४)। °ल्ल वि [°मत्] प्रशस्त दृष्टिवाला (पउम २८, २२)। °वाय पुं [°पात] १ नजर डालना (से १०, ५)। २ बारहवाँ जैन अंग ग्रंथ (ठा १०—पत्र ४९१)। °वाय पुं [°वाद] बारहवाँ जैन अंग-ग्रन्थ (ठा १०; सम १)। °विपरिआसिआ स्त्री [°विपर्यासिका, °सिता] मति भ्रम (सम २५)। °विस पुं [°विष] जिसकी दृष्टि में विष हो ऐसा सर्प (से ४, ५०)। °सूल न [°शूल] नेत्र का रोग-विशेष (णाया १, १३—पत्र १८१)।

दिट्ठि स्त्री [दृष्टि] तारा, मित्रा आदि योग दृष्टि (सिरि ९२३)।

दिट्ठिआ अ [दिष्ट्या] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ मंगल। २ हर्ष, आनन्द, खुशी। ३ भाग्य से (हे २, १०४, स्वप्न १९, अभि ९५, कुप्र ६५)।

दिट्ठिआ स्त्री [दृष्टिका, °जा] १ क्रिया-विशेष—दर्शन के लिए गमन। २ दर्शन में कर्म का उदय होना (ठा २, १—पत्र ४०)।

दिट्ठीआ स्त्री [दृष्टीया] ऊपर देखो (नव १८)।

दिट्ठीवाओवएसिआ स्त्री [दृष्टिवादोपदेशिकी] संज्ञा विशेष (द ३३)।

दिट्ठेल्लय वि [दृष्ट] देखा हुआ, निरीक्षित (आवम)।

दिड्ढ, दिढ } देखो दढ (नाट—मालती १७, से १, १४, स्वप्न २०५, प्रासू ९२)।

दिण पुन [दिन] दिवस (सुपा ५६, दं २७, जी ३५, प्रासू ६५)। °इद पुं [°इन्द्र] सूर्य, रवि (सण)। °कय पुं [°कृत्] सूर्य, रवि (राज)। °कर पुं [°कर] सूर्य, सूरज (सुपा ३१२)। °नाह पुं [°नाथ] सूर्य, रवि (महा)। °बंधु पुं [°बन्धु] सूर्य, रवि (पुप्फ ३७)। °मणि पुं [°मणि]

सूर्य, दिवाकर (पाअ, से १, १८, सुपा २३)। °मुह न [°मुख] प्रभात, प्रातःकाल (पाअ)। °यर देखो °कर (गउड, भवि)। °रयणिकरि स्त्री [°रजनिकरी] विद्या विशेष (पउम १३८)। °वइ पुं [°पति] सूर्य, रवि (वि ३७६)।

दिणिंद पु [दिनेन्द्र] सूर्य, रवि (सुपा २४०)।

दिणेस पु [दिनेश] १ सूर्य, सूरज (कप्पू)। २ बारह की संख्या (विवे १४४)।

दिण्ण वि [दत्त] १ दिया हुआ, वितीर्ण (हे १, ४६, प्राप्त, स्वप्न, प्राप्त १६४)। २ निवेशित, स्थापित (पण्ह १, १)। ३ पु. भगवान् पार्श्वनाथ के प्रथम गणधर (सम १५२)। ४ भगवान् श्रेयांसनाथ का पूर्वजन्मीय नाम (सम १५१)। ५ भगवान् चन्द्रप्रभ का प्रथम गणधर (सम १५२)। ६ भगवान् नमिनाथ को प्रथम भिक्षा देनेवाला एक गृहस्थ (सम १५१)। देखो दिन्न।

दिण्ण देखो दइन्न (राज)।

दिण्णोल्ल्य वि [दत्त] दिया हुआ (ओघ २२ भा टी)।

दित्त वि [दीप्त] १ ज्वलित, प्रकाशित (सम १५३ अजि १४ सहुम ११)। २ कान्तियुक्त, भास्वर, तेजस्वी (पउम ६४, ३५, सम १२२)। ३ तीक्ष्णभूत, निशित (सम १५३, सहुम ११)। ४ उज्ज्वल, चमकीला (णंदि)। ५ पुष्ट परिवृद्ध (उत्त ३४)। ६ प्रसिद्ध (भग २६, ३)। ७ मारनेवाला (ओघ ३०२)। °चित्त वि [°चित्त] हर्ष के अतिरेक से जिसको चित्त-भ्रम हो गया हो वह (बृह ३)।

दित्त वि [दृप्त] १ गर्वित, गर्व-युक्त (औप)। २ मारनेवाला। ३ हानि-कारक (ओघ ३०२)। °इत्त वि [°चित्त] २ जिसके मन में गर्व हो। २ हर्ष के अतिरेक से जो पागल हो गया हो वह (ठा ५, ३—पत्र ३२७)।

दित्ति स्त्री [दीप्ति] कांति तेज प्रकाश (पाअ गुर ३, ३२, १० ४६ सुपा ३७८)। °म वि [°मत्] कान्ति-युक्त (गच्छ १)।

दित्ति स्त्री [दृप्ति] उद्दीपन (उत्त ३२, १०)। °ल्ल वि [°मत्] प्रकाशवाला (सम्मत्त १५६)।

दिदिक्खा } स्त्री [दिदृक्षा] देखने की इच्छा
दिदिच्छा } (राज, सुपा २६४)।

दिद्ध वि [दिग्ध] लिप्त (निचू १)।

दिन्न देखो दिण्ण (महा प्रामू ५७)। ७ श्री गौतम स्वामी के पास पांच सौ तापसों के साथ जैन दीक्षा लेनेवाला एक तापस (उप १४२ टी, कुप्र २६३)। ८ एक जैन आचार्य (कप्प)।

दिन्नय पुं [दत्तक] गोद लिया हुआ पुत्र (ठा १०—पत्र ५१६)।

दिप्प अक [दीप्] १ चमकना। २ तेज होना। ३ जलना। दिप्पइ (हे १, २२३)। वकृ. दिप्पंत दिप्पमाण (से ४, ८, सुर १४, ५६, महा, पण्ह १, ४, सुपा २४०), 'दिप्पमाणे तवतेएण' (स ६७५)।

दिप्प अक [तृप्] तृप्त होना, सन्तुष्ट होना। दिप्पइ (षड्)।

दिप्प वि [दीप्र] चमकनेवाला, तेजस्वी (से १, ६१

दिप्प (अप) पु [दीप] १ दीपक। २ छन्द विशेष (पिंग)।

दिप्पत पुं [दे] अनर्थ (दे ५, ३६)।

दिप्पंत
दिप्पमाण } देखो दिप्प = दीप्।

दिप्पिर देखो दिप्प = दीप्र (कुमा)।

दियाव सक [दा] देना। दियावइ (पंचा १३, १२)।

दिरय पु [द्विरद] हस्ती, हाथी (हे १, ६४)।

दिलादिलिअ [दे] देखो दिल्लिदिलिअ (गा ७४१)।

दिलिदिल अक [दिलदिलाय्] 'दिल् दिल्' आवाज करना। वकृ. दिलिदिलंत (पउम १०२, २१)।

दिलिवेढय पु [दिलिवेष्टक] एक प्रकार का प्राणु, जल-जन्तु की एक जाति (पण्ह १, १)।

दिल्लिदिलिअ पुं [दे] बालक, शिशु लड़का (दे ५, ४०)। स्त्री. °आ बाला, लड़की (गा ७४१)।

दिव उम [दिव्] १ क्रीड़ा करना। २ जीतने की इच्छा करना। ३ लेन देन करना। ४ चाहना, वांछना। ५ आशा करना। दिवइ, दिवए (षड्)।

दिव न [दिव्] स्वर्ग, देवलोक (कुप्र ४३६, भवि)।

दिवड्ढ वि [द्व्यर्धार्ध] डेढ़, एक और आधा (विसे ६६३, स ५५, सुर १०, २०८, सुपा ५८०, भवि, सम ६६, सुज्ज १, १०, ठा ६)।

दिवस } देखो दिअस (हे १, २६३, उव,
दिवह } प्रामू १२, सुपा ३०७, वेणी ४७)। °पुहुत्त न [°पृथक्त्व] दो से लेकर नव दिन तक का समय (भग)।

दिवा देखो दिआ (णाया १, ४, प्रामू ६०)। °इत्ति पु [°कीर्त्ति] चाण्डाल, भंगी (दे ५, ४१)। °कर पु [°कर] सूर्य, सूरज (उत्त ११)। °कित्ति पु [°कीर्त्ति] नापित, हजाम (कुप्र २८८)। °गर देखो °कर (णाया १, १, कुप्र ४१५)। °मुह न [°मुख] प्रभात (गउड)। °यर देखो °कर (सुपा ३६, ३१४)। °यरत्थ न [°करास्त्र] प्रकाश-कारक अस्त्र विशेष (पउम ६१, ४४)।

दिवायर पु [दिवाकर] १ सिद्धसेन नामक विख्यात जैन कवि और तार्किक। २ पूर्वधर मुनि (सम्मत्त १४१)।

दिवि देखो देव, 'दिविणावि काणपुरिसे-णव्व एसा दासी महं च विप्पकरो एगया दिट्ठीए दिस्सामो' (रंभा)।

दिविअ पु [द्विविद] वानर विशेष (ग ४, ८, १३, ८२)।

दिविज वि [दिविज] १ स्वर्ग में उत्पन्न। २ पुं. देव, देवता (अजि ७)।

दिविट्ठ देखो दुविट्ठ (राज)।

दिवे (अप) देखो दिया (हे ४, ४१६, कुमा)।

दिव्व वि [दिव्य] १ स्वर्ग-सम्बन्धी, स्वर्गीय (स २, ठा ३, ३)। २ उत्तम, सुन्दर, मनोहर (पउम ८, २६१, सुर २, २४२, प्रामू १२८)। ३ प्रधान, मुख्य (औप)। ४ देव-सम्बन्धी (ठा ४ ४ सूप्र १, २, २)। ५ न. शपथ विशेष आरोप की शुद्धि के लिए किया जाता अग्नि प्रवेश आदि (उप ८०४)। ६ प्राचीन काल में अपुत्रक राजा की मृत्यु हो जाने पर जिस चमत्कार-जनक घटना से राज-गद्दी के लिए किसी मनुष्य का निर्वाचन होता था वह हस्ति-वर्षा, अश्व-दौड़ आदि अर्थ-विषयक प्रमाण (उत्त १०३१ टी)। °माणुस

न [°मानुष] देव और मनुष्य संबन्धी हकीकतों का जिसमें वर्णन हो ऐसी कथा-वस्तु (स २)।

दिव्व न [दिव्य] १ तेला, तीन दिन का लगातार उपवास (संबोध ५८)। २ वि. देव-सम्बन्धी, 'तिरिया मणुया य दिव्वगा, उवसग्गा तिविहाहियासिया' (सूअ १, २, २, १५)।

दिव्व देखो दइव (सुपा १६१)।

दिव्व देखो देव; 'अमोहं दिव्वदसणंति' (कुप्र ११२)।

दिव्वाग पु [दिव्याक] सर्प की एक जाति (पण्ण १)।

दिव्वासा स्त्री [दे] चामुण्डा, देवी-विशेष (दे ५, ३९)।

दिस सक [दिश्] १ कहना। २ प्रतिपादन करना। दिसइ (भवि)। कवकृ. दिस्समाण (राज)।

दिस पुं [दिश] एक देव-विमान (देवेन्द्र १३१)।

दिस वि [दिश्य] दिशा में उत्पन्न (से ९, ५०)।

दिसआ स्त्री [दृषद्] पत्थर, पाषाण (षड्)।

दिसाइ देखो दिसा-दि (सुज्ज ५ टी—पत्र ७८)।

दिसा } स्त्री [दिश्] १ दिशा, पूर्व आदि
दिसि } दस दिशाएँ (गउड; प्रासू ११३;
दिसी° } महा, सुपा २६७, पण्ह १, ४, दं ३१, भग)। २ प्रौढ़ा स्त्री (से १, १९)। °अक्क न [°चक्र] दिशाओं का समूह (गा ५३०)। °कुमरी स्त्री [°कुमारी] देवी-विशेष (सुपा ४०)। °कुमार पुं [°कुमार] भवनपति देवों की एक जाति (पण्ण २; औप)। °कुमारी देखो °कुमरी (महा, सुपा ४१)। °गअ पुं [°गज] दिग्-हस्ती (से २, ३, १०, ४६)। °गइंद पुं [°गजेन्द्र] दिग्-हस्ती (पि १३९)। °चक्क देखो °अक्क (सुपा ५२३, महा)। °चक्कवाल न [°चक्रवाल] १ दिशाओं का समूह। २ तप-विशेष (निर १, ३)। °चर पुं [°चर] देशाटन करनेवाला भक्त (भग १५)। °जत्ता देखो °यत्ता (उप ७६८ टी)। °जत्तिय देखो °यत्तिय (उवा)। °डाह पुं [°दाह] दिशाओं में होनेवाला एक तरह का प्रकाश, जिसमें नीचे अन्धकार और ऊपर प्रकाश दीखता है, यह भावी उपद्रवों का सूचक है (भग ३, ७)। °णुवाय पुं [°अनुपात] दिशा का अनुसरण (पण्ण ३)। °दंति पुं [°दन्तिन्] दिग्-हस्ती (सुपा ४८)। °दाह देखो °डाह (भग ३,७)। °दि पुं [°आदि] मेरु पर्वत (सुज्ज ५)। °देवया स्त्री [°देवता] दिशा की अधिष्ठात्री देवी (रंभा)। °पोक्खि पुं [°प्रोक्षिन्] एक प्रकार का वानप्रस्थ (औप)। °भाअ पुं [°भाग] दिग्भाग (भग, औप; कप्पू, विपा १, १)। °मत्त न [°मात्र] अत्यल्प, संक्षिप्त (उप ७४९)। °मोह पुं [°मोह] दिशा का भ्रम (निचू १९)। °यत्ता स्त्री [°यात्रा] देशाटन, मुसाफिरी (स १९५)। °यत्तिय वि [°यात्रिक] दिशाओं में फिरनेवाला (उवा)। °लोय पु [°आलोक] दिशा का प्रकाश (विपा १, ९)। °वह पुं [°पथ] दिशा-रूप मार्ग (पउम २, १००)। °वाल पुं [°पाल] दिक्पाल, दिशा का अधिपति (स ३६९)। °वेरमण न [°विरमण] जैन गृहस्थ को पालने का एक नियम—दिशा में जाने-आने का परिमाण करना (धम्म २)। °व्वय न [°व्रत] देखो °वेरमण (औप)। °सोत्थिय पुं [°स्वस्तिक] स्वस्तिक-विशेष (औप)। °सोवत्थिय पुं [°सौवस्तिक] १ स्वस्तिक-विशेष, दक्षिणावर्त्त स्वस्तिक (पण्ह १, ४)। २ न. एक देव-विमान (सम३८)। ३ रुचक पर्वत का एक शिखर (ठा ८)। °हत्थि पुं [°हस्तिन्] दिग्गज, दिशाओं में स्थित ऐरवत आदि आठ हस्ती। °हत्थिकूड पुंन [°हस्तिकूट] दिशा में स्थित हस्ती के आकारवाला शिखर-विशेष, वे आठ हैं—पद्मोत्तर, नीलवन्त, सुहस्ती, अञ्जनगिरि, कुमुद, पलाश, अवतंस और रोचनगिरि (जं ४)।

दिसेभ पुं [दिग्गिभ] दिग्गज, दिग्-हस्ती (गउड)।

दिस्स वि [दृश्य] देखने योग्य, प्रत्यक्ष ज्ञान का विषय (धर्मसं ४२८)।

दिस्स
दिस्सं } देखो दक्ख = दृश्।
दिस्समाण

दिस्समाण देखो दिस।

दिस्सा देखो दक्ख = दृश्।

दिहा अ [द्विधा] दो प्रकार (हे १, ९७)।

दिहि स्त्री [धृति] धैर्य, धीरज (हे २, १३१; कुमा)। °म वि [°मत्] धैर्य-शाली, धीर (कुमा)।

दीअ देखो दीव = दीप (गा १३५; ५४७)।

दीअअ देखो दीवय (गा १३५)।

दीअमाण देखो दा = दा।

दीण वि [दीन] १ रंक, गरीब (प्रासू २३)। २ दुःखित, दुःस्थ (णाया १, १)। ३ हीन, न्यून (ठा ४, २)। ४ शोक ग्रस्त, शोकातुर (विपा १, २; भग)।

दीणार पुं [दीनार] सोने का एक सिक्का (कप्प; उप पृ ९४, ५९७ टी)।

दीपक } (अप) पुंन [दीपक] छन्द विशेष
दीपक्क } (पिंग)।

दीव देखो दिव = दिव्। वकृ. 'अक्खेहिं कुसुलेहिं दीवयं (सूअ १, २, २, २३)।

दीव सक [दीपय्] १ दीपाना, शोभाना। २ जलाना। ३ तेज करना। ४ प्रकट करना। ५ निवेदन करना। दीवइ (ओघ ४३४)। दीवेइ (महा)। वकृ. दीवयंत (कप्प)। संकृ. दीवेत्ता (ओघ ४३४, कस)। कृ. दीवणिज्ज (कप्प)।

दीव पुं [दीप] १ प्रदीप, दिया, चिराग, आलोक (चारु १९; णाया १, १)। २ कल्पवृक्ष की एक जाति, प्रदीप का कार्य करनेवाला कल्पवृक्ष (सम १७)। °चंपय न [चम्पक] दिया का ढकना, दीप-विधान (भग ८, ६)। °ली स्त्री [°ली] १ दीप-पंक्ति। २ दीवाली, पर्व-विशेष, कार्तिक वदी अमावस (दे ३, ४३)। °वली स्त्री [°वली] पूर्वोक्त ही अर्थ (ती १९)।

दीव पुं [द्वीप] १ जिसके चारों ओर जल भरा हो ऐसा भूमि-भाग (सम ५१; ठा १०)। २ भवनपति देवों की एक जाति, द्वीपकुमार देव (पण्ह १,४; औप)। ३ व्याघ्र (जीव १)।

°कुमार पुं [°कुमार] एक देव-जाति (भग १६, १३)। °णु वि [°ज्ञ] द्वीप के मार्ग का जानकार (उप ५६५)। °सागरपन्नत्ति स्त्री [°सागरप्रज्ञप्ति] जैन ग्रन्थ विशेष, जिसमें द्वीपों और समुद्रों का वर्णन है (ठा ३, २—पत्र १२६)।

दीव पुं [द्वीप] सौराष्ट्र का एक नगर दीव (पव ११०)।

दीवअ पु [दे] वृक्षलास, गिरगिट (दे ५, ४१)।

दीवअ पुं [दीपक] १ प्रदीप, दिया चिराग, आलोक (गा २२२ महा)। २ वि दीपक, प्रकाशक, शोभा-कारक (कुमा)। ३ न. छन्द-विशेष (अजि २६)।

दीवंग पु [दीपाङ्ग] प्रदीप का काम देनेवाले कल्पवृक्ष की एक जाति (ठा १०)।

दीवग देखो दीवअ = दीपक (श्रा ६ आवम)।

दीवड पु [दे] जलजन्तु-विशेष, 'फुरंतसिप्पि-संपुड भमंतमीनदीवड' (सुर १०, १८८)।

दीवण न [दीपन] प्रकाशन (ओघ ७४)।

दीवणा स्त्री [दीपना] प्रकाश 'थुणो संतगुण-दीवणाहिं' (स ६७५)।

दीवणिज्ज वि [दीपनीय] १ जठराग्नि को बढ़ानेवाला (णाया १, १—पत्र १६)। २ शोभायमान, देदीप्यमान (पण्ण १७)।

दीवयं देखो दीव = दिव्।

दीवयत देखो दीव = दीपय्।

दीवायण पुं [द्वैपायन, द्वैपायन] एक प्राचीन ऋषि, जिसने द्वारका नगरी जलाने का निदान किया था, और जो आगामी उत्सर्पिणी काल में भरत-क्षेत्र में एक तीर्थंकर होगा (अंत १५, सम १५४, कुप्र ६३)।

दीवि } पुं [द्वीपिन्] व्याघ्र की एक जाति,
दीविअ } चीता (गा ७६१, णाया १, १—पत्र ६५, पण्ह १, १)।

दीविअ वि [दीपित] १ जलाया हुआ (पउम २२, १७)। २ प्रकाशित (ओघ)।

दीविअंग पु [दीपिकाङ्ग] कल्प-वृक्ष की एक जाति जो अंधकार को दूर करता है (पउम १०२, १२५)।

दीविआ स्त्री [दे] १ उपदेहिका, क्षुद्र कीट-विशेष। २ व्याघ्र की हरिणी, जो दूसरे हरिणों के आकर्षण करने के लिए रखी जाती है (दे ५, ५३)। ३ व्याघ्र संबन्धी पिंजडे में रखा हुआ तितिर पक्षी (णाया १, १७—पत्र २३२)।

दीविआ स्त्री [दीपिका] छोटा दिया, लघु प्रदीप (जीव ३)।

दीविच्चग त्रि [द्वैप्य] द्वीप में उत्पन्न, द्वीप में पैदा हुआ (णाया १, ११—पत्र १७१)।

दीवी (अप) देखो देवी (रंभा)।

दीवी स्त्री [दीपिका] लघु प्रदीप, छोटा दिया, दीवि व्व तीइ बुद्धी' (श्रा १६)।

दीवूसव पु [दीपोत्सव] कार्तिक वदी अमावस, दीवाली, दीपावली (ती १९)।

दीसत
दीसमाण } देखो दक्खत = दृश।

दीह वि [दीर्घ] १ आयत लम्बा (ठा ४, २ प्राप्र, कुमा)। २ पु दो मात्रावाला स्वर (पिंग)। ३ कोशल देश का एक राजा (उप पृ ५८)। °काय [°काय] अग्निकाय (आचा०अध्य० १—१—४)। °कालिगी स्त्री [°कालिकी] संज्ञा विशेष, बुद्धि विशेष, जिससे सुदीर्घ भूतकाल की बातों का स्मरण और सुदीर्घ भविष्य का विचार किया जा सकता है (दं ३२, विसे ५०८)। °कालिय वि [°कालिक] १ दीर्घ काल में उत्पन्न चिरंतन 'दीहकालिएण रोगातंकेणं' (ठा ३, १)। २ दीर्घकाल-सम्बन्धी (आवम)। °जत्ता स्त्री [°यात्रा] १ लम्बी सफर। २ मरण मौत (स ७२९)। °डक्क वि [°दष्ट] जिसको साँप न काटा हो वह (निचू १)। °णिद्दा स्त्री [°निद्रा] मरण, मौत (राज)। °दंत पुं [°दन्त] १ भारतवर्ष का एक भावी चक्रवर्ती राजा (सम १५४)। २ एक जैनमुनि (अंत)। °दंसि वि [°दर्शिन्] दूरदर्शी, दूरदेशी (सुर ३, ३, सं ३२)। °दसा स्त्री. ब. [°दशा] जैन ग्रंथ विशेष (ठा १०)। °दिट्ठि वि [°दृष्टि] १ दूरदर्शी, दूरदेशी। २ स्त्री. दीर्घ दर्शिता (धर्म १)। °पट्ठ पुं [°पृष्ठ] १ सर्प, साँप (उप पृ २२)। २ यवराज का एक मंत्री (वृह १)। °पास पुं [°पार्श्व] ऐरवत क्षेत्र के सोलहवें भावी जिन-देव (पव ७)। °पेहि वि [°प्रेक्षिन्] दूर-दर्शी (पउम २९, २२, ३१, १०६)। °बाहु पुं [°बाहु] १ भरत-क्षेत्र में होनेवाला तीसरा वासुदेव (सम १५४)। २ भगवान् चन्द्रप्रभ का पूर्व जन्मीय नाम (सम १५१)। °भद्द पु [°भद्र] एक जैन मुनि (कप्प)। °मद्ध वि [°ध्व] लम्बा रास्तावाला (णाया १, १८, ठा २, १, ५, २—पत्र २४०)। °मद्ध वि [°द्ध] दीर्घकाल से गम्य (ठा ५, २—पत्र २४०)। °माउ न [°मायुष्] लम्बा आयुष्य (ठा १०)। °रत्त, °राय पुन [°रात्र] १ लम्बी रात। २ बहु रात्रिवाला, चिर-काल (सक्षि १७ राज)। °राय पु [°राज] एक राजा (महा)। °लोग पु [°लोक] वनस्पति का जीव (आचा)। °लोगसत्थ न [°लोक-शस्त्र] अग्नि, वह्नि (आचा)। °वेयड्ढ पुं [°वैताढ्य] स्वनाम-ख्यात पर्वत (ठा २, ३—पत्र ६९)। °सुत्त न [सूत्र] १ बड़ा सूता (निचू ५)। २ आलस्य, मा कुणसु दीहसुत्तं परवज्जं सीयव पडिणीता' (पउम ३०, ६)। °सेण पु [°सेन] १ अनुत्तर-देवलोक-गामी मुनि-विशेष (अनु २)। २ इस अवसर्पिणी काल में उत्पन्न ऐरवत क्षेत्र के आठवें जिन-देव (पव ७)। °उ, °उय वि [°युष्, °युष्क] लम्बी उम्रवाला बड़ी आयुवाला, चिरंजीवी (हे १, २०, ठा ३, १, पउम १४, ३०) °सण न [°सन] शय्या (जं १)।

दीह देखो दिअह (कुमा)।

दीहध वि [दिवसान्ध] दिन को देखने में असमर्थ रत्तिया दीहधा' (प्रासू १७६)।

दीहजीह पुं [द] शंख (दे ५, ४१)।

दीहपिट्ठ देखो दीह-पट्ठ (गिरि ९०५)।

दीहर देखो दाह = दीर्घ (हे २, १७१, सुर २, २१८, प्रासू ११३)। °च्छ वि [°क्ष] लम्बी आँखवाला, बड़े नेत्रवाला (गुपा १४७)।

दीहरिय वि [दीर्घित] लम्बा किया हुआ (गउड)।

दीहिया स्त्री [दीर्घिका] बावी, जलाशय-विशेष (सुर १, ६२ कप्पू)।

दीहीकर सक [दीर्घी + कृ] लम्बा करना। दीहीकरेति (भग)।

दु देखो तु (दे २, ६४)।

दु देखो दव = दु। कर्म = दुयए (विसे २८)।

दु वि ब. [द्वि] दो, संख्या-विशेषवाला (हे १, ९४, कम्म १, उवा)।

दु पु [द्रु] २ वृक्ष, पेड़, गाछ (उर ५)। २ रुत्ता सामान्य (विसे २८)।

दु अ [द्विस्] दो बार, दो दफा (सुर १६, ५५)।

दु अ [दुर्] इन अर्थों का सूचक अव्यय— १ अभाव। २ दुष्टता, खराबी। ३ मुश्किल, कठिनाई। ४ निन्दा (हे २, २१७ प्रासू १५८, सुपा १४३, णाया १, १ उवा)।

दुअ न [द्रुत] अभिनय विशेष (राय ५३)।

दुअ न [द्विक] युग्म, युगल, जोड़ा (से ६२१)।

दुअ वि [द्रुत] १ पीड़ित, हैरान किया हुआ (उप ३२० टी)। १ वेग-युक्त। ३ क्रिवि. शीघ्र, जल्दी (सुर १०,१०१, अणु)। °विलंबिअ न [विलम्बित] १ छन्द विशेष। २ अभिनय विशेष (राय)।

दुअक्खर पुं [दे] पण्ड, नपुंसक (दे ५, ४७)।

दुअक्खर वि [द्व्यक्षर] १ अज्ञान, मूर्ख, अल्पज्ञ (उप १२९ टी)। २ पुल्ली. दास, नौकर (पिंड)। स्त्री. °रिया (आवम)।

दुअणुअ पुं [द्व्यणुक] दो परमाणुओं का स्कन्ध (विसे २१६२)।

दुअर वि [दुष्कर] मुश्किल, कठिनाई से जो किया जा सके वह (प्राकृ २६)।

दुअल्ल न [दुकूल] १ वस्त्र, कपड़ा। २ महिन वस्त्र सूक्ष्मवस्त्र (हे १, ११९, प्राप्र)। देखो दुकूल।

दुआइ पु [द्विजाति] ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य ये तीन वर्ण (हे १, ९४, २, ७९)।

दुआइक्ख वि [दुराख्येय] दुःख से कहने योग्य (ठा ५, १—पत्र २९६)।

दुआर न [द्वार] दरवाजा, प्रवेश-मार्ग (हे १, ७९)।

दुआराह वि [दुराराध] जिसका आराधन कठिनाई से हो सके वह (पण्ह १, ४)।

दुआरिआ स्त्री [द्वारिका] १ छोटा द्वार। २ गुप्त द्वार, अपद्वार (णाया १, २)।

दुआवत्त न [द्व्यावर्त] दृष्टिवाद का एक सूत्र (सम १४७)।

दुइअ, दुइज्ज, दुईअ } वि [द्वितीय] दूसरा (हे १, १०१, २०९, कुमा, कप्पू रयण ४)।

दुइल्ल (अप) वि [द्विचतुर] दो-चार, दो या चार (प्राकृ १२०)।

दुउछ, दुउच्छ } सक [जुगुप्स्] निन्दा करना, घृणा करना। दुउंछइ, दुउच्छइ (हे ४, ४)।

दुउण वि [द्विगुण] दूना, दुगुना (दे ५, ५५ हे १, ९४)। °अर वि [°तर] दूने से भी विशेष, अत्यन्त (से ११ ४७)।

दुउणिअ वि [द्विगुणित] ऊपर देखो (कुमा)।

दुऊल देखो दुअल्ल (प्राप्र गा ५६९, पड्)।

दुदुह, दुदुभ } पुं [दुन्दुभ] १ सर्प की एक जाति (दे ७, ५१)। २ ज्योतिष्क विशेष, एक महाग्रह (ठा २, ३—पत्र ७८)।

दुदुभि देखो दुदुहि (भग ९, ३३)।

दुदुमिअ न [दे] गले की आवाज (दे ५, ४५, पड्)।

दुंदुमिणी स्त्री [दे] रूपवाली स्त्री (दे ५, ४५)।

दुदुहि पुस्त्री [दुन्दुभि] वाद्य विशेष (कप्प, सुर ३, ६८, गउड, कुप्र ११८)।

दुववती स्त्री [दे] सरित्, नदी (दे ५, ४८)।

दुकड देखो दुक्कड (द्र ४७)।

दुकप्प देखो दुक्कप्प (पचू)।

दुकम्म न [दुष्कर्मन्] पाप, निन्दित काज या काम (श्रा २७, भवि)।

दुकाल पुं [दुष्काल] अकाल, दुर्भिक्ष (सिरि ४१)।

दुकिय देखो दुक्कय (भवि)।

दुकूल पु [दुकूल] १ वृक्ष विशेष। २ वि. दुकूल वृक्ष की छाल से बना हुआ वस्त्र आदि (णाया १, १ टी—पत्र ४३)।

दुक्कंदिर वि [दुष्क्रन्दिन्] अत्यन्त आक्रन्द करनेवाला (भवि)।

दुक्कड न [दुष्कृत] पाप कर्म, निन्द्य आचरण (सम १२५, हे १, २०६, पडि)।

दुक्कडि, दुक्कडिय } वि [दुष्कृतिन्, °क] दुष्कृत करनेवाला, पापी (सूय १, ५, १, पि २१९)।

दुक्कप्प पु [दुष्कल्प] शिथिल साधु का आचरण, पतित साधु का आचार (पचमा)।

दुक्कम्म न [दुष्कर्मन्] दुष्ट कर्म, असदाचरण (सुपा २८, १२०, ५००)।

दुक्कय न [दुष्कृत] पाप कर्म (पण्ह १, १, पि ४९)।

दुक्कर वि [दुष्कर] जो दुःख से किया जा सके, मुश्किल, कष्ट-साध्य (हे ४, ४१४, पंचा १३)। °आरअ वि [°कारक] मुश्किल कार्य को करनेवाला (गा १७९, हे २, १०४)। °करण न [°करण] कठिन कार्य को करना (द्र ५७)। °कारि वि [°कारिन्] देखो °आरअ (उप पृ १६०)।

दुक्कर न [दे] माघ मास में रात्रि के चारों प्रहर में किया जाता स्नान (दे ५, ४२)।

दुक्करकरण न [दुष्करकरण] पाँच दिन का लगातार उपवास (सबोध ५८)।

दुक्कह वि [दे] अरुचिवाला, अरोचकी (सुर १, ३६, जय २७)।

दुक्काल पुं [दुष्काल] अकाल, दुर्भिक्ष (सार्ध ३०)।

दुक्किय देखो दुक्कय (भवि)।

दुक्कुक्कणिआ स्त्री [दे] पीकदान, पीकदानी (दे ५, ४८)।

दुक्कुल न [दुष्कुल] निन्दित कुल (धर्म १)।

दुक्कुह वि [दे] १ असहन, असहिष्णु, चिड़चिड़ा। २ रुचि-रहित (दे ५, ४४)।

दुक्ख पुं न [दुःख] १ असुख, कष्ट, पीड़ा, क्लेश, मन का क्षोभ (हे १, ३३), 'दुक्खा सारीरा माणसा य ससारे' (संथा १०१, आचा भग स्वप्न ५१, ५८, प्रासू ९९, १५२, १८२)। २ क्रिवि. कष्ट से, मुश्किल से, कठिनाई से (वसु)। ३ वि दुःखवाला, दुःखित दुःखयुक्त (वै ३३)। स्त्री. °क्खा (भग)। °कर वि [°कर] दुःख-जनक (सुपा १९५)। °त्त वि [°र्त्त] दुःख से पीड़ित (सुपा १९१, स ६४२, प्रासू १४४)। °त्तगवेसण न [°र्त्तगवेषण] दुःख से पीड़ित की सेवा, आर्त्त शुश्रूषा (पंचा १९)। °मज्जिय वि [अर्जितदुःख] जिसने दुःख उपार्जन किया हो वह (उत्त ६)। °राह वि [°राध्य] दुःख से आराधन-योग्य (वज्जा

११२)। °वह वि [°वह] दुःख-प्रद (पउम १५, १००)। °सिया स्त्री [°सिका] वेदना, पीडा (ठा ३, ४)। देखो दुह = दुःख।

दुक्ख न [दे] जघन, स्त्री के कमर के पीछे का भाग चूतड (दे ५, ४२)।

दुक्खइ अक [दुःखाय्] १ दुखना, दर्द होना। २ सक. दुःखी करना, 'सिरं में दुक्खेइ' (स ३०४)। दुक्खामि (से ११, १२७)। दुक्खंति (सूअ २, २, ५५)।

दुक्खड देखो दुक्कर (चारु २३)।

दुक्खण न [दुःखन] दुखना, दर्द होना (उप ७५१, सूअ २, २, ५५)।

दुक्खम वि [दुःक्षम] १ असमर्थ। २ अशक्य (उत्त २०, ३१)।

दुक्खर देखो दुक्कर (स्वप्न ६६)।

दुक्खरिय पुं [दुष्करिक] दास, नौकर (निचू १६)।

दुक्खरिया स्त्री [दुष्करिका] १ दासी, नौकरानी (निचू १६)। २ वेश्या, वाराङ्गना (निचू १)।

दुक्खलिय (अप) वि [दुःखित] दुःख-युक्त (भवि)।

दुक्खविअ वि [दुःखित] दुःखी किया हुआ (उप ६३४, भवि)।

दुक्खाव सक [दुःखय्] दुःख उपजाना, दुःखी करना। दुक्खावेइ (पि ५५९)। वकृ दुक्खावेंत (पउम ५८, १८)। कवकृ. दुक्खाविज्जंत (श्रावम)।

दुक्खावणया स्त्री [दुःखना] दुःखी करना, दर्द उपजाना (भग ३, ३)।

दुक्खिय वि [दुःखिन्] दुःखी, दुःख युक्त (आचा)।

दुक्खिअ वि [दुःखित] दुःख-युक्त दुखिया (हे २, ७२, प्राप्र प्रामू ९३, महा सुर ३, १९१)।

दुक्खुत्तर वि [दुःखोत्तार] जो दुःख से पार किया जाय जिसको पार करने में कठिनाई हो (पण्ह १, १)।

दुक्खुत्तो अ [द्विस्] दो बार, दो दफा (ठा ५, २—पत्र १०८)।

दुक्खुर देखो दुखुर (पि ४३६)।

दुक्खुल देखो दुक्कुल (भवि २१)।

दुक्खोह पुं [दुःखौघ] दुःख राशि (पउम १०३, १५५, सुपा १९१)।

दुक्खोह वि [दुःक्षोभ] कष्ट-क्षोभ्य, सुस्थिर (सुपा १९१, ६२६)।

दुखड वि [द्विखण्ड] दो टुकडेवाला (उप ९८६ टी, भवि)।

दुखुत्तो देखो दुक्खुत्तो (कस)।

दुखुर पु [द्विखुर] दो खुरवाला प्राणी, गौ, भैंस आदि (पण्ण १)।

दुग न [द्विक] दो, युग्म, युगल, जोडा (नव १०, सुर ३, १७, जी ३३)।

दुगंछ देखो दुगुछ। वकृ. दुगंछमाण (उत्त ४, १३)। कृ. दुगंछणिज्ज (उत्त १३, १९, पि ७४)।

दुगंछणा स्त्री [जुगुप्सना] घृणा, निन्दा (पउम ९५, ६५)।

दुगंछा स्त्री [जुगुप्सा] घृणा, निन्दा (पाम, कुप्र ४०७)। देखो दुगुछा।

दुगंध देखो दुग्गंध (पउम ४१, १७)।

दुगच्छ } सक [जुगुप्स्] घृणा करना
दुगुंछ } निन्दा करना। दुगच्छइ, दुगुंछइ (षड्, हे ४, ४)। वकृ. दुगुछंत, दुगुछमाण (कुमा पि ७४, २१५)। संकृ. दुगुछिउ (धर्म २)। कृ. दुगुंछणीय (पउम ४६, ६२)।

दुगसंपुण्ण न [द्विगसंपूर्ण] लगातार बीस दिन का उपवास (संबोध ५८)।

दुगुछग वि [जुगुप्सक] घृणा करनेवाला (आव ३)।

दुगुछण न [जुगुप्सन] घृणा, निन्दा (पि ७४)।

दुगुछणा देखो दुगंछणा (आचा)।

दुगुछा देखो दुगंछा (भा)। °कम्म न [°कर्मन्] क्या पीछे का अर्थ (ठा १०)। °मोहणीय न [°मोहनीय] कर्म विशेष, जिसके उदय से जीव को अशुभ वस्तु पर घृणा होती है (कम्म १)।

दुगुंछि वि [जुगुप्सिन्] घृणा करनेवाला, नफरत करनेवाला (उत्त २, ४; ६, ८)।

दुगुंछिय वि [जुगुप्सित] घृणित निन्दित (ओघ ३०२)।

दुगुंदुग पु [दौगुन्दुक] एक समृद्धि शाली देव (सुपा ३२८)।

दुगुच्छ देखो दुगुच्छ। दुगुच्छइ (हे ४, ४, षड्)। वकृ दुगुच्छंत (पउम १०५, ७५)। कृ दुगुच्छणीय (पउम ८०, २०)।

दुगुण देखो दुउण (ठा २, ४, णाया १, १, द ९, सुर ३, २१९)।

दुगुण सक [द्विगुणय्] दुगुना करना। दुगुणेइ (कुप्र २८५)।

दुगुणिअ देखो दुउणिअ (कुमा)।

दुगुल्ल } देखो दुअल्ल (हे १, ११९, कुमा,
दुगूल } सुर २, ८०, जं २)।

दुगोत्ता स्त्री [द्विगोत्रा] वल्ली विशेष (पण्ण १)।

दुग्ग न [दे] १ दुःख, कष्ट (दे ५, ५३, षड्, पण्ह १, ३)। २ कटी, कमर (दे ५, ५३)। ३ रण, संग्राम, युद्ध; 'आइत्तं च णेलिमं दुग्ग' (स ६३६)।

दुग्ग वि [दुर्ग] १ जहाँ दुःख से प्रवेश किया जा सके वह, दुर्गम स्थान (भग ७, ६ विपा १, ३)। २ जो दुःख से जाना जा सके (सूअ १, ५, १)। ३ पुं. किला, गढ़, कोट (सुपा १४८)। °नायग पुं [°नायक] किले का मालिक (सुपा ४६०)।

दुग्गइ स्त्री [दुर्गति] १ कुगति, नरक आदि कुत्सित योनि (ठा ३, ३, ५, १, उत्त ७, १८, आचा)। २ विपत्ति, दुःख। ३ दुर्दशा, बुरी अवस्था। ४ कंगालियत, दरिद्रता (पण्ह १, १ महा ठा ३, ४ गच्छ २)।

दुग्गंठि स्त्री [दुर्ग्रन्थि] दुष्टग्रन्थि, गिरह, कठिन गाठ (वि ३३३)।

दुग्गंध पुं [दुर्गन्ध] १ खराब गन्ध। २ वि. खराब गन्धवाला, दुर्गंधि (ठा ८—पत्र ४१८, सुपा २१ महा)।

दुग्गंधि वि [दुर्गन्धिन्] दुर्गंधवाला (सुपा ४८७)।

दुग्गम वि [दुर्गम] जो कठिनाई से जाना जा सके वह (धर्मवि ४)।

दुग्गम } वि [दुर्गम] १ जहाँ दुःख से
दुग्गम्म } प्रवेश किया जा सके वह (पउम ४०, १३, ओघ ७५ भा) 'परिखाप्रादि-

दुग्गम्मं' (सुर ६, १३५)। २ न कठिनाई, मुश्किल (ठा ५, १)।

दुग्गय वि [दुर्गत] १ दरिद्र, धन हीन (ठा ३, ३, गा १८)। २ दुःखी, विपत्ति ग्रस्त (पाअ, ठा ४, १—पत्र २०२)।

दुग्गय न [दुर्गत] १ दरिद्रता। २ दुःख, 'दोहतो जिणदव्व दोहिच्चं दुग्गय लहइ' (संबोध ४)।

दुग्गह वि [दुर्ग्रह] जिसका ग्रहण दुःख से हो सके वह (उप पृ ३६०)।

दुग्गा स्त्री [दुर्गा] १ पार्वती, गौरी शिव-पत्नी (पाअ, सुपा १४८)। २ देवी विशेष (चंड)। ३ पक्षि-विशेष (श्रा १६)।

दुग्गाई, दुग्गाएवी, दुग्गादेई, दुग्गावी स्त्री [दुर्गादेवी] १ पार्वती, शिव पत्नी, गौरी। २ देवी-विशेष (षड्, हे १ २७०, कुमा)। °रमण पु [°रमण] महादेव, शिव (षड्)।

दुग्गास न [दुर्भास] दुर्भिक्ष, अकाल (पिंड-भा ३३)।

दुग्गिज्झ वि [दुर्ग्राह्य, दुर्ग्रह] जिसका ग्रहण दुःख से हो सके वह (सुपा २५५)।

दुग्गूढ वि [दुर्गूढ] अत्यन्त गुप्त, अति प्रच्छन्न (वव ७)।

दुग्गेज्झ देखो दुग्गिज्झ (से १, ३)।

दुग्घट्ट वि [दुर्घट्ट] जिसका आच्छादन दुःख से हो सके वह 'पारद्धसीउण्हतण्हवेअणदुग्घट्टिया' (पण्ह १, ३—पत्र ५४)।

दुग्घड वि [दुर्घट] जो दुःख से हो सके वह, कष्ट-साध्य (सुपा ९३, ३६५)।

दुग्घट वि [दुर्घट] असंगत (धर्मवि २७०)।

दुग्घडिअ वि [दुर्घटित] १ दुःख से संयुक्त। २ खराब रीति से बना हुआ, 'दुग्घडिअमच्चअस्स व सणे खणे पाअपडणेणं' (गा ९१०)।

दुग्घर न [दुर्गृह] दुष्ट घर (भवि)।

दुग्घास पुं [दुर्भास] दुर्भिक्ष, अकाल (बृह ३)।

दुग्घट्ट, दुग्घोट्ट पु [दे] हस्ती, हाथी, करी (दे ५, ४४, षड्; भवि)।

दुघण पुं [दुघण] एक प्रकार का मुद्गर, मोंगरी, मुँगरा (पण्ह १, ३—पत्र ४४)।

दुचक्क न [द्विचक्र] गाड़ी, शकट (ओघ ३८३ भा)। °वइ पु [°पति] गाड़ी का अधिपति या मालिक (ओघ ३८३ भा)।

दुचिण्ण देखो दुच्चिण्ण (पि ३४०, औप)।

दुच्च न [दौत्य] दूत कर्म, समाचार पहुँचाने का कार्य (पाअ)।

दुच्च देखो दोच्च = द्वितीय, द्विस (कप्प)।

दुच्चडिअ वि [दे] १ दुर्ललित। दुर्विदग्ध, दुःशिक्षित (दे ५, ५५, पाअ)।

दुच्चंबाल वि [दे] १ कलह निरत, झगड़ालोर। २ दुश्चरित, दुष्ट आचरणवाला। ३ परुष-भाषी कड़ा बोलनेवाला (दे ५, ५४)।

दुच्चज्ज, दुच्चय वि [दुस्त्यज] दुःख से त्यागने योग्य (कुमा उप ७६८ टी)।

दुच्चर, दुच्चरिअ वि [दुश्चर] १ जिसमें दुःख से जाया जाय वह (आचा)। २ दुःख से जो किया जाय वह (उप ६४८ टी, पउम २२, २०)। °लाढ पु [°लाढ] ऐसा ग्राम या देश जिसमें दुःख से जाया जा सके (आचा)।

दुच्चरिअ न [दुश्चरित] १ खराब आचरण, दुष्ट वर्तन (पउम ३८, १२, उप पृ १११)। २ वि. दुराचारी (दे ५, ४५)।

दुच्चार वि [दुश्चार] दुराचारी (भवि)।

दुच्चारि वि [दुश्चारिन्] दुराचारी, दुष्ट आचरणवाला (स ५०३)। स्त्री. °णी (महा)।

दुच्चिंतिय वि [दुश्चिन्तित] १ दुष्ट चिंतित (पउम ११८, ९७)। २ न खराब चिन्तन (पडि)।

दुच्चिगिच्छ वि [दुश्चिकित्स] जिसका प्रतीकार मुश्किल से हो वह (स ७६१)।

दुच्चिण्ण न [दुश्चीर्ण] १ दुष्ट आचरण दुश्चरित। २ दुष्ट कर्म—हिंसा आदि। ३ वि. दुष्ट संचित, एकत्रित की हुई दुष्ट वस्तु (विपा १, १, णाया १, १६)।

दुच्चेट्ठिय न [दुश्चेष्टित] खराब चेष्टा, शारीरिक दुष्ट आचरण (पडि, सुर ६, २३२)।

दुच्छक्क वि [द्विषट्क] बारह प्रकार का, 'मूल दारं पइट्ठाण, आहारो भायणं निही। दुच्छक्कस्सावि धम्मस्स, सम्मत्त परिकित्तियं' (श्रा ६)।

दुच्छड्ड वि [दुश्छर्द] दुस्त्यज, दुःख से छोड़ने योग्य, 'दुच्छड्ड जीवियासा जं' (धर्मवि १२४)।

दुच्छेज्ज वि [दुश्छेद] जिसका छेदन दुःखसे हो सके वह (पउम ३१, ५९)।

दुच्छक्क देखो दुच्छक्क (धर्म २)।

दुजडि पुं [द्विजटिन्] ज्योतिष्क देव-विशेष, एक महाग्रह (ठा २, ३)।

दुजय देखो दुज्जय (महा)।

दुजीह पु [द्विजिह्व] १ सर्प, साँप। २ दुर्जन खल पुरुष (सट्ठि ६३, कुमा)।

दुज्जत देखो दुज्जित (राज)।

दुज्जण पु [दुर्जन] खल, दुष्ट मनुष्य (प्रासू २०, ४०; कुमा)।

दुज्जय वि [दुर्जय] जो कष्ट से जीता जा सके (उप १०३१ टी, सुर १२, १३८, सुपा २९)।

दुज्जाय न [दे] व्यसन, कष्ट, दुःख, उपद्रव (दे ५, ४४, से १२, ६३, पाअ)।

दुज्जाय वि [दुर्जात] दुःख से निकलने योग्य (से १२, ६३)।

दुज्जाय न [दुर्यात] दुष्ट गमन, कुत्सित गति (आचा)।

दुज्जित पुं [दुर्यन्त] एक प्राचीन जैनमुनि (कप्प)।

दुज्जीव न [दुर्जीव] आजीविका का भय (विसे ३४५२)।

दुज्जीह देखो दुजीह (वज्जा १५०)।

दुज्जेअ वि [दुर्जेय] दुःख से जीतने योग्य (सुपा २४८, महा)।

दुज्जोहण पु [दुर्योधन] धृतराष्ट्र का ज्येष्ठ पुत्र (ठा ४, २)।

दुज्झ वि [दोह्य] दोहने योग्य (दे १, ७)।

दुज्झाण न [दुर्ध्यान] दुष्ट चिन्तन (धर्म २)।

दुज्झाय वि [दुर्ध्यात] जिसके विषय में दुष्ट चिन्तन किया गया हो वह (धर्म २)।

दुज्झोसय वि [दुर्जोष] जिसकी सेवा कष्ट से हो सके ऐसा (आचा)।

दुज्झोसय वि [दुःक्षप] जिसका नाश कष्ट-साध्य हो वह (आचा)।

दुज्झोसिअ वि [दुर्जोषित] दुःख से सेवित (आचा)।

दुज्झोसिअ वि [दुःक्षपित] कष्ट से नाशित (आचा)।

दुट्ठ वि [दुष्ट] दोष-युक्त, दूषित (ओघ १६२; पाअ, कुमा)। °प्प पुं [°ात्मन्] दुष्ट जीव, पापी प्राणी (पउम ६, १३९, ७५, १२)।

दुट्ठ वि [दे. द्विष्ट] द्वेष-युक्त (ओघ ७५७, कम), 'अरत्तदुट्ठस्स' (कुप्र ३७१)।

दुट्ठाण न [दुःस्थान] दुष्ट जगह (भग १६, २)।

दुट्ठु अ [दुष्ठु] खराब, असुन्दर (उप ५२० टी, निर १, १, सुपा ५१८, ह ४, ४०१)।

दुण्णय देखो दुन्नय (विक ३७, आवम)।

दुण्णाम न [दुर्नामन्] १ अपकीर्ति, अपयश। २ दुष्ट नाम, खराब आख्या। ३ एक प्रकार का गर्व (भग १२, ५)।

दुण्णिअ वि [दून] पीडित, दुःखित (गा ११)।

दुण्णिअ देखो दुन्निय (राज)।

दुण्णिअत्थ न [दे] १ जघन पर स्थित वस्त्र। २ जघन, स्त्री के कमर के नीचे का भाग (दे ५, ५३)।

दुण्णिक्क वि [दे] दुश्चरित दुराचारी (दे ५, ४५)।

दुण्णिक्कम वि [दुर्निष्क्रम] जहाँ से निकलना कष्ट-साध्य हो वह (राज ७, ६)।

दुण्णिक्खित्त वि [दे] १ दुराचारी। २ कष्ट से जो देखा जा सके (दे ५, ४५)।

दुण्णिक्खेव वि [दुर्निक्षेप] दुःख से स्थापन करने योग्य (गा १५४)।

दुण्णिग्गह देखो दुन्निग्गह (राज)।

दुण्णिमिअ वि [दुर्नियोजित] दुःख से जोड़ा हुआ (गे १२, १६)।

दुण्णिमित्त न [दुर्निमित्त] खराब शकुन, अपशकुन (पउम ७०, ५)।

दुण्णिविट्ठ वि [दुर्निविष्ट] दुराग्रही हठी, जिद्दी (निचू ११)।

दुण्णिसीहिया स्त्री [दुर्निषद्या] कष्ट-जनक स्वाध्याय-स्थान (पण्ह २, ५)।

दुण्णेय वि [दुर्ज्ञेय] जिसका ज्ञान कष्ट-साध्य हो वह (उवर १२८, उप ३२८)।

दुतितिक्ख वि [दुस्तितिक्ष] दुस्सह, जो दुःख से सहन किया जा सके वह (ठा ५, १)।

दुत्तर वि [दुस्तर] दुस्तरणीय, दुर्लंघ्य (सुपा ४७, ११५, सार्ध ६१)।

दुत्तडी स्त्री [दुस्तटी] १ नदी। २ खराब किनारा वाली नदी (धम्म १२ टी)।

दुत्तव वि [दुस्तप] कष्ट से तपने योग्य, दुःख से करने योग्य (तप) (धर्मा १७)।

दुत्तार वि [दुस्तार] दुःख से पार करने योग्य, दुस्तर (गे ३, २५, ६, १०)।

दुत्ति अ [दे] शीघ्र, जल्दी (दे ५, ४१, पाअ)।

दुत्तिइक्ख } देखो दुतितिक्ख (आचा,
दुत्तितिक्ख } राज)।

दुत्तुंड पु [दुस्तुण्ड] दुर्मुख, दुर्जन, (सुपा ५७८)।

दुत्तोस वि [दुस्तोष] जिसको संतुष्ट करना कठिन हो वह (दस ५)।

दुत्थ न [दे] जघन, स्त्री की कमर के नीचे का भाग (दे ५, ४२)।

दुत्थ वि [दुःस्थ] दुर्गत, दुःस्थित (ठा ३, ३, भवि)।

दुत्थ न [दौःस्थ्य] दुर्गति, दुःस्थता (सुपा २४४), 'नहि विधुरमहावा हुति दुत्थेवि धीरा' (कुप्र ५४)।

दुत्थिअ वि [दुःस्थित] १ दुर्गत, विपत्ति-ग्रस्त (रयण ७५, भवि, सण)। २ निर्धन, गरीब (कुप्र १४९)।

दुत्थुरहंड पुस्त्री [दे] झगड़ाखोर, कलह-शील (दे ५, ४७)। स्त्री. °डा (दे ५, ४७)।

दुत्थोअ पु [दे] दुर्भग अभागा (दे ५, ४३)।

दुद्दंत वि [दुर्दान्त] उद्धत, दमन करने को अशक्य, दुर्दम 'विसयपसत्ता दुद्दतइंदिया देहिणो बन्ध' (सुर ८, १३८ णाया १, ५, सुपा ३८०, महा)।

दुद्दस वि [दुर्दर्श] दुरालोक, जो कठिनाई से देखा जा सके (उत्तर १४१)।

दुद्दंसण वि [दुर्दर्शन] जिसका दर्शन दुर्लभ हो वह (गा ३०)।

दुद्दम वि [दुर्दम] १ दुर्जय, दुर्निवार (सुपा २४), 'दुद्दमरहम' (श्रा १२)। २ पुं राजा अश्वघोष का एक दूत (आक)।

दुद्दम पु [दे] देवर, पति का छोटा भाई (दे ५, ४४)।

दुद्दिट्ठ वि [दुर्दृष्ट] १ बुरी तरह से देखा हुआ। २ वि. दुष्ट दर्शनवाला (पण्ह १, २—पत्र २९)।

दुद्दिण न [दुर्दिन] बादलों से व्याप्त दिवस (ओघ ३६०)।

दुद्देय वि [दुर्देय] दुःख से देने योग्य (उप ९२४)।

दुद्दोलना स्त्री [दे] गौ, गैया (षड्)।

दुद्दोली स्त्री [दे] वृक्ष-पंक्ति, पेड़ों की कतार (दे ५, ४३, पाअ)।

दुद्ध न [दुग्ध] दूध, क्षीर (विपा १, ७)। °जाइ स्त्री [°जाति] मदिरा विशेष, जिसका स्वाद दूध के जैसा होता है (जीव ३)। °समुद्द पु [°समुद्र] क्षीर-समुद्र, जिसका पानी दूध की तरह स्वादिष्ट है (गा ३८८)।

दुद्धंस वि [दुर्ध्वंस] जिसका नाश मुश्किल से हो (सुर १, १२)।

दुद्धगंधिअमुद्द पु [दे] बाल, शिशु, छोटा लड़का (दे ५, ४०)।

दुद्धगंधिअमुद्दी स्त्री [दे] छोटी लड़की (पाअ)।

दुद्धट्टी } स्त्री [दे] १ प्रसूति के बाद तीन
दुद्धट्ठी } दिन तक का गो-दुग्ध (पभा ३२)। २ खट्टी छाछ से मिश्रित दूध (पव ४—गा २२८)।

दुद्धर वि [दुर्धर] १ दुर्वह, जिसका निर्वाह मुश्किल से हो सके वह (पण्ण १—पत्र ४; सुर १२, ५१)। २ गहन, विषम (ठा ६, भवि)। ३ दुर्नय (कुमा)। ४ पुं. रावण का एक सुभट (पउम ५६, ३०)।

दुद्धरिस वि [दुर्धर्ष] १ जिसका सामना कठिनता से हो सके, जीतने को अशक्य (पण्ह २, ५ कप्प)।

दुद्धवलेही स्त्री [दे] चावल का आटा डालकर पकाया जाता दूध (पव ४—गाथा २२८)।

दुद्धसाडी स्त्री [दे] द्राक्षा मिलाकर पकाया जाता दूध (पव ४—गाथा २२८)।

दुद्धिअ न [दे] कद्दू, लौकी, गुजराती में 'दूधी'; (पाअ)।

दुद्धिणआ } स्त्री [दे] १ तैल आदि रखने
दुद्धिणा } का भाजन। २ तुम्बी (दे ५, ५४)।

दुद्धोअहि } पुं [दुग्धोदधि] समुद्र विशेष,
दुद्धोदहि } जिसका पानी दूध की तरह स्वादिष्ट है, क्षीरसमुद्र (गा ४७५, उप २११ टी)।

दुद्धोल्लणी स्त्री [दे] गो-विशेष जिसको एक बार दोहने पर फिर भी दोहन किया जा सके ऐसी गाय, कामधेनु (दे ५, ४६)।

दुधा देखो दुहा (अभि १९१)।

दुनिमित्त देखो दुण्णिमित्त (श्रा २७)।

दुन्नय पुं [दुर्नय] १ दुष्ट नीति कुनीति। २ अनेक धर्मवाली वस्तु मे किसी एक ही धर्म को मानकर अन्य धर्म का प्रतिवाद करने वाला पक्ष (सम्म १५)। ३ वि दुष्ट नीति, अन्याय कारी (उप ७६८ टी)। °कारि वि °कारिन् अन्याय करनेवाला (सुपा ३४६)।

दुन्निक्कम देखो दोनिक्कम (भग ७, ६ टी—पत्र ३०७)।

दुन्निग्गह वि [दुर्निग्रह] जिसका निग्रह दु ख से हो सके वह, अनिवार्य (उप पृ १५३)।

दुन्निबोह वि [दुर्निबोध] १ दु ख से जानने योग्य। २ दुर्लभ (सूअ १, १५, २५)।

दुन्निमित्त देखो दुण्णिमित्त (श्रा २७)।

दुन्निय न [दुर्नीत] दुष्ट कर्म, दुष्कृत, 'बधति वेदति य दुन्नियाणि' (सूअ १, ७, ४)।

दुन्नियत्थ वि [दे] विट का भेषवाला, निन्दनीय वेष को धारण करनेवाला, केवल जघन पर ही वस्त्र-पहिना हुआ, 'लोए वि दुसंसग्गीपिय जणं दुन्नियत्थमइवसणं निंदइ' (उव)।

दुन्निरिक्ख वि [दुर्निरीक्ष्य] जो कठिनाई से देखा जा सके वह (कप्प, भवि)।

दुन्निवार वि [दुर्निवार] रोकने के लिए अशक्य, जिसका निवारण मुश्किल से हो सके वह (सुपा १२३, महा)।

दुन्निवारणीअ वि [दुर्निवारणीय, दुर्निवार] ऊपर देखो (स ३४३, ७४१)।

दुन्निसण्ण वि [दुर्निषण्ण] खराब रीति से बैठा हुआ (ठा ५, २—पत्र ३१२)।

दुप देखो दिअ=द्विप (राज)।

दुपएस वि [द्विप्रदेश] १ दो अवयववाला। २ पुं. द्व्यणुक (उत्त १)।

दुपएसिय वि [द्विप्रदेशिक] दो प्रदेशवाला (भग ५, ७)।

दुपक्ख पुं [दुष्पक्ष] दुष्ट पक्ष (सूअ १, ३, ३)।

दुपक्ख न. [द्विपक्ष] १ दो पक्ष (सूअ १, २, ३)। २ वि. दो पक्षवाला (सूअ १, १२, ५)।

दुपडिग्गह न [द्विप्रतिग्रह] दृष्टिवाद का एक सूत्र (सम १५७)।

दुपडोआर वि [द्विपदावतार] दो स्थानो मे जिसका समावेश हो सके वह (ठा २, १)।

दुपडोआर वि [द्विप्रत्यवतार] ऊपर देखो (ठा २, १)।

दुप्पज्जिय देखो दुप्पमज्जिय (सुपा ६२०)।

दुपय वि [द्विपद] १ दो पैरवाला। २ पुं मनुष्य (णाया १, ८, सुपा ४०६)। ३ न गाडी, शकट (ओघ २०५ भा)।

दुपय पु [द्रुपद] काम्पिल्यपुर का एक राजा (णाया १, १६)।

दुपरिच्चय वि [दुष्परित्यज] दुस्त्यज, दु ख से छोडने योग्य (उप ७६८ टी, रयण ३४)।

दुपरिच्चयणीय वि [दुष्परित्यजनीय, दुष्परित्यज] ऊपर देखो (काल)।

दुपस्स देखो दुप्पस्स (ठा ५, १—पत्र २९६)।

दुपुत्त पुं [दुष्पुत्र] कुपुत्र, कपूत (पउम २९, २३)।

दुपेच्छ वि [दुष्प्रेक्ष] दुर्दर्श, अदर्शनीय (भवि)।

दुप्पइ पु [दुष्पति] दुष्ट स्वामी (भवि)।

दुप्पउत्त वि [दुष्प्रयुक्त] १ दुरुपयोग करनेवाला (ठा २, १—पत्र ३९)। २ जिसका दुरुपयोग किया गया हो वह (भग ३, १)।

दुप्पउलिय } वि [दुष्प्रज्वलित] ठीक-ठीक
दुप्पउल्ल } नहीं पका हुआ, अधपका (उवा, पचा १)।

दुप्पओग पुं [दुष्प्रयोग] दुरुपयोग (दस ४)।

दुप्पओगि वि [दुष्प्रयोगिन्] दुरुपयोग करनेवाला (पण्ह १, १—पत्र ७)।

दुप्पक्क वि [दुष्पक्व] देखो दुप्पउल्ल (सुपा ४७२)।

दुप्पकराल वि [दुष्प्रकाल] जिसका प्रशासन कष्टसाध्य हो वह (सुपा ६०८)।

दुप्पच्चुप्पेक्खिय वि [दुष्प्रत्युत्प्रेक्षित] ठीक-ठीक नही देखा हुआ (पव ६)।

दुप्पजीवि वि [दुष्प्रजीविन्] दु ख से जीनेवाला (दसचू १)।

दुप्पडिक्कंत वि [दुष्प्रतिक्रान्त] जिसका प्रायश्चित ठीक ठीक न किया गया हो वह (विपा १, १)।

दुप्पडिगर वि [दुष्प्रतिकर] जिसका प्रतीकार दु ख से किया जा सके (बृह ३)।

दुप्पडिपूर वि [दुष्प्रतिपूर] पूरने के लिए अशक्य (तंदु)।

दुप्पडियाणंद वि [दुष्प्रत्यानन्द] १ जो किसी तरह सतुष्ट न किया जा सके। २ अति कष्ट से तोषणीय (विपा १, १—पत्र ११, ठा ४, ३)।

दुप्पडियार वि [दुष्प्रतिकार] जिसका प्रतीकार दु ख से हो सके वह (ठा ३, १—पत्र ११७, ११९, स १८४, उव)।

दुप्पडिलेह वि [दुष्प्रतिलेख] जो ठीक-ठीक न देखा जा सके वह (पव ८४)।

दुप्पडिलेहण न [दुष्प्रतिलेखन] ठीक-ठीक नही देखना (आव ४)।

दुप्पडिलेहिय वि [दुष्प्रतिलेखित] ठीक से नही देखा हुआ (सुपा ६१७)।

दुप्पडिवूह वि [दुष्प्रतिबृंह] १ बढ़ाने को अशक्य। २ पालने को अशक्य (आचा)।

दुप्पडिवूहण वि [दुष्प्रतिबृंहण] ऊपर देखो (आचा)।

दुप्पणिहाण न [दुष्प्रणिधान] दुष्प्रयोग, अशुभ प्रयोग, दुरुपयोग (ठा ३, १, सुपा ५४०)।

दुप्पणिहिय वि [दुष्प्रणिहित] दुष्प्रयुक्त, जिसका दुरुपयोग किया गया हो वह (सुपा ५५८)।

दुप्पणीहाण देखो दुप्पणिहाण, 'कयसामइओवि दुप्पणीहाणं' (सुपा ५५३)।

दुप्पणोल्लिय वि [दुष्प्रणोद्य] दुस्त्यज, छोडने को अयोग्य (सूअ १, ३, १)।

दुप्पण्णवणिज्ज वि [दुष्प्रज्ञापनीय] कष्ट से प्रबोधनीय (आचा २, ३, १)।

दुप्पतर वि [दुष्प्रतर] दुस्तर (सूअ १, ५, १)।

दुप्पधंस वि [दुष्प्रधर्ष] दुर्धर्ष, दुर्जय (उत्त ६; वि ३०५)।

दुप्पमज्जण न [दुष्प्रमार्जन] ठीक-ठीक सफा नहीं करना (धर्म ३)।

दुप्पमज्जिय वि [दुष्प्रमार्जित] अच्छी तरह से सफा नहीं किया हुआ (सुपा ६१७)।

दुप्पय देखो दुपय = द्विपद (सम ६०)।

दुप्पयार वि [दुष्प्रचार] जिसका प्रचार दुष्ट माना जाता है वह, अन्याय-युक्त (कप्प)।

दुप्परक्कंत वि [दुष्पराक्रान्त] बुरी तरह से आक्रान्त (आचा)।

दुप्परिअल्ल वि [दे] १ अशक्य (दे ५, ५५; पाअ, से ४, २६, ६, १८, गा १२२)। २ द्विगुण, दुगुना। ३ अनभ्यस्त, अभ्यास-रहित (दे ५, ५५)।

दुप्परिइअ वि [दुष्परिचित] अपरिचित (से १३, १३)।

दुप्परिच्चय देखो दुपरिच्चय (उत्त ८)।

दुप्परिणाम वि [दुष्परिणाम] जिसका परिणाम खराब हो, दुर्विपाक (भवि)।

दुप्परिमास वि [दुष्परिमर्ष] कष्ट-साध्य स्पर्शवाला (से ९, २४)।

दुप्परियत्तण देखो दुप्परिवत्तण (तंदु)।

दुप्परिल्ल वि [दे] दुराकर्ष, 'मालिहिअ दुप्परिल्लवि ऐइ रएणं धणु' बाहों' (गा १२२)।

दुप्परिवत्तण वि [दुष्परिवर्तन] १ जिसका परिवर्तन दुःख से हो सके वह। २ न. दुःख से पीछे लौटना (तंदु)।

दुप्पवंच पुं [दुष्प्रपञ्च] दुष्ट प्रपंच (भवि)।

दुप्पवण पुं [दुष्पवन] दुष्ट वायु (भवि)।

दुप्पवेस वि [दुष्प्रवेश] जहां कष्ट से प्रवेश हो सके वह (णाया १, १; पउम ४३, १२, स २५६; सुपा ४५५)। °तर वि [°तर] प्रवेश करने को अशक्य (पण्ह १, ३— पत्र ४५)।

दुप्पसह पुं [दुष्प्रसह] पंचम आरे के अन्त में होनेवाला एक जैन आचार्य, एक भावी जैन सूरि (उप ८०६)।

दुप्पस्स वि [दुर्दर्श] जो मुश्किल से दिखाया जा सके वह (ठा ५, १ टी— पत्र २९६)।

दुप्पहंस वि [दुष्प्रध्वंस्य] जिसका नाश कठिनाई से हो सके वह (णाया १, १८— पत्र २३६)।

दुप्पहंस वि [दुष्प्रधृष्य] अजेय, दुर्जय (णाया १, १८)।

दुप्पह वि [दुष्प्रभ] जो दुःख से सूझ सके वह; दुर्गम (मोह ७२)।

दुप्पाय न [दुष्प्राप] तप-विशेष, आयंबिल तप (संबोध ५८)।

दुप्पिउ पुं [दुष्पितृ] दुष्ट पिता (सुपा ३८७; भवि)।

दुप्पिच्छ देखो दुपेच्छ (सुर २, ५, सुपा ९२)।

दुप्पिय वि [दुष्प्रिय] अप्रिय। °भासि वि [°भाषिन्] अप्रिय-वक्ता (सुपा ३१४)।

दुप्पुत्त देखो दुपुत्त (पउम १०५, ७२; भवि, कुप्र ४०५)।

दुप्पूर वि [दुष्पूर] जो कठिनाई से पूरा किया जा सके (स १२३)।

दुप्पेक्ख देखो दुपेच्छ (सण)।

दुप्पेक्खणिज्ज वि [दुष्प्रेक्षणीय] कष्ट से दर्शनीय (नाट—वेणी २५)।

दुप्पेच्छ देखो दुपेच्छ (महा)।

दुप्पोलिय देखो दुप्पउलिअ (आ २१)।

दुप्फड वि [दुष्फट्] मुश्किल से फटने योग्य (वि ८३)।

दुप्फरिस, दुप्फास, दुफास वि [दुःस्पर्श] जिसका स्पर्श खराब हो वह (पउम २६, ४६, १०१, ७१; ठा ८, भग)।

दुफास वि [द्विस्पर्श] स्निग्ध और शीत आदि अविरुद्ध दो स्पर्शों से युक्त (भग)।

दुब्बद्ध वि [दुर्बद्ध] खराब रीति से बँधा हुआ (आचा २, ९, ३)।

दुब्बल वि [दुर्बल] निर्बल, बल-हीन (विपा १, ७, सुपा ५०३, प्रासू २३)। °पच्चय-मित्त पुं न [°प्रत्ययमित्र] दुर्बल को मदद करनेवाला (ठा ९)।

दुब्बलिय वि [दुर्बलिक] दुर्बल, निर्बल (भव १२, २)। °पुस्समित्त पुं [°पुष्य-मित्र] स्वनाम प्रसिद्ध एक जैन आचार्य (ठा ७, टी ७)।

दुब्बलिय न [दौर्बल्य] श्रम, थाक, थकावट (आचा २, ३, २, ३)।

दुब्बुद्धि वि [दुर्बुद्धि] १ दुष्ट बुद्धिवाला, खराब नियतवाला (उप ७२८; सुपा ४४; ३७६)। २ स्त्री. खराब बुद्धि, दुष्ट नियत (श्रा १४)।

दुब्बोल्ल पुं [दे] उपालम्भ, उलहना या उलाहना (दे ५, ४२)।

दुब्भ वि [दुग्ध] दोहा हुआ। २ न. दोहन (प्राकृ ७७)।

दुब्भ° देखो दुह = दुह्।

दुब्भग वि [दुर्भग] १ कमनसीब, अभागा। २ अप्रिय, अनिष्ट (पण्ह १, २; प्रासू १४३)। °णाम, °नाम न [°नामन्] कर्म-विशेष जिसके उदय से उपकार करनेवाला भी लोगों को अप्रिय होता है (कम्म १; सम ६७)। °करा स्त्री [°करा] दुर्भग बनानेवाली विद्या-विशेष (सूम २, २)।

दुब्भग्ग न [दौर्भाग्य] दुर्भगता, लोक में अप्रियता (पिंड ५०२)।

दुब्भरणि स्त्री [दुर्भरणि] दुःख से निर्वाह, 'होउ अजणणी तेसिं दुब्भरणी पडउ तदु-दरम्मावि' (सुपा ३७०)।

दुब्भाव पुं [दुर्भाव] १ हेय पदार्थ (पउम ८६, ६६)। २ असद्-भाव, खराब-असर, 'विगुणेण व जेण कओ दुब्भावो' (सुर ३, १६)।

दुब्भाव पुं [द्विभाव] द्वित्व, दुतानापन (विसेस ६६०)।

दुब्भासिय न [दुर्भाषित] खराब वचन (पउम ११८, ९७; पंचा)।

दुब्भि पुंन [दुरभि] १ खराब गन्ध (सम ४१)। २ वि. अशुभ, खराब, असुन्दर (ठा १)। ३ वि. खराब गन्धवाला, दुर्गन्धि (आचा)। °गंध [°गन्ध] पूर्वोक्त ही अर्थ (ठा १; आचा; णाया १, १२)। °सद्द पुंन. [°शब्द] खराब शब्द (णाया १, १२)।

दुब्भिक्खा पुन [दुर्भिक्ष] १ दुष्काल, अकाल, वृष्टि का अभाव (सम ६०; सुपा १२८). 'आवले रयणि, मूढे गो तहेव दुब्भिक्खे।

जस्स मुहं जोइज्जइ, सो पुरिसो महीयले विरलो' (रयण ३२)।
२ भिक्षा का अभाव (ठा ५, २)। ३ वि. जहाँ पर भिक्षा न मिल सके वह देश आदि (ठा ३, १—पत्र ११८)।

दुब्भिज्ज देखो दुब्भेज्ज (पउम ८०, ९)।

दुब्भूइ स्त्री [दुर्भूति] अशिव, अमंगल (बृह ३)।

दुब्भूय पुंन [दुर्भूत] १ नुकशान करनेवाला जन्तु—टिड्डी वगैरह (भग ३, २)। २ न. अशिव, अमंगल (जीव ३)।

दुब्भूय वि [दुर्भूत] दुराचारी (उत्त १७, १७)।

दुब्भेज्ज वि [दुर्भेद्य] तोड़ने को अशक्य (पि ८४, २८७, नाट—मृच्छ १३३)।

दुब्भेय वि [दुर्भेद] ऊपर देखो (राय)।

दुभग देखो दुब्भग (नव १५)।

दुभव न [द्विभव] वर्तमान और आगामी जन्म, 'दुभवहइसज्जो' (श्रा २७)।

दुभाग पुं [द्विभाग] आधा, अर्ध (भग ७, १)।

दुम सक [धवलय्] १ सफेद करना। २ चूना आदि से पोतना। दुमइ (हे ४, २४)। दुमसु (गा ७४७)। वकृ. दुमत (कुमा)।

दुम पुं [द्रुम] १ वृक्ष, पेड़, गाछ (कुमा, प्रासू ६, १४९)। २ चमरेन्द्र के पदाति-सैन्य का एक अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०२, इक)। ३ राजा श्रेणिक का एक पुत्र, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर अनुत्तर देवलोक की गति प्राप्त की थी (अनु २)। ४ न एक देव-विमान (सम ३५)। °कंत न [°कान्त] एक विद्याधर-नगर (इक)। °पत्त न [°पत्र] १ वृक्ष का पत्ता। २ 'उत्तराध्ययन' सूत्र का एक अध्ययन (उत्त १०)। °पुप्फिया स्त्री [°पुष्पिका] 'दशवैकालिक' सूत्र का पहला अध्ययन (दस १)। °राय पुं [°राज] उत्तम वृक्ष (ठा ४, ४)। °सेण पुं [°सेन] १ राजा श्रेणिक का एक पुत्र, जिसने भगवान महावीर के पास दीक्षा लेकर अनुत्तर देवलोक में गति प्राप्त की थी (अनु २)। २ नववें बलदेव और वासुदेव के पूर्व-जन्म के धर्म-गुरु (सम १५३, पउम २०, १७७)।

दुमंतय पुं [दे] केश-बन्ध, धम्मिल्ल—बँधी चोटी, जूड़ा (दे ५, ४७)।

दुमण न [धवलन] चूना आदि से लेपन, सफेद करना (पण्ह २, ३)।

दुमणी स्त्री [दे] सुधा, मकान आदि पोतने का श्वेत द्रव्य-विशेष, चूना (दे ५, ४४)।

दुमत्त वि [द्विमात्र] दो मात्रावाला स्वर-वर्ण (हे १, ९४)।

दुमासिय वि [द्वैमासिक] दो मास का, दो मास-सम्बन्धी (सण)।

दुमिअ वि [धवलित] चूना आदि से पोता हुआ, सफेद किया हुआ (गा ७४०, सुज्ज २०)।

दुमिल देखो दुम्मिल (पिंग)।

दुमुह पु [द्विमुख] एक राजर्षि (उत्त ९)।

दुमुह देखो दुम्मुह = दुर्मुख (पि ३४०)।

दुमुहुत्त पुंन [दुर्मुहूर्त] खराब मुहूर्त, दुष्ट समय (सुपा २३७)।

दुमोक्ख वि [दुर्मोक्ष] जो दुःख से छोड़ा जा सके (सूअ १, १२)।

दुम्म देखो दूम = दावय्। दुम्मइ (भवि)। दुर्मेति, दुम्मेसि (गा १७७, ३४०)। कर्म. दुम्मिज्जइ (गा ३२०)।

दुम्मइ वि [दुर्मति] दुर्बुद्धि, दुष्ट बुद्धिवाला (श्रा २७, सुपा २५१)।

दुम्मइणी स्त्री [दे] झगड़ाखोर स्त्री (दे ५, ४७, षड्)।

दुम्मण वि [दुर्मनस्] १ दुर्मना, खिन्न-मनस्क, उद्विग्न चित्त, उदास (विपा १, १, सुर ३, १४७)। २ दीन, दीनतायुक्त। ३ द्विष्ट, द्वेष-युक्त (ठा ३, २—पत्र १३०)।

दुम्मण अक [दुर्मनाय्] उद्विग्न होना, उदास होना। वकृ. दुम्मणाअंत, दुम्मणायमाण (नाट—महावी ९९, मालती १२८, रयण ७९)।

दुम्मणिअ न [दौर्मनस्य] उदासी, उद्वेग, चिन्ता, बेचैनी (दस ९, ३)।

दुम्मणिअ न [दौर्मनस्य] दुष्ट मनो भाव, मन का दुष्ट विकार, दुर्जनता (दस ९, ३, ८)।

दुम्मय पुं [द्रुमक] भिखारी, भीखमंगा (दस ७, १४)।

दुम्महिला स्त्री [दुर्महिला] दुष्ट स्त्री (ओघ ४९४ टी)।

दुम्माण पु [दुर्मान] झूठा अभिमान, निन्दित गर्व (अच्चु ५४)।

दुम्मार पु [दुर्मार] विषम मार, भयंकर ताडन, 'दुम्मारेण मओ सोवि' (श्रा १२)।

दुम्मारि स्त्री [दुर्मारि] उत्कट मारी-रोग (सबोध २)।

दुम्मारुय पु [दुर्मारुत] दुष्ट पवन (भवि)।

दुम्मिअ वि [दून] उपतापित, पीड़ित (गा ७४, २२४, ४२३, भवि, काप्र ३०)।

दुम्मिल स्त्रीन [दुर्मिल] छन्द विशेष। स्त्री. °ला (पिंग)।

दुम्मुह देखो दुमुह = द्विमुख (महा)।

दुम्मुह पु [दुर्मुख] बलदेव का धारणी देवी से उत्पन्न एक पुत्र, जिसने भगवान् नेमिनाथ के पास दीक्षा लेकर मुक्ति पाई थी (अंत ३, पण्ह १, ४)।

दुम्मुह पुं [दे] मर्कट, वानर, बन्दर (दे ५, ४४)।

दुम्मेह वि [दुर्मेधस्] दुर्बुद्धि, दुर्मति (पण्ह १, ३)।

दुम्मोअ वि [दुर्मोक] दुःख से छोड़ाने योग्य (अभि २४४)।

दुयणु देखो दुअणुअ (धर्मसं ६४०)।

दुरइक्कम वि [दुरतिक्रम] दुर्लंघ्य, जिसका उल्लंघन दुःख साध्य हो वह (आचा)।

दुरइक्कमणिज्ज वि [दुरतिक्रमणीय] ऊपर देखो (णाया १, ५)।

दुरंत वि [दुरन्त] १ जिसका परिणाम—विपाक खराब हो वह, जिसका पर्यन्त दुष्ट हो वह (णाया १, ८, पण्ह १, ४—पत्र ६५, स ७५०, उवा)। २ जिसका विनाश कष्ट-साध्य हो वह (संदु)।

दुरंदर वि [दे] दुःख से उत्तीर्ण (दे ५, ४६)।

दुरक्ख वि [दरक्ष] जिसकी रक्षा करना कठिन हो वह (सुपा १४३)।

दुरक्खर वि [दुरक्षर] पुरुष, कठोर, कड़ा (वचन) (भवि)।

दुरग्गह पुं [दुराग्रह] कदाग्रह (कुप्र ३७९)।

दुरज्झवसिय न [दुरध्यवसित] दुष्ट चिन्तन (सुपा ३७७)।

दुरणुचर वि [दुरनुचर] जिसका अनुष्ठान कठिनता से हो सके वह, दुष्कर 'एसो जईण धम्मो दुरणुचरो मदमन्नाण' (सुर १४, ७५; ठा ५, १—पत्र २९६, णाया १, १)।

दुरणुपाल वि [दुरनुपाल] जिसका पालन कष्ट-साध्य हो (उत्त २३)।

दुरप्प पु [दुरात्मन्] दुष्ट आत्मा, दुर्जन (उव, महा)।

दुरब्भास पुं [दुरभ्यास] खराब आदत (सुपा १६७)।

दुराभ देखो दुब्भि (अणु पउम २६, ५०, १०२, ४४; पण्ह २, ५, आचा)।

दुरभिगम वि [दुरभिगम] १ जहाँ दुःख से गमन हो सके वह, कष्ट-गम्य (ठा ३, ४)। २ दुर्बोध, कष्ट से जो जाना जा सके (राज)।

दुरमच्च पु [दुरमात्य] दुष्ट मंत्री (कुप्र २९१)।

दुरवगम वि [दुरवगम] दुर्बोध (कुप्र ४८)।

दुरवगम्म देखो दुरवगम (चेइय २५९)।

दुरवगाह वि [दुरवगाह] दुष्प्रवेश, जहाँ प्रवेश करना कठिन हो वह (हे १, २६, सम १४५)।

दुरस वि [दूरस] खराब स्वादवाला (भग, णाया १, १२, ठा ८)।

दुरसण पुं [द्विरसन] १ सर्प, साँप। २ दुर्जन, दुष्ट मनुष्य (सुपा ५९०)।

दुरहि देखो दुरभि (उत्त ७२८ टी; दंडु)।

दुरहिगम देखो दुरभिगम (सम १४५, विसे ९०९)।

दुरहिगम्म वि [दुरभिगम्य] दुःख से जानने योग्य दुर्बोध 'अन्यगई वि य नयवायगहण-लीणा दुरहिगम्मा' (सम्म १६१)।

दुरहियास वि [दुरध्यास, दुरधिसह] दुःसह, जो कष्ट से सहन किया जा सके (णाया १, १, आचा उत्त १०३१ टी, स ६५७)।

दुराणण पुं [दुरानन] विद्याधर वंश का एक राजा (पउम ५, ४५)।

दुरायुवत्त वि [दुरनुवर्त] जिसका अनुवर्तन कष्ट-साध्य हो वह (वव १)।

दुराय न [द्विरात्र] दो रात (ठा ५, २, वव)।

दुरायार वि [दुराचार] १ दुराचारी, दुष्ट आचरणवाला (सुर २, १९३, १२, २२९, वेणी १७१)। २ पुं. दुष्ट आचरण (भवि)।

दुरायारि वि [दुराचारिन्] ऊपर देखो (भवि)।

दुराराह वि [दुराराध] जिसका आराधन दुःख से हो सके वह (कप्प)।

दुरारोह वि [दुरारोह] जिस पर दुःख से चढ़ा जा सके वह, दुरध्यास (उत्त २३, गा ४६८)।

दुरालोअ पु [दे] तिमिर, अन्धकार (दे ५, ४९)।

दुरालोअ वि [दुरालोक] जो दुःख से देखा जा सके, देखने को अशक्य (से ४, ८, कुमा)।

दुरालोयण वि [दुरालोचन] ऊपर देखो, 'दुरालोयणो दुम्मुहो रत्तनेत्तो' (भवि)।

दुरावह वि [दुरावह] दुर्धर, दुर्वह (पउम ९८, ९)।

दुरास वि [दुराश] १ दुष्ट आशावाला। २ खराब इच्छावाला (भवि, सद्धि १९)।

दुरासय वि [दुराशय] दुष्ट आशयवाला (सुपा १३१)।

दुरासय वि [दुराश्रय] दुःख से जिसका आश्रय किया जा सके वह, आश्रय करने को अशक्य (पण्ह १, ३, उत्त १)।

दुरासय वि [दुरासद] १ दुष्प्राप्य, दुर्लभ। २ दुर्जय। ३ दुःसह (दस २, ६, राज)

दुरिअ न [दुरित] पाप (पाअ, सुपा २४३)।

दुरिअ न [दे] द्रुत, शीघ्र, जल्दी (षड्)।

दुरिआरि स्त्री [दुरितारि] भगवान् संभवनाथ की शासनदेवी (संति ६)।

दुरिक्ख वि [दुरीक्ष] देखने को अशक्य (कुमा)।

दुरिट्ठ न [दुरिष्ट] खराब नक्षत्र (दसनि १, १०५)।

दुरिट्ठ न [दुरिष्ट] खराब यज्ञ—याग (दसनि १, १०५)।

दुरुअ वि [दे] थोड़ा पीसा हुआ, ठीक ठीक नहीं पीसा हुआ (आचा २, १, ८)।

दुरुदुल्ल सक [भ्रम्] १ भ्रमण करना, घूमना। २ सँवारी हुई चीज की खोज में घूमना। वकृ. दुरुदुल्लंत (सुर १५, २१२)।

दुरुत्त न [दुरुक्त] दुष्टोक्ति, दुष्ट वचन (सार्ध १०१)।

दुरुत्त वि [द्विरुक्त] १ दो बार कहा हुआ, पुनरुक्त। २ दो बार कहने योग्य (रभा)।

दुरुत्तर वि [दुरुत्तर] १ दुस्तर, दुर्लंघ्य (सूअ १, ३, २)। २ न. दुष्ट उत्तर, अयोग्य जवाब (हे १, १४)।

दुरुत्तर वि [द्वि-उत्तर] दो से अधिक। °सय वि [°शततम] एक सौ दो वाँ, १०२ वाँ (पउम १०२, २०४)।

दुरुत्तार वि [दुस्तार] दुःख से पार करने योग्य (सुपा २६७)।

दुरुद्धर वि [दुरुद्धर] जिसका उद्धार कठिनाई से हो वह (सूअ १, २, २)।

दुरुवणीय वि [दुरुपनीत] जिसका उपनय दूषित हो ऐसा (उदाहरण) (दसनि १)।

दुरुवयार वि [दुरुपचार] जिसका उपचार कष्ट-साध्य हो वह (तंदु)।

दुरुव्वा स्त्री [दूर्वा] तृण विशेष, दूब (स १२४, उप ३१८)।

दुरुह सक [आ+रुह्] आरूढ़ होना, चढ़ना। दुरुहइ (नि ११८, १३९)। वकृ. दुरुहमाण (आचा २, ३, १)। संकृ. दुरुहित्ता, दुरुहित्ताणं, दुरुहेत्ता (भग, महा, पि ५८३, ४८२)।

दुरूढ वि [आरूढ] अधिरूढ, ऊपर चढ़ा हुआ (णाया १, १, २, १; औप)।

दुरूव वि [दूरूप] १ खराब रूपवाला, कुरूप, कुडौल (ठा ८, आ १६)। २ मलमूत्र का कर्दम (सूयगं० चूर्णी गा० ३१७)।

दुरूव वि [दूरूप] अशुचि आदि खराब वस्तु (सूअ १, ५, १, २०)।

दुरूह देखो दुरुह। संकृ. दुरूहित्तु, दुरूहिया (सूअ १, ५, २, १५), 'जत्थ आगा-विणि नावं आरुभंपो दुरूहिया' (सूअ १, ११, ३०)।

दुरूहण न [आरोहण] अधिरोहण, ऊपर चढ़ना (स ५१)।

दुरेह पुं [द्विरेफ] भ्रमर, भौंरा (पाअ हे १, ६४)।

दुरोअर न [दुरोदर] जुआ, द्यूत (पाअ)।

दुरोदर देखो दुरोअर (कुंद २५)।

दुलंघ देखो दुलंघ (भवि)।

दुलभ देखो दुलंभ (भवि)।

दुलह वि [दुर्लभ] १ जिसकी प्राप्ति दु ख से हो सके वह (कुमा, गउड, प्रासू १३४)। २ पुं. एक वणिक् पुत्र (सुपा ६१७)। देखो दुल्लह।

दुलि पुस्त्री [दे] कच्छप, कछुआ (दे ५, ४२, उप पृ १३५)।

दुल्ल न [दे] वस्त्र, कपडा (दे ५, ४१)।

दुल्लंघ वि [दुर्लङ्घ] जिसका उल्लंघन कठिनाई से हो सके वह, अलघनीय (पउम १२, ३८, ४१, हेका ३१, सुर २, ७८)।

दुल्लभ वि [दुर्लभ] दुराप, दुष्प्राप्य (उप पृ १३९, सुपा १९३, सण)।

दुल्लक्ख वि [दुर्लक्ष] १ दुर्विज्ञेय, जो दु ख से जाना जा सके, अलक्ष्य (से ८, ५, स ९६, वज्जा १३६, श्रा २८)। २ जो कठिनाई से देखा जा सके (कप्पू)।

दुल्लग्ग वि [दे] अघटमान, अयुक्त (दे ५, ४३)।

दुल्लग्ग न [दुर्लग्न] दुष्ट लग्न, दुष्ट मुहूर्त (मुद्रा २१५)।

दुल्लब्भ } देखो दुल्लह, 'किं दुल्लब्भं जणो
दुल्लभ } गुणग्गाही' (गा ९७५, निचू ११)।

दुल्ललिअ वि [दुर्ललित] १ दुष्ट आदतवाला। २ दुष्ट इच्छावाला, 'विलसइ वेसाण गिहे विविहविलासेहिं दुल्ललिओ', 'कीलइ दुल्ललिय-बालकीलाए' (सुपा ४८५, ३२८)। ३ व्यसनी, आदतवाला,

'धन्ना सा पुन्नुक्करिसनिम्मिया
तिहुयणेवि तुह जणणी।
जीइ पसूओ सि तुम दीणुद्धरणिक्क-
दुल्ललिओ' (सुपा २१९)।

४ दुर्विदग्ध, दु शिक्षित (पाम)। ५ न. दुराशा, दुर्लभ वस्तु की अभिलाषा (महानि ६)।

दुल्लसिआ स्त्री [दे] दासी, नौकरानी (दे ५, ४६)।

दुल्लह वि [दुर्लभ] १ दुराप, जिसकी प्राप्ति कठिनाई से हो वह (स्वप्न ४६, कुमा, जी ५०, प्रासू ११; ४६, ४७)। २ विक्रम की ग्यारहवीं शताब्दी का गुजरात का एक प्रसिद्ध राजा (गु १०)। °राय पुं [°राज] वही अर्थ (सार्ध ६६, कुप्र ४)। °लंभ वि [°लम्भ] जिसकी प्राप्ति दु ख से हो सके वह (पउम ३५, ४७, सुर ४, २२९, वै ६८)।

दुवई स्त्री [द्रुपदी] छन्द-विशेष (स ७१)।

दुवण न [दावन] उपताप, पीडन (पण्ह १, २)।

दुवण्ण } वि [दुर्वर्ण] खराब रूपवाला (भग,
दुवन्न } ठा ८)।

दुवय पु [द्रुपद] एक राजा, द्रौपदी का पिता (णाया १, १६, उप ६४८ टी)। °सुया स्त्री [°सुता] पाण्डव-पत्नी, द्रौपदी (उप ६४८ टी)।

दुवयगया स्त्री [द्रुपदाङ्गजा] राजा द्रुपद की लडकी, द्रौपदी, पाण्डवो की पत्नी (उप ६४८ टी)।

दुवयंगरुहा स्त्री [द्रुपदाङ्गरुहा] ऊपर देखो (उप ६४८ टी)।

दुवयण न [दुर्वचन] खराब वचन, दुष्ट उक्ति (पउम ३५, ११)।

दुवयण न [द्विवचन] दो का बोधक व्याकरण-प्रसिद्ध प्रत्यय, दो संख्या की वाचक विभक्ति (हे १, ९४, ठा ३, ४—पत्र १५८)।

दुवार } देखो दुआर (हे २, ११२, प्रति
दुवाराय } ४१, सुपा ४८७), 'एगदुवाराए' (कस)। °पाल पुं [°पाल] दरवान, प्रतीहार (सुर १, १३४, २, १४८)। °बाहा स्त्री [°बाहा] द्वार भाग (आचा २, १, ५)।

दुवारि वि [द्वारिन्] १ द्वारवाला। २ पुं. दरवान, प्रतीहार, 'बहुपरिवारो पत्तो राय-दुवारी तहिं वरुणो' (सुपा २९५)।

दुवारिअ वि [द्वारिक] दरवाजावाला, 'अवंपुयदुवारिए' (कस)।

दुवारिअ पुं [दौवारिक] दरवान, द्वारपाल (हे १, १६०, संक्षि ६, सुपा २९०)।

दुवालस त्रि ब. [द्वादशन्] बारह, १२ (कप्प, कुमा)। °मुहित्तअ वि [°मौहूर्तिक] बारह मुहूर्तों का परिमाणवाला (सम २२)। °विह वि [°विध] बारह प्रकार का (सम २१)। °हा अ [°धा] बारह प्रकार (सुर १४, ९१)। °वित्त न [°वर्त] बारह आवर्तवाला वन्दन, प्रणाम-विशेष (सम २१)।

दुवालसग स्त्रीन [द्वादशाङ्गी] बारह जैन आगम-ग्रन्थ, 'आचाराग' आदि बारह सूत्र ग्रन्थ (सम १, हे १, २५४)। स्त्री. °गी (राज)।

दुवालसंगि वि [द्वादशाङ्गिन्] बारह अग-ग्रन्थो का जानकार (कप्प)।

दुवालसम वि [द्वादश] १ बारहवाँ। २ न. लगातार पाँच दिनो का उपवास (आचा, णाया १,१, ठा ६, सण)। स्त्री. °मी (णाया १, ९)।

दुविट्ठ } पु [द्विपृष्ठ, द्विविष्टप] १ भरत-
दुविट्ठ } क्षेत्र मे इस अवसर्पिणी काल मे उत्पन्न द्वितीय अर्ध चक्री राजा (सम १५८ टी, पउम ५, १५५)। २ भरत-क्षेत्र में उत्पन्न होनेवाला आठवाँ अर्ध-चक्री राजा, एक वासुदेव (सम १५४)।

दुविभज्ज वि [दुर्विभाज्य] जिसका विभाग करना कठिन हो वह—परमाणु (ठा ५,१—पत्र २९६)।

दुविभव्व देखो दुव्विभव्व (ठा ५, १ टी)।

दुवियड्ढ वि [दुर्विदग्ध] दुश्शिक्षित, जानकारी का झूठा अभिमान करनेवाला (उप ८३३ टी)।

दुवियप्प पु [दुर्विकल्प] दुष्ट वितर्क (भवि)।

दुविलय पुं [दुर्विलक] एक अनार्य देश, 'दुं (? दु) विलय-लउसुक्कस—' (पव २७४)।

दुविह वि [द्विविध] दो प्रकार का (हे १; ९४, नव ३)।

दुवीस स्त्रीन [द्वाविंशति] बाईस, २२ (नव २०; पइ)।

दुव्वण्ण } देखो दुवण्ण (पउम ४१, १७,
दुव्वन्न } पण्ह १, ४)।

दुव्वय न [दुर्व्रत] १ दुष्ट नियम। २ वि. दुष्ट व्रत करनेवाला। ३ व्रत रहित, नियम-वर्जित (ठा ४, ३, विपा १, १)।

दुव्वयण न [दुर्वचन] दुष्ट उक्ति, खराब वचन (पउम ३३, १०६; विसे ५२०, उप गा २९०)।

दुव्वल देखो दुब्बल (महा)।

दुव्वसण न [दुर्व्यसन] खराब आदत, बुरी आदत (सुपा १८४, ४८९; भवि)।

दुव्वसु वि [दुर्वसु] अभव्य, खराब द्रव्य (आचा)। °मुणि पुं [°मुनि] मुक्ति के लिए अयोग्य साधु (आचा)।

दुव्वह वि [दुर्वह] दुर्धर, जिसका वहन कठिनाई से हो सके वह (स १६१; सुर १, १४)।

दुव्वा देखो दुरुव्वा (कुमा; सुर १, १३८)।

दुव्वाइ वि [दुर्वादिन्] अप्रियवक्ता (दस ९, २)।

दुव्वाय पुं [दुर्वाक्] दुर्वचन, दुष्ट उक्ति 'वयणेणवि दुव्वाओ न य कायव्वो परस्स पीडयरो' (पउम १०३, १४३)।

दुव्वाय पुं [दुर्वात] दुष्ट पवन (णमि ४)।

दुव्वार वि [दुर्वार] दुःख से रोकने योग्य, अवार्य (से १२, ६३; उप ९८६ टी, गुपा १९७; ४७१; अभि ११६)।

दुव्वारिअ देखो दुवारिअ = दौवारिक (प्राप्र)।

दुव्वाली स्त्री [दे] वृक्ष-पंक्ति (पाअ)।

दुव्वास पुं [दुर्वासस्] एक ऋषि (अभि ११८)।

दुव्विअड वि [दुर्विवृत] परिधान-वर्जित, नग्न, नंगा (ठा ५, २—पत्र ३१२)।

दुव्विअड्ढ } वि [दुर्विदग्ध] ज्ञान का झूठा
दुव्विअद्ध } अभिमान करनेवाला, दुरिशक्षित (पाअ, गा ६५)।

दुव्विजाणय वि [दुर्विज्ञेय] दुःख से जानने योग्य, जानने को अशक्य, 'अकुसलपरिणाम-मंदबुद्धिजणदुव्विजाणए' (पण्ह १, १)।

दुव्विढप्प वि [दुरर्ज] दुःख से अर्जन करने योग्य, कठिनाई से कमाने योग्य (कुप्र २३८)।

दुव्विणीअ वि [दुर्विनीत] अविनीत, उद्धत (पउम ९६, ३५; काल)।

दुव्विण्णाय वि [दुर्विज्ञात] अशक्य रीति से जाना हुआ (आचा)।

दुव्विभज देखो दुविभज्ज (राज)।

दुव्विभव्व वि [दुर्विभाव्य] दुर्लभ्य, दुःख से जिसकी आलोचना हो सके वह (ठा ५, १ टी—पत्र २९९)।

दुव्विभाव वि [दुर्विभाव] ऊपर देखो (विसे)।

दुव्विलसिय न [दुर्विलसित] १ स्वच्छन्दी विलास। २ निकृष्ट कार्य्य, जघन्य काम, नीच काम (उप १३९ टी)।

दुव्विसह वि [दुर्विषह] अत्यन्त दुःसह, असह्य (गा १४८; सुर ३, १४४; १४, २१०)।

दुव्विसोज्झ वि [दुर्विशोध्य] शुद्ध करने को अशक्य (पंचा १७)।

दुव्विहिअ न [दुर्विहित] दुष्ट अनुष्ठान (दसचू १, १२)।

दुव्विहिय वि [दुर्विहित] १ खराब रीति से किया हुआ, 'दुव्विहियविलासिय विहिणो' (सुर ४, १५, ११, १४३)। २ अनुविहित, अयशस्वी (आव ३)।

दुव्वोज्झ वि [दुर्वाह्य] दुर्वह, दुःख से ढोने योग्य (से ३, ५; ४, ४४, १३, ६३; वज्जा ३८)।

दुव्वोज्झ वि [दे] दुर्घात्य, दुःख से मारने योग्य (से ३, ५)।

पसरिअ वि [प्रसृत] फैला हुआ, विस्तृत (औप, गा ४, भवि, णाया १, १)।

पसरेह पुं [दे] किंजल्क (दे ६, १३)।

पसल्लिअ वि [दे] प्रेरित (षड्)।

पसव सक [प्र + सू] जन्म देना, उत्पन्न करना। पसवइ (हे ४, २३३)। पसवति (उव)। वकृ. पसवमाण (सुपा ४३४)।

पसव (अप) सक [प्र + विश] प्रवेश करना। पसवइ (प्राकृ ११६)।

पसव पुं [प्रसव] १ जन्म, उत्पत्ति (कुमा)। २ न. पुष्प, फूल, 'कुसुमं पसवं पमूअं च' (पाअ), 'पुप्फाणि अ कुसुमाणि अ फुल्लाणि तहेव होंति पसवाणि' (दसनि १, ३६)।

पसव [दे] देखो पसय। 'पसवा हवंति एए' (पउम ११, ७७)। °नाह पुं [°नाथ] मृग-राज, सिंह (स ६५७)। °राय पुं [°राज] सिंह (स ६५७)।

पसवडक्क न [दे] विलोकन (दे ६, ३०)।

पसवण न [प्रसवन] प्रसूति, जन्म दान (भग; उप ७४४; सुर ६, २४८)।

पसवि वि [प्रसविन्] जन्म देनेवाला (नाट—शकु ७४)।

पसविय वि [प्रसूत] जो जन्म देने लगा हो, जिसने जन्म दिया हो वह 'सयमेव पसविया हं महाकिलेसेण नरनाह' (सुर १०, २३०; सुपा ३६)। देखो पसूअ = प्रसूत।

पसविर वि [प्रसवितृ] जन्म देनेवाला (नाट)।

पसस्स देखो पसंस।

पसस्स वि [प्रशस्य] प्रभूत शस्यवाला (सुपा ६४५)।

पसाइअ वि [प्रसादित] १ प्रसन्न किया हुआ (स ३८६, ५७६)। २ प्रसन्न होने के कारण दिया हुआ, 'अगविलग्गमसेस पसाइयं कडयवच्चाइं' (सुर १, १६३)।

पसाइआ स्त्री [दे] भिल्ल के सिर पर का पर्ण-पुट, भिल्लों की पगड़ी (दे ६, २)।

पसाइयव्व देखो पसाय = प्र + सादय्।

पसाम वि [प्रशाम्] शान्त होनेवाला (षड्)।

पसाय सक [प्र + सादय्] प्रसन्न करना, खुश करना। पसाअति, पसाएमि (गा ६१; सिक्खा ६१)। वकृ. पसाअमाण (गा ७४५)। हेकृ. पसाइउं, पसाएउं (महा; गा ५२४)। कृ. पसाइयव्व (सुपा ३६५)।

पसाय पुं [प्रसाद] १ प्रसत्ति, प्रसन्नता, खुशी, 'जणमणपसायजणणो' (वसु)। २ कृपा, मेहरबानी (कुमा)। ३ प्रणय (गा ७१)।

पसायण न [प्रसादन] प्रसन्न करना, 'देव-पसायणपहाणमणो' (कुप्र ५, सुपा ७, महा)।

पसार सक [प्र + सारय्] पसारना, फैलाना। पसारेइ (महा)। वकृ. पसारेमाण (णाया १, १ आचा)। संकृ. पसारिअ (नाट—मृच्छ २५५)।

पसार पुं [प्रसार] विस्तार फैलाव (कप्पू)।

पसारण न [प्रसारण] ऊपर देखो (सुपा ५८३)।

पसारिअ वि [प्रसारित] १ फैलाया हुआ (सण नाट—वेणी २३)। २ न. प्रसारण (सम्मत्त १३३, दस ४, ३)।

पसास सक [प्र + शासय्] १ शासन करना, हुकूमत करना। २ शिक्षा देना। ३ पालन करना। वकृ 'रज्जं पसासेमाणे विहरइ' (णाया १, १ टी—पत्र ६, १, १४—पत्र १८६; औप, महा)।

पसाह सक [प्र + साधय्] १ वश में करना। २ सिद्ध करना। पसाहेइ (नाट, भवि)। वकृ. पसाहेमाण (औप)।

पसाहग वि [प्रसाधक] साधक, सिद्ध करनेवाला (धर्मसं २६)। °तम वि [°तम] १ उत्कृष्ट साधक। २ न. व्याकरण-प्रसिद्ध कारक-विशेष, करण कारक (विसे २११२)। देखो पसाहय।

पसाहण न [प्रसाधन] १ सिद्ध करना, साधना 'विज्जापसाहणुज्जयविज्जाहर-सनिरुद्धएगतो' (सुर ३, १२)। २ उत्कृष्ट साधन, 'सव्वुत्तम माणुसत्त दुल्लह भवसमुद्दे पसाहण सेव्वाणस्स न निउंजेंति धम्मे' (स ७४४)। ३ अलंकार, भूषण (णाया १, ३, से ३, ४४)। ४ भूषण आदि की सजावट, भूसणपसाहणाडंबरेहिं' (वज्जा ११४, सुपा ६६)।

पसाहय देखो पसाहग (काल)। २ सजानेवाला (भग ११, ११)।

पसाहा स्त्री [प्रशाखा] शाखा की शाखा, छोटी शाखा (णाया १, १, औप महा)।

पसाहाविय वि [प्रसाधित] विभूषित कराया गया, सजवाया हुआ (भवि)।

पसाहि वि [प्रसाधिन्] सिद्ध करनेवाला, 'अब्भुदयपसाहिणी' (सवोध ८, ५४)।

पसाहिअ वि [प्रसाधित] अलंकृत किया हुआ, सजाया हुआ (से ४, ६१, पाम)।

पसाहिल्ल वि [प्रशाखिन्] प्रशाखा-युक्त (सुर ८, १०८)।

पसिअ अक [प्र + सद्] प्रसन्न होना। पसिअ (गा ३८४, ४६६, हे १, १०१)। पसियइ (सण)। संकृ पसिऊण, पसिऊण (सण, सुपा ७)।

पसिअ वि [प्रसृत] फैला हुआ, विस्तीर्ण, 'पसिअच्छि!' (गा ९२०; ९२३)।

पसिअ न [दे] पूग-फल, सुपारी (दे ६, ६)।

पसिंच सक [प्र + सिच्] सेचन करना। वकृ पसिंचमाण (सुर १२, १७२)।

पसिंडि (दे) देखो पसडि (पाम)।

पसिक्खअ वि [प्रशिक्षक] सीखनेवाला (गा ६२९ अ)।

पसिज्जण न [प्रसदन] प्रसन्न होना, 'अत्थ-कल्लण खणपसिज्जण अलिअवमणणिब्बंधो' (गा ६७५)।

पसिढिल देखो पसढिल (हे १, ८९, गा १३३; गउड)।

पसिण पुन [प्रश्न] १ पृच्छा, प्रश्न (सुपा ११, ४५३)। २ दर्पण आदि में देवता का आह्वान, मन्त्रविद्या विशेष (सम १२३, बृह १)। °विज्जा स्त्री [°विद्या] मन्त्रविद्या-विशेष (ठा १०)। °पसिण न [°प्रश्न] मन्त्रविद्या के बल से स्वप्न आदि में देवता के आह्वान द्वारा जाना हुआ शुभाशुभ फल का कथन (पव २ बृह १)।

पसिणिय वि [प्रश्नित] पूछा हुआ (सुपा १९, ६२५)।

पसिद्ध वि [प्रसिद्ध] १ विख्यात, विश्रुत (महा)। २ प्रकर्ष से मुक्ति को प्राप्त, मुक्त (सिरि ५६५)।

पसिद्धि स्त्री [प्रसिद्धि] १ ख्याति (हे १, ४४)। २ शंका का समाधान, आक्षेप का परिहार (अणु चेइय ४९)।

पसिस्स देखो पसीस (विसे १४)।

पसीअ देखो पसिअ = प्र + सद्। पसीयइ, पसीयउ (कुप्र १)। संकृ. पसीऊण (सण)।

पसीस पु [प्रशिष्य] शिष्य का शिष्य (पउम ४, ८६)।

पसु पुं [पशु] १ जन्तु विशेष, सींग पूँछवाला प्राणी, चतुष्पाद प्राणि मात्र (कुमा, औप)। २ अज, बकरा (अणु)। °भूय वि [°भूत] पशु-तुल्य (सूप्र १, ४, २)। °मेह पु [°मेध] जिसमें पशु का भोग दिया जाता हो वह यज्ञ (पउम ११, १२)। °वइ पुं [°पति] महादेव, शिव (गा १, सुपा ३१)।

पसुत्त वि [प्रसुप्त] सोया हुआ (हे १, ४४, प्राप्र, णाया १, १६)।

पसुत्ति स्त्री [प्रसुप्ति] कुष्ठ रोग विशेष, नखादि विदारण होने पर भी अचेतनता (राज)। देखो पसूइ।

पसुव (अप) देखो पसु (भवि)।

पसुहत्त पुं [दे] वृक्ष, पेड़ (दे ६, २९)।

पसू सक [प्र + सू] जन्म देना, प्रसव करना। वकृ. पसूअमाण (गा १२३)। संकृ. पसूइत्ता (राज)।

पसू वि [प्रसू] प्रसव-कर्ता, जन्म-दाता (मोह २६)।

पसूअ न [दे] पुष्प, फूल (दे ६, ९, पाअ, भवि)।

पसूअ वि [प्रसूत] १ उत्पन्न, जो पैदा हुआ हो (णाया १, ७ उव, प्रासू १५९)। २ देखो पसविय (महा)।

पसूअण न [प्रसवन] जन्म-दान (सुपा ४०३)।

पसूइ स्त्री [प्रसूति] १ प्रसव, जन्म, उत्पत्ति (पउम २१, ३४, प्रासू १२८)। २ एक प्रकार का कुष्ठ रोग, नखादि से विदारण करने पर भी दुःख का असंवेदन, चमड़ी का मर जाना (पिंड ६००)। °रोग पु [°रोग] रोग विशेष (सम्मत्त ५८)।

पसूइय पु [प्रसूतिक] वातरोग विशेष (सिरि ११७)।

पसूण न [प्रसून] फूल, पुष्प (कुमा, सण)।

पसेअ पु [प्रस्वेद] पसीना (दे ६, १)।

पसेढि स्त्री [प्रश्रेणि] अवान्तर श्रेणि—पंक्ति (पि ६६, राय)।

पसेण पु [प्रसेन] भगवान् पार्श्वनाथ के प्रथम श्रावक का नाम (विचार ३७८)।

पसेणइ पुं [प्रसेनजित्] १ कुलकर-पुरुष-विशेष (पउम ३, ५५, सम १५०)। २ यदुवंश के राजा अन्धकवृष्णि का एक पुत्र (अंत ३)।

पसेणि स्त्री [प्रश्रेणि] अवान्तर जाति, 'अट्ठारससेणिप्पसेणीओ सद्दावेइ' (णाया १, १—पत्र ३७)।

पसेयग देखो पसेयय (राज)।

पसेव सक [प्र + सेव्] विशेष सेवा करना। वकृ पसेवमाण (श्रु ५५)।

पसेवय पुं [प्रसेवक] कोथला, थैला; 'एहावि-यपसेवओव्व उरंमि लंबंति दोवि तस्स थणया' (उवा)।

पसेविआ स्त्री [प्रसेविका] थैली, कोथली (दे ५, २५)।

पस्स सक [दृश्] देखना। पस्सइ (षड्; प्राकृ ७१)। वकृ. पस्समाण (आचा; औप; वसु, विपा १, १)। कृ. पस्स (ठा ४, ३)।

पस्स (शौ) देखो पास = पार्श्व (अभि १८९; अवि २९, स्वप्न ३९)।

पस्स देखो पस्स = दृश्।

पस्सओहर वि [पश्यतोहर] देखते हुए चोरी करनेवाला, सुनार, उचक्का; 'नणु एसो पस्सओहरो तेणो' (उप ७२८ टी)।

पस्सि वि [दर्शिन्] देखनेवाला (पण्ण ३०)।

पस्सेय देखो पसेअ (सुख २, ८)।

पह वि [प्रह्व] १ नम्र। २ विनीत। ३ आसक्त (प्राकृ २४)।

पह पुं [पथिन्] मार्ग, रास्ता (हे १, ८८, पाअ; कुमा; था २८; विसे १०५२; कप्प, औप)। °देसय वि [°देशक] मार्ग-दर्शक (पउम ६८, १७)।

पहएल्ल पुं [दे] अनूप, पूआ, खाद्य-विशेष (दे ६, १८)।

पहंकर देखो पभंकर (उत्त २३; ७६; सुख २३, ७०; इक)।

पहंकरा देखो पभंकरा (इक)।

पहंजण पुं [प्रभञ्जन] १ वायु, पवन (पाअ)। २ देव-जाति-विशेष, भवनपति देवों की एक अवान्तर जाति (सुपा ४०)। ३ एक राजा (भवि)।

पहकर [दे] देखो पहयर (णाया १, १; कप्प, औप, उप पृ ४७; विपा १, १; राय, भग ९, ३३)।

पहट्ठ वि [दे] १ हृष्ट, उद्धत (दे ६, ९, षड्)। २ अचिरतर दृष्ट, थोड़े ही समय के पूर्व देखा हुआ (षड्)।

पहट्ठ वि [प्रहृष्ट] आनन्दित, हर्ष-प्राप्त (औप, भग)।

पहण सक [प्र + हन्] मार डालना। पहणइ, पहणे (महा, उत्त १८, ४९)। कर्म. पहणिज्जइ (महा)। वा. पहणंत (पउम १०५, ६५)। कवकृ. पहम्मंत, पहम्ममाण (वि ५४०, सुर २, १४)। हेकृ. पहणिउं, पहणेउं (कुप्र २५; महा)।

पहण न [दे] कुल, वंश (दे ६, ५)।

पहणि स्त्री [दे] संमुखागत का निरोध, सामने आए हुए का अटकाव (दे ६, ५)।

पहणिय देखो पहय = प्रहत (सुपा ४)।

पहत्थ पुं [प्रहस्त] रावण का मामा (से १२, ५५)।

पहद वि [दे] सदा दृष्ट (दे ६, १०)।

पहम्म सक [प्र + हम्म्] प्रकर्ष से गति करना। पहम्मइ (हे ४, १६२)।

पहम्म न [दे] १ सुर-खात, देव-कुण्ड (दे ६, ११)। २ खात-जल, कुण्ड। ३ विवर, छिद्र (से ९, ४३)।

पहम्मंत, पहम्ममाण } देखो पहण = प्र + हन्।

पहय वि [प्रहत] १ पृष्ट, पिटा हुआ (से १, ५८; बृह १)। २ मार डाला गया, निहत (महा)।

पहय वि [प्रहृत] जिस पर प्रहार किया गया हो वह, 'पहया अहिमतियजलेण' (महा)।

पहयर पुं [दे] निकर, समूह, यूथ (दे ६, १५; जय १३, पाअ)।

पहर सक [प्र + हृ] प्रहार करना। पहरइ (उव)। वकृ. पहरत (महा)। संकृ. पहरिऊण (महा)। हेकृ. पहरिउं (महा)।

पहर पुं [प्रहार] १ मार, प्रहार (हे, १,६८; षड्, प्राप्र; संक्षि २)। २ जहाँ पर प्रहार किया हो वह स्थान (से २, ४)।

पहर पुं [प्रहर] तीन घंटे का समय (गा २८; ३१; पाअ)।

पहरण न [प्रहरण] १ अस्त्र, आयुध (आचा; औप; विपा १, १, गउड)। २ प्रहार-क्रिया (से ३, ३८)।

पहराइया देखो पहाराइया (पण्ण १—पत्र ६४)।

पहराय पुं [प्रभराज] भरतक्षेत्र का छठवाँ प्रतिवासुदेव (सम १५४)।

पहरिअ वि [प्रहृत] १ प्रहार करने के लिए उद्यत (सुर ९, १२९)। २ जिस पर प्रहार किया गया हो वह (भवि)।

पहरिस पुं [प्रहर्ष] आनन्द, खुशी; 'आमोओ पहरिसो सोसा' (पाअ, सुर ३, ४०)।

पहल्लादिद (शौ) वि [प्रह्लादित] आनन्दित (स्वप्न १०६)।

पहल्ल अक [घूर्ण्] घूमना, काँपना, डोलना, हिलना। पहल्लइ (हे ४, ११७; षड्)। वकृ. पहल्लंत (सुर १, ६९)।

पहल्लिर वि [प्रघूर्णितृ] घूमनेवाला, डोलता (कुमा; सुपा २०४)।

पहव अक [प्र + भू] १ उत्पन्न होना। २ समर्थ होना। पहवइ (पचा १०, १०; स ७०; संक्षि ३६)। भवि. पहविस्सं (पि ५२१)। वकृ. पहवंत (नाट—मालवि ७२)।

पहव पुं [प्रभव] उत्पत्ति-स्थान (अभि ४१)।

पहव देखो पहाव = प्रभाव (स ६३७)।

पहव देखो पह = प्रह्व (विसे ३००८)।

पहव पुं [प्रभव] एक जैन महर्षि (कुमा)।

पहविय वि [प्रभूत] जो समर्थ हुआ हो, 'मणिकुंडलाणुभावा सत्थं नो पहवियं नरिंदस्स' (सुपा ६१५)।

पहस अक [प्र + हस्] १ हँसना। २ उपहास करना। पहसइ (भवि; सण)। वकृ. पहसंत (सण)।

पहसण न [प्रहसन] १ उपहास, परिहास। २ नाटक का एक भेद, हास्य-रस प्रधान नाटक, रूपक-विशेष, 'पहसणप्पायं कामसत्थ-वयणं' (स ७१३; १७७; हास्य ११९)।

पहसिय वि [प्रहसित] १ जो हँसने लगा हो (भग)। २ जिसका उपहास किया हो वह (भवि)। ३ न. हास्य (बृह १)। ४ पुं. पवनञ्जय का एक विद्याधर-मित्र (पउम १५, ५६)।

पहा सक [प्र + हा] १ त्याग करना। २ अक. कम होना, क्षीण होना; 'पहेज्ज सोहं' (उत्त ४, १२, वि ५६६)। वकृ. पहिज्जमाण, पहेज्जमाण (भग, राज)। संकृ. पहाय, पहिच्चा (आचा १, ९, १, १, पव ३)।

पहा स्त्री [प्रथा] १ रीति, व्यवहार। २ ख्याति, प्रसिद्धि (षड्)।

पहा स्त्री [प्रभा] कान्ति, तेज, आलोक, दीप्ति (औप; पाअ; सुर २, २३५; कुमा; पेहय ५१४)। °मंडल देखो भामंडल (पउम ३०, ३२)। °यर पुं [°कर] १ सूर्य, रवि। २ रामचन्द्र के भाई भरत से साथ दीक्षा लेनेवाला एक राजर्षि (पउम ८५, ५)। °वई स्त्री

[°वती] आठवें वासुदेव की पटरानी (पउम २०, १८७)।

पहाड सक [प्र + घाटय्] इधर उधर भमाना, घुमाना। पहाडेंति (सूअनि ७० टी)।

पहाण वि [प्रधान] १ नायक, मुखिया, मुख्य, 'अवगन्तइ सव्वेवि हु पुरप्पहाणेवि' (सुपा ३०८), 'तत्थत्थि वणिप्पहाणो सेट्ठी वेसमणनामओ' (सुपा ६१७)। २ उत्तम, प्रशस्त, श्रेष्ठ, शोभन (सुर १, ४८, महा, कुमा पंचा ६, १२)। ३ स्त्रीन प्रकृति—सत्त्व, रज और तमोगुण की साम्यावस्था, 'ईसरेण कडे लीए पहाणाइ तहावरे' (सूअ १, १, ३, ६)। ४ पु. सचिव मन्त्री (भवि)।

पहाण पुं [पाषाण] पत्थर (चउप्पन्न०)।

पहाण न [प्रहाण] अपगम, विनाश (धर्मसं ८७५)।

पहाणि स्त्री [प्रहाणि] ऊपर देखो (उत्त ३, ७ उप ९८६ टी)।

पहाम सक [प्र + भ्रमय्] फिराना घुमाना। कवकृ. पहामिज्जत (से ७, ६९)।

पहाय देखो पहा = प्र + हा।

पहाय न [प्रभात] १ प्रात काल, सवेरा (गउड, सुपा ३६ ६०२)। २ वि. प्रभायुक्त (से ९, ४४)।

पहाय देखो पहाव = प्रभाव (हे ४, ३४१, हास्य १३२, भवि)।

पहाया देखो वाहाया (अनु)।

पहार सक [प्र + धारय्] १ चिन्तन करना, विचार करना। २ निश्चय करना। भूका पहारेत्थ, पहारेत्था, पहारिसु (सूअ २, ७, ३६, औप, पि ५१७, सूअ २, १, २०)। वकृ पहारेमाण (सूअ २ ४, ४)।

पहार देखो पहर = प्रहार (पाअ, हे १, ६८)।

पहाराइया स्त्री [प्रहारातिगा] लिपि विशेष (सम ३५)।

पहारि वि [प्रहारिन्] प्रहार करनेवाला (सुपा २१५, प्रासू ९८)।

पहारिय वि [प्रहारित] जिस पर प्रहार किया गया हो वह (स ५९८)।

पहारिय वि [प्रधारित] विकल्पित, चिन्तित (राज)।

पहारेत्तु वि [प्रधारयितृ] चिन्तन करनेवाला, 'अहाकम्मे अणवज्जेत्ति मण पहारेत्ता भवति' (भग ५, ६)।

पहाव सक [प्र + भावय्] प्रभाव-युक्त करना, गौरवित करना। पहावइ (सण)। सकृ. पहाविऊण (सण)।

पहाव (अप) अक [प्र + भू] समर्थ होना। पहावइ (भवि)।

पहाव पु [प्रभाव] १ शक्ति, सामर्थ्य 'तुमं च तेतलिपुत्तस्स पहावेण' (णाया १, १४, अभि ३८)। २ कोप और दण्ड का तेज। ३ माहात्म्य, 'तायपहावओ चेव मे अविग्घं भविस्सइ त्ति' (स २९०, गउड)।

पहावणा देखो पभावणा (कुप्र २८४)।

पहाविअ वि [प्रधावित] दौडा हुआ (स ५८४, गा ५३५, गउड)।

पहाविर वि [प्रधावितृ] दौडनेवाला (वज्जा ९२, गा २०२)।

पहास सक [प्र + भाष्] बोलना। पहासई (सुख ४, ६), 'नाऊण चुन्निय त पहिट्ठहियया पहासई पावा' (महा)।

पहास अक [प्र + भास्] चमकना, प्रकाशना। वकृ. पहासंत (सार्ध ५९)।

पहास पुं [प्रहास] अट्टहास आदि विशेष हास्य (दस १०, ११)।

पहासा स्त्री [प्रहासा] देवी विशेष (महा)।

पहिअ वि [पान्थ, पथिक] मुसाफिर (हे २, १५२ कुमा षड्, उव, गउड)। °साला स्त्री [°शाला] मुसाफिरखाना, धर्मशाला (धमवि ७०, महा)।

पहिअ वि [प्रथित] १ विस्तृत। २ प्रसिद्ध, विख्यात (औप)। ३ राक्षस-वंश का एक राजा एक लंका पति (पउम ५, २६२)।

पहिअ वि [प्रहित] भेजा हुआ, प्रेषित (उप पृ ४५, ७६८ टी, धम्म ९ टी)।

पहिअ वि [दे] मथित, विलोडित (दे ६, ६)।

पहिऊण देखो पहा = प्र + हा।

पहिंसय वि [प्रहिंसक] हिंसा करनेवाला (ओघ ७५३)।

पहिज्जमाण देखो पहा = प्र + हा।

पहिट्ठ देखो पहट्ठ = प्रहृष्ट (औप, सुर ३, २४८, सुपा ९३, ४३७)।

पहिर सक [परि + धा] पहिरना, पहनना। पहिरइ, पहिरति (भवि; धर्मवि ७)। कर्म. पहिरिज्जइ (सबोध १४)। वकृ पहिरंत (सिरि ९८)। सकृ. पहिरिउ (धम्मवि १५)। प्रयो., सकृ. पहिरावेऊण, पहिराविऊण (सिरि ४५९, ७७०)।

पहिरावण न [परिधापन] १ पहिराना। २ पहिरावन, भेंट मे—इनाम मे दिया जाता वस्त्रादि, गुजराती मे—पहिरामणी (श्रा २८)।

पहिराविय वि [परिधापित] पहिराया हुआ (महा, भवि)।

पहिरिय वि [परिहित] पहिरा हुआ, पहना हुआ (सम्मत्त २१८)।

पहिल वि [दे] पहला, प्रथम (सक्षि ४७; भवि, पि ४४९)। स्त्री °ली (पि ४४९)।

पहिल्ल अक [दे] पहल करना, आगे करना। पहिल्लइ (पिंग)। सकृ. पहिल्लिअ (पिंग)।

पहिल्लिर वि [प्रघूर्णितृ] खूब हिलनेवाला, अत्यन्त हिलता (सम्मत्त १८७)।

पहिवी देखो पुहवी = पृथिवी (नाट)।

पहीण वि [प्रहीण] १ परिक्षीण (पिंड ६३१, भग)। २ भ्रष्ट, स्खलित (सूअ २, १, ६)।

पहु पुं [प्रभु] १ परमेश्वर, परमात्मा (कुमा)। २ एक राज पुत्र, जयपुर के विन्ध्यराज का एक पुत्र (वसु)। ३ स्वामी, मालिक (सुर ४, १५९)। ४ वि समर्थ, शक्तिमान, 'दाण दरिद्दस्स पहुस्स खंती' (प्रासू ४८)। ५ अधिपति, मुखिया, नायक (हे ३, ३८)।

°पहुइ देखो °पभिइ (कप्पू)।

पहुई देखो पुहुवी (षड्)।

पहुक पुं [पृथुक] खाद्य पदार्थ विशेष, चिउडा (दे ६, ४४)।

पहुच्च अक [प्र + भू] पहुँचना। पहुच्चइ (हे ४, ३९०)। वकृ. पहुच्चमाण (ओघ ५०५)।

पहुट्ट देखो पप्फुट्ट। पहुट्टइ (कप्पू)।

पहुडि देखो पभिइ (हे १, १३१, ती १०; षड्)।

पहुण पुं [प्राघुण] अतिथि, मेहमान (उप ९०२)।

पहुणाइय न [प्राघुण्य] आतिथ्य, अतिथि-सत्कार, 'न्हाणभोयणवत्थाहरणदाणाइपहुणाइ (? इ)य संपाडेइ' (रभा)।

पहुत्त वि [प्रभूत] १ पर्याप्त, काफी, 'पत्तं च पहुत्तं' (पाअ, गउड, गा २७७)। २ समर्थ (से २, ६)। ३ पहुँचा हुआ (ती १५)।

पहुदि देखो पभिइ (संक्षि ४, प्राकृ १२)।

पहुप्प } अक [प्र + भू] १ समर्थ होना,
पहुव } सकना। २ पहुँचना। पहुप्पइ (हे ४,६३ प्राकृ ६२), 'एयाओ बालियाओ नियनियगेहेसु जह पहुप्पंति तह कुणह' (सुपा २५०)। पहुप्पामो (काल) पहुप्पिरे (हे ३ १४२)। वकृ. किं सहइ कोवि कस्सवि पाअपहारं पहुप्पंतो' पहुप्पमाण (गा ७, ओघ ५०५, किरात १६)। कवइ. पहुव्वंत (से १४, २५, वव १०)। हेकृ. पहुप्पिउं (महा)।

पहुवी स्त्री [पृथिवी] भूमि, धरती (नाट—मालती ७२)। °पहु पु [°प्रभु] राजा (हम्मीर १७)। °वइ पु [°पति] वही अर्थ (हम्मीर १०)।

पहुव्वत देखो पहुव।

पहूअ वि [प्रभूत] १ बहुत, प्रचुर (स ४५६)। २ उद्गत। ३ भूत। ४ उन्नत (प्राकृ ६२)।

पहेज्जमाण देखो पहा = प्र + हा।

पहेण न [दे] वधू को ले जाने पर पिता के घर दी जाती जमीन (आचा २, १, ४, १)।

पहेण } न [दे] १ भोजनोपायन, खाद्य
पहेणग } वस्तु की भेंट (आचा, सूअ २, १,
पहेणय } ५६, गा ३२८,६०३ पिंड ३३५, पाअ, दे ६, ७३)। २ उत्सव (दे ६, ७३)।

पहेरक न [प्रहेरक] आभरण विशेष (पण्ह २, ५—पत्र १४६)।

पहेलिया स्त्री [प्रहेलिका] गूढ आशयवाली कविता (सुपा १५५ ओघ)।

पहोअ सक [प्र + धाव्] प्रक्षालन करना धोना। पहोएज्ज (आचा २, २, १, ११)।

पहोइ वि [प्रधायिन्] धोनेवाला (दस ४, २६)।

पहोइअ वि [दे] १ प्रवर्तित। २ प्रभुत्व (दे ६, २६)।

पहोड सक [वि + लुल्] हिलोरना, अन्दोलना। पहोडइ (धात्वा १४४)।

पहोयण स्त्रीन [प्रधावन] प्रक्षालन, 'दंतपहोयण यं' (दस ३, ३)।

पहोलिर वि [प्रघूर्णितृ] हिलनेवाला, डोलता (गा ७८, ६६६, से ३, ४६, पाअ)।

पहोव देखो पओव। पहोवाहि (आचा २, १, ६, ३)।

पा सक [पा] पीना, पान करना। भवि पाहिसि, पाहामि पाहामो (कप्प वि ३१५, कम)। कर्म. पिज्जइ (उव), पीअति (वि ५३६)। कवकृ. पिज्जंत (गउड, कुप्र १२०)। पीयमाण (स ३८२), पेंत (अप) (भवि)। संकृ पाऊण, पाऊण (नाट—मुद्रा ३६, गउड, कुप्र ६२)। हेकृ. पाउं, पायए (आचा)। कृ पायव्व, पिज्ज (सुपा ४३८, पण्ह १, २, कुमा २, ६) पेअ, पेयव्व (कुमा रयण ६०), पेज्ज (णाया १, १, १७, उवा)।

पा सक [पा] रक्षण करना। पाइ, पामइ (विसे ३०२५ हे ४, २४०), पाउ (पिंग)।

पा सक [घ्रा] सूँघना, गन्ध लेना। पाइ, पामइ (प्राप्र ८, २०)।

पाइ वि [पातिन्] गिरनेवाला (पंचा ५, २०)।

पाइ वि [पायिन्] पीनेवाला (गा ५६७, हि ६)।

पाइअ न [दे] वदन विस्तार, मुँह का फैलाव (दे ६, ३६)।

पाइअ देखो पागय = प्राकृत (दे १, ४, प्राकृ ८, प्रासू १ वज्जा ८ पाअ पि ५३), 'अह पाइआओ भासाओ' (कुमा १, १)।

पाइअ वि [पायित] पिलाया हुआ, पान कराया हुआ (कुप्र ७६, सुपा १३०, स ४५४)।

पाइत देखो पाय = पदय।

पाइक्क पु [पदाति] प्यादा, पैर से चलनेवाला सैनिक (हे २, १३८, कुमा)।

पाइडि स्त्री [प्रावृति] आवरण, वस्त्र (ण २३८)।

पाइण देखो पाईण (वि २१५ टि)।

पाइत्ता (अप) स्त्री [पत्रिका] छंद विशेष (पिंग)।

पाइद [शौ] वि [पाचित] पकवाया हुआ (नाट—चैत १२६)।

पाइन्न देखो पाईण (णंदि ४६)।

पइभ न [प्रातिभ] प्रतिभा, बुद्धि विशेष (कुप्र १५५)।

पाइम वि [पाक्य] १ पकाने योग्य। २ काल प्राप्त मृत (दस ७, २२)।

पाइम वि [पात्य] गिराने योग्य (आचा २, ४, २, ७)।

पाई स्त्री [पात्री] १ भाजन विशेष (णाया १, १ टी)। २ छोटा पात्र (सूअ २, २, ७०)।

पाईण वि [प्राचीन] १ पूर्वदिशा-संबन्धी, 'ववहार-पाइणाई (? ईणाइ)' (पिंड ३६, कप्प सम १०४)। २ न गोत्र विशेष। ३ पुंस्त्री, उस गोत्र में उत्पन्न, 'थेरे अज्जभद्दबाहू पाईणसगोत्ते (कप्प)।

पाईणा स्त्री [प्राचीना] पूर्व दिशा (सूअ २, २, ५८, ठा ६—पत्र ३५६)।

पाउ देखो पाउ = प्रादुस् (सूअ २, ६, ११, उवा)।

पाउ पु [पायु] गुदा, गांड (ठा ६—पत्र ४५०, सण)।

पाउ पुंस्त्री [दे] १ भक्त, भात, भोजन। २ इक्षु, ऊख (दे ६, ७५)।

पाउअ न [दे] १ हिम, अवश्याय (दे ६, ३८)। २ भक्त। ३ इक्षु (दे ६, ७५)।

पाउअ देखो पाउड = प्रावृत (गा ५२०, स ३५० ओघ, सुर ६, ८, पाअ हे १, १३१)।

पाउअ देखो पागय (गा २, ६६८, प्राप्र, कप्पू पिंग)।

पाउआ स्त्री [पादुका] १ खड़ाऊँ, काष्ठ का जूता (मग, सुअ २ २६, पिंड ५७२)। २ जूता, पगरखी (सुपा २५४, ओघ)।

पाउं देखो पा = पा।

पाउं अ [प्रादुस्] प्रकट, व्यक्त 'संति असंति करिस्सामि पाउं' (सूअ १, १, ३, १)।

पाउंछण } न [प्रादप्रोञ्छन, °क] जैन
पाउछणग } मुनि का एक उपकरण, रजोहरण (पव ११२ टी, ओघ ६३०, पंचा १७, १२)।

पाउकर सक [प्रादुस् + कृ] प्रकट करना। भवि. पाउकरिस्सामि (उत्त ११, १)।

पाउकर वि [प्रादुष्कर] प्रादुर्भावक (सूअ १, १५, २५)।

पाउकरण न [प्रादुष्करण] १ प्रादुर्भाव। २ वि. जो प्रकाशित किया जाय वह। ३ जैन मुनि के लिए एक भिक्षा दोष, प्रकाश कर दी हुई भिक्षा, 'पकिण्णपाउकरणपामिच्च' (पण्ह २, ५—पत्र १४८)।

पाउकाम वि [पातुकाम] पीने की इच्छा वाला, 'तं जो ण णवियाए माउयाए दुद्ध पाउकामे से णं निग्गच्छउ' (णाया १, १८)।

पाउक्क वि [दे] मार्गीकृत, मार्गित (दे ६, ४१)।

पाउक्करण देखो पाउकरण (राज)।

पाउक्खालय न [दे. पायुक्षालक] १ पाखाना, टट्टी, मलोत्सर्ग-स्थान 'ठाइ चेव एसो पाउक्खालयम्मि रयणीए' (स २०५; भत ११२)। २ मलोत्सर्ग क्रिया, 'रयणीए पाउक्खालयनिमित्तमुट्ठिआ' (स २०५)।

पाउग्ग वि [दे] सभ्य, सभासद (दे ६, ४१, सण)।

पाउग्ग वि [प्रायोग्य] उचित, लायक (सुर १५, २३३)।

पाउग्गह पुं [पतद्ग्रह] पात्र (आचानि २८८)।

पाउग्गिअ वि [दे] १ जुआ खेलानेवाला। २ सोढ, सहन किया हुआ (दे ६, ४१, पाअ)।

पाउड देखो पागय (प्राकृ १२, मुद्रा १२०)।

पाउड वि [प्रावृत] १ आच्छादित, ढका हुआ (सूअ १, २, २, २२)। २ वस्त्र, कपड़ा (ठा ५, १)।

पाउण सक [प्रा + वृ] आच्छादित करना, पहिरना। पाउणइ (पिंड ३१)। संकृ. 'पडं पाउणिऊण रत्ति णिग्गओ' (महा)।

पाउण सक [प्र + आप्] प्राप्त करना। पाउणइ (भग)। पाउणंति (औप, सूअ १, ११, २१)। पाउणेज्जा (आचा २,३,१,११) भवि. पाउणिस्सामि, पाउणिहिइ (पि ५३१, उवा)। संकृ. पाउणित्ता (औप, णाया १, १, विपा २,१, कप्प उवा)। हेकृ. पाउणित्तए (आचा २, ३, २, ११)।

पाउण (अप) देखो पावण = पावन (पिंग)।

पाउत्त देखो पउत्त = प्रयुक्त (औप)।

पाउप्पभाय वि [प्रादुष्प्रभात] प्रभा-युक्त, प्रकाश युक्त, 'कल्ल पाउप्पभायाए रयणीए' (णाया १, १, भग)।

पाउब्भव अक [प्रादुस् + भू] प्रकट होना। पाउब्भवइ (पव ४०)। भूका पाउब्भवित्था (उवा)। वकृ. पाउब्भवत, पाउब्भवमाण (सुपा ६, कुप्र २९, णाया १, ५)। संकृ. पाउब्भवित्ताण (उवा, औप)। हेकृ पाउब्भवित्तए (पि ५७८)।

पाउब्भव वि [पापोद्भव] पाप से उत्पन्न (उप ७६८ टी)।

पाउब्भवणा स्त्री [प्रादुर्भवन] प्रादुर्भाव (भग ३, १)।

पाउब्भुय (अप) नीचे देखो (सण)।

पाउब्भूय वि [प्रादुर्भूत] १ उत्पन्न, सजात। २ प्रकटित (औप, भग, उवा, विपा १, १)।

पाउरण न [प्रावरण] वस्त्र, कपड़ा (सूअनि ८६, हे १, १७५, पचा ५, १०; पव ४, पड्)।

पाउरण न [दे] कवच, वर्म (षड्)।

पाउरणी स्त्री [दे] कवच, वर्म (दे ६, ४३)।

पाउरिअ देखो पाउड = प्रावृत (कुप्र ४५२)।

पाउल वि [पापकुल] हलके कुल का, जघन्य कुल में उत्पन्न, दवावियं पाउलाण दविणजाय' (स ६२९), 'बलसद्दपउरपाउलमंगलसगीयपमरपेक्खणय' (सुर १०, ५)।

पाउल्ल न. देखो पाउआ, 'पाउल्लाइं संवमट्ठाए' (सूअ १, ४, २, १५)।

पाउव न [पादोद] पाद प्रक्षालन-जल, 'पाउवदाइं च एहाणुवदाइं च' (णाया १, ७—पत्र ११७)।

पाउस पुं [प्रावृष्] वर्षा ऋतु (हे १, १९, प्राप्र, महा)। °कीड पुं [°कीट] वर्षा ऋतु में उत्पन्न होनेवाला कीट-विशेष (दे)। °गम पुं [°गम] वर्षा प्रारम्भ (पाअ)।

पाउसिअ वि [प्रावृषिक] वर्षा-सम्बन्धी (राज)।

पाउसिअ वि [प्रोषित, प्रवासिन्] प्रवास में गया हुआ,

'तह मेहागमससियआगमणाए पईण मुद्धाओ।
मग्गमवलोयमाणीउ नियइ पाउसियदइयाओ।'
(सुपा ७०)।

पाउसिआ स्त्री [प्राद्वेषिकी] द्वेष—मत्सर से होनेवाला कर्म बन्ध (सम १०, ठा २, १, भग, नव १७)।

पाउहारी स्त्री [दे पाकहारी] भक्त को लानेवाली, भात-पानी ले आनेवाली (गा ६९४ अ)।

पाए अ [दे] प्रभृति, (वहा से) शुरू करके (ओघ १६९; बृह १)।

पाए सक [पाययू] पिलाना। पाएइ (हे ३, १४९)। पाएज्जाह (महा)। वकृ. पाइत, पाययत (सुर १३, १३४, १२, १७१)। संकृ. पाएत्ता (आक ३०)।

पाए सक [पादयू] गति कराना। पाएइ (हे ३, १४९)।

पाए सक [पाचयू] पकवाना। पाएइ (हे ३, १४९)। कर्म पाइज्जइ (श्रावक २००)।

पाएण } अ [प्रायेण] बहुत करके, प्राय
पाएण } (विसे ११९९, काल, कप्प, प्रासू ४३)।

पाओ अ [प्रायस्] ऊपर देखो (श्रा २७)।

पाओ अ [प्रातस्] प्रात काल, प्रभात (सुज्ज १, ९, कप्प)।

पाओकरण देखो पाउकरण (पिंड २९८)।

पाओग देखो पाउग्ग (सूअनि ६५)।

पाओगिय वि [प्रायोगिक] प्रयत्न-जनित, अस्वाभाविक (चेइय ३५३)।

पाओग्ग देखो पाउग्ग (भास १०, धर्मसं ११८०)।

पाओपगम न [पादपोपगम] देखो पाओवगमण (पव १०)।

पाओयर पुं [प्रादुष्कार] देखो पाउकरण (ठा ३, ४, पंचा १३, ५)।

पाओवगमण न [पादपोपगमन] अनशन-विशेष, मरण विशेष (सम ३३, औप, कप्प, भग)।

पाओवगय वि [पादपोपगत] अनशन विशेष से मृत (औप, कप्प, अंत)।

पाओस पु [दे. प्रद्वेष] मत्सर, द्वेष (ठा ४, ४—पत्र २८०)।

पाओसिय देखो पाडोसिय (ओघ ६६२)।

पाओसिया देखो पाउसिआ (धर्म ३)।

पाडविअ वि [दे] जलार्द्र, पानी से गीला (दे ६, २०)।

पाडु देखो पंडु (पव २४७)। °सुअ पुं [°सुत] अभिनय का एक भेद (ठा ४, ४—पत्र २८५)।

पाक देखो पाग (कप्प)।

पाकम्म न [प्राकाम्य] योग की आठ सिद्धियों में एक सिद्धि, 'पाकम्मगुणेण मुणी भुवि व्व नीरे जलि व्व भुवि चरइ' (कुप्र २७७)।

पाकार पु [प्राकार] किला, दुर्ग (उप पृ ८४)।

पाकिद (शौ) देखो पागय (प्रयौ २४, नाट—वेणी ३८, पि ५३, ८२)।

पाखंड देखो पासड (पि २६५)।

पाग पुं [पाक] १ पचन क्रिया (औप, उवा; सुपा ३७४)। २ देव-विशेष (गउड)। ३ विपाक, परिणाम (धर्मसं ६९५)। ४ बलवान् दुश्मन (आवम)। °सासण पुं [°शासन] इन्द्र, देव-पति (हे ४, २६५; गउड, पि २०२)। °सासणी स्त्री [°शासनी] इन्द्रजाल विद्या (सूप्र २, २, २७)।

पागइअ वि [प्राकृतिक] १ स्वाभाविक। २ पुं. साधारण मनुष्य, प्राकृत लोक (पव ९१)।

पागड सक [प्र+कटय्] प्रकट करना, खुला करना, व्यक्त करना। वकृ. पागडेमाण (ठा ३, ४—पत्र १७१)।

पागड वि [प्रकट] व्यक्त, खुला (उत्त ३९, ४२, औप, उव)।

पागडण न [प्रकटन] १ प्रकट करना। २ वि. प्रकट करनेवाला (धर्मसं ८२६)।

पागडिअ वि [प्रकटित] व्यक्त किया हुआ (उव; औप)।

पागड्ढि } वि [प्राकर्षिन्, °क] १ अग्र-
पागड्ढिक } गामी, 'पागड्ढी (? ड्ढी) पडुवए जूहवई' (णाया १, १)। २ प्रवर्तक, प्रवृत्ति करानेवाला (पण्ह १, ३—पत्र ४५)।

पागब्भ न [प्रागल्भ्य] धृष्टता, ढिठाई (सूप्र १, ५, १, ५)।

पागब्भि } वि [प्रागल्भिन्, °क] धृष्टता-
पागब्भिय } वाला, धृष्ट, ढीठ (सूप्र १, ५, १, ५, २, १, १८)।

पागय वि [प्राकृत] १ स्वाभाविक, स्वभाव-सिद्ध। २ आर्यावर्त्त की प्राचीन लोक-भाषा, 'सक्कया पागया चेव' (ठा ७—पत्र ३९३; विसे १४६६ टी, रयण ९४, सुपा १)। ३ पुं. साधारण बुद्धिवाला मनुष्य, सामान्य लोग, 'जेसिं णामागोत्तं न पागता पएणवेहिंति' (सुज्ज १९), 'किंतु महामइगम्मो दुरवगम्मो पागयजणस्स' (चेइय २५९, सुर २, १३०)। °भासा स्त्री [°भाषा] प्राकृत भाषा (श्रा २३)। °वागरण न [°व्याकरण] प्राकृत भाषा का व्याकरण (विसे ३४५५)।

पागार पुं [प्राकार] किला, दुर्ग (उव, सुर ३, ११४)।

पाजावच्च पुं [प्राजापत्य] १ वनस्पति का अधिष्ठाता देव। २ वनस्पति (ठा ५, १—पत्र २९२)।

पाटप (चूपै) देखो वाडव (पड्)।

पाठीण देखो पाढीण (पण्ह १, १—पत्र ७)।

पाड देखो फाड = पाट्य, 'असिपत्तधणूहि पाडेंति' (सूअनि ७९)।

पाड सक [पातय्] गिराना। पाडेइ (उव)। संकृ. पाडिअ, पाडिऊण (काप्र १९६, कुप्र ४६)। कवकृ. पाडिज्जंत (उत्त ३२० टी)।

पाड देखो पाडय = पाटक; 'तो सो दिट्ठाणे सय गओ वेसपाडम्मि' (सुपा ५३०)।

पाडच्चर वि [दे] आसक्त चित्तवाला (दे ६, ३४)।

पाडच्चर पुं [पाटच्चर] चोर, तस्कर (पाअ; दे ६, ३४)।

पाडण न [पाटन] विदारण (ओघ ६)।

पाडण न [पातन] १ गिराना, पाडना (सूअनि ७२)। २ परिभ्रमण, इधर-उधर घूमना, 'लहुजहरपिहरपडियारपाडणत्ताण कयकीलो' (कुमा २, ३७)।

पाडणा स्त्री [पातना] ऊपर देखो (विपा १, १—पत्र १६)।

पाडय पुं [पाटक] मुहल्ला, रथ्या, 'चडाल-पाडए गतु' (धर्मवि १३८, विपा १, ८, महा)।

पाडय वि [पातक] गिरानेवाला। स्त्री. °डिआ (मृच्छ २४५)।

पाडल पु [पाटल] १ वर्ण विशेष, श्वेत और रक्त वर्ण, गुलाबी रंग। २ वि श्वेत-रक्त वर्णवाला (पाअ)। ३ न. पाटलिका-पुष्प, गुलाब का फूल (गा ४६९, सुर ३, ५२, कुमा)। ४ पाटला वृक्ष का पुष्प, पाढल का फूल (गा ३०)।

पाडल पुं [दे] १ हंस, पक्षि विशेष। २ वृषभ बैल। कमल (दे ६, ७६)।

पाडलसउण पु [दे] हंस, पक्षि विशेष (दे ६, ४६)।

पाडला स्त्री [पाटला] वृक्ष विशेष, पाटल का पेड, पाडरि (गा ४५९, सुर ३, ५२; सम १५२), 'चंपा य पाडलक्खो जया य वसु-पुज्जपत्थिवो होई' (पउम २०, ३८)।

पाडलि स्त्री [पाटलि] ऊपर देखो (गा ४६८)। °उत्त, °पुत्त न [°पुत्र] नगर-विशेष, पटना, जो आजकल बिहार प्रदेश का प्रधान नगर है (हे २, १५०, महा, पि २९२, चारु ३९)। °पुत्त वि [°पुत्र] पाटलिपुत्र-संबन्धी, पटना का (पव १११)। °सड न [°षण्ड] नगर विशेष (विपा १, ७, सुपा ८३)। देखो पाडली।

पाडलिय वि [पाटलित] श्वेत रक्त वर्णवाला किया हुआ (गउड)।

पाडली देखो पाडलि (उप पृ ३९०)। °पुर न [°पुर] पटना नगर (धर्मवि ४२)। °वुत्त न [°पुत्र] पटना नगर (पड्)।

पाडव न [पाटव] पटुता, निपुणता (धम्म १० टी)।

पाडवण न [दे] पाद-पतन, पैर पर गिरना, प्रणाम विशेष (दे ६, १८)।

पाडहिग } वि [पाटहिक] ढोल बजानेवाला,
पाडहिय } ढोलिया, ढोलकिया (स २१६)।

पाडहुक वि [दे] प्रतिभू, मनौतिया, जामिनदार (षड्)।

पाडिअ वि [पाटित] फाड़ा हुआ, विदारित (स ६९९)।

पाडिअ वि [पातित] गिराया हुआ (पाअ, प्रासू २, भवि)।

पाडिअग्ग पुं [दे] विश्राम (दे ६, ४४)।

पाडिअज्झ पुं [दे] पिता के घर से वधू को पति के घर ले जानेवाला (दे ६, ४३)।

पाडिआ देखो पाडय = पातक।

पाडिएक्क } न [प्रत्येक] हर एक (हे २,
पाडिक्क } २१०, कप्प, पाअ, णाया १, १६, २, १, सूअनि १२१ टी, कुमा), 'एगे जीवे पाडिक्कएण सरीरएणं' (ठा १—पत्र १९)।

पाडिनिय न [प्रात्यन्तिक] अभिनय-विशेष (राय ५४)।

पाडिचरण न [प्रतिचरण] सेवा, उपासना (उप पृ ३४६)।

पाडिच्छय वि [प्रतीप्सक] ग्रहण करनेवाला (सुख २, १३)।

पाडिज्जत देखो पाड = पातय्।

पाडिपह न [प्रतिपथ] अभिमुख, सामने (सूअ २, २, ३१)।

पाडिपहिअ देखो पडिपहिअ (सूअ २, २, ३१)।

पाडिपिद्धि स्त्री [दे] प्रतिस्पर्धा (षड्)।

पाडिप्पवग पुं [पारिप्लवक] पक्षि विशेष (पउम १४, १८)।

पाडिप्फद्धि वि [प्रतिस्पर्धिन्] स्पर्धा करनेवाला (हे १, ४४, २०६)।

पाडियंतिय न [प्रात्यन्तिक] अभिनय विशेष (राज)।

पाडियक्क देखो पाडिएक्क (औप)।

पाडिवय वि [प्रातिपद] १ प्रतिपत्-संबन्धी, पड़वा तिथि का, 'जह चंदो पाडिवओ पडिपुन्नो सुक्कपक्खम्मि' (उवर ६०)। २ पुं. एक भावी जैन आचार्य (विचार ५०९)।

पाडिवया स्त्री [प्रतिपत्] तिथि विशेष, पक्ष की पहली तिथि, पड़वा (सम २९, णाया १, १०, हे १, १५; ४४)।

पाडिवेसिय वि [प्रातिवेशिक] पड़ोसी। स्त्री. °या (सुपा ३९४)।

पाडिसार पुं [दे] १ पटुता, निपुणता। २ वि. पटु, निपुण (दे ६, १६)।

पाडिसिद्धि देखो पडिसिद्धि = प्रतिसिद्धि (हे १, ४४, प्राप्र)।

पाडिसिद्धि स्त्री [दे] १ स्पर्धा (दे ६, ७७, कप्पू, कुप्र ४९)। २ समुदाचार। ३ वि. सदृश, तुल्य (दे ६, ७७)।

पाडिसिरा स्त्री [दे] खत्रीन-युक्ता (दे ६, ४२)।

पाडिस्सुइय न [प्रातिश्रुतिक] अभिनय का एक भेद (राज)।

पाडिहच्छा } स्त्री [दे] शिरो-माल्य, मस्तक-
पाडिहत्थी } स्थित पुष्पमाला (दे ६, ४२, राज)।

पाडिहारिय वि [प्रातिहारिक] वापस देने योग्य वस्तु (विसे ३०५७, औप, उवा)।

पाडिहेर न [प्रातिहार्य] १ देवता-कृत प्रतीहार-कर्म, देवकृत पूजा विशेष (औप, पव ३९), 'इय सामइए भावा इहइंपि नागदत्त-नरनाहो। जाओ सपाडिहेरो' (सुपा ५४४)। २ देव सान्निध्य (भत्त ९६), 'बहूण सुरेहिं कयं पाडिहेरं' (थु ६४, महा)।

पाडी स्त्री [दे] भैंस की बछिया, पाडी या पड़िया गुजराती में 'पाडी' (भा ६५)।

पाडुंकी स्त्री [दे] व्रणी—जखमवाले की पालकी (दे ६, ३९)।

पाडुंगोरि वि [दे] १ विगुण, गुण रहित। २ मद्य में आसक्त। ३ स्त्री. मजबूत वेष्टन-वाली वाड़, 'पाडुंगोरी च वृतिर्दीर्घं यस्या विवेष्टन परित' (दे ६, ७८)।

पाडुक्क पुं [दे] समालम्भन, चन्दन आदि का शरीर में उपलेप। २ वि. पटु, निपुण (दे ६, ७६)।

पाडुच्चिय वि [प्रातीतिक] किसी के आश्रय से होनेवाला, आपेक्षिक। स्त्री. °या (ठा २, १, नव १८)।

पाडुच्ची स्त्री [दे] तुरग-मण्डन, घोड़े का सिंगार (दे ६, ३९, पाअ)।

पाडुहुअ वि [दे] प्रतिभू मनौतिया, जामिनदार (दे ६, ४२)।

पाडेक्क देखो पाडिक्क (सम्म ५५)।

पाडोस पुं [दे] पड़ोस, प्रातिवेशिकता (श्रा २७)।

पाडोसिअ वि [दे] पड़ोसी, पड़ोसिया (सिरि ३१२, श्रा २७, सुपा ५५२)।

पाढ सक [पाठय्] पढ़ाना, अध्ययन कराना। पाढइ, पाढेइ (प्राकृ ६०, प्राप्र)। कर्म. पाढिज्जइ (प्राप्र)। संकृ. पाढिऊण, पाढेऊण (प्राकृ ६१)। हेकृ. पाढिउं, पाढेउं (प्राकृ ६१)। कृ. पाढणिज्ज पाढिअव्व, पाढेअव्व (प्राकृ ६१)।

पाढ पुं [पाठ] १ अध्ययन, पठन (ओघभा ७१, विसे १३८४, सम्मत्त १४०)। २ शास्त्र, आगम। ३ शास्त्र का उल्लेख, 'पाढो त्ति वा सत्थ ति वा एगट्ठा' (आचू १)। ४ अध्यापन, शिक्षा (उप पृ ३०८, विसे १३८४)।

पाढ देखो पाडय = पाटक (श्रा ९३ टी)।

पाढतर न [पाठान्तर] भिन्न पाठ (श्रावक ३११)।

पाढग वि [पाठक] १ उच्चारण करनेवाला, 'पढिय मंगलपाढगेहिं' (कुप्र ३२)। २ अभ्यासी, अध्ययन करनेवाला। ३ अध्यापन करनेवाला, अध्यापक, 'वत्थुपाढगा', 'सुमिण-पाढगाण', 'लक्खणसुमिणपाढगाण' (धर्मवि ३३, णाया १, १, कप्प)।

पाढण न [पाठन] अध्यापन (उप पृ १२८, प्राकृ ६१, सम्मत्त १४२)।

पाढणया स्त्री [पाठना] ऊपर देखो (पंचभा ४)।

पाढय देखो पाढग (कप्प, स ७, णाया १, १—पत्र २०, महा)।

पाढव वि [पार्थिव] पृथिवी का विकार, पृथिवी का, 'पाढवं सरीरं हिच्चा' (उत्त ३, १३)।

पाढा स्त्री [पाठा] वनस्पति विशेष, पाढ, पाठ का गाछ (पण्ण १७)।

पाढाव सक [पाठय्] पढ़ाना, अध्यापन करना। पाढावइ (प्राप्र)। संकृ. पाढाविऊण, पाढावेऊण (प्राकृ ६१)। हेकृ. पाढाविउं, पाढावेउं (प्राकृ ६१)। कृ. पाढावणिज्ज, पाढाविअव्व (प्राकृ ६१)।

पाढावअ वि [पाठक] अध्यापक (प्राकृ ६०)।

पाढावण न [पाठन] अध्यापन (प्राकृ ६१)।

पाढाविअ वि [पाठित] अध्यापित (प्राकृ ६१)।

पाढाविअवंत वि [पाठितवन्] जिसने पढ़ाया हो वह (प्राकृ ६१)।

पाढाविउ } वि [पाठयितृ] पढ़ानेवाला
पाढाविर } (प्राकृ ६१, ६०)।

पाढिअ वि [पाठित] पढ़ाया हुआ, अध्यापित (प्राप्र)।

पाढिअवंत देखो पाढाविअवंत (प्राकृ ६१)।

पाढिआ स्त्री [पाठिका] पढ़नेवाली स्त्री (कप्पू)।

पाढिउ } वि [पाठयितृ] अध्यापक, पढ़ाने-
पाढिर } वाला (प्राकृ ६१)।

पाढीण पुं [पाठीन] मत्स्य-विशेष, 'पोठिया' मछली, मत्स्य की एक जाति (गा ४१४, विक्र ३२)।

पाढोआमास पुं [पृथगामर्श] बारहवें अंग-ग्रंथ का एक भाग (णंदि २३५)।

पाण सक [प्र+आनय्] जिलाना। वकृ. पाणअंत (नाट—मालती ५)।

पाण पुंस्त्री [दे] श्वपच, चाण्डाल (दे ६, ३८; उप पृ १५४, महा, पाअ, ठा ४, ४, वव १)। स्त्री. °णी (सुख ६, १, महा)। °उडी स्त्री [°कुटी] चाण्डाल की झोंपड़ी (गा २२७)। °विलया स्त्री [°वनिता] चाण्डाली (उप ७६८ टी)। °डंबर पुं [°डम्बर] मंत्र-विशेष (वव ७)। °हिवइ पुं [°धिपति] चाण्डाल-नायक (महा)।

पाण न [पान] १ पीना, पीने की क्रिया (सुर ३, १०)। २ पीने की चीज, पानी आदि (सुअ २० टी; पडि; महा, आचा)। ३ पुं. गुच्छ विशेष, 'सणपाणकासमद्दगमग्गपाडगमामसिउवारे य' (पण्ण १)। °पत्त न [°पात्र] पीने का भोजन, प्याला (दे) °गार न [°गार] मद्य-गृह (णाया १, २, महा)। °हार पुं [°हार] एकासन तप (संबोध ५८)।

पाण पुंन [प्राण] १ जीवन के आधार-भूत ये दश पदार्थ—पांच इन्द्रियाँ, मन, वचन और शरीर का बल, उच्छ्वास तथा निःश्वास (जी २६; पण्ण १, महा; ठा १, १)। २ समय-परिमाण विशेष, उच्छ्वास-निःश्वास-परिमित काल (इक्क अणु)। ३ जन्तु, प्राणी, जीव; 'पाणाणि चेवं विणिहंति मंदा' (सूअ १, ७, १६, ठा ६; आचा, कप्प)। ४ जीवित, जीवन (सुपा २६३, ५०३, कप्पू)। °इत्त वि [°वत्] प्राणवाला, प्राणी (नि ६००)। °क्खय पुं [°क्षय] प्राण-नाश (सुपा २६८; ६१६) °च्चाय पुं [°त्याग] मरण, मौत (सुर ४, १७०)। °जाइय वि [°जातिक] प्राणी, जीव, जन्तु (आचा १, ६, १, १)। °नाह पुं [°नाथ] प्राणनाथ, पति, स्वामी (रंभा)। °प्पिया स्त्री [°प्रिया] स्त्री, पत्नी (सुर १, १०८)। °वह पुं [°वध] हिंसा (पण्ह १, १)। °वित्ति स्त्री [°वृत्ति] जीवन-निर्वाह (महा)। °सम पुं [°सम] पति, स्वामी (पाअ)। °सुहुम न [°सूक्ष्म] सूक्ष्म जन्तु (कप्प)। °हिय वि [°हृत्] प्राण-नाशक (रंभा)। °इंत वि [°वत्] प्राणवाला, प्राणी (प्राप्र)। °इवाइया स्त्री [°तिपातिकी] क्रिया-विशेष, हिंसा से होनेवाला कर्म-बन्ध (नव १७)। °इवाय पुं [°तिपात] हिंसा (उवा)। °उ पुंन [°युस्] ग्रन्थांश विशेष, बारहवाँ पूर्व (सम २५, २६)। °पाण, °पाणु पुंन [°पान] उच्छ्वास और निःश्वास (धर्मसं १०८, ६८)। °याम पुं [°याम] योगाङ्ग-विशेष—रेचक, कुम्भक और पूरक नामक प्राणों को दमने का उपाय (गउड)।

पाणंतकर वि [प्राणान्तकर] प्राण-नाशक (सुपा ६१४)।

पाणंतिय वि [प्राणान्तिक] प्राण-नाशवाला, 'पाणंतियावई पहु!' (सुपा ४५२)।

पाणग पुन [पानक] १ पेय-द्रव्य-विशेष (पचमा १, सुअ २० टी, कप्प)। २ वि. पान करनेवाला (?), 'ण पाणगो जं ततो मएणो' (धर्मसं ८२, ७८)।

पाणड्ढि स्त्री [दे] रम्भा, मुद्गा (दे ६, ३६)।

पाणम अक [प्र+अम्] निःश्वास लेना, नीचे सांसना। पाणमति (सम २, भग)।

पाणय न [पानक] देखो पाण = पान (विसे २५७८)।

पाणय पुं [प्राणत] स्वर्ग-विशेष, दसवाँ देव-लोक (सम ३७, भग कप्प)। २ विमानेन्द्रक, देव-विमान विशेष (देवेन्द्र १३५)। ३ प्राणत स्वर्ग का इन्द्र (ठा ४, ४)। ४ प्राणत देव-लोक में रहनेवाला देव (अणु)।

पाणहा स्त्री [उपानह्] जूता, 'पाणहाओ य छत्तं च णालीयं वालवीयणं' (सूअ १, ६, १८)।

पाणाअअ पुं [दे] श्वपच, चाण्डाल (दे ६, ३८)।

पाणाम पुं [प्राण] नि श्वास (भग)।

पाणामा स्त्री [प्राणामी] दीक्षा-विशेष (भग ३, १)।

पाणाली स्त्री [दे] दो हाथों का प्रहार (दे ६, ४०)।

पाणि पुं [प्राणिन्] जीव, आत्मा, चेतन (आचा, प्रासू १३६; १४४)।

पाणि पुं [पाणि] हस्त, हाथ (कुमा, स्वप्न ५३, ६०)। °गहण देखो °ग्गहण (भवि)। °ग्गह पुं [°ग्रह] विवाह (सुपा ३७३, धर्मवि १२३)। °ग्गहण न [°ग्रहण] विवाह, शादी (विपा १, ६; स्वप्न ६३, भवि)।

पाणिअ न [पानीय] पानी, जल (हे १, १०१, प्राप्र, पण्ह १, ३; कुमा)। °धारिया स्त्री [°धरिका] पनिहारी, 'जियसत्तुस्स रण्णो पाणियघ(? घ)रियं सद्दावेइ' (णाया १, १२—पत्र १७५)। °हारी स्त्री [°हारी] पनिहारी (दे ६, ५६; भवि)। देखो पाणीअ।

पाणिणि पुं [पाणिनि] एक प्रसिद्ध व्याकरण-कार ऋषि (हे २, १४७)।

पाणिणीअ वि [पाणिनीय] पाणिनि संबन्धी, पाणिनि का (हे २, १४७)।

पाणी देखो पाण = (दे)।

पाणी स्त्री [पानी] वल्ली-विशेष, 'पाणी सामा-वल्ली गुंजावल्ली य वन्नाणी' (पण्ण १—पत्र ३३)।

पणीअ देखो पाणिअ (हे १, १०१, प्राप्र १०५)। °धरी स्त्री [°धरी] पनिहारी (णाया १, १ टी—पत्र ४३)।

पाणु पुंन [प्राण] १ प्राण वायु। २ श्वासो-च्छ्वास (कम्म ५, ४०, औप, कप्प)। ३ समय-परिमाण विशेष, 'एगे ऊसासनीसासे एस पाणुत्ति वुच्चइ। सत्त पाणूणि से थोवे' (तंदु ३२)।

पात } देखो पाय = पात्र (सूअ १, ४, २,
पाद } पण्ह २, ५—पत्र १४८)। °बंधण न [°बन्धन] पात्र बाँधने का वस्त्र खण्ड, जैन मुनि का एक उपकरण (पण्ह २, ५)।

पाद देखो पाय = पाद (विपा १, ३)। °सम वि [°सम] गेय विशेष (ठा ७—पत्र ३९४)। °ट्ठपय न [°ष्ठपद] दृष्टिवाद नामक बारहवें जैन आगम ग्रन्थ का एक प्रतिपाद्य विषय (सम १२८)।

पादु° देखो पाउ = प्रादुस्। पादुरेसए (पि ३४१)। पादुरकासि (सूअ १, २, २, ७)।

पादो देखो पाओ = प्रातस् (सुज्ज १, ९)।

पादोसिय वि [प्रादोषिक] प्रदोष-काल का, प्रदोष सबन्धी (ओघ ६५८)।

पादव देखो पायव (गा ५३७ अ)।

पाधन्न देखो पाहन्न (धर्मसं ७८६)।

पाधार सक [स्वा + गम्, पाद + धारय्] पधारना, 'पाधारह निम्मगेहे' (श्रा १६)।

पाबद्ध वि [प्राबद्ध] विशेष बँधा हुआ, पाशित (निचू १६)।

पाभाइय } वि [प्राभातिक] प्रभात-
पाभातिय } सबन्धी (ओघभा ३११, अनु ६, धर्मवि ५८)।

पाम सक [प्र + आप्] प्राप्त करना, गुजराती में 'पामवु'।
'कारावेइ पडिम जिणाण जिअरोगदोसमोहाण। सो अनमने पामइ भवमलण धम्मवररयण ॥' (रयण १२)। कर्म. पामिज्जइ (सम्मत्त १४२)।

पामण्ण न [प्रामाण्य] प्रमाणता, प्रमाणपन (धर्मसं ७५)।

पामद्दा स्त्री [दे] दोनों पैर से धान्य मर्दन (दे ६, ४०)।

पामन्न देखो पामण्ण (विसे १४६६, चेइय १२४)।

पामर पु [पामर] कृषीबल, कर्षक, खेती का काम करनेवाला गृहस्थ 'पामरगहवइमेमाण कासमा दोण्णया हलिआ' (पाम, वज्जा १३४, गउड, दे ६, ४१, सुर १६, ५३)। २ हलकी जाति का मनुष्य (कप्पू, गा २३८)। ३ मूर्ख बेवकूफ, अज्ञानी (गा १६४), 'को नाम पामरं मुत्तुं वच्चइ दुद्दमकद्दमे' (श्रा १२)।

पामा स्त्री [पामा] रोग विशेष, खुजली, खाज (सुपा २२७)।

पामाड पुं [पद्माट] पमाड, पमार, पवाड, चकवड, वृक्ष-विशेष (पाअ)।

पामिच्च सक [दे] उधार लेना। पामिच्चेज्ज (आचा २, २, २, ३)।

पामिच्च न [दे. अपमित्य] १ धार लेना, वापस देने का वादा कर ग्रहण करना। २ वि. जो उधार लिया जाय वह (पिंड ९२, ३१६, आचा, ठा ३, ४, ९, ओप, पण्ह २, ५, पव १२५, पचा १३, ५, सुपा ६४३)।

पामिच्चिग वि [दे] उधार लिया हुआ (आचा १, १० १)।

पामुक्क वि [प्रमुक्त] परित्यक्त (पाअ स ६५७)।

पामूल न [पादमूल] पैर का मूल भाग, पाँव का अग्र भाग (पउम ३, ६, सुर ८, १६९, पिंड ३२८)। देखो पायमूल = पादमूल।

पामोक्ख देखो पमुह = प्रमुख (णाया १, ५, ८, महा)।

पामोक्ख पु [प्रमोक्ष] मुक्ति, छुटकारा (उप ६४८ टी)।

पाय पु [दे] १ रथ-चक्र, रथ का पहिया (दे ६, ३७)। २ फणी, साँप (षड्)।

पाय पु [पाक] १ पाचन-क्रिया। २ रसोई (प्राकृ १९, उप ७२८ टी)।

पाय वि [पाक्य] पाक योग्य (दस ७, २२)।

पाय देखो पाव (चड)।

पाय पुं [पात] १ पतन (पचा २, २५, से १, १९)। २ सबन्ध, 'पुणो पुणो तरलदिट्ठिपाएहिं' (सुर ३, १३८)।

पाय पुं [पाय] पान, पीने की क्रिया (श्रा २३)।

पाय पु [पाद] १ गमन, गति (श्रा २३)। २ पैर चरण पाँव, चलणा कमा य पाया' (पाअ, णाया १, १)। ३ पद्य का चौथा हिस्सा (हे ३, १३४, पिंग)। ४ किरण, 'अंसू रस्सी पाया' (पाअ, अजि २८)। ५ सानु, पर्वत का शृंग (पाअ)। ६ एकाशन व्रत (संबोध ५८)। ७ छः अंगुलों का एक नाप (इक)। °वंचणिया स्त्री [°पाञ्चनिका] पैर प्रक्षालन का एक सुवर्ण-पात्र (राज)। °कवल पुंन [°कम्बल] पैर पोछने का वस्त्र-खण्ड (उत्त १७, ७)। °कुक्कुड पु [°कुक्कुट] कुक्कुट विशेष (णाया १, १७ टी—पत्र २३०)। °घाय पुं [°घात] चरण-प्रहार (पिंग)। °चार पुं [°चार] पैर से गमन (णाया १, १)। °चारि वि [°चारिन्] पैर से यातायात करनेवाला, पाद विहारी (पउम ६१, १६)। °जाल, °नालग न [°जाल, °क] पैर का आभूषण विशेष (औप, अजि ३१, पण्ह २, ५)। °त्ताण न [°त्राण] जूता, पगरखी (दे १, ३३)। °पलंब पु [°प्रलम्ब] पैर तक लटकनेवाला एक आभूषण (णाया १, १—पत्र ५३)। °पीढ देखो °पीढ (णाया १, १, महा)। °पुंछण न [°प्रोञ्छन] रजोहरण, जैन साधु का एक उपकरण (आचा, ओघ ५११, ७०९, भग, उवा)। °प्पडण न [°पतन] पैर पर गिरना, प्रणाम विशेष (पउम ६३, १८)। °मूल न [°मूल] १ देखो पामूल (कस)। २ मनुष्यों की एक साधारण जाति, नर्तकों की एक जाति 'समागयाइ पायमूलाइ', 'पुलइज्जमाणो पायमूलेहिं पत्तो रहसमीवे', 'पणच्चियाइ पायमूलाइ', सद्दाविया पायमूलाइ', 'पणच्चंतेहिं पायमूलेहिं' (स ७२१, ७२२, ७१४)। °लेहणिआ स्त्री [°लेखनिका] पैर पोछने का जैन साधु का एक काष्ठमय उपकरण (ओघ ३६)। °वंदय वि [°वन्दक] पैर पर गिरकर प्रणाम करनेवाला (णाया १, १३)। °वडण न [°पतन] पैर पर गिरना, प्रणाम-विशेष (ह १, २७०, कुमा, सुर २, १०६)। °वडिया स्त्री [°वृत्ति] पाद पतन, पैर छूना, प्रणाम विशेष, 'पायवडियाए खेमकुसल पुच्छति' (णाया १, २, सुपा २५)। °विहार पुं [°विहार] पैर से गति (भग)। °पीढ न [°पीठ] पैर रखने का आसन (हे १, २७०; कुमा, सुपा ९८)। °सीसग न [°शीर्षक] पैर के ऊपर का भाग (राय)। °उलअ न [°कुलक] छंद विशेष (पिंग)।

पाय देखो पत्त = पात्र (आचा, औप, ओघभा ३६, १७४)। °केसरिआ स्त्री [°केसरिका] जैन साधुओं का एक उपकरण, पात्र-प्रमार्जन का कपड़ा (ओघ ६६८, विसे २५५२ टी)।

°ट्ठवण, °ठवण न [°स्थापन] जैन मुनियों का एक उपकरण, पात्र रखने का वस्त्र-खण्ड (विसे २५५२ टी, ओघ ६६८)। °णिज्जोग, °निज्जोग पुं [°निर्योग] जैन साधु का यह उपकरण-समूह—पात्र, पात्रबन्ध, पात्रस्थापन, पात्रकेशरिका, पटल, रजस्त्राण और गुच्छक (पिंड २६; बृह ३; विसे २५५२ टी)। °पडिमा स्त्री [°प्रतिमा] पात्र-संबन्धी अभिग्रह—प्रतिज्ञा-विशेष (ठा ४, ३)। देखो पाद = पात्र।

पाय (अप) देखो पत्त = प्राप्त (पिंग)।

पाय° अ [प्रायस्] प्राय, बहुत करके, 'पायप्पाण वणेइ त्ति' (पिंड ४४३)।

°पाय पुं. ब. [°पाद] पूज्य, 'सयुआ अजिअ-संतिपायया' (अजि ३४)।

पायए देखो पा = पा।

पायं देखो पाय° (स ७६१, सुपा २८; ५६९, श्रावक ७३)।

पायं अ [प्रातस्] प्रभात (सूअ १, ७, १४)।

पायंगुट्ठ पुं [पादाङ्गुष्ठ] पैर का अंगूठा (णाया १, ८)।

पायंजलि पुं [पातञ्जल] पतञ्जलिकृत शास्त्र, पातञ्जल योग-सूत्र (णंदि १९४)।

पायंत न [पादान्त] गीत का एक भेद, पाद-वृद्धगीत (राय ५४)।

पायंदुय पुं [पादान्दुक] पैर बांधने का काष्ठमय उपकरण (निसी १, ६—पत्र ६६)।

पायंब देखो पायय = पातक (पव १)।

पायक्क देखो पाइक्क (सम्मत्त १७६)।

पायक्खिणण्ण न [प्रादक्षिण्य] प्रदक्षिणा (पउम ३२, ९२)।

पायग न [पातक] पाप (श्रावक २४८)।

पायच्छित्त पुंन [प्रायश्चित्त] पाप-नाशक कर्म, पाप-शाप करनेवाला कर्म, 'पायच्छित्तो नाम पावच्छित्तो संवुत्तो' (सम्मत्त १४४; उवा ओव, सत्त २१)।

पायड देखो पागड = प्र + कटम्। पायडइ (भवि)। कृ. पायडेत (सुपा २५९)। कवा. पायडिज्जंत (स ६८५)। हेकृ. पायडिउं (कुप्र १)।

पायड न [दे] अंगण, आँगन (दे ६, ४०)।

पायड देखो पागड = प्रकट (हे १, ४४, प्राप्र, ओघ ७३; जी २२, प्रासू ६४)।

पायड देखो पागड = प्राकृत, 'अहपि दाव दिम्मसे एमरं परिब्भमिअ अलद्धमोआ पाअ-डगणिआ विअ रत्ति पस्सदो सइदु आअच्छामि' (अवि २९)।

पायड वि [प्रावृत] आच्छादित (विसे २५७९ टी)।

पायडिअ वि [प्रकटित] व्यक्त किया हुआ (कुप्र ४, से १, ५३, गा १९९; २६०, गउड, स ४९८)।

पायडिल्ल वि [प्रकट] खुला (वज्जा १०८)।

पायण न [पायन] पिलाना, पान कराना (णाया १, ७)।

पायत्त न [पादात] पदाति-समूह, प्यादों का लश्कर (उत्त १८, २, ओप, कप्प)। °णिय न [°नीक] पदाति सैन्य (पि ८०)।

पायपुंछण न [पादपुञ्छन] पात्र-विशेष, शराव, सकोरा।

पायप्पहण पुं [दे] कुक्कुट, मुर्गा (दे ६, ४५)।

पायय न [पातक] पाप (अन्तु ४३)।

पायय देखो पाव = पाप (पाअ)।

पायय देखो पागय (हे १, ६७)।

पायय देखो पायव (गे ६, ७)।

पायय देखो पायय = पातक (अभि १२५)।

पायय देखो पाय = पाद (कप्प)।

पायराय पुं [प्रातराश] प्रातःकाल का भोजन, जलपान, जलखावा (आचा, णाया १, ८)।

पायल न [दे] चपु, अंत (दे ६, ३८)।

पायव पुं [पादप] वृक्ष, पेड़ (पाअ)।

पायव्व देखो पा = पा।

पायस पुंन [पायस] दूध का मिष्टान्न, खीर 'पायसो खीरी' (पाअ, सुपा ४३८)।

पायसो अ [प्रायशस्] प्राय, बहुत कर (उप ४४६, पंचा ३, २७)।

पायार पुं [प्राकार] किला, कोट, दुर्ग (कप्प हे १, २६८, कुमा)।

पायाल न [पाताल] रसा-तल, अधो भुवन (हे १, १८०, पाअ)। °कलस पुं [°कलश] समुद्र के मध्य में स्थित कलशाकार वस्तु (अणु)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष (पउम ४५, ३९)। °मंदिर न [°मन्दिर] पाताल-स्थित गृह (महा)। °हर न [°गृह] वही अर्थ (महा)।

पायाल न [पादाति] पादाति सैन्य, पैदल सैनिक (चउप्पन्न० पत्र० १८५)।

पायालंकारपुर न [पातालालङ्कारपुर] पाताल-लंका, रावण की राजधानी, 'पायालंकारपुरं सिग्घं पत्ता भउव्विग्गा' (पउम ६, २०१)।

पायावच्च न [प्राजापत्य] अहोरात्र का चौद-हवाँ मुहूर्त (सम ५१)।

पायाविय वि [पायित] पिलाया हुआ (पउम ११, ४१)।

पायाहिण न [प्रादक्षिण्य] १ वेष्टन (पव ६१)। २ दक्षिण की ओर, 'पायाहिणेण तिहि पतिआहि भाएह सद्धिपए' (सिरि १९९)।

पायाहिणा देखो पयाहिणा, 'पायाहिणं करिंतो' (उत्त ९, ५९, सुख ९, ५९)।

पार अक [शक्] सकना, करने में समर्थ होना। पारइ, पारेइ (हे ४, ८६, पाअ)। वकृ. पारंत (कुमा)।

पार सक [पारय्] पार पहुँचना, पूर्ण करना। पारेइ (हे ४, ८६, पाअ) हेकृ. पारित्तए (भग १२, १)।

पार पुन [पार] १ तट, किनारा (पाअ)। २ पर्ला, किनारा, 'परतीरं पारं' (पाअ), 'किह सह होही भवजलहिपारं' (निसी ५)। ३ परलोक, आगामी जन्म। ४ मनुष्य-लोक-भिन्न नरक आदि (सूअ १, ६, २८)। ५ मोक्ष, मुक्ति, निर्वाण, 'पारं पुण्णुत्तरं मुत्ता विंति' (बृह ४)। °ग वि [°ग] पार जाने-वाला (औप, सुपा २५४)। °गय वि [°गत] १ पार-प्राप्त (भग, औप)। २ पुं. जिन-देव, भगवान् अर्हत् (उव ११२ टी)। °गामि वि [°गामिन्] पार पहुँचनेवाला (आचा, कप्प; औप)। °पाणग न [°पानक] पेय द्रव्य-विशेष (णाया १, १७)। °पिउ वि [°विद्] पार को जाननेवाला (सूअ २, १, ९०)। °भोय वि [°भोग] पार-प्राप्त (कप्प)।

पार देखो पायार (हे १, २६८; कुमा)।

पारंक न [दे] मदिरा नापने का पात्र (दे ६, ४१)।

पारंगम वि [पारगम] १ पार जानेवाला। २ पार-गमन (आचा)।

पारंगय वि [पारंगत] पार-प्राप्त (कुप्र २१)।

पारंचि वि [पाराञ्चि] सर्वोत्कृष्ट—दशम प्रायश्चित्त करनेवाला, 'पारंचीण दोण्हवि' (बृह ४)।

पारंचिय न [पाराञ्चिक] १ सर्वोत्कृष्ट प्रायश्चित्त, तप-विशेष से अतिचारों की पार-प्राप्ति (ठा ३, ४—पत्र १६२, औप)। २ वि. सर्वोत्कृष्ट प्रायश्चित्त करनेवाला (ठा ३, ४)।

पारंचिय [पाराञ्चित] ऊपर देखो (वस, बृह ४)।

पारंपज्ज न [पारम्पर्य] परम्परा (रंभा १५)।

पारंपर पुं [दे] राक्षस (दे ६, ४४)।

पारंपर } न [पारम्पर्य] परम्परा (पउम
पारंपरिय } २१, ८०; आरा १६; धर्मस १११८; १३१७), 'आयरियपारंपर्ये (? रिए) ण आगय' (सूप्रनि १२७—पृष्ठ ४८७)।

पारंपरिय वि [पारम्परिक] परंपरा से चला आता (उप ७२८ टी)।

पारंभ सक [प्रा + रभ्] १ आरम्भ करना, शुरू करना। २ हिंसा करना, मारना। ३ पीड़ा करना। पारंभेमि (कुप्र ७०)। कवृ. 'तण्हाए पारज्झमाणा' (औप)।

पारंभ पुं [प्रारम्भ] शुरू, उपक्रम (विसे १०२०, पव १६६)।

पारंभिय वि [प्रारब्ध] आरब्ध, उपक्रान्त (धर्मवि १४४, सुर २, ७७, १२, १५९, सुपा ५५)।

पारक्केर } वि [परकीय] पर का, अन्यदीय
पारक्क } (हे १, ४४, २ १४८, कुमा)।

पारक्किअ देखो पारक्क (माल १९२)।

पारज्झमाण देखो पारंभ = प्रा + रभ्।

पारण } न [पारण, °क] व्रत के दूसरे दिन
पारणग } का भोजन, तप की समाप्ति के अनन्तर
पारणय } का भोजन (सण; उवा; महा)।

पारणा स्त्री [पारणा] ऊपर देखो। °इत्त वि [°वत्] पारणवाला (पंचा १२, ३५)।

पारतंत न [पारतन्त्र्य] परतन्त्रता, पराधीनता (उप २५२; पंचा ९, ४१; ११, ७)।

पारत्त अ [परत्र] परलोक में, आगामी जन्म में, 'पारत्त बिइज्जओ धम्मो' (पउम ५, १६३)।

पारत्त वि [पारत्र, पारत्रिक] पारलौकिक, आगामी जन्म से संबन्ध रखनेवाला, 'इत्तो पारत्तहियं ता कीरउ देव! धकचूलिस्स' (धर्मवि ६०, ओघ ६२, स २४९)।

पारत्ति स्त्री [दे] कुसुम-विशेष (गउड, कुमा)।

पारत्तिय वि [पारत्रिक] देखो पारत्त = पारत्र (स ७०७)।

पारदारिय वि [पारदारिक] परस्त्री-लम्पट (णाया १, १८—पत्र २३६)।

पारद्ध वि [प्रारब्ध] १ जिसका प्रारम्भ किया गया हो वह, 'पारद्धा य विवाहनिमित्तं सयला सामग्गी' (महा)। २ जो प्रारम्भ करने लगा हो वह, 'तओ भवरण्हसमए पारद्धो नच्चिउं' (महा)।

पारद्ध न [दे] पूर्व-कृत कर्म का परिणाम, प्रारब्ध। २ वि. आखेटक, शिकारी। ३ पीड़ित (दे ६, ७७)।

पारद्धि स्त्री [पापर्द्धि] शिकार, मृगया (हे १, २३५, कुमा, उप पृ २५७, सुपा २१६)।

पारद्धिअ वि [पापर्द्धिक] शिकारी, शिकार करनेवाला, गुजराती में 'पारधी', 'मयणमहा-पारद्धियनिसायबाणावलीविद्धा' (सुपा ७१; मोह ७६)।

पारमिया स्त्री [पारमिता] बौद्ध-शास्त्र-परिभाषित प्राणातिपात-विरमणादि शिक्षा-व्रत, अहिंसा आदि व्रत (धर्मसं ९८८)।

पारम्म न [पारम्य] परमता, उत्कृष्टता (मज्झ ११४)।

पारय वि [पारग] समर्थ (आचा २, ३, २, ३)।

पारय पुं [पारद] धातु विशेष, पारा, रस-धातु। °मद्दण न [°मर्दन] आयुर्वेद-विहित रीति से पारा का मारण, रसायन विशेष, 'भंग-कडिणयाहेउं च सेवति पारयमद्दणं' (स २८९)। २ वि. पार-प्रापक (श्रु १०९)।

पारय न [दे] सुरा-भाण्ड, दारू रखने का पात्र (दे ६, ३८)।

पारय देखो पार-ग (कप्प, भग; अत)।

पारय पु [प्रावारक] १ पट, वस्त्र। २ वि. आच्छादक (हे १, २७१; कुमा)।

पारलोइअ वि [पारलौकिक] परलोक-संबन्धी, आगामी जन्म से संबन्ध रखनेवाला (पण्ह १, ३; ४, सूअ २, ७, २३; कुप्र ३८१; सुपा ४९१)।

पारवस्स न [पारवश्य] परवशता, पराधीनता (रयण ८१)।

पारस पु [पारस] १ अनार्य देश-विशेष, फारस देश, ईरान (इक)। २ मणि-विशेष, जिसके स्पर्श से लोहा सुवर्ण हो जाता है (सबोध ५३)। ३ पारस देश में रहनेवाली मनुष्य-जाति (पण्ह १,१)। °उल न [°कुल] १ ईरान देश, 'भरिऊण भडस्स वहणाइं पत्तो पारसउलं', 'इओ य सो अयलो पारसउले विढविय बहुयं दव्वं' (महा)। २ वि. पारस देश का, ईरान का निवासी, 'मागहयपारसउला कालिंगा सीहला य तहा' (पउम ९९, ५५)। °कूल न [°कूल] ईरान का किनारा, ईरान देश की सीमा (आवम)।

पारसिय वि [पारसिक] फारस देश का, 'सहसा पारसियमुओ समागओ रायपयमूले', 'पारसियकीरमिहुण' (सुपा २९७; ३९०)।

पारसी स्त्री [पारसी] १ पारस देश की स्त्री (औप; णाया १, १—पत्र ३७, इक)। २ लिपि विशेष, फारसी लिपि (विसे ४६४ टी)।

पारसीअ वि [पारसीक] फारस देश का निवासी (गउड)।

पाराई स्त्री [दे] लोह-कुशी विशेष, लोढ़े की दंडाकार छोटी वस्तु, 'चडवेलावज्झपट्टपाराई (? ई)धिवकसलयवरत्तनेत्तप्पहारसयतालियं-गमंगा' (पण्ह २, ३)।

पाराय देखो पारावय (प्राप्र)।

पारायण न [पारायण] १ पार-प्राप्ति (विसे ५६५)। २ पुराण-पाठ विशेष; 'अधीउं (? य) समत्तपरायणो सासापारओ जाओ' (सुख २, १३)।

पारावय देखो पारेवय (पाप्र, प्राप्र; गा ६४, कप्प ५९ टि)।

पारावर पुं [दे] गवाक्ष, वातायन (दे ६, ४३)।
पारावार पु [पारावार] समुद्र, सागर (पाअ, कुप्र ३७)।
पारावित्र वि [पारित] जिसको पारण कराया गया हो वह (कुप्र २१२)।
पारासर पुं [पाराशर] १ ऋषि विशेष (सूअ १, ३, ४, ३)। २ न गोत्र विशेष, जो वशिष्ठ गोत्र की एक शाखा है। ३ वि. उस गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३९०)। ४ पुं. भिक्षुक। ५ कर्म-त्यागी संन्यासी, 'अनेवि पारासरा अत्थि' (सुख २, ३१)।
पारिओसिय वि [पारितोषिक] तुष्टि जनक दान, प्रसन्नता सूचक दान, पुरस्कार (सम्मत्त १२२, स १९३, सुर १६, १८२, विचार १७१)।
पारिच्छा देखो परिच्छा, 'वयपरिणामे चिंता गिहं समप्पेमि तासि पारिच्छा' (उप १७३, उप पृ २७५)।
पारिच्छेज्ज देखो परिच्छेज्ज (णाया १, ८—पत्र १३२)।
पारिजाय देखो पारिय = पारिजात (कुमा)।
पारिट्ठावणिया स्त्री [पारिष्ठापनिकी] समिति-विशेष, मल आदि के उत्सर्ग में सम्यग् प्रवृत्ति (सम १०, ओघ, कप्प)।
पारिडि स्त्री [प्रावृति] प्रावरण, वस्त्र, कपड़ा, 'विरिणइ माहमासम्मि पामरो पारिडिं बहुल्लेण' (गा २३८)।
पारिणामिअ देखो परिणामिअ = पारिणामिक (अणु कम्म ४, ६९)।
पारिणामिआ } देखो परिणामिआ (आव
पारिणामिगी } १, णाया १, १—पत्र ११)।
पारितावणिया स्त्री [पारितापनिकी] दूसरे को परिताप—दुःख उपजाने से होनेवाला कर्म-बन्ध (सम १०)।
पारितावणी स्त्री [पारितापनी] ऊपर देखो (सम १७)।
पारितोसिअ देखो पारिओसिय (सण; सुपा २७ प्रामा)।
पारित्त देखो पारत्त = परक, 'पारित्त विहवको धम्मो' (संदे २६)।
पारिप्पव पुं [पारिप्लव] पक्षि विशेष (पण्ह १, १—पत्र ८)।
पारिभद्द पुं [पारिभद्र] वृक्ष विशेष, फरहद का पेड़ (कप्पू)।
पारिय वि [पारित] पूर्ण किया हुआ (रयण १९)।
पारिय पुं [पारिजात] १ देव-वृक्ष विशेष, कल्प तरु विशेष। २ फरहद का पेड़, 'कप्पूर-पारियाण य अहिमयरो मानईगंधो' (कुमा ५, १३)। ३ न. पुष्प-विशेष, फरहद का फूल जो रक्त वर्ण का और अत्यन्त शोभायमान होता है, 'सुहिए ण विडप्पइ पारियच्छि सुंदीरह खडइ वसइ लच्छि' (भवि)।
पारियत्त पु [पारियात्र] देश विशेष, 'परिब्भमंतो पत्तो पारियत्तविसयं' (कुप्र ३६६)।
पारियल्ल न [दे. परिवर्त] पहिए के पृष्ठ भाग की बाह्य परिधि (णंदि ४३)।
पारियाय देखो पारिय = पारिजात (सुपा ७९, से ९, ५८, महा, स ७५९)।
पारियावणिया देखो पारितावणिया (ठा २, १—पत्र ३९)।
पारियावणिया देखो पारितावणिया (स ५५१)।
पारियासिय वि [पारिवासित] बासी रखा हुआ (कम)।
पारिव्वज्ज न [पारिव्राज्य] संन्यासिपन, सन्यास (पउम ८२, २४)।
पारिव्वाई स्त्री [पारिव्राजी, परिव्राजिका] सन्यासिनी (उप पृ २७९)।
पारिव्वाय वि [पारिव्राज] संन्यासि-संबन्धी (राज)।
पारिसज्ज वि [पारिषद्य] सभ्य, सभासद (धर्मवि ९)।
पारिसाडणिया स्त्री [पारिशाटनिकी] परिशाटन—परित्याग से होनेवाला कर्म बन्ध (आव ४)।
पारिहच्छी स्त्री [दे] माता (दे ६, ४२)।
पारिहट्टी स्त्री [दे] १ प्रतिहारी। २ अपहृति, आकर्षण। ३ चिर प्रसूता महिषी, बहुत देर से ब्याही हुई भैंस (दे ६, ७२)।
पारिहत्थिय वि [पारिहस्तिक] हस्तकर्म से निपुण (ठा ९—पत्र ४५१)।
पारिहारिय वि [पारिहारिक] उतरनी-विशेष, परिहार मात्र का करनेवाला (कप्प)।
पारिहासय न [पारिहासक] कुल विशेष, जैन मुनियों के एक कुल का नाम (कप्प)।
पारी स्त्री [दे] दोहन-भाण्ड, जिसमें दोहा किया जाता है वह पात्र-विशेष (दे ६, ३७, गउड ५७७)।
पारीण वि [पारीण] पार-प्राप्त, 'धीवर-सत्थाण पारीणो' (धर्मवि १३, सिरि ४८९, सम्मत्त ७५)।
पारुअग्ग पुं [दे] विश्राम (दे ६, ४४)।
पारुअल्ल पुं [दे] पृथुक, चिउड़ा (दे ६, ४४)।
पारुसिय देखो फारुसिय (माचा १, ६, ४, १ टि)।
पारुहल्ल वि [दे] मालीकृत, श्रेणी रूप में स्थापित, 'पालीवधं च पारुहल्लोम्मि' (दे ६, ४५)।
पारेवई स्त्री [पारापती] कबूतरी, कबूतर की मादा (विपा १, ३)।
पारेवय पुं [पारापत] १ पक्षि-विशेष, कबूतर (हे १, ८०; कुमा, सुपा ३२८)। २ वृक्ष-विशेष। ३ न. पत्र विशेष (पण्ण १७)।
पारोक्ख वि [पारोक्ष] परोक्ष विषयक, पराक्ष संबन्धी (धर्मसं ५०२)।
पारोह देखो परोह (हे १, ४४, गा ५७५, गउड)।
पारोहि वि [प्ररोहिन्] प्ररोहवाला, अंकुरवाला (गउड)।
पाल सक [पालय्] पालन करना, रक्षण करना। पालेइ (भग, महा)। कृ. पालयंत, पालत, पालिंत, पालेमाण (सुर २, ७१, से ४६, मृच्छ, ओघ, कप्प)। संकृ. पालइत्ता, पालित्ता, पालेऊण (कप्प, महा) पालेवि (भव) (हे ४, ४४१)। हे. पालियव्व, पालेयव्व (सुपा ४३५, ३७६, महा)।
पाल देखो पार = पारय्। संकृ. पालइत्ता (कप्प)।
पाल पु [दे] १ कलवार, शराब बेचनेवाला। २ वि. बोथ, फल-हीन (दे ६, ७५)।
पाल पुंन [पाल] अभ्रपुट-विशेष, 'मुद्दिय वा पाले वा विसरसे वा कडिमुलंसे वा' (औप)। २ वि. पालक, पालन-कर्ता, 'जा सव्वसिंधु-वायरहो पाउं' (सेतु)। स्त्री. °ला (वज्ज ४)।

पालंक न [पालङ्क्य] तरकारी विशेष, पालक का शाक (वृह १)।

पालंगा स्त्री [पालङ्क्या] ऊपर देखो (उवा)।

पालत देखो पाल = पालय्।

पालंब पु [प्रालम्ब] १ अवलम्बन, सहारा, 'पावइ तडविडविपालंब' (सुपा ६३५)। २ गले का आभूषण-विशेष (औप, कप्प)। ३ दीर्घ, लम्बा (औप, राय)। ४ पुन. ध्वजा के नीचे लटकता वस्त्राञ्चल, 'ओऊलं पालंबं' (पाअ)।

पालक्का स्त्री [पालक्या] देखो पालगा 'वत्थुलपोरगमज्जारपोइवल्ली य पालक्का' (पण्ण १—पत्र ३४)।

पालग देखो पालय (कप्प, औप, विसे २८५९, सति १, सुर ११, १०८)।

पालण न [पालन] १ रक्षण (महा, प्रासू ३)। २ वि. रक्षण-कर्ता, धम्मस्स पालणी चेव' (सबोध १९, स ६७)।

पालद्दुद्दु पु [दे] वृक्ष विशेष (उप १०३१ टी)।

पालप्प पु [दे] १ प्रतिसार। २ वि. विप्लुत (दे ६, ७६)।

पालय वि [पालक] रक्षक, रक्षण कर्ता (सुपा २७६, सार्ध १०)। २ पुं सौधर्मेन्द्र का एक आभियोगिक देव (ठा ८)। ३ श्रीकृष्ण का एक पुत्र (पव २)। ४ भगवान् महावीर के निर्वाण के दिन अभिषिक्त अवंती (उज्जैन) का एक राजा (विचार ४९२)। ५ देव-विमान-विशेष (सम २)।

पालास पुं [पालाश] पलाश-सम्बन्धी। २ न. पलाश वृक्ष का फल, किंशुक-फल (गउड)।

पालि स्त्री [पालि] १ तालाब आदि का बन्ध (सुर १३, ३२, अत १२ महा)। २ प्रान्त भाग (गा ९४९)। देखो पाली = पाली।

पालि स्त्री [दे] १ धान्य मापने की नाप। २ पल्योपम, समय का सुदीर्घ परिमाण-विशेष (उत्त १८, २८, सुख १८, २८)।

पालिआ स्त्री [दे] खड्ग-मुष्टि, तलवार की मूठ (पाअ)।

पालिआ देखो पाली = पाली, उज्जाणपालियाहिं कविउत्तीहिं य बहुरसड्ढाहिं' (धर्मवि १३)।

पालित्त पुं [पादलिप्त] एक प्रसिद्ध जैनाचार्य (पिंड ४९८, कुप्र १७८)।

पालित्ताण न [पादलिप्तीय] सौराष्ट्र देश का एक प्राचीन नगर, जो आजकल भी 'पालिताणा' नाम से प्रसिद्ध है (कुप्र १७९)।

पालित्तिआ स्त्री [दे] १ राजधानी। २ मूल-नीवी। ३ भण्डार, निधि। ४ भंगी, प्रकार (कप्पू)।

पालिय वि [पालित] रक्षित (ठा १०, महा)।

पालियाय देखो पारिय = पारिजात (राय ३०)।

पाली स्त्री [पाली] पंक्ति, श्रेणि (गउड)। देखो पालि।

पाली स्त्री [दे] दिशा (दे ६, ३७)।

पालीवध पुं [दे] तालाब, सरोवर (दे ६, ४५)।

पालीहम्म न [दे] वृति, बाड (दे ६, ४५)।

पालेव पुं [पादलेप] पैर में किया हुआ लेप (पिंड ५०३)।

पाव सक [प्र + आप] प्राप्त करना। पावइ (हे ४, २३९)। भवि. पाविहिसि (पि ५३१)। कर्म पाविज्जइ (उव)। वकृ. पावत, पावेंत (पिंग, पउम १४, ३७)। कवकृ. पावियंत, पावेज्जमाण (पण्ह १, १, अत २०)। संकृ. पाविऊण (पि ५८६)। हेकृ. पत्तु, पावेउ (हास्य ११९, महा)। कृ. पावणिज्ज, पाविअव्व (सुर ९, १४२, स ६८६)।

पाव देखो पव्वाल = प्लावय्। पावेइ (हे ४, ४१)।

पाव पुन [पाप] १ अशुभ कर्म-पुद्गल, कुकर्म (आचा, कुमा ठा १, प्रासू २५), 'जम्मतरकए पावे पाणी मुहुत्तेण निद्दहे' (गच्छ १,६)। २ पापी, अधर्मी, कुकर्मी (पण्ह १, १, कुमा ७, ९)। °कम्म न [°कर्मन्] अशुभ कर्म (आचा)। °कम्मि वि [°कर्मिन्] कुकर्म करनेवाला (ठा ७)। °दंड पुं [°दण्ड] नरकावास विशेष (देवेंद्र २९)। °पगइ स्त्री [°प्रकृति] अशुभ कर्म प्रकृति (राज)। °यारि वि [°कारिन्] दुराचारी (पउम ६३, ४३, महा)। °समण पुं [°श्रमण] दुष्ट साधु (उत्त १७, ३, ४)। °सुमिण पुन [°स्वप्न] दुष्ट स्वप्न (कप्प)। °सुय न [°श्रुत] दुष्ट शास्त्र (ठा ९)।

पाव पु [दे] सर्प, साँप (दे ६, ३८)।

पाव (अप) देखो पत्त = प्राप्त (पिंग)।

पावस वि [पापीयस्] पापी, कुकर्मी (ठा ४, ४—पत्र २६५)।

पावक्खालय न [दे. पापक्षालक] देखो पाउक्खालय (स ७४१)।

पावग वि [पावक] १ पवित्र करनेवाला (राज)। पु. अग्नि, वह्नि (सुपा १४२)।

पावग वि [प्रापक] पहुँचानेवाला (सुपा ५००)।

पावग देखो पाव = पाप (आचा, धर्मसं ५४३)।

पावज्जा (अप) देखो पव्वज्जा (भवि)।

पावडण देखो पाय-वडण = पाद पतन (प्राप्र, कुमा)।

पावड्ढि देखो पारद्धि (सिरि ११०८, १११०)।

पावण वि [पावन] पवित्र करनेवाला (अच्चु ४७, समु १५०)।

पावण न [प्लावन] १ पानी का प्रवाह। २ सराबोर करना (पिंड २४)।

पावण न [प्रापण] १ प्राप्ति, लाभ (सुर ४, १११, उपप ७)। २ योग की एक सिद्धि, 'पावणसत्तीए छिवइ मेरुसिरमणुलीए मुणी' (कुप्र २७७)।

पावद्धि देखो पारद्धि (धर्मवि १४८)।

पावय देखो पाव = पाप (प्रासू ७५)।

पावय वि [प्रावृत] आच्छादित, ढका हुआ (सूअ २, ७, ३)।

पावय पुन [दे] वाद्य विशेष, गुजराती में 'पावो' (पउम ५७, २३)।

पावय देखो पावग = पावक (उप ७२८ टी, कुप्र २८३, सुपा ४, पाअ)।

पावयण देखो पवयण (हे १, ४४, उवा, णाया १, १३)।

पावयणि वि [प्रवचनिन्] सिद्धान्त का जानकार, सैद्धान्तिक (चेइय १२८)।

पावयणिय वि [प्रावचनिक] ऊपर देखो (सम ६०)।

पावरअ देखो पावारय (स्वप्न १०४)।

पावरण पुं [प्रावरण] एक म्लेच्छ जाति (मृच्छ १५२)।

पावरण न [प्रावरण] वस्त्र, कपड़ा (हे १, १७५)।

पावरिय वि [प्रावृत] आच्छादित (कुप्र ३८)।

पावस देखो पाउस (कुप्र ११७)।

पावा स्त्री [पापा] नगरी विशेष, जो आजकल भी बिहार के पास पावापुरी के नाम से प्रसिद्ध है (कप्प, ती ३; पंचा १९, १७; पव ३४, विचार ४९)।

पावाइ वि [प्रवादिन्] वाचाट, दार्शनिक (सूप्र २, ६, ११)।

पावाइअ वि [प्राव्राजिक] संन्यासी (रयण २२)।

पावाइअ वि [प्रावादिक] देखो पावाइ (आचा)।

पावाइअ } वि [प्रावादुक] वाचाट, दार्श-
पावादुय } निक (सूप्र १, १, ३, १३; २, २, ८०; पि २६५)।

पावार पुं [प्रावार] १ रुँवावाला कपड़ा। २ मोटा कम्बल (पव ८४)।

पावारय देखो पारय = प्रावारक (हे १ २७१; कुमा)।

पावालिआ स्त्री [प्रपापालिका] प्रपा या प्याऊ पर नियुक्त स्त्री (गा १६१)।

पावासु } वि [प्रवासिन्, °क] प्रवास
पावासुअ } करनेवाला (पि १०५; हे १, ९५; कुमा)।

पाविअ वि [प्राप्त] लब्ध, मिला हुआ (सुर ३, १६; स ६८६)।

पाविअ वि [प्रापित] प्राप्त करवाया हुआ (सण, नाट—मृच्छ २७)।

पाविअ वि [प्लावित] सराबोर किया हुआ, खूब भिजाया हुआ (कुमा)।

पाविट्ठ वि [पापिष्ठ] अत्यन्त पापी (उव ७२८ टी, सुर १, २१३; २, २०५; सुपा १६९; श्रा १४)।

पावीढ देखो पाय-पीढ (पउम ३, १; हे १, २७०; कुमा)।

पावीयंस देखो पावंस (पि ४०९, ४१४)।

पावुअ वि [प्रावृत] आच्छादित (संक्षि ४)।

पावेज्जमाण देखो पाव = प्र + आप्।

पावेस वि [प्रावेश्य] प्रवेशोचित, प्रवेश के लायक (औप)।

पावेस पुं [प्रावेश] वस्त्र के दोनों तरफ लटकता रुँवा (णाया १, १)।

पास सक [दृश्] १ देखना। २ जानना। पासइ, पासेइ (कप्प)। पासिमं = 'पश्य' (आचा १, ३, ३, ५)। कर्म. पासिज्जइ (पि ७०)। वकृ. पासंत, पासमाण (स ७५; कप्प)। संकृ. पासिउं, पासित्ता, पासित्ताणं, पासिया (पि ४६५, कप्प, पि ५८३; महा)। हेकृ. पासित्तए, पासिउं (पि ५७८; ५७७)। कृ. पासियव्व (कप्प)।

पास पुं [पार्श्व] १ वर्तमान अवसर्पिणी-काल के तेईसवें जिन-देव (सम १३; ४३)। २ भगवान् पार्श्वनाथ का अधिष्ठायक यक्ष (संति ८)। ३ न. कन्धा के नीचे का भाग, पाँजर (णाया १, १६)। ४ समीप, निकट (सुर ४, १७९)। °ावच्चिज्ज वि [°ापत्यीय] भगवान् पार्श्वनाथ की परम्परा में संजात (भग)।

पास पुं [पाश] फाँसा, बन्धन-रज्जु (सुर ४, ३३७; औप, कुमा)।

पास न [दृ] १ आँख। २ दाँत। ३ कुन्त, प्रास। ४ वि. विशोभ, कुडौल, शोभा-हीन (दे ६, ७५)। ५ पुंन. अन्य वस्तु का अल्प-मिश्रण, 'निच्चुन्नो तंबोलो पासेण विणा न होइ जह रंगो' (भाव २)।

°पास वि [°पाश] अपमद, निकृष्ट, जघन्य, कुत्सित, 'एस पासंडियपासो किं करिस्सइ' (सम्मत्त १०२)।

पासंगिअ वि [प्रासङ्गिक] प्रसंग-संबन्धी, आनुषंगिक (कुम्मा २७)।

पासंड न [पाषण्ड] १ पाखण्ड, असत्य धर्म, धर्म का ढोंग (ठा १०, णाया १, ८, उवा, भाव ६)। २ व्रत (अणु)।

पासंडि } वि [पाषण्डिन्, °क] १
पासंडिय } पाखंडी, लोक में पूजा पाने के लिए धर्म का ढोंग रचनेवाला (महानि ४; कुप्र २७९, सुपा ९९, १०९, १९२)। २ पु. व्रती, साधु, मुनि, 'पव्वइए अणगारे पासंडे (? डी) चरग तावसे भिक्खू। परिवाइए य समणे' (दसनि २—गाथा १६४)।

पासंदण न [प्रस्यन्दन] झरना, टपकना (बृह १)।

पासग वि [दर्शक] देखनेवाला (आचा)।

पासग पुं [पाशक] १ फाँसा, बन्धन-रज्जु (उप पृ १३; सुर ४, २५०)। २ पासा, जुआ खेलने का उपकरण-विशेष (जं ३)।

पासग न [प्राशक] कला-विशेष (औप)।

पासण न [दर्शन] अवलोकन, निरीक्षण (पिंड ४७५; उप ९७७; ओघ ५४, सुपा ३७)।

पासणया स्त्री. ऊपर देखो (ओघ ६३; उप १४८; णाया १, १)।

पासणिअ वि [दे] साक्षी (दे ६, ४१)।

पासणिअ वि [प्राश्निक] प्रश्न-कर्ता (सूप्र १, २, २, २८; आचा)।

पासत्थ वि [पार्श्वस्थ] १ पार्श्व में स्थित, निकट-स्थित (पउम ९८, १८; स २६७; सूप्र १, १, २, ५)। २ शिथिलाचारी साधु (उप ८३३ टी; णाहा १, ५; ६,—पत्र २०६; सार्ध ८८)।

पासत्थ वि [पाशस्थ] पाश में फँसा हुआ, पाशित (सूप्र १, १, २, ५)।

पासल्ल न [दे] १ द्वार (दे ६, ७६)। २ वि. तिर्यक्, वक्र (दे ६, ७६; से ६; ६२; गउड)।

पासल्ल देखो पास = पार्श्व (से ९, ३८, गउड)।

पासल्ल अक [तिर्यञ्च्, पार्श्वाय्] १ वक्र होना। २ पार्श्व घुमाना, 'पासल्लंति महिहरा' (से ६, ४५)। वकृ. पासल्लंत (से ६, ४१)।

पासल्लइअ देखो पासल्लिअ (से ९, ७७)।

पासल्लि वि [पार्श्विन्] पार्श्व-शयित, 'उत्ताण-गपासल्ली नेमज्जी वावि ठाण ठाइत्ता' (पव ६७, पंचा १८, १५)।

पासल्लिअ वि [पार्श्वित, तिर्यक्त] १ पार्श्व में किया हुआ। २ टेढ़ा किया हुआ (गउड; वि ५९५)।

पासवण न [प्रस्रवण] मूत्र, पेशाब (सम १०; कस, कप्प; उवा, सुपा ६२०)।

पासाईय देखो पासादीय (सम १३७; उवा)।

पासाकुसुम न [पाशाकुसुम] पुष्प-विशेष, 'छप्पय गम्मसु सिसिरं पासाकुसुमंहि ताव, मा मरसु' (गा ८१९)।

पासाण पुं [पाषाण] पत्थर (हे १, २६२, कुमा)।
पासाणिअ वि [दे] साथी (दे ६, ४१)।
पासाद देखो पासाय (औप, स्वप्न ५९)।
पासादिय वि [प्रसादित] १ प्रसन्न किया हुआ। २ न. प्रसन्न करना (णाया १, ९—पत्र १६५)।
पासादीय वि [प्रासादीय] प्रसन्नता-जनक (उवा, औप)।
पासादीय वि [प्रासादित] महलवाला, प्रासाद-युक्त (सूम २, ७, १ टी)।
पासाय पुन [प्रासाद] महल, हर्म्य (पाअ, पउम ८०, ४)। °वडिंसय पु [°वतंसक] श्रेष्ठ महल (भग, औप)।
पासायवडेंसग पु [प्रासादावतंसक] श्रेष्ठतम महल, प्रासाद-विशेष (राय ६६)।
पासासा स्त्री [दे] भल्ली, छोटा भाला (दे ६, १४)।
पासाव } पुं [दे] गवाक्ष, वातायन, झरोखा
पासावय } (पइ, दे ६, ४३)।
पासि वि [पार्श्विन्] पार्श्वस्थ, शिथिलाचारी साधु, 'पासिसारिच्छो' (संबोध ३५)।
पासिद्धि देखो पसिद्धि (हे १, ४४)।
पासिम वि [दृश्य] दर्शनीय, ज्ञेय (आचा)।
पासिम देखो पास = दृश्।
पासिय वि [पाशिक] फासे में फँसानेवाला (पण्ह १, २)।
पासिय वि [स्पृष्ट] छुआ हुआ (आचा—पासिम)।
पासिय वि [पाशित] पाश युक्त (राज)।
पासिया स्त्री [पाशिका] छोटा पाश (महा)।
पासिया देखो पास = दृश्।
पासिल्ल वि [पार्श्विक] १ पास मे रहनेवाला। २ पार्श्वशायी (पव ५४ तदु १३, भग)।
पासी स्त्री [दे] चूडा, चोटी (दे ६, ३७)।
पासु देखो पसु (हे १, २९, ७०)।
पासुत्त देखो पसुत्त (गा ३२४, सुर २, ८२ ९, १६८, हे १, ४४, कुप्र २५०)।
पासेइय वि [प्रस्वेदित] प्रस्वेद-युक्त, पसीनावाला (भवि)।
पासेल्लिय वि [पार्श्ववत्] पार्श्व-शायी, बगल में सोनेवाला (राज)।
पासोअल्ल देखो पासल्ल = तिर्यञ्च। वज्ज. पासोअल्लत (से ६, ४७)।
पाह (अप) सक [प्र + अर्थय्] प्रार्थना करना। पाहसि (पि ३५९)।
पाहंड देखो पासंड (पि २६५)।
पाहण देखो पाहाण, 'महंतं पाहणं तय' (श्रा १२), 'चउकोणा समतीरा पाहणबद्धा य निम्मविया' (धर्मवि ३३, महा, भवि)।
पाहणा देखो पाणहा, 'तेगिच्छ पाहणा पाए' (दस ३, ४)।
पाहण्ण } न [प्राधान्य] प्रधानता, प्रधानपन
पाहन्न } (प्रासू ३२, ओघ ७७२)।
पाहर सक [प्रा + हृ] प्रकर्ष से लाना, ले आना। पाहराहि (सूम, ४, २, ९)।
पाहरिय वि [प्राहरिक] पहरेदार (स ५२५, सुपा ३१२, ४५५)।
पाहाउय देखो पाभाइय (सुपा ३५, ५५९)।
पाहाण पुं [पाषाण] पत्थर (हे १, २६२, महा)।
पाहिज्ज देखो पाहेज्ज (पाम)।
पाहुड न [प्राभृत] १ उपहार, पाहुर, भेंट (हे १, १३१, २०६, विपा १, ३, कर्पूर २७, कप्पू, महा, कुमा)। २ जैन ग्रन्थांश-विशेष, परिच्छेद, अध्ययन (सुज्ज १, २, ३)। ३ प्राभृत का ज्ञान (कम्म १, ७)। °पाहुड न [°प्राभृत] १ ग्रन्थांश विशेष, प्राभृत का भी एक अंश (सुज्ज १, १, २)। २ प्राभृत-प्राभृत का ज्ञान (कम्म १, ७)। °पाहुडसमास पुन [°प्राभृतसमास] अनेक प्राभृत-प्राभृतो का ज्ञान (कम्म १, ७)। °समास पुन [°समास] अनेक प्राभृतो का ज्ञान (कम्म १, ७)।
पाहुड न [प्राभृत] १ क्लेश, कलह (कस, बृह १)। २ दृष्टिवाद के पूर्वों का अध्याय विशेष (अणु २३४)। ३ सावद्य कर्म, पाप-क्रिया (आचा २, २, ३, १, वव १)। °छेय पु [°च्छेद] बारहवें अंग-ग्रन्थ के पूर्वों का प्रकरण विशेष (वव १)। °पाहुडिआ स्त्री [°प्राभृतिका] दृष्टिवाद का प्रकरण विशेष (अणु २३४)।
पाहुडिआ स्त्री [प्राभृतिका] १ दृष्टिवाद का छोटा अध्याय (अणु २३४)। २ अर्चनिका, विलेपन आदि (वव ४)।
पाहुडिआ स्त्री [प्राभृतिका] १ भेंट, उपहार (पव ६७)। २ जैन मुनि की भिक्षा का एक दोष, विवक्षित समय से पहले—मन में संकल्पित भिक्षा, उपहार रूप से दी जाती भिक्षा (पंचा १३, ५; पव ६७, ठा ३, ४—पत्र १५९)।
पाहुण वि [दे] विक्रेय, बेचने की वस्तु (दे ६, ४०)।
पाहुण } पुं [प्राघुण, °क] अतिथि, पाहुना,
पाहुणग } मेहमान (ओघभा ५३, सुर ३, ८५,
पाहुणय } महा, सुपा १३, कुप्र ४२, औप, कप्प)।
पाहुणिअ पुं [प्राघुणिक] अतिथि, पहुना, मेहमान (कप्प २२४)।
पाहुणिअ पुं [प्राधुनिक] ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष (ठा २, ३)।
पाहुणिज्ज वि [प्राहुनीय] प्रकृष्ट संप्रदान, जिसको दान दिया जाय वह (णाया १, १ टी—पत्र ४)।
पाहुण्ण } न [प्राघुण्य, °क] आतिथ्य
पाहुण्णग } अतिथि का सत्कार, पहुनाई,
पाहुण्णय } 'कय मंजरीए पाहुण(? ण्ण)ग' (कुप्र ४२, उप १०३१ टी)।
पाहेअ न [पाथेय] रास्ते में व्यय करने की सामग्री, मुसाफिरी में खाने का भोजन (उत्त १९, १८, महा, धर्मवि ७६, स ९८, सुपा ४२४)।
पाहेज्ज न [दे. पाथेय] ऊपर देखो (दे ६, २४)।
पाहेणग (दे) देखो पहेणग (पिंड २८८)।
पि देखो अवि (हे २, २१८, स्वप्न ३७ कुमा भवि)।
पिअ सक [पा] पीना। पिअइ (हे ४, १०, ४१९, गा १६१)। भूका, अपिइत्थ (आचा)। वकृ, पिअंत, पियमाण (गा १३ अ, २४६, से २, ५; विपा १, १)। संकृ पिच्चा, पेच्चा, पिएऊण (कप्प, उत्त १७, ३, धर्मवि २५), पिएविणु (अप) (सण)। प्रयो पियावए (दस १०, २)।
पिअ पु [प्रिय] १ पति, कान्त, स्वामी (कुमा)। २ वि. इष्ट, प्रीति-जनक (कुमा)। °अम पु [°तम] पति, कान्त (गा १६,

कुमा)। °अमा स्त्री [°तमा] पत्नी, भार्या (कुमा)। °अर वि [°कर] प्रीति-जनक (नाट—पिंग)। °कारिणी स्त्री [°कारिणी] भगवान् महावीर की माता का नाम, त्रिशला देवी (कप्प)। °गंथ पुं [°ग्रन्थ] एक प्राचीन जैन मुनि, आचार्य सुस्थित और सुप्रतिबद्ध का एक शिष्य (कप्प)। °जाअ वि [°जाय] जिसको पत्नी प्रिय हो वह (गा ५१८)। °जाआ स्त्री [°जाया] प्रेम-पात्र पत्नी (गा १६९)। °दंसण वि [°दर्शन] १ जिसका दर्शन प्रिय—प्रीतिकर हो वह (णाया १, १—पत्र १९; औप)। २ पुं. देव-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७९)। °दंसणा स्त्री [°दर्शना] भगवान् महावीर की पुत्री का नाम (आवम)। °धम्म वि [°धर्मन्] १ धर्म की श्रद्धावाला (णाया १, ८)। २ पुं. श्री रामचन्द्र के साथ जैन दीक्षा लेनेवाला एक राजा (पउम ८५, ५)। °भाउग पुं [°भ्रातृ] पति का भाई (उप ६४८ टी)। °भासि वि [°भाषिन्] प्रिय-वक्ता (महा ५८)। °मित्त पुं [°मित्र] १ एक जैन मुनि, जो अपने पीछले भव में पाँचवाँ वासुदेव हुआ था (पउम २०, १७१)। °मेलय वि [°मेलक] १ प्रिय का मेल—संयोग करानेवाला। २ न. एक तीर्थ (स ५५१)। °उय वि [°युष्क] जीवित-प्रिय (आचा)। °यग वि [°यत, °त्मक] आत्म-प्रिय (आचा)।

पिअ देखो पीअ; 'पीआपीअं पिआपिअं' (प्राप्र, सण, भवि)।

पिअ° देखो पिउ (प्रासू ७६, १०८)। °हर न [°गृह] पिता का घर, पीहर, नैहर, मैका (पउम १७, ७)।

पिअआ देखो पिआ (था १६)।

पिअइउ (अप) वि [प्रीणयितृ] प्रीति उप-जानेवाला, खुश करनेवाला (भवि)।

पिअउल्लिय (अप) देखो पिआ (भवि)।

पिअंकर वि [प्रियंकर] १ अभीष्ट-कर्ता, इष्ट-जनक (उत्त ११, १४)। २ पुं. एक चक्रवर्ती राजा (उप ९७२)। ३ रामचन्द्र के पुत्र लव का पूर्व जन्म का नाम (पउम १०४, २६)।

पिअंगु पुं [प्रियङ्गु] १ वृक्ष-विशेष, प्रियंगु, कंगूनी का पेड (पाअ, औप; सम १५२)। २ कंगु, मालकांगनी का पेड, 'पियंगुणो कंगू' (पाअ)। ३ स्त्री. एक स्त्री का नाम (विवा १, १०)। °लइया स्त्री [°लतिका] एक स्त्री का नाम (महा)।

पिअंवय वि [प्रियंवद] मधुर-भाषी (सुर १, ६५; ४, ११८; महा)।

पिअंवाइ वि [प्रियवादिन्] ऊपर देखो (उत्त ११, १४, सुख ११, १४)।

पिअण न [दे] दुग्ध, दूध (दे ६, ४८)।

पिअण न [पान] पीना, 'तुहथनपियणनिरयं' (धर्मवि १२५, सुख ३, १; उप १३९ टी, स २६३, सुपा २४५; चेइय ५७०)।

पिअणा स्त्री [पृतना] सेना विशेष, जिसमें २४३ हाथी, २४३ रथ, ७२९ घोड़े और १२१५ प्यादें हो वह लश्कर (पउम ५६, ६)।

पिअमा स्त्री [दे] प्रियंगु वृक्ष (दे ६, ४९, पाअ)।

पिअमाहवी स्त्री [दे] कोकिला, पिकी (दे ६, ५१, पाअ)।

पिअय पुं [प्रियक] वृक्ष-विशेष, विजयसार का पेड (औप)।

पिअर पुन [पितृ] १ माता-पिता, मां-बाप, 'सुणतु निएणयमिम पियरा', 'पियराइं रुय-ताइं' (धर्मवि १२२)। २ पुं. पिता, बाप (प्राप्र)।

पिअरज सक [भञ्ज्] भाँगना, तोड़ना। पिअरंजइ (प्राकृ. ७४)।

पिअल (अप) देखो पिअ = प्रिय (पिंग)।

पिआ स्त्री [प्रिया] पत्नी, कान्ता, भार्या (कुमा, हेका ९९)।

पिआमह पुं [पितामह] १ ब्रह्मा, चतुरानन (से १, १७, पाअ, उप ५९७ टी, स २३१)। २ पिता का पिता, दादा (उव)। °तणअ पुं [°तनय] जाम्बवान्, वानर-विशेष (से ४, ३७)। °त्थ न [°स्त्र] अस्त्र-विशेष, ब्रह्मास्त्र (से १५, ३७)।

पिआमही स्त्री [पितामही] पिता की माता, दादी (सुपा ४७२)।

पिआर (अप)। वि [प्रियतर] प्यारा (कुप्र ३२, भवि)।

पिआरी (अप) स्त्री [प्रियतरा] प्यारी, प्रिया, पत्नी (पिंग)।

पिआल पुं [प्रियाल] वृक्ष-विशेष, पियाल, चिरौंजी का पेड (कुमा, पाअ, दे ३, २१; पण्ण १)।

पिआलु पुं [प्रियालु] वृक्ष विशेष, खिन्नी, खिरनी का गाछ (उर २, १३)।

पियासा देखो पिवासा (गा ८१४)।

पिइ देखो पीइ; 'तेणं पिइए सिट्ठं' (पउम ११, १४)।

पिइ पुं [पितृ] १ पिता, बाप (उप ७२८ टी)। २ मघा-नक्षत्र का अधिष्ठायक देव (सुज्ञ १०, १२, पि ३९१)। °मेह पुं [°मेध] यज्ञ-विशेष, जिसमें बाप का होम किया जाय वह यज्ञ (पउम ११, ४२)। °वण न [°वन] श्मशान (सुपा ३५९)। °हर न [°गृह] पिता का घर, पीहर (पउम १८, ७, सुर ९, २३६)। देखो पिउ।

पिइज्ज पुं [पितृव्य] चाचा, बाप का भाई, 'सुपासो वीरजिणपिइज्जो (? ज्ज)' (विचार ४७८)।

पिइय वि [पैतृक] पिता का, पितृ-संबन्धी (भग)।

पिउ } पुं [पितृ] १ बाप, पिता (सुर १,
पिउअ } १७९, औप, उव; हे १, १३१)। २ पुंन. माँ बाप, माता पिता, 'अन्नया मह पिऊणि गामं पत्ताइं' (धर्मवि १४७ सुपा ३२९)। °कम्म पुं [°क्रम] पितृ-वंश, पितृ-कुल (कुमा)। °कुल न [°कुल] पिता का वंश (षड्)। °घर न [°गृह] पिता का घर, पीहर (सुपा ६०१)। °च्छा, °च्छी स्त्री [°ष्वसृ] पिता की बहिन, फूआ, बूआ, फुफू (गा ११०, हे २, १४२, पाअ; णाया १, १६), 'कोंति पिउत्थि (? च्छि) सक्कारेइ' (णाया १, १६—पत्र २१६)। °पिंड पुं [°पिण्ड] मृतक-भोजन, श्राद्ध में दिया जाता भोजन (आचा २, १, २)। °भगिणी स्त्री [°भगिनी] फूफी, पिता की बहिन (सुर ३, ८२)। °यइ पु [°पति] यम, यमराज (हे १, १३४)। °वण न [°वन] श्मशान (पउम १०५, ५१, पाअ, हे १, १३४)। °सिआ स्त्री [°ष्वसृ] फूफी (हे

२, १४२; कुमा) °सेणकण्हा स्त्री [°सेनकृष्णा] राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अंत २५)। °स्सया देखो °सिआ (विपा १, ३—पत्र ४१)। °हर देखो °घर (सुर १०, १९; भवि)।

पिउअ देखो पिइय (राज)।

पिउच्चा स्त्री [दे.पितृष्वसृ] फूफी, पिता की बहिन (षड्)।

पिउच्चा } स्त्री [दे] सखी, वयस्या (षड् १७५;
पिउच्छा } २१०)।

पिउली स्त्री [दे] १ कर्पास, कपास। २ तूल-लतिका, रूई की पूनी (दे ६, ७८)।

पिउल्ल देखो पिउ (हे २, १६४)।

पिकार पुं [अपिकार] १ 'अपि' शब्द। २ अपि शब्द की व्याख्या (ठा १०—पत्र ४९५)।

पिंखा स्त्री [प्रेङ्खा] हिंडोला, डोला (पाअ)।

पिंखोल सक [प्रेङ्खोलय्] झूलना। वकृ. पिंखोलमाण (राज)।

पिंग देखो पंग = ग्रह् (कुमा ७, ४९)।

पिंग पुं [पिङ्ग] १ कपिश वर्ण, पीत वर्ण। २ वि. पीला, पीत रंग का (पाअ, कुमा, णमि १४)। ३ पुंस्त्री. कपिंजल पक्षी। स्त्री. °गा (सूअ १, ३, ४, १२)।

पिगंग पुं [दे] मर्कट, बन्दर (दे ६, ४८)।

पिंगल पुं [पिङ्गल] १ नील-पीत वर्ण। २ वि. नील-मिश्रित पीत-वर्णवाला (कुमा, ठा ४, २, औप)। ३ पु. ग्रह विशेष (ठा २, ३)। ४ एक यक्ष (सिरि ६६६)। ५ चक्रवर्ती का एक निधि, आभूषणों की पूर्ति करनेवाला एक निधान (ठा ९; उत्त ९८६ टी)। ६ कृष्ण पुद्गल-विशेष (सुज्ज २०)। ७ प्राकृत-पिंगल का कर्ता एक कवि (पिंग)। ८ एक जैन उपासक (भग)। ९ न. प्राकृत का एक छन्द ग्रंथ (पिंग)। °कुमार पुं [°कुमार] एक राजकुमार, जिसने भगवान् सुपार्श्वनाथ के समीप दीक्षा ली थी (सुपा ९६)। °क्ख वि [°क्ष] १ नीली-पीली आँखवाला (ठा ४, २—पत्र २०८)। २ पुं. पक्षि-विशेष (पण्ह १, १; औप)।

पिंगलायण न [पिङ्गलायन] १ गोत्र-विशेष, जो कौत्स गोत्र की एक शाखा है। २ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न (ठा ७)।

पिंगलिअ वि [पिङ्गलित] नीला-पीला किया हुआ (से ४, १८; गउड, सुपा ८०)।

पिंगलिअ वि [पैङ्गलिक] पिंगल-संबन्धी (पिंग)।

पिंगा देखो पिंग।

पिंगायण न [पिङ्गायन] मघा-नक्षत्र का गोत्र (इक)।

पिंगिअ वि [गृहीत] ग्रहण किया हुआ (कुमा)।

पिंगिम पुंस्त्री [पिङ्गिमन्] पिंगता, पीलापन (गउड)।

पिंगीकय वि [पिङ्गीकृत] पीला किया हुआ, 'घणयणघुसिणिक्कुप्पंकपिंगीकय व्व' (लहुअ ७)।

पिंगुल पुं [पिङ्गुल] पक्षि-विशेष (पण्ह १, १—पत्र ८)।

पिंचु पुस्त्री [दे] पक्व करीर, पक्का करील (दे ६, ४६)।

पिंछ } देखो पिच्छ (आचा, गउड, सुपा
पिंछड } ६४१)।

पिंछी स्त्री [पिच्छी] साधु का एक उपकरण, 'नवि लेइ जिणा पिंछीं (?छिं)' (विचार १२८)।

पिछोली स्त्री [दे] मुँह के पवन से बजाया जाता तृण-मय वाद्य-विशेष (दे ६, ४७)।

पिंज सक [पिञ्ज्] पीजना, रूई का धुनना। वकृ. पिंजंत (पिंड ५७४, ओघ ४६८)।

पिंजण न [पिञ्जन] पीजना (पिंड ६०३, दे ७, ६३)।

पिंजर पुं [पिञ्जर] १ पीत-रक्त वर्ण, रक्त-पीत मिश्रित रंग। २ वि रक्त-पीत वर्णवाला (गउड; कुप्र ३०७)।

पिंजर सक [पिञ्जरय्] रक्त-मिश्रित पीत-वर्ण-युक्त करना। वकृ. पिंजरयंत (पउम ९२, ९)।

पिंजरण न [पिञ्जरण] रक्त-मिश्रित पीत-वर्णवाला करना (सण)।

पिंजरिअ वि [पिञ्जरित] पिञ्जर वर्णवाला किया हुआ (हम्मीर १२, गउड, सुपा ५२४)।

पिंजरुड पुं [दे] पक्षि-विशेष, भारुण्ड पक्षी, जिसके दो मुँह होते हैं (दे ६, ५०)।

पिंजिअ वि [पिञ्जित] पीजा हुआ (दे ७, ६४)।

पिंजिअ वि [दे] विधुत (दे ६, ४९)।

पिंड सक [पिण्डय्] १ एकत्रित करना, संश्लिष्ट करना। २ अक. एकत्रित होना, मिलना। पिंडेइ, पिंडयए (उव, पिंड ६६)। संकृ. पिण्डिऊण (कुमा)।

पिंड पुं [पिण्ड] १ कठिन द्रव्यों का संश्लेष (पिण्डभा २)। २ समूह, संघात (ओघ ४०७, विसे ९००)। ३ गुड़ वगैरह की बनी हुई गोल वस्तु, वर्तुलाकार पदार्थ (पण्ह २, ५)। ४ भिक्षा में मिलता आहार, भिक्षा (उव, ठा ७)। ५ देह का एक देश। ६ देह, शरीर। ७ घर का एक देश। ८ अन्न का गोला जो पितरों के उद्देश से दिया जाता है। ९ गन्ध-द्रव्य विशेष, सिल्लक। १० जपा-पुष्प। ११ कवल, ग्रास। १२ गज-कुम्भ। १३ मदनक वृक्ष, दमनक का पेड़। १४ न. आजीविका। १५ लोहा। १६ श्राद्ध, पितरों को दिया जाता दान। १७ वि. संहत। १८ घन, निबिड (हे १, ८५)। °कप्पिअ वि [°कल्पिक] सर्वथा निर्दोष भिक्षा लेनेवाला (वव ३)। °गुला स्त्री [°गुला] गुड-विशेष, इक्षुरस का विकार-विशेष, शक्कर बनने के पहले की अवस्था-विशेष (पिंड २८३)। °घर न [°गृह] कर्दम से बना हुआ घर (वव ४)। °त्थ पुं [°स्थ] जिन भगवान् की अवस्था-विशेष, 'न पिंडत्थपयत्थावत्थंतरभावणा सम्मं' (संबोध २)। °त्थ पुं [°र्थ] समुदायार्थ (राज)। °दाण न [°दान] पिण्ड देने की क्रिया, श्राद्ध (धर्मवि २६)। °पयडि स्त्री [°प्रकृति] अवान्तर भेदवाली प्रकृति (कम्म १, २५)। °वड्ढण न [°वर्धन] आहार-वृद्धि, कवल-वृद्धि, अन्न प्राशन (अंत)। वड्ढावण न [°वर्धन] आहार बढ़ाना (औप) °वाय पुं [°पात] भिक्षा-लाभ, आहार-प्राप्ति (ठा ५, १, कस)। °वास पुं [°वास] सुहृज्जन (भवि)। °विसुद्धि, °विसोहि स्त्री [°विशुद्धि] भिक्षा की निर्दोषता (अंत; ओघभा ३)।

पिंडग पुं [पिण्डक] ऊपर देखो (कस)।

पिंडण न [पिण्डन] १ द्रव्यों का एकत्र संश्लेष (पिंडभा २)। २ ज्ञानावरणीयादि कर्म (पिंड ६६)।

पिंडणा स्त्री [पिण्डना] १ समूह (ओघ ४०७)। २ द्रव्यों का परस्पर संयोजन (पिंड २)।

पिंडय देखो पिंड (ओपमा ३३)।

पिंडरय न [दे] दाडिम, अनार (दे ६, ४८)।

पिंडलइय वि [दे] पिण्डीकृत, पिण्डाकार किया हुआ (दे ६, ५४, पाअ)।

पिंडलग न [दे] पटलक, पुष्प का भाजन (ठा ७)।

पिंडवाइअ वि [पिण्डपातिक, पैण्डपातिक] भक्त-लाभवाला जिसको भिक्षा में आहार की प्राप्ति हो वह (ठा ५, १, कस, औप, प्राकृ ९)।

पिंडार पुं [पिण्टार] गोप, ग्वाला (गा ७३१)।

पिंडालु पु [पिण्डालु] कन्द विशेष (श्रा २०)।

पिंडि° देखो पिंडी (भग, णाया १, १ टी—पत्र ५)।

पिंडिम वि [पिण्डिम] १ पिण्ड से बना हुआ, बहल (पण्ह २, ५—पत्र १५०)। २ पुद्गल-समूहरूप, संघाताकार (णाया १, १ टी—पत्र ५, औप)।

पिंडिय वि [पिण्डित] १ एकत्रित, इकट्ठा किया हुआ (सूअनि १४०, पचा १४, ७, महा)। २ गुणित (औप)।

पिंडिया स्त्री [पिण्डिका] १ पिण्डी, पिंडली, जानु के नीचे का मांसल अवयव (महा)। २ चतुंलाकार वस्तु (औप)। देखो पिंडी।

पिंडी स्त्री [पिण्डी] १ लुम्बी, गुच्छा (औप, भग, णाया १, १; उप पृ ३९)। २ घर का आधार-भूत काष्ठ विशेष, पीढ़ा, 'विघडियपिंडीवयसविपरिलविवालणिम्मोआ' (गउड)। ३ चतुंलाकार वस्तु, गोला, 'पिलागपिंडी' (सूअ २, ६, २६)। ४ खर्जूर-विशेष (नाट—शकु ३५)। देखो पिडिया।

पिंडी स्त्री [दे] मञ्जरी (दे ६, ४७)।

पिंडीर न [दे. पिण्डीर] दाडिम, अनार (दे ६; ४८)।

पिंडेसणा स्त्री [पिण्डैषणा] भिक्षा ग्रहण करने की रीति (ठा ७)।

पिंडेसिय वि [पिण्डैषिक] भिक्षा की खोज करनेवाला (भग ९, ३३)।

पिंडोलग } वि [पिण्डावलगक] भिक्षा से
पिंडोलगय } निर्वाह करनेवाला, भिक्षा का
पिंडोलय } प्रार्थी, भिक्षु (आचा, उत्त ५, २२, सुख ५, २२, सूअ १, ३, १, १०)।

पिंध (अप) सक [पि + धा] ढकना। पिंधइ (पिंग)। संकृ. पिधउ (पिंग)।

पिंधण (अप) न [पिधान] ढकना (पिंग)।

पिंसुली स्त्री [दे] मुँह से पवन भरकर बजाया जाता एक प्रकार का तृण वाद्य (दे ६, ४७)।

पिक पुंस्त्री [पिक] कोकिल पक्षी (पिंग)। स्त्री. °की (दे ६, ५१)।

पिक्क देखो पक्क = पक्व (हे १, ४७, पाअ, गा ५९५)।

पिक्ख सक [प्र + ईक्ष] देखना। पिक्खइ (भवि)। वकृ. पिक्खंत (भवि)। कृ. पिक्खेयव्व (सुर ११, १३३)।

पिक्खग वि [प्रेक्षक] निरीक्षक, द्रष्टा (ती १०; धर्मवि १५)।

पिक्खण न [प्रेक्षण] निरीक्षण (राज)।

पिक्खिय वि [प्रेक्षित] दृष्ट (पि ३९०)।

पिग देखो पिक (कुमा)।

पिचु पु [पिचु] कार्पास, रुई (दे ६, ७८)। °लया स्त्री [°लता] पूनी, रूई की पूनी (दे ६, ५६)।

पिचुमंद पु [पिचुमन्द] निम्ब वृक्ष, नीम का पेड (मोह १०३)।

पिच्च } अ [प्रेत्य] पर लोक, आगामी जन्म
पिच्चा } (श्रा १४, सुपा ५०६, सूअ १ १, १, ११)। देखो पेच्च।

पिच्चा देखो पिअ = पा।

पिच्चिय वि [दे पिच्चित] कूटी हुई छाल (ठा ५, ३—पत्र ३३८)।

पिच्छ सक [दृश्, प्र + ईक्ष्] देखना। पिच्छइ, पिच्छति, पिच्छ (कप्प, प्रासू १६०, ३३)। वकृ. पिच्छंत, पिच्छमाण (सुपा ३४९, भवि)। कवकृ. पिच्छिज्जमाण (सुपा ९२)। संकृ पिच्छिउ, पिच्छिऊण (प्रासू ९१, भवि)। कृ. पिच्छणिज्ज (कप्प, सुर १३, २२३, रयण ११)।

पिच्छ न [पिच्छ] १ पक्ष का अवयव, पंख का हिस्सा (उवा, पाअ)। २ मयूर-पिच्छ, शिखण्ड (णाया १, ३)। ३ पक्ष, पाँख (उप ७६८ टी, गउड)। ४ पूँछ, लाङ्गूल (गउड)।

पिच्छण न [प्रेक्षण] १ दर्शन, अवलोकन (श्रा १४, सुपा ५५)।

पिच्छण } न [प्रेक्षण, °क] तमाशा, खेल,
पिच्छणय } नाटक, 'पारद्धं पिच्छणं तहिं ताव' (सुपा ४८५), 'तो जवणियछिड्डेहिं पिच्छइ अतेउरपि पिच्छणयं' (सुपा २००)।

पिच्छल वि [पिच्छल] १ स्निग्ध, स्नेह-युक्त। २ मसृण (सण)।

पिच्छा स्त्री [प्रेक्षा] निरीक्षण। °भूमि स्त्री [°भूमि] रंग मण्डप, रंगमंच (पाअ)।

पिच्छि वि [पिच्छिन्] पिच्छवाला (औप)।

पिच्छिर वि [प्रेक्षितृ] प्रेक्षक, द्रष्टा, देखनेवाला (सुपा ७८, कुमा)।

पिच्छिल वि [पिच्छिल] १ स्नेह-युक्त, स्निग्ध। २ मसृण, चिकना (गउड, हास्य १४०, दे ६, ४९)।

पिच्छिली स्त्री [दे] लज्जा, शरम (दे ६ ४७)।

पिच्छी स्त्री [दे] चूडा, चोटी (दे ६, ३७)।

पिच्छी स्त्री [पिच्छिका] पीछी (गा ५७२)।

पिच्छी स्त्री [पृथ्वी] १ पृथ्वी, धरित्री, धरती (कुमा)। २ बडी इलायची। ३ पुनर्नवा। ४ कृष्ण जीरक। ५ हिंगुपत्री (हे १, १२८)।

पिच्छोला स्त्री [दे] वीन बजाने की कविका (सूत्र कृ० चू० पत्र १४६)।

पिज्ज सक [पा] पीना। पिज्जइ (हे ४, १०)। कृ. पिज्जणिज्ज (कुमा)।

पिज्ज पुन [प्रेमन्] प्रेम, अनुराग (सूअ १, १६, २, कप्प)।

पिज्ज } देखो पा = पा।
पिज्जत }

पिज्जा स्त्री [पेया] यवागू (पिंड ६२४)।

पिज्जाविअ वि [पायित] जिसको पान कराया गया हो वह (सुख २, १७)।

पिट्ट सक [पीडय्] पीड़ा करना। पिट्टंति (सूअ २, २, ५५)।

पिट्ट अक [भ्रश्] नीचे गिरना। पिट्टइ (षड्)।

पिट्ट सक [पिट्टय्] पीटना, ताडन करना। पिट्टइ पिट्टेइ (आचा पिंग गा १७१, सिरि ६५५)। वकृ पिट्टत (पिंग)।

पिट्ट न [दे] पेट, उदर (पचा ३, १९, धर्मवि ६६ चेइय २३८, कर २६ सुपा ५९३, सं २१)।

पिट्टण न [पिट्टन] ताडन आघात (सूप्र २, २, ६२ पिंड ३४ पण्ह १ १, ओघ ५९९ उप ५०९)।

पिट्टण न [पीडन] पीडा, क्लेश (सूप्र २, २, ५५)।

पिट्टणा स्त्री [पिट्टना] ताडन (ओघ ३५७)।

पिट्टावणया स्त्री [पिट्टना] ताडन कराना (भग ३, ३—पत्र १८२)।

पिट्टिय वि [पिट्टित] पीटा हुआ, ताडित (सुख २, १५)।

पिट्ठ न [पिष्ट] तण्डुल आदि का आटा, चूर्ण (णाया १, १ ३, दे १ ७८, गा ३८८)।

पिट्ठ न [पृष्ठ] पीठ, शरीर के पीछे का हिस्सा (औप उव)।

°ओ अ [°तस्] पीछे से, पृष्ठ भाग से (उवा विपा १ १, औप)। °करडग न [°करण्डक] पृष्ठ वंश पीठ की बडी हड्डी (तंदु ३५)। °चर वि [°चर] पृष्ठ-गामी, अनुयायी (कुमा)। देखो पिट्ठि।

पिट्ठ वि [स्पृष्ट] १ छुआ हुआ। २ न स्पर्श (पव १५७)।

पिट्ठ वि [पृष्ट] १ पूछा हुआ। २ न प्रश्न पुच्छा, जंपसि विणअं ण जपसे पिट्ठ' (गा ९४३)।

पिट्ठत न [दे पृष्ठान्त] गुदा, गांड (दे ६, ४९)।

पिट्ठरसउरा स्त्री [दे] पङ्क-सुरा, कलुष मदिरा (दे ६, ५०)।

पिट्ठरसउरिआ स्त्री [दे] मदिरा दारु (पाअ)।

पिट्ठव्व वि [प्रष्टव्य] पूछने योग्य नियक-रक्खीदोवि किंकरी किं पिट्ठि (?ट्ठ) व्वा' (रंभा)।

पिट्ठायय पुंन [पिष्टातक] केसर आदि गंध-द्रव्य (गउड स ७३४)।

पिट्ठि स्त्री [पृष्ठ] पीठ शरीर के पीछे का भाग (हे १, १२९ णाया १, ९, रभा, कुमा पड्)। °ग वि [°ग] पीछे चलनेवाला (आ १२)। °चम्पा स्त्री [°चम्पा] चम्पा नगरी के पास की एक नगरी (कप्प)। °मंस न [°मांस] परोक्ष में अन्य के दोष का कीर्तन 'पिट्ठिमंसं न खाइज्जा' (दस ८, ४७)। °मंसिय वि [°मांसिक] परोक्ष में दोष बोलनेवाला, पीछे निन्दा करनेवाला (सम ३७)। °माइया स्त्री [°मातृका] एक अनुत्तर-गामिनी स्त्री 'चंदिमा पिट्ठिमाइया' (अनु २)। देखो पिट्ठ = पृष्ठ।

पिट्ठी स्त्री [पैष्टी] आटा की बनी हुई मदिरा (बृह २)।

पिड पुं [पिट] १ वंश-पत्र आदि का बना हुआ पात्र विशेष। २ कब्जा अधीनता जा ताव तेण भणिय रे रे रे बाल मह पिडे पडिओ' (सुपा १७६)।

पिडग देखो पिडय = पिटक (औप, उवा, सुज्ज १९)।

पिडच्छा स्त्री [दे] सखी (दे ६, ४९)।

पिडय न [पिटक] १ वंशमय पात्र विशेष, भोयणपि (? पि) डय करेंति' (णाया १, १—पत्र ८६)। २ दो चंद्र और दो सूर्यों का समूह (सुज्ज १९)।

पिडय वि [दे] आविग्न (षड्)।

पिडव सक [अर्ज्] पैदा करना उपार्जन करना। पिडवइ (षड्)।

पिडिआ स्त्री [पिटिका] १ वंश मय भाजन विशेष (दे ४, ७ ६, १)। २ छोटी मंजूषा पेटी, पिटारी (उप ५८७ ५९७ टी)।

पिडु सक [पीडय्] पीडना। पिडुइ (आचा (पि २७९)।

पिडु अक [भ्रंश्] नीचे गिरना। पिडुइ (षड्)।

पिडुइअ वि [दे] प्रशान्त (षड्)।

पिढं अ [पृथक्] अलग, जुदा (षड्)।

पिढर पुन [पिठर] १ भाजन विशेष, स्थाली (पाअ, आचा, कुमा)। २ गृह विशेष। ३ मुस्ता मोथा। ४ मथान दण्ड, मथनिया (हे १, २०१, षड्)।

पिणद्ध सक [पि + नह्, पिनि + धा] १ ढकना। २ पहिनना। ३ पहिराना। ४ बांधना। पिणद्धइ, पिणद्धेइ (पि ५५९)। हेकृ. पिणद्धुं, पिणद्धित्तए (अभि १८५, राज)।

पिणद्ध वि [पिनद्ध] १ पहना हुआ (पाअ, औप, गा ३२८)। २ बद्ध यन्त्रित (राय)। ३ पहनाया हुआ निगमउडोवि पिणद्धो तस्स सिरे रयणचिंचइओ' (सुपा १२५)।

पिणद्धाविद (शौ) वि [पिनिधापित] पहनाया हुआ (नाट—शकु ६८)।

पिणाइ पु [पिनाकिन्] महादेव, शिव (पाअ गउड)।

पिणाई स्त्री [दे] आज्ञा, आदेश (दे ६, ४८)।

पिणाग पुन [पिनाक] १ शिव धनुष। २ महादेव का शूलास्त्र (धर्मवि ३१)।

पिणागि देखो पिणाइ (धर्मवि ३१)।

पिणाय देखो पिणाग (गउड)।

पिणाय पु [दे] बलात्कार (दे ६, ४९)।

पिणिद्ध वि [पिनद्ध, पिनिहित] देखो पिणद्ध = पिनद्ध (पण्ह २, ४—पत्र १३०, कप्प, औप)।

पिणिधा सक [पिनि + धा] देखो पिणद्ध = पि + नह्। हेकृ पिणिधत्तए (औप, पि ५७८)।

पिण्णाग देखो पिन्नाग (राज)।

पिण्णिया स्त्री [दे पिण्यिका] गंध द्रव्य विशेष, ध्यामक, गंध-तृण (उत्तनि ३)।

पिण्ही स्त्री [दे] क्षामा कृश स्त्री (दे ६, ४६)।

पित्त पुंन [पित्त] शरीर स्थित धातु विशेष, तिक्त धातु (भग उव)। °ज्जर पु [°ज्वर] पित्त से होता बुखार (णाया १, १)। °मुच्छा स्त्री [°मूर्च्छा] पित्त की प्रबलता से होनेवाली बेहोशी (पडि)।

पित्तल न [पित्तल] धातु विशेष, पीतल (कुप्र १४४)।

पित्तिज्ज } पु [पितृव्य] चाचा, पिता का
पित्तिय } भाई (कप्प सम्मत्त १७२, सिरि २९३ धर्मवि १२७, स ४९५, सुपा ३३४)।

पित्तिय वि [पैत्तिक] पित्त का, पित्त संबंधी (तंदु १९, णाया १, १ औप)।

पिध अ [पृथक्] अलग, जुदा (हे १, १८८ कुमा)।

पिधाण देखो पिहाण (नाट—विक्र १०३)।

पिन्नाग } पुं [पिण्याक] खली, तिल आदि
पिन्नाय } का तेल निकाल लेने पर जो उसका

भाग बचना है वह (सूअ २, ६, २६, २, १, १६, २, ६, २८)।

पिपीलिअ पुं [पिपीलक] कीट-विशेष, चीऊँटा (कप्प)।

पिपीलिआ } स्त्री [पिपीलिका] चीटी,
पिपीलिका } चीऊँटी (पण्ह १, ६, जी १६, णाया १, १६)।

पिप्पड सक [दे] बड़बड़ाना, जो मन में आवे सो बकना। पिप्पडइ (दे ६, ५० टी)।

पिप्पडा स्त्री [दे] ऊर्णा-पिपीलिका (दे ६, ४८)।

पिप्पडिअ वि [दे] १ जो बड़बड़ाया हो। २ न. बड़बड़ाना, निरर्थक उल्लाप, बकवाद (दे ६, ५०)।

पिप्पय पु [दे] १ मशक (दे ६, ७८)। २ पिशाच, भूत (पाअ)। ३ वि. उन्मत्त (दे ६, ७८)।

पिप्पर पुं [दे] १ हस। २ वृषभ (दे ६, ७९)।

पिप्परी स्त्री [पिप्पली] पीपर का गाछ (पण्ण १)।

पिप्पल पुन [पिप्पल] १ पीपल वृक्ष, अश्वत्थ (उप १०३१ टी, पाअ, हि १०)। २ छुरा, क्षुरक (विपा १, ६—पत्र ६६, ओघ ३५९)।

पिप्पलग वि [पैप्पलक] पीपल के पान का बना हुआ (आचा २, २, ३, १४)।

पिप्पलि } स्त्री [पिप्पलि, °ली] ओषधि-
पिप्पली } विशेष, पीपर, 'महुपिप्पलिसुठाई अणेगहा साइम होइ' (पचा ५, ३०; पण्ण १७)।

पिप्पिडिअ देखो पिप्पडिअ (षड्)।

पिप्पिया स्त्री [दे] दाँत का मैल (णंदि)।

पिब देखो पिअ = पा। पिबामो (पि ४८३)। संकृ. पिबित्ता (आचा)।

पिब्ब न [दे] जल, पानी (दे ६, ४६)।

पिम्म पुं [प्रेमन्] प्रेम, प्रीति, अनुराग (पाअ, सुर २, १७२, रंभा)।

पियाल पु [प्रियाल] १ वृक्ष विशेष, खिरनी का पेड़। २ न फल विशेष, खिरनी, खिन्नी (दस ५, २, २४)।

पियास (अप) स्त्री [पिपासा] प्यास (भवि)।

पिरिडी स्त्री [दे] शकुनिका, चिड़िया (दे ६, ४७)।

परिपिरिया देखो परिपिरिया (राज)।

पिरिली स्त्री [पिरिली] १ गुच्छ विशेष, वनस्पति-विशेष (पण्ण १)। २ वाद्य-विशेष (राज)।

पिल देखो पील। कर्म. पिलिज्जइ (नाट)।

पिलंखु } पु [प्लक्ष] १ वृक्ष विशेष,
पिलक्खु } पिलखन, पाकड़ का पेड़ (सम १५२; ओघ २६, पि ७४)। २ एक तरह का पीपल वृक्ष, 'पिलक्खू पिप्पलभेदो' (निचू ३)।

पिलण न [दे] पिच्छिल देश, चिकनी जगह (दे ६, ४९)।

पिला देखो पीला (पि २२६)।

पिलाग न [पिटक] फोड़ा, फुनसी (सूअ १, ३, ४, १०)।

पिलिंखु देखो पिलंखु (विचार १४८)।

पिलिहा स्त्री [प्लीहा] अंग-विशेष, पिलही, तिल्ली (तदु ३९)।

पिलुअ न [दे] स्तुत, छौंक (षड्)।

पिलुक } देखो पिलखु (पि ७४, पण्ण
पिलुक्ख } १—पत्र ३१)।

पिलुंखु देखो पिलखु (आचा २, १, ८, ३)।

पिलुट्ठ वि [प्लुष्ट] दग्ध (हे २, १०६)।

पिलोस पुं [प्लोष] दाह, दहन (हे २, १०६)।

पिल्ल देखो पेल्ल = क्षिप्। पिल्लइ (भवि)।

पिल्ल सक [प्र + ईरय्] १ प्रेरणा करना। २ प्रवृत्त करना। पिल्लेइ (वव १)।

पिल्लग न [दे] पक्षी का बच्चा।

पिल्लण न [प्रेरण] प्रेरणा (ज ३)।

पिल्लणा स्त्री [प्रेरणा] प्रेरणा (कप्प)।

पिल्लि स्त्री [दे] यान विशेष (दसा ६)।

पिल्लिअ वि [क्षिप्त] फेंका हुआ (पाअ, भवि, कुमा)।

पिल्लिअ वि [प्रेरित] जिसको प्रेरणा की गई हो वह (सुपा ३६१)।

पिल्लिरी स्त्री [दे] १ तृण-विशेष, गण्डुत् तृण। २ चीरी, कीट विशेष। ३ घर्म, पसीना (दे ६, ७९)।

पिल्लुग (दे) देखो पिलुअ (वव २)।

पिल्ह न [दे] छोटे पक्षी के तुल्य (दे ६, ४६)।

पिव देखो इव (हे २, १८२, कुमा, महा)।

पिव सक [पा] पीना। पिवइ (पिंग)। भूका. अपिवित्था (आचा)। कर्म. पिवीअंति (पि ५३९)। संकृ. पिविअ, पिविइत्ता, पिवित्ता (नाट, ठा ३, २, महा)। हेकृ. पिविउं, पिवित्तए (आक ४२, औप)।

पिवग देखो पिअण = (दे) (भवि)।

पिवासय वि [पिपासक] पीने की इच्छा-वाला (भग—अत्थ°)।

पिवासा स्त्री [पिपासा] प्यास, पीने की इच्छा (भग, पाअ)।

पिवासिय वि [पिपासित] तृषित (उवा, वै. . .)।

पिवीलिआ देखो पिपीलिआ (उव, स ४२०, भा ४९)।

पिव्व देखो पिब्ब (षड्)।

पिस सक [पिष्] पीसना। पिसइ (षड्)।

पिसग पुं [पिशङ्ग] १ पिंगल वर्ण, मठियारा रँग। २ वि पिंगल वर्णवाला (पाअ, कुप्र १०५, ३०६)।

पिसडि [दे] देखो पसडि (सुपा ६०७, कुप्र ९२, १४५)।

पिसल्ल पुं [पिशाच] पिशाच, व्यन्तर-योनिक देवों की एक जाति (हे १, १९३, कुमा, पाअ, उप २६४ टी, ७६८ टी)।

पिसाजि वि [पिशाचिन्] भूताविष्ट (हे १, १७७, कुमा, षड्, षड)।

पिसाय देखो पिसल्ल (हे १, १९३, पण्ह १, ४, महा इक)।

पिसिअ न [पिशित] मांस (पाअ, महा)।

पिसुअ पुं स्त्री [पिशुक] क्षुद्र कीट-विशेष। स्त्री °या (राज)।

पिसुण सक [कथय्] कहना। पिसुणइ, पिसुणेइ, पिसुणति, पिसुणेंति, पिसुणसु (हे ४, २, गा ६८५, सुर ९, १९३, गा ५५९; कुमा)।

पिसुण पु [पिशुन] खल, दुर्जन, पर-निन्दक, चुगलखोर (सुर ३, १६, प्रासू १८; गा ३७७, पाअ)।

पिसुणिअ वि [कथित] १ कहा हुआ। २ सूचित (सुपा २३, पाअ, कुप्र २७८)।

पिसुमय (पै) पु [विस्मय] आश्चर्य (प्राकृ १२४)।

पिह सक [स्पृह्] इच्छा करना, चाहना। पिहाइ (भग ३, २—पन १७३)। संकृ. पिहाइत्ता (भग ३, २)।

पिह वि [पृथक्] भिन्न, जुदा, 'पिहप्पिहाण' (विसे ८४८)।

पिहं अ [पृथक्] अलग (हे १, १३७, षड्)।

पिहंड पुं [दे] १ वाद्य-विशेष। २ वि. विवर्ण (दे ६, ७९)।

पिहड देखो पिढर (हे १, २०१, कुमा, उवा)।

पिहण न [पिधान] १ ढक्कन, पिहान (सुर १६, १९५)। २ ढकना, आच्छादन (पचा १, ३२, संबोध ४६, सुपा १२१)।

पिहणया स्त्री [पिधान] आच्छादन, ढकना (स ५१)।

पिहय देखो पिह = पृथक् (कुमा)।

पिहा सक [पि + धा] १ ढकना। २ बंद करना। पिहाइ (भग ३,२)। संकृ. पिहाइत्ता, पिहिऊण (भग ३, २, महा)।

पिहाण देखो पिहण (ठा ४, ४, रत्न २५, कप्प)।

पिहाणिआ स्त्री [पिधानिका] ढकनी (पाअ)।

पिहाणी स्त्री [पिधानी] ऊपर देखो (दे)।

पिहिअ वि [पिहित] १ ढका हुआ। २ बंद किया हुआ (पाअ, कस, ठा २, ४—पत्र ९६, सुपा ६३०)। °आसव वि [°आस्रव] १ जिसने आस्रव को रोका हो (दस ४)। २ पु. एक जैन मुनि का नाम (पउम २०, १८)।

पिहिण देखो पिहण, 'आणवणे पेसवणे पिहिणे ववएस मच्छरे चेव' (श्रा ३०, पडि)।

पिहिमि° (अप) स्त्री [पृथिवी] भूमि, धरती। °पाल पुं [°पाल] राजा (भवि)।

पिहीकय वि [पृथक्कृत] अलग किया हुआ (पिंड ३९१)।

पिहु वि [पृथु] १ विस्तीर्ण (कुमा)। २ पु. एक राजा का नाम (पउम ९८, ३४)। °रोम पुं [°रोम] मीन, मत्स्य (दे ६, ५० टी)।

पिहु देखो पिह = पृथक् (सुर १३, ३९, सण)।

पिहु° देखो पिहुय; 'पिहुखज्ज त्ति नो वए' (दस ७, ३४)।

पिहुंड न [पिहुण्ड] नगर-विशेष (उत्त ३१, २)।

पिहुण [दे] देखो पेहुण (आचा २, १, ७, ६)। °हत्थ पुं [°हस्त] मयूर-पिच्छ का किया हुआ पंखा (आचा २, १, ७, ६)।

पिहुत्त देखो पुहुत्त (तंदु ४)।

पिहुय पुंन [पृथुक] खाद्य विशेष, चिउडा (आचा २, १, १, ३, ४)।

पिहुल वि [पृथुल] विस्तीर्ण (पण्ह १, ४, औप, दे ६, १४३, कुमा)।

पिहुल न [दे] मुंह के वायु से बजाया जाता तृण-वाद्य (दे ६, ४७)।

पिहे देखो पिहा। पिहेइ, पिहे (उत्त २९, ११, सूअ १, २, २, १३)। संकृ. पिहेऊण (पि ५८६)।

पिहो अ [पृथक्] अलग, भिन्न (विसे १०)।

पिहोअर वि [दे] तनु, कृश, दुर्बल (दे ६, ५०)।

पी सक [पी] पान करना। वकृ. 'तम्मुहस-क्कतिपीऊसपूर पीयमाणी' (रयण ५१)।

पीअ पु [पीत] १ पीत वर्ण, पीला रंग। २ वि. पीत वर्णवाला, पीला (हे २, १७३; कुमा, प्राप्र)। ३ जिसका पान किया गया हो वह (से १, ४०, दे ६, १४४)। ४ जिसने पान किया हो वह (प्राप्र)।

पीअ वि [प्रीत] प्रीति युक्त, संतुष्ट (औप)।

पीअर (अप) नीचे देखो (पिंग)।

पीअल देखो पीअ = पीत (हे २, १७३; प्राप्र)।

पीअसी स्त्री [प्रेयसी] प्रेम-पात्र स्त्री (कुमा)।

पीइ पुं [दे] अश्व, घोडा (दे ६, ५१)।

पीइ } स्त्री [प्रीति] १ प्रेम, अनुराग (कप्प;
पीई } महा)। २ रावण की एक पत्नी का नाम (पउम ७४, ११)। °कर पुंन [°कर] एक विमानावास, आठवाँ ग्रैवेयक-विमान (देवेन्द्र १३७, पव १९४)। °गम न [°गम] महाशुक्र देवेन्द्र का एक यान विमान (इक, औप)। °दाण न [°दान] हर्ष होने के कारण दिया जाता दान, पारितोषिक (औप, सुर ४,६१)। °धम्मिय न [°धार्मिक] जैन मुनियों का एक कुल (कप्प)। °मण वि [°मनस्] १ प्रीति-युक्त चित्तवाला (भग)। २ पु. महाशुक्र देवलोक का एक यान विमान (ठा ८—पत्र ४३७)। °वद्धण पुं [°वर्धन] कार्तिक मास का लोकोत्तर नाम (सुज्ज १०, १९; कप्प)।

पीईय पुं [दे] वृक्ष-विशेष, गुल्म का एक भेद, 'पीईयपाणकणइरकुज्जय तह सिन्दुवारे य' (पण्ण १)।

पीऊस न [पीयूष] अमृत, सुधा (पाअ)।

पीड सक [पीडय्] १ हैरान करना। २ दबाना। पीडइ, पीडतु (पिंग, हे ४, ३८५)। कर्म. पीडिज्जइ (पिंग)। कवकृ. पीडिज्जंत, पीडिज्जमाण (से ११, १०२, गा ५४१, सण)।

पीड° देखो पीडा। °यर वि [°कर] पीडा-कारक (पउम १०३, १४३)।

पीडरइ स्त्री [दे] चोर की स्त्री (दे ६, ५१)।

पीडा स्त्री [पीडा] पीडन, हैरानी, वेदना (पाअ)। °कर वि [°कर] पीडा-कारक, 'अलिअं न भासियव्वं अत्थि हु सच्चंपि जं न वत्तव्वं। सच्चपि त न सच्च जं परपीडाकरं वयणं' (श्रा ११, प्रामू १५०)।

पीडिअ वि [पीडित] १ पीडा से जो दु खी हो वह, अभिभूत, पराजित, व्याकुल, दु खित। २ दबाया गया (हे १, २०३, महा, पाअ)।

पीढ पुन [पीठ] १ आसन, पीढा, 'पीढं विट्ठर आसण' (पाअ, रयण ९३)। २ आसन विशेष, व्रती का आसन (चड, हे १, १०६, उवा, औप)। ३ तल, 'चत्तूण नेडपीढं' (कुमा)। ४ पु. एक जैन महर्षि (सट्ठि ८१ टी)। °बंध पु [°बन्ध] ग्रंथ की अवतरणिका, भूमिका, 'नय पीढबन्ध-रहियं कहिज्जमाणपि देइ भावत्थं' (पउम ३, १६)। °मद्द, °मद्दअ पुंस्त्री [°मर्दक] काम-पुरुषार्थ में सहायक नायक का समीपवर्ती पुरुष, राजा आदि का वयस्य विशेष (णाया १, १—पत्र १९, कप्प)। स्त्री. °मद्दिआ (मा १६)। °सप्पि वि [°सर्पिन्] पंगु-विशेष (आचा)।

पीढ न [दे] १ ईख पेरने का यन्त्र (दे ६, ५१)। २ समूह, यूथ, 'उट्ठियं वणगईदपीढं, पणट्ठा दिसो दिसो (?सिं) कप्पडिया' (स २३३)। ३ पीठ, शरीर के पीछे का भाग, 'हत्थिपीढसमारूढो' (त्रि ६६)।

पीढग } न [पीठक] देखो पीढ = पीठ
पीढय } (कस, गच्छ १, १०, दस ७, २८)।

पीढरखंड न [पीठरखण्ड] नर्मदा तीर पर स्थित एक प्राचीन जैन तीर्थ (पउम ७७, ६४)।

पीढाणिय न [पीठानीक] अश्व-सेना (ठा ५, १—पत्र ३०२)।

पीढिआ स्त्री [पीठिका] आसन-विशेष, मञ्च, 'आसंदी पीढिआ' (पाअ)। देखो पेढिया।

पीढी स्त्री [दे पीठिका] काष्ठ-विशेष, घर का एक आधार-काष्ठ, गुजराती में 'पीढिउं', 'तत्तो नियत्तिऊणं सत्तट्ठ पयाइं जाव पहरेइ। ता उवरिपीढिसलणे खग्गेण खडक्किय तत्थ' (धर्मवि ५६)।

पीण सक [पीनय्] पुष्ट करना। पीणंति (राय १०१)।

पीण सक [प्रीणय्] खुश करना। कृ देखो पीणणिज्ज।

पीण वि [दे] चतुरस्र, चतुष्कोण (दे ६, ५१)।

पीण वि [पीन] पुष्ट, मांसल, उपचित (हे २, १५४, पाअ, कुमा)।

पीणण न [प्रीणन] खुश करना (धर्मवि १४८)।

पीणणिज्ज वि [प्रीणनीय] प्रीति जनक (औप, कप्प, पण्ण १७)।

पीणाइय वि [दे. पैनायिक] गर्व से निर्वृत्त, गर्व से किया हुआ; 'पीणाइयविरसरडियसद्दएं फोडयंते व अंबरतलं' (णाया १, १—पत्र ६३)।

पीणाया स्त्री [दे. पीनाया] गर्व, अहंकार (णाया १, १)।

पीणिअ वि [प्रीणित] १ तोषित (सण)। २ उपचित, परिवृद्ध (दस ७, २३)। ३ पुं. ज्योतिष-प्रसिद्ध योग-विशेष, जो पहले सूर्य या चन्द्र का किसी ग्रह या नक्षत्र के साथ होकर बाद में दूसरे सूर्य आदि के साथ उपचय को प्राप्त हुआ हो वह योग (सुज्ज १२)।

पीणिम पुंस्त्री [पीनता] पुष्टता, मांसलता (हे २, १५४)।

पीयमाण देखो पा = पा।

पीयमाण देखो पी = पी।

पीरिपीरिया स्त्री [दे] वाद्य विशेष (राय ४५)।

पील सक [पीडय्] १ पीलना, पेरना, दबाना। २ पीडा करना, हैरान करना। पीलइ, पीलेइ (धात्वा १४५; पि २४०)। कवकृ. पीलिज्जंत (श्रा ६)।

पीलण न [पीलन] दबाव, पीलन, पेरना, 'माणंसिणीए माणो पीलणमीअ व्व हिअआहिं' (काअ १६६), 'जंतपीलणकम्मे' (उवा)।

पीला देखो पीडा (उप ४३६, सुपा ३५८)।

पीलावय वि [पीडक] १ पेरनेवाला। २ पुं. तेली, यंत्र से तेल निकालनेवाला (वज्जा ११०)।

पीलिअ वि [पीडित] पीला या पेरा हुआ (औप, ठा ५, ३, उव)।

पीलिम वि [पीडावत्] दाबवाला, दाबने से बना हुआ (वस्त्र आदि की आकृति) (दसनि २, १७)।

पीलु पुं [पीलु] १ वृक्ष विशेष, पीलु का पेड (पण्ण १, वज्जा ४६)। २ हाथी (पाअ, स ७३५)। ३ न. दूध, 'एगट्ठं बहुनामं दुद्ध पओ पीलु खीरं च' (पिंड १३१)।

पीलुअ पुं [दे. पीलुक] शावक, बच्चा; 'तडसंठिअणीडेक्कंतपीलुआरक्खणेक्कदिण्णमणा' (गा १०२)।

पीलुट्ठ वि [दे. प्लुष्ट] देखो पिलुट्ठ (दे ६, ५१)।

पीवर वि [पीवर] उपचित, पुष्ट (णाया १, १, पाअ, सुपा २६१)। °गब्भा स्त्री [°गर्भा] जो निकट भविष्य में ही प्रसव करनेवाली हो वह स्त्री (ओघभा ८३)।

पीवल देखो पीअ = पीत (हे १, २१३; २, १७३; कुमा)।

पीस सक [पिष्] पीसना। पीसइ (पि ७६)। वकृ. पीसंत (पिंड ५७४, णाया १, ७)। संकृ. पीसिऊण (कुप्र ४५)।

पीसण न [पेषण] १ पीसना, दलना (पण्ह १, १; उप पृ १४०; रयण १८)। २ वि. पीसनेवाला (सूअ १, २, १; १२)।

पीसय वि [पेषक] पीसनेवाला (सुपा ६३)।

पीह सक [स्पृह्, प्र + ईह्] अभिलाषा करना, चाहना। पीहंति, पीहेज्जा (औप, ठा ३, ३—पत्र १४४)।

पीहग पुं [पीठक] नवजात शिशु को पीलाइ जाती एक वस्तु (उप ३११)।

°पु स्त्री [पुर्] शरीर (विसे २०६५)।

पुअ न [प्लुत] १ तिर्यग् गति। २ झाँपना, झम्प-गति, 'जुज्झामो पू (? पु) यघाएहिं' (विसे १४३६ टी)। °जुद्ध न [°युद्ध] अश्व युद्ध का एक प्रकार (विसे १४७७)।

पुअंड पुं [दे] तरुण, युवा (दे ६, ५३; पाअ)।

पुआइ वि. [दे] १ तरुण, युवा (दे ६, ८०)। २ उन्मत्त (दे ६, ८०, षड्)। ३ पुं. पिशाच (दे ६, ८०, पाअ, षड्)।

पुआइणी स्त्री [दे] १ पिशाच-गृहीत स्त्री, भूताविष्ट महिला। २ उन्मत्त स्त्री। ३ कुलटा, व्यभिचारिणी (दे ६, ५४)।

पुआव सक [प्लावय्] से जाना। संकृ. पुयावइत्ता (ठा ३, २)।

पु° पुं [पुंस्] पुरुष, मर्द (पि ४१२; धम्म १२ टी)। देखो पुंगव, पुंनाग, पुंवउ आदि।

पुंख पु [पुङ्ख] १ बाण का अग्र भाग, 'तस्स य सरस्स पुंखं विद्धइ अन्नेण निक्खवाणेण' (धर्मवि ६७, उप पृ ३६५)। २ न. देव-विमान-विशेष (सम २२)।

पुंखणग न [दे. प्रोङ्खणक] घुमाना, विवाह की एक रीति, गुजराती में 'पोंखणु' (सुपा ६५)।

पुंखिअ वि [पुङ्खित] पुंख-युक्त किया हुआ, 'भणुहे तिक्खो सरो पुंखिओ' (कप्पू)।

पुंगल पुं [दे] श्रेष्ठ, उत्तम (भवि)।

पुंगव वि [पुङ्गव] श्रेष्ठ, उत्तम (सुपा ५; ८०; श्रु ४१, गउड)।

पुंछ सक [प्र + उञ्छ्] पोंछना, साफ करना। पुंछइ (प्राकृ ६७; हे ४, १०५)। कृ. पुंछणीअ (नि १८२)।

पुंछ पुंन [पुच्छ] पूँछ, लांगूल (प्राकृ १२; हे १, २६)।

पुंछण न [प्रोञ्छन] १ मार्जन (कप्प; उवा, सुपा २६०)। २ रजोहरण, जैन मुनि का एक उपकरण (बृह १)।

पुंछणी स्त्री [प्रोञ्छनी] पोछने का एक छोटा तृणमय उपकरण (राय)।

पुंछिअ वि [प्रोञ्छित] पोंछा हुआ, मृष्ट (पाम; कुमा, भवि)।

पुंज सक [पुञ्ज्, पुञ्जय्] १ इकट्ठा करना। २ फैलाना, विस्तार करना। पुंजइ (हे ४, १०२, भवि)। कर्म. पुंजिज्जइ (कप्पू)। कवकृ. पुंजइज्जमाण (से १२, ८६)।

पुंज पुंन [पुञ्ज] ढेर, राशि (कप्प, वस, कुमा), 'सारिक्कपुंजयाइं ठावइ' (सिरि ११९६)।

पुंजइअ वि [पुञ्जित] १ एकत्रित (से ९, ६३; पउम ८, २६१)। २ व्याप्त, भरपूर (पउम ८, २६१)।

पुंजइज्जमाण देखो पुंज = पुञ्ज्।

पुंजक } वि [पुञ्जक] १ राशि रूप से
पुंजय } स्थित, 'न उण पुंजकपुंजका' (पिंड ८२)। २ देखो पुंज = पुञ्ज।

पुंजय पुंन [दे] कटार, गुजराती में 'पूंजो', 'कामोवि तहिं पुंजयपुंछण-

छउमेण निययसावरयं।

अवणितीओ इव

सारविति जिणमंदिरंगणयं'

(सुपा २६०)।

पुंजाय वि [दे] पिण्डाकार किया हुआ, 'पुंजायं पिंडलइयं' (पाम)।

पुंजाविय वि [पुञ्जित] एकत्रित कराया हुआ (काल)।

पुंजिअ वि [पुञ्जित] एकत्रित (से ५, ७२; कुमा; कप्पू)।

पुंड पुं [पुण्ड्र] १ देश-विशेष, विन्ध्याचल के समीप का भू-भाग (स २२५; मग १५)। २ इक्षु-विशेष (पउम ४२, ११; गा ७४०)। ३ वि. पुण्ड्र-देशीय (पउम ९९, ५५)। ४ धवल, श्वेत, सफेद (णाया १, १७ टी—पत्र २३१)। ५ पुंन. तिलक (सू ९; पिंडभा ४३; कुप्र २९४)। ६ देव-विमान विशेष (सम २२)। °वद्धण न [°वर्धन] नगर-विशेष (स २२५)। देखो पोंड।

पुंडइअ वि [दे] पिण्डीकृत, पिण्डाकार किया हुआ (दे ६, ५४)।

पुंडरिक देखो पुंडरीअ (सूअ २, १, १)।

पुंडरिकि वि [पुण्डरीकिन्] पुण्डरीकवाला (सूअ २, १, १)।

पुंडरिगिणी स्त्री [पुण्डरीकिणी] पुष्कलावती विजय की एक नगरी (णाया १, १९; इक, कुप्र २९५)।

पुंडरिय देखो पुंडरीअ = पुण्डरीक, पौण्डरीक (उव, काल; वि ३५४)।

पुंडरीअ पुं [पुण्डरीक] १ ग्यारह रुद्र पुरुषों में सातवाँ रुद्र (विचार ४७३)। २ एक राजा, महापद्म राजा का एक पुत्र (कुप्र २९५; णाया १, १९)। ३ व्याघ्र, शार्दूल (पाम)। ४ पुंन. तप-विशेष (पव २७१)। ५ श्वेत पद्म, सफेद कमल (सूअनि १४५)। ६ कमल, पद्म, 'अंबुरुहं संपवत्तं सरोरुहं पुंडरीअमरविंदं' (पाम; सम १; कप्प)। ६ देव-विमान विशेष (सम ३५)। ७ वि. श्वेत, सफेद (संग १३२)। °गुम्म न [°गुल्म] देव-विमान-विशेष (सम ३५)। °दह, °द्दह पुं [°द्रह] शिखरी पर्वत पर का एक महाह्रद (ठा २, ३; सम १०४)।

पुंडरीअ वि [पौण्डरीक] १ श्वेत पद्म का, श्वेत-पद्म-संबन्धी (सूअनि १४५)। २ प्रधान, मुख्य। ३ कान्त, श्रेष्ठ, उत्तम (सूअनि १४७; १४८)। ४ न. सूत्रकृतांग सूत्र के द्वितीय श्रुतस्कन्ध का पहला अध्ययन (सूअनि १५७)। देखो पोंडरीग।

पुंडरीया स्त्री [पुण्डरीका] देखो पोंडरी (राज)।

पुंडे अ [दे] जामो (दे ६, ५२)।

पुंढ देखो पुंड (उप ७६५)।

पुंढ पुं [दे] गर्त, गड्ढा, गढ़ा (दे ६, ५२)।

पुंनाग पुं [पुन्नाग] १ वृक्ष-विशेष, पुष्प-प्रधान एक वृक्ष-जाति, पुन्नाग, पुन्नाग, गुलतान चम्पक, पाटल का गाछ (उप पृ १८; ७६८ टी; सम्मत्त १७५)। २ श्रेष्ठ पुरुष, उत्तम मर्द (धम्म १२ टी, सम्मत्त १७५)। देखो पुन्नाम।

पुंपुअ पुं [दे] संगम (दे ६, ५२)।

पुंभ पुंन [दे] नीरस, दाड़िम का छिलका (?), 'मग्गइ अलत्तयं जा निपीलियं पुंभमप्पए ताव' (धर्मवि ६७); ['अलत्तए मग्गिए नीरसं पणामेइ' (महा ५९)]।

पुंवउ पुंन [पुंवचस्] व्याकरणोक्त संस्कार-युक्त शब्द-विशेष, पुंलिंग शब्द (पण्ण ११—पत्र ३६३)।

पुवेय पुं [पुंवेद] १ पुरुष को स्त्री-स्पर्श का अभिलाष। २ उसका कारण-भूत कर्म (वि ४१२)।

पुंस सक [पुंस्, मृज्] मार्जन करना, पोछना। पुंसइ (हे ४, १०५)।

पुंस° देखो पुं°। °कोइल, °कोइलग पुं [°कोकिल] मरदाना कोयल, पिक (ठा १०—पत्र ५९९; पि ४१२)।

पुंसण न [पुंसन] मार्जन (कुमा)।

पुंसद्द पुं [पुंशब्द] 'पुरुष' ऐसा नाम (कुमा)।

पुंसली स्त्री [पुंश्चली] कुलटा, व्यभिचारिणी स्त्री (वज्जा ९८; धर्मवि १३७)।

पुंसिअ वि [पुंसित] पोंछा हुआ (दे १, ९९)।

पुक } सक [पूत्+कृ] पुकारना, डाँकना,
पुकर } आह्वान करना। पुक्करेइ (धम्म ११ टी)। वकृ. पुकंत, पुक्करत (पण्ह १, ३—पत्र ४५; श्रा १२)। देखो पोक्का।

पुक्करिय वि [पूत्कृत] पुकारा हुआ (सुपा ३८१)।

पुक्खल देखो पुक्खल (पण्ह २, ५—पत्र १५१)।

पुक्का स्त्री. देखो पुकार = पूत्कार (पाम; सुपा ५१७)।

पुकार देखो पुकर। पुक्कारेंति (राय)। वकृ. पुकारंत, पुकारिंत, पुकारेमाण (सुपा ४१५; ३८१, २४८; णाया १, १८)।

पुक्कार पुं [पूत्कार] पुकार, डाँक, आह्वान (सुपा ५१७; महा, सण)।

पुक्खर देखो पोक्खर = पुष्कर (कप्प; महा; वि १२५)। °कण्णिया स्त्री [°कर्णिका]

पद्म का बीज-कोश, कमल का मध्य भाग (औप)। °क्ख पुं [°क्ष] १ विष्णु, श्रीकृष्ण। २ कश्मीर के एक राजा का नाम (मुद्रा २४२)। °गय न [°गत] वाद्य विशेष का ज्ञान, कला विशेष (औप)। °द्ध न [°र्ध] पुष्करवर नामक द्वीप का आधा हिस्सा (सुज्ज १९)। °वर पु [°वर] द्वीप-विशेष (ठा २, ३, पडि)। °सवट्टग देखो पुक्खल सवट्टय (राज)। °वत्त देखो पुक्खलावट्टय (राज)।

पुक्खरिणी देखो पोक्खरिणी (सूअ २, १, २, ३, औप पाअ)।

पुक्खरोअ } पु [पुष्करोद] समुद्र विशेष
पुक्खरोद } (इक, ठा ३, १, ७, सुज्ज १९)।

पुक्खल पुं [पुष्कर] एक विजय, प्रान्त-विशेष, जिसकी मुख्य नगरी का नाम ओषधि है (इक)। २ पद्म, कमल, 'भिसभिसमुणाल-पुक्खलत्ताए' (सूअ २, ३, १८)। ३ पद्म-केसर (आचा २, १, ८—सूत्र ४७)। °विभग न [°विभङ्ग] पद्म-कन्द (आचा २, १, ८—सूत्र ४७)। °सवट्ट, °संवट्टय पुं [°सवर्त, °क] मेघ विशेष, जिसके बरसने से दश हजार वर्ष तक पृथिवी वासित रहती है (उर २, ९, ठा ४, ४—पत्र २७०)। देखो पुक्खर।

पुक्खल पुं [पुष्कल] १ एक विजय, प्रदेश-विशेष (ठा २, ३—पत्र ८०)। २ अनार्य देश विशेष। ३ पुल्ली. उस देश में उत्पन्न, उसमें रहनेवाला, 'सिप्पलीहिं पुलिंदिहिं पुक्खलीहिं (?)' (भग ९, ३३—पत्र ४५७), ['सिहलीहिं पुलिंदीहिं पक्खणीहिं (?)' (भग ९, ३३ टी—पत्र ४६०)]। ४ वि. अत्यन्त, प्रभूत (कुप्र ४१०)। ५ सपूर्ण, परिपूर्ण (सूअ २, १, १)।

पुक्खलच्छिभग } पुन [दे] जलगृह-विशेष,
पुच्छलच्छिभय } जल में होनेवाली वनस्पति-विशेष (सूअ २, ३, १८, १९)। देखो पोक्खलच्छिभय।

पुक्खलावई स्त्री [पुष्कलावती, पुष्कलावती] महाविदेह वर्ष का विजय—प्रान्त-विशेष (ठा २, ३, इक, महा)। °कूड पुन [°कूट] एक-शैल पर्वत का एक शिखर (इक)।

पुक्खलावट्टय पुं [पुष्करावर्तक, पुष्कला-वर्तक] मेघ-विशेष, 'पुक्खल (?ला) वट्टए ण महामेहे एगेण वासेण दस वाससहस्साइं भावेति' (ठा ४, ४)।

पुक्खलावत्त पुं [पुष्करावर्त, पुष्कलावर्त] महाविदेह वर्ष का एक विजय—प्रान्त (जं ४)। °कूड पु [°कूट] एकशैल पर्वत का एक शिखर (इक)।

पुगारिया स्त्री [दे] वस्त्रादि खादक जंतु विशेष (सूत्र० चू० गा० २८२)।

पुग्ग पुंन [दे] वाद्य-विशेष, 'सो पुरम्मि पुग्गाइं वाएइ' (कुप्र ४०३)।

पुग्गल पुं [पुद्गल] १ वृक्ष-विशेष। २ न. फल विशेष। ३ मांस (दस ५, १, ७३)।

पुग्गल देखो पोग्गल (सिक्खा १५, नव ४२, पि १२५)। °परट्ट, °परावत्त पुं [°परावर्त] देखो पोग्गल परिअट्ट (कम्म ५, ८६; वै. ५०, सिक्खा ८)।

पुच्चड देखो पोच्चड, 'सेयमलुब्ब (? च) डम्मी' (तदु ४०)।

पुच्छ सक [प्रच्छ्] पूछना, प्रश्न करना। पुच्छइ (हे ४, ९७)। भूका. पुच्छिमु, पुच्छीअ, पुच्छे (पि ५१६, कुमा, भग)। कर्म. पुच्छिज्जइ (भवि)। वकृ पुच्छंत (गा ४७, ३५७, कुमा)। कवकृ. पुच्छि-ज्जत (गा ३४७, सुर ३, १५१)। संकृ. पुच्छित्ता (भग)। हेकृ. पुच्छिउ, पुच्छि-त्तए (पि ५७३, भग)। कृ. पुच्छणिज्ज, पुच्छणीअ, पुच्छियव्व, पुच्छेयव्व (आ १४, पि ५७१, उप ८६४, कप्प)।

पुच्छ देखो पुछ = प्र + उञ्छ्। पुच्छइ (षड्)।

पुच्छ देखो पुंछ = पुञ्छ (कप्प)।

पुच्छअ } वि [प्रच्छक] पूछनेवाला,
पुच्छग } प्रश्न-कर्ता (ओघनि २८, सुर १०, ६५)। स्त्री. °च्छिआ (धर्मि १२५)।

पुच्छण न [प्रच्छन, प्रश्न] पूछा (सूअनि १९३, धर्मवि ८, श्रावक ९३ टी)।

पुच्छणया } स्त्री [प्रच्छना] ऊपर देखो
पुच्छणा } (उप ४९६, औप)।

पुच्छणी स्त्री [प्रच्छनी] प्रश्न की भाषा (ठा ४, १—पत्र १८२)।

पुच्छल (अप) देखो पुट्ठ = पृष्ट (पिंग)।

पुच्छा स्त्री [पृच्छा] प्रश्न (उवा, सुर ३, ३५)।

पुच्छिअ वि [पृष्ट] पूछा हुआ (औप; कुमा, भग, कप्प, सुर २, १६८)।

पुच्छिर वि [प्रष्टृ] प्रश्न-कर्ता (गा ५६८)।

पुछल देखो पुच्छल (पिंग)।

पुज्ज सक [पूजय्] पूजना, आदर करना। पुज्जइ (कुप्र ४२३, भवि)। कर्म. पुज्जिज्जइ (भवि)। वकृ. पुज्जंत (कुप्र १२१)। कवकृ. पुज्जिज्जत (भवि)। संकृ. पुज्जिउं, पुज्जि-ऊण (कुप्र १०२, भवि)। कृ. पुज्जिअव्व (ती ७)। प्रयो. पुज्जावइ (भवि)।

पुज्ज देखो पूज = पूजय्।

पुज्जत देखो पुज्ज=पूजय्।

पुज्जत देखो पूर = पूरय्।

पुज्जण न [पूजन] पूजा, अर्चा (कुप्र १२१)।

पुज्जमाण देखो पूर = पूरय्।

पुज्जा स्त्री [पूजा] पूजा, अर्चा (उप पृ २४२)।

पुज्जिय वि [पूजित] सेवित, अर्चित (भवि)।

पुट्ट सक [प्र + उञ्छ्] पोछना। पुट्टइ (प्राकृ ६७)।

पुट्ट न [दे] पेट, उदर (आ २८, मोह ४१, पव १३५, सम्मत्त २२६, सिरि २४२, सण)।

पुट्टल } पुंन [दे] गट्ठर, गाँठ, गुजराती
पुट्टलय } में 'पोटलु', 'संवलपुट्टलय च गहिय' (सम्मत्त ६१)।

पुट्टलिया स्त्री [दे] छोटी गठरी, पोटली, मोटरी (सुपा ४३, ३४४)।

पुट्टिल पुं [पोट्टिल] १ भगवान् महावीर का एक शिष्य, जो भविष्य में तीर्थंकर होनेवाला है (विचार ४७८)। २ एक अनुत्तर-देवलोक-गामी जैन महर्षि (अनु २)।

पुट्ठ वि [स्पृष्ट] १ छुआ हुआ (भग, औप, हे १, १९१)। २ न. स्पर्श (ठा २, १, नव १८)।

पुट्ठ वि [पृष्ट] १ पूछा हुआ (औप सण हे २, ३४)। २ न. प्रश्न (ठा २, १)। °लाभिय वि [°लाभिक] अभिग्रह विशेष-वाला (मुनि) (औप, पण्ह २, १)। °सेणियापरिकम्म पुंन [°श्रेणिकापरिक-र्मन्] दृष्टिवाद का एक प्रकीर्णक विषय (सम १२८)।

पुट्ठ वि [पुष्ट] उपचित (णाया १, ३, स ४१९)।

पुट्ठ देखो पिट्ठ = पृष्ठ (प्राप्र, संक्षि १९)।

पुट्ठव वि [स्पृष्टवत्] जिसने स्पर्श किया हो वह (आचा १, ७, ८, ८)।

पुट्ठवई देखो पोट्ठवई (सुज्ज १०, ६)।

पुट्ठवया स्त्री [प्रोष्ठपदा] नक्षत्र विशेष (सुज्ज १०, ५)।

पुट्ठि स्त्री [पुष्टि] पोषण, उपचय (विसे २२१, चेइय ८)। २ अहिंसा दया (पण्ह २, १—पत्र ९९)। °म वि [°मत्] १ पुष्टिवाला। २ पु भगवान् महावीर का एक शिष्य (अनु)।

पुट्ठि देखो पिट्ठि = पृष्ठ, 'पाअपडिअस्स पइणो पुट्ठि पुत्ते समारुहतम्मि' (गा ११, ३३, ८७, प्राप्र, संक्षि १९)।

पुट्ठि स्त्री [पृष्टि] पृच्छा, प्रश्न। °य वि [°ज] प्रश्न जनित (ठा २, १—पत्र ४०)।

पुट्ठि स्त्री [स्पृष्टि] स्पर्श। °य वि [°ज] स्पर्श-जनित (ठा २, १)।

पुट्ठिया स्त्री [पृष्टिका] प्रश्न से होनेवाली क्रिया—कर्मबन्ध (ठा २, १)।

पुट्ठिया स्त्री [स्पृष्टिका] स्पर्श से होनेवाली क्रिया—कर्मबन्ध (ठा २, १)।

पुट्ठिल देखो पोट्ठिल (अनु २)।

पुट्ठीया स्त्री [स्पृष्टीया] देखो पुट्ठिया = स्पृष्टिका (नव १८)।

पुट्ठीया स्त्री [पृष्टीया] पृच्छा से होनेवाली क्रिया—कर्मबन्ध (नव १८)।

पुड पु [पुट] १ परिमाण-विशेष। २ पुट-परिमित वस्तु (राय ३४)।

पुड पुन [पुट] १ मिथ, संबन्ध, परस्पर जोड़ान, मिलाव, मिलान, 'अंजलिपुड—', 'ताहे करयलपुडेण नीओ सो' (औप, महा)। २ खाल, ढोल आदि का चमड़ा, 'हुरुमपुड-संठाणसंठिया' (उवा ९४ टी, गउड ११६७, कुमा)। ३ समद्ध दलद्वय, मिला हुआ दो दल, 'सिप्पपुडसंठिया' (उवा, गउड ५७६)। ४ औषधि पकाने का पात्र विशेष (णाया १, १३)। ५ पत्रादि रचित पात्र, दोना (रंभा)। ६ आच्छादन, ढकन (उवा, गउड)। ७ कमल, पद्म, 'पुडइणी' (विक्र २३)। °भेयण न [°भेदन] नगर, शहर (कस)। °वाय पुं [°पाक] १ पुट-पात्रों से औषधि का पाक-विशेष। २ पाक-निष्पन्न औषध-विशेष; 'पुड (? ड) वाएहिं' (णाया १, १३—पत्र १८१)।

पुड (शौ) देखो पुत्त = पुत्र (पि २९२, प्राप्र)।

पुडइअ वि [दे] पिण्डीकृत, एकत्रित (दे ६, ५४)।

पुडइणी स्त्री [दे पुटकिनी] नलिनी, कमलिनी (दे ६, ५५, विक्र २३)।

पुडग पुंन [पुटक] देखो पुट = पुट (उवा)।

पुडपुडा स्त्री [दे] मुँह से सीटी बजाना, एक प्रकार की अव्यक्त आवाज (पव ३८)।

पुडम देखो पुढम (प्रति ७१, पि १०४)।

पुडय देखो पुडग (उवा, सुपा ६५६)।

पुडिग न [दे] मुँह, वदन। २ बिन्दु (दे ६, ८०)।

पुडिया स्त्री [पुटिका] पुड़ी, पुड़िया (दे ५, १२)।

पुड्ड (शौ) देखो पुत्त = पुत्र (प्राप्र)।

पुढ देखो पिहं (षड्)।

पुढम वि [प्रथम] पहला (हे १, ५५, कुमा, स्वप्न २३१)।

पुढवि° देखो पुढवी (आचानि १, १, २, भग १९, ३, पि ९७)। °काइय, °क्काइय वि [°कायिक] पृथिवी शरीरवाला (जीव), (पण्ण १, भग १९, ३, ठा १, आचानि १, १, २)। °काय देखो पुढवी-काय (आचानि १, १, २)।

पुढवी स्त्री [पृथिवी] १ पृथिवी, धरती, भूमि (हे १, ८८, १३१, ठा ३, ४)। २ काठिन्यादि गुणवाला पदार्थ, द्रव्य विशेष—मृत्तिका पाषाण, धातु आदि (पण्ण १)। ३ पृथिवीकाय का जीव (जी २)। ४ ईशानेन्द्र के एक लोकपाल की अग्र-महिषी (ठा ४, १—पत्र २०४)। ५ एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३६)। ६ भगवान् सुपार्श्वनाथ की माता का नाम (राज)। °काइय देखो पुढवि-काइय (राज)। °काय वि [°काय] पृथिवी शरीरवाला (जीव), (आचानि १, १, २)। °पइ पुं [°पति] राजा (ठा ७)। °सत्थ न [°शस्त्र] १ पृथिवी रूप शस्त्र। २ पृथिवी का शस्त्र, हल, कुदाल आदि (आचा)। देखो पुहई, पुहवी।

पुढीभूय वि [पृथग्भूत] जो अलग हुआ हो (सुपा २३६)।

पुढुम वि [प्रथम] पहला, आद्य (हे १, ५५; कुमा)।

पुढो अ [पृथग्] अलग, भिन्न (सुपा ३६२, रयण ३०, श्रावक ४०, आचा)। °छंद वि [°छन्द] विभिन्न अभिप्रायवाला (आचा, पि ७८)। °जण पुं [°जन] प्राकृत मनुष्य, साधारण लोक (सूअ १, ३, १, ६)। °जिय पुं [°जीव] विभिन्न प्राणी (सूअ १, १, २, ३)। °विमाय, °वेमाय वि [°विमात्र] अनेक प्रकार का, बहुविध (राज, ठा ४, ४—पत्र २८०)।

पुढोजग वि [दे. पृथग्जक] पृथग्भूत, भिन्न व्यवस्थित, 'जमिण जगती पुढोजगा' (सूअ १, २, १, ४)।

पुढोवम वि [पृथिव्युपम] पृथिवी की तरह सब सहन करनेवाला (सूअ १, ६, २६)।

पुढोसिय वि [पृथिवीश्रित] पृथिवी के आश्रय में रहा हुआ (सूअ १, १२,१३, आचा)।

पुण सक [पू] १ पवित्र करना। २ धान्य आदि को तुषरहित करना, साफ करना। पुणइ (हे ४, २४१)। पुणति (णाया १, ७)। कर्म. पुणिज्जइ, पुव्वइ (हे ४, २४२)।

पुण अ [पुनर्] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ भेद विशेष (विसे ८११)। २ अवधारण, निश्चय। ३ अधिकार, प्रस्ताव। ४ द्वितीय बार, वारान्तर। ५ पक्षान्तर। ६ समुच्चय (पण्ह २, ३, गउड, कुमा, औप, जी ३७, प्रासू ९, ५२, १६८, स्वप्न ७२, पिंग)। ७ पादपूर्ति में भी इसका प्रयोग होता है (निचू १)। °करण न [°करण] फिर से बनाना। २ वि. जिसको फिर से बनावट की जाय वह, 'भिन्न सत्तं न होइ पुणकरणं' (उव)। °णव वि [°नव] फिर से नया बना हुआ, ताजा (उप ७६८ टी, वप्पू)। °पुण अ [°पुनर्] फिर-फिर, बारंबार। °पुणकरण न [°पुनःकरण] फिर फिर बनाना, बारंबार निर्माण (दे १,

(३२)। °ब्भव पुं [°भव] फिर से उत्पत्ति, फिर से जन्म-ग्रहण (चेइय ३५७; औप)। °ब्भू स्त्री [°भू] फिर से विवाहित स्त्री, जिसका पुनर्लग्न हुआ हो वह महिला; 'अत्थि पुणब्भूवण्णो त्ति विवाहिया पच्छन्नं' (कुप्र २०८; २०९)। °रवि, °रावि अ [°अपि] फिर भी (उवा, उत्त १०, १६; १९)। °रावित्ति स्त्री [°आवृत्ति] पुनः आवर्तन (पडि)। °रुत्त वि [°उक्त] फिर से कहा हुआ। २ न. पुनरुक्ति (चेइय ५३८)। °वि अ [°अपि] फिर भी (संक्षि १९; प्राकृ ८७)। °वसु पुं [°वसु] १ नक्षत्र-विशेष (सम १०; ६९)। २ आठवें वासुदेव के पूर्व जन्म का नाम (सम १५३; पउम २०, १७२)।

पुण (अप) देखो पुण्ण = पुण्य। °मंत वि [°मन्] पुण्यशाली (पिंग)।

पुणअ सक [दृश्] देखना। पुणमइ (धात्वा १४५)।

पुणइ पुं [दे] अपत्य, चाण्डाल (दे ६, ३८)।

पुणग वि [पवन] पवित्र करनेवाला। स्त्री. °णी (कुमा)।

पुणरुत्त } अ. कृत-करण, बारंबार, फिर-फिर,
पुणरुत्त } 'अद गुणइ पंचुलि णीसहेहि पंचेहि पुणरुत्त' (हे १, १७९, कुमा), 'ण वि तह पेमरसाइँ हरंति पुणरुत्तसरसिमाइँ' (गा २७४)।

पुणा } अ. देखो पुण = पुनर् (पि ३४३,
पुणाइ } हे १, ६५; कुमा; पउम ६, ९७,
पुणाइं } उवा)।

पुणु (अप) देखो पुण = पुनर् (कुमा, पि ३४२)।

पुणो देखो पुण = पुनर् (औप, कुमा; प्राकृ ८७)।

पुणोरुत्त देखो पुण-रुत्त, पुणरुत्त (प्राप्र ३०)।

पुणोल्ल सक [प्र + नोदय्] १ प्रेरणा करना। २ आनन्द दूर करना। पुणोल्लमाणो (उत्त १२, ४०)।

पुण्ण पुंन [पुण्य] १ शुभ कर्म, सुकृत (औप, कप्प, प्रासू ७५, पाम)। २ दो उपवास, बेला, 'अट्ठं पुण्णं (? एण्णं) तुरी (? हि)ं छट्ठमतस्स एगट्ठा' (संबोध ५८)। ३ वि. पवित्र, 'थाणुपियाजलपुण्णं' (कुमा)। °कलसा स्त्री [°कलशा] लाट देश के एक गाँव का नाम (राज)। °घण पुं [°धन] विद्याधरों का एक स्वनाम ख्यात राजा (पउम ५, ६५)। °मंत, °मंत वि [°वन्] पुण्यवाला, भाग्यवान् (हे २, १५९, षड्)। देखो पुन्न = पुण्य।

पुण्ण वि [पूर्ण] १ संपूर्ण, भरपूर, पूरा (औप, भग, उवा)। २ पुं. द्वीपकुमार देवों का दक्षिणात्य इन्द्र (इक)। ३ इक्षुवर समुद्र का अधिष्ठायक देव (राज)। ४ तिथि विशेष, पक्ष की पाँचवीं, दसवीं और पनरहवीं तिथि (सुज्ज १०, १५)। ५ पुंन. शिखर विशेष (इक)। °कलस पुं [°कलश] संपूर्ण घट (जं १)। °घोस पुं [°घोष] ऐरवत वर्ष का एक भावी जिन-देव (सम १५४)। °चंद पुं [°चन्द्र] १ संपूर्ण चन्द्रमा। २ विद्याधर वंश के एक राजा का नाम (पउम ५, ४४)। °प्पभ पुं [°प्रभ] इक्षुवर द्वीप का अधिपति देव (राज)। °भद्द पुं [°भद्र] १ स्वनाम-ख्यात एक गृह-पति, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर मुक्ति पाई थी (अंत)। २ यक्ष निकाय का एक इन्द्र (४, १)। ३ पुन. अनेक कूट-शिखरों का नाम (इक)। ४ यक्ष का चैत्य विशेष (औप, विपा १, १, उवा)। °मासी स्त्री [°मासी] पूर्णिमा तिथि (दे)। °सेण पुं [°सेन] राजा श्रेणिक का पुत्र, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी (अनु)। देखो पुन्न = पूर्ण।

पुण्णमासिणी स्त्री [पौर्णमासी] तिथि-विशेष, पूर्णिमा (औप भग)।

पुण्णवत्त न [दे] आनन्द से हुआ नृत्य (दे ६, ५३; पाम)।

पुण्णा स्त्री [पूर्णा] १ तिथि-विशेष, पक्ष की ५, १० और १५ वीं तिथि (संबोध ५४, सुज्ज १०, १५)। २ पूर्णभद्र और मणिभद्र इन्द्र की एक महादेवी—पट्ट-महिषी (इक ठाणा २), 'पुण्णभद्दस्स णं अग्गिमहिसीणं पण्णत्तीए चत्तारि अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ तं जहा—पुण्णा (? एण्णा) बहुपुत्तिया उत्तमा तारगा, एवं माणिभद्दस्सवि' (ठा ४, १—पत्र २०४)।

पुण्णाग } देखो पुन्नाग (पउम ४३, ३९; से
पुण्णाम } ६, ५९; हे १, १९०; पि २३१)।

पुण्णाली स्त्री [दे] असती, कुलटा, पुंश्चली (दे ६, ५३, षड्)।

पुण्णाह पुंन [पुण्याह] १ पुण्य दिन, शुभ दिवस (गा १६५; गउड)। २ वाद्य-विशेष, 'पुण्णाहतूरेण' (स ४०१; ७३४)।

पुण्णिमसी स्त्री [पूर्णमासी] पूर्णिमा (संबोध ३६)।

पुण्णिमा स्त्री [पूर्णिमा] तिथि विशेष, पूर्णमासी (कप्प १९४)। °यंद पुं [°चन्द्र] पूर्णिमा का चन्द्र (महा, हेका ४८)।

पुण्णिमासिणी देखो पुण्णमासिणी (सम ६६; था २९, सुज्ज १०, ६)।

पुत्त पुं [पुत्र] लड़का (ठा १०; कुमा, सुपा ६९; ३३४, प्रासू २७, ७७; णाया १, २)। °वई स्त्री [°वती] लड़कावाली स्त्री (सुपा २८१)।

पुत्तजीवय पुं [पुत्रजीवक] वृक्ष विशेष, पुत्रजीवा, जियापोता का पेड़; 'पुत्तजीवयरिट्ठे' (पण्ण १—पत्र ३१)। २ न. जियापोता का बीज, 'पुत्तजीवयमालाकंकिएणं' (ण ३३७)।

पुत्तय पुं [पुत्रक] देखो पुत्त (महा)।

पुत्तरे पुंस्त्री [दे] योनि, उत्पत्ति-स्थान, 'पुत्तरे योनी' (संक्षि ४७)।

पुत्तलय पुं [पुत्रक] पुतला (सिरि ८६१; ६२, ६४)।

पुत्तलिया } स्त्री [पुत्रिका] लालमणिका, पुतली
पुत्तली } (गाम, कुम्मा ६; प्रवि ११; सुपा २६९, सिरि ८१५)।

पुत्तह देखो पुत्त (प्राप्र ३५)।

पुत्तापुत्तिय वि [पौत्रानुपुत्रिक] पुत्र-पौत्रादि के क्रमिक, 'पुत्तापुत्तियं विणि कप्पेति' (णाया १, १—पत्र १७)।

पुत्तिआ स्त्री [पुत्रिका] १ पुत्री, लड़की (कप्पि १७८)। २ पुतली (दे १, ६२, कुमा)।

पुत्तिल्ल देखो पुत्त (कप्प ३५)।

पुत्ती स्त्री [पुत्री] लड़की (स्वप्न)।

पुत्ती स्त्री [पोती] १ वस्त्र-खण्ड, मुख-वस्त्रिका (पव ६०; संबोध ५४)। २ साडी, कटी-वस्त्र (धर्मवि १७)। देखो पोत्ती।

पुत्तुल्ल पुं [पुत्र] पुत्र, लडका (प्राकृ ३५)।

पुत्थ वि [दे] मृदु, कोमल (दे ६, ५२)।

पुत्थ } पुंन [पुस्त, °क] १ लेप्यादि कर्म
पुत्थय } (श्रा १)। २ पुस्तक, पोथी, किताब; 'पुत्थए लिहावेइ' (कुप्र ३४८), 'अवहरिओ पुत्थओ सहसा' (सम्मत्त ११८)। देखो पोत्थ।

पुथवी देखो पुढवी (चंड)।

पुथुणी } (पै) देखो पुढवी (प्राकृ १२४;
पुथुवी } पि १९०)। °नाथ (पै) पुं [°नाथ] राजा (प्राकृ १२४)।

पुध देखो पिहू = पृथक् (ठा १०)।

पुधं देखो पिधं (हे १, १८८)।

पुधम } (पै) देखो पुढम, पुढुम (पि
पुधुम } १०४; हे ४, ३१६)।

पुन्न देखो पुण्ण = पुन्य, 'कह मह इत्तियापुन्ना जं सो दीसिज्ज पच्चक्खं' (सुर १२, ११८; उप ७६८ टी, कुमा)। °कंखिअ वि [°काङ्क्षित, °काङ्क्षिन्] पुण्य की चाहवाला (भग)। °कलस पुं [°कलश] एक राजा का नाम (उव ७६८ टी)। °जसा स्त्री [°यशस्] एक स्त्री का नाम (उप ७२८ टी) °पत्तिया स्त्री [°प्रत्ययिका] एक जैन मुनि-शाखा (कप्प)। °पिवासय वि [°पिपासक] पुण्य का प्यासा, पुण्य की चाहवाला (भग)। °भागि वि [°भागिन्] पुण्य का भागी, पुण्य-शाली (सुपा ६४१)। °सम्म पुं [°शर्मन्] एक ब्राह्मण का नाम (उप ७२८ टी)। °सार पुं [°सार] एक स्वनाम-ख्यात श्रेष्ठी (उप ७२८ टी)।

पुन्न देखो पुण्ण = पूर्ण (सुर २, ६७, उप ७६८ टी, ठा २, ३; अनु २)। °तल्ल पुं [°तल] एक जैन मुनि-गच्छ (कुप्र ६)। °पाय वि [°प्राय] करीब-करीब संपूर्ण, कुछ कम पूर्ण (उप ७२८ टी)। °भद्द पुं [°भद्र] १ यक्ष-विशेष (सिरि ६६६)। २ यक्ष-निकाय एक इन्द्र (ठा २, ३)। ३ एक अन्तकृद् मुनि (अंत १८)। ४ एक जैन मुनि, आर्य श्री संभूतविजय का एक शिष्य (कप्प)।

पुन्नयण पुं [पुण्यजन] यक्ष, एक देव-जाति (पाअ)।

पुन्नाग } देखो पुंनाग (कप्प, कुमा; पउम
पुन्नाम } २१, ४९; पाअ)। ३ न. पुन्नाग का
पुन्नाय } फूल (कुमा, हे १, १९०)।

पुन्नालिया } [दे] देखो पुण्णाली (सुपा
पुन्नाली } ५९९; ५९७)।

पुन्निमा देखो पुण्णिमा (रंभा)।

पुप्पुअ वि [दे] पीन, पुष्ट, उपचित (दे ६, ५२)।

पुप्फ न [पुष्प] १ फूल, कुसुम (णाया १,१; कप्प, सुर ३,६५; कुमा)। एक विमानावास, देवविमान-विशेष (देवेन्द्र १३५; सम ३८)। ३ स्त्री का रज। ४ विकास। ५ आँख का एक रोग। ६ कुबेर का विमान (हे १, २३६; २, ५३; ९०, १५४)। °इरि पुं [गिरि] एक पर्वत का नाम (पउम ७६, १०)। °कंत न [°कान्त] एक देव-विमान; 'पुप्फकंतं' (सम ३८)। °करंडय पु [°करण्डक] हस्तिशीर्ष नगर का एक उद्यान, 'पुप्फकरंडए उज्जाणे' (विपा २, १)। °केउ पुं [°केतु] १ ऐरवत क्षेत्र का सातवाँ भावी तीर्थंकर—जिनदेव (सम १५४)। २ ग्रह विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष (ठा २, ३)। °ग न [°क] १ मूल भाग, 'भाणस्स पुप्फगंतो इमेहिं कज्जेहिं पडिलेहे' (ओघ २८९)। २ पुष्प, फूल (कप्प)। ३ देखो नीचे °य (औप)। °चूला स्त्री [°चूला] १ भगवान् पार्श्वनाथ की मुख्य शिष्या का नाम (सम १५२; कप्प)। २ एक महासती, अग्निकाचार्य की सुयोग्य शिष्या (पडि)। ३ सुबाहुकुमार की मुख्य पत्नी का नाम (विपा २, १)। °चूलिया स्त्री [°चूलिका] एक जैन ग्रन्थ (निर १, ४)। °चणिया स्त्री [°र्चनिका] पुष्पों से पूजा (णाया १, २)। °चिणिया स्त्री [°चायिनी] फूल बिननेवाली स्त्री (पाअ)। °छज्जिया स्त्री [°छादिका] पुष्प-पात्र-विशेष (राज)। °ज्झय न [°ध्वज] एक देव-विमान (सम ३८)। °णंदि पुं [°नन्दिन्] एक राजा का नाम (ठा १०)। °णालिया देखो °नालिया (तंदु)। °दंत पुं [°दन्त] १ नववाँ जिनदेव, श्री सुविधिनाथ (सम ९२; ठा २, ४)। २ ईशानेन्द्र के हस्ति-सैन्य का अधिपति देव (ठा ५, १; इक)। ३ देव-विशेष (सिरि ६६७)। °दंती स्त्री [°दन्ती] दमयन्ती की माता का नाम, एक रानी (कुप्र ४८)। °नालिया स्त्री [°नालिका] पुष्प का बेंट—डंठल (तंदु ४)। °निज्जास पुं [°निर्यास] पुष्प-रस (जीव ३)। °पुर न [°पुर] पाटलिपुत्र, पटना शहर (राज)। °पूरय पुं [°पूरक] पुष्प की रचना-विशेष (णाया १, १६)। °प्पभ न [°प्रभ] एक देव-विमान (सम ३८)। °बलि पुं [°बलि] उपचार, पुष्प-पूजा (पाअ)। °बाण पुं [°बाण] कामदेव (रंभा)। °भद्द स्त्रीन [°भद्र] नगर-विशेष, पटना शहर (राज)। °मंत वि [°वत्] पुष्पवाला (णाया १, १)। °माल न [°माल] वैताढ्य की उत्तर श्रेणि का एक नगर (इक)। °माला स्त्री [°माल] ऊर्ध्व लोक में रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३७)। °य पुं [°क] १ फेन, डिण्डीर (पाअ)। २ न. ईशानेन्द्र का एक पारियानिक विमान, देव-विमान-विशेष (ठा ८; इक; पउम ७९, २८; औप)। ३ पुष्प, फूल (कप्प)। ४ ललाट का एक पुष्पाकार आभूषण (जं २)। देखो ऊपर °ग। °लाई, °लावी स्त्री [°लावी] फूल बिननेवाली स्त्री (पाअ, दे १, ९)। °लेस न [°लेश्य] एक देव-विमान (सम ३८)। °वई स्त्री [°वती] १ ऋतुमती स्त्री (दे ६, ९४, गा ४८०)। २ सत्पुरुष नामक किंपुरुषेन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ४, १; णाया २)। ३ बीसवें जिनदेव की प्रवर्तिनी—प्रमुख साध्वी का नाम (सम १५२; पव ९)। ४ चैत्य-विशेष (भग)। °वण्ण न [°वर्ण] एक देव-विमान (सम ३८)। °सिंग न [°शृङ्ग] एक देव-विमान (सम ३८)। °सिद्ध न [°सिद्ध] देव-विमान-विशेष (सम ३८)। °सुय पुं [°शुक] व्यक्ति-वाचक नाम (उव)। °वत्त न [°वर्त्त] एक देव-विमान (सम ३८)।

पुप्फस न [दे] फेफसा, शरीर का एक भीतरी अंग (पउम १०५, ५५)।

पुप्फा स्त्री [दे] फूफी, पिता की बहिन (दे ६, ५२)।

पुप्फिअ वि [पुष्पित] कुसुमित, सजातपुष्प (धर्मवि १४८, कुमा, णाया १, ११; सुपा ५८)।

पुप्फिआ स्त्री [दे] देखो पुप्फा (पाअ)।

पुप्फिआ स्त्री [पुष्पिता] एक जैन आगम-ग्रंथ (निर १, ३)।

पुप्फिम पुंस्त्री [पुष्पत्व] पुष्पपन (हे २, १५४)।

पुप्फी [दे] देखो पुप्फा (षड्)।

पुप्फुआ स्त्री [दे] करीष (गोयटा) का अग्नि 'सूइज्जइ हेमंतम्मि दुग्गओ पुप्फुआमुअचेण' (गा ३२६)।

पुप्फुत्तर न [पुष्पोत्तर] एक विमान (कप्प)। °वडिसग न [°वतसक] एक देव विमान (सम ३८)।

पुप्फुत्तरा } स्त्री [पुष्पोत्तरा] शक्कर की
पुप्फोत्तरा } एक जाति (णाया १, १७—पत्र २२६, पण्ण १७—पत्र ५३३)।

पुप्फोदय न [पुष्पोदक] पुष्प रस से मिश्रित जल (णाया १, १—पत्र १६)।

पुप्फोवय } वि [पुष्पोपग] पुष्प प्राप्त
पुप्फोवा° } करनेवाला, फूलनेवाला (वृक्ष) (ठा ३, १—पत्र ११३)।

पुम पु [पुस्] १ पुरुष, नर 'थीमपुमाए विमुज्भंता' (पच ५, ७२), 'पुमत्तमागम्म कुमार दावि' (उत्त १४, ३, ठा ८ औप)। २ पुरुष-वेद (कम्म ५, ६०)। °आणमणी स्त्री [°आज्ञापनी] पुरुष को आज्ञा देनेवाली भाषा भाषा विशेष (पण्ण ११)। °पन्नावणी स्त्री [प्रज्ञापनी] भाषा-विशेष पुरुष के लक्षणों का प्रतिपादन करनेवाली भाषा (पण्ण ११—पत्र ३६४)। °वयण न [°वचन] पुल्लिंग शब्द का उच्चारण (पण्ण ११—पत्र ३७०)।

पुम्म (अप) सक [दृश्] देखना। पुम्मइ (प्राकृ ११६)।

पुयली स्त्री [दे] पूत-प्रदेश कमर के नीचे का भाग 'पुयलिं पप्फाडमाणे (भग १५—पत्र ६७६)।

पुयावइत्ता देखो पुआव।

पुर (अप) देखो पूर = पूर्य्। पुण्ह (सिरि)।

पुर न [पुर] १ नगर, शहर (कुमा, कुप्र ४३८)। २ शरीर, देह (कुप्र ४३८)। °चंद पु [°चन्द्र] विद्याधर वंश का एक राजा (पउम ५, ४४)। °भेयण वि [°भेदन] नगर का भेदन करनेवाला। स्त्री—°णी (उत्त २०, १८)। °वइ पु [°पति] नगर का अधिपति (भवि)। °वर न [°वर] श्रेष्ठ नगर (उवा, पण्ह १, ४)। °वरी स्त्री [°वरा] श्रेष्ठ नगरी (णाया १, ६, उवा; सुर २ १५२)। °वाल पु [°पाल] नगर-रक्षक, राजा (भवि)।

पुर देखो पुर 'पुरकम्मम्मि य पुच्छा' (बृह १)।

पुरएअ } देखो पुरदेव (भवि)।
पुरएव }

पुरओ अ [पुरतस्] १ अग्रत, आगे (सम १५१, ठा ४, २, गा ३५०, कुमा औप)। २ पहले, पूर्व में 'पुरओ कय जं तु तं पुरेकम्म' (ओघ ४८६)।

पुरं अ [पुरस्] १ पहले, पूर्व में। २ समग्र, तए ण से दरिद्दे समुक्किट्ठे समाणे पच्छा पुरं च ण विउलभोगसमितिसमन्नागते यावि विहरिज्जा' (ठा २, १—पत्र ११७)। ३ अग्रे, आगे। °गम वि [°गम] अग्रगामी, पुरोवर्ती (सूअ १, ३, ३, ६)। देखो पुरे, पुरो।

पुरंजय पुं [पुरञ्जय] एक विद्याधर राजा। °पुर न [°पुर] एक विद्याधर-नगर (इक)।

पुरंदर पुं [पुरन्दर] १ इन्द्र, देवराज। २ गन्ध द्रव्य विशेष (हे १, १७७)। ३ वृक्ष-विशेष, चव्य जा पड 'पुरंदरकुसुमदाम-सुविणेण सूइया जाया' (उप ६८६ टी)। ४ एक राजर्षि (पउम २१, ८०)। ५ मन्दर-कुञ्ज नगर का एक विद्याधर राजा (पउम ६, १७०)। °जसा स्त्री [°यशस्] एक राज-कन्या का नाम (उप ६७३)। °दिसि स्त्री [°दिश्] पूर्व दिशा (उप १४२ टी)।

पुरंधि } स्त्री [पुरन्ध्री] १ बहु कुटुम्बवाली
पुरंधी } स्त्री। २ पति और पुत्रवाली स्त्री (कुमा कुप्र १०७, सुपा २६ पाअ)। ३ अनेक काल पहले ब्याही हुई स्त्री (कप्पू)।

पुरक्ख देखो पुरक्खड (सूअ २, २, १८)।

पुरक्खड पु [पुरस्कृत] १ आगे करना, अग्रतः स्थापन (आचा)। २ सम्मान, आदर (सम ४०)।

पुरक्खड वि [पुरस्कृत] १ आगे किया हुआ (आ ६)। २ पुरोवर्ती, आगामी, 'गहण-समयपुरक्खडे पोग्गले उदीरेंति' (भग १, १)।

पुरच्छा देखो पुरत्था (राज)।

पुरच्छिम देखो पुरत्थिम (ठा २, ३—पत्र ६७, सुज्ज २०—पत्र २८७, पि ५६५)। °दाहिणा स्त्री [°दक्षिणा] पूर्व-दक्षिण दिशा, अग्निकोण (ठा १०—पत्र ४७८)।

पुरच्छिमा देखो पुरत्थिमा (ठा १०—पत्र ४७८)।

पुरच्छिमिल्ल देखो पुरत्थिमिल्ल (सम ६६)।

पुरत्थ वि [पुर स्थ] आगे रहा हुआ, अग्रवर्ती, पुरस्सर, 'पुरत्थ होइ सहाय रणे सर्म तेण' (उप १०३१ टी), 'जण गहिएणण्णा इत्थ परत्थावि हु पुरत्था' (आ १४)।

पुरत्थ } अ [पुरस्तात्] १ पहले, काल
पुरत्थओ } या देश की अपेक्षा से आगे 'तप्पुर-
पुरत्था } पुरत्थमाए' (सुपा ३६०), 'मोयम्म पच्छा य पुरत्थओ य' (उत्त ३२, ३१), 'आदीणिय दुक्कडिय पुरत्था' (सूअ १, ५, १, २)। २ पूर्वदिशा, 'पुरत्थाभिमुहे' (कप्प, औप, भग, णाया १, १—पत्र १६)।

पुरत्थिम वि [पौरस्त्य, पूर्व] १ पूर्व की तरफ का 'उत्तर-पुरत्थिमे दिसीभाए' (कप्प; औप)। २ न. पूर्व दिशा 'पुरत्था पुरत्थिमाए' (णाया १ १—पत्र ५४ उवा)।

पुरत्थिमा स्त्री [पूर्वा] पूर्व दिशा, 'पुरत्थिमाओ वा दिसाओ आगओ' (आचा, मृच्छ १५८ टि)।

पुरत्थिमिल्ल वि [पौरस्त्य] पूर्व दिशा का, पूर्व दिशा में स्थित (विपा १, ७, पि ५६५)।

पुरदेव पुं [पुरदेव] भगवान् आदिनाथ, 'पुरदेवजिणस्स निव्वाणं' (पउम ४, ८७)।

पुरय देखो पुरव (गउड हे ४, २७०, ३२३)।

पुरस्सर वि [पुरस्सर] अग्रगामी (कप्पू)।

पुरा स्त्री [पुर्] नगरी, शहर (हे १, १६)।

पुरा देखो पुरिल्ला = पुरा (सूअ १, १, २, २४, विपा १, १)। °इय, °कय वि [°कृत] पूर्व काल में किया हुआ (भवि; कुप्र ३११)। °भव पुं [°भव] पूर्व जन्म (कुप्र ४०६)।

पुराअण वि [पुरातन] पुराना, प्राचीन। स्त्री. °णी (नाट—चैत १३१)।

पुराकर सक [पुरा + कृ] आगे करना। पुराकरंति (सूअ १, ५, २, ५)।

पुराण वि [पुराण] १ पुराना, पुरातन (गउड; उत्त ८, १२)। २ न. व्यासादि-मुनि-प्रणीत ग्रन्थ-विशेष, पुरातन इतिहास के द्वारा जिसमें धर्म-तत्त्व निरूपित किया जाता हो वह शास्त्र (धर्मवि ३८; भवि)। °पुरिस पुं [°पुरुष] श्रीकृष्ण (वसा १२२)।

पुरिकोवेर पुं. ब. [पुरीकौवेर] देश-विशेष (पउम ९८, ६७)।

पुरित्थिमा देखो पुरत्थिमा (सूअ २, १, ६)।

पुरिम देखो पुव्व = पूर्व (हे २, १३५; प्राकृ २८; भग; कुमा); 'पंचवओ खलु धम्मो पुरिमस्स य पच्छिमस्स य जिणस्स' (पव ७४; पंचा १७, १)। °ड्ढ पुंन [°र्ध] १ पूर्वार्ध। २ प्रत्याख्यान-विशेष (पंचा ५; पडि)। ३ तप-विशेष, निर्विकृतिक तप (संबोध ५७)। °ड्ढिय वि [°र्धिक] 'पुरिमड्ढ' प्रत्याख्यान करनेवाला (पण्ह २, १; ठा ५, १)।

पुरिम वि [पौरस्त्य] अग्र-भव, अग्रेतन, आगे का; 'इय पुव्वुत्तचउक्के झाणेसु पढमदुगि खु मिच्छत्तं। पुरिमदुगे सम्मत्तं' (संबोध ५२)।

पुरिम पुं [दे] प्रस्फोटन, प्रतिलेखन की क्रिया-विशेष, 'छ पुरिमा नव खोडा' (ओघ २६५)।

पुरिमताल न [पुरिमताल] नगर-विशेष (विपा १, ३; औप)।

पुरिमिल्ल वि [पूर्वीय] पहले का, पुरातन, प्राचीन; 'आसि नरा पुरिमिल्ला, ता किं अम्हेवि तह होमो' (चेइय ११५)।

पुरिल पुं [दे] दैत्य, दानव (षड्)।

पुरिल्ल वि [पुरातन] पुरा-भव, पहले का, पूर्ववर्ती (विसे १३२९; हे २, १६३)।

पुरिल्ल वि [पौरस्त्य] पुरो-भव, पुरो-वर्ती, अग्र-गामी (से १३, २; हे २, १६३; प्राप्र; षड्)।

पुरिल्ल वि [पौर] पुर-भव, नागरिक (प्राकृ ३५; हे २, १६३)।

पुरिल्ल वि [दे] प्रवर, श्रेष्ठ (दे ६, ५३)।

पुरिल्ल देखो पुरिल्ला = पुरा, पुरस्; 'पुरिल्लो' (हे २, १६४ टि; षड्)।

पुरिल्लदेव पुं [दे] असुर, दानव (दे ६, ५५)।

पुरिल्लपहाणा स्त्री [दे] सांप की दाढ (दे ६, ५६)।

पुरिल्ला अ [पुरा] १ निरन्तर क्रिया-करण, विच्छेद-रहित क्रिया करना। २ प्राचीन, पुराना। ३ पुराने समय में। ४ भावी। ५ निकट, सन्निहित। ६ इतिहास, पुरावृत्त (हे २, १६४)।

पुरिल्ला अ [पुरस्] आगे, अग्रतः (हे २, १६४)।

पुरिस पुंन [पुरुष] १ पुमान्, नर, मर्द (हे १, १२४, भग, कुमा, प्रासू १२९), 'इत्थीणि वा पुरिसाणि वा' (आचा २, ११, १८)। २ जीव, जीवात्मा (विसे २०९०; सूअ २, १, २६)। ३ ईश्वर (सूअ २, १, २६)। ४ शङ्कु, छाया नापने का काष्ठादि-निर्मित कीलक। ५ पुरुष-शरीर (णंदि)। °कार, °क्कार, °गार पुं [°कार] १ पौरुष, पुरुषपन, पुरुष-चेष्टा, पुरुष-प्रयत्न (प्रासू ४३; उवा; सुर २, ३५; उवर ४७)। २ पुरुषत्व का अभिमान (औप)। °जाय पुं [°जात] १ पुरुष। २ पुरुष-जातीय (सूअ २, १, ६; ७, ठा ३, १; २; ४, १)। °जुग न [°युग] क्रम स्थित पुरुष (सम ६८)। °जेट्ठ पुं [°ज्येष्ठ] प्रशस्त पुरुष (पंचा १७, १०)। °त्त, °त्तण न [°त्व] पौरुष, पुरुषपन; 'नहि नियजुवइसलहिया पुरिसा पुरिसत्तणमुविंति' (सुर २, २४; महा, सुपा ८४)। °त्थ पुं [°र्थ] धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष रूप पुरुष-प्रयोजन, 'सयलपुरिसत्थकारणमइदुलहो माणुसो भवो एसो' (धर्मवि ८२; कुमा, सुपा १२६)। °पुंडरीअ पु [°पुण्डरीक] इस अवसर्पिणी काल में उत्पन्न छठ्ठा वासुदेव (पव २१०)। °प्पणीय वि [°प्रणीत] १ ईश्वर-निर्मित। २ जीव-रचित (सूअ २, १, २६)। °मेह पुं [°मेध] यज्ञ-विशेष, जिसमें पुरुष का होम किया जाय वह यज्ञ (राज)। °यार देखो °कार (गउड, सुर २, १६, सुपा २७१)। °लक्खण न [°लक्षण] कला-विशेष, पुरुष के शुभाशुभ चिह्न पहचानने की एक सामुद्रिक कला (जं २)। °लिंग, न [°लिङ्ग] पुरुष-चिह्न। °लिंगसिद्ध पुं [°लिङ्गसिद्ध] पुरुष-शरीर से जो मुक्त हुआ हो वह (णंदि)। °वयण न [°वचन] पुंलिंग शब्द (आचा २, ४, १, ३)। °वर पुं [°वर] श्रेष्ठ पुरुष (औप)। °वरगंधहत्थि पुं [°वरगन्धहस्तिन्] १ पुरुषों में श्रेष्ठ गन्धहस्ती के तुल्य। २ जिन-देव (भग; पडि)। °वरपुंडरीय पुं [°वरपुण्डरीक] १ पुरुषों में श्रेष्ठ पद्म के समान। २ जिन-देव, अर्हन् (भग, पडि)। °विजय पुं [°विचय, °विजय] ज्ञान-विशेष (सूअ २, २, २७)। °वेय पुं [°वेद] १ कर्म विशेष, जिसके उदय से पुरुष को स्त्री-संभोग की इच्छा होती है वह कर्म। २ पुरुष को स्त्री-भोग की अभिलाषा (पण्ण २३; सम १५०)। °सिंह, °सीह पु [°सिंह] १ पुरुषों में सिंह के समान, श्रेष्ठ पुरुष। २ पु. जिनदेव, जिन भगवान् (भग, पडि)। ३ भगवान् धर्मनाथ के प्रथम श्रावक का नाम (विचार ३७८)। ४ इस अवसर्पिणी काल में उत्पन्न पाँचवाँ वासुदेव (सम १०५; पउम ५, १५५; पव २१०)। °सेण पुं [°सेन] १ भगवान् नेमिनाथ के पास दीक्षा लेकर मोक्ष जानेवाला एक अन्तकृद् महर्षि, जो वासुदेव के अन्यतम पुत्र थे (अंत १४)। २ भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर अनुत्तर विमान में उत्पन्न होनेवाले एक मुनि, जो राजा श्रेणिक के पुत्र थे (अनु १)। °दाणिअ, °दाणीय पुं [°दानीय] उपादेय पुरुष, आप्त पुरुष (सम १३, कप्प)।

पुरिसकारिआ स्त्री [पुरुषकारिका, °ता] पुरुषार्थ, प्रयत्न (दस, ५, २, ६)।

पुरिसाअ अक [पुरुषाय्] विपरीत मैथुन करना। वकृ. पुरिसाअंत (गा १९६; ३९१)।

पुरिसाइअ न [पुरुषायित] विपरीत मैथुन (दे १, ४२)।

पुरिसाइर वि [पुरुषायितृ] विपरीत रत करनेवाला, 'दरपुरिसाइरि विसमिरि गुजाण पुरिसाण जं दुक्खं' (गा ५२; ४४६)।

पुरिसुत्तम, पुरिसोत्तम पुं [पुरुषोत्तम] १ उत्तम पुरुष, श्रेष्ठ पुमान्। २ जिन-

देव, अर्हन् (सम १; भग, पडि)। ३ चौथा त्रिखण्डाधिपति, चतुर्थ वासुदेव (सम ७०; पउम ५, १५५)। ४ भगवान् अनन्तनाथ का प्रथम श्रावक (विचार ३७८)। ५ श्रीकृष्ण (सम्मत २२६)।

पुरी स्त्री [पुरी] नगरी, शहर (कुमा)। °नाह पु [°नाथ] नगरी का अधिपति, राजा (उप ७२८ टी)।

पुरीस पुन [पुरीष] विष्ठा (णाया १, ८, उप १३९ टी; ३२० टी, पाअ); 'मुत्तपुरीसे य पिक्खंति' (धर्मवि १९)।

पुरु पुं [पुरु] १ स्व-नाम-ख्यात एक राजा (अभि १७६)। २ वि. प्रचुर, प्रभूत। स्त्री. °ई (प्राकृ २८)।

पुरुपुरिआ स्त्री [दे] उत्कण्ठा, उत्सुकता (दे ६, ५)।

पुरुमिल्ल देखो पुरिमिल्ल (गउड)।

पुरुव } देखो पुव्व = पूर्व; 'ण ईरिसो
पुरुव्व } दिट्ठपुव्वो' (स्वप्न ५५), 'अमद-माणदणुदंतपुरुव्व' (सुपा २२, नाट—मृच्छ १२१; पि १२५)।

पुरुस (शौ) देखो पुरिस (प्राकृ ८३; स्वप्न २६; भवि ८५; प्रयौ ९६)।

पुरुसोत्तम (शौ) देखो पुरिसोत्तम (पि १२४)।

पुरुहूअ पुं [दे] घूक, उल्लू (दे ६, ५५)।

पुरुहूअ पुं [पुरुहूत] इन्द्र, देव-राज (गउड)।

पुरूरव पुं [पुरूरवस्] एक चंद्र-वंशीय राजा (पि ४०८; ४०९)।

पुरे देखो पुरं; 'जस्स नत्थि पुरे पच्छा मज्झे तस्स कुओ सिया' (आचा)। °कड वि [°कृत] आगे किया हुआ, पूर्व में किया हुआ (औप, सूप १, ५, २, १; उत्त १०, ३)। °कम्म न [°कर्मन्] पहले करने का काम; पूर्व में की जाती क्रिया; 'पुरओ कयं जं तु तं पुरेकम्मं' (ओघ ४८६; हे १, ५७)। °कार पुं [°कार] सम्मान, आदर (उत्त २९, ७; सुप २९, ७)। °कखड देखो °कड (पण्ण ३६—पत्र ७९६, पण्ह १, १)। °वाय पुं [°वात] १ सन्मुख वायु। २ पूर्व दिशा का पवन (णाया १, ११—पत्र १७१)। °संगडि स्त्री [दे. संस्कृति] पहले ही किया जाता जिमनवार —भोजनोत्सव; (आचा २, १, २, ९; २, १ ४, १)। °संथुय वि [°संस्तुत] १ पूर्व-परिचित। २ स्व-पक्ष का सगा (आचा २, १, ४, ५)।

पुरेस पुं [पुरेश] नगर-स्वामी (भवि)।

पुरो देखो पुरं (मोह ४६, कुमा)। °अ, °ग वि [°ग] अग्रगामी, अग्रेसर (प्रति ४०; विसे २५४८)। °गम वि [°गम] वही अर्थ (उप पृ ३५१)। °भाइ वि [°भागिन्] दोष को छोड कर गुण-मात्र को ग्रहण करने वाला (नाट—विक्र ६७)।

पुरोकर सक [पुरस् + कृ] १ आगे करना। २ स्वीकार करना। ३ सम्मान करना। संकृ. पुरोकरिअ, पुरोकाउं (मा १६, सूप्र १, १, ३, १५)।

पुरोत्तमपुर न [पुरोत्तमपुर] एक विद्याधर-नगर का नाम (इक)।

पुरोवग पुं [पुरोपक] वृक्ष-विशेष (औप)।

पुरोह पुं [पुरोधस्] पुरोहित (उप ७२८ टी; धर्मवि १४६)।

पुरोहड वि [दे] १ विषम, असम। २ पच्छीकड (?) (दे ६, १५)। ३ पुंन. आवृत भूमि का वास्तु (दे ६, १५)। ४ अग्रद्वार, दरवाजा का अग्रभाग (ओघ ६२२)। ५ बाडा, वाटक; 'संमासमए पत्ते मज्झ वलहा पुरोहडस्संतो। मह दिट्ठीए दीसवि ठाएयव्वा' (सुपा ५४५, बृह २)।

पुरोहिअ पुं [पुरोहित] पुरोधा, याजक, होम आदि से शान्ति-कर्म करनेवाला ब्राह्मण (कुमा, काल)।

पुल पुं [दे. पुल] छोटा फोडा, फुनसी; 'ते पुला भिज्जंति' (ठा १०—पत्र ५२१)।

पुल वि [पुल] समुच्छ्रित, उन्नत; 'पुलनिप्पुलाए' (दस १०, १६)।

पुल अक [पुल्] उन्नत होना (दस १०, १६)।

पुल } सक [दृश्] देखना। पुलइ, पुलअइ
पुलअ } (प्राकृ ७१; हे ४, १८१, प्राप्र ८, ६९)। पुलएइ (गउड १०६३), पुलएमि (गा ५३१)। वकृ. पुलंत, पुलअंत, पुलएंत (कप्पू, नाट—मालवि ६; पउम ३, ४७; ८, १६०, सुर ११, १२०, १२, २०४; ७, २१२)। संकृ. पुलइअ (स ६८९)।

पुलअ पुं [पुलक] १ रोमाञ्च (कुमा)। २ रत्न-विशेष, मणि की एक जाति (पण्ण १; उत्त ३६, ७७; कप्प)। ३ जलचर जन्तु-विशेष, ग्राह का एक भेद; 'सीमागारपुलु(?ल)-यमुसुमार—' (पण्ह १, १—पत्र ७)। °कंड पुन [°काण्ड] रत्नप्रभा नरक-पृथिवी का एक काण्ड (ठा १०)।

पुलअण वि [दर्शन] देखनेवाला, प्रेक्षक (कुमा)।

पुलअण न [पुलकन] पुलकित होना (कप्पू)।

पुलआअ अक [उत् + लस्] उल्लसित होना, उल्लास पाना। पुलआअइ (हे ४, २०२)। वकृ. पुलआअमाण (कुमा)।

पुलइअ वि [दृष्ट] देखा हुआ (गा ११८; सुर १४, ११; पाअ)।

पुलइअ वि [पुलकित] रोमाञ्चित (पाअ, कुमा ४, १९; कप्प; महा, गा २०)।

पुलइज्ज अक [पुलकाय्] रोमाञ्चित होना। वकृ. पुलइज्जत (सण)।

पुलइल्ल वि [पुलकिन्] रोमाञ्च-युक्त, रोमाञ्चित (वज्जा १६४)।

पुलएंत देखो पुलअ = दृश्।

पुलधअ पुं [दे] भ्रमर, भौंरा (षड्)।

पुलंपुल न [दे] अनवरत, निरन्तर (पण्ह १, ३—पत्र ४५; औप)।

पुलक } देखो पुलअ = पुलक (पि २०३ टि;
पुलग } णाया १, १; सम १०४, कप्प)।

पुलय पुंन [पुलक] कीट-विशेष (आचा २, १३, १)।

पुलाग } पुंन [पुलाक] १ असार अन्न, 'धन्न-
पुलाय } मसारं भन्नइ पुलायसद्देण' (संबोध २८; पव ९३), 'निस्सारए होइ जहा पुलाए' (सूप्र १, ७, २६)। २ चना आदि क्षुद्र अन्न (उत्त ८, १२; सुख ८, १२)। ३ लहसुन आदि दुर्गन्ध द्रव्य। ४ दुष्ट रसवाला द्रव्य; 'तिविहं होइ पुलागं धण्णे गंधे रस-पुलाए य' (बृह ५)। ५ पुं. अपने संयम को निस्सार बनानेवाला मुनि, शिथिलाचारी साधुओं का एक भेद (ठा ३, २; ५, ३; संबोध २८, पव ९३)।

पुलासिअ पुं [दे] अग्नि-कण (दे ६, ५५)।

पुलिंद पुं [पुलिन्द] १ अनार्य देश-विशेष (इक)। २ पुंस्त्री. उस देश में रहनेवाला मनुष्य (पण्ह १, १; औप; कप्पू; उव)। स्त्री. °दी (णाया १, १; औप)।

पुलिण न [पुलिन] तट, किनारा, 'ओइण्णो नइपुलिणाओ' (पउम १०, ५४)। २ लगातार बाईस दिनों का उपवास (सबोध ५८)।

पुलिय न [पुलिन] गति-विशेष (औप)।

पुलुट्ट वि [प्लुष्ट] दग्ध (पाअ)।

पुलोअ सक [दृश्, प्र + लोक्] देखना। पुलोएइ (हे ४, १८१; सुर १, ८९)। वकृ. पुलअंत, पुलोएंत (पि १०४, सुर ३, ११८)।

पुलोअण न [दर्शन, प्रलोकन] विलोकन (दे ६, ३०; गा ३२२)।

पुलोइअ वि [दृष्ट, प्रलोकित] १ देखा हुआ (सुर ३, १९४)। २ न. अवलोकन (से ७, ५९)।

पुलोएंत देखो पुलोअ।

पुलोम पुं [पुलोमन्] दैत्य विशेष। °तणया स्त्री [°तनया] शची, इन्द्राणी (पाअ)।

पुलोमी स्त्री [पौलोमी] इन्द्राणी (प्राकृ १०; हे १, १६०)।

पुलोव देखो पुलोअ। पुलोवेदि (शौ) (पि १०४)।

पुलोस पुं [प्लोष] दाह, दहन (गउड)।

पुल्ल [दे] देखो पोल्ल (सुख ९, १)।

पुल्लि पुंस्त्री [दे] १ व्याघ्र, शेर (दे ६, ७९; पाअ)। २ सिंह, पञ्चानन, मृगेन्द्र (दे ६, ७९)। स्त्री. 'को पियइ पयं च पुल्लीए' (सुपा ३१२)।

पुव } सक [प्लु] गति करना, चलना।
पुव्व } पुवति (पि ४७३), पुव्वंति (भग १५—पत्र ६७०, टी—पत्र ६७३)।

पुव्व° देखो पुण = पू।

पुव्व वि [पूर्व] १ दिशा, देश और काल की अपेक्षा से पहले का, आद्य, प्रथम (ठा ४, ४, जी १; प्रापू १२२)। २ समस्त, सकल। ३ ज्येष्ठ भ्राता (हे २, १३५; षड्)। ४ पुंन. काल-मान विशेष, चौरासी लाख को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो उतने वर्ष (ठा २, ४, सम ७४; जी ३७; इक)। ५ जैन ग्रन्थांश-विशेष, बारहवें अंग ग्रन्थ का एक विशाल विभाग, अध्ययन, परिच्छेद, 'चोद्दसपुव्वी' (विपा १, १)। ६ द्वन्द्व, वधू-वर आदि युग्म, 'पुव्वट्ठाणाणि' (आचा २, ११, १३)। ७ पूर्व-ग्रन्थ का ज्ञान (कम्म १, ७)। ८ कारण, हेतु (णंदि)। °कालिय वि [°कालिक] पूर्व काल का, पूर्व काल से संबन्ध रखनेवाला (पण्ह १, २—पत्र २८)। °गय न [°गत] जैन शास्त्रांश-विशेष, बारहवें अंग का विभाग-विशेष (ठा १०—पत्र ४९१)। °ण्ह पुं [°ह्ण] २ दिन का पूर्व भाग, सुबह से दो पहर तक का समय (हे १, ६७)। २ तप-विशेष, 'पुरिमड्ढ' तप (संबोध ५८)। °तव पुंन [°तपस्] वीतराग अवस्था के पहले का—सराग अवस्था का तप (भग)। °दारिअ वि [°द्वारिक] पूर्व दिशा में गमन करने से कल्याण-कारी (नक्षत्र) (सम १२)। °द्ध पुंन [°र्ध] पहला आधा (नाट)। °धर वि [°धर] पूर्व-ग्रन्थ का ज्ञान-वाला (पण्ह २, १)। °पय न [°पद] उत्सर्ग-स्थान (निचू १)। °पुट्ठवया स्त्री [°प्रोष्ठपदा] नक्षत्र-विशेष (सुज्ञ १०, ५)। °पुरिस पुं [°पुरुष] पूर्वज, पुरखा (सुर २, १९४)। °प्पओग पुं [°प्रयोग] पहले की क्रिया, पूर्व काल का प्रयत्न (भग ८, ९)। °फग्गुणी स्त्री [°फाल्गुनी] नक्षत्र-विशेष (राज)। °भद्दवया स्त्री [°भाद्रपदा] नक्षत्र-विशेष (राज)। °भव पुं [°भव] गत जन्म, अतीत जन्म (णाया १, १)। °भविय वि [°भविक] पूर्वजन्म संबंधी (भवि)। °य पुं [°ज] पूर्व पुरुष, पुरखा (सुपा २३२)। °रत्त पु [°रात्र] रात्रि का पूर्व भाग (भग, महा)। °व न [°वत्] अनुमान प्रमाण का एक भेद (अणु)। °विदेह पुं [°विदेह] महाविदेह वर्ष का पूर्वीय हिस्सा (ठा २, ३, इक)। °समास पुंन [°समास] एक से ज्यादा पूर्व-शास्त्रों का ज्ञान (कम्म १, ७)। °सुय न [°श्रुत] पूर्व का ज्ञान (राज)। °सूरि पुं [°सूरि] पूर्वाचार्य, प्राचीन आचार्य (जीव १)। °हर देखो °धर (पउम ११८, १२१)। °णुपुव्वी स्त्री [°नुपूर्वी] क्रम, परिपाटी (भग, विपा १, १; औप, महा)। °णह देखो °ण्ह (हे १, ६७; षड्)। °फग्गुणी देखो °फग्गुणी (सम ७, इक)। °भद्दवया देखो °भद्दवया (सम ७)। °साढा स्त्री [°षाढा] नक्षत्र-विशेष (सम ९)।

पुव्वंग पुंन [पूर्वाङ्ग] १ समय-परिमाण-विशेष, चौरासी लाख वर्ष (ठा २, ४, इक)। २ पक्ष के पहले दिन का नाम, प्रतिपत् (सुज्ञ १०, १४)।

पुव्वंग वि [दे] मुण्डित (षड्)।

पुव्वा स्त्री [पूर्वा] पूर्व दिशा (कुमा)।

पुव्वाड वि [दे] पीन, मांसल, पुष्ट (दे ६, ५२)।

पुव्वामेव अ [पूर्वमेव] पहले ही (कस)।

पुव्वावईणय न [पूर्वावकीर्णक] नगर-विशेष (इक)।

पुव्विं वि [पूर्विन्] पूर्व-शास्त्र का जानकार (विपा १, १; राज)।

पुव्वि } क्रिवि [पूर्वम्] पहिले, पूर्व में
पुव्विं } (णाया, उवा, सुर १, १९४; ४, १११; औप)। °संथव पुं [°संस्तव] पूर्व में की जाती श्लाघा, जैन मुनि की भिक्षा का एक दोष, भिक्षा-प्राप्ति के पहले दायक की स्तुति करना (ठा ३, ४)।

पुव्विम पुंस्त्री [पूर्वत्व] पहिलापन, प्रथमता (षड्)।

पुव्विल्ल वि [पूर्व, पूर्वीय] पहले का, पूर्व का; 'पुव्विल्लमम करणं' (चेइय ८८९); 'पुव्विल्लए किंचिवि दुट्ठकम्मे' (निसा ४; सुपा ३४६; सण)।

पुव्वुत्त वि [पूर्वोक्त] पहले कहा हुआ, पूर्व में उक्त (सुर २, २४८)।

पुव्वुत्तरा स्त्री [पूर्वोत्तरा] ईशान कोण (राज)।

पुस सक [प्र + उञ्छ्, मृज्] साफ करना, शुद्ध करना, पोंछना। पुसइ (प्राकृ ६६; हे ४, १०५, गा ४३३)। कवकृ. पुसिज्जंत (गा २०६)।

पुस देखो पुस्स (प्राकृ २६; प्राप्र)।

पुस पुं [पौष] मास-विशेष, पौष मास, 'पुसो' (प्राकृ १०)।

पुसिअ वि [प्रोञ्छित, मृष्ट] पोछा हुआ (गउड, से १०, ४२, गा ५४)।

पुसिअ पुं [पृषत] मृग विशेष (गा ६२९)।

पुस्स पु [पुष्य] १ नक्षत्र-विशेष, कृत्तिका से आठवाँ नक्षत्र (प्राकृ २६; प्रप्र, सम ८; १७ ठा २. ३)। २ रेवती नक्षत्र का अधिपति देव (सुज्ञ १०, १२)। ३ ऋषि-विशेष (राज)। °माणअ, °माणव पुं [°मानव] मागध, स्तुति पाठक, भाट-चारण आदि (णाया १, ८—पत्र १३३, टी—पत्र १३६)। देखो पुस = पुष्य।

पुस्सदेवय न [पुष्यदैवत] जैनेतर शास्त्र-विशेष (णंदि १५४)।

पुस्सायण न [पुष्यायण] गोत्र विशेष (सुज्ञ १०, १६)।

पुह } देखो पिह = पृथक् (हे १, १८८)।
पुह } °ब्भूय वि [°भूत] अलग, जो जुदा हुआ हो (अज्झ ९०)।

पुहइ° } स्त्री [पृथिवी] १ तृतीय वासुदेव की
पुहई } माता का नाम (पउम २०, १८४)। २ एक नगरी का नाम (पउम २०, १८८)। २ भगवान् सुपार्श्वनाथ की माता का नाम (सुपा ३९)। ४—देखो पुढवी, पुहवी (कुमा, हे १, ८८, १३१)। °धर पुं [°धर] राजा (पउम, ८५, ४)। °नाह पुं [°नाथ] राजा (सुपा १२२)। °पहु पुं [°प्रभु] राजा (उप ७२८ टी)। °पाल पुं [°पाल] राजा (सुर १, २४३)। °राय पुं [°राज] विक्रम की बारहवीं शताब्दी का शाकम्भरी देश का एक राजा, 'पुहईराएण सयंभरीनरिंदेण' (मुणि १०९०१)। °वइ पुं [°पति] राजा (सुपा २०१, २४८, ५१६)। °वाल देखो °पाल (उप ६४८ टी)।

पुहईसर पु [पृथिवीश्वर] राजा (सुपा १०७, २४१)।

पुहत्त न [पृथक्त्व] १ भेद, पार्थक्य (अणु)। २ विस्तार (राज)। ३ बहुत्व (भग १, २, ठा १०)। ४ वि. भिन्न, अलग, 'अत्थपुहत्तस्स' (विसे १०६९)। °वियक्क न [°वितर्क] शुक्ल ध्यान का एक भेद (संबोध ५१)। देखो पुहुत्त, पोहत्त।

पुहत्तिय देखो पोहत्तिय (भग)।

पुहय देखो पिह = पृथक्, 'पुहय देवीए' (कुमा)।

पुहवि° } देखो पुढवी, पुहई (पि ३८६, श्रा
पुहवी } १४, प्रप्र, प्रासू ५, ११३; सम १५१, स १५२)। ९ भगवान् श्रेयांसनाथ की दीक्षा शिविका (विचार १२९)। १० एक छन्द का नाम (पिंग)। °चंद पु [°चन्द्र] एक राजा (यति ५०)। °पाल पुं [°पाल] १ एक राजकुमार (उप ९८६ टी)। २ देखो पुहई-पाल (सिरि ४५)। °पुर न [°पुर] एक नगर का नाम (उप ८४४)।

पुहवीस पुं [पृथिवीश] राजा (हे १, ६)।

पुहु वि [पृथु] विशाल, विस्तीर्ण। स्त्री. °ई (प्राकृ २८)।

पुहुत्त न [पृथक्त्व] १ दो से नव तक की संख्या (सम ४४, जी ३०, भग)। २—देखो पुहत्त (ठा १०—पत्र ४७१, ४९५)।

पुहुवी देखो पुहुई (हे २, ११३)।

पू° देखो पुं°। °सुअ पुं [°शुक] तोता, मदनपिक पक्षि (गा ५६३ अ)।

पूअ सक [पूजय्] पूजा करना। पूएइ (महा)। कर्म. पूइज्जसि (गउड)। वकृ. पूयंत (सुपा २२४)। कवकृ. पूइज्जंत (पउम ३२, ९)। कृ. पूअणीअ, पूएअव्व, पूअणिज्ज (नाट—मृच्छ १९५, उत्तर १९६, औप, णाया १, १ टी, पचा २, ८, उप ३२० टी)। संकृ. पूइऊण (महा)।

पूअ न [दे] दधि, दही (दे ६, ५६)।

पूअ पुं [पूग] १ वृक्ष विशेष, सुपारी का गाछ (गउड)। २ न. फल विशेष, सुपारी (स ३४५)। देखो पूग। °फली, °फली स्त्री [°फली] सुपारी का पेड (पउम ५३, ७९, पण्ण १)।

पूअ न [पूर्त] तालाब, कुआँ आदि खुदवाना, अन्न-दान करना, देव मन्दिर बनाना आदि जन-समूह के हित का कार्य, 'गरहियाणि इट्ठपूयाणि' (स ७१३)।

पूअ वि [पूत] १ पवित्र, शुद्ध (णाया १, ५, औप)। २ न. लगातार छः दिनों का उपवास (संबोध ५८)। ३ वि. सूप आदि से साफ—तुष-रहित किया हुआ (णाया १, ७—पत्र ११६)।

पूअ न [पूय] पीब, दुर्गन्ध रक्त, व्रण से निकला हुआ गन्दा सफेद बिगड़ा हुआ खून (पण्ह १, १, णाया ३, ८)।

पूअण न [पूजन] पूजा, सेवा (कुमा, औप, सुपा ५८४, महा)।

पूअणा स्त्री [पूजना] १ ऊपर देखो (पण्ह २, १, से ७६३, संबोध ९)। २ काम-विभूषा (सूअ १, ३, ४, १७)।

पूअणा } स्त्री [पूतना] १ दुष्ट व्यन्तरी, डाइन,
पूअणी } डाकिनी (सूअ १, ३, ४, १३, पिंडभा ४१, सुपा २६; पण्ह १, ४)। २ गाडर, भेडी, मेषी (सूअ १, ३, ४, १३)।

पूअय वि [पूजक] पूजा करनेवाला (सुर १३, १४३)।

पूअर देखो पोर = पूतर (श्रा १४, जी १५)।

पूअल पु [पूप] अपूप, पूआ, खाद्य विशेष (दे ६, १८)।

पूअलिया स्त्री [पूपिका] ऊपर देखो (पव ४)।

पूआ स्त्री [दे] पिशाच-गृहीता, भूताविष्ट स्त्री (दे ६, ५४)।

पूआ स्त्री [पूजा] पूजन, अर्चा, सेवा (कुमा)। °भत्त न [°भक्त] पूज्य के लिए निष्पादित भोजन (बृह २)। °मह पु [°मह] पूजोत्सव (कुप्र ८५)। °रह पु [°रथ] राक्षस-वंश में उत्पन्न एक राजा का नाम, एक लंका-पति (पउम ५, २५९)। °रिह, °रुह वि [°र्ह] पूजा-योग्य (सुपा ४६१, अभि ११८)।

पूआहिज्ज वि [पूजाहार्य] पूजित-पूजक (ठा ५, ३ टी—पत्र ३४२)।

पूइ वि [पूति] १ दुर्गन्धी, दुर्गन्धवाला (पउम ४४, ५५' उप ७२८ टी, तंदु ४१) २। अपवित्र (पचा १३, ५)। ३ स्त्री. दुर्गन्ध। ४ अपवित्रता (तंदु ३८)। ५ भिक्षा का एक दोष, पूति कर्म (पिंड २६८)। ६ रोग विशेष, एक नासिका-रोग, नासा-रोग (विसे २०८)। ७ पूय, पीब, 'गलंतपूइनिवह' (महा), 'पूइ-वसरुहिरपुन्न' (सुर १४, ४६), 'जहा मुणी

पूइकरणी (उत्त १, ४)। ८ वृक्ष-विशेष, एकास्थिक वृक्ष की एक जाति, 'पूई य निंबकरए' (पण्ण १—पत्र ३१)। °कम्म पुंन [°कर्मन्] मुनि भिक्षा का एक दोष, पवित्र वस्तु में अपवित्र वस्तु को मिलाकर दी जाती भिक्षा का ग्रहण (ठा ३, ४ टी, औप, पचा १३, ५)। °म वि [°मत्] १ दुर्गन्धी। २ अपवित्र (तदु ३८)।

पूइ वि [पूति] कुथित, सड़ा हुआ (आचा २, १, ८, ४)। °पिन्नाग पुंन [°पिण्याक] सर्षप-खल, सरसो की खली (दस ५, २, २२)।

पूइअ वि [पूयित] ऊपर देखो (राय १८)।

पूइआलुग न [दे. पूत्यालुक] जल मे होनेवाली वनस्पति-विशेष (आचा २, १, ८—सूत्र ४७)।

पूइज्जत देखो पूअ = पूजय्।

पूइम वि [पूज्य] पूजा योग्य, सम्माननीय, 'जया य पूइमो होइ पच्छा होइ अपूइमो' (दसचू १, ४)।

पूइय वि [पूजित] अर्चित, सेवित (औप, उव)।

पूइय वि [पूतिक] १ अपवित्र, अशुद्ध, दूषित (पण्ह २, ५, उप पृ २१०)। २ दुर्गन्धी, दुष्ट गन्धवाला (णाया १, ८, तदु ४१)। ३ पूति नामक भिक्षा दोष से युक्त (पिंड २६८)।

पूइय देखो पोइय = (दे), 'बलो गओ पूइयाबणं (सुख २, २९, उप)।

पूएअव्व देखो पूअ = पूजय्।

पूडरिअ न [दे] कार्य, काम, काज, प्रयोजन (दे ६, ५७)।

पूग पु [पूग] १ समूह, संघात (मोह २८)। २ देखो पूअ = पूग (स ७०, ७१)।

पूगी स्त्री [पूगी] सुपारी का पेड़। °फल न [°फल] सुपारी, कसैली (रयण ५५)।

पूज देखो पूअ = पूजय्। कर्म. पूज्जए (उव)। वर्त्त. पूजयंत (विसे २८८८)। कृ. पूज्ज, पूज (पउम ११, ६७, गुपा १८०, सुर १, १७, उवर १९६, उव, उप ५६८)।

पूजग देखो पूअय (पंचा ४, ४४)।

पूजण देखो पूअण (पंचा ६, ३८)।

पूजा देखो पूआ = पूजा (उप १०१९)।

पूजिय देखो पूइय = पूजित (औप)।

पूण पु [दे] हस्ती, हाथी (दे ६, ५६)।

पूणिआ } स्त्री [दे] पूणी, पूनी, रुई की
पूणी } पहल (दे ६, ७८; ६, ५६)।

पूप देखो पूअल (पिंड ५५७)।

पूयइ पुं [पूपकिन्] हलवाई (णदि १९४)।

पूयंत देखो पूअ = पजय्।

पूयली स्त्री [दे] रोटी (आचा २, १ ८, ६)।

पूयावणा स्त्री [पूजना] पूजा कराना (सबोध १५)।

पूर सक [पूरय्] पूर्ति करना, भरना। पूरइ, पूरए (हे ४, १६९, औप, भग महा पि ४६२)। वकृ. पूरंत, पूरयत (कुमा, कप्प, औप)। कवकृ. पुज्जंत, पुज्जमाण, पूरिज्जत, पूरत, पूरमाण (उप पृ १५४, सुपा ६८, उप १३९ टी, भवि, गा ११६, से ११, ६३, ६, ६७)। संकृ पूरित्ता (भग), पूरि (अप) (पिंग)। हेकृ पूरिइत्तए (पि ५७८)। कृ पूरिअव्व (से ११, ४४)।

पूर पुं [पूर] १ जल समूह, जल प्रवाह, जलधारा (कुमा)। २ खाद्य विशेष, 'कप्पूरपूरसहिए तबोले' (सुर २, ६०)। ३ वि. पूरा, पूर्ण, 'पूराणि य से समं पणइमणोरहेहिं अज्जेव सत्त राइदियाइं, भविस्सइ य सुए सामिणी विज्जासिद्धी' (स ३६३)।

पूरइत्तअ (शौ) वि [पूरयितृ] पूर्ण करनेवाला (मा ४३)।

पूरतिया स्त्री [पूरयन्तिका] राजा की एक परिषत्—परिवार (राज)।

पूरग वि [पूरक] पूर्ति करनेवाला (कप्प, औप, रयण ७७)।

पूरण न [पूरण] शूर्प, सूप, सिरकी का बना एक पात्र जिसमे अन्न पछोरा जाता है (दे ६, ५६)।

पूरण न [पूरण] १ पूर्ति, 'समस्तापूरणं' (सिरि ८६८)। २ पालन (आचू ५)। ३ पुं. यदुवंश के राजा अन्धकवृष्णि का एक पुत्र (अंत ३)। ४ एक गृह-पति का नाम (उवा)। ५ वि. पूर्ति करनेवाला (राज)।

पूरमाण देखो पूर = पूरय्।

पूरय देखो पूरग, 'बत्तीसं किर कवला आहारो कुच्छिपूरओ भणिओ' (पिंड ६४२)।

पूरयत } देखो पूर = पूरय्।
पूरिअव्व }

पूरिगा स्त्री [पूरिका] मोटा कपड़ा (राज)।

पूरिम वि [पूरिम] पूरने से—भरने से होनेवाला (णाया १, १३, पण्ह २, ५; औप)।

पूरिमा स्त्री [पूरिमा] गान्धार ग्राम की एक मूर्च्छना (ठा ७—पत्र ३९३)।

पूरिय वि [पूरित] भरा हुआ (गउड, सण, भवि)।

पूरी स्त्री [पूरी] तन्तुवाय का एक उपकरण (दे ६ ५६)।

पूरेंत देखो पूर = पूरय्।

पूरोट्टी स्त्री [दे] अवकर, कतवार, कूड़ा (दे ६, ५७)।

पूल पुंन [पूल] पूला, घास की भँटिया (उप ३२० टी, कुप्र २१५)।

पूल } देखो पूअल (कस दे ६, ११७;
पूवल } निचू १)।

पूवलिआ } देखो पूअलिया (बृह १, निचू
पूविगा } १६)।

पूस अक [पुष्] पुष्ट होना। पूसइ (हे ४, २३६, प्राकृ ६८)।

पूस देखो पुस्स = पूष्य (णाया १, ८, हे १, ४३)। °गिरि पुं [°गिरि] एक जैन मुनि (कप्प)। °फली स्त्री [°फली] वल्ली विशेष (पण्ण १)। °माण, °माणग पुं [°माण, °मानव] मागध, मङ्गल पाठक, '—वद्धमाण-पूसमाणघंटियगणेहिं' (कप्प, औप)। °माणग पुं [°मानक] ज्योतिर्देवता विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष (ठा २, ३)। °माणय देखो °माण (औप)। °मित्त पु [°मित्र] १ स्वनाम प्रसिद्ध जैन मुनि त्रय—१ धृत-पुष्यमित्र, २ वस्त्रपुष्यमित्र, ३ दुर्बलिका-पुष्यमित्र, जो आर्य रक्षितसूरि के शिष्य थे (विसे २५१०, २२८९)। २ एक राजा (विचार ४९३)। °मित्तिय न [°मित्रीय] एक जैन मुनि-कुल (कप्प)।

पूस पुं [दे] १ राजा सातवाहन (दे ६, ८०)। २ शुक, तोता (दे ६, ८०, गा २६३, वज्जा १३४, पाअ)।

पूस पुं [पूषन्] १ सूर्य, रवि (हे ३, ५६)। २ मणि विशेष (पउम ६, ३९)।

पूसा स्त्री [पुष्या] व्यक्ति वाचक नाम, कुण्डकोलिक श्रावक की पत्नी (उवा)।

पूसाण देखो पूस = पूषन् (हे ३, ५६)।

°पूह पुं [अपोह] विचार, मीमांसा 'ईहापूहमग्गणगवेसणं करेमाणस्स' (औप, पि १४२; २८६)। देखो अपोह = अपोह।

पृथुम (पै) देखो पढम, 'पृथुमसिनेहो' (प्राकृ १२४)।

पेअ पु [प्रेत] १ व्यन्तर-भेद, एक देव-जाति (सुपा ४९१, ४९२, जय २९)। २ मृतक (पउम ५, ९०)। °कम्म न [°कर्मन्] अन्त्येष्टि क्रिया, मृत का दाहादि कार्य (पउम २३, २४)। °करणिज्ज न [°करणीय] अन्त्येष्टि क्रिया (पउम ७५, १)। °काइय वि [°कायिक] प्रेत योनि में उत्पन्न, व्यन्तर-विशेष (भग ३, ७)। °देवयकाइय वि [°देवताकायिक] प्रेत-देवता का, प्रेत-सम्बन्धी (भग ३, ७)। °नाह पु [°नाथ] यमराज, जम (स ३१९)। °भूमि, °भूमी स्त्री [°भूमि, °मी] श्मशान (सुपा २६५)। °लोय पुं [°लोक] श्मशान (पउम ८९, ४३)। °वइ पुं [°पति] यम (उप ७२८ टी)। °वण न [°वन] श्मशान (पाअ, सुर १६, २०४, वज्जा २, सुपा ५१२)। °हिव पु [°धिप] यम, जमराज (पाअ)।

पेअ वि [प्रेयस] अतिशय प्रिय। स्त्री. °सी (सम्मत्त १७५)।

पेअ } देखो पा = पा।
पेअव }

पेआ स्त्री [पेया] यवागू, पीने की वस्तु-विशेष (हे १, २४८)।

पेआल न [दे] १ प्रमाण (दे ६, ५७, विसे १९९ टी, णंदि उव)। २ विचार (विसे १३६१)। ३ सार, रहस्य (ठा ४, ४ टी—पत्र २८३, उव पृ २०७। ४ प्रधान, मुख्य (उवा)।

पेआलगा स्त्री [दे] प्रमाण-करण, 'पज्जवपेयालणा पिंडो' (पिंड ६५)।

पेआलुय वि [दे] विचारित (विसे १४८२)।

पेइअ वि [पैतृक] १ पिता से आया हुआ, पितृ क्रम प्राप्त, 'पेइओ धम्मो' (पउम ८२, ३३, सिरि ३४८, स ५६६)। २ न. स्त्री के पिता का घर, पीहर, नैहर, मैका, 'ता जा कुले कलंकं नो पयडइ ताव पेइए एयं पेमेमि', विमलेण तओ भणिय गच्छ पिए पेइयमियाणिं' (सुपा ६००)।

पेईहर न [पितृगृह, पैतृकगृह] पीहर, स्त्री के पिता का घर, 'इय चिंतिऊण सिग्घं धणसिरिपेईहरम्मि सचलिओ' (सुपा ६०३)।

पेऊस न [पीयूष] अमृत, सुधा (हे १, १०५, गा ६५, कप्पू)। °सण पुं [°शन] देव, सुर (कुमा)।

पेंखिअ वि [प्रेङ्खित] कम्पित (कप्पू)।

पेंखोल अक [प्रेङ्खोलय्] झूलना, हिलना। वकृ पेंखोलमाण (णाया १, १—पत्र ३१)।

पेंड देखो पिंड = पिण्ड (हे १, ८५, प्राकृ ५, प्राप्र कुमा)।

पेंड न [दे] १ खण्ड, टुकडा। २ वलय (दे ६, ८१)।

पेंडधव पु [दे] खड्ग, तलवार (दे ६, ५९)।

पेंडवाल वि [दे] देखो पेंडलिअ (दे ६, ५४)।

पेंडय पु [दे] १ तरुण, युवा। २ षण्ढ, नपुंसक (दे ६, ५३)।

पेंडल पुं [दे] रस (दे ६, ५८)।

पेंडलिअ वि [दे] पिण्डीकृत, पिण्डाकार किया हुआ (दे ६, ५४)।

पेंडव सक [प्र+स्थापय्] १ रखना, स्थापन करना। २ प्रस्थान कराना। पेंडवइ (हे ४, ३७)।

पेंडविर वि [प्रस्थापयितृ] प्रस्थापन करनेवाला (कुमा)।

पेंढार पुं [दे] १ गोप, गो-पाल, ग्वाला। २ महिषी-पाल (दे ६, ५८)।

पेंढोली स्त्री [दे] क्रीडा (दे ६, ५९)।

पेंढा स्त्री [दे] कलुष सुरा, पकवाली मदिरा (दे ६, ५०)।

पेंत देखो पा = पा।

पेक्ख सक [प्र+ईक्ष्] देखना, अवलोकन करना। पेक्खइ, पेक्खए (सण, पिंग)। वकृ. पेक्खंत (पि ३९७)। कवकृ. पेक्खिज्जंत (से १५, ६३)। संकृ पेक्खिअ, पेक्खिऊण (अभि ४२, काप्र १५८)। कृ. पेक्खणिज्ज (नाट—वेणी ७३)।

पेक्खअ } वि [प्रेक्षक] देखनेवाला, निरीक्षक,
पेक्खग } द्रष्टा (सुर ७, ८०, स ३७९, महा)।

पेक्खग न [प्रेक्षण] निरीक्षण, अवलोकन (सुपा १९९, अभि ५३)।

पेक्खणग } न [प्रेक्षणक] खेल, तमाशा,
पेक्खणय } नाटक (सुर ७, १८२, कुप्र ३०)।

पेक्खणा स्त्री [प्रेक्षणा] निरीक्षण, अवलोकन (ओघ ३)।

पेक्खा स्त्री [प्रेक्षा] ऊपर देखो (पउम ७२, २९)। देखो पेच्छा।

पेक्खिय देखो पेच्छिअ (राज)।

पेखिल (अप) वि [प्रेक्षित] दृष्ट (रभा)।

पेच्च } अ [प्रेत्य] परलोक, आगामी जन्म
पेच्चा } (भग, औप), 'संबोही खलु पेच्च दुल्लहा' (वै ७३)। °भव पुं [°भव] आगामी जन्म, परलोक (औप)। °भाविअ वि [°भाविक] जन्मांतर सबन्धी (पण्ह २, २)।

पेच्चा देखो पिअ = पा।

पेच्छ सक [दृश्, प्र+ईक्ष्] देखना। पच्छइ, पेच्छए (हे ४, १८१, उव, महा, पि ४५७)। भवि. पच्छिहिसि (पि ५२५)। वकृ. पेच्छत (गा ३७३, महा)। संकृ. पेच्छिऊण (पि ५८५)। हेकृ पेच्छिउं, पेच्छित्तए (उप ७२८ टी, औप)। कृ. पेच्छणिज्ज, पेच्छिअव्व (गा ९९; औप, पण्ह १, ४ से ३, ३३)।

पेच्छ वि [प्रेक्ष] द्रष्टा, दर्शक, 'अवरमत्थपच्छो' (स ७१५)।

पेच्छग देखो पेक्खग (भाम ४७ धर्मसं ७४३)।

पेच्छण देखो पेक्खग (सुपा ३७)।

पेच्छणग } देखो पेक्खगग (पंचा ६, ११,
पेच्छणय } महा)।

पेच्छय वि [प्रेक्षक] द्रष्टा, निरीक्षक (पउम ८६, ७१, स ३६१, गा ४९८)।

पेच्छय वि [दे] जो देखे उसी को चाहनेवाला, दृष्ट-मात्र का अभिलाषी (दे ६, ५८)।

पेच्छा स्त्री [प्रेक्षा] प्रेक्षणक, तमाशा, खेल, नाटक, 'पेच्छाछणो सिएणविलोअणाए जहा सुचोक्खोवि न किंचिदेव' (उपपं ३७, सुर १३, ३७, औप)। देखो पेक्खा। °घर न [°गृह] देखो °हर (ठा ४, २)। °मंडव पु [°मण्डप] नाट्य गृह, खेल आदि में प्रेक्षकों के बैठने का स्थान (पव २६९)। °हर न [°गृह] नाटक-गृह, खेल-तमाशा का स्थान (पउम ८०, ५)।

पेच्छि वि [प्रेक्षिन्] प्रेक्षक, द्रष्टा (चेइय १८९, गा २१४)।

पेच्छिअ वि [प्रेक्षित] १ निरीक्षित, अवलोकित (कुमा)। २ न. निरीक्षण, अवलोकन (सुर १२, १८३, गा २२५)।

पेच्छिर वि [प्रेक्षितृ] निरीक्षक, द्रष्टा (गा १७४, ३७१)।

पेज्ज देखो पा = पा।

पेज्ज पुन [प्रेमन्] प्रेम अनुराग (सूअ २, ५, २२, आचा, भग, ठा १, चेइय ६३४)। °दंसि वि [°दर्शिन्] अनुरागी (आचा)।

पेज्ज वि [प्रेयस्] अत्यंत प्रिय (औप)।

पेज्ज वि [प्रेज्य] पूज्य, पूजनीय (राज)।

पेज्ज देखो पेर = प्र + ईरय्।

पेज्जल न [दे] प्रमाण (दे ६, ५७)।

पेज्जलिअ वि [दे] सघटित (षड्)।

पेज्जा देखो पेआ (ओघ १४६ हे १, २४८)।

पेज्जाल वि [दे] विपुल विशाल (दे ६, ७)।

पेट } न [दे] पेट, उदर (पिंग पव १)।
पेट्ट }

पेट्ठ देखो पिट्ठ = पिष्ट (सक्षि ३, प्राकृ ५, प्राप्र)।

पेड देखो पेडय नडपेडनिहा' (सबोध १८)।

पेडइअ पु [दे] धान्य आदि बेचनेवाला वणिक् (दे ६, ५९)।

पेडक } न [पेटक] समूह, यूथ 'नडपेडक-
पेडय } सनिहा जाण' (सबोध १५, सुपा ५४६, सिरि १६३, महा)।

पेडा स्त्री [पेटा] १ मञ्जूषा, पेटी (दे ५, ३८, महा)। २ पटाकार चतुष्कोण गृह पंक्ति में भिक्षार्थ भ्रमण (उत्त ३०, १९)।

पेडाल पु [दे. पेटाल] बड़ी मञ्जूषा, बड़ी पेटी (मुद्रा ११०)।

पेडावइ पु [पेटकपति] यूथ का नायक (सुपा ५४६)।

पेडिआ स्त्री [पेटिका] मञ्जूषा (मुद्रा २४०)।

पेड्डु स्त्री पु [दे] महिष, भैंसा (दे ६, ८०)।

पेड्डा स्त्री [दे] १ भित्ति, भीत। २ द्वार, दरवाजा। ३ महिषी, भैंस (दे ६, ८०)।

पेढ देखो पीढ = पीठ (हे १, १०६, कुमा), 'काऊण पेढं टविया तत्थ एसा पडिमा' (कुप्र ११७)।

पेढाल वि [दे] १ विपुल (दे ६, ७, गउड)। २ वर्तुल, गोलाकार (दे ६, ७, गउड, पाअ)।

पेढाल वि [पीठवत्] पीठ-युक्त (गउड)।

पेढाल पु [पेढाल] १ भारत वर्ष का आठवाँ भावी जिनदेव, 'पेढाल अठ्ठमय आणदजिय नमसामि' (पव ४६)। २ ग्यारह रुद्र पुरुषों में दसवाँ (विचार ४७३)। ३ एक ग्राम, जहाँ भगवान् महावीर का विचरण हुआ था, 'पेढालग्गाममाग्गो भयव' (आवम)। ४ न. एक उद्यान, 'तओ सामी दढभूमि गओ, तीसे बाहिं पेढाल नाम उज्जाण' (आव १)। °पुत्त पु [°पुत्र] १ भारतवर्ष का आठवाँ भावी जिन देव, 'उदए पेढालपुत्ते य' (सम १५३)। २ भगवान् पार्श्वनाथ के संतान में उत्पन्न एक जैन मुनि, 'अहे ण उदए पेढालपुत्ते भगव पासावच्चिजे नियठे मेयज्जे गोत्तेण' (सूअ २, ७, ५, ८, ९)। ३ भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर अनुत्तर विमान में उत्पन्न एक जैन मुनि (अनु २)।

पेढिया देखो पीढिआ, 'चत्तारि मणिपीढियाओ' (ठा ४ २—पत्र २३०)। २ ग्रन्थ की भूमिका, प्रस्तावना (वसु)।

पेढी देखो पीढी (जीव ३)।

पेणी स्त्री [प्रेणी] हरिणी का एक भेद (पण्ह १, ४—पत्र ६८)।

पेदड वि [दे] लुप्त दण्डक, जुए में जो हार गया हो वह, जिसका दाव चला गया हो वह (मृच्छ ४९)।

पेम पुंन [प्रेमन्] प्रेम, अनुराग, प्रीति, स्नेह (उवा, औप, सं ५, सुपा २०४, रयण ४२)।

पेमालुअ वि [प्रेमिन्] प्रेमी, अनुरागी (उप ९८६ टी)।

पेम्म देखो पेम (हे २, ९८, ३, २५, कुमा, गा १२६, प्रासू ११९)।

पेम्मा स्त्री [प्रेमा] छंद विशेष (पिंग)।

पेया स्त्री [पेया] वाद्य विशेष, बड़ी काहला (राय ४५)।

पेर सक [प्र + ईरय्] १ पठाना, भेजना, प्रेषण करना। २ धक्का लगाना, आघात करना। ३ आदेश करना। ४ किसी कार्य में जोड़ना—लगाना। ५ पूर्वपक्ष करना, प्रश्न करना, सिद्धान्त का विरोध करना। ६ गिराना। पेरइ (धर्मसं ५९०, भवि)। वकृ. पेरंत (कुप्र ७०, पिंग)। कवकृ. पेरिज्जंत (सुपा २५१, महा)। कृ. पेज्ज (राज)।

पेरंत देखो पज्जत (हे १, ५८, ९३, प्राप्र, औप, गउड)। °चक्कवाल न [°चक्रवाल] बाह्य परिधि, बाहर का घेराव (पण्ह १, ३)। °वच्च न [°वर्चस्] मण्डप, तृणादि-निर्मित गृह (राज)।

पेरग वि [प्रेरक] प्रेरणा करनेवाला, पूर्वपक्षी (धर्मसं ५८७)।

पेरण न [दे] १ ऊर्ध्व स्थान (दे ६, ५९)। २ खेल, तमाशा (स ७२३, ७२५)।

पेरण न [प्रेरण] प्रेरणा (कुप्र ७०)।

पेरणा स्त्री [प्रेरणा] ऊपर देखो (सम्मत्त १५७)।

पेरिअ वि [प्रेरित] जिसको प्रेरणा की गई हो वह (दे ८, १२, भवि)।

पेरिज्ज न [दे] साहाय्य, सहायता, मदद (दे ६, ५८)।

पेरिज्जंत देखो पेर = प्र + ईरय्।

पेरुंडि वि [दे] पिण्डीकृत, पिण्डाकार किया (दे ६, ५४)।

पेलव वि [पेलव] १ कोमल, सुकुमार, मृदु (पाअ से २, २७, अभि २६, औप)। २ पतला, कृश। ३ सूक्ष्म, लघु (णाया १, १—पत्र २५ हे १, २३८)।

पेलु स्त्री [पेलु] पूणी, रुई की पहल, 'कतामि ताव पेलु' (पिंडभा ३५)। °करण न [°करण] पूणी—पूनी बनाने का उपकरण, शलाका आदि (विसे ३३०५)।

पेल्ल सक [क्षिप्] फेंकना। पेल्लइ (हे ४, १४३)। कर्म. पेल्लिज्जइ (उव)। वकृ. पेल्लंत (कुमा)। संकृ. पेल्लिऊण (महा)।

पेल्ल देखो पेर = प्र + ईरय्। पेल्लेइ (प्राकृ ६०)। कवकृ. पेल्लिज्जत (से ६, २५)। संकृ. पेल्लि (अप), पेल्लिअ (पिंग)। कृ. पेल्लेयव्व (ओघभा १८ टी)।

पेल्ल सक [पीडय्] पीलना, दबाना, पीडना। पेल्लेमि, पेल्लिसि (स ५७४ टि)।

पेल्ल सक [पूरय्] पूरना, भरना। कवकृ. पेल्लिज्जत (से ६, २५)।

पेल्ल } पुन [दे] बच्चा, शिशु, बालक (उव
पेल्लग } २१६), 'बोयम्मि पेल्लगाइ' (उप २२० टी)।

पेल्लग देखो पेरग (निचू १६)।

पेल्लण देखो पेरण (पण्ह १, ३, गउड)।

पेल्लण न [क्षेपण] फेंकना (धर्म २)।

पेल्लय पुं [दे] देखो पेल्ल = (दे) (विपा १,२—पत्र ३६) 'सपेल्लियं सियालिं' (सुख २, ३३)।

पेल्लय देखो पेरग (बृह १)।

पेल्लय पुं [पेल्लक] भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर अनुत्तर विमान में उत्पन्न एक जैन मुनि (अनु २)।

पेल्लव } देखो पेर। पेल्लवइ, पेल्लावइ (प्राकृ
पेल्लाव } ६०)।

पेल्लिअ वि [दे. पीडित] पीडित (दे ६, ५७), 'बलियदाइयपेल्लिओ' (महा)।

पेल्लिअ देखो पेरिअ (गा २२१, विपा १, १)।

पेल्लेयव्व देखो पेल्ल = प्र + ईरय्।

पेल्लो अ आमन्त्रण-सूचक अव्यय (षड्)।

पेस सक [प्र + एषय्] भेजना, पठाना। पेसइ, पेसेइ (भवि, महा)। वकृ. पेसअंत (वि ४६०, रंभा)। संकृ. पेसिअ, पेसिउ (मा ४०, महा)। कृ. पेसइयव्व, पेसिअव्व, पेसेयव्व (सुपा ३००, २७८, ६३०, उप १३६ टी)।

पेस देखो पीस। वकृ. पेसयंत (राज)।

पेस पुंस्त्री [प्रेष्य] १ कर्मकर, नौकर, दास, चाकर (सम १६, सूअ १, २, २, ३, उवा)। २ वि. भेजने योग्य (हे २, ९२)।

पेस पुं [दे. पेश] १ सिंध देश में होनेवाली एक पशु-जाति (आचा २, ५, १, ८)।

पेस वि [दे पैश] पेश नामक जानवर के चमडे का बना हुआ (वस्त्र) (आचा २, ५, १, ८)।

पेसण न [दे] कार्य, काज, प्रयोजन (दे ६, ५७, भवि, णाया १, ७—पत्र ११७, पउम १०३, २९)।

पेसण न [प्रेषण] १ पठाना, भेजना। २ नियोजन, व्यापारण (कुमा, गउड)। ३ आज्ञा, आदेश (से ३, ५४)।

पेसणआरी } स्त्री [दे] दूती, दूत-कर्म करने-
पेसणआली } वाली स्त्री (दे ६, ५९, षड्)।

पेसणा स्त्री [पेषण] पीसना, पेषण, 'सिलाए जवगोहूमपेसणाए हेऊए' (उप ५९७ टी)।

पेसल वि [पेशल] १ सुन्दर, मनोज्ञ (आचा गउड)। २ मधुर, मञ्जु (पाअ)। ३ कोमल (गउड)।

पेसल } न [दे] सिन्ध देश के पेश नामक
पेसलेस } पशु के चर्म के सूक्ष्म पक्ष्म से निष्पन्न वस्त्र, 'पेसाणि वा पेसलाणि वा' (२ आचा २, ५, १—सूत्र १४५), 'पेसाणि वा पेसलेसाणि वा' (३ आचा २, ५, १, ८, (राज)।

पेसव सक [प्र + एषय्] भेजवाना। कृ पेसवेयव्व (उप १३६ टी)।

पेसवण न [प्रेषण] भेजवाना, दूसरे के द्वारा प्रेषण (उवा पडि)।

पेसविअ वि [प्रेषित] भेजवाया हुआ, प्रस्थापित (पाअ, उप पृ ५८)।

पेसाय वि [पैशाच] पिशाच संबन्धी (बृह २)।

पेसि स्त्री [पेशि] देखो पेसी (सुपा ४८७)।

पेसिअ वि [प्रेषित] १ भेजा हुआ प्रहित (गा ११२, भवि, काल)। २ प्रेषण (पउम ९, ३५)।

पेसिआ स्त्री [पेशिका] खण्ड, टुकडा, 'अवपमिया ति वा अवाइगमिया ति वा' (अनु ६ आचा २, ७, २, ७, ८, ९)।

पेसिआर पुं [प्रेषितकार] नौकर, भृत्य, कर्मकर (पउम ९, ३५)।

पेसिदवंत (त्तो) वि [प्रेषितवत्] जिसने भेजा हो वह (वि ५६९)।

पेसी स्त्री [पेशी] मांस-खण्ड, मांस-पिण्ड (तदु ७)। देखो पेसिआ।

पेसुण्ण } न [पैशुन्य] परोक्ष में दोष-
पेसुन्न } कीर्तन, चुगली (औप, सूअ १, १६, २, णाया १, १, भग सुपा ४२१)।

पेसेयव्व देखो पेस = प्र + एषय्।

पेस्सिदवंत देखो पेसिदवंत (वि ५६९)।

पेह सक [प्र + ईक्ष्] १ देखना, निरीक्षण करना, ध्यान-पूर्वक देखना। २ चिन्तन करना। पेहइ, पेहए (वि ८७ उव), पेहति (कुप्र १९२)। भवि. पहिस्सामि (वि ५३०)। वकृ. पेहंत, पेहमाण (उपपृ १५४, चेइय २५०, वि ३२३)। संकृ. पेहाए, पेहिया (कस, वि ३२३)।

पेह सक [प्र + ईह्] १ इच्छा करना, चाहना। २ प्रार्थना करना। पेहेइ (दस ९, ४, २)।

पेहण न [प्रेक्षण] निरीक्षण (पचा ४, ११)।

पेहा स्त्री [प्रेक्षण] १ निरीक्षण (उव, सम ३२)। २ कायोत्सर्ग का एक दोष, कायोत्सर्ग में बन्दर की तरह ओष्ठ-पुट को हिलाते रहना (पव ५)। ३ पर्यालोचन, चिन्तन (आव ४)। ४ बुद्धि, मति (उत्त १, २७)।

पेहाविय वि [प्रेक्षित] दर्शित, दिखलाया हुआ (उप पृ ३८८)।

पेहि वि [प्रेक्षिन्] निरीक्षक (आचा, उव)। स्त्री. °णी (वि ३२३)।

पेहिय वि [प्रेक्षित] निरीक्षित (महा)।

पेहुण न [दे] १ चिह्न पंख (दे ६, ५८, पाअ गा १७३, ७६५, वज्जा ४४, भत्त १४१, गउड)। २ मयूर चिह्न, मयूर-पंख चिह्नवाला (पण्ह १ १, २, ५, नं १; णाया १, ३) देखो पिहुण।

पोअ सक [प्र + वे] पिरोना, गूँथना। पोअंति (गच्छ ३, १८, सूअनि ७४)। वकृ. पोयमाण (उ ५१२)। संकृ. पोइऊण (पनवि ६७)।

पोअ वि [प्रोत] पिरोया हुआ (दे १, ७६)।

पोअ पुं [पोत] १ जहाज, प्रवहण, नौका (पाअ, सुपा ८८ ३६६)। २ बालक, शिशु, बच्चा (दे ६, ८१, पाअ सुपा ३६६)। ३ न. वस्त्र, कपड़ा (ठा ३, १—पत्र ११८)।

पोअ पुं [दे] १ पव वृक्ष, थाय, धौं का पेड़। २ छोटा साँप (दे ६, ८१)।

पोअइआ स्त्री [दे] निद्राकारी लता, लता-विशेष (दे ६, ६३, पाअ)।

पोअंड वि [दे] १ भय-रहित, निडर। २ पण्ढ, नामर्द (दे ६, ६१)।

पोअत पुं [दे] शपथ, सौगन (दे ६, ६२)।

पोअण न [प्रवयन, प्रोतन] पिरोना, गुम्फन, गूँथना (आवम)।

पोअणपुर न [पोतनपुर] नगर विशेष (सुपा ५०९, भवि)।

पोअणा स्त्री [प्रवयना, प्रोतना] पिरोना (उप ३५६)।

पोअय वि [पोतज] पोत से उत्पन्न होनेवाला प्राणी—हस्ती आदि (ठा ३, १)।

पोअय पुं [पोतक] देखो पोअ = पोत (उवा, औप)।

पोअलय पुं [दे] १ आश्विन मास का एक उत्सव, जिसमें पत्नी के हाथ से लेकर पति अपूप को खाता है। २ एक प्रकार का अपूप—खाद्य विशेष, पूआ। ३ बाल वसन्त (दे ६, ८१)।

पोआई स्त्री [पोताकी] १ शकुनि को उत्पन्न करनेवाली विद्या-विशेष २ शकुनिका, पक्षि-विशेष (विसे २४५३)।

पोआउय वि [पोतायुज, पोतज] देखो पोअय (पउम १०२, ९७)।

पोआय पुं [दे] ग्राम-प्रधान, गाँव का मुखिया (दे ६, ६०)।

पोआल पुं [दे] वृषभ बलीवर्द (दे ६, ६२)।

पोआल [दे. पोतक] बच्चा, शिशु, बालक (ओघ ४४७)।

पोइय पु [दे] १ हलवाई मिठाई बेचनेवाला। २ खद्योत (दे ६, ६३)। ३ निमग्न, डूबा हुआ (ओघ १३६)। ४ स्पन्दित (बृह १)।

पोइअ वि [प्रोत] पिरोया हुआ (दे ७, ४४, उप पृ १०९, पाअ)।

पोइअल्लय देखो पोइअ = प्रोत (ओघ ५३९ टी)।

पोइआ } स्त्री [दे] निद्राकारी लता, वल्ली-
पोई } विशेष (दे ६, ६३, पण्ण १—पत्र ३४)।

पोउआ स्त्री [दे] करीष—सूखा गोबर (गोइँठा) का अग्नि (दे ६, ६१)।

पोंग पुं [दे] पाक, पकना (स १८०)।

पोंगिल्ल वि [दे] पका हुआ, परिपक्व, परि-पाक-युक्त, कच्छी भाषा में 'पोंगेल';

'अन्नेवि सइमहियलनिमीय-
गुप्पन्नकिणियपोंगिल्ला।
मलिणजरक्खपडोच्छइय-
विग्गहा कहवि हिंडति॥'
(स १८०)।

पोंड न [दे] फूल, पुष्प, 'एगं सालियपोंड बद्धो आमेलगो होइ' (उत्तनि ३)।

पोंड देखो पुंड। °वद्धण न [°वर्धन] नगर-विशेष (महा)। °वद्धणिया स्त्री [°वर्धनिका] जैन मुनि-गण की एक शाखा (कप्प)।

पोंड } पु [दे] यूथ का अधिपति (दे ६,
पोंडय } ६०)। २ फल (पण्ह १, ४—पत्र ७८)। ३ अविकसित अवस्थावाला कमल (विसे १४२५)। ४ कपास का सूता, 'दब्भं तु पोंडयादी भावे सुत्तमिह सूयग नाए' (सूअनि ३)।

पोंडरिगिणी देखो पुंडरिगिणी (ठा २, ३)।

पोंडरिय देखो पुंडरीअ = पुण्डरीक (स ४३६)।

पोंडरी स्त्री [पौण्ड्री, पुण्डरीका] जम्बूद्वीप के मेरु के उत्तर रुचक पर रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८)।

पोंडरीअ देखो पुंडरीअ = पुण्डरीक (औप, णाया १, ५, १९, सम ३३, देवेन्द्र ३१८, सूअनि १४६)।

पोंडरीअ } न [पौण्डरीक] १ गणित-
पोंडरीग } विशेष, रज्जु गणित (सूअनि १५४)। २ देखो पुंडरीअ = पौण्डरीक (सूअ २, १, १, सूअनि १४९, १५१)।

पोक्क सक [व्या + हृ, पन् + कृ] पुकारना, आह्वान करना। पोक्कइ (हे ४, ७६)।

पोक्क वि [दे] अति स्थूल और उन्नत तथा बीच में निम्न (नासिका), 'पोक्कनासे' (उत्त १२, ६)।

पोक्कण पुं [पोक्कण] १ अनार्य देश विशेष। २ उस देश में बसनेवाली म्लेच्छ जाति (पण्ह १, १)।

पोक्कण न [व्याहरण, पूत्करण] १ पुकार, आह्वान। २ वि. पुकारनेवाला (कुमा)।

पोक्कर देखो पुक्कर : पोक्करंति (महा)। वकृ. पोक्करंत (सुपा ३८०)।

पोक्करिय वि [पूत्कृत] १ पुकारा हुआ (सुर ६, १६४)। २ न. पुकार (दंस ३)।

पोक्कार देखो पुक्कार = पूत्कार (उप पृ१८५)।

पोक्किअ देखो पोक्करिय (उप १०३१ टी)।

पोक्खर न [पुष्कर] १ जल, पानी। २ पद्म, कमल। ३ पद्म-कोष। ४ एक तीर्थ, अजमेर नगर के पास का एक जलाशय—तीर्थ। ५ हाथी की सूँड़ का अग्र भाग। ६ वाद्य-भाण्ड। ७ आपण, दूकान। ८ असि-कोष, तलवार की म्यान। ९ मुख, मुँह। १० कुष्ठ रोग की औषधि। ११ द्वीप-विशेष। १२ युद्ध, लड़ाई। १३ शर, बाण। १४ आकाश, 'पोक्खर' (हे १, ११६, २, ४, सक्षि ४)। १५ पु. नाग विशेष। १६ रोग-विशेष। १७ सारस पक्षी। १८ एक राजा का नाम। १९ पर्वत विशेष। २० वरुण-पुत्र, 'पोक्खरो' (प्राप्र)। देखो पुक्खर।

पोक्खर वि [पौष्कर] १ पुष्कर-सम्बन्धी। ३ पद्माकार रचनावाला, 'पोक्खर पवहण' (चारु ७०)।

पोक्खरिणी स्त्री [पुष्करिणी] १ जलाशय-विशेष, चतुर्ल वापी (णाया १, १—पत्र ६३)। २ पद्मिनी, कमलिनी, पद्म लता; 'जलेण वा पोक्खरिणीपलास' (उत्त ३२, ६०)। ३ वापी (कुमा)। ४ पद्म-समूह। ५ पुष्कर मूल (हे २, ४)। ६ चौकोना जला-शय, पोखरी, वापी (पण्ह १, १, हे २, ४)।

पोक्खल देखो पुक्खल (पण्ण १—पत्र ३५, आचा २, १, ८, ११)।

पोक्खलच्छिल्लय } देखो पुक्खलच्छि-
पोक्खलच्छिल्लय } भय (पण्ण १—पत्र ३५, राज)।

पोक्खलि पुंन [पुष्कलिन्] एक जैन उपा-सक जिसका दूसरा नाम शतक था (राज)।

पोग्गर } पुन [पुद्गल] १ रूपादि विशिष्ट
पोग्गल } द्रव्य, मूर्त्त द्रव्य, रूपवाला पदार्थ, 'पोग्गला' (भग ८, १, ठा २, ४, ४, ४,

भट्टी } २३, २४ टी, भग ७, ६ टी—पत्र ३०७)।

भड पुं [भट] १ योद्धा, लडाका (कुमा)। शूर, वीर (से ३, ९, णाया १, १)। ३ म्लेच्छों की एक जाति। ४ वर्ण-सकर जाति-विशेष, एक नीच मनुष्य-जाति। ५ राक्षस (हे १, १९५)। °खइआ स्त्री [°खादिता] दीक्षा-विशेष (ठा ४, ४)।

भडक्क पुंस्त्री [दे] आडम्बर, तडक-भडक, टीम-टाम, ठाठमाठ (सट्ठि ४४ टी)। स्त्री. °क्का (उव)।

भडग पु [भटक] १ अनार्य देश विशेष। २ उस देश में रहनेवाली एक म्लेच्छ-जाति (पण्ह १, १—पत्र १४, इक)। देखो भड।

भडारय (अप) देखो भट्टारय (भवि)।

भडित्त न [भटित्र] शूल-पक्व मासादि, कबाब (स २६२, कुप्र ४३२)।

भडिल वि [दे] संबोधन-सूचक शब्द (संक्षि ४७)।

भण सक [भण्] कहना, बोलना, प्रतिपादन करना। भणइ, भणेइ (हे ४, २३९, कुमा)। कर्म. भण्णइ, भण्णए भणिज्जई (वि ५४८, षड्, पिंग)। भूका. भणीअ (कुमा)। भवि. भणिहि, भणिस्सं (कुमा)। वकृ. भणत, भणमाण, भणेमाण (कुमा, महा; सुर १०, ११४)। कवकृ. भण्णंत, भणिज्जंत, भणिज्जमाण, भणीअंत, भण्णमाण (कुमा, वि ५४८, गा १४५)। संकृ. भणिअ, भणित्त, भणिऊण (कुमा; वि ३४९)। हेकृ. भणिउं°, भणिउं (पउम ९४, १३, वि ५७६)। ह भणिअव्व, भणेयव्व (पजि ३८, सुपा ६०८)। कवकृ. भणंत, भणमाण (सुर २, १९१, उप पृ २३, उप १०३१ टी)।

भणग वि [भण, °क] प्रतिपादन करनेवाला (णंदि)।

भणण न [भणन] कथन, उक्ति (उप ५५३, सुपा २८३; संबोध ३)।

भणाविअ वि [भाणित] कहलाया हुआ (सुपा ३५८)।

भणिअ वि [भणित] कथित (भग)।

भणिइ स्त्री [भणिति] उक्ति, वचन (सुर ९, १४५, सुपा २१४, धर्मवि ५८)।

भणिर वि [भणितृ] कहनेवाला, वक्ता (गा २९७, कुमा, सुर ११, २४४, श्रा १६)। स्त्री. °री (कुमा)।

भणेमाण देखो भण।

भण्ण सक [भण्] कहना, बोलना। भण्णइ (धात्वा १४७)।

भण्णमाण देखो भण = भण्।

भत्त पुंन [भक्त] १ आहार, भोजन। २ अन्न, नाज (विपा १, १; ठा २, ४; महा)। ३ ओदन, भात (प्रामा)। ४ लगातार सात दिनों का उपवास (संबोध ५८)। ५ वि. भक्ति-युक्त, भक्तिमान्, 'सा सुलसा बालप्पभिति चेव हरिणेगमेसीभत्तया यावि होत्था' (अंत ७; उप पृ ६६; महा, पिंग)। °कहा स्त्री [°कथा] आहार-कथा, भोजन-संबन्धी वार्ता (ठा ४, ४)। °च्छंद, °छंद पु [°च्छन्द] रोग विशेष, भोजन की अरुचि, 'कच्छू जरो खासो सासो भत्तच्छंदो अक्खिदुक्खं' (महा, महा—टि)। °पच्चक्खाण न [°प्रत्याख्यान] आहार-त्याग-रूप अनशन, अनशन का एक भेद, मरण का एक प्रकार (ठा २, ४—पत्र ९४, औप ३०, २)। °परिण्णा, °परिन्ना स्त्री [°परिज्ञा] १ वही पूर्वोक्त अर्थ (भत १६९, १०, पव १५७)। २ ग्रंथ विशेष (भत १)। °पाणय न [°पानक] आहार-पानी, खान पान (विपा १, १)। °वेला स्त्री [°वेला] भोजन-समय (विपा १, १)।

भत्त वि [भूत] उत्पन्न, संजात (हे ४, ६०)।

भत्ति देखो भत्तु (पिंग)।

भत्ति स्त्री [भक्ति] १ सेवा, विनय, आदर (णाया १, ८—पत्र १२२, उव, औप, आगु २९)। २ रचना (विसे १६३१; औप, सुपा ५२)। ३ एकाग्र-वृत्ति-विशेष (आव २)। ४ कल्पना, उपचार (धर्मसं ७४२)। ५ प्रकार, भेद (ठा ९)। ६ विच्छित्ति-विशेष (औप)। ७ अनुराग (धर्म १)। ८ विभाग। ९ अवयव। १० श्रद्धा (हे २, १५९)। °मंत, °वंत वि [°मत्] भक्तिवाला, भक्त (पउम ९२, २८, उव, सुपा १९०, हे २, १५९, भवि)।

भत्तिज्ज पुं [भ्रातृव्य] भतीजा, भाई का पुत्र (सिरि ७१६; धर्मवि १२७)।

भत्ती नीचे देखो।

भत्तु पुं [भर्तृ] १ स्वामी, पति, भतार (णाया १, १६—पत्र २०७), 'णववहू उवरतभत्तुया' (णाया १, ९; पाअ, स्वप्न ५६)। २ अधिपति, अध्यक्ष। ३ राजा, नरेश। ४ वि. पोषक, पोषण करनेवाला। ५ धारण करनेवाला (हे ३, ४४, ४५)। स्त्री—भत्ती (पिंग)।

भत्तोस न [भक्तोष] १ भुना हुआ अन्न (पंचा ५, २९, प्रमा १५)। २ सुगन्धिका, खाद्य-विशेष (पव ३८)।

भत्थ पुंस्त्री [दे] भाथा, तूणीर, तरकस, 'अह भारोवियचावो पिट्ठे दढबन्धभत्थओ अभओ' (धर्मवि १४६)।

भत्था स्त्री [भस्त्रा] चमडे की धौंकनी, भाथी (उप ३२० टी, धर्मवि १३०)।

भत्थिअ वि [भर्त्सित] तिरस्कृत (सम्मत्त १८९)।

भत्थी स्त्री [भस्त्री] भाथी, चमड़े की धौंकनी, 'भत्थि व्व अनिलपुन्ना विसमियपुदरं' (कुप्र २९६)।

भद्द सक [भद्र्] १ सुख करना। २ कल्याण करना (विसे ३४३९)। कृ. भद्दा, नीचे देखो।

भद्दत वि [भद्रन्त] १ कल्याण-कारक। २ सुख-कारक। ३ पूज्य, पूजनीय (विसे ३४१९; ३४७४)।

भद्द न [दे] आमलक, आँवला-फल विशेष (दे ६, १००)।

भद्द } न [भद्र] १ मंगल, कल्याण, 'भद्दं
भद्दअ } मिच्छादंसणसमूहमइअस्स अमय-सारस्स जिणवयणस्स भगवओ' (सम्मत्त

१६७; प्रासू १६)। २ सुवर्ण, सोना। ३ मुस्तक, मोथा, नागरमोथा (हे २, ८०)। ४ दो उपवास (संबोध ५८)। ५ देव-विमान विशेष (सम ३२)। ६ शरासन, मूठ (णाया १, १ टी—पत्र ४३)। ७ भद्रासन, आसन-विशेष (आवम)। ८ वि. साधु, सरल, भला, सज्जन। ९ उत्तम, श्रेष्ठ (भग, प्रासू १६; सुर ३, ४)। १० सुख-जनक, कल्याण-कारक (णाया १, १)। ११ पुं. हाथी की एक उत्तम जाति (ठा ४, २—पत्र २०८; महा)। १२ भारतवर्ष का तीसरा भावी बलदेव (सम १५४)। १३ अंगविद्या का जानकार द्वितीय रुद्र पुरुष (विचार ४७३)। १४ तिथि-विशेष—द्वितीया, सप्तमी और द्वादशी तिथि (सुज्ञ १०, १५)। १५ छन्द-विशेष (पिंग)। १६ स्वनाम-ख्यात एक जैन आचार्य (महानि ६; कप्प)। १७ व्यक्ति-वाचक नामक (निर १, ३; आव १; धम्म)। १८ भारतवर्ष का चौबीसवां भावी जिनदेव (पव ७)। °गुत्त पुं [°गुप्त] स्वनाम-प्रसिद्ध एक जैनाचार्य (णंदि, सार्ध २३)। °गुत्तिय न [°गुप्तिक] एक जैन मुनि-कुल (कप्प)। °जस पुं [°यशस्] १ भगवान् पार्श्वनाथ का एक गणधर (ठा ८—पत्र ४२९)। २ एक जैन मुनि (कप्प)। °जसिय न [°यशस्क] एक जैन मुनि-कुल (कप्प)। °नंदि पुं [°नन्दिन्] स्वनाम-ख्यात एक राज-कुमार (विपा २, २)। °बाहु पुं [°बाहु] स्वनाम प्रसिद्ध प्राचीन जैनाचार्य और ग्रन्थकार (कप्प, णंदि)। °मुत्था स्त्री [°मुस्ता] वनस्पति-विशेष, भद्रमोथा (पण्ण १)। °वया स्त्री [°पदा] नक्षत्र-विशेष (सुर १०, २२४)। °साल न [°शाल] मेरु पर्वत का एक वन (ठा २, ३, इक)। °सेण पुं [°सेन] १ धरणेन्द्र के पदाति-सैन्य का अधिपति देव (ठा ५, १; इक)। २ एक श्रेष्ठी का नाम (आव ४)। °सि न [°श्वि] नगर-विशेष (इक)। °सिण न [°सिन] आसन-विशेष, सिंहासन (णाया १, १; पण्ह १, ४; पाअ, औप)।

भद्दारु न [भद्रदारु] देवदारु, देवदार की लकड़ी (उत्तनि ३)।

भद्दय° } पुं [भाद्रपद] मास-विशेष, भादो
भद्दयय } का महीना (वज्जा ८२; सुर ३, १३८)।

भद्दसिरी स्त्री [दे] श्रीखण्ड, चन्दन (दे ६, १०२)।

भद्दा स्त्री [भद्रा] १ रावण की एक पत्नी (पउम ७४, ९)। २ प्रथम बलदेव की माता (सम १५२)। ३ तीसरे चक्रवर्ती की जननी (सम १५२)। ४ द्वितीय चक्रवर्ती की स्त्री (सम १५२)। ५ मेरु के पूर्व रुचक पर्वत पर रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८)। ६ एक प्रतिमा, व्रत-विशेष (ठा २, ३—पत्र ६४)। ७ राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अंत २५)। ८ तिथि-विशेष—द्वितीया, सप्तमी और द्वादशी तिथि (सबोध ५४)। ९ छन्द-विशेष (पिंग)। १० कामदेव श्रावक की भार्या का नाम। ११ चुलनीपिता नामक उपासक की माता का नाम (उवा)। १२ एक सार्थवाहक स्त्री का नाम (विपा १, ४)। १३ गोशालक की माता का नाम (भग १५)। १४ अहिंसा, दया (पण्ह २, १)। १५ एक वापी (दीव)। १६ एक नगरी (आचू १)। १७ अनेक स्त्रियों का नाम (णाया १, ८; १६, आवम)।

भद्दाकरि वि [दे] प्रलम्ब, अति लम्बा (दे ६, १०२)।

भद्दिआ स्त्री [भद्रिका, भद्रा] १ शोभना, सुन्दर (स्त्री) (ओघभा १७)। २ नगरी-विशेष (कप्प)।

भद्दिज्जिया स्त्री [भद्रीया, भद्रीयिका] एक जैन मुनि-शाखा (कप्प)।

भद्दिलपुर न [भद्दिलपुर] भारतवर्ष का एक प्राचीन नगर (अत ४, कुप्र ८४; इक)।

भद्दुत्तरवडिंसग न [भद्रोत्तरावतंसक] एक देव-विमान (सम ३२)।

भद्दुत्तर° } स्त्री [भद्रोत्तरा] प्रतिमा-
भद्दोत्तर° } विशेष, प्रतिज्ञा का एक भेद,
भद्दोत्तरा } एक तरह का व्रत (औप, अंत ३०; पव २७१)।

भद्र देखो भद्द (हे २, ८०, प्राकृ १७)।

भन्नंत } देखो भण = भण्।
भन्नमाण }

भप्प देखो भस्स = भस्मन् (हे २, ५१; कुमा)।

भम सक [भ्रम्] भ्रमण करना, घूमना। भमइ (हे ४, १६१; प्राकृ ६९)। वकृ. भमंत, भममाण (गा २०२; ३८७; कप्प; औप)। संकृ. भमिअ, भमिऊण (पड्, गा ७४६)। कृ. भमिअव्व (गुप्ता ४३८)।

भम पुं [भ्रम] १ भ्रमण (कुप्र ४)। २ भ्रान्ति, मोह, मिथ्या-ज्ञान (से ३, ४८; कुमा)।

भमग न [भ्रमक] लगातार एकतीस दिनों का उपवास (संबोध ५८)।

भमड देखो भम = भ्रम्, 'भवम्मि भमडइ एगुच्चिय' (विवे १०८, हे ४, १६१)।

भमडिअ वि [भ्रान्त] १ घूमा हुआ, फिरा हुआ (स ४७३)। २ भ्रान्ति-युक्त (कुमा)। देखो भमिअ।

भमण न [भ्रमण] घूमना, चकराना। (दे ४६; कप्प)।

भममुह पुं [दे] आवर्त (दे, १०१)।

भमया स्त्री [भ्रू] भौंह, नेत्र के ऊपर की केश-पंक्ति (हे २, १६७; कुमा)।

भमर पुं [भ्रमर] १ मधुकर, भौंरा (हे १, २४४; कुमा, जी १८; प्रासू ११३)। २ पुं. छन्द-विशेष (पिंग)। ३ विट, रंडीबाज (कप्पू)। °रुअ पुं [°रुच] अनार्य देश-विशेष (पव २७४)। °वलि स्त्री [°वलि] १ छन्द-विशेष (पिंग)। २ भ्रमर-पंक्ति (राय)।

भमरटेंटा स्त्री [दे] १ भ्रमर की तरह अक्षि-गोलकवाली। २ भ्रमर की तरह अस्थिर आचरणवाली। ३ शुष्क व्रण के दागवाली (कप्पू)।

भमरिया स्त्री [भ्रमरिका] जन्तु-विशेष, बर्रे (जी १८)। देखो भमलिया।

भमरी स्त्री [भ्रमरी] स्त्री-भ्रमर, भौंरी (दे)। नीचे देखो।

भमलिया } स्त्री [भ्रमरीका, °री] १ पित्त
भमली } के प्रकोप से होनेवाला रोग-विशेष, चक्कर, 'भमली पित्तुदयाओ भमंतमहिदंसणं' (चेइय ४३५, पडि)। २ वाद्य-विशेष (राय)।

भमस पुं [दे] तृण-विशेष, ईख की तरह का एक प्रकार का घास (दे ६, १०१)।

भमाइअ वि [भ्रमित] घुमाया हुआ, फिराया हुआ (से ३, ६१)।

भमाड सक [भ्रमय्] घुमाना, फिराना। भमाडेइ (हे ४, ३०), भमाडेमु (सुपा ११४)। वकृ. भमाडेंत (पउम १०६, ११)।

भमाड देखो भम = भ्रम्। भमाडइ (हे ४, १६१; भवि)।

भमाड पुं [भ्रम] भ्रमण, घूमना, चक्कर (ओघभा २६ टी, ८३ टी)।

भमाडण न [भ्रमण] घुमाना (उप पृ २७८)।

भमाडअ देखो भमडिअ (कुमा)।

भमाडिअ वि [भ्रमित] घुमाया हुआ, फिराया हुआ (पउम १९, २५)।

भमाव देखो भमाड = भ्रमय्। भमावइ, भमावेइ (वि ५५३; हे ४, ३०)।

भमास [दे] देखो भमस (दे ६, १०१; पाअ)।

भमि स्त्री [भ्रमि] १ आवर्त्त, पानी का चक्राकार भ्रमण (अच्चु ९३)। २ चित्त-भ्रम करने की शक्ति (विसे १६५३)। ३ रोग-विशेष, चक्कर, 'भमिपरिभमियसरीरो' (हम्मीर २८)।

भमिअ देखो भमडिअ (जी ४८; भवि)। ३ न. भ्रमण; 'भमिभमणिक्कंतदेहलीदेस' (गा ५२५)।

भमिअ देखो भमाइअ (पाअ)।

भमिअव्व } देखो भम = भ्रम्।
भमिआ }

भमिर वि [भ्रमितृ] भ्रमण करनेवाला (हे २, १४५, गुर १, ५५, ३, १८)।

भमुह न [भ्रू] नीचे देखो, 'दोहाइं भमुहाइं' (आचा २, १३, १७)।

भमुहा स्त्री [भ्रू] भौं, आँख के ऊपर की रोम-राजी (पउम ३७, ५०; औप; आचा, पाअ)।

भम्म } देखो भम = भ्रम्। भम्मइ (प्राकृ
भम्माड } ६६), भम्मसु (गा ४१५, ४४७)। भम्मडइ (हे ४, १६१)। भम्मंइ (कुमा)।

भम्मर (अप) देखो भमर (पिंग)।

भय देखो भद्। वकृ. देखो भयंत = भवंत।

भय अक [भज्] १ सेवा करना। २ विकल्प से करना। ३ विभाग करना। ४ ग्रहण करना। भयइ, भअइ (सम्म १२४, कुमा), भए, भएज्जा (बृह १), भयति (विसे १६९०); 'तम्हा भय जीव वेरग्गं' (श्रु ६१)। वकृ. भयंत, भयमाण (विसे ३४४६; सूअ १, २, २, १७)। कवकृ. 'सव्वत्तुभद्दमाणसुहेहिं' (वप्प)। संकृ. भइत्ता (ठा ६)। कृ. भइअ, भइअव्व, भएयव्व, भज्ज, भयणिज्ज (विसे ६१८; २०४९; उत्त ३६, २३, २४; २५; कम्म ५, ११; विसे ६१५; उप ६०४; विसे ३२०२; ७४८; १८१; जीवस १४५; पंच ५, ८; विसे ६१६; जीवस १४७)।

भय न [भय] डर, त्रास, भीति (आचा; णाया १, १; गा १०२; कुमा, प्रासू १९; १७३)। °अर वि [°कर] भय-जनक (से ५, ४४, ११, ७५)। °जणणी स्त्री [°जननी] १ त्रास उत्पन्न करनेवाली (बृह १)। २ विद्या-विशेष (पउम ७, १४१)। °वाह पुं [°वाह] राक्षस-वंश का एक राजा, एक लंका-पति (पउम ५, २६३)।

भय देखो भव (उव; कुमा, सण, सुपा ४२०; गउड)।

भय देखो भग (औप, पिंग)।

भयंकर वि [भयंकर] १ भय-जनक, भीषण (हे ४, ३३१, सण, भवि)। २ प्राणि-वध, हिंसा (पण्ह १, १)।

भयंत देखो भय = भज्।

भयंत देखो भंत = भगवत् (सूअ १, १६, ६)।

भयंत देखो भदंत (ओघ ४८; उत्त २०, ११; औप)।

भयंत देखो भंत = भवान्त (विसे ३४४९, ३४५३, ३३५४)।

भयंत देखो भंत = भवान्त (विसे ३४५४; औप)।

भयंत वि [भयत्र] भय से रक्षा करनेवाला (औप; सूअ १, १६, ६)।

भयंतु वि [भयत्रातृ] भय से रक्षा करनेवाला 'धम्ममाइक्खणे भयंतारो' (सूअ १, ४, १, २५)।

भयंतु वि [भक्तृ] सेवक, सेवा करनेवाला (औप)।

भयक } पुं [भृतक] १ नौकर, कर्मकर
भयग } (ठा ४, १; २)। २ वि. पोषित (पण्ह १, २; णाया १, २)।

भयण न [भजन] १ सेवा (राज)। २ विभाग (सम्म ११३)। ३ पुं. लोभ (सूअ १, ९, १८)।

भयण देखो भवण (नाट—चैत ४०)।

भयणा स्त्री [भजना] १ सेवा (निचू १)। २ विकल्प (सम; सम्म १२४; दं ३१; उव)।

भयप्पइ } देखो वहस्सइ (हे २, १३७;
भयप्फइ } षड्)।

भयवग्गाम पुं [दे] मोढेरक, गुजरात का एक गाँव (दे ६, १०२)।

भयाणय वि [भयानक] भयंकर, भय-जनक (स १२१)।

भयालि पुं [भयालि] भारतवर्ष के भावी अठारहवें जिनदेव का पूर्व-भवीय नाम (सम १५४)। देखो सयालि।

भयालु वि [भीरु] भीरु, डरपोक (दे ६, १०७; नाट)।

भयावण (अप) देखो भयाणय (भवि)।

भयावह वि [भयावह] भय-जनक, भय-कारक (सूअ १, १३, २१)।

भर सक [भृ] १ भरना। २ धारण करना। ३ पोषण करना। भरइ (भवि, पिंग), भरमु (कम्म ४, ७६)। वकृ. भरंत (भवि)। कवकृ. भरंत, भरेंत, भरिज्जंत (से १, ५८, ४, ८, १, ३७)। संकृ. भरेऊणं (आव ६)। कृ. भरणिज्ज, भरणीअ, भत्तव्व, भरेअव्व (प्राप्र, नाट राज, मे ९, ३)।

भर सक [स्मृ] स्मरण करना, याद करना। भरइ (हे ४, ७४; प्राप्र)। वकृ. भरंत (गा ३८१; भवि)। संकृ. भरिअ, भरिऊणं (कुमा)। प्रयो, वकृ. भरावंत (कुमा)।

भर पुंन [भर] १ समूह, प्रकर, निकर 'जइमग्ग तइ एगाणिएहि भीमारिदुन्नर'

(प्रवि १२; सुपा ७; पाअ)। २ भार, बोझ (से ३, ५; प्रासू २९, सा ९)। ३ गुरुतर कार्य, 'भरणित्थरणसमत्था' (विसे १६९ टी, ठा ४, ४ टी—पत्र २८३। ४ प्रचुरता, अतिशय। ५ कर—राजदेय भाग की प्रचुरता, कर की गुरुता, 'करेहि य भरेहि य' (विपा १, १)। ६ पूर्णता, सम्पूर्णता, 'इय चिताए निइं अलहंतो निसिभरम्मि नरनाहो' (कुप्र ६)। ७ मध्य भाग। ८ जमावट; 'भरमुवगए कोलापमोए, (स ५३०)।

भरअ देखो भरह (षड्)।

भरड पुं [भरट] व्रती विशेष, एक प्रकार का बाबा, 'सिवभत्तणाहिगारिणा भरडएण' (सम्मत्त १४५)।

भरण न [स्मरण] स्मृति (गा २२२, ३७७)।

भरण न [भरण] १ भरना, पूरना (गउड)। २ पोषण (गा ५२७)। ३ शिल्प-विशेष, वस्त्र में बेल-बूटा आदि आकार की रचना, 'सीवणं तुन्नणं भरणं' (गच्छ ३, ७)।

भरणी स्त्री [भरणी] नक्षत्र-विशेष (सम ८, इक)।

भरध (शौ) देखो भरह (प्राकृ ८५)।

भरह पुं [भरत] १ भगवान् आदिनाथ का ज्येष्ठ पुत्र और प्रथम चक्रवर्ती राजा (सम ९०, कुमा, सुर २, १३३)। २ राजा रामचन्द्र का छोटा भाई (पउम २५, १४)। ३ नाट्य शास्त्र का कर्त्ता एक मुनि (सिरि ५६)। ४ वर्ष विशेष, भारत वर्ष, 'इहेव जबुद्दीवे दीवे सत्त वासा पन्नत्ता, त जहा—भरहे हेमवए हरिवासे महाविदेहे रम्मए एरण्णवए एरवए' (सम १२, ज १, पडि)। ५ भारतवर्ष का प्रथम भावी चक्रवर्ती (सम १५४)। ६ शबर। ७ तन्तुवाय। ८ नृप-विशेष, राजा दुष्यन्त का पुत्र। ९ भरत के वंशज राजा। १० नट (हे १, ११४, षड्)। ११ देव-विशेष (ज ३)। १२ कूट-विशेष, पर्वत विशेष का शिखर (जं ४, ठा २, ३, ९)। °खित्त न [°क्षेत्र] भारतवर्ष (सण)। °वास न [°वर्ष] भारतवर्ष, आर्यावर्त्त (पण्ह १, ४)। °सत्थ न [°शास्त्र] भरतमुनि-प्रणीत नाट्यशास्त्र (सिरि ५६)। °हिव पु [°धिप] १ संपूर्ण भारतवर्ष का राजा, चक्रवर्ती। २ भरत चक्रवर्ती (सण)। °हिवइ पुं [°धिति] वही अर्थ (सण)।

भरहेसर पुं [भरतेश्वर] १ संपूर्ण भारतवर्ष का राजा, चक्रवर्ती। २ चक्रवर्ती भरत (कुमा २, १७, पडि)।

भरिअ वि [भृत, भरित] भरा हुआ, पूर्ण, व्याप्त (विपा १, ३, औप, धर्मवि १४४, काप्र १७४, हेका २७२, प्रासू १०)।

भरिअ वि [स्मृत] याद किया हुआ, 'भरिअं लुढिअं सुमरिअं' (पाअ, कुमा, भवि)।

भरिउल्लुट्ट वि [दे. भृतोल्लुठित] भर कर खाली किया हुआ (दे ७, ८१, पाअ)।

भरिम वि [भरिम] भर कर बनाया हुआ (अणु)।

भरिया (अप) देखो भारिया (कुमा)।

भरिल्ली स्त्री [भरिल्ली] चतुरिन्द्रिय जन्तु-विशेष (राज)।

भरु पुं [भरु] १ एक अनार्य देश। २ एक अनार्य मनुष्य जाति (इक)।

भरुअच्छ पुं [भृगुकच्छ] गुजरात का एक प्रसिद्ध शहर जो आजकल 'भडौच' के नाम से प्रसिद्ध है (काल, मुनि १०८९९, पडि)।

भरोच्छय न [दे] ताल का फल (दे ६, १०२)।

भल देखो भर = स्मृ। भलइ (हे ४, ७४)। प्रयो., वकृ. भलावंत (कुमा)।

भल सक [भल्] सम्हालना। भलिजामु (सुपा ५४६)। भवि. भलिस्सामि (काल)। कृ. भलेयव्व (ओघ ३८६ टी)। प्रयो, सकृ. भलाविऊण (सिरि ३१२, ५९९)।

भलत वि [दे] स्खलित होता, गिरता (दे ६, १०१)।

भलाविअ वि [भालित] सौंपा हुआ, सम्हालने के लिये दिया हुआ (श्रा १६)।

भलि पुंस्त्री [दे] कदाग्रह, हठ, असुलहमेच्छण जाहं भलि ते नवि दूर गणति' (हे ४, ३५३, चंड)।

भल्ल पुं [भल्ल] १ भालू रीछ (पण्ह १, १)। २ पुन. अस्त्र विशेष, भाला, बरछी (गा ५०४, ५८५, ५९४)।

भल्ल, भल्लय वि [भद्र] भला, उत्तम, श्रेष्ठ, अच्छा (कुमा, हे ४, ३५१, भवि)। °त्तण, °प्पण न [°त्व] भलमनसी, भलाई (कुमा)।

भल्लय [भल्लक] देखो भल्ल = भल्ल (उप पृ ३०, सण श्रावम)।

भल्लाअय, भल्लातक, भल्लाय पु [भल्लात, °क] १ वृक्ष-विशेष, भिलावा का पेड (पण्ण १, दे १, २३)। २ न. भिलावा का फल (दे १, २३, ५, २८, पाअ)।

भल्लि स्त्री [भल्लि] देखो भल्ली (कुमा)।

भल्लिम पुस्त्री [भद्रत्व] भलाई, भद्रता (सुपा १२३, कुप्र १०८)।

भल्ली स्त्री [भल्ली] भाला, बरछी, अस्त्र विशेष (सुर २, २८, कुप्र २७४, सुपा ५३०)।

भल्लु पुस्त्री [दे] भालू, रीछ (दे ६, ९९)।

भल्लुकी स्त्री [दे] शिवा, शृगाली (दे ६, १०१, सण), 'भल्लुंकी रुट्ठिया विकट्ठंती' (सया ६६)।

भल्लोड पुंन [दे] बाण का पुख, शर का अग्र भाग, गुजराती मे 'भालोडु; 'कन्नायड्ढि-यवणुहपट्ठदीसतभल्लोडा' (सुर २, ७)।

भव अक [भू] १ होना। २ सक. प्राप्त करना। भवइ, भवए (कप्प, महा), भए (भग, ठा ३, १)। भूका. भविसु (भग)। भवि. भविस्सइ, भविस्स (कप्प, भग, पि ५२१)। वकृ. भवत (गउड ५८८), 'भूयमा-विभा (?भ)वमाण भाविहीं' (कुप्र ४३७)। सकृ. भविअ, भवित्ता, भवित्ताणं (अभि ५७, कप्प, भग, पि ५८३), भइ (अप), (पिंग)। कृ भवियव्व (णाया १, १, सुर ४, २०७, उव, भग, सुपा १६४)। देखो भव्व।

भव पु [भव] १ संसार (ठा ३, १, उवा, भग विपा २, १, कुमा, जी ४१)। २ संसार का कारण (सम्म १)। ३ जन्म, उत्पत्ति (ठा ४, ३)। ४ नरकादि योनि, जन्म-स्थान (आचा, ठा २, ३, ४, ३)। ५ महा-देव, शिव (पाअ)। ६ वि. होनेवाला, भावी (ठा १)। ७ उत्पन्न, 'कणयपुरं नामेण तत्थ भवो हं महाभाग!' (सुपा ५८४)। ८ न. देव-विमान-विशेष (सम २)। °जिण

वि [°जिन] रागादि को जीतनेवाला, 'सासणं जिणाण भवजिणाणं' (सम्म १)। °ट्ठिइ स्त्री [°स्थिति] १ देव आदि योनि में उत्पत्ति की काल-मर्यादा (ठा २, ३)। २ संसार में अवस्थान (पंचा १)। °त्थ वि [°स्थ] संसार में स्थित (ठा २, १)। °त्थकेवलि वि [°स्थकेवलिन्] जीवन्मुक्त (सम्म ८९)। °धारणिज्ज न [°धारणीय] जीवन-पर्यन्त संसार में धारण करने योग्य शरीर (भग, इक)। °पच्चइय वि [°प्रत्ययिक] १ नरकादि योनि-हेतुक। २ न. अवधिज्ञान का एक भेद (ठा २, १; सम १४५)। °भूइ पुं [°भूति] संस्कृत का एक प्रसिद्ध कवि (गउड)। °सिद्धिय, °सिद्धीय वि [°सिद्धिक] उसी जन्म में या बाद के किसी जन्म में मुक्त होनेवाला, मुक्ति-गामी (सम २; पण्ण १८; भग, विसे १२३०; जीवस ७५; श्रावक ७३; ठा १; विसे १२२६)। °भिणंदि, °भिनंदि, °हिनंदि वि [°भिनन्दिन्] संसार को पसंद करनेवाला, संसार को अच्छा माननेवाला (राज, संबोध ८; ५३)। °ोक्गाहि न [°ोपग्राहिन्] कर्म विशेष (धर्मसं १२९१)।

भव देखो भव्व (कम्म ४, ९)।

भव } पुं [भवत्] तुम, आप (कुमा,
भवंत } हे २, १७४)।

भवंत देखो भव = भू।

भवँ (अप) भम = भ्रम्। भवंइ (सण)। वकृ. भवँत (भवि)। संकृ. भविंतु (सण)।

भवँण (अप) देखो भमण (भवि)।

भमण न [भवन] १ उत्पत्ति, जन्म (धर्मसं १७२)। २ गृह, मकान, वसति (पाअ, कुमा)। ३ असुरकुमार आदि देवों का विमान (पण्ण २)। ४ सत्ता (विसे ६९)। °वइ पुं [°पति] एक देव-जाति (भग)। °वासि पुं [°वासिन्] वही पूर्वोक्त अर्थ (ठा १०, औप)। °वासिणी स्त्री [°वासिनी] देवी विशेष (पण्ण १७, महा ६८, १२)। °हिव पुं [°धिप] एक देव-जाति (सुपा ६२०)।

भवमाण देखो भव = भू।

भवर देखो भमर (चंड)।

भवाणी स्त्री [भवानी] शिव-पत्नी, पार्वती (पाअ; समु १५७)। °कंत पुं [°कान्त] महादेव (पिंग)।

भवारिस वि [भवादृश] तुम्हारे जैसा, आपके तुल्य (हे १, १४२; चंड; सुपा २७२)।

भवि पुं [भविन्] भव्य जीव, मुक्ति-गामी प्राणी (भवि)।

भविअ देखो भव = भू।

भविअ वि [भव्य] १ सुन्दर (कुमा)। २ श्रेष्ठ, उत्तम (सबोध १)। ३ मुक्ति-योग्य, मुक्ति-गामी (पण्ण १; उव)। ४ भावी, होनेवाला (हे २, १०७, षड्)। देखो भव्व = भव्य।

भविअ वि [भविक] १ मुक्ति-योग्य, मुक्ति-गामी। २ संसारी, संसार में रहनेवाला (सुर ४, ८०)।

°भविअ वि [°भविक] भव-सबन्धी (सण)।

भवित्ती स्त्री [भवित्री] होनेवाली (पिंग)।

भवियव्व देखो भव = भू।

भवियव्वया स्त्री [भवितव्यता] नियति, अवश्यंभावी, होनी (महा)।

भविल वि [भविल] निष्ठुर (दश० अगस्त्य चू० पत्र० १६८, सूत्र० ३२६)।

भविस (अप) देखो भवीस। °त्त, °यत्त पुं [°दत्त] एक कथा-नायक (भवि)।

भविस्स पुं [भविष्य] १ भविष्य काल, आगामी समय (पउम ३५, ५६, पि ५६०)। २ वि. भविष्य काल में होनेवाला, भावी (णाया १, १६—पत्र २१४, पउम ३५, ५६; सुर १, १३५; कप्पू)।

भवीस (अप) ऊपर देखो (भवि)।

भव्व वि [भव्य] १ सुन्दर, 'सव्वं भव्वं करिस्सामि' (सुपा ३३९)। २ उचित, योग्य (विसे २८; ४४)। ३ श्रेष्ठ, उत्तम (वज्जा १८)। ४ होता, वर्तमान, 'एयं भूयं वा भव्वं वा भविस्सं वा' (णाया १, १६—पत्र २१४; कप्प, विसे १३४२)। ५ भावी, होनेवाला (विसे ५८, पंच २, ८)। ६ मुक्ति-योग्य, मुक्ति-गामी (विसे १८२२, ३; ४; ५; दं १)। °सिद्धीय देखो भव सिद्धीय; 'पज्जत्तापज्जत्ता सुहुमा किंचहिया भव्व-सिद्धीया' (पंच २, ७८)।

भव्व पुं [दे] भागिनेय, भानजा (दे ६, १००)।

भस सक [भष्] भूँकना, श्वान का बोलना। भसइ (हे ४, १८६; षड्—पत्र २२२), भसंति (सिरि ६२२)।

भसग पुं [भसक] एक राज-कुमार, श्रीकृष्ण के बड़े भाई जरत्कुमार का एक पौत्र (उव)।

भसण देखो भिसण। भसणेमि (पि ५५९)।

भसण न [भषण] १ कुत्ते का शब्द (श्रा २७)। २ पुं. श्वान, कुत्ता (पाअ; सिरि ६२२)।

भसणअ (अप) वि [भषितृ] भूँकनेवाला, 'सुणउ भसणउ' (हे ४, ४४३)।

भसम पुं [भस्मन्] १ ग्रह-विशेष, 'भसमग्गहपीडियं इमं तित्थं' (सट्ठि ४२ टी)। २ राख, भभूत, 'भसमुद्धूलियगत्तो' (महा, सम्मत ७६)। देखो भास = भस्मन्।

भसल देखो भमर (हे, १, २४४; २५४, कुमा, सुपा ४, (पिंग)।

भसुआ स्त्री [दे] शिवा, शृगाली, सियारिन (दे ६, १०१, पाअ)।

भसुम देखो भसम (प्राकृ ३७)।

भसेल्ल पुंन [दे] धान्य आदि का तीक्ष्ण अग्र भाग, 'सालिभसेल्लसरिसा से केसा' (उवा)।

भसोल न [दे. भसोल] एक नाट्य-विधि (राज)।

भस्य (मा) देखो भट्ट (षड्)।

भस्थालय (मा) देखो भट्टारय (षड्)।

भस्स देखो भंस = भ्रंश्। भस्सइ (प्राकृ ७६)। वकृ. भस्संत (काल)।

भस्स पुं [भस्मन्] १ ग्रह-विशेष। २ राख (हे २, ५१)।

भस्सिअ वि [भस्मित] जलाकर राख किया हुआ, भस्म किया हुआ (कुमा)।

भा अक [भा] चमकना, दीपना, प्रकाशना; 'भा भाओ वा दित्तीए' (विसे ३४४७)। भाइ (कप्पू), भामि (गउड)। वकृ. देखो भंत = भात्।

भा स्त्री [भा] दीप्ति, प्रभा, कान्ति, तेज (कुमा)। °मंडल पुं [°मण्डल] सूर्य चक्र

का पुत्र (पउम २६, ८७)। °वलय न [°वलय] जिन देव का एक महाप्रातिहार्य, पीठ के पीछे रखा जाता दीप्ति-मंडल (सबोध २, सिरि १७७)।

भा } अक [भी] डरना भय करना। भाइ, भाअ } भाअइ, भाआमि (हे ४, ५३; षड्, महा, स्वप्न ८०), भादि (शौ) (प्राकृ ९३), भायइ (सण)। भवि. भाइस्सदि, भाइस्स (शौ) (पि ५३०)। वकृ. भायंत (कुमा)। कृ. भाइयव्व (पण्ह २, २, स ५६२, (सुपा ४१)।

भाअ देखो भा = भा। भाअदि (शौ) (प्राकृ ९३)।

भाअ सक [भायय्] डराना। भाअइ, भाएइ (प्राकृ ६४), भाएसि (कर्पूर २४)। वकृ भायमाग (सुपा २४८)।

भाअ देखो भाव = भावय्। कृ भाएअव्व (नव २५)।

भाअ पुं [भाग] १ योग्य स्थान। २ एक देश (से १३, ९)। ३ अंश, विभाग, हिस्सा (पाअ, सुपा ४०७ पव—गाथा ३०, उवा)। ४ भाग्य, नसीब (सार्ध ८०)। °धेअ, °हेअ पुन [°धेय] १ भाग्य, नसीब (से ११, ८५, स्वप्न ५१, हम्मीर १४, अभि १९७)। २ कर, राज देय। ३ दायाद, भागीदार, 'भाअहेओ भाअहेअ' (प्राकृ ८८, नाट—चैत ६०)। देखो भाग।

भाअ पु [दे] ज्येष्ठ भगिनी का पति (दे ६, १०२)।

भाअ देखो भाव (भवि)।

भाआव देखो भाअ = भायय्। भाआवेइ (प्राकृ ६४)।

भाइ देखो भागि, 'सारिव्व बधवहमरणभाइणो जिण ण हुति तइ दिट्ठे' (धण ३२, उप ९८६ टी)।

भाइ } पुं [भ्रातृ] भाई, बंधु (उप ५१६, भाइअ } महा आवम)। °बीया स्त्री [°द्वितीया] पर्व विशेष, भैयादूज, कार्तिक शुक्ल द्वितीया तिथि (ती १९)। °सुअ पु [°सुत] भतीजा (सुपा ४७०)। देखो भाउ।

भाइअ वि [भाजित] १ विभक्त किया हुआ, बांटा हुआ (पिंड २०८)। २ खण्डित (पच २, १०)।

भाइअ वि [भीत] १ डरा हुआ। २ न. डर, भय (हे ४, ५३)।

भाइणिज्ज } पुस्त्री [भागिनेय] भगिनी-पुत्र, भाइणेअ } बहिन का लड़का, भानजा (धम्म भाइणेज्ज } १२ टी नाट—रत्ना ८५, स २७०, णाया १, ८—पत्र १३२, पउम ९९, ३९, कुप्र ४४०, महा)। स्त्री °ज्जी (पउम १७, ११२)।

भाइयव्व देखो भा = भी।

भाइर वि [भीरु] डरपोक (दे ६, १०४)।

भाइल्ल पुं [दे] हालिक, कर्षक, कृषीबल, किसान (दे ६, १०४)।

भाइल्ल वि [भागिन्, °क] भागीदार, साझीदार, अंश ग्राही (सूअ २, २, ६३, पण्ह १, २, ठा ३, १—पत्र ११३, णाया १, १४)। देखो भागि।

भाइहंड न [दे भ्रातृभाण्ड] भाई, बहिन आदि स्वजन, गुजराती में 'भांवड' (कुप्र १५६)।

भाईरही स्त्री [भागीरथी] गंगा नदी (गउड, हे ४, ३४७, नाट—विक्र २८)।

भाउ } पु [भ्रातृ] भाई बंधु (महा, भाउअ } सुर ३, ८८ पि ५५, हे १, १३१ उव)। °जाया, °ज्जाइया स्त्री [°जाया] भौजाई, भाई की स्त्री (दे ६, १०३, सुपा २६४)।

भाउअ देखो भाअ = (दे) (दे ६, १०२ टी)।

भाउअ न [दे] आषाढ मास में मनाया जाता गौरी-पार्वती का एक उत्सव (दे ६, १०३)।

भाउग देखो भाउ (उप १४९ टी, महा)।

भाउज्जा स्त्री [दे] भौजाई भाई की पत्नी (दे ६, १०३)।

भाउराअण पु [भागुरायण] व्यक्ति-वाचक नाम (मुद्रा २२३)।

भाएअव्व देखो भाअ = भावय्।

भाग पु [भाग] १ अंश, हिस्सा (कुमा, जी २७, दे १, १६७)। २ अचिन्त्य शक्ति, प्रभाव, माहात्म्य भागोचिता सत्तो स महा भागो महप्पभावो त्ति' (विसे १०५८)। ३ पूजा, भजन (सूअ १, ८, २२)। ४ भाग्य, नसीब, 'धन्ना कयपुन्ना ह महतभागोदओवि मह अत्थि' (सिरि ८२३)। ५ प्रकार, भंगी (राज)। ६ अवकाश (सुज्ज १०, ३—पत्र १०४)। °धेअ, °धेज्ज °हेअ देखो भाअ-हेअ (पउम ६, ५७; २८, ८९, स १२, सुर १४, ६, पाअ)। देखो भाअ = भाग।

भागवय वि [भागवत] १ भगवान् से संबन्ध रखनेवाला। २ भगवान् का भक्त (धर्मसं ३१२)। ३ न. ग्रंथ विशेष (णंदि)।

भागि वि [भागिन्] १ भजनेवाला, सेवन करनेवाला, 'भारस्स भागी' (उव), 'किं पुण मरणंपि न मे संजाय मदभग्गभागिस्स' (सुपा ५४७)। २ भागीदार, साझीदार, अंश-ग्राही (प्रामा)।

भागिणेज्ज } देखो भाइणेज्ज (महा, कुप्र भागिणेय } ३७१)।

भागीरही देखो भाईरही (पाअ)।

भाज अक [भ्राज्] चमकना। वकृ. भाजत, भत (विसे ३४४७)।

भाड पुंन [दे] भाड, वह बड़ा चूल्हा जहाँ अन्न भुना जाता है भट्ठी जाया भाडसमाणा मग्गा उत्तत्तवालुया अहिय' (धर्मवि १०४, सण)।

भाडय न [भाटक] भाड़ा, किराया (सुर ९, १५७)।

भाडिय वि [भाटकित] भाड़े पर लिया हुआ, 'वोहित्थ भाडिय वियड' (सुर १३, ३५)।

भाडिया } स्त्री [भाटिका, °टी] भाड़ा, भाडी } शुल्क, किराया, 'एक्काण देइ भाडि अन्नाहि सम रमेइ रयणीए', विलासिणीए दाऊण इच्छिय भाडि' (सुपा ३८२, ३८३, उवा)। °कम्म न [°कर्मन्] बैल, गाड़ी आदि भाड़े पर देने का काम—धन्धा, 'भाडियकम्म' (स ५०, श्रा २२, पडि)।

भाण देखो भण = भण्। सकृ. भाणिऊण, भाणिऊण (पिंड ६१५, उव)। कृ भाणियव्व (ठा ४, २, सम ८४, भग, उवा, कप्प, औप)।

भाण देखो भायण (ओघ ६९५, हे १, २६७, कुमा)।

भाणिअ वि [भाणित] १ पढ़ाया हुआ, पाठित, नाणासत्थाइ भाणिआ' (रयण

६८)। २ कहलाया हुआ, 'मयणसिरिनामाए रन्नो भज्जाए भाणिओ मंती' (सुपा ५८७)।

भाणु पुं [भानु] १ सूर्य, रवि (पउम ४९, ३९, पुप्फ १६४, सिरि ३२)। २ किरण (प्राप्ता)। ३ भगवान् धर्मनाथ का पिता, एक राजा (सम १५१)। ४ स्त्री. एक इन्द्राणी, शक्र की एक अग्र महिषी (पउम १०२, १५९)। °कण्ण पुं [°कर्ण] रावण का एक अनुज (पउम ७, ९७)। °मई स्त्री [°मती] रावण की एक पत्नी (पउम ७४, १०)। °मालिणी [°मालिनी] विद्या-विशेष (पउम ७, १३६)। °मित्त न [°मित्र] उज्जयिनी के राजा बलमित्र का छोटा भाई (काल, विचार ४९४)। °वेग पु [°वेग] एक विद्याधर का नाम (महा, सण)। °सिरी स्त्री [°श्री] राजा बलमित्र की बहिन (काल)।

भाम देखो भमाड = भ्रमय्। भामेइ (हे ४, ३०)। कवकृ. भामिज्जत (गा ४५७)। कृ. भामेयव्व (ती ७)।

भामण न [भ्रामण] घुमाना, फिराना (सम्मत्त १७४)।

भामर न [भ्रामर] १ मधु विशेष, भ्रमरी का बनाया हुआ मधु (पव ४)। २ पुं. दोधक छन्द का एक भेद (पिंग)।

भामरी स्त्री [भ्रामरी] १ वीणा विशेष (णाया १, १७—पत्र २२९)। २ प्रदक्षिणा (कप्पू, भवि)।

भामिअ वि [भ्रमित] १ घुमाया हुआ (से २, ३२)। २ भ्रान्त किया हुआ, भ्रान्त चित्त किया हुआ, 'मत्तुरभामिओ इव' (मन २७, धर्मवि २३)।

भामिणी स्त्री [भामिनी] भाग्यवाली (हे १, १९०, कुमा)।

भामिणी स्त्री [भामिनी] १ कोप-शीला स्त्री। २ स्त्री, महिला (श्रा १२, सुर १, ७६, सुपा ४७५; सम्मत्त १९३)।

भाय देखो भाउ (कुमा)।

भायंत देखो भा = भी।

भायण पुंन [भाजन] १ पात्र। २ आधार। ३ योग्य 'भायणा, भायणाइं' (हे १, ३३, २६७), 'ति चिय धन्ना ते पुन्नभायणा, तण जीविअं सहल' (सुपा ५६७, कुमा)।

भायण न [भाजन] आकाश, गगन (भग २०, २—पत्र ७७६)।

भायणंग पुं [भाजनाङ्ग] कल्पवृक्ष की एक जाति, पात्र देनेवाला कल्पवृक्ष (पउम १०२, १२०)।

भायणिज्ज देखो भाइणिज्ज (धर्मवि १२; काल)।

भायमाण देखो भाअ = भायय्।

भायर देखो भाउ (कुमा)।

भायल पुं [दे] जात्य अश्व, उत्तम जाति का घोड़ा (दे ६, १०४, पाअ)।

भार पुं [भार] १ बोझा, गुरुत्व (कुमा)। २ भारवाली वस्तु, बोझवाली चीज (श्रा ४०)। ३ काम संपादन करने का अधिकार, 'भारक्खमेवि पुत्ते जो नियभारं ठवित्तु नियपुत्ते, न य साहेइ सकज्जं' (प्रासू २७)। ४ परिमाण-विशेष, 'लाउअबीअं इक्कं नासइ भारं गुडस्स जह सहसा' (प्रासू १५१)। ५ परिग्रह, धन-धान्य आदि का संग्रह (पण्ह १, ५)। °ग्गसो अ [°अशस्] भार भार के परिमाण से, 'दसद्धवन्नमल्लं कुम्भग्गसो य भारग्गसो य' (णाया १, ८—पत्र १२५)। °वह वि [°वह] बोझा ढोनेवाला (श्रा ४०)। °विह वि [°विह] वही अर्थ (पउम ९७, २९)।

भारई स्त्री [भारती] भाषा, वाणी, वाक्य, वचन (पाअ)। देखो भारही।

भारद्दाय } न [भारद्वाज] १ गोत्र विशेष,
भारद्दाय } जो गौतम गोत्र की एक शाखा है (कप्प, सुज्ज १०, १६)। २ पुं. भारद्वाज गोत्र में उत्पन्न, 'जे गोयमा ते गग्गा ते भारद्दा (? दाया), ते अंगिरसा' (ठा ७—पत्र ३९०)। पति विशेष (ओघभा ८४)। ४ मुनि-विशेष (वि २३६, २९८, ३६३)।

भारय देखो भार (सुपा १४, ३८५)।

भारह न [भारत] १ भारतवर्ष, भरत-क्षेत्र (उवा) 'जहा निसंते तवणच्चिमाली पभासई केवलभारहं तु' (दस ९, १, १४)। २ पाण्डव कौरवों का युद्ध, महाभारत (पउम १०५, १६)। ३ दंड-विशेष, जिसमें पाण्डव-कौरव युद्ध का वर्णन है, व्यास-मुनि प्रणीत महाभारत (कुमा उर ३, ८)। ४ भरत मुनि प्रणीत नाट्य-शास्त्र (अणु)। ५ वि. भारतवर्ष-सम्बन्धी, भारतवर्ष का (ठा २, ३—पत्र ६९), 'तत्थ खलु इमे दुवे सूरिया पन्नत्ता, तं जहा—भारहे चेव सूरिए, एरवए चेव सूरिए' (सुज्ज १, ३)। °खेत्त न [°क्षेत्र] भारतवर्ष (ठा २, ३ टी—पत्र ७१)।

भारहिय वि [भारतीय] भारत सम्बन्धी, 'जा भारहियकहा इव भीमज्जुणनउलसउणि-सोहिल्ला' (सुपा २६०)।

भारही स्त्री [भारती] १ सरस्वती देवी (पि २०७)। २ देखो भारई (स ३१९)।

भारिअ वि [भारिक] भारी, भारवाला, गुरु (दे ४, २, णाया १, ६ पत्र—११४)।

भारिअ वि [भारित] १ भारवाला, भारी (उप पृ १३४)। २ जिस पर भार लादा गया हो वह, भार-युक्त किया गया (सुर २, २५)।

भारिआ देखो भज्जा (हे २, १०७, उवा, णाया २)।

भारिल्ल वि [भारवत्] भारी, बोझवाला (धर्मवि १३७)।

भारुंड पुं [भारुण्ड] दो मुँह और एक शरीर वाला पक्षी, पक्षि विशेष (कप्प, औप, महा, दे ६, १०८)।

भाल न [भाल] ललाट (पाअ, कुमा)।

भालुकी [दे] देखो भल्लुकी (भत्त १६०)।

भाल्ल पुन [दे] मदन-वेदना, काम-पीड़ा (संक्षि ४७)।

भाव सक [भावय्] १ वासित करना, सुगन्धित करना। २ चिन्तन करना। भावेइ (विसे ९८), भावित (निह १२६), भावयइ भवणं' (हि १९), भावेमु (महा)। कर्म. भाविज्जइ (प्रसू ३७)। कृ. भावेत, भावमाण, भावेमाण (सुर ८, १८५, सुपा २९५, उवा)। संकृ. भावेत्ता, भाविऊण (उवा, महा)। ह. भावणिज्ज, भावियव्व, भावेयव्व (कप्पू, कालक सुर १४, ८४)।

भाव सक [भास्] १ दिखना, लगना, मालूम होना। २ पसन्द होना, रुचिर मालूम होना।

'सो चेव देवलोगो देवसहस्सोवसोहिओ रम्मो।
तुह विरहिमाइ दंसिह भावइ नरओवमो मज्झ।'
(सुर ७, १६)।

'तं चिय इम विमाणं रम्मं
मणिकणगरयणविच्छुरियं।
सुमए पुक्खं भावइ
पडियालयसच्छहं नाह।'
(सुर ७, १७)।

'एम्वहि राहपओहरह जं भावइ त होउ'
(हे ४, ४२०)।

भाव पु [भाव] १ पदार्थ, वस्तु 'भावो वत्थु पयत्थो' (पाअ विसे ७०, १६६२)। २ अभिप्राय, आशय (आचा पचा १, १, प्रासू ४२)। ३ चित्त विकार, मानस विकृति, 'हावभावपललियविक्खेवविलाससालिणीहिं' (पण्ह २, ४—पत्र १३२)। ४ जन्म, उत्पत्ति, 'विडो वज्जं पइसमयभावाउ' (विसे ७१)। ५ पर्याय, धर्म, वस्तु का परिणाम, द्रव्य की पूर्वापर अवस्था (पण्ह १, ३, उत्त ३०, २३, विसे ६९, कम्म ४, १, ७०)। ६ धात्वर्थ युक्त पदार्थ विवक्षित क्रिया का अनुभव करनेवाली वस्तु, पारमार्थिक पदार्थ (विसे ४९)। ७ परमार्थ, वास्तविक सत्य (विसे ४९)। ८ स्वभाव, स्वरूप (अणु, णदि)। ९ भवन, सत्ता (विसे ६०, गउड ९७८)। १० ज्ञान, उपयोग (आचू १, विसे ५०)। ११ चेष्टा (णाया १, ८)। १२ क्रिया, धात्वर्थ (अणु)। १३ विधि कर्तव्योपदेश, 'भावाभावमणता' (भग ४१—पत्र ९७९)। १४ मन का परिणाम (पचा २, ३३ उव, कुमा ७, ५५)। १५ अन्तरग बहुमान प्रेम, राग (उव, कुमा ७, ८३, ८५)। १६ भावना, चिन्तन (गउड १२०४, सबोध २४)। १७ नाटक की भाषा मे विविध पदार्थों का चिन्तक पण्डित (अभि १८२)। १८ आत्मा (भग १७, ३)। १९ अवस्था, दशा (कप्पू)। °केउ पु [°केतु] ज्योतिष्क देव विशेष, महाग्रह-विशेष (ठा २, ३)। °त्थ पु [°र्थ] तात्पर्य, रहस्य (स ६)। °न्न °न्नुय वि [°ज्ञ] अभिप्राय को जाननेवाला (आचा, महा)। °पाण पु [°प्राण] ज्ञान आदि आत्मा का अन्तरग गुण (पण्ण १)। °सजय पु [°संयत] सच्चा, साधु (उप ७३२)। °साहु पु [°साधु] वही अर्थ (भग)। °सव पु [°स्रव] वह आत्म-परिणाम, जिससे कर्म का आगमन हो, 'आसवदि जेण कम्मं परिणामेणप्पणो स विण्णेओ भावासवो' (द्रव्य २९)।

भाव पुं [भाव] महान् वादी, समर्थ विद्वान (दस १, १ टी)।

भावअ वि [भावक] होनेवाला (प्राकृ ७०)। देखो भावग।

भावइआ स्त्री [दे] धार्मिक-गृहिणी (दे ६, १०४)।

भावग वि [भावक] वासक पदार्थ, गुणाधायक वस्तु (आचू ३)। देखो भावअ।

भावड पुं [भावक] स्वनाम-ख्यात एक जैन गृहस्थ (ती २)।

भावण पु [भावन] १ स्वनाम-ख्यात एक वणिक् (पउम ५, ८२)। २ नीचे देखो (सबोध २४, वि ६)।

भावणा स्त्री [भावना] १ वासना, गुणाधान, संस्कार-करण (औप)। २ अनुप्रेक्षा, चिन्तन। ३ पर्यालोचन (ओपभा ३, उव, प्रासू ३७)।

भावि वि [भाविन्] भविष्य में होनेवाला (कुमा, सण)।

भाविअ वि [दे] गृहीत, उपात्त (दे ६, १०३)।

भाविअ न [भाविक] एक देव विमान (सम ३३)।

भाविअ वि [भावित] १ वासित (पण्ह २, ५, उत्त १४, ५२, भग, प्रासू ३७)। २ भाव-युक्त, 'जिणपवयणतिव्वभावियमइस्स' (उव)। ३ शुद्ध, निर्दोष (बृह १)। °प्प वि [°त्मन्] १ वासित अन्त करणवाला (औप, णाया १, १)। २ पु मुहूर्त विशेष, अहोरात्र का तेरहवाँ या अठारहवाँ मुहूर्त (सुज्ज १०, १३, सम ५१)। °प्पा स्त्री [°त्मा] भगवान् धर्मनाथ की मुख्य शिष्या (सम १५२)।

भाविंदिअ न [भावेन्द्रिय] उपयोग, ज्ञान (भग)।

भाविर वि [भाविन्, भवितृ] भविष्य मे होनेवाला, अवश्यभावी, 'अम्ह भाविरदोहरपवासदुहिया मिलाएइ' (सुपा ९), 'एत्थतरम्मि भाविरनियपिउपुरविरहग्गिदूमियमणेण' (सुपा ७५)।

भाविल्ल वि [भावयत्] भाव-युक्त, 'पणवीसं भावणाइं भाविल्लो पचमहव्वयाईणं' (सबोध २४)।

भाविस्स देखो भविस्स, 'भाविस्समूयपभवंतभावमालोयलोयण विमल' (सुपा ८६)।

भावुग } वि [भावुक] अन्य के संसर्ग की
भावुय } जिस पर असर हो सकती हो वह वस्तु (ओघ ७७३, सबोध ५४)।

भास सक [भाष्] कहना, बोलना। भासइ, भासति (भग, उव)। भवि. भासिस्सामि (भग)। वकृ. भासंत, भासमाण (औप, भग, विपा १, १)। कवकृ. भासिज्जमाण (भग, सम ६०)। सकृ. भासित्ता (भग)। हे. भासिअव्व (भग, महा)।

भास अक [भास्] १ शोभना। २ लगना, मालूम होना। ३ प्रकाशना, चमकना। भासइ (हे ४, २०३), भासए, भासति, भाससि (मोह २९, भत ११०, सुर ७, १६२)। वकृ. भासत (अच्चु ५४)।

भास सक [भीषय्] डराना। भासइ (धात्वा १४७)।

भास पु [भास] १ पक्षि विशेष (पण्ह १, १, दे २, ९२)। २ दीप्ति, प्रकाश 'भासरिज्जइ कयावि। उक्कोसावरणम्मिवि जनयच्छयकभासो व्व' (विसे ४९८ भवि)।

भास पु [भस्मन्] १ ग्रह विशेष, ज्योतिष्क देव विशेष (ठा २, ३ विचार ५०७)। २ भस्म राख (णाया १, १, पण्ह २, ५)। °रासि पु [°राशि] ग्रह विशेष (ठा २, ३, कप्प)।

भास न [भाष्य] व्याख्या-विशेष, पद्य बद्ध टीका (चै य १, उप ३५७ टी, विचार ३५२, सम्यक्त्वो ११)।

भास° देखो भासा (कुमा)। °ण्णु वि [°ज्ञ] भाषा के गुण-दोष का जानकार (धर्मसं ९२५)। °व वि [°वत्] वही अर्थ (सूअ १, १३, १३)।

भासग वि [भाषक] बोलनेवाला, वक्ता, प्रतिपादक (विसे ४१०; पंचा १८, ९; ठा २, २—पत्र ५९)।

भासण न [भासन] चमक, दीप्ति, प्रकाश, 'वरमज्झिमासणाणं' (औप)।

भासण न [भाषण] कथन, प्रतिपादन (महा)।

भासणया } स्त्री [भाषणा] ऊपर देखो (उप
भासणा } ५१९, विसे १४७, उव)।

भासय देखो भासग (विसे ३७४, पण्ण १८)।

भासय वि [भासक] प्रकाशक (विसे ११०४)।

भासल वि [दे] दीप्त, प्रज्वलित (दे ६, १०३)।

भासा स्त्री [भाषा] १ बोली, 'अट्ठारसदेसी-भासाविसारए' (औप १०९; कुमा)। २ वाक्य, वाणी, गिरा, वचन (पाअ)। °जड वि [°जड] बोलने की शक्ति से रहित, मूक (आव ४)। °पज्जत्ति स्त्री [°पर्याप्ति] पुद्गलों को भाषा के रूप में परिणत करने की शक्ति (भग ६, ४)। °विजय पु [°विचय] १ भाषा का निर्णय। २ दृष्टिवाद, बारहवाँ जैन अंग-ग्रन्थ (ठा १०—पत्र ४९१)। °विजय पुं [°विजय] दृष्टिवाद (ठा १०)। °समिअ वि [°समित] वाणी का संयम-वाला (भग)। °समिइ स्त्री [°समिति] वाणी का संयम (सम १०)। देखो भास°।

भासा स्त्री [भास] प्रकाश, आलोक, दीप्ति (पाअ)।

भासि वि [भाषिन्] भाषक, वक्ता (धर्मवि ५२, भवि)।

भासिअ वि [भाषित] १ उक्त, कथित, प्रतिपादित (भग, आचा, सण, भवि)। २ न. भाषण, उक्ति (आवम)।

भासिअ वि [भाषिन्, °क] वक्ता, बोलने-वाला (भवि)।

भासिअ वि [दे] दत्त, अर्पित (दे ६, १०४)।

भासिअ वि [भासित] प्रकाशवाला, प्रकाश-युक्त (निचू १३)।

भासिर वि [भाषितृ] वक्ता (सुपा ५३८; सण)।

भासिर वि [भास्वर] दीप्त, देदीप्यमान (कुमा)।

भासिल्ल वि [भाषावत्] भाषा-युक्त, वाणी-युक्त (उत्त २७, ११)।

भासीकय वि [भस्मीकृत] जलाकर राख किया हुआ (उप ९८६ टी)।

भासुंड अक [दे] बाहर निकलना। भासुंडइ (दे ६, १०३ टी)।

भासुडि स्त्री [दे] निःसरण, निर्गमन (दे ६, १०३)।

भासुर वि [भासुर] १ भास्वर, दीप्तिमान्, चमकता (सुर ६, १८४, सुपा ३३, २७२, कुप्र ६०, धर्मस १३२६ टी)। २ घोर, भीषण, भयंकर, 'घोरा दारुणभासुरभइरव-लल्लकभीमभीसणया' (पाअ)। ३ एक देव-विमान (सम १३)। ४ छन्द विशेष (अजि ३०)।

भासुरिअ वि [भासुरित] देदीप्यमान किया हुआ, 'भासुरभूसणभासुरिअंगा' (अजि २३)।

भि देखो °बिभ (आचा)।

भिअप्पइ
भिअप्फइ } देखो वहस्सइ (पि २१२, षड्)।
भिअस्सइ

भिइ देखो भइ = भृति (राज)।

भिउ पुं [भृगु] १ स्वनाम-ख्यात ऋषि-विशेष। २ पर्वत सानु। ३ शुक्र-ग्रह। ४ महादेव, शिव। ५ जमदग्नि। ६ ऊँचा प्रदेश। ७ भृगु का वंशज। ८ रेखा, राजि (हे १, १२८, षड्)। °कच्छ न [°कच्छ] नगर-विशेष, भडौच (राज)।

भिउड न [दे] अंग विशेष, शरीर का अवयव-विशेष (?), 'मुत्तूण तुरगमिउडे सग्गं पिट्ठम्मि उत्तरीयं च', तो तस्सेव य सग्गं भिउडाओ निव्हिऊण चाणक्को' (धर्मवि ४१)।

भिउडि स्त्री [भृकुटि] १ भौं भंग, भौं का विकार (विपा १, ३, ४)। २ पुं. भगवान् नमिनाथ का शासन-देव (संति ८)।

भिउडिय वि [भृकुटित] जिसने भौं चढ़ाई हो वह (णाया १, ८)।

भिउडी देखो भिउडि (कुमा)।

भिउर वि [भिदुर] विनश्वर (आचा)।

भिउव्व पुं [भार्गव] भृगु मुनि का वंशज, परिव्राजक-विशेष (औप)।

भिंग वि [दे] कृष्ण, काला (दे ६, १०४)। २ नील, हरा। ३ स्वीकृत (षड्)।

भिंग पुं [भृङ्ग] १ भ्रमर, मधुकर (पउम ३३, १४८, पाअ)। २ पक्षि-विशेष (पण्ण १७—पत्र ५२६)। ३ कीट-विशेष। ४ विदलित अंगार, कोयला (णाया १, १—पत्र २०, औप)। कल्पवृक्ष की एक जाति (सम १६)। ६ छन्द-विशेष (पिंग)। ७ जार, उपपति। ८ भाँगरा का पेड़। ९ पात्र-विशेष, भारी (हे १, १२८)। °णिभा स्त्री [°निभा] एक पुष्करिणी (इक)। °प्पभा स्त्री [°प्रभा] पुष्करिणी-विशेष (जं ४)।

भिंगा स्त्री [भृङ्गा] एक पुष्करिणी, वापी-विशेष (इक)।

भिंगार } पुं [भृङ्गार, °क] १ भाजन-
भिंगारक } विशेष, भारी (पण्ह १, ४;
भिंगारग } औप)। २ पक्षि-विशेष, 'भिंगा-रवंतभेरवरवे' (णाया १, १—पत्र ६५), 'भिंगारकदीणकंदियरवेसु' (णाया १, १—पत्र ६३, पण्ह १ १, औप)। ३ स्वर्ण मय जल-पात्र (हे १, १२८; जं २)।

भिंगारी स्त्री [दे. भृङ्गारी] १ कीट-विशेष, चिरी, झिल्ली (दे ६, १०५ पाअ, उत्त ३६, १४८)। २ मशक, डाँस (दे ६; १०५)।

भिंजा स्त्री [दे] अभ्यंग, मालिश (सूअ १, ४, २, ८)।

भिंटिया स्त्री [दे. वृन्ताकी] भंटा का गाछ (उत्त १०३१ टी)।

भिंडिमाल } पुं [भिन्दिपाल] शस्त्र विशेष
भिंडिवाल } (पण्ह १, १, औप, पउम ८, १२०, स ३८४, कुमा, हे २, ३८, प्राप्र)।

भिंद सक [भिद्] १ भेदना, तोड़ना। २ विभाग करना। भिंदइ भिंदए (महा, षड्)। भवि. भेत्स्यं, भिंदिस्सति (हे ३, १७१; कुमा; पि ५३२)। कर्म. भिज्जइ (आचा, पि ५४६)। वा. भिंदंत, भिंदमाण (ग १३६, पि ५०६)। कृ. भिज्जंत, भिज्जमाण (गा ५, ६५; ठा २, ३, आ ६; भग, उवा; णाया १, ९, विसे ३११)। हे. भित्तूण,

भित्तूणं, भिंदिअ भिंदिऊण, भेत्तुआण, भेत्तण (रंभा; उत्त ९, २२; नाट—विक्र १७, पि ५८६; हे २, १४६; महा)। हेकृ. भिंदित्तए, भित्तुं, भेत्तुं (पि ५७८; कप्प; पि ५७४)। कृ. भिंदियव्व (पण्ह २, १), भेअव्व (से १०, २९)।

भिदण न [भेदन] खण्डन, विच्छेद (गुर १६, ५६)।

भिदणया स्त्री [भेदना] ऊपर देखो (सुर १, ७२)।

भिंदिवाल (शौ) देखो भिंडिवाल (प्राकृ ८७)।

भिंभल देखो भिच्भल (सुपा ८३; ३९५, पि २०९)।

भिंभलिय वि [विह्वलित] विह्वल किया हुआ, 'ता गज्जइ मायगो विकवणे य (? म) मपवाहभिंभलिमो' (धर्मवि ८०)।

भिंभसार पुं [भिम्भसार] देखो भंभसार (औप)।

भिंभा स्त्री [भिम्भा] देखो भंभा (राज)।

भिंभिसार पुं [भिम्भिसार] देखो भंभसार (ठा ९—पत्र ४५८; पि २०९)।

भिंभी स्त्री [भिम्भी] वाद्य-विशेष, ढक्का (ठा ९ टी—पत्र ४६१)।

भिक्ख सक [भिक्ष्] भीख माँगना, याचना करना। भिक्खइ (संबोध ३१)। वकृ. भिक्खमाण (उत्त १४, २६)।

भिक्ख न [भैक्ष] १ भिक्षा, भीख। २ भिक्षा-समूह (ओघभा २१६, २१७), 'न कज्जं मम भिक्खेणं' (उत्त २५, ४०)। °जीविअ वि [°जीविक] भीख से निर्वाह करनेवाला, भिखमगा (प्राकृ ९, पि ८४)।

भिक्खअ° देखो भिक्खा (पि ९७, कुप्र १८३, धर्मवि ३८)।

भिक्खण न [भिक्षण] भीख माँगना, याचना (धर्मसं १०००)।

भिक्खा स्त्री [भिक्षा] भीख, याचना (उव; सुपा २७७, पिंग)। °यर वि [°चर] भिक्षुक (कप्प)। °यरिया स्त्री [°चर्या] भिक्षा के लिये पर्यटन (आचा, औप; ओघभा ७४; उवा)। °लाभिय पुं [°लाभिक] भिक्षुक-विशेष (औप)।

भिक्खाग } वि [भिक्षाक] भिक्षा माँगने-
भिक्खाय } वाला, भिक्षा से शरीर-निर्वाह करनेवाला (ठा ४, १—पत्र १८५; आचा २, १, ११, १; उत्त ५, २८; कप्प)।

भिक्खु पुंस्त्री [भिक्षु] १ भीख से निर्वाह करनेवाला, साधु, मुनि, संन्यासी, ऋषि (आचा; सम २१, कुमा; सुपा ३४९, आयू १६६), 'भिक्खणसीलो य तमो भिक्खु त्ति निद्दिसिओ समए' (धर्मसं १०००)। २ बौद्ध संन्यासी, 'धम्मं चयं न गच्छइ चउव्विहं भिक्खुसमयम्मि' (सूअनि ३१)। स्त्री. °णी (आचा २, ५, १, १; गच्छ ३, ३१; कुप्र १८८)। °पडिमा स्त्री [°प्रतिमा] साधु का अभिग्रह-विशेष, मुनि का व्रत-विशेष (भग; औप)। °पडिआ स्त्री [°प्रतिज्ञा] साधु का उद्देश, साधु के निमित्त, 'से भिक्खू वा भिक्खुणी वा से जं पुण वत्थं जाणेज्जा असंजए भिक्खु-पडियाए कीयं वा धोयं वा रत्तं वा' (आचा २, ५, १, ४)।

भिक्खुंड देखो भिच्छुंड (राज)।

भिक्खोंड देखो भिच्छुंड (अणु २४)।

भिक्खारि (अप) वि [भिक्षाकारिन्] भिखारी, भीख माँगनेवाला (पिंग)।

भिगु देखो भिउ (पउम ४, ८६; ओघ ३७४)।

भिगुडि देखो भिउडि (पि १२४)।

भिच्च पुं [भृत्य] १ दास, सेवक, नौकर (पाअ, सुर २, ६२, सुपा ३०७)। २ वि. अच्छी तरह पोषण करनेवाला (विपा १, ७—पत्र ७५)। ३ वि. भरणीय, पोषणीय (पण्ह १, २—पत्र ४०)। °भाव पुं [°भाव] नौकरी (सुर ४, १५९)।

भिच्छ° देखो भिक्ख° (पि ९७)।

भिच्छा देखो भिक्खा (गा १६२)।

भिच्छुंड वि [दे. भिक्षोण्ड] १ भिखारी, भिक्षा से निर्वाह करनेवाला। २ पुं. बौद्ध साधु (णाया १, १५—पत्र १९३)।

भिज्ज न [भेद्य] कर-विशेष, दण्ड-विशेष (विपा १, १—पत्र ११)।

भिज्जा देखो भिज्जमा (ठा २, ३—पत्र ७१; सम ७१)।

भिज्जिय देखो भिज्जिअय (भग)।

भिज्जमा स्त्री [अभिध्या] गृद्धि, लोभ (कस)।

भिज्जिअय वि [अभिध्यित] लोभ का विषय, सुन्दर (भग ६, ३—पत्र २५३)।

भिट्ट सक [दे] भेंटना। कर्म. 'बहुविहमिट्ट-णएहि भिट्टिज्जइ लद्धमाणेहिं' (सिरि ९०१)।

भिट्टण न [दे] भेंट, उपहार; गुजराती में 'भेटणुं' (सिरि ७५९; ९०१)।

भिट्ठा स्त्री [दे] ऊपर देखो (सिरि ३९२)।

भिड सक [दे] भिड़ना—१ मिलना, सटना, सट जाना। २ लड़ना, मुठभेड़ करना। भिडइ (भवि), भिडंति (सिरि ४५०)। वकृ. भिडंत (उप ३२० टी; भवि)।

भिडण न [दे] लड़ाई, मुठभेड़; 'सोडीरसुहड-भिडणिक्कलंपड' (सुपा ५६९)।

भिडिय वि [दे] जिसने मुठभेड़ की हो वह, लड़ा हुआ (महा, भवि)।

भिणासि पुं [दे] पक्षि-विशेष (पण्ह १, १ पत्र ८)।

भिण्ण देखो भिन्न (गउड; नाट—चैत ३४)। °मरट्ठ (अप) पुं [°महाराष्ट्र] छन्द का एक भेद (पिंग)।

भित्त देखो भिच्च (संक्षि ५)।

भित्तग } न [दे. भित्तक] १ खण्ड,
भित्तय } टुकड़ा। २ आधा हिस्सा (आचा २, ७, २, ८; ९; ७)।

भित्तर न [दे] १ द्वार, दरवाजा (दे ६, १०५)। २ भीतर, अंदर (पिंग)।

भित्ति स्त्री [भित्ति] भीत (गउड; कुमा)। °संध न [°सन्ध] भीत—दीवार का संधान, 'जाएवि भित्तिसंधे खणियं खत्तं सुतिक्ख-सत्थेण' (महा)।

भित्तिरूव वि [दे] टंक से छिन्न (दे ६, १०५)।

भित्तिल न [भित्तिल] एक देव-विमान (सम ३८)।

भित्तु वि [भेत्तृ] भेदन करनेवाला (पव २)।

भित्तुं } देखो भिंद।
भित्तूण }

भिद देखो भिंद। भिंदंति (आचा २, १, ६, ९)। भवि. भिदिस्संति (आचा २, १, ६,

६)। भवि. भिदिस्संति (आचा २, १, ६ ६; पि ५३२)।

भिन्न वि [भिन्न] १ विदारित, खण्डित (णाया १, ८; उव; भग, पाअ, महा)। २ प्रस्फुटित, स्फोटित (ठा ४, ४; पण्ह २, १)। ३ अन्य विसदृश, विलक्षण (ठा १०)। ४ परित्यक्त, उज्झित, 'जीवजढं भावओ भिन्नं' (बृह १; आव ४)। ५ ऊन, कम, न्यून (भग)। °कहा स्त्री [°कथा] मैथुन-संबद्ध बात, रहस्यालाप (ओघ ६६)। °पडवाइय वि [°पिण्डपातिक] स्फोटित अन्न आदि लेने की प्रतिज्ञावाला (पण्ह २, १—पत्र १००)। °मास पुं [°मास] पचीस दिन का महीना (जीत)। °मुहुत्त न [°मुहूर्त्त] अन्तर्मुहूर्त्त, न्यून मुहूर्त्त (भग)।

भिप्फ पुं [भीष्म] १ स्वनाम-ख्यात एक कुरुवंशीय क्षत्रिय, गांगेय, भीष्म पितामह। २ साहित्य-प्रसिद्ध रस-विशेष, भयानक रस। ३ वि. भय-जनक, भयंकर (हे २, ५४; प्राकृ ६५; कुमा)।

भिब्भल वि [विह्वल] व्याकुल (हे २, ५८; ६०; प्राकृ २४, कुमा; वज्जा १५६)।

भिब्भलग न [विह्वलन] व्याकुल बनाना (कुमा)।

भिब्भिस अक [भास्+यङ्=बाभास्य] अत्यन्त दीपना। वकृ. भिब्भसमाण, भिब्भिससीण (णाया १, १—पत्र ३८, राय- पि ५५६)।

भिमोर पुं [दे. हिमोर] हिम का मध्य भाग (?) (हे २, १७४)।

भियग देखो भयग (सण)।

भिलंग पुं [दे] अभ्यंग। देखो भिलिंज (सूत्र कृतांग सूत्र २८५ चूर्णी)।

भिलगा देखो भिलुगा (दस ६, ६२)।

भिलिंग सक [दे] अभ्यंग करना, मालिश करना। भिलिंगेज्ज (आचा २, १३, २; ४, ५; निचू १७)। वकृ. भिलिंगंत (निचू १७)। प्रयो. भिलिंगावेज्ज (निचू १७) वकृ. भिलिंगावंत (निचू १७)।

भिलिंग } पुं [दे] धान्य-विशेष, मसूर
भिलिंगु } (रुक्मि पंचा १०, ७३)।

भिलिंज पुं [दे] अभ्यंग, आपाद-मस्तक-तैल-मर्दन (सूअ १, ४, २, ८ टी)।

भिलुंग पुं [दे. भिलुङ्ग] हिंसक पक्षी (राय १२४)।

भिलुगा स्त्री [दे] फटी हुई जमीन, भूमि की रेखा—फाट (आचा २, १, ५, ५)।

भिल्ल पुं [भिल्ल] १ अनार्य देश-विशेष (पव २७४)। २ एक अनार्य जाति (सुर २, ४; ६, ३४; महा)।

भिल्लमाल पुं [भिल्लमाल] स्वनाम ख्यात एक प्रसिद्ध क्षत्रिय-वंश (विवे ११४)।

भिल्लायई स्त्री [भल्लातकी] भिलावां का पेड़ (उप १०३१ टी)।

भिल्लिअ वि [भिलित] खण्डित, तोड़ा हुआ, 'पंचमहव्वयतुंगो पायारो भिल्लिओ जेण' (उव)।

भिस देखो भास=भास्। भिसइ (हे ४, २०३; षड्)। वकृ. भिसंत, भिसमाण, भिसमीण (पउम ३, १२७; ७५, ३७; णाया १, १; औप, कुमा; णाया १, १; पि ५६२)।

भिस सक [प्लुष्] जलाना (प्राकृ ६५; धात्वा १४७)।

भिस सक [भाययृ] डराना। भिसइ, भिसेइ (प्राकृ ६४)।

भिस न [भृश] १ अत्यन्त, अतिशय, अतिशयित, 'गलंतभिसभिन्नदेहे य' (विह ५८३, उव ३२० टी, सत्त ६१, भवि)।

भिस देखो बिस (प्राकृ १५; पण्ण १; सूअ २, ३, १८)। °कंदय पुं [°कन्दक] एक प्रकार की खाने की मिट्टी वस्तु (पण्ण १०—पत्र ५३३)। °मुणाली स्त्री [मृणाली] कमलिनी (पण्ण १)।

भिसअ पुं [भिषज्] १ वैद्य, चिकित्सक (हे १, १८, कुमा)। २ भगवान् मल्लिनाथ का प्रथम गणधर (पव ८)।

भिसंत देखो भिस=भास्।

भिसंत न [दे] अनर्थ (दे ६, १०५)।

भिसग देखो भिसअ (णाया १, १—पत्र १५४)।

भिसग सक [दे] फेंकना, डालना। भिसगेमि (गा ३१२)।

भिसमाण देखो भिस=भास्।

भिसरा स्त्री [दे] मत्स्य पकड़ने का जाल-विशेष (विपा १, ८—पत्र ८५)।

भिसाव सक [भाययृ] डराना। भिसावेइ (प्राकृ ६४)।

भिसिआ } स्त्री [दे. वृषिका] आसन-विशेष,
भिसिगा } ऋषि का आसन (दे ६, १०५; भग; कुप्र ३७२; णाया १, ८; उप ६४८ टी, औप, सूअ २, २, ४८)।

भिसिग देखो भिसण भिसिणेमि (गा ३१२ अ)।

भिसिणी स्त्री [बिसिनी] कमलिनी, पद्मिनी (हे १, २३८, कुमा, गा ३०८; काप्र ३१; महा; पाअ)।

भिसी स्त्री [वृषी] देखो भिसिआ (पाअ)।

भिसोल न [दे] नृत्य-विशेष (ठा ४, ४—पत्र २८५)।

भिह } अक [भी] डरना। भिहइ (षड्)।
भी } कृ. भेअव्व (सुपा ५८४)।

भी स्त्री [भी] १ भय, 'नो दंडभी डंडं समारभेज्जासि' (आचा)। २ वि. डरनेवाला, भीरु (आचा)।

भीअ वि [भीत] डरा हुआ (हे २, १६३; ४, ५३, पाअ, कुमा, उवा)। °भीय वि [°भीत] अत्यन्त डरा हुआ (सुर ३, १६५)।

भीइ स्त्री [भीति] डर, भय (सुर २, २३७; मिरि ८३६, प्रासू २४)।

भीइअ वि [भीत] डरा हुआ (उव ६४०)।

भीइर वि [भेतृ] डरनेवाला, 'ता मरणभीइरं विगयजेह मं, पव्वईस्सं' (वसु)।

भीड [दे] देखो भिड। संकृ. भीडिवि (पव) (भवि)।

भीडिअ [दे] देखो भिडिय (सुपा २१२)।

भीतर [दे] देखो भित्तर (कुमा)।

भीम वि [भीम] १ भयंकर, भीषण (पाअ; उव, पण्ह १, १; सी ४४, प्रासू १४४)। २ पुं. एक पाण्डव, भीमसेन (गा ४२१)। ३ राक्षस-निकाय का दक्षिण दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। ४ भारतवर्ष का भावी सातवां प्रतिवासुदेव, 'अवरविदेह व भीमे महाभीमे य सुग्गीवे' (सम १५४)। ५ राक्षस-वंश का एक राजा, एक महाराजा

(पउम ५, २६३)। ६ सगर चक्रवर्ती का एक पुत्र (पउम ५, १७५)। ७ दमयंती का पिता (कुप्र ४८)। ८ एक कुल-पुत्र (कुप्र १२२)। ९ गुजरात का चालुक्य-वंशीय एक राजा—भीमदेव (कुप्र ४)। १० हस्तिनापुर नगर का एक कूटग्राह—राज-पुरुष (विपा १, २)। °एव पुं [°देव] गुजरात का एक चालुक्य राजा (कुप्र ५)। °कुमार पुं [°कुमार] एक राज-पुत्र (धम्म)। °प्पभ पुं [°प्रभ] राक्षस-वंश का एक राजा, एक लंका-पति (पउम ५, २५९)। °रह पु [°रथ] एक राजा, दमयंती का पिता (कुप्र ४८)। °सेण पुं [°सेन] १ एक पाण्डव, भीम (णाया १, १६)। २ एक कुलकर पुरुष (सम १५०)। °वलि पुं [°वलि] अंग विद्या का जानकार पहला रुद्र पुरुष (विचार ४७३)। °सुर न [°असुर] शास्त्र विशेष (अणु)।

भीमासुरक्ख न [भीमासुरोक्त. °रीय] एक जैनेतर प्राचीन शास्त्र (अणु ३६)।

भीरु } वि [भीरु, °क] डरपोक (चेइय
भीरुअ } ६६, गउड, उत्त २७, १०, अभि ८२)।

भीस सक [भीषय्] डराना। भीसइ (धात्वा १४७), भीसेइ (प्राकृ ६४)।

भीसण वि [भीषण] भयकर, भय-जनक (जी ४९, सण, पाअ)।

भीसय देखो भेसग (राज)।

भीसाव देखो भीस। भीसावेइ (धात्वा १४७)।

भीसिद (शौ) वि [भीषित] भय-भीत किया हुआ, डराया हुआ (नाट—माल ५९)।

भीह अक [भी] डरना। भीहइ (प्राकृ ६४)।

भुअ देखो भुज। भुअइ भुअए (पड)।

भुअ न [दे] भूर्ज-पत्र, वृक्ष विशेष की छाल (दे ६, १०६)। °रुक्ख पु [°वृक्ष] वृक्ष-विशेष; भूर्जपत्र का पेड (पण्ण १—पत्र ३४)। °वत्त न [°पत्र] भोजपत्र (गउड ६४१)।

भुअ पुंस्त्री [भुज] १ हाथ, कर (कुमा)। २ गणित-प्रसिद्ध रेखा विशेष (हे १, ४)। स्त्री. °आ (हे १, ४, पिंग; गउड, से १, ३)। °परिसप्प पुंस्त्री [°परिसर्प] हाथ से चलनेवाला प्राणी, हाथ से चलनेवाली सर्प-जाति (जी २१, पण्ण १, जीव २)। स्त्री. °प्पिणी (जीव २)। °मूल न [°मूल] कक्षा, काँख (पाअ)। °मोयग पु [°मोचक] रत्न की एक जाति (भग, औप, उत्त ३६, ७६, तंदु २०)। °सप्प पुं [°सर्प] देखो °परिसप्प (पव १५०)। °ल वि [°वत्] बलवान् हाथवाला (सिरि ७९९)।

भुअअ देखो भुअग (गउड, पिंग, से ७, ३९, पाअ)।

भुअइंद पुं [भुजगेन्द्र] १ श्रेष्ठ सर्प (गउड)। २ शेषनाग, वासुकि (अच्चु २७)। °वुरेस पु [°पुरेश] श्रीकृष्ण (अच्चु २७)।

भुअईसर } पु [भुजगेश्वर] ऊपर देखो
भुअएसर } (पण्ह १, ४—पत्र ७८, अच्चु ३९)। °णअरणाह पुं [°नगरनाथ] श्री-कृष्ण (अच्चु ३९)।

भुअग पु [भुजंग] १ सर्प, साँप (से ५, ६०, गा ६४०; गउड, सुर २, २४५, उव, महा, पाअ)। २ विट, रंडीबाज, वेश्या-गामी (कुमा, वज्जा ११६)। ३ जार, उपपति (कप्पू)। ४ द्यूतकार, जुआड़ी (उप पृ २५२)। ५ चोर, तस्कर, 'देव सलोत्तओ चेव मायापओयकुसलो वाणियवेसधारी गहिओ महाभुअगो' (स ४३०)। ६ बदमाश, ठग 'तावसवेसधारिणो गहियनलियापओग-खग्गा विसेणकुमारसंतिया चत्तारि महाभुयग त्ति' (स ५२४)। °कित्ति स्त्री [°कृत्ति] कंचुक (गा ६४०)। °पआत (अप) देखो °प्पजाय (पिंग)। °प्पजाय न [°प्रयात] १ सर्प गति। २ छन्द-विशेष (भवि)। °राअ पु [°राज] शेषनाग (त्रि ८२)। °वइ पु [°पति] शेषनाग (गउड)। °पआअ (अप) देखो °प्पजाय (पिंग)।

भुअगम पुं [भुजगम] १ सर्प, साँप (गउड १७८ पिंग)। २ स्वनाम-ख्यात एक चोर (महा)।

भुअगिणी } स्त्री [भुजङ्गी] १ विद्या-विशेष
भुअगी } (पउम ७, १४०)। २ नागिन (सुपा १८१, भत्त ११७)।

भुअग पु [भुजग] १ सर्प, साँप (सुर २, २३६; महा, जी ३१)। २ एक देव-जाति, नाग-कुमार देव (पण्ह १, ४)। ३ वानव्यंतर देवों की एक जाति, महोरग (इक)। ४ रंडीबाज, 'म कुट्ठणिव्व भुयगं तुमं पयारेसि अलियवयणेहिं' (कुप्र ३०९)। ५ वि. भोगी, विलासी (णाया १, १ टी—पत्र ४, औप)। °परिरिंगिअ न [परिरिङ्गित] छन्द-विशेष (पिंग १६)। °वइ स्त्री [°वती] एक इन्द्राणी, अतिकाय नामक महोरगेन्द्र की एक अग्र-महिषी (इक, ठा ४, १, णाया २)। °वर पुं [°वर] द्वीप-विशेष (राज)।

भुअग वि [भोजक] पूजक, सेवा-कारक (णाया १, १ टी—पत्र ४, औप, अत)।

भुअगा स्त्री [भुजगा] एक इन्द्राणी, अतिकाय नामक इन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ४, १, णाया २, इक)।

भुअगीसर देखो भुअईसर (वदु २०)।

भुअण देखो भुवण (चंड, हास्य, १२२, पिंग, गउड)।

भुअप्पइ
भुअप्फइ } देखो बहस्सइ (पि २१२, पड्)।
भुअस्सइ

भुआ देखो भुअ = भुज।

भुइ स्त्री [भृति] १ भरण। २ पोषण। ३ वेतन। ४ मूल्य (हे १, १३१, पड्)।

भुउडि देखो भिउडि (पि १२४)।

भुंगल न [दे] वाद्य विशेष (सिरि ४१२)।

भुंज सक [भुज्] १ भोजन करना। २ पालन करना। ३ भोग करना। ४ अनुभव करना। भुंजइ (हे ४, ११०, कस, उवा)। भुंजेज्जा (कप्प), 'निम्मुअ भुंजसु सुहेण' (सिरि १०४४)। भूका. भुंजित्था (पि ५१७)। भवि. भुंजिही, भोक्खसि, भोक्खामि, भोक्खसे, भोच्छ (पि ५३२, कप्प, हे ३, १७१)। कर्म. भुज्जइ, भुंजिज्जइ (हे ४, २४९)। वकृ. भुंजंत, भुंजमाण, भुंजेमाण, भुंजाण (आचा, कुमा, विपा १, २, सम ३९, कप्प, पि ५०७, धर्मवि १२७)। कवकृ. भुज्जंत (सुपा ३७५)। संकृ. भुंजिअ, भुंजिआ, भुंजिऊण, भुंजिऊणं, भुंजित्ता, भुंजित्तु, भोच्चा, भोत्तुं, भोत्तूण (पि ५९१, सूअ १, ३, ४, २, सण, पि ५८५;

उत्त ९, ३, पि ५०७; हे २, १५; कुमा, प्राकृ ३४)। हेकृ. भुंजित्तए, भोत्तुं, भोत्तए (पि ५७८; हे ४, २१२; आचा), भुंजण (अप) (कुमा)। कृ. भुज्ज, भुंजियव्व, भुंजेयव्व, भोत्तव्व, भुत्तव्व, भोज्ज, भोग्ग (तंदु ३३; धर्मवि ४१, उप १३९ टी, श्रा १६; सुपा ४९५; पिंडभा ४५; सम्मत्त २१९; णाया १, १; पउम ९४, ९४; हे ४, २१२, सुपा ४९५; पउम ९८, २२; दे ७, २१; ओघ २१४; उप पृ ७५; सुपा १६३; भवि)।

भुंजग वि [भोजक] भोजन करनेवाला (पिंड १२३)।

भुंजण देखो भुंज = भुज्।

भुंजण न [भोजन] भोजन (पिंड ५२१)।

भुंजणा स्त्री. ऊपर देखो (पव १०१)।

भुंजय देखो भुंजग (सण)।

भुंजाव सक [भोजय्] १ भोजन कराना। २ पालन कराना। ३ भोग कराना। भुंजावेइ (महा)। कवकृ. भुंजाविज्जंत (पउम २, ५)। संकृ. भुंजाविऊण, भुंजावित्ता (पि ५८२)। हेकृ. भुंजावेउं (पंचा १०, ४८ टी)।

भुंजावय वि [भोजक] भोजन करानेवाला (स २५१)।

भुंजाविअ वि [भोजित] जिसको भोजन कराया गया हो वह (धर्मवि ३८; कुप्र १६८)।

भुंजिअ देखो भुंज = भुज्।

भुंजिअ देखो भुत्त (भवि)।

भुंजिर वि [भोक्तृ] भोजन करनेवाला (सुपा ११)।

भुंड पुंस्त्री [दे] सूअर, वराह; गुजराती में 'भुंड' (दे ६, १०६)। स्त्री. °डी, °डिणी (दे ६, १०६ टी; भवि)।

भुंडीर [दे] ऊपर देखो (दे ६, १०६)।

भुंभल न [दे] मद्य-पात्र (कम्म १, ५२)।

भुंहहि (अप) देखो भूमि (हे ४, ३९५)।

भुक्क अक [बुक्क्] भूँकना, श्वान का बोलना। भुक्कइ (गा ६६४ अ)।

भुक्कण पुं [दे] १ श्वान, कुत्ता। २ मद्य आदि का मान (दे ६, ११०)।

भुक्किअ न [बुक्कित] श्वान का शब्द (पाअ, पि २०९)।

भुक्किर वि [बुक्किन्] भूँकनेवाला (कुमा)।

भुक्खा स्त्री [दे. बुभुक्षा] भूख, क्षुधा (दे ६, १०६; णाया १, १—पत्र २८; महा, उप ३७९; आरा ९६; सम्मत्त १५७)। °लु वि [°वत्] भूखा (धर्मवि ६९)।

भुक्खिअ वि [दे. बुभुक्षित] भूखा, क्षुधातुर (पाअ, कुप्र १२६; सुपा ५०१; उप ७२८ टी; स ५८३, वै २९)।

भुगुभुग अक [भुगभुगाय्] 'भुग' 'भुग' आवाज करना। वकृ. भुगुभुगेंत (पउम १०५, ५९)।

भुग्ग वि [भुग्न] १ मोड़ा हुआ, वक्र, कुटिल (णाया १, ८—पत्र १३३; उवा)। वि. भग्न, टूटा हुआ (णाया १, ८)। ३ दग्ध, जला हुआ, 'किं मज्झ जीविएणं एवंविहपराभवग्गिभुग्गाए' (उप ७६८ टी)। ४ भूना हुआ; 'चणउव्व भुग्गु' (कुप्र ४३२)।

भुज (अप) देखो भुंज। भुजइ (सण)।

भुजंग देखो भुअग (भवि)।

भुजग देखो भुअग = भुजग (धर्मवि १२४)।

भुज्ज देखो भुंज भुज्जइ (पड्)।

भुज्ज पुं [भूर्ज] १ वृक्ष-विशेष। २ न. वृक्ष-विशेष की छाल (कप्पू, उप पृ १२७; सुपा २७०)। °पत्त, °वत्त न [°पत्र] वही अर्थ (आवम, नाट. विक्र ३३)।

भुज्ज देखो भुंज।

भुज्ज वि [भूयस्] प्रभूत, अनल्प (औप, पि ४१४)।

भुज्जिय वि [दे भुग्न] १ भूना हुआ धान्य। २ पुं धाना, भूना हुआ यव (पण्ह २ ५—पत्र १४८)।

भुज्जो अक [भूयस्] फिर, पुनः (उवा; सुपा २७२)।

भुण्ण पुं [भ्रूण] १ स्त्री का गर्भ। २ बालक, शिशु (सत्ति १७)।

भुत्त वि [भुक्त] १ भक्षित (णाया १, १, उवा, प्रासू ३८)। २ जिसने भोजन किया हो वह, 'ते भायरो न भुत्ता' (सुपा १, १५; कुप्र १२)। ३ सेवित। ४ अनुभूत; 'अम्म ताय मए भोगा भुत्ता विसफलोवमा' (उत्त १९, ११; णाया १, १)। ५ न. भक्षण, भोजन, 'हासभुत्तासियाणि य' (उत्त १६, १२)। ६ विष-विशेष (ठा ६)। °भोगि वि [°भोगिन्] जिसने भोगों का सेवन किया हो वह (णाया १, १)।

भुत्तवंत वि [भुक्तवन्] जिसने भोजन किया हो वह (पि ३९७)।

भुत्तव्व देखो भुंज।

भुत्ति स्त्री [भुक्ति] १ भोजन (अणु १७; अज्झ ८२)। २ भोग (सुपा १०८)। ३ आजीविका के लिए दिया जाता गाँव, क्षेत्र आदि गिरास, 'उज्जेणी नाम पुरी दिन्ना तस्स य कुमारभुत्तीए' (उप २११ टी, कुप्र १६९)। °वाल पुं [°पाल] गिरासदार (धर्मवि १५४)।

भुत्तु वि [भोक्तृ] भोगनेवाला (श्रा ६, संबोध ३५)।

भुत्तूण पुं [दे] भृत्य, नौकर (दे ६, १०६)।

भुत्थल्ल पुं [दे] बिल्ली को फेंका जाता भोजन (कप्पू)।

भुम देखो भम = भ्रम्। भुमइ (हे ४, १६१; सण)। संकृ. भुमिवि (अप) (सण)।

भुम° भुमगा भुमया भुमा } स्त्री [भ्रू] भौं, आँख के ऊपर की रोम राजि (भग; उवा; हे २, १६७; औप, कुमा, पाअ, पव ७३)।

भुमिअ देखो भमिअ = भ्रान्त, 'भुमिअपयू' (कुमा)।

भुम्मि (अप) देखो भूमि (पिंग)।

भुरंडिआ स्त्री [दे] शिवा, शृगाली, शियारिन (दे ६, १०१)।

मडय न [मृतक] मुडदा, मुर्दा, शव (पाअ, हे १, २०६, सुपा २१९)। °गिह न [°गृह] कब्र (निचू ३)। °चेइअ न [°चैत्य] मृतक के दाह होने पर या गाडने पर बनाया गया चैत्य—स्मारक मन्दिर (आचा २, १०, १९)। °डाह पुं [°दाह] चिता, जहाँ पर शव फूंके जाते हो (आचा २, १०, १९)। °थूभिया स्त्री [°स्तूपिका] मृतक के स्थान पर बनाया गया छोटा स्तूप (आचा २, १०, १९)।

मडय पुं [दे] आराम, बगीचा (दे ६, ११५)।

मडवोज्झा स्त्री [दे] शिविका, पालकी (दे ६, १२२)।

मडह वि [दे] १ लघु, छोटा (दे ६, ११७, पाअ सण)। २ स्वल्प, थोडा (गा १०५, स ८, गउड, वज्जा ४२)।

मडहर पु [दे] गर्व, अभिमान (दे ६, १२०)।

मडहिय वि [दे] अल्पीकृत, न्यून किया हुआ (गउड)।

मडहुल्ल वि [दे] लघु, छोटा, 'मडहुल्लियाए किं तुह इमीए किं वा दलेहिं तलिणेहिं' (वज्जा ४८)।

मडिआ स्त्री [दे] समाहृत स्त्री, आहृत महिला (दे ६, ११४)।

मडुवइअ वि [दे] १ हत, विध्वस्त। २ तीक्ष्ण (दे ६, १४६)।

मड्ड सक [मृद्] मर्दन करना। मड्डइ (हे ४, १२६, प्राकृ ६८)।

मड्डुय पुं [दे. मड्डुक] वाद्य-विशेष (राय ४६)।

मड्डा स्त्री [दे] १ बलात्कार, हठ, जबरदस्ती (दे ६, १४०, पाअ, सुर ३, १३६, सुख २, १५)। २ आज्ञा, हुकुम (दे ६, १४०, सुपा २७६)।

मड्डिअ वि [मर्दित] जिसका मर्दन किया गया हो वह (हे २, ३६, षड्, पि २६१)।

मड्डुअ देखो मद्दुअ (राज)।

मढ देखो मड्ढ। मढइ (हे ४, १२६)।

मढ पुंन [मठ] सन्यासियों का आश्रय, व्रतियों का निवासस्थान 'मढो' (हे १, १६६, सुपा २३४, वज्जा ३४, भवि), 'मढ' (प्राप्र)।

मढिअ देखो मड्डिअ (कुमा)।

मढिअ वि [दे] १ खचित गुजराती मे 'मढेलु', 'एयाउ ओसहीओ तिधाउमढियाउ धारिज्जा' (सिरि ३७०)। २ परिवेष्टित (दे २, ७५, पाअ)।

मढी स्त्री [मठिका] छोटा मठ (सुपा ११३)।

मण सक [मन्] १ मानना। २ जानना। ३ चिन्तन करना। मणइ, मणसि (षड्, कुमा)। कवकृ. मणिज्जमाण (भग १३, ७, विसे ८१३)।

मण पुंन [मनस्] मन, अन्त करण, चित्त (भग १३, ७, विसे ३५२५; स्वप्न ४५; दं २२, कुमा, प्रासू ४४, ४८, १२१)। °अगुत्ति स्त्री [°अगुप्ति] मन का असयम (पि १५६)। °करण न [°करण] चिन्तन, पर्यालोचन (श्रावक ३३७)। °गुत्त वि [°गुप्त] मन का संयम में रखनेवाला (भग)। °गुत्ति स्त्री [°गुप्ति] मन का सयम (उत्त २४, २)। °जाणुअ वि [°ज्ञ] १ मन को जाननेवाला, मन का जानकार। २ सुन्दर, मनोहर (प्राकृ १८)। °जीविअ वि [°जीविक] मन को आत्मा माननेवाला (पण्ह १, २—पत्र २८)। °जोअ पुं [°योग] मन की चेष्टा, मनो-व्यापार (भग)। °ज्ज, °ण्णु, °ण्णुअ देखो °जाणुअ (प्राकृ १८, षड्)। °थंभणा स्त्री [°स्तम्भनी] विद्या विशेष, मन को स्तब्ध करनेवाली दिव्य शक्ति (पउम ७, १३७)। °नाण न [°ज्ञान] मन का साक्षात्कार करनेवाला ज्ञान, मन:-पर्यव ज्ञान (कम्म ३, १८; ४, ११; १७; २१)। °नाणि वि [°ज्ञानिन्] मनः-पर्यव नामक ज्ञानवाला (कम्म ४, ४०)। °पज्जत्ति स्त्री [°पर्याप्ति] पुद्गलों को मन के रूप में परिणत करने की शक्ति (भग ६, ४)। °पज्जव पुं [°पर्यव] ज्ञान-विशेष, दूसरे के मन की अवस्था को जाननेवाला ज्ञान (भग, औप, विसे ८३)। °पज्जवि वि [°पर्यविन्] मन.-पर्यव ज्ञानवाला (पव २१)। °पसिण-विज्जा स्त्री [°प्रश्नविद्या] मन के प्रश्नो का उत्तर देनेवाली विद्या (सम १२३)। °बलिअ वि [°बलिन्, °क] मनो-बलवाला, दृढ मनवाला (पण्ह २, १; औप)। °मोहण वि [°मोहन] मन को मुग्ध करनेवाला, चित्ताकर्षक (गा १२८)। °योगि वि [°योगिन्] मन की चेष्टावाला (भग)। °वग्गणा स्त्री [°वर्गणा] मन के रूप में परिणत होनेवाला पुद्गल-समूह (राज)। °वज्ज न [°वज्र] एक विद्याधर नगर (इक)। °समिइ स्त्री [°समिति] मन का सयम (ठा ८—पत्र ४२२)। °समिय वि [°समित] मन को सयम में रखनेवाला (भग)। °हंस पुं [°हंस] छन्द-विशेष (पिंग)। °हर वि [°हर] मनोहर, सुन्दर, चित्ताकर्षक (हे १, १५६, औप, कुमा)। °हरण पुंन [°हरण] पिंगल-प्रसिद्ध एक मात्रा-पद्धति (पिंग)। °भिराम, °भिरामेल्ल वि [°अभिराम] मनोहर (सम १४६, औप, उप पृ ३२२; उप २२० टी)। °म वि [°आप] सुन्दर, मनोहर (सम १४६; विपा १, १, औप, कप्प)। देखो मणो°।

मणं देखो मणयं (प्राकृ ३८)।

मणंसि वि [मनस्विन्] प्रशस्त मनवाला (हे १, २६)। स्त्री. °णी (हे १, २६)।

मणंसिल° } स्त्री [मन शिला] लाल वर्ण
मणसिला } की एक उपधातु, मनशिल, मैनशिल (कुमा, हे १, २६)।

मणग पुं [मनक] एक जैन बाल-मुनि, महर्षि शय्यंभवसूरि का पुत्र और शिष्य (कप्प; धर्मवि ३८)। देखो मणय।

मणगुलिया स्त्री [दे] पोठिका (राय)।

मणण न [मनन] १ ज्ञान, जानना। २ समझना (विसे ३५२५)। ३ चिन्तन (श्रावक ३३७)।

मणय पुं [मनक] द्वितीय नरक-भूमि का तीसरा नरकेन्द्रक—नरकावास-विशेष (देवेन्द्र ६)। देखो मणग।

मणयं अ [मनाग्] अल्प, थोडा (हे २, १६६, पाअ, षड्)।

मणस देखो मण = मनस्; 'पसन्नमणसो करिस्सामि' (पउम ६, ५६), 'लाभो चेव तवस्सिस्स होइ अहीणमणसस्स' (ओघ ५३७)।

मणसिल° } देखो मणंसिला (कुमा, हे १,
मणसिला } २६, जी ३; स्वप्न ६४)।

मणसीकय वि [मनसिकृत] चिन्तित (पण्ण ३४—पत्र ७८२; सुपा २४७)।

मणसीकर सक [मनसि + कृ] चिन्तन करना, मन मे रखना। मणसीकरे (उत्त २, २५)।

मणस्सि देखो मणंसि (धर्मवि १४६)।

मणा देखो मणय (हे २, १६६, कुमा)।

मणाउ } (अप) ऊपर देखो (कुमा, भवि, पि
मणाउं } ११४, हे ४, ४१८; ४२६)।

मणाग ऊपर देखो (उप १३२; महा)।

मणाल देखो मुणाल (राज)।

मणालिया स्त्री [मृणालिका] पद्म-कन्द का मूल (तंदु २०)। देखो मुणालिआ।

मणासिला देखो मणंसिला (हे १, २६, पि ६४)।

मणि पुंस्त्री [मणि] पत्थर विशेष, मुक्ता आदि रत्न (कप्प, औप, कुमा, जी ३; प्रासू ४)। °अंग पुं [°अङ्ग] कल्प-वृक्ष की एक जाति जो आभूषण देती है (सम १७)। °आर पु [°कार] जौहरी, रत्नों के गहनों का व्यापारी (दे ७, ७७, मुद्रा ७६; णाया १, १३, धर्मवि ३६)। °कंचण न [°काञ्चन] रुचिम-पर्वत का एक शिखर (ठा २, ३—पत्र ७०)। °कूड न [°कूट] रुचक पर्वत का एक शिखर (सेत)। °कम्मइअ वि [°खचित] रत्न-जटित (पि १६६)। °चइया स्त्री [°चयिता] मणी-

विशेष (विपा २, ६)। °चूड पु [°चूड] एक विद्या-धर नृप (महा)। °जाल न [°जाल] भूषण-विशेष, मणि माला (औप)। °तोरण न [°तोरण] नगर-विशेष (महा)। °प देखो °व (से ९, ४३)। °पेढिया स्त्री [°पीठिका] मणि मय पीठिका (महा)। °प्पभ पुं [°प्रभ] एक विद्याधर (महा)। °भद्द पुं [°भद्र] एक जैन मुनि (कप्प)। °भूमि स्त्री [°भूमि] मणि खचित जमीन (स्वप्न ५४)। °मइय, °मय वि [°मय] मणि मय, रत्न निर्वृत्त (सुपा ९२, महा)। °रह पु [°रथ] एक राजा का नाम (महा)। °व पुं [°प] १ यक्ष। २ सर्प, नाग (से २, २३)। ३ समुद्र (से ९, ५०)। °वई स्त्री [°मती] नगरी विशेष (विपा २, ६—पत्र ११४ टि)। °वध पुं [°बन्ध] हाथ और प्रकोष्ठ के बीच का अवयव (सण)। °वालय पुं [°पालक, °वालक] समुद्र (से २, २३)। °सलागा स्त्री [°शलाका] मद्य विशेष (राज)। °हियय पुं [°हृदय] देव-विशेष (दीव)।

मणिअ न [मणित] संभोग-समय का स्त्री का अव्यक्त शब्द (गा ३९२, रभा)।

मणिअं देखो मणय (षड्, हे २, १६९, कुमा)।

मणिअड (अप) पु [मणि] माला का सुमेर (हे ४, ४१४)।

मणिच्छिअ वि [मनईप्सित] मनोऽभीष्ट (सुपा ३८४)।

मणिज्जमाण देखो मण = मन्।

मणिट्ठ वि [मनइष्ट] मन को प्रिय (भवि)।

मणिणायहर न [दे. मणिनागगृह] समुद्र, सागर (दे ६, १२८)।

मणिरइआ स्त्री [दे] कटीसूत्र (दे ६, १२६)।

मणीसा स्त्री [मनीषा] बुद्धि, मेधा, प्रज्ञा (पाअ)।

मणीसि वि [मनीषिन्] बुद्धिमान् पण्डित (कप्पू)।

मणीसिद वि [मनीषित] वाञ्छित (नाट—मृच्छ ५७)।

मणु पुं [मनु] १ स्मृति-कर्ता मुनि-विशेष (विसे १५०८, उप १५० टी)। २ प्रजापति-विशेष; 'चोद्दहमणुचोग्गुणओ' (कुमा, राज)। ३ मनुज, मनुष्य, 'देवत्ताओ मणुत्तं' (पउम २१, ६३, कम्म १, १६, २ १६)। ४ न. एक देव-विमान (सम २)।

मणुअ पुं [मनुज] १ मनुष्य, मानव (उवा; भग, हे १,८, पाअ, कुमा, स ८२, प्रासू ४५)। २ भगवान् श्रेयासनाथ का शासन यक्ष (सति ७)। ३ वि. मनुष्य सम्बन्धी, 'तिरिया मणुया य दिव्वगा उवसग्गा तिविहाहियासिया' (सूअ १, २, २, १५)।

मणुइंद पुं [मनुजेन्द्र] राजा, नरपति (पउम ८५, २२, सुर १, ३२)।

मणुई स्त्री [मनुजी] मनुष्य-स्त्री, नारी, महिला (णदि १२६ टी)।

मणुएसर पुं [मनुजेश्वर] ऊपर देखो (सुपा २०४)।

मणुज्ज } वि [मनोज्ञ] सुन्दर, मनोहर
मणुण्ण } (पाअ, उप १४२ टी, सम १४९, भग)।

मणुस } पुस्त्री [मनुष्य] १ मानव, मर्त्य
मणुस्स } (आचा, पि ३००, आचा, ठा ४, २, भग, आ २८, सुपा २०३, जी १९, प्रासू २८)। स्त्री. °स्सी (भग पण्ण १८, पत्र २४१)। °खेत्त न [°क्षेत्र] मनुष्य-लोक (जीव ३)। °सेणियापरिकम्म पुं [°श्रेणिकापरिकर्मन्] दृष्टिवाद का एक सूत्र (सम १२८)।

मणुस्स वि [मानुष्य] मनुष्य-सम्बन्धी, 'दिव्व व मणुस्सं वा तेरिच्छ वा सरागहियएण' (श्राप २१)।

मणुस्सिंद पु [मनुष्येन्द्र] राजा, नर पति (उत्त १८, ३७, उप पृ १४२)।

मणूस देखो मणुस्स (हे १, ४३, औप, उवर १२२, पि ६३)।

मणे अ [मन्ये] विमर्श सूचक अव्यय (हे २, २०७, षड्, प्राकृ २६, गा १११, कुमा)।

मणो° देखो मण = मनस्। °गम न [°गम] देवविमान विशेष, 'पालगपुप्फगसोमणससिरिवच्छनंदियावत्तकामगमपीतिगमणोगमविमलसव्वओभद्दसरिसनामधेज्जेहिं विमाणेहिं ओइण्णा' (अप)। °ज्ञ वि [°ज्ञ] १ सुन्दर, मनोहर (हे २, ८३; उप २६४ टी)। २ पुं. गुल्म-विशेष, 'सरियए णोमालियकोरिंटयवत्थुजीवगमणोज्जे' (पण्ण १—पत्र ३२)। °ण्ण, °न्न वि [°ज्ञ] सुन्दर, मनोहर (हे २, ८३, पि २७६)। °भव पुं [°भव] कामदेव, कन्दर्प (सुपा ६८, पिंग)। °भिरमणिज्ज वि [°भिरमणीय] सुन्दर, चित्ताकर्षक (पउम ८, १४३)। °भू पु [°भू] कामदेव, कन्दर्प (कप्पू)। °मय वि [°मय] मानसिक; 'सारीरमणोमयाणि दुक्खाणि' (पण्ह १, ३—पत्र ५५)। °माणसिय वि [°मानसिक] मन में ही रहनेवाला—वचन से अप्रकटित—मानसिक दुःख आदि (णाया १, १,—पत्र २९)। °रम वि [°रम] १ सुन्दर, रमणीय (पाअ)। २ पुं. एक विमानेन्द्रक, देवविमान विशेष (देवेन्द्र १३६)। ३ मेरु पर्वत (सुज्ज ५)। ४ राक्षस-वंश का एक राजा, एक लंका-पति (पउम ५, २६५)। ५ किन्नर-देवों की एक जाति। रुचक द्वीप का अधिष्ठायक देव (राज)। ७ तृतीय ग्रैवेयक विमान (पव १९४)। ८ आठवें देवलोक के इन्द्र का पारियानिक विमान (इक)। ९ एक देव-विमान (सम १७)। १० मिथिला का एक चैत्य (उत्त ९, ८, ९)। ११ उपवन-विशेष (उप ९८६ टी)। °रमा स्त्री [°रमा] चतुर्थ वासुदेव की पटरानी का नाम (पउम २०, १८६)। २ भगवान् सुपार्श्वनाथ की दीक्षा शिविका (सुपा ७५, विचार १२९)। ३ शक्र की अञ्जुका नामक इन्द्राणी की एक राजधानी (इक)। °रह पुं [°रथ] १ मन का अभिलाष (औप, कुमा, हे ४, ४१४)। २ पक्ष का तृतीय दिवस (सुज्ज १०, १४—पत्र १४७)। °हंस पुं [°हंस] छन्द-विशेष (पिंग)। °हर पुं [°हर] १ पक्ष का तृतीय दिवस (सुज्ज १०, १४)। २ छन्द-विशेष (पिंग)। ३ वि. रमणीय, सुन्दर (हे १, १५६, षड्, स्वप्न ५२, कुमा)। °हरा स्त्री [°हरा] भगवान् पद्मप्रभ की दीक्षा-शिविका (विचार १२९)। °हव देखो °भव (स ८१, कप्पू)। °हिराम वि [°भिराम] सुन्दर (भवि)।

मणोसिला देखो मणसिला (हे १, २६, कुमा)।

मण्ण देखो मण = मन्। मण्णइ (पि ४८८)।

कर्म. मण्णिज्जइ (कुप्र १०६)। वकृ. मण्णमाण (नाट. चैत १३३)।

मण्णण न [मानन] मानना, आदर (उप १५४)।

मण्णा देखो मन्ना (राज)।

मण्णिय देखो मन्निय (राज)।

मण्णु देखो मन्नु (गा ११; ५०८; दे ६, ७१; वेणी १७)।

मण्णे देखो मणे (कप्प)।

मत्त वि [मत्त] १ मद-युक्त, मतवाला (उवा, प्रामू ६४; ९८; भवि)। २ न. मद्य, दारू (ठा ७)। ३ मद, नशा (पव १७१)। °जला स्त्री [°जला] नदी विशेष (ठा २, ३; इक)।

मत्त देखो मेत्त = मात्र, 'वयणमत्तमिट्ठाणं' (रंभा)।

मत्त न [अमत्र, मात्र] पात्र, भाजन (प्राचा २, १, ६, ३, ओघ २५१)। देखो मत्तय।

मत्त (अप) देखो मत्थ = मस्तक (भवि)।

मत्तंगय पुं [मत्ताङ्गक, °द] कल्पद्रुम की एक जाति, मद्य देनेवाला कल्पतरु (सम १७; पव १७१)।

मत्तंड पुं [मार्तण्ड] सूर्य, रवि (सम्मत्त १४५, सिरि १००८)।

मत्तग न [दे] पेशाब, मूत्र (कुलक ६)।

मत्तग } पुंन [अमत्र, मात्रक] १ पात्र,
मत्तय } भोजन। २ छोटा पात्र; विहज्जओ मत्तओ होइ' (वृह ३; कप्प)।

मत्तय देखो मत्तग = दे (कुलक १३)।

मत्तल्ली स्त्री [दे] थलाथार (दे ६, ११३)।

मत्तवारण पुंन [मत्तवारण] बरंडा, बरामदा, दालान (दे ६, १२६, सुर ३, १००; भवि)।

मत्तवाल पुं [दे] मतवाला, मदोन्मत्त (दे ६, १२२, पउ, सुर २, १७; सुपा ४८६)।

मत्ता स्त्री [मात्रा] १ परिमाण (सिर ५५१)। २ अंश, भाग, हिस्सा (स ४८३)। ३ समय का सूक्ष्म भाग। ४ सूक्ष्म उच्चारण-कालवाला वर्णावयव (पिंग)। ५ अल्प, लेश, सब (पाअ)।

मत्ता स [मत्वा] जानकर (सूअ १, २, २, ३२)।

मत्तालंब पुं [दे. मत्तालम्ब] बरंडा, बरामदा (दे ६, १२३; सुर १, ५७)।

मत्तिया स्त्री [मृत्तिका] मिट्टी (पण्ण १—पत्र २५)। °वई स्त्री [°वती] नारी-विशेष, दशार्णदेश की राजधानी (पव २७५)।

मत्थ } पुंन [मस्त, °क] माथा, सिर (से
मत्थग } १, १, स ३८५; औप)। °त्थ वि
मत्थय } [°स्थ] सिर में स्थित (गउड)। °मणि पुं [°मणि] शिरोमणि, प्रधान, मुख्य (उप ६४८ टी)।

मत्थय पुंन [मस्तक] गर्भ, फल आदि का मध्यभाग—अन्त.सार (आचा २, १, ८, ६)।

मत्थयधोय वि [दे. धौतमस्तक] दासत्व से मुक्त, गुलामी से मुक्त किया हुआ (णाया १, १—पत्र ३७)।

मत्थुलुंग } न [मस्तुलुङ्ग] १ मस्तक-स्नेह,
मत्थुलुय } सिर में से निकलता एक प्रकार का चिकना पदार्थ (पण्ह १, १; तंदु १०)। २ भेद का किष्किंध आदि (ठा ३, ४—पत्र १७०; भग, तंदु १०)।

मथिय देखो महिअ = मथित (पण्ह २, ४—पत्र १३०)।

मद देखो मय = मद (कुमा, प्रयौ १६, वि २०२)।

मद (मा) देखो मय = मृत (प्राकृ १०३)।

मदण देखो मयण (स्वप्न ६३, नाट—मृच्छ २३१)।

मदणसला(गा) देखो मयणसलागा (पण्ण १—पत्र ५४)।

मदणा देखो मयणा = मदना (णाया २—पत्र २५१)।

मदणिज्ज वि [मदनीय] कामोद्दीपक, मदन-वर्धक (णाया १, १—पत्र १६; औप)।

मदि देखो मइ = मति (मा ३२, कुमा, वि १६२)।

मदीअ देखो मईअ (स २१२)।

मदुयी देखो मउई (पउ)।

मदोली स्त्री [दे] दूती, दूत-कर्म करनेवाली स्त्री (पउ)।

मद्द सक [मृद्] १ चूर्ण करना। मालिश करना, मसलना, मलना। मद्दइ (कप्प)। कर्म. मद्दीअदि (गा—मृच्छ १३५)। हेकृ. मद्दिउं (वि ५८५)।

मद्दण न [मर्दन] १ अंग-चम्पी, मालिश (सुपा २४)। २ हिंसा करना; 'तसथावरभूय-मद्दणं विविहं' (उव)। ३ वि. मर्दन करने-वाला (तो ३)।

मद्दल पुं [मर्दल] वाद्य-विशेष, मुरज, मृदंग (दे ६, ११९; सुर ३, ६८; सिरि १५७)।

मद्दलिअ वि [मार्दलिक] मृदंग बजानेवाला (सुपा २९४, ५५३)।

मद्दव न [मार्दव] मृदुता, नम्रता, विनय, अहंकार निग्रह (औप; कप्प)।

मद्दवि वि [मार्दविन्] नम्र, विनीत, 'अज्ज-विय मद्दवियं लाघवियं' (सूअ २, १, ५७; आचा)।

मद्दविअ वि [मार्दविक, °त] ऊपर देखो (वृह ४; भव १)।

मद्दिअ देखो मद्दिअ (पाअ)।

मद्दी स्त्री [माद्री] १ राजा शिशुपाल की मा का नाम (सूअ १, ३, १, १ टी)। २ राजा पाण्डु की एक स्त्री का नाम (वेणी १७१)।

मद्दुअ पुं [मद्दुक] भगवान् महावीर का राजगृह-निवासी एक उपासक (भग १८, ७—पत्र ७५०)।

मद्दुग पुं [मद्दुग, °क] पक्षि-विशेष, जल-वायस (भग ७, ६—पत्र ३०८)। देखो मारु।

मद्दुग देखो मुद्दुग (राज)।

मधु देखो महु (पउ; रंभा, सिरि)।

मधुघाय पुं [मधुघात] एक म्लेच्छ-जाति (मृच्छ १५२)।

मधुर देखो महुर (निचू १, प्राकृ ८५)।

मधुसित्थ देखो महुसित्थ (ठा ४, ४—पत्र २७१)।

मधूला स्त्री [दे. मधूला] पाद-गण्ड (राज)।

मन्न स [दे] निषेधार्थक अव्यय, मत, नहीं (कुमा)।

मनुस्स देखो मणुस्स (पउ, भग)।

मन्न देखो मण्ण मन्नइ, मन्नति (भाचा, मृच्छ), मन्नेमि (रंभा)। कर्म. मन्निज्जइ (मृच्छ)। वर्त. मन्नंत, मन्नमाण (सुर १४, १७१; आचा, मृच्छ, सुपा ३०७; सुर ३, १०८)।

मन्न देखो माण = मानय्। कृ मन्न, मन्नाय मन्नणिज्ज, मन्नियव्व, मन्निय (उप १०३६, धर्मवि ७९, भवि, सुर १०, ३८, सुपा ३९८, ठा १ टी—पत्र २१, स ३५)।

मन्ना स्त्री [मनन] १ मति, बुद्धि (ठा १—पत्र १९)। २ आलोचन, चिन्तन (सूप्र २ १, ४१, ठा १)।

मन्ना स्त्री [मान्या] अभ्युपगम, स्वीकार (ठा १—पत्र १९)।

मन्नाय देखो मन्न = मानय्।

मन्नाविय वि [मानित] मनाया हुआ (सुपा १५९)।

मन्निय वि [मत] माना हुआ (सुपा ६०५, कुमा)।

मन्नु पु [मन्यु] १ क्रोध गुस्सा (सुपा ६०४)। २ दैन्य, दीनता 'सोयसमुब्भूयगरुय-मनुवमा' (सुर ११, १४४)। ३ अहंकार। ४ शोक, अफसोस। ५ क्रतु यज्ञ (हे २, २५ ४४)।

मन्नुइय वि [मन्युयित] मन्यु युक्त, कुपित (सुख ४, १)।

मन्नुसिय वि [दे] उद्विग्न (स ५६६)।

मन्ने देखो मण्णे (हे १, १७१, रभा)।

मप्प न [दे] माप, बाँट, 'तेण य सह वरुणेण आणेवि य तस्स हट्टमप्पाणि' (सुपा ३६२)।

मब्भीसडी } (अप) स्त्री [मा भैषी] अभय-
मब्भीसा } वचन (हे ४, ४२२)।

ममकार पु [ममकार] ममत्व, मोह, प्रेम, स्नेह (गच्छ २, ४२)।

ममच्चय वि [मदीय] मेरा (सुख २, १५)।

ममत्त न [ममत्व] ममता, मोह, स्नेह (सुपा २९)।

ममया स्त्री [ममता] ऊपर देखो (पचा १५, ३२)।

ममा सक [ममाय्] ममता करना। ममाइ, ममायए (सूप्र २, १, ४२, उव)। वकृ. ममायमाण, ममायमीण (आचा, सूप्र २, ६, २१)।

ममाइ वि [ममत्विन्] ममतावाला (सूप्र १, १, १, ४)।

ममाइय वि [ममायित] जिसपर ममता की गई हो वह (आचा)।

ममाय वि [दे] ग्रहण करना। ममायंति (दस ६, ४९)।

ममाय वि [ममाय] ममत्व करनेवाला (निचू १३)।

ममि वि [मामक] मेरा, मदीय, 'मम वा ममि वा' (सूप्र २, २, ९)।

ममूर सक [चूर्णय्] चूरना। ममूरइ (धात्वा १४८)।

मम्म पुं न [मर्मन्] १ जीवन स्थान। २ सन्धि-स्थान (गा ४४९, उप ९९१, हे १, ३२)। ३ मरण का कारण भूत वचन आदि (णाया १, ८)। ४ गुप्त बात (प्राप्र ११, सुपा ३०७)। ५ रहस्य तात्पर्य (श्रु २८)। °य वि [°ग] मर्म-वाचक (शब्द) (उत्त १, २५, सुख १, २५)।

मम्मक्क पु [दे] गर्व, अहंकार (षड्)।

मम्मका स्त्री [दे] १ उत्कण्ठा। २ गर्व (दे ६, १४३)।

मम्मण न [मन्मन] १ अव्यक्त वचन (हे २, ६१, दे ६, १४१, विपा १, ७, वा २६)। २ वि. अव्यक्त वचन बोलनेवाला (श्रा १२)।

मम्मण पु [दे] १ मदन, कन्दर्प। २ रोष, गुस्सा (दे ६, १४१)।

मम्मणिआ स्त्री [दे] नील मक्षिका (दे ६, १२३)।

मम्मर पु [मर्मर] शुष्क पत्तों की आवाज (गा ३६५)।

मम्मह पु [मन्मथ] कामदेव, कन्दर्प (गा ४३०, अभि ९५)।

मम्मी स्त्री [दे] मामी मातुल पत्नी (दे ६, ११२)।

मय न [मत] मनन, ज्ञान (सूप्र २, १, ५०)। २ अभिप्राय आशय (ओघनि १६०, सूअनि १२०)। ३ समय दर्शन, धर्म 'समओ मय' (पाअ, सम्मत्त २२८)। ४ वि. माना हुआ (कम्म ४, ४९)। ५ इष्ट, अभीष्ट (सुपा ३७१)। °न्नु वि [°ज्ञ] दार्शनिक (सुपा ५८२)।

मय पु [मय] १ उष्ट्र, ऊँट (सुख ९, १)। २ अश्वतर, खच्चर, 'मयमहिससरहकेसरि—' (पउम ९, ५९)। ३ एक विद्याधर-नरेश (पउम ८, १)। °हर पु [°धर] ऊँटवाला (सुख ९, १)।

मय वि [मृत] मरा हुआ, जीव रहित (णाया १, १, उव, सुर २, १८, प्राप्र १७, प्राप्र)। °किच्च न [°कृत्य] मरण के उपलक्ष में किया जाता श्राद्ध आदि कर्म (विपा १, २)।

मय पुंन [मद] १ गर्व, अभिमान 'एयाइ मयाइ विगिंच धीरा' (सूप्र १, १३, १६, सम १३, उप ७२८ टी, कुमा कम्म २, २९)। २ हाथी के गण्ड-स्थल से झरता प्रवाही पदार्थ (णाया १, १—पत्र ६५, कुमा)। ३ आमोद, हर्ष। ४ कस्तूरी। ५ मत्तता, नशा। ६ नद, बड़ी नदी। ७ वीर्य, शुक्र (प्राप्र)। °करि पु [°करिन्] मदवाला हाथी (महा)। °गल वि [°कल] १ मद से उत्कट, नशे में चूर, 'मअगलकुंजरगमणी' (पिंग)। २ पु हाथी (सुपा ९०, हे १, १८२, पाअ, दे ६, १२५)। ३ छन्द विशेष (पिंग)। °णासणी स्त्री [°नाशनी] विद्या-विशेष (पउम ७, १४०)। °धम्म पु [°धर्म] विद्याधर वंश के एक राजा का नाम (पउम ५, ४३)। °मंजरी स्त्री [°मञ्जरी] एक स्त्री का नाम (महा)। °वारण पु [°वारण] मदवाला हाथी 'मयवारणो उ मत्तो निवाडियालाणवरखंभो' (महा)।

मय पु [मृग] १ हरिण (कुमा उप ७२८ टी)। २ पशु, जानवर। ३ हाथी की एक जाति। ४ नक्षत्र विशेष। ५ कस्तूरी। ६ मकर राशि। ७ अन्वेषण। ८ याचन, माँग। ९ यज्ञ विशेष (हे १, १२६)। °च्छी स्त्री [°क्षी] हरिण के नेत्रों के समान नयनवाली (सुर ४, १९, सुपा ३५५, कुमा)। °णाह पु [°नाथ] सिंह (स १११)। °णाहि पुस्त्री [°नाभि] कस्तूरी (पाअ, सुपा २००, गउड)। °तण्हा स्त्री [°तृष्णा] धूप में जल-भ्रान्ति (दे, से ९, ३५)। °तण्हिआ स्त्री [°तृष्णिका] वही अर्थ (पि ३७५)। °तिण्हा देखो °तण्हा (पि ५४)। °तिण्हिआ देखो °तण्हिआ (पि ५४)। °धुत्त पु [°धूर्त्त] शृगाल, सियार (दे ६, १२५)। °नाभि देखो °णाहि (कुमा)। °राय पुं [°राज]

सिंह, केसरी (पउम २, १७; उप पृ ३०)। °लंछण पुं [°लाञ्छन] चन्द्रमा (पाअ, कुमा; सुर १३, ५३)। °लोअणा स्त्री [°रोचना] गोरोचन, गोरोचना, पीत-वर्ण द्रव्य-विशेष (अभि १२७)। °रि पुं [°रि] सिंह (पाअ)। °रिदमण पुं [°रिदमन] राक्षस-वंश का एक राजा, एक लंका-पति (पउम ५, २६२)। °हिव पुं [°धिप] सिंह, केसरी (पाअ, स ९)। देखो मिअ, मिग = मृग।

मयंक } देखो मिअंक (हे १, १७७; १८०;
मयंग } कुमा, षड्; गा ३९९; रंभा)।

मयंग देखो मायंग = मातंग; 'कूवर वरणो मिउडी गोमेहो वामण मयंगो' (पव २६)।

मयंग पुं [मृदङ्ग] वाद्य-विशेष (प्राकृ ८)।

मयंगय पुं [मतङ्गज] हाथी, हस्ती (पउम ८०, ६९; उप पृ २६०)।

मयंगा स्त्री [मृतगङ्गा] जहाँ पर गंगा का प्रवाह रुक गया हो वह स्थान (णाया १, ४—पत्र ९६)।

मयंतर न [मतान्तर] भिन्न मत, अन्य मत (भग)।

मयंद देखो मइंद = मृगेन्द्र (सुपा ९२)।

मयंध वि [मदान्ध] मद के कारण अन्धा बना हुआ, मदोन्मत्त (सुर २, ६९)।

मयग वि [मृतक] १ मरा हुआ। २ न, मुर्दा (णाया १, ११, कुप्र २९; औप)। °किच्च न [°कृत्य] श्राद्ध आदि कर्म (णाया १, २)।

मयड पुं [दे] आराम, बगीचा (दे ६, ११५)।

मयण पु [मदन] १ कन्दर्प, कामदेव (पाअ, पण २५; कुमा; रंभा)। २ लक्ष्मण का एक पुत्र (पउम ९१, २०)। ३ एक वणिक्-पुत्र (सुपा ६१७)। ४ छन्द का एक भेद (पिंग)। ५ वि. मद-कारक, मादक; 'मयणा दरनिव्वलिया पिव्वतिया जह बोहया तिविहा' (विसे १२२०)। ६ न. मीन, मोम; 'मयणो मयणो विय किलीणो' (पण २५; पाअ सुर २, २४६)। °घरिणी स्त्री [°गृहिणी] काम प्रिया, रति (कुप्र १०९)। °तालंक पुं [°तालङ्क] छन्द-विशेष (पिंग)। °तेरसी स्त्री [°त्रयोदशी] चैत्र मास की शुक्ल त्रयोदशी तिथि (कुप्र ३७८)। °दुम पुं [°द्रुम] वृक्ष-विशेष (मे ७, ६६)। °फल न [°फल] फल-विशेष, मैनफल; 'तओ तेणुप्पलं मयणफलेण भावियं मणुस्सहत्थे दिन्नं, एयं वरवइस्स देज्जाहि' (सुख २, १७)। °मंजरी स्त्री [°मञ्जरी] १ राजा चण्डप्रद्योत की एक स्त्री का नाम। २ एक श्रेष्ठि-कन्या (महा)। °रेहा स्त्री [°रेखा] एक युवराज की पत्नी (महा)। °वेय पुं [°वेग] पुरुष-विशेष का नाम (भवि)। °सुंदरी स्त्री [°सुन्दरी] राजा श्रीपाल की एक पत्नी (सिरि ५३)। °हरा स्त्री [°गृह] छन्द विशेष (पिंग)। °हल देखो °फल; 'मयणहलगंधओ वा उव्वमिया चंदहासमुरा' (धर्मवि ९४)।

मयणंकुस पुं [मदनाङ्कुश] श्रीरामचन्द्र का एक पुत्र, कुश (पउम ९७, ९)।

मयणसलागा } स्त्री [दे. मदनशलाका]
मयणसलाया } मैना, सारिका (जीव १ टी—पत्र ४१, दे ६, ११९)।

मयणसाला स्त्री [दे. मदनशाला] सारिका-विशेष (पण्ह १, १—पत्र ८)।

मयणा स्त्री [दे. मदना] मैना, सारिका (उप १२९ टी, आव १)।

मयणा स्त्री [मदना] १ वैरोचन बलीन्द्र की एक पटरानी (ठा ५, १—पत्र ३०२)। २ शक्र के लोकपाल की एक स्त्री (ठा ४, १—पत्र २०४)।

मयणाय पुं [मैनाक] १ द्वीप-विशेष। २ पर्वत-विशेष (भवि)।

मयणिज्ज देखो मदणिज्ज (कप्प; पण्ण १७)।

मयणिवास पुं [दे] कन्दर्प, कामदेव (दे ६, १२६)।

मयर पुं [मकर] १ जलजन्तु-विशेष, मगर-मच्छ (औप, सुर १३, ४६)। २ राशि-विशेष, मकर राशि (सुर १३, ४६; विचार १०६)। ३ रावण का एक सुभट (पउम ५६; २९)। ४ छन्द-विशेष (पिंग)। °केउ पुं [°केतु] कामदेव, कन्दर्प (कप्पू)। °द्धय पुं [°ध्वज] वही (पाअ; कुमा; रंभा)। °लंछण पुं [°लाञ्छन] वही (कप्पू, वि ५४)। °हर पुंन [°गृह] वही (पाअ, से १, १८; ४, ४८; वज्जा १५४, भवि)।

मयरंद पुं [दे. मकरन्द] पुष्प-रज, पुष्प-पराग (दे ६, १२३; पाअ, कुमा ३, ५४)।

मयरंद पुं [मकरन्द] पुष्प रस, पुष्प-मधु (दे ६, १२३; सुर ३, १०; प्रासू ११३, कुमा)।

मयल देखो मइल = मलिन (सुपा २६२)।

मयलणा देखो मइलणा (सुपा १२४, २०६)।

मयलपुत्ती [दे] देखो मइलपुत्ती (दे ६, १२५)।

मयलिअ देखो मलिणिअ (उप ७२८ टी)।

मयल्लिगा स्त्री [मतल्लिका] प्रधान, श्रेष्ठ, 'कूडक्खरविओ(?उ)मयल्लिगाणं' (रंभा १७)।

मयह देखो मगह। °सामिय पुं [°स्वामिन्] मगध देश का राजा (पउम ९१, ११)। °पुर न [°पुर] राज-गृह नगर (वसु)। °हिवइ पुं [°धिपति] मगध देश का राजा (पउम २०, ४७)।

मयहर पुं [दे] १ ग्राम-प्रधान, ग्राम प्रवर, गाँव का मुखिया (पव २६८; महा, पउम ९३; १६)। २ वि. बड़ील, मुखिया, नायक, 'सयलहत्थारोहपहाणमयहरेण' (स २८०; महानि ४, पउम ९३, १७)। स्त्री. °रिगा, °रिया, °री (उप १०३१ टी; सुर १, ४१; महा, सुपा ७९; १२६)।

मयाई स्त्री [दे] शिरो-माला (दे ६, ११५)।

मयार पुं [मकार] १ 'म' अक्षर। २ मकारादि अश्लील—अश्राव्य शब्द, 'जत्थ जयार-मयारं समणी जंपइ गिहत्थपच्चक्खं' (गच्छ ३, ४)।

मयाल (अप) देखो मराल (पिंग)।

मयालि पुं [मयालि] जैन महर्षि विशेष—१ एक अन्तकृद् मुनि (अंत १४)। २ एक अनुत्तर-गामी मुनि (अनु १)।

मयाली स्त्री [दे] लता-विशेष, तिडाली लता (दे ६, ११६; पाअ)।

मर मर [मृ] मरना। मरइ, मरए (हे ४, २३४; भग, उव; महा, पड्)। मरं (हे ३, १४१)। मरिज्जइ, मरिज्जउ (भवि, वि ४०७)। भूका. मरही, मरीअ (आचा वि ४६६)। भवि. मरिस्सइ (वि १२२)। कृ. मरंत,

मरमाण (गा ३७५ प्रासू ६४, सुपा ४०५, भग, सुपा ६५१, प्रासू ८३)। संकृ. मरिऊण (पि ५८६)। हेकृ. मरिउ, मरेउं (सक्ति ३४)। कृ. मरियव्व (अत २४, सुपा २१५, ५०१, प्रासू १०९), मरिएव्वउ (अप) (हे ४, ४३८)।

मर पु [दे] १ मशक। २ उल्लू घूक (दे ६, १४०)।

मरअद } पुन [मरकत] नील वर्णवाला
मरगय } रत्न विशेष, पन्ना (सम्मि ९, ह १, १८२, औप, पड् गा ७५ काप्र ३१), 'परिकम्मिओवि बहुसो काओ कि मरगओ होइ' (कुप्र ४०३)।

मरजीवय पु [दे मरजीवक] समुद्र के भीतर उतर कर जो वस्तु निकालने का काम करता है वह (सिरि ३८५)।

मरट्ट पु [दे] गर्व, अहंकार (दे ६, १२०, सुर ४, १५४, प्रासू ८५, ती ३, भवि, सण हे ४, ४२२, सिरि ९६२), 'अखिलमइ (?र)ट्टदप्पमद्दणे लद्धजयपडायस्स' (धर्मवि ९७)।

मरट्टा स्त्री [दे] उत्कर्ष

'एईइ अहरहरिआरुणिममरट्टाइं
(?इ) लज्जमाणाइ।
बिवफलाइ उव्वहण व
वल्लीसु विरयति॥
(कुप्र २६९)।

मरट्ठ (अप) देखो मरहट्ठ (पिंग)।

मरढ देखो मरहट्ट। स्त्री °ढी (कप्पू)।

मरण पुन [मरण] मौत मृत्यु (आचा भग पाअ, जी ४३ प्रासू १०७ ११८) 'सेसा मरणा सव्वे तब्भवमरणेण णायव्वा' (पव १५७)।

मरल सक मराल = मराल, हंस (प्राकृ ५)।

मरह सक [मृष्] क्षमा करना, 'खमंतु मरहंतु ण देवाणुप्पिया' (णाया १, ८—पत्र १३५)।

मरहट्ठ पुन [महाराष्ट्र] १ बड़ा देश। २ देश-विशेष, महाराष्ट्र, मराठा, 'मरहट्ठो मरहट्ठ' (हे १, ६९, प्राकृ ६, कुमा)। ३ सुराष्ट्र (कुमा ३, ६०)। ४ पुं. महाराष्ट्र देश का निवासी, मराठा (पण्ह १, १—पत्र १४, पिंग)। ५ छन्द विशेष (पिंग)।

मरहट्टी स्त्री [महाराष्ट्री] १ महाराष्ट्र की रहनेवाली स्त्री। २ प्राकृत भाषा का एक भेद (पि ३५४)।

मराल वि [दे] अलस, मन्द आलसी (दे ६, ११२, पाअ)।

मराल पुं [मराल] १ हंस पक्षी (पाअ)। २ छन्द विशेष (पिंग)।

मराली स्त्री [दे] १ सारसी, सारस पक्षी की मादा। २ दूती। ३ सखी (दे ६, १४२)।

मरिअ वि [मृत] मरा हुआ (सम्मत्त १३९)।

मरिअ वि [दे] १ त्रुटित टूटा हुआ। २ विस्तीर्ण (षड्)।

मरिअ देखो मिरिअ (प्रयौ १०५, भास ८ टी)।

मरिइ देखो मरीइ, 'अह उप्पन्ने नाणे जिणस्स, मरिई तओ य निक्खंतो' (पउम ८२, २४)।

मरिस सक [मृष्] सहन करना क्षमा करना। मरिसइ, मरिसेइ, मरिसेउ (हे ४, २३५, महा स ६७०)। कृ मरिसियव्व (स ६७०)।

मरिसावणा स्त्री [मर्षणा] क्षमा (स ६७१)।

मरीइ पु [मरीचि] १ भगवान् ऋषभदेव का एक पौत्र और भरत चक्रवर्ती का पुत्र, जो भगवान् महावीर का जीव था (पउम ११, ९४)। २ पुत्री किरण (पण्ह १, ४—पत्र ७२ धर्मसं ७२३)।

मरीइया स्त्री [मरीचिका] १ किरण-समूह। २ मृग तृष्णा, किरण में जल भ्रान्ति (राज)।

मरीचि देखो मरीइ (औप सुज १, ९)।

मरीचिया देखो मरीइया (औप)।

मरु पु [मरुत्] १ पवन, वायु। २ देव, देवता। ३ सुगन्धी वृक्ष विशेष मरुआ, मरुवा (षड्)। ४ हनूमान का पिता (पउम ५३, ७९)। °णंदण पु [°नन्दन] हनूमान् (पउम ५३, ७९)। °सुय पुं [°सुत] वही (पउम १०१, १)। देखो मरुअ = मरुत्।

मरु } पु [मरु, °क] १ निर्जल देश
मरुअ } (णाया १, १६—पत्र २०२, औप)। २ देश विशेष, मारवाड़ (ती ५, महा, इक, पण्ह १, ४—पत्र ६८)। ३ पर्वत, ऊँचा पहाड़ (निचू ११)। ४ वृक्ष-विशेष, मरुआ, मरुवा (पण्ह २, ५—पत्र १५०)। ५ ब्राह्मण, विप्र (सुख २, २७)। ६ एक नृप वंश। ७ मरु वंशीय राजा 'तस्स य पुट्ठीए नदो पण्णपन्नसय च होइ वासाण। मरुयाण अट्ठसय' (विचार ४९३)। ८ मरु देश का निवासी (पण्ह १, १)। °कंतार न [°कान्तार] निर्जल जंगल (अच्चु ८५)। °त्थली स्त्री [°स्थली] मरु भूमि (महा)। °भू स्त्री [°भू] वही (श्रा २३)। °य वि [°ज] मरु देश में उत्पन्न (पण्ह १, ४—पत्र ६८)।

मरुअ देखो मरु = मरुत् (पण्ह १, ४—पत्र ६८)। २ एक देव-जाति (ठा २, २)। °कुमार पु [°कुमार] वानरद्वीप के एक राजा का नाम (पउम ६, ६७)। °वसभ पुं [°वृषभ] इन्द्र (पण्ह १, ४—पत्र ६८)।

मरुअअ } पुं [मरुवक] वृक्ष विशेष मरुआ,
मरुअग } मरुवा (गउड, पण्ण १—पत्र ३४)।

मरुआ स्त्री [मरुता] राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अत)।

मरुइणी स्त्री [मरुकिणी] ब्राह्मण स्त्री, ब्राह्मणी (विसे ९२८)।

मरुड देखो मुरुड (अत औप णाया १, १—पत्र ३७)।

मरुकुंद पुं [दे मरुकुन्द] मरुआ, मरुवे का गाछ (भवि)।

मरुग देखो मरुअ = मरुक (पण्ह १, १—पत्र १४, इक)।

मरुदेव पु [मरुदेव] १ ऐरवत क्षेत्र में उत्पन्न एक जिनदेव (सम १५३)। ३ एक कुलकर पुरुष का नाम (सम १५०, पउम ३, ५५)।

मरुदेया } स्त्री [मरुदेवा, °वी] १ भगवान्
मरुदेवी } ऋषभदेव की माता का नाम (उव, सम १५०, १५१)। २ राजा श्रेणिक की एक पत्नी, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर मुक्ति पाई थी (अत)।

मरुदेवा स्त्री [मरुदेवा] भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर मुक्ति पानेवाली राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अत २५)।

मरुल पुं [दे] भूत-पिशाच (दे ६, ११४)।

मरुवय देखो मरुअअ (गा ६७७, कुमा, विक्र २६)।

मरुस देखो मरिस। मरुसिज्ज (भवि)।

मल सक [मल्] धारण करना (भग ९, ३३ टी—पत्र ४८०)।

मल देखो मद्द। मलइ, मलेइ (हे ४, १२६, प्राकृ ६८, भवि), मलेमि (से ३,६३), मलेंति (सुर १, ९७)। कर्म. मलिज्जइ (पचा १६, १०)। वकृ. मलेंत (से ४, ४२)। कवकृ. मलिज्जंत (से ३, १३)। सकृ. मलिऊण, मणिऊण (कुमा, पि ५८५)। कृ. मलेव्व (वै ६९, निसा ३)।

मल पुं [दे] स्वेद पसीना (दे ६, १११)।

मल पुंन [मल] १ मैल (कुमा, प्रासू २५)। २ पाप (कुमा)। ३ बँधा हुआ कर्म (चेइय ६२२)।

मलपिअ वि [दे] गर्वी, अहंकारी (दे ६, १२१)।

मलण न [मर्दन, मलन] मर्दन, मलना (सम १२५, गउड, दे ३, ३४, सुपा ४४०, पंचा १६, १०)।

मलय पु [दे. मलक] आस्तरण विशेष (णाया १, १—पत्र १३, १, १७—पत्र २२९)।

मलय पु [दे मलय] १ पहाड का एक भाग (दे ६, १४४)। २ उद्यान, बगीचा (दे ६, १४४, पाम)।

मलय पु [मलय] १ दक्षिण देश में स्थित एक पर्वत (सुपा ४५९, कुमा, पड्)। २ मलय-पर्वत के निकट-वर्ती देश विशेष (पव २७५, पिंग)। ३ छन्द विशेष (पिंग)। ४ देवविमान विशेष (देवेन्द्र १४३)। ५ न. श्रीखण्ड, चन्दन (जीव ३)। ६ पुस्त्री. मलय देश का निवासी (पण्ह १, १)। °केउ पुं [°केतु] एक राजा का नाम (सुपा ६०७)। °गिरि पु [°गिरि] एक सुप्रसिद्ध जैन आचार्य और ग्रन्थकार (इक, राज)। °चंद पुं [°चन्द्र] एक जैन उपासक का नाम (सुपा ६४५)। °द्दि पुं [°द्रि] पर्वत विशेष (सुपा ४७७)। °भव वि [°भव] १ मलय देश में उत्पन्न। २ न. चन्दन (गउड)। °मई स्त्री [°मती] राजा मलयकेतु की स्त्री (सुपा ६०७)। °य [°ज] देखो °भव (राज)। °रुह पुं [°रुह] चन्दन का पेड (सुर १, २८)। २ न. चन्दन-काष्ठ (पाम)। °चल पु [°चल] मलय पर्वत (सुपा ४५९)। °णिल पुं [°निल] मलयाचल से बहता शीतल पवन (कुमा)। °यल देखो °चल (रभा)।

मलय वि [मालय] १ मलय देश में उत्पन्न (अणु)। २ न. चन्दन (भवि)।

मलयट्टी स्त्री [दे] तरुणी, युवति (दे ६, १२४)।

मलहर पुं [दे] तुमुल ध्वनि (दे ६, १२०)।

मलि वि [मलिन्] मलवाला, मल-युक्त (भवि)।

मलिअ वि [मृदित] जिसका मर्दन किया गया हो वह (गा ११०, कुमा, हे ३, १३५, औप, णाया १, १)।

मलिअ न [दे] १ लघु क्षेत्र। २ कुण्ड (दे ६, १४४)।

मलिअ वि [मलित] मल-युक्त, मलिन, 'मलमलियदेहवत्था' (सुपा १६६, गउड)।

मलिज्जंत देखो मल = मृद्।

मलिण वि [मलिन] मैला, मल-युक्त (कुमा, सुपा ६०१)।

मलिणिय वि [मलिनित] मलिन किया हुआ (उव)।

मलीमस वि [मलीमस] मलिन, मैला (पाम)।

मलेव्व देखो मल = मृद्।

मलेच्छ देखो मिलिच्छ पि ८४, नाट—चैत १८)।

मल्ल सक [मल्ल्] देखो मल = मल् (भग ९, ३३ टी)।

मल्ल पु [मल्ल] १ पहलवान, कुश्ती लड़ने-वाला, बाहु योद्धा (औप, कप्प, पण्ह २, ४, कुमा)। २ पात्र, 'दीवसिहापडिपिल्लण-मल्ले मिल्लंति नीसासे' (कुप्र १३१)। ३ भीत का अवष्टम्भन-स्तम्भ। ४ छप्पर का आधार भूत काष्ठ (भग ८, ६—पत्र ३७६)। °जुद्ध न [°युद्ध] कुश्ती (कप्पू, हे ४, ३८२)। °दिन्न पुंन [°दत्त] एक राज-कुमार (णाया १, ८)। °वाइ पुं [°वादिन्] एक सुविख्यात प्राचीन जैन आचार्य और ग्रंथकार (सम्मत्त १२०)।

मल्ल न [माल्य] १ पुष्प, फूल (ठा ४, ४)। २ फूल की गुँथी हुई माला (पाम, औप)। ३ मस्तक-स्थित पुष्पमाला (हे २, ७९)। ४ एक देव-विमान (सम ३९)। ५ बलि, 'मल्ल ति बलीए णाम' (आव० चूर्णि० भा० १ पत्र ३३२)।

मल्लइ पुं [मल्लकि, °किन्] नृप विशेष (भग, औप, पि ८९)।

मल्लग } न [दे. मल्लक] १ पान विशेष,
मल्लय } शराव (विसे २४७ टी, पिंड २१०; तदु ४४, महा, कुलक १४, णाया १, ९, दे ६, १४५, प्रयौ ६७)। २ चषक, पानपात्र (दे ६, १४५)।

मल्लय न [दे] अपूप-भेद, एक तरह का पूआ। २ वि. कुसुम्भ से रक्त (दे ६, १४५)।

मल्लाणी स्त्री [दे] मातुलानी, मामी (दे ६, ११२, पाम, प्राकृ ३८)।

मल्लि वि [मल्लिन्] धारण-कर्ता (भग ९, ३३ टी)।

मल्लि वि [माल्यिन्] माल्य-युक्त, मालावाला (औप)।

मल्लि स्त्री [मल्लि] १ उन्नीसवें जिन-देव का नाम (सम ४३, णाया १, ८, मंगल १२, पडि)। २ वृक्ष विशेष, मोतिया का गाछ (दे २, १८)। °णाह, °नाह पुं [°नाथ] उन्नीसवें जिन-देव (महा, कुप्र ६३)।

मल्लि स्त्री [मल्लि] पुष्प-विशेष (भग ९, ३३ टी)।

मल्लिअज्जुण पु [मल्लिकार्जुन] एक राजा का नाम (कुमा)।

मल्लिआ स्त्री [मल्लिका] १ पुष्प-वृक्ष विशेष (णाया १, ९, कुप्र ४९)। २ पुष्प-विशेष (कुमा)। ३ छन्द विशेष (पिंग)।

मल्लिहाण न [माल्याधान] १ पुष्प-बन्धन-स्थान। २ केश-कलाप (भग ९, ३३ टी—पत्र ४८०)।

मल्ली देखो मल्लि (णाया १, ८, पउम २० ३५; विचार १४८, कुमा)।

मल्ह अक [दे] मौज मानना, लीला करना। वकृ. मल्हंत (दे ६, ११९ टी, भवि)।

मल्हण न [द] लीला, मौज (दे ६, ११९)।

मव सक [मापय्] मापना, माप करना, नापना। मवति (सिरि ४२५)। कर्म. 'आउयाइं मविज्जति' (कम्म ५, ८५ टी)। कवकृ. मविज्जमाण (विसे १४००)।

मविय वि [मापित] मापा हुआ (तंदु ३१)।

मश्चली (मा) स्त्री [मत्स्य] मछली (पि २३३)।

मस } पुं [मश, °क] १ शरीर पर का
मसअ } तिलाकार काला दाग, तिल (पव २५७)। २ मच्छड, क्षुद्र जन्तु-विशेष (गा ५६०, चारु १०, वज्जा ४६)।

मसक्कसार न [मसक्कसार] इन्द्रों का एक स्वय आभाव्य विमान (देवेन्द्र २६३)।

मसग देखो मसअ (भग, औप, पउम ३३, १०८, जी १८)।

मसण वि [मसृण] १ स्निग्ध, चिकना। २ सुकुमाल, कोमल, अकर्कश। ३ मन्द, धीमा (हे १, १३०, कुमा)।

मसरक्क सक [दे] सकुचना, समेटना। सकृ 'दसवि करगुलीउ मसरक्किवि (अप)' (भवि)।

मसाण न [श्मशान] मसान, मरघट (गा ४०८, प्राप्र, कुमा)।

मसार पु [दे. मसार] मसृणता सपादक पाषाण विशेष, कसौटी का पत्थर (णाया १, १—पत्र ६, औप)।

मसारगल्ल पु [मसारगल्ल] एक रत्न जाति (णाया १, १—पत्र ३१, कप्प उत्त ३६, ७६, इक)।

मसि स्त्री [मसि] १ काजल, कज्जल (कप्पू)। २ स्याही, सियाही (सुर २, ५)।

मसिहार पु [मसिहार] क्षत्रिय-परिव्राजक विशेष (औप)।

मसिण देखो मसण (हे १, १३०, कुमा, औप से १, ४५, ५, ६४)।

मसिण वि [दे] रम्य, सुन्दर (दे ६, ११८)।

मसिणिअ वि [मसृणित] १ मृष्ट, शुद्ध किया हुआ, मार्जित, 'रोसिणिम मसिणिअं' (पाअ)। २ स्निग्ध किया हुआ (से ९, ६)। ३ विलुलित, विमर्दित (से १, ५५)।

मसी देखो मसि (उवा)।

मसूर } पु न [मसूर, °क] १ धान्य विशेष,
मसूरग } मसूरि (ठा ४, ३, सम १४९, पिंड
मसूरय } ६२३)। २ उच्छीर्षक, ओसीसा (सुर २, ८३, कप्प)। ३ वस्त्र या चर्म का वृत्ताकार आसन (पव ८४)।

मस्सु देखो मसु (सक्ति १२, पि ३१२)।

मस्सूरग देखो मसूरग 'मस्सूरए य थिवुगे' (जीवस ५२)।

मह सक [काङ्क्ष] चाहना, वाञ्छना। महइ (हे ४, १९२, कुमा सण)।

मह सक [मथ्] १ मथना, विलोडन करना। २ मारना। महज्जा (उवा)।

मह सक [मह्] पूजना। महइ (कुमा), महेइ (सिरि ५६६)। सकृ. महिअ (कुमा)। कृ. महणिज्ज (उप पृ १२६)।

मह पुन [मह] उत्सव (विपा १, १—पत्र ५, रभा, पाअ, सण)।

मह पु [मख] यज्ञ (चड, गउड)।

मह वि [महत्] १ बडा, वृद्ध। २ विपुल, विस्तीर्ण। ३ उत्तम, श्रेष्ठ 'एग मह सत्तुस्सेह' (णाया १, १—पत्र १३, काल, जी ७, हे १, ५)। स्त्री. °ई (उव, महा)। °एवी स्त्री [°देवी] पटरानी (भवि)। °कतजस पु [°कान्तयशस्] राक्षस वश का एक राजा, एक लका-पति (पउम ५, २६५)। °कमलग न [°कमलाङ्ग] सख्या विशेष, ८४ लाख कमल की सख्या (जो २)। °कव्व न [°काव्य] सर्ग-बद्ध उत्तम काव्य-ग्रथ (भवि)। °काल देखो महा-काल (देवेन्द्र २४)। °गइ पु [°गति] राक्षस वश का एक राजा, एक लकेश (पउम ५, २६५)। °गह देखो महा-गह (सम ९३)। °घ वि [°अर्घ] महा मूल्य, कीमती (सुर ३, १०३, सुपा ३७)। °घविअ वि [°अर्घित] १ महँगा, दुर्लभ (से १४, ३७)। २ विभूषित, 'विमलगोवगगुणमहग्घविया' (सुपा १, ६०)। ३ सम्मानित अच्चियवदियपूइय-सक्कारियपणमिओ महग्घविओ' (उव)। °ग्घिय (अप) वि [°अर्घित] बहु-मूल्य, महँगा (भवि)। °चद पु [°चन्द्र] १ राजकुमार-विशेष (विपा २, ५, ९)। २ एक राजा (विपा १, ४)। °च्च वि [°अर्च] १ बडा ऐश्वर्यवाला। २ बडी पूजा—सत्कार-वाला (ठा ३, १—पत्र ११७, भग)। °च्च वि [°अर्च्य] अति पूज्य (ठा ३, १, भग)। °च्छरिय न [°आश्चर्य] बडा आश्चर्य (सुर १०, ११८)। °जक्ख पु °यक्ष] भगवान् अजितनाथ का शासना-धिष्ठायक देव (पव २६, सति ७)। °जाला स्त्री [°ज्वाला] विद्यादेवी-विशेष (सति ६)। °ज्जुइय वि [°द्युतिक] महान् तेजवाला (भग, औप)। °ड्ढि स्त्री [°ऋद्धि] महान् वैभव (राय)। °डिढय, °ड्ढीअ वि [°ऋद्धिक] विपुल वैभववाला (भग, ओघभा १०)। °ण्णव पुं [°अर्णव] महा सागर (सुपा ४१७, हे १, २६९)। °ण्णवा स्त्री [°अर्णवा] १ बडी नदी। २ समुद्र गामिनी (कस ४, २७ टि, बृह ४)। °तुडियग न [°त्रुटिताङ्ग] ८४ लाख त्रुटित की सख्या (जो २)। °त्तण न [°त्व] बडाई, महत्ता (श्रा २७)। °त्तर वि [°तर] १ बहुत बडा (स्वप्न २८)। २ मुखिया, नायक, प्रधान (कप्प, औप, विपा १, ८)। ३ अन्त पुर का रक्षक (औप)। स्त्री. °रिया, °री (ठा ४, १—पत्र १९८, इक)। °त्थ वि [°अर्थ] महान् अर्थवाला (णाया १, ८, श्रा २७)। °त्थ न [°अस्त्र] अस्त्र विशेष, बडा हथियार (पउम ७१, ६७)। °त्थिम पुस्त्री [°र्थत्व] महार्थता (भवि)। °दलिल्ल वि [°दलिल] बडा दलवाला (प्रासू १२३)। °द्दह पुं [°द्रह] बडा ह्रद (णाया १, १—पत्र ६४, गा १८६ अ)। °द्दि स्त्री [°अद्रि] १ बडी याचना। २ परिग्रह (पण्ह १, ५—पत्र ९२)। °द्दुम पुं [°द्रुम] १ महान् वृक्ष (हे ४, ४४५)। २ वैरोचन इन्द्र के एक पदाति-सैन्य का अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०२)। °द्धि वि [°ऋद्धि] बडी ऋद्धिवाला (कुमा)। °धूम पुं [°धूम] बडा धुआँ (महा)। °न्नव देखो °ण्णव (श्रा २८)। °पाण न [°प्राण] ध्यान विशेष (सिरि १३३०)। °पुंडरीअ पुं [°पुण्डरीक] ग्रह विशेष

(हे २, १२०)। °प्प पुं [°आत्मन्] महान् आत्मा, महा-पुरुष (पउम ११८, १२१)। °प्फल वि [°फल] महान् फलवाला (सुपा ६२१)। °बाहु पु [°बाहु] राक्षस वंश का एक राजा, एक लंका-पति (पउम ५, २६५)। °बोह पुं [°अबोध] महा-सागर,

'इय वुत्तंत सोउ रएणा
निव्वासिया तहा सुगया।
महबोहे जंतूणं जह
पुणरवि नागया तत्थ'
(सम्मत्त १२०)।

°बल पुं [°बल] १ एक राज-कुमार (विपा २, ७, भग ११, ११, अंत)। २ वि. विपुल बलवाला (भग, औप)। देखो महा-बल। °भय वि [°भय] महाभय-जनक (पण्ह १, १)। °भूय न [°भूत] पृथिवी आदि पांच द्रव्य (सूअ २, १, २२)। °मरुय पु [°मरुत] एक महर्षि अन्तकृद् मुनि विशेष (अंत २५)। °मास पु [°अश्व] महान् अश्व (औप)। °यर देखो °त्तर (णाया १, १—पत्र ३७)। °रव पु [°रव] राक्षस वंश का एक राजा, एक लंका-पति (पउम ५, २६६)। °रिसि पु [°ऋषि] महर्षि, महा-मुनि (उव, रयण ३७)। °रिह वि [°अर्ह] बड़े के योग्य, बहु मूल्य, कीमती (विपा १, ३, औप, पि १४०)। °वाय पुं [°वात] महान् पवन (ओघ ३८७)। °वइय वि [°व्रतिक] महाव्रतवाला (सुपा ४७४)। °वय पुं न [°व्रत] महान् व्रत, 'महव्वया पंच हुंति इमे' (पउम ११, २३), सेसा महव्वया ते उत्तरगुणसंजुयावि न हु सम्म' (सिक्खा ४८, भग, उव)। °वय पु [°व्यय] विपुल खर्च (उप पृ १०८)। °सलाग स्त्री [°शलाका] पल्य विशेष, एक प्रकार की नाप (जीवस १३९)। °सिव पु [°शिव] एक राजा, षष्ठ बलदेव और वासुदेव का पिता (सम १५२)। °सुक्क देखो महा-सुक्क (देवेन्द्र १३५)। °सेण पुं [°सेन] १ आठवें जिनदेव का पिता (सम १५०)। २ एक राजा (महा)। ३ एक यादव (उप ६४८ टी)। ४ न. वन विशेष (विसे १४८४)। देखो महा-सेण। देखो महा°।

महअर पुं [दे] गह्वर-पति, निकुञ्ज का मालिक (दे ६, १२३)।

महइ° अ [महाति] १ अति बड़ा। २ अत्यन्त विपुल। °जड वि [°जट] अति बड़ी जटा-वाला (पउम ५८, १२)। °महाइंदइ पु [°महेन्द्रजित्] इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम (पउम ५, ६)। °महापुरिस पुं [°महापुरुष] १ सर्वोत्तम पुरुष, सर्व श्रेष्ठ पुरुष। २ जिनदेव, जिन भगवान् (पउम १, १८)। °महालय वि [°महत्] अत्यन्त बड़ा, 'महइमहालयसि संसारसि' (उवा, सम ७२)। स्त्री. °लिया (भग, उवा)।

महई देखो मह = महत्।

महग पु [दे] उष्ट्र, ऊँट (दे ६, ११७)।

महंत देखो मह = महत् (आचा, औप, कुमा)।

महच्च न [माहात्म्य] १ महत्त्व। २ महत्त्ववाला (ठा ३, १—पत्र ११७)।

महण न [दे] पिता का घर (दे ६, ११४)।

महण न [मथन] १ विलोडन (से १, ४९, वज्जा ८)। २ घर्षण (कुप्र १४८)। ३ वि. मारनेवाला, 'दरितनागदप्पमहणा' (पण्ह १, ४)। ४ विनाश करनेवाला, 'नाण च चरण च भवमहणं' (सबोध ३५, सुर ७, २२५)। स्त्री °णी (श्रा ४६)।

महण पुं [महन] राक्षस वंश का एक राजा, एक लंका-पति (पउम ५, २६२)।

महणिज्ज देखो मह = मह्।

महति° देखो महइ° (ठा ३, ४, णाया १, १, औप)।

महती स्त्री [महती] वीणा विशेष, सौ तांत-वाली वीणा (राय ४६)।

महत्थार न [दे] १ भाण्ड, भाजन। २ भोजन (दे ६, १२५)।

महप्पुर पु [दे] माहात्म्य, प्रभाव, 'तुह मुहचंदपहाए फरिसाए महप्पुरो एसो' (रभा ४३)।

महमह देखो मघमघ। महमहइ (हे ४, ७८ षड्, गा ४९७) महमहेइ (उव)। वकृ महमहंत (काप्र ९१७)। संकृ महमहिअ (कुमा)।

महमहिअ वि [प्रसृत] १ फैला हुआ (हे १, १४६, वज्जा १५०)। २ सुरभित (रंभा)।

महम्मह देखो महमह, 'जिअलोअसिरी महम्म-हइ' (गा ६०४)।

महया° देखो मह°; 'महयाहिमवतमहंतमलय-मदरहिंदसारे' (णाया १, १ टी—पत्र ६, औप, विपा १, १, भग)।

महर वि [दे] असमर्थ, अशक्त (दे ६, ११३)।

महलयपक्ख देखो महालयपक्ख (पड्—पृ ११६)।

महल्ल वि [दे. महत्] १ वृद्ध, बड़ा (दे ६, १४३, उवा, गउड, सुर १, ५४, पचा ५, १६, सबोध ४७, ओघ १३६, प्रासू १४९, जय १२, सुपा ११७)। २ पृथुल, विशाल, विस्तीर्ण (दे ६, १४३; प्रवि १०; स ६९२, भवि)। स्त्री. °ल्लिया (औप, सुपा ११., ५८७)।

महल्ल वि [दे] १ मुखर, वाचाट, बकवादी (दे ६, १४३, षड्)। २ पुं. जलधि, समुद्र (दे ६, १४३)। ३ समूह, निवह (दे ६, १४३, सुर १, ५४)।

महल्लिर देखो महल्ल, 'हरिनहकढिणमहल्लिर-पयनहरपरपराए विकरालो' (सुपा ११)।

महव देखो मघव (कुमा; भवि)।

महा स्त्री [मघा] नक्षत्र विशेष (सम १२, सुज्ज १०, ५, इक)।

महा° देखो मह = महत् (उवा)। °अडड न [°अटट] संख्या-विशेष, ८४ लाख महाअट-टांग की संख्या (जो २)। °अडडंग न [°अटटाङ्ग] संख्या-विशेष, ८४ लाख अट्ट (जो २)। °आल देखो °काल (नाट—चैत ८२)। °ऊह न [°ऊह] संख्या विशेष, ८४ लाख महाऊहांग की संख्या (जो २)। °कइ पुं [°कवि] श्रेष्ठ कवि, समर्थ कवि (गउड चेइय ८४३, रभा)। °कंदिय पुं [°क्रन्दित] व्यन्तर देवों की एक जाति (पण्ह १, ४, औप, इक)। °कच्छ पुं [°कच्छ] १ महाविदेह वर्ष का एक विजय-क्षेत्र—प्रान्त (ठा २, ३, इक)। २ देव-विशेष (जं ४)। °कच्छा स्त्री [°कच्छा] अतिकाय नामक इन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ४, १—पत्र २०४, णाया २, इक)। °कण्ह पुं [°कृष्ण] राजा श्रेणिक का एक

पुत्र (निर १, १)। °कण्हा स्त्री [°कृष्णा] राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अंत २५)। °कप्प पुं [°कल्प] १ जैन ग्रन्थ-विशेष (णंदि)। २ काल का एक परिमाण (भग १५)। °कमल न [°कमल] संख्या-विशेष, चौरासी लाख महाकमलांग की संख्या (जो २)। °कव्व देखो °मह-कव्व (सम्मत्त १४६)। °काय पुं [°काय] १ महोरग देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३; इक)। २ वि. महान् शरीरवाला (उवा)। °काल पुं [°काल] १ महाग्रह-विशेष, एक ग्रह-देवता (सुज्ज २०; ठा २, ३)। २ दक्षिण लवण-समुद्र के पाताल-कलश का अधिष्ठायक देव (ठा ४, २—पत्र २२६)। ३ एक इन्द्र, पिशाच-निकाय का उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। ४ परमाधार्मिक देवों की एक जाति (सम २८)। ५ वायु-कुमार देवों का एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १९८)। ६ वेलम्ब इन्द्र का एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १९८)। ७ नव निधियों में एक निधि, जो धातुओं की पूर्त्ति करता है (उप ९८६ टी, ठा ९—पत्र ४४९)। ८ सातवीं नरक-भूमि का एक नरकावास (ठा ५, ३—पत्र ३४१, सम ५८)। ९ पिशाच देवों की एक जाति (राज)। १० उज्जयिनी नगरी का एक प्राचीन जैन मन्दिर (कुप्र १७४)। ११ शिव, महादेव (आव ६)। १२ उज्जयिनी का एक श्मशान (अंत)। १३ राजा श्रेणिक का एक पुत्र (निर १, १)। १४ न. एक देव-विमान (सम ३५)। °काली स्त्री [°काली] १ एक विद्या-देवी (संति ५)। २ भगवान् सुमतिनाथ की शासन-देवी (संति ९)। ३ राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अंत २५)। °किण्हा स्त्री [°कृष्णा] एक महा-नदी (ठा ५; ३—पत्र ३५१)। °कुमुद, °कुमुय न [°कुमुद] १ एक देव-विमान (सम ३३)। २ संख्या-विशेष, चौरासी लाख महाकुमुदांग की संख्या (जो २)। °कुमुयअंग न [°कुमुदाङ्ग] संख्या, कुमुद को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (जो २)। °कूम्म पुं [°कूर्म] कूर्मावतार (गउड)। °कुल न [°कुल] १ श्रेष्ठ कुल (निचू ८)। २ वि. प्रशस्त कुल में उत्पन्न, 'निक्खंता जे महाकुला' (सूअ १, ८, २४)। °गंगा स्त्री [°गङ्गा] परिमाण-विशेष (भग १५)। °गह पुं [°ग्रह] १ सूर्य आदि ज्योतिष्क (सार्ध ८७)। °गह वि [°आग्रह] आग्रही, हठी (सार्ध ८७)। °गिरि पुं [°गिरि] १ एक जैन महर्षि (उव; कप्प)। २ बड़ा पर्वत (गउड)। °गोव पुं [°गोप] १ महान् रक्षक। २ जिन भगवान् (उवा, विसे २९५९)। °घोस पु [°घोष] १ ऐरवत क्षेत्र के एक भावी जिनदेव (सम १५४)। २ एक इन्द्र, स्तनित कुमार देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। ३ एक कुलकर पुरुष (सम १५०)। ४ परमाधार्मिक देवों की एक जाति (सम २९)। ५ न. देवविमान-विशेष (सम १२, १७)। चंद पुं [°चन्द्र] ऐरवत वर्ष के एक भावी तीर्थंकर (सम १५४)। °जणिअ पुं [°जनिक] श्रेष्ठी, सार्थवाह आदि नगर के गण्य-मान्य लोग (कुमा)। °जलहि पुं [°जलधि] महा-सागर (सुपा ४७४)। °जस पुं [°यशस्] १ भरत चक्रवर्ती का एक पौत्र (ठा ८—पत्र ४२९)। २ ऐरवत क्षेत्र के चतुर्थ भावी तीर्थंकर-देव (सम १५४)। ३ वि. महान् यशस्वी (उत्त १२, २३)। °जाइ स्त्री [°जाति] गुल्म-विशेष (पण्ण १)। °जाण न [°यान] १ बड़ा यान—वाहन। २ चारित्र, संयम (आचा)। ३ एक विद्याधर-नगर का नाम (इक)। ४ पुं. मोक्ष, मुक्ति (आचा)। °जुद्ध न [°युद्ध] बड़ी लड़ाई (जीव ३)। °जुग्म पुं न [°युग्म] महान् राशि (भग ३५)। °ण देखो °यण; 'गामदुआरब्भासे अगडसमीवे महाणमज्झे वा' (ओघ ६६)। °णई स्त्री [°नदी] बड़ी नदी (गउड, पउम ४०, १३)। °णंदियावत्त पुं [°नन्द्यावर्त] १ घोष नामक इन्द्र का एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १९८)। २ न. एक देवविमान (सम ३२)। °णगर देखो °नगर (राज)। °णलिण देखो °नलिण (राज)। °णील न [°नील] १ रत्न-विशेष। २ वि. अति नील वर्णवाला (जीव ३; औप)। °णीला देखो °नीला (राज)। °णुभाअ, °णुभाग वि [°अनुभाग] महानुभाव, महाशय (नाट—मालती ३९; गच्छ १, ४; भग, सिरि १६)। °णुभाव वि [°अनुभाव] वही अर्थ (सुर २, ३५; द्र ६६)। °तमपहा स्त्री [°तमःप्रभा] सप्तम नरक-पृथिवी (पव १७२)। °तमा स्त्री [°तमा] वही (चेइय ७५६)। °तीरा स्त्री [°तीरा] नदी-विशेष (ठा ५, ३—पत्र ३५१)। °तुडिय न [°त्रुटित] महात्रुटितांग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह, संख्या-विशेष (जो २)। °दामट्ठि पुं [°दामास्थि] ईशानेन्द्र के वृषभ-सैन्य का अधिपति (इक)। °दामड्ढि पुं [°दामर्द्धि] वही अर्थ (ठा ५, १—पत्र ३०३)। °दुम देखो मह-द्दुम (इक)। २ न. एक देव-विमान (सम ३५)। °दुमसेण पुं [°द्रुमसेन] राजा श्रेणिक का एक पुत्र जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी (अनु २)। °देव पुं [°देव] १ श्रेष्ठ देव, जिन-देव (पउम १०९, १२)। २ शिव, गौरी-पति (पउम १०९, १२; सम्मत्त ७६)। °देवी स्त्री [°देवी] पटरानी (कप्पू)। °धण पुं [°धन] एक वणिक् (पउम ५५, ३८)। °धणु पुं [°धनुष्] बलदेव का एक पुत्र (निर १, ५)। °नई स्त्री [°नदी] बड़ी नदी (सम २७, कस)। °नदिआवत्त देखो °णंदियावत्त (इक)। °नगर न [°नगर] बड़ा शहर (पण्ह २, ४)। °नय पुं [°नद] ब्रह्मपुत्रा आदि बड़ी नदी (आवम)। °नलिण न [°नलिन] १ संख्या-विशेष, महानलिनांग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (जो २)। २ एक देव-विमान (सम ३३)। °नलिणंग न [°नलिनाङ्ग] संख्या-विशेष, नलिन को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (जो २)। °निज्जामय पुं [°निर्यामक] श्रेष्ठ कर्णधार (उवा)। °निद्दा स्त्री [°निद्रा] मृत्यु, मरण (पउम ६, १९८)। °निनाद, °निनाय वि [°निनाद] प्रख्यात, प्रसिद्ध (ओघ ८६, ८६ टी)। °निसीह न [°निशीथ] एक जैन आगम-ग्रन्थ (गच्छ ३, २९)। °नीला स्त्री [°नीला] एक महानदी

(ठा ५, ३—पत्र ३५१)। °पउम पुं [°पद्म] १ भरतक्षेत्र का भावी प्रथम तीर्थंकर (सम १५३)। २ पुंडरीकिणी नगरी का एक राजा और पीछे से राजर्षि (णाया १, १६—पत्र २४३)। ३ भारतवर्ष में उत्पन्न नववाँ चक्रवर्त्ती राजा (सम १५२, पउम २०, १४३)। ४ भरतक्षेत्र का भावी नववाँ चक्रवर्त्ती राजा (सम १५४)। ५ एक राजा (ठा ९)। ६ एक निधि (ठा ९—पत्र ४४९)। ७ एक द्रह (सम १०४, ठा २, ३—पत्र ७२)। ८ राजा श्रेणिक का एक पौत्र (निर १, १)। ९ देव-विशेष (दीव)। १० वृक्ष विशेष (ठा २, ३)। ११ न. संख्या-विशेष, महापद्मांग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (जो २)। १२ एक देव-विमान (सम ३३)। °पउमअंग न [°पद्माङ्ग] संख्या-विशेष, पद्म को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (जो २)। °पउमा स्त्री [°पद्मा] राजा श्रेणिक की एक पुत्र-वधू (निर १, १)। °पडिय वि [°पण्डित] श्रेष्ठ विद्वान् (रंभा)। °पट्टण न [°पत्तन] बड़ा शहर (उवा)। °पण्ण, °पन्न वि [°प्रज्ञ] श्रेष्ठ बुद्धिवाला (उप ७७३; पि २७६)। °पभ न [°प्रभ] एक देव-विमान (सम १३)। °पभा स्त्री [°प्रभा] एक राज्ञी (उप १०३१ टी)। °पम्ह पु [°पक्ष्म] महाविदेह वर्ष का एक विजय—प्रान्त (ठा २, ३)। °परिण्णा, °परिन्ना स्त्री [°परिज्ञा] आचाराग सूत्र के प्रथम श्रुतस्कन्ध का सातवाँ अध्ययन (राज, आव)। °पसु पुं [°पशु] मनुष्य (गउड)। °पह पु [°पथ] बड़ा रास्ता, राज-मार्ग (भग, पण्ह १, ३, औप)। °पाण न [°प्राण] ब्रह्मलोक-स्थित एक देव विमान (उत्त १८, २८)। °पायाल पुं [°पाताल] बड़ा पाताल-कलश (ठा ४, २—पत्र २२६, सम ७१)। °पालि स्त्री [°पालि] १ बड़ा पल्य। २ सागरोपम-परिमित भव-स्थिति—आयु,

'अहमासि महापाले
जुइम वरिससओवमे।
जा सा पालिमहापाली दिव्वा
वरिससओवमा'
(उत्त १८, २८)।

°पिउ पु [°पितृ] पिता का बड़ा भाई (विपा १, ३—पत्र ४०)। °पीढ पुं [°पीठ] एक जैन महर्षि (सट्ठि ८१ टी)। °पुंड न [°पुण्ड्र] एक देव-विमान (सम २२)। °पुड न [°पुण्ड्र] एक देव-विमान (सम २२)। °पुंडरीय न [°पुण्डरीक] १ विशाल श्वेत कमल (राय)। २ पु. ग्रह-विशेष (सम १०४)। ३ देव विशेष। ४ देखो °पुंडरीअ (राज)। °पुर न [°पुर] १ एक विद्याधर नगर (इक)। २ नगर-विशेष (विपा २,७)। °पुरा स्त्री [°पुरी] महापद्म विजय की राजधानी (ठा २,३—पत्र ८०)। °पुरिस पुं [°पुरुष] १ श्रेष्ठ पुरुष (पण्ह २, ४)। २ किंपुरुष निकाय का उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। °पुरी देखो °पुरा (इक)। °पोंडरीअ न [°पुण्डरीक] एक देव विमान (सम ३३)। देखो °पुंडरीय (ठा २, ३—पत्र ७२)। °फल देखो मह-प्फल (उवा)। °फलिह न [°स्फटिक] शिखरी पर्वत का एक उत्तर-दिशा-स्थित कूट (राज)। °बल वि [°बल] १ महान् बलवाला (भग)। २ पु. ऐरवत क्षेत्र का एक भावी तीर्थंकर (सम १५४)। ३ चक्रवर्त्ती भरत के वंश में उत्पन्न एक राजा (पउम ५, ४, ठा ८—पत्र ४२९)। ४ सोमवंशीय एक नर-पति (पउम ५, १०)। ५ पाँचवें बलदेव का पूर्वजन्मीय नाम (पउम २०, १९०)। ६ भारतवर्ष का भावी छठवाँ वासुदेव (सम १५४)। °बाहु पुं [°बाहु] १ भारत वर्ष का भावी चतुर्थ वासुदेव (सम १५४)। २ रावण का एक सुभट (पउम ५६, ३०)। अपर विदेह-वर्ष में उत्पन्न एक वासुदेव (आव ४)। °भद्द न [°भद्र] तप विशेष (पव २७१)। °भद्दपडिमा स्त्री [°भद्रप्रतिमा] नीचे देखो (औप)। °भद्दा स्त्री [°भद्रा] व्रत विशेष, कायोत्सर्ग-ध्यान का एक व्रत (ठा २, ३—पत्र ६४)। °भय देखो मह-ब्भय (आचा)। °भाअ, °भाग वि [°भाग] महानुभाव, महाशय (अभि १७४, महा, सुपा १९८; उप पृ ३)। °भीम पुं [°भीम] १ राक्षसों का उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। २ भारतवर्ष का भावी आठवाँ प्रतिवासुदेव (सम १५४)। ३ वि. बड़ा भयानक (दंस ४)। °भीमसेण पुं [°भीमसेन] एक कुलकर पुरुष का नाम (सम १५०)। °भुअ पुं [°भुज] देव-विशेष (दीव)। °भुअंग पुं [°भुजङ्ग] शेष नाग (से ७, ५९)। °भोया स्त्री [°भोगा] एक महा-नदी (ठा ५, ३—पत्र ३५१)। °मउद पुंन [°मुकुन्द] वाद्य-विशेष (भग)। °मति पुं [°मन्त्रिन्] १ सर्वोच्च अमात्य, प्रधान मन्त्री (औप, सुपा २२३, णाया १, १)। २ हस्ति-सैन्य का अध्यक्ष (णाया १, १—पत्र १९)। °मस न [°मांस] मनुष्य का मांस (कप्पू)। °मच्च पुं [°अमात्य] प्रधान मन्त्री (कुमा)। °मत्त पुं [°मात्र] हस्तिपक, हाथी का महावत,

'तत्तो नरसिंहनिवस्स कुंजरा
सिंहभयविहुरहियया।
अवगणियमहामत्ता मत्तावि
पलाइया झत्ति'
(कुप्र ३९४)।

°मरुया स्त्री [°मरुता] राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अंत)। °मह पुं [°मह] महोत्सव (आव ४)। °महंत वि [°महत्] अति बड़ा (सुपा ५६४, स ६९३)। °माई (अप) स्त्री [°माया] छन्द-विशेष (पिंग)। °माउया स्त्री [°मातृका] माता की बड़ी बहन (विपा १ ३—पत्र ४०)। °माढर पुं [°माठर] ईशानेन्द्र के रथ-सैन्य का अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०३, इक)। °माणसिआ स्त्री [°मानसिका] एक विद्या-देवी (संति ६)। °माहण पुं [°ब्राह्मण] श्रेष्ठ ब्राह्मण (उवा)। °मुणि पुं [°मुनि] श्रेष्ठ साधु (कुमा)। °मेह पुं [°मेघ] बड़ा मेघ (णाया १, १—पत्र ४, ठा ४, ४)। °मेह वि [°मेध] बुद्धिमान् (उप १४२ टी)। °मोक्ख वि [°मूर्ख] बड़ा बेवकूफ (उप १०३१ टी)। °यण पुं [°जन] श्रेष्ठ लोग (सुपा २९१)। °यस देखो °जस (औप; कप्प)। °रक्खस पुं [°राक्षस] लंका नगरी का एक राजा जो धनवाहन का पुत्र था (पउम ५, १३९)। °रह पुं [°रथ] १ बड़ा रथ (पण्ह २, ४—पत्र १३०)। २ वि. बड़ा रथवाला। ३ बड़ा योद्धा, दस

हजार योद्धाओं के साथ अकेला जूझनेवाला (सूय १, ३, १, १; गउड)। °रहि वि [°रथिन्] देखो पूर्व का २रा और ३रा अर्थ (उप ७२८ टी)। °राय पुं [°राज] १ बड़ा राजा, राजाधिराज (उप ७६८ टी; रंभा, महा)। २ सामानिक देव, इन्द्र-समान ऋद्धिवाला देव (सुर १५, ६)। ३ लोकपाल देव (सम ८६)। °रिट्ठ पुं [°रिष्ट] बलि नामक इन्द्र का एक सेनापति (इक)। °रिसि पुं [°ऋषि] बड़ा मुनि, श्रेष्ठ साधु (उव)। °रिह, °रुह देखो मह-रिह (पि १४०; अभि १८७)। °रोरु पु [°रोरु] अप्रतिष्ठान नरकेन्द्रक की उत्तर दिशा में स्थित एक नरकावास (देवेन्द्र २४)। °रोरुअ पुं [°रौरुक, °रौरव] सातवीं नरक-भूमि का एक नरकवास —नरक-स्थान (सम ५८, ठा ५, ३—पत्र ३४१, इक)। °रोहिणी स्त्री [°रोहिणी] एक महा-विद्या (राज)। °लंजर पु [°अलञ्जर] बड़ा जल-कुम्भ (ठा ४, २—पत्र २२६)। °लच्छी स्त्री [°लक्ष्मी] १ एक श्रेष्ठि-भार्या (उप ७२८ टी)। २ छन्द-विशेष (पिंग)। ३ श्रेष्ठ लक्ष्मी। ४ लक्ष्मी-विशेष (नाट)। °लयंग न [°लताङ्ग] संख्या-विशेष, लता नामक संख्या को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (इक, जो २)। °लया स्त्री [°लता] संख्या-विशेष, महालतांग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (जो २)। °लोहिअक्ख पुं [°लोहिताक्ष] बलीन्द्र के महिष सैन्य का अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०२, इक)। °वक्क न [°वाक्य] परस्पर-संबद्ध अर्थ वाले वाक्यों का समुदाय (उप ८५६)। °वच्छ पुं [°वत्स] विजय-विशेष, विदेह वर्ष का एक प्रान्त (ठा २, ३; इक)। °वच्छा स्त्री [°वत्सा] वही (इक)। °वण न [°वन] मथुरा के निकट का एक वन (ती ७)। °वण पुन [°आपण] बड़ी दूकान (भवि)। °वप्प पुं [°वप्र] विजयक्षेत्र-विशेष (ठा २, ३—पत्र ८०; इक)। °वय देखो मह-व्यय (सुपा ६५०)। °वराह पुं [°वराह] १ विष्णु का एक अवतार (गउड)। २ बड़ा सूअर (सूय १, ७, २५)। °वह देखो °पह (से १, ५८)। °वाउ पुं [°वायु] ईशानेन्द्र के अश्व-सैन्य का अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०३; इक)। °वाड पुं [°वाट] बड़ा बाड़ा, महान् गोष्ठ; 'निव्वाणमहावाड' (उवा)। °विगइ स्त्री [°विकृति] अति विकार-जनक ये वस्तु—मधु, मांस, मद्य और माखन (ठा ४, १—पत्र २०४; अंत)। °विजय वि [°विजय] बड़ा विजयवाला; 'महाविजयपुप्फुत्तरपवरपुंडरीयाओ महाविमाणाओ' (कप्प)। °विदेह पुं [°विदेह] वर्ष-विशेष, क्षेत्र-विशेष (सम १२, उवा, औप; अंत)। °विमाण न [°विमान] श्रेष्ठ देव-गृह (उवा)। °विल न [°विल] कन्दरा आदि बड़ा विवर (कुमा)। °वीर पुं [°वीर] १ वर्तमान समय के अन्तिम तीर्थंकर (सम १, उवा, विपा १, १)। २ वि. महान् पराक्रमी (किरात १६)। °वीरिअ पुं [°वीर्य] इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम (पउम ५, ५)। °वीहि, °वीही स्त्री [°वीथि, °थी] बड़ा बाजार (पउम ६६, ३४)। २ श्रेष्ठ मार्ग (आचा)। °वेग पुं [°वेग] एक देव-जाति, भूतों की एक प्रकार की जाति (राज, इक)। °वेजयंती स्त्री [°वैजयन्ती] बड़ी पताका, विजय-पताका, (कप्पू)। °सई स्त्री [°सती] उत्तम पतिव्रता स्त्री (उप ७२८ टी, पडि)। °सउणि स्त्री [°शकुनि] एक विद्याधर-स्त्री (पण्ह १, ४—पत्र ७२)। °सड्ढि वि [°श्रद्धिन्] बड़ी श्रद्धावाला (आचा, पि ३३३)। °सत्त वि [°सत्त्व] पराक्रमी (द्र ११; महा)। °समुद्द पुं [°समुद्र] महासागर (उवा)। सयग, °सयय पुं [°शतक] भगवान् महावीर का एक उपासक (उवा)। °सामाण न [°सामान] एक देव-विमान (सम ३३)। °साल पु [°शाल] एक युवराज (पडि)। °सिलाकंटय पुं [°शिलाकण्टक] राजा कूणिक और चेटकराज की लड़ाई (भग ७, ९—पत्र ३१५)। °सीह पुं [°सिंह] एक राजा, षष्ठ बलदेव और वासुदेव का पिता (ठा ९—पत्र ४४७)। °सीहणिक्कीलिय, °सीहनिक्कीलिय न [°सिंहनिष्क्रीडित] तप-विशेष (राज; पव २७१—गाथा १५२२)। °सीहसेण पुं [°सिंहसेन] भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर अनुत्तर देवलोक में उत्पन्न राजा श्रेणिक का एक पुत्र (अनु २)। °सुक्क पुं [°शुक्र] १ एक देवलोक, सातवाँ देवलोक (सम ३३; विपा २, १)। २ सातवें देवलोक का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। ३ न. एक देव-विमान (सम ३३)। °सुमिण पुं [°स्वप्न] उत्तम फल का एक सूचक स्वप्न (णाया १, १—पत्र १३; पि ४४७)। °सुर पुं [°असुर] १ बड़ा दानव। २ दानवों का राजा हिरण्यकशिपु (से १, २, गउड)। °सुव्वय, °सुव्वया स्त्री [°सुव्रता] भगवान् नेमिनाथ की मुख्य श्राविका (कप्प, आवम)। °सूला स्त्री [°शूला] फाँसी (था २७)। °सेअ पुं [°श्वेत] एक इन्द्र, कूष्माण्ड नामक वान-व्यन्तर देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र (इक; ठा २, ३—पत्र ८५)। °सेण पुं [°सेन] १ ऐरवत क्षेत्र के एक भावी जिन-देव (सम १५४)। २ राजा श्रेणिक का एक पुत्र जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी (अनु २)। ३ एक राजा (विपा १, ९—पत्र ८८)। ४ एक यादव (णाया १, ५)। ५ न. एक वन (विसे २०८९)। देखो मह-सेण। °सेणकण्ह पुं [°सेनकृष्ण] राजा श्रेणिक का एक पुत्र (पि ५२)। °सेणकण्हा स्त्री [°सेनकृष्णा] राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अंत २५)। °सेल पुं [°शैल] १ बड़ा पर्वत (णाया १, १)। २ न. नगर-विशेष (पउम ५५, ५३)। °सोआम, °सोदाम पुं [°सौदाम] वैरोचन बलीन्द्र के अश्व-सैन्य का अधिपति (ठा ५, १, इक)। °हरि पुं [°हरि] एक नर-पति, दसवें चक्रवर्ती का पिता (सम १५२)। °हिमव, °हिमवंत पुं [°हिमवत्] १ पर्वत-विशेष (पउम १०२, १०५; ठा २, २, महा)। २ देव-विशेष (जं ४)।

महाअत्त वि [दे] आढ्य, श्रीमन्त (दे ६, ११९)।

महाइय पुं [दे] महात्मा (भवि)।

महाणड पुं [दे. महानट] रुद्र, महादेव (दे ६, ४, १२१)।

महाणस न [महानस] रसोई-घर, पाक-स्थान (णाया १; ८; गा १३; उत्त २५६ टी)।

महाणसि वि [महानसिन्] रसोई बनानेवाला, रसोइया। स्त्री. °णी (णाया १, ७—पत्र ११७)।

महाणसिय वि [महानसिक] ऊपर देखो (विपा १, ८)।

महाबिल न [दे. महाबिल] व्योम, आकाश (दे ६, १२१)।

महामति पुं [महामन्त्रिन्] महावत, हस्तिपक (राय १२१ टी)।

महारिय (अप) वि [मदीय] मेरा (जय ३०)।

महाल पुं [दे] जार, उपपति (दे ६, ११६)।

महालक्ख वि [दे] तरुण, जवान (दे ६, १२१)।

मुत्त देखो मुक्क = मुक्त (सम १, से २, ३०, जी २)। °लय पुस्त्री [°लय] मुक्त जीवों का स्थान, ईषत्प्राग्भारा नामक पृथिवी (इक)। स्त्री. °या (ठा ८,—पत्र ४४०, सम २२)।

मुत्त वि [मूर्त] १ मूर्तिवाला, रूपवाला, आकारवाला (चैत्य ६१)। २ कठिन। ३ मूढ। ४ मूर्च्छा-युक्त (हे २, ३०)। ५ पुं. उपवास, एक दिन का उपवास (संबोध ५८)। ६ एक प्राण का नाम (कप्प)।

मुत्त° देखो मुत्ता (औप, पि ९७, चैत्य १४)।

मुत्तव्व देखो मुंच।

मुत्ता स्त्री [मुक्ता] मोती, मौक्तिक (कुमा)। °जाल न [°जाल] मुक्ता-समूह, मोतियों की माला (औप, पि ९७)। °दाम न [°दामन्] मोतियों की माला (ठा ४, २)। °वलि, °वली स्त्री [°वलि, °ली] १ मोती की माला, मोती का हार (सम ४४, पाअ)। २ तप-विशेष (अंत ३१)। ३ द्वीप-विशेष। ४ समुद्र विशेष (राज)। °सुत्ति स्त्री [°शुक्ति] १ मोती की शीप। २ मुद्रा-विशेष (चेइय २४०, पचा ३, २१)। °हल न [°फल] मोती (हे १, २३६, कुमा, प्रामू २)। °हलिल्ल वि [°फलवत्] मोतीवाला (कप्पू)।

मुत्ति स्त्री [मूर्त्ति] १ रूप, आकार, 'मुत्ति-विमुत्तेसु' (पिंड ५६; विसे ३१८२)। २ प्रतिबिम्ब, प्रतिमूर्ति, प्रतिमा, 'चउमुहमुत्ति-

चउक्कं' (संबोध २)। ३ शरीर, देह (सुर १, ३; पाअ)। ४ काठिन्य, कठिनत्व (हे २, ३०; प्राप्र)। °मंत वि [°मत्] मूर्तिवाला, मूर्त, रूपी (धर्मवि ६, सुपा ३८९, श्रु ९७)।

मुत्ति स्त्री [मुक्ति] १ मोक्ष, निर्वाण (आचा; पाअ; प्रासू १५५)। २ निर्लोभता, संतोष (श्रा ३१)। ३ मुक्त जीवों का स्थान, ईषत्प्राग्भारा पृथिवी (ठा ८—पत्र ४४०)। ४ निस्संगता (आचा)।

मुत्ति वि [मूत्रिन्] बहु-मूत्र रोगवाला, 'उयरि च पास मुत्ति च सूणियं च गिलासिणं' (आचा)।

मुत्ति वि [मौक्तिन्, मौक्तिक] मोती पिरोने या गूँथने वाला (उप पृ २१०)।

मुत्तिअ न [मौक्तिक] मुक्ता, मोती (से ५, ४९; कुप्र ३, कुमा, सुपा २४, २४९; प्रासू ३९; १७१)। देखो मोत्तिअ।

मुत्तोली स्त्री [दे] १ मूत्राशय (तंदु ४१)। २ वह छोटा कोठा जो ऊपर नीचे सकीर्ण और मध्य में विशाल हो (राज)।

मुत्थ त्रि [मुस्त] मोथा, नागरमोथा (गउड)। स्त्री. °त्था (संबोध ४४, कुमा)।

मुदग्ग देखो मुअग्ग (ठा ७—पत्र ३८२)।

मुदा स्त्री [मुद्] हर्ष, खुशी। °गर वि [°कर] हर्षजनक (सूअ १, ६, ९)।

मुदुग पु [दे] ग्राह-विशेष, जल-जन्तु की एक जाति (जीव १ टी—पत्र ३६)।

मुद्द सक [मुद्रय्] १ मोहर लगाना। २ बन्द करना। ३ अंकन करना। मुद्देह (धम्म ११ टी)।

मुद्दग पु [दे] १ उत्सव। २ सम्मान (?) (स ४६३, ४६४)।

मुद्दग } पुं [मुद्रिका] अँगूठी (उवा), 'लद्धो
मुद्दय } भद्द! तुमे किं अह अणुतिमुद्दओ एसो' (पउम ५३, २४)।

मुद्दा स्त्री [मुद्रा] १ मोहर, छाप (सुपा ३२१, वज्जा १५६)। २ अँगूठी (उवा)। ३ अंग-विन्यास-विशेष (चैत्य १४)।

मुद्दिअ वि [मुद्रित] १ जिस पर मोहर लगाई गई हो वह। २ बंद किया हुआ (णाया १, २—पत्र ८६, ठा ३, १—पत्र १२३, कप्पू; सुपा १४४; कुप्र ३१)।

मुद्दिअ° } स्त्री [मुद्रिका] अँगूठी (पण्ह १,
मुद्दिआ } ४, कप्प, औप, तंदु २९)। °बंध पुं [°बन्ध] ग्रन्थि बन्ध, बन्ध विशेष (ओघ ४०२; ४०५)।

मुद्दिआ स्त्री [मृद्वीका] १ द्राक्षा की लता (पण्ण १—पत्र ३३)। २ द्राक्षा, दाख (ठा ४, ३—पत्र २३९; उत्त ३४, १५; पव १५५)।

मुद्दी स्त्री [दे] चुम्बन (दे ६, १३३)।

मुद्दुय देखो मुदुग (पण्ण १—पत्र ४८)।

मुद्ध देखो मुंढ (औप, कप्प, ओघभा १९, कुमा)। °न्न वि [°न्य] १ मस्तक में उत्पन्न। २ मस्तक स्थ, अग्रेसर। ३ मूर्धस्थानीय रकार आदि वर्ण (कुमा)। °य पुं [°ज] केश, बाल (पण्ह १, ३—पत्र ५४)। °सूल न [°शूल] मस्तक-पीडा, रोग विशेष (णाया १, १३)।

मुद्ध वि [मुग्ध] १ मूढ, मोह-युक्त। २ सुन्दर, मनोहर, मोह-जनक (हे २, ७७ प्राप्र, कुमा, विपा १, ७—पत्र ७७)।

मुद्धा स्त्री [मुग्धा] मुग्धा स्त्री, नायिका का एक भेद, काम-चेष्टा-रहित अकुरित यौवना (कुमा)।

मुद्धा (अप) देखो मुद्दा (कुमा)।

मुद्धाण देखो मुंढ (उवा, कप्प, पि ४०२)।

मुब्भ पु [दे] घर के ऊपर का तिर्यक् काष्ठ, गुजराती में 'मोभ' (दे ६, १३३)। देखो मोब्भ।

मुमुक्खु वि [मुमुक्षु] मुक्त होने की चाह-वाला (सम्मत्त १४०)।

मुम्मुइ } वि [मूकमूक] १ अत्यन्त मूक।
मुम्मुय } २ अव्यक्तभाषी (सूअ १, १२, ५, राज)।

मुम्मुर सक [चूर्णय्] चूरना, चूर्ण करना। मुम्मुरइ (प्राकृ ७५)।

मुम्मुर पुं [दे] करीष, गोइंठा (दे ६, १४७)।

मुम्मुर पुं [दे मुर्मुर] १ करीषाग्नि, गोइंठा की आग (दे ६, १४७, जी ६)। २ तुषाग्नि (सुर ३, १८७)। ३ भस्म-च्छन्न अग्नि, भस्म-मिश्रित अग्नि-कण (उप ६४८ टी, जी ६, जीव १)।

मुम्मुही स्त्री [मुन्मुखी] मनुष्य की दश दशाओं में नवमी दशा—८० से ९० वर्ष तक की अवस्था (ठा १०—पत्र ५१९; तंदु १६)।

मुर अक [लड्] १ विलास करना। २ सक. उत्पीड़न करना। ३ जीभ चलाना। ४ उपक्षेप करना। ५ व्याप्त करना। ६ बोलना। ७ फेंकना। मुरइ (प्राकृ ७३)।

मुर अक [स्फुट्] खीलना। मुरइ (हे ४, ११४; षड्)।

मुर पुं [मुर] दैत्य-विशेष। °रिउ पुं [°रिपु] श्रीकृष्ण (ती ३)। °वेरिय पु [°वैरिन्] वही अर्थ (कुमा)। °रि पु [°रि] वही अर्थ (वज्जा १५४)।

मुरई स्त्री [दे] असती, कुलटा (दे ६, १३५)।

मुरज } पुं [मुरज] मृदंग, वाद्य-विशेष (कप्प,
मुरय } पाअ; गा २५३, सुपा ३९३, अंत; धर्मवि ११२, कुप्र २८८, औप, उप पृ २३६)। देखो मुरव।

मुरल पुं.ब. [मुरल] एक भारतीय दक्षिण देश, केरल देश, 'दिअर ण दिट्ठा नुए मुरला' (गा ८७६)।

मुरव देखो मुरय (औप, उप पृ २३६)। २ अंग विशेष, गल-वेष्टिका (औप)।

मुरवि स्त्री [दे. मुरजिन्] आभरण-विशेष (औप)।

मुरिअ वि [स्फुटित] खीला हुआ (कुमा)।

मुरिअ वि [दे] १ त्रुटित, टूटा हुआ (दे ६, १३५)। २ मुड़ा हुआ, वक्र बना हुआ (सुपा ५४७)।

मुरिअ पुं [मौर्य] १ प्रसिद्ध क्षत्रिय-वंश (उप २११ टी)। २ मौर्य वंश में उत्पन्न; 'रायगिहे मू(? मु)रियबलभद्दे' (विसे २३५७)।

मुरुंड पुं [मुरुण्ड] १ अनार्य देश-विशेष (इक, पव २७४)। २ पादलिप्तसूरि के समय का एक राजा (पिंड ४९४, ४९८)। ३ पुंस्त्री. मुरुण्ड देश का निवासी मनुष्य (पण्ह १, १—पत्र १४)। स्त्री. °डी (इक)।

मुरुक्कि स्त्री [दे] पक्वान्न विशेष (सण)।

मुरुक्ख देखो मुक्ख = मूर्ख (हे २, ११२; कुमा, सुपा ६११; प्राकृ ९७)।

मुरुमुंड पुं [दे] जूट, केशों की लट (दे ६, ११७)।

मुरुमुरिअ न [दे] रणरणक, उत्सुकता (दे ६, १३६, पाअ)।

मुरुह देखो मुरुक्ख (षड्)।

मुलासिअ पुं [दे] स्फुलिंग, अग्नि-कण (दे ६, १३५)।

मुल (अप) देखो मुंच। मुलइ (प्राकृ ११९)।

मुल } पुंन [मूल्य] कीमत, 'को मुल्लो'
मुल्लिअ } (वज्जा १५२; औप, पाअ, कुमा, प्रयौ ७७)।

मुव (अप) देखो मुअ = मुच्। मुवइ (भवि)।

मुव्वह देखो उव्वह = उद् + वह्। मुव्वहइ (हे २, १४७)।

मुस सक [मुष] चोरी करना। मुसइ (हे ४, २३९; सार्ध ९२)। भवि. मुसिस्सइ (धर्मवि ४)। कर्म. मुसिज्जामो (वि ४५५)। वकृ मुसत (महा)। कवकृ मुसिज्जत, मुसिज्जमाण (सुपा ४५०, कुप्र २४७)। संकृ. मुसिऊण (स ६९३)।

मुसंढि देखो मुसुंढि (सम १३७, पण्ह १, १—पत्र ८, उत्त ३६, १००, पण्ण १—पत्र ३५)।

मुसण न [मोषण] चोरी (सार्ध ९०, धर्मवि ५६)।

मुसल पुन [मुसल] १ मूसल या मूसर, एक प्रकार की मोटी लकडी जिससे चावल आदि अन्न कूटे जाते हैं (औप, उवा, षड्, हे १,११३)। २ मान विशेष (सम ९८)। °धर पुं [°धर] बलदेव (कुमा)। °उह पुं [°युध] बलदेव (पाअ)।

मुसल वि [दे] मासल, पुष्ट (षड्)।

मुसलि पुं [मुसलिन्] बलदेव (दे १, ११८, सण)।

मुसली देखो मोसली (ओघभा १६१)।

मुसह न [दे] मन की आकुलता (दे ६, १३४)।

मुसा अ. स्त्री [मृषा] मिथ्या, अनृत, झूठ, असत्य भाषण (उवा, षड्, हे १, १३६; कस), 'मयाणंता मुसं वए' (सूअ १, १, ३, ८, उत्त)। °वाद देखो °वाय (सूअ १, ३, ४, ८)। °वादि वि [°वादिन्] झूठ बोलनेवाला (पण्ह १, २; आचा २, ४, १, ८)। °वाय पुं [°वाद] झूठ बोलना, असत्य भाषण (सम १०, भग, कस)।

मुसाविअ वि [मोषित] चुरवाया हुआ, चोरी कराया हुआ (ओघ २६० टी)।

मुसिय वि [मुषित] चुराया हुआ (सुपा २२०)।

मुसुंढि पुस्त्री [दे] १ प्रहरण-विशेष, शस्त्र-विशेष (औप)। २ वनस्पति-विशेष (उत्त ३६, १००, सुख ३६, १००)।

मुसुमूर सक [भञ्ज्] भागना, तोडना। मुसुमूरइ (हे ४, १०६)। हकृ. तेसिं च केसमवि मुसुमु[? सुमू]रिउमसमत्थो' (सम्मत्त १२३)।

मुसुमूरण न [भञ्जन] तोडना, खण्डन (सम्मत्त १८७)।

मुसुमूराविअ वि [भञ्जित] भँगाया हुआ (सम्मत्त ३०)।

मुसुमूरिअ वि [भग्न] भाँगा हुआ (पाअ, कुमा, सण)।

मुह देखो मुज्झ, 'इय मा मुहसु मणेण' (जीवा १०)। संकृ. मुहिअ (पिंग)। कवकृ मुहिज्जत (से ११, १००)।

मुह न [मुख] १ मुँह, वदन (पाअ, हे ३, १३४; कुमा, प्रामू १९)। २ अग्र भाग (सुज्ज ४)। ३ उपाय (उत्त २५, १६, सुख २५, १६)। ४ द्वार, दरवाजा। ५ आरम्भ। ६ नाटक आदि का सन्धि विशेष। ७ नाटक आदि का शब्द विशेष। ८ आद्य, प्रथम। ९ प्रधान, मुख्य। १० शब्द, आवाज। ११ नाटक। १२ वेद-शास्त्र (प्राप्र, हे १, १८७)। १३ प्रवेश (निचू ११)। १४ पु. वृक्ष-विशेष, बहल का गाछ (सुज्ज १०, ८)। °णतग, °णतय न [°नन्तक] मुख-वस्त्रिका (ओघभा १५८, पव २)। °तूरय न [°तूर्य] मुह से बजाया जाता वाद्य (भग)। °धोवणिया स्त्री [°धावनिका] मुँह धोने की सामग्री, दतवन आदि, 'मुहधोवणियं खिप्पं उवणमेहि' (उप ६४८ टी)। °पत्ती स्त्री [°पत्री] मुख-वस्त्रिका (उवा, ओघ ६६९, द ५८)। °पुत्तिया, °पेत्तिया, °पोत्ती स्त्री [°पोतिका] मुख-वस्त्रिका, बोलते समय मुँह के आगे रखने का वस्त्र-खण्ड (संबोध ५, विपा १, १, पव १२७)। °फुल्ल न [°फुल्ल] १ बहल का फूल। २ चित्रा-नक्षत्र का संस्थान (सुज्ज १०, ८)। °भंडग न [°भाण्डक] मुखाभरण (औप)। °मंगलिय, °मंगलीअ वि [°माङ्गलिक] मुँह से पर प्रशंसा करनेवाला, खुशामदी (कप्प, औप, सूअ १, ७, २५)। °मक्कडा, °मक्कडिया स्त्री [°मर्कटा, °टिका] गला पकड कर मुँह को मोडना, मुख-वक्रीकरण (सुर १२, ६७, णाया १, ८—पत्र १४४)। °वंत वि [°वत्] मुँहवाला (भवि)। °वड पुं [°पट] मुँह के आगे रखने का वस्त्र (से २, २२; १३, ५९)। °वडण न [°पतन] मुँह से गिरना (दे ६, १३६)। °वण्ण पुं [°वर्ण] प्रशंसा, खुशामद (निचू ११)। °वास पुं [°वास] भोजन के अनन्तर खाया जाता पान, चूर्ण आदि मुँह को सुगन्धी बनानेवाला पदार्थ (उवा ४२, उर ८, ५)। °वीणिया स्त्री [°वीणिका] मुँह से विकृत शब्द करना, मुँह से वाद्य का शब्द करना (निचू ५)। मुहड देखो मुहल। °सय न [°शय] एक नगर (ती १५)।

मुहत्थडी स्त्री [दे] मुँह से गिरना (दे ६, १३६)।

मुहर देखो मुहल = मुखर (सुपा २२८)।

मुहरिय वि [मुखरित] वाचाल बना हुआ, आवाज करता (सुर ३, ५४)।

मुहरोमराइ स्त्री [दे] भ्रू, भौं (दे ६, १३६; षड्, १७३)।

मुहल न [दे] मुख, मुँह (दे ६, १३४, षड्)।

मुहल वि [मुखर] १ वाचाट, बकवादी (गा ५७८, सुर ३, १८, सुपा ४)। २ पुं. काक, कौआ। ३ शख (हे १, २५४, प्राप्र)। °रव पुं [°रव] तुमुल, कोलाहल (पाअ)।

मुहा अ. स्त्री [मुधा] व्यर्थ, निरर्थक (पाअ, सुर ३, १, धर्मस ११३२, श्रा २८, प्रामू ९), 'मुहाइ हारिति अन्नाण' (संबोध ४६)। °जीवि वि [°जीविन्] भिक्षा पर निर्वाह करनेवाला (उत्त २५, २८)।

मुहिअ न [दे] मुफ्त, बिना मूल्य, मुफ्त में करना (दे ६, १३४)।

मुहिआ स्त्री [दे. मुधिका] ऊपर देखो (दे ६, १३४, कुमा, पाअ); 'ते सव्वेवि हु कुमरस्स

तस्स मुहिआइ सेवगा जाया' (सिरि ४५७); 'जिणसासणंपि कहमवि लद्धुं हारेमि मुहियाए' (सुपा १२४); 'मुह (? हि) याइ गिएह लक्ख' (कुप्र २३७)।

मुहु } अ [मुहुस्] बार बार (प्रासू २९; मुहुं } हे ४, ४४४; पि १८१)।

मुहुत्त } पुंन [मुहूर्त्त] दो घड़ी का काल, मुहुत्ताग } अड़तालीस मिनिट का समय (ठा २, ४, हे २, ३०; औप, भग, कप्प, प्रासू १०५; इक, स्वप्न ६४, आचा; ओघ ५२१)।

मुहुमुह देखो महुमुह (पाअ)।

मुहुल देखो मुहल = मुखर (पाअ)।

मुहुल्ल देखो मुह = मुख (हे २, १६४, षड्; भवि)।

मूअ देखो मुक्क = मूक (हे २, ९९; आचा, गउड; विपा १, १)।

मूअ देखो मुअ = मृत, 'लज्जाइ कह ण मूओ सेवंतो गामवाहलियं' (वज्जा ५४)।

मअल } वि [दे. मूक] मूक, वाक्-शक्ति मूअल } से हीन (दे ६, १३७; सुर ११, १५४)।

मूअल्लइअ } वि [दे. मूकायित] मूक बना मूअल्लिअ } हुआ (से ५, ४१; गउड, पि ५९५)।

मइंगलिया } देखो मुइंगलिया (उप १३४ मूइंगा } टी, ओघ ५५८)।

मूइल्लअ } वि [मृत] मरा हुआ, मूयल्लिअ }

'एएहिं वारेइ जणो तदआ
मूइल्लओ, कहिं व गओ।
जाहे विसं व जाअं
सव्वंगपहोलिरं पेम्मं'
(गा ६९९ अ)।

मूड } पुं [दे] अन्न का एक दीर्घ परिमाण, मंढ } 'इगमूडलक्खसमहियमवि धन्नं अत्थि तायगिहे' (सुपा ४२७), 'तो तेहि ताडिओ सो गाढं कणमूढउव्व लउडेहिं' (धर्मवि १४०)।

मूढ वि [मूढ] मूर्ख, मुग्ध (प्राप्र, कस, पउम १, २८; महा; प्रासू २९)। °नइय न [°नयिक] श्रुत-विशेष, शास्त्र-विशेष (आवम)। °विसूइया स्त्री [°विसूचिका] रोग-विशेष (सुपा ११)।

मूण न [मौन] चुप्पी (स ४७७, पण्ह २, ४—पत्र १३१)।

मूयग पुं [दे. मूयक] मेवाड़ देश में प्रसिद्ध एक प्रकार का तृण (पण्ह २, ३—पत्र १२३)।

मूर सक [भञ्ज्] भांगना, तोड़ना। मूरइ (हे ४, १०६)। भूका. मूरीअ (कुमा)।

मूरग वि [भञ्जक] भांगनेवाला, चूरनेवाला (पण्ह १, ४—पत्र ७२)।

मूल न [मूल] १ जड़ (ठा ९; गउड; कुमा, गा २३२)। २ निबन्धन, कारण (पण्ह १, ३—पत्र ४२)। ३ आदि, आरम्भ (पण्ह २, ४)। ४ आद्य कारण (आचानि १, २, १—गाथा १७३, १७४)। ५ समीप, पास, निकट (ओघ ३८४, सुर १०, ९)। ६ नक्षत्र-विशेष (सुर १०, २२३)। ७ व्रतों का पुनः स्थापन (औप; पंचा १६, २१)। ८ पिप्पली-मूल (आचानि १, २, १)। ९ वशीकरण आदि के लिए किया जाता ओषधि-प्रयोग, 'अमंतमूलं वसीकरणं' (प्रासू १४)। १० आद्य, प्रथम, पहला। ११ मुख्य (संबोध ३; आवम, सुपा ३९४)। १२ मूलधन, पुंजी (उत्त ७, १४; १५)। १३ चरण, पैर। १४ सूरण, कन्द विशेष, ओल। १५ टीका आदि से व्याख्येय ग्रन्थ (संक्षि २१)। १६ प्रायश्चित्त-विशेष (विसे १२४९)। १७ पुंन. कन्द-विशेष, मूली (अनु ६; श्रा २०)। °छेज्ज वि [°छेद्य] मूल नामक प्रायश्चित्त से नाश-योग्य (विसे १२४९)। °दत्ता स्त्री [°दत्ता] कृष्ण पुत्र शाम्ब की एक पत्नी (अंत १५)। °देव पु [°देव] व्यक्ति वाचक नाम, (महा; सुपा ५२९)। °देवी स्त्री [°देवी] लिपि-विशेष (विसे ४६४ टी)। °नायग पुं [°नायक] मन्दिर की अनेक प्रतिमाओं में मुख्य प्रतिमा (संबोध ३)। °प्पाडि वि [°उत्पाटिन्] मूल को उखाड़नेवाला (संक्षि २१)। °बिंब न [°बिम्ब] मुख्य प्रतिमा (संबोध ३)। °राय पुं [°राज] गुजरात का चौलुक्य-वंशीय एक प्रसिद्ध राजा (कुप्र ४)। °वंत वि [°वत्] मूलवाला (औप, णाया १, १)। °सिरि स्त्री [°श्री] शाम्ब-कुमार की एक पत्नी (अंत १५)।

मूलग } न [मूलक] १ कन्द-विशेष, मूली, मूलय } मुरई (पण्ण १; जी १३)। २ शाक-विशेष (पव १५४; कुमा)।

मूलगत्तिआ स्त्री [मूलगर्तिका] मूले—मूली की पतली फांक (दस ५, २, २३)।

मूलवेलि स्त्री [दे. मूलवेलि] घर के छप्पर का आधार-भूत-स्तम्भ-विशेष (आवा २, २, ३, १ टी, पव १३३)।

मूलिगा स्त्री [मूलिका] ओषधि विशेष (उप ९०३)।

मूलिय न [मौलिक] मूलधन, पुंजी (उत्त ७, १९; २१)।

मूलिल्ल वि [मूल, मौलिक] प्रधान, मुख्य, 'मूलिल्लवाहणे' (सिरि ४२३)।

मूलिल्ल वि [मूलवत्] मूलधनवाला, पुंजी-वाला, 'अत्थि य देवदत्ताए गाढाणुरत्तो मूलिल्लो मित्तसेणो अयलनामा सत्थवाहपुत्तो' (महा)।

मूली स्त्री [मूली] ओषधि-विशेष, वशीकरण आदि के कार्य में लगती ओषधि (महा)।

मूस देखो मुस = मुष्। मूसइ (संक्षि ३६)।

मूसग } पुं [मूषक, मूषिक] मूसा, चूहा मूसय } (उव, सुर १, १८, हे १, ८८; षड्; कुमा)।

मूसरि वि [दे] भग्न, भांगा हुआ (दे ६, १३७)।

मूसल वि [दे] उपचित (दे ६, १३७)।

मूसल देखो मुसल = मुसल (हे १, ११३; कुमा)।

मूसा देखो मुसा (हे १, १३६)।

मूसा स्त्री [मूषा] मूस, धातु गालने—गलाने का पात्र (कप्प, आरा १००, सुर १३, १८०)।

मूसा स्त्री [दे] लघु द्वार, छोटा दरवाजा (दे ६, १३७)।

मूसाअ न [दे] ऊपर देखो (दे ६, १३७)।

मूसिय देखो मूसय (आवा)। °रि पुं [°रि] मार्जार, बिल्ला (आचा)।

मे अ [मे] १ मेरा। २ मुझसे (स्वप्न १५; ठा १)।

मेअ पुं [मेद] १ अनार्य देश-विशेष (इक)। २ एक अनार्य मनुष्य-जाति (पण्ह १, १—पत्र १४)। ३ पुंस्त्री. चाण्डाल (सम्मत्त १७२)। स्त्री. मेई (सम्मत्त १७२)।

मेअ वि [मेय] १ जानने योग्य, प्रमेय, पदार्थ, वस्तु (उत्त १८; २३)। २ नापने योग्य (षड्)। °ण्ण वि [°ज्ञ] पदार्थ-ज्ञाता (उत्त १८, २३; सुख १८, २३)।

मेअ पुंन [मेदस्] शरीर-स्थित धातु-विशेष, चर्बी (तंदु ३८; णाया १, १२—पत्र १७३; गउड)।

मेअज्ज न [दे] धान्य, अन्न (दे ६, १३८)।

मेअज्ज पुं [मेदार्य] मेदार्य गोत्र में उत्पन्न (सूअ २, ७, ५)।

मेअज्ज पुं [मेतार्य] १ भगवान् महावीर का दसवाँ गणधर (सम १६)। २ एक जैन महर्षि (उव, सुपा ४०९; विवे ४३)।

मेअय वि [मेचक] काला, कृष्ण-वर्ण (गउड ३३६)।

मेअर वि [दे] असहन, असहिष्णु (दे ६, १३८)।

मेअल पुं [मेकल] पर्वत-विशेष। °कन्ना स्त्री [°कन्या] नर्मदा नदी (पाअ)।

मेअवाडय पुंन [मेदपाटक] एक भारतीय देश, मेवाड़, 'णाव दाहविग्घं सभलंपि मेअ-वाडयं हम्मीरओरेहिं' (हम्मीर २७)।

मेइणि° } स्त्री [मेदिनी] १ पृथिवी, धरती
मेइणी } (सुपा ३२; कुमा, प्रासू ५२)। २ चाण्डालिन (सुपा १६; सम्मत्त १७२)। °नाह पुं [°नाथ] राजा (उप पृ १८६, सुपा १०८)। °पइ पुं [°पति] १ राजा। २ चाण्डाल, 'जो मिउहपणयचरणोवि गोत्तभेई न, मेइणिपईवि न हु मायंगो' (सुपा ३२)। °सामि पुं [°स्वामिन्] राजा (उप ७२८ टी)।

मेइणीसर पुं [मेदनीश्वर] राजा (उप ७२८ टी)।

मेठ पुं [दे] हस्तिपक, महावत (दे ६, १३८)। देखो मिंठ।

मेंठी स्त्री [दे] मेंढ़ी, मेढ़ी गड़रिया (दे ६, १३८)।

मेंढ पुंस्त्री [मेढ्र] मेंढ़ा, मेष, भेड़, गाडर (ठा ४, २)। स्त्री. °ढी (दे ६, १३८)। °मुह पुं [°मुख] १ एक अन्तर्द्वीप। २ अन्तर्द्वीप-विशेष में रहनेवाली मनुष्य-जाति (ठा ४, २—पत्र २२६, इत्र)। °विसाणा स्त्री [°विषाणा] वनस्पति-विशेष, मेढ़ाशिंगी (ठा ४, १—पत्र १८५)। देखो मिंढ।

मेखला देखो मेहला (राज)।

मेज्ज न [मेय] मान, तौल, बाट, बटखरा, जिससे मापा जाय वह (अणु १५४)।

मेघ देखो मेह (कुमा; सुपा २०१)। °मालिणी स्त्री [°मालिनी] नन्दन वन के शिखर पर रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३७)। °वई स्त्री [°वती] एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३७)। °वाहण पुं [°वाहन] एक विद्याधर राज-कुमार (पउम ५, ६५)।

मेघंकरा स्त्री [मेघङ्करा] एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३७)।

मेच्छ देखो मिच्छ = म्लेच्छ (ओघ २४, औप, उप ७२८ टी, मुद्रा २६७)।

मेज्ज देखो मेअ = मेय (षड्; णाय १, ८—पत्र १३२, श्रा १८)।

मेज्झ देखो मिज्झ (महा ४, ११; ४०, २४)।

मेट देखो मिट। प्रयो. मेटाव (पिंग)।

मेढंभ पुं [दे] मृग-तन्तु (दे ६, १३९)।

मेढय पुं [दे] मजला, तला, गुजराती में 'मेडो'; 'तस्स य सयणट्ठाणं संचारिमकट्ठमेढ-यस्सुवरिं' (सुपा ३५१)।

मेढ्ढ देखो मेंढ (उप पृ २२४)।

मेढ पुं [दे] वणिग्-सहाय, वणिक् को मदद करनेवाला (दे ६, १३८)।

मेढक पुं [दे] काष्ठ-विशेष, काष्ठ का छोटा डंडा (पण्ह १, १—पत्र ८)।

मेढि पुं [मेथि] पशुबन्धन-काष्ठ; खले के बीच का काष्ठ, जहाँ पशु को बाँध कर धान्य-मर्दन किया जाता है (हे १, २१५, गच्छ १, ८, णाया १, १—पत्र ११)। २ आधार, स्तम्भ, सयस्स वि य णं कुडुंबस्स मेढी पमाणं आधारे आलंबणं चक्खू मेढीभूए' (उवा), 'सुतत्थविऊ लक्खणजुत्तो गच्छस्स मेढिभूओ य' (श्रा १, कुप्र २६६, संबोध २४)। °भूअ वि [°भूत] १ आधार-सदृश, आधार-भूत (भग)। २ मार्ग-भूत, मध्य में स्थित (कुमा)।

मेणआ } स्त्री [मेनका] १ हिमालय की पत्नी।
मेणक्का } २ स्वर्ग की एक वेश्या (अभि ४२; नाट—विक्र ४७; पिंग)।

मेत्त न [मात्र] १ साकल्य, संपूर्णता। २ अवधारण, 'भोअणमेत्तं' (हे १, ८१)।

मेत्तल [दे] देखो मित्तल (सुर १२, १५२)।

मेत्ती स्त्री [मैत्री] मित्रता, दोस्ती (से १, ९; गा २७२; स ७१६; उव)।

मेधुणिया देखो मेहुणिआ (निचू १)।

मेर (अप) वि [मदीय] मेरा (प्राकृ १२०; भवि)।

मेरग पुं [मेरक, मैरेयक] १ तृतीय प्रति-वासुदेव राजा (पउम ५, १५६)। २ पुंन. मद्य विशेष (उवा, विपा १, २—पत्र २७)। ३ वनस्पति का त्वचा-रहित टुकड़ा; 'उच्छु-मेरगं' (आचा २, १, ८, १०)।

मेरा स्त्री [दे. मिरा] मर्यादा (दे ६, ११३; पाअ; कुप्र ३३५; अजक ६७; सण; हे १, ८७; कुमा, औप)।

मेरा स्त्री [मेरा] १ तृण-विशेष, मुञ्ज की सलाई (पण्ह २, ३—पत्र १२३)। २ दशवें चक्रवर्ती की माता (सम १५२)।

मेरु पुं [मेरु] १ पर्वत-विशेष (उव, प्रासू १५४)। २ छन्द-विशेष (पिंग)।

मेरु पुं [मेरु] पर्वत, कोई भी पहाड़ (आचा २, १०, २)।

मेल सक [मेलय्] १ मिलाना। २ इकट्ठा करना। मेलइ, मेलंति (भवि; पि ४८६)। संकृ. मेलित्ता, मेलिय (पि ४८६; महा)।

मेल पुं [मेल] मेल, मिलाप, संगम, संयोग, मिलन (सूअनि १५, दे ६, ५२, मार्ध १०६), 'दिट्ठो पियमेलगो मए सुविणो' (कुप्र २१०)।

मेलण न [मेलन] ऊपर देखो (प्रासू ३५)।

मेलय पुं [मेलक] १ संबन्ध, संयोग (कुमा)। २ मेला, जन-समूह का एकत्रित होना (दे ७, ८९, त्रि ८६)।

मेलव सक [मेलय्, मिश्रय्] मिलाना, मिश्रण करना। मेलवइ (हे ४, २८)। भवि. मेलवेहिमि (पि ५२२)। संकृ. मेलवि (अप) (हे ४, ४२९)।

मेल्लइयव्व कृदन्त देखो।

मेलाय अक [मिल्] एकत्रित होना, 'पडिनिक्खमित्ता एगयओ मेलायंति' (भग)। संकृ. मेलायित्ता (भग)। कृ. मेलाइयव्व (ओपभा २२ टी)।

मेलाव देखो मेलव। मेलावइ (भवि)।

मेलाव पुंन [मेल] १ मिलाप, संगम, मिलन (सुपा ४६६), 'निच्चं चिय मेलावं सुमग्गनिरयाण अइदुलहं' (सट्ठि १४३)।

मेलावग देखो मेलय (आत्महि १९)।

मेलावड (अप) देखो मेलय, 'मणवल्लहमेलावडउ पुण्णिहिं लब्भइ एहु' (सिरि ७३)।

मेलावय देखो मेलावग (सुपा ३६१, भवि)।

मेलाविअ वि [मेलित] मिलाया हुआ, इकट्ठा किया हुआ (से १०, २८)।

मेलिअ वि [मिलित] मिला हुआ (ठा ३, १ टी—पत्र ११९, महा, उव),
'एवं सुलीलवतो असीलवतेहिं मेलिओ सतो।
पावेइ गुणपरिहाणी मेलणदोसाणुसंगेणं'
(आसू ३५)।

मेली स्त्री [दे] संहति, जन-समूह का एकत्रित होना, मेला (दे ६, १३८)।

मेलीण देखो मिलीण (पउम २, ६), 'अएणोएणकडक्खतरपेसिअमेलीणदिट्ठिपसराइं' (गा ६९९, ७०२ अ)।

मेल्ल देखो मिल्ल। मेल्लइ (हे ४, ९१), मेल्लेमि (कुप्र १९)। वकृ. मेल्लंत (महा)। संकृ. मेल्लाव, मेल्लेप्पिणु (अप) (हे ४, ३५३, पि ५८८)। कृ. मेल्लियव्व (उप ५५५)।

मेल्लण न [मोचन] छोडना, परित्याग (आसू १०२)।

मेल्लाविय वि [मोचित] छुडवाया हुआ (सुर ८, ६८, महा)।

मेव देखो एव (पि ३३६)।

मेवाड } देखो मेअवाडय (ती १५, मोह
मेवाढ } ८८)।

मेस पु [मेष] १ मेंढा, भेड, गाडर (सुर ३, ५३)। २ राशि विशेष (विचार १०६, सुर ३, ५३)।

मेह पु [मेघ] १ अभ्र, जलधर (औप)। २ कालागुरु, सुगंधी धूप-द्रव्य विशेष (से ९, ४९)। ३ भगवान् सुमतिनाथ का पिता (सम १५०)। ४ एक जैन महर्षि (अंत १८)। ५ राजा श्रेणिक का एक पुत्र (णाया १, १—पत्र ३७)। ६ एक देव-विमान (देवेन्द्र १३२)। ७ छन्द विशेष (पिंग)। ८ एक वणिक्-पुत्र (सुपा ६१७)। ९ एक जैनमुनि (कप्प)। १० देव-विशेष (राज)। ११ मुस्तक, ओषधि-विशेष, मोथा। १२ एक राक्षस। १३ राग-विशेष (प्राप्र, हे १, १८७)। १४ एक विद्याधर-नगर (इक)। °कुमार पुं [°कुमार] राजा श्रेणिक का एक पुत्र (णाया १, १; उव)। °ज्झाण पुं [°ध्यान] राक्षस-वंश का एक राजा, एक लवापति (पउम ५, २६६)। °णाअ पुं [°नाद] रावण का एक पुत्र (से १३, ९०)। °पुर न [°पुर] वैताढ्य पर्वत के दक्षिण श्रेणी का एक नगर (पउम ६, २)। °मुह पुं [°मुख] १ देव-विशेष (राज)। २ एक अन्तर्द्वीप। ३ अन्तर्द्वीप-विशेष का निवासी मनुष्य (ठा ४, २—पत्र २२६, इक)। °रव न [°रव] विन्ध्य-स्थली का एक जैन तीर्थ (पउम ७७, ६१)। °वाहण पु [°वाहन] १ राक्षस वंश का आदि पुरुष, जो लंका का राजा था (पउम ५, २५१)। २ रावण का एक पुत्र (पउम ८, ६४)। °सीह पुं [°सिंह] विद्याधर-वंश का एक राजा (पउम ५, ४३)। देखो मेघ।

मेह पुं [मेह] १ सेचन (सूअ १, ४, २, १२)। २ रोग विशेष, प्रमेह (श्रा २०, सुख १, १५)।

मेहंकरा देखो मेघकरा (इक)।

मेहच्छीर न [दे] जल, पानी (दे ६, १३९)।

मेहण न [मेहन] १ झरन, टपकना। २ प्रस्रवण, मूत्र, 'महुमेहण' (आचा १, ६, १, २)। ३ पुरुष-लिंग (राज)।

मेहणि वि [मेहनिन्] झरनेवाला (आचा)।

मेहर पुं [दे] ग्राम-प्रवर, गाँव का मुखिया (दे ६, १२१, सुर १५, १९८)।

मेहरि पुस्त्री [दे] काष्ठ-कीट, घुन (जी १५)।

मेहरिया } स्त्री [दे] गानेवाली स्त्री (सुपा
मेहरी } ३९४)।

मेहलय पुं ब. [मेखलक] देश-विशेष (पउम ९८, ६६)।

मेहला स्त्री [मेखला] काञ्ची, करधनी (पाअ, पण्ह १, ४; औप, गा ४६३)।

मेहलिज्जिया स्त्री [मेखलिका] एक जैन मुनि-शाखा (कप्प)।

मेहा स्त्री [मेधा] एक इंद्राणी, चमरेन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ५, १—पत्र ३०२, इक)।

मेहा स्त्री [मेधा] बुद्धि, मनीषा, प्रज्ञा (सम १२५, से १, १९, हास्य १२५)। °अर वि [°कर] १ बुद्धि-वर्धक। २ पुं. छन्द विशेष (पिंग)।

मेहा स्त्री [मेधा] अवग्रह-ज्ञान (णंदि १७४)।

मेहावई देखो मेघवई (इक)।

मेहावण्ण न [मेधावर्ण] एक विद्याधर-नगर (इक)।

मेहावि वि [मेधाविन्] बुद्धिमान्, प्राज्ञ (ठा ५, ३, णाया १, १, आचा, कप्प, औप, उप १४२ टी, कुप्र १४०, धर्मवि ९८)। स्त्री. °णी (नाट—शकु ११६)।

मेहि देखो मेढि (से ९, ४२)।

मेहि वि [मेहिन्] प्रस्रवण करनेवाला, 'महुमेहिए' (आचा)।

मेहिय न [मेधिक] एक जैन मुनि-कुल (कप्प)।

मेहिल पुं [मेधिल] भगवान् पार्श्वनाथ के वंश का एक जैन मुनि (भग)।

मेहुण } न [मैथुन] रति-क्रिया, संभोग
मेहुणय } (सम १०; पण्ह १, ४, उवा, औप, आसू १७९, महा)।

मेहुणय पु [दे] फूफा का लडका (दे ६, १४८)।

मेहुणिअ पुं [दे] मामा का लडका (बृह ४)।

मेहुणिआ स्त्री [दे] १ साली, भार्या की बहिन (दे ६, १४८)। २ मामा की लडकी (दे ६, १४८, बृह ४)।

मेहुन्न देखो मेहुण, 'हिंसालियचोरिक्के मेहुन्नपरिग्गहे य निसिभत्ते' (ओघ ७८७)।

मेरेअ न [मैरेय] मद्य-विशेष (माल १७७)।

मो अ. इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ अवधारण, निश्चय (सूअनि ८९, श्रावक १२५)। २ पाद-पूर्ति (पउम १०२, ८९; धर्मसं ६४५, श्रावक ९०)।

मोअ सक [मुच्] छोड़ना, त्यागना। मोअइ (प्राकृ ७०; ११९)। वकृ. मोअंत (से ८, ६१)।

मोअ सक [मोचय्] छुड़वाना, त्याग कराना। मोअअदि (शौ) (नाट—मालवि ४१)। कवकृ. मोइज्जत (गा ६७२)।

मोअ पुं [मोद] हर्ष, खुशी (रयण १५, महा, भवि)।

मोअ वि [दे] १ अधिगत। २ पुं. चिर्भट आदि का बीजकोश (दे ६, १४८)। ३ मूत्र, पेशाब (सूअ १, ४, २, १२; पिंड ४६८; कस, पभा १५)। °पडिमा स्त्री [°प्रतिमा] प्रस्रवण-विषयक नियम-विशेष (ठा ४, २—पत्र ६४, औप, वव ९)।

मोअइ पुं [मोचकि] वृक्ष-विशेष, 'सल्लइ-मोयइमातुयबउलपलासे करंजे य' (पण्ण १—पत्र ३१)।

मोअग वि [मोचक] मुक्त करनेवाला (सम १; पडि, सुपा २३४)।

मोअग पुं [मोदक] लड्डू, मिष्टान्न-विशेष (अंत ६; सुपा ४०६)। देखो मोदअ।

मोअण न [मोचन] नीचे देखो (स ५७५; गउड)।

मोअणा स्त्री [मोचना] १ परित्याग (श्रावक ११५)। २ मुक्ति, छुटकारा (सूअ १, १४, १८)। ३ छुड़वाना, मुक्त कराना (उप ५१०)।

मोअय देखो मोअग (भग; पउम ११५, ९; सुपा ४०६; नाट—विक २१)।

मोआ स्त्री [मोचा] कदली वृक्ष, केला का गाछ (राज)।

मोआव सक [मोचय्] छुड़वाना। मोमावेमि, मोमावेहि (नाट—शकु २५, मृच्छ ३१९)। भवि. मोमावइस्सति (पि ५२८)। कर्म. मोयाविज्जइ (कुप्र २९१)। वकृ. मोयावंत (सुपा १८९)।

मोआवण न [मोचन] छुटकारा कराना (सिरि ६१८; स ४७)।

मोआविअ } वि [मोचित] छुड़वाया हुआ
मोइअ } (पि ५३२; नाट—मृच्छ ८६; सुर १०, ६; सुपा ४७७; महा; सुर २, ३६; ६, ७८; सुपा २१२; भवि)।

मोइल्ल पुं [दे] मत्स्य-विशेष (नाट)।

मोंड देखो मुंड = मुण्ड (हे १, ११६; २०२)।

मोक पुं [मोक] सर्प-कंचुक, साँप का केंचुल।

मोकल्ल सक [दे] भेजना; गुजराती में 'मोकलवु', मराठी में 'मोकलणें'। मोकल्लइ (भवि)।

मोक्क देखो मुक्क = मुक्त (षड्)।

मोकणिआ } स्त्री [दे] कृष्ण कर्णिका, कमल
मोकणी } का काला मध्य भाग (दे ६, १४०)।

मोकल देखो मोकल्ल, 'निवविमरं भणसु तुमं मोकलइ जेण सिग्घंपि' (सुपा ६१२)।

मोक्कल देखो मुक्कल (सुपा ५८०; हे ४; ३६६)।

मोक्कलिय वि [दे] १ प्रेषित, भेजा हुआ (सुपा ५२१)। २ विसृष्ट (सुपा १४०)।

मोक्ख देखो मुक्ख = मोक्ष (औप; कुमा; हे २, १७६; उप २६४ टी; भग, वसु)।

मोक्ख देखो मुक्ख = मूर्ख (उप ५५५)।

मोक्ख न [दे] वनस्पति-विशेष (सूअ २, २, ७)।

मोक्खण न [मोक्षण] मुक्ति, छुटकारा (स ४१८, सुर २, १७)।

मोग्गड पु [दे] व्यन्तर-विशेष (सुपा ४०८)। देखो मुग्गड।

मोग्गर पुं [दे] मुकुल, कलिका, बौर (दे ६, १३९)।

मोग्गर पुं [मुद्गर] मुगरा, मोगरी। २ कमरख का पेड़ (हे १, ११६; २, ७७)। ३ पुष्पवृक्ष-विशेष, मोगरा का गाछ (पण्ण १—पत्र ३२)। ४ देखो मुग्गर। °पाणि पुं [°पाणि] एक जैन महर्षि (अंत १८)।

मोग्गरिअ वि [दे] संकुचित, मुकुलित (दे ६, १३९ टी)।

मोग्गल्लायण } न [मौद्गलायन, °ल्या°]
मोग्गल्लायण } १ गोत्र-विशेष (इक; ठा ७, सुज्ज १०, १६)। २ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३९०)।

मोग्गाह देखो मुग्गाह। मोग्गाहइ (?) (माया १४९)।

मोघ देखो मोह = मोघ; 'मोघमणोरहा' (पण्ह १, ३—पत्र ५५)।

मोच देखो मोअ = मोचय्। संकृ. मोचिअ (अभि ४७)।

मोच न [दे] मर्धजंघी, एक प्रकार का जूता (दे ६, १३९)।

मोच देखो मोअ = (दे) (सूअ १, ४, २, १२)।

मोचग देखो मोअग = मोचक (वसु)।

मोट्टाय अक [रम्] क्रीड़ा करना। मोट्टायइ (हे ४, १६८)।

मोट्टाइअ न [रत] रति-क्रीड़ा, रत, मैथुन (कुमा)।

मोट्टाइअ न [मोट्टायित] चेष्टा-विशेष, प्रिय-कथा आदि में भावना से उत्पन्न चेष्टा (कुमा)।

मोट्टिम न [दे] बलात्कार (पि २३७)। देखो मुट्टिम।

मोड सक [मोटय्] १ मोड़ना, टेढ़ा करना। २ भांगना। मोडसि (सुर ७, ६)। वकृ. मोडंत, मोडिंत, मोडयंत (भवि; महा; स २५७)। कवकृ. मोडिज्जमाण (उप पृ ३४)। संकृ. मोडेउं (सुपा १३८)।

मोड पुं [दे] जूट, लट (दे ६, ११७)।

मोडग वि [मोटक] मोड़नेवाला (पण्ह १, ४—पत्र ७२)।

मोडण न [मोटन] मोड़न, मोड़ना (पउमा ३८)।

मोडणा स्त्री [मोटना] ऊपर देखो (पण्ह १, ३—पत्र ५३)।

मोडिअ वि [मोटित] १ भग्न, भांगा हुआ (गा ५४९, णाया १, ६—पत्र १५७; पण्ह १, ३—पत्र ५३)। २ आमर्दित, मोड़ा हुआ (विपा १, ६—पत्र ६८; स ३३५)।

मोड पुं [मोड] एक वणिग्-कुल (कुप्र २०)।

मोडेरय न [मोडेरक] नगर-विशेष (दे ६, १०२, टी ७)।

मोण न [मौन] मुनिव्रत, वाणी का संयम, चुप्पी (औप, सुपा २१७; महा)। °धर वि [°धर] मौन धारनेवाला, वाणी का संयम-वाला, वाक्संयत (ठा ५, १—पत्र २९६;

पएह २, १—पत्र १००)। °पय न [°पद] संयम, चारित्र (सूअ १, १३ ६)।

मोणावणा स्त्री [दे] प्रथम प्रसूति के समय पिता की ओर से किया जाता उत्सव-पूर्वक निमन्त्रण (उप ७६८ टी)।

मोणि वि [मौनिन्] मौनवाला (उव, सुपा १४, सबोध २१)।

मोत्त देखो मुत्त = मुक्त (धर्मस ७५)।

मोत्तव्व देखो मुंच।

मोत्ता देखो मुत्ता (से ७, २५, सक्ति ४, प्राकृ ६, षड् ८०)।

मोत्ति देखो मुत्ति = मुक्ति (पएह १, ५—पत्र ६४)।

मोत्तिअ देखो मुत्तिअ (गा ३१०, स्वप्न ६३, औप, सुपा २३१, महा, गउड)। °दाम न [°दाम] छन्द विशेष (पिंग)।

मोत्तुआण, मोत्तु, मोत्तूण } देखो मुंच = मुच्।

मोत्थ देखो मुत्थ (जी ६, सक्ति ४, पि १२५, प्रामा)।

मोदअ देखो मोअग = मोदक (स्वप्न ६०)। २ न. छन्द विशेष (पिंग)।

मोब्भ [दे] देखो मुब्भ (दे ८, ४)।

मोर पु [दे] श्वपच, चाण्डाल (दे ६, १४०)।

मोर पु [मोर] १ पक्षि विशेष, मयूर (हे १, १७१, कुमा)। २ छन्द विशेष (पिंग)। °बंध पु [°बन्ध] एक प्रकार का बन्धन (सुपा ३४५)। °सिहा स्त्री [°शिखा] एक महौषधि (ती ५)।

मोरउल्ला, मोरकुल्ला } अ. मुधा व्यर्थ (हे २, २१४, कुमा, चउप्पन्न० पत्र—७७, सुमतिजिन चरित्र)।

मोरड पु [दे] तिल आदि का मोदक, खाद्य-विशेष (राज)।

मोरग वि [मायूरक] मयूर के पिच्छों से निष्पन्न (आचा २, २, ३, १८)।

मोरत्थय पु [दे] श्वपच, चाण्डाल (दे ६, १४०)।

मोरिय पुं [मौर्य] १ एक क्षत्रिय-वंश। २ मौर्य वंश में उत्पन्न (पि १३४)। °पुत्त पुं [°पुत्र] भगवान् महावीर का एक गणधर—प्रधान शिष्य (सम १९)।

मोरी स्त्री [मोरी] १ मयूर पक्षी की मादा, मोरनी (पि १६६, नाट—मृच्छ १८)। २ विद्या विशेष (सुपा ४०१)।

मोलग पुं [दे. मौलक] बाँधने के लिए गाडा हुआ खूँटा (उव)।

मोलि देखो मउलि (काल सम १९)।

मोल्ल देखो मुल्ल (हे १, १२४, उव, उप पृ १०४, णाया १, १—पत्र ६०, भग)।

मोस पुं [मोष] १ चोरी। २ चोरी का माल, 'राया जंपइ मोसं एसि अप्पसु' (सुप २२१, महा)।

मोस पुन [मृषा] झूठ, असत्य भाषण, 'चउव्विहे मोसे पण्णत्ते', 'दसविहे मोसे पण्णत्ते' (ठा ४, १, १०, औप, कप्प)।

मोसण वि [मोषण] चोरी करनेवाला (कुप्र ४७)।

मोसलि, मोसली } स्त्री [दे. मुशली, मौशली] वस्त्रादि निरीक्षण का एक दोष, वस्त्र आदि की प्रतिलेखना करते समय मुसल की तरह ऊँचे या नीचे भीत आदि का स्पर्श करना, प्रतिलेखना का एक दोष, 'वज्जेयव्वा य मोसली तइया' (उत्त २६, २६, २५, ओघ २६५, २६६)।

मोसा देखो मुसा (उवा, हे १, १३६)।

मोह सक [मोहय्] १ भ्रम में डालना। २ मुग्ध करना। मोहइ (भवि)। वकृ. मोहत, मोहेंत (पउम ४, ८६, ११, ९६)। कृ देखो मोहणिज्ज।

मोह देखो मऊह (हे १, १७१, कुमा, कुम ४३७)।

मोह वि [मोघ] १ निष्फल, निरर्थक (से १०, ७०, गा ४८२), 'मोहाइ पत्थणाए सो पुण सोएइ अण्णाण' (अजि १७५, आरम १)। क्रिवि. 'मोह कसो पयासो' (चिइय ७५०)। २ असत्य, मिथ्या, 'मिच्छा मोह विहूलं अलिअं असच्च असब्भूअं' (पाअ)।

मोह पु [मोह] १ मूढता, अज्ञता, अज्ञान (आचा कुमा, पएण १, १)। २ विपरीत ज्ञान (कुमा २, ५३)। ३ चित्त की व्याकुलता (कुमा ५, ५)। ४ राग, प्रेम। ५ काम-क्रीडा, 'मोहाउरा मणुस्सा तह कामदुह सुहं बिंति' (प्रासू २८, पएह १, ४)। ६ मूर्छा, बेहोशी (स्वप्न ३१, स ६९६)। ७ कर्म-विशेष, मोहनीय कर्म (कम्म ४, ६०, ६९)। ८ छन्द-विशेष (पिंग)।

मोहण न [मोहन] १ मुग्ध करना। २ मन्त्र आदि से वश करना (सुपा ५९९)। ३ मूर्छा, बेहोशी (निसा ९)। ४ वशीकरण, मुग्ध करनेवाला मन्त्रादि-कर्म (सुपा ५९९)। ५ काम का एक बाण। ६ प्रेम, अनुराग (कप्पू)। ७ मैथुन, रति क्रिया (स ७६०, णाया १, ८, जीव ३)। ८ वि. व्याकुल बनानेवाला (स ५५७, ७४४)। ९ मोहक, मुग्ध करनेवाला 'मोहणं पसूणपि' (धर्मवि ६५, सुर ३, २९, कप्पूर २५)।

मोहणिज्ज वि [मोहनीय] १ मोह-जनक। २ न कर्म-विशेष, मोह का कारण-भूत कर्म (सम ६६, भग अत, औप)।

मोहणी स्त्री [मोहनी] एक महौषधि (ती ५)।

मोहर न [मौखर्य] वाचाटता, बकवाद (पएह २, ५—पत्र १४८, पुप्फ १८०)।

मोहर वि [मौखर] वाचाट, बकवादी (ठा १०—पत्र ५१६)।

मोहरिअ वि [मौखरिक] ऊपर देखो (ठा ६—पत्र ३७१, औप, सुपा ५२०)।

मोहरिअ न [मौखर्य] वाचालता, बकवाद (उवा, सुपा ५१४)।

मोहि वि [मोहिन्] मुग्ध करनेवाला (भवि)।

मोहिणी स्त्री [मोहिनी] छन्द विशेष (पिंग)।

मोहिय वि [मोहित] १ मुग्ध किया हुआ (पएह १, ४, द १४)। २ न. निधुवन, मैथुन, रति-क्रीडा (णाया १, ९—पत्र १६५)।

मोहुत्तिय वि [मौहूर्त्तिक] ज्योतिष शास्त्र का जानकार (कुप्र ५)।

मौलिअ देखो मोरिय, 'णिवेदेह दाव णंदकुल-

णगकुलिमस्स मौलिअकुलपडिट्ठावकस्स अज-चाणक्कस्स' (मुद्रा ३०६)।

म्मि अ. पाद-पूर्ति में प्रयुक्त किया जाता अव्यय (पिंग)।

म्मिअ देखो इअ (प्राकृ २६)।

म्हस देखो भस = भ्रंश्। म्हसइ (प्राकृ ७६)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि मयाराइसद्दसंकलणो एगतीसइमो तरंगो समत्तो ॥

य

य पुं [य] तालु-स्थानीय व्यंजन वर्ण-विशेष, अन्तस्थ यकार (प्राप्र, प्रामा)।

य अ [च] १ हेतु-सूचक अव्यय (धर्मसं ३८५)। २ देखो च = अ (ठा ३, १, ८, पउम ६, ८४, १५, २, श्रा १२; आचा, रंभा, कम्म २, ३३, ४, ६; १०, देवेन्द्र ११, प्रासू २७)।

°य देखो °ज (आचा)।

°य वि [°द] देनेवाला (औप, राय, जीव ३)।

यउणा देखो जँउणा (सप्ति ७)।

°यंच सक [अञ्च्] १ गमन करना। २ पूजा करना। संकृ, °यंचिय (ठा ५, १—पत्र ३००)।

°यंत वि [यत] प्रयत्नशील, उद्योगी, 'अ-यंते' (सूअ २, २, ६३)।

°यंद देखो चंद (सुपा २२६)।

°यक्क देखो चक्क, 'दिसा-यक्कं' (पउम ६, ७१)।

°यड देखो तड = तट (गउड)।

°यण देखो जण = जन (सुर १, १२१)।

यणद्दण (अप) देखो जणद्दण, 'तो वि ण देउ यणद्दणउ गोअरीहोइ मणस्सु' (पि १४ टि)।

°यण्ण देखो कण्ण = कर्ण (पउम ६६, २८)।

°यत्तिअ वि [यात्रिक] यात्रा करनेवाला, भ्रमण करनेवाला, 'सगडसएहिं दिसायत्तिएहिं' (उवा; बृह १)।

यदावि अ [यद्यपि] अभ्युपगम-सूचक अव्यय, स्वीकार-द्योतक निपात (पंचा १४, ३६)।

यन्नोवइय देखो जण्णोवईय (उत्त ६४८ टी)।

यम देखो जम = यम, 'दो अस्सा दो यमा' (ठा २, ३—पत्र ७७)।

°यर देखो कर = कर (गउड)।

°यल देखो तल = तल (उवा)।

या देखो जा = या, 'सुरनारगा य सम्मद्दिट्ठी जं यंति सुरमणुएसु' (विसे ४३१; कुमा ८, ८)।

याण सक [ज्ञा] जानना। याणइ, याणाइ, याणेइ, याणति, याणामो, याणिमो (पि ५१०, उव, भग, धर्मवि १७, वै ६३; प्रासू १०२)।

याण देखो जाण = यान (सम २)।

°याल देखो काल (पउम ६, २४३)।

याव (अप) देखो जाव = यावत् (कुमा)।

°यावदट्ठ वि [यावदर्थ] यथेष्ट, जितने की आवश्यकता हो उतना (दस ५, २, २)।

°युत्त देखो जुत्त = युक्त, 'एयम् अयुत्तं जम्हा' (अणुक्क १६७, रंभा)।

येव } (पै, मा) देखो एव (पि ६०,
येव्व } ६५)।

यूचिश (मा) } देखो चिट्ठ = स्था। यूचि-
यूचिश्त (पै) } शदि (शाकारी भाषा) (प्राकृ १०५)। यूचिस्तदि (पै) (प्राकृ १२६)।

य्येव (शौ) देखो एव (हे ४, २८०)।

य्येव्व देखो येव (पि ६५)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि मयाराइसद्दसंकलणो बत्तीसइमो तरंगो समत्तो ॥

र

र पु [र] मूर्धन्-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण विशेष (सिरि १९६, पिंग)। °गण पुं [°गण] छन्द शास्त्र प्रसिद्ध मध्य लघु अक्षरवाले तीन स्वरों का समुदाय (पिंग)।

र अ पाद-पूरक अव्यय (हे २, २१७; कुमा)।

र अ [दे] निश्चय-सूचक अव्यय (दसनि १, १५२)।

रइ स्त्री [रति] १ काम क्रीडा, सुरत, मैथुन (से १, ३२, कुमा)। २ कामदेव की स्त्री (कुमा)। ३ प्रीति, प्रेम, अनुराग (कुमा, सुपा ५११)। ४ कर्म-विशेष (कम्म २, १०)। ५ भगवान् पद्मप्रभ की मुख्य शिष्या (पव ८)। ६ पुं. भूतानन्द नामक इन्द्र का एक सेनापति (इक)। °अर, °कर वि [°कर] १ रति-जनक (गा ३२६)। २ पु. पर्वत-विशेष (पण्ह १, ५, ठा १०, महा)। °कीला स्त्री [°क्रीडा] काम क्रीडा (महा)। °केलि स्त्री [°केलि] वही अर्थ (काप्र २०१)। °घर न [°गृह] सुरत-मन्दिर, विलास-गृह (पि ३६६ ए)। °णाह, °नाह पुं [°नाथ] कामदेव (कुमा, सुर ६, ३१)। °पहु पुं [°प्रभु] वही अर्थ (कुमा)। °प्पभा स्त्री [°प्रभा] किन्नर नामक इन्द्र की एक अग्र-महिषी (इक ठा ४, १—पत्र २०४)। °प्पिय पुं [°प्रिय] १ कामदेव (सुपा ७५)। २ एक इन्द्र। ३ किन्नर देवों की एक जाति (राज)। °प्पिया स्त्री [°प्रिया] वानव्यन्तरों के इन्द्र विशेष की एक अग्र महिषी (णाया २—पत्र २५२)। °भवण न [°भवन] कामक्रीडा-गृह (महा)। °मंत वि [°मत्] १ राग-जनक। २ पुं. कामदेव, कन्दर्प (तंदु ४६)। °मंदिर न [°मन्दिर] शयन-गृह (पाअ)। °रमण पुं [°रमण] कामदेव (सुपा ४, २८९, कप्पू)। °लभ पुं [°लम्भ] १ सुरत की प्राप्ति। २ कामदेव (से ११, ८)। °वइ पुं [°पति] कामदेव (कुमा, सुपा २९२)। °विड्ढि स्त्री [°वृद्धि] विद्या-विशेष (पउम ७, १४४)। °सुंदरी स्त्री [°सुन्दरी] एक राज-कन्या (उप ७२८ टी)। °सुहय पुं [°सुभग] कामदेव (कुमा)। °सेणा स्त्री [°सेना] किन्नरेन्द्र की एक अग्र-महिषी (इक, ठा ४, १—पत्र २०४)। °हर न [°गृह] शयन गृह, सुरतमन्दिर (उप ६४८ टी, महा)।

रइ पु [रवि] सूर्य, सूरज (गा ३४; से १, १४, ३२; कप्पू)।

रइअ वि [रचित] बनाया हुआ, निर्मित (सुर ४, २४४, कुमा, औप, कप्प)।

रइअ वि [रचित] महल आदि की पीठ-भित्ति (अणु १५४)।

रइआव सक [रचय्] बनवाना। संकृ. रइआविअ (ती ३)।

रइगेल्ल वि [दे] अभिलषित (दे ७, ३)।

रइगेल्ली स्त्री [दे] रति-तृष्णा (दे ७, ३)।

रइज्जत देखो रय = रचय्।

रइलक्ख न [दे] जघन, नितम्ब (दे ७, १३, षड्)।

रइलक्ख न [दे. रतिलक्ष] रति-संयोग, मैथुन (दे ७, १३)।

रइल्लिय वि [रजस्वल] रज से युक्त, रजवाला (पि ५९५)।

रइवाडिया देखो राय-वाडिआ, 'सामिय रइवाडियासमओ' (सिरि १०९)।

रईसर पुं [रतीश्वर] कामदेव, कन्दर्प (कुमा)।

रउताणिया स्त्री [दे] रोग-विशेष, पामा, खुजली (सिरि ३०६)।

रउद्द देखो रोद्द = रौद्र, 'रउद्दखुद्देहिं अखोहणिज्जो' (मति ४२, भवि)।

रउरव वि [रौरव] भयंकर, घोर। °काल पुं [°काल] माता के उदर में पसार किया जाता समय-विशेष, 'नवमासहिं नियकुक्खहि परियउ पुणु रउरवकालहो नीसरियउ' (भवि)।

रउस्सल वि [रजस्वल] रजो-युक्त, धूलि-युक्त (भग ७, ७—पत्र ३०५)।

रओ° देखो रय = रजस् (पिंड ६ टी, सण)।

रंक वि [रङ्क] गरीब, दीन (पिंग)।

रंखोल अक [दोलय्] १ झूलना। २ हिलना, चलना, काँपना। रंखोलइ (हे ४, ४८, वज्जा ६४)।

रंखोलिय वि [दोलित] कम्पित (गउड)।

रंखोलिर वि [दोलित्] झूलनेवाला (गउड, कुमा, पाअ)।

रंग अक [रङ्ग्] इधर-उधर चलना। वकृ. रंगंत (कप्प, पउम १०, ३१, पण्ह १, ३—पत्र ५५)।

रंग सक [रञ्जय्] रँगना। कर्म. रंगिज्जइ (संबोध १७)। वकृ. 'रायगिह वरनयरं वर-नय-रंगंत-मंदिरं अत्थि' (कुम्मा १८)।

रंग वि [राङ्ग] रँगा हुआ, रंग कर बनाया हुआ (दसनि २, १७)।

रंग न [दे] राँग, राँगा, धातु विशेष, सीसा (दे ७, १; से २, २९)।

रग पुं [रङ्ग] १ राग, प्रेम (सिरि ५१५)। २ नाट्यशाला, प्रेक्षा-भूमि (पाअ, सुपा १, कुमा)। ३ युद्ध-मण्डप, जय-भूमि (धर्मसं ७८३)। ४ संग्राम, लड़ाई (पिंग)। ५ रक्त वर्ण, लाली (से २, २९)। ६ वर्ण, रँग (भवि)। ७ रँगना, रंजन, रंग चढ़ाना (गउड)। °अ वि [°द] कुतूहल-जनक (से ९, ४२)। °वलि स्त्री [°आवलि] रंगोली (चउप्पन्न० पत्र ३२९ गा ७१४)।

रगण न [रङ्गन] १ राग, रँगना। २ पु. जीव, आत्मा (भग २०, २—पत्र ७७६)।

रगिर वि [रङ्गित्] चलनेवाला (सुपा ३)।

रगिल्ल वि [रङ्गवत्] रँगवाला (उर ६, २)।

रंज सक [रञ्जय्] १ रँग लगाना। २ खुशी करना। रंजए, रंजेइ (वज्जा १३६, हे ४, ४९)। कर्म. रंजिज्जइ (महा)। वकृ. रंजंत (संबो ३)। संकृ. रंजिऊण (पि ५८६)। कृ. रंजियव्व (आमहि ६)।

रंजग वि [रञ्जक] रञ्जन करनेवाला (रंभा)।

रंजण न [रञ्जन] १ रँगना (विसे २९६१)। २ खुशी करना, 'परचित्तरंजणे' (उप ९८६

टी, सवे ५)। ३ पुं. छन्द-विशेष (पिंग)। ४ वि. खुशी करनेवाला, रागजनक (कुमा)।

रंजण पु [दे] १ घड़ा, कुम्भ (दे ७, ३)। २ कुण्डा, पात्र विशेष (दे ७, ३, पाअ)।

रंजविय } वि [रञ्जित] राग-युक्त किया
रंजिअ } हुआ (सण, से ६, ४८, गउड, महा, हेका २७२)।

रंडा स्त्री [रण्डा] रांड, विधवा (उप पृ ३१३, वज्जा ४४, कप्पू पिंग)।

रंडुअ न [दे] रज्जु, रस्सी, गुजराती में 'राडवु' (दे ७, ३)।

रंध सक [रध्, राधय्] रांधना, पकाना। 'रधो राधयते स्मृत.' रंधइ (प्राकृ ७०), रंधेहि (स २४६)। वकृ. रंधत (णाया १, ७—पत्र ११७)। संकृ. रंधिऊण (कुप्र २०५)।

रंध न [रन्ध्र] छिद्र, विवर (गा ६५२, रंभा, भवि)।

रंधण न [रन्धन, राधन] रांधना, पचन, पाक (गा १४, पव ३८, सूमति १२१ टी, सुपा १२, ४ १)। °घर न [°गृह] पाक-गृह (रयण ३१)।

रंधण न [रन्धन] पाक-गृह, रसोईघर (आचा २, १०, १४)।

रंप सक [तक्ष्] छिलना, पतला करना। रंपइ (हे ४, १६४, प्राकृ ६५, षड्)।

रंपण न [तक्षण] तनू-करण, पतला करना (कुमा)।

रंफ देखो रंप। रंफइ, रंफए (हे ४, १६४, षड्)।

रंफण देखो रपण (कुमा)।

रंभ सक [गम्] जाना, गति करना। रंभइ (हे ४, १६२), रंभति (कुमा)।

रंभ देखो रंफ। रंभइ (आचा १४६)।

रंभ सक [आ + रभ्] आरम्भ करना। रंभइ (षड्)।

रंभ पुं [दे] अन्दोलन-पत्तर, हिंडोले का तख्ता (दे ७, १)।

रंभा स्त्री [रम्भा] १ कदली, केला का वृक्ष (गुपा २५४, ६०५ कुप्र ११७, पाअ)। २ देवाप्सरा-विशेष, एक अप्सरा (गुपा २५४, रयण ५)। ३ वैरोचन नामक बलीन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ५, १—पत्र ३०२, णाया २—पत्र २५१)। ४ रावण की एक पत्नी (पउम ७४, ८)।

रक्ख सक [रक्ष्] रक्षण करना, पालन करना। रक्खइ (उव, महा)। भूका रक्खीअ (कुमा)। वकृ. रक्खत (गा ३८, श्रीप, भा ३७)। कवकृ रक्खीअमाण (नाट—मालती २८)। कृ. रक्ख, रक्खणिज्ज, रक्खियव्व, रक्खेयव्व (से ३, ५, सार्ध १००, गउड, सुपा २४०)।

रक्ख पुन [रक्षस] राक्षस (पाअ, कुप्र ११३, सुपा १३०, सट्ठि ९ टी, संबोध ४४)।

रक्ख वि [रक्ष] १ रक्षक, रक्षा करनेवाला (उप पृ ३६८, कप्प)। २ पु. एक जैन मुनि (कप्प)।

रक्ख देखो रक्ख = रक्ष।

रक्खअ } वि [रक्षक] रक्षण-कर्ता (नाट—
रक्खग } मालवि ५३, रंभा, कुप्र २३३, सार्ध ९९)।

रक्खण न [रक्षण] रक्षा, पालन (सुर १३, १६७, गउड, प्रासू २३)।

रक्खणा स्त्री [रक्षणा] ऊपर देखो (उप ८५०, स ९९)।

रक्खणिया स्त्री [दे] रखी हुई स्त्री, रखेलिन, रखनी, रखात (सुपा ३८३)।

रक्खवाल वि [दे] रखवाला, रक्षा करनेवाला (महा)।

रक्खस पुं [राक्षस] १ देवों की एक जाति (पण्ह १,४—पत्र ६८)। २ विद्याधर-मनुष्यों का एक वंश (पउम ५, २५२)। ३ वंश-विशेष में उत्पन्न मनुष्य एक विद्याधरजाति 'तेणं चिय सयराए रक्खसनामं कयं लोए' (पउम ५, २५७)। ४ निशाचर, व्यन्तर (से १५, १७ नाट मृच्छ १३२)। ५ अहोरात्र की तीसवीं मुहूर्त (सम ५१, सुज्ञ १०, १३)। °उरी स्त्री [°पुरी] लंका नगरी (से १२, ८४)। °णअरी स्त्री [°नगरी] वही अर्थ (से १२, ७८)। °णाह पुं [°नाथ] राक्षसों का राजा (से ८, १०४)। °त्थ न [°स्त्र] अस्त्र-विशेष (पउम ७१, ६३)। °दीव पुं [°द्वीप] विद्युत्-द्वीप (पउम ५, १२६)। °नाह देखो °णाह (पउम ९, ३६)। °वइ पु [°पति] राक्षसों का मुखिया (पउम ५ १२३, से ११, १)। °हिव पुं [°धिप] वही अर्थ (से १५, ८७, ९१)।

रक्खसिंद पुं [राक्षसेन्द्र] राक्षसों का राजा (पउम १२, ४)।

रक्खसी स्त्री [राक्षसी] १ राक्षस की स्त्री (नाट—मृच्छ २३८)। २ लिपि विशेष (विसे ४६४ टी)।

रक्खसेंद देखो रक्खसिंद (से १२, ७७)।

रक्खा स्त्री [रक्षा] १ रक्षण, पालन (श्रा १०, सुपा १०३, ११३)। २ राख, भस्म, 'सो चंदणं रक्खाए दहिज्जा' (सत्त २८ सुपा ६५७)।

रक्खिअ वि [रक्षित] १ पालित (गउड, गा ३३३)। २ पुं. एक प्रसिद्ध जैन महर्षि (कप्प, विसे २२८८)।

रक्खिआ देखो रक्खसी (रंभा १७)।

रक्खी स्त्री [रक्षी] भगवान् अरनाथ की मुख्य साध्वी (सम १५२, पव ८)।

रक्खोवग वि [रक्षोपग] रक्षण में तत्पर (राय ११३)।

रगिल्ल [दे] देखो रइगेल्ल (षड्)।

रग्ग देखो रत्त = रक्त (हे २, १०, ८६; षड्)।

रग्गय न [दे] कुसुम्भ-वस्त्र (दे ७, ३, पाअ, गउड)।

रघुस पु [रघुष] हरिवंश का एक राजा (पउम २२, ९९)।

रघ अक [दे. रञ्ज्] रचना, आसक्त होना, अनुराग करना। रघइ रग्घंति, रग्घेइ (कुमा; वज्जा ११२)। कर्म. 'रघे रग्घिज्जइ जम्हा' (कुप्र १३२)। वकृ. रघंत (भवि)। प्रयो. रग्घावेति (वज्जा ११२)।

रघण न [दे. रञ्जन] २ अनुराग। २ वि. अनुराग करनेवाला, रचनेवाला (कुमा)।

रघिर वि [दे. रञ्जित्] रचनेवाला (कुमा)।

रच्छा देखो रक्खा (रंभा १६)।

रच्छा स्त्री [रथ्या] मुहल्ला (गा ११९; श्रीप कप्प)।

रच्छामय पुं [दे. रथ्यामृग] श्वान, कुत्ता (दे ७, ४)।

रज देखो रय = रजस् (कुमा)।

रजक } पुंस्त्री [रजक] धोबी, कपड़ा धोने
रजग } का धन्धा करनेवाला (श्रा १२; दे ५, ३२)। स्त्री. °की (दे १, ११४)।

रजय देखो रयय = रजत (इक)।

रज्ज अक [रञ्ज्] १ अनुराग करना, आसक्त होना। २ रँगाना, रँग-युक्त होना। रज्जइ (आचा, उव), रज्जह (णाया १, ८—पत्र १४८)। भवि. रज्जिहिति (औप)। वकृ. रज्जंत, रज्जमाण (से १०, २०; णाया १, १७; उत्त २६, ३)। कृ. रज्जियव्व (पण्ह २, ५—पत्र १४६)।

रज्ज न [राज्य] १ राज, राजा का अधिकृत देश। २ शासन, हुकूमत (णाया १, ८, कुमा; दं ४७; भग, प्राक)। °पालिया स्त्री [°पालिका] एक जैन मुनि-शाखा (कप्प)। °वइ पुं [°पति] राजा (कप्प)। °सिरी स्त्री [°श्री] राज्य लक्ष्मी (महा)। °हिसेय पुं [°ाभिषेक] राजगद्दी पर बैठाने का उत्सव (पउम ७७, ३६)।

रज्जव पुंन. नीचे देखो, 'खररज्जवेसु बद्धा' (पउम ३६, ११६)।

रज्जु स्त्री [रज्जु] १ रस्सी (पाअ, उवा)। २ एक प्रकार की नाप, 'चउदसरज्जू लोगो' (पव १४३)।

रज्जु वि [दे] लेखक, लिखने का काम करनेवाला (कप्प)। °सभा स्त्री [°सभा] १ लेखक गृह। २ शुल्क-गृह, पूँजी-घर, 'हत्थिपालस्स रज्जुसभाए' (कप्प)।

रज्जिय देखो रहिअ = रहित, 'अरज्जियमित्तावा सहवी तविति' (सूअ १,५,१,१७)।

रट्ठ न [राष्ट्र] देश, जनपद (सुपा ३०७; महा)। °वइ, °कूड पुं [°कूट] राज-नियुक्त प्रतिनिधि, सूबेदार (विपा १, १ टी—पत्र ११; विपा १, १—पत्र ११)।

रट्ठिअ वि [राष्ट्रिय] १ देश-सम्बन्धी। २ पुं. नाटक की भाषा में राजा का साला (अभि १६४)।

रट्ठिअ पुं [राष्ट्रिक] देश की चिन्ता के लिए नियुक्त राज-प्रतिनिधि, सूबेदार (पण्ह २, ५—पत्र ६४)।

रड अक [रट्] १ रोना। २ चिल्लाना। रडइ (भवि)। वकृ. रडंत (हे ४, ४४५; भवि)।

रडण न [रटन] चिल्लाहट, चीख (पिंड २२५)।

रडिय न [रटित] १ रुदन, रोना (पण्ह २, ५)। २ आवाज करना, शब्द-करण; 'परहुयवहूय रडियं कुहुकुहुमहुरसद्देणं' (रंभा)। ३ चिल्लाना, चीख (णाया १, १—पत्र ६३)। ४ वि. कलहायित, झगड़ालू, झगड़ाखोर, 'कलहाइअं रडियं' (पाअ)।

रडरडिय न [रटरटित] शब्द-विशेष, वाद्य-विशेष की आवाज (सुपा ५०)।

रड्ड वि [दे] खिसक कर गिरा हुआ, गुजराती में 'रडेलु' (कुप्र ४५६)।

रड्डा स्त्री [रड्डा] छन्द विशेष (पिंग)।

रण पुंन [रण] १ संग्राम, लड़ाई (कुमा; पाअ)। २ पु. शब्द, आवाज (पाअ)। °संभउर न [°सम्भपुर] अजमेर के समीप का एक प्राचीन नगर; 'रणसंभउरजिणहरे चडाविया कणयमयकलसा' (मुणि १०६०१)।

रणक्कार पुं [रणत्कार] शब्द-विशेष (गउड)।

रणझण अक [रणझणाय्] 'रन् झन्' आवाज करना। रणझणइ (वज्जा १२८)। वकृ. रणझणंत (भवि)।

रणझणिर वि [रणझणायितृ] 'रन् झन्' आवाज करनेवाला (सुपा ६४१; धर्मवि ८८)।

रणरण अक [रणरणाय्] 'रन् रन्' आवाज करना। वकृ. रणरणंत (पिंग)।

रणरण } पुं [दे. रणरणक] १ निःश्वास,
रणरणय } नीसास; 'अइउण्हा रणरणया दुप्पेच्छा दूसहा दुरासोया' (वज्जा ७८)। २ उद्वेग, पीड़ा, अधृति, 'गरुयविरहसंगमासाभंसगमुच्छत्तिमरणरणाइन्न' (सुर ४, २१०, पाअ)। ३ उत्कण्ठा, औत्सुक्य (दे १, १३६, गउड; रयि ४८; संवे २)।

रणरणाय देखो रणरण = रणरणाय्। वकृ. रणरणायंत (पउम ६४, ३६)।

रणिअ न [रणित] शब्द, आवाज (सुर १, २४८)।

रणिर वि [रणितृ] आवाज करनेवाला (सुपा ३२७; गउड)।

रण्ण न [अरण्य] जंगल, अटवी (हे १, ६६; प्राप्र; औप)।

रत्त पु [रक्त] १ लाल वर्ण, लाल रंग। २ कुसुंभ। ३ वृक्ष-विशेष, हिज्जल का पेड़ (हे २, १०)। ४ न. कुंकुम। ५ ताम्र, ताँबा। ६ सिंदूर। ७ हिंगुल। ८ खून, रुधिर। ९ राग (प्राप्र)। १० वि. रँगा हुआ (हेका २७२)। ११ लाल रँगवाला (पाअ)। १२ अनुराग-युक्त (ओघ ७५७; प्रासू १५५; १६०)। °कंबला स्त्री [°कम्बला] मेरु पर्वत के पण्डक वन में स्थित एक शिला, जिसपर जिनदेवों का अभिषेक किया जाता है (ठा २, ३—पत्र ८०)। °कूड न [°कूट] शिखर-विशेष (राज)। °कोरिंटय पुं [°कुरण्टक] वृक्ष-विशेष (पउम ५३, ७९)। °क्ख, °च्छ वि [°क्ष] १ लाल आँखवाला (राज; सुर २, ६)। स्त्री. °च्छी (ओघभा २२ टी)। २ पुं. महिष, भैंसा (दे ७, १३)। °ट्ठ पुं [°ार्थ] विद्याधर वंश का एक राजा (पउम ५, ४४)। °धाउ पुं [°धातु] कुण्डल पर्वत का एक शिखर (दीव)। °पड पुं [°पट] परिव्राजक, संन्यासी (णाया १, १५—पत्र १६३)। °प्पवाय पुं [°प्रपात] द्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७३)। °प्पह पुं [°प्रभ] कुण्डल-पर्वत का एक शिखर (दीव)। °रयण न [°रत्न] रत्न की एक जाति, पद्म-राग मणि (औप)। °वई स्त्री [°वती] एक नदी (सम २७; ४३; इक)। °वड देखो °पड (सुख ८, १३)। °सुभद्दा स्त्री [°सुभद्रा] श्रीकृष्ण की एक भगिनी (पण्ह १, ४—पत्र ८५)। °सोग, °सोय पुं [°शोक] लाल अशोक का पेड़ (णाया १, १, महा)।

°रत्त पुं [°रात्र] रात, निशा (जी ३४)।

रत्तग देखो रत्त = रक्त (महा)।

रत्तंदण न [रक्तचन्दन] लाल चन्दन (सुपा १८१)।

रत्तक्खर न [दे] सीधु, मद्य-विशेष (दे ७, ४)।

रत्तच्छ पुं [दे] १ हंस। २ व्याघ्र (७, १३)।

रत्तडि (अप) देखो रत्ति = रात्रि (पि ५९९)।

रत्तय न [दे. रक्तक] बन्धूक वृक्ष का फूल (दे ७, ३)।

रत्ता स्त्री [रक्ता] एक नदी (सम २७; ४३, इक)। °वइप्पवाय पुं [°वतीप्रपात] द्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७३)।

रत्ति स्त्री [दे] आज्ञा, हुकुम (दे ७, १)।

रत्ति स्त्री [रात्रि] रात, निशा (हे २, ७९; कुमा, प्रासू ९०)। °अंधय वि [°अन्धक] रात को नहीं देख सकनेवाला (गा ६६७, हेका २६)। °अर वि [°चर] १ रात में विहरनेवाला। २ पुं. राक्षस (षड्)। °दिवह न [°दिवस] रात-दिन, अहर्निश (पि ८८)। देखो राइ = रात्रि।

रत्तिचर देखो रत्ति = अर (धर्मवि ७२)।

रत्तिदिअह न [रात्रिदिवस] रात-दिन, अहर्निश, निरन्तर (अन्तु ७८)।

रत्तिंदिय } न [रात्रिन्दिव] ऊपर देखो
रत्तिंदिव } (पउम ८, १६४, ७५, ८५)।

रत्तिंध वि [रात्र्यन्ध] जो रात में न देख सकता हो वह (प्रासू १७५)।

रत्तीअ पुं [दे] नापित, हजाम (दे ७, २, पाअ)।

रत्तुप्पल न [रक्तोत्पाल] लाल कमल (पण्ह १, ४)।

रत्तोआ स्त्री [रक्तोदा] एक नदी (इक)।

रत्तोप्पल देखो रत्तुप्पल (नाट—मृच्छ १४५)।

रत्था देखो रच्छा (गा ४०; अंत १२; सुर १, ६६)।

रद्ध वि [रद्ध, राद्ध] राधा हुआ, पक्व (पिंड १६५; सुपा ६३६)।

रद्धि वि [दे] प्रधान, श्रेष्ठ (दे ७, २)।

रन्न वि रण्ण (सुपा ४०१, कुमा)।

रप्प सक [आ + क्रम्] आक्रमण करना। रप्पइ (प्राकृ ७३)।

रप्फ पुं [दे] वल्मीक, गुजराती में 'राफडो' (दे ७, १; पाअ)। २ रोग-विशेष, 'करि बंपु पायमूलिमु रप्फय' (सण)।

रप्फडिआ स्त्री [दे] गोधा, गोह (दे ७, ४)।

रब्बा वि [दे] राब, यवागू (श्रा १४; उर २, १२; धर्मवि ४२)।

रभस देखो रहस = रभस (गा ८७२, ८९४, ९३४)।

रम अक [रम्] १ क्रीडा करना। २ संभोग करना। रमइ, रमए, रमंते, रमिज्ज, रमेज्जा (कुमा)। भवि. रमिस्सदि, रमिहिइ (कुमा)। कर्म. रमिज्जइ (कुमा)। वकृ. रमंत, रममाण (गा ४४; कुमा)। संकृ. रमिअ, रमिउं, रमिऊण, रंतूण (हे २, १४६, ३, १३६; महा, पि ३१२), रमेप्पि, रम्मेप्पिणु, रमेवि (अप) (पि ५८८)। हेकृ. रमिउं (उप पृ ३८)। कृ. रमिअव्व (गा ४६१), देखो रमणिज्ज, रमणीअ, रम्म। प्रयो. रमावेंति (पि ५५२)।

रमण न [रमण] १ क्रीडा, क्रीडन। २ सुरत, संभोग, रति-क्रीड़ा (पव ३८; कुमा, उप पृ १८७)। ३ स्मर-कूपिका, योनि (कुमा)। ४ पुं. जघन, नितम्ब (पाअ)। ५ पति, वर, स्वामी (पउम ५१, १६, पिंग)। ६ छन्द-विशेष (पिंग)।

रमणिज्ज वि [रमणीय] १ सुन्दर, मनोहर, रम्य (प्राप्र, पाअ, अभि २००)। २ न. एक देव-विमान (सम १७)। ३ पु. नन्दीश्वर द्वीप के मध्य में उत्तर दिशा की ओर स्थित एक अञ्जन-गिरि (पव २६९ टी)। ४ एक विजय, प्रान्त-विशेष (ठा २, ३—पत्र ८०)।

रमणी स्त्री [रमणी] १ नारी, स्त्री (पाअ, उप पृ १८७; प्रासू १५५; १८०)। २ एक पुष्करिणी (इक)।

रमणीअ वि [रमणीय] रम्य, मनोरम (प्राप्र, स्वप्न ४०, गउड, सुपा २५५, भवि)।

रमा स्त्री [रमा] लक्ष्मी, श्री (कुम्मा ३)।

रमिअ देखो रम।

रमिअ वि [रत] १ क्रीडित, जिसने क्रीडा की हो वह (कुमा ४, ५०)। २ न. रमण, क्रीडा (णाया १, ९—पत्र १६५; कुमा, सुपा ३७६; प्रासू ६५)।

रमिअ वि [रमित] रमाया हुआ (कुमा ३, ८९)।

रमिर वि [रन्तृ] रमण करनेवाला (कुमा)।

रम्म वि [रम्य] १ मनोरम, रमणीय, सुन्दर (पाअ; से ९, ४७; सुर १, ६९; प्रासू ७१)। २ पुं. विजय-विशेष, एक प्रान्त (ठा २, ३—पत्र ८०)। ३ चम्पक का गाछ (से ९, ४७)। ४ न. एक देव-विमान (सम १७)।

रम्मग } पुं [रम्यक] १ एक विजय, प्रान्त-
रम्मय } विशेष (ठा २, ३—पत्र ८०)। २ एक युगलिक-क्षेत्र, जंबू-द्वीप का वर्ष-विशेष (सम १२; ठा २, ३—पत्र ६७; इक)। ३ न. एक देव-विमान (सम १७)। ४ पर्वत-विशेष का एक कूट (जं ४)।

रम्ह देखो रंफ। रम्हइ (प्राकृ ६५)।

रय सक [रज्] रँगना, 'नो धोएज्जा, नो रएज्जा, नो धोयरत्ताइं वत्थाइं धारेज्जा' (आचा)।

रय सक [रचय्] बनाना, निर्माण करना। रयइ, रएइ (हे ४, ९४, षड्; महा)। कवकृ. रइज्जंत (से ८, ८७)।

रय पुंन [रजस्] १ रेणु, धूल (औप; पाअ, कुप्र २१)। २ पराग, पुष्प-रज (से ३, ४८)। ३ सांख्य-दर्शन में उक्त प्रकृति का एक गुण (कुप्र २१)। ४ वध्यमान कर्म (कुमा ७, ५८, चेइय ६२२; उव)। °त्ताण न [°त्राण] जैन मुनि का एक उपकरण (ओघ ६६८, पण्ह २, ५—पत्र १४८)। °स्सला स्त्री [°स्वला] ऋतुमती स्त्री (दे १, १२५)। °हर पुंन [°हर] जैन मुनि का एक उपकरण (संबोध १५)। °हरण न [°हरण] वही अर्थ (णाया १, १; कम)।

रय वि [रत] १ अनुरक्त, आसक्त (औप, उव, सुर १, १२, सुपा ३०६; प्रासू १६६)। २ स्थित (से ९, ४२)। ३ न. रति-कर्म, मैथुन (सम १५; उव, गा १५५; स १८०; वज्जा १००; सुपा ४०३)।

रय पुं [रय] वेग (कुमा, मे २, ७; सण)।

रय देखो रव (पउम ११४, १७)।

रयग देखो रयय = रजत (श्रा १२; सुपा ५८८)।

रयण न [रजन] रँगना; रँग-युक्त करना (सूअ १, ६, १२)।

रयण वि [रचन] करनेवाला, निर्माता, 'चेडीसचितारयणु' (सण)।

रयण पुं [रदन] दांत, दशन (उप ६८६ टी; पाअ काप्र १७२, नाट शकु १३)।

रयण पुंन [रत्न] १ माणिक्य आदि बहुमूल्य पत्थर मणि, 'दुवे रयणा समुप्पन्ना' (निर १, १; उप ५६३; णाया १, १; सुपा १४७, जी ३, कुमा; हे २, १०१)। २ श्रेष्ठ, स्वजाति में उत्तम (सम २६, कुमा ३, ४७), 'तहवि हु चद-सरिच्छा विरला रयणायरे रयणा' (वज्जा १५६)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)। ४ द्वीप विशेष (णाया १, ९, पउम ५५, १७)। ५ पर्वत-विशेष का एक कूट (ठा ४, २, ८)। ६ पु. ब. रत्न-द्वीप का निवासी (पउम ५५, १७)। °उर न [°पुर] नगर विशेष (सण)। °चित्त पु [°चित्र] विद्याधर वंश का एक राजा (पउम ५, १५)। °दीव पु [°द्वीप] द्वीप-विशेष (णाया १, ९—पत्र १६५)। °निहि पु [°निधि] समुद्र, सागर (सुपा ७, १२९)। °पुढवी स्त्री [°पृथिवी] पहली नरक-भूमि, रत्नप्रभा नामक नरक-पृथिवी (स १३२)। °पुर देखो °उर (कुप्र ६ महा, सण)। °प्पभा, °प्पहा स्त्री [°प्रभा] १ पहली नरक भूमि (ठा ७—पत्र ३८८, औप, भग)। २ भीम नामक राक्षसेन्द्र की एक पटरानी (ठा ४, १—पत्र २०४)। ३ रत्न का तेज (स १३३)। °मय वि [°मय] रत्नों का बना हुआ (महा)। °माला स्त्री [°माला] छन्द विशेष (अजि २४)। °मालि पु [°मालिन्] विद्याधर वंश में उत्पन्न नमि-राज का एक पुत्र (पउम ५, १४)। °मुस वि [°मुष्] रत्नों को चुरानेवाला (पड्)। °रह पुं [°रथ] विद्याधर वंश का एक राजा (पउम ५, १४)। °रासि पु [°राशि] समुद्र (प्राह)। °वइ पु [°पति] रत्नों का मालिक, धनी, श्रीमंत (सुपा २९९)। °वई स्त्री [°वती] एक रानी (रयण ३)। °वज्ज पु [°वज्र] विद्याधर-वंशीय एक राजा (पउम ५, १४)। °वह वि [°वह] रत्न-धारक (गउड १०७१)। °सचय न [°संचय] १ रुचक पर्वत का कूट (इक)। २ एक नगर (इक, सुर ३, २०)। °सचया स्त्री [°संचया] १ मंगलावती नामक विजय की राजधानी (ठा २, ३—पत्र ८०)। २ ईशानेन्द्र की वसुन्धरा-नामक इन्द्राणी की एक राजधानी (इक)। °समया स्त्री [°समया] मंगलावती नामक विजय की एक राजधानी (इक)। °सार पु [°सार] १ एक राजा (राज)। २ एक शेठ का नाम (उप ७२८ टी)। °सिंह पु [°सिंह] एक जैन आचार्य, संवेगचूलिकाकुलक कर्त्ता (संवे १२)। °सिंह पु [°शिख] एक राजा (उप १०३१ टी)। °सेहर पु [°शेखर] १ एक राजा (रयण ३)। २ विक्रम की पन्द्रहवीं शताब्दी में विद्यमान एक जैन आचार्य और ग्रंथकार (सिरि १३४०)। °आर, °गर पुं [°कर] १ रत्न की खान (पड्)। २ समुद्र (पाअ, सुपा ३७, प्रासू ६७, णाया १, १७—पत्र २२८)। °भा स्त्री [°भा] देखो °प्पभा (उत्त ३६, १५७)। °मय देखो °मय (महा औप) °यरसुअ पु [°करसुत] १ चन्द्रमा। २ एक वणिक्-पुत्र (था १६)। °वलि, °वली स्त्री [°वलि, °वली] १ रत्नों का हार (सम्म २२)। २ तप-विशेष (अंत २५)। ३ ग्रन्थ विशेष (दे ८, ७७)। ४ एक विद्याधर राजकन्या (पउम ९, ५२)। °वह न [°वह] नगर विशेष (महा)। °सव पुं [°स्रव] रावण का पिता (पउम ७, ५९, ७१) °सवसुअ पु [°स्रवसुत] रावण (पउम ८, २२१)। °हिय वि [°धिक] ज्येष्ठ, अवस्था में बड़ा (राज)।

रयणप्पभिय वि [रत्नप्रभिक] रत्नप्रभा-संबन्धी (पव २, ६९)।

रयणा स्त्री [रचना] निर्माण, कृति (उत्त १५, १८, वेइय ८६६, सुपा ३०४, रंभा)।

रयणा स्त्री [रत्ना] रत्नप्रभा नामक नरक-भूमि (पव १७५)।

रयणि पुंस्त्री [रत्नि] एक हाथ की नाप, बद्ध-मुष्टि हाथ का परिमाण (कस; पव ५८ १७६)।

रयणि स्त्री [रजनि] देखो रयणी = रजनी (णाया १, २—पत्र ७९, कप्प)। °अर पुं [°चर] १ राक्षस (नि १०, ६६; पाअ)। °अर, °कर पुं [°कर] चन्द्रमा (हे १, ८ टि, कप्प)। °णाह, °नाह पुं [°नाथ] चन्द्रमा (पाअ, सुपा ३३)। °भत्त न [°भक्त] रात्रि में खाना (सुपा ४९५)। °रमण पु [°रमण] चन्द्रमा (सण)। °वल्लह पु [°वल्लभ] चन्द्रमा (रप्पू)। °विराम पु [°विराम] प्रातःकाल, सुबह (पाअ)।

रयणिंद पुं [रजनीन्द्र] चन्द्रमा (सण)।

रयणिद्धय न [दे] कुमुद, कमल (दे ७, ४, षड्)।

रयणी स्त्री [रत्नी] देखो रयणि = रत्नि (ठा १, सम १२, जीवस १७७, जी ३३, औप)।

रयणी स्त्री [रजनी] १ रात्रि, रात (पाअ, प्रासू १३६, कुमा)। २ ईशानेन्द्र के लोकपाल की एक पटरानी (ठा ४, १—पत्र २०४)। ३ चमरेन्द्र की एक अग्र महिषी (ठा ५, १—पत्र ३०२)। ४ मध्यम ग्राम की एक मूर्च्छना (ठा ७—पत्र ३९३)। ५ षड्ज ग्राम की एक मूर्च्छना, 'मंगी कोरव्वीया हरी य रयणी(? यणी) सारकंता य' (ठा ७—पत्र ३९३)। °भोअण न [°भोजन] रात में खाना (था २०)। °सार न [°सार] सुरत, मैथुन (से ३, ४८)। देखो रयणि = रजनि (हे १, ८)।

रयणी स्त्री [रजनी] औषधि विशेष—१ पिंडदारु। २ हरिद्रा, हलदी (उत्तनि ३)।

रयणुच्चय, रयणोच्चय पु [रत्नोच्चय] १ मेरु-पर्वत (सुज्ज ५ टी—पत्र ७७, इक)। २ कूट विशेष (इक)।

रयणोच्चया स्त्री [रत्नोच्चया] वसुगुप्ता नामक इन्द्राणी की एक राजधानी (इक)।

विंदावण पुन [वृन्दावन] मथुरा का एक वन (ती ७)।

विंदुरिल्ल वि [दे] १ उज्ज्वल, देदीप्यमान। २ मधुल घोषवाला कल-कंठ। ३ विद्राण, म्लान। ४ विस्तृत, 'घटाहिं विंदुरिल्लासुर-तरुणीविमाणाणुसार लहती (कप्पू)।

विंद्र देखो वद्र (प्राकृ ३६)।

विंद्रावण देखो विंदावण (प्राकृ ३६)।

विंध सक [व्यध्] बींधना, छेदना बेधना। विंधइ, विंधेज्जा (पि ४८९, भग)। वकृ. विंधंत (सुर २, ९३)। संकृ. विंधिअ (नाट—मृच्छ २१३)। हेकृ विंधिउं (स ६२)। कृ विंधेयव्व (सुपा २६९)।

विंधण न [व्यधन] छेदन, बेधना 'लक्ख-विंधण —(धर्मवि ५२)।

विंधिअ वि [विद्ध] जो बेधा गया हो वह, छिन्न (सम्मत्त १५८)।

विंभय देखो विम्हय = विस्मय (भवि)।

विंभर देखो विम्हर। विंभरइ (पि ३१३)।

विंभल वि [विह्वल] व्याकुल, घबड़ाया हुआ 'विसविंभल' (उप ५९७ टी, कुप्र ९०, ५९८, भवि ओघ ७३)।

विंभिअ वि [विस्मित] आश्चर्य चकित 'ओधुणइ दीवओ विंभ (?मि)ओ व्व पवणा-हओ सीस' (वज्जा ६६, भवि)।

विंभिअ देखो विअंभिअ 'सोहग्गविंभियासाए' (वज्जा ८६)।

विंसदि (शौ) स्त्री [विंशति] बीस, २० (प्रयौ २०)।

विकत्थ सक [वि + कत्थ्] प्रशंसा करना। विकत्थइज्जा (सूअ १, १४, २१)।

विकंप अक [वि + कम्प्] हिल जाना, चलित होना। वकृ. विकंपमाणो (सूअ १, १४, १४)।

विकंप सक [वि + कम्पय्] १ हिलाना, चलाना। २ त्याग करना, छोड़ना। ३ अपने मंडल से बाहर निकलना। ४ भीतर प्रवेश करना। विकंपइ (सुज्ज १, १)। संकृ विकंपइत्ता (सुज्ज १, ६)।

विकंप वि [विकम्प] कम्प, हिलन (पंचा १८, १५)।

विकच वि [विकच] विकसित प्रफुल्ल (दे ७, ८६)।

विकट्ट सक [वि + कृत्] काटना। वकृ विकट्टत (सथा ६)।

विकट्टिय वि [विकृत्त] काटा हुआ (तदु ४४)।

विकट्ठ देखो विअट्ठ (राज)।

विकड्ढ सक [वि + कृष्] खींचना। विकड्ढ (पण्ह १ १—पत्र १८)। वकृ विकड्ढमाण (उवा)।

विकत्त देखो विकट्ट। विकत्तति (सूम १ ५, २ २) विकत्ताहि (पण्ह १ १—पत्र १८)।

विकत्तु वि [विकर्तृ] विक्षेपक, विनाशक अप्पा कत्ता विकत्ता य दुक्खाण य सुहाण य (उत्त २०, ३७)।

विकत्थ देखो विकथ। विकत्थइ विकत्थसि (उव कुप्र १२५)। वकृ विकत्थत (सुपा ३१६)।

विकत्थण न [विकत्थन] १ प्रशंसा श्लाघा। २ वि प्रशंसा कर्ता (पुप्फ ३३०, धमवि ३६)।

विकत्थणा स्त्री [विकत्थना] प्रशंसा श्लाघा (पिंड १२८)।

विकप्प देखो विअप्प (कस पचभा)।

विकप्पण न [विकल्पन] छेदन काटना पओउ(?पउ)लण विकप्पणाणि य' (पण्ह १ १—पत्र १८)।

विकप्पणा देखो विअप्पणा (णाया १ १६—पत्र २१८)।

विकप्पिय देखो विगप्पिअ (राज)।

विकय देखो विगय = विकृत (पण्ह १, १—पत्र २३ १ ३—पत्र ४५)।

विकय देखो विकच (पिंग)।

विकर सक [वि + कृ] विकार पाना। कवकृ विकीरत (अच्चु ४७)।

विकरण न [विकरण] विक्षेपण विनाश कम्मरयविकरणकर' (णाया १ ८—पत्र १५२)।

विकराल देखो विगराल (दे राज)।

विकल देखो विअल = विकल, 'कला अविकला तुज्झ' (कुप्र ८ सिरि २२३ पंचा ९ ३९)। देखो विगल = विकल।

विकस देखो विअस। विकसइ (पड्)।

विकसिय देखो विअसिअ (कप्प)।

विकहा देखो विगहा (सम ४९)।

विकारिण वि [विकारिन्] विकार-युक्त बालो अविकारिणो अमुद्धीओ' (पउम २६ ९०)।

विकासर देखो विआसर (हे १ ४३)।

विकिइ देखो विगइ = विकृति (विसे २९६८)।

विकिंचण देखो विगिंचण (ओघभा २०९ टी)।

विगिंचणया देखो विगिंचणया (ओघभा २०९ टी ठा ८ टी—पत्र ४४१)।

विकिट्ठ वि [विकृष्ट] १ उत्कृष्ट विकिट्ठत वसोसियंगो (महा)। २ न लगातार चार दिनों का उपवास (सबोध ५८)। देखो विगिट्ठ।

विकिण सक [वि + क्री] बेचना। विकिणइ (हे ४, ५२)।

विकिणण न [विक्रयण] विक्रय, बेचना (कुमा)।

विकिण्ण वि [विकीर्ण] १ व्याप्त भरा हुआ (भग)। २—देखो विइण्ण, विकिन्न = विकीण (दे)।

विकिदि देखो विगइ = विकृति (प्राकृ १२)।

विकिन्न वि [विकीर्ण] १ आकृष्ट (पण्ह १, १—पत्र १८)। २ देखो विइण्ण = विकीण (पण्ह १, ३—पत्र ४५)।

विकिय देखो विगिय (ओघभा २८६ टी)।

विकिर अक [वि + कृ] १ बिखरना। २ सक फेंकना। ३ हिलाना। कवकृ विइज्जत, विकिरिज्जमाण (गउड ३३४ राज)।

विकिरण देखो विकरण (तदु ४१)।

विकिरिया स्त्री [विक्रिया] १ विविध क्रिया। २ विशिष्ट क्रिया (राजा)। देखो विक्किरिया।

विकीण देखो विकिण। विकीणइ विकीणए (पड)।

विकीरत देखो विकर।

विकुच्छिअ वि [विकुत्सित] खराब दुष्ट (भवि)।

विकुज्ज सक [विकुब्जय्] कुब्ज करना दबाना। सक्र विकुज्जिय (आचा २ ३ २, ६)।

विकुप्प अक [वि + कुप्] कोप करना। विकुप्पए (गा ९६७)।

विकुव्व देखो विउव्व = वि + कृ कुर्व्। विकुव्वति (पि ५०८)। भूका विकुव्विसु (पि ५१६)। भवि विकुव्विसति (पि ५३३)। वकृ विकुव्वमाण (ठा ३ १—पत्र १२०)।

विकुस पुं [विकुश] बल्वज आदि तृण (औप णाया १, १ टी—पत्र ६)।

विकूड सक [वि + कूटय] प्रतिघात करना। विकूडे (विसे ९३३)।

विकूण सक [वि + कूणय] घृणा से मुंह मोड़ना। विकूणेइ (विवे १०६)।

विकोअ पु [विकोच] विस्तार, फैलाव (धमस ३६५ भग ५ ७ टी—पत्र २३६)।

विकोव देखो विगोव जो पवयण विकोवइ सो नमो दीहसंसारी' (चेइय ८३०)।

विकोवण न [विकोपन] विकास प्रसार फैलाव 'सीसमइविकोवणट्ठाए (पिंड ६७)।

विकोवणया स्त्री [विकोपना] विपाक, 'इ दिग्गत्थविकोवणयाए (ठा ९—पत्र ४४६)।

विकोविय वि [विकोविद] कुशल निपुण (पिंड ४३१)।

विकोस वि [विकोश] कोश रहित (तंदु २०)।

विकोस, विकोसाय } अक [विकोशय्] १ कोश रहित होना विकसना। २ फैलना। विकोसइ (हे ४ ४२)। वकृ विकोसायत (पण्ह १, ४—पत्र ७८)।

विकोसिअ वि [विकोशित] १ विकसित (कुमा) २ कोश रहित नगा (णाया १ ८—पत्र १३३)।

विक्क सक [वि + क्री] बेचना। वकृ विक्कत (पउम २६ ९)। कवकृ विक्कायमाण (दस ५, १ ७२)।

विक्कअ पु [विक्रय] बेचना (प्रभि १८४ गउड स ४६)।

विक्कअ देखो विक्कय (पड)।

विक्कइ वि [विक्रयिन्] बेचनेवाला (दे २, ९८)।

विक्कंत देखो विक्क।

विक्कंत वि [विक्रान्त] १ पराक्रमी, शूर (णाया १, १—पत्र २१; विसे १०५९; प्रासू १०७, कप्प)। २ पुं. पहली नरक-भूमि का बारहवाँ नरकेन्द्रक—नरक-स्थान विशेष (देवेन्द्र ५)।

विक्कंति स्त्री [विक्रान्ति] विक्रम, पराक्रम (णाया १, १६—पत्र २११)।

विक्कंभ देखो विक्खंभ = विष्कम्भ (देवेन्द्र ३०९)।

विक्कणग न [विक्रयण] विक्रय, बेचना (सुपा ६०९, सट्ठि ९ टी)।

विक्कम अक [वि + क्रम्] पराक्रम करना, शूरता दिखलाना। भवि. विक्कमिस्सदि (शौ) (पार्थ ६)।

विक्कम पुं [विक्रम] १ शौर्य, पराक्रम (कुमा)। २ सामर्थ्य (गउड)। ३ एक राजा का नाम (सुपा ५६९)। ४ राजा विक्रमादित्य (रमा ७)। °जस पुं [°यशस्] एक राजा (महा)। °पुर न [°पुर] एक नगर का नाम (ती २१)। °राय पुं [°राज] एक राजा (महा)। °सेण पुं [°सेन] एक राज-कुमार (सुपा ५९२)। °इच्च, °इत्त पुं [°ादित्य] एक सुप्रसिद्ध राजा (गा ४६४ अ, सम्मत्त १४६, सुपा ५९२, गा ४६४)।

विक्कमण पुं [दे] चतुर चालवाला घोड़ा (दे ७, ६७)।

विक्कमि वि [विक्रमिन्] पराक्रमी, शूर (कुमा)।

विक्कव वि [विक्लव] व्याकुल, बेचैन (पव १६९; प्राप्र, संबोध २१)।

विक्कायमाण देखो विक्क।

विक्कि देखो विक्कइ; 'ते नाणविक्किणो पुण मिच्छत्तपरा, न ते मुणिणो' (संबोध १६)।

विक्किअ वि [दे] संस्कृत, सुधारा हुआ (दस ७, ४३)।

विक्किंत वि [विकृत्त] छिन्न, काटा हुआ (पण्ह १, ३—पत्र ५४)।

विक्किट्ठ देखो विमिट्ठ (संबोध ५८)।

विक्किण सक [वि + क्री] बेचना। विक्किणइ (प्राप्र)। कर्म. विक्किणीअंति (पि ५४८)। वकृ. विक्किणंत, विक्किणिंत (पि ३९७; सुपा २७६)। संकृ. विक्किणिअ (नाट—मृच्छ ६५)।

विक्किणिअ } वि [विक्रीत] बेचा हुआ (सुपा
विक्किय } ६४२; भवि)।

विक्किय देखो विउव्व = वैक्रिय, 'कयविकियव्वो सुरो व्व लक्खियसि' (सुपा १८७), 'कयविक्किय-काओ देवुव्व' (सम्मत्त १०४)।

विक्किर सक [वि + कृ] बिखेरना, छितराना, फैलाना। कवकृ. विक्किरिज्जमाण (राय १४)।

विक्किरिया स्त्री [विक्रिया] विकृति, विकार, 'तीए नयणाइएहिं विक्किरियं कुणइ' (सुपा ५१४)। देखो विक्रिरिया।

विक्कीय देखो विक्किय = विक्रीत (सुर ९, १९५; सुपा ३८५)।

विक्के सक [वि + क्री] बेचना। विक्केइ, विक्केअइ (हे ४, ५२, प्राप्र, धात्वा १५२)। कृ. विक्केज्ज (दे ६, ४०; ७, ६९)।

विक्केणुअ वि [दे] विक्रेय, बेचने योग्य (दे ७, ६९)।

विक्कोण पुं [विक्रोण] विकूणन, घृणा से मुँह सिकुड़ना (दे ३, २८)।

विक्कोस सक [वि + क्रुश्] चिल्लाना। विक्कोसइ (मा) (मृच्छ २७)।

विक्खंभ पुं [दे] १ स्थान, जगह (दे ७, ८८)। २ अंतराल, बीच का भाग (दे ७, ८८, से ९, ५७)। ३ विवर, छिद्र (से ३, १४)।

विक्खंभ पुं [विष्कम्भ] १ विस्तार (पण्ण १—पत्र ५२, ठा ४, २—पत्र २२६; दे ७, ८८, पाअ)। २ चौड़ाई 'जंबुद्दीवे दीवे एग जोयणसहस्सं आयामविक्खंभेण पण्णत्ते' (सम २)। ३ बाहुल्य, स्थूलता, मोटाई (सुज्ज १, १—पत्र ७)। ४ प्रतिबन्ध, निरोध (सम्यकत्वो ८)। ५ नाटक का एक अंग (कप्पू)। ६ द्वार के दोनों तरफ के बीच का अन्तर (ठा ४, २—पत्र २२५)।

विक्खंभिअ वि [विष्कम्भित] निरुद्ध, रोका हुआ (सम्यकत्वो ८)।

विक्खण न [दे] कार्य, काम, काज (दे ७, ६४)।

विक्खय वि [विक्षत] व्रण-युक्त, कृत व्रण (भग ७, ६—पत्र ३०७)।

विक्खर सक [वि + कृ] १ छितरना, तितर-बितर करना। २ फैलाना। ३ इधर उधर फेंकना। विक्खरइ (कप्पू), विक्खरेज्जा (उवा २०० टि)। कवकृ. विक्खरिज्जमाण (राज)।

विक्खवण न [विक्षपण] १ विनाश। २ वि. विनाशक, 'वज्जं असंखपडिवक्खविक्खवणं' (सुपा ४७)।

विक्खाइ स्त्री [विख्याति] प्रसिद्धि (भवि)।

विक्खाय वि [विख्यात] प्रसिद्ध, विश्रुत (पाअ, सुर १, ४६; रंभा, महा)।

विक्खास वि [दे] विरूप, खराब, कुत्सित (दे ७, ६३)।

विक्खिण्ण वि [दे] १ आयत, लम्बा। २ अवतीर्ण। ३ न. जघन (दे ७, ८८)।

विक्खिण्ण देखो विकिण्ण (कस)।

विक्खित्त वि [विक्षिप्त] १ फेंका हुआ (पाअ, कस, गउड)। २ भ्रान्त, पागल; 'पमुत्तविक्खित्तजणे परियणे' (उप ७२८ टी; दे १, १३३; महा)।

विक्खिर देखो विक्खर। विक्खिरेज्जा (उवा)।

विक्खिरिअ वि [विकीर्ण] बिखरा हुआ, छितरा हुआ, फैला हुआ (सुर ५, २०६; सुपा २४९; गउड)।

विक्खिव सक [वि + क्षिप्] १ दूर करना। २ प्रेरना। ३ फेंकना। विक्खिवइ (महा)।

विक्खिवण न [विक्षेपण] १ दूरीकरण। २ प्रेरणा (पव ६४)।

विक्खेव पुं [विक्षेप] १ क्षोभ, 'छोहो विक्खेवो' (पाअ)। २ उचाट, ग्लानि, खेद (से ५, ३)। ३ ऊँचा फेंकना, ऊर्ध्व-क्षेपण (ओघभा १६३)। ४ फेंकना, क्षेपण (गा ५८२)। ५ शृंगार-विशेष, अवज्ञा से किया हुआ मण्डन (पण्ह २, ४—पत्र १३२)। ६ चित्त-भ्रम (स २८२)। ७ विलंब, देरी (स ७३५)। ८ सैन्य, लश्कर (स २४; ५७३)।

विक्खेवणी स्त्री [विक्षेपणी] कथा का एक भेद (ठा ४, २—पत्र २१०)।

विक्खेविया स्त्री [विक्षेपिका] व्यालेप, विक्षेप (वव ६)।

विक्खोड सक [दे] निन्दा करना, गुजराती मे 'वखोडवु'। विक्खोडेइ (सिरि ८२५)।

विखडिय वि [विखण्डित] खण्डित किया हुआ (पउम २२, ६२)।

विग देखो विअ = वृक (पण्ह १, १—पत्र ७, सण, णाया १, १—पत्र ६५)।

विगइ स्त्री [विकृति] १ विकार-जनक घृत आदि वस्तु (णाया १, ८—पत्र १२२, उव, स ७२; श्रा २०)। २ विकार (उत्त ३२, १०१)।

विगइ स्त्री [विगति] विनाश (विसे २१४६)।

विगइगाल वि [विगताङ्गार] राग-रहित (ओघ ५७६)।

विगइच्छ वि [विगतेच्छ] इच्छा-रहित, नि स्पृह (उप १३० टी, ६१३)।

विगंच देखो विगिंच। संकृ. विगंचिउं, विगंचिऊण (वव २, सबोध ५७)।

विगंचण देखो विगिंचण, 'काए कंडूयणं वज्जे तहा खेलविगंचणं' (संबोध ३)।

विगचिअ देखो विइचिअ (स १३५ टि)।

विगच्छ अक [वि + गम्] नष्ट होना। वकृ. विगच्छंत (सम्म १३४)।

विगज्झ देखो विगह = वि + ग्रह्।

विगड देखो विअग = विकट (पण्ह १, ४—पत्र ७८, औप)।

विगड देखो विअड = विवृत (ठा ३, १ टी—पत्र १२२)।

विगण सक [वि + गणय्] १ निन्दा करना। २ घृणा करना। कवकृ विगणिज्जत (तंदु १४)।

विगत्त सक [वि + कृत्] काटना, छेदना। संकृ. विगत्तिऊणं (सूअ १, ५, २, ८)।

विगत्त वि [विकृत्त] काटा हुआ, छिन्न (पण्ह १, १—पत्र १८)।

विगत्तग वि [विकर्तक] काटनेवाला (सूअ २, २, ६२)।

विगत्तणा स्त्री [विकर्तना] छेदन (उव)।

विगत्थय वि [विकत्थक] प्रशंसा करनेवाला, आत्मश्लाघा करनेवाला (भवि)।

विगप्प देखो विअप्प = वि + कल्पय्। वकृ. विगप्पयंत, विगप्पमाण (सुर ६, २२४, ३, १२४)।

विगप्प पुं [विकल्प] १ एक पक्ष मे प्राप्ति, 'चसद्दो विगप्पेणं' (पंच ३, ४४)। २ देखो विअप्प = विकल्प (णाया १, १६—पत्र २१८, सुर ३, १०२; ४, २२२, सुपा १२९, जी २५)।

विगप्पण देखो विअप्पण (उत्तर २३, ३२, महा)।

विगप्पिअ वि [विकल्पित] १ उत्प्रेक्षित, कल्पित (पव २, उव)। २ चिन्तित, विचारित (पव १४५)। ३ काटा हुआ, छिन्न, 'हत्थपायपडिच्छिन्नं कन्ननासविगप्पिअं' (दस ८,५६)।

विगम पुं [विगम] विनाश (सुर ७, २२९, १२, १९)।

विगय वि [विकृत] विकार-प्राप्त (णाया १, २—पत्र ७९, १, ८—पत्र १३३)।

विगय वि [विगत] १ नाश-प्राप्त, विनष्ट (सम्म १३४, विसे ३३७७, पिंड ६१०)। २ पु. एक नरक-स्थान (देवेन्द्र २९)। °धूम वि [°धूम] द्वेष-रहित (ओघ ५७६)। °सोग पु [°शोक] एक महा-ग्रह, ज्योतिष्क देव-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७८), देखो चीअ-सोग। °सोगा स्त्री [°शोका] विजय-विशेष की एक नगरी (ठा २, ३—पत्र ८०)।

विगरण न [विकरण] परिस्थापन, परित्याग (कस)।

विगरह सक [वि + गर्ह्] निन्दा करना। वकृ विगरहमाण (सूअ २, ६, १२)।

विगराल वि [विकराल] भीषण, भयंकर (सुपा १८२, ५०५, सण)।

विगल सक [वि + गल्] टपकना, चूना। विगलइ (षड्)।

विगल पु [विकल] १ विकलेन्द्रिय—दो, तीन या चार ज्ञानेन्द्रियवाला जन्तु (कम्म ३, ११, ४, ३, १५, १९, जी ४१)। २ देखो विअल = विकल (उव, उप पृ १८१, पचा १४, ४७)। °दिस पु [°देश] नय वाक्य (अज्झ ६२)।

विगलिंदिय पु [विकलेन्द्रिय] दो, तीन या चार इन्द्रियवाला जन्तु (ठा २, २, ३, १—पत्र १२१)।

विगस अक [वि + कस्] खिलना, फूलना। विगसंति (तंदु ५३)। वकृ. विगसंत (णाया १, १—पत्र १९)।

विगह सक [वि + ग्रह्] १ लड़ाई करना। २ वर्ग मूल निकालना। ३ समास आदि का समानार्थक वाक्य बनाना। संकृ. 'मूओ मूओ विगज्झ मूलतिग' (पंचा २, १८)।

विगह देखो विग्गह; 'हासदवविवज्जिए विगहमुक्के' (गच्छ २, ३३)।

विगहा स्त्री [विकथा] शास्त्र-विरुद्ध वार्ता, स्त्री आदि की अनुपयोगी बात (भग, उव, सुर १४, ८८, सुपा २५२, गच्छ १, ११)।

विगाढ वि [विगाढ] १ विशेष गाढ, अतिशय निबिड (उत्त १०, ४ टी)। २ चारो ओर से व्याप्त (राज)।

विगाण न [विगान] १ वचनीय, लोकापवाद (दे ३, ३)। २ विप्रतिपत्ति, विरोध (धर्मसं २९६, चेइय ७५६)।

विगार पु [विकार] विकृति, प्रकृति का अन्यथा परिणाम (उप ९८६ टी, विसे १९८८)।

विगारि वि [विकारिन्] विकृत होनेवाला (पिंड २८०, पउम १०१, ४८)।

विगाल देखो विआल = विकाल (सुर १, ११७)।

विगालिय वि [विगालित] विलम्बित, प्रतीक्षित, 'एत्तियमेत्त काल विमा (?गा)लिय जेण आसाए' (सुर ६, २३)।

विगाह सक [वि + गाह्] १ अवगाहन करना। २ प्रवेश करना। संकृ. विगाहिआ (सम ५०)।

विगिंच सक [वि + विच्] १ पृथक् करना, अलग करना। २ परित्याग करना। ३ विनाश करना। विगिंचइ, विगिंचए, विगिंचति (आचा, कस, श्रावक २९२ टी, सूअ १, १, ४, १२, पिंड ३९९), विगिंच (सूअ १, १३, २१, उत्त ३, १३, पिंड ३९५)। वकृ. विगिंचत, विगिंचमाण (श्रावक २९२ टी, आचा)। संकृ. विगिंचिऊण, विगिंचित्ता (पिंड ३०५, आचा)।

हेकृ. विगिंचिउं (पिंड ३९८)। कृ. विगिंचियव्व (पि ५७०)।

विगिंचण न [विवेचन] परिस्थापन, परित्याग (पिंड ४८३, कस)।

विगिंचणया, विगिंचणा, विगिंचणिआ } स्त्री [विवेचना] १ निर्जरा, विनाश (ठा ८—पत्र ४४१)। २ परित्याग (ओघभा २०९; स ५१, ओघ ६०६, ८७)।

विगिच्छा स्त्री [विचिकित्सा] संदेह, संशय, वहम (आ ३, पडि)।

विगिट्ठ देखो विकिट्ठ, 'अन्ने तव विगिट्ठं काउ थोवावसेससंसारा' (पउम २, ८३, ४, २७, गच्छ २, २५, उत्त २६, २५३)। °खमग पु [°क्षपक] तपस्वी साधु (राज)। °भत्तिय वि [°भक्तिक] लगातार चार या उससे अधिक दिनों का उपवास करनेवाला (कप्प)।

विगिय देखो विगय = विकृत (ओघभा २८६)।

विगिला, विगिलाअ } अक [वि + ग्लै] विशेष ग्लान होना, खिन्न होना। विगिलाइ, विगिलाएज्जा (पि १३६, आचा २, २, ३, २८)।

विगुण वि [विगुण] १ गुण रहित (सिरि १२३३, आसू ७१)। २ अननुगुण, प्रतिकूल (पचा ६, ३२)।

विगुत्त वि [विगुप्त] १ तिरस्कृत, अवधीरित (आ १२)। २ जो खुला पड गया हो वह, जिसकी पोल खुल गई हो वह, जिसकी फजीहत हुई हो वह, 'सदुक्खविगुत्तो' (आ १४, धर्मवि ७७)।

विगुप्प° देखो विगोव।

विगुव्वणा देखो विउव्वणा (ठा १—पत्र १९)।

विगुव्विय देखो विउव्विअ (पउम ३९, ३२)।

विगोइय वि [विगोपित] जिसका दोष प्रकट किया गया हो वह (सण)।

विगोव सक [वि + गोपय्] १ प्रकाशित करना। २ तिरस्कार करना। ३ फजीहत करना। भवि. 'न खु न खु चउवेयपुत्तगो भोदुं मुद्दविख पवज्जिय अप्पाण विगोविस्सं' (मोह १०)। कर्म. विगुप्पमु (धर्मवि १३४), विगुप्पहि (अप) (भवि)। संकृ. विगोवित्ता, विगोवइत्ता (कप्प, णाया १, १९—पत्र २४४)।

विगोवण न [विकोपन] विकास, 'तहवि य दसिज्जतो सीसमइविगोवणमदुट्ठा' (श्रावक २२८)।

विग्गह पुं [विग्रह] १ वक्रता बाँक (ठा २, ४—पत्र ८६)। २ शरीर, देह (पाअ, स ७२६, सुपा १९)। ३ युद्ध, लडाई (स ६३४)। ४ समास आदि के समान अर्थवाला वाक्य (विसे १००२)। ५ विभाग (ठा १०)। ६ आकृति, आकार, 'वरवइरविग्गहए' (भग २, ८)। °गइ स्त्री [°गति] बाँकवाली गति, वक्र गति (ठा २, १—पत्र ५५, भग)।

विग्गहिय वि [वैग्रहिक] शरीर के अनुरूप, 'विग्गहिय उन्नयकुच्छी' (पण्ह १, ४—पत्र ७८)।

विग्गहीअ वि [विग्रहिक] युद्ध-प्रिय, 'जे विग्गहीए अनायमासी' (सूअ १, १३, ६)।

विग्गाहा (अप) स्त्री [विगाथा] छन्द विशेष (पिंग)।

विग्गुत्त वि [दे] व्याकुल किया हुआ (भवि)।

विग्गुत्त देखो विगुत्त (धर्मवि ५८, ६८)।

विग्गोव देखो विगोव। संकृ. विग्गोवित्ता (कप्प, औप)।

विग्गोव पु [दे] आकुलता, व्याकुलता (दे ७, ६४, भवि, वज्जा २३)।

विग्गोवणया स्त्री [विगोपना] १ तिरस्कार। २ फजीहत (उव)।

विग्घ पुंन [विघ्न] १ अन्तराय, व्याघात, प्रतिबन्ध (सुपा ३९५, कुमा, प्रासू ५४, १३५; कप्प, कम्म १, ६१, पड्)। २ कर्म-विशेष, आत्मा के वीर्य, दान आदि शक्तियों का घातक कर्म (कम्म १, ५२, ५३)। °कर वि [°कर] प्रतिबन्ध-कर्त्ता (कम्म १, ६१)। °ह वि [°घ] विघ्न-नाशक (श्रु ७५)। °वह वि [°वह] विघ्नवाला (सुर १, ४३)।

विग्घर वि [विगृह] गृह रहित, 'तह उग्घर-विग्घरनिरगणोवि न य इच्छियं लहइ' (णाया १, १० टी—पत्र १७१)।

विग्घिय वि [विघ्नित] विघ्न-युक्त (हम्मीर १४)।

विग्घुट्ठ वि [विघुष्ट] चिल्लाया हुआ (विपा १, २—पत्र २९)। देखो विघुट्ठ।

विघट्ट सक [वि + घट्टय्] १ वियुक्त करना। २ विनाश करना। विघट्टेइ (उव)।

विघट्टण न [विघट्टन] विनाश (नाट)।

विघडग देखो विहडण (राज)।

विघत्थ वि [विघस्त, विग्रस्त] १ विशेष रूप से भक्षित। २ व्याप्त, 'वाहिविघत्थस्स मत्तस्स' (महा, प्राप्र)।

विघर देखो विग्घर (उव)।

विघाय पु [विघात] विनाश (कुमा)।

विघायग वि [विघातक] विनाश-कर्त्ता (धर्मसं ५२९)।

विघुट्ठ न [विघुष्ट] विरूप आवाज करना (पण्ह १, ३—पत्र ४५)। देखो विग्घुट्ठ।

विघुम्म अक [वि + घूर्णय्] डोलना। वकृ विघुम्ममाण (सुर ३, १०९)।

विचक्खु वि [विचक्षुष्क] चक्षु रहित, अन्धा (उप ७२८ टी)।

विचच्चिया स्त्री [विचर्चिका] रोग-विशेष, पामा (राज)।

विचलिर वि [विचलितृ] चलायमान होनेवाला (सण)।

विचल्लिय वि [विचलित] चंचल बना हुआ (भवि)।

विचार देखो विआर = वि + चारय्। विचारेंति (मृच्छ १०४)।

विचारग वि [विचारक] विचार-कर्त्ता (रंभा)।

विचारण देखो विआरण = विचारण (कुप्र ३९७)।

विचारणा देखो विआरणा = विचारणा (धर्मसं ३०६)।

विचाल न [विचाल] अन्तराल (दे ७, ८८)।

विचिअ वि [विचित] चुना हुआ (दे ७, ९१)।

विचित सक [वि + चिन्तय्] विचार करना। विचिंतेइ (महा)। वकृ. विचिंतेंत (सुर १२, १६६)। कृ. विचिंतियव्व, विचिंतिज्ज (पंचा ९, ४६, द्रव्य ५०)।

विचिंतण न [विचिन्तन] विचार, विमर्श (श्रु ६)।

विचिंतिअ वि [विचिन्तित] विचारित (सुर ८, ३)।

विचिंतिर वि [विचिन्तयितृ] विचार-कर्ता (श्रा १२, सण)।

विचिक्की स्त्री [दे] वाद्य-विशेष (राय ४६)।

विचिगिच्छा स्त्री [विचिकित्सा] संशय, धर्म-कार्य के फल की तरफ संदेह (सम्मत्त ६५)।

विचिट्ठिअ वि [विचेष्टित] १ जिसकी कोशिश की गई हो वह (सुपा ४७०)। २ न. चेष्टा, प्रयत्न (उप ३२० टी)।

विचिण } सक [वि + चि] १ खोज
विचिण्ण } करना। २ फूल आदि चुनना। विचिणति (पि ५०२)। वकृ. विचिण्णंत (मा ४६)।

विचित्त वि [विचित्र] १ विविध, अनेक तरह का, 'विचित्ततवो कम्मेहिं' (महा, राय, प्रासू ४२)। २ अद्भुत, आश्चर्यकारक, 'विहिणो विचित्तयं जाणिऊणं' (सुर १३, ४)। ३ अनेक रंगवाला, शबल (णाया १, ६; कप्प)। ४ अनेक चित्रों से युक्त (कप्प, सुज्ज २०)। ५ पुं. पर्वत विशेष (पण्ह १, ५—पत्र ६४)। ६ वेणुदेव और वेणुदारि नामक इन्द्रों का एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १६७)। °कूड पुं [°कूट] शीतोदा नदी के किनारे पर स्थित पर्वत विशेष (इक)। °पक्ख पु [°पक्ष] १ वेणुदेव और वेणुदारि नामक इन्द्रों का एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १६७, इक)। २ चतुरिन्द्रिय जंतु की एक जाति (पण्ण १—पत्र ४६)।

विचित्ता स्त्री [विचित्रा] ऊर्ध्व लोक में रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ७—पत्र ४३७)। २ अधोलोक में रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (राज)।

विचित्तिय वि [विचित्रित] विचित्रता से युक्त (सण)।

विचुगिद (शौ) देखो विचिअ (नाट—मालती १४१)।

विचुन्नण न [विचूर्णन] चूर-चूर करना, टुकड़ा-टुकड़ा करना (द्र ३०)।

विचेयण वि [विचेतन] चैतन्य-रहित, निर्जीव (उप पृ ४६)।

विचेल वि [विचेल] वस्त्र-वर्जित, नंगा (पिंड ४७८)।

विच्च सक [वि + अय्] व्यय करना। विच्चेइ (ती ८)। देखो विव्व।

विच्च पुंन [दे] व्यूत, बुनने की क्रिया (राय ६२)।

विच्च न [दे. वर्त्मन्] १ बीच, मध्य; 'विच्चम्मि य सज्झाओ कायव्वो परमपयहेऊ' (पुप्फ ४२७), 'ठिओ अहं कूडकवाडविच्चे' (निसा १६)। २ मार्ग, रास्ता (हे ४, ४२१; कुमा, भवि)।

विच्च सक [दे] समीप में आना। विच्चइ (भवि)।

विच्चवण न [विच्यवन] भ्रंश, विनाश (विसे २६१)।

विच्चामेलिय वि [उगत्याम्रेडित] १ भिन्न भिन्न अंशों से मिश्रित। २ अस्थान में ही छिन्न हो कर फिर ग्रथित, तोड़ कर सांधा हुआ (विसे ८५५)।

विच्चाय पुं [वित्याग] परित्याग, 'पूयम्मि वीयरायं भावो विप्फुरइ विसयविच्चाया' (संबोध ८)।

विच्चि स्त्री [वीचि] तरंग, कल्लोल (पउम १०६, ४१)।

विच्चु } देखो विंचुअ (उप ५६३; पि
विच्चुअ } ५०; पण्ण १—पत्र ४६)।

विच्चुइ स्त्री [विच्युति] भ्रंश, विनाश (विसे १८०)।

विच्चोअय न [दे] उपधान, ओसीसा (दे ७, ६८)।

विच्छ° देखो विअ = विद्।

विच्छड्ड सक [वि + छर्दय्] परित्याग करना। वकृ. विच्छड्डेमाण (णाया १, १८—पत्र २३६)। संकृ. विच्छड्डइत्ता (कप्प)।

विच्छड्ड पुं [विच्छर्द] १ ऋद्धि, वैभव, संपत्ति (पाम, दे ७, ३२ टी, हे २, ३६, षड्)। २ विस्तार (कुमा, सुपा १६२)।

विच्छड्ड पुं [दे] १ निवह, समूह (दे ७, ३२, गउड, से २, २; ६, ७२, गा ३८७)। २ ठाटबाट, सजधज, धूमधाम; 'महया विच्छड्डेणं सोहणलग्गम्मि गुरुपमोएणं। कमलावई उ रन्ना परिणीया' (सुर १, १६६; कुप्र ४१; सम्मत्त १६३; धर्मवि ८२)।

विच्छड्डि स्त्री [विच्छर्दि] १ विशेष वमन। २ परित्याग (प्राप्र)। ३ विस्तार; 'निम्मलो केवलालोअलच्छिविच्छि(?च्छ)ड्डिकारओ' (सिरि १०६१)।

विच्छड्डिअ वि [विच्छर्दित] १ परित्यक्त; 'पामुक्कं विच्छड्डिअं अवहत्थिअं उज्झिअं चत्त' (पाअ, णाया १, १; ठा ८; औप)। २ विक्षिप्त, फेंका हुआ (से १०, ४६)। ४ विच्छादित, आच्छादित (हम्मीर १७)।

विच्छड्डेमाण देखो विच्छड्ड = वि + छर्दय्।

विच्छड्डिअ देखो विच्छड्डिअ (नाट—मालती १२६)।

विच्छय वि [विक्षत] विविध तरह से पीड़ित (सूअ १, २, ३, ५)। देखो विक्खय।

विच्छल देखो विब्भल (षड् ४०)।

विच्छवि वि [विच्छवि] १ विरूप आकृति-वाला, कुडौल (पण्ह १, ३—पत्र ५४)। २ पुं. एक नरक-स्थान (देवेन्द्र २८)।

विच्छाइय वि [विच्छायित] निस्तेज किया हुआ (सुपा १६६)।

विच्छाय वि [विच्छाय] निस्तेज, कान्ति-रहित, फीका (सुर ४, १०६; कप्पू, प्रासू १३७; महा, गउड)।

विच्छाय सक [विच्छायय्] निस्तेज करना, विच्छाएइ मियंकं तुसारवरिसो अणुगुणोवि' (गउड)। वकृ. विच्छाअंत (कप्पू)।

विच्छिअ वि [दे] १ पाटित, विदारित। २ विचित, चुना हुआ। ३ विरल (दे ७, ६१)।

विच्छिअ देखो विंछिअ (उत्त ३६, १४८; पि ५०, ११८, ३०१)।

विच्छिंद सक [वि + छिद्] तोड़ना, अलग करना। विच्छिंदइ (पि ५०६)। भवि. विच्छिंदिहिति (पि ५३२)। वकृ. विच्छिंदमाण (भग ८, ३—पत्र ३६५)।

विच्छिण्ण वि [विच्छिन्न] अलग किया हुआ (विपा १, २ टि—पत्र २८, नाट—मुच्छ ८६)।

विच्छित्ति स्त्री [विच्छित्ति] १ विन्यास, रचना (पाअ, स ६१५; सुपा ५४; ८३; २६०; गउड)। २ प्रान्त भाग (सुर ३, ७०)। ३ अंगराग (गा ७८०)।

विच्छिन्न देखो विच्छिण्ण (विपा १, २ टी—पत्र २८)।

विच्छिव सक [वि + स्पृश्] विशेष रूप से स्पर्श करना। कवकृ विच्छिप्पमाण (कप्प, औप)।

विच्छिव सक [वि + क्षिप्] फेंकना। संकृ. विच्छिविअ (नाट—चैत ३८)।

विच्छु } देखो विंचुअ (गा २३७, जी
विच्छुअ } १८; उत्त ३६, १४८; प्रासू १९; णाया १, ८—पत्र १३३)।

विच्छुडिअ वि [विच्छुटित] १ बिछुड़ा हुआ, जो अलग हुआ हो, विरहित, 'जहिं हु कालवसेणं ससी समुद्दाओ कहवि विछु (?च्छु)डिओ' (वज्जा १५६)। २ मुक्त (राज)।

विच्छुरिअ वि [दे] अपूर्व, अद्भुत (षड्)।

विच्छुरिअ वि [विच्छुरित] १ खचित, जड़ा हुआ, 'खचिअं विच्छुरिअयं जडिअं' (पाअ)। २ संबद्ध, जोड़ा हुआ (से १४, ७९)। ३ व्याप्त (पउम २, १०१, सुपा ६; २१२, सुर २, २२१)।

विच्छुह सक [वि + क्षिप्] फेंकना, दूर करना। विच्छुहइ (से १०, ७३, गा ४२४ अ)। कृ. विच्छूढव्व (से १०, ५३)।

विच्छुह अक [वि + क्षुभ्] विक्षोभ करना, चंचल हो उठना। विच्छुहिरे (हे ३, १४२)।

विच्छूढ वि [विक्षिप्त] १ फेंका हुआ, दूर किया हुआ (से ६, १९)। २ प्रेरित (पाअ)।

विच्छूढ वि [दे] वियुक्त, विरहित, विघटित, 'विच्छूढा जूहाओ' (स ६७८)।

विच्छूढव्व देखो विच्छुह = वि + क्षिप्।

विच्छेअ पुं [दे] १ विलास। २ जघन (दे ७, ९०)।

विच्छेअ पुं [विच्छेद] १ विभाग, पृथक्करण (विसे १००६)। २ वियोग (गा ९१३)। ३ अनुबन्ध विनाश, प्रवाह-निरोध (कप्पू)।

विच्छेअण न [विच्छेदन] ऊपर देखो (राज)।

विच्छेअय वि [विच्छेदक] विच्छेद-कर्ता (भवि)।

विच्छेइ वि [विच्छेदिन्] ऊपर देखो (कुप्र २२)।

विच्छेइअ वि [विच्छेदित] विच्छिन्न किया हुआ (नाट—विक्र ८२)।

विच्छोइय वि [दे] विरहित (भवि)।

विच्छोड देखो विच्छोल। संकृ. विच्छोडिवि (अप) (हे ४, ४३९)।

विच्छोम पुं [दे. विदर्भ] नगर-विशेष, 'विदर्भे विच्छोमो' (प्राकृ ३८)।

विच्छोय पुं [दे] विरह, वियोग (भवि)। देखो विच्छोह।

विच्छोल सक [कम्पय्] कँपाना। विच्छोलइ (हे ४, ४६)। कृ. विच्छोलंत, विच्छोलिज्ज (कप्पू, सुर १०, १०७, १५, १३)।

विच्छोलिअ वि [कम्पित] कँपाया हुआ (कुमा; गउड)।

विच्छोलिअ वि [विच्छोलित] धौत, धोया हुआ; 'धोअं विच्छोलिअं' (पाअ)।

विच्छोव सक [दे] वियुक्त करना, विरहित करना,

'कालेण रूढपेम्मे परोप्परं
हिययनिव्वडियभावे।
अक्खुण्णहियओ एसो
विच्छोवइ सत्तसंघाए'
(स १८६)।

विच्छोह पुं [दे] विरह, वियोग (दे ७, ६२, हे ४, २९६)।

विच्छोह पुं [विक्षोभ] १ विक्षेप, 'जे संमुहागमवोलतवलिअपिअपेसिअच्छिविच्छोहा' (गा २१०), 'पुलइयकवोलमूला विमुक्ककडक्खविच्छोहा' (सम्मत्त १९१)। २ चंचलता (उप पृ १५८)।

विछल सक [वि + छलय्] छलित करना, ठगना। कर्म. विछलिज्जइ (महा)।

विछोय देखो विच्छोव। विछोयइ (स १८६ टि)।

विजइ वि [विजयिन्] विजेता, जीतनेवाला (कप्पू, नाट—विक्र ५)।

विजंभ देखो विअंभ = वि + जृम्भ्। वकृ. विजंभंत (काप्र १८९)।

विजढ वि [वित्यक्त] परित्यक्त (उत्त ३६, ८३; सुख ३६, ८३; ओघ २४९)।

विजण देखो विअण = विजन। 'लक्खण! देसो इमो विजणो' (पउम ३३, १३; हे १, १७७; कुमा)।

विजय सक [वि + जि] १ जीतना, फतह करना। २ अक. उत्कर्ष में वर्तना, उत्कर्ष-युक्त होना। विजयइ (पव २७६—गाथा १५९९), 'विजयनु ते पएसा विहरेइ जत्थ वीरजिणनाहो' (धर्मवि २२)। कृ. विजेतव्व (पै) (कुमा)।

विजय पुं [विजय] १ निर्णय, शास्त्र के अर्थ का ज्ञान-पूर्वक निश्चय (ठा ४, १—पत्र १८८; सुज्ज १०, २२)। २ अनुचिन्तन, विमर्श (औप)।

विजय पुं [विजय] आश्रय, स्थान (दस ६, ५६)।

विजय पुं [विजय] १ जय, जीत, फतह (कुमा; कम्म १, ५५, अभि ८१)। २ एक देव-विमान (अनु, सम ५७; ५८)। ३ विजय-विमान-निवासी देवता (सम ५६)। ४ एक मुहूर्त, अहोरात्र का बारहवाँ या सतरहवाँ मुहूर्त (सम ५१, सुज्ज १०, १३; कप्प, णाया १, ८—पत्र १३३)। ५ भगवान् नमिनाथजी का पिता (सम १५१)। ६ भारतवर्ष के बीसवें भावी जिनदेव (सम १५४, पव ४६)। ७ तृतीय चक्रवर्ती के पिता का नाम (सम १५२)। ८ आश्विन मास (सुज्ज १०, १९)। भारतवर्ष में उत्पन्न द्वितीय बलदेव (सम ८४, १५८ टी, अनु, पव २०९)। १० भारतवर्ष का भावी दूसरा बलदेव (सम १५४)। ११ ग्यारहवें चक्रवर्ती राजा का पिता (सम १५२)। १२ एक राजा (उप ७६८ टी)। १३ एक क्षत्रिय का नाम (विपा १, १—पत्र ४)। १४ भगवान् चन्द्रप्रभ का शासन-देव (संति ७)। १५ जंबूद्वीप का पूर्व द्वार। १६ उस द्वार का अधिष्ठाता देव (ठा ४, २—पत्र २२५)। १७ लवण समुद्र का पूर्व द्वार। १८ उस द्वार का अधिपति देव (ठा ४, २—पत्र

.२२६, इक)। १९ क्षेत्र विशेष, महाविदेह वर्ष का प्रान्त-तुल्य प्रदेश (ठा ८—पत्र ४३५, इक, जं ४)। २० उत्कर्ष, 'जएणं विजएणं वद्धावेइ (णाया १, १—पत्र ३०, औप, राय)। २१ पराभव करके ग्रहण करना (कुमा)। २२ विक्रम की प्रथम शताब्दी के एक जैन आचार्य (पउम ११८, ११७)। २३ अभ्युदय (राय)। २४ समृद्धि (राज)। २५ घात की खण्ड का पूर्व द्वार (इक)। २६ कालोद समुद्र, पुष्कर वरद्वीप तथा पुष्करोद समुद्र का पूर्व द्वार (राज)। २७ रुचक पर्वत का एक कूट (ठा ८—पत्र ४३६, इक)। २८ एक राजकुमार (धम्म ११)। २९ छन्द विशेष (पिंग)। ३० वि. जीतनेवाला, 'वरतुरए विहगाहिवविजयवेगधरे' (सम्मत्त २१६)। °चरपुर न [°चरपुर] एक विद्याधर नगर (इक)। °जत्ता स्त्री [°यात्रा] विजय के लिए किया जाता प्रयाण (धर्मवि ५९)। °ढक्का स्त्री [°ढक्का] विजय-सूचक भेरी (सुपा २६८)। °देव पु [°देव] अठारहवीं शताब्दी का एक जैन आचार्य (अज्झ १)। °पुर न [°पुर] नगर विशेष (इक २२३, २२४, ३२९)। °पुरा, पुरी स्त्री [°पुरी] पक्ष्मकावती नामक विजय-क्षेत्र की राजधानी (ठा २, ३—पत्र ८०, इक)। °माण पु [°मान] एक जैन आचार्य (द्र ७०)। °वंत वि [°वन्] विजयी, विजेता (ति १४)। °वत्त न [°वर्त] चैत्य-विशेष (कल्पटिप्पनक)। °वद्धमाण पुन [°वर्धमान] ग्राम विशेष (विपा १, १)। °वेजयंती स्त्री [°वैजयन्ती] विजय सूचक पताका (औप)। °सायर पु [°सागर] एक सूर्यवंशी राजा (पउम ५, ६२)। °सिंह, °सीह पु [°सिंह] १ सुप्रसिद्ध प्राचीन जैनाचार्य (सुपा ६५८)। २ एक विद्याधर राजकुमार (पउम ६, १५७)। °सूरि पु [°सूरि] चन्द्रगुप्त के समय का एक जैन आचार्य (धर्मवि ४४)। °सेण पु [°सेन] एक प्रसिद्ध जैन आचार्य जो आम्रदेव सूरि के शिष्य थे (पव २७६—गाथा १५९६)।

विजयता } स्त्री [वैजयन्ती] १ पक्ष की
विजयती } आठवीं रात (सुज्ज १०, १४)। २ एक रानी का नाम (उप ७२८ टी)।

विजया स्त्री [विजया] भगवान् शान्तिनाथ की दीक्षा-शिबिका (विचार १२९)।

विजया स्त्री [विजया] १ भगवान अजितनाथजी की माता का नाम (सम १५१)। २ पांचवें बलदेव की माता (सम १५२)। ३ अमरकंका नगरी की एक पटरानी (ठा ४, १—पत्र २०४)। ४ विद्या-विदेश (पउम ७, १४१)। ५ पूर्व रुचक पर रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३६)। ६ पांचवें चक्रवर्ती राजा की पटरानी—स्त्री रत्न (सम १५२)। ७ विजय नामक देव की राजधानी (सम २१)। ८ वप्रा नामक विजय की राजधानी (ठा २, ३—पत्र ८०, इक)। ९ पक्ष की सातवीं रात (सुज्ज १०, १४)। १० एक श्रेष्ठिनी (सुपा ६२९)। ११ भगवान् विमलनाथजी की शासन देवी (पव २७, संति १०)। १२ भगवान् सुमतिनाथजी की दीक्षा-शिबिका (सम १५१)। १३ एक पुष्करिणी (इक)।

विजल वि [विजल] १ जल रहित (गउड)। २ न. जल रहित पंक (दस ५, १, ४)। देखो विज्जल।

विजह सक [वि+हा] परित्याग करना। विजहइ (पि ५७७)। संकृ. विजहित्तु (उत्त ८, २)।

विजहणा स्त्री [विहान] परित्याग (ठा ३, ३—पत्र १३९)।

विजाइय वि [विजातीय] भिन्न जाति का, दूसरी तरह का (उप १२८ टी)।

विजाण देखो विआण = वि + ज्ञा। संकृ. विजाणित्ता, विजाणिय (कप्प)।

विजाणग } वि [विज्ञायक] जाननेवाला
विजाणय } विज्ञ (आचा सूयनि १४५)।

विजाणुअ वि [विज्ञ, विज्ञायक] ऊपर देखो (प्राकृ १८)।

विजादीअ (शौ) देखो विजाइय (नाट—चैत ८८)।

विजाय न [दे] लक्ष्य निशाना, 'लक्ख विजाय' (पाअ)।

विजिअ वि [विजित] पराभूत, हारा हुआ (सुर ९, २५, स ७००)।

विजुत्त वि [वियुक्त] विरहित (धर्मसं १७४)।

विजुरि (अप) स्त्री [विद्युत्] बिजली (पिंग)।

विजेट्ठ वि [विज्येष्ठ] मध्यम, 'जेट्ठ विजेट्ठा कणिट्ठा य' (चेइय १५३)।

विजेतव्व देखो विजय = वि + जि।

विजोज सक [वि + योजय्] वियोग करना, अलग करना। संकृ. विजोजिय (पच ५, १२९)।

विजोजण न [वियोजन] वियोग, विरह (मोह ९८)।

विजोजिअ वि [वियोजित] जुदा किया हुआ (कुप्र २८८)।

विजोयावइत्तु वि [वियोजयितृ] वियोजक, अलग करनेवाला (ठा ४, ३—पत्र २३८, २३९)।

विजोहा स्त्री [विज्जोहा] छन्द विशेष (पिंग)।

विज्ज अक [विद्] होना। विज्जइ विज्जए (पड्, कस, भग, महा), विज्जई (सूअ १, ११, ६)। वकृ. विज्जत, विज्जमाण (सुर २, १७६, पंचा ९, ४७)।

विज्ज सक [वीजय्] पंखा चलाना, हवा करना। कर्म. विज्जिज्जइ (भवि)। कवकृ. विज्जिज्जत (पउम ६१, ३७, वज्जा ३६)।

विज्ज पु [वैद्य] चिकित्सक, हकीम (सुर १२, २४, नाट—विक्र ६५)।

विज्ज पु व. [दे] देश विशेष (पउम ९८, ६५)।

विज्ज पु [विद्वस्, विज्ञ] पण्डित, जानकार (हे २, १५ कुमा प्राकृ १८, सूअ १, ६, ५)।

विज्ज देखो वीरिअ (पउम ३७, ७०)।

विज्ज° देखो विज्जा। °ज्झर (अप) देखो विज्जा हर (पि २१६)। °त्थि वि [°र्थिन्] छात्र अभ्यासी (सम्मत्त १४३)।

विज्ज° देखो विज्जु (कुप्र ३६९)।

°विज्जतअ देखो पिज्जत (से २, २४, पि ६०३)।

विज्जय न [वैद्यक] चिकित्सा (उर ८, १०, भवि)।

विज्जल पुं [विजल] १ नरकावास-विशेष, एक नरक-स्थान (देवेन्द्र २८)। २ वि जल-रहित (निचू १)।

विज्जल) न [दे विजल] कर्दम, पंक,
विज्जुल) कांदो, कादा (आचा २, १, ५, ३, २ १०, २)।

विज्जलिया स्त्री [विद्युत्] बिजली (कुप्र २८५)।

विज्जा स्त्री [विद्या] १ शास्त्र ज्ञान, यथार्थ ज्ञान, सम्यग् ज्ञान (उत्त २३, २; णदि, धर्मवि ३९; कुमा, प्रासू ४३)। २ मन्त्र, देवी-अधिष्ठित अक्षर पद्धति। ३ साधनावाला मन्त्र (पिंड ४९४, औप, ठा ३, ४ टी—पत्र १५९)। °अणुप्पवाय न [°अनुप्रवाद] जैन अंग ग्रन्थांश विशेष, दसवाँ पूर्व (सम २६)। °चारण पुं [°चारण] शक्ति-विशेष-संपन्न मुनि (भग २०, ९—पत्र ७९३)। °चारणलद्धि स्त्री [°चारणलब्धि] शक्ति-विशेष (भग २०, ९)। °णुप्पवाय देखो °अणुप्पवाय (राज)। °णुवाय न [°नुवाद] दसवाँ पूर्व (सिरि २०७)। °पिंड पु [°पिण्ड] विद्या के बल से अर्जित भिक्षा (निचू १३)। °मंत वि [°वन्] विद्या-संपन्न (उप ४२५)। °लय पुन [°लय] पाठशाला (आमा)। °सिद्ध वि [°सिद्ध] १ सर्व विद्याओं का अधिपति, सभी विद्याओं से संपन्न। २ जिसको कम से कम एक महाविद्या सिद्ध हो चुकी हो वह, 'विज्जाए चक्कवट्टी विज्जासिद्धो स, जस्स वेगावि सिज्झेज्ज महाविज्जा' (आवम)। °हर पुं [°धर] १ क्षत्रियों का एक वंश (पउम ५, २)। २ पुंस्त्री. उस वंश में उत्पन्न (महा)। स्त्री. °री (महा, उव)। ३ वि. विद्या-धारी, शक्ति विशेष-सम्पन्न (औप, राय, ज ४)। °हरगोवाल पुं [°धरगोपाल] एक प्राचीन जैन मुनि, जो सुस्थित और सुप्रतिबुद्ध आचार्य के शिष्य थे (कप्प)। °हरी स्त्री [°धरी] एक जैन मुनि-शाखा (कप्प)। °हार (अप) न [°धर] छन्द-विशेष (पिंग)।

विज्जावच्च (अप) देखो वेयावच्च (भवि)।

विज्जाहर वि [वैद्याधर] विद्याधर-संबन्धी, स्त्री. 'एसा विज्जाहरी माया' (महा)।

विज्जिडिय देखो विज्झिडिय (राज)।

विज्जु पुं [विद्युत्] १ विद्याधर-वंश का एक राजा (पउम ५, १८)। २ देवों की एक जाति, भवनपति देवों का एक भेद (पण्ह १, ४—पत्र ६८)। ३ आमलकप्पा नगरी का निवासी एक गृहस्थ (णाया २—पत्र २५१)। ४ एक नरक-स्थान (देवेन्द्र २६)। ५ स्त्री. ईशानेन्द्र के सोम आदि लोकपालों की एक-एक अग्रमहिषी—पटरानी (ठा ४, १—पत्र २०४)। ६ चमर नामक इन्द्र की एक पटरानी (ठा ५, १—पत्र ३०२, णाया २—पत्र २५१)। ७ पुस्त्री. बिजली, 'विज्जुणा, विज्जूए' (हे १, ३३, कुमा, गा १३५)। ८ सन्ध्या, शाम (हे १, ३३)। ९ वि. विशेष रूप से चमकनेवाला, 'विज्जुमोयामगिप्पभा' (उत्त २२, ७)। °कार देखो °यार (जीव ३—पत्र ३४२)। °कुमार पुं [°कुमार] एक देव-जाति (भग, इक)। °कुमारी स्त्री [°कुमारी] विदिग्रुचक पर रहनेवाली दिक्कुमारी देवी, 'चत्तारि विज्जुकुमारिमहत्तरियाओ पण्णत्ताओ' (ठा ४, १—पत्र १९८)। °जिज्झ (?), °जिब्भ पु [°जिह्व] अनुवेलधर नागराज का एक आवास पर्वत (इक, राज)। °तेअ पु [°तेजस्] विद्याधरवंश का एक राजा (पउम ५, १८)। °दंत पुं [°दन्त] १ एक अन्तर्द्वीप। २ उसमें रहनेवाली मनुष्य-जाति (ठा ४, २—पत्र २२६)। °दत्त पु [°दत्त] विद्याधरवंश का एक राजा (पउम ५, १८)। °दाढ पुं [°दंष्ट्र] विद्याधर-वंश में उत्पन्न एक राजा का नाम (पउम ५, १८)। °पह, °प्पभ, °प्पह पु [°प्रभ] १ एक वक्षस्कार पर्वत का नाम (सम १०२ टी, ठा २, ३—पत्र ६९, ५, २—पत्र ३२६, ज ४, सम १०२, इक)। २ कूट-विशेष, विद्युत्प्रभ वक्षस्कार का एक शिखर (ज ४, इक)। ३ देव-विशेष, विद्युत्प्रभ नामक वक्षस्कार पर्वत का अधिष्ठाता देव (ज ४)। ४ अनुवेलंधर नागराज का एक आवास-पर्वत (ठा ४, २—पत्र २२६, इक)। ५ उस पर्वत का निवासी देव (ठा ४, २—पत्र २२६)। ६ देवकुरु वर्ष में स्थित एक महाद्रह (ठा ५, २—पत्र ३२६)। ७ न. एक विद्याधर-नगर (इक ३२९)। °मई स्त्री [°मती] एक स्त्री का नाम (पण्ह १, ४—पत्र ८५)। °मालि पुं [°मालिन्] १ पचशैल द्वीप का अधिपति एक यक्ष (महा)। २ रावण का एक सुभट (से १३, ८४)। ३ ब्रह्मदेवलोक का इंद्र (राज)। °मुह पुं [°मुख] १ विद्याधर-वंश का एक राजा (पउम ५, १८)। ३ एक अन्तर्द्वीप। ४ उसका निवासी मनुष्य (ठा ४, २—पत्र २२६, इक)। °मेह पुं [°मेघ] १ विद्युत्प्रधान मेघ, जल-रहित मेघ। २ बिजली गिरानेवाला मेघ (भग ७, ६—पत्र ३०५)। °यार पु [°कार] बिजली करना, विद्युद्-रचना (भग २, ९)। °लआ, °लया स्त्री [°लता] विद्युत्, बिजली (नाट—वेणी ६६, काल)। °लेहाइद न [°लेखायित] बिजली की तरह आचरण (कप्पू)। °विलसिअ न [°विलसित] १ छन्द-विशेष (अजि २१)। २ बिजली का विलास (से ४, ४०)। °सिहा स्त्री [°शिखा] एक रानी का नाम (महा)।

विज्जुआ स्त्री [विद्युत्] १ बिजली (नाट—वेणी ६६)। २ बलि नामक इन्द्र के सोम आदि चारों लोकपालों की एक-एक पटरानी, 'मित्तगा सुभद्दा विज्जुत्ता (? या) अमणी' (ठा ४, १—पत्र २०४, इक)। ३ धरणेन्द्र की एक अग्र-महिषी (णाया २—पत्र २५१, इक)।

विज्जुआइत्तु वि [विद्युत्कर्तृ] बिजली करनेवाला (ठा ४, ४—पत्र २६९)।

विज्जुला
विज्जुलिआ
विज्जुली } देखो विज्जु = विद्युत् (हे २ १७३, षड १६१, कुमा, प्राकृ ३६, प्राप्र, पि २४४)।

विज्जू देखो विज्जु। °माला स्त्री [°माला] छन्द विशेष (पिंग)।

विज्जे अ [दे] १ मार्ग से, रास्ता से। २ लिए (भवि)।

विज्जोअ पुं [विद्योत] उद्योत, प्रकाश; 'जोव्वण जीविअ रूवं विज्जुविज्जोअचंचल' (हित ९)।

विज्जोइय
विज्जोतिय } वि [विद्योतित] प्रकाशित, चमका हुआ (उप पृ ३३, स ५७६)।

विज्झ सक [व्यध्] बींधना, वेध करना, भेदना। विज्झंति (सूम १, ५, १, ९), विज्झमे (गा ४४१) सक. विद्धूण (सूम १, ५, १, ९)। कृ. विज्झ (पड्)।

विज्झ अक [वि + घट्] अलग होना। विज्झइ (धात्वा १५२)।

विज्झ न [दे] बीझ, धक्का, ठेना 'तो हत्थी तम्मि पडे विज्झ दाऊण कुमरमणु मग्गे' (धर्मवि ८१),

'ताव वणवारणेण य विज्झाइ
(? इ) नरं अपावमाणेण
कुविएण विइण्णाइं घणियं
नग्गोहरुक्खम्मि' (स ११३)।

विज्झ वि [विद्ध] बिधा हुआ, 'जइ तंपि तेण बाणेण विज्झमे जेण हं विज्झा' (गा ४४१)।

विज्झ देखो विज्झ = व्यध्।

विज्झडिय वि [दे] १ मिश्रित, व्याप्त, 'सीउण्हखरपरुसवायविज्झडिया' (भग ७, ६—पत्र ३०७, उव)।

विज्झल देखो विब्भल = विह्वल (भग ७, ६ टी—पत्र ३०८)।

विज्झव सक [वि + ध्यापय्] बुझाना, दीपक आदि को गुल करना, ठंढा करना। विज्झवइ (गउड, कुप्र ३९७)। कर्म विज्झविज्जइ (गा ४०७, स ४८६)। संकृ. विज्झवेऊण, विज्झविय (धर्मस ९५८, स ४६६)। कृ. विज्झवियव्व (पउम ७८, ३७)।

विज्झवण न [विध्यापन] बुझाना, उपशान्ति (स ४८६ सम्मत्त १९२, कुप्र २७०)। स्त्री °णा (सया १०९)।

विज्झविअ वि [विध्यापित] बुझाया हुआ, गुल किया हुआ, ठंढा किया हुआ (से ८, १६, १२, ७७, गा ३३३, पउम २०, ९२)।

विज्झा } अक [वि + ध्यै] बुझना, ठंढा
विज्झाअ } होना, गुल होना। विज्झाइ (गा ४३०, हे २, २८)। वकृ. विज्झाअंत (गा १०९)।

विज्झाअ } वि [विध्यात] १ बुझा हुआ,
विज्झाण } उपशान्त (से १, ३१ णाया १, १—पत्र ६६, १, १४—पत्र १९०, गउड, सुपा ४४८, प्रासू १३७, पउम ५, १८२)। २ संक्रम-विशेष, 'विज्झायनामगेण सक्कमेतेण सुज्झति' (सम्यक्त्वो २१)।

विज्झाय देखो विज्झव। विज्झावेइ (गा ८३६)।

विज्झायण देखो विज्झवण (उप २६४ टी)।

विज्झाविअ देखो विज्झविअ (महा)।

विज्झिडिय पु [दे] मत्स्य की एक जाति (पण्ण १—पत्र ४७)।

विटक देखो विडक (माल २३४, राज)।

विट्टाल सक [दे] अस्पृश्य करना, उच्छिष्ट करना बिगाड़ना, दूषित करना, अपवित्र करना। विट्टालिंति (सुख १, १५)। कर्म. 'विट्टालिज्जइ गंगा कयाइ किं वासवारेहिं' (वेइय १३४)। वकृ. विट्टालयंत (सिरि ११३२)।

विट्टाल पु [दे] अस्पृश्य संसर्ग, उच्छिष्टता, अपवित्रता, 'तुह घरम्मि चंडाली, विट्टालं कुणइ', 'सा घरवाहिं चिट्ठइ भुंजइ य, न तेण देव विट्टालो' (कुप्र २४३, हे ४, ४२२)।

विट्टालण न [दे] ऊपर देखो (स ७०१)।

विट्टालि वि [दे] बिगाड़नेवाला, अपवित्र करनेवाला। स्त्री. °णी (कप्पू)।

विट्टालिअ वि [दे] उच्छिष्ट किया हुआ, अपवित्र किया हुआ, बिगाड़ा हुआ (धर्मवि ४५, सिरि ७१९, सुपा ११५, ३९०, महा)।

विट्टी स्त्री [दे] गठरी, पोटली (ओघ ३२४)। देखो विटिया।

विट्ठ वि [वृष्ट] बरसा हुआ (हे १, १३७, षड्)।

विट्ठ वि [विष्ट] १ प्रविष्ट पैठा हुआ (सूम १, ३, १, १३)। २ उपविष्ट, बैठा हुआ (पिंड ६००)।

विट्ठ वि [दे] सुप्तोत्थित, सो कर उठा हुआ (षड्)।

विट्ठअ न [विष्टप] भुवन, जगत् (मृच्छ १०९)।

विट्ठभ सक [वि + ष्टम्भय्] १ रोकना। २ स्थापित करना, रखना। विट्ठभंति (औप)। संकृ. विट्ठभित्ता (औप)।

विट्ठंभणया स्त्री [विष्टम्भना] स्थापना (औप)।

विट्ठर पुन [विष्टर] आसन, 'विट्ठरो' (प्राप्र, पउम ८०, ७, पाप्र, सुपा ६०)।

विट्ठा स्त्री [विष्टा] बीट, पुरीष, मल (पाप्र, ओघभा २९६, प्रासू १५८)। °हर न [°गृह] मलोत्सर्ग स्थान, टट्टी (पउम ७४, ३८)।

विट्ठि स्त्री [विष्टि] १ कर्म, काज, काम (दे २, ४३)। २ ज्योतिष-प्रसिद्ध एक करण, अर्ध तिथि (विसे ३३४८; स २९५, गणि १९)। ३ भद्रा नक्षत्र (सुर १६, ९०)। ४ बेगार, मजूरी दिए बिना ही जबरदस्ती या बेमन का कराया जाता काम (उर ६, ११)।

विट्ठि स्त्री [वृष्टि] वर्षा, बारिश (हे १, १३७, प्राकृ ८, सक्षि ५, पउम २०, ८७, कुमा, रंभा)। देखो वुट्ठि।

विट्ठित वि [दे] अर्जित (षड्)।

विट्ठिय न [विस्थित] विशिष्ट स्थिति (भग ९, ३२ टी—पत्र ४६९)।

विड पु [विट] १ भँड़ुआ (कुमा, सुर, ३, ११६, रंभा)।

विड न [विड] लवण विशेष, एक तरह का नमक (दस ६, १८)।

विडंक पुन [विटङ्क] कपोतपाली, प्रासाद आदि के आगे की ओर काठ का बना हुआ पक्षियों के रहने का स्थान, छतरी (णाया १, १—पत्र १२, दे ७, ८६, गउड)।

विडंकिआ स्त्री [दे] वेदिका, वेदी, चौतरा (दे ७, ६७)।

विडग देखो विडंक (पण्ह १, १—पत्र ८)।

विडंग पुन [विडङ्ग] १ औषध विशेष। २ वि अभिज्ञ, विदग्ध,

'विज्ज न एसो जरओ न
य वाही एस कोवि सभूओ।
उवसमइ सलोणेण विडंगजोया-
मयरसेण' (वज्जा १०४)।

विडव सक [वि + डम्बय्] १ तिरस्कार करना, अपमान करना। २ दुःख देना। ३ नकल करना। विडवइ, विडवंति, विडवेमि (भवि, कुप्र १९४, स ६९३)। वकृ.

विडंबंत (पउम ८, ३२)। कवकृ. विडंबिज्जंत (सुपा ७०)।

विडंब सक [वि + डम्बय्] विवृत करना, फैलाना। विडंबेइ (भग ३, २—पत्र १७३)।

विडंब पुंन [विडम्ब] १ तिरस्कार, अपमान (भवि)। २ माया जाल, प्रपंच, 'अणिच्चं च कामाण सेवाविडंब' (श्रु ९, कप्पू)।

विडंबग वि [विडम्बक] विडंबना-जनक; 'जइवेसविडंबगा नवर' (संबोध १४, उव)।

विडंबण न [विडम्बन] नीचे देखो (भवि)।

विडंबणा स्त्री [विडम्बना] १ तिरस्कार, अपमान (दे)। २ दुःख, कष्ट (वण ४२)। ३ अनुकरण, नकल। ४ उपहास। ५ कपट-वेष (कप्पू)।

विडंबिय वि [विडम्बित] विडम्बना-प्राप्त (कप्प, गउड, ३०२)।

विडज्झमाण वि [विदह्यमान] जो जलाया जाता हो वह, जलता हुआ (आचा १, ६, ४, १)।

विडड्ढ देखो विद्दड्ढ (गा ६७१)।

विडप्प } पुं [दे] राहु (दे ७, ६५; पाअ,
विडय } गउड, वज्जा ९८, दे ७, ६५)।

विडव पुं [विटप] १ पल्लव (सुर ३, ४५)। २ शाखा (भवि ११०)। ३ पल्लव-विस्तार। ४ स्तम्ब गुच्छा (प्राप्र)।

विडवि पुं [विटपिन्] वृक्ष, पेड़, दरख्त (पाअ; सुपा ८८, गउड, सण)।

विडविड } सक [रचय्] बनाना, निर्माण
विडविड्ड } करना। विडविडइ, विडविड्डइ (हे ४, ९४, षड्)। भूका. विडविड्डीअ (कुमा)।

विडिअ वि [व्रीडित] लज्जित (से ११, ५०; पि ८१)।

विडिंचिअ } वि [दे] विकराल, भीषण,
विडिच्चिर } भयंकर (दे ७, ६९)।

विडिम पुं [दे] १ बाल-मृग (दे ७, ८९)। २ गण्डक, गेंडा (दे ७, ८९, गउड)। ३ वृक्ष, पेड़, 'दुमा य पायवा रुक्खा आगमा विडिमा तरू' (दसनि १, ३५)। ४ शाखा (पण्ह २, ४—पत्र १३०, औप, तंदु २१)।

विडिमा स्त्री [दे] शाखा (पण्ह २, ४; तंदु २१; राज)।

विडुच्छअ वि [दे] निषिद्ध, प्रतिषिद्ध (षड्)।

विडुविल्ल वि [दे] भीषण, भयंकर (नाट—मालती १३७)।

विडूर पुं [विदूर] १ पर्वत-विशेष। २ देश-विशेष, जहाँ वैडूर्य रत्न पैदा होता है (कप्पू)।

विडोमिअ पुं [दे] गण्डक मृग, गेंडा (दे ७, ५७)।

विड्ड वि [दे] १ दीर्घ, लम्बा (दे ७, ३३)। २ प्रपंच, विस्तार (दे १, ४)।

विड्ड वि [व्रीड, व्रीडित] लज्जित, शरमिन्दा, 'लज्जिया विलिया विड्डा' (निर १, १, पि २४०)।

विड्डर देखो विड्डिर, 'अक्कडविड्डरभेयं किं देव पारद्धं' (उप ७६८ टी)।

विड्डा स्त्री [व्रीडा] लज्जा, शरम (दे ७, ६१; पि २४०)।

विड्डार न [विद्दार] देखो विड्डेर (राज)।

विड्डिर न [दे] १ आभोग (दे ७, ९०)। २ आटोप, आडम्बर (पाअ)। ३ वि रौद्र भयकर (दे ७, ९०)।

विड्डिरिल्ला स्त्री [दे] रात्रि, निशा (दे ७, ६७)।

विड्डुम देखो विद्दुम (पाअ)।

विड्डुरी स्त्री [दे] आटोप, आडम्बर, 'किं लिंगविड्डुरीधारणेणं' (उव)।

विड्डुरिल्ल वि [वैडूर्यवत्] वैडूर्य रत्नवाला (सुपा ५९)।

विड्डेर न [दे. विड्डेर] नक्षत्र-विशेष, पूर्व द्वारवाले नक्षत्रों में पूर्व दिशा से जाने के बदले पश्चिम दिशा से जाने पर पड़ता नक्षत्र (विसे ३४०९)। देखो विद्दार।

विढज्ज (शौ) सक [वि + दह्] जलाना। संकृ. विढज्जिअ (पि २१२)।

विढणा स्त्री [दे] पार्ष्णि, फोली का नीचला भाग (दे ७, ६२)।

विढत्त वि [आजित] उपार्जित, पैदा किया हुआ (हे ४, २५८, गउड, श्रा १०; प्रामू ७४, भवि)।

विढत्ति स्त्री [अर्जिति] अर्जन, उपार्जन (श्रा १२)।

विढप्प अक [व्युत् + पद्] व्युत्पन्न होना। विढप्पति (प्राकृ ६४)।

विढप्प° नीचे देखो।

विढव सक [अर्ज्] उपार्जन करना, पैदा करना। विढवइ (हे ४, १०८; महा, भवि)। कर्म. विढविज्जइ, विढप्पइ (हे ४, २५१; कुमा, भवि)।

विढवण न [अर्जन] उपार्जन (सुर १, २२१)।

विढविअ वि [अर्जित] पैदा किया हुआ (कुमा, सुपा २८०; महा)।

विढिअ वि [वेष्टित] लपेटा हुआ (सुपा ३८८)।

विणइ वि [विनयिन्] दूर करनेवाला, 'आरभविणईए' (आचा)।

विणइत्त वि [विनयवत्] विनयवाला, विनय को ही सर्व-प्रधान माननेवाला (सूमनि ११८)।

विणइत्तु वि [विनेतृ] विनीत बनानेवाला, विनय की शिक्षा देनेवाला (उत्त २९, ४)।

विणइत्तु देखो विणी = वि + नी।

विणइय वि [विनयित] शिक्षित किया हुआ, सिखाया हुआ (राज)। देखो विण्णय।

विणइल्ल देखो विणइत्त (कुमा)।

विणएत्तु देखो विणी = वि + नी।

विणट्ठ वि [विनष्ट] विनाश-प्राप्त (उव, प्रामू ३१, नाट—मुच्छ १५२)।

विणड सक [वि + नटय्, वि + गुप्] १ व्याकुल करना। २ विडम्बना करना। विणडेइ (गउड ६८), विणडंति (उव), विणडउ (हे ४, ३८५, पि १००)।

विणडिअ देखो विनडिअ (गा ६३० टी)।

विणण न [वान] बुनना (बृह १)।

विणभ सक [खेदय्] खिन्न करना। विणभइ (धाता १५३)।

विणम सक [वि + नम्] विशेष रूप से नमना। वकृ. विणमंत (नाट—मालवि ३४)।

विणमि देखो विनमि (राज)।

विणमिअ वि [विनत] विशेष रूप से नत (भग; औप, णाया १, १ टी—पत्र ५)।

विणमिअ वि [विनमित] नमाया हुआ (गउड)।

विणय पुं [विनय] १ अभ्युत्थान, प्रणाम आदि भक्ति, शुश्रूषा, शिष्टता, नम्रता (आचा, ठा ४, ४ टी—पत्र २८३, कुमा, उवा, औप, गउड, महा, प्रासू ८)। २ संयम, चारित्र (सम ५१)। ३ नरकावास विशेष, एक नरक स्थान (देवेन्द्र २६)। ४ अपनयन, दूरीकरण। ५ शिक्षा, सीख। ६ अनुनय। ७ वि. विनय-युक्त, विनीत। ८ निभृत, शान्त। ९ क्षिप्त, फेंका हुआ। १० जितेन्द्रिय, संयमी (हे १, २४५)। ११ पुं. शास्त्रानुसार प्रजा का पालन (गउड ६७)। °मंत वि [°वत्] विनय युक्त (उप पृ १६९)।

विणय वि [विनत] १ विशेष रूप से नमा हुआ (औप)। २ पुंन. एक देव-विमान (सम ३७)।

विणय° देखो विणया। °तणय पुं [°तनय] गरुड पक्षी (वज्जा १२२)। °सुअ पुं [°सुत] वही अर्थ (पाअ)।

विणयइत्तु देखो विणइत्तु (सुख २९, ४)।

विणयंधर पुं [विनयन्धर] एक शेठ का नाम (उप ७२८ टी)।

विणयण न [विनयन] विनय-शिक्षा, शिक्षण, 'आयारदेसणाओ आयरिया, विणयणादुवज्झाया' (विसे ३२००)।

विणया स्त्री [विनता] गरुड की माता का नाम (गउड)। °तणय पुं [°तनय] गरुड पक्षी (से १४, ६१, सुपा ३५४)।

विणस देखो विणस्स। विणसइ (उर ७, ३, कुमा ८, २१)।

विणसिर वि [विनश्वर] विनाश शील, नश्वर (दे १, ९०)।

विणस्स अक [वि+नश्] नष्ट होना, विध्वस्त होना। विणस्सइ, विणस्सए, विणस्से (उव, महा, धर्मसं ४०१)। भवि. विणस्सिहिसि (महा)। वकृ. विणस्समाण (उवा)। कृ. विणस्स (धर्मसं ४०२, ४०३)।

विणस्सर देखो विणसिर (पि ३१५)।

विणा अ [विना] सिवाय, बिना (गउड, प्रासू १०; १५९, दं १७)।

विणामिद (शौ) देखो विणमिअ = विनमित (नाट—मृच्छ २१८)।

विणायग पुं [विनायक] यक्ष, एक देव-जाति, 'तत्थेव आगओ सो विणायगो पूयणो नाम' (पउम ३५, २२)। २ गणपति, गणेश (सट्ठि ७८ टी)। ३ गरुड (पउम ७१, ६७)। °त्थ न [°ास्त्र] अस्त्र विशेष, गरुडास्त्र (पउम ७१, ६७)।

विणास देखो विणस्स। विणासइ (भवि)।

विणास सक [वि+नाशय्] ध्वंस करना, नष्ट करना। विणासेइ (उव, महा)। भवि. विणासिही, विणासेहामि (पि ५२७, ५२८)। कर्म. विणासिज्जइ (महा)। वकृ. विणासिज्जंत (महा)। कृ. विणासियव्व (सुपा १४५)।

विणास पुं [विनाश] विध्वंस (उव, हे ४, ४२४)।

विणासग वि [विनाशक] विनाश-कर्ता (द्र १७)।

विणासण न [विनाशन] १ विनाश, विध्वंस (भवि)। २ वि. विनाश-कर्ता (पण्ह २, १—पत्र ९९, दस ८, ३८)।

विणासिअ वि [विनाशित] विनाश प्राप्त (पाअ, महा, भवि)।

विणि° देखो विणी।

विणिअंसण न [विनिदर्शन] खास उदाहरण, विशेष दृष्टान्त (से १२, ६९)।

विणिअसण वि [विनिवसन] वस्त्र-रहित, नंगा (गा १२५)।

विणिइत्तु देखो विणइत्तु (उत्त २९, ४)।

विणिउत्त वि [विनियुक्त] कार्य में प्रवर्तित (उप पृ ७५)।

विणिओग पुं [विनियोग] १ उपयोग, ज्ञान (विसे २४३७)। २ कार्य में लगाना (पंचा ७, ६)। ३ विनिमय, लेनदेन (कुप्र २०९)।

विणिओय सक [विनि+योजय्] जोडना, लगाना। विणिओएइ (भवि)।

विणित देखो विणी = विनिर्+इ।

विणिकुट्टिय वि [विनिकुट्टित] कूट कर बैठाया हुआ, 'थंभविणिकुट्टियाहिं पवराहिं सालहंजीहिं' (सुपा १८८)।

विणिक्कम देखो विणिक्खम। विणिक्कमइ (गउड २७५; पि ४८१)।

विणिक्कस सक [विनि+कृष्] खींच कर निकालना। संकृ. विणिक्कस्स (सूअ १, ५, १, २२)।

विणिक्खंत वि [विनिष्क्रान्त] १ बाहर निकला हुआ। २ जिसने गृह-त्याग किया हो वह, सन्यस्त (उप १४७ टी, कुप्र ३६; महा)।

विणिक्खम अक [विनिस्+क्रम्] १ बाहर निकलना। २ सन्यास लेना। विणिक्खमइ (गउड ८५१, ११८१)। संकृ. विणिक्खमित्ता (भग)।

विणिक्खमण न [विनिष्क्रमण] १ बाहर निकलना। २ संन्यास लेना (पचा १८, २१)।

विणिक्खित्त वि [विनिक्षिप्त] फेंका हुआ (नाट—मृच्छ ११९)।

विणिग्गिण्ह सक [विनि+ग्रह्] निग्रह करना, दंड देना। वकृ. विणिग्गिण्हंत (उप पृ २३)।

विणिगूह सक [विनि+गूहय्] गुप्त रखना, ढकना। विणिगूहिज्जा (आचा २, १, १०, २)।

विणिग्गम पुं [विनिर्गम] निःसरण, बाहर निकलना (गउड)।

विणिग्गय वि [विनिर्गत] बाहर निकला हुआ, बाहर गया हुआ (से २, ५; महा, भवि)।

विणिघाय पुं [विनिघात] १ मरण, मौत। २ संसार, भव-भ्रमण (ठा ५, १—पत्र २९१)।

विणिच्छ सक [विनिस्+चि] निश्चय करना। विणिच्छइ (सण)। संकृ. विणिच्छिऊण (सण)।

विणिच्छय पु [विनिश्चय] निश्चय, निर्णय, परिज्ञान (पण्ह १, १—पत्र १, ठा ३, ३, उव)।

विणिच्छिअ वि [विनिश्चित] निश्चित, निर्णीत (भग, उवा, कप्प, सुर २, २०२)।

विणिजुंज सक [विनि + युज्] जोड़ना, कार्य में लगाना, प्रवृत्त करना । विणिजुंजइ (कुप्र ३९१) ।

विणिज्जंतण वि [विनियन्त्रण] १ नियन्त्रण-रहित । २ प्रकटित, खुला । ३ निर्व्याज, कपट-रहित (से ११, २१) ।

विणिज्जमाण देखो विणी = वि + नी ।

विणिज्जरण न [विनिर्जरण] निर्जरा, विनाश (विसे ३७७९, संबोध ५१) ।

विणिज्जरा स्त्री [विनिर्जरा] ऊपर देखो (सबोध ४९) ।

विणिज्जिअ वि [विनिर्जित] पराभूत, जिसका पराभव किया गया हो वह (महा, रंभा, नाट—विक्र ९०) ।

विणिद्द वि [विनिद्र] खिला हुआ, विकसित (पाअ) ।

विणिद्दलिय वि [विनिर्दलित] विदारित, तोड़ा हुआ (सण) ।

विणिद्धुण सक [विनिर् + धू] कँपाना । वकृ. विणिद्धुणमाण (पि ५०३) ।

विणिप्फन्न वि [विनिष्पन्न] संसिद्ध, संपन्न (उप ३६६) ।

विणिप्फिडिअ वि [विनिस्फिटित] विनिर्गत, बाहर निकला हुआ, 'सालिग्गामाउ तओ वंदणहेउं विणिप्फिडिओ' (पउम १०५, २३) ।

विणिबुड्ड देखो विणिवुड्ड (पि ५६६) ।

विणिब्भिन्न वि [विनिर्भिन्न] विदारित, 'कुंतविणिब्भिन्नकरिकलहमुक्कसिक्कारपउरम्मि' (णमि १६) ।

विणिमीलिअ वि [विनिमीलित] मीचा हुआ, मूँदा हुआ, 'अलिअपसुत्तअविणिमीलिअच्छ दे मुहअ मज्झ ओआस' (गा २०) ।

विणिमुक्क देखो विणिम्मुक्क (पि ५६६) ।

विणिमुय देखो विणिम्मुय । वकृ. विणिमुयंत (औप, पि ५६०) ।

विणिम्मविअ वि [विनिर्मित] विरचित, बनाया हुआ, कृत (उप ७२८ टी) ।

विणिम्माण न [विनिर्माण] रचना, कृति (विसे ३३१२) ।

विणिम्मिअ देखो विणिम्मविअ (गा १५६; २३५; पाअ, महा) ।

विणिम्मुक्क वि [विनिर्मुक्त] परित्यक्त, 'सव्वकम्मविणिम्मुक्कं तं वयं बूम माहणं' (उत्त २५, ३४) ।

विणिम्मुय वि [विनिर् + मुच्] छोड़ना, परित्याग करना । वकृ. विणिम्मुयमाण (णाया १, १—पत्र ५३, पि ४८५) ।

विणिय देखो विणीअ (भवि) ।

विणियट्ट देखो विणिवट्ट । विणियट्टिज्ज (दस ८, ३४) । वकृ. विणियट्टमाण (आचा १, ५, ४, ३) ।

विणियट्ट वि [विनिवृत्त] १ पीछे हटा हुआ । २ प्रणष्ट, 'विणियट्टं ति पणट्ठं' (चेइय ३४६) ।

विणियट्टणया स्त्री [विनिवर्तना] निवृत्ति (उत्त २९, १) ।

विणियत्त देखो विणियट्ट (सुपा ३३५, भवि, गा ७१; कुप्र १८२) ।

विणियत्ति स्त्री [विनिवृत्ति] निवृत्ति, उपरम (कुप्र १८२, गउड) ।

विणिरोह पुं [विनिरोध] प्रतिबन्ध, अटकाव (भवि) ।

विणिवट्ट अक [विनि + वृत्] निवृत्त होना, पीछे हटना । वकृ. विणिवट्टमाण (आचा १, ५, ४, ३) ।

विणिवट्टण देखो विणियट्टण (राज) ।

विणिवट्टणया स्त्री [विनिवर्तना] निवर्तन, विराम (भग १७, ३—पत्र ७२७) ।

विणिवडिअ वि [विनिपतित] नीचे गिरा हुआ (दे १, १५७) ।

विणिवत्ति देखो विणियत्ति (उप ७२८ टी) ।

विणिवाइ वि [विनिपातिन्] मार गिरानेवाला (गा ६३०) ।

विणिवाइज्जत देखो विणिवाए ।

विणिवाइय न [विनिपातिक] एक तरह का नाटक (राज) ।

विणिवाइय वि [विनिपातित] मार गिराया हुआ, व्यापादित (उप ६४८ टी, महा, स ५६; सिक्खा ८२) ।

विणिवाए सक [विनि + पातय्] मार गिराना । कवकृ. विणिवाइज्जंत (पउम ४५, ८) ।

विणिवाडिअ देखो विणिवाइय (दे १, १३८) ।

विणिवाद } पुं [विनिपात] १ निपात,
विणिवाय } अन्तिम पतन, विनाश, 'परखग्गेण वि दिट्ठो विणिवादो किं न लोगम्मि' (धर्मस १२५; १२६; स २९५; ७ २) । २ मरण, मौत (से १३, १६; गउड; गा १०२) । ३ संसार (राज) ।

विणिवायण न [विनिपातन] मार गिराना (पउम ४, ४८) ।

विणिवार सक [विनि + वारय्] रोकना, निवारण करना, निषेध करना । विणिवारइ (भवि) । कवकृ. विणिवारीअंत (नाट—मृच्छ १५४) ।

विणिवारण न [विनिवारण] १ निवारण, प्रतिषेध । २ वि. निवारण करनेवाला (पंचा ७, ३२) ।

विणिवारि वि [विनिवारिन्] निवारण-कर्त्ता (पंचा ७, ३२) ।

विणिवारिय वि [विनिवारित] प्रतिषिद्ध, निवारित (महा) ।

विणिविट्ठ वि [विनिविष्ट] १ उपविष्ट, स्थित (कुप्र १५२), 'सकम्मविणिविट्ठसरिसकयचेट्ठो' (उव, वै ६०) । २ आसक्त, तल्लीन (आचा) ।

विणिवित्त देखो विणियट्ट (उप ७८९) ।

विणिवित्ति देखो विणियत्ति (विसे २६३९; उवर १२७, श्रावक २५१, २५२, पंचा १, १७) ।

विणिवुड्ड वि [विनिमग्न] निमग्न, बुड़ा हुआ, तरावोर, सराबोर, 'तइया डिओ सि ज किर पलोट्टसरभसेयविणिवुड्डो' (गउड ४९०) ।

विणिवेइअ वि [विनिवेदित] जनाया हुआ, ज्ञापित (से १४, ४०) ।

विणिवेस पुं [विनिवेश] १ स्थिति, उपवेशन । २ विन्यास, रचना (गउड) ।

विणिवेसिअ वि [विनिवेशित] स्थापित, रखा हुआ (गा ९७४; सुर ३, ९५) ।

विणिव्वर न [दे] पश्चात्ताप, अनुशय (दे ७, ६८) ।

विणिव्वयण न [विनिर्वपन] शान्ति, दाहोपशम (गउड)।

विणिस्सरिय वि [विनि सृत] बाहर निकला हुआ (सण)।

विणिस्सह वि [विनिस्सह] श्रान्त, थका हुआ, 'कइयावि धणुपरिस्समविणस्सहो दीहीयासु मज्जेइ' (सुपा ५९)।

विणिह° देखो विणिहण।

विणिहट्टु देखो विणिहा।

विणिहण सक [विनि + हन्] मार डालना। विणिहणेज्जा, विणिहति (सूम १, ११, ३७, १, ७, १६)। कर्म विणिहम्मति (उत्त ३, ६)।

विणिहय वि [विनिहत] जो मार डाला गया हो, व्यापादित (महा)।

विणिहा सक [विनि + धा] १ व्यवस्था करना। २ स्थापन करना। संकृ. विणिहट्टु, विणिहाय, विणिहित्तु (चेइय २६८, सूम १, ७, २१, कप्प)।

विणिहाय देखो विणिघाय (णाया १, १४—पत्र १८६)।

विणिहिअ } वि [विनिहित] स्थापित (गा
विणिहित्त } ३९१, सुपा ९२)।

विणिहित्तु देखो विणिहा।

विणी अक [विनिर् + इ] बाहर निकलना। विणिति, विणति (गा ९५४ पि ४९३)। वकृ. विणिंत (गउड १३८)।

विणी सक [वि + नी] १ दूर करना, हटाना। २ विनय-ग्रहण कराना। विणिति (णाया १, १—पत्र २९, ३०), विणिज्जामि, विणइज्ज, विणएज्ज, विणेउ (णाया १, १—पत्र २९, सूम १, १३, २१, वि ४६०, णाया १, १—पत्र ३२)। भूका. विणइसु (सूम १, १२, ३)। भवि. विणेहिइ (पि ५२१)। वकृ. विणेमाण (णाया १ १—पत्र ३३)। कवकृ विणिज्जमाण (णाया १, १—पत्र २९)। हेकृ विणएत्तु (आचा १, ५, ६, ४, पि ५७७)।

विणीअ वि [विनीत] १ अपनीत, दूर किया हुआ, हटाया हुआ (णाया १, १—पत्र ३३), 'सव्वदव्वेसु विणीयतण्हे' (उत्त २९, १३)। २ विनय-युक्त, नम्र, शिष्ट (ठा ४, ४—पत्र २८५, सुपा ११९, उव)। ३ शिक्षित, 'भद्दो विणीअविणओ' (उव ६)।

विणीआ स्त्री [विनीता] अयोध्या नगरी (सम १५१, कप्प, पउम ३२, ५०, ती १)।

विणील वि [विनील] विशेष हरा रंग का (गउड)।

विणु (अप) देखो विणा (हे ४, ४२६, षड्, हम्मीर २८, कुलक १२, भवि, कम्म २, ९, २६, २७, ३, ५, कुमा।

विणेअ वि [विनेय] शिक्षणीय, शिष्य, अन्तेवासी, चेला (सार्ध ७०, उप १०३१ टी)।

विणेमाण देखो विणी = वि + नी।

विणोअ सक [वि + नोदय्] १ खण्डित करना। २ दूर करना, हटाना। ३ खेल करना। ४ कुतूहल करना। विणोएइ, विणोयति (गउड), विणोदेमि (शौ) (स्वप्न ५१)। भवि. विणोदइस्सामो (शौ) (पि ५२८)। वकृ विणोदअत (शौ) (नाट—उत्तर ६५)। कवकृ. विणोदीअमाण (शौ) (नाट—मालवि ४५)।

विणोअ पुं [विनोद] १ खेल, क्रीडा। २ कौतुक, कुतूहल (गउड, सिरि ५९, सुर ४, २१९, हे १, १४६)।

विणोइअ वि [विनोदित] विनोद युक्त किया हुआ (सुर ११, २३८, सण)।

विणोदअत देखो विणोअ = वि + नोदय्।

विणोयक } वि [विनोदक] कुतूहल-जनक
विणोयग } (रंभा)।

विणोयण न [विनोदन] १ अपनयन, दूर करना परिस्समविणोयणत्थं' (उप १०३१ टी, कुप्र १४७)। २ कुतूहल कौतुक (गा ४८७)।

विण्ण देखो विण्णु (सक्ति १६)।

विण्णइदव्व देखो विण्णव।

विण्णत्त वि [विज्ञप्त] निवेदित (सुपा २२)।

विण्णत्ति स्त्री [विज्ञप्ति] १ निवेदन, प्रार्थना (कुमा)। २ ज्ञान (सूम १, १२, १७)।

विण्णत्ति स्त्री [विज्ञप्ति] विज्ञान विनिर्णय (णंदि १३४)।

विण्णय देखो विणइय (ठा १०—पत्र ५१६)।

विण्णय देखो विण्ण (विपा १, २—पत्र ३६, १, ८—पत्र ८४)।

विण्णव सक [वि + ज्ञपय्] १ विनती करना, प्रार्थना करना। २ मालूम करना, विदित करना। ३ कहना। विण्णवइ, विण्णवेमि, विण्णवेमो (पि ५५३, ५५१)। भवि. विण्णविस्सं (रुक्मि ४१)। वकृ. विण्णवंत (काल)। संकृ. विण्णविअ (नाट—मृच्छ २६४)। हेकृ. विण्णविदुं (शौ) (अभि ५३)। कृ. विण्णइदव्व (शौ) (पि ५५१)।

विण्णवणा स्त्री [विज्ञापना] विज्ञापन, निवेदन (उवा)। देखो विन्नवणा।

विण्णा सक [वि + ज्ञा] जानना। संकृ. विण्णाय (दस ८, ५९)। कृ. विण्णेय (काल)।

विण्णाउ देखो विन्नाउ (राज)।

विण्णाण देखो विन्नाण (उवा, महा, षड्)।

विण्णाण न [विज्ञान] अवाय ज्ञान, निश्चयात्मक ज्ञान (णंदि १७६)।

विण्णाणि वि [विज्ञानिन्] निपुण, विचक्षण (कुमा)।

विण्णाय वि [विज्ञात] १ जाना हुआ, विदित (पाअ, गउड १२०)। २ न विज्ञान (कप्प)।

विण्णाव देखो विण्णव। विण्णावेमि, विण्णावेहि (मा ३८, ३९)।

विण्णास वि [वि + न्यासय्] स्थापना करना, रखना। वकृ. विण्णासत (पउम ४३, २६)।

विण्णास देखो विन्नास (मा ५१)।

सयल वि [सकल] १ सपूर्ण, पूरा। २ सब, समग्र (गा ५३०; कुमा, सुपा १९७, द ३९, जी १४, प्रासू १०८, १६४)। °चंद पुं [°चन्द्र] 'श्रुतास्वाद' का कर्ता एक जैन मुनि (श्रा १६६)। °भूसण पु [°भूषण] एक केवलज्ञानी मुनि (पउम १०२, ५७)। °देस पु [°देश] सर्वपिशी वाक्य, प्रमाण-वाक्य (अज्झ ६२)।

सयलि पु [शकलिन्] मीन, मछली (दे ८, ११)।

सयहत्थिय वि [सौवहस्तिक] १ स्व हस्त से उत्पन्न। २ न शस्त्र विशेष, 'महकालोवि नरिंदो मिल्हइ सयहत्थिय सहत्थेण' (सिरि ४५१, ४५२)।

सयाचार देखो स-याचार = सदाचार।

सयाचार देखो सआ चार = सदा चार।

सयाण देखो स-याण = स ज्ञान।

सयालि पुं [शतालि] भारतवर्ष के भावी

अठारहवें जिनदेव का पूर्वजन्मीय नाम (पव ४६; सम १५४)। देखो भयालि।

सयालु वि [शयालु] सोने की आदतवाला, आलसी (कुम)।

सयावरी स्त्री [सदावरी] त्रीन्द्रिय जन्तु की एक जाति (उत्त ३६, १३९; सुख ३६, १३९)।

सयावरी देखो सयरी = शतावरी (राज)।

सयास देखो सगास = सकाश (काल, अभि १२५, नाट—मृच्छ ५२)।

सयासव वि [शताश्रव, सदाश्रव] सूक्ष्म छिद्रवाला (भग)।

सय्यं देखो सज्ज = सद्यस्; 'सय्यंभवुत्ति सय्यं भवोयहीपारगो जओ तेण' (धर्मवि ३८)।

सय्यंभव देखो सज्जंभव (धर्मवि ३८)।

सय्ह देखो सज्झ = सह्य (हे २, १२४, षड्)।

सर सक [सृ] १ सरना खिसकना। २ अवलम्बन करना, आश्रय लेना। ३ अनुसरण करना। सरइ (हे ४, २३४), सरेज्जा (उवपं २५)। कृ. सरणीअ (चउ २७), सरेअव्व (सुपा ४१४)।

सर सक [स्मृ] याद करना। सरइ (हे ४, ७४, गुरु १२, प्राप्र)। वकृ. सरंत (सुपा ५६४), सरमाण (णाया १, ९—पत्र १६५, पउम ८, १६४; सुपा ३३९)। हेकृ. सरित्तए (पि ५७८)। कृ. सरणीअ, सरेअव्व, सरियव्व (चउ २७, धम्मो २०, सुपा ३०७)। प्रयो. सरयंति (सूअ १, ५, १, १९)।

सर सक [स्वर्] आवाज करना। सरइ, सरंति (विसे ४६२)।

सर पुंन [शर] १ बाण, 'मज्झे सराणि वरिसयंति' (णाया १, १४—पत्र १९१; कुमा; सुर १, ९४, स्वप्न ५५)। २ तृण विशेष, 'सो सरवणे निलीणो रहिओ तक्खिव्व पच्छन्नो' (धर्मवि ९२, पएण १—पत्र ३३, (कुप्र १०)। ३ छन्द-विशेष। ४ पांच की संख्या (पिंग)। °पण्णी स्त्री [°पर्णी] तृण-विशेष, = मुञ्ज का घास (राज)। °पत्त न [°पत्र] अस्त्र-विशेष (विसे ५१३)। °पाय न [°पात] धनुष (सूअ १, ४, २, १३) °सण पुंन [°सन] धनुष (विपा १, २—पत्र २४; पाअ; औप)। °सणपट्टी, °सणवट्टिया स्त्री [°सनपट्टी, °सनपट्टिका] १ धनुर्यष्टि, धनुर्दण्ड। २ धनुष खींचने के समय हाथ की रक्षा के लिए बांधा जाता चर्मपट्ट—चमड़े का पट्टा (विपा १, २—पत्र २४; औप)। °सरि न [°शरि] बाण-युद्ध (सिरि १०३२)।

सर पु [स्मर] कामदेव (कुमा, से ९, ४३)।

सर वि [सर] गमन-कर्ता (दस ९, ३, ६)।

सर पुं [स्वर] १ वर्ण विशेष, 'अ' से 'औ' तक के अक्षर (पण्ह २, २, विसे ४६१)। २ गीत आदि की ध्वनि, आवाज, नाद (सुपा ५९; कुमा)। ३ स्वर के अनुरूप फलाफल को बतानेवाला शास्त्र (सम ४९)।

सर पुंन [सरस्] तडाग, तालाब (से ३, ६, उवा, कप्प, कुमा, सुपा ३१९)। °पंति स्त्री [°पङ्क्ति] तडाग-पद्धति (ठा २, ४—पत्र ८६)। °रुह न [°रुह] कमल, पद्म (प्राप्र, हे १, १५६; कुमा)। °सरपंतिया स्त्री [°सर°पङ्क्ति] श्रेणि-बद्ध रहे हुए अनेक तालाब (पण्ह २, ५—पत्र १५०)।

सर देखो सरय = शरद् (गा ७१२)। °दिंदु पु [°इन्दु] शरद् ऋतु का चन्द्र (सुर २, ७०, १६, २४६)।

सरऊ स्त्री [सरयू] नदी-विशेष (ठा ५, १—पत्र ३०८, ती ११, कस)।

सरंग (अप) पुं [सारङ्ग] छन्द विशेष (पिंग)।

सरंब पु [शरम्ब] हाथ से चलनेवाले सर्प की एक जाति (पण्ह १, १—पत्र ८)।

सरक्ख सक [स + रक्ष्] अच्छी तरह रक्षण करना। सरक्खए (सूअ १, १, ४, ११ टि)।

सरक्ख वि [सरजस्क, सरक्ष] १ शैव-धर्मी, शिव-भक्त, भौत, शैव (ओघ २१८; विसे १०४०; उत्त ६७७)। २ त्रि. रजो-युक्त (आव ४)।

सरक्ख पुंन [सद्रजस्] १ धूलि, रज; 'समरक्खेहिं पाएहिं' (दस ५, १, ७)। २ भस्म (पिंड ३७, ओघ ३५९)।

सरग देखो सरय = शरक (णाया १, १८—पत्र २४१)।

सरग वि [शारक] शर-तृण से बना हुआ (शूर्प आदि) (आचा २, १, ११, ३)।

सरग्गिका (अप) स्त्री [सारङ्गिका] छन्द-विशेष (पिंग)।

सरडं पुं [सरट] कृकलास, गिरगिट (णाया १, ८—पत्र १३३; ओघ ३२३; पुप्फ २६७; दे ८, ११; उप पृ २६८, सुपा १७७)।

सरड्ड } न [शल्लाटु, °क] वह फल जिसमें
सरड्डअ } अस्थि—गुठली न बँधी हो, कोमल फल (पिंड ४५; आचा २, १, ८, ६; पि ८२; २५९)।

सरण पुन [शरण] १ त्राण, रक्षा (आचा; सम १, प्रासू १५९; कुमा)। २ त्राण-स्थान (आचा कुमा २, ४५)। ३ गृह, आश्रय, स्थान; 'निवायसरणप्पईवमिव चित्तं' (सवोध ५१)। °दय वि [°दय] त्राण-कर्ता (भग; पडि)। °गय वि [°गत] शरणापन्न (प्रासू ५)।

सरण न [स्मरण] स्मृति, याद (ओघ ८; विसे ५१८, महा, उप ५६२; औप; वि ६)।

सरण न [स्वरण] आवाज करना, ध्वनि करना (विसे ४६१)।

सरण न [सरण] गमन (राज)।

सरणि पुस्त्री [सरणि] १ मार्ग, रास्ता (प्राप्र; सुपा २, कुप्र २२), 'सरलो सरणी समग कहिओ' (सार्ध ७५)। २ आलवाल, क्यारी (गउड)।

सरण्ण वि [शरण्य] शरण-योग्य, त्राण के लिए आश्रयणीय (सम १५३, पण्ह १, ४—पत्र ७२, सुपा २६१, अच्चु १५; संबोध ४८)।

सरत्ति अ [दे] शीघ्र, जल्दी, सहसा (दे ८, २)।

सरद देखो सरय = शरत् (प्राप्र)।

सरन्न देखो सरण्ण (सुपा १८३)।

सरभ देखो सरह = शरण (भग; णाया १, १—पत्र ६५, पण्ह १, १—पत्र ७; गा ७४२; पिंग)।

सरभेअ वि [दे] स्मृत, याद किया हुआ (दे ८, १३)।

सरमय पुं.ब. [शर्मक] देश-विशेष (पउम ९८, ६५)।

सरय पुंन [शरद्] ऋतु-विशेष, आसोज—आश्विन तथा कार्तिक का महीना (पण्ह २, २—पत्र ११४; गउड, से १,२७; गा ५३४; स्वप्न ७०; कुमा; हे १, १८), 'मुय माणं माण पियं पियसरयं जाव वच्चए सरयं' (वज्जा ७४)। °चंद पु [°चन्द्र] शरद् ऋतु का चाँद (णाया १, १—पत्र ३१)। देखो सर = शरद्।

सरय पुं [शरक] काष्ठ-विशेष, अग्नि उत्पन्न करने के लिए अरणि का काष्ठ जिससे घिसा जाता है वह (णाया १, १८—पत्र २४१)।

सरय पुन [सरक] १ मद्य-विशेष, गुड तथा धातकी का बना हुआ दारू (पण्ह २, ५—पत्र १५०, सुपा ४८५; गा ५५१ अ, कुप्र १०)। २ मद्य-पान (वज्जा ७४)।

सरय देखो स-रय = स-रत।

सरय (अप) पु [सरस] छन्द-विशेष (पिंग)।

सरल पुं [सरल] १ वृक्ष-विशेष (पण्ण १—पत्र ३४)। २ ऋतु, माया-रहित (कुमा, सण)। ३ सीधा, अवक्र (कुमा, गउड)।

सरलिअ वि [सरलित] सीधा किया हुआ (कुमा, गउड)।

सरली स्त्री [दे] चीरिका क्षुद्र कीट-विशेष, झींगुर (दे ८,)।

सरलीआ स्त्री [दे] १ जन्तु-विशेष, साही, जिसके शरीर में काँटे होते हैं। २ एक जात का कीडा (दे ८, १५)।

सरव पुं [शरप] भुजपरिसर्प की एक प्रकार (सूअ २, ३, २५)।

सरस वि [सरस] रस-युक्त (औप, अंत, गउड)। °रण्ण पुं [°रण्य] समुद्र, सागर (से ९, ४३)।

सरसिज } न [सरसिज] कमल, पद्म
सरसिय } (हम्मीर ५१; रंभा)।

सरसिरुह न [सरसिरुह] कमल, पद्म (उप ७२८ टी, सम्मत्त ७६)।

सरसी स्त्री [सरसी] बड़ा तालाब—तड़ाग (औप; उप पृ ३८; सुपा ४८५)। °रुह न [°रुह] कमल (सम्मत्त १२०; १३९)।

सरस्सई स्त्री [सरस्वती] १ वाणी, भारती, भाषा (पाअ, औप)। २ वाणी की अधिष्ठात्री देवी (सुर १, १५)। ३ गीतरति नामक इन्द्र की एक पटरानी (ठा ४, १—पत्र २०४, णाया २—पत्र २५२)। ४ एक राज-पत्नी (विपा २, २—पत्र ११२)। ५ एक जैन साध्वी जो सुप्रसिद्ध कालकाचार्य की बहिन थी (काल)।

सरह पुं [शरभ] १ शिकारी पशु की एक जाति (सुपा ६३२)। २ हरिवंश का एक राजा (पउम २२, ९८)। ३ लक्ष्मण के एक पुत्र का नाम (पउम ९१, २०)। ४ एक सामन्त नरेश (पउम ८, १३२)। ५ एक वानर (से ४, ९)। ६ छन्द-विशेष (पिंग)।

सरह पुं [दे] १ वृक्ष-विशेष, वेतस या बेंत का पेड (दे ८, ४७)। २ सिंह, पञ्चानन (दे ८, ४७, सुर १०, २२२)।

सरह (अप) वि [श्लाघ्य] प्रशंसनीय (पिंग)।

सरहस देखो स-रहस = स-रभस।

सरहा स्त्री [सरघा] मधु-मक्षिका (दे २, १००)।

सरहि पुंस्त्री [शरधि] तूणीर, तीर रखने का भाथा—तरकस (मे ७०)।

सरा स्त्री [दे] माला (दे ८, २)।

सराग देखो स राग = स-राग।

सराडि स्त्री [शराटि, शराडि] पक्षी की एक जाति (गउड)।

सराव पुं [शराव] मिट्टी का पात्र-विशेष, सकोरा, पुरवा (दे २, ४७, सुपा २९९)।

सरासण देखो सर-असण = शरासन।

सराह वि [दे] दर्पोद्धुर, गर्व से उद्धत (दे ८, ५)।

सराहय पुं [दे] सर्प, साँप (दे ८, १२)।

सरि वि [सदृश] सदृश, सरीखा, तुल्य (भग, णाया १, १—पत्र ३९, अंत ५, हे १, १४२, कुमा)।

सरि स्त्री [सरित्] नदी (से २, २६, सुपा ३५४, कुप्र ४३, भत्त १२३, महा)। °नाह पुं [°नाथ] समुद्र (धर्मवि १०१)। देखो सरिआ।

सरिअ वि [स्मृत] याद किया हुआ (पउम ३०, ५४, सुपा २२१; ४६२)।

सरिअ देखो सरि = सदृश; 'सोभेमाणा सरियं संपत्तिया पिरजसा देविंदा' (औप)।

सरिअं न [सूतम्] अलं, पर्याप्त, बस; 'बहुमणिएण सरिअं' (रयण ५०)।

सरिआ स्त्री [सरित्] नदी (कुमा, हे १, १५; महा)। °वइ पुं [°पति] समुद्र (से ७, ४१, ९, २)।

सरिआ स्त्री [दे] माला, हार (पण्ह १, ४—पत्र ६८, कुप्र ३; सुपा ३४३)।

सरिक्ख } वि [सदृक्ष] सदृश, समान,
सरिच्छ } तुल्य (प्राकृ ८६; प्राप्र, हे १, १४२; २, १७; कुमा)।

सरित्तु वि [स्मर्तृ] स्मरण-कर्ता (ठा ९—पत्र ४४४)।

सरिभरी स्त्री [दे] समानता, सरीखाई, गुजराती में 'सरभर'; 'तओ जाया दोण्हवि सरिभरी' (महा १०)।

सरिर देखो सरीर (पव २०५)।

सरिवाय पुं [दे] आसार, वेगवाली वृष्टि (दे ८, १२)।

सरिस वि [सदृश] समान, सरीखा, तुल्य (हे १, १४२; भग, उव, हेका ४८)।

सरिस पुंन [दे] १ सह, साथ,

'का समसोसी तियसिदयाण
वडवालणस्स सरिसम्मि।
उवसमियसिहीपसरो
मयरहरो इंधणं जस्स।'
(वज्जा १५४)।

"आढत्तो संगामो बलवइणा तेण सरिसोत्ति" (महा)। २ तुल्यता, समानता (सक्ति ४७), "अंतेउरसरिसेणं पलोइयं नरवरिंदेण" (महा)।

सरिसरी देखो सरिभरी (महा)।

सरिसव पुं [सर्षप] सरसो (चड, औप ४०६, सं ४४; कुमा, कम्म ४, ७४, ७५; ७७, णाया १, ५—पत्र १०७)।

सरिसाहुल वि [दे] समान, सदृश (दे ८, ९)।

सरिस्सव देखो सरीसव (पउम २०, ९२)।

सरी स्त्री [दे] माला, हार (सुपा २३१)।

सरीर पुंन [शरीर] देह, काय, तनु (सम ६७, उवा, कुमा, जी १२), 'कइ णं भंते सरीरा पण्णत्ता' (पण्ण १२)। °णाम, °नाम पुन [°नामन्] कर्म-विशेष, शरीर का कारण-भूत कर्म (राज, सम ६७)। °बंधण न [°बन्धन] कर्म-विशेष (सम ६७)। °संघायण न [°संघातन] नाम कर्म का एक भेद (सम ६७)।

सरीरि पुं [शरीरिन्] जीव, आत्मा (पउम ११२, १७)।

सरीसव } पुं [सरीसृप] १ सर्प, साँप (ठा
सरीसिव } ११, सूप्र १, २, २, १४)। २ सर्प की तरह पेट से चलनेवाला प्राणी (सम ६०)।

सरूय } देखो स-रूय = स्व-रूप।
सरूव }

सरूव देखो स-रूव = सद्-रूप, स रूप।

सरूवि पु [स्वरूपिन्] जीव, प्राणी (ठा २, १—पत्र ३८)।

सरेअव्व देखो सर = स्, स्मृ।

सरेवय पुं [दे] १ हंस। २ घर का जल-प्रवाह, मोरी (दे ८, ४८)।

सरोअ न [सरोज] कमल, पद्म (कुमा, अच्चु ४२, सुपा ५९, २११, कुप्र २९८)।

सरोरुह न [सरोरुह] ऊपर देखो (प्राप्र, कुमा, कुप्र ३०४)।

सरोवर न [सरोवर] बड़ा तालाब (सुपा २६०, महा)।

सलभ देखो सलह = शलभ (राज)।

सललो स्त्री [दे] सेवा (दे ८, ३)।

सलह सक [श्लाघ] प्रशंसा करना। सलहइ (हे ४, ८८)। कर्म. सलहिज्जइ (पि १३२)। कृ. सलहिज्ज (कुमा)। देखो सलाह।

सलह पुं [शलभ] १ पतङ्ग (पाअ, गउड, सुपा १४२)। २ एक वणिक्-पुत्र (सुपा ६१७)।

सलहण न [श्लाघन] प्रशंसा, श्लाघा (गा ११४, पि १३२)।

सलहत्थ पु [दे] कुड्डली आदि का हाथा (दे ८, ११)।

सलहिअ वि [श्लाघित] प्रशंसित (कुमा)।

सलहिज्ज देखो सलह = श्लाघ्।

सलाग न [शालाक्य] चिकित्सा शास्त्र—आयुर्वेद का एक अंग, जिसमें श्रवण आदि शरीर के ऊर्ध्व भाग के सम्बन्ध में, चिकित्सा का प्रतिपादन हो वह शास्त्र (विपा १, ७—पत्र ७५)।

सलागा } स्त्री [शलाका] १ सली, सलाई
सलाया } (सूप्र १, ४, २, १०, कप्पू)। २ पल्य-विशेष, एक प्रकार की नाप (जीवस १३९, कम्म ४, ७३, ७५)। °पुरिस पु [पुरुष] २४ जिनदेव, १२ चक्रवर्ती, ९ वासुदेव। ९ प्रतिवासुदेव तथा ९ बलदेव ये ६३ महापुरुष (सबोध ११)।

सलाह देखो सलह = श्लाघ्। सलाहइ (प्राकृ २८)। वकृ. सलाहमाण (गा ३४६, सम्म १५९)। कृ. सलाहणिज्ज, सलाहणिय, सलाहणीअ (प्राकृ २८, णाया १, १६—पत्र २०१, सुर ७, १७१, रयण ३५, पउम ८२, ७३, पि १३२)।

सलाहण न [श्लाघन] श्लाघा, प्रशंसा (गा ११४, उप पृ १०६)।

सलाहा स्त्री [श्लाघा] प्रशंसा (प्राप्र, हे २, १०१, षड्)।

सलाहिअ देखो सलहिअ (कुमा)।

सलिल पुन [सलिल] पानी, जल, 'सलिला ण सवंति ण वंति वाया' (सूप्र १, १२, ७, कुमा, प्रासू ३५)। °णिहि पु [°निधि] सागर, समुद्र (से ६, ९)। °नाह पुं [°नाथ] वही (पउम ९, ६६)। °विल न [°विल] भूमि निर्झर, जमीन से बहता झरना (भग ७, ६—पत्र ३०५)। °रासि पु [°राशि] समुद्र (पाअ)। °वाह पु [°वाह] मेघ (पउम ४२, ३४)। °हर पुं [°धर] वही (से ९, ९४)। °विई, °विती स्त्री [°विती] विजय-क्षेत्र-विशेष (राज, णाया १, ८—पत्र १२१)। °वित्त न [°वर्त] वैताढ्य पर्वत पर उत्तर दिशा स्थित एक विद्याधर-नगर (इक)।

सलिला स्त्री [सलिला] महानदी, बड़ी नदी (सम १२२)।

सलिलुच्छय वि [सलिलोच्छय] प्लावित, डुबोया हुआ (पाअ)।

सलिस अक [स्वप्] सोना, शयन करना। सलिसइ (षड्)।

सलूण देखो स लूण = स-लवण।

सलोग पु [श्लोक] श्लाघा, प्रशंसा (सूप्र १, १३, १२)। देखो सिलोग।

सलोग देखो स-लोग = स लोक।

सलोण देखो स-लोण = स-लवण।

सलोय देखो सलोग = श्लोक (सूप्र १, ९, २२)।

सल्ल पुन [शल्य] १ अस्त्र-विशेष, तोमर, साँग, 'तओ सल्ला पण्णत्ता' (ठा ३, ३—पत्र १४७)। २ शरीर में घुसा हुआ काँटा, तीर आदि (सूप्र २, २, २; पंचा ९, १६, प्रासू १२०)। ३ पापानुष्ठान, पाप-क्रिया, 'पागडियसव्वसल्लो' (उत्र, सूप्र १, १५, २४)। ४ पापानुष्ठान से लगनेवाला कर्म (सूप्र १, १५, २४, वव १)। ५ पु. भरत के साथ दीक्षा लेनेवाले एक राजा का (पउम ८५, २)। ६ न. छन्द विशेष (पिंग)। °ग वि [°क] शल्यवाला, शूल आदि शल्य से पीड़ित (पण्ह २, ५—पत्र १५०)। °ग न [°ग] परिज्ञान, जानकारी (सूप्र २, २, ५७)।

सल्ल पुस्त्री [दे] हाथ से चलनेवाले सर्प-जातीय जन्तु की एक जाति (सूप्र २, ३, २५)।

सल्लइय वि [शल्यवित] शल्य-युक्त, जिसको शल्य पैदा हुआ हो वह (णाया १, ७—पत्र ११६)।

सल्लई स्त्री [सल्लकी] वृक्ष-विशेष (णाया १, ७ टी—पत्र ११९, उप १०३१ टी, कुमा, धर्मवि १३० सुपा २६१)।

सल्लग देखो सल्ल-ग = शल्य क, शल्य ग।

सल्लग देखो स-ल्लग = सत् लग।

सल्लहत्त पुन [शल्यहर्त्य] आयुर्वेद का एक अंग, जिसमें शल्य निकालने का प्रतिपादन किया गया हो वह शास्त्र (विपा १, ७—७५)।

सल्ला स्त्री [शल्या] एक महौषधि (ती ५)।

सल्लिअ वि [शल्यित] शल्य पीड़ित (सुर १२, १५२; सुपा २२७, महा, भवि)।

सल्लिह देखो सल्लिह = सं + लिख्। सल्लिहदि (शौरा ३५)।

सल्लुद्धरण न [शल्योद्धरण] १ शल्य को बाहर निकालना (विपा १, ८—पत्र ८६)। २ आलोचना प्रायश्चित्त के लिए गुरु के पास दूषण निवेदन (ओघ ७९१)।

सल्लेहणा देखो सलेहणा (आरा ३५; भवि)।

सल्लेहिय वि [संलेखित] क्षीण, सल्लेहिया कसाया करंति मुणिणो ण चित्तखोहं' (आरा ३९)।

सव सक [शप्] १ शाप देना, आक्रोश करना, गाली देना। २ आह्वान करना। सवइ (गा ३२४, ४००), सविमो, सवसु (कुमा)। कर्म. सप्पए (विसे २२२७)। वकृ. सवमाण (उव)। कवकृ. सप्पमाण (पण्ह १, ३—पत्र ५४)।

सव सक [सू] उत्पन्न करना, जन्म देना। सवइ (हे ४, २३३, षड्)।

सव देखो सो = सु। सवइ, सवए (षड्)।

सव सक [स्रु] झरना, टपकना, चूना। सवइ (विसे १३६८)।

सव पुं [श्रवस्] १ कान। २ ख्याति, 'सवोमूओ' (प्राप्र)।

सव न [शव] शव, मुरदा, मृत शरीर (पाअ, स ७६३, सण)।

सवंती स्त्री [स्रवन्ती] नदी (उप १०३१ टी)।

सवक्की देखो सवत्ती (सुपा ३३७, ६०१; मुक्त ४६, महा, कुप्र १७०)।

सवक्ख देखो स-वक्ख = स-पक्ष।

सवग्गीय वि [सवर्गीय] सवर्ग सबन्धी (हास्य १३०)।

सवच देखो स-पच = श्व-पच।

सवज्जा देखो सपज्जा (चेइय २०४, कप्पू)।

सवडमुह } वि [दे] अभिमुख, समुख,
सवडहुत्त } 'सहसा सवडमुहो चलिओ' (महा, दे ८, २१, पउम ७२, ३२, भवि), उप्पइओ नहयल विमाणत्थो अह ताण सवडहुत्तो रणरसनएहानुमो महसा' (पउम ८, ४७), 'वच्चइ य दाहिणदिसं लंकानयरी-सवडहुत्तो' (पउम ८, १३४)।

सवण देखो समण = श्रमण (आरा ३९; भवि)।

सवण पुं [श्रवण] १ कर्ण, कान (पाअ, सुपा १२८)। २ नक्षत्र-विशेष (सम ८, १५; सुज्ज १०, ५)। ३ न. आकर्णन, सुनना (भग, सुर १, २४६)। देखो सवन।

सवण न [शपन] आह्वान (विसे २२२७)।

सवग देखो स-वण = स-व्रण।

सवण न [सवन] कर्मों में प्रेरणा (राज)।

सवणता } स्त्री [श्रवणता] १ आकर्णन,
सवणया } श्रवण, सुनना (ठा २, १—पत्र ४६, ६—पत्र ३५५; णाया १, १—पत्र २९, भग, औप)। २ अवग्रह-ज्ञान (णंदि १७४)।

सवण्ण वि [सवर्ण] समान वर्णवाला (पउम २, ३१)।

सवण्ण न [सावर्ण्य] समान वर्णता (प्रयौ २०)।

सवत्त पु [सपत्न] १ दुश्मन, शत्रु, रिपु, (से ३, ५७; उप १०३१ टी; गउड)। २ वि. विरुद्ध (ओघ २७६)। ३ समान, तुल्य, 'सयवत्तसवत्तनयणरमणिजा' (कुप्र २), 'सयमेव ससिसवत्तं छत्तं उवरि ठियं तस्स' (कुप्र ११९)।

सवत्तिणी देखो सवत्ती, 'सवि (? व)त्तिणी' (पिंड ५१०)।

सवत्तिया स्त्री [सपत्निका] नीचे देखो (उवा)।

सवत्ती स्त्री [सपत्नी] पति की दूसरी स्त्री (उवा, कप्प ८७१, स्वप्न ५७ ठा ४, ३—पत्र २४२, हेका ४५)।

सवन (मा) पु [श्रवण] एक ऋषि का नाम (मोह १०९)। देखो सवण = श्रवण।

सवन्न देखो सवण्ण (हम्मीर १७)।

सवय देखो स वय = स वयस्, स-व्रत।

सवर देखो सबर (पउम ९८, ६५, इक, कप्पू, पि २५०)।

सवरिआ देखो सपज्जा (नाट—वेणी २६)।

सवल देखो सबल (दे २, ५५, कुमा, हे १, १३०; रंभा)।

सवलिआ स्त्री [दे] मराठा का एक प्राचीन जैन मन्दिर (मुणि १०८९९)।

सवह पुं [शपथ] १ आक्रोश-वचन, गाली (णाया १, १—पत्र २९, देवेन्द्र ३५)। २ सौगन्ध, सोह (गा ३३३, महा)। ३ दिव्य, दोषारोप की शुद्धि के लिए किया जाता अग्नि-प्रवेश आदि (पउम १०१, ७)।

सवाय पु [दे] श्येन पक्षी (दे ८, ७)।

सवाग }
सवाय } देखो स वाग = श्व-पाक।

सवाय देखो स-वाय = स-पाद, स वाद, सद्-वाच्।

सवार न [दे] सुबह, प्रभात, गुजराती में 'सवार' (बृह १)।

सवास पु [दे] ब्राह्मण (दे ८, ५)।

सवास देखो स-वास = स वास।

सविअ वि [शप्त] शाप-ग्रस्त, आक्रुष्ट (दे १, १३, पाअ)।

सविउ पुं [सवितृ] १ सूर्य, रवि (ओघ ६९७)। २ हस्त-नक्षत्र का अधिपति देव (सुज्ज १०, १२)। ३ हस्त नक्षत्र (अणु)।

सविक्ख वि [सापेक्ष] अपेक्षा रखनेवाला (सम्मत्त ७६)।

सविज्ज देखो स-विज्ज = स-विद्य।

सविट्ठा स्त्री [श्रविष्ठा] नक्षत्र-विशेष, धनिष्ठा नक्षत्र (राज)।

सविण देखो सुमिण = स्वप्न (पव ९८)।

सवितु देखो सविउ (ठा २, ३—पत्र ७७)।

सविस न [दे] सुरा, दारू (दे ८, ४)।

सविह न [सविध] पास, निकट (पाअ)।

सव्व वि [सव्य] वाम, बाया (औप, उप पृ १३०)।

सव्व वि [श्रव्य] श्रवण योग्य, 'सव्वक्खरसंनिवाई' (भग १, १—पत्र ११)।

सव्व म [सर्व] १ सब, सकल, समस्त। २ संपूर्ण (हे ३, ८८, ५९)। °ओ अ [°तस्] १ सब से। २ सब ओर से (हे १, ३७, कुमा, आचा)। °ओभद्द वि [°तोभद्र] १ सब प्रकार से सुखी। २ न. सब प्रकार से सुख (पंचू १)। ३ चक्र विशेष, शुभाशुभ के ज्ञान का साधन-भूत एक चक्र (ति ६)। ४ महाशुक्र देवलोक में स्थित एक विमान (सम ३२)। ५ पांचवां ग्रैवेयक विमान

(पव १९४)। ६ एक नगर का नाम (विपा १, ५—पत्र ६१)। ७ अच्युतेन्द्र का एक पारियानिक विमान (ठा १०—पत्र ५१८; औप)। ८ दृष्टिवाद का एक सूत्र (सम १२८)। ९ पुं यक्ष की एक जाति (राज)। १० देव विमान विशेष (देवेन्द्र १३६, १४१)। °ओभद्दा स्त्री [°तोभद्रा] प्रतिमा विशेष, एक व्रत (औप, ठा २, ३—पत्र ६४, अंत २९)। °कामसमिद्ध पु [°कामसमृद्ध] पक्ष का छठवाँ दिवस, षष्ठी तिथि (सुज्ज १०, १४)। °कामा स्त्री [°कामा] विद्या विशेष, जिसकी साधना में सर्व इच्छाएँ पूर्ण होती हैं (पउम ७, १०७)। °गय वि [°गत] व्यापक (अच्चु १०)। °गा स्त्री [°गा] उत्तर रुचक पर्वत पर रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३७)। °गुत्त पु [°गुप्त] एक जैन मुनि (पउम २०, १९)। °ञ्ञ वि [°ज्ञ] १ सर्व पदार्थों का जानकार। २ पुं. जिन भगवान्। ३ बुद्धदेव। ४ महादेव। ५ परमेश्वर (हे २, ८३, षड्, प्राप्र)। °ट्ठ पुं [°र्थ] १ अहोरात्र का उनतीसवाँ मुहूर्त्त (सुज्ज १०, १३)। २ पुन. सहस्रार देवलोक का एक विमान (सम १०५)। ३ अनुत्तर देवलोक का सर्वार्थसिद्ध-नामक एक विमान (पव १९०)। ४ पु. सब अर्थ (आचा १, ८, ८, २५)। °ट्ठसिद्ध पुन [°र्थसिद्ध] १ अहोरात्र का उनतीसवाँ मुहूर्त्त (सम ५१) २ एक सर्व श्रेष्ठ देव विमान, अनुत्तर देवलोक का पाँचवाँ विमान (सम २, भग, अंत, औप)। ३ पु ऐरवत वर्ष में उत्पन्न होनेवाले छठवें जिनदेव (पव ७)। °ट्ठसिद्धा स्त्री [°र्थसिद्धा] भगवान् धर्मनाथजी की दीक्षा शिविका (विचार १२९)। °ट्ठसिद्धि स्त्री [°र्थसिद्धि] एक देव विमान (देवेन्द्र १३७)। °ण्णु देखो °ञ्ञ (हे १, ५६, षड्, औप)। °त्त देखो °त्थ (समु १५०)। °त्तो देखो °ओ (पाअ)। °त्थ अ [°त्र] सब स्थान में, सब में (गउड, प्रासू ३९, ९८)। °दंसि, °दरिसि वि [°दर्शिन्] १ सब वस्तुओं को देखनेवाला। २ पुं. जिन भगवान् अर्हत (राज, भग, सम १, पडि)। °देव पु [°देव] १ एक प्रसिद्ध जैन आचार्य (सार्ध ८०)। २ राजा कुमारपाल के समय का एक सेठ (कुप्र १४३)। °दंसि देखो °दंसि (चेइय ३५१)। °द्धा स्त्री [°द्धा] सब काल, अतीत आदि सर्व समय (भग)। °धत्ता स्त्री [°धत्ता] व्यापक सर्व-ग्राहक (विसे ३४९१)। °न्नु देखो °ञ्ञ (गम १, प्रासू १७०; महा)। °प्पग वि [°त्मक] १ व्यापक। २ पु लोभ (सूअ १, १, २, १२)। °प्पभा स्त्री [°प्रभा] उत्तर रुचक पर्वत पर रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (राज)। °भक्ख वि [°भक्ष] सबको खाने वाला, सर्व-भोजी, 'अग्गिमिव सव्वभक्खें' (णाया १, २—पत्र ७९)। °भद्दा स्त्री [°भद्रा] प्रतिज्ञा विशेष, व्रत विशेष (पव २७१)। °भावविउ पुं [°भावविद्] आगामी काल में भारत वर्ष में होनेवाले बाहरवें जिन-देव (सम १५३)। °य वि [°द] सब देनेवाला (पण्ह २, १—पत्र ९९)। °या अ [°दा] हमेशा सदा (रंभा)। °रयण पुं [°रत्न] १ एक महा-निधि (ठा ९—पत्र ४४९)। २ पुन पर्वत विशेष का एक शिखर (इक)। °रयणा स्त्री [°रत्ना] ईशानेन्द्र की वसुमित्रा नामक इन्द्राणी की एक राजधानी (इक)। °रयणामय वि [°रत्नमय] १ सब रत्नों का बना हुआ (पि ७०, जीव ३, ४)। २ चक्रवर्त्ती का एक ऋद्धि (उत्त ९८९ टी)। °विग्गहिअ वि [°विग्रहिक] सर्व-सम्पित्त सबसे छोटा (भग १३ ४—पत्र ६, ६)। °विरइ स्त्री [°विरति] पाप-कर्म से सर्वथा निवृत्ति पूर्ण संयम (विसे २६८४)। °संगय [°सङ्गत] मृत्यु (पउम—पत्र० ३२१ पर्व ११०, गा० ४४)। °संजम पु [°संयम] पूर्ण संयम (राय)। °सह वि [°सह] सब सहन करनेवाला पूर्ण सहिष्णु (पउम १४, ७९)। °सिद्धा स्त्री [°सिद्धा] पक्ष की चौथी, नवमी और चौदहवी रात्रि तिथि (सुज्ज १०, १५)। °सो अ [°शस्] सब ओर से, सब प्रकार से (उत्त १, ४, आचा)। °स्स न [°स्व] सकल द्रव्य, सब धन (स ४५९, अभि ४० कप्पू)। °हा अ [°था] सब प्रकार से, सब तरह से (गा ८९७, महा प्रासू ३, १८१)। °णंद पुं [°नन्द] ऐरवत क्षेत्र के एक भावी जिन देव (सम १५४)। °णुभूइ पु [°नुभूति] १ भारत वर्ष में होनेवाले पाँचवें जिन भगवान् (सम १५३)। २ भगवान् महावीर का एक शिष्य (भग १५—पत्र ६७८)। °रुहा स्त्री [°रुहा] विद्या विशेष (पउम ७, १४४)। °व वि [°प] सपूर्ण (भग)। °सण पु [°शन] अग्नि, आग (हे ४, ३९५)।

सव्वंकस वि [सर्वंकष] १ सर्वातिशायी, सर्व से विशिष्ट (कप्पू)। २ न. पाप (आव)।

सव्वंग वि [सर्वाङ्ग] १ सपूर्ण (ठा ४, २—पत्र २०८)। सर्व शरीर-व्यापी (राज)। °सुंदर वि [°सुन्दर] १ सर्व अंगों में श्रेष्ठ। २ पुन. तप-विशेष (राज, पव २७१)।

सव्वंगिअ, सव्वंगीण } वि [सर्वाङ्गीण] सर्व अवयवों में व्याप्त (हे २, १५१, कुमा, से १५, ५४), 'सव्वंगीणाभरण पत्तेय तण ताण कय' (कुप्र २३५, धर्मवि १४९)।

सव्वंण देखो स व्वण = स व्रण।

सव्वराइअ वि [सार्वरात्रिक] सपूर्ण रात्रि से सम्बन्ध रखनेवाला, सारी रात का (सूअ २, २, ५५, कप्प)।

सव्वरी स्त्री [शर्वरी] रात्रि, रात (पाअ गा ६५३, सुपा ४९१)।

सव्वल पु [दे. शर्वल] कुन्त, बर्छा (राज, कात)। देखो सद्दल।

सव्वला स्त्री [दे शवला] कुशी, लोहे का एक हथियार (दे ८, ६)।

सव्वयेक्ख देखो स-व्वयेक्ख = स-व्यपेक्ष।

सव्वाव देखो सव्व ाव = सर्वापि।

सव्वाव देखो स व्वाव = स-व्याप।

सव्वावति अ [दे] सर्व, सब, सपूर्ण 'एयावति सव्वावंति लोगंसि' (आचा), 'सव्वावति च ण तीसे ण पुक्खरिणीए' (सूअ २, १, ५), 'सव्वा०ति च ण लोगंसि' (सूअ २, ३, १), 'सव्वं ति सव्वावति फुसमाणकालसमयंसि जावतियं खेत्तं फुसइ' (भग १, ६—पत्र ७७)।

सव्विड्ढि स्त्री [सर्वर्द्धि] संपूर्ण वैभव (णाया १, ८—पत्र १३१)।

सव्विवर देखो स-व्विवर = स विवर।

सव्वोसहि स्त्री [सर्वौषधि] १ लब्धि विशेष, जिसके प्रभाव से शरीर की कफ आदि सब चीज औषधि का काम करती है (पण्ह २, १—पत्र ६६)। २ वि. लब्धि विशेष को प्राप्त (राज)।

सस अक [श्वस्] श्वास लेना सांसना। ससइ (रयण ६)। वकृ ससत (णाया १, १—पत्र ६३, गा ५४६ सुर १२, १६४ नाट—मृच्छ २२०)।

सस पुं [शश] खरगोश (णाया १, १—पत्र २४, ६५)। °इंध पु [°चिह्न] चन्द्रमा (गउड)। °हर पु [°धर] चन्द्रमा (णाया १, ११, सुर १६, ६० हे ३, ८५, कुमा, वज्जा १६, रभा)।

ससंक पुं [सशाङ्क] १ चन्द्रमा चांद (कप्प, सुर १६, ५५ सुपा २०, कप्पू, रंभा)। २ नृप विशेष (पउम ५, ४३, ८५, २)। °धम्म पु [°धर्म] विद्याधर वंश का एक राजा (पउम ५, ४४)।

ससक देखो स सक = स शङ्क।

ससंकिअ देखो स सकिअ = स शङ्कित।

ससग देखो ससंक = शशाङ्क।

ससंवेयण देखो स सवेयण = स्व संवेदन।

ससक्ख वि [ससाक्ष्य] साक्षीवाला (राय १४०)।

ससग पु [शशक] देखो सस = शश (उव)।

ससण पु [श्वसन] १ शुण्डा दण्ड, हाथी की सूँड (तदु २ ओघ)। २ वायु पवन। ३ न. निश्वास (राज)।

ससत्ता देखो स सत्ता = स सत्वा।

ससरक्ख वि [सरजस्क, सरक्ष] १ रजोयुक्त, धूलीवाला (आचा २, १, ६, ३, २, २, ३, ३३, आव ४)। २ पु. बौद्ध मत का साधु (सुख १८, ४३, मग)।

ससराइअ वि [दे] निष्पिष्ट, पिसा हुआ (दे ८, २०)।

ससा स्त्री [स्वसृ] बहन, भगिनी (पिंड ३१७, हे ३, ३५, कुमा)।

ससि पुं [शशिन्] १ चन्द्रमा, चांद (सुज्ज २०—पत्र २६१, उव, कप्प, कुमा, पि ४०५)। २ एक विद्यार्थी का नाम (पउम ५, ६४)। ३ चन्द्र नाडी, वाम नाडी (सिरि ३६१)। ४ एक देव-विमान (देवेन्द्र १४३)। ५ छन्द विशेष (पिंग)। ६ एक राजा का नाम (उव)। ७ दक्षिण रुचक पर्वत का एक कूट (ठा ८—पत्र ४३६)। °अंत पुं [°कान्त] चन्द्रकान्त मणि (अच्चु ५८)। °अला स्त्री [°कला] चन्द्र की कला, सोलहवाँ भाग (गउड)। °कंत देखो °अंत (कुमा, सण)। °पभ, °पह पु [°प्रभ] १ आठवें जिनदेव, भगवान् चन्द्रप्रभ। २ इक्ष्वाकु वंश का एक राजा (पउम ५, ५)। °प्पहा स्त्री [°प्रभा] एक रानी, कर्पूरमंजरी की माता (पउम ६, ६१ कप्पू)। °मणि पुंस्त्री [°मणि] चन्द्रकान्त मणि (स ६, ६७)। °लेहा स्त्री [°लेखा] चन्द्र की कला (सुपा ६०३)। °वक्कय न [°वक्रक] आभूषण विशेष (औप)। °वेग पु [वेग] एक राजकुमार (उप १०३१ टी)। °सेहर पु [°शेखर] महादेव, शिव (सुपा ३३)।

ससिअ न [श्वसित] श्वास, साँस (से १२, ३२)।

ससिण देखो ससि (कप्पू)।

ससिणिद्ध वि [सस्निग्ध, सस्निग्ध] स्नेहयुक्त (आचा २, १, ७, ११, कप्प)।

ससित्थ न [ससिक्थ] आटा आदि से लिप्त हाथ या बरतन आदि का धोवन (पिंड)।

ससिरिय, ससिरीय } देखो स सिरिय = स श्रीक।

ससिह देखो स सिह = स स्पृह, स शिख।

ससुर पुं [श्वसुर] ससुर पति और पत्नी का पिता (पउम १८, ८ हेका ३२, कुमा सुपा ३७७)।

ससुग देखो स सूग = स-शूक।

ससेस देखो स सेस = स शेष।

ससोग, ससोगिल्ल } देखो स सोग = स शोक।

सस्स न [शस्य] १ क्षेत्र गत धान्य (गा ६८६, महा सुपा ३२)। २ वि. प्रशंसनीय, श्लाघ्य (सुपा ३२)। देखो सास = शस्य।

सस्सवण वि [सश्रवण] सकर्ण, निपुण (सुपा ६४५)।

सस्सिय पुं [शस्यिक] कृषीवल, कृषक (राज)।

सस्सिरिअ देखो स-स्सिरिअ = स-श्रीक।

सस्सिरिली देखो सिस्सिरिली (उत्त ३६, ६८)।

सस्सिरीअ देखो स-स्सिरीअ = स-श्रीक।

सस्सू स्त्री [श्वश्रू] सास, पति या पत्नी की माता (प्राकृ ३८, सिरि ३५५)।

सह अक [राज्] शोभना, विराजना। सहइ (हे ४, १००, पाअ, कुमा, सुपा ४)।

सह अक [सह्] सहन करना। सहइ, सहति (उव महा कुमा), सहइरे, सहेइरे (पि ४५८) वकृ. सहत, सहमाण (महा, पड्)। संकृ. सहिअ (महा)। हेकृ. सहिउं, सोढुं (महा, धात्वा १५५, १५७)। कृ. सहिअव्व, सोढव्व (धात्वा १५५, सुर १४, ८०, गा १८, कप्पू, उप ७२८ टी धात्वा १५७)।

सह सक [आ + ज्ञा] हुकुम करना, आदेश करना, फरमाना। सहइ (धात्वा १५५)।

सह वि [दे] १ योग्य, लायक (दे ८, १)। २ सहाय, मदद-कर्ता (सूअ १, ३, २, ६)।

सह वि [स्वक] देखो स = स्व (आचा)। °देस पु [°देश] स्वदेश, स्वकीय देश (पिंग)। °संबुद्ध वि [संबुद्ध] १ निज से ही ज्ञान को प्राप्त। २ पु. जिन-देव (औप)।

सह वि [सह] १ समर्थ, शक्तिमान् (पाअ से ५, २३)। २ सहिष्णु, सहन कर्ता (आचा)। ३ पु. युगलिक मनुष्य की एक जाति (इक, राज)। ४ अ साथ, संग (स्वप्न ३४, आचा जी ४३, प्रासू ३८)। ५ युगपत्, एक साथ (राज)। °कार पुं [°कार] १ आम का पेड (कप्प)। २ साथ मिलकर काम करना। ३ मदद साहाय्य (हे १ १७७)। °कारि वि [°कारिन्] १ साहाय्य-कर्ता (पचा ११, १२)। २ कारण विशेष (विसे ११६८, श्रावक २०६)। °गत, °गय वि [°गत] संयुक्त (पण्ण, २२—पत्र ६३७, उव)। °गारि, गारिअ देखो °कारि (धर्मसं ३०६, उप ४७२, उवर ७६)। °चर देखो

°यर (कुमा)। °चरण न [°चरण] सहचर, साथ रहना, मेलाप, 'रयणनिहाणेहिं भवउ सहचरण' (श्रु ८४)। °ज पु [°ज] १ स्वभाव (कुमा पिंग)। २ वि. स्वाभाविक (चेइय ४७१)। °जाय वि [°जात] एक साथ उत्पन्न (णाया १, ५—पत्र १०७)। °देव पु [°देव] १ एक पाण्डव, माद्री पुत्र (धर्मवि ८१)। २ राजगृह नगर का एक राजा (उप ६४८ टी)। °देवा स्त्री [°देवा] ओषधि विशेष (धर्मवि ८१)। °देवी स्त्री [°देवी] १ चतुर्थ चक्रवर्ती की माता (सम १५२ महा)। २ एक महौषधि (ती ५)। °धम्मआरिणी स्त्री [°धर्मचारिणी] पत्नी, भार्या (प्रति २२)। °पंसुकीलिअ वि [°पांशुक्रीडित] बाल मित्र (सुपा २५४, णाया १, ५—पत्र १०७)। °य देखो °ज (चेइय ४४९ राज)। °यर वि [°चर] १ सहाय, साहाय्य कर्ता। २ वयस्य, दोस्त। ३ अनुचर (पाअ, कुप्र २। अच्छु ९०, नाट—शकु ६१)। °यरी स्त्री [°चरी] पत्नी, भार्या (कुप्र १५१, से ८, ६६)। °यार देखो °कार (पाअ, हे १, १७७)। °राग वि [°राग] राग-सहित (पउम १४, ३३)। °र देखो °कार (पउम ५३, ७९)।

सह° देखो सहा = सभा (कुमा)।

सहउत्थिया स्त्री [द] दूती (दे ८, ९)।

सहगुह पु [दे] घूक, उल्लू, पक्षि विशेष (दे ८, १५)।

सहडामुह न [शकटामुख] वैताढ्य की उत्तर श्रेणि में स्थित एक विद्याधर-नगर (इक)।

सहण अ [दे] सह, साथ में (सूत्र० चूर्णि० गा० २५७)।

सहण न [सहन] १ तितिक्षा, मर्षण। २ वि. सहिष्णु, सहन करनेवाला (स २९)।

सहर पुन्न [शफर] मत्स्य, मछली (पाअ, गउड)। स्त्री °री (हे १, २३६; गउड)।

सहर वि [दे] साहाय्य-कर्ता, सहाय 'न तस्स माया न पिया न भाया, कालम्मि तम्मि (?म्मी) सहरा भवंति' (धं ४३)।

सहल वि [सफल] फल-युक्त, सार्थक (उप १०३१ टी हे १, २३६, कुमा, स्वप्न १९)।

सहस देखो सहस्स (श्रा ४४, पि ९२, ९६)। °किरण पुं [°किरण] सूर्य, रवि (सम्मत्त ७६)। °क्ख पु [°क्ष] १ इन्द्र (सुपा १३०)। २ रावण का एक योद्धा (पउम ५६, २९)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)।

सहसक्कार पु [सहसाकार] १ विचार किए विना करना (आचा)। २ आकस्मिक क्रिया, अकस्मात् करना (भग २५, ७—पत्र ९१९)। ३ वि. विचार किए विना करनेवाला (आचा)।

सहसत्ति अ. अकस्मात्, शीघ्र, जल्दी, तुरन्त (पाअ, प्राकृ ८१)।

सहसा अ [सहसा] अकस्मात्, शीघ्र, जल्दी (पाअ, प्रासू १५१, भवि)। °वित्तासिय न [°वित्रासित] अकस्मात् स्त्री के नेत्र स्थगन आदि क्रीडा (उत्त १६, ६)।

सहस्स पुन [सहस्र] १ संख्या-विशेष, दस सौ, १०००। २ वि. हजार की संख्यावाला (जी २७, ठा ३ १ टी—पत्र ११९, प्रासू ४, कुमा)। ३ प्रचुर, बहुत (कप्प, आवम हे २, १९८)। °किरण पुं [°किरण] १ सूर्य, रवि (सुपा ३७)। २ एक राजा (पउम १०, ३४)। °क्ख पु [°क्ष] इन्द्र देवाधिपति (कप्प उत्त ११, २३)। °णयण, °नयण पु [°नयन] १ इन्द्र (उव, हम्मीर ५, महा)। २ एक विद्याधर राज-कुमार (पउम ५, ६७)। °पत्त न [°पत्र] हजार दल-वाला कमल (कप्प)। °पाग पुन [°पाक] हजार औषधि से बनता एक प्रकार का तैल (णाया १, १—पत्र १९, ठा ३ १—पत्र ११७)। °रस्सि पुं [°रश्मि] सूर्य, रवि (णाया १, १—पत्र १७ भग, रयण ८३)। °लोयण पु [°लोचन] इन्द्र (स ६२२)। °सिर वि [°शिरस्] १ प्रभूत मस्तक-वाला। २ पु विष्णु (हे २ १९८)। °वत्त देखो °पत्त (से ६, ३८, सुपा ४९)। °सो अ [°शस्] हजार-हजार अनेक हजार (श्रा १२) °हा अ [°धा] सहस्र प्रकार से (सुपा ५३)। °हुत्त अ [°कृत्वस्] हजार बार (प्राप्र ह २, १५८)। देखो सहस, सहास।

सहस्संवरण न [सहस्राम्रवण] एक उद्यान, आम के प्रभूत पेडोवाला वन (णाया, १, ८—पत्र १५२, अत उवा)।

सहस्सार पु [सहस्रार] १ आठवाँ देवलोक (सम ३५ भग, अत)। २ आठवें देवलोक का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। ३ एक देव विमान (देवेन्द्र १३५)। °वडिंसय पुंन [°वतंसक] एक देव विमान (सम ३५)।

सहा स्त्री [सभा] समिति, परिषत् (कुमा, स १२६ ५१६ सुपा ३८४)। °सय वि [°सद] सभ्य, सदस्य (पाअ, श्र ३८५)।

सहा देखो साहा = शाखा (गा २३०)।

सहाअ देखो स-हाअ = स्व भाव।

सहाअ पु [सहाय] साहाय्य-कर्ता (णाया १, २—पत्र ८८, पाअ, से ९, ३; स्वप्न १०६ महा भग)।

सहाइ वि [साहायिन्] ऊपर देखो (सिरि ९७, सुपा ५९३)।

सहाइया स्त्री [सहायिका] मदद करनेवाली (उवा)।

सहार देखो सह-रा = सह कार।

सहाव देखो स हाव = स्व-भाव।

सहास देखो सहस्स (भवि)। °हुत्तो अ [°कृत्वस्] हजार बार (पङ्)।

सहासय देखो सहा सय = सभा-सद।

सहि वि [सखि] मित्र, दोस्त (पाअ, उर २, ६)। देखो सही°।

सहि° देखो सही (कुमा)।

सहिअ वि [सोढ] सहन किया हुआ (से १, ५५; गाथा १५५)।

सहिअ वि [सहित] १ युक्त, समन्वित (उव; कुमा, सुपा ६१)। २ हित-युक्त (सूत्र १, २, २, २३)। ३ पु. ज्योतिष्क ग्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७७)।

सहिअ पु [सभिक] द्यूत-कारक, जूआ खेलनेवाला (दे ६, ४२, पाअ सुपा ४८८)।

सहिअ देखो स हिअ = स्व हित।

सहिअ देखो सइ = सह्।

सहिअ } वि [सहृदय] १ सुन्दर चित्त-
सहिअय } वाला। २ पारावर बुद्धिवाला (हे १, २६९, दे १, १, काप्र ५२१)।

सहिआ देखो सही (महा)।

सहिज्ज वि देखो सहाअ = सहाय, 'हुति सहिज्जा विहुरे कुवियावि सहोयरा चेव' (सुपा ४२७, महा, कुप्र १२)। स्त्री. °ज्जी (सुपा १६ टि)।

सहिण देखो सण्ह + श्लक्ष्ण (आचा २, ५, १, ७, स २६४, ३२९, ३३३)।

सहिण्हु } वि [सहिष्णु] सहन करने की
सहिर } आदतवाला (राज, पि ५९६)। स्त्री. °री (गा ४७, पि ५९६)।

सही स्त्री [सखी] सहेली, सगिनी (स्वप्न १४१, कुमा)।

सही° देखो सहि। °वाय पु [°वाद] मित्रता-सूचक वचन (सूअ १, ९, २७)।

सहीण वि [स्वाधीन] स्वायत्त, स्व-वश (पउम २७, १७, उव, दस ८, ६)।

सहु वि [सह] समर्थ, शक्तिमान् (ओघ, ७७, ओघभा ९८, उवर १४२, वव ४)।

सहु (अप) देखो संघ (सक्ति ३९)।

सहुं (अप) अ [सह] साथ, सग (हे ४, ४१९, कुमा)।

सहेज्ज देखो सहिज्ज (महा)।

सहेर (अप) पुं [शेखर] षट्पद छन्द का एक भेद (पिंग)।

सहेल वि [सहेल] हेला युक्त, अनायास होनेवाला, सरल, गुजराती मे 'सहेलु' (प्रवि ११)।

सहोअर वि [सहोदर] १ तुल्य, सदृश (से ६, ४)। २ पु. सगा भाई (पाअ, काल)।

सहोअरी स्त्री [सहोदरी] सगी बहिन (राज)।

सहोढ वि [सहोढ] चोरी के माल से युक्त, स-मोष (पिंड ३८०, णाया १, २—पत्र ८६)।

सहोदर देखो सहोअर (सुपा २४०, महा)।

सहोसिअ वि [सहोषित] एक-स्थान-वासी (दे १, १४६)।

साअड्ढ सक [कृष्] १ चाप करना, कृषि करना। २ खीचना। साअड्ढइ (हे ४, १८७, षड्)।

साअड्ढिअ वि [कृष्ट] खीचा हुआ (कुमा ७, ३१)।

साअद (शौ) देखो सागद (अभि १०२; नाट—मृच्छ ४, पि १८५)।

साइ वि [शायिन्] सोनेवाला, शयन-कर्ता (सूअ १, ४, १, २८, आचा, दस ४, २६)।

साइ वि [सादि] १ आदि सहित, उत्पत्ति-युक्त (सम्म ६१)। २ न सस्थान विशेष, शरीर की आकृति विशेष जिस शरीर में नाभि से नीचे के अवयव पूर्ण और नाभि के ऊपर के अवयव हीन हो ऐसी शरीराकृति (सम १४९, अणु)। ३ कर्म-विशेष, सादि-सस्थान की प्राप्ति का कारण भूत कर्म (कम्म १, ४०)।

साइ न [साचि] १ सेमल का पेड, शाल्मली वृक्ष। २ सस्थान विशेष, देखो साइ = सादि का दूसरा और तीसरा अर्थ (जीव १ टी—पत्र ४३)।

साइ पुस्त्री [स्वाति] १ नक्षत्र विशेष (सम २९, कप्प), 'सा साई त च जल पत्तविसेसेण अतर गरुय' (प्रामू ३९)। २ पु. भारतवर्ष में होनेवाले एक जिनदेव का पूर्वजन्मीय नाम (सम १५४)। ३ एक जैन मुनि (णदि ४९)। ४ हैमवत-वर्ष के शब्दापाती पर्वत का अधिष्ठायक देव (ठा २, ३—पत्र ६९, ८०)।

साइ पुं [सादिन्] घुडसवार (उप ७२८ टी)।

साइ पुस्त्री [साति] १ अच्छी चीज के साथ खराब चीज का मिश्रण, उत्तम वस्तु के साथ हीन वस्तु की मिलावट (सूअ २, २, ६५)। २ अविश्रम्भ, अविश्वास। ३ असत्य वचन, झूठ (पण्ह १, २—पत्र २६)। ४ सातिशय द्रव्य, अपेक्षा कृत अच्छी चीज (राज ११४)। °जोग पु [°योग] १ मोहनीय कर्म (सम ७२)। २ अच्छी चीज से हीन चीज की मिलावट (राय ११४ टी)। °सपओग पु [°सप्रयोग] वही अर्थ (राय ११४)।

साइ पुस्त्री [दे] केसर, 'सालतले सारिठिआ अच्चइ चंडि ससाइपउमेहिं' (दे ८, २२)।

साइज्ज सक [स्वाद्, सात्मी + कृ] १ स्वाद लेना, खाना। २ चाहना, अभिलाष करना। ३ स्वीकार करना ग्रहण करना। ४ आसक्ति करना। ५ अनुमोदन करना। ६ उपभोग करना। साइज्जइ, साइज्जामो (आचा, कस कप्प—टी, भग १५—पत्र ६८०, औप), साइज्जेज्ज (आचा २, १, ३, २)। भवि. साइज्जिस्सामि (आचा)। हेकृ. साइज्जित्तए (औप)।

साइज्जण न [स्वादन] अभिष्वङ्ग, आसक्ति (विसे २६८५)।

साइज्जणया स्त्री [स्वादना] उपभोग, सेवा (ठा ३, ३ टी—पत्र १४७)।

साइज्जिअ वि [दे] अवलम्बित (दे ८, २६)।

साइज्जिअ वि [स्वादित] १ उपभुक्त (कप्प—टी)। २ उपभुक्त सम्बन्धी। स्त्री. °या (कप्प)।

साइम वि [स्वादिम] पान, सुपारी आदि मुखवास (ठा ४, २—पत्र २१९, आचा, उवा, औप, सम २९)।

साइय वि [सादिक] आदिवाला (कम्म १, ६, नव ३६)।

साइय देखो सागय = स्वागत (सुर ११, २१७)।

साइय न [दे] सस्कार (दे ८, २५)।

साइयसार वि [दे] स-प्रत्यय, विश्वस्त (पिंडभा ४२)।

साइरेग वि [सातिरेक] साधिक, सविशेष (सम २, भग)।

साइसय वि [सातिशय] अतिशयवाला (महा, सुपा ३९७)।

साई देखो सई = शची (इक)।

साउ वि [स्वादु] स्वादवाला, मधुर (पिंड १२८ उप ६७, से २, १८; कुमा, हे १, ५)।

साउग वि [स्वादुक] स्वादिष्ट भोजनवाला, मधुर भोजनवाला, 'कुलाइं जे धावइ साउगाइं' (सूअ १, ७, २३)।

साउज्ज न [सायुज्य] सहयोग, साहाय्य (मन्नु ६५)।

साउणिअ वि [शाकुनिक] १ पक्षि-घातक, पक्षियों के वध का काम करनेवाला (पण्ह १, १, २—पत्र २९, अणु १२९ टि, विपा १, ८—पत्र ८३)। २ शकुन-शास्त्र का जानकार (सुपा २९७, कुप्र ५)। ३ श्येन पक्षी द्वारा शिकार करनेवाला (अणु १२९ टि)।

साउय देखो साउग (राज)।

साउय वि [सायुष्] आयुवाला, प्राणी (ठा २, १—पत्र ३८)।

साउल वि [संकुल] व्याप्त, भरपूर (सुर १०, १८)।

साउलय वि [साकुलत] आकुलता युक्त, व्याकुल, व्यग्र, 'इंदियसुहसाउलओ परिहिंडई सोवि संसारे' (पउम १०२, १९७)।

साउली स्त्री [दे] १ वस्त्राञ्चल (गा २६९)। २ वस्त्र, कपड़ा (गा ६०५)। देखो साहुली।

साउल्ल पु [दे] अनुराग, प्रेम (हे ८, २४, षड्)।

साएज्ज देखो साइज्ज। साएज्जइ (भवि ११, २)।

साएय न [साकेत] अयोध्या नगरी (इक, सुपा ५५०, पि ९३)। °पुर न [°पुर] वही अर्थ (उप ७२८ टी)। °पुरी स्त्री [°पुरी] वही (पउम ४, ४)। देखो साकेय।

साएया स्त्री [साकेता] अयोध्या नगरी (पउम २०, १०, णाया १, ८—पत्र १३१)।

सातवण न [सान्तपन] व्रत-विशेष (प्रवो ७३)।

साक देखो साग (दे ६, १३०)।

साकेय न [साकेत] १ नगर-विशेष, अयोध्या (तो ११)। २ वि. गृहस्थ-संबन्धी। ३ न. प्रत्याख्यान विशेष (पव ४)।

साकेय वि [साङ्केत] १ संकेत का, संकेत संबन्धी। २ न. प्रत्याख्यान का एक भेद (पव ४)।

साग पुं [शाक] १ वृक्ष-विशेष (पउम ४२, ७, दे १, २७)। २ तक्र-सिद्ध बड़ा आदि खाद्य; 'सागो सो तक्कसिद्धं ज' (पव २५९)। ३ शाक, तरकारी (पि २-२, ३६४)।

सागडिअ वि [शाकटिक] गाड़ीवान, गाड़ी चला कर निर्वाह करनेवाला (सुर १६, २२३, स २९२, उत्त ५, १४, श्रा १२)।

सागय न [स्वागत] १ शोभन आगमन, प्रशस्त आगमन (भग)। २ अतिथि सत्कार, आदर बहु-मान (सुपा २५६)। ३ कुशल (कुमा)।

सागर पुं [सागर] १ समुद्र (पण्ह १, ३—पत्र ४४; प्रासू १३४)। २ एक राज-पुत्र (उप ९३७)। ३ राजा अन्धकवृष्णि का एक पुत्र (अंत ३)। ४ एक वणिक्—व्यापारी (उप ६४८ टी)। ५ सातवें बलदेव तथा वासुदेव के पूर्व भव के धर्म गुरु (सम १५३)। ६ पुन. कूट-विशेष (इक)। ७ समय-परिमाण-विशेष, दश-कोटाकोटि-पल्योपम-परिमित काल (नव, ९, जी ३६, पव २०५)। ८ एक देव विमान (सम २)। °कंत पुन [°कान्त] एक देव विमान (सम २)। °चंद पु [°चन्द्र] १ एक जैन आचार्य (काल)। २ एक व्यक्तिवाचक नाम (उव, पडि, राज)। °चित्त पुन [°चित्र] कूट-विशेष (इक)। °दत्त पुं [°दत्त] १ एक जैन मुनि (सम १५३)। २ तीसरे बलदेव का पूर्वजन्मीय नाम (सम १५३)। ३ एक श्रेष्ठि-पुत्र (महा)। ४ एक सार्थवाह का नाम (विपा १, ७)। ५ हरिषेण चक्रवर्ती का एक पुत्र (महा ४४)। °दत्ता स्त्री [°दत्ता] १ भगवान् धर्मनाथजी की दीक्षा शिविका (सम १५१)। २ भगवान् विमलनाथजी की दीक्षा-शिविका (विचार १२९)। °देव पुं [°देव] हरिषेण चक्रवर्ती का एक पुत्र (महा)। °वूह पुं [°व्यूह] सैन्य की रचना विशेष (महा)। देखो सायर = सागर।

सागरिअ देखो सागारिय (पिंड ५९८, पव ११२)।

सागरोवम पुंन [सागरोपम] समय-परिमाण विशेष, दस-कोटाकोटि-पल्योपम परिमित काल (ठा २, ४—पत्र ९०, सम २, ८, ९, १०, ११, उव, पि ४४८)।

सागार वि [साकार] १ आकार-सहित, आकृतिवाला। २ विशेषांश को ग्रहण करने की शक्ति विशेष ग्रहण, ज्ञान (ओप, भग,

१०—पत्र ४६५)। °कार पु [°कार] १ सत्य। २ सत्य-करण (ठा १०—पत्र ४६५)। °तण वि [°तन] सन्ध्या समय का (विक्र १६)।

सायंदूर न [दे] नगर विशेष (दे ८ ५१ टी)।

सायंदूला स्त्री [दे] केतकी, केवडे का गाछ (दे ८, २५)।

सायकुंभ न [शातकुम्भ] १ सुवर्ण, सोना। २ वि. सुवर्ण का बना हुआ (सुपा २०१)।

सायग पुं [सायक] बाण, तीर (सुपा ६५१)।

सायग वि [स्वादक] स्वाद लेनेवाला (दस ४, २६)।

सायणा स्त्री [शातना] खण्डन, छेदन (सम ५८)।

सायणी स्त्री [शायनी, स्वापनी] मनुष्य की दस दशाओं में दसवीं—९० से १०० वर्ष की उम्रवाली—दशा (तंदु १६)।

सायत्त वि [स्वायत्त] स्वाधीन, स्वतन्त्र (स २७६)।

सायय देखो सायग (पाअ, स ५४८)।

सायर पुं [सागर] १ समुद्र (सुपा ५६, ८८, जी ४४, गउड, प्रासू ८७ १४४, प्राप्र, हे २, १८२)। २ ऐरवत वर्ष में होनेवाले चौथे जिन देव (पव ७)। ३ मृग-विशेष। ४ संख्या-विशेष (प्राप्र)। ५ एक सेठ का नाम (सुपा २८०)। °घोस पुं [°घोष] एक जैन मुनि जो आठवें बलदेव के पूर्वजन्म में गुरु थे (पउम २०, १९३)। °भद्द पु [°भद्र] इक्ष्वाकुवंश का एक राजा (पउम ५, ४)। देखो सागर = सागर।

सायर वि [सादर] आदर युक्त (गउड, सुर २, २४५)।

सायार देखो सागार = साकार (सम्म ६४, पउम ६, ११८)।

सार सक [प्र + हृ] प्रहार करना। सारइ (हे ४, ८४)। वकृ. सारत (कुमा)।

सार सक [स्मारय्] याद दिलाना। सारे (वव १)।

सार सक [सारय्] १ ठीक करना, दुरुस्त करना। २ प्रख्यात करना, प्रसिद्ध करना। ३ प्रेरणा करना। ४ उन्नत करना, उत्कृष्ट बनाना। ५ सिद्ध करना। ६ अन्वेषण करना खोजना। ७ सरकाना, खिसकाना, एक स्थान से अन्य स्थान में ले जाना। सारइ (सुपा १५४), सारति, सारयइ (सूअ १, २, २, २६, २, ६, ४) 'सारेहि वीणं' (स ३०९), सारेह (सूअ १, ३, ३, ९)। कर्म. 'हसाण सरेहि सिरि सारिज्जइ अह सराण हसेहिं' (गा ९५३, काप्र ८६२)। कवकृ सारिज्जंत (सुपा ५७)।

सार सक [स्वरय्] १ बुलवाना। २ उच्चारण योग्य करना। सारति (विसे ४६२)।

सार वि [शार] १ शबल, चितकबरा (पाअ, गउड ३७८, ५३०)। २ पु. सार, पासा खेलने के लिए काठ आदि का चौपहल रंगबिरंगा साचा (सुपा १५४)।

सार पुन [सार] १ धन, दौलत (पाअ, से २, १, २६, मुद्रा २६७)। २ न्याय्य, न्याय-युक्त, 'एय खु नाणिणो सारं जं न हिंसइ किंचण' (सूअ १, १, ४, १०)। ३ बल, पराक्रम (पाअ से ३, २७)। ४ परमार्थ (आचानि २३९)। ५ प्रकर्ष (आचानि २४०)। ६ फल (आचानि २४१)। ७ परिणाम (ठा ४, ४ टी—पत्र २८३)। ८ रस, निचोड (कप्पू)। ९ एक देव विमान (देवेन्द्र १४३)। १० स्थिर अंश (से ३, २७ गउड)। ११ पुं. वृत्त विशेष (पण्ण १—पत्र ३४)। १२ छन्द विशेष (पिंग)। १३ वि श्रेष्ठ, उत्तम 'जह चंदा ताराण गुणाण सारा तहेह दमा (धम्मो ६, से २, २६)। °कंता स्त्री [°कान्ता] षड्ज ग्राम की एक मूर्छना (ठा ७—पत्र ३९३)। °य वि [°द] सार देनेवाला (से ९, ४०)। °वइ स्त्री [°वती] छन्द विशेष (पिंग)। °वंत वि [°वन्] सार युक्त (ठा ७—पत्र ३९४, गउड)। °वती देखो °वई (पिंग)।

सारइय वि [शारदिक] शरद् ऋतु का (उत्त १०, २८, पण्ण १७—पत्र ५२९, सी ५, उवा)।

सारग वि [शार्ङ्ग] १ सींग का बना हुआ। २ न. धनुष। ३ आर्द्रक, आदी (हे २, १००, प्राप्र)। ४ विष्णु का धनुष (हे २ १००; सुपा ३४८)। °पाणि पुं [°पाणि] विष्णु (प्राकृ २७)।

सारंग पु [सारंग] १ सिंह, मृगेन्द्र (सुर १, ११, सुपा ३४८)। २ चातक पक्षी (पाअ, से ६ ८२)। ३ हरिण, मृग (से ६, ८२, कप्पू)। ४ हाथी। ५ भ्रमर। ६ छत्र। ७ राजहंस। ८ चित्र मृग, चितकबरा हरिण। ९ वाद्य विशेष। १० शंख। ११ मयूर। १२ धनुष। १३ केश। १४ आभरण, अलंकार। १५ वस्त्र। १६ पद्म, कमल। १७ चन्दन। १८ कपूर। १९ फूल। २० कोयल। २१ मेघ (सुपा ३४८)। °रूअक, °रूपक (अप) पुन [°रूपक] छन्द विशेष (पिंग)।

सारग न [साराङ्ग] प्रधान दल, श्रेष्ठ अवयव (पण्ह २, ५—पत्र १५०, सुपा ३४८)।

सारगि पु [शार्ङ्गिन्] विष्णु, श्रीकृष्ण (कुमा)।

सारंगिका } स्त्री [सारङ्गिका] छन्द विशेष
सारंगिका } (पिंग)।

सारंगी स्त्री [सारङ्गी] १ हरिणी (पाअ)। २ वाद्य विशेष (सुपा १३२)।

सारंभ देखो सरंभ (ठा ७—पत्र ४०)।

सारकल्लाण पु [सारकल्याण] वलयाकार वनस्पति विशेष (पण्ण १—पत्र ३४)। देखो सालकल्लाण।

सारक्ख सक [स + रक्ष्] परिपालन करना, अच्छी तरह रक्षण करना। सारक्खइ (तंदु १३)। वकृ. सारक्खत, सारक्खमाण (पि ७ उवा)।

सारक्खण न [संरक्षण] सम्यग् रक्षण, त्राण (णाया १, २—पत्र ९०, सूअ १, ११, १८ औप)।

सारक्खणया स्त्री [संरक्षणा] ऊपर देखो (पि ७६)।

सारक्खिअ वि [संरक्षिन्] संरक्षण-कर्ता (पि ७६)।

सारक्खिअ वि [संरक्षित] जिसका संरक्षण किया गया हो वह (पण्ह २, ४—पत्र १३०)।

सामइअ देखो सामाइअ (विसे २६२४; २६३३, २६३४; २६३६)।

सामइअ } पुं [सामयिक] १ एक गृहस्थ
सामइग } का नाम (सूअनि १९१)। २ वि. समय-सम्बन्धी (पंच ५, १६९)। ३ सिद्धान्त का जानकार (पिंडभा ६)। ४ आगम आश्रित, सिद्धान्त-आश्रित (ठा ३, ३—पत्र १५१)। ५ बौद्ध विद्वान् (दसनि ४, ३५)।

सामइग देखो सामाइअ (विसे २७१६)।

सामइगि वि [सामायिकिन्] सामायिक-वाला (विसे २७१६)।

सामंत पुन [सामन्त] १ निकट, समीप, पास, 'तस्स ण अदूरसामंते' (णाया १, २—पत्र ७८, उवा, कप्प)। २ पुं अधीन राजा (महा, काल)। ३ अपने देश के अनन्तर देश का राजा, समीप देश का राजा (कप्प)।

सामंती स्त्री [दे] सम-भूमि (दे ८, २३)।

सामंतोवणिवाइय न [सामन्तोपनिपातिक] अभिनय का एक भेद (राय ५४)।

सामंतोवणिवाइया } स्त्री [सामन्तोपनिपा-
सामंतोवणीआ } तिकी] क्रिया विशेष, चारो तरफ से इकट्ठे हुए जन-समुदाय में होनेवाली क्रिया—कर्म बन्ध का कारण (ठा २, १—पत्र ४०, नव १८)।

सामंतोवायणिय पुंन [सामन्तोपपातनिक] अभिनय-विशेष (ठा ४, ४—पत्र २८५)।

सामक्ख देखो समक्ख, संभरिय चिय वयण, 'ज त अणरएणमित्तसामक्खं। भणियं अईयकाले' (पउम १०, ८४)।

सामग देखो सामय = श्यामाक (राज)।

सामग्ग सक [श्लिष्] आलिङ्गन करना। सामग्गइ (हे ४, १९०)।

सामग्ग } न [सामग्र्य] सामग्री, संपू-
सामग्गिअ } र्णता, सकलता (से ९, ४७, आचा २, १, १, ९, महा)।

सामग्गिअ वि [श्लिष्ट] आलिङ्गित (कुमा)।

सामग्गिअ वि [दे] १ चलित। २ अव-लम्बित। ३ पालित, रक्षित (दे ८, ५३)।

सामग्गी स्त्री [सामग्री] १ समस्तता। २ कारण-समूह (सम्मत्त २२४; महा; कप्पू, रंभा)।

सामच्छ सक [दे] मन्त्रणा करना, पर्या-लोचन करना। संकृ. सामच्छिऊण (पउम ४२, ३५)।

सामच्छ न [सामर्थ्य] समर्थता, शक्ति (हे २, २२, कुमा)।

सामच्छण देखो सामत्थण (राज)।

सामज्ज न [साम्राज्य] सार्वभौम राज्य, बड़ा राज्य (उप ३५७ टी)।

सामण } वि [श्रामण, °णिक] श्रमण-
सामणिय } संबन्धी (राज)।

सामणिय देखो सामण्ण = श्रामण्य (सूअ १, ७, २३; दस ७, ५६)।

सामणेर पुं [श्रामणि] श्रमण का अपत्य, साधु की संतान (सूअ १, ४, २, १३)।

सामण्ण न [श्रामण्य] श्रमणता, साधुपन (भग, दस २, १, महा)।

सामण्ण पुं [सामान्य] १ अणपन्नी देवों का एक इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। २ न. वैशेषिक दर्शन में प्रसिद्ध सत्ता पदार्थ (धर्मसं २५९)। ३ वि. साधारण (गा ८९१, ९६९, नाट—रत्ना ८१)।

सामत्थ देखो सामच्छ (द)। संकृ. सामत्थे-ऊण (काल)।

सामत्थ देखो सामच्छ = सामर्थ्य (हे २, २२, कुमा, ठा ३, १—पत्र १०६, सुपा २८२, प्रासू १४४)।

सामत्थ } न [दे] पर्यालोचन, मन्त्रणा,
सामत्थण } 'काम हरामोत्ति अज्ज दव्व इति सामत्थं करेंति गुज्झं' (पण्ह १, ३—पत्र ४६ पिंड १२१, बृह १)।

सामन्न देखो सामण्ण = श्रामण्य (भग, कप्प, सुर १, १)।

सामन्न देखो सामण्ण = सामान्य (उप, स ३२५ धर्मवि ५६, कम्म १, १०, ३१)।

सामय सक [प्रति + इक्ष्] प्रतीक्षा करना, बाट जोहना (हे ४, १९३, षड्)।

सामय पु [श्यामाक] धान्य-विशेष, सांवा (हे १, ७१, कुमा)।

१०—पत्र ४६५)। °कार पु [°कार] १ सत्य। २ सत्य-करण (ठा १०—पत्र ४६५)। °तण वि [°तन] सन्ध्या-समय का (विक्र १६)।

सायंदूर न [दे] नगर-विशेष (दे ८ ५१ टी)।

सायंदूला स्त्री [दे] केतकी, केवड़े का गाछ (दे ८, २५)।

सायकुंभ न [शातकुम्भ] १ सुवर्ण, सोना। २ वि. सुवर्ण का बना हुआ (सुपा २०१)।

सायग पुं [सायक] बाण, तीर (सुपा ६५१)।

सायग वि [स्वादक] स्वाद लेनेवाला (दस ४, २६)।

सायणा स्त्री [शातना] खण्डन, छेदन (सम ५८)।

सायणी स्त्री [शायनी, स्वापनी]- मनुष्य की दस दशाओं में दसवीं—९० से १०० वर्ष की उम्रवाली—दशा (तंदु १६)।

सायत्त वि [स्वायत्त] स्वाधीन, स्वतन्त्र (स २७६)।

सायय देखो सायग (पाअ, स ५४८)।

सायर पुं [सागर] १ समुद्र (सुपा ५६, ८८, जी ४४, गउड, प्रासू ८७, १४४, प्राप्र, हे २, १८२)। २ ऐरवत वर्ष में होनेवाले चौथे जिन देव (पव ७)। ३ मृग-विशेष। ४ संख्या विशेष (प्राप्र)। ५ एक सेठ का नाम (सुपा २८०)। °घोस पुं [°घोष] एक जैन मुनि जो आठवें बलदेव के पूर्वजन्म में गुरु थे (पउम २०, १९३)। °भद्द पु [°भद्र] इक्ष्वाकुवंश का एक राजा (पउम ५, ४)। देखो सागर = सागर।

सायर वि [सादर] आदर-युक्त (गउड, सुर २, २४५)।

सायार देखो सागार = साकार (सम्म ६४; पउम ६, ११८)।

सार सक [प्र + हृ] प्रहार करना। सारइ (हे ४, ८४)। वकृ. सारत (कुमा)।

सार सक [स्मारय्] याद दिलाना। सारे (वव १)।

सार सक [सारय्] १ ठीक करना, दुरुस्त करना। २ प्रख्यात करना, प्रसिद्ध करना। ३ प्रेरणा करना। ४ उन्नत करना, उत्कृष्ट बनाना। ५ सिद्ध करना। ६ अन्वेषण करना, खोजना। ७ सरकाना, खिसकाना, एक स्थान से अन्य स्थान में ले जाना। सारइ (सुपा १५४), सारति, सारयइ (सूअ १, २, २, २६, २, ६, ४), 'सारेहि वीणं' (स ३०९), सारेइ (सूअ १, ३, ३, ९)। कर्म. 'हसाण सरेहि सिरि सारिज्जइ अह सराण हसेहिं' (गा ९५३, काप्र ८६२)। कवकृ. सारिज्जंत (सुपा ५७)।

सार सक [स्मरय्] १ बुलवाना। २ उच्चारण योग्य करना। सारति (विसे ४६८)।

सार वि [शार] १ शबल, चितकबरा (पाअ, गउड ३७८, ५३०)। २ पु. सार, पासा, खेलने के लिए काठ आदि का चौपहल रंगबिरंगा साचा (सुपा १५४)।

सार पुन [सार] १ धन, दौलत (पाअ, से २, १, २६, मुद्रा २६७)। २ न्याय्य, न्याय-युक्त, 'एय खु नाणिणो सारं जं न हिंसइ किंचण' (सूअ १, १, ४, १०)। ३ बल, पराक्रम (पाअ, से ३, २७)। ४ परमार्थ (आचानि २३९)। ५ प्रकर्ष (आचानि २४०)। ६ फल (आचानि २४१)। ७ परिणाम (ठा ४, ४ टी—पत्र २८३)। ८ रस, निचोड़ (कप्पू)। ९ एक देव विमान (देवेन्द्र १४३)। १० स्थिर अंश (से ३, २७, गउड)। ११ पु. वृत्त विशेष (पण्ण १—पत्र ३४)। १२ छंद विशेष (पिंग)। १३ वि. श्रेष्ठ, उत्तम, 'जह चंदो ताराण गुणाण सारा तहह दया' (धम्मो ६, से २, २६)। °कंता स्त्री [°कान्ता] षड्ज ग्राम की एक मूर्छना (ठा ७—पत्र ३९३)। °य वि [°द] सार देनेवाला (से ९, ४०)। °वइ स्त्री [°वती] छंद विशेष (पिंग)। °वंत वि [°वन्] सार युक्त (ठा ७—पत्र ३९४, गउड)। °वती देखो °वई (पिंग)।

सारइय वि [शारदिक] शरद् ऋतु का (उत्त १०, २८, पण्ण १७—पत्र ५२९, ठी ५, उवा)।

सारग वि [शार्ङ्ग] १ सींग का बना हुआ। २ न. धनुष। ३ आर्द्रक, आदी (हे २, १००, प्राप्र)। ४ विष्णु का धनुष (हे २ १००; सुपा ३४८)। °पाणि पुं [°पाणि] विष्णु (प्राकृ २७)।

सारंग पुं [सारंग] १ सिंह, मृगेन्द्र (सुर १, ११, सुपा ३४८)। २ चातक पक्षी (पाअ, से ६, ८२)। ३ हरिण, मृग (से ६, ८२, कप्पू)। ४ हाथी। ५ भ्रमर। ६ छत्र। ७ राजहंस। ८ चित्र मृग, चितकबरा हरिण। ९ वाद्य-विशेष। १० शंख। ११ मयूर। १२ धनुष। १३ केश। १४ आभरण, अलंकार। १५ वस्त्र। १६ पद्म, कमल। १७ चन्दन। १८ कपूर। १९ फूल। २० कोयल। २१ मेघ (सुपा ३४८)। °रूअक, °रूपक (अप) पुन [°रूपक] छंद विशेष (पिंग)।

सारग न [साराङ्ग] प्रधान दल, श्रेष्ठ अवयव (पण्ह २, ५—पत्र १५०, सुपा ३४८)।

सारंगि पु [शार्ङ्गिन्] विष्णु, श्रीकृष्ण (कुमा)।

सारंगिका } स्त्री [सारङ्गिका] छंद विशेष
सारंगिका } (पिंग)।

सारंगी स्त्री [सारङ्गी] १ हरिणी (पाअ)। २ वाद्य विशेष (सुपा १३२)।

सारंभ देखो सरंभ (ठा ७—पत्र ४०३)।

सारकल्लाण पुं [सारकल्याण] वलयाकार वनस्पति विशेष (पण्ण १—पत्र ३४)। देखो सालकल्लाण।

सारक्ख सक [सं + रक्ष्] परिपालन करना, अच्छी तरह रक्षण करना। सारक्खइ (तंदु १३)। वकृ. सारक्खत, सारक्खमाण (पि ७०, उवा)।

सारक्खण न [संरक्षण] सम्यग् रक्षण, त्राण (णाया १, २—पत्र ९०, सूअ १, ११, १८, औप)।

सारक्खणया स्त्री [संरक्षणा] ऊपर देखो (पि ७६)।

सारक्खि वि [संरक्षिन्] संरक्षण-कर्ता (पि ७६)।

सारक्खिअ वि [संरक्षित] जिसका संरक्षण किया गया हो वह (पण्ह २, ४—पत्र १३०)।

सारक्खेत्तु वि [सरक्षितृ] संरक्षण-कर्ता (ठा ७—पत्र ३८६)।

सारग देखो सारय = स्मारक (आचा, ओप)।

सारज्ज न [स्वाराज्य] स्वर्ग का राज्य (विसे १८८३)।

सारण पु [सारण] १ एक यादव-कुमार (अंत ३, कुप्र १०१)। २ रावणाधीन एक सामन्त राजा (पउम ८, १३३)। ३ रावण का मन्त्री (से १२, ६४)। ४ रावण का एक सुभट (से १४, १३)। ५ न ले जाना, प्रापण (ओघ ४४८)।

सारण न [स्मारण] १ याद कराना (ओघ ४४८)। २ वि. याद दिलानेवाला। स्त्री. °णिया, °णी (ठा १०—पत्र ४७३)।

सारणा न [स्मारणा] १ याद दिलाना (सुर १५ २४८ विचार २३८, काल)।

सारणि } स्त्री [सारणि, °णी] १ आलवाल,
सारणी } नीक, क्यारी (धण २९, कुप्र ५८)। २ परंपरा (सम्मत्त ७७)।

सारत्थ न [सारथ्य] सारथिपन (णाया १, १६, पउम २४, ३८)।

सारदा देखो सारया (रंभा)।

सारदिअ देखो सारइय (अभि ९९)।

सारमिअ वि [दे] स्मारित, याद कराया हुआ (दे ८, २५)।

सारमेअ पु [सारमेय] श्वान, कुत्ता (उप ७६८ टी कुप्र ३९३, सम्मत्त १८९, आसू १५८)।

सारमेई स्त्री [सारमेयी] कुत्ती, शुनी (सुर १४, १५५)।

सारय वि [शारद] शरद् ऋतु का (सम १५३, पण्ह १, ४—पत्र ६८, विसे १४९९, अजि १३, कप्प, ओप)।

सारय वि [सारक] १ श्रेष्ठ करनेवाला (से ३, ४८)। २ साधक, सिद्ध करनेवाला (कप्प, गा ९, ४०)।

सारय वि [स्मारक] १ याद करनेवाला। २ याद दिलानेवाला (भग, आचा १, ४, ४, १, कप्प)।

सारय वि [स्वारत] आसक्त, खूब लीन (आचा १, ४, ४, १)।

सारय देखो सार-य।

सारया स्त्री [शारदा] सरस्वती देवी (सम्मत्त १४०)।

सारव देखो सार = सारय्। भवि. सारविस्सं (वव १)।

सारव सक [समा + रच्] साफ करना, ठीक ठाक करना, दुरुस्त करना। सारवइ (हे ४, ९५), 'सारवह सयलसरणीओ' (सुर १५, ८२)। वकृ. सारवेंत (गउड)। कवकृ. सारविज्जंत (सण)।

सारव सक [समा + रभ्] शुरूआत करना, प्रारम्भ करना। सारवइ (षड्)।

सारवण न [समारचन] समार्जन, साफ करना (ओघ ७३)।

सारविअ वि [समारचित] दुरुस्त किया हुआ, साफ किया हुआ (दे ८, ४९, कुमा, ओघभा ८)।

सारस पु [सारस] १ पक्षि विशेष (कप्प, औप, स्वप्न ७०, कुमा, सण)। २ छन्द-विशेष (पिंग)।

सारसी स्त्री [सारसी] १ षड्ज ग्राम की एक मूर्छना (ठा ७—पत्र ३९३)। मादा सारस-पक्षी। ३ छन्द विशेष (पिंग)।

सारस्सय पु [सारस्वत] १ लौकान्तिक देवों की एक जाति (णाया १, ८—पत्र १५१, वि ३५३)।

सारह न [सारघ] मधु शहद (पाअ, दे ८, २७)।

सारहि पु [सारथि] रथ हांकनेवाला (सम १, पाअ, महा)।

सारहि पुस्त्री [दे] पक्षि विशेष, शरारि पक्षी (दे ८, २४)।

साराय अक [साराय्] सार-रूप होना। वकृ. सारायंत (उप ७२८ टी)।

साराव सक [सारय्] चिपकवाना, लगवाना, सील कराना। संकृ. साराविऊण लक्खं नीरंपत्त तत्थ कयं' (धर्मवि ५)।

सारि स्त्री [शारि] १ पक्षि विशेष, मैना (गा ५५२)। २ पासा खेलने का रंग बिरंगा सांचा (गा १३८)। ३ युद्ध के लिए गज-पर्याण (दे ७, ६१; भवि)।

सारि देखो सारी (दे) (पाअ)।

सारिअ वि [सारिक] सारवाला, 'आरोग्ग-सारिअ माणुसत्तण सचसारिओ धम्मो' (श्रा १८)।

सारिअ वि [सारित] चिपकाया हुआ, सील किया हुआ तत्तो कुंभीए निक्खिविऊण तीए सम्म मुह पूरिऊण उवरि लक्खाए सारियाए' (सम्मत्त २२९)।

सारिआ } स्त्री [सारिका] मैना, पक्षि-
सारिइआ } विशेष (गा ५८९, पाअ, दे ८, २४)।

सारिक्ख न [सादृश्य] समानता, सरीखाई (हे २, १७, कुमा, धर्मस ४२५, समु १८०, विसे ४६९)।

सारिक्ख } वि [सदृश] समान, सरीखा,
सारिच्छ } 'सारिक्खविप्पलभा तह भेदे किमिह सारिक्ख' (धर्मस ४२५, समु १७९, प्राप, हे १, ४४, कुमा गा ३०, ९४)।

सारिच्छ देखो सारिक्ख = सादृश्य (हे २, १७, सुर १२, १२२)।

सारिच्छिआ स्त्री [दे] दूर्वा, दूब (दे ८, २७)।

सारिज्जंत देखो सार = सारय्।

सारिस देखो सरिस = सदृश (सक्ति २, वज्जा ११४)।

सारिस } न [सादृश्य] समानता, सरीखाई
सारिस्स } (राज, नाट — रत्ना ७६)।

सारी स्त्री [दे] वृक्षी, ऋषि का आसन (दे ८, २२, ६१)। २ मृत्तिका, मिट्टी (दे ८, २२ टी)।

सारी स्त्री [शारी] देखो सारि = शारि 'सज्जिओ कंचणपुडासारीहिं . हत्थी' (कुप्र १२०)।

सारीर वि [शारीर] शरीर का, शरीर-संबंधी (उव, सुर ४, ७५)।

सारीरिय वि [शारीरिक] ऊपर देखो (सुर १२, १०, सण)।

सारुवि } पु [सारूपिन्, °क] जैन साधु
सारुविअ } के समान वेष को धारण करने-वाला रजोहरण-वर्जित स्त्री-रहित गृहस्थ,

साधु और गृहस्थ के बीच की अवस्थावाला जैन पुरुष (संबोध ३१, ५४, बृह १; वव ४)।

सारुविअ न [सारुप्य] समान रूपता (सूप्र २, ३, २, २१)।

सारेच्छ देखो सारिच्छ = सादृश्य (गउड)।

सारोहि वि [संरोहिन्] संरोहण-कर्ता (पि ७६)।

साल पुं [साल, शाल] १ ज्योतिष्क महाग्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७८)। २ वृक्ष-विशेष, साखू का पेड (सम १५२, औप, कुमा)। ३ वृक्ष, पेड। ४ किला, प्राकार (सुपा ४६७)। ५ एक राजा; 'साल महासाल-सालिभद्दो य' (पडि)। ६ पक्षि-विशेष (पण्ह १, १ टी—पत्र १०)। ७ पुंन. एक देव-विमान (सम ३५)। °कोट्टय न [°कोष्टक] चैत्य-विशेष (राज)। °वाहण, °हण [°वाहन] एक सुप्रसिद्ध राजा (विचार ५३१, हे १ २११; प्राप, पि २४४, पड्; कुमा)।

साल देखो सार = सार (सुपा ३८४, णाया १, १६—पत्र १९६)। °इय वि [°चित] सार युक्त (णाया १, १६)।

साल न [शाला] घर, गृह, 'मायामहमालंपि हु बालेण रयलमुच्छन्नं' (सुपा ३८४)।

साल पुं [श्याल] साला, बहू का भाई (मोह ८८, सिरि ९८८, भवि, नाट—मृच्छ ३५)।

साल पुं. देखो साला = (दे), 'जम्म सालस्स भग्गस्स', 'परित्तजीवे उ से सुले' (पण्ण १—पत्र ३७, ठा ८—पत्र ४२९)। °मंत वि [°वन्] शाखावाला (णाया १, १ टी—पत्र ४, औप)।

साल° देखो साला = शाला। °गिह, °घर न [°गृह] १ भित्ति-रहित घर (निचू ८)। २ परामदशाला घर (राय)।

सालइय देखो सारइय = शारदिक (णाया १, १६ पत्र १९६)।

सालंकायण न [शालङ्कायन] १ कौशिक गोत्र का एक शाखा-गोत्र। २ पुंस्त्री. उस गोत्रवाला (ठा ७—पत्र ३९०)।

सालंगी स्त्री [दे] सारिका, मैना (दे ८, २४)।

सालगी स्त्री [दे] सीढी, नि.श्रेणी (दे ८, २६, कुप्र १२०)।

सालंब वि [सालम्ब] अवलम्बन युक्त, आश्रय-युक्त (गउड, राज)।

सालकल्लाण पुं [शालकल्याण] वृक्ष विशेष (भग ८, ३ टी—पत्र ३६४)। देखो सारकल्लाण।

सालक्खिआ स्त्री [दे] सारिका, मैना (षड्)।

सालग न [दे] १ वृक्ष की बाहरी छाल (निचू १५)। २ लम्बी शाखा (आव १)। ३ रस, 'अवसालग वा अंबदालगं वा भोत्तए वा पायए वा' (आचा २, ७, २, ७)।

सलगय न [सारणक] कढी के समान एक तरह का खाद्य (भवि)।

सालभंजी देखो सालहंजी (धर्मवि १४७, कुमा)।

सालस वि [सालस] आलस्य-युक्त, अलसी (गउड, सुपा २५१)।

सालहंजिया } स्त्री [शालभञ्जिका, °ञ्जी]
सालहंजी } काष्ठ आदि की बनाई हुई पुतली (सुपा ४३, ५४)।

सालहिआ } स्त्री [दे] सारिका, मैना (पाअ,
सालही } श्रा २८, दे ८, २४)।

साला स्त्री [शाला] १ गृह, घर। २ भित्ति-रहित घर (कुमा, उप ७२८ टी)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)।

साला स्त्री [दे] शाखा (दे ८, २२, पण्ह १, ३—पत्र ५४, दस ७, ३१, राय ८८)।

सालाइय देखो सलाग (राज)।

सालाणय वि [दे] १ स्तुत, जिसकी स्तुति की गई हो वह। २ स्तुत्य, स्तुति-योग्य (दे ८, २७)।

सालाहण देखो सालाहिण = शाल-वाहन।

सिलाइच्च पुं [शिलादित्य] वलभीपुर का एक प्रसिद्ध राजा (ती १५)।

सिलागा देखो सलागा (स ८४)।

सिलाघ (शौ) नीचे देखो। कृ. सिलाघणीअ (प्रयौ ६७)।

सिलाह सक [श्लाघ्] प्रशंसा करना। कृ. सिलाहणिज्ज (रयण १९)।

सिलाहा स्त्री [श्लाघा] प्रशंसा (मै ८८)।

सिलिंद पुं [शिलिन्द] धान्य-विशेष (पव १५६, सबोध ४३, श्रा १८, दर्शनि ६, ८)।

सिलिंध पुन [शिलीन्ध्र] १ वृक्ष-विशेष, छत्रक वृक्ष, भूमिस्फोट वृक्ष (णाया १, १—पत्र २५, ९—पत्र १६०, औप, कुमा)। २ पु. पर्वत-विशेष (स २५२)। °निलय पुं [°निलय] पर्वत विशेष (स ४२४)।

सिलिंब पुं [दे] शिशु, बच्चा (दे ८, ३०; सुर ११, २०६, सुपा ३४)।

सिलिट्ठ वि [श्लिष्ट] १ मनोज्ञ, सुन्दर, 'अइकंतविसप्पमाणमउयसुकुमालकुम्मसठिय-सिलिट्ठचरणा' (पण्ह १, ४—पत्र ७९)। २ संगत, सुयुक्त (औप)। ३ आलिङ्गित। ४ संसृष्ट। ५ श्लेषालंकार-युक्त (हे २, १०६, प्राप्र)।

सिलिप्पइ देखो सिलिंबइ (राज)।

सिलिम्ह पुं स्त्री [श्लेष्मन्] श्लेष्मा, कफ (हे २, ५५, १०६, पि १३६)। देखो सेम्ह।

सिलिया स्त्री [शिलिका] १ चिरैता आदि तृण, औषधि विशेष। २ पाषाण-विशेष, शस्त्र को तीक्ष्ण करने का पाषाण (णाया १, १३—पत्र १८१)।

सिलिसिअ देखो सिलिट्ठ (कुमा ७, ९५)।

सिलिवइ वि [श्लीपद्वत्] श्लीपद नामक रोगवाला, जिससे पैर फूला हुआ और कठिन हो जाता है उस रोग से युक्त (आचा, वृह १)।

सिलीमुह पुं [शिलीमुख] १ बाण, तीर (पाअ, सुर ६, १४)। २ रावण का एक योद्धा (पउम ५६, ३६)।

सिलीस देखो सिलेस = श्लिष्। सिलीसइ (भवि)। सिलीसंति (सूअ २, २, ५५)।

सिलुच्चय पुं [शिलोच्चय] १ मेरु पर्वत (सुअ ५)। २ पर्वत, पहाड़ (रंभा)।

सिलेच्छिय पुं [शिलैक्षिक] मत्स्य-विशेष (जीव १ टी—पत्र ३६)।

सिलेम्ह देखो सिलिम्ह (षड्)।

सिलेस सक [श्लिष्] आलिङ्गन करना, भेंटना। सिलेसइ (हे ४, १९०)।

सिलेस पु [श्लेष] १ वज्रलेप आदि संधान (सूअनि १८५)। २ आलिङ्गन, भेंट (सुर १६, २४३)। ३ संसर्ग। ४ दाह (हे २, १०६, षड्)। ५ एक शब्दालंकार (सुर १, ३९, १६, २४३)।

सिलेस देखो सिलिम्ह (अनु ५)।

सिलोअ } पु [श्लोक] १ कविता, पद्य,
सिलोग } काव्य (सुदा १९८, सुपा ५६४; अजि ३, महा)। २ यश, कीर्ति (सूअ १, १३, २२, हे २, १०६)। ३ कला-विशेष, कवित्व, काव्य बनाने की कला (औप)।

सिलोच्चय देखो सिलुच्चय (पाअ, सुर १, ७, राज)।

सिल्ल पु [दे] १ कुन्त, बरछा, शस्त्र-विशेष (सुपा ३११, कुप्र २८, काल, सिरि ४०३)। २ पोत-विशेष, एक प्रकार का जहाज (सिरि ३८३)।

सिल्ला देखो सिला। °र पुं [°कार] शिला-वट, पत्थर गढ़नेवाला शिल्पी (ती १५)।

सिल्हग न [सिह्लक] गन्ध-द्रव्य-विशेष (राज)।

सिल्हा स्त्री [दे] शीत, जाड़ा (से १२, ७)।

सिव न [शिव] १ मङ्गल, कल्याण। २ सुख (पाअ कुमा, गउड)। ३ अहिंसा (पण्ह २, १—पत्र ९९)। ४ पुंन मुक्ति, मोक्ष (पाअ, सम्मत्त ७६, सम १, कप्प, औप, पडि)। ५ वि मङ्गल-युक्त, उपद्रव-रहित (कप्प, औप, सम १, पडि)। ६ पुं. महादेव (णाया १, १—पत्र ३९; पाअ, कुमा; सम्मत्त ७६)। ७ जिनदेव, तीर्थंकर, अर्हन् (पउम १०९, १२)। ८ एक राजर्षि, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी (ठा ८—पत्र ४३०; भग ११, ९)। ९ पाँचवें वासुदेव तथा बलदेव का पिता (सम १५२)। १० देव-विशेष (राय, अणु)। ११ पौष मास का लोकोत्तर नाम (सुज्ज १०, १२)।

१२ एक देव-विमान (देवेन्द्र १४३)। १३ छन्द-विशेष (पिंग)। °कर न [°कर] १ शैलेशी अवस्था की प्राप्ति। २ मुक्ति-मार्ग (सूअनि ११५)। °गइ स्त्री [°गति] १ मुक्ति, मोक्ष। २ वि. मुक्त, मुक्ति-प्राप्त (राज)। ३ पुं. भारतवर्ष में अतीत उत्सर्पिणी-काल में उत्पन्न चौदहवें जिन-देव (पव ७)। °तित्थ न [°तीर्थ] काशी, बनारस (हे ४, ४४२)। °नंदा स्त्री [°नन्दा] आनन्द-श्रावक की पत्नी (उवा)। °भूइ पुं [°भूति] १ एक जैन महर्षि (कप्प)। २ बोटिक मत—दिगंबर जैन संप्रदाय का स्थापक एक मुनि (विसे २५५१)। °रत्ति स्त्री [°रात्रि] फाल्गुन (गुजराती माघ) मास की कृष्ण चतुर्दशी तिथि (सट्ठि ७८ टी)। °सेण पुं [°सेन] ऐरवत वर्ष में उत्पन्न एक अर्हत् (सम १५३)।

सिवंकर पुं [शिवङ्कर] पाँचवें केशव का पिता (पउम २०, १८२)।

सिवक } पुं [शिवक] १ घड़ा तैयार होने
सिवय } के पूर्व की एक अवस्था (विसे २३१६)। २ वेलन्धर नागराज का एक आवास-पर्वत (इक)।

सिवा स्त्री [शिवा] १ भगवान नेमिनाथ जी की माता का नाम (सम १५१)। २ सौधर्म देवलोक के इन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ८—पत्र ४१६, णाया २—पत्र २५३)। ३ पनरहवें जिनदेव की प्रवर्तिनी—मुख्य साध्वी (पव ६)। ४ शृगाली, मादा सियार (अणु, बज्जा ११८)। ५ पार्वती (पाअ)।

सिवाणंदा देखो सिव-नंदा (उवा)।

सिवासि पुं [शिवाशिन्] भरतक्षेत्र में अतीत उत्सर्पिणी-काल में उत्पन्न बारहवें जिनदेव (पव ७)।

सिविण देखो सुमिण (हे १, ४६; प्राप्र, रभा, कुमा, कप्पू)।

सिविया स्त्री [शिविका] गुलासन, पालकी, डोली (कप्प, औप, महा)।

सिविर न [शिविर] १ स्कन्धावार, सैन्य-निवास-स्थान, छावनी (कुमा)। २ सैन्य, सेना, लश्कर (सुपा ६)।

सिव्व सक [सीव्] सीना, सांधना। सिव्वइ (षड्, विसे १३६८)। भवि. सिव्विस्सामि (आचा १, ६, ३, १)।

सिव्व देखो सिव = शिव (प्राकृ २६; संक्षि १७)।

सिव्विअ वि [स्यूत] सिया हुआ (पव ६२)।

सिव्विणी } स्त्री [दे] सूची, सूई (दे ८,
सिव्वी } २९)।

सिस देखो सिलेस = श्लिष्। सिसइ (षड्)।

सिसिर न [दे] दधि, दही (दे ८, ३१; पाअ)।

सिसिर पु [शिशिर] १ ऋतु-विशेष, माघ तथा फागुन का महिना (उप ७२८ टी, हे ४, ३५७)। २ माघ मास का लोकोत्तर (सुज्ज १०, १९)। ३ फागुन मास, 'सिसिरो फग्गुण-माहो' (पाअ)। ४ वि. जड, ठंढा, शीतल (पाअ, उप ७६८ टी)। ५ हलका (उप ७६८ टी)। ६ न. हिम (उप ९८६ टी)। °किरण पुं [°किरण] चन्द्रमा (धर्मवि ५)। °महीहर पुं [°महीधर] हिमालय पर्वत (उप ९८६ टी)।

सिसिरली देखो सिसिरिली (राज)।

सिसु पुंन [शिशु] बालक, बच्चा (सुपा ५८८; सम्मत्त १२२), 'सा खाइ पायमेक्कं सिसूणि बीयं पढमपहरे' (कुप्र १७३)। °आल पुं [°काल] बाल्य, बाल-काल (नाट—चैत ३७)। °नाग पुं [°नाग] क्षुद्र कीट-विशेष, अलस (उत्त ५, १०)। °पाल पुं [°पाल] एक प्रसिद्ध राजा (णाया १, १६—पत्र २०८; सूअ १, ३, १, १, उप ६४८ टी, कुप्र २५६)। °यव पुंन [°यव] तृण-विशेष (पण्ण १—पत्र ३३)। °वाल देखो °पाल (सूअ १, ३, १, १ टी)।

सिस्स पुस्त्री [शिष्य] १ चेला, छात्र, विद्यार्थी (णाया १, १—पत्र ६०, सूअनि १२७)। स्त्री. °स्सा, °सिणी (मा ९, णाया १, १४—पत्र १८८)।

सिस्स देखो सीस = शीर्ष (सम ५०)।

सिस्सिरिली स्त्री [दे] कन्द विशेष (उत्त ३६, ९८)।

सिह सक [स्पृह्] इच्छा करना, चाहना। सिहइ (हे ४, ३४, प्राकृ २३)। कृ. सिहणिज्ज (दे ८, ३१ टी)।

सिह पुं [दे] भुजपरिसर्प की एक जाति (सूअ २, ३, २५)।

सिहंड पुं [शिखण्ड] शिखा, चूला, चोटी (पाअ, अमि १५१)।

सिहंडइल्ल पुं [दे] १ बालक, शिशु। २ दधि-सर, दही की मलाई। मयूर, मोर (दे ८, ५४)।

सिहंडहिल्ल पुं [दे] बालक, बच्चा (षड्)।

सिहंडि वि [शिखण्डिन्] १ शिखाधारी (भत्त १००, औप)। २ पुं. मयूर पक्षी, मोर (पाअ; उप ७२८ टी)। ३ विष्णु (सुपा १४२)।

सिहण देखो सिहिण (रंभा)।

सिहर न [शिखर] १ पर्वत के ऊपर का भाग, शृङ्ग (पाअ, गउड, सुर ४, ५६, से ९, २८)। २ अग्रभाग (णाया १, ९)। ३ लगातार अठाईस दिनों के उपवास (संबोध ५८)। °अग्ग वि [°चण] शिखरों से प्रसिद्ध (से ९, १८)।

सिहरि पुं [शिखरिन्] १ पहाड़, पर्वत (पाअ, सुपा ४९)। २ वर्षधर पर्वत-विशेष (ठा २, ३—पत्र ६९; सम १२, ४३)। ३ पुंन. कूट-विशेष (ठा २; ३—पत्र ७०)। °वइ पुं [°पति], हिमालय पर्वत (से ८, ९२)।

सिहरिणी } स्त्री [दे. शिखरिणी] मार्जिता
सिहरिल्ला } खाद्य-विशेष, दही-चीनी आदि से बनता एक तरह का मिष्ट खाद्य (दे १, १५४, ८, ३३, पण्ह २, ५—पत्र १४८; पव ४, पभा ३३, कस, सण)।

सिहली } स्त्री [शिखा] १ चोटी, मस्तक
सिहा } पर के बालों का गुच्छा (पचा १०, ३२, पव १५३, पाअ, णाया १, ५—पत्र १०८, संबोध ३१)। २ अग्नि की ज्वाला (पाअ, कुमा, गउड)।

सिहाल वि [शिखावत्] शिखावाला, शिखा-युक्त (गउड)।

सिहि पुं [शिखिन्] १ अग्नि, आग (गा १३, पाअ, सुपा ५१९)। २ मयूर, मोर (पाअ, हेका ४५, गा ५२, १७३)। ३ रावण का एक सुभट (पउम ५६, ३०)। ४ पर्वत। ५ ब्राह्मण। ६ मुर्गा। ७ केतु

ग्रह। ८ वृक्ष। ९ भरत। १० चित्रक-वृक्ष। ११ मयूरशिखा-वृक्ष। १८ बकरे का रोम। १३ वि. शिखा-युक्त (अणु १४२)।

सिहि पुं [दे] कुक्कुट, मुर्गा (दे ८, २८)।

सिहिअ वि [स्पृहित] अभिलषित (कुमा)।

सिहिण पुन [दे] स्तन, थन (दे ८, ३१; सुर १, ९०, पाअ; षड्, रंभा, सुपा ३२, भवि, हम्मीर ५०; सम्मत्त १६१)।

सिहिणी स्त्री [शिखिनी] छन्द-विशेष (पिंग)।

सिही (अप) स्त्री [सिंही] छन्द-विशेष (पिंग)।

सी (अप) स्त्री [श्री] छन्द-विशेष (पिंग)। देखो सिरी।

सीअ अक [सद्] १ विषाद करना, खेद करना। २ थकना। ३ पीड़ित होना, दुःखी होना। ४ फलना, फल लगना। सीअइ, सीअति (पि ४८२, गा ८७४), 'जया सीवन्ति सीयइ' (पिंड ८२), 'सीयति य सव्वअंगाइ' (सुर १२, २)। वकृ. सीअंत (पाअ ५०७, सुपा ५१०, कुप्र ११८)।

सीअ न [दे] सिक्थक, मोम (दे ८, ३३)।

सीअ वि [स्वीय] स्वकीय, निज का, 'सीयनेयलेस्सापडिसाहरणट्ठयाए', 'सीमोसिणा तेयलेस्सा' (भग १५—पत्र ६६६)।

सीअ देखो सिअ = सित, 'सीयासीयं (प्राप्र)।

सीअ पुंन [शीत] १ स्पर्श-विशेष, ठंडा स्पर्श (ठा १—पत्र २५, पव ८६)। २ हिम, तुहिन (से ३, ४७)। ३ शीत काल (राज)। ४ ठंड, जाड़ा (ठा ४, ४—पत्र २८७, औप, गउड, उत्त २, ६)। ५ कर्म विशेष, शीत स्पर्श का कारण-भूत कर्म (कम्म १, ४१, ४२)। ६ वि. शीतल, ठंडा (भग, औप, णाया १, १ टी—पत्र ४)। ७ पुं. प्रथम नरक का एक नरक-स्थान (देवेन्द्र ४)। ८ न. तप-विशेष, आयंबिल तप (सबोध ५८)। ९ वि. अनुकूल (सूअ १, २, २, २२)। १० न. सुख (आचा)। °घर न [°गृह] चक्रवर्ती का वर्षाऋतु-निमित्त वह घर, जहां सर्व ऋतु में स्पर्श की अनुकूलता होती है (स्थ ३)। °च्छाय वि [°च्छाय] शीतल छायावाला (औप, णाया १, १ टी—पत्र ४)। °परीसह पुं [°परीषह] शीत को सहना (उत्त २, १)। °फास पुं [°स्पर्श] ठंढ, जाड़ा, सर्दी (आचा)। °सोआ स्त्री [°श्रोता, स्रोता] नदी-विशेष (इक, ठा ३, ४—पत्र १६१)। °लोअअ पु [°लोकक] १ चन्द्रमा। २ शीतकाल, हिम-ऋतु (से ३, ४७)।

सीअ° देखो सीआ = शीता। °प्पसाय पुं [°प्रपात] द्रह-विशेष, जहां शीता नदी पहाड़ पर से गिरती है (ठा २, ३—पत्र ७२)।

सीअ° देखो सीआ = सीता (कुमा)।

सीअउरय पुं [दे. शीतोरक] गुल्म-विशेष, 'पत्तउरसीयउरए हवइ तह जवासए य बोध वे' (पण्ण १—पत्र ३२)।

सीअण न [सदन] हैरानी (सम्मत्त १९९)।

सीअणय न [दे] १ दुग्ध-पात्र, दूध दोहने का पात्र। २ श्मशान, मसान (दे ८, ५५)।

सीअर पुं [शीकर] १ पवन से क्षिप्त जल, फुहार जल कण (हे १, १८४, गउड, कुमा, सण)। २ वायु, पवन (हे १, १८४, प्राकृ ८४)।

सीअरि वि [शीकरिन्] शीकर-युक्त (गउड)।

सीअल पुं [शीतल] १ वर्तमान अवसर्पिणी काल के दसवें जिन-देव (सम ४३, पडि)। २ कृष्ण पुद्गल विशेष (सुज्ज २०)। ३ वि. ठंढा (हे ३, १०, कुमा, गउड, रयण ५७)।

सीअलिया स्त्री [शीतलिका] १ ठंढी, शीतला, 'सीयलियं तेयलेस्सं निसिरामि' (भग १५—पत्र ६६६)। २ लूता-विशेष (राज)।

सीअलि पुस्त्री [दे] १ हिमकाल का दुर्दिन। २ वृक्ष-विशेष (दे ८, ५५)।

सीआ स्त्री [शीता] १ एक महा-नदी (सम २७, १०२, इक)। २ ऐरावताभारा-नामक पृथिवी, सिद्ध-शिला (इक)। ३ शीताप्रपात द्रह की अधिष्ठात्री देवी (जं ४)। ४ नील पर्वत का एक शिखर। ५ माल्यवन् पर्वत का एक कूट (इक)। ६ पश्चिम रुचक पर रहनेवाली दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४१६)। °मुह न [°मुख] एक वन (जं ४)।

सीआ स्त्री [सीता] १ जनक-सुता, राम-पत्नी (पउम १८, ३६)। २ चतुर्थ वासुदेव की माता का नाम (पउम २०, १८४, सम १५२)। ३ लाङ्गल-पद्धति, खेत में हल चलाने से होती भूमि-रेखा (दे २, १०४)। ४ ऐरावताभारा नामक पृथिवी (उत्त ३६, ६२; चेइय ७२५)। ५-६ नील तथा माल्यवत् पर्वतों के शिखर-विशेष (इक)। ७ एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८)।

सीआ देखो सिविया (कप्प, औप, सम १५१)।

सीआण देखो मसाण = श्मशान (हे २, ८६; कंस ७)।

सीआर देखो सिकार (णाया १, १—पत्र ६३)।

सीआला स्त्री [सप्तचत्वारिंशत्] सैंतालीस, ४७, (कम्म ६, २१)।

सीआलीस स्त्री. ऊपर देखो (वि ४४५; ४४८)। स्त्री. °सा (सुज्ज २, ३—पत्र ५१)।

सीआव सक [सादय्] शिथिल करना, 'सीयावेइ विहारं' (गच्छ १, २३)।

सीइआ स्त्री [दे] झड़ी, निरन्तर वृष्टि (दे ८, ३४)।

सीइय वि [सन्न] खिन्न, परिश्रान्त (स ८५)।

सीई स्त्री [दे] सीढ़ी, निःश्रेणि (पिंड ९८)।

सीउग्गय वि [दे] गुजात (दे ८, ३४)।

सीउट्ट न [दे] हिम-काल का दुर्दिन (षड्)।

सीउण्ह न [शीतोष्ण] १ ठंढा तथा गरम। २ अनुकूल तथा प्रतिकूल (सूअ १, २, २, २२, पि १३३)।

सीउल्ल देखो सीउट्ट (षड्)।

सीओअ° देखो सीओआ। °प्पयाय पुं [°प्रपात] कुण्ड-विशेष, जहां शीतोदा नदी पहाड़ से गिरती है (जं ४—पत्र ३०७)। °दीव पुं [°द्वीप] द्वीप विशेष (जं ४—पत्र ३०७)।

सीओआ स्त्री [शीतोदा] १ एक महा-नदी (ठा २, ३—पत्र ७२, इक, सम २७; १०२)। २ निषध पर्वत का एक कूट (ठा ९—पत्र ४५४)।

सीकोत्तरी स्त्री [दे] नाटे, छोटे, मंहिला (सिरि ३९०)।

सीत देखो शीअ = शीत (ठा ३, ४—पत्र १६१)।

सीता देखो सीआ = शीता, सीता (ठा ८—पत्र ४३६, ९—पत्र ४५४)।

सीतालीस देखो सीआलीस (सुज्ज २, ३—पत्र ५१)।

सीतोद° देखो सीओअ° (ठा २, ३—पत्र ७२)।

सीतोदा } देखो सीओआ (पण्ह २, ४—
सीतोया } पत्र १३०, सम ८४)।

सीदण न [सदन] शैथिल्य, प्रमत्तता (पचा १२, ४६)।

सीधु देखो सीहु (णाया १, १६—पत्र २०९ उवा)।

सीभर देखो सीअर (प्राप्र, कुमा, हे १, १८४, षड)।

सीभर वि [दे] समान, तुल्य (अणु १३१)।

सीमआ स्त्री [सीमन्] १ मर्यादा। २ अवधि। ३ स्थिति। ४ क्षेत्र। ५ वेला, समय। ६ अण्डकोष, पोता (षड्)। देखो सीमा।

सीमंकर पुं [सीमङ्कर] १ इस अवसर्पिणी काल मे उत्पन्न एक कुलकर पुरुष का नाम (पउम ३, ५३)। २ ऐरवत क्षेत्र के भावी द्वितीय कुलकर (सम १५३)। ३ वि. मर्यादा-कर्ता (सूअ २, १, १३)।

सीमंत पुं [सीमन्त] १ बालो मे बनाई हुई रेखा-विशेष (से ६, २०, गउड, उप ७२८ टी)। २ अपर काय (गउड ८५)। ३ ग्राम से लगी हुई भूमि का अन्त, सीमा, गाँव का पर्यन्त भाग (गउड २७३; २७७, उप ७२८ टी)। ४ सीमा का अन्त, हद्द, 'एसो चिय सीमतो गुणाण दूरं फुरंताण' (गउड)।

सीमंत पुं [सीमान्त] १ सीमा का अन्त भाग, गाँव का पर्यन्त भाग (गउड ३९७, ४०५)। २ हद्द (गउड ८८६)।

सीमंत सक [दे. सीमान्तय्] बेचना। संकृ. सीमंतिऊण (राज)।

सीमतग } पु [सीमन्तक] प्रथम नरक-भूमि
सीमतय } का एक नरका-वास, नरक-स्थान (निचू १; ठा ३, १—पत्र १२६, सम ६८)। °प्पभ पुं [°प्रभ] सीमन्तक नरकावास की पूर्व तरफ स्थित एक नरकावास (देवेन्द्र २०)। °मज्झिम पु [°मध्यम] सीमन्तक की उत्तर तरफ स्थित एक नरकावास (देवेन्द्र २०)। °विसिट्ठ पुं [°विशिष्ट] सीमन्तक की दक्षिण दिशा में स्थित एक नरकावास (देवेन्द्र २१)। °वत्त पु [°वर्त] सीमन्तक की पश्चिम तरफ का एक नरकावास (देवेन्द्र २१)।

सीमंतय न [दे] सीमंत—बालों की रेखा-विशेष में पहना जाता अलंकार-विशेष (दे ८, ३५)।

सीमंतिअ वि [सीमन्तित] खण्डित, छिन्न (पाअ)।

सीमंतिणी स्त्री [सीमन्तिनी] स्त्री, नारी, महिला (पाअ, उप ७२८ टी, सम्मत्त १९१; सुपा ७)।

सीमंधर पुं [सीमन्धर] १ भारतवर्ष में उत्पन्न एक कुलकर पुरुष (पउम ३, ५३)। २ ऐरवत वर्ष का एक भावी कुलकर (सम १५३)। ३ पूर्व-विदेह में वर्तमान एक अर्हन् देव (काल)। ४ एक जैन मुनि, जो भगवान् सुमतिनाथ के पूर्व जन्म मे गुरु थे (पउम २०, १७)। ५ भगवान् शीतलनाथ जी का मुख्य श्रावक (विचार ३७८)। ६ वि. मर्यादा को धारण करनेवाला, मर्यादा का पालक (सूअ २, १, १३)।

सीमा स्त्री [सीमा] देखो सीमआ (पाअ, गा १६८, ७५१, काल, गउड)। °गार पुं [°कार] जलजन्तु-विशेष, ग्राह का एक भेद (पण्ह १, १—पत्र ७)। °धर वि [°धर] मर्यादा धारक (पडि हे ३, १३४)। °ल वि [°ल] सीमा के पास का, सीमा के निकट-वर्ती, 'सीमाला नरवइणो मन्ने ते सेवमावन्ना' (सुपा २२२, ३५२, ४६३, धर्मवि ५६)।

सीर पुंन [सीर] हल, जिससे खेत जोतते हैं (पउम ११३, ३२, कुमा, पडि), 'संमयवसु हासीरो' (धर्मवि १६)। °धारि पु [°धारिन्] बलदेव, बलभद्र, राम (पउम २०, १९३)। °पाणि पुं [°पाणि] वही (दे २, २३, कुमा)। °सीमंत पु [°सीमन्त] हल से फाडी हुई जमीन की रेखा (दे)।

सीरि पुं [सीरिन्] बलभद्र, बलदेव (पाअ)।

सीरिअ वि [दे] भिन्न, 'सीरिओ भिन्नो' (पाअ)।

सील सक [शीलय्] १ अभ्यास करना, आदत डालना। २ पालन करना, 'सीलेज्जा सीलमुज्जलं' (हित १९); 'सव्वसीलं सीलह पव्वज्जगहणेणं' (श्रा १६)। देखो सीलाव।

सील न [शील] १ चित्त का समाधान, 'सीलं चित्तसमाहाणलक्खणं भणणए एवं' (उप ५९७ टी)। २ ब्रह्मचर्य (प्रामू २२; ५१; १५४, १६६, श्रा १६, हित १९)। ३ प्रकृति, स्वभाव, 'सीलं पयई' (पाअ); 'कलहसील' (कुमा)। ४ सदाचार, चारित्र, उत्तम वर्तन (कुमा, पंचा १४, १, पण्ह २, १—पत्र ९९)। ५ चरित्र, वर्तन (हे २, १८४)। ६ अहिंसा (पण्ह २, १—पत्र ९९)। °इ पुं [°जित्] शाक्य परिव्राजक का एक भेद (औप)। °ड्ढ वि [°ढ्य] शील-पूर्ण (ओघ ७८४)। °परिघर पुंन [°परिगृह] १ चारित्र-स्थान। २ अहिंसा (पण्ह २, १—पत्र ९९)। °मंत, °व वि [°वत्] शील-युक्त (आचा, ओघ ७७७; श्रा ३९)। °व्वय न [°व्रत] अणुव्रत, जैन श्रावक के पालने योग्य अहिंसा आदि पांच व्रत (भग)। °सालि वि [°शालिन्] शील से शोभनेवाला (सुपा २४०)।

सीलाव सक [शीलय्] तदुरुस्त करना। कर्म. सीलप्पए (धव १)।

सीलुट्ट न [दे] त्रपुस, खीरा, ककडी (दे ८, ३५; पाअ)।

सीव सक [सीव्] सीना, सिलाई करना, साँधना। भवि. सीविस्सामि (आचा)। संकृ. सीविऊण (स ३५०)।

सीवणा स्त्री [सीवना] सीना, सिलाई (उप पृ. २९८)।

सीवणी स्त्री [दे] सूची, सूई (गउड)। देखो सिव्विणी।

सीवण्णी } स्त्री [श्रीपर्णी] वृक्ष विशेष (ओघ
सीवन्नी } ४४९ टी, पिंड ८१, ८२, उप १०३१ टी)।

सीविअ देखो सिव्विअ (से १४, २८, दे ४, ७, ओघभा ३१५)।

सीस सक [शिष्] १ वध करना, हिंसा करना। २ शेष करना, बाकी रखना। ३ विशेष करना। सीसइ (हे ४, २३६; षड्)।

सीस सक [कथय्] कहना। सीसइ (हे ४, २; भवि)।

सीस न [सीस] धातु विशेष, सीसा (दे २, २७)।

सीस देखो सिस्स = शिष्य (हे १, ४३; कुमा, दं ४७, णाया १, ५—पत्र १०३)।

सीस पुंन [शीर्ष] १ मस्तक, माथा (स्वप्न ९०, प्रासू ३)। २ स्तवक, गुच्छा (आचा २, १, ८, ६)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)। °अ न [°क] शिरस्त्राण (वेणी ११०)। °घडी स्त्री [°घटी] सिर की हड्डी (तंदु ३८)। °पकंपिअ न [°प्रकम्पित] संख्या-विशेष, महालता को चौरासी लाख से गुनने पर जो संख्या लब्ध हो वह (इक)। °पहेलिअ स्त्रीन [°प्रहेलिक] संख्या-विशेष, शीर्षप्रहेलिका को चौरासी लाख से गुनने पर जो संख्या लब्ध हो वह (इक)। स्त्री. °आ (ठा २, ४—पत्र ८६, सम ९०, अणु ९९)। °पहेलियंग न [प्रहेलिकाङ्ग] संख्या-विशेष, चूलिका को चौरासी लाख से गुनने पर जो संख्या लब्ध हो वह (ठा २, ४—पत्र ८६, अणु ९९)। °पूरग, °पूरय पुं [°पूरक] मस्तक का आभरण (राज, तंदु ४१)। °रूपक, °रूअ (अप)। पुंन [°रूपक] छन्द विशेष (पिंग)। °वेढ पुं [°वेष्ट] गोले चमड़े आदि से मस्तक को लपेटना (सम ५०)।

सीस° देखो सास = शास्।

सीसअ न [दे. शीर्षक] शिरस्त्राण, मस्तक का कवच (दे ८, ३४, से १५, ३०)।

सीसम पुंन [दे] सीसम का गाछ, शिरीष (उप १०३१ टी)।

सीसय वि [दे] प्रवर, श्रेष्ठ (दे ८, ३४)।

सीसय न [सीसक] देखो सीस = सीस (महा)।

सीसया स्त्री [शिंशपा] सीसम का गाछ (पण्ण १—पत्र ३१)।

सीह देखो सिग्घ = शीघ्र (राज)।

सीह पुं [सिंह] १ श्वापद जन्तु-विशेष, केसरी, मृग-राज (पण्ह १, १—पत्र ७, प्रासू ५१; १७१)। २ वृक्ष-विशेष, सहिंजने का पेड़ (हे १, १४४, प्राप्र)। ३ राशि-विशेष, मेष से पाँचवी राशि (विचार १०६)। ४ एक अनुत्तर देवलोक-गामी जैन मुनि (अनु २)। ५ एक जैन मुनि, जो आर्य-धर्म के शिष्य थे (कप्प)। ६ भगवान् महावीर का शिष्य एक मुनि (भग १५—पत्र ६८५)। ७ एक विद्याधर सामन्त राजा (पउम ८, १३२)। ८ एक श्रेष्ठि-पुत्र (सुपा ५०९)। ९ एक देव-विमान (सम ३३; देवेन्द्र १४०)। १० एक जैन आचार्य, जो रेवतीनक्षत्र नामक आचार्य के शिष्य थे (णंदि ५१)। ११ छन्द-विशेष (पिंग) °उर न [°पुर] नगर-विशेष (सण)। °कंत पुंन [°कान्त] एक देव-विमान (सम ३३)। °कडि पुं [°कटि] रावण का एक योद्धा (पउम ५६, २७)। °कण्ण पुं [°कर्ण] एक अन्तर्द्वीप (इक)। °कण्णी स्त्री [°कर्णी] कन्द-विशेष (उत्त ३६, १००)। °केसर पुं [°केसर] १ आस्तरण-विशेष, जटिल कम्बल (णाया १, १—पत्र १३)। २ मोदक-विशेष (अन ६, पिंड ४८२)। °गइ पुं [°गति] अमितगति तथा अमितवाहन नामक इन्द्र का एक-एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १९८)। °गिरि पुं [°गिरि] एक प्रसिद्ध जैन महर्षि (उव; उप १४२ टी, पडि)। °गुहा स्त्री [°गुहा] एक चोर-पल्ली (णाया १, १८—पत्र २३६)। °चूड पुं [°चूड] विद्याधर वंश का एक राजा (पउम ५, ४६)। °जस पु [°यशस्] भरत चक्रवर्ती का एक पौत्र (पउम ५, ३)। °णाय पुं [°नाद] सिंहगर्जन, सिंह की गर्जना के तुल्य आवाज (भग)। °णिक्कीलिय न [°निष्कीडित] १ सिंह की गति। २ तप-विशेष (भग २८)। °णिसाइ देखो °निसाइ (राज)। °दुयार न [°द्वार] राज-द्वार, राज प्रासाद का मुख्य दरवाजा (कुप्र १०९)। °द्धय पुं [°ध्वज] १ विद्याधरवंश का एक राजा (पउम ५, ४३)। २ हरिषेण चक्रवर्ती के पिता का नाम (पउम ८, १४४) °नाय देखो °णाय (पण्ह १, ३—पत्र ४५)। °निक्कीलिय, °निक्कीलिय देखो °णिक्कीलिय (पव २७१; अंत २८; णाया १, ८—पत्र १२२)। °निसाइ वि [°निषादिन्] सिंह की तरह बैठनेवाला (सुज्ज १०, ८ टी)। °णिसिज्जा स्त्री [°निषद्या] भरत चक्रवर्ती द्वारा अष्टापद पर्वत पर बनवाया हुआ जैन मन्दिर (तीं ११)। °पुच्छ न [°पुच्छ] पृष्ठ वस्त्र, पीठ की चमड़ी (सूअनि ७७)। °पुच्छण न [°पुच्छन] पुरुष चिह्न का तोड़ना, लिंग-छोटन (पण्ह २, ५—पत्र १५१)। °पुच्छिय वि [°पुच्छित] १ जिसका पुरुष-चिह्न तोड़ दिया गया हो वह। २ जिसकी कृकाटिका से लेकर पुत-प्रदेश—नितम्ब तक की चमड़ी उखाड़ कर सिंह के पुच्छ के तुल्य की जाय वह (औप)। °पुरा, °पुरी स्त्री [°पुरी] नगरी-विशेष, विजय-क्षेत्र की एक राजधानी (ठा २, ३—पत्र ८०; इक)। °मुह पुं [°मुख] १ अन्तर्द्वीप-विशेष। २ उसमें रहनेवाली मनुष्य-जाति (ठा ४, २—पत्र २२६, इक)। °रव पुं [°रव] सिंह-गर्जना, सिंह-नाद, सिंह की तरह आवाज (पउम ४४, ३५)। °रह पुं [°रथ] गन्धार देश के पुरु-वर्धन नगर का एक राजा (महा)। °वाह पुं [°वाह] विद्याधर-वंश का एक राजा (पउम ५, ४३)। °वाहण पुं [°वाहन] राक्षस वंश का एक राजा (पउम ५, २६३)। °वाहणा स्त्री [°वाहना] अम्बिका देवी (राज)। °विक्कमगइ पुं [°विक्रमगति] अमितगति तथा अमितवाहन नामक इन्द्र का एक-एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १९८; इक)। °वीअ पुंन [°वीत] एक देव-विमान (सम ३३)। °सेण पुं [°सेन] चौदहवें जिनदेव का पिता, एक राजा (सम १५१)। २ भगवान् अजितनाथ का एक गणधर (सम १५२)। ३ राजा श्रेणिक का एक पुत्र (अनु २)। ४ राजा महासेन का एक पुत्र (विवा १, ९—पत्र ८९)। ५ ऐरवत क्षेत्र में उत्पन्न एक जिनदेव (राज)। °सोआ स्त्री [°स्रोतस्] एक नदी (ठा २, ३—पत्र ८०)। °हिअ उअ न [°विलोकित] सिंहावलोकन, सिंह की तरह पीछे दूर पीछे की तरफ

देखना (महा)। °मण न [°सन] आसन-विशेष, सिंहाकार आसन, सिंहाङ्कित आसन, राजासन (भग)। देखो सिंह।

सीह वि [सैंह] सिंह संबन्धी। स्त्री. °हा (णाया १, १—पत्र ३१)।

°सीह पुं [°सिंह] श्रेष्ठ, उत्तम (सम १; पडि)।

सीहंडय पुं [दे] मत्स्य, मछली (दे ८, २८)।

सीहणही स्त्री [दे] १ वृक्ष विशेष, करौंदी का गाछ। २ करौंदी का फल (दे ८, ३५)।

सीहपुर वि [सैंहपुर] सिंहपुर संबन्धी (पउम ५५, ५३)।

सीहर देखो सीअर (हे १, १८४, कुमा)।

सीहरय पुं [दे] आसार, जोर की वृष्टि (दे ८, १२)।

सीहल देखो सिंहल (पण्ह १, १—पत्र १४, इक, पउम ९९, ५५)।

सीहलय पुं [दे] वस्त्र आदि को धूप देने का यन्त्र (दे ८, ३४)।

सीहलिआ स्त्री [दे] १ शिखा, चोटी। २ नवमालिका, नवारी का गाछ (दे ८, ५५)।

सीहलिपासग पुंन [दे] ऊन का बना हुआ कंकण, जो वेणी बांधने के काम में आता है (सूअ १, ४, २, ११)।

सीही स्त्री [सिंही] स्त्री-सिंह, सिंह की मादा (नाट)।

सीहु पुंन [सीधु] १ मद्य, दारू। २ मद्य-विशेष (पण्ह २, ५—पत्र १५०, दे १, ४६, पाअ, गा ५४५, मा ४३)।

सु अ [सु] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ प्रशंसा, श्लाघा (विसे २४४३, सूअनि ८८)। २ अतिशय, अत्यन्तता (श्रु १९)। ३ समीचीनता (सट्ठि १६)। ४ अतिशय योग्यता (पिंग)। ५ पूजा। ६ कष्ट, मुश्किली। ७ अनुमति। ८ समृद्धि (पड् १२२, १२३, १३५)। ९ अनायास (ठा ५, १—पत्र २९६)।

सुअ अक [स्वप्] सोना। सुअइ (हे ४, १४६, प्राकृ ६६, पि ४९७, उव), सुयामि (निसा १), 'खणपि मा सुय वीसत्थो' (आत्महि ६)। कर्म. सुप्पइ (हे २, १७९)। वकृ. सुयंत, सुयमाण (सुर ५, २१९, सुपा ५०५, महा ३७, १२, पि ४९७)। हेकृ. सोउं (पि ४९७)। कृ. सोएवा (अप) (हे ४, ४३८)।

सुअ सक [श्रु] सुनना। वकृ. सुअंत (धात्वा १५६)।

सुअ पुं [सुत] पुत्र, लड़का (सुर १, १०, प्रासू ८९, कुमा, उव)।

सुअ पुं [शुक] १ पक्षि-विशेष, तोता (पण्ह १, १—पत्र ८, उत्त ३४, ७, सुपा ३१)। २ रावण का मन्त्री (से १२, ६३)। ३ रावणाधीन एक सामंत राजा (पउम ८, १३३)। ४ एक परिव्राजक (णाया १, ५—पत्र १०५)। ५ एक अनार्य देश (पउम २७, ७)।

सुअ वि [श्रुत] १ सुना हुआ, आकर्णित (हे १, २०९, भग, ठा १—पत्र ६)। २ न. ज्ञान-विशेष, शब्द-ज्ञान, शास्त्र ज्ञान (विसे ७९, ८१; ८५; ८६, ९४, १०४, १०५; णंदि, अणु)। ३ शब्द, ध्वनि, आवाज। ४ क्षयोपशम, श्रुतज्ञान के आवरक कर्मों का नाश विशेष। ५ आत्मा, जीव, 'तं तेण तओ तम्मि व सुणेइ सो वा सुअ तेण' (विसे ८१)। ६ आगम, शास्त्र, सिद्धान्त (भग; णंदि, अणु, से ४, २७; कम्म ४ ११, १४, २१; बृह १, जी ८)। ७ अध्ययन, स्वाध्याय (सम ५१, से ४, २७)। ८ श्रवण (प्राकृ ७०)। °केवलि पु [°केवलिन्] चौदह पूर्व ग्रंथों का जानकार मुनि (राज)। °क्खंध, °खंध पु [°स्कन्ध] १ अंग ग्रन्थ का अध्ययन-समूहात्मक महान् अंश—खण्ड (सूअ २, ७, ४०, विपा १, १—पत्र ३)। २ बारह अंग-ग्रंथों का समूह। ३ बारहवाँ अंग-ग्रंथ, दृष्टिवाद (राज)। °णाण देखो °नाण (ठा २, १ टी—पत्र ५१)। °णाणि वि [°ज्ञानिन्] शास्त्र ज्ञान-संपन्न, शास्त्रों का जानकार (भग)। °णिस्सिय न [°निश्रित] मति ज्ञान का एक भेद (णंदि)। °तिहि स्त्री [°तिथि] शुक्ल पंचमी तिथि (रयण २)। °थेर पु [°स्थविर] तृतीय और चतुर्थ अंग-ग्रंथ का जानकार मुनि (ठा ३, २)। °देवया स्त्री [°देवता] जैन शास्त्रों की अधिष्ठात्री देवी (पडि)। °देवी स्त्री [°देवी] वही (सुपा १; कुमा)। °धम्म पुं [°धर्म] १ जैन अंग-ग्रंथ (ठा २, १—पत्र ५२)। २ शास्त्र ज्ञान (आवम)। ३ आगमों का अध्ययन, शास्त्राभ्यास (णंदि)। °धर वि [°धर] शास्त्रज्ञ (सुपा ६५२; पण्ह २, १—पत्र ९९)। °नाण पुंन [°ज्ञान] शास्त्रज्ञान (ठा २, १—पत्र ४९, भग)। °नाणि देखो °णाणि (वव १०)। °निस्सिय देखो °णिस्सिय (ठा २, १—पत्र ४९)। °पंचमी स्त्री [°पञ्चमी] कार्तिक मास की शुक्ल पांचवीं तिथि (भवि)। °पुव्व वि [°पूर्व] पहले सुना हुआ (उप १४२ टी)। °सागर पु [°सागर] ऐरवत क्षेत्र के एक भावी जिनदेव (सम १५४)।

सुअ वि [स्मृत] याद किया हुआ (भग)।

सुअंध पुं [सुगन्ध] १ अच्छी गन्ध, खुशबू (गा १४)। २ वि. सुगन्धी (से ८, ९२, सुर १, २८)।

सुअंधि वि [सुगन्धि] सुन्दर गन्धवाला (से १, ६२, दे ८, ८)। देखो सुगंधि।

सुअक्खाय वि [स्वाख्यात] अच्छी तरह कहा हुआ (सूअ २, १, १५, १६; २०, २९)।

सुअच्छ वि [स्वच्छ] निर्मल, विशुद्ध (भवि)।

सुअण पुं [सुजन] सज्जन, भला आदमी (गा २२४, पाअ, प्रासू ८, ४०, सुर २, ४६, गउड)।

सुअण न [स्वपन] सोना, शयन (सूक्त ३१)।

सुअणा स्त्री [दे] अतिमुक्तक, वृक्ष विशेष (दे ८, ३८)।

सुअणु वि [सुतनु] १ सुन्दर शरीरवाला। २ स्त्री. नारी, महिला (गा २६९, ३८४, ५६६, पि ३४६, गउड)।

सुअण्ण देखो सुवण्ण (प्राकृ ३०)।

सुअम वि [सुगम] सुबोध (प्राकृ ११)।

सुअर वि [सुकर] जो अनायास से हो सके वह, सरल (अभि ९६)।

सुअर पुं [शूकर] सूअर, वराह (विपा १, ७—पत्र ७५; नाट—मृच्छ २२२)।

सुअरिअ न [सुचरित] सदाचार, सद्वर्तन (अभि २५३)।

सुअलंकिय वि [स्वलंकृत] अच्छी तरह विभूषित (णाया १, १—पत्र १९)।

सुआ स्त्री [सुता] पुत्री, लडकी (गा ६०२, ८६३ (कुमा)।

सुआ (शौ) अक [शी] शयन करना, सोना। सुआदि (प्राकृ ९४)।

सुआ स्त्री [स्रुच्] यज्ञ का उपकरण-विशेष, घी आदि डालने की कडछी या कलछी (उत्त १२, ४३, ४४)।

सुआइक्ख वि [स्वाख्येय] सुख से—अनायास से कहने योग्य (ठा ५, १—पत्र २९६)।

सुआउत्त वि [स्वायुक्त] अच्छी तरह ख्याल रखनेवाला (उव)।

सुइ पुं [शुचि] १ पवित्रता, निर्मलता, 'जिणधम्मठिया मुणिणो य वच्छ दीसंति सुइरहिया' (सुपा १६६)। २ वि. श्वेत, सफेद (कुमा)। ३ पवित्र, निर्मल (औप, कप्प, श्रा १२, महा, कुमा)। ४ स्त्री. शक्र की एक अग्र-महिषी (इक)।

सुइ स्त्री [श्रुति] १ श्रवण, आकर्णन, सुनना (उत्त ३, १, वसु, विसे १२५)। २ कर्ण, कान (गा ६४१, सुर ११, १७४, सम्मत्त ८४, सुपा ४६, २४७)। ३ वेद शास्त्र (पाअ, अच्चु ४, कुमा)। ४ शास्त्र, सिद्धान्त (सया ७, प्रासू ४६)।

सुइ स्त्री [स्मृति] स्मरण (विपा १, २—पत्र ३४)।

सुइअ देखो सूइअ = सूचिक (दे १, ६९)।

सुइण देखो सुमिण (सुर ९, ८२, उप ७२८ टी, हे ४, ४३४)।

सुइदि स्त्री [सुकृति] १ पुण्य। २ मङ्गल, कल्याण। ३ सत्-कर्म (प्राप्र, पि २०४)।

सुइयाणिया स्त्री [दे. सूतिकारिणी] सूतिकर्म करनेवाली स्त्री (सुपा ५७८)।

सुइर न [सुचिर] अत्यन्त दीर्घ काल, बहु काल (गा १३७; ४९०, सुपा १; १२७, महा)।

सुइल देखो सुक्क = शुक्ल (हे २, १०६)।

सुइव्व वि [श्वस्तन] आगामी कल से संबन्ध रखनेवाला, कल होनेवाला (पिंड २४१)।

सुई स्त्री [दे] बुद्धि, मति (दे ८, ३६)।

सुई स्त्री [शुकी] शुक पक्षी की मादा, मैना (सुपा ३९०)।

सुउज्जुयार वि [सुऋजुकार] अतिशय संयम में रहनेवाला, सुसयमी (सूअ १, १३, ७)।

सुउज्जुयार वि [सुऋजुचार] अतिशय सरल आचरणवाला (सूअ १, १३, ७)।

सुउमार } देखो सुकुमाल (स्वप्न ६०,
सुउमाल } कुमा)।

सुउरिस पुं [सुपुरुष] सज्जन, भला आदमी (प्राप्र, हे १, ८, कुमा)।

सुए अ [श्वस्] आगामी कल (स ३६, वै ४१)।

सुंक न [शुल्क] १ मूल्य (णाया १, ८—पत्र १३१, विपा १, ९—पत्र ९३)। २ चुंगी, विक्रेय वस्तु पर लगता राज-कर (धम्म १२ टी, सुपा ४४७)। ३ वर-पक्ष के पास से कन्या पक्षवालों को लेने योग्य धन (विपा १, ९—पत्र ९४)। °ठाण न [°स्थान] चुंगी-घर (धम्म १२ टी)। °पालय वि [°पालक] चुंगी पर नियुक्त राज-पुरुष (सुपा ४४७)। देखो सुक्क = शुल्क।

सुंकअ } पुंन [दे] किशारु, धान्य आदि का
सुंकल } अग्र भाग (दे ८, ३८)।

सुंकलि पुंन [दे] तृण-विशेष (पण्ण १—पत्र ३३)।

सुंकविय वि [शुल्कित] जिसकी चुंगी दी गई हो वह (सुपा ४४७)।

सुंकाणिअ पु [दे] नाव का डाड खेनेवाला व्यक्ति, पतवार चलानेवाला (सिरि ३८५)।

सुंकार पु [सूत्कार] अव्यक्त शब्द विशेष (सुर २, ८, गउड)।

सुंकिअ वि [शौल्किक] शुल्क लेनेवाला, चुंगी पर नियुक्त पुरुष (उप पृ १२०)।

सुंख देखो सुक्ख = शुष्क (सक्षि १९)।

सुंग देखो सुक्क = शुल्क (हे २, ११, कुमा)।

सुंगायण न [शौङ्गायन] गोत्र-विशेष (सुज्ज १०, १६)।

सुंघ सक [दे] सूँघना। वकृ. सुंघंत (सिरि ६२२)।

सुंघिअ वि [दे] घ्रात, सूँघा हुआ (दे ८, ३७)।

सुंचल न [दे] काला नमक, 'सुंठिसुंचलाईयं' (कुप्र ४१४)।

सुंठ पुंन [शुण्ठ] पर्व वनस्पति विशेष (पण्ण १—पत्र ३३)।

सुंठय पुंन [शुण्ठक] भाजन विशेष, 'मोरासु य सुठएसु य कंडूसु य पयडएसु य पयंति' (सूअनि ७६)।

सुंठी स्त्री [शुण्ठी] सूँठ या सोंठ (पभा १५; कुप्र ४१४, पंचा ५, ३०)।

सुंड वि [शौण्ड] १ मत्त, मद्यप, दारू पीनेवाला (हे १, १६०, प्राकृ १०, सक्षि ६)। २ दक्ष, कुशल (कुमा)। देखो सोंड।

सुंडा देखो सोंडा (आचा २, १, ३, २, आवम)।

सुंडिअ पु [शौण्डिक] कलवार, दारू बेचनेवाला (प्राकृ १०, संक्षि ६)।

सुंडिआ स्त्री [शौण्डिका] मदिरा-पान में आसक्ति (दस ५, २, ३८)।

सुंडिक देखो सुंडिअ (दे ६, ७५)।

सुंडिकिणी स्त्री [सौण्डिकी] कलवार की स्त्री (प्रयौ १०९)।

सुंडीर देखो सोंडीर (भवि)।

सुंद पुं [सुन्द] राजा रावण का एक भागिनेय, खरदूषण का पुत्र (पउम ४३, १८)।

सुंदर वि [सुन्दर] १ मनोहर, चारु, शोभन (पण्ह १, ४, सुपा १२८, २९५, कप्पू, काप्र ४०८)। २ पुं. एक सेठ का नाम (सुपा ६४३)। ३ तेरहवें जिनदेव का पूर्वजन्मीय नाम (सम १५१)। ४ न तप-विशेष, तेला, तीन दिनों का लगातार उपवास (संबोध ५८)। °बाहु पुं [°बाहु] सातवें जिनदेव का पूर्वजन्मीय नाम (सम १५१)।

सुंदरिअ देखो सुंदेर (हे २, १०७)।

सुंदरिम पुंस्त्री. देखो सुंदेर (कुप्र २२१)।

सुंदरी स्त्री [सुंदरी] १ उत्तम स्त्री (प्रासू ५७, वि १८)। २ भगवान् ऋषभदेव की एक पुत्री (ठा ५, २—पत्र ३२६, सम ९०, पउम

३, १२०, वि १८)। ३ रावण की एक पत्नी (पउम ७४, ९)। ४ छन्द-विशेष (पिंग)। ५ मनोहरा, शोभना, 'सुंदरी णं देवाणुप्पिया गोसालस्स मंखलिपुत्तस्स धम्मपण्णत्ती' (उवा)।

सुंदेर } न [सौन्दर्य] सुन्दरता, शरीर
सुंदेरिम } का मनोहरपन (प्राप्र; हे १, ५७, कुमा, सुपा ४; ६२२, धम्म ११ टी)।

सुंब न [शुम्ब] १ तृण-विशेष (ठा ४, ४—पत्र २७१, सुख १०, १)। २ तृण-विशेष की बनी हुई डोरी—रस्सी (विसे १५४)।

सुंभ पुं [शुम्भ] १ एक गृहस्थ जो शुंभा नामक इन्द्राणी का पूर्व-जन्म में पिता था (णाया २, २—पत्र २५१)। २ दानव-विशेष (पि ३६०; ३६७ ए) °वडेंसय न [°वतंसक] शुम्भा देवी का एक भवन (णाया २, २)। °सिरी स्त्री [°श्री] शुम्भा देवी की पूर्व-जन्मीय माता (णाया २, २)।

सुंभा स्त्री [शुम्भा] बलि नामक इन्द्र की एक पटरानी (णाया २, २—पत्र २५१)।

सुंसुमा स्त्री [सुसुमा] धन सार्थवाह की कन्या का नाम (णाया १, १८—पत्र २३५)।

सुंसुमार पुं [सुंसुमार, शिशुमार] १ जल-चर प्राणी की एक जाति, सूँस, सोस या सूसर (णाया १,४,पि ११७)। २ द्रह-विशेष (भत्त ९६)। ३ पर्वत-विशेष। ४ न. एक अरण्य (स ८६)। देखो सु-सु-मार।

सुक देखो सुअ = शुक (सुपा २३४)। °प्पहा स्त्री [°प्रभा] भगवान् सुविधिनाथ की दीक्षा-शिविका (विचार १२९)।

सुकइ पुं [सुकवि] अच्छा कवि (गा ५००, ६००; महा)।

सुकंठ वि [सुकण्ठ] १ सुन्दर कण्ठवाला। २ पुं. एक वणिक्-पुत्र (श्रा १६)। ३ एक चोर सेनापति (महा)।

सुकच्छ पुं [सुकच्छ] विजय-क्षेत्र-विशेष (ठा २, ३—पत्र ८०, इक)। °कूड पुंन [°कूट] शिखर-विशेष (इक, राज)।

सुकड देखो सुकय (चउ ५८)।

सुकण्ह पुं [सुकृष्ण] एक राज-पुत्र (निर १, १; पि ५२)।

सुकण्हा स्त्री [सुकृष्णा] राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अंत २५)।

सुकद देखो सुकय (संक्षि ९)।

सुकम्माण वि [सुकर्मन्] अच्छा कर्म करनेवाला (हे ३, ५६; षड्)।

सुकय न [सुकृत] १ पुण्य (पण्ह १, २—पत्र २८, पाअ)। २ उपकार (से १, ४६)। ३ वि. अच्छी तरह निर्मित (राज)। °जाणुअ °ण्णु, °ण्णुअ वि [°ज्ञ] सुकृत का जानकार, उपकार की कदर करनेवाला (प्राकृ १८; उप ७६८ टी)।

सुकयत्थ वि [सुकृतार्थ] अत्यन्त कृतकृत्य (प्रामू १५५)।

सुकर देखो सुगर (आचा १, ९, १, ८)।

सुकाल पुं [सुकाल] राजा श्रेणिक का एक पुत्र (निर १, १)।

सुकाली स्त्री [सुकाली] राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अंत २५)।

सुकिअ देखो सुकय (हे ४, ३२९, भवि)।

सुकिट्ठ वि [सुकृष्ट] अच्छी तरह जोता हुआ (पउम ३, ४५)।

सुकिट्ठि पुं [सुकृष्टि] एक देव-विमान (सम ९)।

सुकिदि वि [सुकृतिन्] १ पुण्य-शाली। २ सत्कर्म-कारी (रभा)।

सुकिल } देखो सुक्क = शुक्ल (हे २, १०६;
सुकिल्ल } पि १३६)।

सुकुमार } वि [सुकुमार] १ अति कोमल।
सुकुमाल } २ सुन्दर कुमार अवस्थावाला (महा, हे १, १७१; पि १२३; १६०)।

सुकुमालिअ वि [दे] सुघटित, सुन्दर बना हुआ (दे ८, ४०)।

सुकुल पुंन [सुकुल] उत्तम कुल (भवि)।

सुकुसुम न [सुकुसुम] १ सुन्दर फूल। २ वि. सुन्दर फूलवाला (हे १, १७७, कुमा)।

सुकुसुमिय वि [सुकुसुमित] जिसको अच्छी तरह फूल आया हो वह (सुपा ५९८)।

सुकोसल पुं [सुकोशल] १ ऐरवत-वर्ष के एक भावी जिनदेव (सम १५४, पव ७)। २ एक जैन मुनि (पउम २२, ३९)।

सुकोसला स्त्री [सुकोशला] एक राज-कन्या (उप १०३१ टी)।

सुक्ख अक [शुष्] सूखना। सुक्खइ (विसे ३०३२, पव ७०), सुक्खंति (दे ८, १८ टी)।

सुक्ख वि [शुष्क] सूखा हुआ (हे २, ५; णाया १, ६—पत्र ११४; उवा; पिंड २७६; सुर ३, ९५; १०, २२३, धात्वा १५६)।

सुक्क न [शुल्क] १ चुंगी, बेचने की वस्तु पर लगता राज-कर (णाया १, १—पत्र ३७; कुमा, श्रा १४; सम्मत्त १५९)। २ स्त्री-धन विशेष। ३ वर पक्ष से कन्या पक्षवालों को लेने योग्य धन। ४ स्त्री को संभोग के लिए दिया जाता धन। ५ मूल्य (हे २, ११)। देखो सुक्क।

सुक्क पुं [शुक्र] १ ग्रह विशेष (ठा २, ३—पत्र ७८, सम ३६, वज्जा १००)। २ पुंन. एक देव-विमान (सम ३३; देवेन्द्र १४३)। ३ न. वीर्य, शरीरस्थ धातु-विशेष (ठा ३, ३—पत्र १४४, धर्मसं ९८४; वज्जा १००)।

सुक्क पुं [शुक्ल] १ वर्ण-विशेष, सफेद रंग। २ सफेद वर्णमाला, श्वेत (हे २, १०६; कुमा; सम २९)। ३ न. शुभ ध्यान विशेष (औप)। ४ वि. जिसका संसार अर्ध पुद्गल-परावर्त काल से कम रह गया हो वह (पंचा १, २)। °ज्झाण, °झाण न [°ध्यान] शुभ ध्यान-विशेष (सम ९, सुपा ३७; अत)। °पक्ख पुं [°पक्ष] १ जिसमें चन्द्र की कला क्रमशः बढ़ती है वह आधा महीना (सम २९, कुमा)। २ हंस पक्षी। ३ काक, कौआ। ४ बगला, बक पक्षी (हे २, १०६)। °पक्खिय वि [°पाक्षिक] वह आत्मा जिसका संसार अर्ध पुद्गल-परावर्त से कम रह गया हो (ठा २, २—पत्र ५९)। °लेस देखो °लेस्स (भग)। °लेसा देखो °लेस्सा (सम ११; ठा १—पत्र २८)। °लेस्स वि [°लेश्या] शुक्ल लेश्यावाला (पण्ण १७—पत्र ५११)। °लेस्सा स्त्री [°लेश्या] आत्मा का अध्यवसाय-विशेष, शुभतम आत्म-परिणाम (पण्ह २, ४—पत्र १३०)।

सुक्कड } देखो °सुकय (सम १२५, पउम
सुक्कय } १५, १००)।

सुक्कव सक [शोषय्] सुखाना। वकृ. सुक्कवेमाण (णाया १, ६—पत्र ११४)।

सुक्काणय न [दे] जहाज के आगे का ऊँचा काष्ठ, गुजराती में 'सुकान' (सिरि ४२४)।

सुक्काभ न [शुक्राभ] १ एक लोकान्तिक देव विमान (पव ३६७)। २ वैताढ्य पर्वत की दक्षिण श्रेणि में स्थित एक विद्याधर-नगर (इक)।

सुक्किय देखो सुकय (भवि)।

सुक्किय देखो सुकीअ (राज)।

सुक्किल, सुक्किलय, सुक्किल्ल } देखो सुक्क = शुक्ल (भग, औप, हे २, १०६, पंच ५, ३३, अणु १०९), 'मुत्तु सुक्किलवत्थ' (गच्छ २, ४९, कप्प, सम ४१ धर्मसं ४५४)। स्त्री. 'एगो सुक्किलियाएं एगो सबलाए वग्गो कओ' (आव ७)।

सुक्कीअ वि [सुक्रीत] अच्छी तरह खरीदा हुआ सुक्कीअ वा सुक्किकीअं (दस ७, ४५)।

सुक्ख देखो सुक्क = शुष्क। वकृ. सुक्खत (गा ४१४, वज्जा १४६)।

सुक्ख देखो सुक्क = शुष्क (हे २, ५, गा २६३, मा ३१ उप ३२० टी)।

सुक्ख न [सौख्य] सुख (कप्प, कुमा, सार्ध ५१, प्रासू २८, १४५)।

सुक्खव देखो सुकव। कर्म. सुक्खवीअति (वि ३५९ ५४३)।

सुक्खिय वि [स्वाख्यात] अच्छी तरह कहा हुआ, प्रतिज्ञात, तओ सूइवइयराजपणे ज ते सुक्खियमासि बुद्धिलेण अद्धलक्खं, तन्निमित्त-मेसो पेसिओ चालीससाहस्सो हारो ति वोत्तु समप्पिउ च हारकरंडिय गओ दासचेडो' (महा)।

सुखम (पै) देखो सण्ह = सूक्ष्म, 'सुखमवरिसो' (प्राकृ १२४)।

सुग देखो सुअ = शुक (उप ९७२, स ८६, उर ५, ७, कुप्र ४३८, कुमा)।

सुगइ स्त्री [सुगति] १ अच्छी गति (ठा ३, ३—पत्र १४६)। २ सन्मार्ग, अच्छा मार्ग (सूअनि ११५)। ३ वि. अच्छी गति को प्राप्त (आवम)।

सुगध देखो सुअध (कप्प, कुमा, औप, सुर २, ५८)।

सुगंधा स्त्री [सुगन्धा] पश्चिम विदेह का एक विजयक्षेत्र (इक)।

सुगंधि देखो सुअंधि (औप)। °पुर न [°पुर] वैताढ्य की उत्तर श्रेणि में स्थित एक विद्याधर नगर (इक)।

सुगण वि [सुगण्] अच्छी तरह गिननेवाला (पड्)।

सुगम वि [सुगम] १ अल्प परिश्रम से जाया जा सके वैसा सुख गम्य (ओघभा ७५)। २ सुबोध (चेइय ३६३)।

सुगय वि [सुगत] १ अच्छी गतिवाला (ठा ४, १—पत्र २०२, कुप्र १०)। २ सुस्थ। ३ धनी। ४ गुणी (ठा ४, १—पत्र २०२, राज हे १, १७७)। ५ पु. बुद्धदेव (पाअ, पव ९४)।

सुगय वि [सौगत] बुद्ध भक्त, बौद्ध (सम्मत्त १२०)।

सुगर वि [सुकर] सुख-साध्य, अल्प परिश्रम से हो सके ऐसा (आचा १, ९, १, ८)।

सुगरिट्ठ वि [सुगरिष्ठ] अति बड़ा (श्रु १९)।

सुगिज्झ वि [सुग्राह्य] सुख से ग्रहण करने योग्य (पउम ३१, ५४)।

सुगिम्ह पु [सुग्रीष्म] १ चैत्र मास की पूर्णिमा (ठा ५, २—पत्र २१३)। २ फाल्गुन का उत्सव (दे ८, ३९)।

सुगिर वि [सुगिर] अच्छी वाणीवाला (पड्)।

सुगिहिय, सुगिहीय } वि [सुगृहीत] विख्यात, विश्रुत (स ९६, १३)।

सुगी देखो सई = शुकी (कुमा)।

सुगुत्त पु [सुगुप्त] एक मंत्री का नाम (महा)।

सुगुरु पु [सुगुरु] उत्तम गुरु (कुमा)।

सुग्ग न [दे] १ आत्म-कुशल (दे ८, ५६, सण)। २ वि निर्विघ्न, विघ्न रहित। ३ विसर्जित (दे ८, ५६)।

सुग्गइ देखो सुगइ (सुपा १९१, स ८१)।

सुग्गय देखो सुगय = सुगत (ठा ४, १—पत्र २०२)।

सुग्गाह अक [प्र + सु] फैलना। सुग्गाहइ (धात्वा १५६)।

सुग्गीव पु [सुग्रीव] १ नागकुमार देवों के इन्द्र भूतानन्द के अश्व-सैन्य का अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०२)। २ भारतवर्ष में होनेवाला नववाँ प्रतिवासुदेव राजा (सम १५४)। ३ राक्षस वंश का एक राजा, एक लङ्का पति (पउम ५, २६०)। ४ नववें जिनदेव के पिता का नाम (सम १५१)। ५ राजा वालि का छोटा भाई (पउम ९, ६, से १, ४६, १४, ३९)। ६ एक राजा का नाम (सुर ९, २१४)। ७ न. नगर विशेष (उत्त १९, १)।

सुघ (अप) देखो सुह = सुख (हे ४, ३९६)।

सुघट्ठ वि [सुघृष्ट] अच्छी तरह घिसा हुआ (राय ८० टी)।

सुघरा स्त्री [सुगृहा] मादा-पक्षी की एक जाति जो अपना घोसला खूब सुन्दर बनाती है (आवू १)।

सुघोस पु [सुघोष] १ एक कुलकर-पुरुष (सम १५०)। २ एक पुरोहित का नाम (उप ७२८ टी)। ३ पुंन. सनत्कुमार देवलोक का एक विमान (सम १२)। ४ लान्तक नामक देवलोक का एक विमान (सम १७)। ५ वि. सुन्दर आवाजवाला (जीव ३, १; भवि)। ६ एक नगर का नाम (विपा २, ८)।

सुघोसा स्त्री [सुघोषा] १ गीतरति नामक गन्धर्वेन्द्र की एक पटरानी (ठा ४, १—पत्र २४)। २ गीतयशनामक गन्धर्व की एक पटरानी (ठा ४, १—पत्र २०४)। ३ सुघर्मेन्द्र की प्रसिद्ध घंटा (पण्ह २, ५—पत्र १४९, सुपा ४५)। ४ वाद्य विशेष (राय ४६)।

सुचंद पु [सुचन्द्र] ऐरवत वर्ष में उत्पन्न दूसरे जिन-देव (सम १५३)।

सुचरिअ न [सुचरित] १ सदाचरण, सदाचार (कप्प, गउड)। २ वि. सदाचरण सपन्न (गउड)। ३ अच्छी तरह आचरित (पउम ७५, १८, णाया १, १६—पत्र २०५)।

सुचिण्ण, सुचिन्न } वि [सुचीर्ण] १ सम्यग् आचरित, 'तवसजमो सुचिण्णोत्ति' (पउम ९, ६५, ६४, ३२, ठा ४, २—पत्र २१०)। २ न. पुण्य (औप, उवा)।

सुचिर न [सुचिर] अत्यन्त चिर काल, सुदीर्घ काल (सुपा २७, महा, प्रासू ३२)।

सुचोइअ वि [सुचोदित] प्रेरित (उत्त १, ४४)।

सुच्च वि [शोच्य] अफसोस करने योग्य, 'सुच्चा ते जियलाए जिणवयण जे नरा न याणंति' (धर्मवि १७)।

सुच्चा देखो सुण = श्रु।

सुजपिय न [सुजल्पित] आशीर्वाद (णाया १, १—पत्र ३९)।

सुजड पुं [सुजट] एक विद्याधर-नरेश (पउम १०, २०)।

सुजस पुं [सुयशस्] १ एक जिनदेव का नाम (उव १०३१ टी)। २ वि. यशस्वी (था १६)।

सुजसा स्त्री [सुयशस्] १ चौदहवें जिन-देव की माता (सम १५१)। २ एक राज-पत्नी (उप ९८६ टी)।

सुजह वि [सुहान] सुख से जिसका त्याग हो सके वह (उत्त ८, ६)।

सुजाइ वि [सुजाति] प्रशस्त जातिवाला, जात्य (महा)।

सुजाण वि [सुज्ञ] सयाना, अच्छा जानकार (सिरि ७९१, प्रासू १३, सुपा ५८८)।

सुजाय वि [सुजात] १ सुन्दर जाति में उत्पन्न, कुलीन, खानदानी (उप ७२८ टी)। २ अच्छी तरह उत्पन्न, सुन्दर रूप से उत्पन्न (ठा ४, २—पत्र २०८, औप, जीव ३, ४, उवा)। ३ न. सुन्दर जन्म (आव)। ४ पुं. एक राज-कुमार (विपा २, ३)। ५ पुन. एक एक देव-विमान (देवेन्द्र २७२)।

सुजाया स्त्री [सुजाता] १ कालवाल आदि लोकपालों की पटरानियों के नाम (ठा ४, १—पत्र २०४, इक)। २ राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अत २५)।

सुजिट्ठा स्त्री [सुज्येष्ठा] एक महासती राज-कुमारी, जो चेटकराज की पुत्री थी (पडि)।

सुजुत्ति स्त्री [सुयुक्ति] सुन्दर युक्ति (सुपा १११)।

सुजेट्ठा देखो सुजिट्ठा (राज)।

सुजोसिअ वि [सुजुष्ट] अच्छी तरह सेवित (सूअ १, २, २, २९)।

सुजोसिअ वि [सुजोषित] सुष्ठु क्षपित, सम्यग् विनाशित (सूअ १, २, २, २९)।

सुज्ज पुं [सूर्य] १ सूरज, रवि। २ आक का पेड़। ३ दैत्य-विशेष (हे २, ६४, प्राप्र)। ४ पुंन. एक देव-विमान (सम १५)। °कंत पुन [°कान्त] एक देव-विमान (सम १५)। °ज्झय पुन [°ध्वज] देव-विमान-विशेष (सम १५)। °प्पभ पुंन [°प्रभ] एक देव-विमान (सम १५)। °लेस पुन [°लेश्य] एक देव-विमान (सम १५)। °वण्ण पुंन [°वर्ण] देव विमान विशेष (सम १५)। °सिंग पुंन [°शृङ्ग] एक देव विमान (सम १५)। °सिट्ठ पुंन [°सृष्ट] एक देव विमान का नाम (सम १५)। °सिरी स्त्री [°श्री] एक ब्राह्मण-कन्या (महानि २)। °सिव पुं [°शिव] एक ब्राह्मण का नाम (महानि २)। °हास पुं [°हास] तलवार की एक उत्तम जाति (पउम ४३, १९)। °भ न [°भ] वैताढ्य की उत्तम-श्रेणि में स्थित एक विद्याधर-नगर (इक)। °वत्त पुन [°वर्त] एक देव-विमान (सम १५)। देखो °सूर, सूरिअ = सूर, सूर्य।

सुज्जाण वि [सुज्ञान] सुजान, सयाना, सुज्ञ (षड्; पिंग)।

सुज्जुत्तरवडिंसग पुंन [सूर्योत्तरावतंसक] एक देव-विमान (सम १५)।

सुज्झ अक [शुध्] शुद्ध होना। सुज्झइ (महा)। संकृ सुज्झिऊण (सम्यक्त्वो ८)।

सुज्झा वि [दृश्यमान] सूझता, दीख पड़ता, मालूम होता, 'अन्नपि ज असुज्झंत। भुजत-एण रत्ति' (पउम १०३, २५)।

सुज्झणया स्त्री [सोधना] शुद्धि (उप ८०४)।

सुज्झय न [दे] १ रौप्य, चाँदी। २ पु. रजक, धोबी (दे ८, ५६)।

सुज्झरय पु [दे] रजक, धोबी (दे ८, ३९)।

सुज्झवण न [शोधन] शुद्धि, प्रक्षालन (उप ६८५)।

सुज्झाइ वि [सुध्यायिन्] शुभ ध्यान करने-वाला (संबोध ५२)।

सुज्झाइय वि [सुध्यात] अच्छी तरह चिन्तित (राज)।

सुट्ठिअ वि [सुस्थित] १ सम्यक् स्थित (कप्प)। २ पु. लवण समुद्र का अधिष्ठायक देव (णाया १, १६—पत्र २१७)। ३ आर्यसुहस्ति आचार्य का शिष्य एक जैन महर्षि (कप्प)।

सुट्ठु, सुट्ठुं अ [सुष्ठु] १ अच्छा, शोभन, सुन्दर (आचा, भग, स्वप्न २३; सुर २, १७८)। २ अतिशय, अत्यन्त (सुर ४, २४, प्रासू १३७)।

सुठिअ देखो सुट्ठिअ (पाअ)।

सुड सक [स्मृ] याद करना। सुडइ (प्राकृ ६३)।

सुढिअ वि [दे] १ श्रान्त, थका हुआ (दे ८, ३६, गउड, सुपा १७९, ५३०, सुर १०, २१८)। २ संकुचित अंगवाला (महा)।

सुण सक [श्रु] सुनना। सुणइ, सुणेइ (हे ४, ५८, २४१, महा)। सुणउ, सुणेउ, सुणाउ (हे ३, १५८)। भवि. सुणिस्सइ, सुणि-स्सामो, सोच्चिइ, सोच्चिहिइ, सोच्चं, सोच्चिस्स, सोच्चिमि, सोच्चिहिमि, सोच्चि-स्सामि, सोच्चिहामि (पि ५३१, औप, हे ३, १७२)। कर्म. सुणिज्जइ, सुव्वइ, सुव्वए, सुम्मइ, सुणीअइ (हे ४, २४२, कुमा, महा, पि ५३६)। वकृ. सुणंत, सुणित, सुणमाण, सुणेमाण (हेका १०५, सुर ११, ३७, पि ५६१, विपा १, १, सुर ३, ७९)। कवकृ. सुम्मत, सुव्वत, सुव्वमाण (सुर ११, १६९, ३, ११, से २, १०, ९, ४६)। संकृ. सुणिअ, सुणिऊण, सुणित्ता, सुणेत्ता, सोऊण, सोउआण, सोउआण, सोउ, सोच्चा, सोच्च, सुच्चा (अभि ११६, षड्, हे ४, २४१, पि ५८२, हे ४, २३७, २, १४६, कुमा, हे २, १५, पि ११४, ३४९, ५८७)। हेकृ. सोउ (कुमा)। कृ. सुणेयव्व, सोअव्व (भग, पण्ह १, १—पत्र ५, से २, १०, गउड, अजि ३८)।

सुणई देखो सुणय।

सुणद पु [सुनन्द] १ एक राजर्षि (धम्म)। २ भगवान् वासुपूज्य को प्रथम भिक्षा-दाता गृहस्थ (सम १५१)। ३ पुन. एक देव-विमान (सम २९)। देखो सुनंद।

सुणंदा स्त्री [सुनन्दा] १ भगवान् पार्श्वनाथ की मुख्य श्राविका (कप्प)। २ तृतीय चक्रवर्ती

की पटरानी—तीसरा स्त्री रत्न (सम १५२, महा)। ३ भूतानन्द आदि इन्द्रों के लोकपालों की अग्रमहिषियों के नाम (ठा ४, १—पत्र २०४, इक)।

सुणक्खत्त पु [सुनक्षत्र] १ एक जैन मुनि (अनु २)। २ भगवान् महावीर का शिष्य एक मुनि (भग १५—पत्र ६७८)।

सुणक्खत्ता स्त्री [सुनक्षत्रा] पक्ष की दूसरी रात (सुज्ज १, १४)।

सुणग देखो सुणय (आचा वि २०६)।

सुणण न [श्रवण] सुनना (स ५३)।

सुणय, सुणह पु स्त्री [शुनक] १ कुक्कुर, कुत्ता (हे १, ५२, गा ५५०, ६८८, ६९०, णाया १, १—पत्र ६५, गा १३८, १७५, सुर २, १०३, ९, २०४ श्रा १६, कुप्र १५३, रभा)। स्त्री सुणई, सुणिआ (कुमा, गा ६८९)। २ पु. छन्द विशेष (पिंग)।

सुणहिल्लया स्त्री [शुनकी] कुत्ती, गादा-कुक्कुर (वज्जा ८६)।

सुणावण न [श्रावण] सुनाना (विसे २४८५)।

सुणाविअ वि [श्रावित] सुनाया हुआ (सुपा ६०२)।

सुणासीर पु [सुनासीर] इन्द्र, देव राज (पाअ, हम्मीर १२)।

सुणाह देखो सुनाभ (राज)।

सुणिअ देखो सुण।

सुणिअ वि [श्रुत] सुना हुआ (कुमा रयण ४४)।

सुणिअ पु [शौनिक] कसाई (सिरि १०७७)।

सुणिउण देखो सुनिउण (राज)।

सुणिप्पकप देखो सुनिप्पकप (राज)।

सुणिम्मिय वि [सुनिर्मित] चारु रूप से बना हुआ (कप्प)।

सुणिव्वुय वि [सुनिर्वृत] अत्यन्त स्वस्थ (णाया १, १—पत्र ३२)।

सुणिसंत वि [सुनिशान्त] अच्छी तरह सुना हुआ, इहमेगेसिं आयारगोयरे णो सुणिसंते भवति' (आचा १, ८, १, २, ३, २, २, १०, १३, १५)।

सुणुसुणाय सक [सुनुसुनाय्] 'सुन्' 'सुन्' आवाज करना। वकृ. सुणुसुणायंत (महा)।

सुण्ण न [शून्य] १ निर्जन स्थान (गउड ५२४)। २ वि. रिक्त, रीता, खाली (स्वप्न ३१ गउड)। ३ निष्फल, व्यर्थ निष्प्रयोजन (गउड ८४२, ९७२)। ४ न. तप विशेष, एकाशन-व्रत (संबोध ५७)। देखो सुन्न।

सुण्णआर देखो सुण्णार (दे ३, ५४)।

सुण्णइअ, सुण्णविअ वि [शून्यित] शून्य किया हुआ (से ११, ४०, गउड, गा २६ १६९, ६०९)।

सुण्णार पु [सुवर्णकार] सुनार, सोनी (दे ५, ३९)।

सुण्ह देखो सण्ह = सूक्ष्म (हे १, ११८, कुमा)।

सुण्हसिअ वि [दे] स्वपन शील, सोने की आदतवाला (दे ८, ३९, पड)।

सुण्हा स्त्री [सास्ना] गौ का गल-कम्बल (हे १, ७५, कुमा)। °ल पु [°ल] वृषभ, बैल (कुमा)। °लचिध पु [°लचिह्न] १ भगवान् ऋषभदेव। २ महादेव (कुमा)।

सुण्हा स्त्री [स्नुषा] पुत्र वधू (णाया १, ७—पत्र ११७ सुर ४, ९८)।

सुतणु स्त्री [सुतनु] नारी, स्त्री (सुर २, ८६)।

सुतर अ [सुतराम्] निश्चित अर्थ के अतिशय का सूचक अव्यय (विसे ८९१)।

सुतवसिय न [सुतपसित] सुन्दर तप, तपश्चर्या का सुन्दर अनुष्ठान (राज)।

सुतवसिय वि [सुतपस्वित] अच्छा तपस्वी (सम ५१)।

सुतार वि [सुतार] १ अत्यन्त निर्मल। अतिशय ऊँचा। ३ अच्छा तैरनेवाला। प्रत्युच्च आवाजवाला (हे १, १७७)।

सुतारया, सुतारा स्त्री [सुतारा] १ भगवान् सुविधिनाथजी की शासन-देवी (संति ९)। २ सुग्रीव की पत्नी (पउम १०, ९)। ३ आभूषण विशेष (कुमा)।

सुतितिक्ख वि [सुतितिक्ष] सुख से सहन करने योग्य (ठा ५, १—पत्र २९६)।

सुतोसअ वि [सुतोष्य] सुख से तुष्ट करने योग्य (दस ५, २, ३४)।

सुत्त सक [सूत्रय्] बनाना। सुत्तइ (सुपा २३५)।

सुत्त देखो सुअ = श्रुत 'पच्चक्खमोहिमण-केवल च परोक्ख मइसुत्त' (जीवस १४१)।

सुत्त देखो सोत्त = स्रोतस् (भवि)।

सुत्त देखो सोत्त = श्रोत्र (रभा भवि)।

सुत्त वि [सुप्त] सोया शयित (ठा ५, २—पत्र ३१९, स्वप्न १०४, प्रासू ९८, श्रा २५)।

सुत्त वि [सूक्त] १ सुचारु रूप से कहा हुआ। २ न सुभाषित सुन्दर वचन 'सुकइव्व सुत्त-उत्तीए' (सुपा ३३)।

सुत्त न [सूत्र] सूता, धागा, वस्त्र तन्तु (विपा १, ८—पत्र ८५, सुपा २८१)। २ नाटक का प्रस्ताव (मोह ४८, सुपा १)। ३ शास्त्र-विशेष (भग ठा ४, ४—पत्र २८३, जी ३९)। °आर पु [°कार] ग्रन्थकार (कप्पू)। °कंठ पु [°कण्ठ] ब्राह्मण, विप्र (पउम ४, ६५)। °कड न [°कृत] द्वितीय जैन आगम-ग्रंथ (सूयनि २)। °ग न [°क] यज्ञोपवीत (औप)। °धार पु [°धार] देखो °हार (सुपा १, मोह ४८)। °फासियणिज्जुत्ति स्त्री [°स्पर्शिकनिर्युक्ति] सूत्र की व्याख्या (अणु)। °रुइ स्त्री [°रुचि] शास्त्र श्रद्धा (औप)। °हार पु [°धार] १ प्रधान नट, नाटक का मुख्य पात्र (प्रासू १६३)। २ सुतार, बढ़ई (कम्म १, ४८)।

सुत्ति स्त्री [शुक्ति] सीप, घोंघा (हे २, १३८, कुमा)। °मई स्त्री [°मती] चेदि देश की प्राचीन राजधानी (णाया १, १६—पत्र २०८)।

सुत्ति स्त्री [सूक्ति] सुन्दर वचन, सुभाषित। °वत्तिया स्त्री [°प्रत्यया] एक जैन मुनि-शाखा (कप्प—पृ ७९ टि राज)।

सुत्तिय देखो सोत्तिअ = सौत्रिक (वव ९)।

सुत्तिय वि [सूत्रित] सूत्र निबद्ध (राज)।

सुत्थ वि [सुस्थ] १ स्वस्थ, तन्दुरुस्त। २ सुखी (संति १२, गा ४७८ महा, चेइय २६६, उप १०३१ टी)।

सुत्थ न [सौस्थ्य] १ तंदुरुस्ती, स्वस्थता। २ सुखित्व (संति १२, कुप्र १७६, सुपा १८, १५८, स १३५, उप ९०२, धम्मवि २२)।

सुत्थिय देखो सुट्ठिअ (सुपा ६३२)।

सुत्थिर वि [सुस्थिर] अतिशय स्थिर, अति-निश्चल (प्राकृ १९; सुपा ३४८, कुमा)।

सुथेव वि [सुस्तोक] अत्यल्प (पउम ८, १५२)।

सुदंती स्त्री [सुदती] सुन्दर दांतवाली (उप ७६८ टी)।

सुदंसण पु [सुदर्शन] १ भगवान् अरनाथ के पिता का नाम (सम १५१)। २ तीसरे वासुदेव तथा बलदेव के धर्म-गुरु (सम १५३)। ३ भारतवर्ष में होनेवाला पाचवाँ बलदेव (सम १५४)। ४ धरणेन्द्र के हस्ति-सैन्य का अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०२)। ५ एक अन्तकृद् मुनि (अंत १८)। ६ मेरु पर्वत (सूप्र १, ६, ९, सुज्ज ५)। ७ एक विख्यात श्रेष्ठी (पडि, वि १६)। ८ देव विशेष (ठा २, ३—पत्र ७९)। ९ विष्णु का चक्र (सुपा ३१०)। १० भगवान् अरनाथ का पूर्वभवीय नाम। ११ भगवान् पार्श्वनाथ का पूर्वजन्मीय नाम (सम १५१)। १२ पुं. एक देव-विमान (देवेन्द्र १३६)। १३ वि. जिसका दर्शन सुन्दर हो वह (वि १६)। १४ न. पश्चिम रुचक पर्वत का एक शिखर (ठा ८—पत्र ४३६)।

सुदंसणा स्त्री [सुदर्शना] १ जम्बू नामक एक वृक्ष, जिससे यह द्वीप जंबूद्वीप कहलाता है (सम १३, पण्ह २, ४—पत्र १३०)। २ भगवान् महावीर की ज्येष्ठ बहिन का नाम (आचा २, १५, ३, कप्प)। ३ धरण आदि इन्द्रो के कालवाल आदि लोकपालो की एक-एक अग्रमहिषी (ठा ४, १—पत्र २०४)। ४ काल तथा महाकाल-नामक पिशाचेन्द्रो की अग्रमहिषियो के नाम (ठा ४, १—पत्र २०४)। ५ भगवान् ऋषभदेव की दीक्षा-शिविका (विचार १२९)। ६ चतुर्थ बलदेव की माता (सम १५२)।

सुदक्खिन्न वि [सुदाक्षिण्य] दाक्षिण्यवाला (धम्म १५, स ३१)।

सुदच्छ वि [सुदक्ष] अति चतुर (सुपा ५१७)।

सुदरिसण देखो सुदंसण (हे २, १०५, पउम २०, १७६, १९०, पव १९४, इक)।

सुदाम पुं [सुदाम] अतीत उत्सर्पिणी-काल में उत्पन्न भारतवर्ष का दूसरा कुलकर पुरुष (सम १५०)।

सुदारु न [सुदारु] सुन्दर काष्ठ (गउड)।

सुदारुण पुं [दे] चंडाल (दे ८, ३९)।

सुदिट्ठ वि [सुदृष्ट] सम्यग् विलोकित (गा २२५)।

सुदिप्प अक [सु+दीप्] अतिशय चमकना। वकृ. सुदिप्पंत (सुपा ३५१)।

सुदीह } वि [सुदीर्घ] अत्यन्त लम्बा (सुर
सुदीहर } २, १२५, २, १६८)। °कालीय वि [°कालिक] सुदीर्घ-काल सम्बन्धी (सुर १५, २२०)। °दंसि वि [°दर्शिन्] परिणाम का विचार कर कार्य करनेवाला (सं ३२)।

सुदुक्कर वि [सुदुष्कर] जो अत्यन्त दु ख से किया जा सके वह, अति मुश्किल (उप पृ १६०)।

सुदुक्खत्त वि [सुदु:खार्त] अति दु ख से पीड़ित (सुर ७, ११)।

सुदुक्खिअ वि [सुदु:खित] अत्यन्त दु खित (सुपा ३०४)।

सुदुग्ग वि [सुदुर्ग] जहाँ दु:ख से गमन किया जा सके वह (पउम ३०, ४९)।

सुदुच्चय वि [सुदुस्त्यज] मुश्किल से जिसका त्याग हो सके वह, 'सहावो वि सुदुच्चओ' (श्रा १२)।

सुदुत्तार वि [सुदुस्तार] कठिनता से जिसको पार किया जा सके वह (औप, पि ३०७)।

सुदुद्धर वि [सुदुर्धर] अति दु ख से जो धारण किया जा सके वह (श्रा ४९, प्रासू ४८)।

सुदुन्निवार वि [सुदुर्निवार] अति कठिनाई से जिसका निवारण किया जा सके वह (सुपा ९४)।

सुदुप्पिच्छ वि [सुदुर्दर्श] अतिशय मुश्किल से देखने योग्य (सुर १२, १९९)।

सुदुब्भेअ वि [सुदुर्भेद] अति दु ख से जिसका भेदन हो सके वह (उप २५३ टी)।

सुदुम्मणिआ स्त्री [दे] रूपवती स्त्री (दे ८, ४०)।

सुदुल्लह वि [सुदुर्लभ] अत्यन्त दुर्लभ (राज)।

सुदूसह वि [सुदु सह] अत्यन्त दु ख से सहन करने योग्य (सुर ६, १५८)।

सुदेव पुं [सुदेव] उत्तम देव (सुपा २५९)।

सुद्द पुं [शूद्र] मनुष्य की अधम जाति, चतुर्थ वर्ण (विपा १, ५—पत्र ६१, पउम ३, ११७, श्रु १३)।

सुद्दय पुं [शूद्रक] एक राजा का नाम (मोह १०५, १०६)।

सुद्दिणी (अप) स्त्री [शूद्रा] शूद्रजातीय स्त्री (पिंग)।

सुद्ध पुं [दे] गोपाल, ग्वाला (दे ८, ३३)।

सुद्ध वि [शुद्ध] १ शुक्ल, उज्वल; 'वइसाह-सुद्धपंचमिरत्तीए सोहण लग्ग' (सुर ४, १०१, कुप्र ७०, पंचा ९, ३४)। २ पवित्र। ३ निर्दोष। ४ केवल, किसी से अमिश्रित। ५ न. सेंधा नून—नमक। ६ मरिच, मिर्चा (हे १, २६०)। ७ लगातार १८ दिनो के उपवास (संबोध ५८)। ८ पुं. छन्द-विशेष (पिंग)। °गंधारा स्त्री [°गन्धारा] गन्धार-ग्राम की एक मूर्च्छना (ठा ७—पत्र ३९३)। °दंत पुं [°दन्त] १ भारतवर्ष में होनेवाले चौथे जिनदेव (सम १५४)। २ एक अनुत्तर-गामी जैन मुनि (अनु २)। ३ एक अन्तर्द्वीप। ४ उसमें रहनेवाली एक मनुष्य-जाति (इक)। °पक्ख पुं [°पक्ष] शुक्ल पक्ष (पउम ६, २७)। °प्प पु [°त्मन्] पवित्र आत्मा (कप्प)। °प्पवेस वि [°प्रवेश्य] पवित्र और प्रवेश के लिए उचित (भग)। °प्पवेस वि [°त्मवेश्य] पवित्र तथा वेशोचित (भग)। °वाय पुं [°वात] वायु विशेष, मन्द पवन (जी ७)। °वियड न [°विकट] उष्ण जल (कप्प)। °सज्जा स्त्री [°षड्जा] षड्ज ग्राम की एक मूर्च्छना (ठा ७—पत्र ३९३)।

सुद्धंत पु [सुद्धान्त] अन्त पुर (उप ७६८ टी, कुप्र ५४, कुम्मा २६, कस)।

सुद्धवाल वि [दे] शुद्ध-पूत, शुद्ध और पवित्र (दे ८, ३८)।

सुद्धि स्त्री [शुद्धि] १ शुद्धता, निर्दोषता, निर्मलता (सम्मत्त २३०, कुमा)। २ पता,

खबर, खोई हुई चीज की प्राप्ति, 'वद्धाविज्जह पियाइ सूढीए' (सुपा ५१७, कुप्र २०२, सम्मत्त १७२, कुम्मा ९)।

सुद्धेसणिअ वि [शुद्धैषणिक] निर्दोष आहार की खोज करनेवाला (पण्ह २, १—पत्र १००)।

सुद्धोअण पु [शुद्धोदन] बुद्धदेव के पिता का नाम। °तणय पु [°तनय] बुद्ध देव (सम्म १४५)। देखो सुद्धोदण।

सुद्धोअणि पु [शौद्धोदनि] बुद्धदेव (पाअ)।

सुद्धोदण देखो सुद्धोअण। °पुत्त पुं [°पुत्र] बुद्ध देव (कुप्र ४४०)।

सुधम्म पु [सुधर्मन्] १ भगवान् महावीर का पट्टधर शिष्य (कुमा)। २ एक जैन मुनि (विपा २, ४)। ३ तीसरे बलदेव के गुरु—एक जैन मुनि (पउम २०, २०५)। ४ एक जैन मुनि, जो सातवें बलदेव के पूर्व-जन्म मे गुरु थे (पउम २०, १९३)। ५ एक जैनाचार्य, तह अज्जमंगुसूरि अज्जसुधम्मं च धम्मरय' (सार्ध २२)। देखो सुहम्म।

सुधा देखो छुहा = सुधा (कुमा)।

सुनद पु [सुनन्द] १ भारतवर्ष के भावी दसवें जिनदेव के पूर्वभव का नाम (सम १५४)। २ एक जैन मुनि (पउम २०, २०)। देखो सुणद।

सुनक्खत्त देखो सुणक्खत्त (भग १५—पत्र ६७८, ६८७)।

सुनच्चिरी स्त्री [सुनर्तिनी] अच्छी तरह नृत्य करनेवाली स्त्री (सुपा २८९)।

सुनयण पु [सुनयन] १ राजा रावण के अधीनस्थ एक विद्याधर सामन्त राजा (पउम ८, १३३)। २ वि सुन्दर लोचनवाला (आवम)।

सुनाभ पु [सुनाभ] अमरकंका नगरी के राजा पद्मनाभ का पुत्र (णाया १, १६—पत्र २१४)।

सुनिउण वि [सुनिपुण] १ अत्यन्त सूक्ष्म (सम ११४)। २ अति चतुर (सुर ४, १३६)।

सुनिग्गुण वि [सुनिर्गुण] अतिशय निश्चित गुणवाला (सम ११४)।

सुनिग्गल वि [सुनिर्गल] चिर-स्थायी (विसे ७९९)।

सुनिच्छय वि [सुनिश्चय] दृढ़ निर्णयवाला (सुपा ४६८)।

सुनिप्पकप वि [सुनिष्प्रकम्प] अत्य त निश्चल (सुपा ६५३)।

सुनिम्मल वि [सुनिर्मल] अतिशय निर्मल (पउम २, ६२)।

सुनिरुविय वि [सुनिरूपित] अच्छी तरह तलासा हुआ (सुपा ५२३)।

सुनिविन्न वि [सुनिर्विण्ण] अतिशय खिन्न (सुर १४, ५८, उव)।

सुनिव्वुड देखो सुणिव्वुय (द्र ४७)।

सुनिसाय वि [सुनिशात] अत्यन्त तीक्ष्ण (सुपा ५७०)।

सुनिसिअ वि [सुनिशित] ऊपर देखो (दस १०, २)।

सुनिस्सक वि [सुनि शङ्क] बिलकुल शङ्का-रहित (सुपा १८८)।

सुनीविआ स्त्री [सुनीविका] सुन्दर नीवी—वस्त्र ग्रन्थिवाली स्त्री (कुमा)।

सुनेत्ता स्त्री [सुनेत्रा] पाँचवें वासुदेव की पटरानी (पउम २०, १८६)।

सुन्न न [शून्य] १ बिन्दी (सुर १६, १४९)। २—देखो सुण्ण (प्रासू १०, महा, भग, आचा सं ३९, २भा)। °पत्तिया स्त्री [°प्रत्ययिका, °पत्रिका] एक जैन मुनि-शाखा (कप्प)।

सुन्नयार देखो सुण्णआर (सुपा ५६४, धर्मवि १२)।

सुन्नार देखो सुण्णार (सुपा ५६२)।

सुन्हा देखो सुण्हा (वा ३७ भवि)।

सुप सक [मृज्] मार्जन करना, शोधन करना। सुपइ (प्राप्र)।

सुपइट्ठ वि [सुप्रतिष्ठ] १ न्याय-मार्ग में स्थित। २ प्रतिज्ञा-शूर (कुमा १, २८)। ३ अतिशय प्रसिद्ध। ४ जिसकी स्थापना विधि-पूर्वक की गई हो वह (कुमा २, ४०)। ५ पुं भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर मुक्ति पानेवाला एक गृहस्थ (अंत १८)। ६ अग-विद्या का जानकार पाँचवां रुद्र पुरुष (विचार ४७३)। ७ भगवान् सुपार्श्वनाथ के पिता का नाम (सुपा ३९)। ८ भाद्रपद मास का लोकोत्तर नाम (सुज्ज १०, १९)। ९ पात्र-विशेष (राय)। १० न. एक नगर का नाम विपा १, ९—पत्र ८८)। °भ पुन [°भ] एक देव विमान (सम १४, पव २६७)।

सुपइट्ठिय वि [सुप्रतिष्ठित] अच्छी तरह प्रतिष्ठा प्राप्त (भग, राय)।

सुपक्क वि [सुपक्व] अच्छी तरह पका हुआ (प्रासू १०२, नाट—मृच्छ १५७)।

सुपडाय वि [सुपताक] सुन्दर ध्वजावाला (कुमा)।

सुपडिबुद्ध वि [सुप्रतिबुद्ध] १ सुन्दर रीति से प्रतिबोध को प्राप्त (आचा १, ५, २, ३)। २ पु. एक जैन महर्षि (कप्प)।

सुपडिवत्त वि [सुपरिवृत्त] जो अच्छी तरह हुआ हो वह (पउम ६४, ४५)।

सुपणिहिय वि [सुप्रणिहित] सुन्दर प्रणि-धानवाला (पण्ह २, ३—पत्र १२३)।

सुपण्ण देखो सुप्पन्न (राज)।

सुपण्ण } पु [सुपर्ण] गरुड पक्षी (नाट कुप्र
सुपन्न } ६३)।

सुपन्नत्त वि [सुप्रज्ञप्त] १ सुन्दर रूप से कथित (आचा १, ८, १, ३)। २ सम्यग् आसेवित (दस ४, १)।

सुपभ देखो सुप्पभ (राज)।

सुपम्ह पुं [सुपक्ष्मन्] १ एक विजय-क्षेत्र (ठा २, ३—पत्र ८०)। २ पुन. एक देव-विमान (सम १५)।

